श्रीमत् पूज्य भगवत्पाद शङ्कराचार्य द्वारा विरचित

सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहः

शङ्करप्रसादिनी टीका एवं टिप्पणियों सहित

भूमिका

श्री गणेशाय नमः ।

श्री गुरुचरणारविन्दाभ्यां नमः ।

वक्तारमासाद्य यमेव नित्या सरस्वती स्वार्थसमन्विताभूत् ।
निरस्तदुस्तर्ककलङ्कपङ्का नमामि तं शङ्करमर्चिताङ्घ्रिम् ॥

भगवान् भाष्यकार के द्वारा विरचित 'सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रह' नामक ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद छपाते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। इससे पूर्व भी इस ग्रन्थ का प्रकाशन संस्कृत भाषा में 'शङ्करप्रसादिनी' टीका (ग्रन्थ की सर्वप्रथम टीका) सहित हुआ था। तदनन्तर अब हिन्दी अनुवाद, टिप्पणी, उपनिषद् आदि से दिए गए उद्धरणों के सन्दर्भों की सूचना तथा कहीं-कहीं श्लोक एवं टीका के अनुवाद के पश्चात् तारांकन में रेखांकित वाक्य अधिक स्पष्टता के लिए उद्धृत किए गए हैं, जिससे यह प्रकाशन सभी साधकों के लिए सहायक सिद्ध होगा। आशा है कि जिज्ञासु साधक इस शास्त्र के साथ संलग्न हो सकेंगे तथा इसे भली प्रकार समझ सकेंगे।

यह ग्रन्थ सम्पूर्ण वेदान्त उपनिषद् सिद्धान्तों का सार सङ्ग्रह ही है। जैसे मधुकर विविध पुष्पों का सार सङ्ग्रह करता है, वैसे ही भगवत्पाद ने समस्त उपनिषद् सिद्धान्तों का सार १००६ श्लोकों में सङ्ग्रह कर अद्वैत दर्शन के जिज्ञासुओं पर अनुकम्पा की है। वैराग्य तथा जीवन मूल्यों की विस्तृत व्याख्या, ज्ञान की सप्त भूमिकाएँ तथा मन की दस अवस्थाओं का निरूपण इस ग्रन्थ की अपूर्वता है।

श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ हम सम्पूर्ण गुरु-परम्परा तथा भगवान् भाष्यकार के चरणों में नमन करते हैं जिन्होंने अनुकम्पा कर हम साधकों के लिए अद्वैत वेदान्त के गूढ विषयों को इस ग्रन्थ के माध्यम से अत्यन्त सरलता से बताया है। हम भगवान् अभिनव चन्द्रेश्वर जी तथा उन सभी को सादर प्रणाम करते हैं जिनकी निष्ठा, समर्पण ने इस कार्य के पूर्ण होने में योगदान दिया है।

अनुवाद करते समय संस्कृत तथा हिन्दी भाषा की त्रुटियों को यथासम्भव दूर करने का प्रयास किया गया है। फिर भी कहीं त्रुटि रह गयी हो तो उसे सूचना देकर अनुग्रहीत करें, जिससे अगले संस्करण में उसका सुधार किया जा सके।

॥ ॐ तत् सत् ॥

SWAMI TEJOMAYANANDA

ॐ

०७ जून २०२२

आशीर्वचनम्

भगवत्पादश्रीशंकराचार्य विरचितः सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रहः प्रसिद्धो ग्रन्थः। अस्य ग्रन्थस्य सरलावबोधनार्थं सर्वेषाः प्रियः स्वामी बोधात्मानन्दः 'शंकरप्रसादिनी' नामिकां टीकां संस्कृतभाषायां अकरोदिति सर्वाभिनन्दनीयो मोदविषयः। अद्वैतवेदान्तशास्त्रस्य प्राचीनगंभीरग्रन्थानां अनुशीलने स्वामिनो हृदये महती रुचिस्तथा भक्तिश्च वर्तते। तस्मादेव कारणात् तेषां ग्रन्थानां अध्ययने अध्यापने च स सर्वदा निरतो दृश्यते। एतन्निश्चितमेव प्रशंसनीयं कार्यम्। तस्य पूर्णसफलतायै - भगवन्तं श्रीगुरुदेवं चाहं प्रार्थये।

प्रभुगुरुसेवायां,

CENTRAL CHINMAYA MISSION TRUST, SANDEEPANY SADHANALAYA, SAKI VIHAR ROAD, MUMBAI – 400072, INDIA.
Tel: 91-22-2803 4900 ● Email:ccmt@chinmayamission.com ● Website: www.chinmayamission.com

ॐ

श्री कैलास आश्रम

SHREE KAILASH ASHRAM

कैलास गेट, मुनि की रेती, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड-249137

KAILAS GATE, MUNI KI RETI, RISHIKESH, UTTARAKHAND-249137

PHONE NO : 0135-2430598 / 2435496, E-mail: kailashashramrishikesh@gmail.com

श्री कैलास आश्रम
द्वारा संचालित संस्थायें
+++
श्री कैलास आश्रम
(ब्रह्मविद्यापीठ)
कैलासगेट, ऋषिकेश - 249137
फोन : 0135-2430598, 2435496
+++
श्री ब्रह्मानन्द आश्रम
मुनि की रेती, ऋषिकेश
+++
श्री दशनाम संन्यास आश्रम
भूपतवाला, हरिद्वार-249401
फोन : 01334-297019
+++
श्री कैलास आश्रम
उजेली, उत्तरकाशी-249113
फोन : 01374-222361
+++
श्री कैलास धाम
कैलासधाम मार्ग, नयी झूसी
इलाहाबाद-221506
फोन : 0532-2568718
+++
श्री नर्मदा सत्संग आश्रम
भिलाड़िया घाट, पोस्ट-शिवपुर,
होशंगाबाद (म.प्र.)
फोन : 07570-226677
+++
श्री कैलास विद्या तीर्थ
कैलास मार्ग (गिरियक रोड)
राजगीर, नालन्दा, बिहार-803116
फोन : 06112-255283
+++
श्री कैलास विद्यातीर्थ
(आदि शंकराचार्य स्मारक)
6, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23347475
+++
श्री राम आश्रम
समाना मण्डी, पटियाला 147101 (पंजाब)
फोन : 01764-220450
+++
श्री कैलास आश्रम
मॉडल टाउन, रोहतक (हरियाणा)
+++
शंकर ब्रह्मविद्या कुटीर
83-ए, द्वारकापुरी, मुजफ्फरनगर, उ.प्र.

क्रमाङ्क 1 दिनाङ्क 12|08|2022

॥आशीर्वचनम् ॥

॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

संसारमण्डलेऽस्मिन् अनादिकालतो बम्भ्रम्यमाणानामाध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकतापत्रयैश्छिद्यमानानां जरायुजादिचतुर्विधजीवानामेकं ब्रह्मविज्ञानं विहाय नान्यदात्यन्तिकश्रेयस्करमुत्पश्यामः। 'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' "ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः" इत्यादिश्रुतिस्मृतिवादा एतदेव प्रतिपादयन्ति। तस्य ब्रह्मविज्ञानस्याखण्डाकारवृत्तिरूपस्य समुत्पत्तिः खलु वेदान्तादेवेति विजानन्ति विज्ञाः। तेषां वेदान्तवाक्यानां श्रुतिस्मृतिरूपाणां तात्पर्यं सत्यज्ञानानन्दनिर्गुणनिष्क्रियनिर्विकाराद्वैतब्रह्मस्वरूपप्रतिपादन एवेति शारीरकमीमांसाऽपरनामब्रह्मसूत्रग्रन्थे श्रीमन्नारायणावतारकृष्णद्वैपायनमहर्षिणा सूत्रैः स्पष्टीकृतम्। सूत्रस्य गूढार्थत्वात्तदर्थावगमनेऽसमर्थानां जिज्ञासूनां भृशमुपकाराय शिवावतारभगवत्पादशङ्कराचार्यैरतिप्रसन्नगम्भीरं भाष्यं प्रणीतम्। दशोपनिषदां श्रीमद्भगवद्गीतायाश्चोपरि तैरद्भुतं भाष्यं प्रणीतम्। भाष्यस्यापि गूढार्थत्वात्तत्राधिकारिणां प्रवेशो भवेदित्यभिप्रेत्य श्रीमद्भगवद्भाष्यकारैरनेकप्रकरणग्रन्थानां प्रणयनं विहितम्। कालान्तरेऽन्यैरप्याचार्यैर्वाचस्पतिमिश्रानन्दगिरिविद्यारण्यमुन्यादिभिर्बहुशो मौलिकग्रन्थानां भाष्यव्याख्यानस्वरूपटीकादीनाञ्च रचना जिज्ञासूनामुपकारायैव कृता।

तेषामेव ग्रन्थानां मध्येऽयं श्रीमद्भगवत्पादाचार्यभाष्यकारविरचितः 'सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहः' कश्चिद् विलक्षणो ग्रन्थः। ग्रन्थस्यास्य वैलक्षण्यमेतदेव यत् सर्वेषामेव वेदान्तप्रमेयपदार्थानां साधनचतुष्टयजीवब्रह्मैक्यादीनां विशदरूपेण वर्णनम्। वेदान्ते

[अग्रे] →



ॐ

श्री कैलास आश्रम

SHREE KAILASH ASHRAM

कैलास गेट, मुनि की रेती, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड-249137

KAILAS GATE, MUNI KI RETI, RISHIKESH, UTTARAKHAND-249137

PHONE NO : 0135-2430598 / 2435496, E-mail: kailashashramrishikesh@gmail.com

श्री कैलास आश्रम द्वारा संचालित संस्थायें
+++
श्री कैलास आश्रम (ब्रह्मविद्यापीठ) कैलासगेट, ऋषिकेश - 249137 फोन : 0135-2430598, 2435496
+++
श्री ब्रह्मानन्द आश्रम मुनि की रेती, ऋषिकेश
+++
श्री दशनाम संन्यास आश्रम भूपतवाला, हरिद्वार-249401 फोन : 01334-297019
+++
श्री कैलास आश्रम उजेली, उत्तरकाशी-249113 फोन : 01374-222361
+++
श्री कैलास धाम कैलासधाम मार्ग, नयी झूसी इलाहाबाद-221506 फोन : 0532 2568718
+++
श्री नर्मदा सत्संग आश्रम भिलाड़िया घाट, पोस्ट-शिवपुर, होशंगाबाद (म.प्र.) फोन : 07570-226677
+++
श्री कैलास विद्या तीर्थ कैलास मार्ग (गिरियक रोड) राजगीर, नालन्दा, बिहार-803116 फोन : 06112-255283
+++
श्री कैलास विद्यातीर्थ (आदि शंकराचार्य स्मारक) 6, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110001 फोन : 011-23347475
+++
श्री राम आश्रम समाना मण्डी, पटियाला 147101 (पंजाब) फोन : 01764-220450
+++
श्री कैलास आश्रम मॉडल टाउन, रोहतक (हरियाणा)
+++
शंकर ब्रह्मविद्या कुटीर 83-ए, द्वारकापुरी, मुजफ्फरनगर, उ.प्र.

क्रमाङ्क 2 दिनाङ्क 12/08/2022

जिज्ञासूनां निःसंदिग्धप्रवृत्त्यर्थं पूर्वपक्षाणां ज्ञानकर्मसमुच्चयादिरूपाणामपि खण्डनं स्पष्टं श्रुतिस्मृतितदनुसारियुक्तिभिश्चात्र कृतमस्ति ।

अनेन ग्रन्थेन कोमलशेमुषीयुक्तानां जिज्ञासूनामपि वेदान्तसिद्धान्तबोधो भवेदित्यभिप्रेत्य श्रीचिन्मयमिशन-मुम्बईसंस्थाया आचार्यैरिदानीं ब्रह्मविद्यापीठकैलाश्रमे स्थित्वाऽध्ययनेऽध्यापने च संलग्नैः श्रीबोधात्मानन्दसरस्वतीमहाभागैः 'शङ्करप्रसादिनी' नाम्नी टीका विहिता। इयं टीका मूलग्रन्थस्य तात्पर्यस्फोरणे ग्रन्थग्रन्थिभेदने च दक्षेति मम मतिः।

अस्य टीकासंयुक्तग्रन्थस्य परिशीलनेन बहूनां जिज्ञासूनां ब्रह्मावबोधो विदुषाञ्च मनसि महत्तोषो संजायत इत्याशासानोऽहम् ।

। ओं शम् ।

श्रावणी पूर्णिमा,
वि.सं. २०७९

स्वामी विजयानन्द पुरी
द्वादशपीठाचार्यः
श्रीकैलाश्रमो हृषिकेशः

॥ ॐ ॥

॥ आशीर्वचनम् ॥

॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

संसारमण्डलेऽस्मिन् अनादिकालतो बम्भ्रम्यमाणानामाध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकतापत्रयैखिद्यमानानां जरायुजादि चतुर्विधजीवानामेकं ब्रह्मविज्ञानं विहाय नान्यदात्यन्तिकश्रेयस्करमुत्पश्यामः। 'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' , 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' इत्यादि श्रुतिस्मृतिवादा एतदेव प्रतिपादयन्ति। तस्य ब्रह्मविज्ञानस्याखण्डाकार वृत्तिरूपस्य समुत्पत्तिः खलु वेदान्तादेवेति विजानन्ति विज्ञाः। तेषां वेदान्तवाक्यानां श्रुतिस्मृतिरूपाणां तात्पर्यं सत्यज्ञानानन्दनिर्गुणनिष्क्रियनिर्विकाराद्वैतब्रह्मस्वरूपप्रतिपादन एवेति शारीरकमीमांसाऽपरनामब्रह्मसूत्रग्रन्थे श्रीमन्नारायणावतारकृष्णद्वैपायनमहर्षिणा सूत्रैः स्पष्टीकृतम्। सूत्रस्य गूढार्थत्वात्तदर्थावगमनेऽसमर्थानां जिज्ञासूनां भृशमुपकाराय शिवावतारभगवत्पादशङ्कराचार्यैरतिप्रसन्नगम्भीरं भाष्यं प्रणीतम्। दशोपनिषदां श्रीमद्भगवद्गीतायाश्चोपरि तैरद्भुतं भाष्यं प्रणीतम्। भाष्यस्यापि गूढार्थत्वात्तत्राधिकारिणां प्रवेशो भवेदित्यभिप्रेत्य श्रीमद्भगवद्भाष्यकारैरनेकप्रकरणग्रन्थानां प्रणयनं विहितम्। कालान्तरेऽन्यैरप्याचार्यैर्वाचस्पतिमिश्रानन्दगिरि-विद्यारण्यमुन्यादिभिर्बहुशो मौलिकग्रन्थानां भाष्यव्याख्यानस्वरूपटीकादीनाञ्च रचना जिज्ञासूनामुपकारायैव कृता।

तेषामेव ग्रन्थानां मध्येऽयं श्रीमद्भगवत्पादाचार्यभाष्यकारविरचितः 'सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहः' कश्चिद् विलक्षणो ग्रन्थः। ग्रन्थस्यास्य वैलक्षण्यमेतदेव यत् सर्वेषामेव वेदान्तप्रमेयपदार्थानां साधनचतुष्टयजीवब्रह्मैक्यादीनां विशदरूपेण वर्णनम्। वेदान्ते जिज्ञासूनां निःसन्दिग्धप्रवृत्त्यर्थं पूर्वपक्षाणां ज्ञानकर्मसमुच्चयरूपाणामपि खण्डनं स्पष्टं श्रुतिस्मृतितदनुसारियुक्तिभिश्चात्र कृतमस्ति।

अनेन ग्रन्थेन कोमलशेमुषीयुक्तानां जिज्ञासूनामपि वेदान्तसिद्धान्तबोधो भवेदित्यभिप्रेत्य श्रीचिन्मयमिशन मुम्बई संस्थाया आचार्यैरिदानीं ब्रह्मविद्यापीठकैलासाश्रमे स्थित्वाऽध्ययनेऽध्यापने च संलग्नैः श्रीबोधात्मानन्दसरस्वतीमहाभागैः 'शङ्करप्रसादिनी' नाम्नी टीका विहिता। इयं टीका मूलग्रन्थस्य तात्पर्यस्फोरणे ग्रन्थग्रन्थिभेदने च दक्षेति मम मतिः।

अस्य टीकासंयुक्तग्रन्थस्य परिशीलनेन बहूनां जिज्ञासूनां ब्रह्मावबोधो विदुषाञ्च मनसि महत्तोषो संजायत इत्याशासानोऽहम्।

। ओं शम् ।

श्रावणी पूर्णिमा
वि० सं० - २०७९
(१२-०८-२०२२)

स्वामी विजयानन्द पुरी
द्वादशपीठाचार्यः
श्री कैलासाश्रमो हृषिकेशः

सांकेतिक चिह्नों का स्पष्टीकरण

अ० उ०	अमृतबिन्दु उपनिषद्	तै० उ०	तैत्तिरीय उपनिषद्
अ० गी०	अवधूत गीता	तै० सं०	तैत्तिरीय संहिता
अ० गी०	अष्टावक्र गीता	ध० अ०	धन्याष्टकम्
अ० ध्या०	अष्टाध्यायी	नै० सि०	नैष्कर्म्य सिद्धि
अनु० मै०	अनुभूतिप्रकाशः (मैत्रायण्युपनिषद्विवरणम्)	नृ० ता० उ०	नृसिंहोत्तरतापनीय उपनिषद्
अ० अनु०	अपरोक्षानुभूति	प० द०	पञ्चदशी
अ० सि०	अद्वैतसिद्धि	पा० सू०	पाणिनी सूत्र
आ० बो०	आत्मबोध	पू० प०	पूर्वपक्षी
ई० उ०	ईशावास्य उपनिषद्	प्र० उ०	प्रश्न उपनिषद्
उ० गी०	उत्तर गीता	बृ० उ०	बृहदारण्यक उपनिषद्
उ० सा०	उपदेश साहस्त्री	बृ० उ० भा०	बृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य
ऐ० उ०	ऐतरेय उपनिषद्	बृ० वा०	बृहदारण्यक वार्तिका
ऋ० शा० म०	ऋग्वेद शान्ति मन्त्र	ब्र० ज्ञा० मा०	ब्रह्मज्ञानावली माला
क० उ०	कठ उपनिषद्	ब्र० सू०	ब्रह्मसूत्र
कू० पु०	कूर्मपुराण	ब्र० सू० भा०	ब्रह्मसूत्र भाष्य
के० उ०	केन उपनिषद्	भ० गी०	भगवद्गीता
कै० उ०	कैवल्य उपनिषद्	भ० गो०	भज गोविन्दम्
ग० उ०	गणपत्यथर्वशीर्ष उपनिषद्	म० भा०	महाभारत
ग० सं०	गर्गसंहिता	म० भा० उ० प०	महाभारत उद्योग पर्व
छा० उ०	छान्दोग्य उपनिषद्	म० भा० व० प०	महाभारत वन पर्व
जा० उ०	जाबाल उपनिषद्	म० भा० शा० प०	महाभारत शान्ति पर्व

म० स्मृ०	मनुस्मृति	वे० सि० मु०	वेदान्त सिद्धान्त मुक्तावली
महा० उ०	महानारायण उपनिषद्	वै० श०	वैराग्यशतकम्
मा० उ०	माण्डूक्य उपनिषद्	लिं० पु०	लिङ्ग पुराण
मा० का०	माण्डूक्य कारिका	श० ब्रा०	शतपथ ब्राह्मण
मा० वा०	मानसोल्लास वार्तिक	शि० म० स्तो०	शिवमहिम्नः स्तोत्रम्
मु० मा०	मुकुन्द माला	श्वे० उ०	श्वेताश्वतर उपनिषद्
मु० उ०	मुण्डक उपनिषद्	श्रीम० भा०	श्रीमद्भागवतम्
यो० वा०	योगवासिष्ठ	सं० शा०	संक्षेप शारीरकम्
यो० सू०	योगसूत्र	सं० वा०	सम्बन्ध वार्तिक
व० पु०	वराह पुराण	स० द०	सद्दर्शनम्
वा० वृ०	वाक्य वृत्ति	सा० प०	साधना पञ्चकम्
वि० चू०	विवेक चूडामणि	सु० उ०	सुबाला उपनिषद्
वि० पु०	विष्णु पुराण	स्वा० सि०	स्वाराज्य सिद्धि
वि० स० भा०	विष्णुसहस्रनामस्तोत्रम् भाष्य	हि० मि०	हितोपदेश मित्रलाभ

'श्लोक एवं टीका के अनुवाद के पश्चात्, तारांकन में दिए गए वाक्य पूज्य स्वामीजी के प्रवचनों से उद्धृत किए गए हैं'

विषय-सूची

मङ्गलाचरणम् २

अनुबन्धनिरूपणम् ६

साधनचतुष्टयम् ९

नित्यानित्यवस्तुविवेकः ११

वैराग्यम् १५

कामदोषनिरूपणम् २९

धनदोषनिरूपणम् ४०

विरक्तिफलोपसंहारः ४५

शमादिसाधननिरूपणम् ५०

शमः ५०

मनःप्रसादसाधनानि ५४

ब्रह्मचर्यम् ५५

अहिंसा ५५

दया - अवक्रता ५६

वैतृष्ण्यम् ५७

शौचम् ५७

अदम्भित्वम् ५७

सत्यम् ५८

निर्ममता ५८

स्थैर्यम् ५९

अभिमानविसर्जनम् ५९

ईश्वरध्यानम् ६०

ब्रह्मवित्सहवासः ६०

ज्ञाननिष्ठा ६१

समत्वम् ६१

मानानासक्तिः ६२

एकान्तशीलता ६२
मुमुक्षुता ६३
दमः ६३
तितिक्षा ६७
संन्यासः ७२
श्रद्धा ९५
चित्तसमाधानम् ९८
मुमुक्षुत्वम् १००
आत्मानात्मविवेकः १२५
अध्यारोपः १२६
अज्ञानम् १२७
माया = समष्टि-अज्ञानम् १३१
ईश्वरः १३२
अविद्या = व्यष्टि-अज्ञानम् १३४
प्रत्यगात्मा १३५
जगत्सर्गः १३८
लिङ्गशरीरम् १४२
अन्तःकरणम् १४४
विज्ञानमयकोशः १४६
मनोमयकोशः १४८
चित्तप्रसादः १५२
सत्त्ववृद्धिहेतुः १५४
प्राणमयकोशः १५७
स्थूलप्रपञ्चः १६४
भूतगुणाः १६८
इन्द्रियसामर्थ्यम् १६८
इन्द्रियदेवताः १७०

ब्रह्माण्डसृष्टिः १७६
चतुर्विधजन्तवः १७८
विश्ववैश्वानरौ १७९
सर्वं खल्विदं ब्रह्म १८३
सर्वं खल्विदं ब्रह्म - वाक्यविचारः १८५
आत्मनिरूपणम् १८५
पुत्रात्मवादः २१४
देहात्मवादः २१५
इन्द्रियात्मवादः २१८
प्राणात्मवादः २१९
मनआत्मवादः २२१
बुद्ध्यात्मवादः २२३
अज्ञानात्मवादः २२५
ज्ञानाज्ञानात्मवादः २२७
शून्यात्मवादः २२८
शून्यवादनिरासः २३४
आत्मलक्षणम् २४३
आत्मनः सत्त्वम् २४३
आत्मनश्चित्त्वम् २४७
आत्मन आनन्दत्वम् २५०
आत्मान्यस्य सुखरूपत्वनिरासः २५४
प्रतिबिम्बानन्दविवरणम् २५६
आत्मा बिम्बानन्दः २६१
आत्मनोऽद्वितीयत्वम् २६७
अपवादः २७०
प्रसङ्ख्यानवादनिरासः २७९
तत्त्वम्पदार्थनिरूपणम् २८०

वाच्यार्थविरोधः २८२

लक्ष्यार्थनिरूपणम् २९३

जहल्लक्षणाविचारः २९४

अजहल्लक्षणाविचारः २९६

भागत्यागलक्षणाया अनिवार्यता २९७

भागत्यागलक्षणायाः स्वरूपम् २९९

अखण्डार्थः ३००

तद्ब्रह्म त्वमसि ३०६

मुख्यगौणाद्यधिकारिभेदाः ३१६

श्रवणादिनिरूपणम् ३२१

सविकल्पसमाधिः ३२४

निर्विकल्पसमाधिः ३२६

दृश्यानुविद्धसविकल्पः समाधिः (८२९-८६५) ३२८

निदिध्यासनाभ्यासः ३३०

ज्ञाननिष्ठायां कर्मानुपयोगः ३३७

शब्दानुविद्धः सविकल्पकः समाधिः ३४४

निर्विकल्पसमाधिः ३५२

बाह्यसमाधिप्रकारः ३५५

प्रमादत्यागः ३६१

योगस्तस्याष्टावङ्गानि ३६३

अजातवादस्तथा दृष्टिसृष्टिवादः/एकजीववादः ३६९

ज्ञानभूमिकालक्षणम् ३७६

- शुभेच्छा ३७७
- विचारणा ३७७
- तनुमानसी ३७८
- सत्त्वापत्तिः ३७८
- असंसक्तिः ३७९

पदार्थाभावना ३७९
तुर्यगा ३८०
जाग्रज्जाग्रत् ३८१
जाग्रत्स्वप्नः ३८१
जाग्रत्सुप्तिः ३८१
स्वप्नजाग्रत् ३८२
स्वप्नस्वप्नः ३८२
स्वप्नसुप्तिः ३८२
सुप्तिजाग्रत् ३८३
सुप्तिस्वप्नः ३८३
सुप्तिसुप्तिः ३८३
तुर्याख्या ३८४
जीवन्मुक्तः ३८७
विदेहमुक्तः ३९३
लक्षण-श्लोका वाक्यानि च ४०२
श्लोकानां वर्णानुक्रमणिका ४१०

विशेष विषयों का चिन्तन

क्रम	विषय	श्लोक सङ्ख्या
१	जगत् का कारण – माया परिणामी उपादान है, ब्रह्म तो विवर्त उपादान तथा निमित्त है	२०
२	इस लोक और परलोक के भोगों में कारण सहित दोषों का दर्शन	२६
३	संसार का निरूपण	२७-३६
४	स्वर्ग आदि लोकों के सुखों में तारतम्य है, निरतिशय नहीं	३७
५	सालोक्य आदि मुक्तियों की अनित्यता	३९
६	भोगों का अविचारित रमणीय होना	४३
७	तीन एषणाओं का निरूपण	४९
८	स्थूल शरीर में प्रतिपक्ष भावना	५१
९	सङ्कल्पों के न उठने में कारण – यथाभूत अर्थ का दर्शन	६८-७०
१०	श्रवण आदि साधनों का प्रयोजन	१२४
११	सर्व कर्म त्याग ही संन्यास का लक्षण है, केवल काम्य कर्मों का त्याग नहीं	१५२
१२	यज्ञ, दान आदि – श्रुति और स्मृति का प्रयोजन	१५४
१३	उत्पाद्य, आप्य आदि कर्मों से साध्य फल	१५५
१४	श्रुति एवं अर्थापत्ति से आत्मा का सृष्टि, स्थिति और लय कारण होने मे उपपत्ति	१६७
१५	मुमुक्षु के विहित कर्मों के त्याग की शङ्का का परिहार	१७७
१६	ज्ञान और कर्म के समुच्चय का वाद करने वालों के मत का निरास	१७९
१७	मोक्ष के मार्ग में संन्यास की अनिवार्यता	१८१-१८३
१८	ज्ञान और कर्म के वस्तु तन्त्र और पुरुष तन्त्र – इस भेद का वर्णन	१९१
१९	ईशावास्य उपनिषद् - काण्व और माध्यन्दिन शाखा के अनुसार विद्या और अविद्या – इन दो पाठों का निरूपण	१९९
२०	ज्ञान और कर्म के हेतु, स्वरूप, कार्य और फल का परस्पर विरोध	१९९
२१	अज्ञान सभी दुःखों का मूल कारण है – इस बात का सोपान आरोहण न्याय से प्रतिपादन	२०४
२२	वेद के ईश्वर वाक्य होने में वेद प्रमाण हैं	२१८
२३	बहिरङ्ग तथा अन्तरङ्ग साधनों का निरूपण	२२५
२४	तीव्र मुमुक्षा ही इस जन्म में मोक्ष का कारण है तथा मुमुक्षुओं का तारतम्य	२३८-२३९
२५	"तमेतं वेदानुचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति.." – इस वाक्य का चिन्तन, कि विद्या में या विविदिषा में कर्मों का विनियोग होता है – यह विचार	२५३
२६	संसार समुद्र का वर्णन	२५६
२७	ब्रह्मविद्या के उदय होने पर प्रत्यक्ष प्रमाण के विरोध की शङ्का	२७५
२८	ज्ञान उत्पत्ति के पश्चात् प्रत्यक्ष आदि प्रमाण द्वारा वेदान्त जन्य ज्ञान के बाध की शङ्का	२७५
२९	मुमुक्षु के द्वारा किए गए आत्म-अनात्म विषयक प्रश्न	२७९
३०	आत्म-अनात्म विषयक प्रश्नों का दृष्टान्त सहित समाधान	२८७-२९५

३१	अध्यारोप-अपवाद प्रक्रिया का निरूपण	२८९
३२	ब्रह्म विद्या के उदय होने में प्रत्यक्ष प्रमाण के विरोध की आशङ्का का परिहार	२९२
३३	ज्ञान उत्पत्ति के पश्चात् प्रत्यक्ष आदि प्रमाण द्वारा वेदान्त जन्य ज्ञान के बाध की शङ्का का परिहार	२९२
३४	उत्तम अधिकारियों के लिए श्रवण मात्र से मोक्ष की सिद्धि का विचार	२९६
३५	ब्रह्म शब्द् के अर्थ का निरूपण	३००
३६	शुक्ति-रजत दृष्टान्त के द्वारा अध्यास का निरूपण	३०३
३७	अज्ञान भावरूप है	३०४
३८	अज्ञान अनिर्वचनीय है	३०४
३९	अज्ञान ब्रह्म को आश्रय तथा विषय करने वाला है	३०५
४०	अज्ञान नानात्व है या एकत्व	३१८
४१	जीव प्राज्ञ कहलाता है	३२३
४२	सुषुप्ति में अविद्या वृत्ति होने से प्रतिबिम्बित आनन्द का अनुभव होता है	३२४
४३	ईश्वर और प्राज्ञ का अभेद	३२५-३२७
४४	ईक्षण श्रुति के द्वारा जगत् की उत्पत्ति का निरूपण	३३१
४५	ब्रह्म का जगत् का कारण होना	३३३
४६	निर्गुण ब्रह्म का कारणत्व – यह तटस्थ लक्षण है	३३३
४७	ब्रह्म का अभिन्न निमित्त विवर्त उपादान कारणत्व – एक विज्ञान से सर्व विज्ञान होने की प्रतिज्ञा की सिद्धि	३३५
४८	त्रिगुणात्मक अज्ञान का तमोगुण की प्रधानता से परिणमन (विकार)	३३६
४९	निरवयव आकाश की उत्पत्ति विषयक शङ्का का परिहार	३३६
५०	अपरिच्छिन्न आत्मा का आच्छादन कैसे	३५१-३५२
५१	तमोगुण का कार्य आवरण, रजोगुण का कार्य विक्षेप	३६१
५२	यम-नियम का विवरण	३६४
५३	ब्रह्म की शक्ति के गुण-भेदों के प्रश्न का उत्तर	३८१
५४	हिरण्यगर्भ के परत्व-अपरत्व का विवेचन	३९०
५५	हिरण्यगर्भ शब्द लिङ्ग शरीर का समुदाय नहीं, किन्तु विशिष्ट कर्म और उपासना से समुच्चित जीव	३९०
५६	तैजस-हिरण्यगर्भ का अभेद	३९५
५७	पञ्चीकरण की प्रामाण्य शङ्का का निरास, त्रिवृत्करण श्रुति से पञ्चीकरण का उपलक्षण	४०३
५८	मूर्त-अमूर्त भूतों का निरूपण	४०६
५९	कार्य में कारण के गुणों का प्रक्रमण	४०७-४०८
६०	इन्द्रियों के देवताओं का कार्य	४२१
६१	अजातवादियों के मत में सृष्टि प्रतिपादक श्रुतियों का प्रयोजन	४३१
६२	"सर्वं खल्विदं ब्रह्म" – इस वाक्य पर विचार	४५५-४५६
६३	आत्मा के छः विकारों से रहित होने की सिद्धि	४६१
६४	आत्मा और अनात्मा के स्वरूप तथा संसर्ग का अध्यास	४६६
६५	अध्यास सिद्धि का प्रयोजन तथा प्रश्न	४७३
६६	प्रत्यक् आत्मा विषय से रहित होने पर भी उसमें अनात्मा का अध्यास कैसे – इस शङ्का का परिहार	४७४-४७९

६७	अननुभूत आत्मा का अत्यन्त विरुद्ध अनात्मा के साथ सादृश्य कैसे – इस शङ्का का परिहार	४८०-४८७
६८	सोपाधिक तथा निरुपाधिक भ्रम का निरूपण	४८१
६९	आत्मा तथा अहङ्कार में साम्य और वैषम्य	४८३
७०	अनात्मा में आत्मा का अध्यास कैसे – इस शङ्का का परिहार	४८८-५०२
७१	जीव को ही बन्धन है, ईश्वर को नहीं – इस प्रश्न का प्रतिवचन (उत्तर)	५०३-५१०
७२	किस उपाय से अध्यास की निवृत्ति सिद्ध होती है – इस प्रश्न का प्रतिवचन (उत्तर)	५११-५२१
७३	अन्वय-व्यतिरेक से [सिद्ध करना कि] मन का ही संसार है	५५१
७४	बुद्धि और आत्मा के अध्यास के बिना प्रमातृत्व सिद्ध नहीं होता	५५८
७५	आत्मा विषयक विविध मतों का श्रुति, युक्ति और अनुभूति से सङ्क्षेप निरूपण तथा वेदान्त श्रुति से उनका खण्डन	५७५
७६	अवेद्य होते हुए भी अपरोक्ष व्यवहार योग्य होना – यह ‘स्वयं प्रकाश’ का लक्षण है	६००
७७	ज्ञाता की जिज्ञासा ज्ञेय विषय में ही होती है, आत्मा में नहीं	६०२
७८	आत्मा के प्रत्यभिज्ञायमान होने से सुषुप्ति में भी आत्मा का सद्भाव सिद्ध होता है	६०५-६०६
७९	तीनों अवस्थाओं (जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति) के अन्वय-व्यतिरेक का प्रकार	६१५
८०	आनन्द वस्तु या मन का धर्म नहीं है	६४४-६४५
८१	आनन्द की मीमांसा	६७३
८२	सब कुछ वस्तुतः शुद्ध परम ब्रह्म मात्र है	६९०
८३	जीव और ब्रह्म का ऐक्य ही श्रुति का तात्पर्य है	६९९
८४	प्रसङ्ख्यानवाद का निरास	७०३
८५	संसर्ग से विशिष्ट वाक्य का अर्थ	७१४-७१७
८६	अखण्डार्थ बोधक वाक्य के विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध के निषेध की शङ्का का परिहार	७१९-७२१
८७	चार प्रकार के पद सामान्याधिकरण्य में मुख्य सामानाधिकरण ही स्वीकार करना चाहिए	७१९-७२१
८८	श्रुति और स्मृति में वाच्यार्थ में विरोध होने पर लक्षणा वृत्ति स्वीकार करनी चाहिए	७२५-७२६
८९	बहुविध विशेषण-विशेष्य भाव का निरास	७२८
९०	महावाक्य के उपदेश का फल	७२८
९१	जीवन्मुक्ति का फल अर्थवाद नहीं है, न ही उपचार मात्र है	७२८
९२	तीन प्रकार की लक्षणा वृत्ति	७३४
९३	पूर्वपक्षी के द्वारा भाग लक्षणा की शङ्का	७५०
९४	प्रत्यक् आत्मा और ब्रह्म के तादात्म्य का विवरण	७६०
९५	सिद्ध बोधक वाक्यों का स्वतः प्रामाण्य	७६२
९६	अन्वय-व्यतिरेक से प्रपञ्च का कारण मन ही है	७६६
९७	'भूमा' शब्द का निर्वचन	७७०
९८	ब्रह्मनिष्ठा का उपाय	७९३
९९	समाधि विषयक प्रश्न	७९५
१००	'तत्त्वमसि' आदि वाक्य से अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है या नहीं – इसका चिन्तन	८००
१०१	ब्रह्म के अप्रमेयत्व लक्षण का विवरण	८०८

१०२	तत्त्व के निश्चय में मनन साधन की सफलता	८१३
१०३	वार्तिककारों के मत के अनुसार निदिध्यासन की परिभाषा	८१४-९१७
१०४	समाधि शब्द की तीन व्याख्याएँ	८१९
१०५	विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए ज्ञान का अभ्यास भी विहित है	८२८-८२९
१०६	देहात्म ज्ञान के जैसे ज्ञाननिष्ठा ही मुक्ति है – यह उपदेश साहस्री में प्रदर्शित किया गया है	८४४
१०७	पाँच क्लेशों का वर्णन	८४७
१०८	वार्तिककार द्वारा कहा गया है कि कर्म परम्परा से मोक्ष का साधन है	८५२
१०९	ज्ञाननिष्ठा में कर्म का उपयोग नहीं है – इस सिद्धि के लिए हेतु	८५५
११०	ज्ञाननिष्ठा के उपाय	८५७
१११	ब्रह्मविद् के आशीर्वाद के माध्यम से शब्दों से युक्त सविकल्प समाधि का अभ्यास	८७०
११२	निर्विकल्प समाधि के अभ्यास का प्रयोजन	८७७
११३	अजातवाद तथा दृष्टि-सृष्टि वाद/एकजीववाद	९२३

कोष्ठक अनुक्रम

अनुक्रम	विषय	श्लोक सङ्ख्या
१	चार प्रकार के कर्मों से साध्य (फल)	१५५
२	कर्म और ज्ञान के अनुबन्ध का भेद	१७९
३	कर्म और ज्ञान के हेतु, स्वरूप आदि का भेद	१९९
४	मुमुक्षुता में तारतम्य	२३९
५	शुक्ति-रजत दृष्टान्त की व्याख्या	३०३
६	इन्द्रियाँ, प्राण, मन, बुद्धि आदि के समूह की सञ्ज्ञा	३४१
७	महाभूतों के सत्त्व-रजो गुणात्मक अंशों से उत्पत्ति का कार्य	३७६
८	पञ्चीकरण की विधि	४००
९	पञ्चीकृत-अपञ्चीकृत महाभूतों के धर्म	४०६
१०	इन्द्रियों के देवता तथा उनके कार्य	४२०
११	अन्तःकरण चतुष्टय के देवता तथा उनके कार्य	४२०
१२	चार प्रकार के प्राणियों का वर्णन	४३७
१३	समष्टि तथा व्यष्टि की उपाधियों के भेद से शुद्ध चैतन्य की अनेक सञ्ज्ञाएँ	४४३
१४	विश्व आदि की उपाधि, भोग, अवस्था तथा द्वैत का अनुभव	४५१
१५	ख्यातिवाद	४८१
१६	आत्मा-अहङ्कार का साम्य-वैषम्य	४८३
१७	अनेक पूर्वपक्षों के वादों की युक्तियों का खण्डन	५७७
१८	बिम्ब-प्रतिबिम्ब आनन्द में भेद	६७३
१९	ज्ञान की सात भूमिकाएँ	९४८

सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहः

शङ्करप्रसादिनीटीकासहितः

शङ्करप्रसादिनी टीका एवं टिप्पणियों सहित

ॐ नमो ब्रह्मादिभ्यो ब्रह्मविद्यासंप्रदायकर्तृभ्यो वंशर्षिभ्यो महद्भ्यो नमो गुरुभ्यः ।
सर्वोपप्लवरहितः प्रज्ञानघनः प्रत्यगर्थो ब्रह्मैवाऽहमस्मि। ब्रह्मैवाऽहमस्मि ।

श्लोकान्वयः -

ॐ ब्रह्मादिभ्यः, ब्रह्मविद्यासंप्रदायकर्तृभ्यः, नमः। वंशर्षिभ्यः, महद्भ्यः, गुरुभ्यः नमः। सर्वोपप्लवरहितः प्रज्ञानघनः प्रत्यगर्थः ब्रह्मैवाहमस्मि। ब्रह्मैवाहमस्मि।

हिन्दी अनुवाद -

ॐ - ब्रह्मा आदि, ब्रह्मविद्या सम्प्रदाय[१] के प्रवर्तक महान् ऋषियों के वंश तथा गुरुओं को नमस्कार है। समस्त क्लेशों से रहित[२], प्रज्ञान घन, अन्तरात्मा ब्रह्म ही मैं हूँ। ब्रह्म ही मैं हूँ।

सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहरूपिणम् । नौमीड्यं दक्षिणामूर्तिं स्वात्मनिष्ठैकसिद्धये ॥

श्लोकान्वयः -

[अहं] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहरूपिणम्, ईड्यम्, दक्षिणामूर्तिम्, स्वात्मनिष्ठैकसिद्धये, नौमि।

हिन्दी अनुवाद -

सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रह रूप पूजनीय दक्षिणामूर्ति को स्वात्म निष्ठा की सिद्धि के लिये मैं नमन करता हूँ।

भाष्यकारं सुरेशश्च व्यासमद्वैतसन्निभम् । वन्देऽहं चिन्मयानन्दं तेजोदिव्यमहर्निशम् ॥

अहं, अहर्निशम्, अद्वैतसन्निभम्, व्यासम्, भाष्यकारम् (च), सुरेशम् च, चिन्मयानन्दम् (च), तेजः (च), दिव्यम् (च), वन्दे।

भगवान् शङ्कराचार्य, सुरेश्वराचार्य, अद्वैतरूप वेदव्यास, चिन्मयानन्द तथा दिव्य तेज से परिपूर्ण सभी आचार्यों की मैं दिन-रात वन्दना करता हूँ।

पूर्णः पीयूषभानुर्भवमरुतपनोद्दामतापाकुलानां प्रौढाज्ञानान्धकारावृतविषमपथभ्राम्यतामंशुमाली।
कल्पः शाखी यतीनां विगतधनसुतादीषणानां सदा नः पायाच्छ्रीपद्मपादादिममुनिसहितः श्रीमदाचार्यवर्यः ॥

---

[१] सम्प्रदाय -भाव अर्थ से उपदेश तथा व्युत्पत्ति अर्थ से जिसे उपदेश दिया जाए यानि शिष्य

[२] विघ्न रहित (कामना रहित)

श्लोकान्वयः -

विगत-धनसुतादि-ईषणानाम् (प्रेप्सूनाम्), यतीनाम् कल्पः शाखी, भवमरुतपन-उद्दामताप-आकुलानाम् पूर्णः पीयूषभानुः, प्रौढ-अज्ञान-अन्धकार-आवृत-विषमपथ-भ्राम्यताम् अंशुमाली, श्रीपद्मपाद-आदिम-मुनि-सहितः श्रीमदाचार्यवर्यः नः सदा पायात्।

हिन्दी अनुवाद -

जो संसार मरुभूमि में पडे हुए, सूर्य के महान् ताप से आकुलित जनों के लिए पूर्ण, अमृत रूप चन्द्रमा हैं, घोर अज्ञान अन्धकार से आवृत विषम मार्ग में भटकने वालों के लिये सूर्य की प्रकाश रूप किरणें हैं, संन्यासी जिनकी धन-पुत्र आदि वासना चली गयी है, उनके लिए कल्पवृक्ष के समान हैं; प्रथम आचार्यों में श्रेष्ठ भाष्यकार, श्रीपद्मपाद आदि मुनियों सहित सर्वदा हमारी रक्षा करें।

दृष्टान्तो नैव दृष्टस्त्रिभुवनजठरे सद्गुरोर्ज्ञानदातुः स्पर्शश्चेत्तत्र कल्प्यः स नयति यदहो स्वर्णतामश्मसारम् ।
न स्पर्शत्वं तथापि श्रितचरणयुगे सद्गुरुः स्वीयशिष्ये स्वीयं साम्यं विधत्ते भवति निरुपमस्तेन चालौकिकोऽपि ॥

श्लोकान्वयः -

अहो! ज्ञानदातुः, सद्गुरोः, त्रिभुवन-जठरे, दृष्टान्तः, एव, न, दृष्टः। तत्र, स्पर्शः, कल्प्यः, चेत्, यद् (यद्यपि), (स्पर्शमणिः), अश्मसारं, स्वर्णतां, नयति, तथापि, (सः), स्पर्शत्वं, न, (नयति)। सद्गुरुः, (तु), श्रितचरणयुगे, स्वीयशिष्ये, स्वीयम्, साम्यम्, विधत्ते, तेन (कारणेन), निरुपमः, अलौकिकः, अपि, च, भवति।

गुरुपरमेश्वरनमस्कारपूर्वकमधुना शङ्करप्रसादिनी टीका यया परमेश्वरो गुरुश्च शङ्करो यस्मादतिशयमलब्ध्वा तमबादयो व्यावृत्ताः, प्रसीदति सा तस्य कृपाप्रसादिनी वा टीक्यते गम्यते ग्रन्थार्थोऽनया सा क्रियते।

प्रारीप्सितस्य ग्रन्थस्य निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थं परिपन्थिदुरितपरम्परानिवारणाय शिष्योपशिष्यद्वारा प्रचयप्रचाराय परदेवतातत्त्वानुस्मरणपूर्वकं तन्नमस्कारपूर्वकञ्च शिष्यानुष्ठानलक्षणं शिष्टाचारप्रमाणकं गुरुप्रसादलभ्य-सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहस्य मङ्गलाचरणं ग्रन्थतो निबध्नात्यखण्डानन्दसम्बोध इति।

हिन्दी अनुवाद -

तीनों लोकों में बद्ध को ज्ञान देने वाले सद्गुरु के लिए कोई उपमा नहीं दिखाई देती। वहाँ गुरु को पारस मणि समान मानते हैं क्योंकि पारस मणि केवल स्पर्श से लोहे को सोना बना देती है, परन्तु पारस मणि लोहे को अपने जैसा नहीं बना पाती! सद्गुरु तो अपने चरणों का आश्रय लेने वाले शिष्य को स्वयं जैसा बना देते हैं; इसीलिए सद्गुरु के लिए कोई उपमा नहीं है, गुरु तो अलौकिक हैं।

जिन परमेश्वर तथा गुरु शङ्कर से उत्कृष्ट कोई अन्य न पाकर तमप् आदि प्रत्यय[३] लौट आते हैं, ऐसे गुरु एवं परमेश्वर को नमस्कार करने के पश्चात्, शङ्करप्रसादिनी टीका आरम्भ की जाती है जिससे वे प्रसन्न होते हैं। अथवा शङ्करप्रसादिनी - जिनकी कृपा प्रसाद से ग्रन्थ के अर्थ को जाना जाए।

जिस ग्रन्थ का प्रारम्भ करने जा रहे हैं, उसकी निर्विघ्न समाप्ति के लिये, रास्ते में अवरोध करने वाले दुरितों (पापों) की परम्परा का निवारण करने के लिये, शिष्य प्रशिष्यों द्वारा प्रचय (सङ्ग्रह) एवं प्रचार के लिये, परदेवता तत्त्व का स्मरण कर तथा उन्हें नमस्कार करने के पश्चात्

---

[३] *"तमप्" प्रत्यय विशेषण शब्दों में अत्यन्त (अति उत्तम) का भाव बताने के लिए प्रयुक्त होता है।*

शिष्य अनुष्ठान स्वरूप एवं शिष्टाचार हेतु गुरु प्रसाद से प्राप्त सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रह का मङ्गलाचरण[४] करने जा रहे हैं। 'अखण्डानन्दसम्बोध' से -

मङ्गलाचरणम्

अखण्डानन्दसम्बोधो वन्दनाद्यस्य जायते । गोविन्दं तमहं वन्दे चिदानन्दतनुं गुरुम् ॥१॥

शङ्करप्रसादिनी टीका -

अखण्डो देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यश्चानन्दो निर्विशेषानन्दश्चाखण्डानन्दस्तस्य सम्बोधः सम्यग्ज्ञान**मखण्डानन्दसम्बोधः** प्रत्यक्चैतन्याभिन्नो **यस्य वन्दनात्प्र**ह्वप्रश्रयसेवनात् *"तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया"* इत्यादि-स्मृतिभ्यो *"यस्य देवे परा भक्तिः यथा देवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः"* इत्यादिश्रुतिभ्यश्च **जायत** उद्बुध्यते **तं चिदानन्दतनुं** चिदानन्द एव तनू रूपं यस्य सः चिदानन्दतनुः, **गुरुं गोविन्दं** गोभिर्वेदान्तवाक्यैरेव विद्यते लभ्यत इति गोविन्दस्त**महं वन्दे** नमस्करोमि।

अखण्डानन्दसम्बोध इति पदेन त्वम्पदलक्ष्यार्थ उच्यते। गोविन्दं चिदानन्दतनुमिति पदद्वयेन तत्पदलक्ष्यार्थो ब्रह्मोच्यते। यस्य गुरोः प्रसादेनाहं ब्रह्मास्मीति बोधो जायते तन्नमस्करोमीत्यर्थः।

अखण्डानन्दसन्दोह इति पाठेऽखण्डानन्दस्य सन्दोहः प्रचुरानुभवो जायत इति।

अस्य ग्रन्थस्य वेदान्तशास्त्रप्रकरणरूपत्वाच्छास्त्रैकदेशसम्बद्धत्वादिलक्षणत्वाच्चानुबन्धचतुष्टयप्रदर्शनेनापि मङ्गलं करोति। यथा -

"सम्बन्धश्चाधिकारी च विषयश्च प्रयोजनम्। विनानुबन्धं ग्रन्थादौ मङ्गलं नैव शस्यते॥" इति।

हिन्दी अनुवाद -

जिनको प्रणाम करने से अखण्ड आनन्द का ज्ञान होता है, उन चैतन्य-आनन्द स्वरूप गोविन्द नाम वाले गुरु को मैं प्रणाम करता हूँ ॥१॥

हिन्दी टीका -

जिनको विनम्रतापूर्वक प्रणाम करने से अखण्ड देश, काल, वस्तु परिच्छेद रहित निर्विशेष आनन्द[५] का सम्बोध सम्यक् ज्ञान[६] - प्रत्यक् चैतन्य अभिन्न का साक्षात्कार होता है, जैसा कि 'उस ज्ञान को गुरु के समीप जाकर साष्टांग प्रणाम, प्रश्न तथा सेवा करके जानो' (भ० गी० ४।३४) इत्यादि स्मृतियों तथा 'जिसके हृदय में ईश्वर के प्रति परम प्रेम तथा परमा भक्ति है वैसी ही गुरु के प्रति भी है, उस महात्मा पुरुष के लिए ये महान् विषय स्वतः प्रकाशित हो जाते हैं' (श्वे० उ० ६।२३) इत्यादि श्रुतियों द्वारा बताया गया है; उन चिदानन्दतनु, जिनका देह ही चिदानन्द है, केवल वेदान्त वाक्यों के द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले गोविन्द नामक गुरु को मैं नमस्कार करता हूँ।

'अखण्डानन्दसम्बोध' शब्द त्वं पद लक्ष्यार्थ तथा 'गोविन्द' व 'चिदानन्दतनु' दोनों शब्द तत् पद लक्ष्यार्थ ब्रह्म को बताते हैं। जिन गुरु के प्रसाद से 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा बोध होता है उन गुरु को मैं नमस्कार करता हूँ, ऐसा अर्थ है।

---

[४] मङ्गलाचरण इसीलिए भी करना उचित है कि विभिन्न विघ्न जैसे योगक्षेम की चिन्ता, शारीरिक व्याधि आदि देह में आत्म भाव न बढ़ाएं तथा ब्रह्माकार वृत्ति पर ध्यान रहे।

[५] निर्विशेष आनन्द जो आनन्दमय कोश से नहीं बल्कि आत्मा के स्वरूप का ही आनन्द है।

[६] सम्यक् ज्ञान माने संशय, विपर्यय रहित ज्ञान

'अखण्डानन्दसन्दोह' अन्य पाठ के अनुसार अखण्ड आनन्द की अनुभूति होती है।

वेदान्त शास्त्र के समान तथा एक विषय से सम्बन्धित होने से इस ग्रन्थ का मङ्गलाचरण भी अनुबन्ध चतुष्टय द्वारा करते हैं। जैसे - 'सम्बन्ध, अधिकारी, विषय, प्रयोजन अनुबन्ध बताये बिना ग्रन्थादि की स्वीकृति नहीं होती'

तत्र ग्रन्थाध्ययनप्रवृत्तिप्रयोजकज्ञानविषयत्वमनुबन्धत्वम्। अखण्डमिति -

तब इस ग्रन्थ का अनुबन्ध अर्थात् जिससे इस ग्रन्थ के अध्ययन में प्रवृत्ति हो उस विषय का ज्ञान दर्शाया जाता है 'अखण्डम्' इत्यादि से -

अखण्डं सच्चिदानन्दमवाङ्मनसगोचरम् । आत्मानमखिलाधारमाश्रयेऽभीष्टसिद्धये ॥२॥

शङ्करप्रसादिनी टीका -

अखण्डं परिपूर्णं **सच्चिदानन्दं** सदबाध्यमेकमेवाद्वितीयं चिदविपरिलुप्तज्ञानं कूटस्थमानन्दं बिम्बभूतम् *"एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति"*इत्यादि-श्रुतिसिद्धम्। **अवाङ्मनसगोचरं** वाक् च मनश्च वाङ्मनसे (पा. सू. ५.४.७७) तयोर्गोचरं विषयं वाङ्मनसगोचरं न वाङ्मनसगोचरमवाङ्मनसगोचरं *"यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह", "न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मन"* इत्यादि-श्रुतिभ्यः। **अखिलाधारम**खिलानां भूतानां सर्वप्राणिनामाधारमधिष्ठान**मात्मानं** *"यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह। यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कीर्त्यते॥"* इति लिङ्गपुराणवचनात्। **अभीष्टसिद्धये**ऽभिलषितस्येष्टस्य प्राप्त्यर्थ**माश्रये** शरणं गच्छामि। आत्मानमिति शब्देन स्थूलसूक्ष्मकारणशरीरविनिर्मुक्तं प्रत्यक्चैतन्यमुच्यते। अखण्डं सच्चिदानन्दमिति शब्दद्वयेन ब्रह्म, तयोः सामानाधिकरण्याद्ब्रह्मात्मैक्यप्रकरणप्रतिपाद्यो विषयः सूचितः। अथवा स्वस्यावेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वं भूमत्वञ्च ज्ञापनाय साहङ्कारस्य जगतो मिथ्यात्वं ज्ञापनाय चाश्रये। अहङ्कारस्य मिथ्यात्वे सिद्धेऽन्तःप्रज्ञादेर्मिथ्यात्वमपि सिध्यति शब्दादीनां प्रमेयाणाञ्च। तदेव मुमुक्षूणामभीष्टसिद्धिः ।

हिन्दी अनुवाद -

अखण्ड पूर्ण सत्-चित्-आनन्द स्वरूप आत्मा, जो वाणी तथा मन से पर, सबका आधार है ऐसे आत्मा का इष्ट सिद्धि के लिये (मैं) आश्रय लेता हूँ ॥२॥

हिन्दी टीका -

अखण्ड परिपूर्ण, 'सत्' अबाध्य केवल एक अद्वितीय; 'चित्' कदापि लोप न होने वाला ज्ञान कूटस्थ बिम्बभूत आनन्द 'इस आनन्द के कणमात्र पर अन्य प्राणी जीवित रहते हैं' (बृ० उ० ४।३।३२) इत्यादि श्रुति द्वारा सिद्ध; अवाङ्मनसगोचर जो वाणी तथा मन से परे है, जैसा कि 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे प्राप्त न करके लौट आती है' (तै० उ० २।४) 'वहाँ न चक्षु जा सकता है, न वाणी, न ही मन' (के० उ० १।३) इत्यादि श्रुतियों द्वारा भी कहा गया है। सम्पूर्ण भूतों अथवा सभी प्राणियों का आधार अर्थात् अधिष्ठान आत्मा, लिङ्गपुराण के अनुसार 'जो व्याप्त करता है, ग्रहण करता है, सम्पूर्ण विषयों का भोग करता है तथा जिसकी सत्ता सदैव बनी रहती है, उसे आत्मा कहा जाता है'; वाञ्छित इष्ट की प्राप्ति हेतु मैं उस आत्मा की शरण लेता हूँ। आत्मा शब्द से स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर से रहित प्रत्यक् चैतन्य को कहा जाता है। 'अखण्ड', 'सच्चिदानन्द' दोनों शब्दों से ब्रह्म तथा उन दोनों (ब्रह्म व आत्मा) के सामानाधिकरण्य[७] होने के कारण उनके

[७] ***भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तानां शब्दानामेकस्मिन्नर्थे तात्पर्यसम्बन्धः*** *यानि भिन्न-भिन्न अर्थों की प्रवृत्ति में निमित्त भूत जो शब्द उनकी एक ही अर्थ में वृत्ति होना सामानाधिकरण्य है। जैसे 'तत्त्वमसि' में 'तत्' पद का अर्थ ब्रह्म और 'त्वम्' पद का अर्थ जीव। ये दोनों एक हैं - ऐसे इस पद का अर्थ है।*

ऐक्य के प्रतिपादन प्रकरण का विषय सूचित होता है अथवा स्वयं को न जानते हुए, अपरोक्ष व्यवहार योग्यता, भूमात्व[८] का ज्ञान पाने तथा अहङ्कार सहित जगत् के मिथ्यात्व को जानने के लिये शरण लेता हूँ। अहङ्कार का मिथ्यात्व सिद्ध होने पर अन्तःप्रज्ञादि का तथा शब्द आदि प्रमेय वस्तुओं का मिथ्यात्व भी सिद्ध होता है। केवल वही मुमुक्षुओं को अभीष्ट है।

किञ्च निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थं गणनायकं नमस्करोति। यदालम्ब इति -

तथा ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए भगवान् गणेश को नमस्कार करता हूँ 'यदालम्ब' इत्यादि से -

यदालम्बो दरं हन्ति सतां प्रत्यूहसम्भवम् । तदालम्बे दयालम्बं लम्बोदरपदाम्बुजम् ॥३॥

शङ्करप्रसादिनी टीका -

यदालम्बो यस्य गौरीपुत्रविनायकस्य पदाम्बुजस्यालम्ब आश्रयः **सतां** सत्पुरुषाणां सन्मार्गगाणां **प्रत्यूहसम्भवं** प्रत्यूहाद्विघ्नात्सम्भवो यस्य स प्रत्यूहसम्भवो दरो भयं (तम्) **दरं हन्ति** नाशयति। **दयालम्बं** दयानामालम्बं करुणानिधिं साक्षाद्ब्रह्मस्वरूपं *"त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि"* इति श्रुतत्वात्। त**ल्लम्बोदरपदाम्बुजम**ह**मालम्बे** शरणागतो भवामि। लम्बोदरपदाम्बुजम्, लम्बोदरस्य पदं लम्बोदरपदं तदेवाम्बुजं लम्बोदरपदाम्बुजमिति।

हिन्दी अनुवाद -

जिनकी शरण लेने से सत्पुरुषों के विघ्नों से उत्पन्न हुए भय नष्ट हो जाते हैं, उन दया के आधार श्रीगणेश जी के चरण कमलों की मैं शरण लेता हूँ ॥३॥

हिन्दी टीका -

जिन गौरीपुत्र विनायक के चरण कमलों का आश्रय लेने से सन्मार्ग[९] पर चलने वाले सत्पुरुषों के विघ्नों द्वारा उत्पन्न भय का नाश होता है, उन दया के आधार करुणानिधि साक्षात् ब्रह्म स्वरूप, जैसा कि 'तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म ही हो' (ग० उ० ४) श्रुति द्वारा बताया गया है। उन लम्बोदर के चरण कमलों की मैं शरण लेता हूँ।

"एकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतम्" इति श्रुत्या ब्रह्मसाक्षात्कृतानन्दं गुरुं नमस्करोत्याचार्यवर्यः प्रातःस्मरणीयः।

'जाग्रत् आदि अवस्थाओं में अव्यभिचारी होने के कारण एकात्म प्रत्ययसार, प्रपञ्च का उपशम रूप, शान्त, शिव और अद्वैत स्वरूप' (मा० उ० ७) श्रुति द्वारा ब्रह्म साक्षात्कार के आनन्द को अनुभव किए हुए प्रातःस्मरणीय आचार्यों में श्रेष्ठ श्री शङ्कराचार्यजी अपने गुरु को नमस्कार करते हैं।

अर्थतोऽप्यद्वयानन्दमतीतद्वैतलक्षणम् । आत्माराममहं वन्दे श्रीगुरुं शिवविग्रहम् ॥४॥

अर्थत इति न तु केवलं शब्दतोऽपित्व**र्थतोऽपि** स्वरूपत इत्यर्थः। **अद्वयानन्दम**द्वयश्चासावानन्दश्चाद्वयानन्दस्तम्। यस्मिन् ब्रह्मणि द्वैतस्य गन्धमात्रमपि नास्ति*"न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः। न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता", "एकमेवाद्वितीयम्", "सत्यं ज्ञानमनन्तम्", "अपूर्वमनपरमबाह्यम्", "स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः", "नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्"* इत्यादि-श्रुतिशतेभ्यो यदद्वयं ब्रह्म निरूपितं तत्साक्षात्कृतं येन सोऽद्वयानन्दः त**मतीतद्वैतलक्षणम**तीतानि निर्गतानि द्वैतस्य

---

[८] मैं स्वयं प्रकाश हूँ, अनन्त हूँ।

[९] सन्मार्ग पर चलना माने वेदोक्त विधि से सदा जीवन व्यतीत करना, न कि मात्र सुबह शाम उपासना करना।

लक्षणानि यस्मात्तमतीतद्वैतलक्षणं कार्यकारणविलक्षणमित्यर्थः। **आत्मारामम**ात्मनि रमणं यस्य स आत्मारामस्तं **श्रीगुरुं** श्रिया सह षडैश्वर्यसम्पन्नं गुरुं **शिवविग्रहं** शिवो विग्रहः स्वरूपं यस्य स तमहं वन्द इति।

वास्तव में ही द्वैत रहित, आनन्द रूप, द्वैतरूप माया से पर, अपने स्वरुप में रमण करने वाले शिवरूप श्रीगुरु को प्रणाम करता हूँ॥४॥

केवल शब्द ही नहीं अपितु अर्थ में भी यानि स्वरूप से 'अद्वयानन्द' अर्थात् जो अद्वय तथा आनन्द है। जिस ब्रह्म में द्वैत की गन्धमात्र भी नहीं है 'न प्रलय है और न उत्पत्ति है, न बद्ध है और न साधक है, न मुमुक्षु है और न मुक्त है - यही वास्तविक तत्त्व है' (मा० का० २।३२), 'केवल एक अद्वितीय' (छा० उ० ६।२।१), 'ब्रह्म सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप है' (तै० उ० २।१), 'ब्रह्म अपूर्व (कारण रहित), अनपर (कार्य रहित), अनन्तर (विजातीय द्रव्य से रहित) तथा अबाह्य है' (बृ० उ० २।५।१९), 'वह (अक्षर ब्रह्म) बाहर-भीतर विद्यमान तथा अजन्मा है' (मु० उ० २।१।२), 'यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही कुछ अर्थान्तर रूप से बना है' (क० उ० १।२।१८) इत्यादि सैकड़ों श्रुतियों ने जिस अद्वय ब्रह्म का निरूपण किया है, जिनके द्वारा उस ब्रह्म का साक्षात्कार किया गया है, वह अद्वयानन्द, कार्य-कारण विलक्षण द्वैतलक्षण रहित ऐसा अर्थ है। आत्मा में जो रमण करते हैं उन आत्माराम श्रीगुरु, श्रिया सहित (भगवद्स्वरूप) षडैश्वर्य सम्पन्न जो शिव स्वरूप हैं, उनकी मैं वन्दना करता हूँ।

वेदान्तशास्त्रसिद्धान्तसारसङ्ग्रह उच्यते। प्रेक्षावतां मुमुक्षूणां सुखबोधोपपत्तये ॥५॥

प्रेक्षावतां वैदिकधर्ममार्गपराणां नित्यानित्यविवेकिनां येषां बुद्धिगतमोहकालुष्यं निर्गतं तेषां **मुमुक्षूणाम**ेषणात्रयविनिर्मुक्तानां ब्रह्मजिज्ञासूनां कृतोपास्तिनां बन्धस्य त्रैकालिकात्यन्ताभाव आत्मनश्च त्रिविधपरिच्छेदमतिचिक्रमिषूणां **सुखबोधोपपत्तये**, सुखेनानायासेन बोधो ज्ञानं प्रमाऽपरोक्षानुभवस्तस्योपपत्तये **वेदान्तशास्त्रसिद्धान्तसारसङ्ग्रहो** वेदान्तो वेदानामन्तो निर्णयः यस्मिञ्छास्त्रे, तद्वेदान्तशास्त्रम्। तस्य सिद्धान्ता वेदान्तशास्त्रसिद्धान्ताः, तेषां सारसङ्ग्रहो रसः *"रसो वै सः"*, यथा कुसुमानां मकरन्द **उच्यते** कथ्यते निरूप्यत इत्यर्थः।

विवेकी तथा मोक्षाभिलाषियों को सुखपूर्वक आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिये वेदान्त शास्त्र के सिद्धान्तों का साररूप सङ्ग्रह कहा जाता है ॥५॥

वैदिक धर्ममार्ग का अनुसरण करने वाले, नित्य-अनित्य का विवेक करने वाले, जिनकी बुद्धि से मोह रूपी कालुष्य चला गया है, उन मुमुक्षुओं के जो तीन प्रकार की एषणाओं[१०] से मुक्त, ब्रह्म को जानने के जिज्ञासु, जो उपासना कर चुके हैं - जिनके लिए बन्ध का तीनों काल में अत्यन्ताभाव होता है और जो आत्मा के तीनों परिच्छेदों (सीमा निर्धारित करने वालों) का अतिक्रमण करने के अत्यन्त इच्छुक हैं, वे सहज में ही ज्ञान प्राप्ति के लिये अर्थात् सुख पूर्वक बिना अत्यधिक श्रम के ज्ञान अर्थात् अपरोक्ष अनुभव की उत्पत्ति के लिये, वेदों का अन्तिम निर्णय जिस शास्त्र में है वह वेदान्त शास्त्र, के सिद्धान्तों के सार का सङ्ग्रह रस 'वह रसरूप ही है' (तै० उ० २।७) जैसे पुष्पों का मधु है, ऐसे इस ग्रन्थ का निरूपण किया जाता है।

चिन्तां प्रकृतसिद्ध्यर्थमुपोद्घातं प्रचक्षत इत्युक्त्या प्रकरणग्रन्थस्योपोद्घातमुक्त्वाधुना ग्रन्थप्रवृत्तिप्रयोजकज्ञानविषयोऽनुबन्धो निरूप्यते।

इस उक्ति के अनुसार 'प्रकरण के विचार की सिद्धि के लिये उपोद्घात[११] बताते हैं' कि प्रकरण ग्रन्थ की भूमिका कहने के पश्चात् अब ग्रन्थ का अनुबन्ध अर्थात् जिससे इस ग्रन्थ के अध्ययन में प्रवृत्ति हो उस विषय के ज्ञान का निरूपण करते हैं।

---

१० पुत्रेषणा - सिर्फ योनि के अनुसार पुत्र ही नहीं, शिष्य से भी बन्धन दुःख देगा। लोकेषणा - इस लोक में प्रसिद्धि, ख्याति, मान-प्रतिष्ठा की भी इच्छा न हो।

११ प्रस्तावना/भूमिका

अनुबन्धनिरूपणम्

अस्य शास्त्रानुसारित्वादनुबन्धचतुष्टयम् । यदेव मूलं शास्त्रस्य निर्दिष्टं तदिहोच्यते ॥६॥

यद्वेदान्तशास्त्रस्य मूलं निर्दिष्टमनुबन्धचतुष्टयं तदेवास्य ग्रन्थस्य वेदान्त**शास्त्रानुसारित्वाद्वे**दान्तस्य प्रकरणत्वाच्च *"शास्त्रैकदेशसम्बद्धं शास्त्रकार्यान्तरे स्थितम्"* इत्यनुबन्धचतुष्टयं समानमेव। **तदिहोच्यते** स अनुबन्ध उच्यतेऽधुना।

जो (वेदान्त) शास्त्र का मूल (अनुबन्ध चतुष्टय) कहा है, वही इस ग्रन्थ के शास्त्र अनुकूल रचित होने से वह अनुबन्ध यहाँ कहा जाता है ॥६॥

जो वेदान्त शास्त्र का मूल अनुबन्ध चतुष्टय दर्शाया गया है, वही इस ग्रन्थ का अर्थात् वेदान्त शास्त्र के अनुरूप प्रकरण होने के कारण जैसा कि 'शास्त्र के एक अंश से सम्बद्ध तथा शास्त्र के विषय के अनन्तर स्थित' में कहा है, इसीलिये वेदान्त शास्त्र का तथा इस ग्रन्थ का अनुबन्ध चतुष्टय समान ही है, वह अनुबन्ध अब कहते हैं।

तत्किम्? इत्युच्यते -

वह क्या है, बताते हैं –

अधिकारी च विषयः सम्बन्धश्च प्रयोजनम् । शास्त्रारम्भफलं प्राहुरनुबन्धचतुष्टयम् ॥७॥

अधिकारी - मुमुक्षुर्ब्रह्मप्रमित्सुः साधनचतुष्टयसम्पन्नः प्रमाता।
विषयः - यस्मिन्वेदान्तानां षड्विधलिङ्गैः समन्वितं तात्पर्यम्। जीवब्रह्मैक्यं प्रमेयम्।
सम्बन्धः - विषयस्य ग्रन्थेन प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावो बोध्यबोधकभावो वा सम्बन्धः। प्रमाणप्रमेयसम्बन्धः।
प्रयोजनम् - नित्यप्राप्तस्यापरिच्छिन्नस्य ब्रह्मणः प्राप्तिः, परिहृतस्य नित्यनिवृत्तस्य संसारस्य परिहारः।
एत**दनुबन्धचतुष्टयं** पण्डिताः **शास्त्रारम्भफलं प्राहुः**। अनेन ज्ञानेन ग्रन्थारम्भप्रवृत्तिर्भवतीति।

अधिकारी, विषय, शास्त्र प्रयोजन और विषय का परस्पर सम्बन्ध इसको शास्त्र के आरम्भ का हेतु अनुबन्ध चतुष्ट्य कहते हैं ॥७॥

अधिकारी - मुमुक्षु, ब्रह्म को जानने का इच्छुक, साधन-चतुष्टय सम्पन्न प्रमाता।
विषय[१२] - जहाँ वेदान्त के छः लिङ्गों का तात्पर्य समन्वित होता है। जीव-ब्रह्म ऐक्य प्रमेय है।
सम्बन्ध - विषय का ग्रन्थ से प्रतिपाद्य-प्रतिपादक भाव (जीव-ब्रह्म ऐक्य का उपनिषद्[१३] प्रमाण से सम्बन्ध) अथवा बोध्य-बोधक भाव सम्बन्ध। प्रमाण का प्रमेय से सम्बन्ध।
प्रयोजनम्[१४] - नित्य प्राप्त अपरिच्छिन्न ब्रह्म की प्राप्ति तथा परिहृत नित्य निवृत्त संसार का परिहार।

विद्वान् इस अनुबन्ध चतुष्टय को शास्त्र के आरम्भ का हेतु कहते हैं। इस ज्ञान के द्वारा ग्रन्थ में प्रवृत्ति होती है।

---

[१२] मुख्य - जीव-ब्रह्म ऐक्य, अवान्तर - जगत् मिथ्यात्व

[१३] उपनिषद् का मुख्य अर्थ ब्रह्माकार वृत्ति, मात्र ग्रन्थ नहीं है

[१४] आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति प्राप्तस्य प्राप्ति - ज्ञान से (मैं अपरिच्छिन्न ब्रह्म), अप्राप्तस्य प्राप्ति - कर्म/उपासना से, परिहृतस्य परिहार - ज्ञान से, अपरिहृतस्य परिहार - कर्म से

अधुनाधिकारी वर्ण्यते चतुर्भिरिति -

अब अधिकारी का वर्णन करते हैं, 'चतुर्भिः' इत्यादि से -

चतुर्भिः साधनैः सम्यक्सम्पन्नो युक्तिदक्षिणः[१५] । मेधावी पुरुषो विद्वानधिकार्यत्र सम्मतः ॥८॥

विवेकादि**चतुर्भिरुक्तसाधनैः सम्यक्सम्पन्नः**, *"आद्यं नित्यानित्यवस्तुविवेकः"* इत्यादिभिश्श्लोकैः। **युक्तिदक्षिणः** पदवाक्य-प्रमाणज्ञोऽधीततर्कमीमांसाव्याकरण इत्यर्थः। **मेधावी** ग्रन्थार्थधारणशक्तिर्यस्यास्ति स **विद्वान्सू**क्ष्मबुद्धिः सगुणब्रह्मनिष्ठश्च। सो**ऽधिकार्यत्रा**स्मिन् वेदान्तशास्त्रे सम्मतः कथ्यत इति।

चार साधनों से भली प्रकार युक्त, युक्ति कुशल, मेधावी, विद्वान् पुरुष यहाँ अधिकारी माना गया है ॥८॥

विवेक आदि कहे गये चार साधनों से भली प्रकार सम्पन्न, जैसा 'पहले नित्य-अनित्य वस्तु का विवेक' इत्यादि श्लोकों से बताया गया है, 'पद-वाक्य-प्रमाण को जानने वाला' जिसने तर्क, मीमांसा, व्याकरण का अध्ययन किया है ऐसा अभिप्राय है। 'मेधावी' जिसमें ग्रन्थ के अर्थ को धारण करने का सामर्थ्य है, वह विद्वान् अर्थात् सूक्ष्म बुद्धि वाला तथा जो सगुण ब्रह्म में निष्ठ है। यहाँ इस वेदान्त शास्त्र में उसे अधिकारी कहते हैं।

अस्य ग्रन्थस्य विषयः कः? उच्यते।

इस ग्रन्थ का विषय क्या है? इस पर कहते हैं –

विषयः शुद्धचैतन्यं जीवब्रह्मैक्यलक्षणम् । यत्रैव दृश्यते सर्ववेदान्तानां समन्वयः ॥९॥

यत्र यस्मिन् **सर्ववेदान्तानां** सर्वेषां वेदान्तानामुपनिषन्मन्त्राणां **समन्वयस्ता**त्पर्यं षड्विधलिङ्गैः *"उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम्। अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये॥"* इत्यादिना **दृश्यते** ज्ञायते त**ज्जीवब्रह्मैक्यलक्षणं शुद्धचैतन्यं** निर्गुणं ब्रह्माहमस्मी**त्येव विषयः**। न तु विधिनिषेधात्मको धर्मो न त्वम्पदवाच्यमात्र-जीवो न तत्पदवाच्यमात्र-सगुणब्रह्म परन्तु लक्षणया तयोरैक्यम्। ये ये ग्रन्था वेदान्तविद्याप्रतिपादनपरास्तेषां विषयः *"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"*, *"अहं ब्रह्मास्मि"* इति, सर्वात्मभाव इत्यर्थः। *"इदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिमे लोका इमे देवा इमे वेदा इमानि भूतानीदं सर्वं यदयमात्मा"* इत्यादि श्रुतेः।

जहाँ सकल उपनिषदों का तात्पर्य दिखे वह जीव और ब्रह्म का ऐक्य रूप परब्रह्म ही विषय है ॥९॥

जिसमें सम्पूर्ण वेदान्त अर्थात् सभी उपनिषदों के मन्त्रों का षड्विधलिङ्ग 'उपक्रम-उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद तथा उपपत्ति ये तात्पर्य निर्णय के छः लिङ्ग हैं' इत्यादि के द्वारा तात्पर्य[१६] ज्ञात होता है - वह जीव-ब्रह्म ऐक्य लक्षण शुद्ध चैतन्य निर्गुण ब्रह्म मैं हूँ यही विषय है। न कि विधि-निषेधात्मक धर्म, न त्वं पद शब्दार्थ मात्र जीव, न तत् पद शब्दार्थ मात्र सगुण ब्रह्म परन्तु लक्षणा वृत्ति द्वारा इन दोनों का ऐक्य। जो-जो ग्रन्थ वेदान्त विद्या का प्रतिपादन करने में तत्पर हैं, उनका विषय 'यह सब ब्रह्म ही है, वह ब्रह्म मैं हूँ' (छा० उ० ३।१४।१) अर्थात् सर्व में आत्मभाव[१७] ऐसा अभिप्राय है। 'यह ब्राह्मण जाति, यह क्षत्रिय जाति, ये लोक, ये देवगण, ये भूतगण और ये

---

[१५] *विचार करने में समर्थ, पूर्वपक्ष के सम्भावित प्रश्नों पर विचार*

[१६] *शास्त्र हमें क्या समझाना चाहता है, उसकी बुद्धि बने - यही तात्पर्य है*

[१७] *सर्वात्म भाव - मैं चैतन्य हूँ, जो जगत् का अधिष्ठान है (राग द्वेष शून्य)*

सब जो कुछ भी हैं, वह सब यह आत्मा ही है' (बृ० उ० ४।५।७) इस श्रुति प्रमाण से यह बात सिद्ध होती है।

सम्प्रति सम्बन्धः कथ्यते। एतदैक्यप्रमेयस्येति -

अब सम्बन्ध कहते हैं। 'एतदैक्यप्रमेयस्य' इत्यादि से -

एतदैक्यप्रमेयस्य प्रमाणस्यापि च श्रुतेः । सम्बन्धः कथ्यते सद्भिर्बोध्यबोधकलक्षणः ॥१०॥

सद्भिः सत्पुरुषैर्विद्वद्भिर्मनीषिभिः प्रमाणकुशलैर्जीवब्र**ह्मैक्यप्रमेयस्य श्रुते**र्वेदान्त**प्रमाणस्यापि** च **बोध्यबोधकलक्षणः** प्रतिपाद्यप्रतिपादकलक्षणः **सम्बन्धः कथ्यते। एतज्जी**वब्रह्मणोरैक्यं वेदान्तैरेव प्रकाशितं नान्यत्रेत्यर्थः।

इस जीव-ब्रह्म की एकता रूप प्रमेय और श्रुति रूप प्रमाण का भी बोध्य-बोधक[१८] सम्बन्ध सत्पुरुषों के द्वारा कहा जाता है ॥१०॥

सत्पुरुषों विद्वानों मनीषियों अथवा जो प्रमाण में कुशल हैं उनके द्वारा जीव-ब्रह्म ऐक्य प्रमेय तथा वेदान्त प्रमाण के परस्पर प्रतिपाद्य-प्रतिपादक रूप को सम्बन्ध कहते हैं। यह जीव और ब्रह्म की एकता का प्रकाशन केवल वेदान्त द्वारा ही होता है, न अन्यथा – ऐसा अर्थ है।

प्रयोजनमुच्यते ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानमिति -

प्रयोजन कहते हैं 'ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानं' इत्यादि से –

ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानं सन्तः प्राहुः प्रयोजनम् । येन निःशेषसंसारबन्धात्सद्यः प्रमुच्यते ॥११॥

सर्वेषां वेदान्तानां प्रयोजनं **ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानं** ब्रह्मात्मनोरेकत्वविज्ञानमियं शुक्तिर्नेदं रजतमिति रीत्या बाधसामानाधिकरण्येन, अयं घटाकाश एव महाकाश इति रीत्या मुख्यसामानाधिकरण्येन वा। **येन** विज्ञानेन जीवो **निःशेषसंसारबन्धाद्ब**न्धनात्कामकर्मादिविलासेन सह संसारबन्धादविद्यादोषा**त्सद्यः प्रमुच्यते** युगपदेव ज्ञानोदयादज्ञाननिवृत्तिर्न तु क्रमेण। *"विमुक्तश्च विमुच्यत"* इति श्रुतेः। तज्जीवब्रह्मणोरभेदज्ञानमेव **प्रयोजनमि**ति **सन्तो** विद्वांसः **प्राहुः**। *"तरति शोकमात्मवित्", "ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति"* इत्यादि श्रुत्या विचारविधेः फलं ज्ञानद्वारा मुक्तिरिति।

विवेकी पुरुष ब्रह्म और जीवात्मा की एकता के विज्ञान को प्रयोजन कहते हैं जिसके द्वारा तत्काल सम्पूर्ण संसार बन्धनों से मुक्ति मिलती है ॥११॥

सम्पूर्ण वेदान्त का प्रयोजन ब्रह्म और आत्मा के एकत्व का विज्ञान बाध समानाधिकरण द्वारा जैसा कि 'यह शुक्तिका है ना कि रजत' अथवा मुख्य समानाधिकरण द्वारा जैसा कि 'यह घटाकाश ही महाकाश है'। जिस विज्ञान द्वारा जीव काम-कर्मादि के विलास के बन्धन से छूट जाता है अथवा अविद्या दोष जनित बन्धन से एक साथ ज्ञान उदय होने के कारण अज्ञान की निवृत्ति होती है, न कि क्रम से जैसा कि 'विमुक्त होकर छूट जाता है'[१९] (क० उ० २।२।१) श्रुति अनुसार। जीव और ब्रह्म के अभेद का ज्ञान ही प्रयोजन है, ऐसा विद्वान् कहते हैं जैसा कि 'आत्मवित् शोक के पार हो जाता है'[२०] (छा० उ० ७।१।३), 'ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही होता है' (मु० उ० ३।२।९) इत्यादि

---

[१८] बोधक - श्रुति, प्रमाण; बोध्य - ऐक्य, प्रमेय

[१९] पहले भी मुक्त ही था, अविद्या से बद्ध हो गया था। ज्ञान प्राप्ति से मैं मुक्त हूँ, यह अनुभव हो जाता है।

[२०] शोक एवं आत्मज्ञानी का अन्तःकरण को मिथ्या जानना - वही शोक से मुक्ति है।

श्रुति द्वारा विचार करने से उसका फल मुक्ति, जो ज्ञान से सम्भव है।

किञ्च -

तथा -

प्रयोजनं सम्प्रवृत्तेः कारणं फललक्षणम् । प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते ॥१२॥

फललक्षणं फलं लक्षणं यस्य तत्फललक्षणं **प्रयोजनम्, सम्प्रवृत्तेः** सम्यक्प्रवृत्तेः **कारणं** निमित्तं हेतुः। यस्मादेवं तस्मात्**प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तत** इत्यर्थः। कैमुतिकन्यायेन विवेकिनः प्रवृत्तिः प्रयोजनमनुद्दिश्य नैव भवति कदाचिदित्यर्थः।

फलरूप प्रयोजन सम्यक् प्रवृत्ति[२१] का हेतु होता है; मूर्ख भी फल की ओर ध्यान दिए बिना उसमें प्रवृत नहीं होते हैं ॥१२॥

फल जिसका लक्षण हो वह प्रयोजन सम्यक् प्रवृत्ति का निमित्त अर्थात् हेतु होता है। क्योंकि ऐसा है इसीलिये मूर्ख भी फल की ओर ध्यान दिये बिना प्रवृत्त नहीं होता है। कैमुतिक न्याय द्वारा विवेकी की प्रवृत्ति फल की ओर ध्यान दिये बिना कदापि नहीं होती।

साधनचतुष्टयम्

अनुबन्धस्य प्रथमाङ्गं साधनचतुष्टयं वर्ण्यते।

अब साधन चतुष्टय का वर्णन करते हैं।

साधनचतुष्टयसम्पत्तिर्यस्यास्ति धीमतः पुंसः । तस्यैवैतत्फलसिद्धिर्नान्यस्य किञ्चिदूनस्य ॥१३॥

यस्य धीमतः पुंसः बुद्धिमन्नरस्य **साधनचतुष्टयसम्पत्तिर**स्ति **तस्यैव** साधनचतुष्टयसम्पन्नस्यै**वैतत्फलसिद्धिः** फलस्य मोक्षस्य सिद्धिर्भवति **नान्यस्य किञ्चिदूनस्य**। यदा प्रमातरि दोषाः सन्ति तदा शास्त्राचार्यसत्त्वेऽपि निर्दुष्टप्रमेयस्य प्रमा संशयविपर्ययप्रतिबद्धा भवति। *"निर्दोषं हि समं ब्रह्म"* इति स्मृतेः, *"यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्। लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणं किं करिष्यति"* इति लोकोक्त्या साधनचतुष्टयसम्पत्तेरनिवार्यतोक्ता।

जिस बुद्धिमान् पुरुष के पास चार साधनों की सम्पदा है उसको ही इस फल की सिद्धि होती है, कुछ न्यूनता वाले और को नहीं होती है ॥१३॥

जिस बुद्धिमान् पुरुष के पास साधन चतुष्टय की सम्पत्ति[२२] है, उस साधन-चतुष्टय सम्पन्न को ही मोक्ष फल की सिद्धि होती है, कुछ न्यूनता वाले को नहीं। जब प्रमाता में दोष होते हैं तब शास्त्र व आचार्य के होते हुए भी शुद्ध प्रमेय की प्रमा, संशय विपर्यय से बाधित होती है। 'ब्रह्म निर्दोष और सम है' (भ० गी० ५।१९) स्मृति से, 'जिसके पास अपनी बुद्धि नहीं होती शास्त्र उसका क्या कल्याण कर सकता है? कुछ नहीं। जिस प्रकार नेत्रहीन व्यक्ति को दर्पण से कोई लाभ नहीं प्राप्त हो सकता' इस लोकोक्ति से साधन चतुष्टय सम्पत्ति की अनिवार्यता

---

[२१] वेदान्त मार्ग में प्रारम्भ में सम्यक् प्रवृत्ति रहती है, लेकिन प्रायः प्रयत्न कमज़ोर होने लगते हैं। इसीलिए फलरूप प्रयोजन का सदा विचार करते रहना चाहिए। महात्माओं के जीवन को देखकर कि वे कैसे शान्त रहते हैं - इस विषय में प्रेरणा ली जा सकती है। जिस प्रवृत्ति का फल आत्यन्तिक दुःख निवृत्ति या परम आनन्द प्राप्ति नहीं है, उसे छोड़ देना चाहिए।

[२२] साधन चतुष्टय को सम्पत्ति इसीलिए कहा गया है कि साधन चतुष्टय सम्पन्न व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थिति में भी श्रवणादि कर सकेगा।

कही गयी है[२३]।

तदेवान्वयव्यतिरेकेण विशदयति चत्वारीति -

वह ही अन्वय व्यतिरेक द्वारा स्पष्ट किया जाता है 'चत्वारि' इत्यादि से –

चत्वारि साधनान्यत्र वदन्ति परमर्षयः । मुक्तिर्येषां तु सद्भावे नाभावे सिध्यति ध्रुवम् ॥१४॥

परमर्षयः परममृतमजं मायासङ्ख्यातुरीयं चतुर्थमृषन्ति जानन्तीति ऋषयोऽत्रास्मिन्मुक्तिविषये **चत्वारि साधनानी**त्युक्त्वा साधनचतुष्टयसम्पत्तेरनिवार्यतां **वदन्त्यन्**वयव्यतिरेकेणेति। **येषां** साधनानां **सद्भावे तु मुक्ति**र्मुक्तेः सद्भावः। साधनचतुष्ट**याभावे** मुक्ति**र्न सिध्यति** । एतद्ध्रुवं सुनिश्चितं श्रुत्युपपत्त्यनुभूतिभ्यः सिद्धमित्यर्थः।

श्रेष्ठ ऋषि इस विषय में चार उपायों को कहते हैं जिनके सिद्ध हो जाने पर मुक्ति सिद्ध होती है, न होने पर नहीं - यह बात अटल है ॥१४॥

परम अमृत अजन्मा, माया से चतुर्थ सङ्ख्या वाले तुरीय को जानने वाले ऋषि इस मुक्ति के विषय में चार साधनों को कहकर साधन चतुष्टय सम्पत्ति की अनिवार्यता को अन्वय व्यतिरेक द्वारा कहते हैं। इन साधनों के होने पर मुक्ति सिद्ध होती है। साधन चतुष्टय के अभाव में मुक्ति का अभाव होता है। यह श्रुति, उपपत्ति तथा अनुभूति से निश्चित सिद्ध हुआ - ऐसा तात्पर्य है।

यदष्टमश्लोके सूत्ररूपेणोक्तं तदेवाधुना विस्तारितमाद्यमिति।

जो आठवें श्लोक में सूत्र रूप से कहा गया है, उसका ही अब विस्तार किया जाता है 'आद्यं' इत्यादि से –

आद्यं नित्यानित्यवस्तुविवेकः साधनं मतम् । इहामुत्रार्थफलभोगविरागस्तु द्वितीयकम् ॥१५॥

शमादिषट्कसम्पत्तिस्तृतीयं साधनं मतम् । तुरीयं तु मुमुक्षुत्वं साधनं शास्त्रसम्मतम् ॥१६॥

स्पष्टोऽर्थः।

तथाहि - *"तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयत"* इति श्रुत्या *"यत्कृतकं तदनित्यम्"* इत्यादि न्यायाच्च *"न जायते म्रियते वा विपश्चित्", "यो वै भूमा तदमृतम्", "अतोऽन्यदार्तम्"* इत्यादिश्रुत्या च स्वे महिम्नि प्रतिष्ठितो भूमाऽऽत्मा नित्यमृतं ततोऽन्यदनित्यं मूलाविद्या तत्कार्यञ्चेति विवेक उपलभ्यते जायते। यत्कर्मणा सम्पादितं तद्भोग्यं भोगायतनञ्चेहलोकपरलोकविषयजातं सर्वमनित्यमित्यर्थः। *"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन", "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति", "स योऽन्यमात्मनः प्रियं ब्रुवाणं ब्रूयात्प्रियं रोत्स्यतीति"* इत्यादिश्रुत्याऽनात्ममात्रं परीक्ष्य, अनित्यत्वेन निश्चित्य, अकृतो मोक्षः कृतेन कर्मणा नास्तीति मुमुक्षोः कर्मभ्यस्तत्फलेभ्यश्च वैराग्यमुपजायते। *"शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवाऽऽत्मानं पश्यति"* इति श्रुत्या काण्वपाठे शमादिपञ्चकं लभ्यते। *"श्रद्धावित्तो भूत्वा...पश्येत्"* इति माध्यन्दिनपाठः। एतेन शमादिषट्कमुक्तम्। *"तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्मेति", "सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः", "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः"* इत्यादिभिर्मुमुक्षुत्वं लभ्यते। अद्वैतात्मनि वेदान्त एव प्रमाणम् *"तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि", "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः"* इत्यादिश्रुतिषु दर्शितमिति।

---

[२३] *यद्यपि ज्ञान से ही मोक्ष होगा, परन्तु साधन चतुष्टय की ज्ञानप्राप्ति के लिए महिमा बताते हुए कहा है कि साधन चतुष्टय से मोक्ष होगा। प्रमेय (ब्रह्म) और प्रमाण (शास्त्र) दोष रहित हैं। यदि ज्ञानप्राप्ति में बाधा आ रही हो तो प्रमाता (साधक) में ही दोष (साधन चतुष्टय में कमी) होगा। वही साधन चतुष्टय की अनिवार्यता है।*

नित्य अनित्य वस्तु का विवेक पहला साधन माना है[२४]; इस लोक में तथा परलोक में फल के भोग में वैराग्य[२५] दूसरा साधन माना है ॥१५॥

शम आदि षट् सम्पत्ति तीसरा साधन माना है; मुमुक्षुत्व[२६] तो शास्त्र का माना हुआ चौथा साधन है॥१६॥

अर्थ स्पष्ट है।

फिर भी 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६) श्रुति के द्वारा 'जो बनाया गया है, वह सदा नहीं रहता है' न्याय से, 'यह विपश्चित् - मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है' (क० उ० १।२।१८), 'जो भूमा है, वही अमृत है' (छा० उ० ७।२४।१), 'इससे भिन्न आर्त (नाशवान्) है' (बृ० उ० ३।७।२३) इत्यादि श्रुतियों से तथा 'अपनी महिमा में प्रतिष्ठित भूमा नित्य व अमृत है, मूलाविद्या तथा उसके कार्य अन्य सब अनित्य हैं' से विवेक उत्पन्न होता है। जो कर्म से प्राप्त किया हुआ है वह भोग्य, तथा भोग के साधन, इस जगत् में तथा अन्य लोक के विषय - सब कुछ अनित्य है, ऐसा अर्थ है। 'कर्म द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर ब्राह्मण निर्वेद को प्राप्त हो जाए, क्योंकि संसार में अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है और कृत से हमें प्रयोजन क्या है?' (मु० उ० १।२।१२), 'प्रत्येक व्यक्ति को अपने सुख के लिए ही सब प्रिय होता है' (बृ० उ० २।४।५), 'वह जो आत्मप्रियदर्शी है यदि आत्मा से भिन्न (अनात्मा) को प्रिय कहने वाले पुरुष से कहे कि 'तेरा प्रिय नष्ट हो जायेगा' तो वैसा ही हो जायेगा, क्योंकि वह समर्थ होता है' (बृ० उ० १।४।८) इत्यादि श्रुतियों के आधार पर अनात्मा की परीक्षा कर, अनित्यत्व के द्वारा निश्चय कर, किए हुए कर्मों द्वारा अकृत मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती है - इससे मुमुक्षु का कर्म तथा उसके फल से वैराग्य उत्पन्न होता है। 'शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु समाहित होकर आत्मा में ही आत्मा को देखता है' (बृ० उ० ४।४।२३) काण्व पाठ की इस श्रुति से शम आदि पाँच प्राप्त होते हैं। 'श्रद्धावान् होकर…आत्मा को देखता है' माध्यन्दिन पाठ में मिलता है। इससे शम आदि छः साधन कहे गए हैं। 'उस एक की ही जिज्ञासा करो, वह ब्रह्म है' (तै० उ० ३।१), 'उसे जानो उसकी जिज्ञासा करो' (छा० उ० ८।७।१), 'आत्मा ही देखने (जानने), सुनने, मनन तथा निदिध्यासन (ध्यान) करने योग्य है' (बृ० उ० २।४।५) इत्यादि के द्वारा मुमुक्षुत्व की प्राप्ति होती है। अद्वैत आत्मा के लिए वेदान्त ही प्रमाण है, ऐसा दर्शाया गया है। 'उस औपनिषद् पुरुष को मैं पूछता हूँ' (बृ० उ० ३।९।२६), 'जिन्होंने वेदान्त जनित विज्ञान से ज्ञेय अर्थ का अच्छी तरह निश्चय कर लिया है' (कै० उ० ६) इस श्रुति प्रमाण से यह बात सिद्ध है।

नित्यानित्यवस्तुविवेकः

अधुना षड्भिः श्लोकैर्विवेको वर्ण्यते।

अब छः श्लोकों में विवेक का वर्णन करते हैं।

---

[२४] प्रारम्भ में साधक नित्य और अनित्य में विवेक नहीं कर पाता क्योंकि नित्य क्या है इसका उसे ज्ञान नहीं है। अतः अनित्य क्या है यह जानना पर्याप्त है। बाद में जब नित्य (ब्रह्म) के विषय में वह जान जाएगा तब नित्य-अनित्य विवेक भी कर पाएगा। अतः प्रारम्भ के लिए नित्य-अनित्य विवेक का अर्थ विवेक करने की क्षमता मान सकते हैं। नित्य अर्थात् जो काल में बना रहेगा। ब्रह्म नित्य है अर्थात् ब्रह्म काल में है? नहीं, वेदान्त के अनुसार काल ब्रह्म में है।

[२५] स्वर्ग के भोगों का तो अभी ज्ञान नहीं है, अतः पहले यहाँ के भोगों से वैराग्य करें तथा पुण्यों से भी वैराग्य करें। कर्म करने से अकृत (ब्रह्म) नहीं मिलेगा, अतः कर्म संन्यास कर ज्ञान प्राप्त करना है।

[२६] मोक्ष की इच्छा के साथ-साथ जानने (अध्ययन तथा श्रवण), मनन, निदिध्यासन की तत्परता होनी चाहिए, उसे ही यहाँ मुमुक्षत्वम् कहा गया है - मात्र मोक्ष की इच्छा पर्याप्त नहीं है।

ब्रह्मैव नित्यमन्यत्तु ह्यनित्यमिति वेदनम् । सोऽयं नित्यानित्यवस्तुविवेक इति कथ्यते ॥१७॥

परं निर्विशेषं **ब्रह्मैव नित्यम**बाध्यं देश-काल-वस्तु-परिच्छेदशून्यम् *"नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मम्"* इत्यादिश्रुतेः। **अन्यत्तु** सर्व**मनित्यम्**। यत्किञ्चित्क्रियाकारकफलरूपं तत्सर्वमनित्यम्। **वेदनमि**त्याकारा बुद्धिर्ज्ञानम्। यद्यपि साधकेन नित्यब्रह्मणो गुरुमुखाच्छ्रवणं न कृतं तथापि तस्यापाततो ज्ञानेन नित्यं वस्त्वस्तीति स निश्चयवान्विवेकसामर्थ्यसम्पन्नो भवति। सर्वमन्यदनित्यमिति ज्ञानं **नित्यानित्यवस्तुविवेकः कथ्यते**।

परमात्मा ही अविनाशी है, अन्य सब तो निश्चय अनित्य है - ऐसा जानना यह वह नित्य अनित्य वस्तु का विवेक है ऐसा कहा जाता है ॥१७॥

पर निर्विशेष ब्रह्म ही नित्य है जो अबाध्य व देश-काल-वस्तु परिच्छेद रहित है 'नित्य, विभु, सर्वगत, अत्यन्त सूक्ष्म' (मु० उ० १।१।६) इत्यादि श्रुति से भी यही सिद्ध होता है। अन्य सब तो अनित्य है। जो कुछ क्रिया, कारक, फलरूप है वह सब अनित्य है। वेदनम् अर्थात् इस प्रकार की बुद्धि या ज्ञान।
यद्यपि साधक के द्वारा नित्य ब्रह्म का गुरुमुख से श्रवण नहीं किया गया, फिर भी उसके आपातत ज्ञान[२७] से नित्य वस्तु के बारे में निश्चयवान विवेक सामर्थ्य सम्पन्न बनता है। अन्य सब अनित्य है[२८], इस ज्ञान को नित्य-अनित्य वस्तु का विवेक कहते हैं।

किञ्च -

तथा 'मृदादिकारणं' इत्यादि से -

मृदादिकारणं नित्यं त्रिषु लोकेषु दर्शनात् । घटाद्यनित्यं तत्कार्यं यतस्तन्नाश ईक्ष्यते ॥१८॥

त्रिषु लोकेषु यत्कार्यं तत्कृतकं तदनित्यम्। **मृदादिकारणं नित्यं** यत्कारणं तत्कार्यापेक्षया नित्यमिति **दर्शनात्। तत्कार्यं घटाद्यनित्यं यतो** यस्मात्त**न्नाश ईक्ष्यते** दृश्यते तस्मात्तदनित्यम्। न केवलमनित्यं किन्तु यस्य प्रागभावप्रध्वंसाभावौ तस्यात्यन्ताभावोऽपि दृश्यते। गौडपादाचार्या ऊचिरे *"आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा"* इति।

मिट्टी आदि उपादान कारण नित्य है उसका कार्य घट आदि अनित्य है क्योंकि उसके नाश को तीनों लोकों में देखा जाता है ॥१८॥

तीनों लोकों में जो कार्य है, वह कृत है, वह अनित्य है। जिसका प्रागभाव प्रध्वंसाभाव होता है उसका अत्यन्त अभाव भी देखा जाता है। गौडपादाचार्य जी बताते हैं 'जो वस्तु उत्पत्ति से पूर्व (आदि में) नहीं है और नष्ट हो जाने के बाद (अन्त) में नहीं है। वह वर्तमान (मध्य) में भी वैसी ही है अर्थात् नहीं है' (मा० का० २।६) जो कारण है वह कार्य की अपेक्षा नित्य देखा जाता है। उनमें मृदादि कारणों के कार्यों का क्योंकि नाश देखा जाता है, इसीलिये वे सभी अनित्य हैं।

तथाहि -

और इसीलिये -

---

[२७] आपातत ज्ञान माने संशय, विपर्यय युक्त ज्ञान

[२८] अनित्य होते हुए भी साधन रूप भोजन, शरीर आदि तब तक आवश्यक हैं, जब तक साध्य ब्रह्म की प्राप्ति नहीं हो जाती - ऐसा विवेक भी होना चाहिए।

तथैवैतज्जगत्सर्वमनित्यं ब्रह्मकार्यतः । तत्कारणं परं ब्रह्म भवेन्नित्यं मृदादिवत् ॥१९॥

तथैवैतत्सर्वं जगदनित्यं ब्रह्मकार्यतः ब्रह्मणः कार्यत्वाद्धटवत्। **तत्कारणं** तस्य जगतः कारणं **परं ब्रह्म नित्यं भवेत्कारण**त्वा**न्मृदादिवत्।**

आचार्यप्रवरैरेवोक्तम् - *"कार्ये हि कारणं पश्येत्पश्चात्कार्यं विसर्जयेत्। कारणत्वं ततो नश्येदवशिष्टं भवेन्मुनिः"*। एतेनाध्यारोपापवादन्यायेन कार्यकारणविलक्षणमशेषविशेषशून्यं चतुर्थं तुरीयं प्रकाशितम्।

वैसे ही यह सब संसार ब्रह्म का कार्य होने से नाशवान है उसका कारण निरुपाधिक ब्रह्म मृत्तिका आदि के समान अविनाशी होगा ॥१९॥

वैसे ही सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म का कार्य होने से अनित्य है घट के समान। उस जगत् का परं ब्रह्म कारण होने से नित्य है मृतिका आदि के समान।

आचार्यप्रवर के द्वारा ही कहा गया है - 'पहले कार्य से कारण का निश्चय करें, पीछे कार्य का त्याग कर दें। कार्य का त्याग करने पर कारण ही शेष रह जाये, इसी प्रकार कार्य के वर्जित होने से मुनि स्वयं चिन्मय स्वरूप हो जाये' (अ० अनु० १३९) इस अध्यारोप अपवाद न्याय से कार्य-कारण विलक्षण पूर्णतः विशेषों से रहित चतुर्थ तुरीय प्रकाशित होता है।

एतस्मिन्नाशङ्क्यते। मृदादीनां कारणत्वात्कथं नित्यत्वम्। वेदान्तेषु ब्रह्मैव नित्यं प्रतिपादितम्। उच्यते सर्गमिति -

इसमें कोई आशङ्का नहीं की जानी चाहिए। मृदादि के कारणत्व की नित्यता कैसे है? वेदान्त में ब्रह्म को ही नित्य कहा गया है। इस पर कहते हैं।

सर्गं वक्त्यस्य तस्माद्वा एतस्मादित्यपि श्रुतिः । सकाशाद्ब्रह्मणस्तस्मादनित्यत्वे न संशयः ॥२०॥

"यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृण्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" इति श्रुत्या दृष्टान्तेन मृत्तिकायाः सत्यत्वमुक्तं न तत्परमार्थतः। *"**तस्माद्वा एतस्मादा**त्मनः आकाशस्सम्भूतः"* इत्यादिना **श्रुतिरस्य** जगतः **सर्गं ब्रह्मणो** मायाविशिष्टब्रह्मणः **सकाशाद्वक्ति**। निरवयवस्य निर्विकल्पस्य ब्रह्मणः कारणत्वमनुपपन्नम्। तत्र माया परिणाम्युपादानं भवति, ब्रह्म तु विवर्तोपादानं निमित्तञ्च। **तस्माज्जग**तोऽ**नित्यत्वे न संशयः**, विचिकित्सा न कर्तव्या।

तदुक्तम् – *"ब्रह्माज्ञानाज्जगज्जन्म ब्रह्मणोऽकारणत्वतः। अधिष्ठानत्वमात्रेण कारणं ब्रह्म गीयते"* इति।

बृहद्वार्तिकेऽप्युक्तम् – *"अस्य द्वैतेन्द्रजालस्य यदुपादानकारणम्। अज्ञानं तदुपाश्रित्य ब्रह्म कारणमुच्यते"* इति॥

इसीलिए इससे निश्चय यह श्रुति भी इस जगत् की ब्रह्म के साथ से रचना को कहती है इस कारण जगत् के अनित्य होने में कोई सन्देह नहीं है ॥२०॥

'हे सोम्य! जिस प्रकार एक मृत्पिण्ड से बनी हुई घटादि चीजें मृत्तिका रूप ही होती हैं, घटादि विकार नाम मात्र वाणी करके कहा गया है, वास्तव में सब मृत्तिका ही है' (छा० उ० ६।१।४) इस श्रुति दृष्टान्त के द्वारा मृत्तिका का सत्यत्व कहा जाता है, उसकी परमार्थता नहीं। 'यही है 'आत्मा' 'आत्मतत्त्व'। इसी 'आत्मतत्त्व' से आकाश उत्पन्न हुआ' (तै० उ० २।१) इत्यादि श्रुति इस जगत् को मायाविशिष्ट ब्रह्म के साथ कहती है। निरवयव निर्विकल्प ब्रह्म का कारणत्व अयुक्त है। वहाँ माया परिणामी उपादान कारण है, किन्तु ब्रह्म विवर्त उपादान तथा निमित्त कारण है। इसीलिये जगत् के अनित्यत्व में कोई सन्देह नहीं है, संशय नहीं करना चाहिए।

वह कहा गया है – 'ब्रह्म के अज्ञान से जगत् का जन्म होता है, क्योंकि ब्रह्म के कारणत्व का अभाव है। अधिष्ठान मात्र होने से ब्रह्म को कारण कहते हैं' (वे० सि० मु० ३८)।

वार्तिक में भी कहा गया है – 'इस द्वैत रूपी इन्द्रजाल के उपादान कारण अज्ञान का आश्रय लेकर ब्रह्म को उसका कारण कहते हैं'। (बृ० वा० १।४।३७१)।

यथा सर्वं भोग्यमनित्यं तथा भोगायतनमप्यनित्यमेव सावयवत्वादिति प्रदर्शयति सर्वस्येति।

जिस प्रकार सब भोग्य वस्तु अनित्य हैं, उसी प्रकार भोग के साधन भी अवयव युक्त होने के कारण अनित्य ही हैं ।

सर्वस्यानित्यत्वे सावयवत्वेन सर्वतः सिद्धे । वैकुण्ठादिषु नित्यत्वमतिर्भ्रम एव मूढबुद्धीनाम् ॥२१॥

सर्वस्य सावयवत्वेनानित्यत्वं **सर्वतः** सिद्धम्। सर्व**स्यानित्यत्वे सिद्धे**, चतुर्दशभुवनान्यप्यनित्यानि। *"आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति।... स ईक्षतेमे नु लोका लोकपालान्नु सृजा इति।"* यत्कृतकं तदनित्यमिति न्यायात्सर्वे लोका लोकपाला अनित्याः। तस्माद्वैकुण्ठादीनामप्यनित्यत्वम्। येषां तु **वैकुण्ठादिषु** लोकेषु **नित्यत्वमतिस्त**त्तेषां **मूढबुद्धीनाम**विवेकिनां **भ्रम एवे**त्यर्थः।

अवयवों वाला होने से सभी वस्तुओं का अनित्यत्व सब प्रकार से सिद्ध होने पर वैकुण्ठ आदि के नित्यत्व का ज्ञान मूढबुद्धि पुरुषों का भ्रम ही है ॥२१॥

सब वस्तुओं का अनित्यत्व उनका अवयवों से युक्त होने के कारण सब प्रकार से सिद्ध है। सब वस्तुओं के अनित्यत्व सिद्ध होने पर चौदह लोक अनित्य सिद्ध होते हैं। 'पहले यह जगत् एकमात्र आत्मा ही था; उसके सिवा और कोई सक्रिय वस्तु नहीं थी। उसने यह सोचा कि 'लोकों की रचना करूँ......उसने ईक्षण किया कि - ये लोक तो तैयार हो गये, अब लोकपालों की रचना करूँ' (ऐ० उ० १।१।३) 'जो भी कृत है वह अनित्य है' इस न्याय से सभी लोक, लोकपाल आदि अनित्य हैं। इसीलिये वैकुण्ठ आदि लोक भी अनित्य हैं। किन्तु जिनकी वैकुण्ठ आदि लोकों में नित्यत्व बुद्धि है, उन मूढ बुद्धि वाले अविवेकियों को भ्रम ही है – ऐसा अर्थ है।

अत्र विवेकं निगमयत्यनित्यत्वमिति -

अब विवेक का उपसंहार किया जाता है 'अनित्यत्वं' इत्यादि से -

अनित्यत्वं च नित्यत्वमेवं यच्छ्रुतियुक्तिभिः । विवेचनं नित्यानित्यविवेक इति कथ्यते ॥२२॥

एवमात्मनो नित्यत्वमनात्मनो**ऽनित्यत्वं च श्रुतियुक्तिभिर्वे**दान्तप्रमाणैस्तन्मतैस्तर्कैर्विचारणीयम्। *"श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसन्धीयताम्", "अनन्यप्रोक्ते गतिरत्र नास्त्यणीयान्ह्यतर्क्यमणुप्रमाणात्", "नैषा तर्केण मतिरापनेया",* इत्याद्युक्तत्वादात्मनोऽतर्क्यत्वान्न केवलेन तर्केणात्मविषया मतिरापनेया। तस्माच्छ्रुतियुक्तिभि**र्यद्विवेचनं** विचारः क्रियते त**न्नित्यानित्यविवेक इति कथ्यत** इत्यर्थः।

इस प्रकार अनित्यत्व तथा नित्यत्व होता है। श्रुति और उसके अनुकूल युक्तियों द्वारा इस प्रकार जो विचार है वही नित्य और अनित्य का विवेक कहा जाता है ॥२२॥

इस प्रकार आत्मा के नित्यत्व तथा अनात्मा के अनित्यत्व का वेदान्त प्रमाण, उनके पक्ष के तर्कों द्वारा विचार किया जाना चाहिए। 'श्रुति पक्ष के तर्कों का विश्लेषण करें' (सा० प० ३), 'अभेददर्शी आचार्य द्वारा उपदेश किये गये इस आत्मा में [अस्ति-नास्ति रूप] कोई गति नहीं है, क्योंकि यह सूक्ष्म परिमाण वालों से भी सूक्ष्म और दुर्विज्ञेय है' (क० उ० १।२।८), 'यह बुद्धि तर्क द्वारा प्राप्त होने योग्य नहीं है' (क० उ० १।२।९) इत्यादि से आत्मा का अतर्क्य, केवल तर्क से आत्म विषय को नहीं जाना जा सकता ऐसा कहा गया है। इसीलिये श्रुति, युक्तिपूर्वक जो विचार किया जाता है, उसे नित्य-अनित्य विवेक कहते हैं।

वैराग्यम्

अधुना द्विसप्ततिश्लोकैर्वैराग्यं निरूप्यते। ऐहिकेति -

अब बहत्तर श्लोकों[२१] के द्वारा वैराग्य का निरूपण करते हैं। 'ऐहिक' इत्यादि से -

ऐहिकामुष्मिकार्थेषु ह्यनित्यत्वेन निश्चयात् । नैःस्पृह्यं तुच्छबुद्धिर्यत्तद्वैराग्यमितीर्यते ॥२३॥

ऐहिकार्थेष्विहलोके प्राप्तविषयेषु स्रक्चन्दनवनितादिष्वा**मुष्मिकार्थेषु** परलोकस्वर्गादिषु प्राप्तभोगेष्वनित्यत्वेन **निश्चयात्।** **हि**शब्दोऽवधारणार्थः। *"तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते"* इत्यादिश्रुत्या भोगविषयाणामनित्यत्वमुक्तम्। अनेन निश्चयेन तेषु **यन्नैस्पृह्यं तुच्छबुद्धिश्च** जायेते, भवतः **तद्वैराग्यमितीर्यते** कथ्यते। आचार्यप्रवरैः विवेकचूडामणौ वैराग्यमनेन श्लोकेन परिभाषितं *"तद्वैराग्यं जिहासा या दर्शनश्रवणादिभिः। देहादिब्रह्मपर्यन्ते ह्यनित्ये भोगवस्तुनि"* इति।

इस लोक तथा परलोक के भोग्य पदार्थों में अनित्यत्व निश्चय होने के कारण जो निस्पृहपना तुच्छपने का बोध है, वह वैराग्य कहा जाता है ॥२३॥

इस लोक में प्राप्त स्रक, चन्दन, वनिता आदि विषयों में, परलोक स्वर्ग आदि के प्राप्त भोगों में अनित्यत्वपने का निश्चय होने के कारण, 'हि' शब्द निश्चय अर्थ में है - 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६) इत्यादि श्रुति से भोग्य विषयों का अनित्यत्व कहा जाता है। इस निश्चय से उनमें जो निस्पृहा तथा तुच्छ बुद्धि का जन्म होता है, उसे वैराग्य कहा जाता है। आचार्यप्रवर द्वारा विवेक चूडामणि (२१) में वैराग्य को इस श्लोक से बताया गया है 'देहादि ब्रह्मपर्यन्त जितनी भोग्य वस्तुएँ हैं, उनके दर्शन या श्रवण की इच्छा न होने का नाम वैराग्य है'।

नित्यानित्यपदार्थविवेकात्पुरुषस्य जायते सद्यः । स्रक्चन्दनवनितादौ सर्वत्रानित्यवस्तुनि विरक्तिः ॥२४॥

नित्यानित्यपदार्थविवेकान्नित्यश्चानित्यश्च नित्यानित्यौ तौ पदार्थौ तयोर्विवेकात्**पुरुषस्य** विवेकिनः **सद्यः स्रक्चन्दनवनितादौ सर्वत्रानित्यवस्तुनि विरक्ति**र्**जायते**।

नित्य और अनित्य वस्तु का यथार्थ रूप से ज्ञान हो जाने के कारण पुष्प माला, चन्दन, स्त्री आदि सब अनित्य पदार्थों में पुरुष को वैराग्य उत्पन्न होता है ॥२४॥

नित्य और अनित्य उन दोनों पदार्थों का विवेक (ज्ञान) हो जाने के कारण विवेकी को तुरन्त स्रक, चन्दन, वनिता आदि सभी अनित्य वस्तुओं में वैराग्य उत्पन्न होता है।

ननु सर्वेष्वनित्यवस्तुषु विवेकसत्त्वेऽपि वैराग्यं नैव जायते। यथा भोजनादिषु तृप्तिरनित्या तथापि न तेषु वैराग्यं दृश्यते। बाढम्! तेषु दोषदर्शनसंस्कारसचिवादेव वैराग्यमिति विस्तरेण विवृणोति काकस्येति -
किन्तु सभी अनित्य वस्तुओं में विवेक होने पर भी वैराग्य उत्पन्न नहीं होता है? जैसे भोजनादि में तृप्ति अनित्य है, फिर भी उनमें वैराग्य नहीं देखा जाता है। सत्य है! उनमें दोष दर्शन संस्कार की सहायता से ही उस वैराग्य का विस्तार से विवरण किया जा रहा है 'काकस्य' इत्यादि से -

---

[२१] *श्लोक २३ से ९४ तक*

काकस्य विष्ठावदसह्यबुद्धिर्भोग्येषु सा तीव्रविरक्तिरिष्यते । विरक्तितीव्रत्वनिदानमाहुर्भोग्येषु दोषेक्षणमेव सन्तः ॥२५॥

ऐहिकामुष्मिकार्थेषु **भोग्येषु** या **काकस्य विष्ठावदसह्यबुद्धिर्य**था तत्र दोषदर्शनेन जिहासा दृश्यते यथा तस्य स्पर्शनं ग्रहणं दर्शनञ्चासह्यं तथैव **भोग्येषु** यासह्यबुद्धिः सा **तीव्रविरक्तिरु**त्कृष्टवैराग्य**मिष्यते**। **सन्तो** महात्मानः सत्पुरुषा **भोग्येषु दोषेक्षणं** दोषाणां पौनः पुन्येन दर्शन**मेव विरक्तितीव्रत्वनिदानं** तीव्रविरक्तेर्मुख्यकारण**माहुः**।

भोगों में काक की विष्ठा के समान जो न सहने की मति है वह तीव्र वैराग्य माना जाता है। सत्पुरुष भोगों में दोष देखने को ही तीव्र वैराग्य का मूल कारण कहते हैं ॥२५॥

जैसे इस लोक तथा परलोक के पदार्थों में जो काक की विष्ठा के समान असह्य बुद्धि है, वहाँ दोष दर्शन से त्याग की इच्छा देखी जाती है। जैसे उसका स्पर्श, ग्रहण तथा दर्शन भी असह्य है वैसे ही भोगों में जो असह्य बुद्धि है वह उत्कृष्ट वैराग्य माना जाता है। सन्त महात्मा सत्पुरुष भोगों में दोषों का पुनः पुनः दर्शन ही तीव्र विरक्ति का मुख्य कारण कहते हैं।

तत्र दोषदर्शनेन वैराग्येण च किं भवतीत्युच्यते। प्रदृश्यत इति -

वहाँ दोष दर्शन तथा वैराग्य से क्या होता है, कहते हैं 'प्रदृश्यत' इत्यादि से -

प्रदृश्यते वस्तुनि यत्र दोषो न तत्र पुंसोऽस्ति पुनः प्रवृत्तिः ।
अन्तर्महारोगवतीं विजानन् को नाम वेश्यामपि रूपिणीं व्रजेत् ॥२६॥

यत्र यस्मिन्**वस्तुनि** भोग्यवस्तुनि **दोषः प्रदृश्यते** प्रकृष्टरूपेण स्पष्टतया दृश्यते **तत्र पुंसः पुनः प्रवृत्तिर्नास्ति**। एतद्दृष्टान्तेन प्रतिपाद्यते। **रूपिणीं वेश्यामप्यन्तर्महारोगवतीं विजानन्को नाम** कः पुरुषस्तां प्रति **व्रजेत्**। भोग्यवस्तु बन्धस्य संसरणस्यानेकयातनायाश्च कारणं भवेदिति ज्ञात्वा कस्य वैराग्यं नोपजायते। येषां वैराग्यं नोपजायते तेषां विवेको निष्फल एव। इहलोकपरलोकभोगेषु दोषाः के? तत्र सुखेषु दुःखमिश्रितत्वम् - *"ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते"*, अनित्यत्वम् - *"श्वोऽभावा मर्त्यस्य यदन्तकैतत्"*, *"आद्यन्तवन्तः कौन्तेय"*, आगमापायित्वम् - *"मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः। आगमापायिनोऽनित्याः"*, सर्वेन्द्रियाणां जरयितृत्वमवसादयितृत्वम् - *"सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः"*, आपेक्षिकशोभनम्, सर्वदाऽतृप्तिकरत्वम् - *"यत्पृथिव्यां व्रीहियवं हिरण्यं पशवः स्त्रियः। न दुह्यन्ति मनःप्रीतिं पुंसः कामहतस्य ते"*, *"न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति। हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते"* (श्रीमद्भागवतम् ९.१९.१३,१४) इत्याद्यनेके दोषाः सर्वेषु भोगेषु सन्ति।

जिस वस्तु में दोष दिखे उसमें पुरुष का पुनः अनुराग नहीं होता है। 'इसके देह के भीतर महारोग है' ऐसा जानकर कौन पुरुष रूप वाली भी वेश्या के साथ समागम करेगा? ॥२६॥

जिस भोग्य वस्तु में दोष प्रधान रूप से स्पष्ट देखा जाता है, उसमें फिर पुरुष की प्रवृत्ति नहीं जाती है। इसे दृष्टान्त के द्वारा प्रतिपादन करते हैं। रूप वाली वेश्या के देह के भीतर महारोग को जानता हुआ भी कौन पुरुष उसके साथ समागम करेगा। भोग्य वस्तु बन्धन, संसरण तथा अनेक यातनाओं का कारण है, ऐसा जानकर किसे वैराग्य उत्पन्न नहीं होगा? जिनको वैराग्य उत्पन्न नहीं होता, उनका विवेक करना निष्फ़ल ही है। इस लोक तथा परलोक के भोगों में क्या दोष हैं? वहाँ सुख में दुःख मिश्रित है, 'जो इन्द्रियों और विषयों के संयोग से पैदा होने वाले भोग हैं, वे दुःख के ही हेतु हैं' (भ० गी० ५।२२), अनित्यत्व, 'ये भोग 'कल रहेंगे या नहीं' – इस प्रकार के हैं' (क० उ० १।१।२६), 'हे कौन्तेय! वे (भोग) आदि-अन्त वाले हैं' (भ० गी० ५।२२) आगमापायी, 'हे कुन्तीपुत्र! शीत-उष्ण तथा सुख-दुःख को देने वाले इन्द्रिय और विषयों के संयोग आने-जाने वाले तथा अनित्य हैं' (भ० गी० २।१४), सभी इन्द्रियों का जीर्णत्व, क्षयत्व, '(भोग) सम्पूर्ण

इन्द्रियों के तेज को जीर्ण कर देते हैं' (क० उ० १।१।२६), आपेक्षिक सुख, सदा अतृप्ति देने वाले, 'प्रिये! पृथ्वी में जितने भी धान्य (चावल, जौ आदि), सुवर्ण, पशु तथा स्त्रियाँ हैं – वे सब मिलकर भी उस पुरुष के मन को सन्तुष्ट नहीं कर सकते जो कामनाओं के प्रहार से जर्जर हो रहा है', 'जैसे अग्नि में घी डालने से वह अधिक प्रज्वलित होती है, वैसे ही भोग वासनाएँ भी भोगों से प्रबल हो जाती हैं' (श्रीम० भा० ९.१९.१३,१४) इत्यादि अनेक दोष सभी भोगों में हैं।

बुद्धि को राग-द्वेष से निवृत्त करने के लिए जहाँ राग हो, उसमें दोष देखें और जहाँ द्वेष हो, उसमें गुण देखें

अत्रापि चान्यत्र च विद्यमानपदार्थसम्मर्शनमेव कार्यम् । यथाप्रकारार्थगुणाभिमर्शनं सन्दर्शयत्येव तदीयदोषम् ॥२७॥

अत्रेह लोकेऽ**पि चान्यत्र** परलोके **च विद्यमानपदार्थसम्मर्शनं** विद्यमानानां पदार्थानां सम्मर्शनं वास्तविकस्वरूपविषये चिन्तनं **कार्यमे**व कर्तव्यमेव करणीयमित्यर्थः। **यथा** येन **प्रकारार्थगुणाभिमर्शनं** प्रकारेणार्थगुणानां पदार्थगुणदोषाणामभिमर्शनं **तदीयदोषं** तेषां दोषं **सन्दर्शयत्येव**। यद्वा श्रेयस्करं प्रेयस्करं वेति निर्णयः *"श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः। श्रेयो हि धीरोऽभिप्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद्वृणीते॥"* अनेन विचारेण तेषां स्वरूपं स्पष्टतया ज्ञातं भवेदित्यर्थः।

विचारेण सर्वेषां भोगानां स्वरूपं ज्ञात्वा संसारस्य च जन्मजरामरणशोकाद्यनेकानर्थात्मकस्य प्रतिक्षणमन्यथोपलब्धस्य कदलीस्तम्भवन्निःसारस्य मायामरीच्युदकगन्धर्वनगरादिवद्दृष्टनष्टस्वभावस्य प्रमितिप्रमाणप्रमेयप्रमातृलक्षणस्याऽऽब्रह्मस्तम्ब-पर्यन्तं सर्वप्राणिजातस्य स्वतःसिद्धानुदितानस्तमितकूटस्थात्मप्रज्ञानमात्रशरीरप्रतिबिम्बिताविचारितसिद्धात्मानवबोधाश्रयस्य वाचारम्भणमात्रात्मकस्य स्वरूपं निर्धार्य को वा विरतिं न यातीति त्रयोदशश्लोकैः परामृश्यते।

यहाँ और परलोक में भी विद्यमान पदार्थों के स्वभाव का विचार ही करना चाहिए। यथावत् रूप से पदार्थों के धर्मों का विचार उन पदार्थों के दोषों को अवश्य ही दिखा देता है ॥२७॥

इस लोक तथा परलोक में भी विद्यमान पदार्थों के स्वभाव का विचार, वास्तविक स्वरूप के विषय में चिन्तन रूपी कर्तव्य ही किया जाना चाहिए – ऐसा अर्थ है। जिस प्रकार पदार्थों के धर्मों का विचार, पदार्थ के गुण-दोषों का सम्पर्क उनके दोषों को अवश्य ही दिखा देता है। या वे श्रेयस्कर अथवा प्रेयस्कर के अनुकूल हैं 'श्रेय और प्रेय परस्पर मिले हुए-से होकर मनुष्य के पास आते हैं। उन दोनों को बुद्धिमान पुरुष भली प्रकार विचार कर अलग-अलग करता है। विवेकी पुरुष प्रेय के सामने श्रेय को ही वरण करता है; किन्तु मूढ योगक्षेम के निमित्त से प्रेय को वरण करता है' (क० उ० १।२।२) इसके विचार से उनका स्वरूप स्पष्ट ज्ञात होता है।

विचार से सभी भोगों तथा संसार का स्वरूप जो जन्म, जरा, मृत्यु, शोकादि जैसे अनेक अनर्थों से भरा हुआ; प्रतिक्षण अन्यथा भाव को प्राप्त होने वाला; कदलीस्तम्भ के समान निःसार; माया मृगतृष्णा के जल और गन्धर्व नगरादि के समान दृष्ट नष्ट स्वभाव वाला; प्रमिति-प्रमाण-प्रमेय-प्रमातृ लक्षण से युक्त; ब्रह्मा से लेकर स्तम्भ पर्यन्त सभी प्राणियों का; अविचारित आत्म अज्ञान के कारण स्वतः सिद्ध आदि अन्त रहित कूटस्थ प्रज्ञान शरीर में प्रतिबिम्बित आत्मा जिसका अज्ञान संसार का आश्रय है; केवल वाणी विलास आत्मा का स्वरूप निर्धारण कर 'कौन वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है' तेरह श्लोकों के द्वारा परामर्श किया जाता है।

कुक्षौ स्वमातुर्मलमूत्रमध्ये स्थितिं तदा विड्कृमिदंशनं च । तदीयकौक्षेयकवह्निदाहं विचार्य को वा विरतिं न याति ॥२८॥

स्वमातुः कुक्षौ गर्भस्थाने **मलमूत्रमध्ये** मूत्रपुरीषमध्ये मनुष्यशरीरेऽन्यशरीरे वा यदा किञ्चित्कालपर्यन्तं निवासो भवति **तदा विड्कृमिदंशनञ्च** विष्ठायाः कृमेर्दशनञ्चानुभूयते, तां **स्थितिं** तथैव तत्र **तदीयकौक्षेयकवह्निदाहं** मातृकुक्षौ जाठराग्नितापादनुभूयमानं दाहं **विचार्य को वा विरतिं न याती**ति यदुक्तं सम्बन्धोक्तिना तत्पुनः पुनर्विचारणीयमित्यर्थः।

अपनी माता की कोख में विष्ठा और मूत्र के मध्य में निवास, उस समय विष्ठा के कीड़ों के काटने तथा माता के पेट में अग्नि के ताप से होने

वाली दाह को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥२८॥

गर्भस्थान में मलमूत्र के मध्य मनुष्य शरीर या अन्य शरीर में जहाँ कुछ समय तक निवास होता है, विष्ठा के कीड़ों के काटने का अनुभव किया जाता है, उस समय ही वहाँ माता की कोख में जाठराग्नि के ताप से होने वाली दाह का अनुभव करते हुए कौन सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? इस सम्बन्ध के द्वारा जो कहा गया है वह पुनः पुनः विचारणीय है – ऐसा अर्थ है।

स्वकीयविण्मूत्रनिमज्जनं यच्चोत्तानगत्या शयनं तदा यत् । बालग्रहाद्याहतिभाक्च शैशवं विचार्य को वा विरतिं न याति ॥२९॥

तदा मातृकुक्षौ निवाससमये **यत्स्वकीयविण्मूत्रनिमज्जनं** स्वकीययोः स्वकृतयोर्विण्मूत्रयोर्निमज्जनं विट् च मूत्रञ्च विण्मूत्रे तयोर्विण्मूत्रयोर्निमज्जनम्। **यच्चोत्तानगत्या**ऽधोमुखी भूत्वा **शयनम्**। **शैशवं** शैशवावस्था बाल्यावस्था **बालग्रहाद्याहति-भाग्बालानां** विविधग्रहरोगाद्युपद्रवैराहतिभाग्दुःखभाग्भवति। एत**द्विचार्य को वा** पुमान् **विरतिं न याती**त्युक्त्या यदा विचारेण दोषदर्शनं भवति तदा वैराग्यमवश्यमुत्पद्यत इत्याशयः।

उस समय जो अपने विष्ठा और मूत्र में निमग्न होता है, जो ऊपर को पैर तथा नीचे को मुख करके शयन करता है और बालकों को पीड़ा देने वाले ग्रहों के आक्रमण से युक्त बचपन होता है वह विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥२९॥

माता की कोख में निवास करते हुए अपनी की हुई विष्ठा तथा मूत्र विण्मूत्र, उस विण्मूत्र में निमग्न होता है। नीचे की ओर मुख होते हुए रहता है। बाल्यावस्था बालकों को विविध ग्रह, रोग आदि उपद्रव की पीड़ा से युक्त दुःख देने वाली होती है। इस प्रकार से कहे गए इस विचार से किस पुरुष को वैराग्य नहीं होता है? जब विचार के द्वारा दोष दर्शन होता है तब वैराग्य अवश्य उत्पन्न होता है - ऐसा आशय है।

किञ्च -

तथा -

स्वीयैः परैस्ताडनमज्ञभावमत्यन्तचापल्यमसत्क्रियां च । कुमारभावे प्रतिषिद्धवृत्तिं विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३०॥

कुमारभावे कौमार्यावस्थायां **स्वीयैः परैश्च ताडनं** स्वजनैरन्यैश्च प्रहारमभिहननं वाचा कदाचिद्धस्तेन च। **अज्ञभावमत्य**न्ताल्पज्ञभाव**मत्यन्तचापल्यं** देहेन्द्रियादीनां चाञ्चल्यमङ्गमेजयत्वं प्रायो विक्षिप्तमानसञ्च। **असत्क्रियां प्रतिषिद्धवृत्तिं** निषिद्धाचरणं **विचार्य** समानमन्यत्।

कौमार्यावस्था में अपनों तथा दूसरों के द्वारा ताड़न, अज्ञानभाव, अत्यन्त चाञ्चल्य, अनुचित कार्यों तथा निषिद्ध आचरण को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३०॥

कौमार्यावस्था में स्वजन तथा अन्यों द्वारा प्रहार, बार बार वाणी से अथवा कभी हाथ से प्रहार होता है। अत्यन्त अज्ञानभाव, देहेन्द्रियादि के चाञ्चल्य को, अङ्गों को जीतने में असमर्थ तथा प्रायः विक्षिप्त मन, निषिद्धाचरण होता है। 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है।

अनुचित कार्य अर्थात् ऐसे कार्य जो हमारे ध्येय प्राप्ति में सहायक नहीं हैं, धर्म के कार्य भी नहीं हैं - ऐसे कार्य करने की प्रवृत्ति कौमार्यावस्था में होती है

किञ्च -

तथा -

मदोद्धतिं मान्यतिरस्कृतिं च कामातुरत्वं समयातिलङ्घनम् । तां तां युवत्योदितदुष्टचेष्टां विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३१॥

युवावस्थायां **मदोद्धतिं** मदेनोद्धतमनस्कं मदोन्मत्ताचरणं **मान्यतिरस्कृतिञ्च** माननीयसम्माननीयादरणीयपुरुषाणां तिरस्कारः, **कामातुरत्वं समयातिलङ्घनं** मर्यादोल्लङ्घनमतिक्रमणञ्च। **तां तां युवत्योदितदुष्टचेष्टां** युवत्या सह समागमेन कामोन्मादेनोदितां दुष्टचेष्टां कुचेष्टां **विचार्य** समानमन्यत्।

[युवा अवस्था के] मद की उद्धतता, माननीय पुरूषों के तिरस्कार करने को, काम से आतुर होना, मर्यादा के अतिक्रमण करने को तथा युवतियों के साथ प्रकट हुई दुष्ट चेष्टा को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३१॥

युवावस्था में मद से उद्धत मन, मदयुक्त आचरण, आदरणीय पुरुषों का तिरस्कार, काम से आतुर, मर्यादा का उल्लङ्घन तथा अतिक्रमण होता है। युवतियों के साथ समागम, काम से प्रकट दुष्ट व बुरी चेष्टा को विचारकर; 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है।

गर्भावस्थां बाल्यावस्थां कौमार्यावस्थां युवावस्थां च निरूप्याधुना वृद्धावस्थां निरूपयति त्रिभिः श्लोकैर्विरूपतामित्यादिना -

गर्भावस्था, बाल्यावस्था, कौमार्यावस्था तथा युवावस्था का निरूपण कर अब तीन श्लोकों के द्वारा वृद्धावस्था का निरूपण करते हैं 'विरूपतां' इत्यादि से -

विरूपतां सर्वजनादवज्ञां सर्वत्र दैन्यं निजबुद्धिहैन्यम् । वृद्धत्वसम्भावितदुर्दशां तां विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३२॥

वृद्धावस्थायां **विरूपतां** जर्जरदेहस्थितिं वलीपलितदेहञ्च **सर्वजनादवज्ञां** तिरस्कारं **सर्वत्र दैन्यं** विगलितेन्द्रियैः पारतन्त्र्यमसहायोऽहमिति चिन्तां सङ्क्लेशमभितापमुपप्लवं **निजबुद्धिहैन्यं** निजबुद्धेः स्वस्य बुद्धेर्चातुर्यस्य ज्ञानस्य हैन्यं हीनभावं परास्तभावं **वृद्धत्वसम्भावितदुर्दशां** वृद्धत्वेन सम्भाविता दुर्दशा वृद्धत्वसम्भावितदुर्दशा ताञ्च **विचार्य** समानमन्यत्।

बुढापे से विरूप होना, सभी व्यक्तियों से तिरस्कार, सब तरह से दीनता तथा अपनी बुद्धि की हीनता, बुढापे के कारण होने वाली दुर्दशा को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३२॥

वृद्धावस्था में जर्जर देह, शरीर में झुर्रियाँ तथा सफेद बाल, तिरस्कार, शिथिल इन्द्रियों द्वारा पराधीनता, यह चिन्ता कि 'मैं असहाय हूँ', क्लेश, ताप से आक्रान्त, अपनी बुद्धि की चतुरता, ज्ञान का कम होना, पराजित होने का भाव तथा बुढापे की इस सम्भावित दुर्दशा को विचारकर, 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है।

पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्मादिरोगोदिततीव्रदुःखम् । दुर्गन्धमस्वास्थ्यमनूनचिन्तां विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३३॥

पित्तञ्च ज्वरश्चार्शश्च क्षयश्च गुल्मशूलश्च श्लेष्मा च पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्माण इमे च ते रोगाः पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्मरोगा एत आदयो येषां ते पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्मरोगादयः। आदिपदेन वातपित्तकफैर्यद्दोषा रोगाश्च सम्भाव्यन्ते तेषामपि ग्रहणम्। तेभ्यः रोगेभ्य उदितं तीव्रं दुःखं **पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्मादिरोगोदिततीव्रदुःखम्। दुर्गन्धं** दुर्गन्धि स्वेदादिजन्यं गन्ध**मस्वास्थ्यमनूनचिन्तां** पुनःपुनर्वैद्यराजदर्शनं चिकित्सालयरुग्णालयगमनञ्च तत्कृतेऽनूनामपरिमेयामखण्डां चिन्तामर्थक्षयचिन्ताञ्च **विचार्य** समानमन्यत्। उक्तं हि -

"आयुः पल्लवकोणाग्रलम्बाम्बुकणभङ्गुरम्। उन्मत्तमिव सन्त्यज्य यात्यकाण्डे शरीरकम्॥" (यो.वा. १.१४.१)
"तरङ्गं प्रतिबिम्बेन्दुं तडित्पुञ्जं नभोम्बुजम्। ग्रहीतुमास्थां बध्नामि न त्वायुषि हतस्थितौ॥" (यो.वा. १.१४.७)

"आर्द्रान्त्रतन्त्रीगहनो विकारी परिपातवान्। देहः स्फुरति संसारे सोऽपि दुःखाय केवलम्॥" (यो.वा. १.१८.१)

"मलाढ्यविषयव्यूहभाण्डोपस्करसङ्कटम्। अज्ञानक्षारवलितं नेष्टं देहगृहं मम॥" (यो.वा. १.१८.२४)

विस्तारभयान्नाधिकाः श्लोका उद्धृताः। मुमुक्षुभिर्वैराग्यप्रकरणे द्वादशसर्गतोऽष्टाविंशतितमसर्गपर्यन्तं यच्छ्रीरामैरुक्तं तत्पुनः पुनश्चिन्तनीयम्।

पित्त, ज्वर, बवासीर, राजयक्ष्मा, वायगोला, शूल तथा कफ आदि रोगों से उत्पन्न हुए महान दुःख, शरीर की दुर्गन्ध, स्वास्थ्य बिगड़ जाने से, बड़ी भारी चिन्ता को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३३॥

पित्त, ज्वर, अर्श (बवासीर), राजयक्ष्मा, वायगोला, शूल, कफ तथा इनके रोगों को 'पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्म' कहते हैं। 'आदि' पद से वात-पित्त-कफ ये दोष तथा उनसे होने वाले रोग भी ऐसा अर्थ समझना चाहिए। उन रोगों से तीव्र दुःख उत्पन्न होता है। पसीने आदि से पैदा होने वाली दुर्गन्ध, पुनः पुनः वैद्यराज के दर्शन तथा चिकित्सालय जाने को, उसमें होने वाली बड़ी भारी अखण्ड चिन्ता को तथा कभी समाप्त न होने वाली स्वास्थ्य की चिन्ता को विचारकर, 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है। इस पर कहते हैं -

'जीव की आयु पत्ते के सिरे पर लटक रहे जलबिन्दु के सदृश अस्थिर है, वह उन्मत्त के समान असमय में ही इस कुत्सित शरीर को छोड़कर चली जाती है अर्थात् जैसे उन्मत्त पुरुष अपने अत्यन्त उपयोगी उपकरणों को, जब मन में आये, छोड़ कर चला जाता है, वैसे ही आयु भी शरीर को छोड़कर चली जाती है' (यो० वा० १।१४।१)।

'तरङ्ग को, जल आदि में प्रतिबिम्बित चन्द्रमा को, बिजली को और आकाश कमल को हाथ से पकड़ने की चेष्टा कर सकता हूँ, पर अस्थिर आयु कौ मैं नहीं पकड सकता। तरङ्ग, प्रतिबिम्बित चन्द्र आदि का ग्रहण असम्भव है फिर भी उक्त असम्भव बातें भले ही हो जायें, पर अस्थिर आयु में मेरा विश्वास नहीं होता यह भाव है' (यो० वा० १।१४।७)।

'गीली आँतों और नाड़ियों से व्याप्त परिणामशील और मरणधर्म जो शरीर संसार में सबके सामने प्रकाशित हो रहा है, वह भी केवल दुःखभोग के लिए ही है अर्थात् मल, मूत्र, शुक्र और शोणित से आद्र नाड़ियों से परिव्याप्त, विविध प्रकार के विकारों से युक्त और पतनशील यह जीवदेह केवल दुःखभोग के लिए प्रकाशित हो रही है'(यो० वा० १।१८।१)।

'यह देहरूपी गृह दोषपूर्ण विषय समूह रूपी बर्तनों और अन्यान्य सामग्रियों से ठसाठस भरा हुआ है तथा अज्ञान रूपी क्षरा से जर्जर है, यह हमारा अभीप्सित कैसे हो सकता है? अर्थात् यह देहरूपी गृह मुझे अभीष्ट नहीं है' (यो० वा० १।१८।२४)।

विस्तार भय से अधिक श्लोक नहीं दिए गए हैं। मुमुक्षुओं के लिए वैराग्य प्रकरण में द्वादश सर्ग से अठाईस सर्ग तक जो कुछ श्रीराम द्वारा कहा गया है, उस पर पुनः पुनः विचार करना चाहिए।

यमावलोकोदितभीतिकम्पमर्मव्यथोच्छ्वासगतीश्च वेदनाम् । प्राणप्रयाणे परिदृश्यमानां विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३४॥

यमावलोकोदितभीतिकम्पमर्मव्यथोच्छ्वासगतीर्यमस्यावलोको यमावलोको यमदर्शनं तेन यमावलोकेनोदिता यमावलोकोदितास्ते च भीतिश्च कम्पश्च मर्मस्थानस्था व्यथाः पीडा मर्मव्यथाश्चोच्छ्वासानां गतिरुच्छ्वासगतिश्च यमावलोकोदितभीतिकम्पमर्मव्यथोच्छ्वासगतयः, ता यमावलोकोदितभीतिकम्पमर्मव्यथोच्छ्वासगतीः **प्राणप्रयाणे** प्राणप्रयाण-समये प्राणस्य प्रयाणं प्राणप्रयाणं तत्समये प्राणप्रयाणसमये **परिदृश्यमानां वेदनां विचार्य** *"प्राणप्रयाणसमये कफवातपित्तैः कण्ठावरोधनम्"* इत्यादि। समानमन्यत्।

यमराज को देखने पर होने वाले भय के कारण उत्पन्न हुए भय तथा कम्पन, मर्मस्थान में पीड़ा, तेज़ी से श्वास चलना, प्राण निकलने के समय सब ओर दिखती हुई पीड़ा को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३४॥

यमराज को देखने से यमावलोक, यमदर्शन जिससे ये सब उत्पन्न होते हैं – भय तथा कम्पन, मर्मस्थान में व्यथा, पीड़ा तथा श्वासों का वेग से चलना, उस यमदर्शन से उत्पन्न भय, कम्पन, मर्मस्थान में पीड़ा तथा श्वासों का वेग से चलना, प्राणों के निकलने को प्राण प्रयाण कहते हैं। प्राण प्रयाण समय में सब ओर दिखती हुई पीड़ा को 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है। 'प्राण निकलने के समय में कफ, वात, पित्त द्वारा कण्ठ अवरूद्ध होना' (मु० मा० ८) इत्यादि विचारणीय है।

प्राण प्रयाण के समय वात पित्त कफ बहुत अधिक बढ़ जाते हैं, असह्य पीड़ा होती है, तब जीव ईश्वर को कैसे याद रख पाएगा - अतः जब तक स्वस्थ रहें, ईश्वर का निरन्तर मनन करते रहना चाहिए

अस्मिँल्लोके शरीरस्था दोषा ये मनुष्यशरीर उपलब्धाः ते गर्भावस्थातो मृत्युपर्यन्ता वर्णिताः। अधुना परलोके किं भविष्यति तस्य विचारोऽपि करणीय एवात उच्यते। अङ्गारनद्यामित्यादिना -

इस लोक में मनुष्य शरीर में जो दोष होते हैं, उनका गर्भावस्था से लेकर मृत्यु तक का वर्णन किया गया है। अब परलोक में क्या होगा, उसका भी विचार करने के लिए ही इस प्रकार कहते हैं 'अङ्गारनद्यां' इत्यादि से -

अङ्गारनद्यां तपने च कुम्भीपाकेऽपि वीच्यामसिपत्रकानने । दूतैर्यमस्य क्रियमाणबाधां विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३५॥

मरणानन्तर**मङ्गारनद्याम**ङ्गाराणां दग्धकाष्ठखण्डानां नद्याम्, **तपने** तपननामनि नरकेऽग्निना तप्तसिकतामध्ये, **कुम्भीपाके** नरकेऽ**पि**, **वीच्यां** नरके**ऽसिपत्रकानने**ऽसिरिव तीक्ष्णं पत्रं यस्य तदसिपत्रं तस्य काननमसिपत्रकाननं तस्मिन्नसिपत्रकानने चकारादन्येषु प्रसिद्धेषु नरकेषु **यमस्य दूतैः क्रियमाणबाधां** क्लेशा**न्विचार्य** समानमन्यत्।

मुमुक्षुणा न केवलमेतल्लोकदुःखानां विचारः कर्तव्यो किन्तु परलोकेऽपि तेषां दुःखानामन्तो नास्तीति सर्वदा चिन्तनीयम्। यत्किञ्चिद्दुष्कर्म भोगवासनाजनितं मनुष्यैः कृतं तस्य फलमवश्यमेव भोक्तव्यमिति ज्ञानेन भोगेषु विरक्तिस्तीव्रमुमुक्षा च जायते तस्माद्विचारः कर्तव्यो जिज्ञासोरात्मवस्तुनः।

अङ्गारों की नदी, तपन, कुम्भीपाक, वीची नामक नरक तथा यमदूतों द्वारा दी जाने वाली बाधा को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३५॥

मरने के पश्चात् अङ्गारों की जलती हुए काष्ठ खण्ड की नदी में, तपन नामक नरक में अग्नि द्वारा जलती हुई बालू में, कुम्भीपाक नरक में भी, वीची नरक में, तलवार के समान तीक्ष्ण पत्ते हैं जिसके – उस पत्तों वाले वन में, 'च' का अर्थ अन्य प्रसिद्ध नरकों से है, यमराज के दूतों द्वारा दिए गए क्लेश को 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है। मुमुक्षु द्वारा न केवल इस लोक के दुःखों का विचार करना कर्तव्य है, अपितु परलोक में भी उन दुःखों का अन्त नहीं है – ऐसा सर्वदा विचार करना चाहिए। भोग की वासना से उत्पन्न जो कुछ भी दुष्कर्म मनुष्य द्वारा किया जाता है, उसका फल अवश्य ही भोगना पडता है – इस ज्ञान से भोगने की इच्छा में वैराग्य तथा तीव्र मुमुक्षा[३०] का जन्म होता है। इसीलिये आत्म वस्तु के लिए जिज्ञासु का विचार करना कर्तव्य है।

---

[३०] वैराग्य - आत्मा के अतिरिक्त अन्य सब छोड़ने का सामर्थ्य

मुमुक्षा - आत्मा को पकड़े रहने की इच्छा। षड्सम्पत्ति - इन दोनों की स्थिति तक पहुँचने में सहायक हैं।

पुण्यक्षये पुण्यकृतो नभःस्थैर्निपात्यमानान्शिथिलीकृताङ्गान् ।
नक्षत्ररूपेण दिवश्च्युतांस्तान्विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३६॥

पुण्यकृतः पुण्यक्षये पुण्यानां क्षये **नभःस्थैः** स्वर्गाधिकारिभिः **शिथिलीकृताङ्गा**ञ्छिथिलीकृता अङ्गा येषां ते शिथिलीकृताङ्गास्ता**न्निपात्यमानाञ्जी**वा**न्नक्षत्ररूपेण दिवश्च्युतान्विचार्य** *"ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति"* इति स्मृत्या तेषां लोकानां भोगानाञ्चानित्यत्वं विचार्य समानमन्यत्।

"प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा अष्टादशोक्तमवरं येषु कर्म।
एतच्छ्रेयो येऽभिनन्दन्ति मूढा जरामृत्युं ते पुनरेवापि यन्ति॥ (मु.उप. १.२.७)
अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः।
जङ्घन्यमानाः परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः॥ (मु.उप. १.२.८)
अविद्यायां बहुधा वर्तमाना वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः।
यत्कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागात्तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते॥ (मु.उप. १.२.९)
इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति॥" (मु.उप. १.२.१०)

पुण्य क्षीण होने पर आकाश के निवासियों द्वारा गिराये जाने पर शिथिल अङ्ग वाले, नक्षत्र रूप से स्वर्ग से गिरे हुए पुण्य कर्म करने वालों को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३६॥

पुण्यों के क्षय होने पर स्वर्ग के अधिकारियों द्वारा, शिथिल हो गए हैं जिनके अङ्ग उन शिथिल अङ्गों वाले जीवों का नक्षत्र रूप स्वर्ग से गिरने को विचार कर 'वे उस विशाल स्वर्ग लोक के भोगों को भोगकर पुण्य क्षीण होने पर मृत्यु लोक में आ जाते हैं' (भ० गी० ९।२१) इस स्मृति से उन लोकों तथा वहाँ के भोगों का अनित्यत्व 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है।

'जिनमें अवर - निकृष्ट कर्म आश्रित कहा गया है, वे [सोलह ऋत्विक तथा यजमान और यजमानपत्नी] ये अठारह यज्ञरूप (यज्ञ के साधन) अस्थिर एवं नाशवान बतलाये गए हैं। जो मूढ "यही श्रेय है" इस प्रकार इनका अभिनन्दन करते हैं, वे फिर भी जरा-मृत्यु को प्राप्त होते रहते हैं' (मु० उ० १।२।७)।

'अविद्या के मध्य में रहने वाले और स्वयं को बड़ा बुद्धिमान तथा पण्डित मानने वाले वे मूढ पुरुष अन्धे से ले जाये जाते हुए अन्धे के समान पीड़ित होते सब ओर भटकते रहते हैं' (मु० उ० १।२।८)।

'बहुधा अविद्या में ही रहने वाले वे मूर्ख लोग "हम कृतार्थ हो गये हैं" इस प्रकार अभिमान किया करते हैं; क्योंकि कर्मठ व्यक्ति को कर्मफल विषयक राग के कारण तत्त्व का ज्ञान नहीं होता, इसीलिये वे दुःखार्त्त होकर (कर्मफल क्षीण होने पर) स्वर्ग से पतित हो जाते हैं' (मु० उ० १।२।९)।

'इष्ट और पूर्त कर्मों को ही सर्वश्रेष्ठ मानने वाले वे महामूढ किसी अन्य वस्तु को श्रेयस्कर नहीं समझते। वे स्वर्ग लोक के उच्च स्थान में अपने कर्मफलों का अनुभव कर इस लोक अथवा इससे भी निकृष्ट लोक में प्रवेश करते हैं' (मु० उ० १।२।१०)।

स्वर्ग में भी राग-द्वेष होते हैं, अतः मनुष्य जन्म में स्वयं राग-द्वेष से मुक्त होने का प्रयत्न करना चाहिए

वाय्वर्कवह्नीन्द्रमुखान्सुरेन्द्रानीशोग्रभीत्या ग्रथितान्तरङ्गान् । विपक्षलोकैः परिदूयमानान्विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३७॥

वाय्वर्कवह्नीन्द्रमुखान्वायुश्चार्कश्च वह्निश्चेन्द्रश्च वाय्वर्कवह्नीन्द्रास्ते च मुखाः प्रधाना आदयो वा येषां ते वाय्वर्कवह्नीन्द्रमुखास्तान्-

वाय्वर्कवह्नीन्द्रमुखा**न्सुरेन्द्रान्** सुरेषु इन्द्राः प्रमुखाः सुरेन्द्राः तान् सुरेन्द्रान्। **ईशोग्रभीत्येशा**दुग्रभीतिरीशोग्रभीतिस्तयेशोग्रभीत्या। उग्रभीतिरुग्रा चासौ भीतिश्चोग्रभीतिः, उग्रा तीव्रा भीषणा। **ग्रथितान्तरङ्गा** ग्रथिता अन्तरङ्गा देहेन्द्रियमनोभावा येषां ते ग्रथितान्तरङ्गास्तान् *"भीषास्माद्वातः पवते भीषोदेति सूर्यः। भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चम इति", "भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः। भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः"* इति च श्रुत्या देवानामप्रागल्भ्यं सूचितम्। **विपक्षलोकैरसुरैः परिदूयमानानु**पतापिनो **विचार्य** समानमन्यत्।

देवलोकेऽपि सुखेषु तारतम्यं दृष्टं यथाऽजानजानां देवानामानन्दात्कर्मदेवानां देवानामानन्दः शतगुणः। देवानामानन्दः शतगुणोत्तरोत्तरक्रमेण वर्धमानस्तत इन्द्रस्यानन्दस्ततो बृहस्पतेरानन्दस्ततः प्रजापतेरानन्द इत्यनेन तारतम्यं तज्जनितरागद्वेषादिकञ्च दर्शितं भवति।

परमेश्वर के बड़े भारी भय के कारण जिनके शरीर ग्रथित हैं, शत्रुओं द्वारा चारों ओर से महादुःख पाते हुए पवन, सूर्य, अग्नि तथा इन्द्र आदि श्रेष्ठ देवताओं की दशा को विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को प्राप्त नहीं होता है? ॥३७॥

वायु, सूर्य, अग्नि तथा इन्द्र इत्यादि प्रधान देवताओं में इन्द्र हैं जो, उसे सुरेन्द्र कहते हैं। परमेश्वर के बड़े भारी भय के कारण, उग्र अर्थात् तीव्र, भीषण तथा भय जिसे उग्रभीति कहते हैं; जिनके अन्तरङ्ग देह-इन्द्रिय-मनोभाव से ग्रथित हैं उसे ग्रथितान्तरङ्ग कहते हैं 'इसके भय से वायु चलता है, इसी के भय से सूर्य उदित होता है, तथा इसी के भय से अग्नि, इन्द्र तथा पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है' (तै० उ० २।८) तथा 'इस (परमेश्वर) के भय से अग्नि तपता है, इसी के भय से सूर्य तपता है तथा इसी के भय से इन्द्र, वायु तथा पाँचवाँ मृत्यु दौड़ता है' (क० उ० २।३।३) इत्यादि श्रुतियों द्वारा देवताओं की महत्वहीनता सूचित होती है। असुरों द्वारा चारों ओर से ताप का विचार 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है। देवलोक के सुख में भी तारतम्य देखा जाता है जैसे आजानज देवताओं के जो सौ आनन्द हैं, वही कर्मदेव देवताओं का एक आनन्द है। देवताओं के आनन्द से इन्द्र का, इन्द्र के आनन्द से बृहस्पति का, बृहस्पति के आनन्द से प्रजापति का आनन्द उत्तरोत्तर शतगुण के क्रम से बढ़ता है, इस तारतम्य के द्वारा तथा उससे उत्पन्न राग-द्वेष आदि प्रदर्शित होते हैं।

मनुष्य यदि सब कुछ त्यागकर संन्यासी बन जाए और ईश्वर की शरणागति कर ले अथवा वेदान्त की शरण लेकर ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर ले तो सभी भयों से मुक्ति हो जाएगी। अतः अभिमान का त्याग करके शरणागति आवश्यक है

श्रुत्या निरुक्तं सुखतारतम्यं कीटान्तमारभ्य महामहेशम् ।
औपाधिकं तत्तु न वास्तवं चेदालोच्य को वा विरतिं न याति ॥३८॥

तैत्तिरीयब्रह्मानन्दवल्लीश्रुत्या वाजसनेय्या च **श्रुत्या सुखतारतम्यं** सुखस्य तारतम्यं **निरुक्तं** विस्तरेण स्पष्टतयोक्तं श्रुत्युपलक्षणया। कस्य? **महामहेशमारभ्य कीटान्तं** कीटपर्यन्तं सर्वस्य। **तत्सुखं त्वौपाधिकं न** तु **वास्तवं** न स्वतन्त्रं मम स्वरूपसुखं किन्तु परतन्त्रमुपाध्यधीन**ञ्चेत्तदालोच्य को वा** विद्वा**न्विरतिं न याती**ति।

परमेश्वर से आरम्भ करके कीट पर्यन्त सुख का तारतम्य श्रुति के द्वारा कहा गया है। वह सुख तो उपाधि के कारण है वास्तविक नहीं है; ऐसा विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को नहीं प्राप्त होता है? ॥३८॥

तैत्तिरीय उपनिषद् की ब्रह्मानन्द वल्ली तथा वाजसनेय श्रुति द्वारा सुख के तारतम्य को विस्तार से स्पष्टतया कहा गया है। श्रुति का उपलक्षण किससे है? परमेश्वर से आरम्भ करके कीट पर्यन्त सभी। किन्तु परतन्त्र, उपाधि के आधीन होने से वह सुख तो औपाधिक है, वास्तविक अर्थात् स्वतन्त्र नहीं है, मेरा स्वरूप सुख नहीं है – ऐसा विचार कर कौन सा विद्वान् वैराग्य को प्राप्त नहीं होता।

सालोक्यसामीप्यसरूपतादिभेदस्तु सत्कर्मविशेषसिद्धः । न कर्मसिद्धस्य तु नित्यतेति विचार्य को वा विरतिं न याति ॥३९॥

सालोक्यसामीप्यसरूपतादि-भेदस्तु सालोक्यञ्च सामीप्यञ्च सरूपता चादयो यस्य ते सालोक्यसामीप्यसरूपतादयः, तेषां भेदः सालोक्यसामीप्यसरूपतादिभेदः। आदिपदेन सायुज्यग्रहणम्। सालोक्यमुक्त्येष्टदेवताया लोके निवासः, सामीप्यमुक्त्येष्टदेवतायाः समीपे निवासः, सारूप्यमुक्त्येष्टदेवतायाः सदृशरूपप्राप्तिः, सायुज्यमुक्त्येष्टदेवतया सह योग इत्यादि**भेदस्तु सत्कर्मविशेषसिद्धः** सत्कर्मणा पुण्यकर्मणा विशेषेण पुण्येन सिद्ध उत्पन्नः। कर्मणा सिद्धं कर्मसिद्धं तस्य **कर्मसिद्धस्य न तु नित्यता** यत्कृतकं तदनित्यमिति न्यायात्। तस्मात्सालोक्यादि सर्वं कर्मणः फलं फलत्वादनित्य**मिति विचार्य** समानमन्यत्।

सालोक्य, सामीप्य, सरूपता इत्यादि भेद किसी विशेष कर्म से उत्पन्न होता है। कर्म से प्राप्त होने वाला तो नित्य नहीं होता है - ऐसा विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को नहीं प्राप्त होता है? ॥३९॥

सालोक्य, सामीप्य, सरूपता आदि; उनका भेद - आदि शब्द से 'सायुज्य' अर्थ ग्रहण करना चाहिए। सालोक्य मुक्ति से इष्ट देवता के लोक में निवास, सामीप्य मुक्ति से इष्ट देवता के समीप में निवास, सरूपता मुक्ति से इष्ट देवता के समान रूप प्राप्ति, सायुज्य मुक्ति से इष्ट देवता के साथ योग इत्यादि सत्कर्म, पुण्य कर्म अथवा विशेष पुण्य से प्राप्त होती है।[31] कर्म से प्राप्त होने वाला कर्मसिद्ध 'जो बनाया गया है, वह सदा नहीं रहता है' न्याय से तो नित्यता सिद्ध नहीं होती। इसीलिये सालोक्य आदि सभी कर्मों का फल होने के कारण अनित्य है – ऐसा विचार कर 'विचार्य को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है।

मनुष्यत्वादारभ्य ब्रह्मान्तेषु देहवत्सु सुखतारतम्यमनुश्रूयते। ततश्च तद्धेतोर्धर्मस्य तारतम्यं गम्यते ततश्चाधिकारितारतम्यम्। तेषां सर्वेषामनित्यत्वञ्च दृश्यते। एतदर्थं विशदयति यत्रेति -

मनुष्य से आरम्भ कर ब्रह्मा तक देह में सुख तारतम्य पुनः सुना गया है। उसके पश्चात् उनके धर्मों तथा अधिकारी में भी तारतम्य देखा गया है। उन सभी में अनित्यत्व दिखाया गया है। उसी अर्थ को स्पष्ट रूप से यहाँ बताया गया है 'यत्र' इत्यादि से -

यत्रास्ति लोके गतितारतम्यमुच्चावचत्वान्वितमत्र तत्कृतम् ।
यथेह तद्वत्खलु दुःखमस्तीत्यालोच्य को वा विरतिं न याति ॥४०॥

यथेह अस्मिँल्लोके **यत्र** वस्तुन्य**उच्चावचत्वान्वितम**उत्कर्षापकर्षयुक्ततारतम्यं **गतितारतम्यं** फलन्यूनाधिक्यभावो दृष्टस्तत्सर्वं **कृतं** कृतकं कार्यम्, कार्यत्वाद्ये ये दोषाः षड्विंशतितमश्लोके वर्णितास्ते दोषा अत्राप्यालोचनीयाः। **तद्वत्खलु** सर्वं **दुःखम**न्यत्रापि अन्येषु लोकेषु **चास्तीत्यालोच्य** विचार्य समानमन्यत्।

विचारस्य स्वरूपं यद्दुःखमिश्रितम्, यदनित्यम्, यत्तारतम्यान्वितं तन्न मम साध्यमिति।

संसार में जिस वस्तु में उत्कर्ष और अपकर्ष युक्त फल का न्यूनाधिक भाव है, इसमें जैसे इस लोक में वह वस्तु कार्य है, वैसे ही अन्य लोकों में भी निश्चय दुःखरूप है ऐसा विचार कर कौन-सा पुरुष वैराग्य को नहीं प्राप्त होता है? ॥४०॥

इस लोक में जिस वस्तु में उत्कर्ष अपकर्ष युक्त तारतम्य अर्थात् फल का न्यूनाधिक भाव देखा जाता है, वह सब बनाया गया अर्थात् कार्य है, कार्य होने के कारण जो सभी दोष छब्बीसवें श्लोक में वर्णित हैं वे सभी दोष यहाँ भी हैं। वैसे ही निश्चय ही अन्य सभी लोकों में भी हैं। ऐसा विचार कर 'को वा विरतिं न याति' वाक्य का अर्थ पूर्ववत् है। विचार का स्वरूप क्या है? जो दु:ख मिश्रित, अनित्य, तारतम्य युक्त है - वह मेरा साध्य नहीं है।

---

[31] *सालोक्य आदि मुक्ति से अर्थात् भगवान् के पास उनके लोक में रहने से यह लाभ है कि सब प्रकार के भय से मुक्त रहेंगे और यह पुण्य कर्मों से मिलेगा।*

अनित्येषु विषयेषु (गृहादिषु) विरागं दर्शयति। क इति -

अनित्य विषयों में (गृह आदि में) वैराग्य दिखाया जाता है। 'को' इत्यादि से -

को नाम लोके पुरुषो विवेकी विनश्वरे तुच्छसुखे गृहादौ । कुर्याद्रतिं नित्यमवेक्षमाणो वृथैव मोहान्म्रियमाणजन्तून् ॥४१॥

लोक इहलोके **को नाम** को **विवेकी पुरुषो** विवेक-विचार-सम्पन्नो मनुष्योऽनित्ये **विनश्वरे** प्रतिक्षणविनाशिनि **तुच्छसुखे** तुच्छं सुखं यस्मिंस्तत्तुच्छसुखं गृहादिकम्, तस्मिंस्तुच्छसुखे वस्तुनि **गृहादौ** गृहक्षेत्रधनपशुपुत्रकलत्रादौ **वृथैव मोहान्म्रियमाणजन्तून्**प्राणिनो **नित्यं** सर्वदाऽऽ**वेक्षमाणः** पश्यन् **रतिं कुर्यात्**। *"पश्यन्नपि च न पश्यति मूढः", "श्वोऽभावा मर्त्यस्य यदन्तकैतत्", "न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च सम्प्रतिष्ठा", "न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः", "अमृतत्वस्य तु नाशाऽऽस्ति वित्तेन", "आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा। वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः॥"*इत्यादि श्रुतिस्मृतिभ्यः।

इस लोक में कौन-सा विवेकी पुरुष अनित्य थोड़े से सुख के लिए घर आदि में वृथा ही मोह से मरते हुए प्राणियों को सदा देखता हुआ रति करेगा? ॥४१॥

इस लोक में कौन विवेक-विचार-सम्पन्न मनुष्य अनित्य में प्रतिक्षण विनाश होने वाले गृहादि के तुच्छ सुख को, उस तुच्छ सुख वाली वस्तु में गृह, क्षेत्र, धन, पशु, पुत्र, दारा आदि में प्राणियों को सदा मोह से मरते हुए देखकर अनुराग करेगा? 'मोहित मनुष्य इसको देखकर भी नहीं देख पाते हैं', 'ये भोग "कल रहेंगे या नहीं" – इस प्रकार के हैं' (क० उ० १।१।२६), 'इस संसार वृक्ष का जैसा रूप देखने में आता है, वैसा यहाँ मिलता नहीं; क्योंकि इसका न तो आदि है, न अन्त है और न स्थिति ही है' (भ० गी० १५।३), 'मनुष्य को धन से तृप्त नहीं किया जा सकता' (क० उ० १।१।२७), 'धन से तो अमृतत्व की आशा नहीं है' (बृ० उ० २।४।२), 'जो वस्तु आदि और अन्त में असद् रूप है, वह वर्तमान में भी असद् ही मानी जाती है। असद् वस्तुओं के समान होते हुए भी अनात्मज्ञ पुरुषों द्वारा वे सद् रूप समझे जाते हैं' (मा० का० २।६) इत्यादि श्रुति व स्मृतियों से यह बात सिद्ध होती है।

सुखं किमस्त्यत्र विचार्यमाणे गृहेऽपि वा योषिति वा पदार्थे ।
मायातमोऽन्धीकृतचक्षुषो ये त एव मुह्यन्ति विवेकशून्याः ॥४२॥

अत्रास्मिँल्लोके गृहेऽपि वा योषिति वा पदार्थे किं सुखमस्तीति विचार्यमाणे ये मायातमोऽन्धीकृतचक्षुषो माया एव तमो मायातमः, तेन मायातमसाऽन्धीकृतानि चक्षूंषि येषां ते **मायातमोऽन्धीकृतचक्षुषः, विवेकशून्यास्त एव मुह्यन्ति**। ये जनास्तत्र समीचीनत्वं पश्यन्ति शोभनाध्यासात्तेऽविवेकनो मुह्यन्ति। उक्तञ्च स्मृतौ -

"तृष्णालताकाननचारिणोऽमी शाखाशतं काममहीरुहेषु।
परिभ्रमन्तः क्षपयन्ति कालं मनोमृगा नो फलमाप्नुवन्ति॥ (यो.वा. १.२७.७)
गन्धर्वनगराकारविपर्यासविधायिनी। अपाङ्गभङ्गुरोदारव्यवहारमनोरमा॥ (यो.वा. १.२८.१५)
तडित्तरलमालोकमातन्वाना पुनः पुनः। संसाररचना राजन्नृत्तसक्तेव राजते" ॥ (यो.वा. १.२८.१६)

विचार करने पर इस लोक, घर, स्त्री या अन्य वस्तु में क्या सुख है? जो अविद्यारूप अन्धकार में दृष्टिहीन हैं वे विचारहीन पुरुष ही मोह को प्राप्त होते हैं ॥४२॥

यहाँ इस लोक में घर में भी, स्त्री या अन्य वस्तु में क्या कुछ सुख मिलता है ऐसा विचार करने पर, माया ही अन्धकार है, उस माया रूपी अन्धकार द्वारा नेत्रों से जो दृष्टिहीन किए गए हैं वे विचारहीन पुरुष ही मोह को प्राप्त होते हैं। जो लोग वहाँ शोभन अध्यास के कारण

समीचीनत्व देखते हैं, वे अविवेकी मोह को प्राप्त होते हैं।

स्मृति में भी ऐसा कहा गया है -

'जिसमें तृष्णा रूपी लताएँ ही अधिक हैं, ऐसे वन में घूमने वाले ये मन रूपी बन्दर कामरूपी वृक्षों की सैकड़ों शाखाओं में घूमकर व्यर्थ ही आयु क्षीण करते हैं, उन्हें कुछ भी फल प्राप्त नहीं होता' (यो० वा० १।२७।७)।

'कटाक्ष दर्शन के समान क्षणभङ्गुर व्यवहार परम्परा से मनोहर यह संसार रचना कटाक्षपात और क्षणभङ्गुर नयी नयी कारीगरियों से मनोहर नृत्तासक्त नटी के समान अद्भुत गन्धर्व नगर के सदृश अनेक भ्रम उत्पन्न करती है और यह पुन: पुन: बिजली रूप चञ्चल दृष्टि को फैलाती है' (यो० वा० १।२८।१५, १६)।

यत्किञ्चिद्भोग्यं तद्गन्धर्वनगरतुल्यं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यं वर्षबुद्बुदसन्निभं नाशप्रायं सुखाद्धीनमविचारितरमणीयमेतदर्थं विशदयत्यनेन श्लोकेनाविचारितरमणीयमिति -

जो कुछ भी भोज्य है, वह गन्धर्व नगर के समान, सम्पूर्ण विश्व दर्पण में दिखाई देने वाली एक नगरी के समान, वृष्टि बुद्बुद के समान है अर्थात् नाशवान, सुख से शून्य है, विचार न करने पर ही सुन्दर है, इसी अर्थ को इस श्लोक द्वारा स्पष्टतया बताया गया है 'अविचारितरमणीयं' इत्यादि से -

अविचारितरमणीयं सर्वमुदुम्बरफलोपमं भोग्यम् । अज्ञानामुपभोग्यं न तु तज्ज्ञानां भवेद्धितद्भोग्यम् ॥४३॥

अविचारितरमणीयं न विचारितमविचारितमविचारितत्वात्तद्रमणीयमविचारितरमणीयं हेतुगर्भविशेषणं भोग्यस्य। **सर्वं भोग्यमुदुम्बरफलोपमम**ुदुम्बरफलसमानम्। उदुम्बरफलं रमणीयं दृश्यते परन्तु न तद्भोगाय कल्पते तद्वदिदं सर्व**मज्ञानामुपभोग्यम**ज्ञानिनामुपभोग्यं **न तु तज्ज्ञानां** तदुम्बरफलज्ञानां तदुम्बरफलज्ञानिनां **भोग्यं भवेत्**। **हि**शब्दोऽवधारणार्थे। **तद्य**दविचारितरमणीयम्। "तज्ज्ञानां योषिति वा पदार्थे" इति पाठे भोग्ये योषिति वा पदार्थेऽज्ञानामेव भोगबुद्धिर्न तु विवेकिनां तेषां निःसत्त्वादुदुम्बरफलवदित्यर्थः।

विचार न करने पर ही रमणीय मालूम होने वाला, उदुम्बर के फल के समान सर्व भोगने योग्य पदार्थ अज्ञानियों के भोगने योग्य होंगे, उसके स्वरुप को जानने वालों के लिए तो वह उपभोग के योग्य नहीं होता है ॥४३॥

विचार न किए जाने के कारण रमणीय लगने वाले अथवा रमणीय लगने के कारण विचार न होने से भोग के हेतुगर्भ विशेषण हैं। सभी भोग पदार्थ उदुम्बर फल के समान हैं। उदुम्बर फल देखने में सुन्दर लगता है परन्तु उसके भोग की कल्पना नहीं की जा सकती। वैसे ही यह सब भोग्य पदार्थ अज्ञानियों के लिए हैं, न कि उनके लिए जो इसके तत्त्व को जानते हैं। 'हि' शब्द निश्चय अर्थ में है। वैसे ही विचार न किए जाने के कारण रमणीय लगने वाले हैं। 'तज्ज्ञानां योषिति वा पदार्थे' पाठ में स्त्री अथवा अन्य भोग्य वस्तुओं में अज्ञानियों की भोगबुद्धि है, न कि विवेकियों की। उनका नि:सत्व उदुम्बर फल के समान है – ऐसा अर्थ है।

भोग्यपदार्थानां रमणीयत्वमविचारसिद्धमेवेति ज्ञात्वापि कस्मान्नरः तन्न जहातीति दृष्टान्तेनोपपादयन्नाह -

भोग्य पदार्थों का रमणीयत्व अविचार से सिद्ध होने पर, ऐसा जानने पर भी कैसे पुरुष उन्हें नहीं छोड़ता है। दृष्टान्त के द्वारा उसे कहते हैं -

गतेऽपि तोये सुषिरं कुलीरो हातुं ह्यशक्तो म्रियते विमोहात् । यथा तथा गेहसुखानुषक्तो विनाशमायाति नरो भ्रमेण ॥४४॥

यथा कुलीरः कर्कटस्तोये **गतेऽपि विमोहात्सुषिरं** छिद्रं काष्ठपाषाणेषु **हातुं ह्यशक्त**स्तस्मान्म्रियते। **तथैव गेहसुखानुषक्तो नरो**

भ्रमेण विनाशमायाति। गेहादिपदार्था न विनाशनिमित्ताः किन्तु तेषु सुखासक्तिरेव, सैव शोभनाध्यासः समीचीनत्वबुद्धिरित्यर्थः।

जल के चले जाने पर भी गढ़े को त्यागने में असमर्थ कर्कट जैसे मोहवश निश्चय ही मर जाता है, वैसे ही घर के सुख में आसक्त हुआ मनुष्य भ्रम से मृत्यु को प्राप्त होता है ॥४४॥

जैसे कर्कट जल के चले जाने पर भी मोह के कारण काष्ठ, पाषाण में अपने (रहने के) छिद्र को त्यागने में असमर्थ होता है, इसीलिये मर जाता है। वैसे ही घर के सुख में आसक्त हुआ मनुष्य भ्रम से विनाश को प्राप्त होता है[३२]। इसीलिये वे पदार्थ विनाश के निमित्त नहीं हैं अपितु उनमें सुख आसक्ति ही, वह शोभनाध्यास, समीचीनत्व बुद्धि ही निमित्त हैं - ऐसा अर्थ है।

कोशकृमिस्तन्तुभिरात्मदेहमावेष्ट्य चावेष्ट्य च गुप्तिमिच्छन् ।
स्वयं विनिर्गन्तुमशक्त एव संस्ततस्तदन्ते म्रियते च लग्नः ॥४५॥

यथा तथा पुत्रकलत्रमित्रस्नेहानुबन्धैर्ग्रथितो गृहस्थः ।
कदापि वा तान्परिमुच्य गेहाद्गन्तुं न शक्तो म्रियते मुधैव ॥४६॥

यथा कोशकृमिरात्मदेहं स्वदेहस्य **गुप्तिमिच्छन्**, तं रक्षितुमिच्छन्**तन्तुभिरावेष्ट्य चावेष्ट्य** च पुनः पुनः परिवृतः **सन्स्वयमेव विनिर्गन्तुं** बहिर्गन्तु**मशक्तो**ऽसमर्थः **सन् लग्न**स्तल्लग्नः संलग्नोऽव्युत्पन्नचित्त**स्तत**स्तदनन्तरं **तदन्ते** तत्रैव तस्मिन्कोश एव **च** हि **म्रियते**। अनेन दृष्टान्तमुक्त्वा दार्ष्टान्तिकं व्याचष्टे। **तथा गृहस्थः पुत्रकलत्रमित्रस्नेहानुबन्धैर्ग्रथितः** सूत्रित ओतप्रोतः **सन्कदापि तान्परिमुच्य** त्यक्त्वा **गेहात्सं**सारकारागृहा**द्गन्तुं न शक्तः** परिव्राजको भवितुं न शक्तो **मुधैव** तत्र **म्रियते**। **वा**शब्दोऽवधारणार्थे। स न जानाति *"ऋणानुबन्धिनः सर्वे पशुपत्नीसुतादयः। ऋणक्षये क्षयं यान्ति" इति* तेष्वासक्तः सन्बद्धो भवति। आचार्यप्रवरैरेवोक्तम् -

"अत्रानात्मन्यहमिति मतिर्बन्ध एषोऽस्य पुंसः प्राप्तोऽज्ञानाज्जननमरणक्लेशसंपातहेतुः।
येनैवायं वपुरिदमसत्सत्यमित्यात्मबुद्ध्या पुष्यत्युक्षत्यवति विषयैस्तन्तुभिः कोशकृद्वत्॥"

विषिण्वन्ति विषयिणं स्वेन रूपेण निरूप्य सम्बध्नन्तीति विषयाः। अत्र पुत्रादय एव विषयाः। तैर्गृहस्थो बद्धो भूत्वा स्वस्य नाशं प्राप्नोतीत्यर्थः।

रक्षा को चाहता हुआ कोश का कीड़ा अपने शरीर को तन्तुओं से बार-बार लपेट कर आप ही निकलने में असमर्थ होता हुआ तदनन्तर उसके ही भीतर लगा हुआ ही मर जाता है ॥४५॥

जैसे कीड़ा वैसे ही घर का स्वामी, पुत्र, स्त्री तथा मित्र आदि के स्नेह रूप बन्धनों से गूँथा हुआ कभी उनको त्याग कर घर से जाने में समर्थ न होता हुआ वृथा ही मर जाता है ॥४६॥

जैसे कोश का कीड़ा अपनी देह के चारों ओर, उसकी रक्षा की इच्छा करता हुआ तन्तुओं से बार बार स्वयं को ही लपेटकर बाहर निकलने में असमर्थ होता हुआ उसमें भली प्रकार अव्युत्पन्न चित्त से संलग्न होता है। उसके बाद वहीं उसी कोश में ही मर जाता है। इससे दृष्टान्त

[३२] यहाँ विनाश का अर्थ है कि मनुष्य अपने मोक्ष प्राप्ति ध्येय को छोड़कर सुखों में भ्रमित हो जाता है।

को बताकर दार्ष्टान्त को बताते हैं। वैसे ही गृहस्थ पुत्र, स्त्री, मित्र के स्नेहरूप बन्धनों से बँधा हुआ ओत-प्रोत हुआ कभी उनका त्यागकर संसार रूपी कारागृह से निकलकर परिव्राजक होने में समर्थ नहीं होता, वहाँ वृथा ही मर जाता है। 'वा' शब्द निश्चय अर्थ में है। वह नहीं जानता है 'पशु, पत्नी, सुत आदि सभी का स्वामित्व एक ऋण लेने के अनुबन्ध के समान होता है। लिये हुए ऋण की राशि वापिस करने पर ऋण का दायित्व समाप्त हो जाता है उसी प्रकार परिवार के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करने पर दायित्व समाप्त हो जाता है' इनमें आसक्त होकर बद्ध हो जाता है। आचार्यप्रवर द्वारा ही कहा गया है – 'आत्मा से भिन्न इस स्थूल शरीर में अपने अज्ञान से जिनकी अहं बुद्धि होती है, उन पुरुषों को जन्म मरण आदि क्लेशसमूह के कारण बन्धन ही सदा प्राप्त रहता है। जिस बन्धन के होने से वह मनुष्य अनित्य इस स्थूल शरीर को आत्मबुद्धि से सत्य समझ कर रेशम के कीड़े के समान इसका विषयों द्वारा पोषण, सेवन तथा रक्षण करता रहता है' (वि० चू० १३७)।

जो विषयी को भली प्रकार अपने रूप से बाँधने में समर्थ है, उसे विषय कहते हैं। यहाँ पुत्रादि ही विषय हैं। उनके द्वारा गृहस्थ बद्ध होकर स्वयं अपने नाश को प्राप्त होता है।

विषय हमें अपने से बाँध ना पायें - इसके लिए दिन में बार बार अपने को याद दिलायें कि मैं शुद्ध बुद्ध द्रष्टा हूँ और बाहरी विषय, अन्दर अहङ्कार दृश्य मात्र हैं

ननु गृहमेव कारागृहमिति कथं भवतोक्तम्। उच्यते श्लोकद्वयेन कारागृहस्येति -

किन्तु आपके द्वारा बताया गया गृह ही किस प्रकार कारागृह है? दो श्लोकों द्वारा 'कारागृहस्य' इत्यादि से कहते हैं -

कारागृहस्यास्य च को विशेषः प्रदृश्यते साधु विचार्यमाणे ।
मुक्तेः प्रतीपत्वमिहापि पुंसः कान्तासुखाभ्युत्थितमोहपाशैः ॥४७॥

साधु विचार्यमाणे सम्यक्चिन्तितेऽस्य गृहस्य **कारागृहस्य च को विशेषः**? यदा विवेकिजनैः सम्यक्चिन्त्यते तदा भेदः कुत्र **प्रदृश्यते**? **इह** गृहेऽपि **पुंसः** पुरुषस्य **कान्तासुखाभ्युत्थितमोहपाशैः** कान्तायाः समागमैर्यत्सुखं जायते तत्कान्तासमागमसुखं कान्तासुखं तस्मादभ्युत्थितः कान्तासुखाभ्युत्थित उदितो मोहः कान्तासुखाभ्युत्थितमोहः स एव पाशः रज्जुः कान्तासुखाभ्युत्थितमोहपाशस्तैः कान्तासुखाभ्युत्थितमोहपाशैः नानाप्रकारैः **प्रतीपत्वं** प्रतिबन्धः प्रातिकूल्यं **मुक्तेः** सर्वदैव भवति।

अच्छे प्रकार से विचार करने पर इस घर का और कारागार का क्या भेद दिखता है। यहाँ भी स्त्री के समागम से होने वाले सुख में मोह रूप रज्जु समूह द्वारा पुरुष की मुक्ति में प्रतिकूलता सदा ही होती है ॥४७॥

सम्यक् प्रकार से चिन्तन करने पर गृह और कारागृह का क्या भेद है? जब विवेकी लोगों द्वारा सम्यक् प्रकार से चिन्तन किया जाता है तब भेद कहाँ दिखता है? गृह में भी पुरुष का पत्नी के साथ समागम में जो सुख उत्पन्न होता है, अतः पत्नी के साथ सुख बढ़ता है उसमें मोह ही पाश अर्थात् रज्जु है। उस पत्नी के साथ सुख रूपी मोह के पाश से नाना प्रकार से मुक्ति में प्रतिबन्धन प्रातिकूल्य सदा ही होता है।

गृहस्पृहा पादनिबद्धशृङ्खला कान्तासुताशा पटुकण्ठपाशः । शीर्षे पतद्वूर्यशनिर्हि साक्षात्प्राणान्तहेतुः प्रबला धनाशा ॥४८॥

गृहस्पृहा गृहस्य स्पृहोपकरणसाधनसामग्र्याः स्पृहा **पादनिबद्धशृङ्खला** पादयोर्निबद्धा पादनिबद्धा शृङ्खला पाशः पादनिबद्धशृङ्खला। **कान्तासुताशा** कान्तायाः सुतस्य चाशा कान्तासुताशा **पटुकण्ठपाशो**ऽतिदृढः कण्ठस्य पाशः, **प्रबला धनाशा** धनेच्छा, कीदृशी सेत्युच्यते **शीर्षे पतद्वूर्यशनिः,** अनेकोद्यतवज्रसदृशा **साक्षात्प्राणान्तहेतुः। हि**शब्दोऽवधारणार्थे। तस्मान्न कोऽपि भेदो वर्तते गृहे कारागृहे च। उभे बन्धकारणे प्राणान्तकारणे च। तस्माद्यथा कारागृहाज्जना मुक्तिमिच्छन्ति तथैव

गृहादपि मुक्तेराकाङ्क्षा कर्तव्येत्यर्थः। सर्वं द्वैतजातमविद्याप्रत्युपस्थापितं दुःखमेव *"नाल्पे सुखमस्ति", "अथ यदल्पं तन्मर्त्यम्"*, तद्दुःखमित्यादि श्रुत्यर्थमाचार्योपदेशमनु पर्यालोचनं करणीयमेव।

घर की इच्छा चरणों में बँधी हुई सांकल है, स्त्री और पुत्र की आशा अतिदृढ कण्ठ की रस्सी है, बडी भारी धन की आशा माथे पर गिरने वाले बहुत वज्रों के समान प्राणनाश का कारण होती है ॥४८॥

घर की, अन्य साधन सामग्री की इच्छा पैरों में बँधी शृङ्खला रस्सी है। पत्नी तथा पुत्र की आशा अतिदृढ कण्ठ की रस्सी है; धन की इच्छा कैसी है? उसके लिए कहते हैं सिर पर गिरने वाले अनेकों वज्रों के समान प्राणनाश का हेतु है। 'हि' शब्द निश्चय अर्थ में है। इसीलिये गृह तथा कारागृह में भी कोई भेद नहीं कहा गया है। दोनों ही बन्धन तथा प्राणनाश के कारण हैं। इसीलिये लोग जैसे कारागृह से मुक्ति की इच्छा करते हैं वैसे ही गृह से भी मुक्ति की आकाङ्क्षा करना कर्तव्य है ऐसा अर्थ है। अविद्या द्वारा प्रस्तुत सब कुछ द्वैत से उत्पन्न हुआ दुःख ही है 'परिच्छिन्नता में सुख नहीं है' (छा० उ० ७।२३।१), 'जो परिच्छिन्न है, वह मर्त्य है' (छा० उ० ७।२४।१), उस दुःख (निवृत्ति) इत्यादि के लिए श्रुति अर्थ, तथा आचार्य उपदेश का हर प्रकार से मनन ही करना चाहिए।

अथ कामानां दोषा निरूप्यन्ते। इन्द्रियगोचरप्राप्त इष्टे विषये श्रूयमाणे स्मर्यमाणे वानुभूते सुखहेतौ या गर्धिः तृष्णा स कामः; तद्रोमाञ्चनप्रहृष्टनेत्रवदनादिलिङ्गोऽन्तःकरणप्रक्षोभरूपः। आत्मनः प्रतिकूलेषु दुःखहेतुषु दृश्यमानेषु श्रूयमाणेषु स्मर्यमाणेषु वा यो द्वेषः स क्रोधः; तद्गात्रप्रकम्पप्रस्वेदसन्दष्टोष्ठपुटरक्तनेत्रादिलिङ्गरूपः।

अब काम के दोषों का निरूपण करते हैं। इन्द्रिय द्वारा प्राप्त इष्ट विषय, सुने हुए, स्मरण किए हुए अथवा अनुभव किए हुए में सुखहेतु या अत्यधिक तृष्णा वह काम है, वह रोमाञ्च प्रसन्न नेत्र शरीर आदि लिङ्गों व अन्तःकरण में प्रक्षोभ रूप से होता है। अपने प्रति प्रतिकूल, दुःख हेतु - देखे, सुने अथवा स्मरण किए हुए में जो द्वेष है, वही क्रोध है। शरीर में प्रकम्पन, पसीना आना, ओष्ठ फड़फड़ाना, लाल नेत्र – ये इसके लिङ्ग हैं।

कामदोषनिरूपणम्

आशापाशशतेनेति -

'आशापाशशतेन' इत्यादि से -

आशापाशशतेन पाशितपदो नोत्थातुमेव क्षमः कामक्रोधमदादिभिः प्रतिभटैः संरक्ष्यमाणोऽनिशम् ।
संमोहावरणेन गोपनवतः संसारकारागृहान्निर्गन्तुं त्रिविधैषणापरवशः कः शक्नुयाद्रागिषु ॥४९॥

रागिषु पुरुषेषु विषयासक्तेषु कामिष्व**ाशापाशशतेना**शा एव पाशास्तच्छतेनाशापाशशतेन **पाशितपदः** पाशितं पदं यस्य स पाशितपदः। यस्य पादौ विषयाशापाशशतेन बद्धौ स **उत्थातुमेव न क्षमस्त**स्माद्बन्धनादुत्थानस्य विचारोऽपि कर्तुमसमर्थः। कामश्च क्रोधश्च मदश्च कामक्रोधमदा एत आदयो येषां ते कामक्रोधमदादयस्तैः **कामक्रोधमदादिभि**रादिपदेन लोभो मोहो मात्सर्यं च गृह्यन्ते। **प्रतिभटैः** सैनिकै**रनिशं संरक्ष्यमाणः** सं**स्त्रिविधैषणापरवशस्त्रि**विधैषणास्त्रिविधा एषणास्ताभिः परवशस्त्रिविधैषणापरवशः। पुत्रैषणा च वित्तैषणा च लोकैषणा च। पुत्रैषणापदेन दारसङ्ग्रहः कृतः, वित्तैषणापदेन कर्मसाधनानामन्यकारकाणां सङ्ग्रहः, लोकैषणापदेन अनेन कर्म कृत्वा पितृलोकं जेष्यामि, विद्यासंयुक्तेन वा देवलोकम्, पुत्रेणेमं लोकं जेष्यामीति त्रिविधैषणापरवशः **कः** पुरुषः **संमोहावरणेन** सम्यग्मोहः सम्मोह आत्मानात्मविषयकभ्रान्तिस्तदेवावरणं तेन सम्मोहावरणेन **गोपनवतः** संरक्षितात्**संसारकारागृहात्सं**सार एव कारागृहं संसारकारागृहं तस्मात्संसारकारागृहा**न्निर्गन्तुं शक्नुयात्**। न शक्नोति तस्मात् काम एव सर्वलोकशत्रुर्यन्निमित्ता सर्वानर्थप्राप्तिः प्राणिनां वैषयिकी प्रबलेच्छा सा यदा प्रतिहन्यते

तदा क्रोधत्वेन परिणमते। स एव कामो यदा सम्पद्यते तदा लोभोऽभिजायते। तेन विद्यमानवस्तुत्यागासहिष्णुता परद्रव्यादित्सा च भवति। तथा चोक्तम् - *"आशापाशशतैर्बद्धाः", "काम एष क्रोध एष", "त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः। कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥", "एतं वै तमात्मानं विदित्वा ब्राह्मणाः पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति।"* इति।

विषयासक्तों में आशा रूप सैंकड़ों रज्जुओं से जिसका चरण बँधा है, ऐसा उठने में भी असमर्थ, काम क्रोध और मद आदि योद्धाओं द्वारा दिन-रात भली प्रकार से रक्षा किया हुआ, तीन प्रकार की एषणाओं के वशीभूत कौन पुरुष सम्यक्प्रकार मोहरूप आवरण के द्वारा सुरक्षित संसार रूपी कारागार से निकलने में समर्थ हो सकता है? ॥४९॥

विषयासक्त पुरुषों में कामियों में आशा ही रज्जु है, उन सैंकड़ों रज्जुओं से जिसका चरण बँधा है उसे पाशितपद कहते हैं। जिसके दोनों पैर विषय आशा रूपी सैंकड़ों रज्जुओं से बँधे हैं इसीलिये वह बन्धन से उठकर विचार करने में भी असमर्थ है। काम, क्रोध, मद आदि सैनिकों के द्वारा ('आदि' पद से लोभ, मोह तथा मात्सर्य का ग्रहण करना चाहिए) रात दिन भली प्रकार से रक्षा किया हुआ उन तीन प्रकार की एषणाओं - पुत्रैषणा, वित्तैषणा तथा लोकैषणा के आधीन। पुत्रैषणा शब्द से पत्नी आदि ग्रहण करना चाहिए, वित्तैषणा शब्द से कर्म साधनाओं तथा अन्य कारकों का सङ्ग्रह – इस कर्म को करने से पितृलोक प्राप्त करूँगा, उपासना से देवलोक अथवा पुत्र द्वारा इस लोक को जीतूँगा। इस प्रकार तीन प्रकार की एषणाओं के वशीभूत कौन पुरुष सम्यक्प्रकार मोहरूप आवरण आत्मानात्मविषयक भ्रान्ति व उससे होने वाला आवरण सम्यक्प्रकार मोहरूप आवरण से ही संरक्षित संसार रूपी कारागृह से निकलने में समर्थ हो सकता है? समर्थ नहीं हो सकता इसीलिये सभी लोक में काम ही शत्रु है तथा उसके निमित्त से सर्वानर्थ की प्राप्ति होती है। प्राणियों की विषय सम्बन्धी प्रबल इच्छा जब पूर्ण नहीं होती तब वह क्रोध में परिणत हो जाती है। जब वही कामना पूर्ण हो जाती है तब लोभ पैदा होता है। उससे अपने पास उपस्थित (विद्यमान) वस्तु को त्यागने की असमर्थता तथा दूसरों की वस्तु लेने की इच्छा होती है। तथा कहा भी गया है – 'सैकड़ों आशापाशों से बन्धे हुये', 'यह काम ही क्रोध है' (भ० गी० ३।३७), 'काम, क्रोध और लोभ ये आत्मनाश के त्रिविध द्वार हैं, इसलिए इन तीनों का त्याग कर देना चाहिए' (भ० गी० १६।२१), 'ब्राह्मण पुत्र, धन तथा लोक कामना का त्याग करके इस आत्मा को जानकर भिक्षावृत्ति (संन्यास) से निर्वाह करते हैं' (बृ० उ० ३।५।१)।

कामान्धकारेण निरुद्धदृष्टिर्मुह्यत्यसत्यप्यबलास्वरूपे । न ह्यन्धदृष्टेरसतः सतो वा सुखत्वदुःखत्वविचारणास्ति ॥५०॥

यथान्धदृष्टेरन्धा दृष्टिर्यस्य स अन्धदृष्टिस्तस्यान्धदृष्टे**रसतो**ऽविद्यमानवस्तुनः **सतो** विद्यमानवस्तुनो वा **सुखत्वदुःखत्वविचारणा** सुखत्वस्य दुःखत्वस्य च विचारणा **नास्ति**, वस्तुनो ज्ञानाभावे विचाराभावस्तत्र करणमान्द्यं कारणं तथैव **कामान्धकारेण निरुद्धदृष्टिः** काम एवान्धकारः कामान्धकारस्तेन कामान्धकारेण। निरुद्धा दृष्टिर्यस्य स निरुद्धदृष्टि**रसत्यप्यबलास्वरूपे**ऽसति मिथ्या स्त्रीस्वरूपे **मुह्यति**। स पश्यन्नपि कामान्धकारेण विवेकरूपप्रज्ञापहृतत्वाद्विचारासमर्थो मोमुह्यते यथा स्वप्नपदार्थेषु। यथा पुरुषाणां स्त्रीस्वरूपे मोहः प्रदृश्यते तथैव स्त्रीणामपि पुरुषस्वरूपे मोहो वर्तते तस्मान्न कुत्रचिदपि जाग्रद्वस्तुनि शोभनबुद्धिः समीचीनत्वबुद्धिः कर्तव्येत्यर्थः।

कामदेव रूप अन्धकार के द्वारा जिसकी दृष्टि रुक गई है, ऐसा पुरुष वास्तव में सत् न होने पर भी स्त्रीरूप विषय में मोह को प्राप्त होता है। अन्धी दृष्टि वाले को असत् वस्तु या सत् वस्तु के सुख तथा दुःख की विवेक बुद्धि नहीं होती है ॥५०॥

जैसे अन्धा - अन्धी है दृष्टि जिसकी वह अन्धदृष्टि वाला, उस अन्धी दृष्टि वाले को अविद्यमान वस्तु या विद्यमान वस्तु के सुख तथा दुःख का विचार नहीं होता है। वस्तु के ज्ञान अभाव में विचार अभाव होता है, वहाँ करण की मन्दता कारण है, वैसे ही काम ही अन्धकार है, उस अन्धकार के कारण जिसकी दृष्टि निरुद्ध हो गयी है, असत् मिथ्या स्त्री स्वरूप में मोह हो जाता है। जैसे स्वप्न के पदार्थों में विचार नहीं होता, वैसे ही काम अन्धकार के कारण देखने पर भी विवेक रूपी प्रज्ञा अपहृत हो जाती है, इसीलिये विचार की असमर्थता से भारी मोह

हो जाता है। जैसे पुरुष का स्त्री स्वरूप में मोह दिखता है, वैसे ही स्त्री का भी पुरुष स्वरूप में मोह होता है इसीलिये कहीं भी जाग्रत् वस्तु में शोभन बुद्धि समीचीनत्व बुद्धि न करे - ऐसा अर्थ है।

कस्मात्कामः साधकस्य ज्ञानिनश्च नित्यवैरीत्युक्तम्? उच्यते प्रधानमल्लनिबर्हणन्यायेन-

काम साधक तथा ज्ञानी का नित्य वैरी क्यों कहा गया है? प्रथम मल्ल निबर्हण न्याय से कहते हैं -

श्लेष्मोद्गारि मुखं स्रवन्मलवती नासाश्रुमल्लोचनं स्वेदस्रावि मलाभिपूर्णमभितो दुर्गन्धदुष्टं वपुः ।
अन्यद्वक्तुमशक्यमेव मनसा मन्तुं क्वचिन्नार्हति स्त्रीरूपं कथमीदृशं सुमनसां पात्रीभवेन्नेत्रयोः ॥५१॥

यस्मात्पुरुषस्य स्त्रीकामस्य तस्याः प्रत्यत्यन्ताकर्षणं वर्तते तस्मात्तत्र बहून्दोषान्दर्शयन्वैराग्यप्रदर्शनार्थमाह - यस्याः स्त्रिया **मुखं श्लेष्मोद्गारि, नासा स्रवन्मलवत्**युदन्वती **लोचनमश्रुमद**श्रुयुक्तं **वपुः स्वेदस्रावि** स्वेदस्रक्स्वेदमालायुक्तशरीरं **मलाभिपूर्णं** मलैरभिपूर्ण**मभितः** सर्वतो **दुर्गन्धदुष्टं** दुर्गन्धेन दूषितमन्यद्दोषं **वक्तुमप्यशक्यम्। क्वचिन्मनसापि मन्तुं** चिन्तयितुन्नैवा**र्हतीदृशं स्त्रीरूपं सुमनसां** विवेकिनां विचारयुक्तमनसां **नेत्रयोः कथं पात्रीभवेत्**? यैः पुरुषैः स्त्रीणां शरीरं शोभनबुद्ध्या सुखस्वरूपं दृश्यते तेषां वैराग्यार्थमिदं वर्णनम्। नहि निन्दान्यायेनास्य (नहि निन्दा निन्द्यं निन्दितुं प्रवर्ततेऽपि तु विधेयं स्तोतुमिति) प्रयोजनं कामिनां भोगेषु वैराग्यप्रदर्शनार्थम्। मनुष्यकर्तव्यसिद्ध्यर्थं स्त्रीपुरुषाणां शरीरं समानं धर्ममोक्षौ तेन साध्यौ न तु कामभोगैर्जीवनं वृथाकरणीयम्। पुरुषाणां शरीरमपि समानदोषैः स्त्रीभिर्द्रष्टव्यम्। *"कामप्रयुक्तयोः स्त्रीपुरुषयोरन्योन्यसंयोगाज्जगत्सर्वं सम्भूतम्। कामहैतुकमेव* जगत्" इत्यासुरैश्चिन्त्यते।

श्रीराम उवाच -

"मांसपाञ्चालिकायास्तु यन्त्रलोलेऽङ्गपञ्जरे। स्नाय्वस्थिग्रन्थिशालिन्याः स्त्रियाः किमिव शोभनम्॥ (यो.वा.१.२१.१)
त्वङ्मांसरक्तबाष्पाम्बु पृथक्कृत्वा विलोचनम्। समालोकय रम्यं चेत्किं मुधा परिमुह्यसि॥ (यो.वा.१.२१.२)
भूतपञ्चकसङ्घट्टसंस्थानं ललनाभिधम्। रसादभिपतत्वेतत्कथं नाम धियान्वितः॥ (यो.वा. १.२१.३१)
आपातमात्ररमणेषु सुदुस्तरेषु भोगेषु नाहमलिपक्षतिचञ्चलेषु।
ब्रह्मन् रमे मरणरोगजरादिभीत्या शाम्याम्यहं परमुपैमि पदं प्रयत्नात्॥" (यो.वा.१.२१.३६)

ये पुरुषाः स्त्रीणां गृहेषु खरगोऽश्वबिडालभृत्याः *"खरा इव केवलं भारवाहा गावो बलिवर्दा इव नित्यं व्यापारक्लिष्टाः, श्वान इवावमता बिडाला इव कृपणा हिंस्राश्च भृत्या इव* किङ्करास्तेऽनुशोचनीयाः" इति श्रीधरस्वामिना श्रीमद्भागवतपुराणे कथितम्। तथा च -

"त्वक्श्मश्रुरोमनखकेशपिनद्धमन्तर्मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्तवातम्।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढा या ते पदाब्जमकरन्दमजिघ्रती स्त्री॥" (श्रीमद्भागवतम् १०.६०.४५)
"व्यूढायाश्चापि पुंश्चल्या मनोऽभ्येति नवं नवम्। बुधोऽसतीं न बिभृयात्तां बिभ्रदुभयच्युतः॥" (श्रीमद्भागवतम् १०.६०.४८)

मुख लार टपकाने वाला, नासिका टपकते हुए मलवाली, नेत्र आँसुओं से युक्त, शरीर बहते हुए पसीने से युक्त, मल से भरा हुआ सब ओर दुर्गन्ध दूषित; अन्य दोष कहने में भी असमर्थ हैं। किसी दोष के विषय में मन से विचारना भी उचित नहीं है - ऐसा स्त्री का स्वरूप कैसे विचारयुक्त मन वालों के नेत्रों का पात्र हो सकता है? ॥५१॥

जिस पुरुष को स्त्री काम का, उसके प्रति अत्यन्त आकर्षण रहता है इसीलिये वहाँ वैराग्य [को उत्पन्न करने] के लिए बहुत दोष दिखाये

गए हैं। जिस स्त्री का मुख श्लेष्म (कफ) को उगला करता है, नासिका से मल बह रहा है, नेत्र अश्रुयुक्त हैं, शरीर पसीने की माला से युक्त है, मल से भरा हुआ है, सब ओर दुर्गन्ध से दूषित है। अन्य दोष कहने में भी असमर्थ हैं। कभी मन से चिन्तन करना भी उचित नहीं है। ऐसा स्त्री का स्वरूप विवेकियों का विचारयुक्त मन वालों के नेत्रों का कैसे पात्र हो सकता है? जिन पुरुषों द्वारा स्त्री के शरीर को शोभनबुद्धि सुखस्वरूप से देखा जाता है, उनके वैराग्य के लिए यह वर्णन किया जाता है। नहि निन्दा न्याय से इसका (निन्दा करने योग्य की निन्दा, निन्दा करने के लिए भी है किन्तु उसका विधान स्तुति के लिए किया गया है) प्रयोजन कामियों को भोग में वैराग्य दिखाने के लिए है। मनुष्य का कर्तव्य सिद्ध करने में स्त्री पुरुष का शरीर समान है, धर्म और मोक्ष उसके द्वारा साध्य हैं किन्तु जीवन कामभोग में लगाकर वृथा नहीं किया जाना चाहिए। स्त्रियों द्वारा पुरुष शरीर में भी समान दोष देखे जाते हैं। 'काम से युक्त होकर स्त्री पुरुष के आपस में संयोग से सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न होता है, काम ही जगत् का हेतु है' ऐसा असुरों द्वारा चिन्तन किया जाता है।

श्रीराम कहते हैं -
'नस और हड्डियों के ग्रथन से शोभित मांसमयी स्त्री के रथ, गाड़ी आदि के समान चञ्चल शरीर रूप पिंजड़े में, जिसे युवक रमणीय-सा समझते हैं, वह कौन वस्तु है अर्थात् कुछ नहीं है' (यो० वा० १।२१।१)।

'त्वचा, मांस, रक्त और अश्रुजल को अलग करके नेत्र को देखो, यदि वह रमणीय है, तो उस पर आसक्ति करो। यदि रमणीय नहीं है तो क्यों व्यर्थ ही उस पर मोहित होते हो' (यो० वा० १।२१।२)।

'स्त्री क्या है? पाँच भूतों के समुदाय से बना हुआ अंगों का संगठन ही स्त्री है। तनिक भी विवेक वाला पुरुष राग के वशवर्ती होकर उस पर कैसे आसक्त हो सकता है, अर्थात् जो अज्ञानी है उसे सत् समझें पर ज्ञानी उसको कैसे सत् समझेगा' (यो० वा० १।२१।३१)।

'आपाततः भले प्रतीत होने वाले, भँवरे के पँखों की जड़ के समान चञ्चल और जिनसे मुक्त होना बड़ा कठिन है, ऐसे भोगों की, जन्म, मरण बुढ़ापा आदि के भय से, मुझे तनिक भी इच्छा नहीं है; मैं इनसे विरक्त होता हूँ और ऐसा प्रयत्न करूँगा जिससे मुझे परम पद प्राप्त हो जाये' (यो० वा० १।२१।३६)।

जो पुरुष स्त्रियों के गृह में खरग, अश्व, बिडाल, सेवकों 'गधों के समान घर का बोझा ढोनेवाले, बैलों के समान व्यापारों में जुते रहकर कष्ट उठाने वाले, कुत्तों के समान तिरस्कार सहने वाले, बिलाव के समान कृपण और हिंसक तथा दासों के समान स्त्री की सेवा करने वाले वे सब शोक करने योग्य नहीं हैं' श्रीधर स्वामी द्वारा श्रीमद्भागवतपुराण (१०।६०।४४) में कहा गया है। और भी -

'यह मनुष्य का शरीर जीवित होने पर भी मुर्दा ही है। ऊपर से चमड़ी, दाढ़ी-मूँछ, रोएँ, नख और केशों से ढका हुआ है; परन्तु इसके भीतर मांस, हड्डी, खून, कीड़े, मल-मूत्र, कफ, पित्त और वायु भरे पड़े हैं। इसे वही मूढ़ स्त्री अपना प्रियतम पति समझकर सेवन करती है, जिसे कभी आपके चरण अरविन्द के मकरन्द की सुगन्ध सूँघने को नहीं मिली है' (श्रीम० भा० १०।६०।४५)।

'कुलटा स्त्री का मन तो विवाह हो जाने पर भी नये-नये पुरुषों की ओर खिंचता रहता है। बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि वह ऐसी कुलटा स्त्री को अपने पास न रखे। उसे अपनाने वाला पुरुष लोक और परलोक दोनों खो बैठता है, उभय भ्रष्ट हो जाता है' (श्रीम० भा० १०।६०।४८)।

एतेन यथा स्त्रीशरीरेषु वैराग्यं करणीयं तथैव पुरुषशरीरेषु च। तद्वत्स्वदेहेऽपि करणीयमित्युपदेशः। तदेवैकादश-श्लोकैरग्रे विस्तारितम्।

इससे जैसे स्त्री शरीर में वैराग्य करना चाहिए वैसे ही पुरुष शरीर में भी करना चाहिए। वैसे ही अपनी देह में भी करना चाहिए, ऐसा उपदेश है। वह ही ग्यारह श्लोकों द्वारा विस्तार से बताया गया है।

दूरादवेक्ष्याग्निशिखां पतङ्गो रम्यत्वबुद्ध्या विनिपत्य नश्यति । यथा तथा नष्टदगेष सूक्ष्मं कथं निरीक्षेत विमुक्तिमार्गम् ॥५२॥

यथा पतङ्गो दूरादग्निशिखामवेक्ष्य दृष्ट्वा तस्यां **रम्यत्वबुद्ध्या विनिपत्य नश्यति तथा** नष्टदगेष मूढबुद्धिरविवेकी प्रपञ्चरतः **सूक्ष्मं**

विमुक्तिमार्गं कथं निरीक्षेत स्वस्य जीवनं भोगेषु वृथा कृत्वा नश्यतीत्यर्थः।

जैसे पतङ्गा दूर से अग्नि की लौ को रमणीय बुद्धि से देखकर उसमें पड़कर नष्ट हो जाता है, वैसे ही मूढबुद्धि ही सूक्ष्म मुक्ति के उपाय को कैसे देख सकेगा? ॥५२॥

जैसे पतङ्गा दूर से अग्नि की लौ को देखकर रमणीय है इस बुद्धि से उसमें पड़कर नष्ट हो जाता है, वैसे ही मूढबुद्धि अविवेकी जो संसार में रत है इस सूक्ष्म मुक्ति के मार्ग को कैसे देख सकता है? अपने जीवन को भोग में वृथाकर नष्ट हो जाता है।

जीवन भोगों में नष्ट न हो, इसके लिए हमें चाहिए कि अपने आप को अधिकाधिक आध्यात्मिक विषयों में व्यस्त रखें। उपासना, जप, ध्यान के साथ शास्त्रों का अध्ययन एवं अध्यापन करें। प्रारम्भ में विषय भोगों से मन को दूर रखने के लिए यह आवश्यक है। बाद में अभ्यास हो जाने पर भोगों से दूरी बनाने की कोई चिन्ता नहीं रहेगी

कामेन कान्तां परिगृह्य तद्वज्जनोऽप्ययं नश्यति नष्टबुद्धिः। मांसास्थिमज्जामलमूत्रपात्रं स्त्रियं स्वयं रम्यतयैव पश्यति ॥५३॥

तद्वदयं जनोऽपि नष्टबुद्धिः पुरुषः स्त्रीचित्तः **कामेन कान्तां परिगृह्य** मनसाऽपि शोभनबुद्ध्या निगृह्य **नश्यति**। आचार्यप्रवरैरुक्तम् - *"दोषेण तीव्रो विषयः कृष्णसर्पविषादपि। विषं निहन्ति भोक्तारं द्रष्टारं चक्षुषाप्ययम्॥"* यथा पतङ्गोऽग्निशिखां रम्यत्वबुद्ध्या पश्यति तद्व**न्मांसास्थिमज्जामलमूत्रपात्रं** मांसञ्चास्थि च मज्जा च मलश्च मूत्रञ्च मांसास्थिमज्जामलमूत्राणि तेषां पात्रं मांसास्थिमज्जामलमूत्रपात्रं **स्त्रियं स्वयं रम्यतयैव पश्यति** परिगृह्य नश्यति। तद्वत्स्त्रियोऽपि मांसास्थिमज्जामलमूत्रपात्रं पुरुषं रम्यतयैव परिगृह्य नश्यन्ति।

वैसे ही यह मनुष्य भी बुद्धिहीन होता हुआ काम के द्वारा स्त्री को स्वीकार करके नष्ट हो जाता है। मांस, अस्थि, चरबी, विष्ठा और मूत्र की पात्ररूप स्त्री को रमणीय है - इस भाव से ही देखता है ॥५३॥

वैसे ही पुरुष जिसका चित्त स्त्री में लगा हुआ है, मन से भी शोभनबुद्धि से स्त्री को स्वीकार कर नष्ट हो जाता है। आचार्यप्रवर द्वारा कहा गया है - 'काले सर्प के विष से भी अधिक विषयों का दोष अति तीव्र है क्योंकि विष खाने से मनुष्य का नाश होता है; विषय केवल देखने से भी मनुष्य का नाश होता है' (वि० चू० ७७)। जैसे पतङ्गा अग्निलोह को रमणीय बुद्धि से देखता है, वैसे ही मांस, हड्डी, चरबी (मज्जा), विष्ठा और मूत्र में उसकी पात्ररूप स्त्री को रमणीय भाव से स्वीकार करके नष्ट हो जाता है। वैसे ही स्त्रियाँ भी मांस, हड्डी, चरबी (मज्जा), विष्ठा और मूत्र के पात्ररूप पुरुष को रमणीय भाव से स्वीकार कर नष्ट हो जाती हैं।

काम एव यमः साक्षात्कान्ता वैतरणी नदी। विवेकिनां मुमुक्षूणां निलयस्तु यमालयः ॥५४॥

विवेकिनां मुमुक्षूणां बुभुत्सूनां विचारशीलानां **काम एव यमः साक्षा**न्मृत्युः, **कान्ता वैतरणी नदी**, **निलयो** गृहं **तु यमालय** एव भोगालयत्वादिति।

विचारवान् मुमुक्षुओं को काम ही प्रत्यक्ष यम है, सुन्दरी स्त्री वैतरणी नदी है, घर तो यमराज का घर है ॥५४॥

जिज्ञासुओं विचारशीलों का काम ही साक्षात् यमराज मृत्यु, सुन्दरी स्त्री वैतरणी नदी, अपना घर तो यमराज का घर ही है।

सर्वं दुःखं विवेकिनाम् - जिनका विवेक जाग्रत है, उन्हें अध्ययन, अध्यापन, भगवद्प्राप्ति के मार्ग पर किए जाने वाले कार्यों की चिन्ता रहती है। अविवेकी पुरुषों के लिए ऐसी कोई चिन्ता नहीं होती

यमालये वापि गृहेऽपि नो नृणां तापत्रयक्लेशनिवृत्तिरस्ति।
किञ्चित्समालोक्य तु तद्विरामं सुखात्मना पश्यति मूढलोकः ॥५५॥

नृणां यमालयेऽपि वा गृहेऽपि निजगृहे **तापत्रयक्लेशनिवृत्तिस्ता**पानां त्रयं तापत्रयं, तापत्रयात्क्लेशः तापत्रयक्लेशः, तस्मात्तापत्रयक्लेशात्तस्य वा तापत्रयक्लेशस्य निवृत्तिस्तापत्रयक्लेशनिवृत्तिः। यक्षराक्षसाद्युपद्रवा आधिदैविकाः, चोरव्याघ्राद्युपद्रवा आधिभौतिकाः, ज्वरशिरोरोगादयो देहेन्द्रियप्राणमनसामस्वास्थ्यमाध्यात्मिकाः। तेभ्यो **निवृत्तिर्नोऽस्ति** नास्ति। **तु** परन्तु **मूढलोको** मूढजनोऽयं मूढबुद्धिरचेतस**स्तद्विरामं** तापत्रयक्लेशविरामं **किञ्चित्समालोक्य** कदाचित्प्राप्तमीषद्विरामं दृष्ट्वा **सुखात्मना** सुखबुद्ध्या निलयं स्वगृहं **पश्यति**, तस्मिन्सुखबुद्धिं करोतीति भावः।

यम के घर में या निजगृह में तीनों तापों के क्लेश की निवृत्ति नहीं है, किन्तु मन्दबुद्धि पुरुष उसके कुछ विराम को सुखरूप से देखते हैं ॥५५॥

मनुष्यों का यमराज के या अपने घर में तीन प्रकार के तापों के क्लेशों की निवृत्ति तापत्रयक्लेश निवृत्ति है। यक्ष-राक्षस आदि से उपद्रव आधिदैविक; चोर-व्याघ्र आदि से उपद्रव आधिभौतिक; ज्वर, मस्तक पीडा आदि रोग; देह, इन्द्रिय, प्राण, मन का अस्वास्थ्य आध्यात्मिक - इनसे निवृत्ति नहीं है। परन्तु यह मूढ बुद्धि अचेतस् पुरुष उस तापत्रय क्लेश के विराम को, कुछ समय के लिए प्राप्त विराम को देखकर सुख बुद्धि से अपने गृह को देखता है, उसमें सुख बुद्धि करता है - ऐसा भाव है।

यमस्य कामस्य च तारतम्यं विचार्यमाणे महदस्ति लोके ।
हितं करोत्यस्य यमोऽप्रियः सन्कामस्त्वनर्थं कुरुते प्रियः सन् ॥५६॥

लोके विचार्यमाणे सति **यमस्य कामस्य च महत्तारतम्यं** न्यूनाधिक्य**मस्ति** तयोर्भेदो विस्पष्टः। **यमोऽस्याप्रियः सन् हितङ्करोति**। कथम् - तं कर्मानुसारेण दण्डं दुःखं दत्त्वा सन्मार्गगामिनं करोति **कामस्त्वस्य प्रियः सन्ननर्थं कुरुते**। अन्ते काम एव सर्वदुःखानां कारणं भवतीति।

विचार करने पर लोक में यम का तथा काम का बडा तारतम्य है। यम इसका अप्रिय होता हुआ हित करता है किन्तु काम प्रिय होता हुआ अनर्थ करता है ॥५६॥

संसार में विचार दृष्टि से यम तथा काम में न्यूनाधिकभाव है, उन दोनों का भेद बिल्कुल स्पष्ट है। यम इसका अप्रिय है फिर भी हित करता है। कैसे - उसे कर्मानुसार दण्ड का दुःख देकर सन्मार्ग की ओर गमन कराता है। काम तो इसका प्रिय होते हुए भी अनर्थ करता है। अन्त में काम ही सभी दुःखों का कारण है।

यमोऽसतामेव करोत्यनर्थं सतां तु सौख्यं कुरुते हितः सन् ।
कामः सतामेव गतिं निरुन्धन्करोत्यनर्थं ह्यसतां नु का कथा ॥५७॥

यत्र **यमोऽसतामेवानर्थम**निष्टं **करोति तु** किन्तु **सतां हितः** हितैषी **सन्सौख्यं कुरुते**। यमः सद्भ्यः सद्गतिं, स्वर्गाद्युच्चलोकान्प्रयच्छति। **कामस्तु सतामेव** साधुप्रभृतीनां सर्वेषां **गतिं निरुन्धन्ननर्थम**निष्टं **करोति तत्रासताम**सज्जनानां कामिजनानां **का कथा**। कैमुतिक-न्यायेन तेषामस्मिँल्लोके बहुदुःखमतः परं निरयप्राप्तिश्च कथिता। काठकोपनिषदि चोक्तम् - *"पराचः कामाननुयन्ति बालास्ते मृत्योर्यन्ति विततस्य पाशम्। अथ धीरा अमृतत्वं विदित्वा ध्रुवमध्रुवेष्विह न प्रार्थयन्ते॥"* इति।

यम असज्जनों का ही अनिष्ट करता है, किन्तु सज्जनों का हितकारी होता हुआ सुख को करता है। काम निश्चय सत्पुरुषों की ही गति को रोकता हुआ अनिष्ट करता है; फिर असज्जनों का क्या कहना है? ॥५७॥

यहाँ यम असज्जनों का अनिष्ट ही करता है किन्तु सज्जनों का हितैषी है। यम सज्जनों की सद्गति करता है, स्वर्ग तथा उच्च लोकों को देता है। काम तो साधु व्यक्तियों तक सभी की गति को रोककर अनिष्ट करता है। असाधु व्यक्तियों का क्या कहना? कैमुतिक-न्याय से उनको इस लोक में बहुत दुःख तथा इसके पश्चात् नरक (अधोगति) की प्राप्ति कही गयी है। कठोपनिषद् (२।४।२) में भी कहा है – 'अल्पज्ञ पुरुष बाह्य भोगों के पीछे लगे रहते हैं। वे मृत्यु के सर्वत्र फैले हुए पाश में पड़ते हैं। परन्तु विवेकी पुरुष अमृतत्व को ध्रुव जानकर संसार के अनित्य पदार्थों में से किसी की इच्छा नहीं करते'।

विश्वस्य वृद्धिं स्वयमेव काङ्क्षन्प्रवर्तकं कामिजनं ससर्ज । तेनैव लोकः परिमुह्यमानः प्रवर्धते चन्द्रमसेव चाब्धिः ॥५८॥

विधाता प्रजापतिः **स्वयमेव विश्वस्य वृद्धिं काङ्क्षन्निच्छन्प्रवर्तकं** प्रवृत्तिहेतुं **कामिजनं** कामिजीवान्**ससर्ज** सृष्टवान्, **तेनैव** विश्ववृद्धिकाङ्क्षया कामिजनं ससर्ज अत एव **परिमुह्यमानः** परितो मोमुह्यमानः पुनः पुनरतिशयेन च मुह्यमानो **लोकः प्रवर्धते** यथा **चन्द्रमसेवाब्धिः**। यदा मनोमयसृष्ट्या विश्वस्य वृद्धिर्नाभवत्तदा प्रजापतिना ब्रह्मणा मनुष्येभ्यः कामशक्तिर्दत्ता तया लोकः परिमुह्यमान इति यथोक्तम्। तथा च - *"पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भूः"* इति। भगवताप्युक्तम् - *"बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम्। धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ"* इति।

ब्रह्मा ने स्वयं ही विश्व की वृद्धि को चाहते हुए प्रवृत्ति हेतु कामी जीवों की रचना की। उसके द्वारा ही अत्यन्त मोह को प्राप्त हुआ संसार का विस्तार होता है, जैसे चन्द्रमा से समुद्र बढ़ने लगता है ॥५८॥

विधाता प्रजापति ने विश्व की वृद्धि की इच्छा कर प्रवृत्ति के लिए कामी जीवों की रचना की और इस प्रकार वे सब ओर से पुनः पुनः अत्यधिक मोहित होते हैं जैसे चन्द्रमा के द्वारा समुद्र बढ़ने लगता है। जब मनोमय सृष्टि से विश्व की वृद्धि नहीं हुई, तब प्रजापति ब्रह्मा द्वारा मनुष्यों को कामशक्ति दी गयी जिससे विश्व सम्पूर्ण रूप से मोहित होता है - ऐसा कहा जाता है। तथा 'स्वयम्भू (परमात्मा) ने इन्द्रियों को बहिर्मुख करके हिंसित कर दिया है' (क० उ० २।४।१)। भगवान् द्वारा भी कहा गया है – 'हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ अर्जुन! बलवालों में काम और राग से रहित बल मैं हूँ। मनुष्यों में धर्म से अविरुद्ध (धर्मयुक्त) काम मैं हूँ' (भ० गी० ७।११)।

कामसत्त्वे संसारसत्त्वं कामाभावे संसाराभावस्तस्मात्काम एव संसारस्य कारणमित्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां सिद्धत्वात्कथमित्युक्ते उच्यते कामो नामेति।

काम के होने पर संसार होता है, काम के अभाव में संसार का अभाव होता है इसीलिये काम ही संसार का कारण है; अन्वय-व्यतिरेक से सिद्ध होने पर कहते हैं 'कामो नाम' इत्यादि से -

कामो नाम महाञ्जगद्भ्रमयिता स्थित्वान्तरङ्गे स्वयं स्त्रीपुंसावितरेतराङ्गकगुणैर्हास्यैश्च भावैः स्फुटम् ।
अन्योन्यं परिमोह्य नैजतमसा प्रेमानुबन्धेन तौ बद्ध्वा भ्रामयति प्रपञ्चरचनां संवर्धयन्ब्रह्महा ॥५९॥

कामो नाम महानतिशयेन परिवर्धितो **जगद्भ्रमयिता ब्रह्महा** ब्रह्म हन्त्यावृणोतीति ब्रह्महा **स्वयमन्तरङ्गे** हृदि **स्थित्वा** कथम्? वासनारूपेण बुद्धौ स्थित्वा **स्त्रीपुंसौ** स्त्री च पुमांश्च स्त्रीपुंसौ **इतरेतराङ्गकगुणै**रितरेतरशरीरगुणै**र्हास्यैश्च भावै**स्तेषु शरीरावयवेषु सौन्दर्यत्वं शोभायमानत्वं काम्यत्वमाकर्षणं समीचीनत्वमित्यादिभि**रन्योऽन्यं** परस्परं **स्फुटं परिमोह्य** परितो मोहयित्वा **नैजतमसा** निजमेव नैजं 'स्वार्थे अण्' तच्च तमः नैजतमः तेन नैजतमसा स्वस्य तमोगुणेन **प्रेमानुबन्धेन** प्रेम्णानुबन्धेन प्रेमैवानुबन्धस्तेन **बद्ध्वा प्रपञ्चरचनां** प्रपञ्चस्य रचनां **संवर्धयन्भ्रामयति** सर्वान्। तस्मादेवोक्तम् - *"दुःखं सर्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्तयेत्।" "सङ्कल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः।", "प्रजहाति यदा कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान्।" , "काम जानामि ते मूलं सङ्कल्पात्किल जायसे", "ऊर्ध्वबाहुर्विरौम्येवं न च कश्चिच्छृणोति तत्। असङ्कल्पः परं श्रेयः स किमन्तर्न भाव्यते॥"* इत्यादिभिः कामस्यैव संसारं प्रति कारणं तस्य परित्यागेन स्थितप्रज्ञत्वं योगारूढत्वमसंसारित्वञ्चोक्तम् - *"कामान्यः*

*कामयते मन्यमानः स कामभिर्जायते तत्र तत्र। पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्तु इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः ॥"*इति श्रुतेः।

कामदेव जगत को भ्रांति में डालने वाला, हृदय में प्रकृष्ट भाव से स्थित होकर परस्पर शरीर में स्थित गुणों के द्वारा स्फुट हास्यों के द्वारा तथा मानसिक विकारों के द्वारा उन स्त्री-पुरूषों को परस्पर पूर्णरूप से मोहित करके अपने तमोगुण के द्वारा प्रेमरूप रस्सी से बाँधकर सम्पूर्ण सृष्टि को बढाता हुआ ब्रह्म का तिरोधान करने वाला होकर भ्रमण कराता है ॥५९॥

संसार को भ्रान्ति में डालने वाला कामदेव अत्यधिक बढते हुए स्वयं हृदय में स्थित होकर ब्रह्महत्या करता है अर्थात् उसे ढँक देता है। स्वयं हृदय में किस प्रकार से स्थित है? वासना रूप से बुद्धि में स्थित होकर स्त्री और पुरुष के आपस में शरीर के गुणों द्वारा, स्फुट भावों द्वारा उनके शरीर के अंगों में सौन्दर्य, शोभा, काम से होने वाले आकर्षण, समीचीनत्व इत्यादि से परस्पर मोहित करके अपने ही तमोगुण की शक्ति द्वारा तथा [निज के लिये होने के कारण 'अण्' प्रत्यय द्वारा] प्रेमरूप रस्सी से बाँधकर सम्पूर्ण सृष्टि को बढाता हुआ भ्रमण कराता है। इस पर ही कहते हैं – 'सम्पूर्ण द्वैत दुःखरूप है, ऐसा निरन्तर स्मरण करते हुए काम निमित्तक भोग से मन को वैराग्य द्वारा हटावे' (मा० का० ३।४३), 'सङ्कल्प से उत्पन्न हुई समस्त कामनाओं को निःशेषता से अर्थात् लेशमात्र भी शेष न रखते हुए निर्लेपभाव से छोडकर' (भ० गी० ६।२४), 'जिस समय पुरुष मन में स्थित सब कामनाओं को त्याग देता है' (भ० गी० २।५५), 'हे काम! मैं तेरे मूल कारण को जानता हूँ। तू निःसंदेह सङ्कल्प से ही उत्पन्न होता है' (म० भा० शा० प० १७७।२५), 'मैं ऊपर हाथ उठाकर बार-बार ऊँचे स्वर से चिल्लाकर यह कह रहा हूँ, लेकिन कोई उसे सुनता नहीं कि सङ्कल्प त्याग ही परम श्रेय का सम्पादक है, उसकी भावना तुम लोग अपने हृदय में क्यों नहीं करते' (यो० वा० ६।१२६।९४) इत्यादि से पता चलता है कि काम ही संसार का कारण है, उसके त्याग से स्थितप्रज्ञत्व योगारूढत्व असंसारित्व कहा गया है। 'भोगों के गुणों का चिन्तन करने वाला जो पुरुष भोगों की इच्छा करता है वह उन कामनाओं के योग से उनकी प्राप्ति के स्थानों में उत्पन्न होता रहता है। परन्तु जिसकी कामनाएँ पूर्ण हो गयी हैं उस कृतकृत्य पुरुष की तो सभी कामनाएँ इस लोक में ही लीन हो जाती हैं' (मु० उ० ३।२।२) श्रुति से भी यही बात सिद्ध होती है।

सङ्कल्प से जो किया है, वह नया कर्म हो जाएगा और उन्हें भी भोगना पडेगा। अतः प्रारब्ध से जो मिल रहा है, वही करते रहें तथा अन्य कामनाओं का त्याग करें

अतोऽन्तरङ्गस्थितकामवेगाद्भोग्ये प्रवृत्तिः स्वत एव सिद्धा । सर्वस्य जन्तोर्ध्रुवमन्यथा चेदबोधितार्थेषु कथं प्रवृत्तिः ॥६०॥

अतस्तस्मात्कारणात्सर्वस्य जन्तोरन्तरङ्गस्थितकामवेगादन्तरङ्गे हृदि स्थिता अन्तरङ्गस्थितास्ते च कामास्तेषां वेगादन्तरङ्गस्थितकामवेगान्मनोगतानाङ्कामानां वेगात्। *"कामा येऽस्य हृदि श्रिताः"*इति श्रुतेः। **भोग्ये** भोगविषयेषु या **प्रवृत्तिः** सा **स्वत एव सिद्धा। अन्यथा चेन्नोऽबोधितार्थेष्व**ज्ञातविषयेषु **ध्रुवं प्रवृत्तिः कथं** भवेत्। न कोऽपि कामभोगानां ज्ञानार्थेऽध्ययनं करोति। सा प्रवृत्तिस्तु भवत्येव यथा पश्वादिषु दर्शनादित्यर्थः।

अत: सभी जीवों के हृदय में स्थित कामदेव के वेग से भोगने योग्य विषय में प्रवृत्ति अपने आप ही सिद्ध है। यदि ऐसा न हो तो जिनका स्वरुप ज्ञात नहीं है, ऐसे पदार्थों में अवश्य ही प्रवृत्ति कैसे हो सकती है? ॥६०॥

इस कारण से सभी जीवों का अपने हृदय में स्थित काम तथा उसके वेग से 'जब मनुष्य के हृदय में आश्रित प्रत्येक कामना' (क० उ० २।६।१४) श्रुति से भोग विषयों में अपने आप ही प्रवृत्ति सिद्ध है। अन्यथा अज्ञात विषयों में अवश्य ही प्रवृत्ति कैसे होती है? कोई भी कामभोग के ज्ञान के लिए अध्ययन नहीं करता है। फिर भी उसमें प्रवृत्त होते ही हैं जैसे कि पशु आदि में देखा जाता है।

तेनैव सर्वजन्तूनां कामना बलवत्तरा । जीर्यत्यपि च देहेऽस्मिन्कामना नैव जीर्यति ॥६१॥

तेन कामे**नैव सर्वजन्तूना**मिन्द्रादीनामपि **कामना** भोगेच्छा भोगतृष्णा भोगाभिलाषा **बलवत्तरा**त्यन्त-प्रकृष्टा भवति तथा **चास्मिन्देहे जीर्यति** सत्यपि **कामना नैव जीर्यति**। उक्तं च भर्तृहरिणा - *"भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्तास्तपो न तप्तं वयमेव तप्ताः।*

कालो न यातो वयमेव यातास्तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णाः ॥" इति।

उस काम के द्वारा ही सभी प्राणियों की कामना अत्यन्त प्रबल होती है तथा इस शरीर के जीर्ण होने पर भी कामना जीर्ण नहीं होती है ॥६१॥

उस काम के द्वारा ही इन्द्र आदि की भी भोग की इच्छा तृष्णा अभिलाषा अत्यन्त प्रकृष्ट होती है तथा इस देह के जीर्ण होने पर भी भोग इच्छा जीर्ण नहीं होती है। भर्तृहरि द्वारा भी कहा गया है – 'भोगों को हमने नहीं भोगा, बल्कि भोगों ने ही हमें भोग लिया। तपस्या हमने नहीं की, बल्कि हम खुद तप गए। काल (समय) कहीं नहीं गया बल्कि हम स्वयं चले गए। इस सभी के बाद भी कुछ पाने की तृष्णा नहीं गयी (पुरानी नहीं हुई) बल्कि हम स्वयं जीर्ण हो गए' (वै० श० ७)।

अवेक्ष्य विषये दोषं बुद्धियुक्तो विचक्षणः । कामपाशेन यो मुक्तः स मुक्तेः पथि गोचरः ॥६२॥

यो बुद्धियुक्तो विवेकी धीरो **विचक्षणो विषये** सर्वविषयेषु कर्मचितान्विषयभोगाँल्लोकांश्च परीक्ष्य तेषु **दोषं** दोषा**नवेक्ष्य कामपाशेन** काम एव पाशः कामपाशस्तेन कामपाशेन **मुक्तः स मुक्तेः पथि** मार्गे **गोचरो** गन्तव्यदेशारूढो भवतीत्यर्थः। एतैर्बहुभिः श्लोकैः कामस्य हेतुः, स्वरूपम्, कार्यं फलं च विस्तरेण चोदितम्।

जो बुद्धिमान्, विचारवान् पुरुष विषयों में दोष को देखकर काम के पाश से छूट गया, वह मुक्ति के मार्ग पर आरूढ हो गया ॥६२॥

जो विवेकी धीर विचारवान् पुरुष कर्म द्वारा प्राप्त हुए सभी विषयों में भोगों तथा लोकों की परीक्षा कर उनमें दोषों को देखकर काम ही पाश है, उस कामपाश से मुक्त हो जाता है, वह मुक्तिमार्ग में जाने वाले देश में आरूढ हो जाता है। इन श्लोकों द्वारा काम का हेतु, स्वरूप, कार्य तथा फल बहुत विस्तार से बताया गया है।

आरूढ अर्थात् गन्तव्य मार्ग पर चलना प्रारम्भ कर देगा

अधुना कामविजयोपायं वक्ष्यति कामस्येति।

अब काम विजय के उपाय बताते हैं 'कामस्य' इत्यादि से -

कामस्य विजयोपायं सूक्ष्मं वक्ष्याम्यहं सताम् । सङ्कल्पस्य परित्याग उपायः सुलभो मतः ॥६३॥

अहं सतां सत्पुरुषाणां **सूक्ष्मं कामस्य विजयोपायं वक्ष्यामि**। कः सः? **सङ्कल्पस्य परित्यागः सुलभोपायो मतः**। *"असङ्कल्पाज्जयेत्कामं क्रोधं कामविवर्जनात्", "असङ्कल्पः परं श्रेयः", "सङ्कल्पप्रभवान्कामान्"* तस्मात्सङ्कल्पनं त्यक्त्वैव कामविजयः कर्तुं शक्यते नान्यथेति।

मैं सत्पुरुषों के काम के विजय करने के सूक्ष्म उपाय को कहूँगा। सङ्कल्प का त्यागना सहज उपाय माना गया है ॥६३॥

मैं सत्पुरुषों के काम के विजय करने के सूक्ष्म उपाय को कहूँगा। वह क्या है? सङ्कल्प का परित्याग सहज उपाय माना गया है। 'सङ्कल्पों के परित्याग से काम को, कामनाओं के त्याग से क्रोध को [जीत लेना चाहिए]' (श्रीम० भा० ७।१५।२२), 'असङ्कल्प ही परं श्रेय है' (यो० वा० ६।१२६।९४), 'सङ्कल्प से उत्पन्न होने वाली सम्पूर्ण कामनाओं का [सर्वथा त्याग]' (भ० गी० ६।२४) इसीलिये सङ्कल्प को त्याग कर काम पर विजय प्राप्त की जा सकती है, अन्यथा नहीं।

अथैतस्योपायस्य विस्तरेणोपव्याख्यानमाचार्यप्रवरैः क्रियते श्रुत इत्यादिभिः।

इसके बाद आचार्यप्रवर द्वारा उसके उपाय का विस्तार से व्याख्यान किया जाता है 'श्रुते' इत्यादि से -

श्रुते दृष्टेऽपि वा भोग्ये यस्मिन्कस्मिंश्च वस्तुनि । समीचीनत्वधीत्यागात्कामो नोदेति कर्हिचित् ॥६४॥

श्रुते लौकिके वैदिकेऽपि वा परोक्षतया ज्ञाते **दृष्टे** लौकिके प्रत्यक्षतया ज्ञात इहामुत्रार्थफलभोगे **भोग्ये यस्मिन्कस्मिंश्च वस्तुनि** काम्ये **समीचीनत्वधीत्यागात्स**मीचीनत्वं रम्यत्वं भोग्यत्वं तत्प्रकारकधीर्बुद्धिः समीचीनत्वधीस्तस्यास्त्यागात्समीचीनत्व-धीत्यागा**त्कर्हिचित्कामो नोदेति** न जायते। तस्मात्समीचीनत्वधिय एव कामो जायते सा समीचीनत्वधीरेव सङ्कल्प इत्यर्थः।

सुने हुए या देखे हुए जिस किसी भोग के पदार्थ में यह सुन्दर है ऐसी बुद्धि को त्याग देने से किसी समय भी काम उदित नहीं होता है ॥६४॥

लोक में, परलोक में भी अथवा परोक्ष सुने हुए, लोक में प्रत्यक्ष देखे हुए यहाँ अथवा परलोक के फल के भोग में जिस किसी काम्य वस्तु में यह सुन्दर है, रम्य है, भोगने योग्य है ऐसी बुद्धि को त्याग देने से किसी भी समय काम उदित नहीं होता है। उस [भोग्य वस्तु] में 'यह सुन्दर है' वह समीचीनत्व बुद्धि[३३] ही सङ्कल्प है, उस बुद्धि में ही काम उत्पन्न होता है।

कामस्य बीजं सङ्कल्पः सङ्कल्पादेव जायते । बीजे नष्टेऽङ्कुर इव तस्मिन्नष्टे विनश्यति ॥६५॥

सङ्कल्पः समीचीनत्वधिया विषयेच्छा **कामस्य बीजम्**। कामः **सङ्कल्पादेव जायते**। **बीजे नष्टेऽङ्कुर इव** यथा बीजे नष्टेऽङ्कुरो विनश्यति तथा **तस्मिन्स**ङ्कल्पे **नष्टे** कामोऽपि **विनश्यती**ति।

सङ्कल्प काम का बीज है। सङ्कल्प से ही काम उत्पन्न होता है। बीज के नष्ट होने पर अंकुर नष्ट होने के समान काम नष्ट हो जाता है ॥६५॥

समुचित बुद्धि से विषय में इच्छा काम का बीज है। काम सङ्कल्प से ही उत्पन्न होता है। जैसे बीज के नष्ट होने पर अङ्कुर नष्ट हो जाता है वैसे ही सङ्कल्प के नष्ट होने पर काम भी विनष्ट हो जाता है।

प्रारब्ध के सुख तो बिना सङ्कल्प या काम के भी मिलेंगे ही। अतः जैसे दुःख के लिए प्रयत्न नहीं करते, वैसे ही सुख के लिए भी किसी प्रयत्न की आवश्यकता नहीं

न कोऽपि सम्यक्त्वधिया विनैव भोग्यं नरः कामयितुं समर्थः ।
यतस्ततः कामजयेच्छुरेतां सम्यक्त्वबुद्धिं विषये निहन्यात् ॥६६॥

कोऽपि नरः पशुरपि **सम्यक्त्वधिया विना भोग्यं कामयितुं न समर्थः**। **यतो** यस्मादेवं तस्मा**त्कामजयेच्छुः** कामं जेतुमिच्छुः साधको **विषये** काम्ये भोग्यपदार्थे **एतां सम्यक्त्वबुद्धिं निहन्याद्वि**हन्यादिति।

कोई भी मनुष्य यह सम्यक् है ऐसी बुद्धि को छोडकर भोग पदार्थ की कामना करने में समर्थ नहीं है। क्योंकि ऐसा है, इस कारण से काम को जीतने की इच्छा वाले द्वारा भोग्य पदार्थ को अच्छा समझने की बुद्धि को नष्ट कर देना चाहिए ॥६६॥

कोई भी मनुष्य अथवा पशु भी यह सम्यक् है ऐसी बुद्धि को छोड़े बिना भोग पदार्थ की कामना करने में समर्थ नहीं है। क्योंकि ऐसा है इसीलिये काम को जीतने की इच्छा रखने वाले साधक को काम युक्त भोग पदार्थ में सम्यक्त्व (इष्ट अथवा सुख) बुद्धि को नष्ट कर देना चाहिए।

---

[३३] समीचीनत्व बुद्धि केवल भोग्य वस्तुओं के लिए ही नहीं, कभी कभी सुरक्षा में काम आएगा - ऐसा विचार जैसे कोई गरम कपड़ा ठण्ड के समय काम आएगा या यह दवा बीमारी में काम आएगी - यह भी समीचीनत्व बुद्धि है, जो सङ्कल्प है।

भोग्ये नरः कामजयेच्छुरेतां सुखत्वबुद्धिं विषये निहन्यात् । यावत्सुखत्वभ्रमधीः पदार्थे तावन्न जेतुं प्रभवेद्धि कामम् ॥६७॥

कामजयेच्छुर्नरः साधको **भोग्ये विषय एतां सुखत्वबुद्धिं** सम्यक्त्वबुद्धिं शोभनाध्यासं **निहन्याद्धि** यस्माद्**यावत्पदार्थे** विषये **सुखत्वभ्रमधीः** सुखत्वस्य भ्रमः सुखत्वभ्रमस्तद्विषया धीः सुखत्वभ्रमधीर्भ्रान्ति**स्तावत्**स कामं **जेतुं न प्रभवेद्**इति।

काम को जीतने की इच्छा वाला मनुष्य भोग्य पदार्थों में 'यह सुखदायक है' ऐसी बुद्धि को नष्ट कर दे, क्योंकि जब तक पदार्थ में 'यह सुखदायक है' ऐसा भ्रान्ति ज्ञान होता है तब तक काम को जीतने में समर्थ नहीं हो सकता है ॥६७॥

काम को जीतने की इच्छा वाला साधक भोग्य पदार्थों में इस सम्यक्त्व बुद्धि शोभन अध्यास को नष्ट कर दे, क्योंकि जब तक विषय में 'यह सुखदायक है' ऐसा भ्रान्तिज्ञान होता है तब तक वह काम को जीतने में समर्थ नहीं हो सकता है।

पहले सात्विक सङ्कल्प करें जैसे व्रत, पाठ, पारायण, ध्यान, जप में अधिक समय लगायें जिससे तमस् व रजोगुण कम हो जाएँ तभी कामनायें समाप्त होंगी। यद्यपि अन्तिम लक्ष्य ब्रह्मज्ञान ही है, परन्तु उपरोक्त साधनों का सीढ़ी की तरह प्रयोग कर सकते हैं

सङ्कल्पानुदये हेतुर्यथाभूतार्थदर्शनम् । अनर्थचिन्तनं चाभ्यां नावकाशोऽस्य विद्यते ॥६८॥

यथाभूतार्थदर्शनं यथास्ति तथैव दर्शनं यथाभूतार्थदर्शन**मनर्थचिन्तनं** विषयेषु दोषदर्शनं **च सङ्कल्पानुदये** सङ्कल्पस्यानुदये सम्यक्त्वबुद्धेरनुत्पत्तौ **हेतुः** हेतुद्वयं कारण**माभ्यामस्य** कामस्या**वकाशोऽ**वसरो **न** हि **विद्यत** इति।

जिस वस्तु का जो स्वरुप हो उसको वैसा ही देखना तथा उसके द्वारा होने वाले अनर्थ का चिन्तन सङ्कल्प का उदय न होने में हेतु है। इन दोनों से काम को उदय होने का अवसर नहीं मिलता ॥६८॥

वस्तु का जैसा स्वरूप है वैसा ही दर्शन तथा विषयों में दोषदर्शन सङ्कल्प के अनुदय होने से संशय रहित बुद्धि को उत्पन्न नहीं होने देता। इन दोनों कारणों से इस काम को (उदय होने का) अवसर ही नहीं मिलता है।

रत्ने यदि शिलाबुद्धिर्जायते वा भयं ततः । समीचीनत्वधीर्नैति नोपादेयत्वधीरपि ॥६९॥

रत्ने यदि शिलाबुद्धिः पाषाण**बुद्धिर्जायते** एष पाषाण अश्मेति ज्ञात्वा कदापि तस्मिन्नुपादेयत्वबुद्धिर्न भवति **वा**ऽथवा **ततो** **रत्नाद्भयं** जायत एतन्ममानिष्टं करोत्येतस्य ग्रहणे रोगादिप्राप्तिर्धनहानिश्च भवति शनि-मङ्गलादिग्रहाः प्रतिकूला भवन्तीति तस्माद्भयमुत्पद्यतेऽतस्तस्मिन्**समीचीनत्वधीर्नोपादेयत्वधीर्**ग्रहणविषयकधी**रपि नैति** न भवितुमर्हतीति।

रत्न में 'यह पत्थर है' ऐसी बुद्धि या उससे भय हो जाये तब 'यह अच्छा है' ऐसी बुद्धि तथा इसको ग्रहण करना चाहिए ऐसी बुद्धि उदित नहीं होती है ॥६९॥

रत्न में यदि पाषाण बुद्धि हो जाये 'यह पत्थर है' ऐसा ज्ञान होने पर कभी भी उसमें ग्रहण करने की बुद्धि नहीं होती है या जब उस रत्न से भय हो जाये कि 'यह मेरा अनिष्ट करेगा, इसके ग्रहण करने में रोगादि की प्राप्ति तथा धन की हानि होगी, शनि मङ्गल आदि ग्रह प्रतिकूल होंगे'; तब भय उत्पन्न होता है। उसमें यह अच्छा है ऐसी बुद्धि तथा इसे ग्रहण करना चाहिए ऐसी ग्रहण विषयक बुद्धि नहीं होती है।

यथार्थदर्शनं वस्तुन्यनर्थस्यापि चिन्तनम् । सङ्कल्पस्यापि कामस्य तद्वधोपाय इष्यते ॥७०॥

तस्मात्कारणा**द्वस्तुनि** भोगवस्तुनि **यथार्थदर्शनं** यथार्थो विद्यते तथैव दर्शनं यथार्थदर्शनं *"प्रकृतेरन्यथा भावो न कथञ्चिद्भविष्यति"* इति ज्ञानेन नान्यथादर्शनमपि **चानर्थस्यापि चिन्तनं** कर्तव्यम् *"असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु"*, *"जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्"*, *"ये हि संस्पर्शजा भोगाः दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः ॥"* यः कामक्रोधोद्भवं वेगं प्राक्शरीरविमोक्षणात्सोढुं शक्नोति स एव नरो युक्तः सुखी। युक्तितश्च तेषु विषयेष्वाद्यन्तवत्त्व-

बहुवित्तव्यय-आयाससाध्यत्व-विपरिणति-विरसत्वादिदोषान्पुनः पुनः विषयेषु पश्यतः पुरुषस्य तत्र वैराग्यमुपजायते। तेन 'इदं मदिष्टसाधनम्' इति बुद्धेः **सङ्कल्पस्य कामस्यापि** श्रुतियुक्तिभ्यां **तद्वधोपायः** कामवधोपाय **इष्यत** इति।

इस कारण से वस्तु के स्वरूप का यथार्थ दर्शन तथा अनर्थ का चिन्तन; सङ्कल्प तथा काम को नाश करने का उपाय माना जाता है ॥७०॥

इस कारण से भोग वस्तु में यथार्थ दर्शन अर्थात् जो वास्तविक स्वरूप है वैसा ही देखना 'कोई भी वस्तु अपने स्वभाव के विपरीत नहीं हो सकती है' (मा० का० ३।२१) इस ज्ञान से यथार्थ दर्शन तथा अनर्थ चिन्तन का विचार करना कर्तव्य है। 'आसक्ति रहित होना, पुत्र, स्त्री, घर आदि में एकात्मता (घनिष्ठ सम्बन्ध) न होना' (भ० गी० १३।१०), 'जन्म, मृत्यु, वृद्धावस्था तथा व्याधियों में दुःखरूप दोषों को बार-बार देखना' (भ० गी० १३।९), 'हे कौन्तेय! इन्द्रियों तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले जो भोग हैं वे दु:ख के ही हेतु हैं, क्योंकि वे आदि-अन्त वाले हैं। बुद्धिमान् पुरुष उनमें रमण नहीं करता' (भ० गी० ५।२२)। इस मनुष्य शरीर में जो कोई (मनुष्य) शरीर छूटने से पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ होता है, वह नर योगी है और वही सुखी है। युक्ति से भी उन विषयों में जो आदि-अन्त वाले हैं, बहुत धन व्यय तथा बहुत आयास से प्राप्त होने वाले हैं, परिवर्तनशील स्वभाव वाले तथा विरस हैं आदि दोषों को पुनः पुनः विषयों में देखकर पुरुष का वहाँ वैराग्य उत्पन्न होता है। इसे श्रुति तथा युक्तियों से भी 'यह मेरे लिए इष्ट का साधन है' बुद्धि से सङ्कल्प का तथा काम के नाश का उपाय माना जाता है।

धनदोषनिरूपणम्

धनं भयनिबन्धनं सततदुःखसंवर्धनं प्रचण्डतरकर्दनं स्फुटितबन्धुसंवर्धनम् ।
विशिष्टगुणबाधनं कृपणधीसमाराधनं न मुक्तिगतिसाधनं भवति नापि हृच्छोधनम् ॥७१॥

धनं भयनिबन्धनं भयस्य निबन्धनं कारणम्, **सततदुःखसंवर्धनं** सततं दुःखस्य संवर्धनं परिवर्धनं पोषणम्, **प्रचण्डतरकर्दनं** प्रचण्डतर-प्रस्तोभनं विडम्बनं वा, **स्फुटितबन्धुसंवर्धनं** स्फुटितः खण्डितो बन्धुर्येन स स्फुटितबन्धुस्तस्य संवर्धनं स्फुटितबन्धुसंवर्धनम्, येन धनेन बान्धवा अवभिन्नाः, यद्भ्रातृणां परस्परभेदभावनां स्पर्धा द्वेषादिं वर्धयति यथा पाण्डव-कौरवाणाम्, **विशिष्टगुणबाधनं** विशिष्टानां गुणानां बाधनं बाधकं प्रतिबन्धकम्, **कृपणधीसमाराधनं** कृपणानां बुद्धिः कृपणधीस्तासां समाराधनं सेवनं धनं **मुक्तिगतिसाधनं न भवति नापि हृच्छोधनं** हृदः शोधनं चित्तशुद्धिसाधनमपि न भवति। आचार्यप्रवैरुक्तम् - *"अर्थमनर्थं भावय नित्यं नास्ति ततः सुखलेशः सत्यम्। पुत्रादपि धनभाजां भीतिः सर्वत्रैषा विहिता रीतिः॥"* तथा चैषा धनसम्पत्तिः *"लहरीवैकरूपेण पदं क्षणमकुर्वती। चला दीपशिखेवाऽतिदुर्ज्ञेयगतिगोचरा॥" (यो. वा. १.१३.१८)* इति॥

भय के कारण सदा दुःख को बढ़ाने वाला, बड़ी भारी विडम्बना देने वाला, भाईयों के परस्पर भेदभाव को बढ़ाने वाला, श्रेष्ठ गुणों में बाधा डालने वाला, कृपण की बुद्धि की सेवा करने वाला धन मुक्ति पाने का साधन नहीं होता है तथा हृदय को शुद्ध करने वाला नहीं होता है[३४] ॥७१॥

धन भय का कारण है, निरन्तर दु:ख को बढ़ाने तथा पोषण करने वाला है, बड़ी भारी विडम्बना को देने वाला है, भाइयों के परस्पर भेदभाव को बढ़ाने वाला, वह धन जिसके कारण सम्बन्ध टूट जाते हैं, वह धन जो भाइयों की परस्पर भेद भावना स्पर्धा, द्वेष आदि को बढ़ाता है, जिससे बन्धु स्वयं को एक-दूसरे से भिन्न देखते हैं जैसे पाण्डव-कौरव, जो श्रेष्ठ गुणों में बाधा डालने से बाधक अथवा प्रतिबन्धक होने

[३४] धन श्रेष्ठ गुणों में बाधक किस प्रकार है? जिसके पास धन है, वह इसी को महत्व देते हैं और अन्य गुणों के संवर्धन में तत्पर नहीं हो पायेंगे। दूसरा अभिमान के कारण श्रेष्ठ गुणों को प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं समझते। इसीलिए धन मुक्ति का साधन नहीं होता।

वाला, कृपण बुद्धि वालों द्वारा सेव्य धन, हृदय शोधन अथवा चित्तशुद्धि का साधन नहीं होता है। आचार्यप्रवर द्वारा कहा गया है – 'धन अकल्याणकारी है और इससे जरा सा भी सुख नहीं मिल सकता है, ऐसा विचार प्रतिदिन करना चाहिए। धनवान् व्यक्ति तो अपने पुत्रों से भी डरते हैं ऐसा सबको पता ही है' (भ० गो० २९) तथा यह धन सम्पत्ति 'अति चपल होने के कारण क्षण भर भी एक स्थान पर न रहने वाली यह जल तरङ्ग और दीपशिखा से भी बढ़कर भङ्गुर है और अनगिनत दुर्दशाओं की जननी है' (यो० वा० १।१३।१८)।

राज्ञो भयं चौरभयं प्रमादाद्भयं तथा ज्ञातिभयं च वस्तुतः । धनं भयग्रस्तमनर्थमूलं यतः सतां नैव सुखाय कल्पते ॥७२॥

धनं भयग्रस्तं भयेन ग्रस्तमावृतं तथा **चानर्थमूलम्**। कथम्? उच्यते - यतो यस्मा**द्राज्ञो भयं वस्तुत** आयकराधिकारिणो भयं **चौरभयं** चौराद्भयम्, **प्रमादाद्भयं तथा ज्ञातिभयं** ज्ञातिजनानां भयम्। सर्वे ज्ञातिजना धनस्य बान्धवा न तु पुरुषस्य। **यतो** यस्मादेवं तस्मात्**सतां** त**न्नैव सुखाय कल्पते** न सुखदायकं सिद्ध्यति। भर्तृहरिणा चोक्तम् - *"भोगे रोगभयं कुले च्युतिभयं वित्ते नृपालाद्भयम्"* इति।

राजा से भय, चोरों का भय, असावधानी से भय, वैसे ही सम्बन्धी से भय, वास्तव में अनर्थों की जड़, धन भय से ग्रसा हुआ है, इसीलिए वह सत्पुरुषों के सुख के लिए कभी सिद्ध नहीं होता है ॥७२॥

धन भय से ग्रस्त जकड़ा हुआ तथा अनर्थ की मूल है। कैसे? इस पर कहते हैं क्योंकि राजा से भय, वास्तव में आयकर अधिकारियों से भय, चोरों से भय, असावधानी से तथा सम्बन्धियों से भय होता है। सभी सम्बन्धी जन धन के बन्धु हैं न कि (धनी) पुरुष के। क्योंकि ऐसा है इसीलिये सत्पुरुष उसे सुखदायक नहीं मानते। भर्तृहरि द्वारा भी कहा गया है – 'भोग विलास करने वाले व्यक्तियों को रोग लगने का भय होता है, एक कुलीन व्यक्ति को अपनी प्रतिष्ठा (इज्जत) गिरने का भय होता है ऐसे ही एक धनवान् व्यक्ति को राजा से कर आदि लगाये जाने का भय होता है' (वै० श० ३१)।

अर्जने रक्षणे दाने व्यये वापि च वस्तुतः। दुःखमेव सदा नृणां न धनं सुखसाधनम् ॥७३॥

अर्जने रक्षणे दाने वा व्ययेऽपि वस्तुतः सदा सर्वदा हि **धनं नृणां** मनुष्याणां **दुःखं** दुःखप्रदं **न** तु **सुखसाधनमि**त्यर्थः। तथा च - *"अर्थानामर्जने क्लेशस्तथैव परिपालने। नाशे दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थान् क्लेशकारिणः॥"* इति।

वास्तव में तो इकट्ठा करने में, रक्षा करने में, देने में या व्यय करने में भी सर्वदा ही धन मनुष्यों को दुःखरूप ही होता है सुख का साधन नहीं होता है ॥७३॥

धन इकट्ठा करने में, रक्षा करने में, दान करने में या खर्च करने में वास्तव में सर्वदा ही मनुष्यों को दुःख देता है, सुख का साधन नहीं होता है। तथा 'धन अर्जित करने में दुःख भोगना पड़ता है और उसकी रक्षा करने में भी दुःख ही होता है। उसका नाश होने पर दुःख होता है और व्यय होने पर भी दुःख होता है। धिक्कार है ऐसे कष्टकर धन संचय की प्रवृत्ति को' (प० द० ७।१३९)।

सतामपि पदार्थस्य लाभाल्लोभः प्रवर्तते। विवेको लुप्यते लोभात्तस्मिँल्लुप्ते विनश्यति ॥७४॥

सतामपि सत्पुरुषाणां साधूनामपि कदाचित्**पदार्थस्य लाभाल्लोभः प्रवर्तते। लोभाद्विवेको लुप्यते**। कस्मिन्विषय इत्युच्यते प्रवृत्तिं कर्मयोगं निवृत्तिं ज्ञाननिष्ठाम्, कार्यं विहितमकार्यं निषिद्धम्, भयं भयहेतुरज्ञानम्, अभयं तस्य हेतुर्ब्रह्मात्मैक्यज्ञानं च, लोभादेतत्-सर्वं लुप्यते **तस्मिँल्लुप्ते** स्वयमेव **विनश्यति**।

सत्पुरुषों को भी पदार्थ के लाभ से लोभ प्रवृत्त होता है, लोभ से विवेक लुप्त हो जाता है, जिसके नष्ट होने पर स्वयं नष्ट हो जाता है ॥७४॥

सत्पुरुषों साधुओं को भी कभी पदार्थ के लाभ से लोभ होता है। लोभ से विवेक लुप्त हो जाता है। किस विषय का [विवेक]? इस पर कहते हैं – कर्मयोग तथा ज्ञाननिष्ठा में से किसमें प्रवृत्ति अथवा निवृत्ति, विहित कार्य करना तथा निषिद्ध कार्य न करना, भय तथा भय का हेतु

अज्ञान तथा अभय, ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान, उसका हेतु - लोभ से ये सब लुप्त हो जाता है। जिसके लुप्त होने पर वह स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

दहत्यलाभे निःस्वत्वं लाभे लोभो दहत्यमुम्। तस्मात्सन्तापकं वित्तं कस्य सौख्यं प्रयच्छति ॥७५॥

धन**स्यालाभे निःस्वत्वं** निर्धनोऽस्मीति वृत्तिर्धनहीनत्वं **दहत्यमुं** दरिद्रं **लाभे लोभो** दहति धनिनं **तस्माद्वित्तं** धनं **सन्तापकं** क्लेशकारि **कस्य सौख्यं प्रयच्छति**। भावाभावयोरुभयोः पक्षे धनं दुःखकारणमित्यर्थः।

धन न मिलने पर निर्धनता जलाती है, मिलने पर इसको लोभ जलाता है। इस कारण सन्तापकारी धन किसे सुख देता है? ॥७५॥

धन के न मिलने पर 'मैं निर्धन हूँ', ऐसी धन न होने की वृत्ति दरिद्र को जलाती है। मिलने पर धनी को लोभ जलाता है। इसीलिये धन क्लेशकारी है, किसको सुख देता है? होने या न होने पर दोनों ही स्थितियों में धन दुःख का कारण है।

भोगेन मत्तता जन्तोर्दानेन पुनरुद्भवः। वृथैवोभयथा वित्तं नास्त्येव गतिरन्यथा ॥७६॥

भोगेन जन्तोर्मत्तताऽऽयाति **दानेन पुनरुद्भवः** पुनर्जन्मप्रसङ्गः। ननु *"यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्"* इति भगवतोक्तमतः कथं दानेन पुनरुद्भवः। उच्यते - दानकर्मणोऽनित्यफलवत्त्वात्। दानेन पुण्योत्पत्तिः स्वीकृता न त्वपुनरावृत्तिः। इत्यु**भयथा**पि **वित्तं वृथैव** निरर्थकं न मोक्षं प्रति तस्य साधनत्व**मन्यथा गति**र्नास्त्येवेति भावः।

भोग से प्राणी को उन्मत्तता आती है, दान से पुनर्जन्म होता है - दोनों प्रकार से धन निरर्थक ही है। इसकी अन्य कोई भी गति नहीं है ॥७६॥

धन के भोग से उन्मत्तता आती है, दान से पुनर्जन्म होता है। किन्तु 'यज्ञ, दान और तपरूप कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिए, प्रत्युत उनको तो करना ही चाहिए' (भ० गी० १८।५) भगवान् द्वारा ऐसा कहा गया है, फिर कैसे दान से पुनर्जन्म होता है? दान को कर्म का अङ्ग होने से तथा कर्म का फल अनित्य होने के कारण ऐसा कहते हैं। दान से पुण्य की उत्पत्ति स्वीकार की गयी है, फिर पुनर्जन्म न होना स्वीकार नहीं किया गया है। इसीलिये दोनों प्रकार से धन निरर्थक ही है, उसका मोक्ष के लिए साधन न होना तथा अन्य कोई गति नहीं है - ऐसा भाव है।

धनेन मदवृद्धिः स्यान्मदेन स्मृतिनाशनम्। स्मृतिनाशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति[३५] ॥७७॥

स्पष्टोऽर्थः। स्मृतिः शब्देन धर्माधर्मविवेकविज्ञानं तस्य नाशाद्बुद्धिनाशः कार्याकार्यविषयविवेकायोग्यता तेन ह्यात्महा भवतीत्यर्थः।

धन से मद की वृद्धि होगी, मद से स्मृति का नाश [होगा], स्मृति के नाश से बुद्धि का नाश तथा बुद्धि के नाश से स्वतः नाश को प्राप्त हो जाता है ॥७७॥

अर्थ स्पष्ट है। स्मृति शब्द से धर्म-अधर्म के विवेक का विज्ञान, उसके नाश से बुद्धि नाश, कार्य-अकार्य के विषय में विवेक करने की अयोग्यता, उससे ही स्वयं का नाश होता है।

---

[३५] *यहाँ विनाश का अर्थ है कि मनुष्य अपने मोक्ष प्राप्ति ध्येय को छोड़कर सुखों में भ्रमित हो जाता है।*

सुखयति धनमेवेत्यन्तराशापिशाच्या दृढतरमुपगूढो मूढलोको जडात्मा।
निवसति तदुपान्ते सन्ततं प्रेक्षमाणो व्रजति तदपि पश्चात्प्राणमेतस्य हृत्वा ॥७८॥

धनं सुखयति धनं ममेष्टं संहर्षणं मह्यं सुखमवश्यं दास्य**तीत्यन्तराशापिशाच्या**न्तराशा मनस आशैव पिशाची प्रेतरूपाऽदृष्टरूपा दुःखदायिन्यन्तराशापिशाची तयाऽन्तराशापिशाच्या **दृढतरमुपगूढः** कृतालिङ्गनः परिवेष्टितः परिरब्धो **जडात्मा मूढलोकस्तदुपान्ते**ऽत्यन्तसमीपे **सन्ततं** निरन्तरं **प्रेक्षमाणो**ऽन्वीक्षमाणो **निवसति** तत्पश्चात्किञ्चित्कालानन्तरं **तद्धनमप्येतस्य प्राणं हृत्वा व्रजति** देहं जीवात्मानञ्च त्यक्त्वाऽऽन्यत्र गच्छतीत्यर्थः। धनाशैव दुर्दशायाः कारणं भवति।

धन अवश्य ही सुख देता है ऐसी मन के भीतर की आशारूप पिशाची अत्यन्त दृढता के साथ आलिङ्गन कर जड़ता को प्राप्त हुआ मूढ पुरुष धन की ओर निरन्तर देखता हुआ निवास करता है। बाद में वह धन ही इसके प्राण हरकर चला जाता है ॥७८॥

धन जो मेरा इष्ट है - हर्ष, सुख अवश्य देगा। ऐसी जो हृदय में आशा होती है, वह पिशाची प्रेतरूपा दुःखदायिनी है। हृदय में पिशाची रूप उस आशा द्वारा चारों ओर से आलिङ्गन किया हुआ, जड़ता को प्राप्त हुआ मूढ पुरुष धन को अत्यन्त समीप से निरन्तर देखता हुआ कुछ समय के बाद वह धन ही इसके प्राण हरकर जीवात्मा के देह को त्याग कर दूसरे स्थान पर चला जाता है। धन की आशा ही दुर्दशा का कारण होती है।

सम्पन्नोऽन्धवदेव किञ्चिदपरं नो वीक्षते चक्षुषा सद्भिर्वर्जितमार्ग एव चरति प्रोत्सारितो बालिशैः।
तस्मिन्नेव मुहुः स्खलन्प्रतिपदं गत्वान्धकूपे पतत्यस्यान्धत्वनिवर्तकौषधमिदं दारिद्र्यमेवाञ्जनम् ॥७९॥

सम्पन्नो धनधान्यपशुपुत्रादिसम्पन्नो**ऽन्धवदेवा**न्धेन सदृशो**ऽपरं किञ्चिच्चक्षुषा न वीक्षते** न वेत्ति। सर्वदा सदैव धनकामनावान्येन केन प्रकारेण धनप्राप्त्युपायान्प्रत्येव जागरूकः, **सद्भिः** सत्पुरुषै**र्वर्जितमार्गे** वर्जिते मार्गे धनसम्पत्तौ दोषदर्शनं कृत्वा त्याज्ये मार्ग एव **बालिशै**र्बुद्धिविकलाङ्गैः **प्रोत्सारितः** सञ्चरति। **तस्मिन्नेव** मार्गे **प्रतिपदं मुहु**र्मुहुः **स्खलन्**प्रच्यवन् **गत्वाऽन्धकूपे** विपत्तावुपप्लवे **पतति**। **तस्यान्धत्वनिवर्तक**मन्धत्वस्य निवर्तक**मौषधमिदम्** - किम्? उच्यते। इदं **दारिद्र्यमेवाञ्जनमौ**षधम्। अस्यायमर्थः - यदा धनेनान्धो भवति तदा स शिष्टाचारस्य सामाजिकमर्यादायाः सदाचारस्य स्वधर्माचारस्य च नियमानुल्लङ्घते स्वस्य प्राणानपि त्यक्त्वा परमपुरुषार्थहीनो भवति। तस्यापेक्षयोचितमेव दारिद्र्यं येन धनमदान्धत्वरोगनिवृत्तिर्भवतीत्यर्थः।

सम्पन्न व्यक्ति अन्धे के समान ही चक्षु से कुछ नहीं देखता है, मूर्खों द्वारा उकसाया हुआ सत्पुरुषों के त्यागे हुए मार्ग में विचरता है। उस मार्ग में ही हर कदम पर बार-बार ठोकरें खाता हुआ जाकर अन्धकूप समान विपत्ति में पड़ता है। उसके अन्धेपन को दूर करने वाली यह निर्धनता अञ्जन नामक औषधि ही है ॥७९॥

धन-धान्य, पशु-पुत्रादि से सम्पन्न मनुष्य अन्धे के समान चक्षु से और कुछ नहीं देखता अथवा जानता है। सदा ही धन की कामना, जिस किसी भी प्रकार धन प्राप्ति के उपाय के प्रति ही जागरूक रहता है। सत्पुरुषों द्वारा वर्जित मार्ग में, धन-सम्पत्ति में दोषदर्शन करके त्यागने योग्य मार्ग में ही विकलाङ्ग बुद्धि वाले लोगों द्वारा उकसाया हुआ विचरता है। उस मार्ग में ही हर एक पग पर बार-बार गिरता हुआ अन्धकूप समान विपत्ति में गिर पड़ता है। उसके अन्धेपने को दूर करने के लिए यह क्या औषधि है? इस पर कहते हैं कि यह निर्धनता ही अञ्जन औषधि है। इसका यह अर्थ है – जब धन से अन्धा होता है तब वह शिष्टाचार, समाज की मर्यादा, सदाचार, स्वधर्म आचरण तथा नियम उल्लङ्घन करते समय अपने प्राणों को भी त्यागकर परं पुरुषार्थ से हीन होता है। उसकी अपेक्षा दारिद्र्य उचित ही है जिससे धन मद के अन्ध रोग की निवृत्ति होती है।

धन सम्पन्न व्यक्ति यह मानकर चलता है कि यह धन मेरी रक्षा करेगा। किन्तु यदि ईश्वर के शरणागत हो जायें तो ईश्वर, शास्त्र, धर्म, पुण्य मेरी रक्षा करेंगे - ऐसा विचार रहेगा। इसी को यहाँ दारिद्र्य कहा गया है - इसका अर्थ अपरिग्रह समझना चाहिए

लोभः क्रोधश्च दम्भश्च मदो मत्सर एव च। वर्धते वित्तसम्प्राप्त्या कथं तच्चित्तशोधनम् ॥८०॥

वित्तसम्प्राप्त्या लोभः क्रोधश्च दम्भश्च मदश्च मत्सरश्च एव वर्धते तद्धनं चित्तशोधनं चित्तशुद्धेः साधनं **कथं** भवेत्, न कदापि भवेदित्यर्थः।

अधिक धन प्राप्त होने से लोभ, क्रोध, दम्भ, मद तथा मत्सर बढ़ता ही है वह चित्त की शुद्धि का कारण कैसे हो सकता है? ॥८०॥

जिस धन के अधिक होने से लोभ, क्रोध, दम्भ, मद तथा मत्सर बढ़ता ही है वह धन चित्तशुद्धि में कैसे साधन हो सकता है अर्थात् कभी भी नहीं हो सकता – ऐसा अर्थ है।

अलाभाद्द्विगुणं दुःखं वित्तस्य व्ययसम्भवे। ततोऽपि त्रिगुणं दुःखं दुर्व्यये विदुषामपि ॥८१॥

वित्तस्य व्ययसम्भवेऽलाभाद्द्विगुणं दुःखं भवति। **दुर्व्यये** तु **विदुषामपि ततोऽपि त्रिगुणं दुःखं** भवति। तस्माद्धनं दूरात्त्यजेदित्यर्थः।

धन के व्यय की सम्भावना होने पर, न मिलने से दूना दुःख होता है। अनुचित रीति से व्यय हो जाने पर उससे भी तीन गुणा दुःख होता है, विद्वानों को भी ॥८१॥

धन के व्यय की सम्भावना होने पर, धन न मिलने के दुःख से भी दूना दुःख होता है। किन्तु इसके अनुचित रीति से व्यय हो जाने पर विद्वानों को भी उससे भी तीन गुणा दुःख होता है। इसीलिये धन को दूर से ही त्याग देना चाहिए।

नित्याहितेन वित्तेन भयचिन्तानपायिना। चित्तस्वास्थ्यं कुतो जन्तोर्गृहस्थेनाहिना यथा ॥८२॥

भयचिन्तानपायिना भयञ्च चिन्ता च भयचिन्ते, तेऽनपायितयाऽनिवार्यतया यस्मिन्वर्तेते तद्भयचिन्तानपायि, तेन भयचिन्तानपायिना **नित्याहितेन** नित्यं सर्वदाऽहितेनऽहितकारिणा **वित्तेन जन्तोर्चित्तस्वास्थ्यं** चित्तस्य स्वास्थ्यं मनःशान्तिः **कुतो**ऽस्ति। **यथा** गृहस्थेन गृहे तिष्ठतीति गृहस्थस्तेन **गृहस्थेनाहिना**। यथा यस्य गृहेऽहिर्वसति तस्य शान्तिः कदापि न सम्भवति तथैव यस्य गृहे धनं तस्यापीत्यर्थः।

भय तथा चिन्ता से युक्त सदा अहितकारी धन से प्राणी को घर में स्थित सर्प होने के जैसे चित्त की स्वस्थता कहाँ है? ॥८२॥

भय तथा चिन्ता से युक्त, नित्य सदा अहितकारी धन से प्राणियों के मन को शान्ति कहाँ हो सकती है जैसे घर में स्थित सर्प। जैसे जिसके घर में सर्प रहता है उसे कभी भी शान्ति सम्भव नहीं है, वैसे ही जिसके घर में धन है उसे भी कभी शान्ति सम्भव नहीं है।

कान्तारे विजने वने जनपदे सेतौ निरीतौ च वा चौरैर्वापि तथेतरैर्नरवरैर्युक्तो वियुक्तोऽपि वा ।
निःस्वः स्वस्थतया सुखेन वसति ह्याद्रीयमाणो जनैः क्लिश्नात्येव धनी सदाकुलमतिर्भीतश्च पुत्रादपि ॥८३॥

निःस्वो निर्धनः पुरुषो **विजने** जनरहितप्रदेशे **कान्तारे** चोराद्युपद्रवदुर्गममार्गे **वने** विपिने **जनपदे** जनाः पद्यन्ते गच्छन्ति यत्र तज्जनपदं तस्मिञ्जनपदे प्रदेशे वा पुरे नगरे मनुष्यैः पूर्णे बहुग्रामीयव्यवहारस्थाने **सेतौ च वा निरीतौ** निर्गतेतिः षड्प्रकारोपद्रवविशेषो यस्मादवृष्ट्यादिशून्ये दुर्भिक्षादिशून्ये **वा** सर्वोपद्रवरहितदेशे च **चौरैस्तथेतरैरन्यैरपि** निकृष्टपुरुषैर्**युक्तो नरवरैर**प्युत्कृष्टपुरुषैर्वा **वियुक्तो वा स्वस्थतया सुखेन वसति जनैराद्रीयमाण** आदरणीयो **धनी सदाऽऽकुलमति**राकुला मतिर्यस्य स आकुलमतिः पर्याकुलमतिरव्यवस्थितचित्तः **पुत्रादपि भीतो**ऽवश्यं **हि क्लिश्नाति** भयहेतोर्दुःखं प्राप्नोतीत्यर्थः। *"पुत्रादपि धनभाजां भीतिः"* इत्याचार्यप्रवरैरुक्तम्।

निर्जन वन में, नगर में, देश में, सेतु पर या निरुपद्रव स्थान में चोरों द्वारा या नीच पुरुषों अथवा श्रेष्ठ पुरुषों से युक्त अथवा रहित स्थान में

निर्धन पुरुष स्वस्थता पूर्वक सुख से रहता है। पुरुषों द्वारा आदर किया जाने वाला धनवान् सदा व्याकुल चित्त, पुत्र से भी भयभीत हुआ अवश्य ही क्लेश पाता है ॥८३॥

निर्धन पुरुष जनरहित प्रदेश में, चोरों आदि से उपद्रव वाले दुर्गम मार्ग में, वन में, जहाँ लोगों द्वारा जाया जाता है उस प्रदेश में या मनुष्यों द्वारा भरे हुए अत्यधिक व्यवहारयुक्त स्थान में, सेतु पर या क्लेश, वर्षा, दुर्भिक्ष आदि तथा सब उपद्रव से रहित स्थान में, चोरों तथा अन्य निकृष्ट पुरुषों से या उत्कृष्ट पुरुषों से भी युक्त या वियुक्त (रहित) स्थान में स्वस्थतापूर्वक सुख से रहता है। आदरणीय धनी जिसकी बुद्धि सदा हर प्रकार से आकुल रहती है, चित्त अव्यवस्थित है, पुत्र से भी भयभीत हुआ भय के कारण अवश्य ही दु:ख प्राप्त करता है। आचार्यप्रवर द्वारा कहा गया है – 'धनवान् व्यक्ति तो अपने पुत्रों से भी डरते हैं' (भ० गो० २९)।

तस्मादनर्थस्य निदानमर्थः पुमर्थसिद्धिर्न भवत्यनेन। ततो वनान्ते निवसन्ति सन्तः संन्यस्य सर्वं प्रतिकूलमर्थम् ॥८४॥

तस्मादुक्तकारणात्स्वानुभवादैतिह्यप्रमाणा**च्चार्थो** धन**मनर्थस्य निदानं** मूलकारणमस्ति। **अनेन पुमर्थसिद्धिः** पुंसोऽर्थः पुमर्थः पुरुषार्थस्तस्य सिद्धिः पुमर्थसिद्धि**र्न भवति**। *"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः"*। **ततस्**तस्मात्**सन्तः** सत्पुरुषा विद्वज्जनाः **प्रतिकूलमर्थं सर्वं संन्यस्य** परित्यज्य **वनान्ते निवसन्ति**। *"परात्मविद्याकान्तासुखं वनगृहे विचरन्ति धन्याः", "वीतस्पृहा विषयभोगपदे विरक्ता धन्याश्चरन्ति विजनेषु विरक्तसङ्गाः"* इति।

इसीलिए धन अनर्थ का मूल कारण है। इससे पुरुषार्थ की सिद्धि नहीं होती है। इसी कारण से बुद्धिमान लोग सभी धन को त्याग कर वन में रहते हैं ॥८४॥

इसीलिये ऊपर कहे गये कारणों से, अपने अनुभव तथा ऐतिहासिक प्रमाणों से धन अनर्थ का मूल कारण है। इससे पुरुषार्थ की सिद्धि नहीं होती। 'अमरत्व की प्राप्ति न तो विभिन्न कर्मों के द्वारा, न प्रजा के द्वारा और न ही धन के द्वारा होती है। एकमात्र त्याग के द्वारा ही अमरत्व को प्राप्त किया जा सकता है' (कै० उ० ३)। इसीलिये सत्पुरुष विद्वान् लोग प्रतिकूल सब प्रकार के धन को त्यागकर वन में निवास करते हैं। 'वे लोग धन्य हैं जो वन रूपी भवन में वास करते हुए अध्यात्म विद्या रूपी प्रिय पत्नी का सुख पाते हैं'(ध० अ० २), 'जो समस्त इन्द्रिय सुखों की कामना त्याग कर विरक्त हुए तथा जन-संसदि में असङ्ग होकर सदा एकान्त स्थान में विचरण करते हैं वे धन्य हैं'(ध० अ० ३)।

विरक्तिफलोपसंहारः

श्रद्धाभक्तिमतीं सतीं गुणवतीं पुत्राञ्श्रुतान्सम्मतानक्षय्यं वसुधानुभोगविभवैः श्रीसुन्दरं मन्दिरम् ।
सर्वं नश्वरमित्यवेत्य कवयः श्रुत्युक्तिभिर्युक्तिभिः संन्यस्यन्त्यपरे तु तत्सुखमिति भ्राम्यन्ति दुःखार्णवे ॥८५॥

कवयः सर्वमेतद्विदित्वा किं कुर्वन्ति? सर्वं संन्यस्यन्ति। किं संन्यस्यन्तीत्युच्यते। **श्रद्धाभक्तिमतीमी**श्वरे वेदे च श्रद्धा च भक्तिश्च श्रद्धाभक्ती ते यस्याः स्तः सा श्रद्धाभक्तिमती तां श्रद्धाभक्तिमतीं **गुणवतीं** सत्यशीलसदाचारादिगुणाः यस्यां विद्यन्ते सा गुणवती तां गुणवतीं **सतीं** पतिव्रतां **श्रुतान्सम्मतान्पुत्रान**धीतवेदान्पितरं प्रत्यनुकूलान्पुत्रा**नक्षय्यं** क्षयो न विद्यते यस्य तदक्षय्यं धनं सर्वदा वर्तमानं **वसुधानुभोगविभवैर्व**सुधाया अनुभोगा वसुधानुभोगास्त एव विभवा वसुधानुभोगविभवास्तैर्वसुधानुभोगविभवैः सर्वप्रकारैरिहलौकिकैर्भोगविभवैः सम्पन्नं **श्रीसुन्दरं मन्दिरं** गृहम्। एतैः सर्वैर्लक्षणया य एको मानुष आनन्दः स वर्णितः। धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुरित्यादि-सर्वं सूचितम्। एतत्**सर्वं नश्वरं** *"श्वोऽभावाः", "तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयते। एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते।", "आगमापायिनोऽनित्याः", "आद्यन्तवन्तः कौन्तेय"*। तथा च यत्कृतकं तदनित्यं घटव**दिति श्रुत्युक्तिभिः** स्मृत्युक्तिभिश्च **युक्तिभिश्चावेत्य** ज्ञात्वा **कवयो** मनीषिणः क्रान्तदर्शिनः **संन्यस्यन्ति** *"ब्राह्मणाः पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति"* **तु** परन्त्व**परे**ऽन्ये विचारशून्याः पुरुषा**स्तत्सुखमित्य-**

वेत्य दुःखार्णवे दुःखमेवार्णवस्तस्मिन्**दुःखार्णवे भ्राम्यन्ति**। *"शेषास्तु भ्रमनिलये परिभ्रमन्तः"* इत्यप्युक्तम्।

श्रद्धा और भक्ति से युक्त, गुणवती पतिव्रता स्त्री को, पढ़े हुए अनुकूल पुत्रों को, अटूट धन को, पुण्य से प्राप्त हुए भोग विलासों के द्वारा सुन्दर गृह को - 'सब नाशवान है' ऐसा श्रुति, युक्तियों के द्वारा जान कर विचारवान् आसक्ति को त्यागकर उदासीन हो जाते हैं, किन्तु अन्य पुरुष इसको 'सुखरूप है' ऐसा जानकर दुःख सागर में भ्रमण करते रहते हैं ॥८५॥

विचारवान् ये सब जानकर क्या करते हैं? सब कुछ त्याग देते हैं। क्या त्याग देते हैं? इस पर कहते हैं – ईश्वर तथा वेद में श्रद्धा व भक्ति हो जिसकी वह श्रद्धा भक्तिमती, उस श्रद्धा भक्तिमति को, सत्य शील सदाचार आदि गुण हों जिसमें वह गुणवती, उस गुणवती पतिव्रता को, वेदों को पढ़े हुए पिता के अनुकूल पुत्रों को, जिसका क्षय न हो उस सदा रहने वाले अक्षय्य धन को, वसुधा के भोगों द्वारा ही इस लोक के सब प्रकार के भोगों द्वारा सम्पन्न गृह को। इन सभी लक्षणों से जो एक मानुष आनन्द है वह वर्णन किया है। धन-धान्य, पशु, बहुत से पुत्र होना, सौ वर्ष की दीर्घ आयु ये सब सूचित किया गया है। यह सब नाशवान है 'कल रहेंगे या नहीं' (क० उ० १।१।२६), 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६), 'आगमापायी तथा अनित्य हैं' (भ० गी० २।१४), 'हे कौन्तेय! वे (भोग) आदि-अन्त वाले हैं' (भ० गी० ५।२२)। तथा जो बनाया गया है, वह सदा नहीं रहता है, जैसे घट; श्रुति व स्मृति के न्याय द्वारा ऐसा कहा गया है तथा युक्तियों के द्वारा जानकर मनीषि क्रान्तदर्शी सब कुछ त्याग देते हैं 'ब्राह्मण पुत्र-धन तथा लोक कामना का त्याग करके भिक्षावृत्ति (संन्यास) से निर्वाह करते हैं' (बृ० उ० ३।५।१)। किन्तु विचारशून्य पुरुष 'वह सुख रूप है' ऐसा जानकर दुःख सागर में भटकते रहते हैं। 'अन्य सब लोग तो भ्रम के संसार में चक्कर काट रहे हैं' (ध० अ० १) – ऐसा भी कहा गया है।

सुखमिति मलराशौ ये रमन्तेऽत्र गेहे कृमय इव कलत्रक्षेत्रपुत्रानुषक्त्या ।
सुरपद इव तेषां नैव मोक्षप्रसङ्गस्त्वपि तु निरयगर्भावासदुःखप्रवाहः ॥८६॥

ये मलराशौ मलस्य मलमूत्रपुरीषाणां राशिर्मलराशिस्तस्मिन्मलराशौ **गेहे** गृहे **कलत्रक्षेत्रपुत्रानुषक्त्या** कलत्रञ्च क्षेत्रञ्च पुत्राश्च कलत्रक्षेत्रपुत्रास्तेष्वनुषक्त्याऽऽसक्त्या **कृमय इव** कीटादि-क्षुद्रजन्तुव**द्रमन्ते तेषां सुरपद इव सुखं नैव मोक्षप्रसङ्गस्ते**षां स्वर्गादिसुख**मत्र** वर्तते नैव मोक्षप्राप्त्यवसरः कदाचित्। **अपि तु** तै**र्निरयगर्भावासदुःखप्रवाहो** निरयो नरको गर्भावासादीनि दुःखानि च तेषां प्रवाहो निरयगर्भावासादिदुःखानां प्रवाह एव प्राप्यते। यथा देवैः स्वर्गे स्थित्वापि मोक्षो नैव प्राप्यते तद्वदन्येषामपि जीवानां भोगेषु प्रसक्तानामनिर्मोक्षप्रसङ्ग इति भावः।

मल के समूह रूप घर में 'स्वर्ग लोक जैसा सुख है' ऐसा मानकर जो घर, स्त्री, स्थान तथा पुत्र आदि में आसक्त होकर कीड़ों के समान रमण करते हैं, उन्हें मोक्ष प्राप्त होने का अवसर नहीं मिलता; किन्तु नरक और गर्भ में वास के कारण दुःख प्राप्त होने का अवसर होता है ॥८६॥

जो मल-मूत्र के समूह रूप घर में स्वर्ग लोक जैसा सुख मानकर स्त्री, स्थान तथा पुत्र में आसक्त होकर कीटादि छोटे जन्तुओं के समान रमण करते हैं, उन्हें स्वर्ग आदि का सुख नहीं मिलता और न ही कभी मोक्ष प्राप्ति का अवसर मिलता है। किन्तु उनके द्वारा नरक तथा गर्भ में रहने आदि के दुःख का प्रवाह ही प्राप्त होता है। जैसे देवताओं का स्वर्ग में वास होने पर भी मोक्ष प्राप्त नहीं होता है, वैसे ही अन्य जीवों को भी भोग में आसक्त होने पर अनिर्मोक्ष अर्थात् मोक्ष प्राप्त न होने का प्रसङ्ग होता है।

ब्रह्मविद्या की परम्परा में उद्दालक, अंगिरस, याज्ञवल्क्य, जनक आदि गृहस्थी हुए हैं। भगवान् भाष्यकार से मुण्डक भाष्य में पूछा गया कि गृहस्थियों ने भी ब्रह्मविद्या प्राप्त की थी तो आप संन्यास की आवश्यकता पर इतना बल क्यों देते हैं? इस पर भगवान् भाष्यकार ने बताया कि उनमें गृहस्थ का लिङ्ग नहीं है, बुद्धि ब्रह्मज्ञान में ही लगी रहती है, गृहादि में आसक्ति नहीं है

क्षेत्र, पुत्र, स्त्री, सेवक - ये सब मेरे हैं तथा इनसे मेरी समस्याओं का समाधान होगा - ऐसा नहीं सोचना चाहिए क्योंकि ऐसा कभी नहीं होगा। ब्रह्मविद्या है, इसीलिए सब ठीक होगा - यह विश्वास होना चाहिए

येषामाशा निराशा स्याद्दारापत्यधनादिषु। तेषां सिध्यति नान्येषां मोक्षाशाभिमुखी गतिः ॥८७॥

येषां पुरुषाणां **दारापत्यधनादिषु** दाराश्चापत्यञ्च धनञ्च दारापत्यधनानि तेषु दारापत्यधनादिष्वादिपदादन्येषु सर्वेष्वत्यन्तेष्टेषु दासवर्गादिषु पदप्रतिष्ठास्**वाशा निराशा** स्यात्तेषां मोक्षाशाभिमुखी मोक्षस्याशा मोक्षाशा तदभिमुखी **गति**र्मोक्ष-प्राप्तीच्छा मुमुक्षुता **सिध्यति नान्येषाम्**। उक्तं हि गीतायाम् *"असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु"* इति।

जिनकी स्त्री, सन्तान तथा धन आदि में आशा निराशा रूप हो, उनकी मोक्ष की ओर बढ़ने वाली गति सिद्ध होती है अन्यों की नहीं ॥८७॥

जिन पुरुषों की स्त्री पुत्र धन में, 'आदि' पद से अन्य सभी इष्ट जैसे दास वर्ग आदि में, पद प्रतिष्ठा में आशा निराशा रूप हो उनकी मोक्ष की ओर बढ़ने वाली गति यानि मोक्ष प्राप्त करने की इच्छा मुमुक्षुता सिद्ध होती है, अन्यों की नहीं। गीता में ही कहा है – 'आसक्ति रहित होना, पुत्र, पत्नी, गृह आदि में अनभिष्वङ्ग (घनिष्ठ सम्बन्ध का अभाव)' (भ० गी० १३।१०)।

जिन साधकों में तीव्र वैराग्य और मुमुक्षत्वम् हो, उनके लिए ही शमादि का फल है अन्यथा नहीं

सत्कर्मक्षयपाप्मनां श्रुतिमतां सिद्धात्मनां धीमतां नित्यानित्यपदार्थशोधनमिदं युक्त्या मुहुः कुर्वताम् ।
तस्मादुत्थमहाविरक्त्यसिमतां मोक्षैककाङ्क्षावतां धन्यानां सुलभं प्रियादिविषयेष्वाशालताच्छेदनम् ॥८८॥

सत्कर्मक्षयपाप्मनां सत्कर्मणा नित्यनैमित्तिकोपासनाऽनुष्ठानेन पाप्मनः क्षयो येषां ते सत्कर्मक्षयपाप्मानस्तेषां सत्कर्मक्षयपाप्मनां **श्रुतिमतां** वेदवेदाङ्गाधीतानां **सिद्धात्मनां** सिद्ध आत्मान्तःकरणमष्टाङ्गयोगादि-साधनैः सगुणब्रह्मोपासनेन वा तेषां सिद्धात्मनां **धीमतां** बुद्धिमतां विचारशीलानामूहापोहविचक्षणानां **मुहुः** पुनः पुनरनेकधा **युक्त्येदं नित्यानित्यपदार्थशोधनं** नित्यानित्यविवेकं **कुर्वतां तस्माद्**विवेका**दुत्थमहाविरक्त्यसिमताम्**उत्थोदिता महती चासौ विरक्तिर्महाविरक्तिरुत्था चासौ महाविरक्तिरुत्थमहाविरक्तिः, सा एवाऽसिः उत्थमहाविरक्त्यसिः स एषामस्तीत्युत्थमहाविरक्त्यसिमन्तः तेषामुत्थमहाविरक्त्यसिमतां महावैराग्यस्वरूपखड्गप्राप्तानां **मोक्षैककाङ्क्षावतां** मोक्ष एवैकाकाङ्क्षा येषां ते मोक्षैककाङ्क्षावन्तः तेषां मोक्षैककाङ्क्षावतां **धन्यानां** भाग्यवतां साधकानां मुमुक्षूणां **प्रियादिविषयेषु** पुत्रवित्तलोके**ष्वाशालताच्छेदनमा**शाऽऽसक्तिरेव लता तरुवल्ली तस्याश्च्छेदनमाशालताच्छेदनं **सुलभं** भवति नान्येषामिति वेदान्तनिश्चयः।

सत्कर्म करने से जिनके पापों का क्षय हो गया है, वेद पढ़े हुए, जिनका मन योग साधना के द्वारा सिद्ध हो गया है, पुनः पुनः युक्ति के द्वारा इस नित्य-अनित्य पदार्थों के विचार को करते रहने के कारण उठी हुई तीव्र वैराग्य रूप खड्ग को धारण करने वाले, एकमात्र मोक्ष को ही चाहने वाले भाग्यवान् पुरुषों को स्त्री आदि भोग के पदार्थों में आशा रूपी बेल को काट डालना सहज होता है ॥८८॥

सत्कर्मों के द्वारा नित्य, नैमित्तिक उपासना के अनुष्ठान से जिनके पापों का क्षय हो गया है, वेद वेदाङ्ग पढ़े हुए, जिनका अपना अन्तःकरण अष्टाङ्ग योग आदि साधना व सगुण ब्रह्म की उपासना के द्वारा सिद्ध हो गया है, बुद्धिमान विचारशील ऊहापोह करने में समर्थ, पुनः पुनः अनेक प्रकार की युक्ति के द्वारा इस नित्यानित्य विवेक को करते हुए उस विवेक के कारण उठी हुई तथा तीव्र वैराग्य रूपी खड्ग को धारण करने वाले, जिन्हें एकमात्र मोक्ष की ही आकाङ्क्षा है उन एक मोक्ष के आकाङ्क्षावान् भाग्यवान् पुरुषों, साधकों, मुमुक्षुओं के लिए पुत्र, वित्त, लोक में आशा आसक्ति ही लता है, उसका छेदन सहज होता है, अन्यों के लिए नहीं – यह वेदान्त का निश्चय है।

संसारमृत्योर्बलिनः प्रवेष्टुं द्वाराणि च त्रीणि महान्ति लोके ।
कान्ता च जिह्वा कनकं च तानि रुणद्धि यस्तस्य भयं न मृत्योः ॥८९॥

बलिनः संसारमृत्योः संसार एव मृत्युः संसारमृत्युस्तस्यास्मिञ्छरीरे **प्रवेष्टुं लोके त्रीणि महान्ति द्वाराणि** सन्ति। **कान्ता च जिह्वा कनकञ्चै**भिस्त्रिभिर्द्वारैः संसारमृत्योः शरीरे प्रवेशः। त्रीणि मृत्योः संसारस्य द्वाराणि स्त्रीशरीरासक्ती रसनेन्द्रियस्य भोगासक्तिः सुवर्णलाभेच्छा धनेच्छा। **तानि यः** पुरुषो रुणद्धि कथम्? यथाशास्त्रविहितं स्त्रीसमागमं भोजनं धनसञ्चयनञ्च यः करोति **तस्यैव मृत्योर्भयं न** भवति यस्तु कामचारकामवादकामभक्षणादीन्करोति स सर्वदा बिभेतीत्याशयः।

बलवान् संसार रूपी मृत्यु के प्रवेश करने के लिए लोक में कामिनी, जिह्वा तथा सुवर्ण तीन बड़े द्वार हैं। जो पुरुष उन्हें रोकता है उसे मृत्यु से भय नहीं होता है ॥८९॥

संसार ही मृत्यु है, उसका इस शरीर में प्रवेश करने के लिए लोक में तीन बड़े द्वार हैं। कामिनी, जिह्वा तथा सुवर्ण इन तीन द्वारों से संसार रूपी मृत्यु शरीर में प्रवेश करता है। संसार रूपी मृत्यु के तीन द्वार हैं - स्त्री शरीर की आसक्ति; रसनेन्द्रिय (जिह्वा) की भोग करने की आसक्ति; सुवर्ण प्राप्ति की इच्छा, धन की इच्छा। जो पुरुष इनको रोकता है, कैसे? जैसा शास्त्र में बताया है जो उसके अनुसार स्त्री समागम, भोजन तथा धन एकत्रित करता है उसे ही मृत्यु से भय नहीं होता किन्तु जो अपने अनुसार कामाचार, कामवाद, कामभक्षण आदि करता है वह सदा भयभीत रहता है - ऐसा तात्पर्य है।

मुक्तिश्रीनगरस्य दुर्जयतरं द्वारं यदस्त्यादिमं तस्य द्वे अररे धनं च युवती ताभ्यां पिनद्धं दृढम् ।
कामाख्यार्गलदारुणा बलवता द्वारं तदेतत्त्रयं धीरो यस्तु भिनत्ति सोऽर्हति सुखं भोक्तुं विमुक्तिश्रियम् ॥९०॥

मुक्तिश्रीनगरस्य मुक्तिरूपिणी श्रीर्लक्ष्मीस्तस्या नगरं मुक्तिश्रीनगरं तस्य मुक्तिनगरस्य त**द्दुर्जयतरमादिमं द्वारमस्ति तस्य धनञ्च युवती च द्वे अररे** कपाटे स्तः। **ताभ्यां बलवता कामाख्यार्गलदारुणा** काम इत्याख्या यस्य स अर्गलः प्रतिबन्धोऽन्तरायो विष्टम्भः कामाख्यार्गलः तस्मै दारु कामाख्यार्गलदारु तेन कामाख्यार्गलदारुणा **द्वारं दृढं पिनद्धं तु** किन्तु **यो धीरो** धीमान्विवेकी धियं राति विषयेभ्यो धियमीरयतीति वा धीरः। *"विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः"* इति महाकविकालिदासेनोक्तत्वात्। **तदेतत्त्रयं भिनत्ति स** एव **विमुक्तिश्रियं सुखं भोक्तुमर्हति** स समर्थो भवतीत्यर्थः।

मुक्ति रूपिणी लक्ष्मी के नगर का जो कठिनता से जीतने योग्य पहला द्वार है; उसके धन और स्त्री दो किवाड़ हैं। बलवान् काम नामक काठ के अर्गल से द्वार को दृढता से बन्द किए हुए हैं, किन्तु जो धीर उन तीन को तोड़ डालता है वह सुखपूर्वक मुक्तिरूपिणी लक्ष्मी को भोगने में समर्थ होता है ॥९०॥

मुक्ति रूपिणी लक्ष्मी के नगर का जो अति कठिनता से जीतने योग्य पहला द्वार है उसके धन और युवती दो कपाट हैं। बलवान् काम नामक काठ के अर्गले से बीच में प्रतिबन्ध के कारण द्वार दृढरूप से बन्द हो रहा है किन्तु जो बुद्धिमान विवेकी बुद्धि से विषयों को छोडने अथवा समझाने में समर्थ है, वही धीर कहलाता है। महाकवि कालिदास द्वारा कहा गया है - 'वास्तव में वे ही पुरूष धीर हैं जिनका मन विकार उत्पन्न करने वाली परिस्थिति में भी विकृत नहीं होता'। इन तीन को जो तोड देता है, वह ही मोक्ष नाम वाली लक्ष्मी को सुखपूर्वक भोगने में समर्थ होता है - ऐसा भाव है।

आरूढस्य विवेकाश्वं तीव्रवैराग्यखड्गिनः। तितिक्षावर्मयुक्तस्य प्रतियोगी न दृश्यते ॥९१॥

विवेकाश्वमारूढस्य विवेक एवाश्वो विवेकाश्वस्तमारूढस्य **तीव्रवैराग्यखड्गिन**स्तीव्रवैराग्यमेव खड्गो यस्य स तीव्रवैराग्यखड्गी तस्य तीव्रवैराग्यखड्गिन**स्तितिक्षावर्मयुक्तस्य** वक्ष्यमाणं तितिक्षासाधनमेव वर्म कवच इति तितिक्षावर्म तेन युक्तस्य तितिक्षावर्मयुक्तस्य **प्रतियोगी** प्रतिद्वन्द्वी विरोधी **न दृश्यते**।

विवेक रूपी घोडे पर चढ़े हुए तीव्र वैराग्य रूपी खड्ग को धारण करने वाले सहनशीलता रूप कवच को पहनने वाले का प्रतियोगी नहीं

दिखता है ॥९१॥

विवेकाश्वारूढ - विवेक ही अश्व है, उस विवेक अश्व पर आरूढ है जो वह, तीव्रवैराग्यखड्गी - तीव्र वैराग्य ही खड्ग है जिसकी वह उस तीव्र वैराग्य रूप खड्ग को धारण करने वाला, तितिक्षा रूपी साधन जिसका कवच कहा गया है वह तितिक्षावर्म, उससे युक्त का प्रतिद्वन्द्वी विरोधी नहीं दिखता है।

विवेकजां तीव्रविरक्तिमेव मुक्तेर्निदानं प्रवदन्ति सन्तः। तस्माद्विवेकी विरतिं मुमुक्षुः सम्पादयेत्तां प्रथमं प्रयत्नात् ॥९२॥

सन्तो विवेकिनः पुरुषाः **विवेकजां** नित्यानित्यविवेकजां **तीव्रविरक्तिमेव मुक्तेर्निदानमा**दिकारणं **प्रवदन्ति**। **तस्माद्विवेकी मुमुक्षुः प्रथमं तां विरतिं प्रयत्नात्सम्पादयेदि**ति।

विवेकी पुरुष विवेक से उत्पन्न हुए तीव्र वैराग्य को ही मुक्ति का कारण कहते हैं। इसी कारण से विवेकी मुमुक्षु उस वैराग्य को पहले प्रयत्न से सम्पादन करे ॥९२॥

विवेकी पुरुष नित्य-अनित्य वस्तु के विवेक से उत्पन्न हुए तीव्र वैराग्य को ही मुक्ति का आदि कारण कहते हैं। इसीलिये विचारवान् मुमुक्षु पहले उस वैराग्य को प्रयत्न से सम्पादन करे।

पुमानजातनिर्वेदो देहबन्धं जिहासितुम्। न हि शक्नोति निर्वेदो बन्धभेदो महानसौ ॥९३॥

अजातनिर्वेदो जातो निर्वेदो विरागो यस्य स जातनिर्वेदो न जातनिर्वेदोऽजातनिर्वेदः **पुमान्देहबन्धं जिहासितुं न शक्नोति**। **असौ निर्वेद** एव **महान्बन्धभेदः** शरीरबन्धनं भेत्तुं समर्थ इति।

जिसे वैराग्य उत्पन्न नहीं हुआ है वह पुरुष देहरूप बन्धन को त्यागने की इच्छा करने में समर्थ नहीं होता है; क्योंकि यह वैराग्य महान् बन्धन को तोड़ने वाला है ॥९३॥

जिसे वैराग्य उत्पन्न हुआ है वह जातनिर्वेद, जो जातनिर्वेद नहीं है वह अजातनिर्वेद (जिसमें वैराग्य उत्पन्न नहीं हुआ है) पुरुष देह रूप बन्धन को त्यागने की इच्छा करने में समर्थ नहीं होता है। यह वैराग्य ही शरीर के महान् बन्धन को तोड़ने में समर्थ है।

अन्य किसी भी साधना जैसे जप, तप आदि में भी अहं भाव बना ही रहता है, जैसे मैं जप कर रहा हूँ आदि। केवल वैराग्य से ही देह बन्धन या अहं को समाप्त किया जा सकता है

वैराग्यरहिता एव यमालय इवालये। क्लिश्नन्ति त्रिविधैस्तापैर्मोहिता अपि पण्डिताः ॥९४॥

वैराग्यरहिता अशुद्धचित्ता येषां मोहकलिलं विषयेषु समीचीनत्वावधारणा न निर्गता ते **पण्डिता अपि** परोक्षज्ञानिनो **मोहितास्त्रिविधैस्तापैः क्लिश्नन्ति** यथा **यमालये** यमस्यालयो यमालयस्तस्मिन्यमालये, यमालय इवालये स्वगृहे। यथा पापिनस्तथैव ते मायामोहग्रस्ताः क्लेशमापादयन्ति। अत्र वैराग्यनिरूपणस्य समापनं कृतं तेन निरूपणेन वेदोक्तार्थः कथितः।

"मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च। अशुद्धं कामसङ्कल्पं शुद्धं कामविवर्जितम्॥"
"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः। बन्धाय विषयासक्तं मुक्तं निर्विषयं स्मृतम्॥"
"यदिदं मनसा वाचा चक्षुर्भ्यां श्रवणादिभिः। नश्वरं गृह्यमाणं च विद्धि मायामनोमयम्॥"
"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन।"
*"आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन"*इत्यादिभिरेषणात्रयविनिर्मुक्तस्यैव शमादयोऽर्थवन्तः फलवन्तः स्युः।

वैराग्यहीन पण्डित भी मोह में पड़े हुए होने के कारण, यमराज के घर के समान अपने घर में तीन प्रकार के तापों से क्लेश ही पाते हैं ॥९४॥

जिनका चित्त अशुद्ध, मोह से कलुषित है, विषयों में 'ये अच्छे हैं' ऐसा निश्चय नहीं गया है वे परोक्ष ज्ञानी यमराज के घर जैसे अपने घर में भी मोहित हुए तीन प्रकार के तापों से क्लेश पाते हैं। जैसे पापी, वैसे ही वे मोह माया से ग्रस्त क्लेश को प्राप्त करते हैं। यहाँ वैराग्य के निरूपण का समापन कर उसके निरूपण से वेदों में कहा गया अर्थ बताया गया है।

श्रोत्रिय को भी त्रिविध ताप तो होंगे ही परन्तु यह बुद्धि बनानी है कि त्रिविध ताप इस शरीर को हो रहे हैं, मुझे नहीं। इस बुद्धि को बनाने में वैराग्य से बल मिलेगा

'मन दो प्रकार का कहा गया है - शुद्ध तथा अशुद्ध। अशुद्ध मन कामनाओं और सङ्कल्पों वाला है तथा शुद्ध मन कामनाओं से रहित है' (अ० उ० १)।

'मनुष्यों के बन्धन और मोक्ष का कारण केवल मन ही है। इन्द्रियों के विषयों में आसक्त मन बन्धन तथा विषय-वासनाओं से रहित मन मुक्ति के लिए बताया गया है' (अ० उ० २)।

'इस जगत् में जो कुछ मन से सोचा जाता है, वाणी से कहा जाता है, नेत्रों से देखा जाता है और श्रवण आदि इन्द्रियों से अनुभव किया जाता है, वह सब नाशवान है। मन का विलास है। इसीलिये माया मात्र है, मिथ्या है' (श्रीम० भा० ११।७।७)।

'कर्म द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर ब्राह्मण निर्वेद को प्राप्त हो जाए, क्योंकि संसार में अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है और कृत से हमें प्रयोजन क्या है?' (मु० उ० १।२।१२)

'हे अर्जुन! ब्रह्मलोक तक के सभी लोक पुनरावर्ती स्वभाव वाले हैं' (भ० गी० ८।१६) इत्यादि से तीनों प्रकार की एषणाओं से मुक्त होने पर ही शम आदि सार्थक होकर फलदायक होते हैं।

शमादिसाधननिरूपणम्

अधुना शमादिषट्कसम्पत्तिरुच्यते शम इति।

अब शमादि षट् सम्पत्ति कहते हैं 'शम' इत्यादि से -

शमो दमस्तितिक्षोपरतिः श्रद्धा ततः परम्। समाधानमिति प्रोक्तं षडेवैते शमादयः ॥९५॥

शमो दमस्तितिक्षोपरतिः श्रद्धा ततः परं समाधानमित्येते शमादयः षडेव सन्ति।

शम, दम, तितिक्षा, उपरति, श्रद्धा तथा उससे परम समाधि यह ही शमादि छः उपाय हैं ॥९५॥

शम, दम, तितिक्षा, उपरति, श्रद्धा, उसके अनन्तर समाधान ये शम आदि उपाय छः ही हैं।

शमः

अत्र शम उच्यत एकवृत्त्येत्यादिना -

अब शम कहते हैं 'एकवृत्ति' इत्यादि से -

एकवृत्त्यैव मनसः स्वलक्ष्ये नियतस्थितिः। शम इत्युच्यते सद्भिः शमलक्षणवेदिभिः ॥९६॥

मनसः स्वलक्ष्ये शुद्धे ब्रह्मण्**येकवृत्त्यैव नियतस्थितिरे**काग्रतया ध्येयाकारवृत्तिः **शमलक्षणवेदिभिः** शमस्य लक्षणं विदन्ति जानन्ति ते शमलक्षणवेदिनस्तैः शमलक्षणवेदिभिः **सद्भिर्विद्वद्भिः शम इत्युच्यते**।

मन की अपने लक्ष्य में एक वृत्ति के द्वारा अटल भाव से स्थिति शम के लक्षणों को जानने वाले विद्वानों द्वारा शम नाम से कही जाती है ॥९६॥

शम के लक्षणों को जानने वाले विद्वानों के द्वारा मन की शुद्ध ब्रह्म में एकाग्रता से ध्येयाकार वृत्ति शम कही जाती है।

उत्तमो मध्यमश्चैव जघन्य इति च त्रिधा। निरूपितो विपश्चिद्भिः तत्तल्लक्षणवेदिभिः ॥९७॥

तल्लक्षणवेदिभिस्तस्य लक्षणं तल्लक्षणं तद्विदन्तीति तल्लक्षणवेदिनस्तैस्तल्लक्षणवेदिभि**र्विपश्चिद्भिरुत्तमो मध्यमश्चैव जघन्योऽ**धम**श्चैवेति त्रिधा** शमो **निरूपितः**।

उसके लक्षण को जानने वाले विद्वानों द्वारा इसे उत्तम, मध्यम और अधम; इस भेद से तीन प्रकार का निरूपण किया गया है ॥९७॥

उसका लक्षण जानने वाले विद्वानों के द्वारा उस शम को उत्तम, मध्यम तथा अधम तीन प्रकार का बताया है।

सत्त्व गुण का परिमाण कितना है और कितने समय तक निरन्तर ब्रह्म चिन्तन कर सकते हैं - इस आधार पर शम को उत्तम, मध्यम तथा अधम तीन प्रकार का बताया गया है

स्वविकारं परित्यज्य वस्तुमात्रतया स्थितिः। मनसः सोत्तमा शान्तिर्ब्रह्मनिर्वाणलक्षणा ॥९८॥

स्वविकारं परित्यज्य वस्तुमात्रतया मनसो या **स्थितिः सा ब्रह्मनिर्वाणलक्षणा** परब्रह्मस्वरूपा **शान्तिरुत्तमोच्यते**। *"ध्यातृध्याने परित्यज्य"* ध्येयमात्रैकगोचरा शान्तिरुत्तमा। संयतेन मनसा योगी समाध्यभ्यासेन स्वात्मनि यां निर्वाणपरमां निर्वाणं मोक्षस्तत्परमा निष्ठा यस्याः शान्तेः सा निर्वाणपरमा तां निर्वाणपरमां ब्रह्मात्मना स्थितिलक्षणां सर्वोपरतिरूपां शान्तिं प्राप्नोति सा मनस उत्तमा शान्तिः। *"विशुद्धसत्त्वस्य गुणाः प्रसादः स्वात्मानुभूतिः परमा प्रशान्तिः। तृप्तिः प्रहर्षः परमात्मनिष्ठा यया सदानन्दरसं समृच्छति॥" इति।*

अपने विकार को त्याग कर केवल वस्तु स्वरूप से मन की जो स्थिति है वह परब्रह्ममय स्वरूप उत्तम शान्ति कही जाती है ॥९८॥

अपने विकार को त्याग कर केवल परमार्थ वस्तु रूप से जो अन्तःकरण की स्थिति है वह परब्रह्म स्वरूपा उत्तम शान्ति कही जाती है। 'ध्याता तथा ध्यान का त्याग करके' (प० द० १।५५) एकमात्र ध्येय में चित्त को स्थापित करना उत्तम शान्ति है। संयमित मन के प्रयत्न द्वारा योगी समाधि अभ्यास से अपनी आत्मा में वह शान्ति अथवा परम निर्वाण मोक्ष प्राप्त करता है, जिससे परम निष्ठा ब्रह्म में स्थिति, सर्व उपरति रूपा शान्ति प्राप्त होती है, वह मन की उत्तम शान्ति है। 'आत्म स्वरूप का अनुभव होना, परम शान्ति होना, सदा तृप्त रहना, आनन्द होना, परमात्मा में श्रद्धा होना - ये सब विशुद्ध सत्त्व गुण का धर्म है। सत्त्व गुण के उदय होने से परम आनन्द रस प्राप्त होता है' (वि० चू० ११९)।

अभी तो साधन चतुष्टय की बात हो रही है, ज्ञान अभी हुआ नहीं है तो ब्रह्म में चित्त कैसे स्थापित हो सकता है? इसे ऐसे समझना है कि इस उत्तम शम की स्थिति प्राप्त कर वह योग्यता आयेगी कि जब भी ज्ञान प्राप्त होगा, तुरन्त निर्वाण मोक्ष प्राप्त कर सकेगा। ऐसे उत्तम शम को समाधि की स्थिति कह सकते हैं

प्रत्यक्प्रत्ययसन्तानप्रवाहकरणं धियः। यदेषा मध्यमा शान्तिः शुद्धसत्त्वैकलक्षणा ॥९९॥

धियो यत्प्रत्यक्प्रत्ययसन्तानप्रवाहकरणमद्वितीयवस्तुनि निर्विच्छिद्य चित्तवृत्तिप्रवाहकरणं विजातीयवृत्तितिरस्कृत्य सजातीयवृत्तिप्रवाहकरणं वा। **एषा शुद्धसत्त्वैकलक्षणा मध्यमा शान्तिरुच्यते**। विक्षिप्तं चित्तं विषयवैराग्यादिना बहिर्मुखतां परित्यज्यान्तर्मुखं भवेत्। महर्षिपतञ्जलिनैकाग्रता सूत्रिता *"शान्तोदितौ तुल्यप्रत्ययौ चित्तस्यैकाग्रतापरिणामः।"* इति। शान्तोऽतीतः। उदितो वर्तमानः। प्रत्ययश्च चित्तवृत्तिः। यदा यं पदार्थमतीतप्रत्ययः परिगृह्णाति तमुदितोऽपि तदा चित्तस्य परिणाम एकाग्रतेत्युच्यते। रजोगुणेन चाल्यमानं चित्तं विषयान्परिगृह्णाति तस्य ध्यानप्रयत्नविशेषेण रजोगुणनिरोधेन विषयता क्षीयत एकाग्रता चोदेति। एषा शुद्धसत्त्वैकलक्षणा शान्तिः प्रयत्नेन सम्पादनीया। *"यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्। ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥"* इति।

बुद्धि की जो बाहरी वस्तुओं को छोड, केवल उस भीतरी वस्तु का ही अवलम्बन लेकर, प्रवाह रूप से एकाकार वृत्ति है यह शुद्ध सत्स्वरूप मध्यम शम कहा जाता है ॥९९॥

बुद्धि का अद्वितीय वस्तु में निर्विच्छिद्य (बिन रूके) चित्तवृत्ति प्रवाह करना अथवा विजातीय वृत्ति का तिरस्कार कर सजातीय वृत्ति प्रवाह करना। यह शुद्ध सत्त्वरूप मध्यम शम कहलाता है। विक्षिप्त चित्त वैराग्य से विषय आदि में बहिर्मुखता का त्याग कर अन्तर्मुखी हो जाता है। महर्षि पतञ्जलि एकाग्रता सूत्र द्वारा बताते हैं 'जब मन में शान्त और उदय अर्थात् भूत तथा वर्तमान दोनों अवस्थाओं की वृत्तियाँ एक-सी हो जाती हैं तब वह चित्त की एकाग्रता का परिणाम है' (यो० सू० ३।१२)। शान्त होना भूत है, उदय होना वर्तमान है तथा प्रत्यय चित्तवृत्ति है। जब मन में किसी पदार्थ की भूत तथा भविष्य वृत्ति का विषय एक हो जाता है, तब मन के उस परिणाम को एकाग्रता कहा जाता है। रजोगुण द्वारा चलायमान चित्त विषयों को ग्रहण करता है; ध्यान के विशेष प्रयास से जब चित्त के रजोगुण का निरोध होता है, तब विषयों को ग्रहण करने की क्षमता क्षीण होती है तथा एकाग्रता उत्पन्न होती है। इस शुद्ध सत्त्वरूप शान्ति का प्रयत्न से सम्पादन करना चाहिए। 'यह चञ्चल और अस्थिर मन जिन कारणों से (विषयों में) विचरण करता है, उनसे संयमित करके उसे आत्मा के ही वश में लावे अर्थात् आत्मा में स्थिर करे' (भ० गी० ६।२६)।

विषयव्यापृतिं त्यक्त्वा श्रवणैकमनःस्थितिः। मनसश्चेतरा शान्तिर्मिश्रसत्त्वैकलक्षणा ॥१००॥

विषयव्यापृतिं त्यक्त्वा विषयव्यापारं परित्यज्य **श्रवणैकमनःस्थितिः**। श्रवणस्य प्रमाणविचारत्त्वेन प्रधानत्वादङ्गित्वं मनननिदिध्यासनयोस्तु तत्कार्यप्रतिबन्धप्रध्वंसित्वादङ्गत्वमित्यङ्गाङ्गिभावेन श्रवणपदेन तस्याङ्गयोरन्तर्भावः। सा **मनस इतरा मिश्रसत्त्वैकलक्षणा शान्तिरु**च्यते। यथा तीव्रायां बुभुक्षायां न भोजनादन्यो व्यापारो मनसे रोचते न भोजने विलम्बञ्च सहते तथा पुत्रवित्तकलत्रादिविषयेष्वत्यन्तमरुचिस्तत्त्वज्ञानसाधनेषु श्रवणमनननिदिध्यासनेष्वत्यन्ताभिरुचिर्जायते तदा येन वृत्तिविशेषेण विषयेषु गच्छन्मनो निगृह्य पुनः पुनः श्रवणादिव्यापारेषु संयुज्यते सा मनसः शान्तिः कथिता।

एतेन श्लोकत्रयेण व्यतिक्रमेण वेदान्ततात्पर्ये धारणाध्यानसमाधय उक्ताः।

विषयों में व्यापार को त्यागकर, श्रवण में ही मन की स्थिरता होना - मन के मिश्रसत्त्व स्वरुप को शम कहते हैं ॥१००॥

विषयों में व्यापार को त्यागकर श्रवण मात्र से चित्त स्थिर हो जाता है। श्रवण[३६] को प्रमाण विचार से प्रधानता के कारण अङ्गी माना जाता है, किन्तु मनन, निदिध्यासन उसके (श्रवण के) प्रतिबन्ध का नाश करने के कारण अङ्ग माने जाते हैं। अङ्ग-अङ्गी भाव के कारण श्रवण शब्द से उसके अङ्गों का अन्तर्भाव हो जाता है। वह, मन की मिश्रसत्त्व रूपा अन्य शान्ति है। जैसे तीव्र भूख के होने पर भोजन के

---

[३६] *'मैं ब्रह्म हूँ' - जब इसकी धारणा बनती जाती है तब यह समझें कि श्रवण हो रहा है।*

अतिरिक्त अन्य कोई व्यापार मन को अच्छे नहीं लगते तथा भोजन में देरी सहन नहीं होती उसी प्रकार पुत्र, धन, पत्नी आदि विषयों में अत्यन्त अरूचि से तत्त्वज्ञान के साधनों में श्रवण, मनन, निदिध्यासन में अत्यन्त रूचि उत्पन्न होती है। तब जिस वृत्ति विशेष से विषयों में मन के जाने का निरोध कर पुनः पुनः श्रवण आदि व्यापार में संयुक्त होता है, उसे मन की शान्ति कहते हैं।

इन तीन श्लोकों के द्वारा व्यतिक्रम से वेदान्त तात्पर्य के अनुसार धारणा, ध्यान, समाधि कहे गए हैं।

प्राच्योदीच्याङ्गसद्भावे शमः सिध्यति नान्यथा । तीव्रा विरक्तिः प्राच्याङ्गमुदीच्याङ्गं दमादयः ॥१०१॥

प्राच्योदीच्याङ्गसद्भावे प्राच्यश्चोदीच्यश्च प्राच्योदीच्यौ तौ चाङ्गौ प्राच्योदीच्याङ्गौ तयोः सद्भावस्तस्मिन् सति **शमः सिध्यति नान्यथा।** तस्य **प्राच्याङ्गं तीव्रा विरक्तिरुदीच्याङ्गं दमादयो** भवन्ति।

पूर्व तथा पर अङ्ग के विद्यमान होने पर ही शम सिद्ध होता है और किसी प्रकार से नहीं। तीव्र वैराग्य पूर्व अङ्ग है तथा दम आदि उत्तर अङ्ग हैं ॥१०१॥

पूर्व तथा पर अङ्ग हैं जिसके वह प्राच्योदीच्याङ्ग, उन अङ्गों के होने पर शम सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं। उसका तीव्र वैराग्य पूर्व अङ्ग तथा दम आदि उत्तर अङ्ग हैं।

कामः क्रोधश्च लोभश्च मदो मोहश्च मत्सरः । न जिताः षडिमे येन तस्य शान्तिर्न सिध्यति ॥१०२॥

कामः क्रोधश्च लोभश्च मदो मोहश्च मत्सर इमे षड्रिपवः। येनेमे न जितास्तस्य शान्तिर्न सिध्यति। स शान्तिं न प्राप्नोति। कामक्रोधौ विस्तरेणोक्तौ गृहस्पृहा पादनिबन्धशृङ्खलेति श्लोके। लोभः परद्रव्यादित्सा। मदो गर्वो मत्तता वा। मोहो विपरीतदर्शन-मविवेकः। मत्सरोऽसूयेर्ष्येति।

काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह तथा मत्सरता ये छः जिसके वशीभूत नहीं हैं, उसका शम सिद्ध नहीं होता है ॥१०२॥

काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर – ये छ: शत्रु हैं। जिसने इन्हें वश में नहीं किया, उसका शम सिद्ध नहीं होता है। उसे शान्ति प्राप्त नहीं होती है। काम, क्रोध दोनों को विस्तार से गृह स्पृहा पादनिबन्ध शृङ्खला के श्लोकों में कहा गया है। लोभ दूसरों की वस्तुओं को लेने की इच्छा। मद गर्व अथवा मत्तता है। मोह विपरीत दर्शन, अविवेक है। मत्सर असूया, ईर्ष्या है[३७]।

शब्दादिविषयेभ्यो यो विषवन्न निवर्तते । तीव्रमोक्षेच्छया भिक्षोस्तस्य शान्तिर्न सिध्यति ॥१०३॥

यो भिक्षुः संन्यासी **तीव्रमोक्षेच्छया विषवच्छब्दादिविषयेभ्यो न निवर्तते तस्य भिक्षोः शान्तिर्न सिध्यति।** उक्तं त्वष्टावक्रगीतायां *"मुक्तिमिच्छसि चेत्तात विषयान्विषवत्त्यज"*। तथा च आचार्यप्रवरैरुक्तं *"दोषेण तीव्रो विषयः कृष्णसर्पविषादपि। विषं निहन्ति भोक्तारं द्रष्टारं चक्षुषाप्ययम्।"* इति।

जो संन्यासी मुक्ति की उत्कट इच्छा वाला विष के समान शब्द आदि विषयों से निवृत्त नहीं होता है उसका शम सिद्ध नहीं होता है ॥१०३॥

जो भिक्षु, संन्यासी मुक्ति के लिये उत्कट अभिलाषा करता हुआ शब्द आदि विषयों से विष के समान दूर नहीं हो जाता है, उस भिक्षु को शान्ति नहीं हो सकती। अष्टावक्र गीता (१।२) में कहा है 'यदि तुम मुक्ति की इच्छा रखते हो तो विषयों का विष के समान त्याग कर दो', आचार्यप्रवर द्वारा कहा गया है - 'काले सर्प के विष से भी अधिक शब्द, स्पर्श आदि विषयों का दोष अति तीव्र है क्योंकि विष खाने से और

---

[३७] असूया का अर्थ दूसरों में दोष दर्शन है। दोष दर्शन भी ईर्ष्या के कारण है।

सर्प काटने से मनुष्यों को दुःख देता है; शब्द आदि विषय केवल आँख से देखने पर भी दुःख देते हैं' (वि० चू० ७७)।

येन नाराधितो देवो यस्य नो गुर्वनुग्रहः । न वश्यं हृदयं यस्य तस्य शान्तिर्न सिध्यति ॥१०४॥

येन साधकेन **देवः** परमात्मा **नाराधितो** न पूजितो **यस्य गुर्वनुग्रहो** गुरोरनुग्रहः कृपा शिष्यत्वेन स्वीकारो वेदान्तबोधश्चैव गुरोः कृपा प्रसादो **नो** नास्ति **यस्य हृदयं** मनो **न वश्यं** निगृहीतं **तस्य शान्तिर्न सिध्यति**।

जिसके द्वारा देवता की आराधना नहीं की गयी है; जिसके ऊपर गुरु की कृपा नहीं है; जिसका मन वश में नहीं है उसकी शान्ति की सिद्धि नहीं होती है ॥१०४॥

जिस साधक के द्वारा परमात्मा की पूजा नहीं की गयी, शिष्यत्व स्वीकार कर वेदान्त का ज्ञान होना ही गुरु की कृपा प्रसाद है, जिसके ऊपर गुरु का अनुग्रह कृपा नहीं है, जिसका मन वश में नहीं हुआ उसे शान्ति कभी नहीं होती अर्थात् शम सिद्ध नहीं होता है।

मनःप्रसादसाधनानि

मनःप्रसादसिद्ध्यर्थं साधनं श्रूयतां बुधैः । मनःप्रसादो यत्सत्त्वे यदभावे न सिध्यति ॥१०५॥

बुधैर्विवेकिभि**र्मनःप्रसादसिद्ध्यर्थं** मनसः प्रसादो मनःप्रसादस्तस्य सिद्धिर्मनःप्रसादसिद्धिस्तदेवार्थं प्रयोजनं यस्य तन्मनःप्रसादसिद्ध्यर्थं **साधनं श्रूयताम्**। अन्वयव्यतिरेकाभ्यां तस्य साधनस्य माहात्म्यमुद्बोधयति। **यत्सत्त्वे** साधनस्य सत्त्वे मनःप्रसादो **यदभावे** मनःप्रसादो **न सिध्यति**। यद्यपि बहूनि साधनानि कथितानि तथाप्येकवचनं सङ्कीर्णार्थं प्रकटयति।

जिसके विद्यमान होने पर मन की प्रसन्नता होती है तथा जिसके न होने पर सिद्ध नहीं होती है। मन की प्रसन्नता की सिद्धि के साधन पण्डितों द्वारा सुने जाएँ ॥१०५॥

विवेकियों द्वारा मन की प्रसन्नता जिसे मन प्रसाद कहते हैं, उसकी सिद्धि के लिए उसके प्रयोजन के साधन सुने जायें। अन्वय-व्यतिरेक से उसके साधन का माहात्म्य बताया जाता है। साधन के होने पर मन की प्रसन्नता होती है, उसके न होने पर मन की प्रसन्नता सिद्ध नहीं होती है। यद्यपि बहुत-सी साधनाएँ कही गई हैं तथापि एक के कहने से सभी का अर्थ प्रकट हो जाता है।

ब्रह्मचर्यमहिंसा च दया भूतेष्ववक्रता । विषयेष्वतिवैतृष्ण्यं शौचं दम्भविवर्जनम् ॥१०६॥

सत्यं निर्ममता स्थैर्यमभिमानविवर्जनम् । ईश्वरध्यानपरता ब्रह्मविद्भिः सह स्थितिः ॥१०७॥

ज्ञानशास्त्रैकपरता समता सुखदुःखयोः । मानानासक्तिरेकान्तशीलता च मुमुक्षुता ॥१०८॥

यस्यैतद्विद्यते सर्वं तस्य चित्तं प्रसीदति । न त्वेतद्धर्मशून्यस्य प्रकारान्तरकोटिभिः ॥१०९॥

ब्रह्मचर्यञ्चाहिंसा भूतेषु दयाऽवक्रता सरलता **विषयेष्वतिवैतृष्ण्यं शौचं दम्भविवर्जनं सत्यं निर्ममता स्थैर्यमभिमानविवर्जनं** निरहङ्कारत्व**मीश्वरध्यानपरता ब्रह्मविद्भिः सह स्थितिः ज्ञानशास्त्रैकपरता**ऽध्यात्मज्ञाननित्यत्वं **सुखदुःखयोः समता मानानासक्ति**र्नित्य**मेकान्तशीलता च मुमुक्षुता यस्यैतत्सर्वं विद्यते तस्य चित्तं** मनः **प्रसीदति** कि**न्त्वेतद्धर्मशून्यस्य** यस्मिन्नेते धर्मा **न** सन्ति तस्य **प्रकारान्तरकोटिभि**रन्यकोटिभिरुपायैर्नैव च नैव च।

मनसोऽशान्तेर्मूलकारणं मनुष्याणां जीवनशैली तथाऽन्तर्विभजनम्। यथा *"पुण्यस्य फलमिच्छन्ति पुण्यं नेच्छन्ति मानवाः। पापस्य फलं नेच्छन्ति पापं कुर्वन्ति यत्नतः॥"* तथा च दुर्योधनेनोक्तम् -*"जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः॥"*इति।

ब्रह्मचर्य, अहिंसा, प्राणियों के लिये दया, सरलता, विषयों में तृष्णा का अत्यन्त अभाव, शौच, दम्भ का त्याग, ॥१०६॥
सत्य, किसी पदार्थ में ममत्व न रखना, स्थिरता, अभिमान का त्याग, ईश्वर के ध्यान में निमग्न रहना, ब्रह्मज्ञानियों के साथ स्थित होना, ॥१०७॥
अध्यात्म शास्त्र के विचार में निमग्न रहना, सुख और दुःख में समता, सम्मान में आसक्ति न होना, एकान्तशीलता तथा मोक्ष प्राप्ति की इच्छा ॥१०८॥
जिसमें ये सब हैं, उसका मन प्रसन्न होता है किन्तु इन धर्मों से शून्य का, अन्य करोडों उपायों से भी मन प्रसन्न नहीं होता है ॥१०९॥

ब्रह्मचर्य, अहिंसा, प्राणियों के लिये दया, सरलता, विषयों में तृष्णा का अत्यन्त अभाव, शौच, दम्भ से रहित, सत्य, किसी पदार्थ में ममत्व न होना, स्थिरता, अभिमान का त्याग निरहङ्कार युक्त, ईश्वर के ध्यान में निमग्न रहना, ब्रह्म ज्ञानियों के साथ स्थित होना, अध्यात्म ज्ञान का नित्यत्व, सुख और दुःख में समता, सम्मान में आसक्ति न करना, नित्य एकान्त वास में प्रीति तथा मुमुक्षुता – जिसके ये सब हैं, उसका मन प्रसन्न होता है। जिसमें ये नहीं होते हैं, उसका अन्य करोडों उपायों से भी मन प्रसन्न नहीं होता है।

मन के अशान्त होने में मूल कारण मनुष्यों की जीवनशैली तथा अन्तःक्लेश है। जैसे 'लोग पुण्य का फल चाहते है, पर कोई पुण्य नहीं करना चाहते। लोग पाप का फल मिले ऐसा नहीं चाहते फिर भी हमेशा पाप करने में लगे रहते हैं'। वैसे ही दुर्योधन ने भी कहा है – 'मैं धर्म को जानता हूँ, पर उसमें मेरी प्रवृत्ति नहीं होती और अधर्म को भी जानता हूँ, पर उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती' (ग० सं० १०।५०।३६)।

ब्रह्मचर्यम्

स्मरणं दर्शनं स्त्रीणां गुणकर्मानुकीर्तनम् । समीचीनत्वधीस्तासु प्रीतिः सम्भाषणं मिथः ॥११०॥

सहवासश्च संसर्गोऽष्टधा मैथुनं विदुः । एतद्विलक्षणं ब्रह्मचर्यं चित्तप्रसादकम् ॥१११॥

स्त्रीणां स्मरणं चिन्तनं **दर्शनं गुणकर्मानुकीर्तनं** गुणश्च कर्म च गुणकर्मणी तयोरनुकीर्तनं पुनः पुनः प्रशंसनं **तासु समीचीनत्वधीः** सम्यक्त्वधीः शोभनबुद्धिः **प्रीतिः** प्रेम **मिथः** परस्परं **सम्भाषणं सहवासश्च संसर्गः** समागमो ह्येवमष्टधा **मैथुनं विदुर्म**नीषिणः। **एतद्विलक्षणं** मैथुनासमाचार**श्चित्तप्रसादकं ब्रह्मचर्यं** चित्तप्रसादस्य कारणं भवति।

स्त्रियों का चिन्तन, दर्शन, उनके गुण और कर्मों की प्रशंसा करना, उनमें 'ये श्रेष्ठ हैं' ऐसा समझना ॥११०॥

उनके साथ प्रेम तथा समागम इस रीति से आठ प्रकार के मैथुन को मनीषी जानते हैं; इससे विपरीत आचरण करना रूप ब्रह्मचर्य चित्त की प्रसन्नता का कारण है ॥१११॥

स्त्रियों का चिन्तन, दर्शन, उनके गुण तथा कार्यों का कीर्तन कर पुनः पुनः प्रशंसा करना, उनमें सम्यक् बुद्धि शोभन बुद्धि, उनके साथ प्रेम करना, उनके साथ परस्पर बातें करना, एक साथ रहना तथा समागम करना ही आठ प्रकार के मैथुन को मनीषी जानते हैं। इसके विपरीत ब्रह्मचर्य है जो चित्त की प्रसन्नता का कारण है।

अहिंसा

अहिंसा वाङ्मनःकायैः प्राणिमात्राप्रपीडनम्। स्वात्मवत्सर्वभूतेषु कायेन मनसा गिरा ॥११२॥

वाङ्मनःकायैर्वाक् मनश्च कायश्च वाङ्मनःकायास्तैर्वाङ्मनःकायैर्न प्रपीडनमप्रपीडनं **प्राणिमात्राप्रपीडनं** प्राणिमात्राणामपीडनम्। *"अहिंसा परमो धर्मः"* इति स्मृतिः। वाचा हिंसनं वाग्घिसा दुर्भाषणं पारुष्यम्। मनसा हिंसनं द्वेषोऽसूया। कायेन हिंसनं ताडनम्। एतेषां त्रयाणामभावो**ऽहिंसा**। प्रत्युत **कायेन मनसा गिरा सर्वभूतेषु स्वात्मवद्व्य**वहरणम्। *"आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन। सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः"* इति भगवतोक्तम्। तथा च - *"आत्मवदेव परानपि पश्यत युद्धं*

त्यजत स्पर्धां त्यजत' इत्यन्याचार्यैरप्युक्तम्।

वाणी, मन और शरीर के द्वारा प्राणी मात्र को पीड़ा न देना तथा उनसे अपनी आत्मा के समान व्यवहार करना अहिंसा कही जाती है ॥११२॥

वाक् मन काय से प्राणी मात्र को पीड़ा न देना 'अहिंसा परम धर्म है' इस स्मृति प्रमाण से यह बात सिद्ध होती है। वाणी द्वारा हिंसा वाक् हिंसा, दुर्भाषण कटु बोलना। मन द्वारा हिंसा द्वेष असूया। काय द्वारा हिंसा ताडना। इन तीनों का अभाव अहिंसा है। इसके विपरीत काय, मन, वाणी से सभी प्राणियों में अपनी आत्मा के समान व्यवहार करना। भगवान् द्वारा कहा गया है - 'हे अर्जुन! जो पुरुष अपने समान सर्वत्र सम देखता है, चाहे वह सुख हो या दु:ख, वह परम योगी माना गया है' (भ० गी० ६।३२) तथा अन्य आचार्य द्वारा कहा गया है - 'दूसरों को अपने समान देखें, युद्ध का त्याग करें, स्पर्धा का त्याग करें' (काञ्चीकोटि आचार्य)।

मोक्ष के लिए ग्रन्थ पढना ही पर्याप्त नहीं है, सद्गुणों का विकास आवश्यक है। इससे मन निर्मल होता है और ब्रह्माकार वृत्ति बनने में सहायता मिलती है

दया - अवक्रता

अनुकम्पा दया सैव प्रोक्ता वेदान्तवेदिभिः । करणत्रितयेष्वेकरूपतावक्रता मता ॥११३॥

या लोकेऽ**नुकम्पा** प्रसिद्धा **सैव वेदान्तवेदिभिर्दया प्रोक्ता**। भूतेषु दुःखितेषु तेषां दुःखाऽसहने करुणा तेषां दुःखपरिहरणेच्छा दया। उक्तं च - *"आत्मवत्सर्वभूतेषु यो हिताय शुभाय च। वर्तते सततं हृष्टः क्रिया ह्येषा दया स्मृता॥", "परे वा बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्टरि वा सदा। आत्मवद्वर्तितव्यं हि दयैषा परिकीर्तिता॥"* इति। या **करणत्रितयेष्वेकरूपता** सा**ऽवक्रता मता**। त्रिविधकरणेन ज्ञानेन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाण्यन्तःकरणञ्च सङ्गृहीतानि तस्मात्तेषां सर्वेषां व्यवहारेष्वार्जवमृजुता या सैवाऽवक्रता। यल्लक्ष्यं बुद्ध्या निर्धारितं शास्त्राचार्योपदेशानन्तरं तदेव युक्तेन मनसाऽनुसरणीयं निगृहीतेन्द्रियैश्च। ते सर्वे तस्मिन्नेकस्मिँल्लक्ष्ये नियुज्यन्ते यया वृत्त्या साऽवक्रता। श्रुतेश्च *"यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा। तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः"* तस्यैव प्रज्ञा प्रतिष्ठिता भवतीति गीतासूक्तम् *"तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः। इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥" इति।*

लोक में जो अनुकम्पा प्रसिद्ध है वह वेदान्त व्याख्याताओं ने दया कही है। तीन करणों में एकभाव की वृत्ति अवक्रता मानी गयी है ॥११३॥

जो लोक में अनुकम्पा प्रसिद्ध है, वह ही वेदान्त के जानने वालों ने दया कही है। सभी दु:खी हुए भूतों में उनके दु:ख को सहन न करने पर करुणा, उनका दु:ख दूर करने की इच्छा दया है। कहा भी गया है – 'अपनी आत्मा के समान जो सभी प्राणियों में हित तथा शुभ के लिए निरन्तर लगा रहता है, इस क्रिया को दया कहते हैं', 'अन्यों के साथ, मित्र, द्वेष्य तथा शत्रु के साथ सदा वैसा ही वर्तन करना जैसा अपने साथ करते हैं, इसी को दया कहते हैं' जो तीनों करणों में एकरूपता है, वह अवक्रता कही गयी है। तीनों करणों से ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय तथा अन्तःकरण को लेकर उन सभी की व्यवहार में जो आर्जव ऋजुता है उसे अवक्रता कहते हैं। जो लक्ष्य को बुद्धि द्वारा निर्धारित कर शास्त्र तथा आचार्य के उपदेश के पश्चात् वैसा ही युक्ति द्वारा मन से अनुसरण तथा निरोधित करता है, जिस वृत्ति के द्वारा वे सभी उस एक लक्ष्य में जुडते हैं वह अवक्रता कही गयी है। श्रुति के अनुसार 'परन्तु जो मनुष्य बुद्धिमान हैं और जिनका मन वश में है उनकी इन्द्रियाँ भी उनके वश में उसी प्रकार रहती हैं जैसे उत्तम घोडे सारथी के वश में रहते हैं' (क० उ० १।३।६)। उसकी ही प्रज्ञा प्रतिष्ठित होती है। गीता में कहा है 'इसीलिये हे महाबाहो! जिस मनुष्य की इन्द्रियाँ सब प्रकार इन्द्रियों के विषयों से सर्वथा निगृहीत (वश में की हुई) हैं, उसकी बुद्धि स्थिर है' (भ० गी० २।६८)।

अहं ब्रह्मास्मि का अर्थ ही है कि मैं देह नहीं हूँ। इन सद्गुणों से ऐसी वृत्ति बनती है कि मैं देह नहीं हूँ

वैतृष्ण्यम्

ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु वैराग्यं विषयेष्वनु । यथैव काकविष्ठायां वैराग्यं तद्धि निर्मलम् ॥११४॥

यथैव काकविष्ठायां वैराग्यं गोविष्ठायामन्यप्रयोजनसिद्ध्यर्थं ग्रहणेच्छा भवति। अन्यविष्ठायामपि कदाचित्कस्यचिद्ग्रहणेच्छा भवत्यतः काकविष्ठाया दृष्टान्तः। उपलक्षणमेवैतद्वान्तादीनां **विषयेष्विच्छा**ऽनुदयो वैतृष्ण्यस्य परवैराग्यस्य लक्षणम्। कुत्र? **ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु** सत्यलोकादिमर्त्यलोकान्तेषु तत्साधनेषु च। **अनु** शब्देन तेषां सर्वेषां कर्मजन्यत्वादनित्यत्वं ज्ञात्वेत्यर्थः। महर्षिपतञ्जलिनोक्तम् *"तत् (वैराग्यं) परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्"* **हि** यस्मात्त**द्वैराग्यं निर्मलं** रागादिमलरहितम्।

जिस प्रकार काक विष्ठा, वैसे ही ब्रह्मा से लेकर स्थावर पर्यन्त विषयों में उदासीनता वही निर्मल वैराग्य है ॥११४॥

जिस प्रकार काक विष्ठा में वैराग्य होता है। गोविष्ठा में अन्य प्रयोजन सिद्ध होने के कारण ग्रहण करने की इच्छा होती है। अन्य विष्ठा में भी कभी किसी को ग्रहण करने की इच्छा होती है, इसीलिये काक विष्ठा का दृष्टान्त है। उपलक्षण से ही यह वान्त आदि विषयों में इच्छा का अनुदय वैराग्य का लक्षण है। कहाँ? ब्रह्मा से लेकर स्थावर पर्यन्त, सत्यलोक से लेकर मर्त्यलोक तक में तथा उनके साधनों में। 'अनु' शब्द से उन सभी को कर्म से उत्पन्न हुआ जानकर अनित्यत्व ज्ञात होता है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा कहा गया है 'पुरुष के सत्य स्वरूप के ज्ञान से जो प्रकृति के गुणों में तृष्णा रहित हो जाना है - वह परम वैराग्य है' (यो० सू० १।१६) क्योंकि वह वैराग्य ही निर्मल राग आदि मल से रहित है।

शौचम्

बाह्यमाभ्यन्तरं चेति द्विविधं शौचमुच्यते। मृज्जलाभ्यां कृतं शौचं बाह्यं शारीरकं स्मृतम् ॥११५॥

अज्ञानदूरीकरणं मानसं शौचमान्तरम्। अन्तःशौचे स्थिते सम्यग्बाह्यं नावश्यकं नृणाम् ॥११६॥

बाह्यं शारीरकं **चाभ्यन्तरं** मानसञ्च**ेति द्विविधं शौचमुच्यते। मृज्जलाभ्यां कृतं शौचं बाह्यं शारीरकं स्मृतम्।** सम्यग्ज्ञाने**नाज्ञानदूरीकरणम**ज्ञाननिवृत्ति**र्मानसं शौचमान्तरम्। अन्तःशौचे सम्यक् स्थिते** सिद्धे **नृणां बाह्यं** शौचं **नावश्यकम्।** एतेनान्तःशौचमेव परमावश्यकं साक्षात्कारणत्वाच्छुद्ध्यर्थमन्यत्तु परम्परयेति।

बाहर तथा भीतर - इस तरह शौच दो प्रकार का कहा जाता है। मृत्तिका तथा जल से किया हुआ शौच शरीर सम्बन्धी बाहरी कहा गया है ॥११५॥

मन का शौच भीतर का शौच है, वह ही अज्ञान को दूर करने वाला होता है। मन के शौच के भली प्रकार से सिद्ध होने पर मनुष्यों को बाहरी शौच आवश्यक नहीं है ॥११६॥

शरीर तथा मन का इस प्रकार शौच दो प्रकार का कहा गया है। मृत्तिका और जल से किया हुआ शौच शरीर सम्बन्धी बाहरी शौच कहा है। सम्यक् ज्ञान के द्वारा अज्ञान की निवृत्ति - मन का भीतरी शौच है। अन्तः शौच के भली प्रकार से सिद्ध होने पर मनुष्यों को बाहरी शौच की आवश्यकता नहीं है। इससे शुद्धि का साक्षात् कारण होने से अन्तः शौच ही परम आवश्यक है, अन्य सब तो परम्परागत हैं।

अदम्भित्वम्

ध्यानपूजादिकं लोके द्रष्टर्येव करोति यः । पारमार्थिकधीहीनः स दम्भाचार उच्यते ।
पुंसस्तथानाचरणमदम्भित्वं विदुर्बुधाः ॥११७॥

द्रष्टरि विद्यमान **एव लोके यः** पुरुषो **ध्यानपूजादिकं** ध्यानञ्च पूजा च ध्यानपूजे, ते चादी यस्य यज्ञादिकर्मसमूहस्य स ध्यानपूजादिस्तस्माद्बहुव्रीहौ कप्प्रत्ययो ध्यानपूजादिकः, तं ध्यानपूजादिकम्। आदिपदेन यज्ञदानादीनां सङ्ग्रहः। **करोति स पारमार्थिकधीहीनस्त**स्मिन्ध्यानपूजादौ पारमार्थिकबुद्धिर्यस्य नास्ति स पारमार्थिकधीहीनः श्रद्धाविरहितः पुरुषो **दम्भाचार उच्यते**। **पुंसस्तथाऽनाचरणं** नाचरणमनाचरणं तं **बुधाः** पण्डिता **अदम्भित्वं विदुः**। अथवा वेषभाषाक्रियाचातुर्यादिभिः स्वमहत्त्वप्रकटनं दम्भस्तद्वत्त्वं दम्भित्वं तद्रहितत्वमदम्भित्वम्।

दर्शकों के विद्यमान होने पर ही संसार में जो पुरुष ध्यान, पूजा आदि करता है; परमार्थ के विषय की श्रद्धा से हीन वह पुरुष दम्भाचार करने वाला कहा जाता है। पुरुष के इस प्रकार आचरण न करने को पण्डित अदम्भीपना जानते हैं ॥११७॥

लोक में द्रष्टा विद्यमान होने पर ही जो पुरुष ध्यान तथा पूजा आदि करता है। जिसके यज्ञ आदि कर्मों के समूह के आदि में ध्यान-पूजा आदि हैं, अतः बहुव्रीहि समास में 'कप्' प्रत्यय से ध्यानपूजादिक बनता है अर्थात् ध्यान, पूजा आदि को करने वाला। 'आदि' पद से यज्ञ, दान आदि का सङ्ग्रह समझना चाहिए। उस ध्यान पूजा आदि में जिसकी पारमार्थिक बुद्धि नहीं है, वह पारमार्थिक बुद्धिहीन श्रद्धा से रहित पुरुष पाखण्ड करने वाला कहा जाता है। उस ऐसा आचरण न करने वाले को पण्डित अदम्भीपना जानते हैं। अथवा वेष, भाषा, क्रिया, चातुर्य आदि से अपना महत्व प्रकट करने को दम्भ, वैसे आचरण को दाम्भिकता और उससे रहित को अदाम्भिकता कहते हैं।

सत्यम्

यत्स्वेन दृष्टं सम्यक्क श्रुतं तस्यैव भाषणम् । सत्यमित्युच्यते ब्रह्म सत्यमित्यभिभाषणम्[३८] ॥११८॥

यत्स्वेन दृष्टं सम्यक्छ्रुतञ्च तस्यैव भाषणं सत्यमित्युच्यते। अन्येन विप्रलम्भकेन भाषितं न तत्सत्यम्। आप्तवाक्यस्यैव सत्यत्वात्। **ब्रह्मसत्यमित्यभिभाषणं** वचनमुक्तिः सत्यमित्युच्यते। *"अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद सन्तमेनं ततो विदुरिति"* , *"अथात आदेशो नेति नेति न ह्येतस्मादिति नेत्यन्यत्परमस्त्यथ नामधेयगं सत्यस्य सत्यमिति प्राणा वै सत्यं तेषामेष सत्यम्"* इत्यादि श्रुतिभिः ब्रह्मणः सत्यत्वं प्रतिपादितं तदेव सर्वस्य सत्यस्य सत्यमन्यत्सर्वं नेति नेतीत्यादिना बाधितम्।

अपने आप जो देखा हो तथा यथार्थ सुना हो उसको ही कहना - सत्य नाम से कहा जाता है। 'ब्रह्म सत्य है' ऐसा कहना सत्य इस नाम से कहा जाता है ॥११८॥

जो अपने आप देखा हो तथा यथार्थ सुना हो उसको ही कहना, सत्य इस नाम से कहा जाता है। अन्य से भ्रमित होकर देखे हुए को कहना वह सत्य नहीं है। आप्त वाक्य का ही सत्य होने के कारण 'ब्रह्म सत्य है' ऐसा वचन कहना सत्य कहा जाता है। 'यदि कोई ब्रह्म को इस रूप में जानता है कि वह है, तो लोग उसे सन्त की तरह जानते हैं तथा वह उनके लिए एक यथार्थ सत्य है' (तै० उ० २।६)। 'अब इसके पश्चात् 'नेति नेति' यह ब्रह्म का आदेश है। 'नेति नेति' इससे बढ़कर कोई उत्कृष्ट आदेश नहीं है। 'सत्य का सत्य' यह उसका नाम है। प्राण ही सत्य हैं, उनका यह सत्य है' (बृ० उ० २।३।६) इत्यादि श्रुतियों द्वारा ब्रह्म के सत्यत्व को प्रतिपादित कर वह ही सर्व के सत्य का सत्य है, अन्य सब नेति नेति इत्यादि से बाधित हो जाता है।

निर्ममता

देहादिषु स्वकीयत्वदृढबुद्धिविसर्जनम् । निर्ममत्वं स्मृतं येन कैवल्यं लभते बुधः ॥११९॥

---

[३८] *ब्रह्म सत्यमित्यभिभाषणम् का अर्थ है 'ब्रह्म ही सत्य है'*

देहादिषु स्वकीयत्वदृढबुद्धिविसर्जनं स्वस्येदमिति स्वकीयं तस्य भावः स्वकीयत्वम्, दृढा चासौ बुद्धिश्च दृढबुद्धिः, स्वकीयत्वे दृढा बुद्धिः स्वकीयत्वदृढबुद्धिस्तस्याः स्वकीयत्वदृढबुद्धेर्विसर्जनं त्यागः स्वकीयत्वदृढबुद्धिविसर्जनं **निर्ममत्वं स्मृतं येन बुधः कैवल्यं** मुक्तिं **लभते**। यथा *"अहमेषां ममैते"* इति पुत्रमित्रकलत्रसुहृत्स्वजनसम्बन्धिबान्धवेषु भ्रान्तिप्रत्ययौ बन्धनकारिणौ तद्वद्देहादिष्वपि पञ्चकोशेषु तौ प्रत्ययौ बन्धकारिणाविति।

देह आदि पदार्थों में 'यह मेरे हैं' ऐसी दृढ हुई बुद्धि को त्याग देना निर्ममता है, जिससे विवेकी पुरुष मोक्ष को पाता है ॥११९॥

देह आदि पदार्थों में यह मेरे हैं ऐसी स्वकीय भाव वाली दृढ बुद्धि का त्याग निर्ममता कही गयी है जिससे विवेकी पुरुष मोक्ष को पाता है। जैसे 'मैं इनका हूँ और ये मेरे हैं' (भ० गी० भाष्य) - पुत्र, मित्र, पत्नी, हितैषी, स्वजन, सम्बन्धी, बान्धव में भ्रान्ति प्रत्यय बन्धन का कारण है वैसे ही देहादि में भी, पञ्च कोशों में वह दोनों प्रत्यय बन्धन का कारण है।

स्थैर्यम्

गुरुवेदान्तवचनैर्निश्चितार्थे दृढस्थितिः । तदेकवृत्त्या तत्स्थैर्यं नैश्चल्यं न तु वर्ष्मणः ॥१२०॥

गुरुवेदान्तवचनैर्गुरुश्च वेदान्तश्च गुरुवेदान्तौ तयोर्वचनानि गुरुवेदान्तवचनानि तैर्गुरुवेदान्तवचनै**र्निश्चितार्थे** निश्चितोऽर्थः पदस्य वाक्यस्य च प्रमाणबुद्ध्या गुरुवेदान्तवाक्यानि श्रुत्वा तर्कतश्च निर्धार्य **तदेकवृत्त्या** तस्मिन्निर्धारितेऽर्थ एकवृत्त्या बुद्धेरेकाकारवृत्त्या सजातीयप्रत्ययप्रवाहरूपेण या **दृढस्थितिर्दृ**ढनिष्ठा **तत्स्थैर्यं न तु वर्ष्मणः** स्थूलदेहस्य **नैश्चल्यम्**। शरीरनैश्चल्यं तु बालानामेव साधनमिदं तु मनसः स्थैर्यं शमादिषट्सम्पत्तिषु गदितमिति भावः।

गुरु तथा वेदान्त के वचनों के द्वारा निश्चय किये हुए पदार्थ में, उसमें ही चित्त को एकाग्र रूप से लगा कर जो अटल स्थिति है वह स्थिरता है; शरीर की निश्चलता तो नहीं ॥१२०॥

गुरु तथा वेदान्त उन दोनों के वचनों द्वारा निश्चित किए हुए पद तथा वाक्य के अर्थ का प्रमाण बुद्धि से गुरु-वेदान्त वाक्यों को सुनकर तर्क से निर्धारित एक वृत्ति से बुद्धि की एकाकार वृत्ति से सजातीय प्रत्यय प्रवाह रूप द्वारा जो दृढ निष्ठा है वह स्थिरता है, स्थूल देह की निश्चलता तो नहीं। शरीर की निश्चलता तो अविवेकियों का ही साधन है किन्तु मन की स्थिरता शम आदि षट्सम्पत्ति में कही गयी है।

किसी कर्म का सङ्कल्प लेकर उसे अवश्य पूरा करना चाहिए, चाहे वह प्रयोजन पूरा हो चुका हो। सङ्कल्प पूरा करने से आत्मबल मिलता है

अभिमानविसर्जनम्

विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमादिभिः । सञ्जाताहङ्कृतेस्त्यागस्त्वभिमानविसर्जनम् ॥१२१॥

विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमादिभिर्विद्या चैश्वर्यञ्च तपश्च रूपञ्च कुलञ्च वर्णाश्चाश्रमाश्च विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमास्ते चादयो येषां ते विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमादयस्तैर्विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमादिभिः। विद्याऽपरा विद्या वेदवेदाङ्गाध्ययनं लौकिकविद्या भौतिकविषया सामाजिकविषया च। ऐश्वर्यमणिमादिसिद्धयः। तपः शारीरं वाचिकं मानसञ्च। रूपं सौन्दर्यम्। स्पष्टमन्यत्। तैः **सञ्जाताहङ्कृतेस्त्यागोऽभिमानविसर्जनं तु** कथ्यते। यस्मात्साधकानां ध्येयब्रह्म *"अगोत्रमवर्णम्", "अशरीरं शरीरेषु", "अप्राणोऽह्यमनाः", "जातिनीतिकुलगोत्रदूरगं नामरूपगुणदोषवर्जितं देशकालविषयातिवर्ति"* तस्मादभिमानत्यागः कर्तव्यः। इतरेषामासुरीसम्पत्प्राप्तानां तु *"इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम्। इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम्॥", "असौ मया हतः शत्रुर्हनिष्ये चापरानपि। ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोऽहं बलवान्सुखी॥",*

"आढ्योऽभिजनवानस्मि कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया। यक्ष्ये दास्यामि मोदिष्य इत्यज्ञानविमोहिताः॥" **इत्यादिभिः श्रुतिस्मृतिवाक्यैर्ज्ञानं तज्जन्याभिमानं च हेयत्वेनोक्तम्।**

विद्या, ऐश्वर्य, तपस्या, शरीर की सुन्दरता, वंश तथा आश्रम आदि के द्वारा उत्पन्न हुए अहङ्कार का त्याग अभिमान का त्याग कहा जाता है ॥१२१॥

विद्या, ऐश्वर्य, तपस्या, रूप, कुल, वंश तथा आश्रम आदि; विद्या अर्थात् अपरा विद्या वेदवेदाङ्ग का अध्ययन, लौकिक विद्या, भौतिक तथा सामाजिक विषय की विद्या। ऐश्वर्य – अणिमा आदि सिद्धियाँ। तप – शारीरिक, वाचिक तथा मानसिक। रूप अर्थात् सौन्दर्य। अन्य सब स्पष्ट है। उनके द्वारा उत्पन्न हुए अहङ्कार का त्याग अभिमान का त्याग कहा जाता है। क्योंकि साधकों का ध्येय ब्रह्म है जो 'अगोत्र, अवर्ण' (मु० उ० १।१।६), 'शरीरों में शरीर रहित' (क० उ० १।२।२१), 'अप्राण मनोहीन' (मु० उ० २।१।२), 'जाति, नीति, कुल, गोत्र से वर्जित, नाम-रूप गुण-दोष से वर्जित, देश काल विषय आदि से भिन्न' (वि० चू० २५४) इसीलिये अभिमान का त्याग किया जाना चाहिए। किन्तु इससे भिन्न आसुरी सम्पत्ति वाले 'मैंने आज यह पाया है और इस मनोरथ को भी प्राप्त करूँगा, मेरे पास यह इतना धन है और इससे भी अधिक धन भविष्य में होगा' (भ० गी० १६।१३), 'यह शत्रु मेरे द्वारा मारा गया है और दूसरे शत्रुओं को भी मैं मारूँगा, 'मैं ईश्वर हूँ और भोगी हूँ, मैं सिद्ध पुरुष हूँ, मैं बलवान् और सुखी हूँ' (भ० गी० १६।१४), 'मैं धनवान् और श्रेष्ठ कुल में जन्मा हूँ। मेरे समान दूसरा कौन है? मैं यज्ञ करूँगा, मैं दान दूँगा, मैं मौज करूँगा - इस प्रकार के अज्ञान से वे मोहित होते हैं' (भ० गी० १६।१५) इत्यादि द्वारा ज्ञान तथा उससे उत्पन्न अभिमान का त्याग कहा गया है।

ईश्वरध्यानम्

त्रिभिश्च करणैः सम्यग्हित्वा वैषयिकीं क्रियाम् । स्वात्मैकचिन्तनं यत्तदीश्वरध्यानमीरितम् ॥१२२॥

त्रिभिः करणैः कायेन वाचा मनसा ज्ञानेन्द्रियैः कर्मेन्द्रियैरन्तःकरणैश्च **वैषयिकीं** वैषयिकीयं विषयेषु या क्रिया तां **क्रियां सम्यग्हित्वा** त्यक्त्वा **यत्स्वात्मैकचिन्तनं** सगुणब्रह्मोपासनमहङ्ग्रहोपासनं वा **तदीश्वरध्यानमीरितं** प्रोक्तमिति।

तीन करणों के द्वारा विषयों में की गयी क्रिया को भली प्रकार त्यागकर जो अपनी आत्मा मात्र का चिन्तन है वह ईश्वर का ध्यान कहा गया है ॥१२२॥

काय, वचन, मन, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, अन्तःकरण रूप तीन करणों के द्वारा विषयों में की गयी क्रिया को भली प्रकार त्याग कर जो सगुण ब्रह्म की उपासना अथवा अहङ्ग्रहोपासना करता है, वह ईश्वर का ध्यान कहा गया है।

ब्रह्मवित्सहवासः

छायेव सर्वदा वासो ब्रह्मविद्भिः सह स्थितिः ॥१२३॥

छायेव यथा पुरुषस्य छाया वर्तते तद्वत्**सर्वदा ब्रह्मविद्भिः सह वासः स्थितिर्ब्र**ह्मवित्सहवासः कथ्यते मनीषिभिः।
पूर्वोक्तद्वाभ्यां श्लोकाभ्यां स्वस्वरूपानुसन्धानं तथा ब्रह्मविदनुसरणं यथोक्तकारित्वं शीतोष्णसुखदुःखादिषु समत्वं निन्दास्तुत्योस्तुल्यत्वं सर्वभूतहिते रतत्वमित्यादिसर्वमुक्तं भवति। स्वाध्यायप्रवचनाभ्यामपि न प्रमदितव्यमित्यप्युक्तम्।

ब्रह्म ज्ञानियों के साथ सदा छाया के समान रहना ब्रह्मवित् सहवास कहा जाता है ॥१२३॥

जैसे पुरुष का छाया के साथ व्यवहार होता है, वैसे ही सदा ब्रह्म ज्ञानियों के साथ स्थित होना मनीषियों द्वारा ब्रह्मवित् सहवास कहा जाता है।

पूर्व कहे दोनों श्लोकों द्वारा स्वस्वरूप अनुसन्धान तथा ब्रह्मवित् का अनुसरण, ऊपर कहे अनुसार सब करने से, शीत-ऊष्ण, सुख-दुःख आदि में समत्व, निन्दा-स्तुति में समानता, सभी प्राणियों के हित में रत इत्यादि जो कहा है, सब होता है। स्वाध्याय तथा अध्यापन के प्रति प्रमाद न होवे – ऐसा भी कहा गया है।

ज्ञाननिष्ठा

यद्यदुक्तं ज्ञानशास्त्रे श्रवणादिक्रमेषु यः। निरतः कर्मधीहीनः ज्ञाननिष्ठः स एव हि ॥१२४॥

यः पुरुषो **ज्ञानशास्त्रे** वेदान्तेषु **यद्यदुक्तं** तेषु **श्रवणादिक्रमेषु** श्रवणमनननिदिध्यासनेषु **निरतस्त**त्परो भवति स **कर्मधीहीनः** कर्मणि धीर्यस्य स कर्मधीस्तत्रैव रतः, तया कर्मधिया हीनः कर्मधीहीनः सर्वकर्मसंन्यासी नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते **स एव ज्ञाननिष्ठः**। ज्ञाननिष्ठा ज्ञानसाधनेषु वेदान्तश्रवणादिषु निष्ठा। **हि**शब्दो निःसंशयार्थे यस्मादेवशब्दस्त्ववधारणार्थे प्रयुक्तः। तत्र श्रवणं तु सर्वेषामशेषाणां वेदान्तानामादिमध्यावसानत उपक्रमादिलिङ्गेभ्य एकवाक्यतया पर्यालोचनया ब्रह्मात्मन्येव परात्मप्रत्यगात्मनोरभेदबोध एव तात्पर्यमिति धीः। श्रवणस्य प्रयोजनं प्रमाणासम्भावना निवृत्तिः। जीवस्य ब्रह्मत्वे प्रपञ्चमिथ्यात्वे च प्रमाणं नास्तीति भावना प्रमाणासम्भावना। मननं तु तस्य षड्विधलिङ्गतात्पर्यपूर्वकश्रुतस्य भूमलक्षणस्याद्वितीयस्य ब्रह्मणो वेदान्ताविरोधिनीभिर्युक्तिभिर्नैरन्तर्येणानुचिन्तनम्। तस्य प्रयोजनं प्रमेयासम्भावनानिवृत्तिः। जीवब्रह्मैक्यं प्रपञ्चमिथ्यात्वं च न सम्भवतीति भावना प्रमेयासम्भावना। ताभ्यां श्रवणमननाभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे यत्स्थापितस्य चेतस एकतानत्वं तद्धि निदिध्यासनम्। तेन विपरीतभावनानिवृत्तिर्भवति। विपरीतभावना नामानात्मन्यात्मबुद्धिर्जगति सत्यत्वबुद्धिश्च। उक्तं हि पञ्चपादिकाविवरणे "असम्भावनेति चित्तस्य ब्रह्मात्मपरिभावनाप्रचयनिमित्त-तदेकाग्रवृत्त्ययोग्यतोच्यते। विपरीतभावनेति शरीराद्यध्याससंस्कारप्रचयः।" इति।

ज्ञान शास्त्र में जो-जो कहा है उस श्रवण मनन आदि क्रम में कर्मबुद्धि से हीन हुआ जो पुरुष तत्पर होता है, निश्चय वह ही ज्ञाननिष्ठ कहा जाता है ॥१२४॥

जो पुरुष वेदान्त में जो-जो कहा है उसमें श्रवण, मनन, निदिध्यासन में तत्पर होता है, कर्मबुद्धि से हीन – कर्म में बुद्धि है जिसकी, वह कर्मबुद्धि उसमें ही रत है। उससे हीन कर्मबुद्धिहीन सर्व कर्म संन्यासी वह न इन्द्रियों के भोगों में, न कर्मों में ही आसक्त होता है वह ही ज्ञाननिष्ठ है। ज्ञान साधन - वेदान्त श्रवण आदि में निष्ठा ज्ञाननिष्ठा है। 'हि' शब्द निःसंशय अर्थ में है क्योंकि एव शब्द तो अवधारण अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। किन्तु वहाँ श्रवण सभी पूर्णतया वेदान्त के आदि, मध्य तथा अन्त तक उपक्रम आदि लिङ्ग से एकवाक्य के द्वारा सब ओर से ब्रह्म का आत्मा में ही विचार कर परात्म प्रत्यक् आत्मा का भेदरहित ज्ञान ही तात्पर्य है। श्रवण का प्रयोजन प्रमाण असम्भावना की निवृत्ति है। जीव के ब्रह्मत्व तथा प्रपञ्च के मिथ्यात्व होने में प्रमाण न होने की भावना 'प्रमाण असम्भावना' है। किन्तु मनन तो उसको षड्विधलिङ्ग तात्पर्य पूर्वक सुनकर भूमा लक्षण से एकमेवाद्वितीय ब्रह्म का वेदान्त की अविरोधी युक्तियों से निरन्तर अनुचिन्तन है। उसका प्रयोजन प्रमेय असम्भावना की निवृत्ति है। जीव-ब्रह्म ऐक्य तथा प्रपञ्च मिथ्यात्व सम्भव न होने की भावना 'प्रमेय असम्भावना' है। उन दोनों श्रवण मनन से संशय रहित अर्थ में मन को एकतानत्व रूप से स्थापित करना ही निदिध्यासन है। उसके द्वारा विपरीत भावना की निवृत्ति होती है। अनात्मा में आत्म बुद्धि तथा जगत् में सत्यत्व बुद्धि का नाम 'विपरीत भावना' है। पञ्चपादिका विवरण में कहा गया है, 'असम्भावना चित्त की एकाग्र वृत्ति की असमर्थता कही जाती है, जो ब्रह्म-आत्मा के चिन्तन को बढ़ाने का कारण है। विपरीत भावना शरीर आदि के अध्यास के संस्कारों की अधिकता है'।

समत्वम्

धनकान्ताज्वरादीनां प्राप्तकाले सुखादिभिः । विकारहीनतैव स्यात्सुखदुःखसमानता ॥१२५॥

धनकान्ताज्वरादीनां धनश्च कान्ता च ज्वरश्च धनकान्ताज्वरास्ते चादयो येषां ते धनकान्ताज्वरादयस्तेषां धनकान्ताज्वरादीनां **प्राप्तकाले सुखादिभिर्विकारहीनता** निर्विकारत**ैव सुखदुःखसमानता** समत्वं **स्यात्**। *"दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥"* इति स्मृतेः।

धन, स्त्री तथा ज्वर आदि रोगों के प्राप्त होने के समय सुख आदि के द्वारा निर्विकार होना ही सुख-दुःख समत्व होगा ॥१२५॥

धन, स्त्री तथा ज्वर आदि के प्राप्त होने के समय निर्विकार होना ही सुख-दुःख में समत्व है। स्मृति के अनुसार 'दुःखों की प्राप्ति होने पर जिसके मन में उद्वेग नहीं होता और सुखों की प्राप्ति होने पर जिसके मन में स्पृहा नहीं होती तथा जो राग, भय और क्रोध से सर्वथा रहित हो गया है, वह मुनि स्थितप्रज्ञ कहलाता है' (भ० गी० २।५६)।

दुःख जो निवृत्त होने वाले नहीं हैं, उन्हें स्वीकार करना ही होगा। इसके दो स्तर हैं - पहला कि यह प्रारब्ध है। दूसरा कि यह ज्वर आदि पञ्चकोश में हैं और मैं पञ्चकोश से परे ब्रह्म हूँ, इससे मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है

मानानासक्तिः

श्रेष्ठं पूज्यं विदित्वा मां मानयन्तु जना भुवि । इत्यासक्त्या विहीनत्वं मानानासक्तिरुच्यते ॥१२६॥

मां **भुवि** भूतले सर्वत्र **जना** मनुष्याः **श्रेष्ठं पूज्यं** संभजनीयं **विदित्वा**हं तपस्वी सिद्धो महात्माऽन्ये सर्वे वराकास्तु भूमिभारायावतीर्णा इति मत्त्वा **मां मानयन्तु** संमानयन्तु पूजयन्त्वर्चयन्तु स्तुत्यादिनोपहारादिना च सत्कारं कुर्व**न्त्वित्यासक्त्या विहीनत्वं मानानासक्ति**र्मानसंमानादिषु वैराग्यभावनोदासीन**तोच्यत** इति।

'भूमि पर मनुष्य मुझे श्रेष्ठ पूजनीय जानकर मानें' - इस प्रकार आसक्ति से रहित होना, मान में आसक्ति न होना कहा जाता है ॥१२६॥

मुझे भूतल पर सब जगह मनुष्य श्रेष्ठ पूजनीय मानकर भजन करें, मैं तपस्वी सिद्ध महात्मा अन्य सभी बेचारे भूमि के भार रूप में अवतीर्ण हुए हैं – ऐसा मानकर मेरा सम्मान, पूजन, अर्चना, स्तुति तथा उपहार आदि से सत्कार करें। इस प्रकार मान सम्मान आदि में वैराग्य भावना होना उदासीनता कही जाती है।

गृहादि से विरक्त महात्माओं को भी सम्मान में आसक्ति हो सकती है, जिससे विरक्त होने की आवश्यकता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' - ऐसी भावना बनी रहे तो सम्मान-असम्मान से अप्रभावित रह सकते हैं

एकान्तशीलता

सच्चिन्तनस्य सम्बन्धो विघ्नोऽयं निर्जने ततः । स्थेयमित्येक एवास्ति चेत्सैवैकान्तशीलता ॥१२७॥

अयं सम्बन्धो जनसङ्कीर्णो नरसङ्कुलः **सच्चिन्तनस्य** ब्रह्मचिन्तनस्य **विघ्नः** प्रतिबन्ध**स्ततो निर्जने** जनशून्यस्थाने **स्थेयमिति** मत्त्वा विचा**यैकैवास्त्ये**काकी भवति वसति वा **चेत्सेवैकान्तशीलतो**च्यते। *"अरतिर्जनसंसदि"* इति स्मृतेः। प्राकृतानां जनानां संस्कारशून्यानां संसत्प्राकृतजनसंसत्तस्यां प्राकृतजनसंसद्यरतिः। *"एकान्ते सुखमास्यतां परतरे चेतः समाधीयताम्"* इति।

यह मनुष्यों से भरा स्थान ब्रह्म विचार का विघ्न है, इस कारण से जन शून्य स्थान में स्थित होना चाहिए। इस प्रकार यदि कोई अकेला ही रहता है, यह ही एकान्तशीलता कही जाती है ॥१२७॥

यह जनसंकीर्ण नरों से युक्त स्थान ब्रह्म चिन्तन का प्रतिबन्ध है, इसीलिये जनशून्य स्थान में स्थित होना चाहिए। यदि इस प्रकार मानकर विचार के द्वारा एकाकी होता है या रहता है यह ही एकान्तशीलता कही जाती है। 'जन-समुदाय में प्रीति का न होना' (भ० गी० १३।११)

स्मृति में कहा है। प्राकृत जनों की संस्कार शून्य प्राकृत जनों की सभा में रति होती है। 'एकान्त सुख का सेवन करना चाहिए, परब्रह्म में चित्त को लगाना चाहिए' (सा० प० ५)।

मुमुक्षुता

संसारबन्धनिर्मुक्तिः कदा झटिति मे भवेत् । इति या सुदृढा बुद्धिरीरिता सा मुमुक्षुता ॥१२८॥

कदा झटिति शीघ्रं हि **मे संसारबन्धनिर्मुक्तिः** संसारोऽविद्याकामकर्माद्येव बन्धः संसारबन्धस्तस्मान्निर्मुक्तिर्निःशेषो मुक्तिर्निर्मुक्तिः संसारबन्धनिर्मुक्तिः। जन्ममृत्युजराव्याधिरूपः संसारो वा कर्मबन्धनमेव हेतुफलात्मकः संसारो वेहलोकपरलोकगमनं संसारस्तस्मान्मुक्ति**र्भवेदिति या सुदृढा बुद्धिः सा मुमुक्षुता** मोक्तुमिच्छे**रिता**। आचार्यप्रवराः स्वयमेव वक्ष्यन्ति च *"संसारबन्धनिर्मुक्तिः कथं स्यान्मे दयानिधे। इति या सुदृढा बुद्धिर्वक्तव्या सा मुमुक्षुता"* इति।

अस्य मनोनिग्रहस्यानिर्विण्णचेतसाऽभ्यासः कर्तव्यः - *"उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना। मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेद-परिखेदतः।"* इति परमगुरवो गौडपादाचार्या ऊचिरे। महर्षिपतञ्जलिनोक्तम् *"स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितो दृढभूमिः"* इति।

'किस समय शीघ्र ही मेरा संसार बन्धन से छूटना होगा' - इस प्रकार की जो अत्यन्त दृढ बुद्धि है वह मुमुक्षुता कही गयी है ॥१२८॥

शीघ्र ही मेरी संसार से - अविद्या काम कर्म आदि ही संसार बन्धन हैं, उनसे पूर्ण मुक्ति संसार बन्धन से मुक्ति है। जन्म-मृत्यु-जरा-व्याधि अथवा कर्म बन्धन ही संसार है, हेतु-फलात्मक अथवा इहलोक परलोक में गमन संसार है, उससे मुक्ति होगी - ऐसी जो अत्यन्त दृढ बुद्धि है वह मोक्ष की इच्छा कही गयी है। तथा आचार्यप्रवर ने स्वयं ही कहा है - 'हे दयानिधे! किस प्रकार इस संसार बन्धन से मेरी मुक्ति होगी, ऐसी जो अत्यन्त दृढ बुद्धि है वह मुमुक्षुता कही गयी है' (अ० अनु० ९)।

इस मनोनिग्रह का न उकताये हुए चित्त से अभ्यास करना कर्तव्य है - 'जैसे कुशा के अग्रभाग से एक-एक बूँद के द्वारा समुद्र को सुखाना लम्बे धैर्यपूर्वक प्रयत्न से हो सकता है, वैसे ही प्रयत्नशील योगियों का मनोनिग्रह धैर्य से हो सकता है' (मा० का० ३।४१) - परमगुरु गौडपादाचार्य जी द्वारा कहा गया है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा कहा गया है - 'परन्तु बहुत समय तक निरन्तर तथा श्रद्धा के साथ सेवन किया हुआ वह अभ्यास दृढ अवस्था वाला हो जाता है' (यो० सू० १।१४)।

दमः

ब्रह्मचर्यादिभिर्धर्मैर्बुद्धेर्दोषनिवृत्तये । दण्डनं दम इत्याहुर्दमशब्दार्थकोविदाः ॥१२९॥

बुद्धेरन्तःकरणस्य **दोषनिवृत्तये** दोषाणां कामक्रोधादिदोषाणां निवृत्तये ये ये दोषाः प्रतिबन्धा आत्मज्ञान आत्मानन्दानुभूतौ च भवन्ति तेषां **ब्रह्मचर्यादिभिर्धर्मैः** करणानां **दण्डनं दम इति दमशब्दार्थकोविदा** दमशब्दस्यार्थं ये जानन्ति ते दमशब्दार्थकोविदाः शास्त्रज्ञा **आहुः**।

बुद्धि के दोषों को दूर करने के लिये ब्रह्मचर्य आदि धर्मों के द्वारा दण्ड देने को दम - ऐसा 'दम' शब्द के अर्थ को जानने वाले कहते हैं ॥१२९॥

अन्तःकरण के काम, क्रोध आदि दोषों की निवृत्ति के लिए, तथा जो जो दोष आत्मज्ञान, आत्मानन्द, अनुभूति में प्रतिबन्ध हैं उनको ब्रह्मचर्य आदि धर्मों के द्वारा दण्डन करने को, दम शब्द के अर्थ को जो जानते हैं वे दम शब्दार्थ को जानने वाले शास्त्रज्ञ ऐसा कहते हैं।

तत्तद्वृत्तिनिरोधेन बाह्येन्द्रियविनिग्रहः । योगिनो दम इत्याहुर्मनसः शान्तिसाधनम् ॥१३०॥

योगिनस्तत्तद्वृत्तिनिरोधेन तत्तद्विषयाकारवृत्तीनां निरोधस्तत्तद्वृत्तिनिरोधस्तेन तत्तद्वृत्तिनिरोधेन बाह्येन्द्रियविनिग्रहो बाह्येन्द्रियाणां विशेषेण निग्रहो **बाह्येन्द्रियविनिग्रहो** यस्तं **मनसः शान्तिसाधनं** शान्तेः साधनं शान्तिसाधनं **दम इत्याहुः**। श्रीमद्भागवतेऽप्युक्तम् *"असङ्कल्पाज्जयेत्कामं क्रोधं कामविवर्जनात्"* इति।

उस-उस वृत्ति के निरोध के द्वारा बाह्य इन्द्रियों को विशेष रुप से वश में करना - उसे ही योगी मन की शान्ति का साधन 'दम' ऐसा कहते हैं ॥१३०॥

योगी का उस-उस वृत्ति के निरोध के द्वारा बाह्य इन्द्रियों का जो विशेष रूप से निग्रह होता है, उसे मन की शान्ति का साधन 'दम' कहते हैं। श्रीमद्भागवत में भी कहा गया है - 'सङ्कल्पों के परित्याग से काम को, कामनाओं के त्याग से क्रोध को [जीत लेना चाहिए]' (७।१५।२२)।

इन्द्रियों के निग्रह से मन की शान्ति का यहाँ उपाय बताया गया है। दूसरा तरीका है विवेक से मन को विषयों से निग्रह करना जिससे इन्द्रियाँ भी विषयों में प्रवृत्त न हों। पहला तरीका अनुशासन और दूसरा विवेक से नियन्त्रण कहा जाएगा

इन्द्रियेष्विन्द्रियार्थेषु प्रवृत्तेषु यदृच्छया । अनुधावति तान्येव मनो वायुमिवानलः ॥१३१॥

इन्द्रियेषु निरुद्धेषु त्यक्त्वा वेगं मनः स्वयम् । सत्यभावमुपादत्ते प्रसादस्तेन जायते ।
प्रसन्ने सति चित्तेऽस्य मुक्तिः सिध्यति नान्यथा ॥१३२॥

इन्द्रियार्थेषु शब्दादिविषयेषु तथान्येषु पदप्रतिष्ठा**स्विन्द्रियेषु यदृच्छया** स्वेच्छाचारतया **प्रवृत्तेषु** सत्स्व**नलो**ऽलं पर्याप्तिर्न विद्यते यस्य स अनलोऽग्निः सर्वदाऽतृप्तो **वायुमिव मनस्तानी**न्द्रियाण्ये**वानुधावति**। अतृप्तमन इन्द्रियाण्यनुधावत्यनुविधीयते। **तेष्विन्द्रियेषु निरुद्धेषु मनः स्वयं** स्वस्य **वेगं त्यक्त्वा** बहिर्निर्गमन-स्वभावं त्यक्त्वा **सत्यभावं** सत्स्वरूपब्रह्मभावममनीभाव**मुपादत्ते तेन** चित्तस्य **प्रसादो जायते**। **चित्ते प्रसन्ने सत्यस्य** साधकस्य मुमुक्षो**र्मुक्तिः सिद्ध्यति नान्यथे**त्यर्थः। मनसोऽमनीभावोऽत्र न मनसो मिथ्यात्वं किन्तु मनोनिरोध एव तद्गौणम्। योगाभ्यासेन निरुद्धं चित्तं निवातदीपवत्स्थैर्यं प्राप्नोति प्रत्युत वेदान्तज्ञानाभ्यासेन निरुद्धं चित्तं यदमनीभावं प्राप्नोति तन्मुख्यम्। तत्र समस्तप्रपञ्चसहितमनोमिथ्यात्वे दृढनिश्चयो भवति।

इन्द्रियों के भोग्य विषयों में यथेच्छ रूप से प्रवृत्त होना, जैसे अग्नि वायु के पीछे, वैसे ही मन उन इन्द्रियों के पीछे-पीछे दौड़ता है ॥१३१॥

इन्द्रियों के रुकने पर अन्तःकरण अपने आप वेग को छोड़कर सत्स्वरूप ब्रह्मभाव को ग्रहण करता है, उसके द्वारा चित्त की प्रसन्नता होती है। मन के प्रसन्न होने पर इसकी मुक्ति सिद्ध होती है, अन्यथा नहीं ॥१३२॥

शब्द आदि विषयों तथा अन्य पदप्रतिष्ठा में इन्द्रियों के स्वेच्छा आचरण से प्रवृत्त होने में अलं पर्याप्ति न होने पर जैसे अग्नि वायु के पीछे सदा अतृप्त रहती है, वैसे ही मन उन इन्द्रियों के पीछे-पीछे दौड़ता है। अतृप्त मन इन्द्रियों के पीछे-पीछे दौड़ता है, अनुकरण करता है। उन इन्द्रियों के रूकने पर मन स्वयं के बाहर जाने के स्वभाव को त्यागकर सत्स्वरूप ब्रह्मभाव अमनी भाव को ग्रहण करता है। उससे चित्त की प्रसन्नता होती है। चित्त के प्रसन्न होने पर साधक मुमुक्षु की मुक्ति सिद्ध होती है, अन्यथा नहीं - ऐसा अर्थ है। यहाँ मन का अमनी भाव है मन का मिथ्यात्व नहीं किन्तु मन का निरोध गौण ही है। योगाभ्यास के द्वारा निरूद्ध चित्त स्पन्दन रहित वायु के स्थान में स्थित दीपक की तरह स्थैर्य को प्राप्त होता है, इसके विपरीत वेदान्त ज्ञानाभ्यास से निरूद्ध चित्त जो अमनी भाव को प्राप्त होता है, वह मुख्य है। वहाँ समस्त प्रपञ्च के साथ मन के मिथ्यात्व का दृढ निश्चय होता है।

मनःप्रसादस्य निदानमेव निरोधनं यत्सकलेन्द्रियाणाम् । बाह्येन्द्रिये साधु निरुध्यमाने बाह्यार्थभोगो मनसो निवर्तते ॥१३३॥

यत्सकलेन्द्रियाणां निरोधनं तदेव मनःप्रसादस्य निदानं मूलकारणम्। अन्वयव्यतिरेकाभ्यामिन्द्रियनिरोधसत्त्वे मनःप्रसादसत्त्वं व्यतिरेकेणेन्द्रियनिरोधाभावे मनःप्रसादाभावः। **बाह्येन्द्रिये** ज्ञानेन्द्रियकर्मेन्द्रिययोः **साधु निरुध्यमाने** निगृहीते सति **मनसो बाह्यार्थभोगो** बाह्यार्थः पदार्थो बाह्यार्थस्तस्य भोगो बाह्यार्थभोगो बाह्यपदार्थानां भोगेच्छा भोगवासना **निवर्तते**। अत्रेन्द्रियाणां निरोधनं विवेकपूर्वकं न तु हठपूर्वकमिति।

जो सब इन्द्रियों का रोकना है, वह ही मन के प्रसन्न होने का मूल कारण है। बाहरी इन्द्रियों के भली प्रकार रुकने पर मन का बाहरी भोग पदार्थ का भोग निवृत्त हो जाता है ॥१३३॥

जो सब इन्द्रियों का रोकना है, वह ही मन के प्रसन्न होने का मूल कारण है। अन्वय-व्यतिरेक से इन्द्रियों के निरोध होने पर मन की प्रसन्नता होती है, व्यतिरेक द्वारा इन्द्रियों के निरोध के अभाव में मन की प्रसन्नता का अभाव होता है। ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेन्द्रियों के भली प्रकार रूकने पर मन के बाह्य पदार्थों के भोग की इच्छा, भोग वासना निवृत्त हो जाती है। यहाँ इन्द्रियों का निरोध विवेक पूर्वक होता है न कि हठ पूर्वक।

मन के सङ्कल्प-विकल्प स्वभाव को नियन्त्रित करने के लिए साधन के रूप में श्रवण, पारायण अथवा जप का सहारा लेना उचित है

तेन स्वदौष्ट्यं परिमुच्य चित्तं शनैः शनैः शान्तिमुपाददाति । चित्तस्य बाह्यार्थविमोक्षमेव मोक्षं विदुर्मोक्षणलक्षणज्ञाः ॥१३४॥

तेनेन्द्रियाणां निरोधेन **चित्तं स्वदौष्ट्यं परिमुच्य शनैः शनैः शान्तिमुपाददाति** प्राप्नोति। चित्तस्य दौष्ट्यं विषयभोगनिमित्तेन बहिर्गमनं तस्मिन्समीचीनत्व-बुध्या विक्षिप्ता मूढा वाऽवस्था। तस्मादेव भगवतोक्तम् - *"सङ्कल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्वानशेषतः। मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः॥ शनैः शनैरुपरमेद्"* इति मोक्षणलक्षणज्ञा मोक्षणस्य लक्षणं मोक्षणलक्षणम्, तच्च ये जानन्ति ते **मोक्षणलक्षणज्ञाश्चित्तस्य बाह्यार्थविमोक्षं** बाह्यार्थभोगो यथोक्तः पूर्वस्मिञ्छ्लोके तस्मा**देव** मोक्षं बाह्यार्थविमोक्षं **मोक्षं विदुरि**ति।

इस इन्द्रिय निरोध के द्वारा अन्तःकरण अपने दुष्ट स्वभाव को त्यागकर धीरे-धीरे शान्ति को प्राप्त करता है, मोक्ष के लक्षण को जानने वाले अन्तःकरण के बाहरी पदार्थों से छूटने को ही मोक्ष जानते हैं ॥१३४॥

इन्द्रियों के निरोध से चित्त अपने दुष्ट स्वभाव को त्यागकर[३९] धीरे-धीरे शान्ति को प्राप्त होता है। चित्त का दुष्ट स्वभाव विषय भोग के निमित्त से बाहर जाने का, उनमें समीचीनत्व बुद्धि से विक्षिप्त अथवा मूढ अवस्था होने का है। इसीलिये ही भगवान् द्वारा कहा गया है – 'सङ्कल्प से उत्पन्न हुई समस्त कामनाओं को निःशेषता से अर्थात् लेशमात्र भी शेष न रखते हुए निर्लेप भाव से छोड़कर तथा अन्तःकरण से सम्पूर्ण इन्द्रियों का चारों ओर से निग्रह करे, धीरे-धीरे उपरत करे' (भ० गी० ६।२४,२५)। मोक्ष के लक्षण को जानने वाले चित्त के बाह्य भोगों से जैसा पूर्व के श्लोकों में कहा है वैसे ही छूटने को मोक्ष जानते हैं।

दमं विना साधु मनःप्रसादहेतुं न विद्मः सुकरं मुमुक्षोः । दमेन चित्तं निजदोषजातं विसृज्य शान्तिं समुपैति शीघ्रम् ॥१३५॥

दमं विनेन्द्रियनिरोधनं विना **मुमुक्षोः सुकरं** मनसः प्रसादः प्रसन्नता मनःप्रसादस्तस्य हेतुर्मनःप्रसादहेतुस्तं **मनःप्रसादहेतुम्**-नायासेन मनसः श्रवणादि-प्रवृत्तिषु सर्वदोपलब्धिः सैव मनःप्रसादस्तस्य हेतुं **साधु न विद्मो** जानीमः पश्याम इत्याशयः। **दमेन चित्तं निजदोषजातं** निजः स्वकीयो दोषो निजदोषस्तस्माज्जातं निजदोषजातं दौष्ट्यं **विसृज्य शीघ्रं शान्तिं समुपैति**।

इन्द्रिय निरोध के बिना मोक्ष चाहने वाले अनायास हो सकने वाली चित्त की प्रसन्नता के कारण को भली प्रकार नहीं जानते हैं। दम से

---

[३९] अपने दुष्ट स्वभाव को त्यागने का अर्थ है कि दूसरों के अन्दर दोष दर्शन न करना। जैसे भगवद्गीता के अध्याय ६, श्लोक ९ में बताया गया है कि मित्र, वैरी, उदासीन, मध्यस्थ, द्वेष्य, बन्धुगणों, धर्मात्माओं और पापियों में समभाव रखने वाला अत्यन्त श्रेष्ठ है। यही दुष्ट अन्तःकरण रहित स्वभाव है।

चित्त अपने दोषों को त्याग कर शीघ्र शान्ति को प्राप्त होता है ॥१३५॥

इन्द्रिय निरोध के बिना मोक्ष चाहने वाले सुलभता से होने वाली चित्त की प्रसन्नता बिना किसी आयास के मन के श्रवण आदि में प्रवृत्त होने में, सर्वदा उपलब्ध होने में - वह ही मन की प्रसन्नता का हेतु है ऐसा भली प्रकार नहीं जानते हैं, न देखते हैं - ऐसा अभिप्राय है। दम से चित्त अपने दोषों को, दुष्ट स्वभाव को त्याग कर शीघ्र शान्ति को प्राप्त होता है।

प्राणायामाद्भवति मनसो निश्चलत्वं प्रसादो यस्याप्यस्य प्रतिनियतदिग्देशकालाद्यवेक्ष्य ।
सम्यग्दृष्ट्या क्वचिदपि तया नो दमो हन्यते तत्कुर्याद्धीमान्दममनलसश्चित्तशान्त्यै प्रयत्नात् ॥१३६॥

यस्य पुरुषस्य **प्राणायामात्**प्राणायामेनेन्द्रियसंयमेन च **मनसो निश्चलत्वं** स्थैर्यं **प्रसादोऽपि** सहजस्थितिरात्मोन्मुखिस्थितिरनायासेन **भवति**, तस्य चेयमेव सम्यग्दृष्टिः । **अस्य तया सम्यग्दृष्ट्या प्रतिनियतदिग्देशकालाद्यवेक्ष्य** दिक्च देशश्च कालश्च दिग्देशकालाः, ते चादयो येषां ते दिग्देशकालादयः, प्रतिनियताः शास्त्रविहिताः स्थिरा अप्रकम्प्या दिग्देशकालादयो यस्मिन्कर्मणि, अवेक्षणकर्मणि तद्यथा भवति तथा प्रतिनियतदिग्देशकालादि। क्रियाविशेषणमिदम्। तस्य अवेक्षणक्रिया दिग्देशकालादिवत्स्थिरा अप्रकम्प्या भवतीत्याशयः। **क्वचिदपि** कदाचिदपि **दमो नो न हन्यते,** तस्य चिरकालाभ्यासात्तेषामिन्द्रियाणां सम्यग् नियन्त्रणं प्राप्तम् *"सदश्वा इव सारथेः"* इति श्रुतेः। **तत्**तस्मा**द्धीमान्**बुद्धिमा**ननलसो**ऽलस आलस्ययुक्तो, नालसोऽनलसः सन्नालस्यं त्यक्त्वा **प्रयत्नाच्चित्तशान्त्यै दमं कुर्या**दिति भावः। *"वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता"* इति स्मृतेश्च।

प्राणायाम से जिसके मन की निश्चलता हो गई है, उस सम्यक् दृष्टि से, शास्त्र में कहे हुए नियत दिशा, देश, काल आदि की तरह स्थिर ध्यानपूर्वक कर्म से, कहीं पर भी उसके दम का नाश नहीं होता। इस कारण से बुद्धिमान पुरुष आलस्य रहित होकर, प्रयत्न से चित्त की शान्ति के लिए दम करें ॥१३६॥

जिस पुरुष का प्राणायाम तथा इन्द्रिय संयम द्वारा मन की सहज स्थिति बिना आयास के ही आत्मोन्मुखी स्थिति होती है, उसकी ही यह सम्यग् दृष्टि है। इसकी उस सम्यग् दृष्टि से शास्त्र में कहे हुए नियत दिशा, देश, काल आदि में बिना किसी प्रकम्पन के जो कर्म होते हैं, वैसे ही ध्यानपूर्वक कर्म होते हैं। ['प्रतिनियत'] यह क्रियाविशेषण है। उसका ध्यानपूर्वक कर्म दिशा, देश, काल आदि की तरह स्थिर बिना किसी प्रकम्पन के होता है - ऐसा अर्थ है। जिसने कभी भी दम किया है वह मारा नहीं जाता है, उस चिरकाल के अभ्यास से उसे इन्द्रियों का भली प्रकार नियन्त्रण प्राप्त होता है 'जैसे उत्तम घोडे सारथी के वश में रहते हैं' (क० उ० १।३।६) श्रुति से यही सिद्ध होता है। इस कारण से बुद्धिमान आलस्य को त्यागकर उद्योग से चित्त की शान्ति के लिए दम को करें – यह भाव है। 'जिसकी इन्द्रियाँ वश में हैं, उसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित है' (भ० गी० २।६१) स्मृति से यही सिद्ध होता है।

सर्वेन्द्रियाणां गतिनिग्रहेण भोग्येषु दोषाद्यवमर्शनेन । ईशप्रसादाच्च गुरोः प्रसादाच्छान्तिं समायात्यचिरेण चित्तम् ॥१३७॥

सर्वेन्द्रियाणां गतिनिग्रहेण गतीनां प्रवृत्तीनां निग्रहेण निरोधेन **भोग्येषु दोषाद्यवमर्शनेन** दोषादीनामवमर्शनेन विचारेण प्रतिपक्षभावनया दोषदर्शने**नेशप्रसादादी**श्वरस्य सर्वज्ञस्य सर्वेश्वरस्य सर्वान्तर्यामिनः सर्वकर्मफलदातुः सर्वशक्तिमत्त्वादिगुणगणविभूषितस्य सर्वयज्ञतपसामधियज्ञस्य प्रसादाच्च **गुरोः प्रसादा**दनुग्रहे**णाचिरेण चित्तं शान्तिं समायाति**। श्रीगुरोर्महिमा ग्रन्थारम्भ एव वर्णितः, तस्य गरीयसोऽविद्याग्रन्थिभेदिनः परमकारुणिकस्य प्रसादाच्छान्तिर्भवत्येव।

सब इन्द्रियों की गति को रोकने से, भोग के पदार्थों में दोष आदि के विचार के द्वारा, परमेश्वर के अनुग्रह से, गुरु की कृपा से शीघ्र ही अन्तःकरण शान्ति को प्राप्त होता है ॥१३७॥

सब इन्द्रियों की गति प्रवृत्ति का निग्रह निरोध करने से भोग के पदार्थों में दोष आदि के विचार के द्वारा प्रतिपक्ष भावना से दोष दर्शन द्वारा सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्वान्तर्यामी, सर्व कर्मफलदाता, सर्वशक्ति आदि गुणों से विभूषित सभी यज्ञ, तप, अधियज्ञ, ईश्वर के प्रसाद तथा गुरु के अनुग्रह से शीघ्र ही चित्त शान्ति को प्राप्त होता है। श्रीगुरु की महिमा ग्रन्थ के आरम्भ में ही वर्णित है, वह सबसे बढ़कर है। परम कारुणिक के प्रसाद से ही, अविद्या ग्रन्थि के भेदन से ही शान्ति होती है।

तितिक्षा

आध्यात्मिकादि यद्दुःखं प्राप्तं प्रारब्धवेगतः । अचिन्तया तत्सहनं तितिक्षेति निगद्यते ॥१३८॥

यत्त्रिविधप्रकारक**माध्यात्मिकादि दुःखमा**दिपदेनाधिदैविकमाधिभौतिकं च पूर्वमुक्तम्, **प्रारब्धवेगतः** प्रारब्धस्य कर्मणः फलरूपेण वेगतः प्रवाहात्**प्राप्तं तत्सहनं** तस्य सहन**मचिन्तया**ऽप्रतिकारपूर्वकं चिन्ताविलापरहितं सा तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुत्वमिति निगद्यते। यच्छ्रवणादिषु प्रतिबन्धकं तस्य सहनं श्रवणादिसिद्ध्यर्थं तदेव **तितिक्षेति** सूरिभि**र्निगद्यते**।

प्रारब्ध कर्म के वेग से जो आध्यात्मिक आदि दुःख प्राप्त होते हैं, उनकी कुछ चिन्ता न करके उसको सह लेना तितिक्षा कहा गया है ॥१३८॥

प्रारब्ध कर्म के फलरूप वेग यानि प्रवाह से प्राप्त त्रिविध प्रकार के आध्यात्मिक आदि दुःख, 'आदि' पद से आधिदैविक, आधिभौतिक तथा पूर्व कहे हुए[४०] दुःखों को अप्रतिकार पूर्वक चिन्ता विलाप रहित होकर सहन करना, शीत-उष्ण आदि द्वन्द्व के प्रति सहनशीलता - वह तितिक्षा कही गयी है। जो श्रवण आदि में प्रतिबन्धक हैं उनको सहन कर श्रवण आदि को सिद्ध करने को ही विचारशीलों द्वारा तितिक्षा कहा गया है।

रक्षा तितिक्षासदृशी मुमुक्षोर्न विद्यतेऽसौ पविना न भिद्यते ।
यामेव धीराः कवचीव विघ्नान्सर्वांस्तृणीकृत्य जयन्ति मायाम् ॥१३९॥

मुमुक्षोर्ब्रह्मज्ञानेच्छो**स्तितिक्षासदृशी** तितिक्षातुल्या **रक्षा न विद्यते**। **असौ** रक्षा **पविना** वज्रेणापि **न भिद्यते**। मुमुक्षोर्मुमुक्षुत्वं तितिक्षया रक्षितमित्यर्थः। **यां** रक्षा**मेव कवचीव** कवचमस्यास्तीति कवची। स यथा कवचेन सन्नद्धः युद्धे शत्रुसैनिकांस्तृणीकरोति तथा तितिक्षामेव स्वकीयं कवचं कृत्वा **सर्वान**पि **विघ्नांस्तृणीकृत्या**ल्पीकृत्य **मायाम**विद्याकामकर्मादिदोषा**ञ्जयन्ति**। के? **धीराः** सर्वकर्मसंन्यासपूर्वक-साधनचतुष्टयसम्पन्नाः पूर्वोक्त-मनःप्रसादसाधनसम्पन्ना इति भावः।

मोक्ष चाहने वाले पुरुष के लिए तितिक्षा के समान रक्षा नहीं है, यह वज्र से भी नहीं टूटती है। जिसको प्राप्त होकर कवच धारण किए हुए पुरुष के समान धीर पुरुष सब विघ्नों को तृण के समान जानकर माया को जीतते हैं ॥१३९॥

ब्रह्मज्ञान की इच्छा वाले के लिए तितिक्षा के समान रक्षा नहीं है। यह रक्षा वज्र से भी नहीं टूटती है। मुमुक्षु के मुमुक्षुत्व की रक्षा तितिक्षा के द्वारा होती है - ऐसा अर्थ है। जिसके पास कवच है, उसे कवची कहते हैं। जिस प्रकार वह कवच के द्वारा युद्ध में तैयार हुए शत्रु, सैनिकों को तृण के समान कर देता है, उसी प्रकार इस तितिक्षा को ही अपना कवच बनाकर सभी विघ्नों को तृण के समान छोटा करके अविद्या, काम, क्रोध आदि दोषों को जीतते हैं। कौन? जो समस्त कर्मों के संन्यास के बाद साधन चतुष्टय से सम्पन्न, पहले कहे गए मन की प्रसन्नता रूपी साधन से सम्पन्न हैं - ऐसा भाव है।

---

[४०] *श्लोक ५५ में*

मुमुक्षु के लिए शारीरिक तुलना में मानसिक विघ्न ज़्यादा कठिन होते हैं जैसे निन्दा, अपमान आदि। तितिक्षा रूपी कवच से ऐसे विघ्नों पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है

क्षमावतामेव हि योगसिद्धिः स्वाराज्यलक्ष्मीसुखभोगसिद्धिः ।
क्षमाविहीना निपतन्ति विघ्नैर्वातैर्हताः पर्णचया इव द्रुमात् ॥१४०॥

क्षमावतां ये क्षमावन्तस्तितिक्षावन्तस्तेषामेव **हि योगसिद्धिर्योगे** ब्रह्मनिष्ठायां सिद्धिः। **हि** शब्दोऽवधारणार्थे निःशङ्क इत्यर्थः। **स्वाराज्यलक्ष्मीसुखभोगसिद्धिः** स्वाराज्यं स्वर्गराज्यं तस्य लक्ष्मीः सम्पत्स्वाराज्यलक्ष्मीस्तया स्वाराज्यलक्ष्म्या सुखभोगसिद्धिः सुखानां भोगः सुखभोगस्तेषां सिद्धिः प्राप्तिः स्वाराज्यलक्ष्मीसुखभोगसिद्धिर्भवति। ये तु **क्षमाविहीनाः** क्षमादिगुणविपन्ना **विघ्नैर्हता वातैः** पवनैर्हताः **पर्णचयाः** पर्णसमूहा इव **द्रुमाद्वृक्षान्निपतन्ति** पतिता भवन्ति। विघ्नैः प्रतिबन्धैर्ब्रह्मज्ञानान्वेषणं परित्यजन्तीत्यर्थः।

निश्चय क्षमावानों को ही समाधि की सिद्धि होती है तथा स्वर्गलोक की लक्ष्मी के द्वारा जो कुछ सुखभोग हो सकता है उसकी सिद्धि प्राप्त होती है। परन्तु क्षमाहीन पुरुष, जैसे पवन से तोड़े हुए पत्तों के समूह वृक्ष से गिर जाते हैं वैसे विघ्नों के द्वारा गिर जाते हैं ॥१४०॥

जो क्षमावान्, तितिक्षावान् हैं उनको ही योग में ब्रह्मनिष्ठा में सिद्धि होती है। 'हि' शब्द अवधारण निःशङ्क अर्थ में है। स्वर्ग के राज्य की लक्ष्मी के द्वारा सुख के भोगों की सिद्धि प्राप्त होती है। किन्तु जो क्षमादि गुणों से रहित हैं, जैसे वायु से टूटे हुए पत्तों के समूह ही वृक्षों से गिर जाते हैं, [वैसे ही] विघ्नों द्वारा वे गिर जाते हैं। प्रतिबन्धों से ब्रह्मज्ञान के अन्वेषण को छोड देते हैं - ऐसा अर्थ है।

तितिक्षया तपो दानं यज्ञस्तीर्थं व्रतं श्रुतम् । भूतिः स्वर्गोऽपवर्गश्च प्राप्यते तत्तदर्थिभिः ॥१४१॥

तितिक्षया तत्तदर्थिभिस्तत्प्राप्यते। किं प्राप्यते? **तपो दानं यज्ञस्तीर्थं व्रतं श्रुतं** विद्या **भूतिरै**श्वर्यं **स्वर्गोऽपवर्गश्च** मोक्षश्च। यथा स्वर्गार्थिभिः स्वर्गः **प्राप्यते** मोक्षार्थिभिर्मोक्षस्तद्वदन्यत्सर्वं योजनीयम्। सर्वं तितिक्षया सुलभं भवतीत्यर्थः।

तितिक्षा से तपस्या, दान, यज्ञ, तीर्थ, व्रत, विद्या, ऐश्वर्य, स्वर्ग और मोक्ष - उन उन पदार्थों को चाहने वाले के द्वारा प्राप्त किया जाता है ॥१४१॥

तितिक्षा के द्वारा उन उन पदार्थों को प्राप्त किया जाता है, किसे प्राप्त किया जाता है? तप, दान, यज्ञ, तीर्थ, व्रत, विद्या, ऐश्वर्य, स्वर्ग तथा मोक्ष। जैसे स्वर्गार्थियों के द्वारा स्वर्ग प्राप्त किया जाता है, मोक्षार्थियों के द्वारा मोक्ष प्राप्त किया जाता है। अन्य सब उसके साथ प्राप्त किया जा सकता है। तितिक्षा से सब कुछ सुलभ हो जाता है - ऐसा अर्थ है।

ब्रह्मचर्यमहिंसा च साधूनामपि चार्हणम् । पराक्षेपादिसहनं तितिक्षोरेव सिध्यति ॥१४२॥

तितिक्षोरेव सिध्यति नान्यस्य **ब्रह्मचर्यमहिंसा च साधूनामर्हणं** पूजनं सेवनं च **पराक्षेपादिसहनं** पराणां शत्रूणामाक्षेपादयस्तेषां सहनं पराक्षेपादिसहनम्। आदिपदेन विरोधो निन्दा भर्त्सना एतैः सदृशाश्च ग्राह्या इति।

ब्रह्मचर्य, अहिंसा तथा साधुओं का पूजन और दूसरों के किये आक्षेप आदि को सहना क्षमावान् को ही सिद्ध होता है ॥१४२॥

जिसके पास तितिक्षा है, उससे ही ब्रह्मचर्य, अहिंसा, साधुओं का पूजन तथा सेवा, दूसरों के अथवा शत्रु के आक्षेप आदि को सहना हो सकता है, अन्य किसी से नहीं। 'आदि' पद से विरोध, निन्दा, सज़ा तथा इनके समान ग्रहण करना चाहिए।

साधनेष्वपि सर्वेषु तितिक्षोत्तमसाधनम् । यत्र विघ्नाः पलायन्ते दैविका अपि भौतिकाः ॥१४३॥

सर्वेष्वपि साधनेषु तितिक्षोत्तमसाधनं साधनानामुत्तमम्। **यत्र** यत्सिद्धौ यत्प्राप्तौ **दैविकाश्च भौतिका अपि**शब्देनाध्यात्मिकाश्च

विघ्नाः श्रवणादिषु ये प्रतिबन्धास्ते **पलायन्ते** धावन्ति।

सभी साधनों में तितिक्षा श्रेष्ठ साधन है जिसके सिद्ध हो जाने पर देवताओं तथा पञ्च भूतों से उत्पन्न हुए विघ्न भी भाग जाते हैं ॥१४३॥

सभी साधनों में तितिक्षा उत्तम साधन है। जिसके सिद्ध होने पर, प्राप्त होने पर दैविक, भौतिक, अपि शब्द से आध्यात्मिक विघ्न भी जो श्रवण आदि में प्रतिबन्ध हैं, भाग जाते हैं।

तितिक्षोरेव विघ्नेभ्यस्त्वनिवर्तितचेतसः । सिध्यन्ति सिद्धयः सर्वा अणिमाद्याः समृद्धयः ॥१४४॥

विघ्नेभ्योऽन्तरायेभ्यो**ऽनिवर्तितचेतसो** निवर्तितं चेतो यस्य स निवर्तितचेता न निवर्तितचेता अनिवर्तितचेतास्तस्यानिवर्तितचेतसः। यस्य चेतो विघ्नानामुपस्थितौ विघ्नाविर्भावाद्वा मोक्षमार्गान्न निवर्तते तस्य **तितिक्षोरेव सर्वा अणिमाद्या** यासां सिद्धीनामाद्या प्रथमा सिद्धिरणिमा वर्तते ता अणिमाद्याः सिद्धयः **समृद्धयः सिद्धयो**ऽष्टसिद्धयोऽनायासेन **सिद्ध्यन्ति**।

विघ्नों से जिसका चित्त विचलित नहीं होता है ऐसे तितिक्षु पुरुष को ही सब अणिमा आदि समृद्धि रूप सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ॥१४४॥

विघ्नों से जिसका चित्त विचलित होता है उसे निवर्तितचेता कहते हैं, जिसका चित्त विचलित नहीं है वह अविचलित चित्त है। उस अविचलित चित्त पुरुष के विषय में ऐसा कहा गया है - जिसके चित्त में नाना विघ्न उपस्थित होने से या विघ्नों के आने से जो मोक्ष मार्ग से नहीं हटता है, उस तितिक्षु को ही सब, इन सिद्धियों में जो प्रथम सिद्धि है उसे अणिमा कहते हैं, वे सिद्धियाँ अनायास ही अष्ट सिद्धियों के रूप में प्राप्त होती हैं।

तस्मान्मुमुक्षोरधिका तितिक्षा सम्पादनीयेप्सितकार्यसिद्धये ।
तीव्रा मुमुक्षा च महत्युपेक्षा चोभे तितिक्षासहकारिकारणम् ॥१४५॥

तस्मादीप्सितकार्यसिद्धय ईप्सितमिष्टं कार्यमीप्सितकार्यं तस्य सिद्धय ईप्सितकार्यसिद्धये **मुमुक्षोर्ब्र**ह्मज्ञानमेवेप्सितं न किञ्चिदन्यत्। तत्सिद्धये मुमुक्षुभि**रधिका तितिक्षा सम्पादनीया। तीव्रा मुमुक्षा च महत्युपेक्षा**ऽत्यन्तवैराग्यमनित्यवस्तुष्व**भे तितिक्षासहकारिकारणं** तितिक्षायाः सहकारिकारणम्। अन्यतरस्या असिद्धौ तितिक्षाऽसिद्धिरित्याशयः।

मोक्ष की अभिलाषा वाले पुरुष को कार्य की सिद्धि के लिए अधिक सहनशीलता सम्पादन करनी चाहिए। उत्कट मोक्ष की इच्छा तथा अत्यन्त वैराग्य दोनों तितिक्षा के सहकारी कारण हैं ॥१४५॥

इसीलिए इष्ट कार्य सिद्धि के लिए, मुमुक्षु जिसे ब्रह्मज्ञान ही अभिलषित है अन्य कुछ भी नहीं; उसकी सिद्धि के लिए मुमुक्षुओं को अधिक तितिक्षा सम्पादन करनी चाहिए। मोक्ष की तीव्र इच्छा तथा अनित्य वस्तुओं में अत्यन्त वैराग्य ये दोनों तितिक्षा के सहकारी कारण हैं। इनमें से किसी के सिद्ध न होने पर तितिक्षा सिद्ध नहीं होती - यह आशय है।

साधना मार्ग में कभी ऐसा लग सकता है कि बाहरी कारणों से जैसे कि उत्तम गुरु का न मिलना, गुरुकुल की समस्याऐं आदि के कारण इष्ट प्राप्ति (मोक्ष) में प्रगति नहीं हो रही है। ऐसे समय तितिक्षादि साधन चतुष्टय बढ़ाना ही एकमात्र साधन है और सब साधन व परिस्थितियाँ अनुकूल हो जाएँगे। साधन चतुष्टय बढ़ाने के दो ही साधन भगवान् ने उपलब्ध कराए हैं - कर्म एवं उपासना

भिक्षुः संन्यासी यदा देहासक्तिं न जहाति तदा किं भवतीत्युच्यते तदिति।

जब भिक्षु संन्यासी देह आसक्ति को नहीं छोड़ता तब क्या होता है, उसे कहते हैं ‘तत्’ इत्यादि से -

तत्तत्कालसमागतामयततेः शान्त्यै प्रवृत्तो यदि स्यात्तत्परिहारकौषधरतस्तच्चिन्तने तत्परः ।
तद्भिक्षुः श्रवणादिधर्मरहितो भूत्वा मृतश्चेत्ततः किं सिद्धं फलमाप्नुयादुभयथा भ्रष्टो भवेत्स्वार्थतः ॥१४६॥

भिक्षुः संन्यासी **यदि तत्तत्कालसमागताऽऽमयततेस्त**त्तत्काले सम्यक्प्रारब्धवशादागताऽऽमयतती रोगाणां समूहो विस्तारस्तत्तत्कालसमागताऽऽमयततिस्तस्य तत्तत्कालसमागताऽऽमयततेः **शान्त्यै प्रवृत्तः स्यात्त**र्हि **तत्तत्परिहारकौषधरतः** परिहारकश्च तदौषधश्च परिहारकौषधं तस्य तस्य च परिहारकौषधं तत्तत्परिहारकौषधं तस्मिन् रतः तत्तत्परिहारकौषधरत**स्तच्चिन्तने** तस्य चिन्तायां विचारे **तत्परो** मग्नः **श्रवणादिधर्मरहितो भूत्वा** श्रवणादीनकृत्वा शरीरस्थितिमात्रे रोगौषध्यां प्रासादनिर्माणकार्येषु लौकिकेषु वा वैदिकेषु कर्मसु रतो **मृतश्चेत्ततः** स **किं सिद्धं फलमाप्नुयात्**प्राप्नुयात्? न किञ्चिदित्यर्थः। **उभयथा स्वार्थतो भ्रष्टः** स संन्यासी शोचनीयः पतितो **भवेदि**ति योजना।

संन्यासी जो समय-समय पर प्राप्त हुए रोग समूह की शान्ति के लिए प्रवृत्त होकर उस-उस रोग को दूर करने वाली औषधि में तत्पर होकर उसकी ही चिन्ता में मग्न, श्रवण मनन आदि धर्मों से रहित होकर यदि मर गया तो वह क्या फल को प्राप्त करेगा? दोनों प्रकार अपने प्रयोजन से भ्रष्ट होगा ॥१४६॥

जो संन्यासी भली प्रकार प्रारब्ध से प्राप्त रोगों के समूह की विस्तार से उस-उस समय दूर करने वाली औषधि में रमकर उसके चिन्तन विचार में मग्न श्रवण आदि को न करके शरीर की स्थिति मात्र में रोग की औषधि के, विशाल महल के निर्माण कार्य में, लौकिक या वैदिक कर्मों में रत हो यदि मर गया तो वह क्या सिद्ध फल को प्राप्त करेगा? कुछ भी नहीं - यह अर्थ है। दोनों प्रकार अपने प्रयोजन से भ्रष्ट वह संन्यासी शोचनीय पतित होगा - ऐसा अर्थ है।

साधना में प्रवृत्त साधकों का शरीर अधिक खराब होने की सम्भावना है क्योंकि उन्हें नियम पूर्वक जीवन जीना है और श्रवण आदि में अधिक समय बिताना अपेक्षित है

योगमभ्यस्यतो भिक्षोर्योगाच्चलितमानसः । प्राप्य पुण्यकृतांल्लोकानित्यादि प्राह केशवः ॥१४७॥

योगमभ्यस्यतो भिक्षोः संन्यासिनः **केशवः** श्रीभगवाञ्च्छ्रीकृष्णो **योगाच्चलितमानसो** योगाच्चलितं पतितं मनश्चित्तं यस्य स योगाच्चलितमानसः **पुण्यकृताँल्लोकान्प्राप्येत्यादि प्राह**। यदाऽर्जुनेन पृष्टम् *"अयतिः श्रद्धयोपेतो योगाच्चलितमानसः। अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्ण गच्छति॥"* तदा भगवतोक्तम् - *"प्राप्य पुण्यकृताँल्लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः। शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते॥"* इति।

योग का अभ्यास करने वाले संन्यासी को जिसका चित्त योग से चलायमान हुआ है, ऐसा मनुष्य पुण्य से अर्जन किए हुए लोक इत्यादि को प्राप्त होता है ऐसा भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं ॥१४७॥

योग का अभ्यास करने वाला संन्यासी, जिसका मन योग से चलायमान पतित हुआ है, वह पुण्य से एकत्रित किये हुए लोकों को प्राप्त होता है - ऐसा भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं। जब अर्जुन के द्वारा पूछने पर 'हे कृष्ण! जिसका मन योग से चलायमान हो गया है, ऐसा अपूर्ण प्रयत्न वाला श्रद्धायुक्त पुरुष योग की सिद्धि को न प्राप्त होकर किस गति को प्राप्त होता है' (भ० गी० ६।३७), तब भगवान् द्वारा बताया गया - 'वह योगभ्रष्ट पुरुष पुण्यवानों के लोकों को प्राप्त होकर वहाँ दीर्घ काल तक वास करके शुद्ध आचरण वाले धनवान् पुरुषों के घर में जन्म लेता है' (भ० गी० ६।४१)।

न तु कृत्वैव संन्यासं तूष्णीमेव मृतस्य हि । पुण्यलोकगतिं ब्रूते भगवान्न्यासमात्रतः ॥१४८॥

संन्यासं कृत्वा गृहादीनां न्यासं कृत्वा काषायाम्बरं गृहीत्वा नाममात्रेण संन्यासाश्रमं प्रविष्ट**स्तूष्णीं** मूढवद**ेव** साधनाद्यनुष्ठानं विना

मृतस्य न्यासमात्रतः पुण्यलोकगतिं पुण्यलोकेषु गतिं भगवा**न्न तु ब्रूते** केवलसंन्यासमात्रात्पुण्यलोकप्राप्तिर्न भवति।

संन्यास धारण करके, किसी प्रकार के योगानुष्ठान के बिना ही मरण को प्राप्त हुए का संन्यास मात्र से पुण्य लोक में गमन को भगवान् नहीं कहते हैं ॥१४८॥

गृहादि का त्याग कर, काषाय वस्त्र ग्रहण कर, नाम-मात्र से संन्यास आश्रम में प्रवेश कर, मूढ़ के समान बिना साधन आदि अनुष्ठान के ही मरण को प्राप्त हुए का संन्यास मात्र से ही पुण्य लोकों में जाने को भगवान् नहीं कहते हैं। केवल संन्यास मात्र से पुण्य लोक की प्राप्ति नहीं होती है।

एतत्कुत्रोक्तम् - उच्यते।

यह कहाँ बताया गया है, इस पर कहते हैं -

न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति । इत्यनुष्ठेयसन्त्यागात्सिद्ध्यभावमुवाच च ॥१४९॥

संन्यसनादेव च न सिद्धिं समधिगच्छतीत्यनुष्ठेयसन्त्यागादनुष्ठेयस्य कर्तव्यकर्मणः सन्त्यागात्परित्यागा**त्सिद्ध्यभावमुवाचा**ह **च** भगवान्।

'संन्यास मात्र से सिद्धि की प्राप्ति नहीं होती है'। इस कारण कर्तव्य कर्म को त्यागने से सिद्धि के अभाव को कहा गया है ॥१४९॥

'संन्यास मात्र से सिद्धि की प्राप्ति नहीं होती है' - इस कारण कर्तव्य कर्मों के अनुष्ठान के परित्याग से सिद्धि के अभाव को भगवान् ने कहा है।

तस्मात्तितिक्षया सोढ्वा तत्तद्दुःखमुपागतम् । कुर्याच्छक्त्यनुरूपेण श्रवणादि शनैः शनैः ॥१५०॥

तस्मात्कारणादुपागतं तत्तद्दुःखं तितिक्षया सोढ्वा तेषां सहनं कृत्वा शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः समो भूत्वा भिक्षौषधं गृहीत्वा स्वाद्वन्नस्यापेक्षामकृत्वा **शक्त्यनुरूपेण** यथाशक्ति **शनैः शनैः श्रवणादि कुर्या**दिति भावः। तेन संन्यासाश्रमः प्रसिध्यतीति।

इस कारण से प्राप्त हुए उन दुःखों को तितिक्षा के द्वारा सहकर अपनी शक्ति के अनुसार धीरे-धीरे श्रवण, मनन आदि को करे ॥१५०॥

इस कारण से प्राप्त हुए उन दुःखों को सहनकर शीत-उष्ण, सुख-दुःख में तथा मान-अपमान में समान होकर भिक्षा को औषधि रूप में ग्रहण कर, स्वादिष्ट भोजन की अपेक्षा न कर, तितिक्षा के द्वारा अपनी शक्ति के अनुसार धीरे-धीरे श्रवण आदि को करे - ऐसा भाव है। उससे संन्यास आश्रम अच्छा सिद्ध होता है।

तितिक्षाया अन्वयेन सर्वार्थसिद्धिः कथिता तितिक्षोरेव विघ्नेभ्य इति श्लोकेन। अधुना व्यतिरेकेण प्राप्तदुःखासहिष्णुत्वे तितिक्षाया भानमात्रता, सा न सफलेत्युत्तरश्लोकेनानूद्योपसंहारं करोति प्रयोजनमिति।

तितिक्षा के होने पर सभी अभीष्ट की सिद्धि कही गयी है, ऐसा 'तितिक्षोरेव विघ्नेभ्य' श्लोक (#१४४) द्वारा कहा गया है। अब व्यतिरेक द्वारा प्राप्त हुए दुःख को सहन न करने में तितिक्षा की भानमात्रता है। वह सफल नहीं होती - ऐसा आगे के श्लोक द्वारा बताकर उपसंहार करते हैं 'प्रयोजनं' इत्यादि से -

प्रयोजनं तितिक्षायाः साधितायाः प्रयत्नतः । प्राप्तदुःखासहिष्णुत्वे न किञ्चिदपि दृश्यते ॥१५१॥

प्राप्तदुःखासहिष्णुत्वे प्राप्तस्य दुःखस्यासहिष्णुत्वं तस्मिंश्च सति **प्रयत्नतः साधितायास्तितिक्षायाः किञ्चिदपि प्रयोजनं** फलं **न**

दृश्यते। सा न सफलाऽपि तु निष्फलैव, यस्मात्प्रारब्धजनितदुःखमवश्यमेव भोक्तव्यं सर्वैस्तथापि यदा तद्दुःखं श्रवणादिषु ब्रह्मज्ञाननिष्ठायां वा प्रतिबन्धो भवति तदाऽनया निष्फलया तितिक्षया तस्य प्रतिकारं स साधको न कर्तुं शक्नोतीति।

प्राप्त हुए दुःख को यदि न सहा जाय तो प्रयत्न से साधन की हुई तितिक्षा का कुछ भी प्रयोजन नहीं दिखता है ॥१५१॥

प्राप्त हुए दुःख को यदि न सहा जाए, प्रयत्न से साधन की हुई तितिक्षा का कुछ भी फल नहीं दिखता है। वह सफल भी नहीं हुई, अपितु निष्फल ही है। क्योंकि सभी के द्वारा प्रारब्ध जनित दुःख अवश्य ही भोगे जाने चाहिएँ तो भी जब वह दुःख श्रवण आदि में अथवा ब्रह्मज्ञान निष्ठा में प्रतिबन्ध होता है, तब इस तितिक्षा के द्वारा वह साधक उसका प्रतिकार करने में समर्थ नहीं होता है।

संन्यासः

शमादिषड्कसंपत्तिषु शमदमतितिक्षा विस्तरेण कथिताः। तत्राऽनेकानि मनःप्रसादसाधनानि ब्रह्मचर्यात्प्रभृति मुमुक्षुतापर्यन्तं समुद्बोधितानि। अधुना कर्मणो मोक्षप्राप्तिसाधनत्वेनासामर्थ्यात्सर्वकर्मसंन्यासेनोपरतिरुच्यते। उक्तं च व्यासमहर्षिभिः - *"नैतादृशं ब्राह्मणस्यास्ति वित्तं यथैकता समता सत्यता च। शीलं स्थितिर्दण्डनिधानमार्जवं ततस्ततश्चोपरमक्रियाभ्यः॥"* इति।

शमादि षड्क सम्पत्ति में शम, दम, श्रद्धा को विस्तार से कहा गया है। वहाँ ब्रह्मचर्य से लेकर मुमुक्षुता तक मन की प्रसन्नता के अनेक साधन अच्छी प्रकार से बताए गए। अब मोक्ष प्राप्ति के साधनों में कर्मों की असामर्थ्यता से सर्व कर्म संन्यास द्वारा उपरति कही जा रही है। महर्षि व्यास द्वारा भी कहा गया है - 'ब्राह्मण के लिए दूसरा ऐसा कोई धन नहीं है, जैसे कि एकता, समता, सत्यता, शील, स्थिति, अहिंसा, आर्जव तथा उन-उन क्रियाओं से उपराम होना' (म० भा० शा० प० १२।१७५।३७)।

साधनत्वेन दृष्टानां सर्वेषामपि कर्मणाम् । विधिना यः परित्यागः स संन्यासः सतां मतः ॥१५२॥

साधनत्वेन दृष्टानां सर्वेषां नित्यनैमित्तिकानां विहितानां **कर्मणां विधिना यः परित्यागः स संन्यास** इति **सतां मतो**ऽभिप्रेतो ज्ञातः। मोक्षोद्देशेन कर्मणां विधानाभावान्न तेषां मोक्षसाधनत्वम्। तेषां कर्मणां ज्ञानं प्रति परम्परागतसाधनत्वं न तु साक्षात्। श्रवणादीनां तु साक्षात्साधनत्वम्। ज्ञानमेवैकमात्रमोक्षसाधनम्। श्रुतिषु कर्मणः परलोकसम्बन्धी साध्यसाधनभावः श्रुतः किन्तु मोक्षहेतुत्वेन कर्माभिधायकं श्रौतं स्मार्तं वा वाक्यं नोपलभ्यते। नित्यानां नैमित्तिकानां च पापक्षयफलार्थत्वात्तेन चित्तशुद्ध्यर्थत्वात्काम्यप्रतिषिद्धयोरभ्युदयप्रत्यवायफलयोस्त्यागान्न मोक्षः कर्मसाधनस्तस्मात्तेषां विधिना परित्याग इत्यर्थः।

साधन रूप से देखे हुए सब ही कर्मों का शास्त्र में कही हुई विधि से जो त्यागना है वह संन्यास है ऐसा सत्पुरुषों का मत है ॥१५२॥

साधन रूप से नित्य, नैमित्तिक, शास्त्र विहित कर्मों का विधि से जो त्यागना है, वह संन्यास जाना जाता है। मोक्ष के लिए कर्मों के विधान का अभाव होने के कारण उनका मोक्ष के लिए साधनत्व नहीं है। उन कर्मों का ज्ञान में परम्परागत साधन होना है, साक्षात् नहीं। लेकिन श्रवणादि साक्षात् साधनों में है। ज्ञान ही मोक्ष का एकमात्र साधन है। श्रुतियों में कर्म से परलोक सम्बन्धी साध्य-साधन भाव सुना गया है, किन्तु मोक्ष के हेतु होने में कर्म अभिधायक वाक्य श्रुति अथवा स्मृति में उपलब्ध नहीं है। नित्य तथा नैमित्तिक कर्मों का पापक्षय फल होने से उनके द्वारा चित्तशुद्धि; काम्य, प्रतिषिद्ध कर्म जिनके अभ्युदय, प्रत्यवाय (न किये जाने पर दोष होना) फल हैं - इन कर्मों के त्याग से मोक्ष नहीं होता। कर्म साधन है, इसीलिए उनका शास्त्र में कही हुई विधि से त्यागना कहा गया है - ऐसा भाव है।

उपरमयति कर्माणीत्युपरतिशब्देन कथ्यते न्यासः । न्यासेन हि सर्वेषां श्रुत्या प्राप्तो विकर्मणां त्यागः ॥१५३॥

उपरतिशब्देन कर्माण्युपरमयत्युपशमयतीति **न्यासः** संन्यासः **कथ्यते। सर्वेषां** कर्मणां **न्यासेन** त्यागेन **विकर्मणां** निषिद्धकर्मणां **त्यागो**ऽपि **श्रुत्या प्राप्तः**। कर्मणां परित्यागः परिव्रजनं संन्यास उपरतिरित्यर्थः।

कर्मों का त्याग कराता है, इसीलिए उपरति शब्द से संन्यास कहा जाता है। सब कर्मों के त्याग से विरुद्ध कर्मों का त्याग भी श्रुति द्वारा कहा गया है ॥१५३॥

कर्मों का त्याग, शान्त करा देता है, उपरति शब्द से संन्यास कहा जाता है। सब कर्मों के त्याग से निषिद्ध कर्मों का त्याग भी श्रुति के द्वारा प्राप्त होता है। कर्मों को त्याग उपदेश के लिए घूमना-फिरना संन्यास उपरति है।

कर्मणा साध्यमानस्यानित्यत्वं श्रूयते यतः । कर्मणानेन किं नित्यफलेप्सोः परमार्थिनः ॥१५४॥

यतः कर्मणा साध्यमानस्य प्राप्यमाणस्य फल**स्यानित्यत्वं** विनाशित्वं **श्रूयते**। तस्मात्**परमार्थिनः** परं कैवल्यं तस्यार्थी इच्छुः परमार्थी स परमार्थी तस्य परमार्थिनो मुमुक्षोर्ब्रह्मज्ञाननिष्ठाकाङ्क्षिणो **नित्यफलेप्सोरनेन कर्मणा किं** प्रयोजनं न किञ्चिदित्यर्थः। ननु न श्रुतं त्वया *"तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेनैतमेव विदित्वा मुनिर्भवति"*। भगवताऽप्युक्तम् *"यज्ञदानतपःकर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्। यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्॥"* इति। बाढं कर्मणो विविदिषानिमित्तत्वम्। परन्तु विविदिषाया विषयो ब्रह्म तमिति शब्देनोक्तम्। यदा सर्वेषु कर्मसु कर्मफलेषु च वैराग्यमुपजायते यदा च विवेकादिसम्पन्नाधिकारिणा विचारः क्रियते तदा ब्रह्मजिज्ञासा जायते। उक्तं च - *"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन। तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्॥"*, *"किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोक इति"*, *"न्यास इति ब्रह्मा ब्रह्मा हि परः परो हि ब्रह्मा तानि वा एतान्यवराणि तपाँसि न्यास एवात्यरेचयद् य एवं वेद"*, *"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्त्वमानशुः"* तथा च श्रुतिः *"तद्यथेह कर्मजितो लोकः क्षीयते। एवमेवामुत्र पुण्यजितो लोकः क्षीयते॥"*

भगवताऽप्युक्तं हि *"आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्मकारणमुच्यते। योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते॥"* यदि जन्मान्तरकृतकर्मभिः शुद्धं चित्तं तर्हि ब्रह्मचर्यादेव संन्यस्य ब्रह्म जिज्ञासितव्यं यदा न शुद्धमिति रागेण ज्ञायते तदा गृही भवेत्तत्राप्यशुद्धौ वनी भवेत्तत्राप्यशुद्धौ तत्रैव कालमाकलयेद्वने शुद्धौ प्रव्रजेदिति। तथा च श्रुतिः *"ब्रह्मचर्यं समाप्य गृही भवेत्। गृही भूत्वा वनी भवेत्। वनी भूत्वा प्रव्रजेत्। यदि वेतरथा ब्रह्मचर्यादेव प्रव्रजेद्गृहाद्वा वनाद्वा।.....यदहरेव विरजेत्तदहरेव प्रव्रजेत्॥"* तस्मात्कर्मणां मोक्षफलरूपं प्रयोजनमदृष्ट्वा संन्यासः कर्तव्यो मुमुक्षुणेति।

क्योंकि कर्म के द्वारा प्राप्त किये हुए का विनाश सुना जाता है, इसी से श्रेयार्थी नित्य फल को चाहने वाले को कर्मों के द्वारा क्या फल हो सकता है? ॥१५४॥

क्योंकि कर्म के द्वारा प्राप्त हुआ फल विनाशी सुना जाता है। इसीलिए परम कैवल्य के फल को चाहने वाला परमार्थी, उस मुमुक्षु ब्रह्मज्ञान निष्ठा की आकांक्षा वाले को इस कर्म से कुछ भी प्रयोजन नहीं हो सकता - ऐसा भाव है। किन्तु तुमने सुना नहीं है 'उसी आत्मा को ब्राह्मण वेदाध्ययन करके, यज्ञ, दान, निष्काम तप से जानने की इच्छा करते हैं और जो इसको जान जाता है वह मुनि कहलाता है' (बृ० उ० ४।४।२२)। भगवान् द्वारा भी कहा गया है 'यज्ञ, दान और तपरूप कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिएँ, उनको तो करना ही चाहिएँ क्योंकि यज्ञ, दान और तप ये तीनों ही कर्म साधकों को पवित्र करने वाले हैं' (भ० गी० १८।५)। सत्य! कर्मों का संन्यास में निमित्त होना है। परन्तु संन्यास का विषय ब्रह्म जो 'तम्' शब्द से कहा गया है। जब सभी कर्मों तथा कर्मफलों में वैराग्य उत्पन्न होता है तथा जब विवेक आदि से सम्पन्न अधिकारी द्वारा विचार किया जाता है तब ब्रह्म जिज्ञासा उत्पन्न होती है। कहा भी गया है - 'ब्रह्म जिज्ञासु कर्म द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर निर्वेद को प्राप्त हो जाए क्योंकि संसार में अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है और कृत से हमें प्रयोजन क्या है। उस पर तत्व के ज्ञान के लिए वह ब्राह्मण हाथ में समिधा लेकर श्रोत्रिय एवं ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास जाए' (मु० उ० १।२।१२), 'हमें प्रजा से क्या लेना है? हमें तो यह आत्मलोक ही अभीष्ट है' (बृ० उ० ४।४।२२), 'ब्रह्मा हिरण्यगर्भ के अनुसार संन्यास ही परं है। परं ही ब्रह्म है। सभी तपस् अवर हैं, संन्यास ही सर्वश्रेष्ठ है। जो ऐसा जानता है, उसे ही यह विद्या दी जाती है' (महा० उ० ७८।१२), 'अमरत्व की प्राप्ति न तो

विभिन्न कर्मों के द्वारा, न प्रजा के द्वारा और न ही धन के द्वारा होती है। एकमात्र त्याग के द्वारा ही अमरत्व को प्राप्त किया जा सकता है' (कै० उ० ३) तथा श्रुति कहती है 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६)।

भगवान् के द्वारा भी कहा गया है 'योग में आरूढ होने की इच्छा वाले मुनि के लिए कर्म करना ही साधन कहा है तथा योगारूढ हो जाने पर उसी पुरुष के लिए शम को साधन कहा गया है' (भ० गी० ६।३)। यदि कई जन्मों में किए गए कर्मों के द्वारा चित्त शुद्ध होता है तब ब्रह्मचर्य द्वारा ही ब्रह्म की जिज्ञासा की जानी चाहिए। जब राग से शुद्ध नहीं हुआ तब गृहस्थी हो जाए, वहाँ भी अशुद्धि होने पर वानप्रस्थी हो जाए, वहाँ भी शुद्धि न होने पर वहाँ ही समय को गिनते हुए वन में शुद्धि होने पर संन्यास लेना चाहिए। श्रुति में भी कहा गया है 'सर्वप्रथम ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना चाहिए। उसे समाप्त करके गृहस्थ बनना चाहिए। वानप्रस्थ होकर संन्यास ग्रहण करना चाहिए। यदि विषयों से विरक्ति हो जाए, तो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ किसी भी आश्रम के पश्चात् संन्यास में प्रवेश किया जा सकता है। इसी प्रकार व्रती हो या नहीं, स्नातक हो अथवा न हो, अग्नि की सेवा कर चुका हो अथवा नहीं, जिस क्षण वैराग्य उत्पन्न हो, उसी क्षण संन्यास ले लेना चाहिए' (जा० उ० ४।१)। इसीलिए कर्मों का मोक्षफल रूप प्रयोजन न देखते हुए मुमुक्षु के द्वारा संन्यास किया जाना चाहिए।

नित्यसिद्धात्मस्वरूपावस्थानप्रतिबन्धकाज्ञाननिवृत्तिव्यतिरेकेणोत्पत्त्याप्तिविकृतिसंस्कृतिलक्षणस्य कर्मफलस्य कैवल्येऽसम्भवादज्ञाननिवृत्तेश्च ज्ञानमात्रहेतुत्वान्न कर्मापेक्षेत्युत्तरश्लोकतात्पर्येण प्रतिपादयत्युत्पाद्यमिति।

नित्यसिद्ध आत्म स्वरूप की स्थिति में बाधक अज्ञान के निवृत्त होने के अतिरिक्त उत्पत्ति, आप्ति, विकृति, संस्कृति लक्षणों वाले कर्मों का फल कैवल्य में असम्भव होने के कारण तथा अज्ञान-निवृत्ति में ज्ञान मात्र हेतु होने के कारण कर्म की अपेक्षा नहीं की जाती। इस प्रकार उत्तर श्लोक के तात्पर्य द्वारा इसका प्रतिपादन किया जाता है 'उत्पाद्यम्' इत्यादि से -

उत्पाद्यमाप्यं संस्कार्यं विकार्यं परिगण्यते । चतुर्विधं कर्मसाध्यं फलं नान्यदितः परम् ॥१५५॥

कर्मसाध्यं फलं चतुर्विधं परिगण्यते - उत्पाद्यम् - यथा घटं करोति। अत्र क्रियायाः फलं घटोत्पत्तिः। **आप्यम्** (प्राप्यम्) - यथा ग्रामं गच्छति। अत्र गमनक्रियायाः फलं ग्रामप्राप्तिः। **संस्कार्यम्** - व्रीहीन्प्रोक्षति। अत्र प्रोक्षणक्रियायाः फलं व्रीहिसंस्कारः। **विकार्यम्** - तण्डुलं पचति। अत्र पाकक्रियाया: फलं तण्डुलविक्लित्तिर्विकारः। **इतः परमन्यन्न** विद्यते।

(कोष्ठकः १) चतुर्विधकर्मसाध्यम्		
कर्मसाध्यफलम्	**दृष्टान्तः**	**क्रियायाः फलम्**
उत्पाद्यम्	घटं करोति	घटोत्पत्तिः
आप्यम् / प्राप्यम्	ग्रामं गच्छति	ग्रामप्राप्तिः
संस्कार्यम्	व्रीहीन् प्रोक्षति	व्रीहिसंस्कारः
विकार्यम्	तण्डुलं पचति	तण्डुलविक्लित्तिर्विकारः

क्रिया से सिद्ध होने वाला फल उत्पाद्य, आप्य, संस्कार्य, विकार्य चार प्रकार का गिना जाता है; इससे भिन्न और नहीं है ॥१५५॥

कर्म से सिद्ध होने वाला फल चार प्रकार का कहा जाता है। उत्पाद्यम् - जैसे घट को बनाता है। यहाँ क्रिया का फल घट की उत्पत्ति है। आप्यम् (प्राप्यम्) - जैसे ग्राम को जाता है। यहाँ गमन क्रिया का फल ग्राम को जाना है। संस्कार्यम् - धान्यों का प्रोक्षण करता है। यहाँ प्रोक्षण क्रिया का फल धान्य का संस्कार है। विकार्यम् - चावल पकाता है। यहाँ पाक क्रिया का फल चावल का विक्रियात्मक विकार है।

इससे अन्य और कुछ भी नहीं है।

नैतदन्यतमं ब्रह्म कदा भवितुमर्हति । स्वतःसिद्धं सर्वदाप्तं शुद्धं निर्मलमक्रियम् ॥ १५६ ॥

यस्माद्ब्रह्म **स्वतःसिद्धं** स्वतःसिद्धत्वान्नोत्पाद्यम् *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"* इति श्रुतेः। **सर्वदाप्तं** सर्वदाप्तत्वान्नाप्यम् *"तत्सत्यं स आत्मा तत्वमसि"* इति श्रुतेः। **शुद्धं निर्मलं** शुद्धत्वान्निर्मलत्वान्न संस्कार्यम् *"सपर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरगं शुद्धमपापविद्धम्"* इति श्रुतेः। **अक्रियम**क्रियत्वान्न विकार्यम्*"न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्"* इति श्रुतेः। अत **एतदन्यतमं कदापि न भवितुमर्हति**। यस्माद्ब्रह्म न कर्मफलं तस्मात्कर्मणां न प्रयोजनं तस्मात्सर्वकर्मसंन्यास इष्यते।

क्योंकि ब्रह्म स्वयं सिद्ध, सर्वदा प्राप्त, विशुद्ध, मल रहित तथा सब प्रकार की क्रिया से रहित है; वह इनमें से एक भी (विकार) होने के योग्य नहीं है ॥ १५६ ॥

क्योंकि ब्रह्म स्वतः सिद्ध है, इस कारण वह अनुत्पाद्य है। 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं आनन्द-स्वरुप है' (तै० उ० २।१) श्रुति कहती है। सर्वदा प्राप्त होने से वह अनाप्य है। श्रुति कहती है 'जिस आत्मा से यह सारा जगत् आत्मवान् है और जो सत् कहा गया है - वह तुम हो' (छा० उ० ६।८।७)। शुद्ध, निर्मल होने के कारण उसमें कोई संस्कार नहीं हो सकता है। श्रुति में कहा गया है 'वह आत्मा सर्वगत, शुद्ध, अशरीरी, अक्षत, स्नायु से रहित, निर्मल, अपापहत है' (ई० उ० ८)। सब प्रकार की क्रिया से रहित होने के कारण उसमें कोई विकार नहीं है। श्रुति के अनुसार 'मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है; यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही अर्थान्तर रूप से कुछ बना है' (क० उ० १।२।१८)। अतः इनमें से कोई एक भी [विकार] इसमें नहीं हो सकता है। क्योंकि ब्रह्म कर्मों का फल नहीं है, इसीलिए कर्मों का प्रयोजन नहीं है; इसीलिए सर्व कर्म संन्यास कहा गया है।

अधुना सप्तभिः श्लोकैः पूर्वश्लोकस्य तात्पर्यं वक्ष्यति न चेति।

अब सात श्लोकों के द्वारा पूर्व श्लोक का तात्पर्य कहा जा रहा है 'न च' इत्यादि से -

न चास्य कश्चिज्जनितेत्यागमेन निषिध्यते । कारणं ब्रह्म तत्तस्माद्ब्रह्म नोत्पाद्यमिष्यते ॥ १५७॥

अस्य ब्रह्मणो **न कश्चिज्जनिता**ऽस्ति। न कश्चिदुत्पादक **इत्यागमेन** वेदवाक्येन ब्रह्मणः **कारणं निषिध्यते**। यस्माद्ब्रह्म न कार्यं **तस्मात्तद्ब्रह्म नोत्पाद्यमिष्यते**। *"न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः"*इति श्रुतेस्तस्माद्ब्रह्म न कस्यचित्क्रिययोत्पाद्यमित्यर्थः।

इस ब्रह्म का कोई उत्पन्न करने वाला नहीं है; ऐसे वेद वाक्यों के द्वारा ब्रह्म का कारण निषेध किया जाता है। इस कारण से वह ब्रह्म उत्पाद्य नहीं स्वीकार किया जाता है ॥ १५७॥

इस ब्रह्म को कोई उत्पन्न करने वाला नहीं हैं, कोई उत्पादक नहीं है - इस वेद वाक्य से ब्रह्म के कारण का निषेध होता है। क्योंकि ब्रह्म कार्य नहीं है, इस कारण से ब्रह्म उत्पाद्य नहीं माना गया है। 'न कोई उसका उत्पत्ति कर्ता है, न ही कोई उसका स्वामी है' (श्वे० उ० ६।८) इत्यादि श्रुति के अनुसार वह ब्रह्म किसी क्रिया द्वारा उत्पाद्य नहीं है - ऐसा अर्थ है।

आप्त्राप्ययोस्तु भेदश्चेदाप्त्रा चाप्यमवाप्यते । आप्तृस्वरूपमेवैतद्ब्रह्म नाप्यं कदाचन ॥ १५८॥

तु परन्त्वा**प्त्राप्ययो**राप्ता चाप्यश्चाप्त्राऽऽप्ये तयोराप्त्राप्ययो**र्भेदश्चेद्भे**दः स्यात्तदा**ऽऽप्त्राऽऽप्यं च** कर्म**णाऽऽवाप्यते** प्राप्यते। **एतद्ब्रह्म** परमात्मा *"यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म"* इति श्रुत्या साक्षादपरोक्षत्वा**दाप्तृस्वरूपमेव** तस्मात्सर्वदा सर्वैः प्राप्तं तस्मा**न्नाप्यं कदाचने**त्यर्थः।

परन्तु आप्ता और आप्य इन दोनों में यदि भेद हो तो आप्ता के द्वारा आप्य रूप कर्म प्राप्त हो। यह ब्रह्म सदा सब पदार्थों को प्राप्त ही है;

आप्य रूप कर्म कभी नहीं है ॥१५८॥

परन्तु आप्ता और आप्य में यदि भेद हो, तब आप्ता के द्वारा आप्य रुप कर्म प्राप्त होता है। यह परमात्मा 'ब्रह्म जो साक्षात् अपरोक्ष है' (बृ० उ० ३।४।१) श्रुति अनुसार साक्षात् अपरोक्ष होने से सदा सभी को प्राप्त ही है, इसीलिए आप्य कभी नहीं है - ऐसा अर्थ है।

मलिनस्यैव संस्कारो दर्पणादेरिहेष्यते । मवन्नित्यशुद्धस्य ब्रह्मणो नैव संस्क्रिया ॥१५९॥

इहास्मिँल्लोके मलिनस्यैव दर्पणादेः संस्कार इष्यते। व्योमवन्नित्यशुद्धस्य ब्रह्मणो संस्क्रिया संस्कारो **नैव** भवति। यन्मलिनं तस्यैव संस्कारः सम्भवति न तु नित्यशुद्धस्येत्यर्थः।

इस संसार में मलिन दर्पण आदि के ही संस्कार की इच्छा की जाती है। आकाश के समान सदा शुद्ध ब्रह्म का संस्कार नहीं होता है ॥१५९॥

इस लोक में मलिन दर्पण आदि के ही संस्कार की इच्छा की जाती है। आकाश के समान शुद्ध ब्रह्म का संस्कार नहीं होता है। जो मलिन है, उसका ही संस्कार सम्भव है; अपितु नित्य शुद्ध का नहीं - ऐसा अर्थ है।

केन दुष्टेन युज्येत वस्तु निर्मलमक्रियम् । यद्योगादागतं दोषं संस्कारो विनिवर्तयेत् ॥१६०॥

निर्मलं मलरहित**मक्रियं** क्रियारहितं **वस्तु** ब्रह्म **केन दुष्टेना**ऽनात्मना **युज्येत**? **यद्योगा**द्यस्य संसर्गा**दागतं दोषं संस्कारो विनिवर्तयेत्**। यस्माद्ब्रह्म स्वतो निर्मलमक्रियम्, सर्वदा दोषरहितमविकारि चासङ्गत्वात् *"असङ्गो ह्ययं पुरुषः"* इति श्रुतत्वान्न केनापि तस्य सम्बन्धस्तस्मान्न संस्कार्यमित्यर्थः।

निर्मल, अक्रिय ब्रह्म किस दूषित वस्तु के साथ युक्त हो सकेगा जिसका योग होने से आए हुए दोष को संस्कार हटायेंगे? ॥१६०॥

मल रहित, क्रिया रहित ब्रह्म किस अनात्मा के साथ युक्त हो सकेगा? जिसके संसर्ग से आए हुए दोष को संस्कार हटा दे। क्योंकि ब्रह्म स्वतः निर्मल अक्रिय है, सदा दोषरहित, अविकारी तथा असङ्ग होने से 'यह पुरुष असङ्ग है' (बृ० उ० ४।३।१५) श्रुति से किसी के साथ भी उसका सम्बन्ध नहीं हो सकता, इसीलिए न संस्कार हो सकता है - ऐसा भाव है।

निर्गुणस्य गुणाधानमपि नैवोपपद्यते । केवलो निर्गुणश्चेति नैर्गुण्यं श्रूयते यतः ॥१६१॥

यतो साक्ष्यात्मा केवलः सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहितः *"साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च"* इति श्रुतेः। **केवलो**ऽद्वितीयो **निर्गुणश्चेति** तस्य ब्रह्मणो **नैर्गुण्यं श्रूयते**ऽतो **निर्गुणस्य गुणाधानं** गुणानामाधानं स्थापनं गुणाधान**मपि नैवोपपद्यते** न सम्भवति। गुणाधानं संस्कारकर्म तस्य च ब्रह्मण्यसम्भवान्न तत्संस्कार्यमित्यर्थः।

क्योंकि अद्वितीय और निर्गुण इस प्रकार निर्गुणता सुनी जाती है इस कारण निर्गुण का किसी प्रकार के गुण का आरोप भी नहीं बन सकता है ॥१६१॥

क्योंकि 'वह सबका साक्षी, सब को चेतनत्व प्रदान करने वाला, शुद्ध और निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११) श्रुति के अनुसार साक्षी आत्मा केवल - सजातीय, विजातीय, स्वगत भेदरहित है। अद्वितीय तथा निर्गुण इस प्रकार उस ब्रह्म की निर्गुणता सुनी जाती है। अतः निर्गुण के गुणों का स्थापन भी सम्भव नहीं है। उस ब्रह्म में गुण का आधान रूप संस्कार कर्म सम्भव न होने के कारण उसमें संस्कार्य नहीं हो सकता - ऐसा अर्थ है।

सावयवस्य क्षीरादेर्वस्तुनः परिणामिनः । येन केन विकारित्वं स्यान्नो निष्कर्मवस्तुनः ॥१६२॥

सावयवस्य परिणामिनः क्षीरादेर्वस्तुनो येन केनान्यवस्तुना **विकारित्वं स्यात्**। यद्धि सावयवं वस्तु तस्यैव विकारः **स्यान्नो** तु निरवयवस्य **निष्कर्मवस्तुनः**। अत्रायं प्रयोगः - विवादाध्यासिताऽऽत्मा निरवयवः, निष्क्रियत्वात्, यत्र यत्र निष्क्रियत्वं तत्र तत्र

निरवयवत्वम्, आकाशवत्। यस्मादात्मा निरवयवस्तस्मादपरिणामी निर्विकारस्तस्मादात्मा ब्रह्म न विकारक्रियायाः कर्म इत्यर्थः।

अवयवों वाले परिणाम को प्राप्त होने वाले दूध आदि वस्तु का जिस किसी से विकारीपना हो, क्रियाहीन वस्तु का नहीं होता है ॥१६२॥

अवययों वाले परिणाम को प्राप्त होने वाले दूध आदि वस्तु का जिस किसी अन्य वस्तु के साथ विकारीपना है। निश्चित रूप से जो सावयव वस्तु है, उसका ही विकार होता है, निरवयव वस्तु का तो नहीं। यहाँ विचार[41] के प्रयोग द्वारा यह कहा गया है - विवादाध्यासित आत्मा निरवय है, निष्क्रिय होने के कारण। जहाँ-जहाँ निष्क्रियत्व है, वहाँ-वहाँ निरवयत्व है; आकाश के समान। क्योंकि आत्मा निरवयव है, इसीलिये अपरिणामी है, निर्विकार है। इसीलिए आत्मा ब्रह्म विकार क्रिया का कर्म नहीं है।

नन्वात्मनो निष्क्रियत्वं निरवयवत्वं च कुत्र प्रसिद्धम्? श्रुतिभिर्युक्तिभिश्च तत्प्रसिद्धमिति श्वेताश्वतरश्रुतिमुदाहरति निष्कलमिति।

किन्तु शङ्का होती है कि आत्मा का निष्क्रियत्व तथा निरवयत्व कहाँ बताया गया है? श्रुतियों तथा युक्तियों के द्वारा वह बताया गया है। श्वेताश्वतर श्रुति में दर्शाया गया है जिसे 'निष्कलं' इत्यादि से बताते हैं -

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम् । इत्येव वस्तुनस्तत्त्वं श्रुतियुक्तिव्यवस्थितम् ॥१६३॥

निष्कलं निरवयवं **निष्क्रियं** क्रियारहितं **शान्तं** प्रपञ्चोपशमं सर्वोपद्रवरहितं **निरवद्यं** निर्दोषं **निरञ्जनं** निर्लिप्त**मित्येव वस्तुन** आत्म**नस्तत्त्वं** स्वरूपं **श्रुतियुक्तिव्यवस्थितं** श्रुतिश्च युक्तिश्च श्रुतियुक्ती ताभ्यां श्रुतियुक्तिभ्यां व्यवस्थितं श्रुतियुक्तिव्यवस्थितम्। उक्तं च *"निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्। अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनमिवानलम्॥", "प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतम्", "स एष नेति नेत्यात्मा", "असङ्गो न हि सज्यते", "निर्दोषं हि समं ब्रह्म"* इति।

निरवयव क्रियाहीन सब प्रकार के उपद्रव से रहित निर्दोष निर्लेप वस्तु का स्वरुप श्रुतियों और युक्तियों से निर्णीत हुआ है ॥१६३॥

निरवयव, क्रिया रहित, प्रपञ्च का उपराम जो सब प्रकार के उपद्रवों से रहित है, निर्दोष, निर्लिप्त - इस प्रकार ही वस्तु का स्वरुप श्रुति और युक्ति द्वारा निर्णीत हुआ है। कहा भी गया है - 'निष्कल, निष्क्रिय, शान्त, निरवद्य, निरञ्जन अमृत के परम सेतु, जले ईंधन वाली अग्नि के समान परमात्मदेव' (श्वे० उ० ६।१९), 'प्रपञ्च का उपशम रूप, शान्त, शिव तथा अद्वैत स्वरुप' (मा० उ० ७), 'जिसका 'नेति-नेति' कहकर वर्णन किया गया है, 'वह आत्मा असङ्ग है - संयुक्त नहीं होता' (बृ० उ० ३।९।२६), 'ब्रह्म निर्दोष और सम है' (भ० गी० ५।१९)।

तस्मान्न कर्मसाध्यत्वं ब्रह्मणोऽस्ति कुतश्चन । कर्मसाध्यं त्वनित्यं हि ब्रह्म नित्यं सनातनम् ॥१६४॥

तस्माद्ब्रह्मणः कर्मसाध्यत्वं कर्मणा साध्यत्वं कर्मफलत्वं **कुतश्चन नास्ति**। परं **तु** य**त्कर्मसाध्यं** तद**नित्यं हि** यस्मा**द्ब्रह्म नित्यं सनातनं** न तस्मात्कर्मसाध्यमित्यर्थः। *"अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः"* इति श्रुतेः।

इस कारण से ब्रह्म का कर्म साध्यपन किसी कारण से भी नहीं है किन्तु कर्म के द्वारा साध्य पदार्थ अनित्य होता है, ब्रह्म ही सब काल में विद्यमान अविनाशी है ॥१६४॥

इस कारण से ब्रह्म का कर्म से साध्य होना कर्मफल होना किसी कारण से भी नहीं है। किन्तु जो कर्म से साध्य होता है, वह अनित्य ही है। क्योंकि ब्रह्म नित्य, सनातन है, इसीलिए वह कर्म द्वारा साध्य नहीं है - ऐसा अर्थ है। श्रुति अनुसार 'यह अज है, नित्य है, शाश्वत है, पुराण है' (क० उ० १।२।१८)।

---

[41] *विचार - न्याय*

श्लोकद्वयेन कर्मफलस्य कृतकस्य चानित्यत्वं ब्रूते देहादिरिति।

दो श्लोकों से कर्मफल तथा किये हुए का अनित्यत्व बताया जाता है 'देहादिः' इत्यादि से -

देहादिः क्षीयते लोको यथैव कर्मणा चितः । तथैवामुष्मिको लोकः सञ्चितः पुण्यकर्मणा ॥१६५॥

यथैव कर्मणा चितः सम्पादितो **देहादिर्लोकः क्षीयते** व्येति **तथैव पुण्यकर्मणा सञ्चित आमुष्मिको लोकः** क्षीयते। *"तद्यथेह कर्मजितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यजितो लोकः क्षीयते"*। यथास्मिँल्लोके पुत्रकलत्रधनगृहबान्धवाः सर्वे कर्मणा सम्पादिता अनित्या देहेन्द्रियबुद्धीनां सामर्थ्यमपि कर्मजन्यं तस्मादनित्यं तथैव स्वर्गादि फलमपि कर्मजन्यत्वादनित्यमित्यर्थः।

कर्म के द्वारा इकट्ठा किया हुआ देह आदि भोग्य पदार्थ जैसे क्षीण हो जाता है, वैसे ही पुण्य कर्म के द्वारा सञ्चय किया हुआ परलोक का भोग्य पदार्थ क्षीण हो जाता है ॥१६५॥

जिस प्रकार कर्मों के द्वारा सम्पादित किया हुआ देहादि भोग्य व्यय हो जाता है, उसी प्रकार पुण्य कर्मों के द्वारा सञ्चित किया हुआ परलोक का भोग क्षीण हो जाता है। 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६)। जैसे इस लोक में पुत्र, पत्नी, धन, गृह, बान्धव सभी कर्मों से सम्पादित अनित्य हैं। देह, इन्द्रिय, बुद्धि आदि का होना भी कर्मजन्य है, इसीलिए अनित्य हैं। वैसे ही स्वर्गादि फल भी कर्मजन्य होने से अनित्य हैं - ऐसा अर्थ है।

कृतकत्वमनित्यत्वे हेतुर्जागर्ति सर्वदा । तस्मादनित्ये स्वर्गादौ पण्डितः को नु मुह्यति ॥१६६॥

कर्मफल**स्यानित्यत्वे** विनाशित्वसिद्ध्यर्थं **कृतकत्वं हेतुः** क्रियया साध्यमिति हेतुः **सर्वदा जागर्ति**। अत्रायं प्रयोगः - जगद्रूपकार्यमनित्यम्, कृतकत्वात्, कर्मसाध्यत्वाद्वा, यन्नैवं तन्नैवं (यत्र यत्र साध्याभावस्तत्र तत्र हेत्वभावः) यथा ब्रह्म। **तस्मादनित्ये स्वर्गादौ** सर्वमनित्यमिति ज्ञात्वा **कः पण्डितो मुह्यति**। **नु** इति वितर्के।

विनाशत्व रूप को सिद्ध करने में क्रिया साध्यत्व रूप हेतु सब समय जागता रहता है इसीलिए नाशवान स्वर्ग आदि वस्तु में कौन विद्वान् मोह को प्राप्त होता है? ॥१६६॥

कर्मफल का विनाशीपना सिद्ध होने पर क्रिया द्वारा साध्य रूप हेतु सब समय जागता रहता है। यहाँ यह कहा गया है - जगत् रूपी कार्य अनित्य है; कृत होने के कारण या कर्म साध्य होने के कारण। जो ऐसा नहीं है, वह उस प्रकार नहीं है, जैसे ब्रह्म (जहाँ-जहाँ साध्य का अभाव है, वहाँ-वहाँ हेतु का अभाव है) इस कारण अनित्य स्वर्ग आदि में सब कुछ अनित्य जानकर कौन पण्डित मोह को प्राप्त होता है? 'नु' का प्रयोग वितर्क अर्थ में है।

जगद्धेतोस्तु नित्यत्वं सर्वेषामपि सम्मतम् । जगद्धेतुत्वमस्यैव वावदीति श्रुतिर्मुहुः ॥१६७॥

जगद्धेतो ब्रह्मणो जगतोऽभिन्ननिमित्तोपादानकारणस्य **तु नित्यत्वम**विनाशित्वं **सर्वेषां** प्रमाणकुशलानां तात्पर्यनिर्णयविचक्षणाना**मपि सम्मतम**भिमतम्। **श्रुतिर्मुहुरस्यैव** ब्रह्मणो **जगद्धेतुत्वं वावदीति** पुनः पुनरतिशयेन वदति। *"आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति। स इमाँल्लोकानसृजत॥"*, *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म।...तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः। आकाशाद्वायुः...।"*, *"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति..."*इत्यादिश्रुतिभिः, *"जन्माद्यस्य यतः"*इति न्यायाच्च। *"तदव्ययं यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः"*, *"सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्"*, *"तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेयेति"*इत्यादिश्रुतिभिः, *"प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्"*इति न्यायाच्चात्मनः सृष्टिस्थितिलयकारणत्वमुक्तम्। *"यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च उभे भवत ओदनः। मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः॥"*इति श्रुत्याऽऽत्मनो जगतो लयकारणत्वमुक्तम्। *"अत्ता चराचरग्रहणात्"*इति न्यायाच्च।

जगत् के मूल कारण का अविनाशीपना तो सभी को ही अभिमत है; वेद बारम्बार इस ब्रह्म के ही जगत् कारणत्व को कहते हैं ॥१६७॥

जगत् का अभिन्न निमित्त उपादान कारण होने से ब्रह्म का अविनाशित्व प्रमाण कुशल तथा तात्पर्य-निर्णय में भी निपुण सभी को अभिमत है। श्रुति पुनः पुनः इस ब्रह्म को ही जगत् के हेतुत्व रूप से स्पष्ट कहती है। 'पहले यह जगत् एकमात्र आत्मा ही था; उसके सिवा और कोई सक्रिय वस्तु नहीं थी। उसने यह सोचा कि लोकों की रचना करूँ' (ऐ० उ० १।१।१,२), 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है। ... उस इस आत्मा से ही आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु,...' (तै० उ० २।१), 'जिससे निश्चय ही ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर जिसके आश्रय से ये जीवित रहते हैं ...वही ब्रह्म है' (तै० उ० ३।१) इत्यादि श्रुतियों द्वारा तथा 'इस जगत् के जन्म आदि जिससे होते हैं, वह ब्रह्म है' (ब्र० सू० १।१।२) न्याय से भी यही सिद्ध होता है। 'वह जो अव्यय है तथा सम्पूर्ण भूतों का कारण है, उसे विवेकी लोग सब ओर देखते हैं' (मु० उ० १।१।६), 'हे सोम्य! आरम्भ में यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था' (छा० उ० ६।२।१), 'उस सत् ने ईक्षण किया 'मैं बहुत हो जाऊँ - अनेक प्रकार से उत्पन्न होऊँ' (छा० उ० ६।२।३) इत्यादि श्रुतियों द्वारा तथा 'उपादान कारण भी ब्रह्म ही है क्योंकि ऐसा मानने से ही श्रुति में आये हुए प्रतिज्ञा वाक्य तथा दृष्टान्त वाक्य बाधित नहीं होंगे' (ब्र० सू० १।४।२३) न्याय से आत्मा का सृष्टि, स्थिति, लय कारणत्व कहा गया है। 'जिस आत्मा के ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों ओदन हैं तथा मृत्यु जिसका उपसेचन है, वह जहाँ है, उसे कौन अज्ञ पुरुष इस प्रकार जान सकता है' (क० उ० १।२।२५) श्रुति के अनुसार तथा 'चर और अचार सबको ग्रहण करने के कारण यहाँ भोजन करने वाला अर्थात् प्रलयकाल में सबको अपने में विलीन करने वाला परब्रह्म परमेश्वर ही है' (ब्र० सू० १।२।९) न्याय द्वारा आत्मा को जगत् के लय का कारण कहा गया है।

ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यमिति च श्रुतिः । अस्यैव नित्यतां ब्रूते जगद्धेतोस्ततः स्फुटम् ॥१६८॥

इदं सर्वमैतदात्म्यमेतत्सदात्मा यस्य सर्वस्य तदेतदात्म तस्य भाव ऐतदात्म्यम्। एतेन सदाख्येनाऽऽत्मनाऽऽत्मवत्सर्वमिदं जगत्**तत्सत्यमिति च श्रुतिश्**छान्दोग्यश्रुतिः *"ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो"* **जगद्धेतोः** कारण**स्यास्यैव** ब्रह्मणो **नित्यतां ब्रूते ततस्**तस्याविनाशित्वं **स्फुटं** स्पष्टतया ज्ञातमिति भावः।

यह सब ब्रह्म के आत्म स्वरूप से आश्रय किये हुए है वह सत्य है इस प्रकार भी श्रुति जगत् के हेतुभूत इसके ही अविनाशीपने को कहती है इससे स्पष्ट प्रतीत होता है ॥१६८॥

यह सत् आत्मा जो 'सत्' नाम से कहा जाता है आत्मा द्वारा यह सम्पूर्ण जगत् आत्मवान् है। 'वह सत्य है' इस प्रकार छान्दोग्य श्रुति 'एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७) जगत् का कारण इस ब्रह्म को ही कहती है, जिससे उसका अविनाशित्व स्पष्ट ज्ञात होता है - ऐसा भाव है।

अन्यश्रुत्या कर्मणो मोक्षस्याहेतुत्वं स्फुटयति न कर्मणेति।

अन्य श्रुति द्वारा कर्मों को मोक्ष का अहेतु (हेतु न होना) कहा गया है 'न कर्मणा' इत्यादि से -

न कर्मणा न प्रजया धनेनेति स्वयं श्रुतिः । कर्मणो मोक्षहेतुत्वं साक्षादेव निषेधति ॥१६९॥

***"न कर्मणा न प्रजया धनेन"* इति स्वयं श्रुतिः कर्मणो मोक्षहेतुत्वं साक्षादेव निषेधति।** *"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः"* इति महानारायणश्रुतिः कर्मणो मोक्षहेतुत्वं स्पष्टतया निषेधति। तथा च न प्रजया न धनेन वा मोक्षप्राप्त्याशङ्का कर्तव्या। *"सोऽयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो नान्येन कर्मणा, कर्मणा पितृलोको विद्यया देवलोकः"* इति श्रुतिः कर्मणः फलं लोकप्राप्तिं ब्रूते।

मोक्ष कर्म, सन्तान अथवा धन के द्वारा नहीं होता; इस प्रकार वेद वाक्य अपने आप कर्म को मोक्ष के कारणत्व को प्रत्यक्ष रूप से ही निषेध करते हैं ॥१६९॥

'न तो विभिन्न कर्मों के द्वारा, न प्रजा के द्वारा और न ही धन के द्वारा अमरत्व की प्राप्ति होती है। एकमात्र त्याग के द्वारा ही अमरत्व को प्राप्त किया जा सकता है' इस प्रकार महानारायण की श्रुति कर्म के मोक्ष का हेतु होने का स्पष्टतया निषेध करती है और इसीलिए न प्रजा और न धन से मोक्ष प्राप्ति की आशङ्का करनी चाहिए। 'वह यह मनुष्य लोक पुत्र के द्वारा ही जीता जा सकता है, किसी अन्य कर्म से नहीं। पितृलोक कर्म से और देवलोक विद्या से जीते जा सकते हैं' (बृ० उ० १।५।१६) श्रुति ने कर्म का फल लोक प्राप्ति बताया है।

कैवल्यं मोक्षफलं ब्रह्मज्ञानादेव नान्यथेत्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां श्लोकद्वयेन वक्ष्यति प्रत्यगिति।

कैवल्य मोक्ष फल ब्रह्मज्ञान से ही हो सकता है, अन्य किसी से नहीं। अन्वय-व्यतिरेक से दो श्लोकों के द्वारा 'प्रत्यक्' इत्यादि से यह कहा जाएगा -

प्रत्यग्ब्रह्मविचारपूर्वमुभयोरेकत्वबोधं विना कैवल्यं पुरुषस्य सिध्यति परब्रह्मात्मतालक्षणम् ।
न स्नानैरपि कीर्तनैरपि जपैर्नो कृच्छ्रचान्द्रायणैर्नो वाप्यध्वरयज्ञदाननिगमैर्नो मन्त्रतन्त्रैरपि ॥१७०॥

पुरुषस्य मुमुक्षोः **परब्रह्मात्मतालक्षणं** परं सर्वातीतञ्च तद्ब्रह्म परब्रह्म तदेवाऽऽत्मा परब्रह्मात्मा तस्य भावः परब्रह्मात्मता तल्लक्षणं यस्य तत्परब्रह्मात्मतालक्षणं **कैवल्यं** मोक्षः **प्रत्यग्ब्रह्मविचारपूर्वं** प्रत्यक्च तद्ब्रह्म च प्रत्यग्ब्रह्म तस्य विचारः प्रत्यग्ब्रह्मविचारः स च पूर्वं विद्यते यस्य स प्रत्यग्ब्रह्मविचारपूर्वस्तं प्रत्यग्ब्रह्मविचारपूर्वं प्रत्यगभिन्नाभिन्ननिमित्तोपादानकारणस्य मायासङ्ख्यातुरीय**स्योभयोर्जी**वब्रह्मणो**रेकत्वबोधं विना न स्नानैरपि न कीर्तनैरपि न जपैर्नो कृच्छ्रचान्द्रायणै**र्व्रतै**र्नो वाध्वरयज्ञदाननिगमैर**ध्वरो यागश्च यज्ञश्च दानञ्च निगमो वेदाध्ययनञ्च स्वशाखाध्ययनं वाऽध्वरयज्ञदाननिगमास्तैरध्वरयज्ञदाननिगमै**र्नो। मन्त्रतन्त्रै**र्मन्त्राश्च तन्त्राणि च मन्त्रतन्त्राणि तैर्मन्त्रतन्त्रै**रपि न सिध्यति**। यस्मादात्मब्रह्मणोरभेदज्ञानं विना मोक्षो न सिध्यति स्वस्य परिच्छिन्नत्वमन्यसर्वसाधनेन परिहर्तुं न शक्नोति। तस्मात् -

पुरुष का परब्रह्म की आत्म स्वरूप से प्राप्ति रूप मोक्ष वेदान्त शास्त्र के द्वारा स्वरूप का विचार कर जीव और ब्रह्म दोनों के अभेद ज्ञान के बिना स्नानों से, कीर्तनों, जपों, कृच्छ्र चान्द्रायण व्रत के द्वारा या याग, यज्ञ, दान तथा वेदों के द्वारा और मन्त्र-तन्त्रों से भी सिद्ध नहीं होता है ॥१७०॥

मुमुक्षु की परं सर्वातीत ब्रह्म की आत्म स्वरूप से प्राप्ति मोक्ष है। प्रत्यक् अभिन्न निमित्त उपादान कारण का, माया सङ्ख्या से तुरीय कहे जाने वाले प्रत्यक् ब्रह्म के स्वरुप का विचार करने से उत्पन्न होने वाले जीव और ब्रह्म दोनों के अभेद ज्ञान के बिना न स्नान द्वारा, न कीर्तनों, जपों द्वारा, न कृच्छ्र चान्द्रायण व्रत करने से, न नाना प्रकार के याग, यज्ञ, दान व अध्यापन अथवा तन्त्र-मन्त्रों के द्वारा सिद्ध हो सकता है। अध्वर अर्थात् याग, निगम अर्थात् वेदों का अध्ययन, अपनी शाखा का अध्ययन। आत्मा-ब्रह्म के अभेद ज्ञान के बिना मोक्ष सिद्ध नहीं होता है। अपनी परिच्छिन्नता अन्य सभी साधनों से दूर होने में समर्थ नहीं है। इसीलिए -

ज्ञानादेव तु कैवल्यमिति श्रुत्या निगद्यते । ज्ञानस्य मुक्तिहेतुत्वमन्यव्यावृत्तिपूर्वकम् ॥१७१॥

ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्नोति भव**तीति श्रुत्यान्यव्यावृत्तिपूर्वकम**न्यहेतुना कैवल्यस्य मोक्षस्य निषेधेन **ज्ञानस्यैव मुक्तिहेतुत्वं** मुक्तेर्हेतुत्वं नान्यस्य मोक्षकारणत्वं **निगद्यते**। *"तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय"* इति श्रुतेः।

ज्ञान से ही मोक्ष होता है ऐसा श्रुति कहती है। दूसरे कारणों के निषेध द्वारा ही ज्ञान का मोक्ष कारणत्व कहा जाता है ॥१७१॥

ज्ञान से ही मोक्ष प्राप्त होता है। श्रुति द्वारा अन्य हेतु से कैवल्य मोक्ष के निषेध द्वारा ज्ञान को ही मोक्ष का हेतु, अन्य किसी को मोक्ष का कारणत्व न होना श्रुति द्वारा कहा जाता है। श्रुति अनुसार 'जो उसे अनुभूति द्वारा जान जाता है, वह मृत्यु से मुक्त हो जाता है। जन्म-मरण के चक्कर से छुटकारे का अन्य कोई मार्ग नहीं है' (श्वे० उ० ३।८)।

विवेकिनो विरक्तस्य ब्रह्मनित्यत्ववेदिनः । तद्भावेच्छोरनित्यार्थे तत्सामग्र्ये कुतो रतिः ॥१७२॥

विवेकिनो नित्यानित्यवस्तुविवेकिनो **विरक्तस्य** यस्यात्यन्तवैराग्यमनित्यवस्तुषु **ब्रह्मनित्यत्ववेदिनो** ब्रह्मणो नित्यत्वं यो वेत्तीति ब्रह्मनित्यत्ववेदी तस्य ब्रह्मनित्यत्ववेदिनः। **तद्भावेच्छोर्ब्र**ह्मभावेच्छोर्ब्रह्मप्राप्तुमिच्छो**रनित्यार्थे**ऽनित्यपदार्थे **तत्तत्सामग्र्ये** कर्मपुत्रधनादिषु **कुतो रतिर**ासक्तिर्भवेत्। अयं भावः - यस्याऽऽपाततज्ज्ञानं जायते तस्य विवेकवैराग्यादिसंपन्नस्याहं ब्रह्मेति दृढापरोक्षज्ञानमाप्तुमिच्छोरपि क्रियाकारकफलादिषु विरक्तिर्भवेदित्यर्थः।

विवेकी, ब्रह्म की नित्यता को जानने वाले, वैराग्यवान्, ब्रह्मभाव को चाहने वाले की अनित्य पदार्थ में आसक्ति कहाँ हो सकती है? ॥१७२॥

नित्य-अनित्य वस्तु का विवेक करने वाले, जिसका अनित्य वस्तुओं में अत्यन्त वैराग्य है, ब्रह्म की नित्यता को जानने वाले, ब्रह्मभाव की इच्छा वाले अथवा ब्रह्म को प्राप्त करने की इच्छा वाले की अनित्य पदार्थ में, उनके समूह कर्म, पुत्र, धन आदि में आसक्ति कहाँ हो सकती है? यह भाव है - जिसको आपातत ज्ञान हो जाता है, उसका विवेक, वैराग्य आदि सम्पन्न होता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा दृढ अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा से क्रिया कारक फल आदि में भी विरक्ति होती है।

तस्मादनित्ये स्वर्गादौ साधनत्वेन चोदितम् । नित्यं नैमित्तिकं चापि सर्वं कर्म ससाधनम्।
मुमुक्षुणा परित्याज्यं ब्रह्मभावमभीप्सुना ॥१७३॥

तस्माद्ब्रह्मभावमभीप्सुना ब्रह्मभावमाप्तुमिच्छुना **मुमुक्षुणा ससाधनं** कारकादिसहितं **स्वर्गादौ** फलेऽ**नित्ये** यत्**साधनत्वेन चोदितं** काम्यकर्म तथा **चापि नित्यं नैमित्तिकं सर्वं कर्म परित्याज्यम्।** *"एतद्ध स्म वै तत्पूर्वे विद्वांसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोक इति ते ह स्म पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति"* इति श्रुत्या ससाधनसर्वकर्मसंन्यासः स्फुटीकृतः।

ब्रह्मभाव को चाहने वाले मुमुक्षु के लिए साधन सहित स्वर्ग आदि अनित्य पदार्थ में साधन रूप से विधान किया हुआ और नित्य नैमित्तिक सभी कर्म त्यागने योग्य हैं ॥१७३॥

इसीलिए ब्रह्मभाव को प्राप्त करने की इच्छा वाले मुमुक्षु को कारक आदि सहित स्वर्ग आदि फल में जो साधन रूप से काम्य कर्म तथा नित्य, नैमित्तिक कर्म कहे हैं - सब कर्म त्याग देने चाहिएँ। 'इस संन्यास में कारण यह है - पूर्ववर्ती विद्वान् सन्तान तथा सकाम कर्म आदि की इच्छा नहीं करते थे। वे सोचते थे - हमें प्रजा से क्या लेना है? हमें तो यह आत्मलोक ही अभीष्ट है। अतः वे पुत्रों की, धन की तथा लोकों की इच्छा से ऊपर उठकर भिक्षाचर्या करते थे' (बृ० उ० ४।४।२२) श्रुति द्वारा साधन सहित सर्व कर्म संन्यास स्पष्ट रूप से कहा गया है।

अधुना चतुर्भिः श्लोकैः समुच्चयवादिनां शङ्का, तस्याः परिहारश्चोच्यते मुमुक्षोरिति।

अब चार श्लोकों के द्वारा समुच्चयवादियों की शङ्का तथा उसका परिहार कहा जाता है 'मुमुक्षोः' इत्यादि से -

मुमुक्षोरपि कर्मास्तु श्रवणं चापि साधनम् । हस्तवद्द्वयमेतस्य स्वकार्यं साधयिष्यति ॥१७४॥

पूर्वपक्षः - **मुमुक्षोर्ब्र**ह्मभावमभीप्सोर्वेदान्तवाक्यानां **श्रवणं कर्म च** नित्यनैमित्तिकानां कर्मणामनुष्ठान**मपि** मोक्षमार्गे **साधनमस्तु**। श्रवणशब्देनात्र ज्ञानमुच्यते। **हस्तवज्**ज्ञानं कर्म च **द्वयमेतस्य** मुमुक्षोः **स्वकार्यं** मोक्षं **साधयिष्यति।**

वेदान्त वाक्यों का श्रवण तथा नित्य नैमित्तिक कर्म भी मुमुक्षु के दोनों हाथों के समान साधन हों जो अपने कार्य को सिद्ध कर देंगे ॥१७४॥

पूर्वपक्ष - ब्रह्मभाव की अभीप्सा वाले के लिए वेदान्त वाक्यों का श्रवण तथा नित्य, नैमित्तक कर्मों का अनुष्ठान भी मोक्ष प्राप्ति में साधन हो।

श्रवण शब्द से यहाँ ज्ञान कहा गया है। ज्ञान तथा कर्म दोनों हाथों के समान इस मुमुक्षु के अपने कार्य मोक्ष को सिद्ध कर देंगे।

यथा विजृम्भते दीपो ऋजूकरणकर्मणा । तथा श्रवणजो बोधः पुंसो विहितकर्मणा ॥१७५॥

ऋजूकरणकर्मणा यथा तूलिकर्जूकरणेन **दीपो** दीपशिखा **विजृम्भते** विकचते **तथा पुंसो श्रवणजः** श्रवणाज्जातो **बोधो विहितकर्मणा** ज्ञानकर्मसमुच्चयानुष्ठानेन विजृम्भत इति।

जैसे बाती को सीधा कर देने से दीपक की लौ बढ़ जाती है, वैसे ही विहित कर्म के द्वारा पुरुष का तत्त्व ज्ञान वृद्धि को प्राप्त होता है ॥१७५॥

जैसे बत्ती को सीधा करने से दीपक की लौ बढ़ जाती है, वैसे ही पुरुष का श्रवण से उत्पन्न हुआ ज्ञान, ज्ञान-कर्म समुच्चय के अनुष्ठान से वृद्धि को प्राप्त होता है।

अतः सापेक्षितं ज्ञानमथवापि समुच्चयम् । मोक्षस्य साधनमिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः ॥१७६॥

अतस्तत्त्वज्ञानं नित्यनैमित्तिककर्म**सापेक्षितं ज्ञानं** कर्मसव्यपेक्षज्ञानमथवाऽपि ज्ञानकर्मणोः **समुच्चयं मोक्षस्य साधनमिति** केचि**द्ब्रह्मवादिनो वदन्ति**।

अत्रैतदपि चिन्तनीयम् -

नैष्कर्म्यसिद्धिहेतुभूतः सर्वकर्मसंन्यासः शास्त्रानभिमत एव। कर्मणोऽपि शास्त्रचोदितत्वात्। *"अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते"* इति विद्याकर्मणोर्मोक्षोपकारकत्वस्य श्रुतत्वात्। *"कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतगं समाः", यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति", "यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्"* इत्याद्यनेकश्रुतिस्मृतिभिरादेहपातं नियतकर्तव्यतया कर्म विधीयत इति चेत् -

इस कारण तत्त्व ज्ञान नित्य, नैमित्तिक कर्म की अपेक्षा वाला है या ज्ञान और कर्म के समुच्चय को भी ब्रह्मवादी मोक्ष का साधन कहते हैं ॥१७६॥

इस कारण तत्त्व ज्ञान नित्य, नैमित्तिक कर्म की अपेक्षा वाला है या ज्ञान-कर्म के समुच्चय को कुछ ब्रह्मवादी मोक्ष का साधन कहते हैं।

यहाँ यह भी विचारणीय है कि नैष्कर्म्य की सिद्धि के लिए शास्त्र को सर्वकर्म संन्यास अभिमत नहीं है। कर्मों का भी विधान शास्त्र में किया गया है। 'वह अविद्या से मृत्यु को पार करके विद्या से अमरत्व प्राप्त कर लेता है' (ई० उ० ११) इस प्रकार विद्या-कर्म से मोक्ष होता हुआ सुना गया है। 'इस लोक में कर्म करता हुआ ही सौ वर्ष तक जीवित रहने की इच्छा करे' (ई० उ० २), 'जीवन पर्यन्त अग्निहोत्र करता है', 'यज्ञ, दान और तप रूप कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिएँ, प्रत्युत उनको तो करना ही चाहिएँ' (भ० गी० १८।५) इत्यादि अनेक श्रुति स्मृतियों द्वारा देह छूटने तक नियत कर्म करने का ही विधान किया गया है।

मुमुक्षोर्युज्यते त्यागः कथं विहितकर्मणः । इति शङ्का न कर्तव्या मूढवत्पण्डितोत्तमैः ॥१७७॥

कर्मणः फलमन्यत्तु श्रवणस्य फलं पृथक् ॥१७८॥

शास्त्र**विहितकर्मणस्त्यागो मुमुक्षोः कथं युज्यत इति शङ्का मूढवत्पण्डितोत्तमैर्न कर्तव्या। तु** यस्मात्**कर्मणः** फलमन्यच्छ्रवणस्य **फलं पृथ**ग्भिन्नमित्यर्थः।

मुमुक्षु को विहित कर्मों का त्याग कैसे युक्त हो सकता है - यह शङ्का मूर्ख पुरुष के समान श्रेष्ठ पण्डितों को नहीं करनी चाहिए। कर्म का फल और है तथा श्रवण का फल भिन्न है ॥१७७, १७८॥

शास्त्र विहित कर्मों का त्याग मुमुक्षु को कैसे युक्त हो सकता है - यह शङ्का मूर्ख पुरुष के समान श्रेष्ठ पण्डितों को नहीं करनी चाहिए क्योंकि कर्म का फल और है तथा श्रवण का फल भिन्न है - ऐसा अर्थ है।

एतेनोक्तवाक्येन तयोर्ज्ञानकर्मणोस्तमःप्रकाशवदत्यन्तभेद उक्तः। अधुना तेषामनुबन्धभेदेन तन्त्रभेदेन च वैलक्षण्यं स्फुटीकरोति बहुभिः श्लोकैः।

ऊपर कहे गए इन वाक्यों के द्वारा उन दोनों ज्ञान और कर्म में तम-प्रकाश के समान अत्यन्त भेद कहा गया है। अब अनुबन्ध भेद से तथा तन्त्र भेद से उनका वैलक्षण्य बहुत श्लोकों द्वारा स्पष्ट किया जाता है।

वैलक्षण्यं च सामग्र्योश्चोभयत्राधिकारिणोः । कामी कर्मण्यधिकृतो निष्कामी श्रवणे मतः ॥१७९॥

ज्ञानकर्मणोरुभयत्राधिकारिणोः सामग्र्योश्च द्वयोः साधने **च वैलक्षण्यम**स्ति। **कामी कर्मण्यधिकृतो**ऽधिकारी स्यात्प्रत्युत **निष्कामी श्रवणे**ऽधिकारी **मतः**। तयोर्ज्ञानकर्मणोरनुबन्धभेदः समुच्चयस्य निषेधमुद्घोषयति।

(कोष्ठकः २) कर्मज्ञानयोरनुबन्धभेदः		
	कर्म	**ज्ञानम्**
अधिकारी	कामी (स्वर्गकामी, पुत्रकामी, एषणावान्)	निष्कामी, मुमुक्षुः
प्रयोजनम्	स्वर्गप्राप्तिः, पुत्रादि-एषणापूर्तिः, तेनाप्राप्तस्य प्राप्तिरपरिहृतस्य परिहारः	मोक्षः, आत्यन्तिकदुःखनिवृत्तिः परमानन्दावाप्तिश्च, प्राप्तस्य प्राप्तिः, परिहृतस्य परिहारः
विषयः	तत्तत्कामनासम्बन्धिविद्या कर्म च, अपराविद्या प्रमेयम्	ब्रह्मविद्या
प्रमाणम्	पूर्वमीमांसकानां मते कर्मकाण्डं तज्ज्ञापकं कारकं च, वेदान्तीनां तु कर्मकाण्डं तज्ज्ञापकं न तु कारकं	उपनिषत्तज्ज्ञापकम्, न तु कारकम्
सम्बन्धः	अपराविद्यायाः कर्मकाण्डेन सम्बन्धः	ब्रह्मविद्याया वेदान्तेन सम्बन्धः

दोनों मार्ग में दोनों प्रकार के अधिकारियों के दोनों प्रकार के साधनों की विभिन्नता है। कामी कर्म में अधिकार वाला है तथा निष्कामी का श्रवण में अधिकार माना गया है ॥१७९॥

ज्ञान और कर्म इन दोनों मार्गों में दोनों प्रकार के अधिकारियों के तथा दोनों के साधनों में विभिन्नता है। सकाम पुरुष कर्म का अधिकारी है प्रत्युत निष्काम पुरुष श्रवण का अधिकारी माना गया है। उन ज्ञान-कर्म अनुबन्ध भेद के समुच्चय के निषेध का उद्घोष किया जाता है।

अर्थी समर्थ इत्यादि लक्षणं कर्मिणो मतम् । परीक्ष्य लोकानित्यादि लक्षणं मोक्षकाङ्क्षिणः ॥१८०॥

कर्मिणो लक्षणमर्थी समर्थ इत्यादि मतं मोक्षकाङ्क्षिणस्तु परीक्ष्य लोकानित्यादि लक्षणं मतम्। कर्मिणो लक्षणम् *"अर्थी समर्थी च विद्वाञ्च्छास्त्रेणाविपर्युदस्तः"*, मोक्षकाङ्क्षिणस्तु *"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन"*इत्यादिना ज्ञायत इत्यर्थः। अत्रार्थी फलकामी समर्थो लौकिकसाधनसम्पन्नो यथा धनपुत्रादिसम्पन्नः, विद्वान्धर्मशास्त्रज्ञः शास्त्रेणाविपर्युदस्तः शास्त्रानिन्दित इति।

धनवान्, सामर्थ्यवान् ये सब विशेषण कर्म अनुष्ठान करने वाले के लक्षण माने गए हैं। लोकों की परीक्षा करके उनकी अनित्यता आदि ये सब मोक्ष चाहने वाले का लक्षण है ॥१८०॥

कर्मी के धनवान्, सामर्थ्यवान् इत्यादि लक्षण माने गए हैं, किन्तु मोक्ष चाहने वाले के लोकों की परीक्षा कर अनित्यता इत्यादि लक्षण माने गए हैं। कर्मी के लक्षण 'अर्थी, समर्थी, विद्वान् तथा शास्त्र के द्वारा स्वीकृत' कहे गए हैं' प्रत्युत मोक्ष की आकांक्षा वाले के लक्षण 'कर्म द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर ब्राह्मण निर्वेद को प्राप्त हो जाये क्योंकि संसार में अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है और कृत से हमें प्रयोजन क्या है?' (मु० उ० १।२।१२) इत्यादि के द्वारा ज्ञात होता है - ऐसा अर्थ है। यहाँ 'अर्थी' फल की कामना वाला, 'समर्थी' लौकिक साधन सम्पन्न जैसे धन पुत्र आदि से सम्पन्न, 'विद्वान्' धर्म शास्त्र को जानने वाला, 'शास्त्र के द्वारा स्वीकृत' वह है जो शास्त्र के द्वारा अनिन्दित है।

मोक्षाधिकारी संन्यासी गृहस्थः किल कर्मणि । कर्मणः साधनं भार्यास्त्रक्स्त्रुवादिपरिग्रहः ॥१८१॥

नैवान्यसाधनापेक्षा शुश्रूषोस्तु गुरुं विना । उपर्युपर्यहङ्कारो वर्धते कर्मणा भृशम् ॥१८२॥

अहङ्कारस्य विच्छित्तिः श्रवणेन प्रतिक्षणम् । प्रवर्तकं कर्मशास्त्रं ज्ञानशास्त्रं निवर्तकम् ॥१८३॥

तयोरधिकारिभेदो वर्ण्यते। **मोक्षाधिकारी** मोक्षस्याधिकारी **संन्यास्येषणा**त्रयविनिर्मुक्तः। उक्तं हि - *"तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेनैतमेव विदित्वा मुनिर्भवत्येतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्त्येतद्ध स्म वै तत्पूर्वे विद्वांसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्माऽयं लोक इति ते ह स्म पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति।"* अत्र व्युत्थायशब्देनैषणात्रयस्य त्याग उपचर्यते। ...विदित्वा .... व्युत्थाय भिक्षाचर्यं चरन्तीत्यस्मिन्वाक्ये *"समानकर्तृकयोः पूर्वकाले"* इति सूत्रेण यस्यापरोक्षज्ञानं तस्यैवैषणात्यागस्तस्यैव संन्यासः प्रव्रजनं नान्यस्य। तत्संन्यासो दृढापरोक्षज्ञानाय ज्ञाननिष्ठायै गृह्यते।

यस्तु **गृहस्थो**ऽनादिसंसारवासनावानविद्वान्कार्यकरणसङ्घातलक्षणो जायाद्येषणाबीजभूताविद्यावान्स्वाभाविक्या स्वात्मनि कर्त्रादिकारकक्रियाफलात्मकाध्यारोपलक्षणाऽविद्यावासनया वासितः कामयते - *"मम कर्तुः कर्माधिकारहेतुभूता जाया स्यात्तया विनाऽहमनधिकृतोऽतः कर्माधिकारसम्पत्तये जाया भवेत्। अथाहमेव प्रजारूपेण भवामि। तथा कर्मसाधनं वित्तं गवादिलक्षणं मे स्यात्। अथाहमभ्युदयनिःश्रेयससाधनं कर्म कुर्वीय"।* एतेन स गृहस्थो यजमानो जायापुत्रमानुषवित्तदैववित्तचतुष्टयेन युक्तः सन् **किल कर्मण्य**धिकृतो भवति।

तत्र मानुषं वित्तं हिरण्यपश्वादिकं तदितरद्वित्तं दैवं देवविषयविज्ञानं श्रद्धादयश्च। लोकाश्च त्रयो मनुष्यलोकः पितृलोको देवलोक इति फलभूताः साध्याः। तदर्था हि जायापुत्रवित्तकर्मलक्षणा साधनैषणा। तस्मात्तस्य **कर्मणः साधनं** भार्यास्त्रक्स्त्रुवादिपरिग्रहो भार्या च स्त्रङ्माला च स्रुवा च भार्यास्त्रक्स्त्रुवास्त आदयो येषां ते भार्यास्त्रक्स्त्रुवादयस्तेषां परिग्रहो **भार्यास्त्रक्स्त्रुवादिपरिग्रहः**।

अस्य **शुश्रूषो**र्वेदान्तवाक्यानां श्रवणं कर्तुमिच्छो**स्तु गुरुं विनाऽन्यसाधनापेक्षैव ना**स्ति। तस्य न काप्यन्यापेक्षा वर्तते। शास्ता शास्त्रं शिक्षा स्वस्मिञ्छिष्यभावश्चैतान्येव तस्य साधनानि।

कर्मणा तदनुष्ठानेन दृढकर्तृत्वभावनया कृतेना**हङ्कारो**ऽहङ्कर्तेत्यभिमान **उपर्युपरि भृशं वर्धते**। वेदान्तशास्त्रस्य **श्रवणेन** तु **प्रतिक्षणमहङ्कारस्य विच्छित्ति**र्नाशो भवति यस्माद्वेदान्तशास्त्रं पुनः पुनरहङ्कारस्यानित्यत्वं परिच्छिन्नत्वं परितापित्वं मिथ्यात्वं च दर्शयति। **कर्मशास्त्रं** पूर्वमीमांसाशास्त्रं कर्मणि **प्रवर्तकं** प्रवृत्तिधर्मसम्बन्धि **ज्ञानशास्त्रमु**त्तरमीमांसाशास्त्रं तु **निवर्तकं** निवृत्तिधर्मसम्बन्धि भवति। कर्मशास्त्रं कर्तृत्वप्रधानाहङ्कारविषयकं ज्ञानशास्त्रं त्वकर्त्रात्मविषयकमिति भावः।

संन्यास आश्रम को धारण करने वाला मोक्ष का अधिकारी होता है, गृहस्थ आश्रम को धारण करने वाला निश्चय कर्म में अधिकारी होता है। स्त्री, स्त्रक और स्त्रुवा आदि का संग्रह कर्म का साधन है ॥१८१॥

इस वेदान्त वाक्यों श्रवण अभिलाषी को तो गुरु के सिवा अन्य साधन की अपेक्षा नहीं है। कर्म के द्वारा अभिमान आगे-आगे अधिक बढ़ता है ॥१८२॥

वेदान्त के श्रवण से हर क्षण में अहङ्कार का नाश होता है। कर्म शास्त्र प्रवृत्ति को उत्पन्न करता है तथा ज्ञान शास्त्र निवृत्ति को करने वाला है ॥१८३॥

उन दोनों के अधिकार भेद का वर्णन किया जाता है। मोक्ष का अधिकारी तीनों एषणाओं से मुक्त होता है। कहा भी गया है - 'उस इस आत्मा को ब्राह्मण वेदों के स्वाध्याय, यज्ञ, दान और निष्काम तप के द्वारा जानने की इच्छा करते हैं। इसी को जानकर मुनि होता है। इस आत्म लोक की ही इच्छा करते हुए त्यागी पुरुष सब कुछ त्यागकर संन्यासी हो जाते हैं। इस संन्यास में कारण यह है - पूर्ववर्ती विद्वान् संतान की इच्छा नहीं करते थे। वे सोचते थे हमें प्रजा से क्या लेना है? हमें तो यह आत्म लोक अभीष्ट है। अतः वे पुत्रैषणा, वित्तैषणा तथा लोकैषणा से व्युत्थान कर फिर भिक्षाचर्या करते थे' (बृ० उ० ४।४।२२)। यहाँ व्युत्थाय शब्द से तीनों एषणाओं का त्याग समझना चाहिए। इसी को जानकर..... सब कुछ त्यागकर भिक्षाचर्या करते थे - इस वाक्य में 'यदि एक ही कर्ता क्रम से दो क्रियाएँ करता है, तब पहली क्रिया को 'क्त्वा' प्रत्यय लगाकर एक वाक्य बनाया जा सकता है' (अ० ध्या० ३।४।२१) इस सूत्र से जिसे अपरोक्ष ज्ञान है, उसकी ही एषणा का त्याग हो सकता है, उसे ही संन्यास हो सकता है, अन्य को नहीं। वह संन्यास दृढ अपरोक्ष ज्ञान के लिए, ज्ञाननिष्ठा के लिए लेता है।

किन्तु जो गृहस्थ - अनादि संसार वासना से युक्त, अविद्वान्, कार्य-करण सङ्घात रूप लक्षण वाला, पत्नी आदि की इच्छा रूपी बीजभूत अविद्या से युक्त, स्वयं में कर्ता, कारक, क्रिया फल आदि का अध्यारोप कर अविद्या वासना से युक्त होकर रहता है, कामना करता है - 'मेरी स्त्री हो जिसके साथ मैं कर्ता हो कर्म में अधिकारी बन सकूँ, उसके बिना मैं अनधिकारी हूँ। इसीलिए कर्म में अधिकार होने के लिए मेरी स्त्री हो। फिर मैं ही प्रजारूप से उत्पन्न होऊँगा। तथा कर्म के साधन गौ आदि लक्षण रूपी धन मेरे पास हो। फिर मैं अभ्युदय, निःश्रेयस के साधन रूपी कर्म करुँगा' (बृ० उ० भा० १।४।१७)। इससे वह गृहस्थ यजमान पत्नी, पुत्र, मानुष वित्त, दैव वित्त चारों से युक्त होकर निश्चय कर्म में अधिकारी होता है।

मानुष वित्त सुवर्ण, पशु इत्यादि हैं, इससे भिन्न दैववित्त देव सम्बन्धी विषय, श्रद्धा इत्यादि हैं। तीनों लोक - मनुष्यलोक, पितृलोक, देवलोक फलरूप से साध्य हैं। उनके लिए ही पत्नी, पुत्र, वित्त, कर्म लक्षण रूपी साधन की इच्छा करता है। इसीलिए उसके कर्म का साधन स्त्री, माला, स्त्रुवा आदि का संग्रह है। किन्तु इस वेदान्त वाक्यों के श्रवण अभिलाषी को गुरु के सिवा अन्य साधन की अपेक्षा नहीं है। उसकी अन्य कोई अपेक्षा विद्यमान नहीं रहती है। गुरु, शास्त्र, शिक्षा, स्वयं में शिष्य का भाव - ये सब ही उसके साधन हैं।

कर्मों के अनुष्ठान से कर्तृत्व भावना दृढ होकर 'मैं कर्ता हूँ' यह अभिमान आगे-आगे को अधिक होता हुआ बढ़ता है। किन्तु वेदान्त शास्त्र के श्रवण से हर एक क्षण में अहङ्कार का नाश होता है क्योंकि वेदान्त शास्त्र पुनः पुनः अहङ्कार का अनित्यत्व, परिच्छिन्नत्व, परितापित्व तथा मिथ्यात्व दिखाता है। पूर्व मीमांसा शास्त्र कर्म में धर्म सम्बन्धी प्रवृत्ति का कारण है, किन्तु उत्तर मीमांसा शास्त्र धर्म सम्बन्धी निवृत्ति का कारण है। कर्म शास्त्र कर्तृत्व प्रधान अहङ्कार विषयक परन्तु ज्ञान शास्त्र अकर्तृत्व विषयक है - ऐसा भाव है।

इत्यादिवैपरीत्यं तत्साधने चाधिकारिणोः । द्वयोः परस्परापेक्षा विद्यते न कदाचन ॥१८४॥

इत्याद्यधिकारिणोः तत्साधने वैपरीत्यं विद्यते तस्माद्**द्वयो**र्ज्ञानकर्मणोः **परस्परापेक्षा कदाचन न विद्यते**। उक्तं हि - *"दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता", "ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन। तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्॥"* इति।

ऐसा-ऐसा अधिकारियों के फल के साधन में विपरीत भाव होता है इस कारण से दोनों प्रकार के साधनों में कभी भी परस्पर अपेक्षा नहीं है ॥१८४॥

ऐसा-ऐसा अधिकारियों का उनके फल के साधन में विपरीत भाव है, इस कारण दोनों प्रकार ज्ञान-कर्म के साधनों में कभी भी परस्पर की अपेक्षा नहीं है। कहा भी गया है - 'जो विद्या तथा अविद्या रूप से जानी गयी हैं, वे दोनों अत्यन्त विरुद्ध स्वभाव वाली और विपरीत फल देने वाली हैं'(क० उ० १।२।४), 'ब्राह्मण निर्वेद को प्राप्त हो जाए क्योंकि संसार में अकृत (नित्य पदार्थ) नहीं है और कृत से हमें प्रयोजन क्या है? अतः उस नित्य वस्तु का साक्षात् ज्ञान प्राप्त करने के लिए तो हाथ में समिधा लेकर क्षोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ गुरु के ही पास जाना चाहिए' (मु० उ० १।२।१२)।

किञ्च -

इसके अतिरिक्त -

सामग्र्योश्चोभयोस्तद्वदुभयत्राधिकारिणोः । ऊर्ध्वं नयति विज्ञानमधः प्रापयति क्रिया ॥१८५॥

उभयत्र सामग्र्योश्चाधिकारिणोरुभयोरपि भेदः। कर्ममार्गस्य साधनं कर्म, सामग्री कारकादि, फलमनित्यम्, अधिकारी फलकामी प्रत्युत ज्ञानमार्गस्य साधनं श्रवणमनननिदिध्यासनम्, सामग्री गुरुशास्त्रादि, फलं नित्यम्, अधिकारी वैराग्यादिसाधनचतुष्टयसम्पन्नः। **तद्वद्विज्ञानमूर्ध्वं नयति क्रिया** सकामकर्मानुष्ठान**ाधः प्रापयती**ति।

दोनों मार्गों में अधिकारियों का तथा सामग्रियों का (भेद है) वैसे ही विज्ञान ऊपर को ले जाता है तथा कर्म नीचे पहुँचाता है ॥१८५॥

दोनों मार्गों में सामग्रियों तथा अधिकारियों का भी भेद है। कर्म मार्ग का साधन कर्म है, सामग्री कारक आदि, अनित्य फल, अधिकारी फल की कामना वाला अपितु ज्ञान मार्ग का साधन श्रवण, मनन, निदिध्यासन है, सामग्री गुरु-शास्त्र आदि, नित्य फल, अधिकारी वैराग्य आदि साधन चतुष्टय सम्पन्न है। उसी प्रकार विज्ञान ऊपर को ले जाता है, सकाम कर्म अनुष्ठान अधोगति करता है।

कथमन्योन्यसापेक्षा कथं वापि समुच्चयः । यथाग्नेस्तृणकूटस्य तेजसस्तिमिरस्य च ॥१८६॥

सहयोगो न घटते तथैव ज्ञानकर्मणोः । किमूपकुर्याज्ज्ञानस्य कर्म स्वप्रतियोगिनः ॥१८७॥

यस्य संनिधिमात्रेण स्वयं न स्फूर्तिमृच्छति ॥१८८॥

ज्ञानकर्मणोः **कथमन्योन्यसापेक्षा** कथमितरेतरस्यापेक्षा साहाय्यं **कथं वापि** तयोः **समुच्चयः** सम्भवेत्। **यथाऽग्नेस्तृणकूटस्य** परस्परापेक्षा समुच्चयो वा न सम्भवत्यग्निस्तृणस्य कूटं राशिस्तं तृणकूटमवश्यं भस्मीकरोति यथा **च तेजसस्तिमिरस्य** परस्परापेक्षा समुच्चयोऽपि न सम्भवति तेजस्तिमिरमन्धकारं नाशयति। एवमेव ब्रह्मज्ञानं कर्माणि भस्मीकरोति **तथैव ज्ञानकर्मणोः सहयोग** एकस्मिन्पुरुषे युगपदनुष्ठानं **न घटते**। **कर्म स्वप्रतियोगिनः** स्वस्य प्रतियोगि स्वप्रतियोगि तस्य स्वप्रतियोगिनः स्वप्रतिकूलस्य **ज्ञानस्य किमु-उपकुर्यात्**। **यस्य** ज्ञानस्य **सन्निधिमात्रेण** सामीप्येन कर्म **स्वयं स्फूर्तिं** विकासं **नर्च्छत्य**पितु नाशं गच्छति। तथा च स्मृतिः - *"यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन। ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा॥"*, आगमज्ञानं सकृत्प्रवृत्त्या क्रियाकारकफलरूपभृदज्ञानं मृद्नाति तस्मादनयोः साङ्गत्यं दूरादपि नास्ति। मृगतृष्णिकोदकपिपासुप्रवृत्तिनिमित्तवदयथावस्तुभ्रान्तिविज्ञानमेव सर्वप्रवृत्तिनिमित्तमित्यर्थः।

जैसे अग्नि का तृण समूह के साथ तथा तेज का अन्धकार से परस्पर अपेक्षा अथवा मिलकर काम करना नहीं हो सकता, वैसे ही तत्त्व ज्ञान के साधन आदि में और कर्म साधन आदि में परस्पर कैसे मिलकर काम करना सम्भव है? ॥१८६॥

वैसे ही ज्ञान तथा कर्म का एक पुरुष के द्वारा एक समय में अनुष्ठान नहीं हो सकता है। कर्म अपने प्रतिकूल ज्ञान का क्या उपकार करेगा जिसकी समीपता मात्र से आप विकास को प्राप्त नहीं होता है ॥१८७, १८८॥

ज्ञान-कर्म की परस्पर एक-दूसरे से अपेक्षा कैसे सहायक हो सकती है या उन दोनों का सम्मुचय कैसे सम्भव हो? जैसे अग्नि-तृण समूह की परस्पर अपेक्षा या सम्मुचय सम्भव नहीं है। अग्नि तृणराशि को जलाती है, उस तृणराशि को अवश्य भस्म कर देती है तथा जैसे तेज-अन्धकार की परस्पर अपेक्षा तथा सम्मुचय भी सम्भव नहीं है, तेज घोर अन्धकार का नाश कर देता है। वैसे ही ब्रह्मज्ञान कर्मों को भस्म कर देता है। एक पुरुष में एक समय में ज्ञान और कर्म का अनुष्ठान नहीं हो सकता है। कर्म स्वयं के प्रतियोगी, अपने प्रतिकूल ज्ञान का क्या उपकार करेगा? ज्ञान की समीपता मात्र से कर्म स्वयं विकास को नहीं अपितु नाश को प्राप्त होता है। जैसा स्मृति में भी कहा है - 'हे अर्जुन! जैसे प्रज्वलित अग्नि ईन्धन को भस्मसात् कर देती है, वैसे ही ज्ञानरूपी अग्नि सम्पूर्ण कर्मों को भस्मसात् कर देती है' (भ० गी० ४।३७)। वेदों के ज्ञान की एक साथ प्रवृत्ति से क्रिया-कारक फल रूप अज्ञान नष्ट हो जाता है, इसीलिए इन दोनों का संग दूर से भी नहीं हो सकता है। जैसे मृग-तृष्णिका का जल पिपासु की प्रवृत्ति में निमित्त है, वैसे ही वस्तु की भ्रान्ति का ज्ञान ही सब प्रकार की भ्रान्ति में निमित्त है।

कोटीन्धनाद्रिज्वलितोऽपि वह्निरर्कस्य नार्हत्युपकर्तुमीषत् । यथा तथा कर्मसहस्रकोटिर्ज्ञानस्य किन्तु स्वयमेव लीयते ॥१८९॥

यथा कोटीन्धनाद्रिज्वलितः इन्धनाद्रिरिन्धनस्य राशिः कोटीन्धनाद्रिभिर्ज्वलितोऽपि **वह्निरर्कस्य** सूर्यस्येषदप्युपकर्तुं **नार्हति** न शक्नोति **तथा कर्मसहस्रकोटिः** सहस्रकोटिकर्माणि **ज्ञानस्य** नोपकर्तुं शक्नोति **किन्तु स्वयमेव** कर्म ज्ञानोदय एव **लीयते** समाप्यते। *"सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते"* इति स्मृतेः।

जैसे ईन्धन के करोड़ों ढेरों से प्रज्वलित किया हुआ अग्नि सूर्य का थोड़ा भी उपकार करने में समर्थ नहीं है वैसे ही सहस्रों करोड कर्म ज्ञान का थोड़ा भी उपकार करने में समर्थ नहीं होते हैं, परन्तु स्वयं ही विलीन हो जाते हैं ॥१८९॥

जैसे ईन्धन के करोड़ों राशि से प्रज्वलित किया हुआ भी अग्नि सूर्य का थोड़ा भी उपकार करने में समर्थ नहीं है, वैसे ही सहस्र कोटि कर्म ज्ञान का उपकार करने में समर्थ नहीं है। ज्ञान के उदय होने पर ही कर्म समाप्त हो जाते हैं। 'हे पार्थ! सम्पूर्ण कर्म ज्ञान में समाप्त होते हैं' (भ० गी० ४।३३) इस स्मृति से भी सिद्ध होता है।

यत्तूक्तं मुमुक्षोः कर्म श्रवणं च हस्तद्वयवत्साधनं तन्न। कस्माज्ज्ञानकर्मणोः सहयोगो न सम्भवतीत्युच्यते - तयोस्तन्त्रभेदादेकेति -

किन्तु जो कहा गया था की कर्म तथा ज्ञान दोनों हाथों के सामान मुमुक्षु के साधन हैं, वह नहीं है। किस प्रकार ज्ञान-कर्म का सहयोग नहीं हो सकता, उस पर कहते हैं उन दोनों के तन्त्र भेद के कारण 'एक' इत्यादि से -

एककर्त्राश्रयौहस्तौ कर्मण्यधिकृतावुभौ । सहयोगस्तयोर्युक्तो न तथा ज्ञानकर्मणोः ॥१९०॥

उभौ हस्तावेककर्त्राश्रयावेकस्मिन्कर्तर्याश्रितौ स्थितौ **कर्मण्यधिकृतौ** नियुक्तौ भवत**स्तयोः सहयोगो** युगपत्कार्यान्वयित्वं सहसमुच्चयो **युक्तः। न तथा ज्ञानकर्मणो**रिति।

दोनों हाथ एक कर्ता का आश्रय करते हुए कर्म में नियुक्त होते हैं उनका एक साथ होकर कार्य करना उचित है, वैसे ज्ञान तथा कर्म का नहीं ॥१९०॥

दोनों हाथ एक कर्ता में आश्रय करते हुए कर्म में नियुक्त होते हैं, उनका एक साथ होकर कार्य करना सह समुच्चय युक्त है। वैसे ज्ञान तथा कर्म का नहीं।

कर्ता कर्तुमकर्तुं वाप्यन्यथा कर्म शक्यते । न तथा वस्तुनो ज्ञानं कर्तृतन्त्रं कदाचन ॥१९१॥

कर्त्रा कर्म कर्तुमकर्तुमन्यथा वाऽपि कर्तुं शक्यते पुरुषतन्त्रत्वात्। कर्म पुरुषाधीनं तस्मात्तस्मिन्पुरुषस्य कर्तुः स्वातन्त्र्यं वर्तते। परन्तु **वस्तुनो ज्ञानं न तथा कदाचन कर्तृतन्त्रम**पितु वस्तुतन्त्रं वस्त्वधीनं तस्मिन्पुरुषस्य स्वातन्त्र्यं नेत्यर्थः।

कर्ता कर्म करने को, न करने को या उल्टा करने को शक्य होता है। परन्तु वस्तु का ज्ञान कर्ता के अधीन कभी नहीं होता॥१९१॥

कर्ता कर्म करने को, न करने को या उल्टा करने को समर्थ होता है पुरुष तन्त्र होने के कारण। कर्म पुरुष अधीन है, इसीलिए उसमें पुरुष का कर्ता का स्वातन्त्र्य होता है। परन्तु वस्तु का ज्ञान कर्ता के अधीन कभी नहीं होता अपितु वस्तु तन्त्र वस्तु के अधीन है, उसमें पुरुष का स्वातन्त्र्य नहीं होता - ऐसा अर्थ है।

तदेव विस्पष्टयति सप्तभिः श्लोकैर्यथेति।

वह ही विशेष रूप से सात श्लोकों के द्वारा स्पष्ट किया जाता है 'यथा' इत्यादि से -

यथा वस्तु तथा ज्ञानं प्रमाणेन विजायते । नापेक्षते च यत्किञ्चित्कर्म वा युक्तिकौशलम् ॥१९२॥

प्रमाणेन प्रत्यक्षादिभि**र्यथा वस्तु तथा** तस्य वस्तुनो **ज्ञानं विजायते** विस्पष्टं जायते संशयविपर्ययादिरहितं ज्ञानं जायते। तद्वस्तुज्ञानं **यत्किञ्चित्कर्म युक्तिकौशलं** चातुर्यं **वा नापक्षते चे**ति।

प्रमाण के द्वारा जैसी वस्तु हो वैसा ज्ञान होता है वह वस्तु तत्त्व का ज्ञान जिस किसी भी कर्म या युक्ति के चातुर्य की भी अपेक्षा नहीं करता है ॥१९२॥

प्रत्यक्ष आदि प्रमाण के द्वारा जैसी वस्तु हो, उस वस्तु का वैसा ज्ञान स्पष्ट होता है, संशय विपर्यय आदि रहित ज्ञान होता है। उस वस्तु का ज्ञान जिस किसी भी कर्म या चातुरी की अपेक्षा नहीं करता है।

ज्ञानस्य वस्तुतन्त्रत्वे संशयाद्युदयः कथम् । अतो न वास्तवं ज्ञानमिति नो शङ्क्यतां बुधैः ॥१९३॥

ज्ञानस्य वस्तुतन्त्रत्वे वस्त्वधीनत्वे **संशयाद्युदयः** संशयादीनामुदयः **कथम्**। आदिपदेन विपर्ययो गृह्यते। **अतो ज्ञानं न वास्तवं** वस्तुस्वरूपप्रकारकं भव**तीति बुधैर्विद्वद्भिर्नो शङ्क्यताम्**। संशयविपर्ययाभ्यां युतं ज्ञानं न यथार्थज्ञानं यस्मात्तस्माज्ज्ञानं न वस्तुतन्त्रमिति नाशङ्कनीयमिति भावः।

ज्ञान के वस्तु के अधीन होने पर संशय आदि की उत्पत्ति कैसे हो सकती है? इस कारण ज्ञान वस्तु के स्वरूप के अनुसार नहीं होता है विद्वान् ऐसी शङ्का न करे ॥१९३॥

ज्ञान के वस्तु के अधीन होने पर संशय आदि की उत्पत्ति कैसे हो सकती है? 'आदि' पद से विपर्यय (विपरीत भावना) समझना चाहिए। इस कारण ज्ञान वस्तु के स्वरुप के अनुसार नहीं होता है - विद्वानों के द्वारा ऐसी शङ्का नहीं की जानी चाहिए। क्योंकि संशय, विपर्यय से युक्त ज्ञान यथार्थ ज्ञान नहीं है, इसीलिए ज्ञान वस्तु तन्त्र नहीं है ऐसी आशङ्का नहीं करनी चाहिए - यह भाव है।

प्रमाणासौष्ठववृतं संशयादि न वास्तवम् । श्रुतिप्रमाणसुष्ठुत्वे ज्ञानं भवति वास्तवम् ॥१९४॥

प्रमाणासौष्ठववृतं सुष्ठु इत्यस्य भावः सौष्ठवम्, प्रमाणानामसौष्ठवं प्रमाणासौष्ठवं तेन वृतं कृतावरणं प्रमाणासौष्ठववृतं **संशयादि वास्तवं न** भवति। **वास्तवं ज्ञानं श्रुतिप्रमाणसुष्ठुत्वे भवति**। ब्रह्मवस्तुविषये तात्पर्यवती श्रुतिरेव प्रबलं प्रमाणं तस्माच्छ्रेष्ठश्रुतिप्रामाण्याद्युदुत्पन्नं ज्ञानं तद्वस्तुज्ञानं वास्तवम्। अतीन्द्रियविषये वेदाः प्रमाणमित्युक्त्या भ्रमप्रमादकरणापाटव-

विप्रलिप्सादिदोषरहितं यद्ब्रह्मात्मैक्यविषयकं ज्ञानं तद्वास्तवमिति।

प्रमाण की असुष्ठता का किया हुआ संशय आदि वास्तविक नहीं होता है, वास्तव ज्ञान श्रुति के प्रमाण से श्रेष्ठ सिद्ध होने पर होता है ॥१९४॥

प्रमाण के ठीक न होने से जो संशय आदि उत्पन्न होते हैं, वे वास्तव नहीं होते। वास्तव ज्ञान श्रुति के प्रमाण की श्रेष्ठता के आधार पर उत्पन्न होता है। ब्रह्म वस्तु के विषय में तात्पर्य युक्त श्रुति ही प्रबल प्रमाण है, इसीलिए श्रेष्ठ श्रुति प्रमाण आदि से उत्पन्न ज्ञान उस वस्तु का वास्तविक ज्ञान है। अतीन्द्रिय विषय में वेद प्रमाण हैं इस प्रकार उत्पन्न भ्रम, प्रमाद, करण अपाटव, विप्रलिप्सा आदि दोषों से रहित जो ब्रह्म-आत्म ऐक्य विषय का ज्ञान है वही वास्तविक है।

वस्तु तावत्परं ब्रह्म नित्यं सत्यं ध्रुवं विभु । श्रुतिप्रमाणे तज्ज्ञानं स्यादेव निरपेक्षकम् ॥१९५॥

तत्र **तावत्परं वस्तु ब्रह्म यन्नित्यं** प्रागभावप्रध्वंसाभावरहितं **सत्यम**बाध्यं त्रिविधपरिच्छेदशून्यं **ध्रुवम**विकारि **विभु** सर्वव्यापि विविधं भवतीति वा **तज्ज्ञानं श्रुतिप्रमाण** उपस्थिते सति **निरपेक्षकं** ब्रह्मज्ञानं **स्यादेवे**ति सुनिश्चितम्।

परम पदार्थ तो ब्रह्म है वह नित्य सत्य न बदलने वाला सर्वव्यापक है। वेदरूप प्रमाण के उपस्थित होने पर ब्रह्मज्ञान किसी की अपेक्षा न रखने वाला ही होगा ॥१९५॥

उसमें परम वस्तु तो ब्रह्म है जो प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव से रहित है, अबाध्य तीन प्रकार के परिच्छेद से शून्य, अविकारी, सर्वव्यापी अथवा जो विविध (रूपों में) प्रतीत होता है। वह ब्रह्मज्ञान श्रुति प्रमाण के उपस्थित होने पर निश्चित ही किसी की अपेक्षा न रखने वाला ही होगा - ऐसा सुनिश्चित है।

रूपज्ञानं यथा सम्यग्दृष्टौ सत्यां भवेत्तथा । श्रुतिप्रमाणे सत्येव ज्ञानं भवति वास्तवम् ॥१९६॥

यथा सम्यग्दृष्टौ निर्दुष्टदृष्टौ **सत्यां** वास्तवं **रूपज्ञानं** संशयादिरहितयथार्थज्ञानं **भवेत्तथा श्रुतिप्रमाणे सत्येव** तात्पर्यपूर्वकवेदान्तवाक्यविचारेण **वास्तवं ज्ञानं** यथार्थज्ञानं **भवति** न संशयः कर्त्तव्य इति।

निर्दोष दृष्टि के होने पर जैसे रूप का ज्ञान यथार्थ होता है वैसे ही वेदरूप प्रमाण के होने पर ही यथार्थ ज्ञान होता है ॥१९६॥

जैसे दोष रहित दृष्टि के होने पर रूप का ज्ञान संशय आदि से रहित यथार्थ ज्ञान होता है, वैसे ही श्रुति प्रमाण के होने पर ही तात्पर्य पूर्वक वेदान्त वाक्य के विचार द्वारा यथार्थ ज्ञान होता है इसमें कोई संशय नहीं है।

न कर्म यत्किञ्चिदपेक्षते हि रूपोपलब्धौ पुरुषस्य चक्षुः । ज्ञानं तथैव श्रवणादिजन्यं वस्तुप्रकाशे निरपेक्षमेव ॥१९७॥

हि यस्मात्**पुरुषस्य चक्षू रूपोपलब्धौ यत्किञ्चित्कर्म नैवापेक्षते तथैव श्रवणादिजन्यं** श्रवणादिना वेदान्तवाक्यानां पदपदार्थपरिज्ञानात्प्रतिपत्तिर्ज्ञानं **वस्तुप्रकाशे निरपेक्षं** नान्यस्यापेक्षां करोत्येव कदाचनेति भावः। **ज्ञानं** वस्तुतन्त्रं कर्मानपेक्षं मोक्षफलं दातुं समर्थमित्यर्थः।

जैसे पुरुष का नेत्र रूप को प्रत्यक्ष करने में जिस किसी कर्म की अपेक्षा नहीं करता है, वैसे ही श्रवण आदि से उत्पन्न होने वाला ज्ञान अपने विषय को प्रकाशित करने में किसी की भी अपेक्षा नहीं करता है ॥१९७॥

जैसे पुरुष के नेत्र रूप को प्रत्यक्ष करने में जिस किसी कर्म की अपेक्षा नहीं करते, वैसे ही श्रवण आदि के द्वारा वेदान्त वाक्यों के पद-पदार्थ के सम्पूर्ण ज्ञान से उत्पन्न ज्ञान अपने विषय को प्रकाशित करने में किसी अन्य की भी अपेक्षा नहीं करता है किसी भी समय नहीं - ऐसा भाव है। ज्ञान वस्तु तन्त्र है जिसे कर्म की अपेक्षा नहीं है, वह मोक्ष रूपी फल को देने में समर्थ है।

ज्ञानकर्मणोः समुच्चयनिषेधमुपसंहरति कर्तृतन्त्रमिति।

ज्ञान-कर्म समुच्चय निषेध का उपसंहार करते हैं 'कर्तृतन्त्रं' इत्यादि से -

कर्तृतन्त्रं भवेत्कर्म कर्मतन्त्रं शुभाशुभम् । प्रमाणतन्त्रं विज्ञानं मायातन्त्रमिदं जगत् ॥१९८॥

कर्म कर्तृतन्त्रं कर्त्रधीनं **भवेत्**। **शुभाशुभं** कर्मफलं **कर्मतन्त्रं** कर्माधीनं भवेत्। **विज्ञानं** ब्रह्मज्ञानं वेदान्त**प्रमाणतन्त्रं** वेदान्तप्रमाणाधीनमन्यविषयकविज्ञानं प्रत्यक्षादिप्रमाणाधीनं वस्तुतन्त्र**मिदं जगन्मायातन्त्रं** मायाधीनमनिर्वचनीयमिति।

कर्म कर्ता के अधीन है, शुभ और अशुभ परिणाम कर्म के अधीन है, तत्त्व ज्ञान प्रमाण के अधीन है, यह संसार माया के अधीन है ॥१९८॥

कर्म कर्ता के अधीन है। कर्मफल कर्म के अधीन है। ब्रह्मज्ञान वेदान्त, वेदान्त प्रमाण के अधीन है। अन्य विषयों का ज्ञान प्रत्यक्ष आदि प्रमाण के अधीन है। यह संसार अनिर्वचनीय माया के अधीन है।

विद्यां चाविद्यां चेति सहोक्तिरियमुपकृता सद्भिः । सत्कर्मोपासनयोर्न त्वात्मज्ञानकर्मणोः क्वापि ॥१९९॥

सद्भिरियं सहोक्तिर्विद्यां चाविद्यां चेति सत्कर्मोपासनयोः समुच्चय इति रीत्यो**पकृता**ऽभ्यनुज्ञाता **न त्वात्मज्ञानकर्मणोः क्वापि** सहोक्तिः शक्यते।

"विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह" इतीशावास्योपनिषदि काण्वशाखापाठे विद्याशब्देन हिरण्यगर्भोपासनोच्यते तथाऽविद्याशब्देन कर्मोच्यते। तयोः सहसमुच्चयः सम्भवत्येव यस्माद्द्वयोः पुरुषतन्त्रत्वान्मूलाविद्याकार्यत्वाच्च।

माध्यन्दिनशाखापाठे सम्भूतिं चेत्यादयस्त्रयो मन्त्राः पूर्वं व्याख्याताः। तदनन्तरं विद्यां चाविद्यां चेत्यादयस्त्रयो मन्त्रा गदिताः। अस्मिन्पाठे विद्याशब्देन ब्रह्मविद्योच्यते तथाऽविद्याशब्देन कर्महिरण्यगर्भोपासनयो: समुच्चयः। तस्मादत्र विद्याविद्यासमुच्चयेन कर्महिरण्यगर्भोपासनयोर्ब्रह्मविद्यया क्रमसमुच्चयो वक्तव्यः। तस्माज्ज्ञानकर्मणोः सहसमुच्चयो न सम्भवतीति प्रतिपादितम्। अन्यथाऽपि समुच्चयस्यासम्भवः। तयोर्हेतुस्वरूपकार्यफलानि परस्परविरोधीनि। उक्तं हि - *"हेतुस्वरूपकार्याणां प्रकाशतमसोरिव। मिथो विरोधतो नातः संगतिर्ज्ञानकर्मणोः॥"* (बृ. वा. ३.३.७०)

(कोष्ठकः ३) कर्मज्ञानयोर्हेतुस्वरूपादिभेदः		
	कर्म	**ज्ञानम्**
हेतुः	अविद्यारागादयः	वेदान्तप्रमाणजन्यविचारः
स्वरूपम्	अप्रकाशात्मकत्वमन्यथाग्रहणम्	परमार्थप्रकाशात्मकं यथार्थब्रह्मस्वरूपज्ञानम्
कार्यम्	उत्पत्त्याप्त्यादिकम्	अविद्यानिवृत्तिः
फल-हेतुः	अनुष्ठानापेक्षम्	अनुष्ठानानपेक्षम्
फल-स्वरूपम्	अभ्युदयः स्वर्गाद्यात्मकः पशुपुत्राद्यात्मको वाऽनित्यः	निःश्रेयसम्, नित्यम्, जीवन्मुक्तिविदेहमुक्ती

सत्पुरुषों के द्वारा यह विद्या तथा अविद्या का एक साथ कथन सत्कर्म और उपासना के लिए कहा गया है, किन्तु आत्म ज्ञान तथा कर्म का

समुच्चय कहीं भी नहीं है ॥१९९॥

सत्पुरुषों के द्वारा यह विद्या तथा अविद्या का एक साथ कथन सत्कर्म और उपासना के समुच्चय प्रकार से स्वीकार किया गया है, परन्तु आत्म ज्ञान तथा कर्म – इन दोनों के लिए कहीं भी एक साथ कथन नहीं कहा गया है।

'जो विद्या तथा अविद्या - इन दोनों को ही एक साथ जानता है' (ई० उ० ११) ईशावास्य उपनिषद् के काण्व शाखा पाठ में विद्या शब्द से हिरण्यगर्भ उपासना कहा गया है तथा अविद्या शब्द से कर्म कहा गया है। उन दोनों का एक साथ समुच्चय ही सम्भव है क्योंकि दोनों पुरुष तन्त्र तथा मूलाविद्या का कार्य हैं।

माध्यन्दिन शाखा पाठ में सम्भूति आदि तीनों मन्त्रों की पूर्व में व्याख्या की गयी है। उसके पश्चात् विद्या तथा अविद्या आदि तीनों मन्त्र कहे गए हैं। इस पाठ में विद्या शब्द से ब्रह्मविद्या कही गयी है तथा अविद्या शब्द से कर्म व हिरण्यगर्भ की उपासना के समुच्चय को कहा है। इसीलिए यहाँ विद्या-अविद्या के समुच्चय द्वारा कर्म व हिरण्यगर्भ उपासना का ब्रह्मविद्या के साथ क्रम समुच्चय कहा गया है। इसीलिए ज्ञान-कर्म का सह समुच्चय सम्भव नहीं है ऐसा प्रतिपादित किया गया है अन्यथा भी समुच्चय का होना असम्भव है। उन दोनों के हेतु, स्वरूप, कार्य, फल परस्पर विरोधी हैं। 'हेतु, स्वरूप तथा कार्य की दृष्टि से ज्ञान तथा कर्म में समन्वय नहीं है, वे परस्पर विरोधी हैं; जैसे प्रकाश तथा अन्धकार' (बृ० वा० ३।३।७०)।

नित्यानित्यपदार्थबोधरहितो यश्चोभयत्र स्रगाद्यर्थानामनुभूतिलग्नहृदयोऽनिर्विण्णबुद्धिर्जनः ।
तस्यैवास्य जडस्य कर्म विहितं श्रुत्या विरज्याभितो मोक्षेच्छोर्न विधीयते तु परमानन्दार्थिनो धीमतः ॥२००॥

नित्यानित्यपदार्थबोधरहितो नित्याश्चानित्याश्च नित्यानित्याः, ते च पदार्थाः नित्यानित्यपदार्थाः, तेषां बोधः नित्यानित्यपदार्थबोधः तेन रहितो नित्यानित्यपदार्थबोधरहितो **यश्चोभयत्रा**स्मिँल्लोके परलोके च **स्रगाद्यर्थानां** स्रक्चन्दनवनितादीनां भोग्यपदार्थाना**मनुभूतिलग्नहृदयो**ऽनुभूतौ लग्नं हृदयं यस्य स अनुभूतिलग्नहृदयस्तेषां भोग्यपदार्थानामनुभूतौ यस्य चित्तं रमतेऽभिध्यायति सर्वदा तथा च यो **जनोऽनिर्विण्णबुद्धि**रनिर्विण्णा बुद्धिर्यस्य स अनिर्विण्णबुद्धिर्वैराग्यरहित**स्तस्यास्य जडस्यैव** निमित्तं **श्रुत्या कर्म विहितम्**। **यस्त्वभितो विरज्यै**षणात्रयविनिर्मुक्तो भूत्वा **परमानन्दार्थिनः** परमश्चासावानन्दश्च परमानन्दस्तदर्थी परमानन्दार्थी तस्य परमार्थिनो **धीमतो मोक्षेच्छोर्न विधीयते**। तस्माद्विवेकवैराग्यशमादिसम्पत्तिरहितस्यैव कर्मण्यधिकारो न तु साधनचतुष्टयसंपन्नस्येत्यर्थः।

जिसे नित्य-अनित्य वस्तु के भेद का ज्ञान नहीं है, जिसका हृदय दोनों लोकों में माला आदि भोग्य पदार्थों के अनुभव में लगा है तथा जिसकी बुद्धि में वैराग्य का उदय नहीं हुआ है ऐसे इस मूढ के निमित्त ही श्रुति ने कर्म का विधान किया है। सब ओर से विरक्त होकर, परम आनन्द को चाहने वाला बुद्धिमान् मोक्ष की इच्छा वाले के लिए तो विधान नहीं किया है ॥२००॥

जिसे नित्य तथा अनित्य वस्तु के स्वरूप का ज्ञान नहीं है तथा जिसका हृदय इस लोक और परलोक के माला, चन्दन, स्त्री आदि भोग्य पदार्थों के अनुभव में लग्न है, जिसका चित्त भोग के पदार्थों के अनुभव में रमता है, सदा उनकी इच्छा करता है तथा जिसकी बुद्धि वैराग्य से रहित है ऐसे इस मूढ बुद्धि के निमित्त ही श्रुति ने कर्म का विधान किया है। किन्तु जो सब ओर से तीनों प्रकार की एषणाओं से मुक्त है, परम आनन्द को चाहने वाले बुद्धिमान् मुमुक्षु के लिए विधान नहीं किया है। इसीलिए विवेक, वैराग्य, शमादि सम्पत्ति से रहित का ही कर्म में अधिकार है, न कि साधन चतुष्टय से सम्पन्न वाले का - यह अर्थ है।

मोक्षेच्छया यदहरेव विरज्यतेऽसौ न्यासस्तदैव विहितो विदुषो मुमुक्षोः ।
श्रुत्या तयैव परया च ततः सुधीभिः प्रामाणिकोऽयमिति चेतसि निश्चितव्यम् ॥२०१॥

असौ विद्वान्मुमुक्षु**र्मोक्षेच्छया यदहरेव विरज्यते** विरक्तो भवति **तदैव** तस्य **विदुषो मुमुक्षोर्न्यास**स्संन्यासस्**तया ह्येव परया श्रुत्या**

विहितः। यया श्रुत्या नित्यकर्मानुष्ठानं विहितं तथा प्रतिषिद्धं कर्म च ज्ञायते तयैव श्रुत्या विरक्तस्य मुमुक्षोः संन्यासो विहितः। एतेनावश्यकर्तव्यतया चोदितानां कर्मणां सन्ध्यावन्दनाग्निहोत्रादीनां विधिवत्परित्यागः परिव्रजनम्। **ततस्तस्माच्च सुधीभिरयं** संन्यासः **प्रामाणिकः** श्रुतिप्रमाणेनोक्त **इति चेतसि निश्चितव्यम्** *"यदहरेव विरजेत्तदहरेव प्रव्रजेत्"* इति श्रुतेः।

यह जिस दिन ही मोक्ष पाने की इच्छा से विरक्त हो, उस समय ही विद्वान् मुमुक्षु के लिए संन्यास परम प्रमाण श्रुति द्वारा विहित है। इस कारण से ही यह प्रामाणिक है - ऐसा बुद्धिमान् द्वारा चित्त में निश्चय किया जाना चाहिए ॥२०१॥

विद्वान् मुमुक्षु को जिस दिन ही मोक्ष पाने की इच्छा से [विषयों से] विरक्ति होती है, उस समय ही उस विद्वान् मुमुक्षु के लिए संन्यास परम प्रमाण श्रुति द्वारा विहित है। जिस श्रुति के द्वारा नित्य कर्म का अनुष्ठान, विहित तथा प्रतिषिद्ध कर्म का भी ज्ञान होता है, उस श्रुति के द्वारा ही विरक्त मुमुक्षु का संन्यास विहित है। इसे अवश्य करते हुए सन्ध्या वन्दन, अग्निहोत्र आदि कर्मों का विधिवत् परित्याग कर संन्यास के लिए चले जाना चाहिए। इसीलिए भी बुद्धिमान् को अपने मन में श्रुति प्रमाण द्वारा कहा गया संन्यास निश्चय करना चाहिए। 'जिस क्षण वैराग्य उत्पन्न हो, उसी क्षण संन्यास ग्रहण कर लेना चाहिए' (जा० उ० ४।१) श्रुति से भी यही सिद्ध होता है।

स्वापरोक्षस्य वेदादेः साधनत्वं निषेधति । नाहं वेदैर्न तपसेत्यादिना भगवानपि ॥२०२॥

अहं न वेदैः कर्मकाण्डोक्तविधिना कर्मणा द्रष्टुं शक्यो **न तपसा** कृच्छ्रचान्द्रायणोपवासतीर्थाटनादिना द्रष्टुं शक्य **इत्यादिने**त्यादिवाक्यै**र्भगवानप्या**त्मनः **स्वापरोक्षस्य** स्वानुभवं प्रति **वेदादेः साधनत्वं निषेधति**। *"नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया"* इति भगवद्वचनम्।

न वेदों के द्वारा, न तप के द्वारा - ऐसे वाक्यों के द्वारा भगवान् भी आत्मा के प्रत्यक्ष अनुभव के प्रति वेद आदि के साधन होने का निषेध करते हैं ॥२०२॥

मैं कर्मकाण्ड द्वारा बताए गए कर्मों से प्रत्यक्ष नहीं होता, न कृच्छ्र चान्द्रायण आदि उपवास, तीर्थाटन आदि से प्रत्यक्ष होता हूँ - ऐसे वाक्यों के द्वारा भगवान् भी आत्मा के प्रत्यक्ष अनुभव के प्रति वेद आदि के साधन होने का निषेध करते हैं। भगवान् का वचन है 'न वेदों से, न तप से, न दान से और न यज्ञ से ही मैं देखा जा सकता हूँ' (भ० गी० ११।५३)।

प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च द्वे एते श्रुतिगोचरे । प्रवृत्त्या बध्यते जन्तुर्निवृत्त्या तु विमुच्यते ॥२०३॥

प्रवृत्तिः कर्ममार्गश्च **निवृत्तिर्ज्ञा**नमार्ग**श्चैते द्वे श्रुतिगोचरे** श्रुतौ गोचरे, दृष्टे। **जन्तुर्जी**वः **प्रवृत्त्या बध्यते निवृत्त्या तु विमुच्यत** इति। *"ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्", "कर्मणा बध्यते जन्तुर्विद्यया च विमुच्यते। तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति यतयः पारदर्शिनः॥" इति स्मृतेः।*

प्रवृत्ति तथा निवृत्ति भी ये दोनों वेद में देखे जाते हैं। प्राणी प्रवृत्ति से बँधता है तथा निवृत्ति से छूट जाता है ॥२०३॥

कर्ममार्ग तथा ज्ञानमार्ग ये दोनों ही श्रुति में देखे जाते हैं। जीव प्रकृति से बँधता है तथा निवृत्ति से छूट जाता है। 'ज्ञानियों की निष्ठा ज्ञानयोग से तथा योगियों की निष्ठा कर्मयोग से होती है' (भ० गी० ३।३), 'समस्त प्राणी कर्मों के द्वारा बन्धन में बँधते हैं तथा आत्मज्ञान के द्वारा मुक्ति को प्राप्त होते हैं। इसीलिए ज्ञानवान् संन्यासी कर्म से सर्वदा दूर रहते हैं' (म० भा० १२।२४१।७) इत्यादि स्मृतियों से प्रमाणित होता है।

यन्न स्वबन्धोऽभिमतो मूढस्यापि क्वचित्ततः । निवृत्तिः कर्मसंन्यासः कर्तव्यो मोक्षकाङ्क्षिभिः ॥२०४॥

यद्यस्मा**न्मूढस्या**विवेकिनो**ऽपि क्वचित्स्वबन्धः** स्वस्य बन्धः, दुःखशोकभयादिकारणं **नाभिमतो**ऽनिष्टस्तत**स्त**स्मा**न्मोक्षकाङ्क्षिभि**र्मुमुक्षुभि**र्निवृत्तिः** सर्व**कर्मसंन्यासः कर्तव्यः**।

अत्रायं विचारः - जात्यायुर्भोगलक्षणं कर्मफलं देहसम्बन्धं विना न प्राप्यते तस्मिन्सति सुखदुःखेऽवश्यं स्याताम्। ततः सुखदुःखयोस्तत्साधनयोश्च रागद्वेषावपि भवतः। ततस्तन्निमित्ता चेष्टा ततो धर्माधर्मौ पुनर्भवेतामेव। तस्य मूलकारणमद्वितीयात्माज्ञानम्। अतोऽज्ञानं सर्वदुःखमूलकारणं सोपानारोहणन्यायेन सिद्धम्। तस्मात्तन्निवृत्तये सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकं विधिवद्गुरूपसत्तिपूर्वकं च श्रवणादिं कृत्वा वाक्यप्रसूतप्रमा यया ब्रह्मवस्तुनि कल्पितस्य जगतो यन्मूलमज्ञानं तद्दहति नाशयतीति मूलधक्प्रमा कर्तव्येति।

चूँकि मूढ पुरुष को भी कहीं अपना बन्धन अभीष्ट नहीं है, इसीलिए मोक्ष चाहने वालों को निवृत्ति रूप कर्म संन्यास करना चाहिए ॥२०४॥

क्योंकि अविवेकी को भी कहीं अपना बन्धन, दुःख, शोक, भय आदि कारण अनिष्ट है, इसीलिए मुमुक्षु के द्वारा सर्व कर्म संन्यास किया जाना चाहिए।

यहाँ यह विचार है - जाति, आयु, भोग लक्षण रूप कर्मफल देह से सम्बन्ध हुए बिना नहीं प्राप्त होते इसीलिए उनमें सुख-दुःख अवश्य होते हैं। तदनन्तर सुख-दुःख में तथा उनके साधनों में राग-द्वेष भी होता है। फिर उसके निमित्त, उनके धर्म-अधर्म में पुनः ही चेष्टा होती है। उसका मूल कारण अद्वितीय आत्म अज्ञान है। अतः अज्ञान सर्व दुःखों का मूल कारण है। 'सोपानारोहण न्याय'[४२] से यही बात सिद्ध होती है। इसीलिए उसकी निवृत्ति के लिए सर्वकर्म संन्यास लेकर विधिवत् गुरु उपसत्ति तथा श्रवण आदि करके वाक्य जनित प्रमा जिसके द्वारा ब्रह्म वस्तु में जगत् की कल्पना जो अज्ञान का मूल है, उसको जला देती है, नाश कर देती है अर्थात् जो प्रमा मूल को जला दे, उसी के लिए प्रयत्न करना कर्तव्य है।

न ज्ञानकर्मणोर्यस्मात्सहयोगस्तु युज्यते । तस्मात्त्याज्यं प्रयत्नेन कर्म ज्ञानेच्छुना ध्रुवम् ॥२०५॥

यस्माज्ज्ञानकर्मणोः सहयोगस्तु नैव युज्यत इति सिद्धं **तस्माज्ज्ञानेच्छुना प्रयत्नेन ध्रुवं** निश्चयपूर्वकं **कर्म त्याज्यम्**। ज्ञानकर्मणोर्विरोधः कथं ज्ञायते। नाहं कर्ता भोक्ता किन्तु कूटस्थं ब्रह्मैवास्मीत्येवमात्माकारान्तःकरणवृत्तिर्ज्ञानं कर्म त्वहं वर्णाश्रम्यस्य कर्मणः कर्ता ममेदं कर्मसाध्यं फलं भविष्यतीति बुद्धिरतः स्फुटो विरोध इत्यर्थः।

क्योंकि ज्ञान और कर्म का समुच्चय तो नहीं सिद्ध होता है, इससे ज्ञान के चाहने वाले को निश्चय ही प्रयत्न से कर्म त्याग देना चाहिए ॥२०५॥

क्योंकि ज्ञान और कर्म का तो सहयोग हो ही नहीं सकता है - ऐसा सिद्ध किया गया है, इसीलिए ज्ञान के चाहने वाले को प्रयत्न से निश्चयपूर्वक कर्म त्याग देना चाहिए। ज्ञान-कर्म का विरोध कैसे जाना जाता है? मैं कर्ता भोक्ता नहीं हूँ किन्तु कूटस्थ, ब्रह्म ही हूँ - इस प्रकार आत्माकार अन्तःकरण वृत्ति ही ज्ञान है। किन्तु कर्म तो 'मैं वर्णाश्रम के कर्मों का कर्ता हूँ, यह मेरा कर्मसाध्य फल होगा' ऐसी बुद्धि है। अतः स्पष्ट विरोध है।

इष्टसाधनताबुध्या गृहीतस्यापि वस्तुनः । विज्ञाय फल्गुतां पश्चात्कः पुनस्तत्प्रतीक्षते ॥२०६॥

इष्टसाधनताबुध्येष्टं साधनमिष्टसाधनं तस्य भाव इष्टसाधनता तस्या बुद्धिस्तयेष्टसाधनताबुध्या **गृहीतस्यापि वस्तुनः पश्चात्फल्गुतां** निष्प्रयोजनतां **विज्ञाय कः पुनस्तत्प्रतीक्षते** न कोऽपि किन्तु प्रयोजनाभावात्त्यजत्येव यथाम्भः पीत्वा नारिकेलफलं जहातीति।

यह वस्तु मेरे इच्छित सुख की साधन है ऐसी बुद्धि से ग्रहण किये हुए भी पदार्थ के पीछे निष्फलता को जानकर उस पदार्थ की पुनः कौन प्रतीक्षा करता है? ॥२०६॥

---

[४२] *जिस प्रकार छत पर या ऊपर जाने के लिए एक-एक सीढ़ी क्रम से चढ़ना होता है, उसी प्रकार उन्नति में या किसी बड़े काम को करने में धीरे-धीरे ऊपर उठना होता है।*

यह वस्तु मेरे इच्छित सुख की साधन है ऐसी बुद्धि द्वारा पदार्थ ग्रहण कर लेने पर भी बाद में उसकी निष्प्रयोजनता को जानकर पुनः कौन उस पदार्थ की प्रतीक्षा करता है? कोई नहीं करता किन्तु प्रयोजन के अभाव में उसका त्याग ही कर देता है जैसे जल पीकर नारियल के फल को त्याग देते हैं।

उपरतिशब्दार्थो ह्युपरमणं पूर्वदृष्टप्रवृत्तिभ्यः । सोऽयं मुख्यो गौणश्चेति च वृत्त्या द्विरूपतां धत्ते ॥२०७॥

वृत्तेर्दृश्यपरित्यागो मुख्यार्थ इति कथ्यते । गौणार्थः कर्मसंन्यासः श्रुतेरङ्गतया मतः ॥२०८॥

पूर्वदृष्टप्रवृत्तिभ्यः पूर्वं सुखरूपं दृष्टं पूर्वदृष्टं तस्मिन्प्रवृत्तयः पूर्वदृष्टप्रवृत्तयस्ताभ्यः पूर्वदृष्टप्रवृत्तिभ्यो **ह्युपरमणमुपरतिशब्दार्थः**। **सोऽयमु**परतिशब्दार्थ उपरतिशब्दस्यार्थ उपरतिशब्दार्थो **वृत्त्या** शक्तिवृत्त्या **मुख्यः** प्रधानो **गौणश्चेति द्विरूपतां च धत्ते**। **वृत्तेर**न्तःकरणवृत्ते**र्दृश्यपरित्यागो** दृश्यस्य बाह्यविषयस्य परित्यागः परितः सर्वतस्त्यागो दृश्यपरित्याग उपरते**र्मुख्यार्थ इति कथ्यते**। यदान्तःकरणं बाह्यविषयेभ्य उपरमते तन्मुख्यार्थः। **कर्मसंन्यासो** विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः **श्रुतेरङ्गतयो**परते**र्गौणार्थो मतः** *"शान्तो दान्त उपरतः"* इति श्रुतेरङ्गतयोपरतेर्गौणार्थः कर्मसंन्यासः।

पहले सुख की हेतु मानी गयी वस्तुओं से होने वाली प्रवृत्तियों से निवृत्त होना उपरति शब्द का अर्थ है। वह यह उपरति शब्द का अर्थ व्यवहार से प्रधान तथा गौण इस प्रकार दो रूपपने को धारण करता है॥२०७॥

अन्तःकरण की वृत्ति का विषयों को त्याग देना मुख्य अर्थ कहा जाता है। कर्म संन्यास अङ्ग रूप से गौण अर्थ - ऐसा वेद का मत है ॥२०८॥

पहले जो वस्तुएँ सुखरूप मानी गयी हैं, उनमें होने वाली प्रवृत्ति से निवृत्त होना उपरति शब्द का अर्थ है। वह यह उपरति शब्द का अर्थ शक्ति वृत्ति से प्रधान तथा गौण भेद से दो प्रकार का है। अन्तःकरण की वृत्ति का बाह्य विषयों को त्याग देना सब ओर से सर्वतः त्याग देना उपरति शब्द का मुख्य अर्थ कहा जाता है। जो अन्तःकरण बाह्य विषयों से उपराम हो गया है, वह मुख्य अर्थ है। विहित कर्म का विधिपूर्वक त्याग उपरति का गौण अर्थ श्रुति को अभिमत है। 'शान्त, दान्त, उपरत' (बृ० उ० ४।४।२३) श्रुति से अङ्ग रूप से उपरति का गौण अर्थ कर्म संन्यास है।

पुंसः प्रधानसिद्ध्यर्थमङ्गस्याश्रयणं ध्रुवम् । कर्तव्यमङ्गहीनं चेत्प्रधानं नैव सिध्यति ॥२०९॥

प्रधानसिद्ध्यर्थं प्रधानस्य मुख्यसाध्यस्य सिद्ध्यर्थ**मङ्गस्या**न्यसहकारिसाधनस्या**श्रयणम**वलम्बनमाऽऽसेवनं **पुंसो ध्रुवं कर्तव्यम्**। प्रधानस्याङ्गिनः पुष्टताऽङ्गेन भवति ध्रुवम्। **प्रधानमङ्गहीनं चेत्त**त्कदापि **नैव सिध्यति**। अत्र प्रधानं मोक्षफलं तस्याङ्गं कर्मसंन्यास इति।

साधन के द्वारा सिद्धि पाने के लिए पुरुष को अङ्ग का आश्रय करना अवश्य कर्तव्य है। वह यदि अङ्गहीन हो तो प्रधान कार्य सिद्ध नहीं होता है ॥२०९॥

प्रधान की मुख्य साध्य की सिद्धि में सहकारी साधन का अवलम्बन सेवन पुरुष का अवश्य कर्तव्य है। प्रधान अङ्ग की पुष्टता अङ्ग द्वारा अवश्य होती है। यदि प्रधान अङ्गहीन हो तो कभी भी सिद्ध नहीं होता। यहाँ प्रधान मोक्षफल, उसका अङ्ग कर्म संन्यास है।

संन्यसेत्सुविरक्तः सन्निहामुत्रार्थतः सुखात् । अविरक्तस्य संन्यासो निष्फलोऽयाज्ययागवत् ॥२१०॥

सुविरक्तः सन्निहास्मिँल्लोके**ऽमुत्र** परलोके च**ार्थतो** भोग्यपदार्थतः पूर्णतया यथा वैराग्यप्रकरणे प्रदर्शितं तथा विरक्तो भूत्वा **सुखात्स**र्वानित्यसुखा**त्संन्यसेत्**। **अविरक्तस्य** वैराग्यहीनस्य भोगसुखकामिनः **संन्यासोऽयाज्ययागवद्या**ज्यस्य यागाधिकारिणो यागो याज्ययागो न याज्ययागोऽयाज्ययागस्तत्सदृशोऽयाज्ययागव**न्निष्फलो** निरर्थको भवति। न केवल निरर्थकः किन्तु

दुःखात्मकः *"संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः"* इति स्मृतेः । तस्माद्वैराग्यवानेव संन्यासेऽधिकारीत्यर्थः।

इस लोक में, परलोक में भोग्य पदार्थों से जो सुख होता है, उससे पूर्ण रूप से विरक्त होता हुआ संन्यास करे। वैराग्यहीन का संन्यास यज्ञ के अनधिकारी के यज्ञ के समान निरर्थक होता है ॥२१०॥

इस लोक में तथा परलोक में भोग्य पदार्थों से पूर्णतया जैसे वैराग्य प्रकरण में दिखाया गया है, वैसे ही विरक्त होकर सर्व अनित्य सुख से संन्यास करे। वैराग्यहीन/भोग सुख के कामी का संन्यास यज्ञ के अनधिकारी के यज्ञ के समान निरर्थक होता है। केवल निरर्थक ही नहीं किन्तु दुःखात्मक होता है 'परन्तु हे महाबाहो! कर्मयोग के बिना संन्यास सिद्ध होना कठिन है' (भ० गी० ५।६) इस स्मृति से भी यही सिद्ध होता है। इसीलिए वैराग्यवान् ही संन्यास में अधिकारी है।

संन्यासप्रकरणमुपसंहरति संन्यस्येति -

संन्यास प्रकरण का उपसंहार करते हैं 'संन्यस्य' इत्यादि से -

संन्यस्य तु यतिः कुर्यान्न पूर्वविषयस्मृतिम् । तां तां तत्स्मरणे तस्य जुगुप्सा जायते यतः ॥२११॥

संन्यस्य संन्यासं गृहीत्वा **यतिस्तां तां पूर्वविषयस्मृतिं** पूर्वाश्रमेषु भुक्तानां विषयाणां भोगानां स्मृतिः पूर्वविषयस्मृतिस्तां पूर्वविषयस्मृतिं **तु न कुर्यात्**। त्वित्यवधारणार्थे। कस्मात्स्मृतिं न कुर्यात्? **यतस्तत्स्मरणे तस्य** संन्यासिनः स्वस्य वर्तमानावस्थायां **जुगुप्सा** घृणा **जायते** - 'अधुनाऽहं भोगहीनोऽसहायो भृत्यादिरहितः स्रक्चन्दनवनितावर्जितः कथं जीविष्यामि। हन्त कुत्र मे कान्ता गता कुत्र वा मम पुत्रः। काषायवस्त्रमात्रेणाहं कथं दर्शनीयः शोभनीयो भवामि। भिक्षाभोजनं लेशमात्रमपि न स्वादिष्टम्। मम पाचकः कथं मया सह नागतः' इति प्रलापेन संन्यासस्य शुष्कतां दृष्ट्वा घृणां करोतीति।

संन्यास धारण करके यति पूर्व आश्रम में भोगे हुए विषयों का स्मरण तो नहीं करे क्योंकि उन भोगे हुए विषयों का स्मरण करने पर उस संन्यासी को अपनी वर्तमान अवस्था में घृणा होती है ॥२११॥

संन्यास ग्रहण करके संन्यासी पूर्व आश्रम में भोगे हुए विषयों का स्मरण तो नहीं करे। 'तु' अवधारण अर्थ में है। क्यों स्मरण न करे? क्योंकि उन भोगे हुए विषयों का स्मरण करने पर उस संन्यासी को अपनी वर्तमान अवस्था में घृणा होती है - 'अब मैं भोगहीन असहाय दास आदि से रहित, माला, चन्दन, स्त्री के बिना किस प्रकार जीवित रहूँगा। ओह! मेरी पत्नी कहाँ गयी अथवा मेरा पुत्र कहाँ गया? काषाय वस्त्र मात्र से मैं किस प्रकार सुन्दर दिखूँगा? भिक्षा भोजन थोड़ा भी स्वादिष्ट नहीं होता है। मेरा रसोईया किस प्रकार मेरे साथ नहीं आया'। इस प्रकार के प्रलाप द्वारा संन्यास की शुष्कता देखकर घृणा करता है।

श्रद्धा

गुरुवेदान्तवाक्येषु बुद्धिर्या निश्चयात्मिका । सत्यमित्येव सा श्रद्धा निदानं मुक्तिसिद्धये ॥२१२॥

गुरुवेदान्तवाक्येषु गुरुश्च वेदान्तश्च गुरुवेदान्तौ तयोर्वाक्यानि गुरुवेदान्तवाक्यानि तेषु गुरुवेदान्तवाक्येषु **सत्यमेवे**दमित्थमेव नान्य**थेति या निश्चयात्मिका**ऽध्यवसायात्मिका **बुद्धिः सा श्रद्धा मुक्तिसिद्धये** मुक्तेः सिद्धिर्मुक्तिसिद्धिस्तस्यै मुक्तिसिद्धये **निदानं** मूलकारणम्। *"श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्"* इति स्मृतेः। *"श्रद्धत्स्व सोम्य"* इति श्रुतेः। आचार्यप्रवरैरेवोक्तम् - *"शास्त्रस्य गुरुवाक्यस्य सत्यबुद्ध्यावधारणा। सा श्रद्धा कथिता सद्भिर्यया वस्तूपलभ्यते॥"* इत्यादिना ब्रह्मज्ञाने श्रद्धाया असाधारणकारणत्वं प्रदर्शितमिति।

गुरु और वेदान्त के वचनों में यह सत्य ही है ऐसी जो निश्चय बुद्धि है, वह श्रद्धा मुक्ति की सिद्धि के लिए मूल कारण है ॥२१२॥

गुरु और वेदान्त के वचनों में यह सत्य ही है अन्यथा नहीं - इस प्रकार जो अध्यवसायात्मिका बुद्धि है, वह श्रद्धा मुक्ति की सिद्धि में मूल कारण है। इस श्रुति के अनुसार 'श्रद्धावान् मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है' (भ० गी० ४।३९)। 'हे सोम्य! तुम [इस कथन में] श्रद्धा करो' (छा० उ० ६।१२।२) श्रुति से भी यही सिद्ध होता है। आचार्यप्रवर द्वारा ही कहा गया है - 'शास्त्र तथा गुरु के वाक्यों में सत्यत्व बुद्धि करना - इसी को सज्जनों ने "श्रद्धा" कहा है, जिससे वस्तु की प्राप्ति होती है' (वि० चू० २५) इत्यादि के द्वारा ब्रह्मज्ञान में श्रद्धा को असाधारण कारण दिखाया गया है।

श्रद्धावतामेव सतां पुमर्थः समीरितः सिध्यति नेतरेषाम् । उक्तं सुसूक्ष्मं परमार्थतत्त्वं श्रद्धत्स्व सोम्येति च वक्ति वेदः ॥२१३॥

श्रद्धावतां सतां सूरीणामेव **समीरितः** सम्यक्कथितः शास्त्रप्रतिपादितः **पुमर्थः** परमपुरुषार्थो मोक्षः **सिद्ध्यति न त्वितरेषाम्**। श्रुतिषू**क्तं परमार्थतत्त्वं सुसूक्ष्मम**तिसूक्ष्मं यथा *"नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मम्", "देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा न हि सुविज्ञेयमणुरेष धर्मः"* इति। **वेदश्च वक्ति *"श्रद्धत्स्व सोम्येति"*** इति।

श्रद्धा वाले साधु पुरुषों का ही शास्त्र में कहा हुआ पुरुषार्थ सिद्ध होता है, अन्यों का नहीं। यह ही अतिसूक्ष्म परमार्थ तत्त्व कहा गया है। श्रुति में कहा गया है 'हे सोम्य! तुम श्रद्धावान् हो' ॥२१३॥

श्रद्धा वाले साधु पुरुषों का ही सम्यक् कहा हुआ, शास्त्र में प्रतिपादित किया हुआ परम पुरुषार्थ मोक्ष सिद्ध होता है, किन्तु अन्यों का नहीं। श्रुति में परमार्थ तत्त्व को अतिसूक्ष्म कहा गया है जैसे 'वह जो नित्य, विभु, सर्वगत, अत्यन्त सूक्ष्म है' (मु० उ० १।१।६), 'पूर्व काल में इस विषय में देवताओं को भी संदेह हुआ था क्योंकि यह सूक्ष्म धर्म सुगमता से जानने योग्य नहीं है' (क० उ० १।१।२१)। श्रुति भी कहती है 'हे सोम्य! तुम श्रद्धावान् हो' (छा० उ० ६।१२।२)।

श्रद्धाविहीनस्य तु न प्रवृत्तिः प्रवृत्तिशून्यस्य न साध्यसिद्धिः । अश्रद्धयैवाभिहताश्च सर्वे मज्जन्ति संसारमहासमुद्रे ॥२१४॥

श्रद्धाविहीनस्य प्रवृत्तिस्तु न भवति। **प्रवृत्तिशून्यस्य साध्यसिद्धिः** कार्यसिद्धिर्नास्ति। ये**ऽश्रद्धयैवाभिहताः** श्रद्धारहिता अश्रद्धयाऽऽहताः पीडिताः नष्टप्रायाश्च ते **सर्वे संसारमहासमुद्रे** महांश्चासौ समुद्रो महासमुद्रः संसार एव महासमुद्रः संसारमहासमुद्रस्तस्मिन्संसारमहासमुद्रे **मज्जन्ति**। *"अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति"* इति स्मृतेः।

श्रद्धा से हीन की तो प्रवृत्ति नहीं होती है तथा प्रवृत्ति हीन की कार्य सिद्धि नहीं होती है। श्रद्धा न होने के कारण से ही नष्ट प्राय हुए सभी संसार रूपी महा समुद्र में डूबते हैं ॥२१४॥

श्रद्धा से रहित की तो प्रवृत्ति नहीं होती है। प्रवृत्ति हीन की कार्य सिद्धि नहीं होती है। जो श्रद्धा से रहित हैं, अश्रद्धा से आहत, पीडित हैं, वे सभी नष्ट प्राय होकर संसार रूपी महा समुद्र में डूबते हैं। 'अज्ञानी तथा श्रद्धा रहित और संशय युक्त पुरुष नष्ट हो जाता है' (भ० गी० ४।४०) इस स्मृति से सिद्ध होता है।

देवे च वेदे च गुरौ च मन्त्रे तीर्थे महात्मन्यपि भेषजे च । श्रद्धा भवत्यस्य यथा यथान्तस्तथा तथा सिद्धिरुदेति पुंसाम् ॥२१५॥

देवे च वेदे च गुरौ च मन्त्रे च **तीर्थे** च **महात्मनि** चापि **भेषजे** वैद्ये **च यथा यथाऽस्य** नरस्य **अन्तः** अन्तःकरणे हृदये **श्रद्धा भवति तथा तथा पुंसां सिद्धिरुदेति**। *"यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवतीति"* इति श्रुतेः *"श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः"* इति स्मृतेश्च।

देवता में, वेद में, गुरु में, मन्त्र में, तीर्थ में, महात्मा में तथा औषध में जैसे-जैसे इस पुरुष के अन्तःकरण में श्रद्धा होती है वैसे-वैसे ही पुरुषों की सिद्धि होती है ॥२१५॥

देवता, वेद, गुरु, मन्त्र, तीर्थ, महात्मा तथा वैद्य में भी जैसे-जैसे इस मनुष्य के अन्तःकरण हृदय में श्रद्धा होती है वैसे-वैसे ही पुरुषों की सिद्धि होती है। इस श्रुति के अनुसार 'जो कर्म विद्या, श्रद्धा और योग से युक्त होकर किया जाता है वही प्रबलतर होता है' (छा० उ० १।१।१०) तथा 'यह पुरुष श्रद्धामय है, इसीलिए जो पुरुष जिस श्रद्धा वाला है वह स्वयं भी वही है अर्थात् जैसी जिसकी श्रद्धा वैसा ही उसका स्वरूप होता है' (भ० गी० १७।३) स्मृति से भी यही सिद्ध होता है।

अस्तीत्येवोपलब्धव्यं वस्तुसद्भावनिश्चयात् । सद्भावनिश्चयस्तस्य श्रद्धया शास्त्रसिद्धया ॥२१६॥

वस्तुसद्भावनिश्चयाद्वस्तुनो ब्रह्मणः सद्भाव आस्तिक्यं तस्य निश्चयः संशयविपर्ययरहितज्ञानं वस्तुसद्भावनिश्चयस्तस्माद्वस्तुसद्भावनिश्चयाद्ब्रह्म**वस्त्वस्तीत्येवोपलब्धव्यं** सर्वदा विद्यमानमित्येवं प्रकारेण ज्ञातव्यम्। तस्यापरिच्छिन्नस्य निर्विशेषस्य निरतिशयसुखस्याद्वितीयस्य प्रमात्रादित्रिपुटीरहितस्य तुरीयस्य **सद्भावनिश्चयस्तस्य** साधकस्य **शास्त्रसिद्धया** शास्त्रेणोपनिषदा सिद्धा शास्त्रसिद्धा तया शास्त्रसिद्धया **श्रद्धया** भवति नान्यथेति भावः। श्रुतिश्च *"अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः। अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति॥"* इति।

सत् पदार्थ के स्वरूप का निश्चय होने से वस्तु है - इस प्रकार समझना चाहिए। उस साधक का सत् पदार्थ के होने का निश्चय शास्त्र से सिद्ध श्रद्धा के द्वारा होता है ॥२१६॥

ब्रह्म रूप वस्तु का सद्भाव उसका निश्चय संशय विपर्यय रहित ज्ञान होने से सर्वदा ही विद्यमान है इस प्रकार जानना चाहिए। साधक का उस अपरिच्छिन्न, निर्विशेष, निरतिशय सुख, अद्वितीय, प्रमाता आदि त्रिपुटी से रहित, तुरीय के सत् पदार्थ के स्वरूप का निश्चय शास्त्र उपनिषद् द्वारा सिद्ध श्रद्धा से होता है, अन्यथा नहीं - ऐसा भाव है। श्रुति में भी कहा है 'वह आत्मा "है" इस प्रकार ही उपलब्ध किया जाना चाहिए तथा उसे तत्त्वभाव से भी जानना चाहिए। इन दोनों प्रकार की उपलब्धियों में से जिसे "है" इस प्रकार की उपलब्धि हो गयी है तत्त्वभाव उसके अभिमुख हो जाता है' (क० उ० २।३।१३)।

तस्माच्छ्रद्धा सुसम्पाद्या गुरुवेदान्तवाक्ययोः । मुमुक्षोः श्रद्दधानस्य फलं सिद्ध्यति नान्यथा ॥२१७॥

यस्माद्ब्रह्मज्ञाने श्रद्धाया असाधारणकारणत्वं स्पष्टं **तस्माद्गुरुवेदान्तवाक्ययोर्गुरु**श्च वेदान्तश्च गुरुवेदान्तौ तयोर्वाक्ये गुरुवेदान्तवाक्ये तयोर्गुरुवेदान्तवाक्ययोः **श्रद्धा सुसम्पाद्या** सम्पादनीया। **श्रद्दधानस्य मुमुक्षोरेव फलं** ब्रह्मज्ञानस्य फलं मोक्षः **सिद्ध्यति नान्यथा।**

इसीलिए गुरु तथा वेदान्त के वाक्यों में श्रद्धा भली प्रकार सम्पादन करनी चाहिए। श्रद्धा करने वाले मुमुक्षु का फल मोक्ष सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं ॥२१७॥

क्योंकि ब्रह्मज्ञान में श्रद्धा का असाधारण कारणत्व स्पष्ट है, इसीलिए गुरु तथा वेदान्त के वाक्यों में श्रद्धा सम्पादन करनी चाहिए। श्रद्धा करने वाले मुमुक्षु को ही ब्रह्मज्ञान का फल मोक्ष सिद्ध होता है, अन्य को नहीं।

श्रद्धाजननकारणं किम्? उच्यते यथार्थवादितेति।

श्रद्धा के उत्पन्न होने में कारण क्या है? इस पर कहते हैं 'यथार्थवादिता' इत्यादि से -

यथार्थवादिता पुंसां श्रद्धाजननकारणम् । वेदस्येश्वरवाक्यत्वाद्यथार्थत्वे न संशयः ॥२१८॥

पुंसां यथार्थवादिता यथाऽर्थस्तथा वदति स यथार्थवादी तस्य भावो यथार्थवादिता सत्यभाषणं **श्रद्धाजननकारणं** श्रद्धाया जननं श्रद्धाजननमुत्पत्तिस्तस्य कारणं श्रद्धाजननकारणम्। यस्माद्वेदः सत्यस्वरूपः। कस्मात्? **वेदस्येश्वरवाक्यत्वादी**श्वरस्य सत्यस्वरूपत्वात्तस्य **यथार्थत्वे न संशयः।**

वेदस्येश्वरवाक्यत्वे किं प्रमाणम्? तस्मिन्वेद एव प्रमाणम्। *"अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानान्यस्यैवैतानि निःश्वसितानि"* इति।

पुरुषों का सत्यभाषीपना श्रद्धा के उत्पन्न होने का कारण है। ईश्वर का वाक्य होने के कारण वेद के सत्य होने में कोई सन्देह नहीं है ॥२१८॥

जो जैसा हो वैसा कहना, उसे यथार्थवादी कहते हैं। पुरुषों का सत्यभाषण श्रद्धा के उत्पन्न होने का कारण है। क्योंकि वेद सत्य स्वरूप हैं, ईश्वर का सत्य स्वरूप होने के कारण कैसे वेद के सत्य होने में सन्देह हो सकता है? इसीलिए उसके सत्य होने में सन्देह नहीं हो सकता है।

वेद का ईश्वर वाक्य होने में क्या प्रमाण है? उसमें वेद ही प्रमाण हैं। 'यह जो ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, मन्त्र विवरण और अर्थवाद हैं - वह सब इस परमात्मा के ही निःश्वास हैं' (बृ० उ० २।४।१०)।

मुक्तस्येश्वररूपत्वाद्गुरोर्वागपि तादृशी । तस्मात्तद्वाक्ययोः श्रद्धा सतां सिध्यति धीमताम् ॥२१९॥

मुक्तस्य जीवन्मुक्त**स्येश्वररूपत्वात्** *"स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति"* श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठस्य **गुरोर्वागपि तादृशी**श्वरवाक्सदृशी। **तस्माद्धीमतां सतां** विवेकिनां **तद्वाक्ययोर्गु**रुवेदान्तवाक्ययोः **श्रद्धा सिध्यति**। अत्रास्तिक्यबुद्धिः श्रद्धा। इन्द्रियसंयमेन चित्तैकाग्रताकरणेन च गुरुशुश्रूषादिना च सा भवति। यदा दैवीसम्पद्वर्धते तदा सात्त्विकी श्रद्धाऽपि वर्धते। तया गुरुवेदान्तवाक्ययोः प्रमाणबुद्धिर्जायत इति।

मुक्त पुरुष के ईश्वररूप होने से गुरु का वाक्य भी ईश्वर के वाक्य के समान है। इससे बुद्धिमान् की उनके वाक्यों में श्रद्धा सिद्ध होती है ॥२१९॥

जीवन्मुक्त पुरुष के ईश्वर रूप होने से 'जो कोई उस परब्रह्म को जान लेता है, वह ब्रह्म ही हो जाता है' (मु० उ० ३।२।९) श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ गुरु का वाक्य भी ईश्वर के वाक्य के समान होता है। इससे विवेकियों की गुरु तथा वेदान्त के वाक्यों में श्रद्धा सिद्ध होती है। यहाँ आस्तिक्य बुद्धि श्रद्धा है। इन्द्रिय संयम से चित्त की एकाग्रता तथा गुरु की सेवा आदि से वह होती है। जहाँ दैवी सम्पत्ति बढ़ती है, वहाँ सात्विक श्रद्धा भी बढ़ती है। उन गुरु तथा वेदान्त वाक्यों में प्रमाण बुद्धि उत्पन्न होती है।

चित्तसमाधानम्

श्रुत्युक्तार्थावगाहाय विदुषा ज्ञेयवस्तुनि । चित्तस्य सम्यगाधानं समाधानमितीर्यते ॥२२०॥

श्रुत्युक्तार्थावगाहाय श्रुतिभिरुक्तः श्रुत्युक्तस्तस्यार्थस्तात्पर्यं श्रुत्युक्तार्थस्तस्यावगाहोऽभिज्ञानं तस्मै श्रुत्युक्तार्थावगाहाय **ज्ञेयवस्तुनि** परब्रह्मवस्तुविषये **चित्तस्य सम्यगाधानमै**काग्र्यं **समाधानमिति** विदुषा चित्तप्रचारदर्शि**नेर्यते** कथ्यत इति।

श्रुति में कहे हुए अर्थ को समझने के लिए, ज्ञेय वस्तु में चित्त का भली प्रकार एकाग्र करना विद्वान् द्वारा समाधान कहा जाता है ॥२२०॥

श्रुति में कहे हुए तात्पर्य के ज्ञान के लिए परब्रह्म वस्तु के विषय में चित्त का भली प्रकार से एकाग्र होना विद्वान् - जो चित्त के कार्य को जानने वाले हैं; उनके द्वारा समाधान कहा जाता है।

चित्तस्य साध्यैकपरत्वमेव पुमर्थसिद्धेर्नियमेन कारणम् । नैवान्यथा सिध्यति साध्यमीषन्मनःप्रमादे विफलः प्रयत्नः ॥२२१॥

पुमर्थसिद्धेः पुमर्थस्य पुरुषार्थस्य सिद्धिः पुमर्थसिद्धिस्तस्याः पुमर्थसिद्धे**श्चित्तस्य साध्यैकपरत्वमेव** साध्ये साध्यवस्तुन्येकपरत्वं साध्यैकपरत्वं साध्यं विहाय नान्यत्किञ्चित्परं श्रेष्ठमिति भावः, **नियमेन** नित्यं **कारणम्**। **अन्यथा साध्यं** कदापि **नैव सिध्यति**।

ईषद्धि मनःप्रमादे मनसः प्रमादेऽनवधाने **प्रयत्नो विफलः** स्यात्। उक्तं ह्याचार्यप्रवरैः - *"लक्ष्यच्युतं चेद्यदि चित्तमीषद्बहिर्मुखं सन्निपतेत्ततस्ततः। प्रमादतः प्रच्युतकेलि-कन्दुकः सोपानपङ्क्तौ पतितो यथा तथा॥"* इति।

पुरुषार्थ की सिद्धि में चित्त का साध्य वस्तु में एक साथ तत्परता ही, नियत रूप से कारण है अन्यथा साध्य सिद्ध नहीं होता है। कुछ का मन में निर्मलता न होने से प्रयत्न निष्फल होता है ॥२२१॥

पुरुषार्थ की सिद्धि के लिए चित्त का साध्य वस्तु में एक साथ तत्परता, साध्य को छोड़कर अन्य किसी पर भी नहीं - यह परं श्रेष्ठ भाव नित्य रूप से कारण है। अन्यथा साध्य किसी प्रकार से सिद्ध नहीं होता है। कुछ का मन में प्रमाद होने से प्रयत्न निष्फल होता है। आचार्यप्रवर द्वारा ही कहा गया है - 'जैसे असावधानतावश (हाथ से छूटकर) सीढ़ियों पर गिरी हुई खेल की गेंद एक सीढ़ी से दूसरी सीढ़ी पर गिरती हुई नीचे चली जाती है वैसे ही यदि चित्त अपने लक्ष्य (ब्रह्म) से हटकर थोड़ा-सा भी बहिर्मुख हो जाता है तो फिर बराबर नीचे की ही ओर गिरता जाता है' (वि० चू० ३२५)।

चित्तं च दृष्टिं करणं तथान्यदेकत्र बध्नाति हि लक्ष्यभेत्ता। किञ्चित्प्रमादे सति लक्ष्यभेत्तुर्बाणप्रयोगो विफलो यथा तथा ॥२२२॥

बाणेन **लक्ष्यभेत्ता** लक्ष्यं भिनत्तीति **चित्तं दृष्टिं तथान्यत्करणं चैकत्रै**कसाध्ये **हि** निश्चयेन **बध्नाति। यथा लक्ष्यभेत्तुः किञ्चित्प्रमादे सति बाणप्रयोगो** बाणस्यासनं विफलो भवति लक्ष्यभेदनं कर्तुं न शक्नोति **तथा**ऽत्रापि पूर्वश्लोकवर्णितं बोध्यमित्यर्थः।

बाण से निशाने को भेदने वाला चित्त, दृष्टि तथा अन्य साधन को एक विषय में निश्चित रूप से बाँधता है। जैसे निशाने को भेदने वाले का थोड़ा प्रमाद होने पर बाण को छोड़ना निष्फल होता है, वैसे ही इस विषय में समझना चाहिए ॥२२२॥

बाण से निशाने को भेदने वाला चित्त, दृष्टि तथा अन्य साधन को एक विषय साध्य में निश्चित रूप से बाँधता है। जैसे निशाने को भेदने वाले के थोड़ा प्रमाद होने पर बाण को छोड़ना विफल होता है, लक्ष्य भेदन करने में समर्थ नहीं होता है वैसे ही यहाँ भी पूर्व श्लोक अनुसार समझना चाहिए।

सिद्धेश्चित्तसमाधानमसाधारणकारणम्। यतस्ततो मुमुक्षूणां भवितव्यं सदामुना ॥२२३॥

अत्यन्ततीव्रवैराग्यं फललिप्सा महत्तरा। तदेतदुभयं विद्यात्समाधानस्य कारणम् ॥२२४॥

यतश्चित्तसमाधनं चित्तस्य समाधानं स्वलक्ष्ये स्थापनमैकाग्र्यं **सिद्धेरसाधारणकारणम्।** अत्र सिद्धिशब्देन यत्किञ्चिद्विषये प्रयत्नसाफल्यस्य ग्रहणम्। **ततस्तस्मान्मुमुक्षूणाममुना** चित्तसमाधानेन **सदा** सर्वदा **भवितव्यम्।** रागद्वेषशीतोष्णमानापमानसुखदुःखादिद्वन्द्वेषु चित्त-विचलनं न करणीयम्। **तदत्यन्ततीव्रवैराग्यं महत्तरा फललिप्सा** फलं प्राप्तुमिच्छा **चैतदुभयं समाधानस्य कारणं विद्यादि**ति। यदाऽत्यन्ततीव्रवैराग्यं मुमुक्षुता चोभे कारणे स्तस्तदा चित्तसमाधानं भवेत्। भगवताऽपि भाषितम् - *"प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम्। उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम्॥"* इति। अन्यत्रापि *"अत्यन्तवैराग्यवतः समाधिः समाहितस्यैव दृढप्रबोधः। प्रबुद्धतत्त्वस्य हि बन्धमुक्तिर्मुक्तात्मनो नित्यसुखानुभूतिः॥"* इति।

क्योंकि चित्त की एकाग्रता सिद्धि का असाधारण कारण है, इसीलिए मुमुक्षुओं का इसके द्वारा सर्वदा होना चाहिए ॥२२३॥

अत्यन्त तीव्र वैराग्य, फल को प्राप्त करने की बड़ी भारी इच्छा इन दोनों को चित्त की एकाग्रता का कारण जाने ॥२२४॥

चित्त का समाधान एकाग्रता अपने लक्ष्य में स्थापन सिद्धि का असाधारण कारण है। यहाँ सिद्धि शब्द से जो कोई विषय है, उसमें प्रयत्न सफलता ग्रहण करना चाहिए। इसीलिए मुमुक्षुओं का इस चित्त समाधान के द्वारा सर्वदा होना चाहिए। राग-द्वेष, शीत-ऊष्ण, मान-

अपमान, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों में चित्त विचलित नहीं होना चाहिए। अत्यन्त तीव्र वैराग्य, फल को प्राप्त करने की महान् इच्छा इन दोनों को समाधान का कारण जाने। जब अत्यन्त तीव्र वैराग्य तथा मुमुक्षुता ये दोनों कारण होते हैं, तब चित्त का समाधान होता है। भगवान् ने भी कहा है - 'जिसके सब पाप नष्ट हो गये हैं, जिसका रजोगुण तथा मन सर्वथा शान्त हो गया है, ऐसे इस ब्रह्मस्वरूप योगी को निश्चित ही उत्तम (सात्त्विक) सुख प्राप्त होता है' (भ० गी० ६।२७)। अन्य स्थान पर भी कहा है - 'अत्यन्त वैराग्यवान् को ही समाधि-लाभ होता है, समाधिस्थ पुरुष को ही दृढ बोध होता है तथा सुदृढ बोधवान् का ही संसार-बन्धन छूटता है और जो संसार-बन्धन से छूट गया है उसी को नित्यानन्द का अनुभव होता है' (वि० चू० ३७६)।

बहिरङ्गं श्रुतिः प्राह ब्रह्मचर्यादि मुक्तये । शमादिषट्कमेवैतदन्तरङ्गं विदुर्बुधाः ॥२२५॥

श्रुतिर्मुक्तये ब्रह्मचर्यादि साधनं **बहिरङ्गं प्राह**। *"भूय एव तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया संवत्सरं संवत्स्यथ"*, *"यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति"*, *"सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्"* इत्यादि श्रुतेः। *"देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम्। ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते॥"* इत्यादि स्मृतेश्च। **एतच्छमादिषट्कमेव बुधा** विद्वांसो**ऽन्तरङ्गं** साधनमिति **विदुः**। *"शान्तो दान्त उपरतः"* इत्यादि सर्वं व्याख्यातम्।

श्रुति ब्रह्मचर्य आदि को मुक्ति के लिए बहिरङ्ग साधन कहती है। इस शमादि छः को ही विद्वान् अन्तरङ्ग साधन जानते हैं ॥२२५॥

श्रुति मुक्ति के लिए ब्रह्मचर्य आदि बहिरङ्ग साधन को कहती है। 'तुम तपस्या, ब्रह्मचर्य तथा श्रद्धा से युक्त होकर एक वर्ष और निवास करो' (प्र० उ० १।२), 'साधक जिसकी प्राप्ति की इच्छा करते हुए ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं' (क० उ० १।२।१५), 'यह आत्मा सर्वदा सत्य, तप, समयग्ज्ञान तथा ब्रह्मचर्य के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है' (मु० उ० ३।१।५) इत्यादि श्रुतियों द्वारा यही सिद्ध होता है। 'देवता, ब्राह्मण, गुरुजन और जीवन्मुक्त महापुरुष का पूजन करना, शुद्धि रखना, सरलता, ब्रह्मचर्य का पालन करना तथा हिंसा न करना - यह शरीर सम्बन्धी तप कहा जाता है' (भ० गी० १७।१४) स्मृति से भी यही प्रमाणित होता है। इस शमादि छः को ही विद्वान् अन्तरङ्ग साधन जानते हैं। 'शान्त, दान्त, उपरत' (बृ० उ० ४।४।२३) इत्यादि सर्व प्रसिद्ध हैं।

अन्तरङ्गं हि बलवद्बहिरङ्गाद्यतस्ततः । शमादिषट्कं जिज्ञासोरवश्यं भाव्यमान्तरम् ॥२२६॥

अन्तरङ्गविहीनस्य कृतश्रवणकोटयः । न फलन्ति यथा योद्धुरधीरस्यास्त्रसम्पदः ॥२२७॥

यतोऽन्तरङ्गं बहिरङ्गान्निश्चयेन बलवद्भवति **ततो जिज्ञासोरान्तरम**न्तरङ्गं **शमादिषट्कमवश्यं भाव्यं** सम्पादनीयम्। **यथाऽधीरस्य** धैर्यहीनस्य **योद्धुरस्त्रसम्पदो न फलन्ति** तथा**ऽन्तरङ्गविहीनस्या**न्तरङ्गसाधनविहीनस्तस्यान्तरङ्गविहीनस्य **कृतश्रवणकोटयः** श्रवणस्य कोटयः श्रवणकोटयः, कृताः श्रवणकोटयः कृतश्रवणकोटयः न फलन्तीति।

क्योंकि निश्चय बहिरङ्ग से अन्तरङ्ग ही बलवान् होता है, इसीलिए जिज्ञासु को अन्तरङ्ग शमादि छः अवश्य होने चाहिएँ ॥२२६॥

जैसे धैर्यहीन योद्धा की अस्त्ररूप सम्पत्ति सफल नहीं होती, वैसे ही अन्तरङ्ग साधन विहीन का करोड़ों बार श्रवण करना है ॥२२७॥

क्योंकि अन्तरङ्ग बहिरङ्ग से निश्चय ही बलवान् होता है, इसीलिए जिज्ञासु को अन्तरङ्ग शमादि षट्क अवश्य सम्पादन करने चाहिएँ। जैसे धैर्यहीन योद्धा की अस्त्ररूप सम्पत्ति सफल नहीं होती, वैसे ही अन्तरङ्ग साधन विहीन का करोड़ों बार श्रवण करने से कोई फल नहीं होता है।

मुमुक्षुत्वम्

अधुना साधनचतुष्टये चतुर्थं साधनं मुमुक्षुत्वमुच्यते ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानादिति।

अब साधन चतुष्टय में चौथे साधन मुमुक्षुत्व को कहते हैं 'ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानात्' इत्यादि से -

ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानाद्यद्विद्वान्मोक्तुमिच्छति । संसारपाशबन्धं तन्मुमुक्षुत्वं निगद्यते ॥२२८॥

विद्वान्विवेकी पुरुषो **ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानात्**स्वस्यापरिच्छिन्नस्वरूपब्रह्मत्वविज्ञानात्**संसारपाशबन्धं** संसारस्त्रिविधतापस्स एव पाशबन्धस्संसारपाशबन्धस्तं **यन्मोक्तुं** छेत्तुमुत्सारितु**मिच्छति तदि**च्छा **मुमुक्षुत्वं निगद्यते**।

विवेकी पुरुष ब्रह्मात्म एकत्व विज्ञान से संसार रूपी पाश के बन्धन से जो शीघ्र छूटना चाहता है, उसे मुमुक्षुत्व कहते हैं ॥२२८॥

विवेकी पुरुष ब्रह्मात्म एकत्व विज्ञान से अपने अपरिच्छिन्न स्वरूप को जानकर त्रिविध ताप रूपी संसार पाश के बन्धन से जो शीघ्र छूटना चाहता है, उसे मुमुक्षुत्व कहते हैं।

साधनानां तु सर्वेषां मुमुक्षा मूलकारणम् । अनिच्छोरप्रवृत्तस्य क्व श्रुतिः क्व नु तत्फलम् ॥२२९॥

सर्वेषां साधनानां मुमुक्षा तु मूलकारणम्। तुशब्दोऽवधारणार्थे। यतो**ऽनिच्छोरि**च्छाहीन**स्याप्रवृत्तस्य क्व श्रुतिः** कुत्र वेदस्तत् - प्रामाण्यं च वेदान्तश्रवणं वा **क्व नु तत्फलं** मोक्षं चेति।

सभी साधनाओं में मुमुक्षा तो मूल कारण है क्योंकि इच्छाहीन प्रवृत्तिरहित को कहाँ वेद, कहाँ उसका फल? ॥२२९॥

सभी साधनाओं में मुमुक्षा तो मूल कारण है। 'तु' शब्द अवधारण अर्थ में है। क्योंकि इच्छाहीन को वेद में तथा उसके प्रमाण होने में कहाँ प्रवृत्ति होगी? वेद का बताया हुआ मोक्ष भी उसे कहाँ मिलेगा?

तीव्रमध्यममन्दातिमन्दभेदाच्चतुर्विधा । मुमुक्षा तत्प्रकारोऽपि कीर्त्यते श्रूयतां बुधैः ॥२३०॥

तीव्रमध्यममन्दातिमन्दभेदात्तीव्रा च मध्यमा च मन्दा चातिमन्दा च तीव्रमध्यममन्दातिमन्दास्तासां भेदस्तीव्रमध्यममन्दातिमन्दभेदस्तस्मात्तीव्रमध्यममन्दातिमन्दभेदा**न्मुमुक्षा चतुर्विधा** चतुष्प्रकारा भवति। **तत्प्रकारो** भेदो**ऽपि कीर्त्यते**। **बुधैः** पण्डितैः **श्रूयता**मिति।

तीव्र, मध्यम, मन्द तथा अतिमन्द भेद से मुमुक्षा चार प्रकार की कही जाती है। पण्डितों द्वारा सुने जायें ॥२३०॥

तीव्र, मध्यम, मन्द तथा अतिमन्द भेद से मुमुक्षा चार प्रकार की होती है। वह भेद भी कहे जाते हैं। पण्डितों द्वारा सुने जायें।

तापैस्त्रिभिर्नित्यमनेकरूपैः सन्तप्यमानः क्षुभितान्तरात्मा । परिग्रहं सर्वमनर्थबुद्ध्या जहाति सा तीव्रतरा मुमुक्षा ॥२३१॥

त्रिभिस्तापैराध्यात्मिकादित्रिविधतापै**रनेकरूपैर्नित्यं** प्रतिदिनं बहुधा **सन्तप्यमानो** दुर्वारसंसारदवाग्नितप्तः **क्षुभितान्तरात्मा** क्षुभितोऽन्तरात्माऽन्तःकरणं यस्य स क्षुभितान्तरात्माऽत्यन्तव्याकुलचित्त आन्दोलितचित्तः **सर्वं परिग्रहमनर्थबुद्ध्या** यया बुद्ध्या सर्वमेतन्ममानर्थकरमित्येवं परीक्ष्य **जहाति सा तीव्रतरा मुमुक्षा**। यया स सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकं गुरूपसदनं कृत्वा श्रवणं करोतीति।

तीन तापों द्वारा प्रतिदिन संताप को प्राप्त हुआ, अत्यन्त व्याकुल चित्त पुरुष, अनर्थ बुद्धि से सब परिग्रह को त्याग देता है वह अत्यन्त तीव्र मुमुक्षा है ॥२३१॥

आध्यात्मिक आदि तीन तापों द्वारा प्रतिदिन बहुत प्रकार की दुर्वार संसार की दवाग्नि से तप्त, क्षुभित अन्तःकरण अत्यन्त व्याकुल चित्त आन्दोलित चित्त पुरुष, जिसकी बुद्धि से ये सभी अनर्थकारी ही हैं ऐसा परीक्षण कर सब परिग्रह को त्याग देता है वह अत्यन्त तीव्र मुमुक्षा है। जिससे वह सर्वकर्म संन्यास लेकर गुरु उपसत्ति कर श्रवण करता है।

तापत्रयं तीव्रमवेक्ष्य वस्तु दृष्ट्वा कलत्रं तनयान्विहातुम् । मध्ये द्वयोर्लोडनमात्मनो यत्सैषा मता माध्यमिकी मुमुक्षा ॥२३२॥

तीव्रं तापत्रयमवेक्ष्य यथा पूर्वश्लोके वर्णितं **वस्तु** परमार्थवस्तु **दृष्ट्वा**ऽऽपाततः ज्ञात्वा **कलत्रं तनयान्**पुत्रान्**विहातुं** त्यक्तुं **द्वयोर्मध्ये यदात्मनो लोडनं** संशयग्रस्तचिन्तनं यया सर्वं त्यक्तुमसमर्थो भवति **सैषा माध्यमिकी मुमुक्षा मता**। संन्यासश्च संसारश्च द्वयोर्मध्ये कस्य ग्रहणं कस्य त्यागो वेति संशयग्रस्तस्य मुमुक्षा मध्यमेति।

भयानक तीनों तापों को देखकर तथा परम वस्तु को देखकर स्त्री, पुत्रों को त्यागने के लिए दोनों के मध्य में अपना जो संशय है, यह वह मध्यम श्रेणी की मुमुक्षा मानी गयी है ॥२३२॥

जैसा पूर्व श्लोक में वर्णित है तीव्र तीनों तापों को देखकर तथा परमार्थ वस्तु को आपातत रूप से जानकर स्त्री, पुत्रों को त्यागने के लिए दोनों के मध्य में जो संशय ग्रस्त चिन्तन के द्वारा सब त्यागने में असमर्थ है, यह वह मध्यम मुमुक्षा मानी गयी है। संन्यास तथा संसार दोनों के मध्य में किसे ग्रहण करूँ अथवा किसका त्याग करूँ - ऐसे संशय ग्रस्त की मुमुक्षा मध्यम है।

मोक्षस्य कालोऽस्ति किमद्य मे त्वरा भुक्त्वैव भोगान्कृतसर्वकार्यः ।
मुक्त्यै यतिष्येऽहमथेति बुद्धिरेषैव मन्दा कथिता मुमुक्षा ॥२३३॥

मोक्षस्य श्रवणादिसाधनस्य च **कालोऽस्ति** बह्ववसरोऽस्ति **मे** मम **त्वरा** शीघ्रताऽ**द्य किं** वर्तते। **भोगान्भुक्त्वैव कृतसर्वकार्यः** कृतानि सर्वाणि कार्याणि येन स कृतसर्वकार्यः पुत्रवित्तकलत्रादिसर्वमापाद्य पौत्रान्हिरण्यं भूमेर्महदायतनं चापाद्य**थानन्तरमहं मुक्त्यै यतिष्य इत्येषा बुद्धिरेव मन्दा मुमुक्षा कथिता** विद्वद्भिरित्यर्थः।

मोक्ष के साधन करने के लिए समय है, मुझे अभी शीघ्रता क्या है? भोगों को भोगकर ही सब काम पूरे करने के पश्चात् मैं मुक्ति के लिए यत्न करूँगा - यह बुद्धि ही मन्द मुमुक्षा कही गयी है ॥२३३॥

श्रवण आदि तथा साधन करने के लिए बहुत अवसर है, मुझे अभी शीघ्रता क्या है? भोगों को भोगकर ही पुत्र, धन, स्त्री आदि सब प्राप्त कर तथा पौत्र, सुवर्ण, पृथ्वी का महान् आयतन प्राप्त करने के पश्चात् मैं मुक्ति के लिए यत्न करूँगा - यह बुद्धि ही विद्वानों द्वारा मन्द मुमुक्षा कही गयी है।

मार्गे प्रयातुर्मणिलाभवन्मे लभेत मोक्षो यदि तर्हि धन्यः । इत्याशया मूढधियां मतिर्या सैषातिमन्दाभिमता मुमुक्षा ॥२३४॥
प्रयातुर्गन्तु**र्मार्गे मणिलाभवन्म**णेर्महार्घरत्नस्य लाभः प्राप्तिर्मणिलाभस्तद्वन्मणिलाभव**न्मे मोक्षो यदि लभेत तर्ह्य**हं **धन्यः** कृतार्थ **इत्याशया मूढधियां या मतिर्बु**द्धिर्भवेत्**सा** मतिरेषाऽतिमन्दा **मुमुक्षाऽभिमता** वर्णितेति।

जाने वाले को मार्ग में मणि मिल जाने के समान यदि मुझे मोक्ष भी मिल जाए, मैं धन्य हो जाऊँ - ऐसी आशा करके मूढ मतियों की जो बुद्धि होती है, वह यह बुद्धि अतिमन्द मुमुक्षा मानी गयी है ॥२३४॥

जाने वाले को मार्ग में मणि, महार्घ रत्न की प्राप्ति होने के समान यदि मुझे मोक्ष भी मिल जाए तो मैं कृतार्थ हो जाऊँ - ऐसी आशा करके मूढ मतियों की जो बुद्धि होती है, वह यह बुद्धि अतिमन्द मुमुक्षा कही गयी है।

तीव्रतराया मुमुक्षायाः स्वरूपमुक्त्वा हेतुकार्ये दर्शयति जन्मानेकसहस्रेष्विति ।

तीव्रतर मुमुक्षा का स्वरूप बताकर हेतु कार्य दिखाया जाता है 'जन्मानेकसहस्रेषु' इत्यादि से -

जन्मानेकसहस्रेषु तपसाराधितेश्वरः । तेन निःशेषनिर्धूतहृदयस्थितकल्मषः ॥२३५॥

शास्त्रविद्गुणदोषज्ञो भोग्यमात्रे विनिस्पृहः । नित्यानित्यपदार्थज्ञो मुक्तिकामो दृढव्रतः ॥२३६॥

निष्टप्तमग्निना पात्रमुद्वास्य त्वरया यथा । जहाति गेहं तद्वच्च तीव्रमोक्षेच्छया द्विजः ॥२३७॥

जन्मानेकसहस्रेष्वनेकान्यसाधारणान्यसमानानि सहस्राण्यनेकसहस्राणि, जन्मनामनेकसहस्राणि जन्मानेकसहस्राणि, तेषु जन्मानेकसहस्रेषु **तपसाऽऽराधितेश्वर** आराधितः पूजित ईश्वरो येन स आराधितेश्वर**स्तेन निःशेषनिर्धूतहृदयस्थितकल्मषो** हृदये स्थितं हृदयस्थितं तच्च कल्मषं हृदयस्थितकल्मषं, तन्निःशेषेण निर्धूतं येन स निःशेषनिर्धूतहृदयस्थितकल्मषः, **शास्त्रविच्छास्त्रं** वेदवेदान्तशास्त्रं सपदवाक्यप्रमाणं वेत्तीति शास्त्रवि**द्गुणदोषज्ञो** गुणश्च दोषश्च गुणदोषौ तौ जानातीति गुणदोषज्ञः संसारेषु सर्वप्रपञ्चेष्वनित्येषु दोष आत्मज्ञानेन मोक्षप्राप्तौ परमलाभो गुणस्तज्ज्ञो **भोग्यमात्रे विनिस्पृहो** विनिर्गता स्पृहैषणा यस्य स विनिस्पृहो **नित्यानित्यपदार्थज्ञो** नित्यपदार्थश्चानित्यपदार्थश्च नित्यानित्यपदार्थौ तौ जानातीति नित्यानित्यपदार्थज्ञो **मुक्तिकामो** मुक्तेः कामोऽभिलाषा यस्यास्ति स मुक्तिकामो **दृढव्रतः** स्थिरसङ्कल्पयुक्तः **सन्नग्निना निष्टप्तं** परितप्तं **पात्रमुद्वास्यो**द्धृत्य **यथा त्वरया** शीघ्रया **जहाति तद्वद्द्विजो** ब्राह्मण**स्तीव्रमोक्षेच्छया गेहं** गृहं जहाति परिव्राजको भवतीत्यर्थः।

सहस्त्रों जन्मों में तप के द्वारा जिसने ईश्वर की आराधना की है, उसके द्वारा जिसने हृदय के पाप को पूर्ण रूप से दूर कर दिया है, शास्त्र को जानने वाला, गुण तथा दोष का विवेकी, सब प्रकार के भोग के पदार्थों में जिसकी इच्छा दूर हो गयी है, नित्य अनित्य पदार्थों को जानने वाला, मुक्ति का अभिलाषी, कार्य करने के दृढ निश्चय वाला, अग्नि से अत्यन्त तपे हुए पात्र को हाथ से उठाकर जैसे शीघ्रता से छोड़ देता है वैसे ही जो ब्राह्मण तीव्र मोक्ष की इच्छा से गृह को छोड़ देता है ॥२३५, २३६, २३७॥

अनेक असाधारण असमान सहस्त्रों जन्मों में तप के द्वारा जिसने ईश्वर की पूजा आराधना की है, उसके द्वारा जिसने हृदय में स्थित कल्मष को पूर्ण रूप से दूर कर दिया है, वेद-वेदान्त शास्त्र को पद, वाक्य तथा प्रमाण के साथ जानता है, गुण-दोष का ज्ञाता है, संसार में समस्त प्रपञ्च में अनित्यत्व दोष, आत्मज्ञान के द्वारा मोक्ष प्राप्ति परमलाभ है उसको जानने वाला, सब प्रकार के भोग पदार्थों में जिसकी स्पृहा एषणा चली गयी है, नित्य अनित्य पदार्थों को जानने वाला, मुक्ति का अभिलाषी, स्थिर सङ्कल्प से युक्त वह अग्नि द्वारा सब ओर से तपे हुए पात्र को हाथ से उठाकर जैसे शीघ्रता से छोड़ दिया जाता है वैसे ही ब्राह्मण तीव्र मोक्ष की इच्छा से गृह का त्याग कर देता है, संन्यासी हो जाता है - ऐसा अर्थ है।

स एव सद्यस्तरति संसृतिं गुर्वनुग्रहात् । यस्तु तीव्रमुमुक्षुः स्यात्स जीवन्नेव मुच्यते ॥२३८॥

जन्मान्तरे मध्यमस्तु तदन्यस्तु युगान्तरे । चतुर्थः कल्पकोट्यां वा नैव बन्धाद्विमुच्यते ॥२३९॥

यस्तीव्रमोक्षेच्छया गृहं त्यक्त्वा सर्वकर्मसंन्यासं कृत्वा गुरुमुखाद्वेदान्तश्रवणं करोति संशयविपर्ययप्रतिबन्धनिवृत्त्यर्थं मनननिदिध्यासनमभ्यस्यति च **स एव गुर्वनुग्रहात्सद्यो**ऽञ्जसा **संसृतिं तरति**। **यस्तीव्रमुमुक्षुः स्यात्स तु जीवन्नेव मुच्यते**। यो **मध्यमो** यस्य माध्यमिकी मुमुक्षा स **जन्मान्तरे** विमुच्यते। **तदन्यो** यस्य मन्दा मुमुक्षा स **तु युगान्तरे**ऽन्यस्मिन्युगे बन्धाद्विमुच्यते। **चतुर्थ**स्तु यस्यातिमन्दा मुमुक्षा स **कल्पकोट्यां बन्धाद्विमुच्यते वा नैव** विमुच्यत इति।

(कोष्ठकः ४) मुमुक्षुतातारतम्यम्		
मुमुक्षा	**लक्षणम्**	**मुक्तिफलम्**
तीव्रतरा	विवेकादिसम्पन्नः संन्यासी, भक्तः	अस्मिञ्जन्मनि जीवन्मुक्तः
माध्यमिकी	संसारसंन्यासमध्ये लोडनं यस्य	जन्मान्तरे मोक्षः
मन्दा	भोगान्कर्मान्त्यक्तुमसमर्थः, दीर्घसूत्री	युगान्तरे मोक्षः
अतिमन्दा	मूढोऽलसोऽप्रयत्नवान्	कल्पकोट्यां वा न वा

वह ही गुरु की कृपा से शीघ्र संसार को पार कर जाता है तथा जो तीव्र मुमुक्षु है, वह जीता हुआ ही मुक्त हो जाता है ॥२३८॥

किन्तु मध्यम श्रेणी की मुमुक्षा वाला दूसरे जन्म में मुक्त होता है तथा मन्द मुमुक्षा वाला अन्य युग में मुक्त होता है, चौथी श्रेणी की मुमुक्षा वाला करोड़ों कल्प बीत जाने पर बन्धन से छूट जाता है या नहीं छूटता है ॥२३९॥

जो तीव्र मोक्ष की इच्छा से गृह को छोडकर सर्व कर्म संन्यास कर गुरुमुख से वेदान्त श्रवण करता है तथा संशय, विपर्यय प्रतिबन्ध की निवृत्ति के लिए मनन, निदिध्यासन का अभ्यास करता है, वह ही गुरु की कृपा से शीघ्र संसार को पार कर जाता है। तथा जो तीव्र मुमुक्षु है, वह जीता हुआ ही मुक्त हो जाता है। जिसकी मुमुक्षा मध्यम है, वह दूसरे जन्म में मुक्त होता है। किन्तु जिसकी मुमुक्षा मन्द है, वह अन्य युग में बन्धन से मुक्त होता है। जिसकी मुमुक्षा अतिमन्द है, वह करोड़ों कल्प बीत जाने पर बन्धन से छूट जाता है या नहीं छूटता है।

नृजन्म जन्तोरतिदुर्लभं विदुस्ततोऽपि पुंस्त्वं च ततो विवेकः ।
लब्ध्वा तदेतत्त्रितयं महात्मा यतेत मुक्त्यै सहसा विरक्तः ॥२४०॥

वेदान्तवेदिनो **जन्तोर्नृजन्म** मनुष्यजन्मा**तिदुर्लभं विदुः**। **ततोऽपि पुंस्त्वं** दुर्लभं **च ततो विवेक** आत्मानात्मविवेको दुर्लभो अस्ति। **तदेतत्त्रितयं** मनुष्यत्वं पुंस्त्वं विवेकं च **लब्ध्वा महात्मा सहसा** शीघ्रं हि **विरक्तो** भूत्वा **मुक्त्यै यतेत** भगीरथप्रयत्नं कुर्यादित्यर्थः।

प्राणी के मनुष्य जन्म को अति दुर्लभ जानते हैं, पुंस्त्व उससे भी दुर्लभ तथा विवेक उससे भी दुर्लभ है। इन तीनों को पाकर महात्मा शीघ्र ही विरक्त होता हुआ मुक्ति के लिए यत्न करे ॥२४०॥

वेदान्त को जानने वाला मनुष्य जन्म अति दुर्लभ है। उस पर भी पुंस्त्व दुर्लभ तथा उससे भी दुर्लभ आत्मा-अनात्म विवेक है। मनुष्यत्व, पुंस्त्व तथा विवेक को पाकर महात्मा शीघ्र ही विरक्त होकर मुक्ति के लिए भगीरथ प्रयत्न करे - ऐसा अर्थ है।

पुत्रमित्रकलत्रादिसुखं जन्मनि जन्मनि । मर्त्यत्वं पुरुषत्वं च विवेकश्च न लभ्यते ॥२४१॥

पुत्रमित्रकलत्रादिसुखं पुत्रश्च मित्रश्च कलत्रश्च पुत्रमित्रकलत्राणि। आदिपदेन धनधान्यपश्वादयः। पुत्रमित्रकलत्राण्यादयो येषां ते पुत्रमित्रकलत्रादयस्तेषां सुखं पुत्रमित्रकलत्रादिसुखं **जन्मनि जन्मनि** लभ्यते किन्तु **मर्त्यत्वं** मनुष्यत्वं **पुरुषत्वं च विवेकश्च न लभ्यते**। तस्मात्पौरुषेण प्रयत्नेन तेषां प्राप्त्यर्थमध्यवसायः कर्तव्य इति ।

पुत्र, मित्र, स्त्री आदि से होने वाला सुख हर जन्म में मिल जाता है, मनुष्यत्व, पुरुषत्व तथा विवेक नहीं मिलता है ॥२४१॥

पुत्र, मित्र तथा स्त्री आदि, 'आदि' पद से धन धान्य पशु आदि से होने वाला सुख हर जन्म में मिल जाता है किन्तु मनुष्यत्व, पुंस्त्व तथा विवेक नहीं मिलता है। इसीलिए पुरुष को प्रयत्न द्वारा उनकी प्राप्ति के लिए अध्यवसाय करना चाहिए।

लब्ध्वा सुदुर्लभतरं नरजन्म जन्तुस्तत्रापि पौरुषमतः सदसद्विवेकम् ।
सम्प्राप्य चैहिकसुखाभिरतो यदि स्याद्धिक्तस्य जन्म कुमतेः पुरुषाधमस्य ॥२४२॥

जन्तुः सुदुर्लभतरमत्यन्तं दुर्लभं **नरजन्म लब्ध्वा तत्रापि पौरुषमतस्त**दनन्तरं **सदसद्विवेकं** विवेकसामर्थ्यं च **सम्प्राप्य यदि चैहिकसुखाभिरत** ऐहिकेषु सुखेष्वभिरतो **स्यात्**तर्हि **तस्य कुमतेः पुरुषाधमस्य जन्म धिग्**निन्दार्हं व्यर्थमित्यर्थः।

प्राणी अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य जन्म को पाकर उसमें भी पुरुषपने तथा सत्-असत् के विवेक को पाकर यदि इस लोक के सुख में आसक्त हो जाए तो उस कुमति नीच पुरुष के जन्म को धिक्कार है ॥२४२॥

प्राणी अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य जन्म को पाकर उसमें भी पुरुषपने तथा उसके अनन्तर विवेक सामर्थ्य को पाकर यदि इस लोक के सुखों में अभिरत होता है तो उस कुमति नीच पुरुष का जन्म निन्दा के योग्य व्यर्थ है - ऐसा अर्थ है।

यदा मनुष्या न मोक्षाय प्रयत्नं कुर्वन्ति तदा पशुभिः समाना इत्यादिना वैराग्यं मुमुक्षां च दृढीकुर्वन्नाह खादत इति।

जब मनुष्य मोक्ष के लिए प्रयत्न नहीं करते तब पशु के समान होते हैं, वैराग्य तथा मुमुक्षा को दृढ करने के लिए कहते हैं 'खादते' इत्यादि से -

खादते मोदते नित्यं शुनकः शूकरः खरः । तेषामेषां विशेषः को वृत्तिर्येषां तु तैः समा ॥२४३॥

शुनकः श्वानः **शूकरः** वराहः **खरो** गर्दभश्च **नित्यं** प्रतिदिनं **खादते मोदत** आनन्दमनुभवति। **येषां** मनुष्याणां **वृत्तिर्व्यवहारस्तैः** शुनकादिभिः **समा** भवति तदा **तेषां** पशूना**मेषां** मनुष्याणां च **को विशेषो** भेदोऽस्ति। विवेकमुमुक्षुत्वाभ्यां हीना मनुष्याः पशुभिः समाना इत्यर्थः।

कुत्ता, सुअर तथा गधा प्रतिदिन खाता है, आनन्द का अनुभव करता है। जिन मनुष्यों का व्यवहार उन कुत्ते आदि के समान होता है, उनका इनका क्या भेद है? ॥२४३॥

श्वान, वराह तथा गधा प्रतिदिन खाता है, आनन्द का अनुभव करता है। जिन मनुष्यों का व्यवहार श्वान आदि के समान होता है, तब उन पशुओं तथा मनुष्यों में क्या भेद है? विवेक तथा मुमुक्षुत्व से रहित मनुष्य पशु के समान है - ऐसा अर्थ है।

यावन्नाश्रयते रोगो यावन्नाक्रमते जरा । यावन्न धीर्विपर्यैति यावन्मृत्युं न पश्यति ॥२४४॥

तावदेव नरः स्वस्थः सारग्रहणतत्परः । विवेकी प्रयतेताशु भवबन्धविमुक्तये ॥२४५॥

यावद्रोगः शरीरं **नाश्रयते यावज्जरा** वृद्धावस्था **नाक्रमते** नानुषज्यते **यावद्धीर्न विपर्यैति** विभ्राम्यति **यावन्मृत्युं न पश्यति तावदेव** जरारोगादेः प्रागेव **सारग्रहणतत्परः** सारस्य ग्रहणं सारग्रहणं तदेव परं परमार्थो यस्य स सारग्रहणतत्परः **स्वस्थो** बुद्धिमा**न्विवेकी** बन्धं मोक्षं च यो विविनक्ति स **नरो भवबन्धविमुक्तये** भव एव बन्धो भवबन्धस्तस्माद्विमुक्तिर्भवबन्धविमुक्तिस्तस्यै भवबन्धविमुक्तय **आशु प्रयतेते**ति भावः।

जब तक रोग शरीर का आश्रय नहीं करता है, जब तक वृद्धावस्था नहीं घेरती है, जब तक बुद्धि विपरीत नहीं होती है, जब तक मृत्यु को नहीं देखता है, तब तक ही सार को ग्रहण करने में तत्पर हुआ, निरोग, विवेकी मनुष्य संसार बन्धन से छूटने के लिए शीघ्र प्रयत्न करे ॥२४४, २४५॥

जब तक रोग शरीर का आश्रय न कर ले, जब तक वृद्धावस्था न घेर ले, जब तक बुद्धि भ्रमित नहीं होती, जब तक मृत्यु को नहीं देखता, तब तक जरा रोगादि से पूर्व ही; सार का ग्रहण ही जिसके लिए परम पुरुषार्थ है बुद्धिमान्, जो बन्धन तथा मोक्ष को पृथक करता है वह मनुष्य संसार बन्धन से छूटने के लिए शीघ्र प्रयत्न करे - ऐसा भाव है।

देवर्षिपितृमर्त्यर्णबन्धमुक्तास्तु कोटिशः । भवबन्धविमुक्तस्तु यः कश्चिद्ब्रह्मवित्तमः ॥२४६॥

देवर्षिपितृमर्त्यर्णबन्धमुक्ता देवर्षयश्च पितरश्च मर्त्याश्च देवर्षिपितृमर्त्याः तेषामृणं देवर्षिपितृमर्त्यर्णम्, तदेव बन्धः देवर्षिपितृमर्त्यर्णबन्धः, तस्मान्मुक्ता देवर्षिपितृमर्त्यर्णबन्धमुक्ता**स्तु कोटिशो** भवन्ति। *"देवानामनृणो जन्तुर्यज्ञैर्भवति मानवः। अल्पवित्तश्च पूजाभिरुपवासव्रतैस्तथा॥ श्राद्धेन प्रजया चैव पितृणामनृणो भवेत्। ऋषीणां ब्रह्मचर्येण श्रुतेन तपसा तथा॥"* **तु**

किन्तु यः **कश्चिद्ब्रह्मवित्तमो** ब्रह्मविदां वरिष्ठो हि **भवबन्धविमुक्तो** भवति। भगवतोक्तं च *"मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये। यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः॥"* इति।

देव ऋण, पितृ ऋण तथा ऋषि ऋण के बन्धन से मुक्त तो करोड़ों पुरुष होते हैं। किन्तु कोई ब्रह्मवित्त पुरुष ही संसार बन्धन से मुक्त होता है ॥२४६॥

देव ऋण, पितृ ऋण तथा ऋषि ऋण के बन्धन से मुक्त तो करोड़ों पुरुष होते हैं। 'मनुष्य देवताओं के ऋण से यज्ञ करने से मुक्त होता है। अल्पवित्त पूजा, उपवास तथा व्रतों द्वारा भी होता है। वैसे ही श्राद्ध तथा प्रजा उत्पत्ति के द्वारा पितृ ऋण से मुक्त होता है। ऋषि ऋण से ब्रह्मचर्य तथा श्रुति द्वारा बताए तपस् से मुक्त होता है'। किन्तु जो कोई ब्रह्मज्ञानियों में उत्तम है, निश्चय ही संसार बन्धन से मुक्त होता है। भगवान् ने भी कहा है - 'सहस्रों मनुष्यों में कोई ही मनुष्य पूर्णत्व की सिद्धि के लिए प्रयत्न करता है और उन प्रयत्नशील साधकों में भी कोई ही पुरुष मुझे तत्त्व से जानता है' (भ० गी० ७।३)।

अन्तर्बन्धेन बद्धस्य किं बहिर्बन्धमोचनैः । तदन्तर्बन्धमुक्त्यर्थं क्रियतां कृतिभिः कृतिः ॥२४७॥

अन्तर्बन्धेनान्तर्बन्धोऽविद्याकामकर्माणि, तेन **बद्धस्य बहिर्बन्धमोचनैः किम्**? बहिर्ये शृङ्खलादिबन्धा आदिपदेन दास्यर्णादीनामिङ्गना तेषां मोचनैरित्याशयः। **तदन्तर्बन्धमुक्त्यर्थं कृतिभिर्**विद्वद्भिः **कृतिः** प्रयत्नः **क्रियतां** श्रवणादिनाऽविद्याकामकर्मनिवृत्तये साधनचतुष्टयसम्पत्तिसम्पादनार्थं चोद्योगः क्रियतामित्यर्थः।

अन्तर्बन्धन के द्वारा बँधे हुए का बाहर के बन्धनों को खोल देने से क्या लाभ है? इस कारण से विद्वानों द्वारा अन्तर्बन्धन से छूटने के लिए प्रयत्न किया जाए ॥२४७॥

अन्तर्बन्धन अविद्या, काम, कर्म के द्वारा बँधे हुए का बाहर के बन्धनों को खोलने से क्या होगा? बाहर के जो शृङ्खला आदि बन्धन हैं, उनको खोलना ऐसा अभिप्राय है। इस कारण से अन्तर्बन्धन से मुक्ति के लिए विद्वानों द्वारा प्रयत्न किया जाए। श्रवण आदि से अविद्या, काम, कर्म की निवृत्ति के लिए तथा साधन चतुष्टय सम्पत्ति का सम्पादन करने के लिए उद्योग किया जाए।

कृतिपर्यवसानैव मता तीव्रमुमुक्षुता । अन्या तु रञ्जनामात्रा यत्र नो दृश्यते कृतिः ॥२४८॥

या मुमुक्षुता **कृतिपर्यवसाना** कृतौ पुरुषप्रयत्न **एवावसानं** यस्याः सा कृतिपर्यवसाना **सैव तीव्रमुमुक्षुता** ज्ञानेन बन्धनान्मोक्तुं तीव्रेच्छा **मता**। **यत्र कृतिः** पुरुषप्रयत्नो **न दृश्यते** सा न तीव्राऽपित्व**न्या रञ्जनामात्रा** हि सा त्वनुरागमात्रैव । उक्तं ह्याचार्यप्रवरैः - *"अवगतिपर्यन्तं ज्ञानं सन्वाच्याया इच्छायाः कर्म, फलविषयत्वादिच्छायाः"* इति।

मोक्ष पाने के लिए तीव्र इच्छा प्रयत्न ही है परिणाम जिसका, ऐसी मानी गयी है। जिसमें प्रयत्न नहीं दिखता है, वह तीव्र से अन्य है। सामान्य अनुराग मात्र ही है ॥२४८॥

जो मुमुक्षुता पुरुष द्वारा किए गए प्रयत्न में ही अवसान होती है, वह ही ज्ञान द्वारा बन्धन से मुक्ति की तीव्र इच्छा मानी गयी है। जिसमें पुरुष का प्रयत्न नहीं दिखता है, वह तीव्र मुमुक्षा नहीं है अपितु अन्य है। वह निश्चय अनुराग मात्र ही है। आचार्यप्रवर द्वारा ही कहा गया है - 'ज्ञान जब तक अवगति की पर्यन्त सीमा तक नहीं पहुँचता, तब तक वह विषयी भूत इच्छा का कर्म है क्योंकि इच्छा फल विषयक होती है' (ब्र० सू० भा० १।१।१)।

गेहादिसर्वमपहाय लघुत्वबुद्ध्या सौख्येच्छया स्वपतिनानलमाविविक्षोः ।
कान्ताजनस्य नियता सुदृढा त्वरा या सैषा फलान्तगमने करणं मुमुक्षोः ॥२४९॥

गेहादिसर्वं पुत्रवित्तगृहादि सर्वं **लघुत्वबुद्ध्या**ऽत्यन्ततुच्छबुद्ध्या**ऽपहाय** विहाय त्यक्त्वा **स्वपतिना** सह **सौख्येच्छया** परलोकसुखस्य

भावः सौख्यं तस्येच्छा सौख्येच्छा तया सौख्येच्छयाऽ**नलमाविविक्षोरनलम्** - न विद्यतेऽलं यस्य सोऽनलः तमावेष्टुं प्रवेष्टुमिच्छोराविविक्षोः **कान्ताजनस्य** पत्युः प्रियस्त्रिया **या सुदृढा नियता त्वरा सा मुमुक्षोरेषा फलान्तगमने** फलानामन्तो मोक्षो तस्य गमने प्राप्तौ **करणं** हेतुर्भवति। तस्मात्तत्प्रकारा नियता सुदृढा त्वरा मोक्षाय कर्तव्येत्यर्थः।

ये अत्यन्त तुच्छ हैं ऐसी बुद्धि से घर आदि सभी को त्याग कर अपने पति के साथ परलोक में सुख भोगने की इच्छा से अग्नि में प्रवेश करने की इच्छा वाली पति से प्रेम करने वाली स्त्री की जो नियत अत्यन्त दृढ शीघ्रता है, वह मोक्ष चाहने वाले की यह मोक्ष रूप अन्तिम फल को पाने में हेतु होती है ॥२४९॥

पुत्र, धन, गृह आदि सभी को अत्यन्त तुच्छ बुद्धि से त्यागकर अपने पति के साथ परलोक में सुख भोगने की इच्छा से अग्नि (जिसके पास 'अलम्' शक्ति नहीं है) में प्रवेश करने की इच्छा वाली पति की प्रिय स्त्री की जो नियत अत्यन्त दृढ शीघ्रता है, वह मोक्ष चाहने वाले की यही मोक्ष रूप अन्तिम फल को पाने में हेतु होती है। इसीलिए उसी प्रकार से नियत, अत्यन्त दृढ शीघ्रता मोक्ष के लिए की जानी चाहिए - ऐसा अर्थ है।

यदि तव तीव्रा मोक्षाभिलाषा न जायते तर्हि श्रृणु तस्या वर्धनकारणानि नित्यानित्यविवेक इति।

जब तुम्हें तीव्र मोक्ष अभिलाषा उत्पन्न नहीं होती, तब उसके बढ़ने के कारण सुनो 'नित्यानित्यविवेक' इत्यादि से -

नित्यानित्यविवेकश्च देहक्षणिकतामतिः । मृत्योर्भीतिश्च तापश्च मुमुक्षावृद्धिकारणम् ॥२५०॥

नित्यानित्यविवेको नित्यं चानित्यं च नित्यानित्ये तयोर्नित्यानित्ययोर्विवेको नित्यानित्यविवेको **देहक्षणिकतामतिर्दे**हे क्षणिकता क्षणिकस्य भावः क्षणिकताऽनित्यता तथा मतिर्देहक्षणिकतामतिश्च **मृत्योर्भीतिश्च** मृत्योर्भयं च **तापश्च** त्रिविधतापो दुःखपरम्परा च **मुमुक्षावृद्धिकारणं** मुमुक्षाया वृद्धिर्मुमुक्षावृद्धिस्तस्याः कारणं हेतुर्मुमुक्षावृद्धिकारणं भवति। यथा - *"नलिनीदलगतजलमति तरलं तद्वज्जीवितमतिशयचपलम्", "व्याघ्रीव तिष्ठति जरा परितर्जयन्ती"* इति। राजा परीक्षितोऽपि मृत्युभयादेव सर्वं त्यक्त्वा पारमहंससंहिता-श्रवणाय गङ्गातट उपविश्य समाहितचित्तो बभूव। विवेकस्तु यथापूर्वं वर्णित इति।

नित्य-अनित्य का विवेक तथा यह देह क्षणिक है ऐसी बुद्धि तथा मृत्यु से भय, त्रिविध ताप मोक्ष की अभिलाषा बढ़ने का कारण होता है ॥२५०॥

नित्य-अनित्य वस्तु का विवेक, यह देह क्षणिक, अनित्य है ऐसी बुद्धि, मृत्यु से भय, त्रिविध ताप तथा निरन्तर दुःख - मुमुक्षा की वृद्धि में हेतु होती हैं। जैसे 'कमल के पत्ते पर पानी की बूँद के समान यह जीवन क्षणिक है' (भ० गो० ४), 'वृद्धावस्था बाघिनी की भाँति भयभीत करती हुई सामने खड़ी है' (वै० श० ३८)। राजा परीक्षित भी मृत्यु के भय से सब कुछ त्याग कर परमहंसों की संहिता सुनने के लिए गङ्गा तट पर बैठ गए, समाहित चित्त हो गए। विवेक का तो वर्णन पहले हो चुका है।

शिरो विवेकस्त्वत्यन्तं वैराग्यं वपुरुच्यते । शमादयः षडङ्गानि मोक्षेच्छा प्राण उच्यते ॥२५१॥

ईदृशाङ्गसमायुक्तो जिज्ञासुर्युक्तिकोविदः । शूरो मृत्युं निहन्त्येव सम्यग्ज्ञानासिना ध्रुवम् ॥२५२॥

विवेको नित्यानित्यवस्तुविवेकः **शिरोऽत्यन्तं वैराग्यं** तीव्रा जिहासा **वपुः** शरीर**मुच्यते**। **शमादयः षडङ्गानि मोक्षेच्छा** तीव्रतरा मुमुक्षा **प्राण उच्यते** साधकस्य धीरस्य ब्रह्मजिज्ञासोः। **ईदृशाङ्गसमायुक्त** ईदृशान्यङ्गानीदृशाङ्गानि तैः समायुक्त ईदृशाङ्गसमायुक्तो **जिज्ञासुस्त**त्त्वज्ञानार्थी **युक्तिकोविदः** युक्तौ तर्कशास्त्रेषु कोविदः प्रवीणो विशारदः **शूरो** निर्भयः **सम्यग्ज्ञानासिना** संशय-विपर्ययरहितयथार्थब्रह्मात्मैक्यविज्ञानेन **मृत्युं ध्रुवं निहन्त्येव** यद्वा ज्ञानासिना सम्यक्प्रकारेण निहन्ति इत्यत्र नास्ति संशय इति।

विवेक मस्तक रूप, अत्यन्त वैराग्य शरीर कहा जाता है। शम आदि छः अङ्ग, मोक्ष की इच्छा प्राण कहा जाता है ॥२५१॥

ऐसे अङ्गों से युक्त जिज्ञासु, युक्ति को जानने वाला, शूर सम्यक् ज्ञानरूप तलवार के द्वारा मृत्यु को अवश्य ही नष्ट करता है ॥२५२॥

साधक, धीर, ब्रह्मजिज्ञासु का नित्यानित्य वस्तु का विवेक मस्तक रूप से, तीव्र जिहासा शरीर कहा गया है। शम आदि छः साधन अङ्ग, तीव्रतर मुमुक्षा प्राण कहा जाता है। ऐसे अङ्गों से युक्त, तत्त्वज्ञान का अभिलाषी, युक्ति, तर्कशास्त्र में प्रवीण विशारद, निर्भय, संशय विपर्यय रहित यथार्थ ब्रह्मात्म ऐक्य के ज्ञानरूपी तलवार से मृत्यु को अवश्य ही नष्ट करता है। इसमें कोई संशय नहीं है।

उक्तसाधनसम्पन्नो जिज्ञासुर्यतिरात्मनः । जिज्ञासायै गुरुं गच्छेत्समित्पाणिर्नयोज्ज्वलः ॥२५३॥

उक्तसाधनसम्पन्नो विवेकादिसाधनचतुष्टयसम्पन्नो **जिज्ञासुर्**ब्रह्मज्ञानप्रमित्सु**र्यतिः** सर्वकर्म संन्य**स्यात्मनो जिज्ञासायै समित्पाणिर्नयोज्ज्वलो** नयेन विनयेन साधनसम्पत्त्या चोज्ज्वलः प्रकाशितो **गुरुं गच्छेत्**।
अत्रैतच्चिन्तनीयम् -

"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्", "सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः", "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः", "तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन" इत्यादिभिश्चित्तशुद्ध्यनन्तरं सर्वाँल्लोकान्परीक्ष्य ब्रह्मज्ञानाय गुरूपसदनमुक्तम्। अत्र *"तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति"* इति श्रुतेर्विद्यासम्पादनद्वारा ब्रह्मप्राप्त्युपायभूतायां विविदिषायामुपयोगः किं वा विद्यायां यज्ञादीनां विनियोगः।

उच्यते - निरतिशयानन्दरूपं ब्रह्म। तत्प्राप्तौ विद्यासाधनमित्यर्थे निष्कामभावनया प्राचीनबहुजन्मानुष्ठितनित्यनैमित्तिक-कर्मोपासनया सञ्जातचित्तप्रसादमहिम्ना सम्पन्नस्य पुरुषस्य ब्रह्मप्राप्तौ श्रवणादीनां चेच्छायां सत्यामप्यनादिभवसञ्चितानेकदुरितदोषैः प्रतिबन्धाद्विद्यासाधने श्रवणादौ रुचिर्न जायते तस्मात्प्रतिबन्धनिरासपर्यन्तं यज्ञादीनां कर्मणामनुष्ठानं ततः सर्वकर्मणां विधिवत्संन्यासः। तदनन्तरं कर्मणामुपरतावप्यदृष्टद्वारेण विशिष्टगुरुलाभान्निर्विघ्न-श्रवणमननादिसाधनानि निवृत्तिसहितानि सम्पाद्य फलपर्यन्तानि विद्योत्पादकानि यज्ञादीनि कर्माणि। तदा ब्रह्मविज्ञानार्थं गुरुमेवाभिगच्छेदिति वाक्येन गुरूपसदनं विधीयते। शास्त्रज्ञोऽपि स्वातन्त्र्येण ब्रह्मज्ञानान्वेषणं न कुर्यादित्याचार्यप्रवरस्य वचनम्। असम्प्रदायवित्सर्वशास्त्रविदपि मूर्खवदेवोपेक्षणीय इति च।

"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः" इति वाक्ये दर्शनस्याविधेयत्वान्नित्यप्राप्तत्वाच्च तत्रापूर्वविध्य-सम्भवादात्मानात्मदर्शनयोस्तुल्यत्वेन प्राप्तावनात्मदर्शनव्युदासेनात्मदर्शनाय नियमपरिसङ्ख्ये सम्भवत इत्यर्थः।

तस्माद्ब्राह्मणो यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन कर्मणा चित्तशुद्धिप्रसादात्सर्वं कृतकमनित्यं परीक्ष्याकृतब्रह्मविज्ञानार्थं विविदिषां सम्पाद्यानात्मदर्शनव्युदासेनाऽऽत्मदर्शनाय श्रवणादिसिद्ध्यर्थं श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं गुरुमभिगच्छेत्।

ऊपर कहे हुए साधनों से सम्पन्न, आत्मा का जिज्ञासु यति हाथ में समिधा लिए विनय से प्रकाशित होता हुआ आत्मा के स्वरुप को जानने के लिए गुरु के समीप जाय ॥२५३॥

विवेक आदि साधन चतुष्टय से सम्पन्न, ब्रह्मज्ञान का इच्छुक, सर्व कर्म का संन्यास कर आत्मा के स्वरूप को जानने के लिए विनय तथा साधन सम्पत्ति से प्रकाशित होता हुआ हाथ में समिधा लिए गुरु की शरण में जाए।

यहाँ यह चिन्तन किया जाना चाहिए - 'कर्म द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर' (मु० उ० १।२।१२), 'उसे जानो उसकी जिज्ञासा करो' (छा० उ० ८।७।१), 'आत्मा ही देखने (जानने) योग्य है' (बृ० उ० २।४।५), 'उसी आत्मा को ब्राह्मण वेदाध्ययन करके, यज्ञ, दान,

निष्काम तप से जानने की इच्छा करते हैं' (बृ० उ० ४।४।२२) इत्यादि के द्वारा चित्तशुद्धि के पश्चात् सभी लोकों की परीक्षा कर ब्रह्मज्ञान के लिए गुरु उपसत्ति कही गयी है। यहाँ 'उसी आत्मा को ब्राह्मण वेदाध्ययन करके' श्रुति से क्या विद्या सम्पादन द्वारा ब्रह्मप्राप्ति उपाय के लिए विविदिषा में उपयोग या विद्या में यज्ञ आदि का विनियोग है?

इस पर कहते हैं - निरतिशयानन्द रूप ब्रह्म है। उसकी प्राप्ति में विद्या साधन है, निष्काम भावना से पूर्व बहुत जन्मों में किए गए अनुष्ठित नित्य, नैमित्तिक कर्म-उपासना से प्राप्त चित्तशुद्धि के द्वारा सम्पन्न पुरुष को ब्रह्म प्राप्ति के लिए श्रवण आदि की इच्छा होते हुए भी अनादि काल से संचित अनेक पापों एवं दोषों के प्रतिबन्ध से ज्ञान के साधन श्रवण आदि में रुचि उत्पन्न नहीं होती है। इसीलिए प्रतिबन्ध के निरास होने तक यज्ञादि कर्म अनुष्ठान पश्चात् सभी कर्मों का विधिवत् संन्यास कर लेना चाहिए। उसके अनन्तर कर्मों की उपरति में प्रत्यक्ष विशिष्ट गुरुलाभ से बिना किसी विघ्न के श्रवण मनन निदिध्यासन साधनों में निवृत्ति सहित फल मिलने तक विद्या उत्पत्ति के लिए यज्ञादि कर्म किए जाने चाहिएँ। तब ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु के ही पास जाना चाहिए। इस वाक्य से गुरु उपसत्ति का विधान किया गया है। शास्त्रज्ञ होने पर भी स्वतन्त्र रूप से ब्रह्म का अन्वेषण न करे - ऐसा आचर्यप्रवर का वचन है तथा जो शास्त्रार्थ की परम्परा को जानने वाला नहीं है, वह समस्त शास्त्रों का ज्ञाता भी हो तो भी मूर्खों के समान उपेक्षणीय है।

'आत्मा ही देखने (जानने), सुनने, मनन तथा निदिध्यासन (ध्यान) करने योग्य है' (बृ० उ० २।४।५) इस वाक्य में दर्शन विधि के अयोग्य तथा नित्य प्राप्त होने के कारण वहाँ अपूर्व विधि असम्भव होने से आत्म-अनात्म दर्शन समान रूप से प्राप्त होने में अनात्म दर्शन का निषेध कर आत्म दर्शन के लिए नियम, परिसङ्ख्या सम्भव होते हैं - ऐसा अर्थ है।

इसीलिए ब्राह्मण को यज्ञ, दान, तप से कर्म के द्वारा चित्तशुद्धि प्रसाद से सभी अनित्य की परीक्षा कर ब्रह्म (ज्ञान) को जानने के लिए संन्यास लेकर अनात्म दर्शन से उदासीन हो आत्म दर्शन के लिए श्रवण आदि की सिद्धि के लिए श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास जाना चाहिए।

श्रोत्रियो ब्रह्मनिष्ठो यः प्रशान्तः समदर्शनः । निर्ममो निरहङ्कारो निर्द्वन्द्वो निष्परिग्रहः ॥२५४॥

अनपेक्षः शुचिर्दक्षः करुणामृतसागरः । एवंलक्षणसम्पन्नः स गुरुर्ब्रह्मवित्तमः ।
उपासाद्यः प्रयत्नेन जिज्ञासोः साध्यसिद्धये ॥२५५॥

यः श्रोत्रियोऽधीतषडङ्गवेदवेदान्तः सपदवाक्यप्रमाणशास्त्रप्रस्थानत्रयज्ञो वा सम्प्रदायवि**द्ब्रह्मनिष्ठो** ब्रह्मण्येव निष्ठा नितरां स्थितिर्यस्य स ब्रह्मनिष्ठस्त्रिविधपरिच्छेदशून्याद्वितीयब्रह्मास्मीत्यपरोक्षज्ञाननिष्ठः **प्रशान्तो**ऽत्यन्तशान्तं मनो यस्य स प्रशान्तः **समदर्शनो निर्ममो** ममतारहितो **निरहङ्कारो**ऽहङ्कारशून्यो **निर्द्वन्द्वः** शीतोष्णसुखदुःखादि-द्वन्द्वमिथ्यात्वज्ञो **निष्परिग्रहः** परिग्रहशून्यो**ऽनपेक्षः शुचिर**न्तर्बाह्यशौचसम्पन्नो **दक्षश्च**तुरः **करुणामृतसागरः** करुणैवामृतं करुणामृतं तस्य सागरोऽपारराशिः करुणामृतसागरः। **एवंलक्षणसम्पन्न** एवंविधैर्लक्षणैः सम्पन्नो युक्तो **ब्रह्मवित्तमो** ब्रह्मविदां श्रेष्ठो भवे**त्स गुरुर्जिज्ञासोः साध्यसिद्धये** मोक्षस्य साध्यस्य सिद्धये सिद्ध्यर्थं **प्रयत्नेनोपासाद्यः** शरणागत्यर्ह इति।

जो गुरु के यहाँ रहकर वेद पढ़ा हुआ ब्रह्म ध्यान में तत्पर, परम शान्त स्वभाव वाला, सब प्राणियों में एक समान दृष्टि रखने वाला ममता रहित अहङ्कार शून्य शीत-ऊष्ण सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों को सहने वाला, आसक्ति शून्य, किसी विषय की अपेक्षा न करने वाला, भीतरी और बाहरी शौच सम्पन्न, चतुर, दया रूपी अमृत का समुद्र - ऐसे लक्षणों से युक्त ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ वह गुरु, जिज्ञासु को मोक्ष सिद्धि के लिये प्रयत्न कर शरण लेने योग्य है ॥२५४, २५५॥

जो वेद के छः अङ्गों सहित वेदान्त को पढ़ा हुआ, पद वाक्य प्रमाण सहित शास्त्र प्रस्थानत्रय को जानने वाला अथवा सम्प्रदायवित् है, जिसकी निरन्तर ब्रह्म में ही निष्ठा है, वह तीनों परिच्छेदों से रहित 'अद्वितीय ब्रह्म मैं हूँ' ऐसा अपरोक्ष ज्ञाननिष्ठ है, जिसका मन अत्यन्त

शान्त है, ममता रहित, अहङ्कार शून्य, शीत-ऊष्ण, सुख-दुःख आदि द्वन्द्व के मिथ्यात्व को जानने वाला, परिग्रह शून्य, अन्तर-बाह्य शौच सम्पन्न, चतुर, करुणा रूपी अमृत का सागर - ऐसे लक्षणों से युक्त ब्रह्म को जानने वालों में श्रेष्ठ वह गुरु, जिज्ञासु की मोक्ष साध्य की सिद्धि के लिए अवश्य ही शरणागति लेने योग्य है।

जन्मानेकशतैः सदादरयुजा भक्त्या समाराधितो भक्तैर्वैदिकलक्षणेन विधिना सन्तुष्ट ईशः स्वयम् ।
साक्षाच्छ्रीगुरुरूपमेत्य कृपया दृग्गोचरः सन्प्रभुः तत्त्वं साधु विबोध्य तारयति तान्संसारदुःखार्णवात् ॥२५६॥

जन्मानेकशतैर्जन्मनामनेकशतानि जन्मानेकशतानि तैर्जन्मानेकशतैरनेकशतजन्मान्तरै**र्भक्तैः सदा** सर्वदाऽऽ**दरयुजा**ऽऽदरेण सहिता युक्ता तया **भक्त्या वैदिकलक्षणेन** वैदिकं लक्षणं यस्य तद्वैदिकलक्षणं तेन वेदविहितेन **विधिना समाराधितः** सम्यग्विधिवत्प्रेम्णाऽऽराधितः पूजितः **प्रभुः** सर्वसमर्थ **ईशः** परमेश्वरः **सन्तुष्टः** सुप्रसन्नः **स्वयं साक्षात्प्र**त्यक्षरूपेण **श्रीगुरुरूपमेत्य कृपया दृग्गोचरः** दृष्टिगोचरः **सन्तत्त्वं साधु विबोध्य** दुर्बोध्यमपि सरलं कृत्वा **तान्भ**क्ताञ्छिष्याञ्छरणागतान्**संसारदुःखार्णवाद्दुः**खस्यऽऽर्णवो दुःखार्णवः संसार एव दुःखार्णवस्तस्मात्संसार-दुःखार्णवा**त्तारयति**। कीदृशः संसारार्णवः? उच्यते - पुत्रमित्रकलत्रादिगोचरमहामोहावर्तशताकुलः कामक्रोधलोभाहङ्कारममकारादिचित्तविकारमहाग्राहसमुज्जृम्भितो नानाविधमहारोगमहामत्स्यकोटिविराजितोऽशनापिपासादि-महाकल्लोलोद्वेलितस्तापत्रयनिबिडवडवानलज्वालामालासंवीतः स्वेष्टजननष्टप्रयुक्तप्रलापमहाध्वनिविघूर्णितो नित्यनिरन्तर-दुर्वासनाशैवालपटलसङ्कीर्णो विषयविषपरिपूर्णः संसारदुःखार्णवस्तस्मिन्निमग्नान्तारयतीति भावः।

कितने ही सौ जन्मों में भक्तों के द्वारा सर्वदा आदर सहित भक्ति करके, वेदविहित विधि के द्वारा आराधना किया हुआ, समर्थ परमेश्वर प्रसन्न होकर प्रत्यक्ष रूप से गुरुरूप को प्राप्त होकर, नेत्रों के सामने आता हुआ, दया दृष्टि से परमात्मा के स्वरूप को समझा कर उन भक्तों को संसार रूपी दुःखमय सागर से पार कर देता है ॥२५६॥

अनेकों सैंकड़ों जन्मों में भक्तों के द्वारा सर्वदा आदर सहित, उससे युक्त भक्ति द्वारा वेदविहित विधि से आराधित, पूजित सर्वसमर्थ परमेश्वर भली प्रकार से प्रसन्न होकर प्रत्यक्ष रूप से श्रीगुरुरूप धारण कर दृष्टिगोचर होते हुए कृपा करके तत्त्व के दुर्बोध होने पर भी उसे सरल कर भक्तों, शिष्यों, शरणागतों को समझाकर संसार रूपी दुःख सागर से पार कर देते हैं। संसार किस प्रकार से सागर है? इस पर कहते हैं - पुत्र, मित्र, पत्नी आदि के महामोह रूपी सैंकड़ों आवर्तों से भरा हुआ; काम, क्रोध, लोभ, अहङ्कार, ममकार आदि मन के विकार रूपी महाग्राह से भली प्रकार उज्जृम्भित; नाना प्रकार के महारोग करोड़ों प्रकार के महा मत्स्य हैं; अशना, पिपासा आदि विशाल तरङ्गों से उद्वेलित (उफनता हुआ); तीन प्रकार के तापों रूपी गहन समुद्री ज्वाला से घिरा हुआ; अपने लोगों के नष्ट होने पर प्रलाप रूपी महा ध्वनि से भरा हुआ; नित्य निरन्तर बुरी वासनाओं रूपी शैवाल से ढका हुआ; विषय विष से परिपूर्ण संसार दुःख का सागर है, उसमें निमग्न होने पर तार देता है - ऐसा भाव है।

अविद्याहृदयग्रन्थिविमोक्षोऽपि भवेद्यतः । तमेव गुरुरित्याहुर्गुरुशब्दार्थवेदिनः ॥२५७॥

यतोऽविद्याहृदयग्रन्थिविमोक्षो हृदयस्य बुद्धेर्ग्रन्थिरात्मानात्मनोरध्यासस्तज्जन्यः कामकर्मादिसर्वसंसारो हृदयग्रन्थिरविद्यैव हृदयग्रन्थिरध्यासादीनां कारणत्वादविद्याहृदयग्रन्थिस्तस्माद्विमोक्षोऽविद्याहृदयग्रन्थिविमोक्षो**ऽपि भवेत्**। अपिशब्देनाऽऽत्म-ज्ञानस्य तथा तद्विदो गुरोश्च दुर्बोधत्वं सूच्यते **तमेव गुरुशब्दार्थवेदिनः** शब्दस्यार्थः शब्दार्थो गुरुशब्दार्थं विदन्ति जानन्तीति गुरुशब्दार्थवेदिनो **गुरुरित्याहुः**। गुरुगीतायां च - *"गुकारश्चान्धकारो हि रुकारस्तेज उच्यते। अज्ञानग्रासकं ब्रह्म गुरुरेव न संशयः॥"* इति।

अज्ञान रूपी हृदय की गाँठ उसके द्वारा होने वाले संसार बन्धन से मुक्ति जिससे हो उसको ही गुरु शब्द के अर्थ को जानने वाले गुरु नाम

से कहते हैं ॥२५७॥

हृदय, बुद्धि की ग्रन्थि आत्मा-अनात्मा के अध्यास से उत्पन्न होती है - काम, कर्मादि सारा संसार हृदय ग्रन्थि, अध्यास आदि का कारण होने से अविद्या ही हृदय ग्रन्थि है, उस अविद्या रूपी हृदय ग्रन्थि से भी मुक्ति हो। 'अपि' शब्द से आत्म ज्ञान का तथा उसको जानने वाले गुरु का दुर्बोधत्व सूचित होता है। उस गुरु शब्द के अर्थ को जानने वाले ही गुरु इस नाम से कहते हैं। गुरुगीता में भी कहा है - ''गु' शब्द का अर्थ है अन्धकार तथा 'रु' शब्द का अर्थ है प्रकाश। अज्ञान को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म स्वरूप प्रकाश है वह गुरु है - इसमें कोई संशय नहीं है' (१।३३)।

शिव एव गुरुः साक्षाद्गुरुरेव शिवः स्वयम् । उभयोरन्तरं किञ्चिन्न द्रष्टव्यं मुमुक्षुभिः ॥२५८॥

शिव एव साक्षात्स्वयं गुरुः। गुरुरेव शिवः स्वयम्। मुमुक्षुभिरुभयोः किञ्चिदन्तरं न द्रष्टव्यमिति।

स्वयं शिव ही गुरु हैं, गुरु ही साक्षात् शिव हैं। मुमुक्षुओं को दोनों में कुछ भेद नहीं देखना चाहिए ॥२५८॥

साक्षात् शिव ही गुरु हैं। गुरु ही स्वयं शिव हैं। मोक्ष चाहने वाले साधकों द्वारा इन दोनों में थोड़ा भी अन्तर नहीं देखा जाना चाहिए।

बन्धमुक्तं ब्रह्मनिष्ठं कृतकृत्यं भजेद्गुरुम् । यस्य प्रसादात्संसारसागरो गोष्पदायते ॥२५९॥

बन्धमुक्तं बन्धनान्मुक्तः संसारबन्धनादित्यर्थः। **ब्रह्मनिष्ठं** ब्रह्मणि नितरां तिष्ठतीति ब्रह्मनिष्ठो, हित्वा सर्वकर्माणि केवलेऽद्वय इति वाक्यशेषः। तं ब्रह्मनिष्ठं **कृतकृत्यं** कृत्यं कर्तव्यं कृतं येन स कृतकृत्यस्तं कृतकृत्यं **गुरुं भजेद्यस्य प्रसादात्संसारसागरः** संसार एव सागरः पूर्ववर्णितो **गोष्पदायते** गोः पदं गोष्पदं तदयते प्राप्नोतीति गोष्पदायते महासंसारसागरोऽत्यन्तन्यूनो भवतीति।

संसार बन्धन से छूटे हुए, ब्रह्मविचार में लगे हुए, कृतार्थ हुए गुरु की सेवा तथा अनुग्रह से संसार समुद्र गौ के चरण के चिन्ह के समान (छोटा) हो जाता है ॥२५९॥

संसार बन्धन से मुक्त, जो सभी कर्मों को त्यागकर केवल अद्वय ब्रह्म में निरन्तर लगा रहता है, उस ब्रह्मनिष्ठ, कृतकृत्य (जिसके द्वारा किए जाने वाले कर्तव्य हो गए हैं) गुरु की सेवा करे जिनकी कृपा से पूर्व वर्णित संसार सागर गौ के चरण चिन्ह के समान हो जाता है, महा संसार रूपी सागर अत्यन्त छोटा हो जाता है।

शुश्रूषया सदा भक्त्या प्रणामैर्विनयोक्तिभिः । प्रसन्नं गुरुमासाद्य प्रष्टव्यं ज्ञेयमात्मनः ॥२६०॥

शुश्रूषया सेवया **सदा भक्त्या प्रणामैर्विनयोक्तिभिः** प्रह्वप्रश्रयसेवनैः **प्रसन्नं** तं **गुरुमासाद्य** प्राप्याऽऽत्मनः स्वस्वरुपस्य **ज्ञेयं** तत्त्वं **प्रष्टव्यमि**ति।

सर्वदा सेवा, भक्ति, प्रणामों के द्वारा विनय पूर्वक वचनों के द्वारा प्रसन्न हुए गुरु को प्राप्त होकर अपनी जानने योग्य बात पूछनी चाहिए ॥२६०॥

सेवा, सदा भक्ति के द्वारा, विनीत तथा विनम्र सेवा से प्रसन्न हुए उन गुरु को प्राप्त कर अपने स्वरूप के तत्त्व के बारे में प्रश्न करे।

शिष्य उवाच

भगवन्करुणासिन्धो भवसिन्धोर्भवांस्तरिः । यमाश्रित्याश्रमेणैव परं पारं गता बुधाः ॥२६१॥

हे **भगवन्** हे **करुणासिन्धो** कृपासागर **भवान्भवसिन्धोस्तरिस्तरणी** नौका **यमाश्रित्य बुधाः** सूरयो**ऽश्रमेणा**नायासे**नैव परं पारं गता** ब्रह्माऽऽत्मत्वेनावगता न संसारगतिर्न वाऽन्यावगतिर्ज्ञेयस्यान्यस्याभावात्तेषां नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यापरिच्छिन्न-

रूपेणानामिति।

शिष्य ने कहा -
कृपा के समुद्र हे भगवन्! आप संसार सागर के नौका हो जिसका आश्रय लेकर बिना परिश्रम के ही पण्डित पार हो गए ॥२६१॥

हे भगवन्! हे कृपासागर! आप संसार सागर के तरणी नौका हो, जिस नौका का आश्रय लेकर बुद्धिमान पुरुषों की अनायास ब्रह्मात्म स्वरूप को जानने के कारण संसार की गति नहीं रहती अथवा अन्य ज्ञेय का अभाव होने के कारण उसमें कोई अन्य अवगति नहीं रहती। नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त सत्य अपरिच्छिन्नरूप द्वारा ज्ञान हो जाता है।

जन्मान्तरकृतानन्तपुण्यकर्मफलोदयः । अद्य संनिहितो यस्मात्त्वत्कृपापात्रमस्म्यहम् ॥२६२॥

अद्य जन्मान्तरकृतानन्तपुण्यकर्मफलोदयो पुण्यानि च तानि कर्माणि पुण्यकर्माण्यनन्तानि पुण्यकर्माण्यनन्तपुण्यकर्माणि, जन्मान्तरमन्यज्जन्म पूर्वजन्म तत्कृतानि जन्मान्तरकृतानन्तपुण्यकर्माणि तेषां फलानामुदयो जन्मान्तरकृतानन्तपुण्यकर्मफलोदयः **सन्निहित** आगतो **यस्मादहं त्वत्कृपापात्रं** तव कृपायाः पात्रं त्वत्कृपापात्र**मस्मि** भवामीत्यर्थः।

आज मैंने पहले जन्मों में जो अनन्त पुण्य कर्म किये थे उनके ही फलों का उदय उपस्थित हुआ है क्योंकि मैं आपके अनुग्रह का पात्र हुआ हूँ ॥२६२॥

आज अन्य पूर्व जन्मों में जो अनन्त पुण्य कर्म किए हैं उन फलों का उदय हुआ आया है क्योंकि मैं आपकी कृपा का पात्र हो सका हूँ।

सम्प्रीतिमक्ष्णोर्वदनप्रसादमानन्दमन्तःकरणस्य सद्यः । विलोकनं ब्रह्मविदस्तनोति छिनत्ति मोहं सुगतिं व्यनक्ति ॥२६३॥

ब्रह्मविदो ब्रह्मज्ञानिनो **विलोकनमक्ष्णोर्नेत्र**योः **सम्प्रीतिं** सम्यग्वात्सल्यम्। अक्षन्निति प्रातिपदिकस्य सप्तमीद्विवचनमक्ष्णोरिति। **वदनप्रसादं** वदनस्य मुखस्य प्रसादं प्रसन्नतां **सद्यस्त**त्क्षणमेव**ान्तःकरणस्यऽऽनन्दं तनोति मोहं छिनत्ति सुगतिं** सद्गतिं **व्यनक्त्य**भिव्यक्तं करोति। भवतो दर्शनं महामङ्गलमयमिति भावः।

ब्रह्मविद् का दर्शन नेत्रों को अत्यन्त प्रीति, मुख पर शोभा, अन्तःकरण के आनन्द को तत्काल ही बढ़ाता है, मोह को काटता है तथा सद्गति को प्राप्त कराता है ॥२६३॥

ब्रह्मज्ञानी का दर्शन नेत्रों में वात्सल्य उत्पन्न करता है। 'अक्षन्' प्रातिपदिक की सप्तमी द्विवचन से 'अक्ष्णोः' हुआ है। मुख की प्रसन्नता को तथा उसी क्षण ही अन्तःकरण के आनन्द को बढ़ाता है, मोह का नाश करता है, सद्गति को अभिव्यक्त कर देता है। आपका दर्शन महा-मङ्गलमय है - ऐसा भाव है।

हुताशनानां शशिनामिनानामप्यर्बुदं वापि न यन्निहन्तुम् ।
शक्नोति तद्ध्वान्तमनन्तमान्तरं हन्त्यात्मवेत्ता सकृदीक्षणेन ॥२६४॥

अर्बुदं दशकोटिसङ्ख्याकं **हुताशनानामग्नीनां शशिनां** चन्द्रादीनां नक्षत्राणा**मपीनानां** सूर्याणां **वा न यन्निहन्तुं** विनाशयितुं **शक्नोत्य**समर्थमस्ति **तदनन्तमान्तरम**न्तःकरणस्थितमविद्यारूपं **ध्वान्तमन्ध**कार**मात्मवेत्ता** ब्रह्मवि**त्सकृदीक्षणेन हन्ति**। ब्रह्मविद आत्मीयकटाक्षदृष्टिरेव सर्वप्रतिबन्धनिवारिकेत्यर्थः।

अग्नियों, चन्द्रमाओं या सूर्यों की सौ करोड सङ्ख्या भी जिसको नष्ट करने में असमर्थ होती है उस भीतर के अन्धकार को ब्रह्मज्ञानी एक बार

देखने से नष्ट कर देता है ॥२६४॥

अग्नियों, चन्द्रमाओं, नक्षत्रों या सूर्यों की दस कोटि सङ्ख्या भी जिसका विनाश करने में असमर्थ है उस अन्तःकरण में स्थित अविद्या रूप अन्धकार को ब्रह्मवित् एक बार देखने से नष्ट कर देता है। ब्रह्मवित् की आत्मीय कटाक्ष दृष्टि ही सभी प्रतिबन्धों की निवारक है - ऐसा अर्थ है।

दुष्पारे भवसागरे जनिमृतिव्याध्यादिदुःखोत्कटे घोरे पुत्रकलत्रमित्रबहुलग्राहाकरे भीकरे ।
कर्मोत्तुङ्गतरङ्गभङ्गनिकरैराकृष्यमाणो मुहुः यातायातगतिभ्रमेण शरणं किञ्चिन्न पश्याम्यहम् ॥२६५॥

दुष्पारे दुःखेन पारं यस्य तद्दुष्पारं तस्मिन्दुष्पारे **जनिमृतिव्याध्यादिदुःखोत्कटे** दुःखं च तदुत्कटञ्च दुःखोत्कटम्, जनिर्जन्म मृतिर्मरणं व्याधिश्च रोगो जनिमृतिव्याधय आदयो येषां ते जनिमृतिव्याध्यादयस्त एव दुःखोत्कटम्, तस्मिन् जनिमृतिव्याध्यादिदुःखोत्कटे **पुत्रकलत्रमित्रबहुलग्राहाकरे** बहुलाश्च ते ग्राहा बहुलग्राहास्तेषामाकरो बहुलग्राहाकरः, पुत्रश्च कलत्रं च मित्रं च पुत्रकलत्रमित्राणि तान्येव बहुलग्राहास्तेषामाकरः पुत्रकलत्रमित्रबहुलग्राहाकरस्तस्मिन्पुत्रकलत्रमित्र-बहुलग्राहाकरे **भीकरे** भीतिकरे **घोरे भवसागरे कर्मोत्तुङ्गतरङ्गभङ्गनिकरैरु**त्तुङ्ग उन्नतस्तरङ्गभङ्गस्तेषां निकरः समूह उत्तुङ्गतरङ्गभङ्गनिकरः कर्माण्येवोत्तुङ्गतरङ्गभङ्गनिकराः तैः कर्मोत्तुङ्गतरङ्गभङ्गनिकरै**र्मुहुः** पुनः पुन**राकृष्यमाणो यातायातगतिभ्रमेणे**हलोक-परलोकमार्गे भ्रान्तो**ऽहं किञ्चिच्छरणम**वलम्बनं **न पश्यामि** हे गुरो।

जिसका पार करना अत्यन्त कठिन है ऐसे, जन्म-मरण और व्याधि आदि अति उत्कट दुःखों के द्वारा पुत्र, स्त्री और मित्र आदि अनेकों ग्राहों की खान में, भयंकर घोर संसार सागर में कर्मरूपी ऊँची तरङ्गों के अनेकों उछालों से बारम्बार खींचा जाता हुआ, इस लोक तथा परलोक के मार्ग में जाने की भ्रान्ति से युक्त - मैं कुछ शरण नहीं देखता हूँ ॥२६५॥

हे गुरो! जिसका पार दुःख के साथ हो, वह दुष्पार है; उस दुःख से पार होने वाले जन्म-मरण तथा रोग आदि ही दुःख हैं, ऐसे उन उत्कट दुःखों से युक्त; पुत्र, स्त्री, मित्र ही अनेक निगल जाने वाले ग्राह हैं - ऐसे अनेकों ग्राहों की खान में; भयावह घोर संसार सागर में कर्म रूपी ऊँचीं उठी तरङ्ग समूहों के अनेक उछालों से पुनः पुनः खींचा जाता हुआ भ्रम में इस लोक तथा परलोक के मार्ग में भटकता हुआ मैं कुछ आश्रय नहीं देखता हूँ।

केन वा पुण्यशेषेण तव पादाम्बुजद्वयम् । दृष्टवानस्मि मामार्तं मृत्योस्त्राहि दयादृशा ॥२६६॥

केन वा पुण्यशेषेण पुण्यस्य शेषेण पुण्यशेषस्य प्रतापेन वा **तव पादाम्बुजद्वयं** पाद एवाम्बुजद्वयं पादाम्बुजद्वयं चरणकमलद्वयं **दृष्टवानस्मि**। **मामार्तं** पीडितं संसारसागरे मज्जन्तं **दयादृशा** दयया दृशा दृष्ट्या **मृत्योर्**जन्ममृत्युजराव्याधिचक्रा**त्त्राहि** पाहि मां शिष्यरूपेण स्वीकृत्य ज्ञानप्रदानेनेत्यभिप्रायः।

न जाने किस बचे हुए पुण्य के प्रभाव से तुम्हारे दोनों चरण कमलों को देख सका हूँ। मुझ पीडित की कृपा दृष्टि करके मृत्यु से रक्षा कीजिये ॥२६६॥

किस शेष पुण्य के प्रभाव अथवा प्रताप से आपके दोनों चरण कमलों को देख सका हूँ। दया भरी दृष्टि के द्वारा पीडित, संसार सागर में डूबते हुए मेरी जन्म, मृत्यु, जरा, व्याधि के चक्र से मुझे शिष्य रूप से स्वीकार करके ज्ञान प्रदान द्वारा रक्षा कीजिए - ऐसा अभिप्राय है।

वदन्तमेवं तं शिष्यं दृष्ट्वैव दयया गुरुः । दद्यादभयमेतस्मै मा भैष्टेति मुहुर्मुहुः ॥२६७॥

गुरुरेवं तं वदन्तं शिष्यं दयया कारुण्येन **दृष्ट्वा**ऽवलोक्य**ैवैतस्मै** शिष्याय **मा भैष्टेति मुहुर्मुहुः** पुनः पुन**रभयं दद्यात्**। *"निरीक्ष्य कारुण्यरसार्द्रदृष्ट्या दद्यादभीतिं सहसा महात्मा"* इति।

गुरु इस प्रकार कहते हुए शिष्य को दयापूर्वक देखकर ही 'इसके लिए भय न करो' इस प्रकार बार-बार अभय दें ॥२६७॥

गुरु इस प्रकार कहते हुए शिष्य को करुणा से देखकर ही उस शिष्य को पुनः पुनः अभय दें। 'महात्मा गुरु करुणामयी दृष्टि से देखकर सहसा अभय प्रदान करे' (वि० चू० ४३)।

श्रीगुरुरुवाच -

विद्वन्मृत्युभयं जहीहि भवतो नास्त्येव मृत्युः क्वचिन्नित्यस्य द्वयवर्जितस्य परमानन्दात्मनो ब्रह्मणः ।
भ्रान्त्या किञ्चिदवेक्ष्य भीतमनसा मिथ्या त्वया कथ्यते मां त्राहीति हि सुप्तवत्प्रलपनं शून्यात्मकं ते मृषा ॥२६८॥

हे **विद्वन् मृत्युभयं** मृत्योर्भयं **जहीहि** त्यज। **भवतः क्वचिदेव मृत्युर्नास्ति। भ्रान्त्या किञ्चिन्मिथ्या** पदार्थौ नासन्न सन्न सदसद**वेक्ष्य** दृष्ट्वा **भीतमनसा** भीतेन मनसा **त्वया नित्यस्य द्वयवर्जितस्या**द्वितीयस्य **परमानन्दात्मनः** परमश्चासावानन्दश्च परमानन्दः स एवात्मा परमानन्दात्मा तस्य परमानन्दात्मनो **ब्रह्मणो** मृत्युः संसारः **कथ्यते। मां त्राहीति सुप्तवन्नि**द्रालुवत्ते तव **प्रलपनं शून्यात्मकं** निरर्थकं **हि** निःसंशयं **मृषा** मिथ्यैवास्ति। अविद्या ह्यनात्मबन्धस्ततत एव संसृतिरिति भावः।

श्री गुरु बोले -
हे विद्वान्! मृत्यु का भय त्याग दो। तुम्हारा कहीं भी मरण नहीं है, भ्रम से कुछ मिथ्या पदार्थ को देखकर मन में डरे हुए तुम्हारे द्वारा नित्य, अद्वितीय, परम आनन्द स्वरूप ब्रह्म का मरण कहा जाता है। 'मेरी रक्षा करो' ऐसे सोये हुए के समान तुम्हारा प्रलाप करना अर्थहीन, निःसंदेह मिथ्या है ॥२६८॥

हे विद्वान्! मृत्यु का भय त्याग दो। तुम्हारा मरण कभी हो ही नहीं सकता है। भ्रम से कुछ मिथ्या पदार्थ जो न असत् हैं, न सत्, सत् तथा असत् को देखकर डरे हुए मन के द्वारा भ्रान्ति से तुम्हारे द्वारा नित्य, अद्वितीय, परम आनन्द स्वरूप ब्रह्म का मरण संसार कहा जाता है। 'मेरी रक्षा करो' निद्रालु के समान तुम्हारा प्रलाप करना निरर्थक है, निःसंन्देह मिथ्या ही है। अविद्या ही अनात्म बन्धन है, उसी के कारण संसार है - ऐसा अभिप्राय है।

निद्रागाढतमोवृतः किल जनः स्वप्ने भुजङ्गादिना ग्रस्तं स्वं समवेक्ष्य यत्प्रलपति त्रासाद्धतोऽस्मीत्यलम् ।
आप्तेन प्रतिबोधितः करतलेनाताड्य पृष्टः स्वयं किञ्चिन्नेति वदत्यमुष्य वचनं स्यात्तत्किमर्थं वद ॥२६९॥

निद्रागाढतमोवृतो निद्राया गाढतमो गाढान्धकारोऽग्रहणं तेन वृत आवृतो **जनः स्वप्ने** यदा **स्वं भुजङ्गादिना ग्रस्तमु**पबद्धं **समवेक्ष्य त्रासाद्भ**यभीतः सन् **हतोऽस्मि** नष्टोऽस्मि हा हा मुञ्च **मुञ्चेति यदलं प्रलपत्यु**च्चैराक्रोशति तदाऽऽ**प्तेन** स्वस्थजाग्रत्पुरुषेण **करतलेन** पाणिनाऽऽ**ताड्य प्रतिबोधितस्ततः पृष्टः स्वयं न किञ्चिदस्तीति वदति। अमुष्य** पुरुषस्य **तत्प्र**लपनं **वचनं** वाक्यं वा **किमर्थं** किं प्रयोजनं **स्यात् वद**। तत्प्रलापो निरर्थकोऽज्ञानकार्यत्वान्मृषैव। **किल** शब्दः प्रसिद्धिद्योतनार्थम्।

प्रसिद्ध है निद्रा रूप गहरे अन्धकार से ढका हुआ पुरुष स्वप्न में अपने को सर्प आदि से ग्रस्त हुआ देखकर जो भय से 'मारा गया' ऐसे ऊँचे स्वर से प्रलाप करता है, विश्वस्त पुरुष के द्वारा हाथ से कुछ ताड़ना करके जगाये जाने पर, तदनन्तर पूछने पर स्वयं 'कुछ नहीं हुआ है' ऐसा कहता है - उसका (पहला) कथन किस अर्थ में कहा जाए? बताओ ॥२६९॥

निद्रा रूपी गाढ़ अन्धकार अर्थात् अग्रहण से आवृत पुरुष जब स्वप्न में स्वयं को सर्प आदि से बद्ध देखकर भयभीत होता है 'मैं नष्ट हो गया', 'हाय-हाय, छोड़ो-छोड़ो' ऐसे ऊँचे स्वर से जो आक्रोश करता है, उस समय स्वस्थ, जाग्रत् पुरुष हाथ से कुछ ताड़ना करके जगाता है। उसके बाद पूछे जाने पर वह स्वयं कहता है 'कुछ नहीं हुआ'। बताओ, पुरुष के प्रलपन अथवा वाक्य का क्या प्रयोजन है? वह प्रलाप निरर्थक है, अज्ञान का कार्य होने से मृषा ही है। 'किल' शब्द प्रसिद्धि का द्योतक है।

रज्जोस्तु तत्त्वमनवेक्ष्य गृहीतसर्पभावः पुमानयमहिर्वसतीति मोहात् ।
आक्रोशति प्रतिबिभेति च कम्पते तन्मिथ्यैव नात्र भुजगोऽस्ति विचार्यमाणे ॥२७०॥

अयं पुमान् रज्जोस्तत्त्वं यथार्थ-स्वरूपं **त्वनवेक्ष्य**ऽदृष्ट्वाऽत्रा**ऽहिर्वसतीति मोहाद्गृहीतसर्पभावो** गृहीतः सर्पस्य भावः सत्यत्वं येन स गृहीतसर्पभावः पुरुष **आक्रोशति प्रतिबिभेति** भयाक्रान्तो भवति **कम्पते** वेपते **च**। अत्र **भुजगो** भुजङ्गो **नास्तीति विचार्यमाणे तत्सर्वं** विक्षेपव्यवहारलक्षणमन्यथाग्रहणं **मिथ्यैवे**त्यभिप्रायः।

वह पुरुष तो रस्सी के यथार्थ स्वरूप को न देखकर 'यहाँ सर्प रहता है' मोह से यहाँ सर्प है ऐसा मानकर चिल्ला उठता है, बहुत डरता है और काँपने भी लगता है। यहाँ सर्प नहीं है ऐसा विचार करने पर मिथ्या ही है - निश्चय हो जाता है ॥२७०॥

रज्जु के यथार्थ स्वरूप को न देखकर 'यहाँ सर्प रहता है' - ऐसे सर्प भाव के सत्यत्व को ग्रहण कर वह पुरुष भय से आक्रान्त हो जाता है तथा काँपने लगता है। 'यहाँ सर्प नहीं है' - ऐसा विचार करने पर सब विक्षेप-व्यवहार लक्षण/अन्यथा ग्रहण है, मिथ्या ही है - ऐसा अभिप्राय है।

तद्वत्त्वयाप्यात्मन उक्तमेतज्जन्माप्ययव्याधिजरादियुक्तम् ।
मृषैव सर्वं भ्रमकल्पितं ते सम्यग्विचार्यात्मनि मुञ्च भीतिम् ॥२७१॥

यद्वत्स्वप्नभ्रान्तपुरुषस्य भयात्कम्पनं प्रलपनञ्च **तद्वत्त्व**वापि **त्वयाप्यात्मनः जन्माप्ययव्याधिजरादियुक्तं** जन्म चाप्ययो मृत्युश्च व्याधिश्च जरा च जन्माप्ययव्याधिजरा आदयो येषां ते जन्माप्ययव्याधिजरादयस्तैर्जन्माप्ययव्याधिजरादिभिर्युक्तं जन्माप्ययव्याधिजरादियुक्तमज्ञानजृम्भितसमस्तद्वैतप्रपञ्चनिष्ठं रागद्वेषास्पदं सुखदुःखादिकं **उक्तं एतत् सर्वं ते** तव **भ्रमकल्पितम**द्वितीयात्माज्ञानात्कल्पितं यथा स्वप्ने तत्सर्वं **मृषैव** तस्मात्त्वं **सम्यग्विचार्यात्मनि** स्वविषये नित्यशुद्धबुद्धमुक्तापरिच्छिन्नानन्दस्वरूपत्वान्मरणादीनां **भीतिं मुञ्च** त्यजेति।

उसी प्रकार तुम्हारे द्वारा भी आत्मा का जन्म-मरण-रोग बुढ़ापे आदि से युक्त सुख-दुःख आदि कहा गया है, यह सब तुम्हारे भ्रम से कल्पना किया हुआ मिथ्या ही है। भली प्रकार आत्मा के विषय में विचार कर मरण आदि के भय को त्याग दो ॥२७१॥

जैसे स्वप्न में भ्रान्त पुरुष का भय से कम्पन तथा प्रलाप है, उसी प्रकार तुम्हारे द्वारा भी आत्मा का जन्म-मरण, व्याधि तथा जरा से युक्त अज्ञान से उत्पन्न समस्त द्वैत प्रपञ्च में निष्ठ, राग-द्वेष से युक्त, सुख-दुःख आदि होना कहा गया है। ये सब तुम्हारे अद्वितीय आत्मा के अज्ञान से कल्पित है। जैसे स्वप्न में [सारे पदार्थ मिथ्या होते हैं], वैसे ही ये सब मिथ्या ही हैं। इसीलिए तुम भली प्रकार अपने विषय में विचार कर नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अपरिच्छिन्न, आनन्द स्वरूप होने के कारण मरण आदि के भय को त्याग दो।

भवाननात्मनो धर्मानात्मन्यारोप्य शोचति । तदज्ञानकृतं सर्वं भयं त्यक्त्वा सुखी भव ॥२७२॥

अनात्मनो विषयस्य जडस्य दृश्यस्य देहेन्द्रियान्तःकरणानां च **धर्मान् भवानात्मनि** विषयिणि चिदात्मके द्रष्टरि स्वस्मि**न्नारोप्य शोचति** तदेवाज्ञानकार्यमत**स्तदज्ञानकृतं सर्वं भयं त्यक्त्वा सुखी भवे**त्यर्थः।

जो आत्मा नहीं है उसके धर्मों को अपने आत्मा में आरोपण करके तुम शोक करते हो, इस कारण से अज्ञानकृत सब भय को त्याग कर सुखी हो ॥२७२॥

विषय, जड, दृश्य, देह, इन्द्रिय तथा अन्तःकरण के धर्मों को अपने विषयी, चिदात्मक, द्रष्टा में आरोपण कर तुम शोक करते हो। वे अज्ञान कार्य ही हैं, इसीलिए अज्ञान से होने वाले सब भय को त्याग कर सुखी हो - ऐसा अर्थ है।

शिष्य उवाच

श्रीमद्भिरुक्तं सकलं मृषेति दृष्टान्त एव ह्युपपद्यते तत् । दार्ष्टान्तिके नैव भवादिदुःखं प्रत्यक्षतः सर्वजनप्रसिद्धम् ॥२७३॥

सकलं मृषेति प्रमितिप्रमाणप्रमेयप्रमातृलक्षणमाब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं यज्जन्मादिषड्भावविकारजातं कार्यकारणात्मकं क्रियाकारकफललक्षणं सकलं मिथ्येति **यच्छ्रीमद्भिरुक्तं हि** निश्चयेन **तद्दृष्टान्ते** रज्जुसर्प **एवोपपद्यते** घटते युक्तिसङ्गतं भवति **नैव दार्ष्टान्तिके** यतो **भवादिदुःखं** जन्ममरणादिदुःखं **प्रत्यक्षतः सर्वजनप्रसिद्धमि**ति।

शिष्य ने कहा -
'सब मिथ्या है' ऐसा आपने जो कहा निश्चय वह रस्सी और सर्प के दृष्टान्त में ही युक्तियुक्त होता है। आत्मा के जन्म-नाश आदि मिथ्यात्व के विषय में किसी प्रकार भी युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि जन्म-मरण आदि से होने वाले दुःख प्रत्यक्ष प्रमाण के द्वारा सभी लोगों में प्रसिद्ध है ॥२७३॥

प्रमिति, प्रमाण, प्रमेय, प्रमाता लक्षणों वाला, ब्रह्मा से लेकर स्तम्भ पर्यन्त जो जन्मादि छः प्रकार के विकारों से युक्त हैं, कार्य-कारणात्मक, क्रिया-कारक-फल लक्षण वाला होने से सब मृषा है - ऐसा आपने जो कहा निश्चय वह रज्जुसर्प दृष्टान्त में घटता है, युक्ति सङ्गत है, दार्ष्टान्त में नहीं क्योंकि जन्म-मरण आदि से होने वाले दुःख सभी जनों में प्रत्यक्ष प्रमाण से प्रसिद्ध है।

प्रत्यक्षेणानुभूतार्थः कथं मिथ्यात्वमर्हति । चक्षुषो विषयं कुम्भं कथं मिथ्या करोम्यहम् ॥२७४॥

विद्यमानस्य मिथ्यात्वं कथं नु घटते प्रभो । प्रत्यक्षं खलु सर्वेषां प्रमाणं प्रस्फुटार्थकम् ॥२७५॥

प्रत्यक्षेण प्रत्यक्षप्रमाणे**नानुभूतो** यथार्थरूपेण ज्ञातो**ऽर्थः कथं मिथ्यात्वमर्हति** प्राप्यते? **चक्षुषो विषयं कुम्भमहं कथं मिथ्या करोमि**? हे **प्रभो**, स्वस्मिन् **विद्यमानस्य** प्रत्यक्षेण ज्ञातस्य सप्रयोजनस्य **मिथ्यात्वं कथं नु घटते**? नैव युक्त्या सिद्ध्यति। **प्रस्फुटार्थकं** प्रकर्षेण स्फुटोऽर्थो यस्य तत्प्रस्फुटार्थकं प्रत्यक्षजन्यज्ञानम्। विस्पष्टतयेन्द्रियैर्भास्यमानं प्रमेयमपि प्रत्यक्षम्। **तत्खलु सर्वेषां प्रमाणं** सर्वैर्यत्प्रत्यक्षप्रमाणेन ज्ञातं प्रत्यक्षज्ञानं तत्प्रमाणत्वेन स्वीक्रियते। तच्चेन्द्रियसंन्निकर्षजन्यज्ञानं प्रमाणं प्रमाणजन्यत्वाच्छास्त्रादिप्रमाणजन्यज्ञानवत्।

अत्रैतदपि प्रश्नद्वयं सम्भवति।

यदि विद्योदयः सम्भाव्येत तर्हि विद्योपदेशाय वेदान्तारम्भ उपपद्यते किन्तु स विद्योदय इहात्मनि वाक्यशतेनापि नोत्पादयितुं शक्यते संसारित्वग्राहकप्रत्यक्षादिविरोधात्। प्रत्यक्षस्यासञ्जातविरोधितया बलवत्त्वादागमस्योपजीवित्वाद्दुर्बलत्वम्। कथञ्चिदुत्पन्नापि यदि वेदान्तजन्यविद्या प्रत्यक्षप्रमाणसिद्धं संसारं बाधेत तर्हि प्रत्यक्षानुभवः प्रत्यगात्मनोऽपि ब्रह्मरूपत्वं कथं न बाधेतेति।

प्रत्यक्ष प्रमाण से अनुभव किया हुआ पदार्थ कैसे मिथ्यात्व को प्राप्त हो सकता है? चक्षुगोचर हुए कलश को मैं कैसे मिथ्या करूँ? ॥२७४॥

हे स्वामिन्! जो विद्यमान है उसका मिथ्यापन कैसे सङ्गत हो सकता है? जिसका विषय स्पष्ट दिख रहा है वह प्रत्यक्ष निश्चय ही सभी के लिए प्रमाण है ॥२७५॥

प्रत्यक्ष प्रमाण से यथार्थ रूप से जाना गया पदार्थ कैसे मिथ्यात्व को प्राप्त हो सकता है? आँखों से देखे हुए विषय घड़े को मैं कैसे मिथ्या कर सकता हूँ? हे प्रभो! अपने में प्रत्यक्ष रूप से ज्ञात सप्रयोजन का मिथ्यात्व कैसे हो सकता है? यह युक्ति से कदापि सिद्ध नहीं होता। जिसका अर्थ अत्यन्त स्पष्ट हो – ऐसा प्रत्यक्षजन्य ज्ञान होता है। जो इन्द्रियों द्वारा बिल्कुल स्पष्ट रूप से भासित होता है, वह प्रमेय भी

प्रत्यक्ष ही है। वह जो प्रत्यक्ष प्रमाण से जाना गया है, सभी के द्वारा उस प्रत्यक्ष ज्ञान को प्रमाण रूप से स्वीकार किया जाता है तथा जैसे शास्त्र आदि ज्ञान प्रमाण जन्य है, वैसे इन्द्रियों के सम्पर्क से उत्पन्न ज्ञान को प्रमाण जन्य होने के कारण प्रमाण माना जाता है।

यहाँ ये दो प्रश्न भी सम्भव हैं।

यदि ज्ञान का उदय सम्भव हो सकता तो ज्ञान के उपदेश के लिए वेदान्त का आरम्भ करना उचित होता। किन्तु वह ज्ञान का उदय इस जीवात्मा में सैकड़ों वाक्यों द्वारा भी उत्पन्न नहीं किया जा सकता, क्योंकि संसारित्व का ग्रहण करने वाले प्रत्यक्ष आदि प्रमाण उसका विरोध करते हैं। प्रत्यक्ष का किसी अन्य प्रमाण से विरोध उत्पन्न नहीं होने से, बलवान् होने के कारण वेदान्त वाक्य का उपजीवी (प्रत्यक्ष पर आश्रित होने के कारण) दुर्बलत्व होगा। किसी प्रकार उत्पन्न होने पर भी यदि वेदान्त जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध संसार को बाधित कर सकता है, तो प्रत्यक्ष अनुभव प्रत्यक् आत्मा के ब्रह्मरूपत्व का बाध कैसे नहीं कर सकता है?

मर्त्यस्य मम जन्मादिदुःखभाजोऽल्पजीविनः । ब्रह्मत्वमपि नित्यत्वं परमानन्दता कथम् ॥२७६॥

मर्त्यस्य मरणशीलस्य **जन्मादिदुःखभाजो** जन्ममरणादि दुःखं भुङ्क्त इति जन्मादिदुःखभाक्तस्य जन्मादिदुःखभाजो**ऽल्पजीविनो**ऽल्पं जीवनं यस्य सोऽल्पजीवी तस्य **मम ब्रह्मत्वम**परिच्छिन्नत्वं **नित्यत्वं** तथा **परमानन्दता**ऽपि **कथं** भवेत्।

मरण स्वभाव वाले, जन्म-मरण आदि क्लेश भोगने वाले, थोड़े समय के लिए है जीवन जिसका - ऐसे मुझको ईश्वर रुपत्व, नित्यत्व और परम आनन्द कैसे हो सकता है? ॥२७६॥

मरणशील, जन्म-मरण आदि का दुःख भोगने वाले, थोड़े समय के लिए है जीवन जिसका उसे अपरिच्छिन्नत्व, नित्यत्व तथा परम आनन्दता कैसे हो सकती है?

क आत्मा कस्त्वनात्मा च किमु लक्षणमेतयोः । आत्मन्यनात्मधर्माणामारोपः क्रियते कथम् ॥२७७॥

आत्मा कः। अनात्मा तु कः। एतयोरात्मानात्मनोः **किमु लक्षणम्। आत्मनि** विषयिणि चिदात्मस्वरूपे **चानात्मधर्माणां** विषयधर्माणा**मारोपः कथं क्रियत** इति।

आत्मा क्या है और अनात्मा क्या है, इन दोनों का लक्षण क्या है? आत्मा में अनात्म पदार्थों के धर्मों का आरोपण कैसे किया जाता है? ॥२७७॥

आत्मा क्या है तथा अनात्मा क्या है? इन दोनों आत्मा-अनात्मा का लक्षण क्या है? चिदात्म स्वरूप विषयी में अनात्म विषय के धर्मों का आरोपण किस प्रकार होता है?

किमज्ञानं तदुत्पन्नभयत्यागोऽपि वा कथम् । किमु ज्ञानं तदुत्पन्नसुखप्राप्तिश्च वा कथम् ॥२७८॥

अज्ञानं किमस्ति। **तदुत्पन्नभयत्यागस्त**स्मादज्ञानादुत्पन्नस्य भयस्य त्यागो **अपि वा कथं** भवेत्। **किमु ज्ञानं वा। तदुत्पन्नसुखप्राप्तिस्त**ज्ज्ञानादुत्पन्नस्य सुखस्य प्राप्तिश्च **कथं** भवेदिति।

अज्ञान क्या है और उससे उत्पन्न हुए भय का त्याग कैसे होता है? ज्ञान क्या है और उससे उत्पन्न हुए सुख की प्राप्त भी कैसे होती है? ॥२७८॥

अज्ञान क्या है? उस अज्ञान से उत्पन्न भय का त्याग कैसे होता है? तथा ज्ञान क्या है? उस ज्ञान से उत्पन्न सुख की प्राप्ति कैसे होती है?

सर्वमेतद्यथापूर्वं करामलकवत्स्फुटम् । प्रतिपादय मे स्वामिन् श्रीगुरो करुणानिधे ॥२७९॥

हे **स्वामिन्** हे **करुणानिधे** हे **श्रीगुरो सर्वमेतद्य**त्किञ्चिन्मया पृष्टं **मे** मम **करामलकवत्** कर आमलकवदपरोक्षतया **स्फुटं यथापूर्वं** यथाक्रमं **प्रतिपादय** विज्ञापय इति। एते प्रश्नाः सन्ति।

अष्टप्रश्नाः (श्लोकसङ्ख्या २७७-२७८)

१. आत्मा कः? (उत्तरश्लोकसङ्ख्या - ४५९-४६२)

२. अनात्मा कः? (३०१-४५७)

३. आत्मानात्मनोः किं लक्षणम्? (६११-६९७, ३०१-३०९)

४. आत्मानात्मनोरध्यासः कथम्?

सामान्याध्यासः (४६३-५०१)

विशेषाध्यासः (५१९-६१०)

५. अज्ञानं किम्? (३०१-३११, ३१८-३२०)

६. अज्ञानोत्पन्नभयत्यागः कथम्? (७७३-७९१)

७. ज्ञानं किम्? (७०४-७९१)

८. ज्ञानोत्पन्नसुखप्राप्तिः कथम्? (८१९-९२३)

हे प्रभो! हे दया के सागर! हे श्रीगुरु जी महाराज यह सब विषय, मेरे हाथ में रखे हुए आँवले के फल के समान स्पष्ट रूप से यथाक्रम से वर्णन कीजिये ॥२७९॥

हे स्वामिन्! मेरे द्वारा कुछ पूछने पर मेरे हाथ में रखे आँवले के फल के समान अपरोक्षतया इस सब का स्पष्ट रूप से यथाक्रम उपदेश कीजिए। वे प्रश्न हैं -

आठ प्रश्न (श्लोक संख्या २७७-२७८)

१. आत्मा क्या है? (उत्तर श्लोक संख्या ४५९-४६२)

२. अनात्मा क्या है? (३०१-४५७)

३. आत्मा-अनात्मा का लक्षण क्या है? (६११-६९७, ३०१-३०९)

४. आत्मा-अनात्मा का अध्यास क्या है?

सामान्य अध्यास (४६३-५०१)

विशेष अध्यास (५१९-६१०)

५. अज्ञान क्या है? (३०१-३११, ३१८-३२०)

६. अज्ञान से उत्पन्न भय का त्याग कैसे होता है? (७७३-७९१)

७. ज्ञान क्या है? (७०४-७९१)

८. ज्ञान से उत्पन्न सुख की प्राप्ति कैसे होती है? (८१९-९२३)

श्रीगुरुरुवाच

धन्यः कृतार्थस्त्वमहो विवेकः शिवप्रसादस्तव विद्यते महान् ।
विसृज्य तु प्राकृतलोकमार्गं ब्रह्मावगन्तुं यतसे यतस्त्वम् ॥२८०॥

अहो **त्वं धन्यः** पुण्यवान् सुकृती विदुषां धनमाकिञ्चन्यमित्युक्त्या वैराग्यवानेव धन्यः। *"कस्य सुखं न करोति विरागः"*, *"वैराग्यमेवाभयम्"* इत्यादिभिः वैराग्यवत एव धन्यता। *"अत्यन्तवैराग्यवतः समाधिः"* इति च। **कृतार्थः** कृतोऽर्थो येन स कृतार्थः। शास्त्रविहित-स्ववर्णाश्रमकर्मानुष्ठानेन प्राप्तवैराग्यः समाहितश्च। **अहो** तव **विवेकः** कर्मचिताँल्लोकान् परीक्ष्य, कृतेन कर्मणा यदि निरतिशयं नित्यसुखं न प्राप्यते तर्हि कर्मणां प्रयोजनं किमिति विचिन्त्य निर्वेदो जातस्तव। **तवोपरि महाञ्छिवप्रसादः** शिवस्य प्रसादः कृपाऽनुग्रहो **विद्यतेऽ**स्ति **यतस्त्वं प्राकृतलोकमार्गं** प्राकृतानां लोकानां मार्गः प्राकृतलोकमार्गस्तं प्राकृतलोकमार्गं **तु विसृज्य** त्यक्त्वा **ब्रह्म** परमात्मान**मवगन्तुं** ज्ञातुं **यतसे** प्रयत्नं करोषीत्यभिप्रायः।

श्री गुरु बोले -
तुम धन्यवाद के योग्य, कृतकृत्य हो! आनन्द की बात है कि ज्ञान होने से तुम्हारे ऊपर शिव का बड़ा अनुग्रह है क्योंकि तुम साधारण लोगों के मार्ग को त्याग कर परमात्मा को जानने की चेष्टा करते हो ॥२८०॥

अहो तुम पुण्यवान, अच्छे कर्मों वाले हो। विद्वानों का धन दरिद्रता बताया गया है - इस कथन से वैराग्यवान् ही धन्य है। 'वैराग्य किसके हृदय में सुख का संचार नहीं करता है' (भ० गो० १८), 'केवल वैराग्य से ही अभय प्राप्त हो सकता है' (वै० श० ३१) इत्यादि के द्वारा वैराग्य से युक्त की ही धन्यता कही गयी है तथा 'अत्यन्त वैराग्यवान् को ही समाधि लाभ होता है' (वि० चू० ३७६)। जिसके द्वारा सभी अर्थों को प्राप्त किया जा चुका है, वह कृतार्थ है। शास्त्र विहित अपने वर्ण-आश्रम के अनुसार कर्मों के अनुष्ठान से वैराग्य प्राप्त कर लिया है तथा जो समाहित भी है। अहो! तुम्हारा विवेक कि कर्मों द्वारा प्राप्त हुए लोकों की परीक्षा कर, यदि किए गए कर्मों से निरतिशय, नित्य सुख प्राप्त नहीं होता तो कर्मों का प्रयोजन क्या है - इस प्रकार विचार कर तुममें निर्वेद उत्पन्न हो गया है। तुम्हारे ऊपर शिव का प्रसाद, कृपा, अनुग्रह है क्योंकि तुम साधारण लोगों के मार्ग को त्याग कर परमात्मा को जानने के लिए प्रयत्न करते हो - ऐसा अभिप्राय है।

शिवप्रसादेन विना न सिद्धिः शिवप्रसादेन विना न बुद्धिः । शिवप्रसादेन विना न युक्तिः शिवप्रसादेन विना न मुक्तिः ॥२८१॥

स्पष्टोऽर्थः।

शिवजी की कृपा के बिना सफलता नहीं होती, शिवजी के अनुग्रह के बिना ज्ञान नहीं होता, शिवजी की कृपा के बिना योग नहीं होता, शिवजी की कृपा के बिना मुक्ति नहीं होती ॥२८१॥

अर्थ स्पष्ट है।

यस्य प्रसादेन विमुक्तसङ्गाः शुकादयः संसृतिबन्धमुक्ताः । तस्य प्रसादो बहुजन्मलभ्यो भक्त्यैकगम्यो भवमुक्तिहेतुः ॥२८२॥

यस्य शिवस्य **प्रसादेना**नुग्रहेण **शुकादयः** शुकजनकवामदेवादयो **विमुक्तसङ्गा** विमुक्तः सङ्गो येषां ते विमुक्तसङ्गा विरक्ताः **संसृतिबन्धमुक्ताः** संसृतिरेव बन्धः संसृतिबन्धस्तस्मान्मुक्ताः संसृतिबन्धमुक्ता अविद्याकामकर्मबन्धनान्मुक्ताः। **तस्य** शिवस्य **प्रसादो बहुजन्मलभ्यो** बहूनां जन्मनामन्ते लभ्यो बहुजन्मलभ्यो **भक्त्यैकगम्यो** भक्त्यैव गम्यो भक्त्यैकगम्यो **भवमुक्तिहेतुर्भ**वात्संसारान्मुक्तेर्हेतुर्भवमुक्तिहेतुरस्तीति।

जिनके अनुग्रह से शुक आदि समस्त आसक्तियों से मुक्त होकर संसार बन्धन से मुक्त हो गए, उनका अनुग्रह अनेकों जन्मों में की हुई एकमात्र भक्ति के द्वारा प्राप्त होने पर संसार बन्धन से मुक्त होने का कारण है ॥२८२॥

शिव के अनुग्रह से शुकदेव, जनक, वामदेव आदि सङ्ग से मुक्त अर्थात् विरक्त हो संसार बन्धन से मुक्त; अविद्या, काम, कर्म के बन्धन से मुक्त हो गए। शिव का प्रसाद अनेक जन्मों के बाद प्राप्त होता है, एकमात्र भक्ति से ही प्राप्त होता है। वह ही संसार रूपी भव से मुक्ति का हेतु है।

विवेको जन्तूनां प्रभवति जनिष्वेव बहुषु प्रसादादेवैशाद्बहुसुकृतपाकोदयवशात् ।
यतस्तस्मादेव त्वमपि परमार्थावगमने कृतारम्भः पुंसामिदमिह विवेकस्य तु फलम् ॥२८३॥

यतो बहुष्वनेकेषु जनिषु जन्मस्वेव **बहुसुकृतपाकोदयवशाद्ब**हूनि च तानि सुकृतानि बहुसुकृतानि, तेषां पाको बहुसुकृतपाकस्तस्योदयो बहुसुकृतपाकोदयस्तद्वशाद्बहुसुकृतपाकोदयवशादनेकजन्मार्जितपुण्यफलपाकादित्यर्थ **ऐशादी**शस्य **प्रसादाद**नुग्रहा**देव जन्तूनां** सर्वप्राणिनां **विवेकस्त**ज्जन्यवैराग्यञ्च **प्रभवत्यु**त्पद्यते। *"ईश्वरानुग्रहादेव पुंसामद्वैतवासना"* इति स्मृतत्वा**त्तस्मादेव त्वमपि परमार्थावगमने** परमश्चासावर्थश्च परमार्थस्तस्यावगमनं ज्ञानं परमार्थावागमनं तस्मिन्परमार्थावगमने ब्रह्मात्मज्ञाने **कृतारम्भः** कृत आरम्भो येन स कृतारम्भस्त्वमसि। तादृशस्त्वमारम्भमात्रेणैव न कृतार्थस्तस्मात्स्वस्यापरिच्छिन्नस्वयम्प्रकाशापरोक्षत्वज्ञानायाधिकप्रयत्नं कुर्विति शेषः। **इहा**स्मिँल्लोके **त्विदं पुंसां विवेकस्य** ब्रह्मजिज्ञासाया **फलमि**तिभावः।

क्योंकि अनेकों जन्मों में ही अनेकों पुण्यों के फलों का उदय होने के कारण ईश्वर अनुग्रह से ही प्राणियों का विवेक उत्पन्न होता है। इसीलिए तुम भी यथार्थ वस्तु को जानने में उद्योगी हो, इस संसार में यह तो पुरुषों के विवेक का फल है ॥२८३॥

अनेक जन्मों में बहुत से एकत्रित पुण्य फलों के उदय होने के कारण ईश्वर के अनुग्रह से ही सभी प्राणियों का विवेक तथा विवेक जनित वैराग्य उत्पन्न होता है। 'ईश्वर के अनुग्रह से ही पुरुष में अद्वैत की वासना उत्पन्न होती है' (अ० गी० १।१) स्मृति के अनुसार तुम भी परमार्थ के ज्ञान के लिए, ब्रह्म-आत्म ज्ञान में उद्योगी हो। उसी तरह तुम आरम्भ मात्र करने से ही कृतार्थ हो गए हो, इसीलिए अपने अपरिच्छिन्न स्वयं प्रकाश अपरोक्ष ज्ञान के लिए अधिक प्रयत्न करो। इस लोक में यह तो पुरुषों की ब्रह्म जिज्ञासा का ही फल है - ऐसा भाव है।

पण्डिता वेदान्तवेदिनो वदन्ति -

पण्डित वेदान्त के जानने वाले भी कहते हैं -

मर्त्यत्वसिद्धेरपि पुंस्त्वसिद्धेर्विप्रत्वसिद्धेश्च विवेकसिद्धेः । वदन्ति मुख्यं फलमेव मोक्षं व्यर्थं समस्तं यदि चेन्न मोक्षः ॥२८४॥

मर्त्यत्वसिद्धेर्मर्त्यत्वस्य मनुष्यत्वस्य सिद्धेः प्राप्तेः **पुंस्त्वसिद्धेः** पुरुषत्वप्राप्ते**रपि विप्रत्वसिद्धेर्वै**दिकधर्ममार्गानुष्ठानस्य च **विवेकसिद्धेर्वि**वेकस्य संसारपरीक्षणस्य वैराग्यस्य च **मुख्यं** प्रधानं **फलं मोक्षमेव वदन्ति**। **यदि मोक्षो न चेत्समस्तं व्यर्थमे**व मनुष्यत्वं पुंस्त्वं विप्रत्वं चेत्येतेषां प्राप्त्यनन्तरं यदा विवेकादिना वैराग्यं जायते तदा सर्वस्यैतस्य मोक्ष एव फलं तस्मात्तत्सिद्ध्य एव प्रयत्नः कर्तव्य इत्यर्थः।

मनुष्यत्व प्राप्ति, पुरुषत्व प्राप्ति, ब्राह्मणत्व प्राप्ति तथा वैराग्य प्राप्ति का प्रधान फल मोक्ष को ही कहते हैं; यदि मोक्ष न हो तो सब व्यर्थ है ॥२८४॥

मनुष्यत्व के सिद्ध अथवा प्राप्त होने पर, पुरुषत्व के प्राप्त होने पर भी, वैदिक धर्ममार्ग के अनुष्ठान तथा विवेक से संसार परीक्षण कर वैराग्य का प्रधान फल मोक्ष को ही कहते हैं। यदि मोक्ष न हो तो सब व्यर्थ है। मनुष्यत्व पुंस्त्व विप्रत्व इन सभी के प्राप्त होने के बाद जब विवेकादि वैराग्य उत्पन्न होते हैं तब उन सभी का मोक्ष ही फल है। इसीलिए उसकी सिद्धि के लिए ही प्रयत्न करना कर्तव्य है - ऐसा अर्थ है।

प्रश्नः समीचीनतरस्तवायं यदात्मतत्त्वावगमे प्रवृत्तिः । ततस्तवैतत्सकलं समूलं निवेदयिष्यामि मुदा शृणुष्व ॥२८५॥

हे सोम्य, **तवायं प्रश्न** आत्मानात्मविषयको ज्ञानाज्ञानविषयकश्च **समीचीनतरो**ऽत्यन्तसम्यङ्क केवलस्तव कल्याणकारी परन्तु सर्वेषां, निगूढश्च **यदात्मतत्त्वावगम** आत्मनस्तत्त्वं स्वरूपं याथात्म्यमात्मतत्त्वं तस्यावगमो बोध

आत्मतत्त्वावगमस्तस्मिन्नात्मतत्त्वावगमे तव **प्रवृत्तिः** सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकगुरूपसत्तिर्ब्रह्मजिज्ञासा च सञ्जाता। **ततो** यतस्त्वं सत्यधृतिस्तस्मात्**तव त्वामेतत्सकलं** यत्त्वया पृष्टं **तत्समूलं** सहेतुकं **निवेदयिष्यामि** वदिष्यामि **मुदा** प्रसन्नतया **शृणुष्वे**ति।

तुम्हारा यह प्रश्न बहुत श्रेष्ठ है क्योंकि आत्मतत्त्व को जानने में रूचि हुई है। इसीलिए तुम्हारे लिए यह सब मूल सहित कहूँगा, जिसे तुम प्रसन्नता पूर्वक सुनो ॥२८५॥

हे सोम्य! तुम्हारा यह आत्म-अनात्म विषयक तथा ज्ञान-अज्ञान विषयक प्रश्न अत्यन्त सम्यक् है। केवल तुम्हारे लिए नहीं, परन्तु सभी के लिए कल्याणकारी तथा निगूढ भी है। सर्वकर्म संन्यास तथा गुरू उपसत्ति से ब्रह्मजिज्ञासा, आत्म तत्त्व स्वरूप को यथार्थ जानने में तुम्हारी रूचि हुई है। क्योंकि तुम सत्य बुद्धि वाले हो, इसीलिए तुम्हारे द्वारा जो पूछा गया है, वह मैं हेतु सहित कहूँगा, प्रसन्नता के साथ सुनो।

मर्त्यत्वं त्वयि कल्पितं भ्रमवशात्तेनैव जन्मादयः तत्सम्भावितमेव दुःखमपि ते नो वस्तुतस्तन्मृषा ।
निद्रामोहवशादुपागतसुखं दुःखं च किं नु त्वया सत्यत्वेन विलोकितं क्वचिदपि ब्रूहि प्रबोधागमे ॥२८६॥

त्वयि मर्त्यत्वं मनुष्यत्वमहं मनुष्यो मरिष्यामीति ज्ञानं **भ्रमवशान्मो**हात्**कल्पितं तेन** भ्रमे**णैवा**त्माज्ञानजन्याध्यासेनैव तव **जन्मादयो** जन्ममृत्युजराव्याधिसंसरणादय**स्तत्सम्भावितं** तदज्ञानं तस्मादज्ञानात्सम्भावितं तत्सम्भावित**मेव दुःखमपि** तव। **वस्तुतस्ते** तव दुःखं **नो,** कस्मात्**तन्मृषा** तद्दुःखं मृषा मिथ्या। हे सोम्य, **निद्रामोहवशान्नि**द्राऽग्रहणं सुषुप्तिस्तज्जन्यमोहोऽन्यथाग्रहणं स्वप्नं निद्रा च मोहश्च निद्रमोहौ तद्वशान्निद्रामोहवशा**दुपागतसुखं दुःखं च त्वया प्रबोधागमे** प्रबोधस्य जाग्रत आगमे **क्वचिदपि सत्यत्वेन** यथार्थरूपेण **किं नु विलोकितं ब्रूहि** वद।

भ्रम के कारण से मर्त्यता तुममें कल्पित है। उसी के द्वारा जन्म आदि [कल्पित हैं]। उसी से उत्पन्न तुम्हारा दुःख भी वस्तुतः मिथ्या है, हे शिष्य! क्या निद्रारूप अज्ञान के कारण से प्राप्त हुआ सुख और दुःख तुमने जागने पर कहीं भी यथार्थ रूप से देखा है, बताओ? ॥२८६॥

मनुष्यत्व - 'मैं मनुष्य हूँ, मैं मरूँगा' यह ज्ञान मोह कल्पित है। उसी भ्रम द्वारा आत्मा के अज्ञान से उत्पन्न अध्यास के कारण ही तुम्हारे जन्म-मृत्यु, जरा-व्याधि संसरण आदि हैं। उस अज्ञान से तुम्हारा दुःख उत्पन्न हुआ है। वास्तव में तुम्हें दुःख नहीं है, वह दुःख मिथ्या है। हे सोम्य! अग्रहण, सुषुप्ति जनित मोह, अन्यथा ग्रहण, स्वप्न - यह सब निद्रा रूप मोह के वशीभूत होकर तुमने जो सुख-दुःख प्राप्त किए हैं, उन्हें जागने पर कहीं भी यथार्थ रूप से देखा है, बताओ?

शिष्यस्याशङ्कामाचार्यः स्ववचनेन विशदयन्नष्टभिः श्लोकैः सदृष्टान्तं समाधानं करोति नाशेषलोकैरित्यादिना -

आचार्य शिष्य की इस शङ्का को अपने वचनों द्वारा स्पष्ट करते हुए, आठ श्लोकों के द्वारा दृष्टान्त सहित समाधान करते हैं 'नाशेषलोकैः' इत्यादि से -

नाशेषलोकैरनुभूयमानः प्रत्यक्षतोऽयं सकलप्रपञ्चः । कथं मृषा स्यादिति शङ्कनीयं विचारशून्येन विमुह्यता त्वया ॥२८७॥

अशेषलोकैः सर्वैः **प्रत्यक्षतः** प्रत्यक्षे**णानुभूयमानोऽयं सकलप्रपञ्चः** प्रमितिप्रमाणप्रमेयप्रमातृलक्षणः **कथं मृषा स्यादिति विचारशून्येन** विचारविहीनेन **विमुह्यता** विमोहं प्राप्तेन **त्वया न शङ्कनीयम्**। कस्मात् - उच्यते।

सभी लोक प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किये जाते हैं, यह सम्पूर्ण जगत् कैसे मिथ्या होगा? ऐसे विचारहीन मोह को प्राप्त होते हुए तुम्हें शङ्का नहीं करनी चाहिए ॥२८७॥

सभी लोकों के प्रत्यक्ष अनुभव होने के कारण प्रमिति, प्रमाण, प्रमेय, प्रमातृ लक्षण वाला यह सारा जगत् कैसे मिथ्या होगा? विचार विहीन मोह को प्राप्त होकर तुम्हें शङ्का नहीं करनी चाहिए। कैसे? इस पर कहते हैं।

दिवान्धदृष्टेस्तु दिवान्धकारं प्रत्यक्षसिद्धोऽपि स किं यथार्थः । तद्वद्भ्रमेणावगतः पदार्थो भ्रान्तस्य सत्यः सुमतेर्मृषैव ॥२८८॥

दिवान्धा दृष्टिर्यस्य स दिवान्धदृष्टिस्तस्य **दिवान्धदृष्टेस्तु दिवान्धकारं** दिवसेऽन्धकारं **प्रत्यक्षसिद्धोऽपि** साक्षादिन्द्रियसन्निकर्षेण सिद्धोऽपि **स किं यथार्थो** वास्तविकः? **तद्वद्भ्रमेणावगतो** ज्ञातः **पदार्थो भ्रान्तस्य सत्यो** न तु **सुमतेर्भ्रा**न्तिरहितस्य तस्य स **मृषैवे**त्यर्थः।

दिन में अन्धी है जिनकी दृष्टि ऐसे पुरुष को तो दिन में अंधेरा प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध होने पर भी वह क्या वास्तविक है? वैसे ही भ्रम से जाना हुआ पदार्थ भ्रम में पड़े हुए के लिए सत्य है, बुद्धिमान् के लिए तो मिथ्या ही है ॥२८८॥

दिन में अन्धी है दृष्टि जिसकी उस दिवान्ध दृष्टि पुरुष को तो दिन में अन्धकार साक्षात् इन्द्रियों के अति समीप से सिद्ध होने पर भी क्या वह वास्तविक है? वैसे ही भ्रम से जाना हुआ पदार्थ भ्रम में पड़े हुए को सत्य प्रतीत होता है, परन्तु भ्रान्ति रहित वाले के लिए वह मृषा ही है - ऐसा अर्थ है।

घटोऽयमित्यत्र घटाभिधानः प्रत्यक्षतः कश्चिदुदेति दृष्टेः । विचार्यमाणे स तु नास्ति तत्र मृदस्ति तद्भावविलक्षणा सा ॥२८९॥

अयं घट इत्यत्र प्रत्यक्षतो दृष्टेरिन्द्रियप्रत्यक्षतया दृष्ट्या **कश्चिद्घटाभिधानः** पदार्थो घटबुद्धिश्च प्रत्यक्षप्र**मोदेति तु विचार्यमाणे** चिन्तिते **स घटस्तत्र नास्ति**। **तद्भावविलक्षणा** तस्य घटस्य भावस्तद्भावस्तस्माद्विलक्षणा तद्भावविलक्षणा **सा मृन्मृ**त्तिका **तत्रास्ति**। आचार्यप्रवरैरुक्तम् - *"कार्ये हि कारणं पश्येत् पश्चात् कार्यं विसर्जयेत्। कारणत्वं ततो नश्येदवशिष्टं भवेन्मुनिः॥"* एतदेवाध्यारोपापवादप्रक्रिया। घटे कार्ये प्रथमतया मृत्तिकां दृष्ट्वा पश्चाद्घटस्य स्वतन्त्रसत्ता निषिध्येत। तेन मृत्तिकायाः कारणत्वं नश्येत्। तदा कार्यकारणविलक्षणा मृत्तिकाऽवशिष्टा भवेत्। तद्वज्जगत्कारणं ब्रह्म ज्ञात्वा कार्यकारणविलक्षणं ब्रह्मैव शिष्टं भवेत्। तथा च श्रुतिः *"वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्"* इति।

'यहाँ यह घट है' ऐसे प्रत्यक्ष दृष्टि से कोई एक घट बुद्धि उत्पन्न होती है, किन्तु विचार करके देखने पर वह घट वहाँ नहीं है। घटभाव से अन्य प्रकार की वह मृत्तिका है ॥२८९॥

इन्द्रियों से प्रत्यक्षतया देखने पर कोई एक पदार्थ अथवा घट बुद्धि तथा प्रत्यक्ष प्रमा उत्पन्न होती है, किन्तु चिन्तन करने पर वहाँ घट नहीं है। उस घटभाव से भिन्न स्वभाव वाली वह मृत्तिका है। आचार्यप्रवर द्वारा कहा गया है - 'पहले कार्य से कारण का निश्चय करें, पीछे कार्य का त्याग कर दें। कार्य का त्याग करने पर कारण ही शेष रह जाये, इसी प्रकार कार्य के वर्जित होने से मुनि स्वयं चिन्मय स्वरूप हो जाये' (अ० अनु० १३९)। यह ही अध्यारोप अपवाद की प्रक्रिया है। घट कार्य में पहले मृत्तिका देखकर पश्चात् घट की स्वतन्त्र सत्ता का निषेध कर दें। उसके द्वारा मृत्तिका का कारणत्व नष्ट कर दें। तब कार्य-कारण विलक्षण मृत्तिका ही शेष रह जाये। उसी प्रकार जगत् का कारण ब्रह्म को जानकर कार्य-कारण विलक्षण ब्रह्म ही शेष रह जाये। तथा श्रुति भी कहती है 'विकार केवल वाणी के आश्रयभूत नाममात्र हैं, सत्य तो केवल मृत्तिका ही है' (छा० उ० ६।१।४)।

प्रादेशमात्रः परिदृश्यतेऽर्कः शास्त्रेण सन्दर्शितलक्षयोजनः ।
मानान्तरेण क्वचिदेति बाधां प्रत्यक्षमप्यत्र हि न व्यवस्था ॥२९०॥

अर्कः सूर्यः **प्रादेशमात्रः परिदृश्यते** *"अङ्गुष्ठस्य प्रदेशिन्या व्यासः प्रादेश उच्यते"* इति **शास्त्रेण सन्दर्शितलक्षयोजनः** सन्दर्शितानि लक्षं योजनानि यस्मै स सन्दर्शितलक्षयोजन उच्यते। **मानान्तरेणा**न्यप्रमाणेन **क्वचिद्बाधामेति** तस्मादत्र **प्रत्यक्षमपि** प्रमाणं लक्षं योजनानि यस्मै स सन्दर्शितलक्षयोजन उच्यते। **मानान्तरेणा**न्यप्रमाणेन **क्वचिद्बाधामेति** तस्मादत्र **प्रत्यक्षमपि** प्रमाणं **व्यवस्था**

निर्णायकं **हि न** भवति। प्रत्यक्षप्रमाऽपि प्रबलप्रमाणेन बाध्यत इति। तद्वदहं ब्रह्मास्मीति शास्त्रप्रमाणजन्यज्ञानमहं देहोऽस्मि संसार्यस्मीति सर्वं प्रत्यक्षादिजन्यं ज्ञानं बाधत इति।

सूर्य प्रादेशमात्र दिखाई देता है। शास्त्र के द्वारा लाख योजन का विस्तार है। अन्य प्रमाण के द्वारा कहीं अपवाद को प्राप्त होता है क्योंकि इस विषय में प्रत्यक्ष प्रमाण भी निर्णय कराने वाला नहीं है ॥२९०॥

सूर्य प्रादेशमात्र दिखता है 'अङ्गुष्ठ तथा प्रदेश की दूरी को प्रादेश कहते हैं', शास्त्र के द्वारा लाख योजन का बताया जाता है जो उसे लक्षयोजन कहते हैं। अन्य प्रमाण के द्वारा कहीं अपवाद को प्राप्त होता है, इसीलिए इस विषय में प्रत्यक्ष प्रमाण भी निर्णय कराने वाला नहीं है। प्रत्यक्ष प्रमा भी प्रबल प्रमाण से बाधित होती है। उसी प्रकार शास्त्र प्रमाण से उत्पन्न ज्ञान 'मैं ब्रह्म हूँ' सब प्रत्यक्ष आदि जनित ज्ञान 'मैं देह हूँ, संसारी हूँ' का बाध कर देता है।

तस्मात्त्वयीदं भ्रमतः प्रतीतं मृषैव नो सत्यमवेहि साक्षात् । ब्रह्म त्वमेवासि सुखस्वरूपं त्वत्तो न भिन्नं विचिनुष्व बुद्धौ ॥२९१॥

तस्मात्प्रत्यक्षप्रमाणस्यापि बाधदर्शनात्**त्वयि भ्रमतः प्रतीतमिदं** संसरणं कर्तृत्वं भोक्तृत्वं प्रमातृत्वं परिच्छिन्नत्वमागमापायित्वं सर्वमिदं **मृषैव साक्षाद्**यत्प्रत्यक्षं त**न्नो सत्यमित्यवेहि**। प्रत्युत यद्दृश्यं तत्सर्वं मिथ्या रज्जुसर्पवत्। **त्वमेव सुखस्वरूपं ब्रह्मा**ऽऽनन्दघनः परमात्मा**ऽसि त्वत्तो भिन्नं** पृथग्ब्रह्म **ना**स्तीति **बुद्धौ विचिनुष्व** विचिन्तयेति।

इसीलिए तुममें जो भ्रम के कारण प्रतीत हो रहा है, यह प्रत्यक्ष यथार्थ नहीं मिथ्या ही है। तुम ही सुख स्वरूप ब्रह्म हो, तुमसे पृथक् कुछ नहीं है - ऐसा बुद्धि में विचार करो ॥२९१॥

प्रत्यक्ष प्रमाण को भी बाधित होते देखा गया है, इसीलिए तुममें भ्रम के कारण संसरण, कर्तृत्व, भोक्तृत्व, प्रमातृत्व, परिच्छिन्नत्व, आगमापायित्व - सब प्रतीत होते हैं। जो प्रत्यक्ष दिखाई देता है, उसे भी सत्य मत समझो। वरन् जो दृश्य है, वह सब मिथ्या है रज्जु सर्प के जैसे। तुम ही आनन्दघन परमात्मा हो। तुमसे पृथक् ब्रह्म नहीं है - ऐसा बुद्धि में विचार करो।

लोकान्तरे वात्र गुहान्तरे वा तीर्थान्तरे कर्मपरम्परान्तरे । शास्त्रान्तरे नास्त्यनुपश्यतामिह स्वयं परं ब्रह्म विचार्यमाणे ॥२९२॥

अत्र संसारे **लोकान्तरे** स्वर्गाद्यन्यलोके **वा गुहान्तरे वा** गिरिगुहायां वा **तीर्थान्तरे** तीर्थक्षेत्रे वा **कर्मपरम्परान्तरे** नानाकर्मसु वा **शास्त्रान्तरे**ऽन्यशास्त्रेषु ब्रह्म **नास्तीतीह**ास्मिन्विषये **विचार्यमाणे** सत्य**नुपश्यतां** तत्त्वज्ञानिनः शास्त्राचार्योपदेशानु पश्चाज्जानतां **स्वयम**ात्मैव **परं ब्रह्म** ज्ञायत इत्यभिप्रायः।

एतदुक्तं भवति प्रश्नद्वयस्य परिहारविषये -

अबाधितानधिगतब्रह्मप्रतिपादकानामतिशयानन्दब्रह्मप्राप्तिपर्यवसायिनामपौरुषेयवेदान्तानां विधिवच्छ्रवणादिव्यापारेणाहं कूटस्थाव्यभिचारि स्वयम्प्रकाशापरिच्छिन्नस्तुरीयोऽस्मीत्यसन्दिग्धप्रमोत्पद्यते। यस्मात्सा प्रबलप्रमाणोत्पन्नोपजीव्यप्रत्यक्ष-प्रमाणस्य दुर्बलत्वात्तस्मात्प्रत्यक्षप्रमाबाधेन विद्योदेति। यदोत्पन्ना तदा सा वेदान्तजन्यविद्या प्रत्यक्षानुभवेन पुनर्न बाधिता भवेत्, वेदान्तप्रमाणजन्यप्रमाया बाधायोग्यत्वादपरोक्षात्मनः स्वयं सिद्धत्वात्परनिरपेक्षसत्तारूपत्वात्। वेदान्तवाक्योत्थं ज्ञानं प्रबलं निषेद्धुमशक्यमित्यर्थः। *"पूर्वबुद्धिमबाधित्वा नोत्तरा जायते मतिः। दृष्टिरेकः स्वयंसिद्धः फलत्वात्स न बाध्यते॥"* इति च।

इस संसार में, स्वर्ग आदि लोक में, किसी गुहा में या किसी तीर्थ में, किसी कर्म परम्परा में, किसी शास्त्र में ब्रह्म नहीं मिलता। तत्त्वज्ञानियों ने इस विषय पर विचार करने पर स्वयं को ही परब्रह्म जाना है ॥२९२॥

इस संसार में, स्वर्ग आदि अन्य लोक में या किसी पहाड़, गुहा में, तीर्थ क्षेत्र में, नाना प्रकार के कर्मों में या अन्य शास्त्रों में ब्रह्म नहीं है।

इस विषय में तत्त्व ज्ञानियों ने शास्त्र, आचार्य के उपदेश के पश्चात् स्वयं को ही परम ब्रह्म जाना है - ऐसा अभिप्राय है।

दो प्रश्नों के परिहार के विषय में ऐसा कहते हैं -

अबाधित, अनधिगत ब्रह्म के प्रतिपादक, अतिशय आनन्द रूप ब्रह्म की प्राप्ति के पर्यवसायी, अपौरुषेय वेदान्त का विधिवत् श्रवण आदि करने के पश्चात् मैं कूटस्थ, अव्यभिचारी, स्वयं प्रकाश, अपरिच्छिन्न, तुरीय हूँ - ऐसी असन्दिग्ध प्रमा उत्पन्न होती है। क्योंकि वह प्रबल प्रमाण से उत्पन्न हुई है तथा प्रत्यक्ष प्रमाण के दुर्बल होने के कारण प्रत्यक्ष प्रमा का बाध होकर विद्या का उदय होता है। जब वह उत्पन्न होती है, तब वह वेदान्त जनित विद्या प्रत्यक्ष अनुभव [अन्य प्रमाण से] से पुनः बाधित नहीं होती क्योंकि वेदान्त प्रमाण जनित प्रमा का बाध नहीं होता - वह स्वतः सिद्ध अपरोक्ष आत्म स्वरूप प्रमा किसी अन्य सत्ता की अपेक्षा न रखने वाली होती है। वेदान्त वाक्यों से उत्पन्न ज्ञान प्रबल है जिसका निषेध करना असम्भव है - ऐसा अर्थ है। तथा कहा भी गया है 'पूर्व बुद्धि का बाध किए बिना नयी बुद्धि उत्पन्न नहीं होती। शुद्ध चेतना, आत्मा का केवल एक स्वतन्त्र अस्तित्व है और इसे कभी भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि यह साक्ष्य का परिणाम है' (उ० सा० २।३)।

तत्त्वमात्मस्थमज्ञात्वा मूढः शास्त्रेषु पश्यति । गोपः कक्षगतं छागं यथा कूपेषु दुर्मतिः ॥२९३॥

मूढोऽज्ञानी स्वस्मि**न्नात्मस्थं तत्त्वं** स्वरूप**मज्ञात्वा शास्त्रेषु पश्यति यथा दुर्मतिर्गोपो** मन्दबुद्धिः **कक्षगतं छागम**जं **कूपेषु** पश्यति। शास्त्रमात्मनोऽपरोक्षस्वयम्प्रकाशस्वरूपं ब्रह्मरूपेण दर्शयतीत्यभिप्रायः।

अज्ञानी अपने में स्थित स्वरूप को न जानकर शास्त्रों में देखता है। जैसे मन्दबुद्धि गोप बगल में बकरे को न देखकर कूप में देखता है ॥२९३॥

जैसे मन्दबुद्धि गोप बगल में छिपे बकरे को कूप में देखता है, वैसे ही अज्ञानी स्वयं में स्थित स्वरूप को न जानकर शास्त्रों में देखता है। शास्त्र आत्मा को अपरोक्ष, स्वयं प्रकाश स्वरूप, ब्रह्मरूप से बताते हैं।

स्वमात्मानं परं मत्वा परमात्मानमन्यथा । विमृग्यते पुनः स्वात्मा बहिः कोशेषु पण्डितैः ॥२९४॥

स्वमात्मानं स्वस्वरूपं **परं मत्वा**ऽनात्मरूपं पञ्चकोशात्मरूपं मत्वा परमात्मानं ब्रह्मान्यथा जीवभिन्नं मत्वा **पुनः पण्डितैः** पण्डितमन्यमानैः **स्वात्मा कोशेषु** पञ्चकोशेषु **बहिर**न्यत्र **विमृग्यते**ऽज्ञानवशात्। सर्वो ह्यज्ञोऽत्यन्तप्रसिद्धं साक्षादपरोक्षमात्मानं तिरस्कृत्यानात्मानमात्मत्वेन परिगृह्णाति। उक्तं हि ब्रह्मणा - *"त्वमात्मानं परं मत्वा परमात्मानमेव च। आत्मा पुनर्बहिर्मृग्य अहोऽज्ञजनताज्ञता॥"* इति। पण्डितशब्दोऽत्र परोक्षज्ञानिनां तार्किकाणामुपहासार्थमिति।

अपने स्वरुप को ब्रह्म से भिन्न मानकर, ब्रह्म को जीव से भिन्न जानकर, फिर पण्डितों द्वारा इसे बाहर के कोशों में खोजा जाता है ॥२९४॥

अपने स्वरूप को अनात्म रूप, पञ्चकोश रूप मानकर, ब्रह्म को जीव से भिन्न मानकर अन्य पण्डितों द्वारा अज्ञान के कारण अपनी आत्मा को अन्यत्र पञ्चकोशों में खोजा जाता है। निश्चित ही सभी अज्ञानी अत्यन्त प्रसिद्ध साक्षात् अपरोक्ष आत्मा को छोड़कर अनात्मा को आत्मरूप से ग्रहण करते हैं। ब्रह्मा जी द्वारा कहा गया है - 'भगवन्! कितने आश्चर्य की बात है कि आप हैं अपने आत्मा, पर लोग आपको पराया मानते हैं। और शरीर आदि हैं पराये, किन्तु उनको आत्मा मान बैठते हैं। और इसके बाद आपको कहीं अलग ढूँढने लगते हैं। भला, अज्ञानी जीवों का यह कितना बड़ा अज्ञान है' (श्रीम० भा० १०।१४।२७)। यहाँ 'पण्डित' शब्द परोक्ष ज्ञानियों, तार्किकों के उपहास अर्थ में है।

विस्मृत्य वस्तुनस्तत्त्वमध्यारोप्य च वस्तुनि । अवस्तुतां च तद्धर्मान्मुधा शोचति नान्यथा ॥२९५॥

नरो **वस्तुनः** सतस्तत्त्वं स्वरूपं **विस्मृत्य वस्तुन्यवस्तुतां तद्धर्मां**श्चावस्तुतद्धर्मां**श्चाध्यारोप्य मुधा** वृथा **शोचति**। **अन्यथा**ऽध्यारोपं

विना **न** शोचति। वस्तुन्यवस्त्वारोपोऽध्यारोपोऽध्यासः। अतस्मिंस्तद्बुद्धिरित्यर्थः।

पदार्थ के स्वरूप को भूलकर वस्तु में मिथ्या वस्तु तथा उसके धर्मों का आरोपण करके वृथा शोक करता है, अन्यथा नहीं ॥२९५॥

मनुष्य सत् के स्वरूप को भूलकर वस्तु में मिथ्या वस्तु तथा उस वस्तु के धर्मों का आरोपण करके वृथा शोक करता है। अध्यारोप न होने पर शोक नहीं करता है। वस्तु में मिथ्या वस्तु का आरोप अध्यारोप, अध्यास है। जो नहीं है, उसमें है - ऐसी बुद्धि करना - ऐसा अर्थ है।

आत्मानात्मविवेकः

आत्मानात्मविवेकं ते वक्ष्यामि श्रृणु सादरम् । यस्य श्रवणमात्रेण मुच्यतेऽनात्मबन्धनात् ॥२९६॥

आत्मानात्मविवेकमात्मा चानात्मा चात्मानात्मानौ तयोर्विवेक आत्मानात्मविवेकस्तमात्मानात्मविवेकं **ते** तुभ्यं **वक्ष्यामि सादरं** महत्त्वबुद्ध्या **श्रृणु यस्य श्रवणमात्रेणानात्मबन्धनादा**त्मभिन्नवस्तुबन्धना**न्मुच्यते** मनुष्य इति।

अत्र श्रवणमात्रेणानात्मबन्धनान्मुक्तिरित्युक्तम्। ननु श्रुतिस्तु *"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो"* इति। कथं नु खलु श्रवणमात्रेण मुक्तिर्भवति। उच्यते - अत्राचार्यप्रवरस्यायमभिप्रायः - श्रवणमात्रपदेन न केवलेन कर्मणा, न कर्मणा समुचितेन ज्ञानेन मोक्षः, किन्तु मनननिदिध्यासनाद्यङ्गसहितेन श्रवणेन। श्रवणस्याङ्गित्वात्प्राधान्यं तत्तु प्रमाणविचारत्वेन पूर्वमाचार्यत आगमतश्च कर्तव्यम्। पश्चात्तर्कतश्च मननं च निश्चयेन ध्यानं यथा मनस उत्तमा शान्तिर्वर्णिता तथाविधं ध्यानं कर्तव्यं ज्ञानस्य वस्तुतन्त्रत्वात्तेनैव मुक्तिस्सिद्ध्यति न कर्मणा न समुच्चयेन वा। यदैतानि श्रवणमनननिदिध्यासनान्येकत्वमुपगतानि तदा सम्यग्दर्शनं सिद्ध्यति नान्यथा श्रवणमात्रेण प्रतिबन्धप्रध्वंसाभावादङ्गस्यानुष्ठानेन वाक्यस्य ज्ञानजनकत्वयोगाच्चेति दिक्।

अथवा विकल्पेनैतदपि सम्भाव्यते -

श्रवणमात्रेण पदेन सकृच्छ्रवणादेवापरोक्षज्ञानं भवति। यस्मात्तत्त्वमस्यादिवाक्यं तमोनिवर्तकं तस्मात्क्षपिताशेषप्रतिबन्धेऽधिकारिविशेषे साधनचतुष्टयसम्पन्ने सकृत्प्रवृत्तमेव प्रत्यक्षवदात्माऽज्ञाननाशं कुर्यादेव दशमस्त्वमसीति वाक्यवत्। तस्माच्छ्रवणमात्रेणोत्तमाधिकारिणामप्रतिबद्धापरोक्षज्ञानं जायत इति। यथा नचिकेताः पूर्णाधिकारी सदा ब्रह्मनिष्ठतया विरजोऽमृतोऽभूत्तथाऽन्येऽपि सम्भवेयुरेव।

मैं तुम्हारे लिए आत्मा तथा अनात्मा के विवेक को कहूँगा, उसे तुम आदर के साथ सुनो। जिसको सुनने मात्र से अनात्मा के बन्धन से मुक्त हो जाता है ॥२९६॥

मैं तुम्हारे लिए आत्मा तथा अनात्मा के विवेक को कहूँगा, उसे तुम महत्त्व बुद्धि के साथ सुनो। जिसको सुन लेने से मनुष्य आत्मभिन्न वस्तुओं के बन्धन से छूट जाता है।

यहाँ श्रवण मात्र से आत्मभिन्न वस्तुओं के बन्धन से मुक्ति कही गयी है। किन्तु श्रुति तो कहती है 'आत्मा ही देखने (जानने), सुनने, मनन तथा निदिध्यासन करने योग्य है' (बृ० उ० २।४।५)। फिर किस प्रकार श्रवण मात्र से मुक्ति होती है? कहते हैं - यहाँ आचार्यप्रवर का यह अभिप्राय है - श्रवण मात्र पद से न केवल कर्म से या न कर्म के साथ ज्ञान से मोक्ष होता है; किन्तु मनन, निदिध्यासन आदि अङ्गों सहित श्रवण करने से मोक्ष होता है। श्रवण का अङ्गी होने से प्राधान्य है किन्तु प्रमाण विचार से पूर्व आचार्य तथा शास्त्र का कर्तव्य है। उसके पश्चात् तर्क, मनन तथा निश्चय से ध्यान जैसे मन की उत्तम शान्ति कही गयी है वैसे ही ध्यान कर्तव्य है। ज्ञान के वस्तु तन्त्र होने से उसी के द्वारा ही मुक्ति सिद्ध होती है, कर्म अथवा उसके समुच्चय से नहीं। ये जो श्रवण, मनन, निदिध्यासन एक साथ करने कहे गए हैं, तभी

सम्यक् दर्शन सिद्ध होता है अन्यथा श्रवण मात्र से प्रतिबन्ध का नाश होकर अङ्ग के अनुष्ठान से वाक्य के योग से ज्ञान होना कहा गया है।

अथवा विकल्प से यह भी सम्भव है -

श्रवण मात्र पद से एक बार श्रवण से अपरोक्ष ज्ञान होता है। क्योंकि 'तत्त्वमसि' आदि वाक्य अज्ञान का निवर्तक है, इसीलिए प्रतिबन्ध के पूर्ण रूप से नष्ट होने पर विशेष रूप से साधन चतुष्टय सम्पन्न होने पर अधिकारी में एक बार में ही प्रत्यक्ष आत्म अज्ञान का नाश हो जाता है, 'तुम ही दशम हो' वाक्य के जैसे। इसीलिए श्रवण मात्र से उत्तम अधिकारियों को अप्रतिबद्ध अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है। जैसे नचिकेता पूर्ण अधिकारी बन सदा ब्रह्म निष्ठा से शुद्ध, अमृत हो गया वैसे ही अन्यों में भी होना सम्भव है।

इत्युक्त्वाभिमुखीकृत्य शिष्यं करुणया गुरुः । अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्चयन् ॥२९७॥

सम्यक्प्राबोधयत्तत्त्वं शास्त्रदृष्टेन वर्त्मना । सर्वेषामुपकाराय तत्प्रकारोऽत्र दर्श्यते ॥२९८॥

गुरुर्देशिको महावाक्यश्रवणादेव ज्ञानं ज्ञानादेव तु कैवल्य**मित्युक्त्वा शिष्यं** शरणागतं **करुणयाभिमुखीकृत्य** श्रवणेन शिष्यं प्रलोभ्य तं सम्मुख**मध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं** ब्रह्म प्रपञ्चोपशमो यस्मिन् तं **प्रपञ्चयन्** विस्तृतवर्णनं कुर्वन् **शास्त्रदृष्टेन** शास्त्रविहितेन **वर्त्मना** येनैव याता यतयोऽस्य बन्धनस्य पारं तेन मार्गेण **तत्त्वमा**त्मस्वरूपं **सम्यक्प्राबोधयद्वि**ज्ञातमकार्षीत् **सर्वेषामुपकाराय** सर्वजनहिताय **तत्प्रकार** उपदेशप्रकारो**ऽत्र दर्श्यते** प्रदर्श्यत इति।

गुरु इस प्रकार कहकर दया करके शिष्य को सन्मुख करके अध्यारोप और अपवाद के द्वारा प्रपञ्चहीन ब्रह्म का विस्तार के साथ वर्णन करते हुए शास्त्र के द्वारा देखे हुए मार्ग से स्वरूप को भली प्रकार से ज्ञात कराते हुए इस विषय में सभी के उपकार के लिए उसकी रीति दिखाते हैं ॥२९७, २९८॥

'महावाक्य के श्रवण से ही ज्ञान होता है तथा ज्ञान से ही कैवल्य प्राप्त होता है' - इस प्रकार कहकर गुरु अपने शरणागत के प्रति श्रवण से शिष्य को प्रलोभित करके, उसके सन्मुख अध्यारोप अपवाद के द्वारा, प्रपञ्च शान्त हो गया है जिसमें, उस ब्रह्म का विस्तार से वर्णन करते हुए शास्त्र विहित जिस मार्ग से यतिजन इस बन्धन के पार गए हैं, उसी मार्ग से आत्म स्वरूप को भली प्रकार से सभी के कल्याण के लिए यहाँ उपदेश का प्रकार दिखाते हैं।

अध्यारोपः

वस्तुन्यवस्त्वारोपो यः सोऽध्यारोप इतीर्यते । असर्पभूते रज्वादौ सर्पत्वारोपणं यथा ॥२९९॥

यथाऽसर्पभूते रज्वादौ सर्पत्वारोपणं वस्तुनि सत्यवस्तुनि **योऽवस्त्वारोपोऽ**वस्तुनो मिथ्यावस्तुन आरोपोऽवस्त्वारोपः **सोऽध्यारोप इतीर्यते**। तथा - लौकिकपारमार्थिकवस्तुत्वेनाभिमतायां रज्जाववस्तुभूतः सर्पारोपोऽध्यारोपः। तस्य विवर्तस्य सर्परूपेणावभासमानरज्जोः रज्ज्ववच्छिन्नचैतन्यस्थाविद्या परिणाम्युपादानम्। रज्जुविवर्तस्य सर्पस्य निवृत्ती रज्जुरेव नायं सर्प इति ज्ञानेन रज्ज्ववच्छिन्नचैतन्यनिष्ठाविद्यानिवृत्तौ भवतीति सङ्ग्रहार्थः।

सत्य पदार्थ में जो मिथ्या वस्तु की कल्पना है, वह अध्यारोप है - ऐसा कहा जाता है। जैसे वास्तव में जो सर्प नहीं है, वैसे रज्जु आदि में सर्प की कल्पना करना है ॥२९९॥

सत्य पदार्थ में जो मिथ्या वस्तु की कल्पना है, जैसे रस्सी आदि में सर्प की कल्पना - वह अध्यारोप कहा जाता है। रज्जु में मिथ्या सर्प होने का आरोप अध्यारोप है, जिसे संसार में वास्तविक माना जाता है। उस विवर्त का सर्प रूप से विद्यमान रज्जु का रज्जु अवच्छिन्न चैतन्य में स्थित अविद्या परिणामी उपादान है, उसकी निवृत्ति ही रज्जु है, यह सर्प नहीं है - इस ज्ञान से रज्जु अवच्छिन्न चैतन्य निष्ठ अविद्या की

निवृत्ति होती है - ऐसा अर्थ है।

वस्तु तावत्परं ब्रह्म सत्यज्ञानादिलक्षणम् । इदमारोपितं यत्र भाति खे नीलतादिवत् ॥३००॥

पारमार्थिकं **वस्तु तावत्सत्यज्ञानादिलक्षणं परं ब्रह्म**। **ख** आकाशे **नीलतादिवद्यत्रेदं** जग**दारोपितं** कल्पितं **भाति**। त्रिकालाबाध्यत्वं पारमार्थिकत्वमिति। *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"* इति श्रुतेः।

बृहि वृद्धौ धातोरर्थो निरतिशयमहत्त्वमिति। बृंहणाद्ब्रह्मेति व्युत्पत्त्या देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यं ब्रह्म *"नित्यं विभुम्"*, *"एकमेवाद्वितीयम्"*, *"नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावम्"*। देशपरिच्छेदो ह्यत्यन्ताभावस्तदप्रतियोगित्वेन विभुम्, कालपरिच्छेदश्च प्राक्प्रध्वंसाभावौ तदप्रतियोगित्वेन नित्यम्, वस्तुपरिच्छेदश्चान्योन्याभावः तदप्रतियोगित्वेनाद्वितीयम्। अविद्यादिशून्यं शुद्धम्, जाड्यराहित्यं बुद्धम्, बन्धकालेऽपि स्वभावतो बन्धाभावो मुक्तम्, सकलगुणदोषरहितं निर्गुणमिति।

परब्रह्म यथार्थ वस्तु है, सत्य ज्ञान आदि लक्षणों वाला है। जैसे आकाश में नीलता कल्पित है, वैसे ही ब्रह्म में कल्पना किया हुआ यह जगत् प्रतीत होता है ॥३००॥

पारमार्थिक वस्तु परम ब्रह्म सत्य ज्ञान आदि लक्षणों वाला है। जैसे आकाश में नीलता आदि आरोपित हैं उसी प्रकार तीनों कालों में अबाध्य, पारमार्थिक ब्रह्म में यह जगत् कल्पित किया हुआ प्रतीत होता है। श्रुति के अनुसार 'ब्रह्म सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप है' (तै० उ० २।१)।

'बृहि' (बृहँ वृद्धौ) धातु का अर्थ है - 'निरतिशय महिमा'। बृहत् होने के कारण ब्रह्म है - इस व्युत्पत्ति के अनुसार ब्रह्म देश, काल, वस्तु के परिच्छेद से रहित 'नित्य, विभु' (मु० उ० १।१।६), 'केवल एक अद्वितीय' (छा० उ० ६।२।१), 'नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव' वाला है। देश का परिच्छेद अत्यन्त अभाव कहलाता है, उसके अप्रतियोगित्व से विभु है; काल का परिच्छेद प्राक्-प्रध्वंस अभाव है, उनके अप्रतियोगित्व से नित्य है तथा वस्तु का परिच्छेद अन्योन्य अभाव है, उसके अप्रतियोगित्व से अद्वितीय है। अविद्या आदि से रहित होने से शुद्ध, जडता से रहित होने से बुद्ध, बन्ध काल में भी स्वभाव से बन्धन का अभाव होने से मुक्त है, सभी गुण-दोष से रहित होने के कारण निर्गुण कहलाता है।

अज्ञानम्

तत्कारणं यदज्ञानं सकार्यं सद्विलक्षणम् । अवस्त्वित्युच्यते सद्भिर्यस्य बाधा प्रदृश्यते ॥३०१॥

तत्कारणमखिलप्रपञ्चोपादानं **यदज्ञानं** मूलाऽविद्या **सकार्यं** कार्येण सहितं तिसृष्ववस्थासु प्रमातृप्रमाणप्रमेयप्रमालक्षणं कार्यं तेन सहितं **सद्विलक्षणं** ब्रह्मभिन्नं वस्त्वतिरिक्तं **तत्सद्भिर्वे**दान्तवेदिभिः सूरिभि**रवस्त्वित्युच्यते यस्य बाधा** निवृत्तिर्मिथ्यात्वं **प्रदृश्यते** ज्ञायत इति।

कार्य सहित ब्रह्म से भिन्न जो जगत् का कारण है तथा जिसकी निवृत्ति देखने में आती है - ऐसे अज्ञान को पण्डितजन अवस्तु कहते हैं ॥३०१॥

जो मूलाविद्या सम्पूर्ण प्रपञ्च का उपादान कारण है, तीनों अवस्थाओं में प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय, प्रमा लक्षण वाली कार्यों के सहित, जो ब्रह्म से भिन्न, वस्तु से अतिरिक्त है, जिसकी निवृत्ति, मिथ्यात्व का ज्ञान होता है; वेदान्त को जानने वाले विद्वानों द्वारा अवस्तु कही जाती है।

अवस्तु तत्प्रमाणैर्यद्बाध्यते शुक्तिरौप्यवत् । न बाध्यते यत्तद्वस्तु त्रिषु कालेषु शुक्तिवत् ॥३०२॥

यच्छुक्तिरौप्यवच्छुक्तौ प्रतीयमानरूप्यवद्रजतवच्छुक्तिरौप्यव**त्प्रमाणैर्बाध्यते तदवस्तु** तन्मिथ्या सिध्यति। **यच्छुक्तिवत्त्रिषु कालेषु**

न बाध्यते तद्वस्तु सत्यमित्यर्थः।

सीपी में प्रतीत होने वाले रजत के समान जो प्रमाणों के द्वारा बाधित होती है, वह ही अवस्तु है तथा जो सीपी के समान तीनों कालों में बाधित नहीं होती, उसे वस्तु कहते हैं ॥३०२॥

जो शुक्ति में प्रतीत होने वाली रजत के समान प्रमाणों के द्वारा बाधित होती है, वह मिथ्या सिद्ध होती है। जो तीनों कालों में शुक्तिका के समान बाधित नहीं होता, वह सत्य पदार्थ है - ऐसा अर्थ है।

शुक्तेर्बाधा न खल्वस्ति रजतस्य यथा तथा । अवस्तुसञ्ज्ञितं यत्तज्जगदध्यासकारणम् ॥३०३॥

यथा शुक्तिरजतस्य शुक्तौ प्रतीयमानस्य **रजतस्य बाधा** निवृत्ति**रस्ति न तथा शुक्तेः**। **यदवस्तुसञ्ज्ञितं** सद्विलक्षणं सकार्यं जगतः परिणाम्युपादानं **तदज्ञानं जगदध्यासकारणं** जगतः प्रपञ्चस्याध्यासो जगदध्यासस्तस्य कारणं हेतुर्जगदध्यासकारणम्।

शुक्तौ यदिदं रजतमितिप्रतीतिर्भवति तत्र शुक्तेरिदमंशस्य प्रातिभासिकरजतेन संसर्गो भवति शुक्त्यंशस्य संसर्गो न भवति। यद्विषयाज्ञानाद्यद्भवति तत्तस्याधिष्ठानम्। यन्निष्ठतया यत्स्फुरति स तस्याधारः।

(कोष्ठकः ५) शुक्तिरजतदृष्टान्त-उपन्यासः		
शुक्तिः	अधिष्ठानम्	विवर्त-उपादानम्
इदम्	आधारः	संसर्गेणाध्यस्तं न स्वरूपतः
रजतम्	अध्यस्तम्	संसर्गेण स्वरूपेण चाध्यस्तम्

जैसे सीपी में रजत की प्रतीति होने से रजत का बाध हो जाता है, वैसे सीपी का बाध नहीं होता है। जिस अज्ञान को अवस्तु कहा जाता है, वही जगत् के अध्यास का कारण है ॥३०३॥

जैसे शुक्ति में प्रतीयमान शुक्तिरजत की निवृत्ति हो जाती है, वैसे शुक्ति की निवृत्ति नहीं होती। जो सत् से भिन्न है, कार्य सहित जगत् का परिणामी उपादान है, वह अज्ञान जगत् रूपी प्रपञ्च के अध्यास का कारण है।

शुक्ति में यदि 'यह रजत है' इस प्रकार की प्रतीति होती है, वहाँ शुक्ति के इदं अंश का प्रातिभासिक रजत के साथ संसर्ग होता है, शुक्ति के अंश का संसर्ग नहीं होता है। जिस विषय के अज्ञान से जो (भ्रम) होता है, वही उसका अधिष्ठान होता है। जिसमें रहकर जो स्फुरित होता है, वही उसका आधार होता है।

अधिष्ठान वह है जिसके अज्ञान से अध्यास होता है तथा जिसके ज्ञान से अध्यास की निवृत्ति होती है। आधार वह है जो ज्ञान, अज्ञान दोनों दशा में विद्यमान होता है

तस्मात् -

इसीलिए -

सदसद्भ्यामनिर्वाच्यमज्ञानं त्रिगुणात्मकम् । वस्तुतत्त्वावबोधैकबाध्यं तद्भावलक्षणम् ॥३०४॥

अज्ञानं मूलाज्ञानं मूलाविद्या **सदसद्भ्यामनिर्वाच्यम**निर्वचनीयम्। सद्रूपेण निर्वचनं न शक्यतेऽधिष्ठानब्रह्मज्ञानेन बाधितत्वात्। असद्रूपेण निर्वचनं न शक्यते प्रतीयमानत्वात्। उभयरूपं न शक्यते परस्परविरोधित्वात्। सच्चेन्न बाध्येतासच्चेन्न प्रतीयेत।

तस्मादनिर्वाच्यमनिर्वचनीयम्। **त्रिगुणात्मकं** सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकं **वस्तुतत्त्वावबोधैकबाध्यं** वस्त्वधिष्ठानब्रह्म तदेव तत्त्वं तस्यावबोधो वस्तुतत्त्वावबोधस्तेनैवैकेन बाधो यस्य तद्वस्तुतत्त्वावबोधैकबाध्यं **तदज्ञानं भावलक्षणं** नाभावलक्षणं यथा तार्किकैः स्वीकृतम्। भावलक्षणपदेन न पारमार्थिकं सद्रूपमाशङ्कनीयं किन्तु व्यावहारिकं भावरूपं यथा घटपटादि। तदज्ञानं सकार्यं ब्रह्मज्ञानेन बाध्यत इति।

अज्ञान सत् और असत् के द्वारा वर्णन करने योग्य नहीं है। सत्त्व, रज, तमोगुण रूप, केवल यथार्थ वस्तु का बोध होने पर तत्त्व ज्ञान से बाधित हो जाना ही उसका लक्षण है ॥३०४॥

मूलाज्ञान मूलाविद्या सत् और असत् के द्वारा अनिर्वचनीय है। अधिष्ठान ब्रह्म के ज्ञान से बाधित होने के कारण सत् स्वरूप से निर्वचन नहीं किया जा सकता। प्रतीति होने के कारण असत् रूप से निर्वचन नहीं किया जा सकता। परस्पर विरोध होने के कारण दोनों रूपों से निर्वचन नहीं किया जा सकता। सत् का बाध नहीं होता और असत् की प्रतीति नहीं होती, इसीलिए अनिर्वचनीय है। सत्त्व, रज, तमोगुण रूप; अधिष्ठान ब्रह्म ही वस्तु है, उस वस्तु के तत्त्व का ज्ञान होने से बाधित होने वाला अज्ञान अभाव लक्षण रूप नहीं है जैसा तार्किकों द्वारा स्वीकार किया गया है। 'भावलक्षण' पद से परमार्थिक सत् स्वरूप की आशंका नहीं करनी चाहिए अपितु [इससे] व्यावहारिक भावरूप है ग्रहण करना चाहिए जैसे घट, पट आदि। वह अज्ञान कार्य सहित ब्रह्मज्ञान से बाधित हो जाता है।

मिथ्यासम्बन्धतस्तत्र ब्रह्मण्याश्रित्य तिष्ठति । मणौ शक्तिर्यथा तद्वन्नैतदाश्रयदूषकम् ॥३०५॥

एतदज्ञानमुक्तलक्षणविशिष्टं **मिथ्यासम्बन्धतो** मिथ्या चासौ सम्बन्धश्च मिथ्यासम्बन्धस्तस्मान्मिथ्यासम्बन्धतो **ब्रह्मण्याश्रित्य तिष्ठति**। **यथा मणौ** सूर्यकान्तमणौ **शक्ति**र्दहनसामर्थ्य**माश्रयदूषकमा**श्रयस्य दूषकं पांसकं विकारजनकं **न** भवति **तद्व**दज्ञानं स्वाश्रयस्य ब्रह्मणो दूषकं न भवेदित्यर्थः। *"आरोपितं नाश्रयदूषकं भवेत्"* इति।
अनेन श्लोकद्वयेनाज्ञानं भावरूपं स्वाश्रयमात्माश्रयं स्वविषयमात्मविषयं चोक्तम्। एतदेव सङ्क्षेपशारीरकेऽपि स्फुटमुक्तम् -
"आश्रयत्वविषयत्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला।
पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाश्रयो भवति नापि गोचरः॥" (सं.शा.१.३१९)
"नाभावताऽस्य घटते वरणात्मकत्वान्नाभावमावरणमाहुरभावशौण्डाः।
अज्ञानमावरणमाह च वासुदेवस्तद्भावरूपमिति तेन वयं प्रतीमः॥" (सं.शा.१.३२०) इति।

जैसे सूर्यकान्त मणि में जलाने की शक्ति रहती है, वैसे ही अज्ञान मिथ्या सम्बन्ध से ब्रह्म का आश्रय करके रहता है, यह अज्ञान मणि के समान अपने आश्रय में विकार उत्पन्न नहीं करता है ॥३०५॥

यह उक्त लक्षण रूप वाला अज्ञान मिथ्या सम्बन्ध के कारण ब्रह्म में आश्रय लेकर स्थित है। जैसे सूर्यकान्त मणि में दहन का सामर्थ्य है, आश्रय का दूषक, नाश अथवा विकार को उत्पन्न करने वाला नहीं है; वैसे ही अज्ञान अपने आश्रय ब्रह्म का दूषक नहीं है। 'आरोपित की हुई वस्तु अपने दोष से आश्रय को दूषित नहीं कर सकती' (वि० चू० ४९९)।
इन दोनों श्लोकों के द्वारा अज्ञान को भावरूप, अपना आश्रय तथा अपना विषय कहा गया है। यह ही सङ्क्षेप शारीरक में भी स्पष्ट रूप से कहा गया है -
'केवल अविभक्त चिति ही (अज्ञान का) आश्रय और विषय होती है। पूर्वसिद्ध अज्ञान का पश्चात् भावी (जीव) न तो आश्रय होता है और न विषय' (सं० शा० १।३१९)।

'इस (अज्ञान) में अभावरूपता नहीं बन सकती क्योंकि आवरण रूप है। अभाव तत्त्वाभिज्ञ विद्वान् अभाव को आवरण रूप नहीं कहते। भगवान् वासुदेव ने भी अज्ञान को आवरण रूप कहा है। इसीलिए हम उसे भावरूप ठहराते हैं' (सं० शा० १।३२०)।

सद्भावे लिङ्गमेतस्य कार्यमेतच्चराचरम् । मानं श्रुतिः स्मृतिश्चाज्ञोऽहमित्यनुभवोऽपि च ॥३०६॥

एतस्याज्ञानस्य **सद्भावे**ऽस्तित्वे किं **लिङ्गम्**? उच्यते - **एतच्चराचरं** स्थावरजङ्गमात्मकं जगत्**कार्यम्**। किं **मानम्? श्रुतिः** *"अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः"* **स्मृतिश्च** भगवता वासुदेवेनोक्ता - *"अज्ञानेनावृतं ज्ञानम्"*, *"मम माया दुरत्यया"*। **अज्ञोऽहं** मामहं न जाना**मीत्यनुभवोऽपि** तस्य सद्भावे मानमिति। अत्रायं प्रयोगः - अज्ञानं सद्भावरूपं चराचरकारणत्वाद्यत्र यत्र कारणत्वं तत्र तत्र सद्भावरूपत्वं मृत्तिकावत्।

यह चराचर जगत् अज्ञान का कार्य है, कार्यरूप लक्षण के द्वारा अज्ञान के होने का अनुमान होता है। श्रुति, स्मृति तथा 'मैं अज्ञ हूँ' ऐसा अनुभव भी अज्ञानता का प्रमाण है ॥३०६॥

अज्ञान के होने में क्या लिङ्ग है? कहा जाता है - यह स्थावर जङ्गम रूप जगत् कार्य है। इसका क्या प्रमाण है? श्रुति 'अपने अनुरूप बहुत-सी प्रजा उत्पन्न करने वाली एक लोहित, शुक्ल और कृष्णवर्णा अजा' (श्वे० उ० ४।५) तथा स्मृति जिसे भगवान् वासुदेव द्वारा कहा गया है 'अज्ञान के द्वारा ज्ञान ढका हुआ है' (भ० गी० ५।१५), 'मेरी माया बड़ी दुस्तर है' (भ० गी० ७।१४)। 'मैं स्वयं को नहीं जानता' ऐसा अनुभव भी उसके होने में प्रमाण है। यहाँ पर यह प्रयोग है - अज्ञान सद्भावरूप है क्योंकि यह चर-अचर का कारण है। जहाँ-जहाँ कारणत्व (कारण होने का भाव) होता है, वहाँ-वहाँ सद्भावरूपत्व (अस्तित्व) होता है; जैसे मिट्टी।

अज्ञानं प्रकृतिः शक्तिरविद्येति निगद्यते । तदेतत्सन्न भवति नासद्वा शुक्तिरौप्यवत् ॥३०७॥

अज्ञानं प्रकृतिः प्रकर्षेण कृतियोग्यत्वात्सृष्ट्यादिकं करोतीति प्रकृतिः। श्रुतिश्च *"मायां तु प्रकृतिं विद्यात्"* इति। **शक्तिर्ज्ञा**नेच्छाक्रियाशक्तिः शक्यते सर्वं कर्तुमनया सा शक्तिः सात्विकी राजसी तामसी वा *"प्रयोजनवशाच्छक्तिरेकैव त्रिविधाऽभवत्"* इति। श्रुतिश्च *"परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते"* इति। **अविद्या** विद्याविरोधिनी विद्याविनाश्येति **निगद्यते**। उक्तं च *"अविद्याया अविद्यात्वमिदमेव तु लक्षणम्। मानाऽऽघाताऽसहिष्णुत्वमसाधारणमिष्यते॥"* (सं.वा.१८१), *"सेयं भ्रान्तिर्निरालम्बा सर्वन्यायविरोधिनी। सहते न विचारं सा तमो यद्वद्दिवाकरम्॥"* (नै.सि.३.६६)। तथा च *"तत्त्वमस्यादिवाक्योत्थसम्यग्धीजन्ममात्रतः। अविद्या सह कार्येण नाऽऽसीदस्ति भविष्यति॥"* (सं.वा.१८३)। **तदेतद**ज्ञानं **शुक्तिरौप्यवच्छु**क्तौ रौप्यवदध्यासेन प्रतीयमानरौप्यव**न्न सद्भ**वति **न** वा**ऽसद्भवती**त्यर्थः।

अज्ञान को प्रकृति, शक्ति तथा अविद्या शब्द से कहते हैं। यह सीपी में प्रतीत होने वाले रजत के समान सत् या असत् नहीं है ॥३०७॥

विशेष रूप से कृति की योग्यता होने के कारण अज्ञान को प्रकृति कहा गया है जो सृष्टि आदि को करता है। तथा श्रुति भी कहती है 'प्रकृति को तो माया जानना चाहिए' (श्वे० उ० ४।१०)। ज्ञान, इच्छा, क्रिया शक्ति का सामर्थ्य होने के कारण, इसके द्वारा सब हो सकने के कारण वह शक्ति है - सात्विकी, राजसी अथवा तामसी 'प्रयोजन होने के कारण एक शक्ति ही तीन प्रकार की हो गयी' (व० पु० ९५।६१) तथा श्रुति के अनुसार ''उसकी' शक्ति अन्य सबसे बहुत अधिक बढ़कर, सबसे परे है, मनुष्य केवल विविध नामों तथा विविध रूपों में उसका वर्णन सुनते हैं' (श्वे० उ० ६।८)। विद्याविरोधिनी, विद्या का विनाश करने वाली अविद्या नाम से कही जाती है। तथा कहा भी है - 'अविद्या अप्रमाणिक है क्योंकि इसके विषय में न प्रमाण सम्भव है, न प्रमाता। अनुमान से भी पता चलता है कि वह प्रामाणिक नहीं, केवल साक्षी से सिद्ध है' (सं० वा० १८१), 'भ्रान्ति आलम्बन रहित होती हुई सब न्यायों से विरोध रखने वाली विचार युक्ति के सामने नहीं ठहर सकती जैसे सूर्य के सन्मुख अन्धकार नहीं ठहर सकता' (नै० सि० ३।६६) तथा 'तत्त्वमसि आदि वाक्यों से उत्पन्न प्रमारूप अखण्डाकार वृत्ति के जन्म मात्र से कार्य सहित अविद्या का न था, न है, न होगा - इस प्रकार त्रैकालिक अभाव हो जाता है' (सं० वा० १८३)। वह यह अज्ञान शुक्ति में रजत के समान अध्यास से प्रतीयमान रजत की भाँति न सत् होता है और न असत् होता है।

सतो भिन्नमभिन्नं वा न दीपस्य प्रभा यथा । न सावयवमन्यद्वा बीजस्याङ्कुरवत्क्वचित् ॥३०८॥

यथा दीपस्य प्रभा दीप्तिर्न भिन्ना नाभिन्ना दीपात्तथाऽज्ञानं **सतो भिन्नं वाऽभिन्नं** न निरूप्यते। तथा हि **क्वचिद्बीजस्याङ्कुरवद**ज्ञानं **न सावयवम**वयवसहितमनादित्वात् सावयवत्वे जन्यत्वापत्तिरङ्कुरवत्, **नान्यद्वा** निरवयवं निरवयवत्वे परिणामाभाव-प्रसङ्गाद्व्यतिरेकेण बीजवदिति न वक्तुं शक्यते तस्मादनिर्वचनीयमिति।

दीपक की दीप्ति के समान सत् स्वरूप ब्रह्म से अज्ञान भिन्न या अभिन्न नहीं कहा जा सकता है या कभी बीज के अङ्कुर के समान अवयव वाला अथवा अवयव शून्य नहीं है ॥३०८॥

जैसे दीपक की दीप्ति दीपक से न भिन्न है, न अभिन्न; वैसे ही अज्ञान का सत् से भिन्न अथवा अभिन्न होना निरूपित नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार कहीं अज्ञान अवयवों से युक्त नहीं है, क्योंकि यह अनादि है। सावयव होने पर उसमें जन्यत्व दोष आ जाता है, जैसे अङ्कुर। अथवा दूसरी ओर यह निरवयव भी नहीं है क्योंकि निरवयव होने पर परिणाम का अभाव हो जाता है। ऐसा व्यतिरेक से बीज के समान कहना भी सम्भव नहीं है। इसीलिए अनिर्वचनीय है।

अत एतदनिर्वाच्यमित्येव कवयो विदुः । समष्टिव्यष्टिरूपेण द्विधाज्ञानं निगद्यते ॥३०९॥

अतः कवयः पण्डिता **एतद**ज्ञान**मनिर्वाच्यमित्येव विदु**र्जानन्ति। **एतदज्ञानं समष्टिव्यष्टिरूपेण** समष्टिश्च व्यष्टिश्च समष्टिव्यष्टी ते च रूपेऽस्येति समष्टिव्यष्टिरूपं तेन समष्टिव्यष्टिरूपेण **द्विधा निगद्यत** इति।

इस कारण पण्डित इसको अनिर्वचनीय ऐसा ही जानते हैं। अविद्या समष्टि तथा व्यष्टि रूप से दो प्रकार की कही जाती है ॥३०९॥

इस कारण से पण्डित इस अज्ञान को अनिर्वाच्य जानते हैं। यह अज्ञान समष्टि तथा व्यष्टि रूप से दो प्रकार का कहा जाता है।

माया = समष्टि-अज्ञानम्

नानात्वेन प्रतीतानामज्ञानानामभेदतः । एकत्वेन समष्टिः स्याद्भूरुहाणां वनं यथा ॥३१०॥

यथा भूरुहाणां भुवि रोहन्तीति भूरुहास्तेषां भूरुहाणां वृक्षाणां **वनं** स्यात्तथा **नानात्वेन** भिन्नत्वेन **प्रतीतानां** ख्यापिताना**मज्ञानानामभेदतो** भेदरहितत्वा**देकत्वेनै**करूपेण **समष्टिः** स्यात्। यथा वृक्षाणां समुदायविवक्षया वनमित्येकत्वव्यपदेशस्तथान्तःकरणोपाधिभेदेन नानात्वेन प्रतीयमानानां जीवगताज्ञानानां समुदायविवक्षया समष्ट्यज्ञानमित्येकत्वव्यपदेश इत्यर्थः।

जैसे अनेक वृक्षों का वन होता है, वैसे ही भिन्न-भिन्न रूप से प्रतीत होने वाले अज्ञानों का भेद न होने के कारण एक रूप होने से समष्टि होगी ॥३१०॥

जैसे अनेक वृक्षों का वन होता है, वैसे ही भिन्न-भिन्न रूप से कहे जाने वाले अज्ञानों का भेदरहित होने के कारण एक रूप से समष्टि होगी। जैसे अनेक वृक्षों के समुदाय को एकत्व व्यवहार से वन कहते हैं वैसे ही अन्तःकरण उपाधि भेद से भिन्न-भिन्न प्रतीत होने वाले जीवों के अज्ञानों के समुदाय को एकत्व व्यवहार होने से समष्टि अज्ञान कहते हैं - ऐसा अर्थ है।

इयं समष्टिरुत्कृष्टा सत्त्वांशोत्कर्षतः पुरा । मायेति कथ्यते तज्ज्ञैः शुद्धसत्त्वैकलक्षणा ॥३११॥

इयं समष्टिर्जीवगताज्ञानानां समुदायो **सत्त्वांशोत्कर्षतः** सत्त्वगुणात्मकोंऽशः सत्वांशस्तस्योत्कर्षः सत्वांशोत्कर्षस्तद्धेतुत्वात्-सत्त्वांशोत्कर्षतः सत्त्वांशोत्कर्षत्वा**दुत्कृष्टा पुरा**ऽग्रे **तज्ज्ञै**र्वेदान्तचिन्तकैः **शुद्धसत्त्वैकलक्षणा** शुद्धं सत्त्वैकलक्षणं यस्याः समष्टेः सा

शुद्धसत्वैकलक्षणा रजस्तमोभ्यां रहिताऽघटितघटनाऽवभासनचतुरेश्वरस्योपाधि**र्मायेति कथ्यत** इति।

यह समष्टि अज्ञान सत्त्व गुण का अंश अधिक होने के कारण उत्कृष्ट है। पहले अविद्या के स्वरूप को जानने वालों द्वारा एक शुद्ध सत्त्व गुण ही जिसका स्वरूप है, वह माया नामक ईश्वर की उपाधि कही जाती है ॥३११॥

यह जीवों के अज्ञानों का समुदाय समष्टि अज्ञान आत्मा के सत्त्व गुण का अंश अधिक होने से उत्कृष्ट है। आरम्भ में वेदान्त के चिन्तकों द्वारा रजोगुण, तमोगुण से रहित, एक शुद्ध सत्त्व गुण ही जिसका लक्षण है, वह माया ईश्वर की उपाधि कही जाती है।

ईश्वरः[४३]

मायोपहितचैतन्यं साभासं सत्त्वबृंहितम् । सर्वज्ञत्वादिगुणकं सृष्टिस्थित्यन्तकारणम् ।
अव्याकृतं तदव्यक्तमीश इत्यपि गीयते ॥३१२॥

मायोपहितचैतन्यं माययोपहितं चैतन्यं मायोपाधिर्यस्य चैतन्यस्य तन्मायोपहितचैतन्यं **साभासं** चिदाभासयुक्तं **सत्त्वबृंहितं** सत्त्वेन बृंहितं विवृद्धमाप्यायितं **सर्वज्ञत्वादिगुणकं** सर्वज्ञत्वादयः सर्वबोद्धृत्वादयो गुणा यस्य तत्सर्वज्ञत्वादिगुणकम्। आदिपदेन सर्वेश्वरत्वसर्वान्तरयामित्वसर्वशक्तिमत्वादयः। **सृष्टिस्थित्यन्तकारणं** जगतः सृष्टिश्च स्थितिश्चान्तश्च सृष्टिस्थित्यन्ता विकारास्तेषां कारणं तच्छ्रुतिप्रसिद्ध**मव्याकृतम**व्याकृतोपाधिर्यस्य **तद**व्याकृत**मव्यक्तमीशः** षडैश्वर्यसम्पन्न **इत्यपि गीयत** इति।

माया से उपहित चैतन्य, चिदाभास युक्त, सत्त्व गुण की अधिकता वाला, सर्वज्ञत्व आदि गुणों से युक्त, सृष्टि, स्थिति और लय का कारण, अव्याकृत, अव्यक्त तथा ईश - ऐसा भी कहा जाता है ॥३१२॥

माया उपहित चैतन्य अर्थात् माया उपाधि है जिस चैतन्य की, चिदाभास युक्त, विवृद्ध (बहुत बढ़ा हुआ) अर्थात् जिसमें सत्त्व गुण की बहुतायत है; सर्वज्ञत्व, सर्वबोद्धृत्व आदि गुण हैं जिसके। 'आदि' पद से सर्वेश्वरत्व, सर्वान्तरयामित्व, सर्वशक्तिमत्व समझना चाहिए। जो जगत् की सृष्टि, स्थिति तथा अन्त नामक विकारों का कारण है, श्रुति प्रसिद्ध जिसकी अव्याकृत उपाधि है, वह अव्याकृत, छः ऐश्वर्यों से सम्पन्न है - ऐसा भी कहा जाता है।

सर्वशक्तिगुणोपेतः सर्वज्ञानावभासकः । स्वतन्त्रः सत्यसङ्कल्पः सत्यकामः स ईश्वरः ॥३१३॥

तस्यैतस्य महाविष्णोर्महाशक्तेर्महीयसः । सर्वज्ञत्वेश्वरत्वादिकारणत्वान्मनीषिणः ।
कारणं वपुरित्याहुः समष्टिं सत्त्वबृंहितम् ॥३१४॥

यः **सर्वशक्तिगुणोपेतः** सर्वशक्तिरेव गुणः सर्वशक्तिगुणस्तेनोपेतो युक्तः सर्वशक्तिगुणोपेतः **सर्वज्ञानावभासकः** सर्वज्ञानानामवभासकः प्रकाशकः सर्वज्ञानावभासकः सर्वसाक्षी **स्वतन्त्रः** सर्वतन्त्रस्वतन्त्रो मायाऽनधीनः **सत्यसङ्कल्पः** सत्यः सङ्कल्पो यस्य स सत्यसङ्कल्पः **सत्यकामः** सत्यः कामो यस्य स सत्यकामः **स ईश्वरः। तस्यैतस्य महाशक्तेर्म**हत्यः शक्तयो यस्य स महाशक्ति**र्महीयसो**ऽतिशयेन महान् *"महतो महीयान्"* इति श्रुतेः। **महाविष्णोर्म**हांश्चासौ विष्णुश्च सर्वव्यापक इति महाविष्णुस्तस्य महाविष्णोः **सर्वज्ञत्वेश्वरत्वादिकारणत्वात्स**र्वज्ञत्वेश्वरत्वादिगुणानां कारणत्वा**त्सत्त्वबृंहितं समष्टिं कारणं वपुः** शरीरमिति **मनीषिणो** मनीषाऽस्ति येषां ते मनीषिणः पण्डिताः पण्डा बुद्धिः सञ्जाता येषां ते पण्डिता **आहुर्व**दन्ति। *"मायां तु*

[४३] *'स्थेशभासपिसकसो वरच्' उणादि सूत्र से ईश् धातु में वरच् प्रत्यय से ईश्वर रूप सिद्धि होती है।*

प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्", "सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः", "एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्", "एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः", "यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तपः", "याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः", "सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः। सर्वव्यापी स भगवांस्तस्मात्सर्वगतः शिवः॥", "स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिर्ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः। प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः" इत्याद्याः श्रुतयस्तस्येश्वरस्य स्वरूपं वर्णयन्तीति।

जो सकल शक्तिरूप गुणों से युक्त है, सकल गुणों का प्रकाशक है, जो माया के वश में न होकर स्वतन्त्र रहता है, जिसका सङ्कल्प सदा सत्य होता है तथा जिसकी कामना सदा सत्य होती है, वही ईश्वर है ॥३१३॥

जो सत्त्व गुण की अधिकता वाला समष्टि रूप, सर्वज्ञता ईश्वरता आदि का कारण है, इस कारण विवेकी पुरुष इसे महा शक्तिशाली, महाविष्णु नामक ईश्वर का कारण शरीर कहते हैं ॥३१४॥

जो सर्व शक्ति गुण से ही युक्त है, जो सभी ज्ञानों का प्रकाशक सर्वसाक्षी है, जो माया के आधीन न होकर सर्वतन्त्रस्वतन्त्र है, जिसका सङ्कल्प सदा सत्य होता है, जिसकी कामना सदा सत्य होती है, वह ईश्वर है। उस इस महान् शक्ति है जिसकी तथा अतिशय महान् है जो 'महान् से भी महान्' (क० उ० १।२।२०) श्रुति से भी यही सिद्ध होता है। जिनके पास मनीषा है वे मनीषि, जो पण्डा बुद्धि संजात हैं - वे पण्डित उस सर्वव्यापक महाविष्णु के सर्वज्ञत्व, ईश्वरता आदि गुणों का कारण होने से, सत्त्व गुण की अधिकता वाला समष्टि रूप ईश्वर का कारण शरीर है - ऐसा कहते हैं। 'प्रकृति को तो माया जानना चाहिए तथा महेश्वर को मायावी' (श्वे० उ० ४।१०), 'सत्यकाम, सत्यसङ्कल्प' (छा० उ० ८।७।१), 'यह प्राज्ञ आत्मा सबका शासक ईश्वर है। यह सर्वज्ञ, यही अन्तर्यामी तथा सम्पूर्ण प्राणियों के उत्पत्ति तथा लय का एकमात्र स्थान होने के कारण वह सबका कारण भी है' (मा० उ० ६), 'वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है' (बृ० उ० ३।७।३-२२), 'जो सबको जानने वाला तथा सबका विशेषज्ञ है तथा जिसका ज्ञानमय तप है' (मु० उ० १।१।९), 'उसी से नित्य सिद्ध संवत्सर नामक प्रजापतियों के लिए यथायोग्य रीति से अर्थों (कर्तव्यों अथवा पदार्थों) का विभाग किया गया है' (ई० उ० ८), 'वह भगवान् समस्त मुखों वाला, समस्त सिरों वाला तथा समस्त ग्रीवाओं वाला है, वह सम्पूर्ण जीवों के अन्तःकरण में स्थित और सर्वव्यापी है, इसीलिए सर्वगत तथा मंगलरूप है' (श्वे० उ० ३।११), 'वह विश्व का कर्ता, विश्ववेत्ता, आत्मयोनि (स्वयंभू), ज्ञाता, काल का प्रेरक, अपहतपाप्मत्वादि गुणवान तथा सम्पूर्ण विद्याओं का आश्रय है तथा वही प्रधान और पुरुष का अध्यक्ष, गुणों का नियामक एवं संसार के मोक्ष, स्थिति और बन्धन का हेतु है'(श्वे० उ० ६।१६) इत्यादि श्रुतियाँ उस ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करती हैं।

आनन्दप्रचुरत्वेन साधकत्वेन कोशवत् । सैषानन्दमयः कोश इतीशस्य निगद्यते ॥३१५॥

कोशवत्कोशकृमेः कोशव**त्साधकत्वेन**ऽऽवरकत्वेन**ऽऽनन्दप्रचुरत्वेन**ऽऽनन्दस्य प्रचुरत्वं बहुलत्वं प्रभूतत्वमानन्दप्रचुरत्वं तेनाऽऽनन्दप्रचुरत्वेन **सैषा** समष्टि**रीशस्यऽऽनन्दमयः कोश** आवरण**मिति निगद्यते** कथ्यत इति। येनेश्वरस्य ब्रह्मत्वं निरुपाधिकत्वं च जीवैर्न ज्ञातं तदेवेशस्यावरणमिति।

आनन्द की अधिकता होने के कारण तथा कीट के बन्दे के समान आवरण करने वाला होने से वह यह ईश्वर का आनन्दमय कोश कहा जाता है ॥३१५॥

कोश का कीड़ा जिसके भीतर बन्द होता है उस बन्दे के समान आवरण करने वाला होने से, आनन्द की प्रचुरता, बहुलता, प्रभूतत्व होने से वह समष्टि ईश्वर का आनन्दमय कोश ऐसा कहा जाता है। जीव के द्वारा इस ईश्वर का ब्रह्मत्व तथा निरुपाधिकत्व ज्ञात न होना - वह ही उस ईश्वर का आवरण है।

*ईश्वर का आनन्दमय कोश (आवरण) जीव की बुद्धि को ढकता है जिससे उसे ईश्वर का ज्ञान नहीं होता तथा जीव का आनन्दमय कोश

(आवरण) उसे अपने स्वरूप का ज्ञान नहीं होने देता*

सर्वोपरमहेतुत्वात्सुषुप्तिस्थानमिष्यते । प्राकृतः प्रलयो यत्र श्राव्यते श्रुतिभिर्मुहुः ॥३१६॥

अस्येशस्य **सर्वोपरमहेतुत्वात्स**र्वस्य सर्वप्राणिजातस्योपरमो लयः सर्वोपरम एव हेतुः कारणं यस्य स सर्वोपरमहेतुस्तथात्वात्सर्वोपरमहेतुत्वा**त्सुषुप्तिस्थानं** सुषुप्तिरिव स्थान**मिष्यते**ऽपेक्ष्यते **यत्र प्राकृतः प्रलयः** प्रकृतौ प्रलयः **श्रुतिभिर्मुहु**र्मुहुः **श्राव्यते** *"प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्", "यस्मिल्लँयं याति पुरत्रयं च"* इति श्रुतेः। *"सर्वभूतानि कौन्तेय प्रकृतिं यान्ति मामिकां कल्पक्षये"* इति स्मृतेश्च। प्राकृतः प्रलयस्तु *"महदाद्यं विशेषान्तं यदा संयाति संक्षयम्। प्राकृतः प्रतिसर्गोऽयं प्रोच्यते कालचिन्तकैः॥"* इति।

सभी प्राणियों के लय का हेतु होने से जिसको सुषुप्ति स्थान कहते हैं, जिसे श्रुतियों ने बारंबार प्राकृत लय नाम से कहा है ॥३१६॥

सभी प्राणियों, जातियों के परम लय का कारण होने से उसे इस ईश्वर का सुषुप्ति स्थान कहा जाता है। जिसमें प्राकृत नाम वाला लय अथवा जहाँ प्रकृति में प्रलय होता है - ऐसा श्रुतियों द्वारा पुनः पुनः बताया जाता है। 'सम्पूर्ण प्राणियों के उत्पत्ति तथा लय का एकमात्र स्थान होने के कारण यह प्राज्ञ आत्मा सबका कारण भी है' (मा० उ० ६), 'उसी में तीनों पुर विलीन भी हो जाते हैं' (कै० उ० १४) श्रुति से यही सिद्ध होता है तथा स्मृति में भी कहा है 'हे कौन्तेय! (एक) कल्प के अन्त में समस्त भूत मेरी प्रकृति को प्राप्त होते हैं' (भ० गी० ९।७)। प्राकृत प्रलय तो वह है जब 'महद् से आरम्भ होकर विशेष तक समस्त पदार्थ संक्षय को प्राप्त हो जाते हैं, कालचिन्तकों द्वारा इसे प्राकृत प्रतिसर्ग कहा गया है' (कू० पु० ४५।८)।

अविद्या = व्यष्टि-अज्ञानम्

अज्ञानं व्यष्ट्यभिप्रायादनेकत्वेन भिद्यते । अज्ञानवृत्तयो नाना तत्तद्गुणविलक्षणाः ॥३१७॥

वनस्य व्यष्ट्यभिप्रायाद्भूरुहा इत्यनेकता । यथा तथैवाज्ञानस्य व्यष्टितः स्यादनेकता ॥३१८॥

अज्ञानं समष्टि**र्व्यष्ट्यभिप्राया**त्प्रत्येकाज्ञानाभिप्राया**दनेकत्वेन भिद्यते**। *"इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते"* इति श्रुतेः। **तत्तद्गुणविलक्षणाः** सत्त्वरजस्तमोगुणैः स्वभावतो भिद्यमानत्वाद्विलक्षणा **अज्ञानवृत्तयो**ऽज्ञानस्य वृत्तयोऽभिव्यक्तय आवरणविक्षेपाभ्यां **नाना** भवन्तीति।

यथा वनस्य व्यष्ट्यभिप्रायाद्भूरुहा वृक्षाः **सन्तीत्यनेकता**ऽनेकत्वमस्ति **तथैव** दार्ष्टान्ते**ऽज्ञानस्य व्यष्टितोऽनेकता स्यात्**। यदज्ञानं जाग्रदादिसकलप्रपञ्चस्य परिणाम्युपादानं तस्यैकत्वेऽप्यवयवरहितत्वेऽपि जीवगताज्ञानानां कार्यकरणसङ्घातानां कारणत्वात्प्रत्येकं विवक्षयाऽनेकत्वव्यवहार इत्यर्थः।

अज्ञान अनेकों तात्पर्य होने से नाना प्रकार का है। उन-उन गुणों के कारण विलक्षण स्वभाव वाले अज्ञान की वृत्तियाँ अनेकों प्रकार की हो जाती हैं ॥३१७॥

जैसे वन के व्यष्टि रूप तात्पर्य से अनेकों वृक्ष हैं, इस प्रकार अनेक भाव हैं, वैसे ही अज्ञान व्यष्टि भाव से अनेक कहलाता है ॥३१८॥

अज्ञान समष्टि के अभिप्राय से एक है किन्तु प्रत्येक जीव के अज्ञान के अभिप्राय से अनेकत्व के रूप में विभाजित होता है। श्रुति के अनुसार 'ईश्वर माया से अनेक रूप प्रतीत होता है' (बृ० उ० २।५।१९)। सत्व, रज, तमोगुण से भेद को प्राप्त होने के कारण विलक्षण स्वभाव वाले अज्ञान वृत्तियों की अभिव्यक्ति आवरण, विक्षेप के द्वारा अनेकों प्रकार की होती है।

जिस प्रकार वन के व्यष्टि अभिप्राय से वृक्ष हैं - इस प्रकार अनेकत्व है, उसी प्रकार दार्ष्टान्त में अज्ञान की भी व्यष्टि भाव से अनेकता होती

है। जो अज्ञान जाग्रत् आदि सम्पूर्ण प्रपञ्च का परिणामी उपादान है, उसके एकत्व तथा अवयव रहितत्व होने पर भी जीवों में स्थित अज्ञान के कार्य-करण सङ्घात का कारण होने से प्रत्येक की विवक्षा से अनेकत्व का व्यवहार होता है - ऐसा अर्थ है।

व्यष्टिर्मलिनसत्त्वैषा रजसा तमसा युता । ततो निकृष्टा भवति योपाधिः प्रत्यगात्मनः ॥३१९॥

एषा व्यष्टिर्मलिनसत्त्वा रजसा तमसा युता ताभ्यां रजस्तमोभ्यामभिभूता **ततस्तस्मात्कारणान्निकृष्टा** हीना **भवति या प्रत्यगात्मन उपाधिरुच्यते**। एष उपाधिर्विक्षेपसंस्काराणां प्राधान्यान्निकृष्ट इति। वृक्षस्थानीयो व्यष्ट्युपाधिः प्रत्यगात्मनो निकृष्टो मलिनसत्त्वः। वनस्थानीयः समष्ट्युपाधिस्तु परमात्मन उत्कृष्टः शुद्धसत्त्व इति।

रजो और तमोगुण से युक्त यह व्यष्टि [अविद्या] मलिन सत्त्व वाली है तथा तमोगुण से अभिभूत वह प्रत्यक् आत्मा की उपाधि होने के कारण निकृष्ट हो जाती है ॥३१९॥

यह व्यष्टि अज्ञान जिसका सत्त्व गुण, रजोगुण तथा तमोगुण के द्वारा दब गया है, इसी कारण से हीन हो जाती है, जो प्रत्यक् आत्मा की उपाधि कही जाती है। यह उपाधि विक्षेप तथा संस्कारों की प्राधान्यता से निकृष्ट है। वृक्ष स्थानीय व्यष्टि उपाधि प्रत्यक् आत्मा की निकृष्ट, मलिन सत्त्व वाली है। वन स्थानीय परमात्मा की समष्टि उपाधि उत्कृष्ट, शुद्ध सत्त्व वाली है।

प्रत्यगात्मा

चैतन्यं व्यष्ट्यवच्छिन्नं प्रत्यगात्मेति गीयते । साभासं व्यष्ट्युपहितं सत्तादात्म्येन तद्गुणैः ॥३२०॥

अभिभूतः स एवात्मा जीव इत्यभिधीयते । किञ्चिज्ज्ञत्वानीश्वरत्वसंसारित्वादिधर्मवान् ॥३२१॥

व्यष्ट्यवच्छिन्नं व्यष्ट्यज्ञानेनावच्छिन्नं युक्तं व्यष्ट्यवच्छिन्नं **चैतन्यं प्रत्यगात्मा** यन्न बाध्यते तत्सच्चिदानन्दलक्षण**मिति गीयते** श्रुतिभिः। उक्तं हि *"यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह। यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कीर्त्यते॥"* इति। **व्यष्ट्युपहितं** व्यष्ट्यज्ञानमुपाधिर्यस्य तद्व्यष्ट्युपहितं **साभासं** चिदाभासेन सह चित्प्रतिबिम्बेन सह भवति। **तत्सत्तादात्म्येन** तादात्म्यापन्नं **तद्गुणैर्व्य**ष्ट्यज्ञानगुणै**रभिभूतः स एवात्मा जीव इत्यभिधीयते** जीवसञ्ज्ञां प्राप्नोति। *"तद्गुणसारत्वात्तु तद्-व्यपदेशः प्राज्ञवत्"* इति न्यायात्। स **किञ्चिज्ज्ञत्वानीश्वरत्वसंसारित्वादिधर्मवान्** किञ्चिदल्पं जानाति न तु सर्वमिति किञ्चिज्ज्ञस्तस्य भावः किञ्चिज्ज्ञत्वमनीश्वरत्वमसमर्थत्वं परतन्त्रत्वं संसारित्वमिहलोकपरलोकगामित्वमित्यादयो धर्मा अस्येति किञ्चिज्ज्ञत्वानीश्वरत्वसंसारित्**वादिधर्मवाञ्जी**व इत्यर्थः।

व्यष्टि अज्ञान से युक्त चैतन्य को प्रत्यक् आत्मा कहते हैं। व्यष्टि अज्ञान उपाधि होने से उसे चिदाभास कहते हैं। प्रत्यक् आत्मा ब्रह्म से अभिन्न है, अज्ञान के गुणों से दबा हुआ वह आत्मा ही अल्पज्ञपना, अनीश्वरपना तथा संसारीपना आदि धर्मों वाला जीव कहलाता है ॥३२०, ३२१॥

व्यष्टि अज्ञान से युक्त चैतन्य जिसका बाध नहीं किया जा सकता, वह सच्चिदानन्द लक्षण वाला है - श्रुतियों द्वारा ऐसा कहा जाता है। कहा भी जाता है 'क्योंकि वह सबको व्याप्त करता है, ग्रहण करता है तथा इस लोक में विषयों को भोगता है तथा इसका सर्वदा सद्भाव है, इसीलिए यह 'आत्मा' कहलाता है' (लिं० पु० १।७०।९६)। व्यष्टि अज्ञान उपाधि है जिसकी वह व्यष्टि उपहित चिदाभास अर्थात् चित् प्रतिबिम्ब के साथ होता है। उस सत् आत्मा का अज्ञान के साथ तादात्म्य होने से, उसके गुणों से अभिभूत हुआ वह आत्मा ही जीव सञ्ज्ञा प्राप्त करता है। ब्रह्मसूत्र न्याय के अनुसार 'वह कथन तो उस बुद्धि आदि के गुणों की प्रधानता को लेकर है जैसे परमेश्वर को अणु और हृदय में स्थित अङ्गुष्ठमात्र बताया है, वैसे ही जीवात्मा के लिए भी समझना चाहिए' (ब्र० सू० २।३।२९)। वह थोड़ा जानता है किन्तु सब कुछ नहीं जानता, इसीलिए अल्पज्ञ है। अनीश्वरत्व, असमर्थता, पराधीनता, संसारित्व, इस लोक से परलोक जाने का स्वभाव इत्यादि

उसके धर्म हैं। इस प्रकार जो 'किञ्चिज्ज्ञत्व', 'अनीश्वरत्व', 'संसारित्व' आदि धर्मों से युक्त है, वही 'जीव' है - यह अर्थ है।

अस्य व्यष्टिरहङ्कारकारणत्वेन कारणम् । पुस्तत्राभिमान्यात्मा प्राज्ञ इत्युच्यते बुधैः ॥३२२॥

प्राज्ञत्वमस्यैकाज्ञानभासकत्वेन सम्मतम् । व्यष्टेर्निकृष्टत्वेनास्य नानेकाज्ञानभासकम् ॥३२३॥

बुधैर्जीव एव **प्राज्ञ इत्युच्यते**। कस्मात्? **अस्य** जीवस्य **व्यष्टि**र्व्यष्ट्यज्ञान**महङ्कारकारणत्वेन**ऽहङ्कारस्य परिच्छिन्नत्वस्य कारणत्वेन **कारणं वपुः** शरीर**मुच्यते तत्र** कारणशरीरेऽहमिदं शरीर**मित्यभिमान्यात्मा** जीवः **प्राज्ञो** भवति। प्रायेणाऽज्ञोऽज्ञानकार्यत्वात्प्राज्ञोऽथवा प्रकर्षेण जानातीति प्रज्ञः। प्रज्ञ एव प्राज्ञः। **अस्य** प्राज्ञ**स्यैकाज्ञानभासकत्वेने**कस्याज्ञानस्य भासकोऽवभासकः साक्षी प्रकाशक एकाज्ञानभासकस्तस्य भाव एकाज्ञानभासकत्वं तेनैकाज्ञानभासकत्वेन **प्राज्ञत्वं** जीवत्वं **सम्मतम्**। यस्माद्व्यष्ट्यज्ञानं निकृष्टं मलिनं तस्मा**द्व्यष्टेर्निकृष्टत्वेन** निकृष्टत्वा**न्नानेकाज्ञानभासकमि**ति।

पण्डितों द्वारा इस जीव का व्यष्टि अज्ञान अहङ्कार का कारण होने से कारण शरीर तथा उस कारण शरीर में अहङ्कार वाला जीव प्राज्ञ नाम से कहा जाता है॥३२२॥

इस जीव के केवल एक अज्ञान का साक्षी होने से जीवपना माना गया है। व्यष्टि अज्ञान के निकृष्ट होने से अनेकों अज्ञानों का साक्षी नहीं है ॥३२३॥

पण्डितों द्वारा जीव ही प्राज्ञ कहा जाता है। कैसे? इस जीव के व्यष्टि अज्ञान को अहङ्कार के परिच्छिन्नत्व का कारण होने से कारण शरीर कहते हैं। कारण शरीर में अहङ्कार, यह शरीर अभिमानी जीव प्राज्ञ होता है। अज्ञान का कार्य होने से जो प्रायः अज्ञ है, वह प्राज्ञ है अथवा जो विशेष रूप से जानता है वह प्रज्ञ है, प्रज्ञ ही प्राज्ञ है। इस प्राज्ञ के केवल एक अज्ञान का जानने वाला साक्षी, प्रकाशक होने से जीवत्व माना गया है। क्योंकि व्यष्टि अज्ञान निकृष्ट, मलिन है, इसीलिए निकृष्ट होने के कारण अनेकों अज्ञानों का प्रकाशक नहीं है।

स्वरूपाच्छादकत्वेनाप्यानन्दप्रचुरत्वतः । कारणं वपुरानन्दमयः कोश इतीर्यते ॥३२४॥

कारणं वपुः शरीर**मपि स्वरूपाच्छादकत्वेन** जीवस्यापरिच्छिन्नपरिपूर्णब्रह्मचैतन्यस्वरूपस्याऽऽच्छादकत्वेन आच्छादकत्वात्तथा**ऽऽनन्दप्रचुरत्वत** आनन्दप्रचुरत्वा**दानन्दमयः कोशः इतीर्यते** कथ्यत इति।

तत्र सुषुप्तौ स्वरूपापरित्यागेनाऽप्यविवेकापन्नं मनः स्पन्दितं सर्वमेकीभवति। तदान्तःकरणस्य विषयविषय्याकारस्पन्दनायास-दुःखाभावादानन्दमय आनन्दप्रचुर एव न तु स्वरूपानन्दोऽन्यथा मुक्तत्वात्पुनरुत्थानायोगात्। श्रुतिविरोधाच्च *"तमोभिभूतः सुखरूपमेति"*। तमसाऽऽवृतत्वादाच्छादकत्वं चेति।

कारण शरीर भी अपने स्वरूप को ढकने वाला होने के कारण, आनन्द की अधिकता होने से आनन्दमय कोश ऐसा कहा जाता है ॥३२४॥

कारण शरीर भी जीव के अपरिच्छिन्न, परिपूर्ण ब्रह्म चैतन्य स्वरूप को ढकने वाला होने से तथा आनन्द की प्रचुरता होने से आनन्दमय कोश ऐसा कहा जाता है।

वहाँ सुषुप्ति में स्वरूप का परित्याग किए बिना, अविवेक को प्राप्त हुआ मन तथा सभी स्पन्दन एकीभूत हो जाते हैं। तब अन्तःकरण का विषय-विषयी आकार रूप से स्पन्दन होने के आयस रूप दुःख का अभाव हो जाने के कारण आनन्दमय अर्थात् प्रचुर आनन्द वाला ही हो जाता है किन्तु स्वरूप आनन्द नहीं, अन्यथा मुक्त होने से पुनः उठने में अयोग्य होता। तमस् से आवृत तथा आच्छादित होने के कारण श्रुति से भी विरोध हो जाता 'तमस् (अप्रतीति रूप ज्ञान) से आवृत हो जाता है तथा अपने आप में सुख अनुभव करता है' (कै० उ० १३)।

अस्यावस्था सुषुप्तिः स्याद्यत्रानन्दः प्रकृष्यते । एषोऽहं सुखमस्वाप्सं न तु किञ्चिदवेदिषम् ॥३२५॥

इत्यानन्दसमुत्कर्षः प्रबुद्धेषु प्रदृश्यते । समष्टेरपि च व्यष्टेरुभयोर्वनवृक्षवत् ॥३२६॥

अभेद एव नो भेदो जात्येकत्वेन वस्तुतः । अभेद एव ज्ञातव्यस्तथेशप्राज्ञयोरपि ॥३२७॥

अस्य प्राज्ञस्य जीवस्य **सुषुप्त्यवस्था स्याद्यत्रानन्दः प्रकृष्यते। एषोऽहं सुखमस्वाप्सं तु किञ्चिन्नावेदिषमिति** सुप्तोत्थितस्याज्ञानपरामर्श **आनन्दसमुत्कर्ष** आनन्दस्याऽविद्यावृत्तिप्रतिबिम्बितस्य समुत्कर्षः प्राशस्त्यं च **प्रबुद्धेषु प्रदृश्यते**। **समष्टेर्व्यष्टेश्चाप्यज्ञानयोरुभयोः वनवृक्षवद्वस्तुतो जात्येकत्वेन** जातिव्यक्त्योर**भेद एव, न भेदस्तथा हीशप्राज्ञयोरप्यभेद एव ज्ञातव्य** इति।

ईश्वरगतमूलाज्ञानस्य जीवगतसंस्कारमात्रविशिष्टाज्ञानस्य च व्यष्टिसमष्ट्यभिप्रायेण भेदेऽपि वस्तुतोऽभेदो वनवृक्षवत्-तदवच्छिन्नाऽऽकाशयोर्वा कारणोपाध्यवच्छिन्नेश्वरस्य कार्योपाध्यवच्छिन्नप्राज्ञस्य च।

उक्तं च *"कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः। कार्यकारणतां हित्वा पूर्णबोधोऽवशिष्यते॥"* (अनुभूतिप्रकाशः - मैत्रायण्युपनिषद्विवरणम्) इति।

सुषुप्ति नाम वाली गाढ़ निद्रा इस जीव की एक प्रकार की दशा है, जिसमें सुख बढ़ता है। यह मैं सुखपूर्वक सोया, मैंने कुछ भी नहीं जाना ॥३२५॥

इस प्रकार आनन्द का आधिक्य प्रबुद्ध जनों में देखा जाता है। वन तथा भिन्न-भिन्न वृक्षों के अभेद के समान समष्टि तथा व्यष्टि अज्ञान में भी अभेद है ॥३२६॥

वास्तव में जाति तथा एकत्व के द्वारा भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का भेद नहीं होता, वैसे ही ईश्वर तथा प्राज्ञ का भी अभेद ही जानो ॥३२७॥

इस प्राज्ञ जीव की सुषुप्ति एक अवस्था है जहाँ आनन्द बढ़ता है। यह मैं सुखपूर्वक सोया, मैंने कुछ भी नहीं जाना। सोकर उठने के पश्चात् जागे हुए मनुष्यों के ज्ञान में आनन्द, अविद्यावृत्ति प्रतिबिम्बि का आधिक्य तथा उत्कृष्टता देखी जाती है। समष्टि तथा व्यष्टि अज्ञान भी वन तथा वृक्षों के जैसे जाति-व्यक्ति के अभेद से समान ही हैं, कोई भेद नहीं है। वैसे ही ईश्वर तथा प्राज्ञ का भी अभेद ही जानना चाहिए।

ईश्वरगत मूल अज्ञान तथा जीवगत संस्कार मात्र विशिष्ट अज्ञान का व्यष्टि-समष्टि अभिप्राय से भेद है, वास्तव में अभेद ही है जैसे वन तथा वृक्षों के उस अवच्छिन्न आकाश का अथवा कारण उपाधि अवच्छिन्न ईश्वर तथा कार्य उपाधि अवच्छिन्न प्राज्ञ का।

तथा कहा गया है 'यह जीव कार्य रूप उपाधि वाला तथा ईश्वर कारण रूप उपाधि वाला है। इन कार्य और कारण रूप उपाधियों का त्याग कर देने पर विशुद्ध ज्ञान रूप ब्रह्म ही शेष रह जाता है' (अनु० मै० १०।६१)।

सत्युपाध्योरभिन्नत्वे क्व भेदस्तद्विशिष्टयोः । एकीभावे तरङ्गाब्ध्योः को भेदः प्रतिबिम्बयोः ॥३२८॥

व्यष्टिसम**ष्ट्युपाध्योरभिन्नत्वे सति तद्विशिष्टयो**रुपहितचैतन्ययो**र्भेदः क्व** कुत्र? जीवेश्वरयोरेकत्वं दृष्टान्तेन विशदयति। **तरङ्गाब्ध्योस्त**रङ्गश्चाब्धिश्च तरङ्गाब्धी तयोस्तरङ्गाब्ध्योर्वीचिसागरयो**रेकीभावे** तस्मिँल्लब्धसत्ताकयोः **प्रतिबिम्बयोः को भेदः**। न कोऽपि वास्तवभेद इत्यर्थः।

दोनों उपाधियों के अभिन्न होने पर उन दोनों उपाधियों से युक्त पदार्थों में भेद कहाँ रह जाता है? तरङ्ग तथा समुद्र के एकत्व होने पर उनमें पड़ने वाले प्रतिबिम्ब में क्या भेद रह जाता है? ॥३२८॥

व्यष्टि तथा समष्टि इन दोनों उपाधियों के एकत्व होने पर उन दोनों उपाधियों से युक्त उपहित तथा चैतन्य में भेद कहाँ रह जाता है? जीव-

ईश्वर के एकत्व को दृष्टान्त से समझाया गया है। लहर तथा सागर के एकत्व होने पर उसमें अर्थात् समुद्र में होने वाले प्रतिबिम्ब में क्या भेद? वास्तव में कोई भेद नहीं है - ऐसा अर्थ है।

यह भेद 'भेद सहिष्णु अभेद' है

अज्ञानतदवच्छिन्नाभासयोरुभयोरपि । आधारः शुद्धचैतन्यं यत्तत्तुर्यमितीर्यते ॥३२९॥

अज्ञानतदवच्छिन्नाभासयोरज्ञानं च तदवच्छिन्नाभासश्चाज्ञानतदवच्छिन्नाभासौ तयोरज्ञानतदवच्छिन्नाभासयोः उपाधि-तदवच्छिन्नचैतन्ययो**रुभयोरपि** य **आधारो**ऽधिष्ठानं **तच्छुद्धचैतन्यं** शुद्धं च तच्चैतन्यं च शुद्धचैतन्यं ब्रह्म **यत्तुर्यं** तुरीयं चतुर्थ**मितीर्यते**। तच्चैतन्यमनवच्छिन्नं सत्यज्ञानादिलक्षणं वस्तु यस्मिन्नवस्त्वारोपः क्रियते तद्विश्वतैजसप्राज्ञापेक्षया वैश्वानरहिरण्यगर्भेश्वरापेक्षया वा चतुर्थं स्वतस्तु *"शान्तं शिवमद्वैतम्"* इति श्रुत्याऽद्वितीयमेवेति।

वह शुद्ध ब्रह्म अज्ञान तथा अज्ञान अवच्छिन्न चिदाभास जो दोनों का आश्रय है - तुर्य नाम से कहा जाता है ॥३२९॥

उपाधि तथा उससे अवच्छिन्न चैतन्य दोनों का ही जो अधिष्ठान है वह शुद्ध, चैतन्य ब्रह्म है, तुरीय चतुर्थ कहा जाता है। वह अनवच्छिन्न चैतन्य सत्य, ज्ञानादि लक्षण युक्त वस्तु है जिसमें अवस्तु का आरोप किया जाता है, किन्तु स्वरूप से वह विश्व, तैजस, प्राज्ञ अथवा वैश्वानर, हिरण्यगर्भ, ईश्वर की अपेक्षा चतुर्थ है 'शान्त, शिव और अद्वैत स्वरूप' (मा० उ० ७) श्रुति से वह अद्वितीय ही है।

जगत्सर्गः

एतदेवाविविक्तं सदुपाधिभ्यां च तद्गुणैः । महावाक्यस्य वाच्यार्थो विविक्तं लक्ष्य इष्यते ॥३३०॥

एतदेवाधारभूतं शुद्धचैतन्यं तुरीय**मुपाधिभ्यां** समष्टिव्यष्ट्यज्ञानाभ्यां **च तद्गुणै**स्तयोरुपाध्योर्गुणै**रविविक्तम**पृथग्भूतं **सद**ज्ञानतदुपहितचैतन्येन सहैकत्वविवक्षायां **महावाक्यस्य** तत्त्वमस्यादिमहावाक्यस्य **वाच्यार्थो**ऽभिधाशक्त्या प्राप्तोऽर्थस्तथा **विविक्तं** पृथग्भूतं सद्भेदविवक्षायां **लक्ष्यो** लक्ष्यार्थो लक्षणया प्राप्तोऽर्थ **इष्यते**। सा लक्षणा प्रातःस्मरणीयाचार्यप्रवरेण कथिता - *"मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्य परिग्रहे। मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रतीतिर्लक्षणोच्यते॥"* इति ।

यह शुद्ध चैतन्य ही दो उपाधियों तथा उन दोनों उपाधियों के गुणों के द्वारा पृथक् न होता हुआ महावाक्य का वाच्यार्थ, पृथक होता हुआ लक्ष्यार्थ कहा जाता है ॥३३०॥

यह आधारभूत शुद्ध चैतन्य, तुरीय ही समष्टि-व्यष्टि अज्ञान रूप दोनों उपाधियों तथा उन उपाधियों के गुणों के द्वारा अपृथक् होकर स्थित है। जब अज्ञान तथा अज्ञान से उपहित चैतन्य का एकत्व ग्रहण करने की विवक्षा होने पर 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्य का अभिधा शक्ति से प्राप्त अर्थ अभीष्ट होता है। तथा उपाधियों से पृथक् किया हुआ सत् के रूप में भेद के साथ ग्रहण करने की विवक्षा से लक्ष्यार्थ लक्षणा शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ इष्ट है। वह लक्षणा प्रातःस्मरणीय आचार्यप्रवर द्वारा कही गयी है - 'वाक्यार्थ का मुख्यार्थ को ग्रहण करने से प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध आता हो तो मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध रखने वाले से जो अर्थ की प्रतीति होती है, उसे लक्षणा वृत्ति कहते हैं' (वा० वृ० ४७)।

अनन्तशक्तिसम्पन्नो मायोपाधिक ईश्वरः । ईक्षामात्रेण सृजति विश्वमेतच्चराचरम् ॥३३१॥

अनन्तशक्तिसम्पन्नो नास्त्यन्तो यस्याः शक्तेः साऽनन्तशक्तिस्तया सम्पन्नो **मायोपाधिको** मायाऽनिर्वचनीया त्रिगुणात्मिका मूलाऽविद्योपाधिर्यस्य स मायोपाधिक **ईश्वरः** सत्यकामः सत्यसङ्कल्प **ईक्षामात्रेण** सङ्कल्पमात्रे**णैतच्चराचरं** स्थावरजङ्गमात्मकं

विश्वं स्थूलसूक्ष्मप्रपञ्चं **सृजति**। *"सोऽकामयत बहुस्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा इदं सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च।"*, *"तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेय"*, *"स ईक्षाञ्चक्रे"*, *"एकोऽहं बहुस्याम्"*, *"स सर्वमसृजत्"* इति।

अनन्त शक्ति वाला ईश्वर, माया उपाधि से युक्त होकर ईक्षण मात्र से ही इस चराचार जगत् की रचना करता है ॥३३१॥

जिसकी शक्ति का अन्त नहीं है वह अनन्त शक्ति सम्पन्न; माया अनिर्वचनीया त्रिगुणात्मिका मूलाविद्या उपाधि है जिसकी वह मायोपाधिक; सत्यकाम, सत्य सङ्कल्प ईश्वर सङ्कल्प मात्र से स्थावर, जङ्गम युक्त स्थूल, सूक्ष्म प्रपञ्च का सृजन करता है। 'उस परमात्मा ने कामना की "मैं बहुत हो जाऊँ अर्थात् मैं उत्पन्न हो जाऊँ"। अतः उसने तप किया। उसने तप करके ही यह जो कुछ है इस सबकी रचना की' (तै० उ० २।६), 'उसने ईक्षण किया "मैं बहुत हो जाऊँ, अनेक प्रकार से उत्पन्न होऊँ"' (छा० उ० ६।२।३), 'उसने "स्वयं" के विषय में विचार किया' (प्र० उ० ६।३), 'मैं एक ही बहुत हो जाऊँ', 'उसने सबकी रचना की'।

अद्वितीयस्वमात्रोऽसौ निरुपादान ईश्वरः । स्वयमेव कथं सर्वं सृजतीति न शङ्क्यताम् ॥३३२॥

अद्वितीयस्वमात्रोऽद्वितीयश्चासौ स्वमात्रश्च स्व एवेत्यद्वितीयस्वमात्रः। एवार्थे मात्रच्। अद्वितीयः सजातीयविजातीयभेदरहितः केवलो **निरुपादान** उपादानकारणरहितो**ऽसावीश्वरो** मायोपाधिकोऽन्यसहायं विना **स्वयमेव कथं सर्वं सृजतीति न शङ्क्यतामि**ति।

केवल, अद्वितीय आत्म स्वरूप, निरुपादान यह ईश्वर स्वयं ही सम्पूर्ण सृष्टि को कैसे रचता है - ऐसी शङ्का नहीं कर सकते? ॥३३२॥

जो अद्वितीय तथा केवल आत्म स्वरूप है, स्वयं ही है। 'मात्रच्' एव अर्थ को बताने के लिए है। अद्वितीय - सजातीय, विजातीय, भेद रहित केवल, उपादान कारण से शून्य, माया उपाधि से युक्त यह ईश्वर किसी अन्य की सहायता के बिना स्वयं ही सम्पूर्ण सृष्टि को कैसे रचता है - ऐसी शङ्का नहीं कर सकते?

निमित्तमप्युपादानं स्वयमेव भवन्प्रभुः । चराचरात्मकं विश्वं सृजत्यवति लुम्पति ॥३३३॥

प्रभुरीश्वरो जगत्कर्तुमकर्तुमन्यथा वा कर्तुं समर्थः सर्वसमर्थस्तृणमपि वज्रीकर्तुं समर्थः **स्वयमेव निमित्तमपि चोपादानं** कारणं **भवन्** स**ञ्चराचरात्मकं** स्थावरजङ्गमात्मकं **विश्वं सृजत्यवति** पालयति **लुम्पति** संहरति।

अत्रैतच्चिन्तनीयम्। श्रुतौ ब्रह्मलक्षणमुक्तं - *"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद्ब्रह्मेति।"*, तथा च *"सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठाः"* इति। सूत्रेऽपि *"जन्माद्यस्य यतः"* इति ब्रह्मलक्षणमुक्त्वा *"शास्त्रयोनित्वात्"* इति प्रमाणमुक्तम्। ततः कथमीश्वरोऽभिन्ननिमित्तोपादानकारणम्? उच्यते - निर्गुणं ब्रह्म सजातीयादिभेदरहितमजं कार्यकारणविलक्षणं तस्मान्न सृष्टेः कारणं भवितुमर्हति। *"नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्"*, *"तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमबाह्यमयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः"* इति श्रुतेः। तथाप्यनिर्वचनीयमायोपाधिसन्निधौ किमशक्यम्। यस्माच्छ्रुतेर्विवक्षा निर्गुणब्रह्मात्मैक्यबोधनपरा तस्मात् *" सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"* इति स्वरूपलक्षणमुक्त्वा ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणं जगज्जन्मादि-कारणं बोधयति श्रुतिः।

सर्वशक्तिमान परमेश्वर स्वयं ही निमित्त तथा उपादान कारण रूप होकर इस चराचरात्मक विश्व की सृष्टि, स्थिति और संहार करते हैं ॥३३३॥

सर्व समर्थ ईश्वर जो संसार को करने, न करने अथवा अन्यथा करने में समर्थ, तृण को भी वज्र करने में समर्थ हैं - स्वयं ही निमित्त तथा उपादान कारण होकर स्थावर-जङ्गम रूप विश्व की सृष्टि, पालन तथा संहार करते हैं।

यहाँ यह चिन्तन किया जाना चाहिए। श्रुति में ब्रह्म लक्षण कहा गया है - 'जिससे निश्चय ही ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर

जिसके आश्रय से ये जीवित रहते हैं और अन्त में विनाशोन्मुख होकर जिसमें ये लीन होते हैं - उसे विशेष रूप से जानने की इच्छा कर; वही ब्रह्म है' (तै० उ० ३।१) तथा 'हे सोम्य! यह सम्पूर्ण प्रजा सन्मूल के तथा सद्रूप आयतन और सद्रूप प्रतिष्ठा वाली है अर्थात् सत् ही इसका आश्रय है और सत् ही प्रतिष्ठा है' (छा० उ० ६।८। ४)। ब्रह्मसूत्र में भी कहा गया है - 'जिससे इस जगत् की सृष्टि, स्थिति और प्रलय होते हैं' (१।१।२) ब्रह्म का ऐसा लक्षण कहकर 'शास्त्र का योनि अर्थात् कारण होने से' (ब्र० सू० १।१।३) ब्रह्म के होने में प्रमाण कहते हैं। पुनः किस प्रकार ईश्वर अभिन्न निमित्त उपादान कारण है? कहा गया है - निर्गुण ब्रह्म सजातीय आदि भेद से रहित अज, कार्य-कारण विलक्षण है, इसीलिए सृष्टि का कारण नहीं हो सकता। 'यह विपश्चित् न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न अर्थान्तर रूप से कुछ बना है' (क० उ० १।२।१८), 'यह ब्रह्म अपूर्व (कारण रहित), अनपर (कार्य रहित), अनन्तर (विजातीय द्रव्य से रहित) तथा अबाह्य है। यह आत्मा ही सबका अनुभव करने वाला ब्रह्म है' (बृ० उ० २।५।१९) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है। तथापि अनिर्वचनीय, माया उपाधि की सन्निधि में क्या असम्भव है? क्योंकि श्रुति की विवक्षा निर्गुण ब्रह्मात्मैक्य का बोध कराने में है, इसीलिए 'ब्रह्म सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप है' (तै० उ० २।१) इस प्रकार श्रुति स्वरूप लक्षण कहकर ब्रह्म का तटस्थ लक्षण जगत् का जन्म आदि कारण का बोध कराती है।

तदेव विशिनष्टि स्वप्राधान्येनेति।

उसे ही विशेषित करते हैं 'स्वप्राधान्येन' इत्यादि से -

स्वप्राधान्येन जगतो निमित्तमपि कारणम् । उपादानं तथोपाधिप्राधान्येन भवत्ययम् ॥३३४॥

अयमीश्वरः स्वप्राधान्येन स्वस्य चैतन्यस्य प्राधान्येन **जगतो निमित्तं कारणं तथोपाधिप्राधान्येन** मायोपाधेः प्राधान्ये**नोपादानमपि भवति**।

यह अपनी प्रधानता से निमित्त कारण तथा उपाधि की प्रधानता से उपादान कारण है ॥३३४॥

यह ईश्वर अपने चैतन्य अंश की प्रधानता से जगत् का निमित्त कारण तथा माया उपाधि की प्रधानता से उपादान कारण होता है।

यथा लूता निमित्तं च स्वप्रधानतया भवेत् । स्वशरीरप्रधानत्वेनोपादानं तथेश्वरः ॥३३५॥

यथा लूता लूताकीट ऊर्णनाभिः **स्वप्रधानतया** चैतन्यांश-प्रधानतया **निमित्तं च स्वशरीरप्रधानत्वेन** जडांश-प्रधानत्वे**नोपादानं तथा हीश्वरो** भवेत्। *"यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च यथा पृथिव्यामोषधयः सम्भवन्ति। यथा सतः पुरुषात्केशलोमानि तथाक्षरात्सम्भवतीह विश्वम्॥"* इति श्रुतेः।

एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानमिति वेदान्तानां प्रतिज्ञा। *"येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातमिति कथं नु भगवः स आदेशो भवतीति", "कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति"* इति। सा तदैव सिध्यति यदा तत्कारणमुपादानं निमित्तं च भवति। तस्माज्जगतोऽभिन्ननिमित्तोपादानकारणमस्ति। *"प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्", "तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः"* इति न्यायात्। यस्मात्तन्निष्ठस्य मोक्ष उपदिश्यते तस्मात्तत्कारणं सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं निर्गुणं सर्वपरिच्छेदशून्यमेव भवितुमर्हति। *"तन्निष्ठस्य मोक्षोपदेशात्"* इति न्यायात्। स्वपितिनामनिर्वचनेन सुषुप्तावात्मनि जीवः प्रलीनो भवतीव *"स्वं ह्यपीतो भवति"* इति श्रुतेः। तत्र स्व-शब्देनाऽऽत्मा सच्छब्दवाच्योऽपिगतो भवति। यत्तूक्तम् *"तत्कारणं परं ब्रह्म भवेन्नित्यं मृदादिवत्"* तत्कार्यापेक्षया नित्यं न तु निरपेक्षम्। ब्रह्मण उपादानत्वे प्रपञ्चस्यानित्यत्वं न सम्भवति। अविकारिब्रह्मण उपादानत्वं च न सम्भवति। निरवयवत्वे ब्रह्मणो जगदुपादानत्वश्रुतिविरोधः, सावयवत्वे निष्कलत्वश्रुतिविरोधः, वस्तुनि विकल्पश्चायुक्तः, तस्मान्निरवयवस्य कूटस्थस्याऽप्यविद्याकल्पितनामरूपविकाराङ्गीकारेण निष्प्रपञ्चब्रह्मणः सृष्टिरनूद्यते,

न तु प्रतिपाद्यते। प्रपञ्चस्य ब्रह्मविवर्तत्वात्स्वस्वरूपापरित्यागेन रूपान्तरापत्तिर्दृश्यते। अविकारिब्रह्मणो विवर्तं कार्यं विकारी प्रपञ्च इति।

जैसे मकड़ी स्व की प्रधानता से निमित्त कारण तथा अपने शरीर की प्रधानता से उपादान कारण होती है, वैसे ही ईश्वर भी है ॥३३५॥

जैसे ऊर्णनाभि (मकड़ी) अपने चैतन्य अंश की प्रधानता से निमित्त कारण तथा जड अंश की प्रधानता से उपादान कारण होती है, वैसे ही ईश्वर भी है। श्रुति से भी यही सिद्ध होता है - 'जिस प्रकार मकड़ी जाले को बनाती और उसे निगल जाती है, जैसे पृथ्वी में ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं और जैसे सजीव पुरुष से केश एवं लोम उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार उस अक्षर से यह विश्व प्रकट होता है' (मु० उ० १।१।७)। एक के ज्ञान से सभी का ज्ञान हो जाता है - ऐसी वेदान्त की प्रतिज्ञा है। 'जिसके द्वारा अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत हो जाता है तथा अविज्ञात विशेष रूप से ज्ञात हो जाता है - यह सुनकर श्वेतकेतु ने पूछा भगवन्! वह आदेश कैसा है?' (छा० उ० ६।१।३), 'भगवन्! किसके जान लिए जाने पर यह सब कुछ जान लिया जाता है' (मु० उ० १।१।३)। वह तब ही सिद्ध किया जाता है जब वह उपादान तथा निमित्त कारण होता है। इस प्रकार जगत् का अभिन्न, निमित्त, उपादान कारण वही है। 'उपादान कारण ब्रह्म ही है क्योंकि ऐसा मानने से ही श्रुति में आए हुए प्रतिज्ञा वाक्य तथा दृष्टान्त वाक्य बाधित नहीं होंगे' (ब्र० सू० १।४।२३), 'आरम्भण शब्द आदि हेतुओं से उसकी अर्थात् कार्य की कारण से अनन्यता सिद्ध होती है' (ब्र० सू० २।१।१४) न्याय से भी यही सिद्ध होता है। क्योंकि उसमें निष्ठ होने वाले का मोक्ष कहा जाता है, इसीलिए वह कारण सर्व उपाधि से विनिर्मुक्त, निर्गुण, सर्वपरिच्छेद से रहित ही होता है। 'उस जगत् कारण में स्थित होने वाले की मुक्ति बतलायी गयी है' (ब्र० सू० १।१।७) न्याय से यही प्रमाणित होता है। 'स्वपिति' नाम द्वारा निर्वचन करते हैं - सुषुप्ति में जीव आत्मा में ही लीन हो जाता है 'यह स्व - अपने को ही प्राप्त हो जाता है' (छा० उ० ६।८।१) ऐसा श्रुति का वाक्य है। वहाँ स्व शब्द से आत्मा 'सत्' शब्द वाच्य भी प्राप्त होता है। जिसके लिए कहा गया है 'उसका कारण निरुपाधिक ब्रह्म मृत्तिका आदि के समान अविनाशी होगा' (१९)। वह कार्य की अपेक्षा से नित्य है, निरपेक्ष नहीं। ब्रह्म के उपादान होने से प्रपञ्च का अनित्यत्व सम्भव नहीं है तथा अविकारी ब्रह्म का उपादान होना भी सम्भव नहीं है। निरवयवत्व ब्रह्म का जगत् उपादान श्रुति से विरोध, सावयवत्व ब्रह्म का निष्कलत्व श्रुति विरोध तथा वस्तु में विकल्प अयुक्त है। इसीलिए निरवयव, कूटस्थ, निष्प्रपञ्च ब्रह्म से भी अविद्या कल्पित नाम, रूप विकार अङ्गीकार द्वारा सृष्टि कही गयी है; किन्तु उसका प्रतिपादन नहीं किया है। प्रपञ्च के ब्रह्म विवर्तत्व के कारण अपने स्वरूप का परित्याग किए बिना ब्रह्म में रूपान्तर की आपत्ति देखी जाती है। अविकारी ब्रह्म का विवर्त कार्य विकारी प्रपञ्च है।

तमःप्रधानप्रकृतिविशिष्टात्परमात्मनः । अभूत्सकाशादाकाशमाकाशाद्वायुरुच्यते ॥३३६॥

तमःप्रधानप्रकृतिविशिष्टात्तमोगुण एव प्रधानो यस्यां सा प्रकृतिस्तया विशिष्टः शबलितस्तमःप्रधानप्रकृतिविशिष्टस्तस्मात्तमःप्रधानप्रकृतिविशिष्टा**त्परमात्मनः सकाशा**त्समीपा**दाकाशमभूत्**। **आकाशाद्वायुर**भूदि**त्युच्यते**। *"तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः।"* इति श्रुतेः ।

ननु मूलाज्ञानस्य मायायास्त्रिगुणात्मकत्वात्कथं तमोगुणमात्रप्राधान्येनाकाशादिजनकत्वमित्याशङ्क्याह – पञ्चमहाभूतेषु जाड्याधिक्यदर्शनात्तमःप्रधान्यं तेषां कारणस्य तथापि रजःसत्त्वयोरपि तत्र मात्रया वृत्तिर्द्रष्टव्या।

ननु निरवयवद्रव्यत्वादाकाशमात्मवन्नोत्पद्यत इति चेन्न। श्रुतिविरोधात्प्रत्यनुमानविरोधाच्च। आकाशमुत्पद्यते महत्त्वे सति भूतत्वान्महापृथिव्यादिवदिति।

तमोगुण प्रधान माया से युक्त परमात्मा के सकाश से आकाश उत्पन्न हुआ, आकाश से वायु की उत्पत्ति कही जाती है ॥३३६॥

तमोगुण ही प्रधान है जिसमें वह बल से विशिष्ट प्रकृति तमःप्रधान प्रकृति है। उस तमःप्रधान विशिष्ट प्रकृति से युक्त परमात्मा से आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु की उत्पत्ति हुई। श्रुति के अनुसार 'उस इस आत्मा से ही आकाश, आकाश से वायु उत्पन्न हुआ' (तै० उ० २।१)।

किन्तु मूल अज्ञान माया के तीन गुणों से त्रिगुणात्मक है फिर किस प्रकार केवल तमोगुण की प्रधानता से आकाश आदि का जनक है। इस आशङ्का पर कहते हैं - पञ्च महाभूतों में जाड्य की अधिकता देखी जाती है, तम की प्रधानता से उन सभी का कारण है। तब भी रज, सत्त्व भी वहाँ देखा जाता है।

किन्तु निरवयव द्रव्य होने के कारण आकाश की आत्मा के समान उत्पत्ति नहीं हो सकती तो इस पर कहते हैं नहीं। श्रुति विरोध तथा अनुमान विरोध होगा। महत्ता होने से, भूतत्व के कारण, आकाश की उत्पत्ति होती है; जैसे महा पृथिवी आदि उत्पन्न होते हैं।

वायोरग्निस्तथैवाग्नेरापोऽद्भ्यः पृथिवी क्रमात् । शक्तेस्तमःप्रधानत्वं तत्कार्ये जाड्यदर्शनात् ॥३३७॥

आरभन्ते कार्यगुणान्ये कारणगुणा हि ते । एतानि सूक्ष्मभूतानि भूतमात्रा अपि क्रमात् ॥३३८॥

तथैव वायोरनिलाद**ग्निर**नलो**ऽग्नेर**नलाद**आपोऽद्भ्यः पृथिवी क्रमा**दुत्पद्यते। *"वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी"* इति श्रुतेः। **तत्कार्ये** मायायाः कार्येष्वाकाशादिषु **जाड्यदर्शनाच्छक्ते**र्मायाया**स्तमःप्रधानत्वम**नुमीयते। कथम्? **ये कार्यगुणान्** कार्यस्य गुणा**नारभन्ते ते** मूलतः **कारणगुणाः** कारणस्योपादानकारणस्य गुणा **हि**। **एतानि सूक्ष्मभूतान्य**पञ्चीकृतमहाभूतानि **क्रमाद्भूतमात्रास्तन्**मात्रास्तत्तद्भूतमात्रा **अप्युच्य**न्त इति।

वैसे ही वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी - इस प्रकार क्रम से उत्पन्न होते हैं। माया के कार्य आकाश आदि में जड़ता देखने में आती है, अतः माया तमःप्रधान ज्ञात होती है क्योंकि जो कारण के गुण होते हैं वे ही कार्य के गुणों को उत्पन्न करते हैं। ये आकाश आदि पाँच भूत क्रमशः सूक्ष्म भूत अथवा भूतमात्रा भी कहे जाते हैं ॥३३७, ३३८॥

वैसे ही वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी - क्रम से उत्पन्न होते हैं। श्रुति के अनुसार 'वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथिवी [उत्पन्न हुआ]' (तै० उ० २।१)। माया का कार्य होने से आकाश आदि में जड़ता देखी जाती है, इससे माया का तमःप्रधानत्व अनुमान किया जाता है। कैसे? जो कार्य के गुणों को उत्पन्न करते हैं, वे मूल रूप से उपादान कारण के ही गुण होते हैं। ये अपञ्चीकृत महाभूत क्रमशः उस उस भूत की मात्रा भी कहे जाते हैं।

लिङ्गशरीरम्

एतेभ्यः सूक्ष्मभूतेभ्यः सूक्ष्मदेहा भवन्त्यपि । स्थूलान्यपि च भूतानि चान्योन्यांशविमेलनात् ॥३३९॥

एतेभ्योऽपञ्चीकृतभूतेभ्यः **सूक्ष्मभूतेभ्यः सूक्ष्मदेहाः** समस्तसूक्ष्मशरीराण्य**प्यन्योन्यांशविमेलनाद**न्योन्यांशः परस्परांश इतरेतरांशास्तेषां विमेलनमन्योन्यांशविमेलनं तेनान्योन्यांशविमेलनेन तृतीयार्थे पञ्चमी **स्थूलानि** भोगयोग्यानि पञ्च**भूतान्यपि च** पञ्चीकृतानि महाभूतानि **भवन्त्यु**द्भवन्तीति।

इन सूक्ष्म भूतों से सूक्ष्म शरीर तथा सूक्ष्म भूतों के परस्पर अंश मिलने से भोगने योग्य स्थूल भूतों की उत्पत्ति होती है ॥३३९॥

इन अपञ्चीकृत भूतों से समस्त सूक्ष्म शरीर तथा परस्पर अंशों के विमेलन के द्वारा (तृतीय अर्थ में पञ्चमी प्रयोग करके) भोगने योग्य पञ्चीकृत महाभूतों की उत्पत्ति होती है।

अपञ्चीकृतभूतेभ्यो जातं सप्तदशाङ्गकम् । संसारकारणं लिङ्गमात्मनो भोगसाधनम् ॥३४०॥

अपञ्चीकृतभूतेभ्यः संसारकारणं संसारस्य समस्तसंसरणस्य कारण**मात्मनो** जीवात्मनो **भोगसाधनं** भोगानां विषयभोगानां साधनं **सप्तदशाङ्गकं** सप्तदशान्यङ्गानि यस्य तत्सप्तदशाङ्गकं **लिङ्गं** सूक्ष्मशरीरं **जातमु**त्पन्नम्। *"पञ्चप्राणमनोबुद्धिदशेन्द्रियसमन्वितम्। अपञ्चीकृतभूतोत्थं सूक्ष्माङ्गं भोगसाधनम्॥"* इति।

अपञ्चीकृत सूक्ष्मभूतों से सत्तरह अवयवों वाला लिङ्ग शरीर उत्पन्न होता है जो संसार का कारण तथा जीवात्मा के भोग का साधन है ॥३४०॥

अपञ्चीकृत सूक्ष्म भूतों से जो संसार के समस्त संसरण का कारण है तथा जीवात्मा के विषय भोग का साधन - सत्तरह अवयवों वाला सूक्ष्म शरीर उत्पन्न होता है। 'अपञ्चीकृत पञ्च महाभूतों से निर्मित पञ्च प्राण, पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्च कर्मेन्द्रियाँ, मन तथा बुद्धि के सहित सूक्ष्म शरीर भोग का साधन है' (आ० बो० १३)।

श्रोत्रादिपञ्चकं चैव वागादीनां च पञ्चकम् । प्राणादिपञ्चकं बुद्धिमनसी लिङ्गमुच्यते ॥३४१॥

श्रोत्रादिपञ्चकं श्रोत्रमादि यस्य पञ्चकस्य तच्छ्रोत्रादिपञ्चकं **चैव** तथैव वागादीनां वागादिर्येषां कर्मेन्द्रियाणां तानि वागादीनि तेषां वागादीनां **पञ्चकं च प्राणादिपञ्चकं** प्राण आदिर्यस्य पञ्चकस्य तत्प्राणादिपञ्चकं **बुद्धिमनसी** बुद्धिश्च मनश्च बुद्धिमनसी **लिङ्गं** लिङ्गशरीर**मुच्यते**।
लीनमर्थं गमयतीति व्युत्पत्या साक्षिणः साक्षात्तद्भास्यत्वेनाऽऽत्मनो ज्ञापकत्वादात्मनश्चैतन्यस्य लिङ्गं चिह्नं यथा धूमो वह्नेर्लिङ्गमिति।

(कोष्ठकः ६) इन्द्रियप्राणमनोबुद्ध्यादिसमूहसञ्ज्ञा		
समूहः	**अंशाः**	**सञ्ज्ञा**
श्रोत्रादिपञ्चकम्	श्रोत्रम्, त्वक्, चक्षुः, जिह्वा, घ्राणम्	ज्ञानेन्द्रियपञ्चकम्
वागादिपञ्चकम्	वाक्, पाणिः, पादः, उपस्थः, पायुः	कर्मेन्द्रियपञ्चकम्
प्राणादिपञ्चकम्	प्राणः, अपानः, व्यानः, उदानः, समानः	प्राणादिपञ्चकम्
बुद्धिमनसी	बुद्धिः, मनः	अन्तःकरणम्

श्रोत्र आदि पाँच तथा वाणी आदि पाँच का समूह, प्राण आदि पाँच, बुद्धि और मन - ये मिलकर लिङ्ग शरीर कहा जाता है ॥३४१॥

श्रोत्र आदि पाँच ही तथा वाणी आदि पाँच, प्राण आदि है जिसका - वे पाँच प्राण आदि तथा मन, बुद्धि मिलकर लिङ्ग शरीर कहलाता है। जो छिपे हुए अर्थ की ओर ले जाता है - इस व्युत्पत्ति से जिस प्रकार धूम वह्नि का लिङ्ग है उसी प्रकार साक्षात् उसका भास होने से, आत्मा का ज्ञान कराने वाला होने से साक्षी चैतन्य का लिङ्ग है।

श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानि पञ्च जातानि । आकाशादीनां सत्त्वांशेभ्यो धीन्द्रियाण्यनुक्रमतः ॥३४२॥

श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानि श्रोत्रं च त्वक्च चक्षुश्च जिह्वा च घ्राणं च श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानि **पञ्चधीन्द्रियाणि** ज्ञानेन्द्रियाण्य**नुक्रमत आकाशादीनाम**पञ्चीकृतभूतानां **सत्त्वांशेभ्यः जातान्**युत्पन्नानीति।

श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, नासिका - ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ क्रम से आकाश आदि के सत्त्व अंश से उत्पन्न हुई हैं ॥३४२॥

श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, नासिका - ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ अनुक्रम से आकाश आदि अपञ्चीकृत भूतों के सत्त्व अंश से उत्पन्न हुई हैं।

अन्तःकरणम्

आकाशादिगताः पञ्च सात्त्विकांशाः परस्परम् । मिलित्वैवान्तःकरणमभवत्सर्वकारणम् ॥३४३॥

आकाशादिगता आकाशादिषु गताः स्थिता विद्यमानाः **पञ्च सात्विकांशाः परस्परम**न्योन्यं **मिलित्वैव सर्वकारणं** सर्वेषां सुखदुःखानां कारण**मन्तःकरणमभवत्**। इदमन्तःकरणमेव सर्वविपरीतभावानां कारणमिति। उक्तं हि *"जीवं कल्पयते पूर्वं ततो भावान् पृथग्विधान्। बाह्यानाध्यात्मिकांश्चैव यथाविद्यस्तथा स्मृतिः॥"* तथा च श्रुतिः *"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः"* इति।

आकाश आदि पाँच भूतों के परस्पर मिले हुए सात्त्विक अंश से सभी का कारण अन्तःकरण [उत्पन्न] हुआ है ॥३४३॥

आकाश आदि में विद्यमान पाँच भूतों के सात्त्विक अंश के अन्योन्य मिलने से सभी सुख-दुःख का कारण अन्तःकरण हुआ है। यह अन्तःकरण ही सभी विपरीत भावनाओं का कारण है। कहा भी गया है - 'शुद्ध आत्मा में वह प्रभु पहले कर्तृत्व आदि विशिष्ट जीव की कल्पना करता है। पश्चात् भिन्न-भिन्न प्रकार की बाह्य तथा आध्यात्मिक पदार्थों की कल्पना करता है। जीव जैसा विचार करता है, वैसे ही उसकी स्मृति भी होती है' (मा० उ० २।१६) तथा श्रुति भी कहती है 'मन ही मनुष्य के बन्ध और मोक्ष का कारण है' (अ० उ० २)।

प्रकाशकत्वादेतेषां सात्त्विकांशत्वमिष्यते । प्रकाशकत्वं सत्त्वस्य स्वच्छत्वेन यतस्ततः ॥३४४॥

यत एतेषां ज्ञानेन्द्रियाणामन्तःकरणस्य च विषयाणां **प्रकाशकत्वात्सात्विकांशत्वं** सात्त्विकांशकार्यत्व**मिष्यते**। *"सत्त्वात्सञ्जायते ज्ञानम्", "सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन् प्रकाश उपजायते। ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत॥"* इति स्मृत्या ज्ञानस्य सत्त्वेन सम्बन्धो बोध्यते, **ततः सत्त्वस्य स्वच्छत्वेन प्रकाशकत्वमिष्यते** कथ्यत इति।

ये प्रकाशक हैं, अतः सात्त्विक अंश कहे जाते हैं, क्योंकि निर्मल होने से सत्त्व गुण प्रकाशक है ॥३४४॥

पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ तथा अन्तःकरण विषयों के प्रकाशक हैं, अतः सात्त्विक अंश का कार्य कहे जाते हैं। 'सत्त्व गुण से ज्ञान उत्पन्न होता है' (भ० गी० १४।१७), 'जब इस देह में सब द्वारों (इन्द्रियों तथा अन्तःकरण) में ज्ञानरूपी प्रकाश प्रकट होता है, तब जानना चाहिए कि सत्त्व गुण बढ़ा हुआ है' (भ० गी० १४।११) इत्यादि स्मृतियों से ज्ञान का सत्त्व से सम्बन्ध पता चलता है। इसीलिए सत्त्व गुण के निर्मल होने के कारण उसे प्रकाशक कहा जाता है।

तदन्तःकरणं वृत्तिभेदेन स्याच्चतुर्विधम् । मनो बुद्धिरहङ्कारश्चित्तं चेति तदुच्यते ॥३४५॥

सङ्कल्पान्मन इत्याहुर्बुद्धिरर्थस्य निश्चयात् । अभिमानादहङ्कारश्चित्तमर्थस्य चिन्तनात् ॥३४६॥

तदन्तःकरणं वृत्तिभेदेन वृत्तिपरिणामभेदेन **चतुर्विधं** चतस्रो विधा यस्य तच्चतुर्विधं **स्यात्तन्मनो बुद्धिरहङ्कारश्चित्तमिति चोच्यते**। **सङ्कल्पान्मनः** सङ्कल्पविकल्पात्मक**मर्थस्य** विषयस्य **निश्चयाद्बुद्धिर्नि**श्चयात्मिकाऽध्यवसायात्मिका**ऽभिमानाद**हं करोमीति वृत्त्या**ऽहङ्कारस्त**था**ऽर्थस्य** विषयस्य **चिन्तनाच्चित्तमिति** पण्डिता **आहुः**।

वह अन्तःकरण वृत्ति भेद से चार प्रकार का होगा। मन, बुद्धि, अहङ्कार और चित्त इस प्रकार से कहा जाता है ॥३४५॥

सङ्कल्प करने से 'मन', पदार्थ विषयक निश्चय करने से 'बुद्धि', अभिमान करने से 'अहङ्कार' तथा विषय का चिन्तन करने के कारण 'चित्त' कहते हैं ॥३४६॥

वह अन्तःकरण वृत्ति परिणाम के भेद से चार प्रकार का होगा। मन, बुद्धि, अहङ्कार और चित्त इस प्रकार से कहा जाता है। सङ्कल्प-विकल्पात्मक होने से 'मन', विषय का निश्चय करने से निश्चयात्मिका अध्यवसायात्मिका 'बुद्धि', 'मैं करता हूँ' इस वृत्ति से 'अहङ्कार' तथा

विषय का चिन्तन करने के कारण 'चित्त' है - ऐसा विद्वान् कहते हैं।

मनस्यपि च बुद्धौ च चित्ताहङ्कारयोः क्रमात् । अन्तर्भावोऽत्र बोद्धव्यो लिङ्गलक्षणसिद्धये ॥३४७॥

लिङ्गलक्षणसिद्धये लिङ्गस्य सूक्ष्मशरीरस्य सप्तदशाङ्गकस्य लक्षणस्य सिद्धयेऽत्र **मनस्यपि बुद्धौ च क्रमाच्चित्ताहङ्कारयोरन्तर्भावो बोद्धव्यः**। स्मरणात्मकस्य चित्तस्यान्तर्भावो मनसि तथा परिच्छिन्नात्मकस्य गर्वात्मकस्य वाऽहङ्कारस्याऽन्तर्भावो बुद्धौ च ज्ञातव्यः।

लिङ्ग शरीर के लक्षण की सिद्धि के लिए यहाँ मन में तथा बुद्धि में भी क्रम से चित्त और अहङ्कार का अन्तर्भाव जानना चाहिए ॥३४७॥

सत्तरह अङ्गों वाले लिङ्ग शरीर, सूक्ष्म शरीर के लक्षण की सिद्धि के लिए यहाँ मन में तथा बुद्धि में भी क्रम से चित्त और अहङ्कार (मन में चित्त और बुद्धि में अहङ्कार) का अन्तर्भाव जानना चाहिए। स्मरण स्वरूप वाले चित्त का अन्तर्भाव मन में तथा परिच्छिन्नात्मक (सीमित स्वरूप वाले) अथवा गर्व स्वरूप वाले अहङ्कार का अन्तर्भाव बुद्धि में जानना चाहिए।

कथं चित्ताहङ्कारयोरन्तर्भावः सिद्ध्यतीत्युच्यते चिन्तनमिति।

किस प्रकार चित्त तथा अहङ्कार का अन्तर्भाव होता है, इस पर कहते हैं 'चिन्तनं' इत्यादि से -

चिन्तनं च मनोधर्मः सङ्कल्पादिर्यथा तथा । अन्तर्भावो मनस्येव सम्यक्चित्तस्य सिद्ध्यति ॥३४८॥

देहादावहमित्येव भावो दृढतरो धियः । दृश्यतेऽहङ्कृतेस्तस्मादन्तर्भावोऽत्र युज्यते ॥३४९॥

यथा सङ्कल्पादिर्मनोधर्मो मनसो धर्म**स्तथा चिन्तनं च** स्मरणं वा विषयस्य ब्रह्मणो वा मनोधर्मस्तस्मा**न्मनस्येव चित्तस्यान्तर्भावः सम्यक्** प्रकारेण **सिद्ध्यति**। यस्मा**द्देहादौ** शरीरत्रये **धियः** बुद्धे**रहमित्येव दृढतरो भावो**ऽत्यन्तदृढविपरीतसंस्कारो **दृश्यते तस्मादत्र** बुद्धाव**हङ्कृतेरन्तर्भावो युज्यत** इति।

जैसे सङ्कल्प आदि मन के धर्म हैं, वैसे ही चिन्तन भी मन के ही धर्म हैं। इसीलिए मन में ही चित्त का सम्यक् अन्तर्भाव सिद्ध होता है ॥३४८॥

देह आदि में बुद्धि का ही 'अहं - मैं' ऐसा अति दृढ भाव देखा जाता है, इससे यहाँ अहङ्कार का अन्तर्भाव युक्त है ॥३४९॥

जैसे सङ्कल्प आदि मन के धर्म हैं वैसे ही विषय का अथवा ब्रह्म का चिन्तन तथा स्मरण मन के ही धर्म हैं। इसीलिए मन में ही चित्त का सम्यक् प्रकार से अन्तर्भाव सिद्ध होता है। क्योंकि तीनों शरीरों में बुद्धि का ही 'अहं - मैं' ऐसा अत्यन्त दृढ विपरीत संस्कार देखा जाता है, इससे यहाँ बुद्धि में ही अहङ्कार का अन्तर्भाव युक्त है।

तस्मादेव तु बुद्धेः कर्तृत्वं तदितरस्य करणत्वम् । सिद्ध्यत्यात्मन उभयाद्विद्यात्संसारकारणं मोहात् ॥३५०॥

तस्मादेव तु बुद्धेः कर्तृत्वं तदितरस्य मनसस्तु **करणत्वं सिद्ध्यति**। **उभयाद्वि**प्रकारका**न्मोहाद**ज्ञानवशादहङ्कर्ता मनसा सङ्कल्पेन करणेन सर्वं करोमीत्येवं प्रकारमज्ञान**मात्मनः संसारकारणं** जन्ममरणस्येहलोकपरलोकगमनस्य च कारणं **विद्यादि**त्यर्थः।

इसी कारण बुद्धि का कर्तृत्व है तथा मन आदि अन्य करण सिद्ध होते हैं। इन दोनों प्रकार के मोह अज्ञान वश आत्मा[४४] के संसार का कारण जानो ॥३५०॥

---

[४४] आत्मा अर्थात् जीवात्मा दोनों प्रकार के अज्ञान से जीवात्मा में धर्माधर्म होते हैं, जिससे पुनः संसार होता है।

इसी कारण बुद्धि का कर्तृत्व तथा उससे भिन्न मन का करणत्व सिद्ध होता है। दोनों प्रकार के मोह अज्ञानवशात् 'मैं कर्ता हूँ, सभी कुछ मैं करता हूँ' मन के सङ्कल्प करने से - इस प्रकार के अज्ञान को आत्मा के संसार का अर्थात् जन्म-मरण, इस लोक से परलोक गमन का कारण जानो - ऐसा अर्थ है।

विज्ञानमयकोशः

विज्ञानमयकोशः स्याद् बुद्धिर्ज्ञानेन्द्रियैः सह । विज्ञानप्रचुरत्वेनाप्याच्छादकतयात्मनः ॥३५१॥

विज्ञानमयकोशोऽयमिति विद्वद्भिरुच्यते । अयं महानहङ्कारवृत्तिमान्कर्तृलक्षणः ॥
सर्वसंसारनिर्वोढा विज्ञानमयशब्दभाक् ॥३५२॥

ज्ञानेन्द्रियैः सह श्रोत्रत्वगादीन्द्रियैः सह **बुद्धिर्विज्ञानमयकोशः स्यात्**। **अपि** च **विज्ञानप्रचुरत्वेने**ति मयट् प्रत्ययः प्राचुर्यार्थे, विज्ञानस्याधिक्याद्विज्ञानमय **आत्मनः** कोशव**दाच्छादकतया** कोशस्तस्माद**यं विज्ञानमयकोश इति विद्वद्भिरुच्यते**। नन्वात्मनोऽनन्तत्वाद्देशकालापरिच्छिन्नत्वाच्च कथं तस्याच्छादनं केनाऽप्यनात्मना सम्भवतीति चेत्सत्यम्। न सम्भवति, तथाऽपि कोशैरात्मदर्शनप्रतिबन्धः कर्तुं शक्यते। *"पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भूः तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्॥"* इति श्रुतिः। कोशाः पुरुषस्य विवेकसामर्थ्यमाच्छादयन्ति। **अयं** विज्ञानमयकोशो **महानहङ्कारवृत्तिमान**हङ्काराकारिता वृत्तिर्यस्य स अहङ्कारवृत्तिमान् **कर्तृलक्षणः** कर्ता लक्षणं यस्य स कर्तृलक्षणः **सर्वसंसारनिर्वोढा** सर्वस्य संसारस्य निर्वोढा निर्वहणकर्ता सर्वसंसारनिर्वोढा **विज्ञानमयशब्दभाक्** प्राचुर्येण प्रस्तुतं विज्ञानमिति विज्ञानमयम्। विज्ञानमयश्चासौ शब्दो विज्ञानमयशब्दः, तं भजत इति विज्ञानमयशब्दभाक्। कर्तृत्वभोक्तृत्वलक्षणो हि संसारः परिच्छिन्नत्वभ्रान्तिजन्यः। जातोऽहं मरिष्येऽहममुष्य पुत्रोऽहमेषां ममैते बान्धवाः पशुपुत्रदारादयः सुखी दुःखी चाहमित्यनेकभ्रान्तिजन्यकल्पनमेव संसारस्तस्य निर्वोढा विज्ञानमयशब्दितः कोश इत्यभिप्रायः।

ज्ञानेन्द्रियों के साथ बुद्धि विज्ञानमय कोश होगा। ज्ञान की अधिकता के कारण आत्मा का आच्छादन करने वाला होने से भी विद्वानों के द्वारा यह 'विज्ञानमय कोश' इस नाम से कहा जाता है। यह विज्ञानमय कोश महान् अहङ्कार वृत्ति वाला, कर्तृत्व लक्षण वाला, सम्पूर्ण संसार का निर्वाह करने वाला विज्ञानमय शब्द का भागी होता है ॥३५१, ३५२॥

श्रोत्र, त्वचा आदि इन्द्रियों के साथ बुद्धि विज्ञानमय कोश होगा तथा 'मयट्' प्रत्यय प्राचुर्य अर्थ में है। विज्ञान की अधिकता के कारण विज्ञानमय, आत्मा का कोशवत् आच्छादन करने वाला होने के कारण कोश - इसीलिए विद्वानों के द्वारा यह 'विज्ञानमय कोश' इस नाम से कहा जाता है। आत्मा का अनन्तत्व तथा देश, काल अपरिच्छिन्नत्व है, फिर किस प्रकार किसी अनात्मा के द्वारा उसका आच्छादन सम्भव है? सत्य। सम्भव नहीं है। फिर भी कोश के द्वारा आत्मदर्शन प्रतिबन्ध करने की समर्थता है। श्रुति से प्रमाणित होता है - 'स्वयम्भू परमात्मा ने इन्द्रियों को बहिर्मुख करके हिंसित कर दिया है। इसी से जीव बाह्य विषयों को देखता है, अन्तरात्मा को नहीं' (क० उ० २।१।१)। कोश पुरुष के विवेक सामर्थ्य को आच्छादित कर देते हैं। यह विज्ञानमय कोश महान् अहङ्कार वृत्ति वाला (अहङ्कार से आकारित है वृत्ति जिसकी), कर्तृत्व लक्षण वाला (कर्ता लक्षण वाला है जो), सम्पूर्ण संसार का निर्वाह करने वाला - विज्ञान की प्राचुर्यता के कारण विज्ञानमय है। विज्ञानमय तथा यह शब्द मिलकर विज्ञानमय शब्द - जो उसका ध्यान करता है, वह विज्ञानमय का भागी (पात्र) होता है। कर्तृत्व, भोक्तृत्व लक्षण रूप भ्रान्ति जन्य परिच्छिन्नत्व ही संसार है। मेरा जन्म होगा, मेरा मरण होगा, मैं अमुक का पुत्र हूँ, 'ये बान्धव, पशु, पुत्र, दारा आदि मेरे हैं, मैं इनका हूँ', मैं सुखी-दुःखी हूँ - इस प्रकार की अनेक भ्रान्ति जन्य कल्पना ही संसार तथा उसके निर्वाह को विज्ञानमय कोश कहते हैं - ऐसा अभिप्राय है।

एतस्य संसारवर्णनस्यैव विस्तारस्त्रिभिः श्लोकैः क्रियतेऽहमिति।

इस संसार का वर्णन ही विस्तार से तीन श्लोकों में करते हैं 'अहं' इत्यादि से -

अहं ममेत्येव सदाभिमानं देहेन्द्रियादौ कुरुते गृहादौ । जीवाभिमानः पुरुषोऽयमेव कर्ता च भोक्ता च सुखी च दुःखी ॥३५३॥

जीवाभिमानो जीवत्वाभिमानो यस्य स जीवाभिमानोऽहं जीवोऽस्मीत्यभिमानवा**नयं पुरुष एव सदा** त्रिषु कालेषु सर्वावस्थासु **देहेन्द्रियादौ** देहश्चेन्द्रियाणि च देहेन्द्रियाणि तानि चादीनि यस्य प्राणमनोबुद्धिसङ्घातस्य स देहेन्द्रियादिस्तस्मिन्देहेन्द्रिया**दावहमित्यभिमानं कुरुते** तथा **गृहादौ** गृहमादि यस्य स गृहादिः स्त्रीपुत्रपशुसङ्घातस्तस्मिन् गृहादौ **ममेत्येव**मभिमानं कुरुतेऽतस्तस्मात्कारणात्स **कर्ता च भोक्ता च सुखी दुःखी च** भवति। धर्मस्य कर्ता पुण्यफलभोक्ता सुखी च भवति तथाऽधर्मस्य कर्ता पापफलभोक्ता दुःखी च भवति। अकर्ताऽभोक्ताऽऽत्मा न सुखी न दुःखी भवतीति।

'मैं जीव हूँ' ऐसा अभिमान करने वाला यह पुरुष ही देह इन्द्रिय आदि में, घर आदि में - 'मैं-मेरा' सदा ऐसा अभिमान करता है। इस कारण कर्ता और भोक्ता होकर सुखी तथा दुःखी होता है ॥३५३॥

'मैं जीव हूँ' ऐसा अभिमान करने वाला यह पुरुष ही तीनों कालों में, सभी अवस्थाओं में प्राण, मन, बुद्धि, सङ्घात उस देह, इन्द्रिय आदि में 'मैं' तथा स्त्री, पुत्र, पशु, सङ्घात उस घर आदि में 'मेरा' - ऐसा अभिमान करता है। अतः इस कारण से कर्ता और भोक्ता होकर सुखी तथा दुःखी होता है। धर्म का कर्ता और पुण्य फल का भोक्ता होकर सुखी होता है तथा अधर्म का कर्ता और पाप फल का भोक्ता होकर दुःखी होता है। अकर्ता, अभोक्ता आत्मा न सुखी होता है, न दुःखी होता है।

स्ववासनाप्रेरित एव नित्यं करोति कर्मोभयलक्षणं च । भुङ्क्ते तदुत्पन्नफलं विशिष्टं सुखं च दुःखं च परत्र चात्र ॥३५४॥

स **एव** पुरुषो जीवाभिमानः **स्ववासनाप्रेरितः** स्वस्य वासनाः स्ववासनास्ताभिः प्रेरितः स्ववासनाप्रेरितश्चोदितो **नित्यं** सदो**भयलक्षणं कर्म** विहितं निषिद्धं **च** धर्माधर्मलक्षणं **करोति**। तेनात्रास्मिँल्लोके **परत्र** परलोके **च विशिष्टं तदुत्पन्नफलं** तत्कर्मण उत्पन्नं फलं **सुखं च दुःखं च** परवशो भूत्वा **भुङ्क्त** इति। देहेन्द्रियादिष्वहं ममाभिमानरहितस्य प्रमातृत्वानुपपत्तौ प्रमाणप्रवृत्त्यनुपपत्तेः। न हीन्द्रियाण्यनुपादाय प्रत्यक्षादिव्यवहारः सम्भवतीत्यादिना आचार्यप्रवरेण अविद्यात्मक-कर्तृत्वभोक्तृत्वप्रमातृत्वात्मकः संसारः प्रतिपादित इति।

अपनी वासना से ही प्रेरित [जीव] नित्य दोनों प्रकार के कर्म करता है और उनसे उत्पन्न विशिष्ट फल - सुख एवं दुःख को भी इस लोक तथा परलोक में भोगता है ॥३५४॥

वह पुरुष जीव अपनी वासनाओं से ही प्रेरित होकर सदा धर्म-अधर्म लक्षण रूपी विहित तथा निषिद्ध दोनों प्रकार के कर्म करता है। उन कर्मों से उत्पन्न फल को परवश होकर इस लोक तथा परलोक में भोगता है। देह, इन्द्रियों आदि में 'मैं-मेरा' अभिमान से रहित की प्रमाण में प्रवृत्ति न होने से प्रमातृत्व की उपपत्ति नहीं होती है और न ही इन्द्रियों के बिना प्रत्यक्ष आदि व्यवहार सम्भव हो पाता है। इसी से आचार्यप्रवर के द्वारा अविद्यात्मक कर्तृत्व, भोक्तृत्व, प्रमातृत्वात्मक संसार का प्रतिपादन किया गया है।

नानायोनिसहस्रेषु जायमानो मुहुर्मुहुः । म्रियमाणो भ्रमत्येष जीवः संसारमण्डले ॥३५५॥

एष जीवो नानायोनिसहस्रेषु नानाऽनेकसहस्रयोनिषु **मुहुर्मुहुः** पुनः पुन**र्जायमानो म्रियमाणः संसारमण्डले भ्रमती**ति।

यह जीव भाँति-भाँति की सहस्र योनियों में बार-बार जन्म लेता हुआ और मरता हुआ इस प्रकार सदा संसार मण्डल में चक्कर लगाता रहता है ॥३५५॥

यह जीव अनेक सहस्र योनियों में पुनः पुनः जन्म लेता हुआ और मरता हुआ इस प्रकार सदा संसार मण्डल में चक्कर लगाता रहता है।

मनोमयकोशः

मनो मनोमयः कोशो भवेज्ज्ञानेन्द्रियैः सह । प्राचुर्यं मनसो यत्र दृश्यतेऽसौ मनोमयः ॥३५६॥

ज्ञानेन्द्रियैश्चक्षुश्श्रोत्रादिभिः **सह मनो मनोमयः कोशो भवेद्यत्र मनसः प्राचुर्य**माधिक्यं प्राधान्यं **दृश्यतेऽसौ मनोमयः** कोश इति।

ज्ञानेन्द्रियों सहित मन मनोमय कोश होता है। जहाँ मन की प्रधानता देखी जाती है, वह मनोमय कोश है ॥३५६॥

चक्षु, श्रोत्र आदि ज्ञानेन्द्रियों के साथ मन मनोमय कोश होता है। जहाँ मन का आधिक्य प्राधान्य देखा जाता है, वह मनोमय कोश है।

चिन्ताविषादहर्षाद्याः कामाद्या अस्य वृत्तयः । मनुते मनसैवैष फलं कामयते बहिः ।
यतते कुरुते भुङ्क्ते तन्मनः सर्वकारणम् ॥३५७॥

चिन्ताविषादहर्षाद्याः चिन्ता च विषादश्च हर्षश्च चिन्ताविषादहर्षा वृत्तय इति, ता आदयो यासां वृत्तीनां ताश्चिन्ताविषादहर्षाद्याः। अथवा चिन्ताविषाच्चिन्तागरलादहर्षाद्याः दुःखाद्याः। *"चिता चिन्ता द्वयोर्मध्ये चिन्ता नाम गरीयसी। चिता दहति निर्जीवं चिन्ता हि जीवितं तथा॥"* इति। **कामाद्याश्च** कामक्रोधलोभमोहादयश्च **वृत्तयोऽस्य** भवन्ति। **एष मनसैव मनुते** सङ्कल्पयते **बहिः फलं कामयते यतते** यत्नं **कुरुते भुङ्क्ते तन्मनः सर्वकारणमे**तस्य सर्वस्येति। *"स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते"* इति श्रुतेः। तस्मादयं पुरुषः काममय एव। भगवताप्युक्तम् - *"कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान्", "सङ्कल्पप्रभवान् कामान्"* इति च।

चिन्ता, विषाद, हर्ष आदि और काम आदि इसकी वृत्तियाँ हैं। यह मन के द्वारा ही मनन करता है, बाह्य पदार्थ रूपी फल की इच्छा करता है, यत्न करता है, कर्म करता है, भोग करता है, वह मन सबका कारण है ॥३५७॥

चिन्ता, विषाद, हर्ष आदि इसकी वृत्तियाँ हैं अथवा चिन्ता तथा विष से हर्ष आदि, दुःख आदि उत्पन्न होते हैं। सुभाषित में कहा गया है 'चिता और चिन्ता इन दोनों में चिन्ता बड़ी मानी जाती है। चिता तो मरे हुए को जलाती है पर चिन्ता जीवित व्यक्ति को जलाती है' । काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि इसकी वृत्तियाँ हैं। यह मन के द्वारा ही सङ्कल्प करता है, बाह्य पदार्थ रूपी फल की इच्छा करता है, उसे प्राप्त करने के लिए यत्न करता है, भोग करता है, वह मन सबका कारण है। 'वह जैसी कामना वाला होता है वैसा ही सङ्कल्प करता है, जैसे सङ्कल्प वाला होता है, वैसा ही कर्म करता है और जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है' (बृ० उ० ४।४।५) इस श्रुति से भी यही बात सिद्ध होती है। अतः यह पुरुष काममय ही है। भगवान् द्वारा भी कहा गया है - 'हे पार्थ! मन में स्थित सब कामनाओं को [त्याग देता है]' (भ० गी० २।५५), 'सङ्कल्प से उत्पन्न होने वाली सम्पूर्ण कामनाओं का [सर्वथा त्याग करके]' (भ० गी० ६।२४)।

मनो ह्यमुष्य प्रवणस्य हेतुरन्तर्बहिश्चार्थमनेन वेत्ति । शृणोति जिघ्रत्यमुनैव चेक्षते वक्ति स्पृशत्यत्ति करोति सर्वम् ॥३५८॥

मनो ह्येवामुष्य बद्धस्य **प्रवणस्य** विषयं प्रति समावर्जितस्य **हेतुरनेनऽन्तर्बहिश्चार्थं वेत्ति** कामजन्यान् सूक्ष्मविषयानन्तः स्थूलविषयान् बहिर्जानाति। **अमुनैव सर्वं** सर्वान् पदार्थाञ्**शृणोति जिघ्रति चेक्षते वक्ति स्पृशत्यत्ति करोति**। यदा मनो विक्षेपरहितं भवति तदा बाह्यविषयानपि यथावज्जानाति तथान्तस्सुखमप्यनुभवति तस्मान्मन एव सर्वज्ञानस्य हेतुत्वात्सर्वकारणमित्युक्तमिति।

निश्चय यह मन ही उसके झुकाव का हेतु है। इसके द्वारा भीतर और बाह्य विषय को जानता है। इसके द्वारा ही सुनता है, सूँघता है, देखता है, बोलता है, स्पर्श करता है, खाता है और सब कार्य करता है ॥३५८॥

निश्चय यह बद्ध का मन ही विषयों की ओर झुकाव का हेतु है। इसके द्वारा कामना से उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म विषयों को अन्तःरूप से तथा स्थूल विषयों को बाह्य रूप से जानता है। इसके द्वारा ही सभी पदार्थों को सुनता है, सूँघता है, देखता है, बोलता है, स्पर्श करता है, खाता है और सब कार्य करता है। जब मन विक्षेप रहित होता है तो बाह्य विषयों को भी यथार्थ रूप से जान लेता है तथा भीतर सुख का भी अनुभव करता है। इसीलिए मन ही सर्व ज्ञान का हेतु होने के कारण [उसे] सबका कारण कहना युक्त है।

बन्धश्च मोक्षो मनसैव पुंसामर्थोऽप्यनर्थोऽप्यमुनैव सिध्यति ।
शुद्धेन मोक्षो मलिनेन बन्धो विवेकतोऽर्थोऽप्यविवेकतोऽन्यः ॥३५९॥

पुंसां पुरुषाणां **बन्धश्च मोक्षश्च मनसैव** भवति कल्प्यते। *"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः। बन्धाय विषयासक्तं मुक्तं निर्विषयं स्मृतम्॥"* इति श्रुतिः। **अमुनैवऽर्थोऽप्यनर्थोऽपि सिद्ध्यति** यत्किञ्चित्सुखं यदि वा दुःखं प्राप्यते तन्मनोजन्यमेव। **शुद्धेन** मनसा **मोक्षो मलिनेन** मनसा **बन्धो** भवति। *"मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च। अशुद्धं कामसङ्कल्पं शुद्धं कामविवर्जितम्॥"* इति श्रुतिरेव शुद्धमनसः मोक्षकारणत्वमशुद्धस्य बन्धकारणत्वं वक्ति। **विवेकतोऽर्थः** परमपुरुषार्थ-सिद्धिस्तथा**ऽविवेकतोऽन्यो**ऽनर्थो**ऽपि** भवति, पुरुषः परमपुरुषार्थायोग्यो भवतीत्यर्थः। यदा रजस्तमोभ्यामभिभूतं तदाऽशुद्धं यदा वा सत्त्वप्रधानभूतं तदा शुद्धं भवति। शुद्धेन मनसा पुंसो मोक्षो मलिनेन बन्धश्च श्रुतिप्रसिद्धः *'यस्त्वविज्ञानवान् भवत्यमनस्कः सदाऽशुचिः। न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति॥ यस्तु विज्ञानवान् भवति समनस्कः सदा शुचिः। स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद्भूयो न जायते॥'* इति ।

मन से ही पुरुषों का बन्ध और मोक्ष होता है, अर्थ और अनर्थ (भला-बुरा) भी इस मन से ही सिद्ध होते हैं। शुद्ध [मन से] मोक्ष और मलिन से बन्धन, विवेक से अर्थ और अविवेक से अनर्थ होता है ॥३५९॥

पुरुषों का बन्ध और मोक्ष मन से ही होता है। श्रुति के अनुसार 'मन ही सभी मनुष्यों के बन्धन तथा मोक्ष का कारण है। विषयों में आसक्त मन बन्धन का तथा कामना-सङ्कल्प से रहित मन ही मोक्ष का कारण कहा गया है' (अ० उ० २)। जो थोड़ा सुख अथवा दुःख भी प्राप्त होता है, वह इस मन से ही उत्पन्न होता है। शुद्ध मन से मोक्ष और मलिन मन से बन्धन होता है। 'मन के दो प्रकार कहे गये हैं - शुद्ध मन और अशुद्ध मन। जिसमें इच्छाओं, कामनाओं के सङ्कल्प उत्पन्न होते हैं, वह अशुद्ध मन है और कामनाओं से रहित मन ही शुद्ध है' (अ० उ० १) श्रुति भी शुद्ध मन को मोक्ष का कारण तथा अशुद्ध को बन्ध का कारण बताती है। विवेक से परम पुरुषार्थ की सिद्धि होती है तथा अविवेक से अनर्थ होता है, पुरुष परम पुरुषार्थ के अयोग्य हो जाता है। जब रजस् और तमस् से अभिभूत होता है, तब अशुद्ध तथा जब सत्व प्रधान भूत होता है, तब शुद्ध होता है। शुद्ध मन से पुरुष का मोक्ष तथा मलिन से बन्ध श्रुति प्रसिद्ध ही है - 'किन्तु जो अविज्ञानवान, अनिगृहीत चित्त और सदा अपवित्र रहने वाला होता है, वह उस पद को प्राप्त नहीं कर सकता, प्रत्युत संसार को ही प्राप्त होता है। किन्तु जो विज्ञानवान, संयत चित्त और सदा पवित्र रहने वाला होता है, वह तो उस पद को प्राप्त कर लेता है जहाँ से वह फिर उत्पन्न नहीं होता' (क० उ० १।३।७, ८)।

रजस्तमोभ्यां मलिनं त्वशुद्धमज्ञानजं सत्त्वगुणेन रिक्तम्। मनस्तमोदोषसमन्वितत्वाज्जडत्वमोहालसताप्रमादैः ।
तिरस्कृतं सन्न तु वेत्ति वास्तवं पदार्थतत्त्वं ह्युपलभ्यमानम् ॥३६०॥

अज्ञानजमज्ञानाज्जायत इत्यज्ञानजं **मनस्तु** निश्चितं हि **रजस्तमोभ्यां मलिनमशुद्धं सत्त्वगुणेन रिक्तं** शून्यं **तमोदोषसमन्वितत्त्वात्त**म एव दोषस्तमोदोषस्तेन समन्वितं तमोदोषसमन्वितं तत्त्वात्तमोदोषसमन्वितत्त्वात्। हेत्वर्थे पञ्चमी। **जडत्वमोहालसप्रमादैर्ज**डत्वं च मोहश्चालसता च प्रमादश्च जडत्वमोहालसप्रमादास्तै**स्तिरस्कृतमा**वृतं मन **उपलभ्यमानं** व्यावहारिकसत्तायां ज्ञायमानं **हि** निश्चितं **वास्तवं** यथार्थं **सत्पदार्थतत्त्वं** पदार्थस्य तत्त्वं स्वरूपं **तु न** हि **वेत्ति** जानाति। उक्तं हि

"तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्। प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत॥" इति। तमोदोषसमन्वितं मनः यथार्थं नैव जानातीत्यर्थः।

अज्ञान से उत्पन्न हुआ मन जब रजो और तमोगुण से मलिन तथा सत्त्व गुण से शून्य होता है तब यह अशुद्ध होता है। तमोगुण के दोष से युक्त होने के कारण जड़ता, मोह, आलस्य और प्रमाद से तिरस्कृत हुआ उस समय उपलब्ध हुए पदार्थ को भी वास्तविक स्वरूप से नहीं जान पाता है ॥३६०॥

अज्ञान से उत्पन्न हुआ मन निश्चित ही जब रजो और तमोगुण से मलिन तथा अशुद्ध होता है, सत्त्व गुण से शून्य होता है तब यह तमोगुण के दोष से युक्त होने के कारण (हेतु अर्थ में पञ्चमी का प्रयोग किया गया है) जड़ता, मोह, आलस्य और प्रमाद से आवृत हुआ मन व्यावहारिक सत्ता में ज्ञायमान निश्चित ही यथार्थ पदार्थ को भी तत्त्व स्वरूप से नहीं जान पाता है। कहा भी गया है 'हे भरतवंशी अर्जुन! सम्पूर्ण देहधारियों को मोहित करने वाले तमोगुण को तुम अज्ञान से उत्पन्न होने वाला समझो। वह प्रमाद, आलस्य और निद्रा के द्वारा देहधारियों को बाँधता है' (भ० गी० १४।८)। तमोगुण के दोष से युक्त होने के कारण मन यथार्थ को नहीं जानता है - ऐसा अर्थ है।

रजोदोषैर्युक्तं यदि भवति विक्षेपकगुणैः प्रतीपैः कामाद्यैरनिशमभिभूतं व्यथयति ।
कथञ्चित्सूक्ष्मार्थावगतिमदपि भ्राम्यति भृशं मनो दीपो यद्वत्प्रबलमरुता ध्वस्तमहिमा ॥३६१॥

यद्वद्दीपः प्रबलमरुता प्रबलेन प्रकुपितेन मरुता प्रबलमरुता **ध्वस्तमहिमा** ध्वस्तः प्रध्वस्तो नष्टो महिमा दीपज्योतिर्यस्य स ध्वस्तमहिमा भवति तद्व**न्मनो रजोदोषै** रजोगुणानां दोषै**र्यदि युक्तं भवति** तर्हि **प्रतीपैः** प्रतिकूलैः **कामाद्यैः** कामक्रोधलोभमोहै**र्विक्षेपकगुणैर्वि**क्षेपकाः गुणास्तैर्विक्षेपकगुणै**रनिशं** सतत**मभिभूतं** सज्जीवं **व्यथयति** पीडयति **कथञ्चित्सूक्ष्मार्थावगतिमत्**सूक्ष्मार्थस्यावगतिः, साऽस्यास्तीति सूक्ष्मार्थावगतिम**दपि भृशम**धिकतरं **भ्राम्यति** विपरीतं जानाति वाऽयथावत्प्रजानातीति।

तमोगुणस्य कार्यमावरणं तथा रजोगुणस्य विक्षेपः। तमोदोषैर्युक्तत्वं जडत्वं कार्यकरणसङ्घातस्य मन्दत्वम्, मूढत्वं विपरीतप्रतिपत्तिः। आलसता यथा प्राप्तकर्तव्यताकस्याकरणता। प्रमादोऽजागरूकताऽनवधानता। तैर्युक्तं मनः श्रेयसे न चेष्टते न गुरुसेवायां न च पूजाजपध्यानादिसाधनेषु स्वतः प्रयत्नं कुरुते न वाऽन्यैः प्रेरितमपि तस्मात्तिरस्कृतं मनः श्रवणादिष्वत्यन्तमसमर्थं भवति।

रजोदोषैर्युक्तं विक्षिप्तं मनः शमदमादिसाधनाभावाच्छ्रवणादीन्कर्तुमसमर्थं तथा च यदाकदाचिच्छ्रवणादिप्राप्तावपि तात्पर्यनिर्णयं कर्तुं वा संशयनिवृत्तिर्वाऽऽक्षेपसमाधानं कर्तुमसमर्थं भवतीति।

जैसे दीपक प्रबल पवन से नष्ट महिमा वाला होता है, वैसे ही मन भी यदि रजोगुण के दोषों से युक्त होता है तो विक्षेप को उत्पन्न करने वाले प्रतिकूल काम आदि गुणों से अभिभूत होकर सर्वदा जीव को व्यथित करता है। किसी प्रकार सूक्ष्म पदार्थ को जानने की शक्ति वाला होकर भी अतिशय भ्रम में रहता है ॥३६१॥

जैसे दीपक प्रबल प्रकुपित वायु से ध्वस्तमहिमा[४५] वाला होता है, वैसे मन भी यदि रजोगुण के दोषों से युक्त हो तो प्रतिकूल काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि विक्षेप को उत्पन्न करने वाले गुणों से अभिभूत होकर सतत जीव को पीड़ा देता है। किसी प्रकार सूक्ष्म पदार्थ को जानने की शक्ति वाला होकर भी अत्यधिक भ्रमित हो जाता है अथवा विपरीत जानता है अथवा यथार्थ रूप से नहीं जानता।

---

[४५] ध्वस्तमहिमा दीपक अर्थात् जो पदार्थों का प्रकाश करने में असमर्थ होता है।

तमोगुण का कार्य आवरण तथा रजोगुण का कार्य विक्षेप है। तमो दोष से युक्त होने पर जडत्व अर्थात् कार्य-करण सङ्घात का मन्द होना, मूढत्व अर्थात् विपरीत प्रतिपत्ति, आलसता अर्थात् जैसे प्राप्त कर्तव्य को किसी प्रकार न करना। प्रमाद अजागरूकता अथवा असावधानी (लापरवाही)। उनसे युक्त मन श्रेयस के लिए प्रयत्न नहीं करता, गुरु सेवा में तथा पूजा, जप, ध्यान आदि साधनों में स्वतः प्रयत्न नहीं करता और न ही दूसरों के द्वारा प्रेरित होता है। इस प्रकार तिरस्कृत मन श्रवण आदि में अत्यन्त असमर्थ होता है।

रजो दोष से युक्त होने पर विक्षिप्त मन शम, दम आदि साधनों के अभाव से श्रवण आदि करने में असमर्थ होता है और यदि कभी कुछ श्रवण प्राप्त हो भी जाए तो तात्पर्य निर्णय करने में अथवा संशय-निवृत्ति या आक्षेप समाधान करने में असमर्थ होता है।

यस्माद्रजस्तमोभ्यां मलिनं मनः श्रेयसेऽसमर्थम् -

क्योंकि रजोगुण तमोगुण के कारण मलिन मन श्रेयस में असमर्थ हो जाता है -

ततो मुमुक्षुर्भवबन्धमुक्त्यै रजस्तमोभ्यां च तदीयकार्यैः । वियोज्य चित्तं परिशुद्धसत्त्वं प्रियं प्रयत्नेन सदैव कुर्यात् ॥३६२॥

ततस्तस्मान्मुमुक्षुः प्रतिपित्सुर्**भवबन्धमुक्त्यै** भवः संसार एव बन्धो भवबन्धस्तस्मान्मुक्त्यै भवबन्धमुक्त्यै **रजस्तमोभ्यां च** तदीयकार्यैस्तदीयानि कार्याणि तदीयकार्याणि तैस्तदीयकार्यैरुक्तदोषै**श्चित्तं** मनो **वियोज्य** विविच्य **सदैव प्रयत्नेन परिशुद्धसत्त्वं** परितः शुद्धं परिशुद्धं तच्च सत्त्वं परिशुद्धसत्त्वं न तु मलिनसत्त्वं तथा **प्रियम**नुकूलं **कुर्या**दिति।

इसीलिए मुमुक्षु संसार बन्धन से मुक्ति पाने के लिए रजोगुण और तमोगुण तथा उनके कार्यों से चित्त को अलग कर अति शुद्ध सत्त्व वाले अनुकूल प्रयत्न करे ॥३६२॥

इसीलिए मुमुक्षु प्रतिपित्सु संसार बन्धन से मुक्ति पाने के लिए रजोगुण और तमोगुण तथा उनके कार्यों अर्थात् पूर्व बताए दोषों से मन को विवेकपूर्वक सदा प्रयत्न द्वारा परिशुद्ध सत्त्व वाला (बनाना चाहिए), मलिन सत्त्व वाला नहीं तथा अनुकूल प्रयत्न करे।

गर्भावासजनिप्रणाशनजराव्याध्यादिषु प्राणिनां यद्दुःखं परिदृश्यते च नरके तच्चिन्तयित्वा मुहुः।
दोषानेव विलोक्य सर्वविषयेष्वाशां विमुच्याभितश्चित्तग्रन्थिविमोचनाय सुमतिः सत्त्वं समालम्बताम् ॥३६३॥

सुमतिः सुष्ठु शास्त्रजन्या बुद्धिर्यस्य स सुमतिः **प्राणिनां** जीवानां **गर्भावासजनिप्रणाशनजराव्याध्यादिषु** गर्भावासश्च जनिर्जन्म च प्रणाशनो मृत्युश्च जरा च व्याधिः स्थूलदेहरोगश्च गर्भवासजनिप्रणाशनजराव्याधय आदयो येषां ते गर्भावासजनिप्रणाशनजरा-व्याध्यादयस्तेषु गर्भवासजनिप्रणाशनजराव्याध्यादिषु **च नरके यद्दुःखं परिदृश्यते** स्थूलशरीरसम्बन्धितक्लेशान् दृष्ट्वा **तन्मुहुर्मुहुः** पुनः पुनः सततं **चिन्तयित्वा दोषानेव विलोक्य सर्वविषयेष्वाशाम**भिलाषां **विमुच्य** परित्यज्यऽ**भितः चित्तग्रन्थिविमोचनाय** चित्तस्य ग्रन्थिश्चित्तग्रन्थिरथवा चित्तमेव ग्रन्थिरात्मानात्मनोरध्यासकार्यत्वात्तस्य विमोचनाय **सत्त्वं समालम्बतां** सम्यगाश्रयं करोतु। *"जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्" इति गीतायाम्। "यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः" इति श्रुतेः*। ग्रन्थिपदेनार्थाध्यासो ज्ञानाध्यासश्चाथवा धर्माध्यासो धर्म्यध्यासश्चेत्युभयथापि ग्रहणमित्यभिप्रायः।

गर्भवास, जन्म, मरण, जरावस्था, व्याधि आदि में तथा नरक में जो दुःख-क्लेश प्राणियों में दिखाई देता है, उसका बार-बार विचार कर एवं दोषों को ही देखकर सभी विषयों में आशा का परित्याग कर चारों ओर से चिद्-जड़ ग्रन्थि को खोलने के लिए बुद्धिमान पुरुष सत्त्व गुण का ही अच्छी तरह अवलम्बन करे ॥३६३॥

सुन्दर, शास्त्र से उत्पन्न बुद्धि है जिसकी वह बुद्धिमान पुरुष जीवों में गर्भवास, जन्म, मरण, जरावस्था, व्याधि अर्थात् स्थूल देह के रोग आदि में तथा नरक में स्थूल शरीर से सम्बन्धित क्लेशों को देखकर पुनः पुनः निरन्तर विचार कर एवं दोषों को ही देखकर सभी विषयों में अभिलाषा को छोड़कर चारों ओर से चित्तग्रन्थि (चित्त की गाँठ अथवा आत्मा-अनात्मा के अध्यास का कार्य होने के कारण चित्त ही

ग्रन्थि) से मुक्त होने के लिए साधक को सत्त्व गुण का भली-भाँति आश्रय करना चाहिए। गीता में कहा है 'जन्म, मृत्यु, वृद्धावस्था, व्याधि और दुःख में दोष-दर्शन' (भ० गी० १३।९)। श्रुति में कहा है 'जिस समय इस जीवन में ही इसके हृदय की सम्पूर्ण ग्रन्थियों का छेदन हो जाता है' (क० उ० २।३।१५)। 'ग्रन्थि' पद से अर्थ का अध्यास, ज्ञान का अध्यास अथवा धर्म का अध्यास तथा धर्मी का अध्यास - इस प्रकार दोनों प्रकार से ग्रहण करना अभिप्राय है।

चित्तप्रसादः

कस्य चित्तं प्रसीदति कथं वा प्रसीदतीति षड्भिः श्लोकैश्चित्तप्रसादोपायं वर्णयति यमेष्विति।

किसका चित्त प्रसन्न होता है अथवा कैसे प्रसन्न होता है - छः श्लोकों के द्वारा चित्त प्रसाद के उपाय का वर्णन करते हैं 'यमेषु' इत्यादि से -

यमेषु निरतो यस्तु नियमेषु च यत्नतः । विवेकिनस्तस्य चित्तं प्रसादमधिगच्छति ॥३६४॥

रजस्तमोभ्यां मलिनं विक्षिप्तं चित्तं संसरणाय दुःखबाहुल्याय च कल्पते तद्विपरीतं **तु यो यत्नतो यमेषु च नियमेषु निरतो** भवति **तस्य विवेकिनश्चित्तं प्रसादमधिगच्छति**। यमाः *"अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः"* इति। अहिंसा शरीरवाङ्मनोभिः परपीडावर्जनम्। *"अहिंसा परमो धर्म"* इति स्मृतेः। सत्यं सर्वदाऽनृतानभिभाषणम्। *"सत्यं वद"* इति श्रुतेः। अस्तेयं परस्वानपनयनं परस्वानपहरणं हानिर्वा। ब्रह्मचर्यं मैथुनासमाचारो गुरुकुलवासश्च। अपरिग्रहः शरीरस्थितिमात्रहेतुव्यतिरिक्तभोगसाधनास्वीकारः। नियमाः *"शौचसन्तोषतपस्स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः"*। शौचं बाह्यमलानां स्नानादिभिः प्रक्षालनफेनकैरन्तर्मलानां रागादीनां प्रतिपक्षभावनया विषयदोषदर्शनाभ्यासेन च *"अभक्ष्यपरिहारस्तु संसर्गश्चाप्यनिन्दितैः। स्वधर्मे च व्यवस्थानं शौचमेतत्प्रकीर्तितम्॥"*। संतोषो यदृच्छालाभसन्तुष्टिः। तपः शारीरं वाङ्मयं मानसं च। *"देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम्। ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते॥", "अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत्। स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्यते", "मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः। भावसंशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते॥"* इति गीतासु वर्णितम्। स्वाध्यायः स्वशाखाऽध्ययनं प्रणवगायत्रीप्रभृतीनां मन्त्राणां जपः। ईश्वरप्रणिधानं सर्वक्रियाणां समर्पणम्। तेषु यमेषु नियमेषु च निरतस्य चित्तं प्रसीदतीति।

परन्तु जो यत्न से यमों और नियमों में रत रहता है, उस विवेकी का चित्त प्रसन्नता को प्राप्त होता है ॥३६४॥

रजस् और तमस् से मलिन विक्षिप्त चित्त को संसरण तथा बाहुल्य दुःख होता है, उसके विपरीत जो यत्न से यमों और नियमों में रत होता है, उस विवेकी का चित्त निर्मलता को प्राप्त होता है। 'अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह - ये पाँच यम हैं' (यो० सू० २।३०)। अहिंसा - शरीर, वाणी, मन के द्वारा परपीड़ा का त्याग। 'अहिंसा परम धर्म है' (म० भा० व० प० २०७।७४) - इस स्मृति प्रमाण से यह बात सिद्ध होती है। सत्य - कभी भी झूठ न बोलना। श्रुति कहती है 'सत्य बोलो' (तै० उ० १।११)। अस्तेय - दूसरों का धन न लेना, दूसरों का धन न चुराना अथवा हानि न पहुँचाना। ब्रह्मचर्य - मैथुन न करना तथा गुरुकुल वास। अपरिग्रह - शरीर को बनाए रखने के अतिरिक्त भोग के साधन न लेना। 'शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान - ये पाँच नियम हैं' (यो० सू० २।३२)। शौच - बाह्य मल को स्नानादि के द्वारा साबुन से तथा अन्तर्मल राग आदि को प्रतिपक्ष भावना, विषय दोष दर्शन के अभ्यास से शुद्ध करना। 'अभक्ष्य वस्तु का परिहार तथा अनिन्दितों का साथ, स्वधर्म में व्यवस्थान - इसे ही शौच कहते हैं'। संतोष - जितना मिले, उसी में सन्तुष्टि। तप - शारीरिक, वाचिक तथा मानसिक। 'देव, द्विज (ब्राह्मण), गुरु और ज्ञानीजनों का पूजन, शौच, आर्जव (सरलता), ब्रह्मचर्य तथा अहिंसा - यह शरीर संबंधी तप कहा जाता है। (भ० गी० १७।१४), 'जो वाक्य (भाषण) उद्वेग उत्पन्न करने वाला नहीं है, जो प्रिय, हितकारक और सत्य है तथा वेदों का स्वाध्याय अभ्यास वाङ्मय (वाणी का) तप कहलाता है' (भ० गी० १७।१५), 'मन की प्रसन्नता, सौम्य भाव, मौन आत्म संयम तथा अन्त:करण की शुद्धि यह सब मानस तप कहलाता है' (भ० गी० १७।१६) - ऐसा गीता में कहा गया है। स्वाध्याय - अपनी

शाखा का अध्ययन तथा प्रणव, गायत्री आदि मन्त्रों का जप करना। ईश्वर प्रणिधान - सभी कर्मों को ईश्वर को समर्पण कर देना। इन यमों तथा नियमों में रत रहने वाले का चित्त प्रसन्नता को प्राप्त होता है।

आसुरीं सम्पदं त्यक्त्वा भजेद्यो दैवसम्पदम् । मोक्षैककाङ्क्षया नित्यं तस्य चित्तं प्रसीदति ॥३६५॥

यो मोक्षैककाङ्क्षया मोक्ष एवैकाऽऽकाङ्क्षेच्छा मोक्षैककाङ्क्षा तया मोक्षैककाङ्क्षयाऽऽ**सुरीं सम्पदं त्यक्त्वा नित्यं दैवसम्पदं भजेत्तस्य चित्तं प्रसीदती**ति। तत्र दैवीसम्पत् *"अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः"* इत्यादित्रिभिः श्लोकैरुक्ता। तदनन्तरं तस्मिन्नेवाध्याये हेयरूपेणाऽऽसुरीसम्पद्विस्तरेण प्रोक्तेति।

जो केवल मोक्ष की इच्छा से आसुरी सम्पद् का त्याग कर दैवी सम्पद् का सेवन करता है उसका चित्त नित्य प्रसन्न रहता है ॥३६५॥

जो केवल एक मोक्ष की इच्छा से आसुरी सम्पद् को त्याग कर दैवी सम्पद् का सेवन करता है उसका चित्त नित्य प्रसन्न रहता है। वहाँ दैवी सम्पत् 'अभय, अन्तःकरण की शुद्धि, ज्ञानयोग में दृढ स्थिति' (भ० गी० १६।१) तीन श्लोकों के द्वारा कही गयी है। उसके पश्चात् उसी अध्याय में त्याग करने वाली आसुरी सम्पत्ति को विस्तार से कहा गया है।

परद्रव्यपरद्रोहपरनिन्दापरस्त्रियः । नालम्बते मनो यस्य तस्य चित्तं प्रसीदति ॥३६६॥

यस्य मनः परद्रव्यपरद्रोहपरनिन्दापरस्त्रियः परस्य द्रव्यं परद्रव्यं च परस्मिन् द्रोहोऽनिष्टचिन्तनं परद्रोहश्च परनिन्दा परस्य निन्दा गर्हणाविद्यमानदोषकथनं परनिन्दा च परस्त्री परस्य स्त्री परस्त्री च परद्रव्यपरद्रोहपरनिन्दापरस्त्रियः **नालम्बते** नाश्रयते **तस्य** मनश्चि**त्तं प्रसीदती**ति।

जिसका मन दूसरे के धन पर नहीं जाता, दूसरों से द्रोह नहीं करता, दूसरों की निन्दा नहीं करता, दूसरे की स्त्रियों का आश्रय नहीं करता - उसका मन प्रसन्न रहता है ॥३६६॥

जिसका मन दूसरे के धन पर नहीं जाता, दूसरों से द्रोह अर्थात् दूसरों का अनिष्ट चिन्तन नहीं करता, दूसरों की निन्दा अर्थात् दूसरों का दोष कथन नहीं करता, दूसरे की स्त्रियों का आश्रय नहीं करता - उसका मन प्रसन्न रहता है।

आत्मवत्सर्वभूतेषु यः समत्वेन पश्यति । सुखं दुःखं विवेकेन तस्य चित्तं प्रसीदति ॥३६७॥

यः सर्वभूतेषु सुखं दुःखमात्मवद्यथा स्वस्य सुखं दुःखं तथा **समत्वेन** समभावेन **विवेकेन पश्यति तस्य चित्तं प्रसीदति**। यथा स्वस्य सुखमिष्टं दुःखमनिष्टं तथैव सर्वभूतानामपीति ज्ञात्वा वाङ्मनःकर्मभिरन्येषां क्वचित्कदाचित्कथञ्चिदपि विक्षेपं न करोतीत्यर्थः। *"यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः"* इति। *"मातृवत्परदारेषु परद्रव्येषु लोष्टवत्। आत्मवत्सर्वभूतेषु यः पश्यति स पण्डितः॥"* इति च। परमार्थदृष्ट्या तु यथाहं सर्वोपाधिशून्यः सुखदुःखादिद्वन्द्वसम्बन्धरहितस्तथाऽन्ये सर्वेऽपि सर्वसम्बन्धरहितास्तथाऽन्यत्वमपि मिथ्याभूतलक्षणं वाचारम्भणमात्रम्। यथा ममाहंभावो मिथ्या तथा सर्वस्येति विवेकेन यः पश्यति तस्य चित्तं प्रसीदतीति। *"आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन। सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥"* इति स्मृतिः।

जो अपने समान सब भूतों में समरूप से सुख-दुःख को विवेक से देखता है, उसका चित्त प्रसन्न रहता है ॥३६७॥

जो सभी भूतों में अपने समान जैसे स्वयं के सुख-दुःख हैं, वैसे ही समभाव के द्वारा विवेक से देखता है, उसका चित्त प्रसन्न रहता है। जैसे स्वयं को सुख इष्ट है, दुःख अनिष्ट है; वैसे ही सभी प्राणियों का भी है - ऐसा जानकर वाणी, मन, कर्म से दूसरों को कहीं भी, कभी भी, कैसे भी विक्षेप नहीं करता। 'जिससे कोई लोक (अर्थात् जीव, व्यक्ति) उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी व्यक्ति से उद्वेग अनुभव

नहीं करता' (भ० गी० १२।१५)। 'जो दूसरे की पत्नी को माता के समान, दूसरे के धन को मिट्टी के समान, सभी को अपने समान देखता है वह पण्डित है' (हि० मि० १४)। परमार्थ दृष्टि से तो जैसे मैं सभी उपाधियों से रहित, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों के सम्बन्ध से रहित हूँ, वैसे ही अन्य सब भी सभी सम्बन्धों से रहित हैं तथा अन्यत्व भी मिथ्या रूप से प्रतीत होने वाला वाचारम्भण मात्र है। जिस प्रकार मेरा अहं भाव मिथ्या है, उसी प्रकार सभी का है - इस विवेक से जो देखता है, उसका चित्त प्रसन्न रहता है। 'हे अर्जुन! जो पुरुष अपने शरीर की उपमा से सर्वत्र अपने को समान देखता है, चाहे वह सुख हो या दुःख, वह परम योगी माना गया है' (भ० गी० ६।३२)।

अत्यन्तं श्रद्धया भक्त्या गुरुमीश्वरमात्मनि । यो भजत्यनिशं क्षान्तस्तस्य चित्तं प्रसीदति ॥३६८॥

यः क्षान्तः सहिष्णुस्तितिक्षुर्निर्मन्युर**ात्मनि** स्वस्मि**न्नत्यन्तम**धिक**श्रद्धया भक्त्या** गुरावीश्वरबुद्ध्या **गुरुमीश्वरं** सर्वस्य हृदये स्थितमीश्वर**मनिशं** निरन्तरं **भजति तस्य चित्तं प्रसीदती**ति। *"यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥"* इति श्रुतिः।

जो क्षमाशील पुरुष अत्यन्त श्रद्धा एवं भक्ति से अपने में गुरु और ईश्वर को निरन्तर भजता है, उसका चित्त प्रसन्न हो जाता है ॥३६८॥

जो सहिष्णु (सहनशील), तितिक्षु, निर्मन्यु (क्रोध से रहित) अपने में अधिक श्रद्धा और भक्ति से गुरु में ईश्वर बुद्धि, सभी के हृदय में स्थित ईश्वर को निरन्तर भजता है, उसका चित्त प्रसन्न हो जाता है। श्रुति के अनुसार 'जिसके हृदय में ईश्वर के प्रति परम प्रेम तथा परमा भक्ति है वैसी ही गुरु के प्रति भी है, उस महात्मा पुरुष के लिए ये महान् विषय स्वतः प्रकाशित हो जाते हैं' (श्वे० उ० ६।२३)।

शिष्टान्नमीशार्चनमार्यसेवां तीर्थाटनं स्वाश्रमधर्मनिष्ठाम् । यमानुषक्तिं नियमानुवृत्तिं चित्तप्रसादाय वदन्ति तज्ज्ञाः ॥३६९॥

तज्ज्ञास्तद्ब्रह्म जानन्तीति तज्ज्ञाः पण्डिता ब्रह्मज्ञानिन इत्यर्थः। **शिष्टान्नं** शिष्टं यज्ञपरिशिष्टमन्नं प्रसाद**मीशार्चनमी**शस्य भगवतोऽर्चनं पूजन**मार्यसेवा**मार्यस्य सुसंस्कृतस्य सेवां **तीर्थाटनं** तीर्थस्याटनं यात्रा **स्वाश्रमधर्मनिष्ठां** स्वस्य वर्णाश्रमधर्मः स्वाश्रमधर्म तस्मिन्नितरां स्थितिस्तां स्वाश्रमधर्मपालनमिति **यमानुषक्तिं** यमेषूक्तपञ्चकेऽनुषक्तिरासक्तिर्यमानुषक्तिस्तां **नियमानुवृत्तिं** नियमेषूक्तपञ्चकेऽनुवृत्तिस्तां नियमानां पालनं **चित्तप्रसादाय वदन्ती**ति।

उसको जानने वाले विद्वान् शिष्टान्न, ईश्वर का पूजन, श्रेष्ठ पुरुषों की सेवा, तीर्थाटन, स्वाश्रम विहित कर्म में निष्ठा, यमों में आसक्ति और नियमों की अनुवृत्ति को चित्त की प्रसन्नता के लिए कहते हैं अर्थात् इनसे चित्त की प्रसन्नता होती है ॥३६९॥

ब्रह्म को जानने वाले पण्डित, ब्रह्मज्ञानी शिष्टान्न अर्थात् यज्ञशेष अन्न प्रसाद, ईश्वर भगवान् का अर्चन पूजन, आर्य संस्कारवान् पुरुषों की सेवा, तीर्थयात्रा, स्वाश्रम धर्मपालन में निरन्तर स्थिति, ऊपर कहे पाँच यमों में आसक्ति, ऊपर कहे पाँच नियमों की अनुवृत्ति उन नियमों के पालन को चित्त की प्रसन्नता के लिए कहते हैं।

सत्त्ववृद्धिहेतुः

कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः । पूतिपर्युषितादीनां त्यागः सत्त्वाय कल्पते ॥३७०॥

कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः। अतिशब्दः कट्वादिभिः सर्वत्र सम्बध्यते। अतिकटुरतितिक्तो निम्बादिः। अत्यम्लो जम्बीरम्। अतिलवणोऽत्युष्णोऽतितीक्ष्णो मरीचादिः। रूक्षो निःस्नेहः प्रियङ्ग्वादिः। विदाही सर्षपादिः। ये दुःखशोकामयप्रदास्तेषां त्यागस्तथा **पूतिपर्युषितादीनां** पूतिर्दुर्गन्धिश्च पर्युषितं पुरातनं पक्वं सद्रात्र्यन्तरितं च पूतिपर्युषितमादिपदेनोच्छिष्टं भोजनं शेषं चामेध्यमयज्ञशिष्टमित्यादीनां **त्यागः सत्त्वाय कल्पते** समर्थो भवति सम्पद्यते च इति।

कटु, अम्ल, लवण, अति उष्ण, तीक्ष्ण, रूक्ष, विदाही - छाती में जलन उत्पन्न करने वाला, सड़ा हुआ, बासी, दुर्गन्ध युक्त आहार का त्याग

सत्त्व गुण की वृद्धि के लिए समर्थ होता है ॥३७०॥

'अति' शब्द कटु आदि सभी के साथ सम्बन्धित है। अतिकटु, अतितिक्त; नीम आदि। अतिअम्ल जम्बीर (नींबू)। अति लवण, अति उष्ण, अति तीक्ष्ण; मिर्ची आदि। रूक्ष निःस्नेह (सूखा) प्रियङ्गु आदि (बाजरा)। विदाही (छाती में जलन उत्पन्न करने वाला) सर्षप आदि (सरसों)। जो दुःख, शोक, रोग देने वाले हैं - उनका त्याग तथा दुर्गन्धित, पुराना, अधिक पका हुआ तथा रात्रि का बचा हुआ। 'आदि' शब्द से बचा हुआ भोजन तथा जो यज्ञ शेष न हो - उसका त्याग सत्त्व गुण की वृद्धि के लिए समर्थ होता है।

श्रुत्या सत्त्वपुराणानां सेवया सत्त्ववस्तुनः । अनुवृत्त्या च साधूनां सत्त्ववृत्तिः प्रजायते[४६] ॥३७१॥

सत्त्वपुराणानां सत्त्वगुणप्रधानानां पुराणानां **श्रुत्या** श्रवणेन **सत्त्ववस्तुनः** सात्त्विकवस्तुनः **सेवया च साधूनामनुवृत्त्या** सेवया **सत्त्ववृत्तिः** सत्त्वगुणवृत्तिः **प्रजायते**। उक्तं हि *"पुराणो मानवो धर्मः साङ्गवेदाश्चिकित्सितः", "इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्। बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति॥", "चिदेवात्मा जगन्मिथ्येत्यत्र पर्यवसानतः। निदिध्यासनविक्षेपो नेतिहासादिभिर्भवेत्॥"* इति। तथा च *"सात्त्विकोपासया सत्त्वं ततो धर्मः प्रवर्तते॥ आगमोऽपः प्रजा देशः कालः कर्म च जन्म च। ध्यानं मन्त्रोऽथ संस्कारो दशैते गुणहेतवः॥"* इति श्रीमद्भागवते।

सत्त्व गुण प्रधान पुराणों के सुनने से, सात्विक वस्तु के सेवन से तथा साधुओं के अनुसरण करने से सत्त्व गुणी वृत्ति की वृद्धि होती है ॥३७१॥

सत्त्व गुण प्रधान पुराणों के श्रवण से, सात्विक वस्तु के सेवन से तथा साधुओं की सेवा से सत्त्व गुणी वृत्ति की वृद्धि होती है। कहा भी गया है 'पुराण, मनुष्यों का धर्म, वेद-वेदाङ्ग तथा चिकित्सा विज्ञान', 'इतिहास और पुराणों के द्वारा वेद का विस्तार करना चाहिए। अल्प ज्ञान वाले व्यक्ति से वेद भय करता है, क्योंकि यह हमारा नाश कर देगा' (म० भा० १।१।२०४), 'उन इतिहास आदि का पर्यवसान केवल इसी अर्थ में होता है कि आत्मा चिन्मात्र स्वरूप है तथा यह जगत् मिथ्या है। जब किसी को ऐसा निश्चय हो जाता है तब फिर इतिहासादियों से उसके निदिध्यासन में विक्षेप नहीं होता' (प० द० ७।१२२)। तथा श्रीमद्भागवत में कहा है 'निरन्तर सात्त्विक वस्तुओं का सेवन करने से ही सत्त्व गुण की वृद्धि होती है और तब मेरे भक्तिरूप स्वधर्म में प्रवृत्ति होने लगती है' (श्रीम० भा० ११।१३।२), 'शास्त्र, जल, प्रजानन, देश, काल, कर्म, जन्म, ध्यान, मन्त्र तथा संस्कार - ये दस वस्तुएँ यदि सात्त्विक हों तो सत्त्व गुण की, राजसिक हों तो रजोगुण की और तामसिक हों तो तमोगुण की वृद्धि करती हैं' (श्रीम० भा० ११।१३।४)।

यस्य चित्तं निर्विषयं हृदयं यस्य शीतलम् । तस्य मित्रं जगत्सर्वं तस्य मुक्तिः करस्थिता ॥३७२॥

यस्य चित्तं निर्विषयं विषयशून्यं तथा च **यस्य हृदयं शीतलं सर्वं जगत्तस्य मित्रं तस्य मुक्तिः करस्थिता** हस्तामलकवदतिस्फुटा निःसन्देहेति।

जिसका चित्त निर्विषयक है, जिसका हृदय शीतल है, सम्पूर्ण जगत् उसका मित्र है, मुक्ति उसके हाथ में स्थित है ॥३७२॥

जिसका चित्त विषय शून्य है तथा जिसका हृदय शीतल है, सम्पूर्ण जगत् उसका मित्र है, मुक्ति उसके हाथ में स्थित है अर्थात् निःसन्देह हाथ में आमलक फल की तरह स्पष्ट है।

---

[४६] *वर्धते*

हितपरिमितभोजी नित्यमेकान्तसेवी सकृदुचितहितोक्तिः स्वल्पनिद्राविहारः ।
अनुनियमनशीलो यो भजत्युक्तकाले स लभत इह शीघ्रं साधु चित्तप्रसादम् ॥३७३॥

यो नित्यं सदा **हितपरिमितभोजी** हितं हितकरं सात्त्विकं च तत्परिमितं च हितपरिमितं तद्भुङ्क्ते इति हितपरिमितभोजी **नित्यमेकान्तसेवी** यस्य शीलमेवैकान्तसेवनं स **सकृदुचितहितोक्तिः** सकृन्मितोचिता प्रिया सत्या हिता चोक्तिर्यस्य स सकृदुचितहितोक्तिः **स्वल्पनिद्राविहारो** येन निर्विघ्नश्रवणादिः सिध्यति किञ्चाऽ**नुनियमनशीलो** नित्येन्द्रियसंयमनशील इत्यर्थः। **उक्तकाले** विहितकाले सन्ध्याकाले मध्याह्नकाले च ग्रहणादिकाले च **भजति** पूजाध्यानजपादिं करोति **स इह शीघ्रं साधु चित्तप्रसादं लभत** इति।

जो हितकर तथा परिमित भोजन करने वाला है, नित्य एकान्त का सेवन करने वाला है, सदा उचित व हितकर वचन बोलने वाला है, स्वल्प निद्रा तथा विहार करने वाला है, निरन्तर इन्द्रिय संयम में लगा रहता है तथा जो विहित समय में ईश्वर आराधन करता है, वह भली प्रकार से इस संसार में शीघ्र चित्त की प्रसन्नता प्राप्त कर लेता है ॥३७३॥

जो नित्य, सदा हितकर अर्थात् सात्त्विक तथा परिमित भोजन करने वाला है, जिसका स्वभाव ही एकान्त का सेवन करने वाला है, सदा उचित, प्रिय, सत्य व हितकर वचन बोलने वाला है, जिसके द्वारा निर्विघ्न श्रवण आदि होते हैं, नित्य इन्द्रिय संयम जिसका स्वभाव है। जो विहित काल में, सन्ध्या काल में, मध्याह्न काल में तथा ग्रहण आदि काल में पूजा, ध्यान, जप आदि करता है; वह भली प्रकार से इस संसार में शीघ्र चित्त की प्रसन्नता प्राप्त कर लेता है।

चित्तप्रसादेन विनावगन्तुं बन्धं न शक्नोति परात्मतत्त्वम् ।
तत्त्वावगत्या तु विना विमुक्तिर्न सिध्यति ब्रह्मसहस्रकोटिषु ॥३७४॥

जनो लोक**श्चित्तप्रसादेन विना बन्धं** बन्धनं तथा **परात्मतत्त्वं** परमात्मतत्त्वं स्वरूप**मवगन्तुं** ज्ञातुं **न शक्नोति तु** किन्तु **तत्त्वावगत्या विना** ब्रह्मज्ञानं विना **ब्रह्मसहस्रकोटिषु** ब्रह्मणः सहस्रकोटिषु जन्मसु **विमुक्तिर्न सिध्यति**। *"यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति॥"* इति च श्रुतिः। *"ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः"* इति च।

चित्त की प्रसन्नता के बिना बन्ध और परमात्मा के स्वरूप को जानने में समर्थ नहीं है, परन्तु तत्त्व ज्ञान के बिना ब्रह्मा के सहस्र कोटि जन्मों में भी मुक्ति सिद्ध नहीं हो सकती ॥३७४॥

चित्त की प्रसन्नता के बिना बन्धन तथा परमात्म तत्त्व के स्वरूप को जानने में समर्थ नहीं है, किन्तु ब्रह्मज्ञान के बिना ब्रह्मा के सहस्र कोटि जन्मों में भी मुक्ति सिद्ध नहीं हो सकती। श्रुति अनुसार 'जब मानव सन्तति आकाश को चर्म के समान आवेष्टित करके धारण करेगी तथा द्युलोकों को परिधान के समान अपने ऊपर लपेट लेगी, केवल तब ईश्वर के ज्ञान के बिना ही जगत् के दुःखों का अन्त हो जायेगा' (श्वे० उ० ६।१९) तथा 'ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं होती'।

मनोऽप्रसादः पुरुषस्य बन्धो मनःप्रसादो भवबन्धमुक्तिः ।
मनःप्रसादाधिगमाय तस्मान्मनोनिरासं विदधीत विद्वान् ॥३७५॥

मनोऽप्रसादो मनसोऽप्रसादोऽप्रसन्नता दुःखिता विक्षिप्तता च। मनःप्रसाद इति पाठे मनसो विषयजन्यप्रसादः कलुषता। **पुरुषस्य बन्धो** बन्धहेतुस्तथा **मनःप्रसादो भवबन्धमुक्तिर्भ**वः संसार एव बन्धो भवबन्धस्तस्मान्मुक्तिर्भवबन्धमुक्तिः **तस्माद्विद्वान्** पण्डितो **मनःप्रसादाधिगमाय** मनसः प्रसादः सात्त्विकप्रसन्नता तस्याधिगमाय मनःप्रसादाधिगमाय **मनोनिरासं** मनसः कालुष्यव्यावृत्ति निराकरणं तथा मनोविक्षेपशान्तयेऽभ्यासवैराग्याभ्यां मनोनिरोधं **विदधीत** कुर्यादिति।

मन की अप्रसन्नता पुरुष के बन्धन का कारण है तथा मन की प्रसन्नता संसार बन्धन से मुक्ति का हेतु है। इसीलिए मन की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए विद्वान् को चाहिए कि मन की वृत्तियों का निरोध करे ॥३७५॥

मन का अप्रसाद अर्थात् अप्रसन्नता, दुःखी होना तथा विक्षिप्तता। 'मनःप्रसाद' इस पाठ में मन का विषय से उत्पन्न प्रसाद; कलुषता पुरुष के बन्धन का कारण है तथा मन की प्रसन्नता संसार बन्धन से मुक्ति है। इसीलिए पण्डित मन की सात्त्विक प्रसन्नता को प्राप्त करने के लिए मन की कालुष्य वृत्तियों को छोड़ तथा मन के विक्षेप को शान्त कर अभ्यास तथा वैराग्य से मन का निरोध करे।

प्राणमयकोशः

पञ्चानामेव भूतानां रजोंशेभ्योऽभवन् क्रमात् । वाक्पाणिपादपायूपस्थानि कर्मेन्द्रियाण्यनु ॥३७६॥

आकाशादिपञ्चानामेव भूतानां **रजोंशेभ्यः क्रमादनु**क्रमाद्वाक्**पाणिपादपायूपस्थानि** वाक् पाणिश्च पादश्च पायुश्चोपस्थं च वाक्पाणिपादपायूपस्थानि **कर्मेन्द्रियाण्यभवन्**।

पाँच भूतों के ही रजो अंश से क्रम से वाणी, हाथ, पैर, गुदा तथा उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय) कर्मेन्द्रियाँ हुईं ॥३७६॥

आकाश आदि पाँच भूतों के ही रजो अंश से क्रम से वाणी, हाथ, पैर, गुदा तथा उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय) कर्मेन्द्रियाँ हुईं।

(कोष्ठकः ७) महाभूतानां सत्त्वरजोगुणात्मिकांशोत्पत्तिकार्यम्		
महाभूतानि	**सात्त्विकांशात्**	**राजसांशात्**
आकाशः	श्रोत्रम्	वाक्
वायुः	त्वक्	पाणिः
अग्निः	चक्षुः	पादः
जलम्	रसना	उपस्थः
पृथिवी	घ्राणम्	पायुः

समस्तेभ्यो रजोंशेभ्यो व्योमादीनां क्रियात्मकाः । प्राणादयः समुत्पन्नाः पञ्चाप्यान्तरवायवः ॥३७७॥

व्योमादीनां समस्तेभ्यो मिलितेभ्यो **रजोंशेभ्यः क्रियात्मकाः पञ्च प्राणादयः** प्राणापानोदानव्यानसमाना **आन्तरवायवश्चापि** नागकूर्मकृकलदेवदत्तधनञ्जयाख्याः **समुत्पन्ना** इति।

आकाश आदि के मिलित रजो अंश से क्रियात्मक प्राण आदि तथा पाँच अन्दर के वायु भी उत्पन्न हुए ॥३७७॥

आकाश आदि के मिलित रजो अंश से क्रियात्मक पाँच प्राण, अपान, उदान, व्यान, समान तथा अन्दर के नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनञ्जय नामक वायु भी उत्पन्न हुए।

प्राणः प्राग्गमनेन स्यादपानोऽवाग्गमनेन च । व्यानस्तु विष्वग्गमनादुत्क्रान्त्योदान इष्यते ॥३७८॥

अशितान्नरसादीनां समीकरणधर्मतः । समान इत्यभिप्रेतो वायुर्यस्तेषु पञ्चमः ॥३७९॥

प्राग्गमनेन प्राग्घृदयान्नासिकापर्यन्तं गमनेनोर्ध्वगमनशीलो नासाग्रस्थायी **प्राणः स्यात्**। **अवाग्गमनेना**वाग् नाभेश्चरणपर्यन्तं

गमनेनाधोगमनशीलः पाय्वादिस्थाय्य**पानश्च**। **विष्वग्गमनाद्विष्वक्सर्वत्र** गमनात्सर्वनाडीगमनशीलोऽखिलशरीरस्थायी **व्यानः**। **उत्क्रान्त्या** रसादीनामुत्क्रान्त्या वा प्राणानामुत्क्रान्त्योर्ध्वमुत्क्रमणशीलः कण्ठस्थायी वायु**रुदान इष्यते**। **योऽशितान्नरसादीनाम**शितानामन्नरसादीनां **समीकरणधर्मतः** समीकरणस्यैकीकरणस्य धर्मत्वात्**समान इति तेषु पञ्चमो वायुरभिप्रेत** इति।

ऊपर की ओर गमन करने से प्राण, नीचे की ओर गमन करने से अपान, सर्वत्र गमन करने से व्यान तथा ऊर्ध्व गमन से उदान कहलाता है। इनमें जो पाँचवाँ वायु है वह खाये हुए अन्न रस आदि के एकीकरण धर्म वाला होने से समान नाम से अभिप्रेत है ॥३७८, ३७९॥

हृदय से लेकर नासिका पर्यन्त गमन करने से, ऊर्ध्व गमनशील नासिका के अग्र भाग में रहने वाला प्राण होगा तथा नीचे नाभि से चरण पर्यन्त गमन करने से, अधो गमनशील पायु आदि में रहने वाला अपान। सर्वत्र गमन करने से सर्वनाड़ी गमनशील, सम्पूर्ण शरीर में रहने वाला व्यान। रस आदि को ऊपर ले जाने से अथवा प्राणों को ऊपर ले जाने से, ऊर्ध्व उत्क्रमणशील कण्ठ में रहने वाला वायु उदान कहा जाता है। खाये हुए अन्न, रस आदि के समीकरण, एकीकरण धर्म वाला होने से इनमें पाँचवाँ वायु समान नाम से अभिप्रेत है।

क्रियैव दिश्यते प्रायः प्राणकर्मेन्द्रियेष्वलम् । ततस्तेषां रजोंऽशेभ्यो जनिरङ्गीकृता बुधैः ॥३८०॥

प्राणकर्मेन्द्रियेषु पञ्चप्राणेषु पञ्चकर्मेन्द्रियेषु च **प्रायः क्रियैवालं दिश्यते** दृश्यते **ततो बुधैस्तेषां** प्राणकर्मेन्द्रियाणाम् **रजोंशेभ्यो जनिर्जन्माङ्गीकृते**ति।

प्राणों तथा कर्मेन्द्रियों में प्रायः क्रिया ही पूर्ण रूप से देखी जाती है, इससे विद्वानों ने रजो अंश से इनकी उत्पत्ति स्वीकार की है ॥३८०॥

पाँच प्राणों तथा पाँच कर्मेन्द्रियों में प्रायः क्रिया ही पूर्ण रूप से देखी जाती है, इससे विद्वानों ने इन प्राणों तथा कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति रजोगुण के अंश से मानी है।

ननु *"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्", "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते"* इति श्वेताश्वतरोपनिषद्युक्तम्। तत्र ब्रह्मणः शक्तेरपि गुणभेदाः सन्तीति पृष्ट उच्यते राजसीमिति।

किन्तु श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा है - 'माया को प्रकृति की शक्ति जानो तथा माया के अधीश्वर को 'महेश्वर' समझो' (श्वे० उ० ४।१०), 'उस 'देव' की शक्ति सबसे परे है, मनुष्य केवल विविध नामों तथा विविध रूपों में उसका वर्णन सुनते हैं' (श्वे० उ० ६।८)। वहाँ ब्रह्म की शक्ति भी गुणों में भेद वाली है - ऐसा पूछने पर बताते हैं 'राजसीं' इत्यादि से -

राजसीं तु क्रियाशक्तिं तमःशक्तिं जडात्मिकाम् । प्रकाशरूपिणीं सत्त्वशक्तिं प्राहुर्महर्षयः ॥३८१॥

तु शब्दो निश्चयार्थो **महर्षयो** महात्मानो मन्त्रद्रष्टारश्च **क्रियाशक्तिं** कर्मसामर्थ्यवतीं **राजसीं** रजोगुणप्रधानां **जडात्मिकां** स्थावरात्मिकां **तमःशक्तिं** तमोगुणप्रधानां तथा **प्रकाशरूपिणीं** ज्ञानस्वरूपां **सत्त्वशक्तिं** सत्त्वगुणप्रधानां **प्राहु**रिति।

महर्षि क्रिया शक्ति को रजोगुण, तमोगुण की शक्ति को जड़ात्मक तथा सत्त्व गुण की शक्ति को प्रकाश रूप वाली कहते हैं ॥३८१॥

'तु' शब्द निश्चय अर्थ में है। महात्मा मन्त्र द्रष्टा कर्म सामर्थ्य वाली शक्ति को रजोगुण प्रधान, तमोगुण प्रधान को स्थावरात्मिका तथा सत्त्व गुण प्रधान को ज्ञान स्वरूप वाली कहते हैं।

एते प्राणादयः पञ्च पञ्चकर्मेन्द्रियैः सह । भवेत्प्राणमयः कोशः स्थूलो येनैव चेष्टते ॥३८२॥

पञ्चकर्मेन्द्रियैः सहैते पञ्च प्राणादयः प्राणमयः कोशो भवेद्येनैव यस्य सत्त्वे **स्थूलो** देह**श्चेष्टते** जडदेहोऽपि क्रियावान् दृश्यते तस्य निदानं प्राणमयकोश एवेति।

पाँच कर्मेन्द्रियों के साथ ये प्राण आदि पाँच प्राणमय कोश है, जिससे ही यह स्थूल शरीर चेष्टा करता है ॥३८२॥

वाणी आदि पाँच कर्मेन्द्रियों के साथ ये प्राण आदि पाँच प्राणमय कोश है, जिसके होने से ही यह देह जड़ देह होते हुए भी क्रियावान् देखा जाता है। उसका मूल कारण प्राणमय कोश ही है।

यद्यन्निष्पाद्यते कर्म पुण्यं वा पापमेव वा । वागादिभिश्च वपुषा तत्प्राणमयकर्तृकम् ॥३८३॥

वागादिभिः कर्मेन्द्रियैश्च **वपुषा** स्थूलशरीरेण **पुण्यं वा पापं वा यद्यत्कर्म निष्पाद्यते तत्तत्प्राणमयकर्तृकं** प्राणमयेन कृतं यत्तत्प्राणमयकर्तृकमेव भवतीति।

वाणी आदि के द्वारा तथा शरीर से जो भी पुण्य अथवा पाप कर्म किया जाता है, वह प्राणमय कर्तृक हैं ॥३८३॥

वाणी आदि कर्मेन्द्रियों के द्वारा तथा स्थूल शरीर से जो भी पुण्य अथवा पाप कर्म किया जाता है, वह सब प्राणमय के द्वारा होते हैं अर्थात् वे सब प्राणमय कर्तृक ही हैं।

वायुनोच्चालितो वृक्षो नानारूपेण चेष्टते । तस्मिन्विनिश्चले सोऽपि निश्चलः स्याद्यथा तथा ॥३८४॥

प्राणकर्मेन्द्रियैर्देहः प्रेर्यमाणः प्रवर्तते । नानाक्रियासु सर्वत्र विहिताविहितादिषु ॥३८५॥

यथा वायुना विशेषरूपेण**ोच्चालितः** कम्पितो **वृक्षो नानारूपेण चेष्टते** प्रवर्तते **तस्मिन्** वायो**र्विनिश्चले** स्थैर्यं प्राप्ते **सोऽपि** वृक्षो **निश्चलः स्यात्तथा प्राणकर्मेन्द्रियैः** पञ्चप्राणैश्च पञ्चकर्मेन्द्रियैश्च **प्रेर्यमाणः** प्रेरितो **देहः** स्थूलः **सर्वत्र विहिताविहितादिषु** शास्त्रेषु विहितं चाविहितं निषिद्धं च विहिताविहिते आदिनी यासां ता विहिताविहितादयस्तासु विहिताविहितादिषु **नानाक्रियासु प्रवर्तते**। आदिपदेन लौकिककर्मणां सङ्ग्रहः कर्तव्य इति।

जैसे वायु के द्वारा विशेष रूप से हिलाया हुआ वृक्ष अनेक प्रकार से चेष्टा करता है और उसके निश्चल होने पर वह भी निश्चल होता है, वैसे ही प्राण और कर्मेन्द्रियों से प्रेरित किया हुआ देह सर्वत्र शास्त्र विहित तथा शास्त्र निषिद्ध आदि अनेक प्रकार की क्रियाओं में प्रवृत्त होता है ॥३८४, ३८५॥

जैसे वायु के द्वारा विशेष रूप से कम्पित वृक्ष अनेक प्रकार से चेष्टा करता है तथा वायु के स्थिरता प्राप्त करने पर वृक्ष भी निश्चल होता है। वैसे ही पञ्च प्राण तथा पञ्च कर्मेन्द्रियों से प्रेरित किया हुआ स्थूल देह सर्वत्र शास्त्रों में विहित तथा अविहित निषिद्ध आदि अनेक प्रकार की क्रियाओं में प्रवृत्त होता है। 'आदि' पद से लौकिक कर्मों का सङ्ग्रह समझना चाहिए।

कोशत्रयं मिलित्वैतद्वपुः स्यात्सूक्ष्ममात्मनः । अतिसूक्ष्मतया लीनस्यात्मनो गमकत्वतः ॥३८६॥

लिङ्गमित्युच्यते स्थूलापेक्षया सूक्ष्ममिष्यते । सर्वं लिङ्गवपुर्जातमेकधीविषयत्वतः ॥३८७॥

समष्टिः स्यात्तरुगणः सामान्येन वनं यथा । एतत्समष्ट्युपहितं चैतन्यं सफलं जगुः ॥३८८॥

एतत्कोशत्रयं कोशानां त्रयं विज्ञानमयश्च मनोमयश्च प्राणमयश्च **मिलित्वाऽतिसूक्ष्मतया**ऽतिसूक्ष्मस्वरूपत्त्वा**दात्मनः** सच्चिदानन्दस्य **सूक्ष्मं वपुः** शरीरमुपाधिः **स्यात्**। यस्मादात्माऽव्यक्तरूपेण वर्तते तस्मात्सर्वगतोऽपि न सर्वत्रावभासते परन्तु तस्याभिव्यक्तिः सूक्ष्मशरीरे शक्यते। **लीनस्य**ऽऽत्मनो **गमकत्वतो** बोधकत्वाज्ज्ञापकत्वादनुमानै**र्लिङ्गमित्युच्यते** तथा च **स्थूलापेक्षया** स्थूलशरीरापेक्षया **सूक्ष्ममिष्यते** कथ्यते। श्लोकौ ३४०, ३४१ द्रश्येताम्।

सर्वं लिङ्गवपुर्जातं लिङ्गवपुषो जातमुद्भूतं लिङ्गशरीरसमूह **एकधीविषयत्वत** एकस्या धियो बुद्धेर्विषयत्वतः **समष्टिः स्याद्यथा तरुगणो** वृक्षसमूहः **सामान्येन** जातिरूपेण **वनं** स्या**देतत्समष्ट्युपहितं** समष्टिलिङ्गशरीरोपहितं **चैतन्यं सफलं** चिदाभासेन सहितमिति पण्डिता **जगुः** कथयाञ्चक्रुरिति।

ये तीन कोश मिलकर अति सूक्ष्म रूप होने से आत्मा का सूक्ष्म शरीर कहलाता है। छिपे हुए आत्मा का ज्ञापक होने के कारण इसे लिङ्ग कहते हैं, स्थूल की अपेक्षा यह सूक्ष्म कहा जाता है। सब लिङ्ग शरीरों का समूह एक बुद्धि के ज्ञान का विषय होने से समष्टि कहलाता है। जैसे वृक्षों का समूह सामान्य रूप से एक वन होता है। इस समष्टि उपहित चैतन्य को सफल (फल सहित) कहते हैं ॥३८६, ३८७, ३८८॥

विज्ञानमय, मनोमय तथा प्राणमय ये तीन कोश मिलकर अति सूक्ष्म रूप होने से सच्चिदानन्द आत्मा का सूक्ष्म शरीर अर्थात् शरीर उपाधि है। क्योंकि यह आत्मा अव्यक्त रूप से रहता है, इसीलिए सर्वत्र विद्यमान होने पर भी यह सभी को भासमान नहीं होता। परन्तु सूक्ष्म शरीर में इसकी अभिव्यक्ति होती है। अनुमान के द्वारा आत्मा का बोध, ज्ञापक होने के कारण इसे लिङ्ग कहते हैं तथा स्थूल शरीर की अपेक्षा यह सूक्ष्म कहा जाता है। सूक्ष्म शरीर को लिङ्ग कहते हैं - इसके लिए श्लोक ३४०, ३४१ देखें।

सूक्ष्म शरीर से उत्पन्न सब लिङ्ग शरीरों का समूह एक बुद्धि के ज्ञान का विषय होने से समष्टि होता है। जैसे वृक्षों का समूह जाति रूप से वन होता है। पण्डित इस समष्टि लिङ्ग शरीर से उपहित चैतन्य को सफल अर्थात् चिदाभास सहित कहते हैं।

हिरण्यगर्भः सूत्रात्मा प्राण इत्यपि पण्डिताः । हिरण्मये बुद्धिगर्भे प्रचकास्ति हिरण्यवत् ॥३८९॥

हिरण्यगर्भ इत्यस्य व्यपदेशस्ततो मतः । समस्तलिङ्गदेहेषु सूत्रवन्मणिपङ्क्तिषु ।
व्याप्य स्थितत्वात्सूत्रात्मा प्राणनात्प्राण उच्यते ॥३९०॥

पण्डिताः पूर्वोक्तं समष्ट्युपहितं चैतन्यं **हिरण्यगर्भः सूत्रात्मा प्राण इत्यपि** कथयन्ति। **हिरण्मये** हिरण्यमये सुवर्णमये **बुद्धिगर्भे** समष्टिबुद्धौ **हिरण्यवत्प्रचकास्ति** प्रकाशतेऽथवा हिरण्यं हेममयाण्डं गर्भोत्पत्तिस्थानमस्य **ततोऽस्य हिरण्यगर्भ इति व्यपदेशो**ऽभिधानं **मतः**। **मणिपङ्क्तिषु** मणीनां पङ्क्तिषु **सूत्रवत्समस्तलिङ्गदेहेषु** समस्तेषु लिङ्गदेहेषु प्राणिमात्रस्य सूक्ष्मशरीरेषु **व्याप्य स्थितत्त्वात्** *"अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः"* इति नारायणसूक्तेषु श्रुतत्त्वात्सर्वत्रानुस्यूतत्त्वा**त्सूत्रात्मे**ति व्यपदेशो मतः। *"मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव"* इति भगवद्वचनात्परमात्मैव समष्टिसूक्ष्मशरीरोपाधिद्वारेण हिरण्यगर्भसञ्ज्ञको सूत्रात्मा भवति। ज्ञानशक्तिमदन्तःकरणोपहितत्वाद्धिरण्यगर्भः क्रियाशक्तिमत्प्राणरूपत्वा**त्प्राणनाद्वा प्राण उच्यते**।

अत्र विप्रतिपद्यन्ते।
"हिरण्यगर्भ एवाऽऽत्मा यः परात्मेति गीयते।" (बृ.वा.१.४.१४३)
"संसार्येवेह स इति तथाऽन्येऽपि प्रचक्षते॥" (बृ.वा.१.४.१४४) ।

पर एव त्वित्येके मन्त्रवर्णात्। *"एष ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवाः"* इति च श्रुतेः। स्मृतेश्च *"एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्"* (मनुस्मृतिः १२.१२३) इति ।

संसार्येवेत्यपरे। भयारतिसंयोगश्रवणात्। *"सर्वान्पाप्मन औषत्"* इति श्रुतेः। तथा च हिरण्यगर्भस्य प्रभूतजीवविशेषस्यास्मदादिभ्यो भिन्नत्वेन श्रूयमाणत्वात्।

एतदपि चिन्तनीयम्। समष्टिलिङ्गशरीरोपहितहिरण्यगर्भः परिच्छिन्नलिङ्गशरीरोपहितास्मदाद्यनेकजीवसमूहो न वा। हिरण्यगर्भलिङ्गशरीरस्य व्यापकत्वमेकत्वञ्च प्रतीयते। किञ्च *"ज्ञानमप्रतिघं यस्य वैराग्यं चेति च स्मृतेः"* (बृ.वा.१.४.११९७) ।

तत्रोपाधिवशात्संसारित्वं हिरण्यगर्भस्य न परमार्थतः। स्वतस्त्वसंसार्येव। उपाधिशुद्धिबाहुल्येन प्रायशः पर एवेति। जीवानां तूपाधिगताशुद्धिबाहुल्यात्संसारित्वं प्रायशः श्रुतिस्मृतिवादा वदन्ति।

कथं तर्हि *"तत्त्वमसि"*, *"क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि"* इत्यादिश्रुतिस्मृतिवादाः संगच्छन्त इति चेन्निखिलोपाधिभेदव्यावर्तनापेक्षया तु सर्वः परत्वेनाभिधीयते। तथा च न लिङ्गशरीरसमुदायः समष्टिर्हिरण्यगर्भशब्देनोच्यते किन्तु व्यापकं लिङ्गशरीरं तस्य व्यापकत्वमेकत्वञ्च युज्यते। अयञ्चाधिकारिकः कश्चिज्जीवोऽज्ञानात्संसारिभावापन्नो विशिष्टकर्मोपासनसमुच्चिताभ्यां हिरण्यगर्भत्वं प्राप्तः समष्टिसूक्ष्मशरीराभिमानि यद्वा तस्यैकस्यैव परमात्मन वैश्वानरहिरण्यगर्भेश्वरा अवस्थाविशेषाः, तेषामुपासनया तत्प्राप्तिः फलं सम्भवतीति।

पण्डित हिरण्यगर्भ, सूत्रात्मा, प्राण ऐसा भी कहते हैं। सुवर्णमय बुद्धि के गर्भ (भीतर) में सुवर्ण के समान प्रकाशित होता है, इससे इसका हिरण्यगर्भ ऐसा नाम व्यवहार होता है। मणि की पंक्तियों में सूत्र के समान समस्त लिङ्ग शरीरों में व्याप्त होकर स्थित होने से सूत्रात्मा और प्राणन क्रिया का हेतु होने से प्राण कहा जाता है ॥३८९, ३९०॥

पूर्व कहे हुए समष्टि उपहित चैतन्य को पण्डित हिरण्यगर्भ, सूत्रात्मा, प्राण ऐसा भी कहते हैं। सुवर्णमयी समष्टि बुद्धि में सुवर्ण के समान प्रकाशित होता है अथवा जिसका उत्पत्ति स्थान सुवर्णमय अण्ड है, इससे इसका हिरण्यगर्भ - ऐसा नाम होता है। मणि की पंक्तियों में सूत्र के समान समस्त लिङ्ग शरीरों में, प्राणि मात्र के सूक्ष्म शरीरों में व्याप्त होकर स्थित होने से 'जो कुछ भी अन्दर और बाहर स्थित है, वह सब स्वयं नारायण में ही स्थित हैं' नारायण सूक्तम् में ऐसा सुना गया है तथा सर्वत्र अनुस्यूत होने से सूत्रात्मा - ऐसा व्यवहार किया जाता है। 'यह सम्पूर्ण जगत् सूत्र में मणियों के सदृश मुझमें पिरोया हुआ है' (भ० गी० ७।७) इस प्रकार भगवान् के वचनों से परमात्मा ही समष्टि सूक्ष्म शरीर उपाधि द्वारा हिरण्यगर्भ, सूत्रात्मा सञ्ज्ञक होता है। ज्ञान शक्ति से सम्पन्न अन्तःकरण से उपहित होने के कारण हिरण्यगर्भ अथवा क्रिया शक्ति से सम्पन्न, प्राण रूप होने के कारण प्राण कहा जाता है।

यहाँ कुछ अन्य मत भी हैं -
'हिरण्यगर्भ स्वयं ही आत्मा है जो पर आत्मा के रूप में कहा जाता है' (बृ० वा०१।४।१४३)

'तथा कुछ अन्य ऐसा भी कहते हैं कि वह तो संसारी जीव ही है' (बृ० वा०१।४।१४४)।

'किन्तु [वह] पर ही है' कुछ मन्त्र ऐसा वर्णन करते हैं' यह (प्रज्ञानरूप आत्मा) ही ब्रह्म है, यही इन्द्र है, यही प्रजापति है, यही ये [अग्नि आदि] सारे देव हैं' (ऐ० उ० ३।१।३) श्रुति में भी कहा है। स्मृति में भी कहा है -'इस (परमेश्वर) को कई लोग अग्नि, कई मनु तथा प्रजापति नाम से कहते हैं' (म० स्मृ० १२।१२३)।

कुछ 'इसे संसारी जीव ही है' ऐसा कहते हैं। भय तथा अरति का संयोग सुना जाता है। श्रुति के अनुसार 'समस्त पापों को दग्ध कर दिया था' (बृ० उ० १।४।१) तथा हिरण्यगर्भ से उत्पन्न जीव विशेष का हम सभी से भिन्न होना सुना गया है।

इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। समष्टि लिङ्ग शरीर उपहित हिरण्यगर्भ हम सभी परिच्छिन्न लिङ्ग शरीर से उपहित अनेक जीवों का समूह है अथवा नहीं? हिरण्यगर्भ के लिङ्ग शरीर का व्यापकत्व तथा एकत्व प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त 'स्मृति के अनुसार जिसका

ज्ञान तथा वैराग्य अबाधित है' (बृ० वा० १।४।११९७)।

वहाँ हिरण्यगर्भ का उपाधि के कारण संसारित्व है, परमार्थतः नहीं। स्वतः तो वह असंसारी ही है। उपाधि शुद्धि के बाहुल्य से प्रायः पर ही है। किन्तु जीवों की उपाधि गत अशुद्धि के बाहुल्य से प्रायः संसारित्व है - श्रुति स्मृति के वचन यही कहते हैं।

फिर किस प्रकार 'वह ब्रह्म तुम्हीं हो' (छा० उ० ६।८।७), 'समस्त क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जानो' (भ० गी० १३।३) इत्यादि श्रुति स्मृति के वाक्यों का समन्वय होता है? तो सम्पूर्ण उपाधि भेद को हटाकर सब कुछ परब्रह्म रूप में ही कहा जाता है। तथा समष्टि लिङ्ग शरीर का समुदाय 'हिरण्यगर्भ' शब्द से नहीं कहा जाता, किन्तु व्यापक लिङ्ग शरीर कहा जाता है और उसका व्यापकत्व, एकत्व युक्त है। इसका अधिकारी कोई एक जीव जो अज्ञान के कारण संसारी भाव से आपन्न है, विशिष्ट कर्म तथा उपासना के समुच्चय से हिरण्यगर्भ पद को प्राप्त कर समष्टि सूक्ष्म शरीर का अभिमानी होता है। अथवा वैश्वानर, हिरण्यगर्भ, ईश्वर - उस एक परमात्मा की ही अवस्था विशेष हैं, उनकी उपासना से उनकी प्राप्ति होना फल सम्भव है।

नैकधीविषयत्वेन लिङ्गं व्यष्टिर्भवत्यथ । यदेतद्व्यष्ट्युपहितं चिदाभाससमन्वितम् ॥३९१॥

चैतन्यं तैजस इति निगदन्ति मनीषिणः । तेजोमयान्तःकरणोपाधित्वेनैष तैजसः ॥३९२॥

अथशब्दः समुच्चयार्थे। **नैकधीविषयत्वेनै**का धीर्विषयो यस्य तदेकधीविषयं तथात्वमेकधीविषयत्वं तेनैकधीविषयत्वेन न, प्रत्येकं जीवस्य स्वस्वलिङ्गशरीरस्य स्वबुद्धिविषयत्वादनेकस्य जीवस्यानेकधीविषयत्वेन **लिङ्गं** सूक्ष्मशरीरं **व्यष्टिर्भवति**। **यदेतद्व्यष्ट्युपहितं** व्यष्टिसूक्ष्मशरीरेणोपहितं **चिदाभाससमन्वितं** चिदाभासेन समन्वितं सूक्ष्मशरीरं साभासं लिङ्गशरीरमुपाधिर्यस्य तच्चिदाभाससमन्वितं **चैतन्यं मनीषिणस्तैजस इति निगदन्ति**। **तेजोमयान्तःकरणोपाधित्वेन** तेजोमयान्तःकरणमुपाधिर्यस्य स तेजोमयान्तःकरणोपाधिः। तस्य तेजोमयान्तःकरणोपाधित्वात्। पञ्चम्यर्थे तृतीया। एष **तैजस** उच्यत इति।

अखिलसूक्ष्मशरीरमेकबुद्धिविषयतया व्यापकबुद्धिविषयतया समस्तशरीराभिमानित्वात् समष्टिरनेकबुद्धिविषयतया एकान्तःकरणावच्छिन्नतया व्यष्टिरिति।

एक बुद्धि का विषय न होने से यह लिङ्ग शरीर व्यष्टि होता है। इस व्यष्टि लिङ्ग शरीर से उपहित चिदाभास से युक्त चैतन्य को विद्वान् लोग तैजस नाम से कहते हैं। तेजोमय अन्तःकरण की उपाधि से ही यह तैजस कहलाता है ॥३९१, ३९२॥

'अथ' शब्द समुच्चय अर्थ में है। एक बुद्धि का विषय न होने से - प्रत्येक जीव के अपने-अपने लिङ्ग शरीर का, अपनी बुद्धि का विषय होने से अर्थात् जीवों की अनेक बुद्धियों का विषय होने के कारण यह सूक्ष्म शरीर व्यष्टि होता है। इस व्यष्टि सूक्ष्म शरीर से उपहित चिदाभास से युक्त, लिङ्ग शरीर उपाधि है जिसकी उस चैतन्य को विद्वान् लोग तैजस नाम से कहते हैं। तेजोमय अन्तःकरण की उपाधि से (पञ्चमी अर्थ में तृतीया है) यह तैजस कहा जाता है।

सम्पूर्ण सूक्ष्म शरीर एक बुद्धि का विषय होने से, व्यापक बुद्धि का विषय होने से, समस्त शरीरों के साथ अभिमान होने से समष्टि है। अनेक बुद्धियों का विषय होने के कारण, एक अन्तःकरण अवच्छिन्न होने से व्यष्टि है।

यहाँ 'तैजस' शब्द के रूप रामवत् होंगे, सकारान्त शब्द जैसे नहीं

स्थूलात्सूक्ष्मतया व्यष्टिरस्य सूक्ष्मवपुर्मतम् । अस्य जागरसंस्कारमयत्वाद्वपुरुच्यते ॥३९३॥

स्थूलात्स्थूलशरीरा**त्सूक्ष्मतया** सूक्ष्मत्वाद**स्य** तैजसस्य **व्यष्टिः सूक्ष्मवपुः** सूक्ष्मशरीरं लिङ्गशरीरं **मतमस्य जागरसंस्कारमयत्वा**ज्जागरस्य संस्कारप्रचुरत्वा**द्वपुः** शरीर**मुच्यत** इति।

स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म होने से इसे व्यष्टि सूक्ष्म शरीर मानते हैं। इसके जाग्रत् अवस्था के संस्कार युक्त होने से इसे वपु कहते हैं ॥३९३॥

स्थूल शरीर की अपेक्षा सूक्ष्म होने से तैजस को व्यष्टि सूक्ष्म शरीर, लिङ्ग शरीर मानते हैं। इसके जाग्रत् अवस्था के संस्कार प्रचुर होने से इसे शरीर कहते हैं।

स्वप्ने जागरकालीनवासनापरिकल्पितान् । तैजसो विषयान्भुङ्क्ते सूक्ष्मार्थान्सूक्ष्मवृत्तिभिः ॥३९४॥

तैजसो व्यष्टिलिङ्गशरीराभिमानी **स्वप्ने** स्वप्नावस्थायां **जागरकालीनवासनापरिकल्पिताञ्जा**गरकालो यासां वासनानां ता जागरकालीनवासनास्ताभिः परिकल्पितान् **सूक्ष्मार्थान्म**नःस्पन्दनमात्रसंस्काररूपानिन्द्रियसन्निकर्षैरनुपलब्धान् **विषयान् सूक्ष्मवृत्तिभिर्भुङ्क्ते**ऽनुभवतीति।

तैजस स्वप्न में जाग्रत् कालीन वासनाओं से कल्पित सूक्ष्म विषयों को सूक्ष्म वृत्तियों द्वारा भोगता है ॥३९४॥

व्यष्टि लिङ्ग शरीर अभिमानी तैजस स्वप्नावस्था में जाग्रत् कालीन वासनाओं से कल्पित मन के स्पन्दन मात्र से संस्कार रूप से इन्द्रिय सन्निकर्ष के द्वारा अनुपलब्ध सूक्ष्म विषयों को सूक्ष्म वृत्तियों के द्वारा अनुभव करता है।

इन्द्रिय सन्निकर्ष के द्वारा अनुपलब्ध सूक्ष्म विषयों से जाग्रत् कालीन विषयों का व्यावर्तन हो जाता है

समष्टेरपि च व्यष्टेः सामान्येनैव पूर्ववत् । अभेद एव ज्ञातव्यो जात्येकत्वे कुतो भिदा ॥३९५॥

समष्टेश्च व्यष्टेरपि पूर्ववद्यथा प्राज्ञेश्वरयोरभेदस्तथा तैजसहिरण्यगर्भयोरपि **सामान्येन** जात्येकत्वे**नाभेद एव ज्ञातव्यः**। **जात्येकत्वे कुतो भिदा**?

यद्यप्युपाध्योर्भेदात्प्राज्ञेश्वरयोरौपाधिकयोरप्यभेदो न सम्भवति तथाऽपि गङ्गाजललवोऽपि गङ्गानदीसदृशः पवित्रश्च तयोर्जात्येकत्वेनाभेदः। *"गङ्गाजललवकणिका पीता"* इति पदे समस्तगङ्गापानं न सम्भवति तथापि गङ्गाजललवकणिकापानस्य पुण्यं गङ्गापानसमानमेव तद्वत्प्राज्ञेश्वरयोस्तैजसहिरण्यगर्भयोश्चापि जातिसामान्येनैकत्वेनाभेदो गोत्ववदिति।

समष्टि तथा व्यष्टि का भी पहले के समान सामान्य के द्वारा ही अभेद समझना चाहिए। जाति एकत्व होने पर भेद कहाँ रह जाता है? ॥३९५॥

जैसे समष्टि तथा व्यष्टि का भी पहले के समान, वैसे ही प्राज्ञ-ईश्वर का, तैजस-हिरण्यगर्भ का भी जाति एकत्व के द्वारा ही अभेद समझना चाहिए। जाति एकत्व होने पर भेद कहाँ रह जाता है?

यद्यपि उपाधियों के भेद के कारण प्राज्ञ-ईश्वर की दो उपाधियों में अभेद नहीं हो सकता, फिर भी गङ्गा जल की एक बूँद गङ्गा नदी के समान तथा उसके ही समान पवित्र है, उनमें जाति एकत्व अभेद होने से। 'जिसने गङ्गा जल की एक बूँद को पिया हो' (भ० गो० २०) इस पद में समस्त गङ्गापान सम्भव नहीं है, फिर भी गङ्गा जल की एक बूँद पान करने का पुण्य गङ्गापान के समान ही है। उसी प्रकार प्राज्ञ-ईश्वर, तैजस-हिरण्यगर्भ का भी जाति सामान्य एकत्व से अभेद समझना चाहिए, गोत्व के समान।

द्वयोरुपाध्योरेकत्वे तयोरप्यभिमानिनोः । सूत्रात्मनस्तैजसस्याप्यभेदः पूर्ववन्मतः ॥३९६॥

परिमाणवैषम्ये सत्यपि सूक्ष्ममहाभूतोपादानत्वेनैकत्वा**द्द्वयोरुपाध्योरेकत्वे तयोरभिमानिनोऽपि सूत्रात्मनस्तैजसस्य पूर्ववदभेदो मतः**। स्पष्टम्।

दोनों उपाधियों के एक होने पर उन दोनों उपाधियों के अभिमानी सूत्रात्मा तथा तैजस का भी पहले के समान अभेद माना गया है ॥३९६॥

परिमाण में वैषम्य होने पर भी सूक्ष्म महाभूत उपादान होने से एकत्व के द्वारा दोनों उपाधियों के एक होने पर उन दोनों उपाधियों के अभिमानी सूत्रात्मा तथा तैजस का भी पूर्ववत् अभेद माना गया है। अर्थ स्पष्ट है।

स्थूलप्रपञ्चः

अधुना स्थूलप्रपञ्चो वर्ण्यते। एवमिति।

अब आगे स्थूल प्रपञ्च का वर्णन करते हैं 'एवं' इत्यादि से -

एवं सूक्ष्मप्रपञ्चस्य प्रकारः शास्त्रसम्मतः । अथ स्थूलप्रपञ्चस्य प्रकारः कथ्यते शृणु ॥३९७॥

एवं शास्त्रसम्मतः सूक्ष्मप्रपञ्चस्य प्रकारः कथितः। **अथ स्थूलप्रपञ्चस्य प्रकारः कथ्यते। शृणु** हे सोम्य इति।

इस प्रकार शास्त्र सम्मत सूक्ष्म प्रपञ्च का प्रकार कहा गया। अब स्थूल प्रपञ्च का प्रकार कहा जाता है - उसे सुनो ॥३९७॥

इस प्रकार शास्त्र सम्मत सूक्ष्म प्रपञ्च का प्रकार कहा गया। उसके पश्चात् स्थूल प्रपञ्च का प्रकार बताते हैं। हे सोम्य! उसे सुनो।

तान्येव सूक्ष्मभूतानि व्योमादीनि परस्परम् । पञ्चीकृतानि स्थूलानि भवन्ति शृणु तत्क्रमम् ॥३९८॥

तान्येव सूक्ष्मभूतानि व्योमादीन्यपञ्चीकृतभूतानि **परस्परं** मिलित्वा **पञ्चीकृतानि स्थूलानि भवन्ति तत्क्रमं शृण्वि**ति।

वे ही आकाश आदि सूक्ष्म भूत परस्पर पञ्चीकृत होकर स्थूल होते हैं, उस क्रम को सुनो ॥३९८॥

वे ही अपञ्चीकृत आकाश आदि सूक्ष्म भूत परस्पर मिलकर पञ्चीकृत होकर स्थूल होते हैं - उस क्रम को सुनो।

खादीनां भूतमेकैकं सममेव द्विधा द्विधा । विभज्य भागं तत्राद्यं त्यक्त्वा भागं द्वितीयकम् ॥३९९॥

चतुर्धा सुविभज्याथ तमेकैकं विनिक्षिपेत् । चतुर्णां प्रथमे भागे क्रमेण स्वार्धमन्तरा ॥४००॥

खादीनामाकाशादीनाम**मेकैकं** प्रत्येकं **भूतं समं** समानमेव **द्विधा-द्विधा विभज्य तत्राद्यं भागं त्यक्त्वा द्वितीयकं भागं चतुर्धा सुविभज्याथ** तदनन्तरं **क्रमेण स्वार्धमन्तरा** परित्यज्य **चतुर्णां प्रथमे भागे तमेकैकं** भागं **विनिक्षिपेत्** सम्प्रेषयेत् परित्यजेदिति।

आकाश आदि में से एक-एक भूत को समान ही दो-दो भाग में बाँटकर, उनमें से पहले भाग को छोड़कर दूसरे भाग को चार भागों में विभक्त कर अनन्तर अपने आधे को छोड़कर अन्य चारों के प्रथम भाग में क्रम से उस एक-एक भाग को दे दे ॥३९९, ४००॥

आकाश आदि प्रत्येक भूत के दो समान ही भाग कर, प्रथम भाग को छोड़कर द्वितीय भाग को चार भागों में विभक्त कर, उसके अनन्तर क्रम से अपने आधे को छोड़कर अन्य चारों के प्रथम भाग में उस एक-एक भाग को डाले, त्याग दे।

(कोष्ठकः ८) पञ्चीकरणस्य प्रकारम्



ततो व्योमादिभूतानां भागाः पञ्च भवन्ति ते । स्वस्वार्धभागेनान्येभ्यः प्राप्तं भागचतुष्टयम् ॥४०१॥

संयोज्य स्थूलतां यान्ति व्योमादीनि यथाक्रमम् । अमुष्य पञ्चीकरणस्याप्रामाण्यं न शङ्क्यताम् ॥४०२॥

ततो व्योमादिभूतानामाकाशादीनां पञ्चमहाभूतानां **पञ्च भागा भवन्ति** हि। **ते स्वस्वार्धभागेन** प्रत्येकं स्वस्यार्धभागेनान्येभ्यः **प्राप्तं भागचतुष्टयं संयोज्य** व्योमादीनि यथाक्रमं **स्थूलतां** स्थूलभावं **यान्ति** प्राप्नुवन्ति। **अमुष्य पञ्चीकरणस्याप्रामाण्यं न शङ्क्यता**मिति।

इससे आकाश आदि भूतों के पाँच भाग होते हैं, वे अपने-अपने आधे भाग के साथ अन्य [भूतों] से प्राप्त चार भागों को मिलाकर क्रमानुसार आकाश आदि स्थूल भाव को प्राप्त होते हैं। इस पञ्चीकरण की अप्रमाणता की शङ्का नहीं करनी चाहिए ॥४०१, ४०२॥

इससे आकाश आदि पञ्च महाभूतों के पाँच भाग होते हैं। वे प्रत्येक अपने-अपने आधे भाग के साथ अन्य भूतों से प्राप्त चार भागों को मिलाकर आकाश आदि क्रम से स्थूल भाव को प्राप्त होते हैं। इस पञ्चीकरण की अप्रमाणता की शङ्का नहीं करनी चाहिए।

ननु पञ्चीकरणं तु नोक्तं श्रुतिषु कुतस्तस्य प्रामाण्यमित्याशङ्क्याह। उपलक्षणमिति।

परन्तु श्रुति में तो पञ्चीकरण नहीं कहा गया, फिर उसकी प्रामाण्यता कहाँ है? सो बताते हैं ‘उपलक्षणम्’ इत्यादि से -

उपलक्षणमस्यापि तत्त्रिवृत्करणश्रुतिः । पञ्चानामपि भूतानां श्रूयतेऽन्यत्र सम्भवः ॥४०३॥

तत्त्रिवृत्करणश्रुतिरस्य पञ्चीकरणस्याप्युपलक्षणं बोधकमस्ति। उपलक्षणं किमित्युच्यते - *“स्वबोधकत्वे सति स्वेतरबोधकत्वमुपलक्षणत्वम्”* यथा वा *“ कार्यानन्वयित्वे सत्यविद्यमानत्वेऽपि व्यावर्तकत्वम्”* । यथा “काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्” इत्यस्मिन् वाक्ये काकशब्दः स्वस्य बोधकस्तथा स्वेतरस्य श्वानबिडालादीनामपि बोधकः। *“सेयं देवतैक्षत हन्ताहमिमास्तिस्रो*

देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति।", "तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकां करवाणीति सेयं देवतेमास्तिस्रो देवता अनेनैव जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरोत्।" इति सामवेदश्रुतिषु त्रिवृत्करणं श्रूयते। तत्र तेजोबन्नानां स्वस्वार्धभागेनान्येभ्यः प्राप्तं भागद्वयं संयोज्य तेजोबन्नाः स्थूलतां यान्ति। **अन्यत्र** कृष्णयजुर्वेदश्रुतिषु तैत्तिरीयोपनिषदि *"तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी।"* इति पञ्चमहाभूतोत्पत्तिरुक्ता। **पञ्चानां भूतानामपि सम्भव** उत्पत्तिः **श्रूयत** इति। तस्मात्त्रिवृत्करणश्रुतिः पञ्चीकरणस्योपलक्षणं भवतीति।

वह त्रिवृत्करण श्रुति इसकी भी बोधक है तथा श्रुति में पाँचों भूतों की भी उत्पत्ति सुनने में आती है ॥४०३॥

वह त्रिवृत्करण श्रुति इस पञ्चीकरण की भी बोधक है। उपलक्षण किसे कहते हैं सो बताते हैं - 'अपना बोध कराते हुए जो अपने से अन्य का बोध कराये, उसे उपलक्षण कहते हैं' अथवा 'कार्य में अन्वित ना होते हुए तथा अविद्यमान होते हुए भी जो व्यावर्तन करे'। जैसे 'कौओं से दही की रक्षा करो' इस वाक्य में काक शब्द स्वयं का बोधक है तथा अपने से अन्य कुत्ता, बिल्ली आदि का भी बोधक है। 'उस इस सत् नामक देवता ने ईक्षण किया, 'मैं इस जीवात्म रूप से इन तीनों देवताओं में अनुप्रवेश कर नाम तथा रूप की अभिव्यक्ति करूँ' (छा० उ० ६।३।२), 'और उनमें से एक-एक देवता को त्रिवृत्-त्रिवृत् करूँ' ऐसा विचार कर उस इस देवता ने इस जीवात्म रूप से ही उन तीन देवताओं में अनुप्रवेश कर नाम-रूप का व्याकरण किया' (छा० उ० ६।३।३) इन सामवेद श्रुतियों में त्रिवृत्करण सुना गया है। वहाँ तेज (अग्नि), अप् (जल) और अन्न (पृथ्वी) अपने-अपने आधे भाग के साथ अन्य से प्राप्त दो भाग को मिलाकर तेज, अप् तथा अन्न स्थूलभाव को प्राप्त होते हैं। कृष्ण यजुर्वेद के तैत्तिरीय उपनिषद् की श्रुति में 'उस इस आत्मा से ही आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी' (तै० उ० २।१) इस प्रकार पञ्च महाभूतों की उत्पत्ति कही गयी है। पाँचों भूतों की भी उत्पत्ति सुनने में आती है। इस प्रकार त्रिवृत्करण श्रुति पञ्चीकरण का उपलक्षण है।

ततः प्रामाणिकं पञ्चीकरणं मन्यतां बुधैः । प्रत्यक्षादिविरोधः स्यादन्यथा क्रियते यदि ॥४०४॥

ततस्तस्माद्बुधैः पदवाक्यप्रमाणज्ञैर्वेदान्तवेदिभिः पञ्चीकरणं **प्रामाणिकं** श्रुतार्थापत्तिप्रमाणसिद्धं श्रुत्यर्थापत्तिप्रमाणसिद्धं वा **मन्यताम्**। **यद्यन्यथा क्रियते** पञ्चीकरणस्य प्रामाण्यं शङ्क्यते तर्हि **प्रत्यक्षादिविरोधः** प्रत्यक्षादिभिः प्रमाणैर्विरोधः **स्यात्**। *"वैशेष्यात्तु तद्वादस्तद्वादः"* इति न्यायात्।

इसीलिए विद्वानों द्वारा पञ्चीकरण प्रामाणिक मानना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया जाएगा तो प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से विरोध होगा ॥४०४॥

इसीलिए पद, वाक्य, प्रमाण (व्याकरण, न्याय, तर्क) के ज्ञाता, वेदान्त के जानने वाले विद्वानों द्वारा पञ्चीकरण को श्रुतार्थापत्ति प्रमाण द्वारा अथवा श्रुति-अर्थापत्ति प्रमाण द्वारा प्रामाणिक माना गया है। यदि ऐसा नहीं किया जाएगा तो पञ्चीकरण की प्रामाण्यता की शङ्का आएगी, उससे प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से विरोध होगा, सूत्र के अनुसार 'वह कथन, वह कथन तो अधिकता के सम्बन्ध से है' (ब्र० सू० २।४।२२)।

कथं प्रत्यक्षादिप्रमाणैर्विरोधः स्यादित्युच्यते। आकाशादिपञ्चमहाभूतानि स्थूलरूपेणानुभूयन्ते। तेषां पूर्वपूर्वस्य गुणा उत्तरोत्तरभूतेषु दृश्यन्ते। तथा च –

किस प्रकार प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध होता है? सो बताते हैं। आकाश आदि पञ्चमहाभूत की अनुभूति स्थूल रूप से होती है। उन सभी पूर्व-पूर्व वालों के गुण उत्तर-उत्तर भूतों में देखे जाते हैं। और इसी प्रकार -

आकाशवाय्वोर्धर्मस्तु वह्न्यादावुपलभ्यते । यथा तथाकाशवाय्वोर्नाग्न्यादेर्धर्म ईक्ष्यते ॥४०५॥

ततोऽप्रामाणिकमिति न किञ्चिदपि चिन्त्यताम् । खांशव्याप्तिश्च खव्याप्तिर्विद्यते पावकादिषु ॥४०६॥

यथाऽऽकाशवाय्वोर्धर्मो वह्न्यादौ वह्निजलपृथिवीषु **तूपलभ्यते। तथाऽग्न्यादेर्मूर्त**भूतस्य **धर्मस्त्वमूर्त**भूत**योराकाशवाय्वोर्नेक्ष्यते।**

अमूर्तमहाभूते - (आकाशः, वायुः) - आकाशवायू
मूर्तमहाभूतानि - (अग्निः, जलं, पृथिवी) - अग्निजलपृथिव्यः

(कोष्ठकः ९) पञ्चीकृताऽपञ्चीकृतमहाभूतधर्माः			
अपञ्चीकृतमहाभूतः	**धर्मः**	**पञ्चीकृतमहाभूतः**	**धर्मः**
आकाशः	शब्दः	आकाशः	शब्दः
वायुः	स्पर्शः	वायुः	शब्दस्पर्शौ
अग्निः	रूपम्	अग्निः	शब्दस्पर्शरूपाणि
जलम्	रसः	जलम्	शब्दस्पर्शरूपरसाः
पृथिवी	गन्धः	पृथिवी	शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः

ततः किञ्चिदप्यप्रामाणिकमिति न चिन्त्यताम्। पावकादिषु मूर्तमहाभूतेषु **खांशव्याप्तिश्च** वायोर्व्याप्तिराकाशस्यांशत्वाद्वायुरेव खांशः **खव्याप्तिश्च विद्यते** दृश्यते। *"आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी"* इति च।

जैसे आकाश तथा वायु के धर्म अग्नि आदि में उपलब्ध होते हैं, वैसे अग्नि आदि के धर्म आकाश, वायु में नहीं देखे जाते ॥४०५॥

इससे कुछ भी अप्रामाणिक है - ऐसा विचार नहीं करना चाहिए। अग्नि आदि में आकाश अंश की व्याप्ति तथा आकाश की व्याप्ति विद्यमान है ॥४०६॥

जैसे आकाश तथा वायु के धर्म[४७] अग्नि, जल, पृथिवी में उपलब्ध होते हैं, वैसे अग्नि आदि मूर्त भूत के धर्म अमूर्त भूत आकाश, वायु में नहीं देखे जाते।

अमूर्त महाभूत - (आकाश, वायु) - आकाश और वायु
मूर्त महाभूत - (अग्नि, जल, पृथ्वी) - अग्नि, जल और पृथ्वी

इससे कुछ भी अप्रामाणिक है - ऐसा विचार नहीं करना चाहिए। अग्नि आदि मूर्त महाभूतों में आकाश अंश होने से वायु की व्याप्ति है, इससे वायु ही आकाश का अंश है तथा आकाश की व्याप्ति देखी जाती है। जैसा कि 'आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी [उत्पन्न होती है]' (तै० उ० २।१)।

कारणगुणप्रक्रमणम् अर्थात् कारण के गुणों का कार्य में अभिव्यक्त होना

तेनोपलभ्यते शब्दः कारणस्यातिरेकतः । तथा नभस्वतो धर्मोऽप्यग्न्यादावुपलभ्यते ॥४०७॥

[४७] *धर्म अर्थात् गुण*

न तथा विद्यते व्याप्तिर्वह्न्यादेः खनभस्वतोः । सूक्ष्मत्वादंशकव्याप्तेस्तद्धर्मो नोपलभ्यते ॥४०८॥

तेन कारणस्यातिरेकत आधिक्येन तस्याकाशस्य गुणः **शब्दो** वायावग्न्यादौ **चोपलभ्यते। तथा** चाग्न्यादौ मूर्तभूतेषु **नभस्वतो** वायोर्**धर्मोऽपि** स्पर्शगुण उपलभ्यते। **तथा वह्न्यादेर्**मूर्तभूतानां **व्याप्तिः खनभस्वतोर**मूर्तभूतयोर्**न विद्यते। अंशकव्याप्तेः** कार्यस्य **सूक्ष्मत्वाद**ल्पत्वा**त्तद्धर्मो नोपलभ्यत** इति।

आकाशादीनां पूर्वपूर्वस्योत्तरोत्तरं प्रति कारणत्वेन स्वस्वकार्यापेक्षया व्यापकत्वात्कार्यांशमिलितत्वेऽपि न कार्यगतगुणाश्रयतयाप्यभिव्यक्तिः किन्तु स्वस्वगुणाश्रयतयैव। तथा कार्याणां स्वकारणापेक्षयाल्पत्वात्तेषां कारणभागसम्मिश्रितानां कारणगुणाश्रयतयापि भवत्यभिव्यक्तिरिति।

उसके द्वारा, कारण का आधिक्य होने से शब्द उपलब्ध होता है। वैसे ही वायु का धर्म अग्नि आदि में उपलब्ध होता है ॥४०७॥

परन्तु उसी प्रकार अग्नि आदि की व्याप्ति आकाश तथा वायु में नहीं देखी जाती। अंश की व्याप्ति के सूक्ष्म होने से उनके धर्म उपलब्ध नहीं होते ॥४०८॥

उसके द्वारा, कारण का आधिक्य होने से उस आकाश का शब्द गुण वायु, अग्नि आदि में उपलब्ध होता है। वैसे ही अग्नि आदि मूर्तभूतों में वायु का स्पर्श गुण उपलब्ध होता है। तथा अग्नि आदि मूर्तभूतों की व्याप्ति अमूर्त भूत आकाश तथा वायु में उपलब्ध नहीं है। कार्य के अत्यल्प होने के कारण उसके धर्म उपलब्ध नहीं होते।

आकाश आदि पूर्व-पूर्व भूत का उत्तरोत्तर भूत के प्रति कारण रूप से विद्यमान होने पर, अपने-अपने कार्य की अपेक्षा अधिक व्यापक होने के कारण उन कार्य के अंश उसमें होने पर भी तथा कार्य के गुण के आश्रय रूप होने से भी अभिव्यक्ति नहीं होती, किन्तु केवल अपने गुण के आश्रय के रूप में ही अभिव्यक्ति होती है। उसी प्रकार कार्य का अपने कारण की अपेक्षा अल्प व्यापक होने से, कारण गुण के आश्रय रूप होने से भी उन गुणों की अभिव्यक्ति होती है जिसमें कारण का भाग मिश्रित है।

कारणस्यानुरूपेण कार्यं सर्वत्र दृश्यते । तस्मात्प्रामाण्यमेष्टव्यं बुधैः पञ्चीकृतेरपि ॥४०९॥

सर्वत्र कारणस्यानुरूपेण तुल्येन **कार्यं** फलं **दृश्यते। तस्माद्बुधैः** पण्डितैः **पञ्चीकृतेरपि प्रामाण्यमेष्टव्यम**भिप्रेतं स्वीकरणीयमिति।

सर्वत्र कारण के अनुरूप कार्य देखा जाता है। इससे पञ्चीकरण का भी प्रामाण्य पण्डितों के द्वारा माना जाता है ॥४०९॥

सर्वत्र कारण के तुल्य कार्य अर्थात् फल को देखा जाता है। इस कारण से पण्डितों के द्वारा पञ्चीकरण का प्रामाण्य भी अभिप्रेत, स्वीकार किया जाना चाहिए।

भूतगुणाः

अनेनोद्भूतगुणकं भूतं वक्ष्येऽवधारय । शब्दैकगुणमाकाशं शब्दस्पर्शगुणोऽनिलः ॥४१०॥

तेजः शब्दस्पर्शरूपैर्गुणवत्कारणं क्रमात् । आपश्चतुर्गुणः शब्दस्पर्शरूपरसैः क्रमात् ॥४११॥

इन्द्रियसामर्थ्यम्

एतैश्चतुर्भिर्गन्धेन सह पञ्चगुणा मही । आकाशांशतया श्रोत्रं शब्दं गृह्णाति तद्गुणम् ॥४१२॥

त्वङ्मारुतांशकतया स्पर्शं गृह्णाति तद्गुणम् । तेजोंशकतया चक्षू रूपं गृह्णाति तद्गुणम् ॥४१३॥

अबंशकतया जिह्वा रसं गृह्णाति तद्गुणम् । भूम्यंशकतया घ्राणं गन्धं गृह्णाति तद्गुणम् ॥४१४॥

अनेन पञ्चीकरणे**नोद्भूतगुणकमु**द्भूतोऽभिव्यक्तो गुणो यस्य तदुद्भूतगुणम्, उद्भूतगुणमेवोद्भूतगुणकं **भूतं** महाभूतं **वक्ष्ये तदवधारय** बुद्धौ निश्चयं कुरु। **आकाशं शब्दैकगुणं** शब्दमात्रो गुणो यस्य तच्छब्दैकगुणं तथा**ऽनिलो** वायुः **शब्दस्पर्शगुणो** शब्दगुणश्च स्पर्शगुणश्च शब्दस्पर्शगुणौ यस्य स शब्दस्पर्शगुणोऽनिल**स्तेजः शब्दस्पर्शरूपैः** शब्दश्च स्पर्शश्च रूपञ्च शब्दस्पर्शरूपाणि तैः शब्दस्पर्शरूपै**र्गुणवद**स्ति तत्क्रमात्**कारणम**पां मह्याश्च। **आपः** शब्दस्पर्शरूपरसैः शब्दश्च स्पर्शश्च रूपञ्च रसश्च शब्दस्पर्शरूपरसास्तैः **शब्दस्पर्शरूपरसैश्चतुर्गुणाः** सन्ति तच्च **क्रमान्म**ह्याः कारणं सा **मही गन्धेन सहैतैश्चतुर्भिः** शब्दस्पर्शरूपरसैः **पञ्चगुणा** भवतीति।

श्रोत्रं श्रोत्रेन्द्रिय**माकाशांशतया**ऽऽकाशस्यांऽशत्वा**त्तद्गुणं शब्दं गृह्णाति**। **त्वक्** त्वगिन्द्रियं **मारुतांशकतया** मारुतस्य वायोरंशत्वा**त्तद्गुणं स्पर्शं गृह्णाति**। **चक्षुस्तेजोंशकतया** तेजसोंऽशत्वा**त्तद्गुणं रूपं गृह्णाति**। **जिह्वा** रसनेन्द्रिय**मबंशकतया**ऽपामंशत्वा**त्तद्गुणं रसं गृह्णाति**। **घ्राणं** नासिका **भूम्यंशकतया** भूमेरंशत्वा**त्तद्गुणं गन्धं गृह्णाती**ति।

ज्ञानेन्द्रियाणि महाभूतानां सात्त्विकांशात्समुद्भूतानि तथा कर्मेन्द्रियाणि महाभूतानां राजसांशात्समुद्भूतानि।

इस पञ्चीकरण से उद्भूत प्रकट गुणवाले भूत को कहूँगा, सुनकर निश्चय करो! आकाश केवल शब्द गुण वाला है तथा वायु शब्द, स्पर्श गुण वाला है ॥४१०॥

तेज शब्द, स्पर्श, रूप गुण वाला है, क्रम से कारण है। क्रम से जल शब्द, स्पर्श, रूप, रस चार गुण वाला है ॥४११॥

गन्ध सहित इन चारों से पृथिवी पाँच गुणवाली है। आकाश का अंश होने से श्रोत्र उसके गुण शब्द को ग्रहण करता है ॥४१२॥

त्वक् वायु का अंश होने से उसके गुण स्पर्श को ग्रहण करती है। चक्षु तेज का अंश होने से उसके गुण रूप को ग्रहण करता है ॥४१३॥

जिह्वा जल का अंश होने से उसके गुण रस को ग्रहण करती है, घ्राण भूमि का अंश होने से उसके गुण गन्ध को ग्रहण करती है ॥४१४॥

इस पञ्चीकरण से उद्भूत, अभिव्यक्त गुण वाले महाभूत को कहूँगा, उसे सुनकर बुद्धि में निश्चय करो! आकाश शब्द मात्र गुण है जिसका तथा वायु शब्द, स्पर्श गुण वाला; तेज शब्द, स्पर्श, रूप गुण वाला है, वह क्रम से जल तथा पृथिवी का कारण है। जल शब्द, स्पर्श, रूप, रस चार गुण वाला है। वह क्रम से पृथिवी का कारण है। वह पृथिवी गन्ध सहित इन चारों शब्द, स्पर्श, रूप, रस से पाँच गुण वाली है।

श्रोत्र इन्द्रिय आकाश का अंश होने से उसके गुण शब्द को ग्रहण करता है। त्वक् इन्द्रिय वायु का अंश होने से उसके गुण स्पर्श को ग्रहण करती है। चक्षु तेज का अंश होने से उसके गुण रूप को ग्रहण करता है। रसना इन्द्रिय जल का अंश होने से उसके गुण रस को ग्रहण करती है, नासिका भूमि का अंश होने से उसके गुण गन्ध को ग्रहण करती है।

ज्ञानेन्द्रियाँ महाभूतों के सात्त्विक अंश से उत्पन्न होती हैं, उसी प्रकार कर्मेन्द्रियाँ महाभूतों के राजसिक अंश से उत्पन्न होती हैं।

करोति खांशकतया वाक्शब्दोच्चारणक्रियाम् । वाय्वंशकतया पादौ गमनादिक्रियापरौ ॥४१५॥

तेजोंशकतया पाणी वह्न्याद्यर्चनतत्परौ । जलांशकतयोपस्थो रेतोमूत्रविसर्गकृत् ॥४१६॥

भूम्यंशकतया पायुः कठिनं मलमुत्सृजेत्।

इन्द्रियदेवताः

श्रोत्रस्य दैवतं दिक्स्यात्त्वचो वायुर्दृशो रविः ॥४१७॥

जिह्वाया वरुणो दैवं घ्राणस्य त्वश्विनावुभौ । वाचोऽग्निर्हस्तयोरिन्द्रः पादयोस्तु त्रिविक्रमः ॥४१८॥

पायोर्मृत्युरुपस्थस्य त्वधिदैवं प्रजापतिः । मनसो दैवतं चन्द्रो बुद्धेर्दैवं बृहस्पतिः ॥४१९॥

रुद्रस्त्वहङ्कृतेर्दैवं क्षेत्रज्ञश्चित्तदैवतम् । दिगाद्या देवताः सर्वाः खादिसत्त्वांशसम्भवाः ॥४२०॥

वाक्खांशकतयाऽऽकाशस्यांशत्वा**च्छब्दोच्चारणक्रियां करोति। पादौ वाय्वंशकतया** वायोरंशत्वा**द्गमनादिक्रियापरौ** स्तः। **पाणी तेजोंशकतया** वह्नेरंशत्वा**द्वह्न्याद्यर्चनतत्परौ** वह्न्याद्यर्चनेषु वैदिककर्मसु तत्परौ संलग्नौ भवतः। **उपस्थो** जननेन्द्रियं **जलांशकतया रेतोमूत्रविसर्गकृद्** रेतो वीर्यञ्च मूत्रञ्च रेतोमूत्रे तयोर्विसर्गं विसर्जनं करोतीति रेतोमूत्रविसर्गकृद्भवति। **पायुः** गुदेन्द्रियं **भूम्यंशकतया कठिनं मलं** विष्ठा**मुत्सृजेत्**।

श्रोत्रस्य दैवतं दिक्स्यात्। त्वचो दैवतं **वायुस्तथा दृशो** नेत्रस्य **रविः** सूर्यः स्यात्। **जिह्वाया दैवं वरुणस्तथा घ्राणस्य तूभावश्विनौ** दैवौ। एता ज्ञानेन्द्रियाणां देवताः। अथ कर्मेन्द्रियाणां देवतानिरूपणम्। **वाचो** देवता**ऽग्निर्हस्तयोरिन्द्रस्तु पादयोर्दे**वता **त्रिविक्रमो** विष्णुः। **पायोर्मृत्युस्तथोपस्थस्य त्वधिदैवं प्रजापतिः**।

मनसो दैवतं चन्द्रश्चन्द्रमाः **बुद्धेर्दैवं बृहस्पतिः। रुद्रस्त्वहङ्कृतेर्दैवं क्षेत्रज्ञश्चित्त**स्य दैवं **चित्तदैवतम्। दिगाद्या देवताः सर्वाः खादिसत्त्वांशसम्भवाः** खमादि येषां महाभूतानां तेषां खादीनां सात्त्विकांशात्सम्भवाः समुद्भवा उत्पन्ना इति।

(कोष्ठकः १०) इन्द्रियाणां देवताः तत्कार्यञ्च

	सात्त्विकांशात्			राजसांशात्		
महाभूत	**ज्ञानेन्द्रियम्**	**कार्यम्**	**देवता**	**कर्मेन्द्रियम्**	**कार्यम्**	**देवता**
खम्	श्रोत्रम्	शब्दग्रहणम्	दिक्	वाक्	शब्दोच्चारणक्रिया	वह्निः
वायुः	त्वक्	स्पर्शग्रहणम्	वायुः	पाणिः	वह्न्याद्यर्चनतत्परक्रिया	इन्द्रः
तेजः	चक्षुः	रूपग्रहणम्	रविः	पादः	गमनादिक्रिया	त्रिविक्रमः
जलम्	जिह्वा	रसग्रहणम्	वरुणः	उपस्थः	रेतोमूत्रविसर्जनम्	प्रजापतिः
भूमिः	घ्राणम्	गन्धग्रहणम्	अश्विनौ	पायुः	मल-उत्सर्जनम्	मृत्युः

(कोष्ठकः ११) अन्तःकरणचतुष्टयस्य देवताः तत्कार्यञ्च		
	आकाशादिगतसमुचितसात्त्विकांशात्	
	कार्यम्	**देवता**
मनः	सङ्कल्पनं विकल्पनं च	चन्द्रमाः
बुद्धिः	अर्थस्य निश्चयः, अध्यवसानम्	बृहस्पतिः
अहङ्कारः	अहमित्यभिमानः, परिच्छिन्नत्वभावनम्	रुद्रः
चित्तम्	अर्थस्य चिन्तनम्, स्मरणम्	क्षेत्रज्ञः

वाणी आकाश का अंश होने से शब्द उच्चारण रूप क्रिया करती है, पैर वायु के अंश होने से गमन आदि क्रिया परक हैं ॥४१५॥

हाथ तेज का अंश होने से अग्नि आदि के अर्चन में तत्पर हैं, उपस्थ जल का अंश होने से वीर्य तथा मूत्र का त्याग करता है ॥४१६॥

गुदा भूमि का अंश होने से कठोर मल का त्याग करती है।

श्रोत्र का देवता दिक्, त्वचा का वायु, नेत्र का सूर्य है ॥४१७॥

जिह्वा का देवता वरुण, घ्राण के दोनों अश्विनी कुमार, वाणी का अग्नि, हाथों का इन्द्र तथा पैरों का त्रिविक्रम है ॥४१८॥

गुदा का अधिदेव मृत्यु, उपस्थ का प्रजापति, मन का देवता चन्द्र, बुद्धि का देवता बृहस्पति है ॥४१९॥

अहङ्कार का देवता रुद्र, चित्त का अधिदैव क्षेत्रज्ञ है, दिशा आदि सब देवता आकाश आदि के सत्त्व अंश से उत्पन्न हुए हैं ॥४२०॥

वाणी आकाश का अंश होने से शब्द उच्चारण रूप क्रिया करती है। पैर वायु का अंश होने से गमन आदि क्रिया परक हैं। दोनों हाथ वह्नि का अंश होने से वह्नि आदि के अर्चन में, वैदिक कर्मों में तत्पर, संलग्न होते हैं। जननेन्द्रिय जल का अंश होने से वीर्य तथा मूत्र का त्याग करने वाला होता है। गुदा इन्द्रिय भूमि का अंश होने से कठोर विष्ठा का त्याग करती है।

श्रोत्र का देवता दिक् है। त्वचा का देवता वायु तथा नेत्र का सूर्य है। जिह्वा का देवता वरुण तथा घ्राण के देवता दोनों अश्विनी कुमार हैं। ये सभी ज्ञानेन्द्रियों के देवता हैं। इसके पश्चात् कर्मेन्द्रियों के देवता का निरूपण है। वाणी का देवता अग्नि, हाथों का इन्द्र तथा पैरों का देवता विष्णु है। गुदा का मृत्यु तो उपस्थ का अधिदेवता प्रजापति है।

मन का देवता चन्द्रमा, बुद्धि का देवता बृहस्पति है। अहङ्कार का देवता रुद्र, चित्त का देव क्षेत्रज्ञ है। दिशा आदि सब देवता आकाश आदि जो महाभूत हैं, उन आकाश आदि के सात्विक अंश से उत्पन्न हुए हैं।

संमिता इन्द्रियस्थानेष्विन्द्रियाणां समन्ततः । निगृह्णन्त्यनुगृह्णन्ति प्राणिकर्मानुरूपतः ॥४२१॥

इन्द्रियस्थानेष्विन्द्रियाणां स्थानं गोलकमिन्द्रियस्थानं तेष्विन्द्रियस्थानेषु **समन्ततः** सर्वतः **संमिताः** सन्धिता वा दिगाद्याः सर्वा देवताः **प्राणिकर्मानुरूपतः** प्राणिनः कर्म प्राणिकर्म तदनुरूपतस्तद्विधः प्राणिकर्मानुरूपतो **निगृह्णन्ति** तथाऽ**नुगृह्णन्ति**। एकस्मिञ्जन्मनीन्द्रियदेवताऽनुग्रहेणेन्द्रियव्यापारः सम्भवत्यन्यस्मिञ्जन्मनि तु पापाधिक्यादिन्द्रियदेवतानिग्रहेण मूकत्वं काणत्वं बधिरत्वं वा सम्भवतीति।

देवता इन्द्रियों के गोलकों में, इन्द्रियों के साथ रहकर प्राणियों के कर्मों के अनुसार चारों ओर से उनका निग्रह और उन पर अनुग्रह करते हैं ॥४२१॥

इन्द्रियों के गोलकों में, इन्द्रियों के साथ रहकर सब ओर से मिले हुए अथवा दिक् आदि सभी देवताओं के साथ प्राणियों के कर्मों के अनुरूप निग्रह तथा अनुग्रह करते हैं। एक जन्म में इन्द्रियों के देवता के अनुग्रह से इन्द्रिय व्यापार सम्भव होता है। किन्तु दूसरे जन्म में पाप के आधिक्य से इन्द्रियों के देवताओं के निग्रह से मूकत्व, काणत्व अथवा बधिरत्व सम्भव है।

शरीरकरणग्रामप्राणाहमधिदेवताः । पञ्चैते हेतवः प्रोक्ता निष्पत्तौ सर्वकर्मणाम् ॥४२२॥

शरीरकरणग्रामप्राणाहमधिदेवताः शरीरं स्थूलं तच्च करणग्रामश्च करणानामिन्द्रियाणां ग्रामः समूहः प्राणाश्चाहमहङ्कारश्चाधिदेवताश्च शरीरकरणग्रामप्राणाहमधिदेवताः। प्राणशब्देन पञ्चप्राणाः सन्दर्शिताः। **एते पञ्च हेतवः सर्वकर्मणां निष्पत्तौ** सम्पादने **प्रोक्ताः** कथिताः। भगवता गीतासूक्तं*"अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्। विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्॥"* तत्र शरीरमिच्छाद्वेषसुखदुःखादीनामाश्रयः करणग्रामः श्रोत्रादिकमहमन्तःकरण-विशिष्टोपाधिलक्षणो जीवः कर्ता भोक्ताऽऽदित्यादयश्चक्षुराद्यनुग्राहकदेवताः। *"शरीरवाङ्मनोभिर्यत्कर्म प्रारभते नरः। न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः॥"*इति पञ्चैते हेतवो भगवता प्रोक्ता इति।

शरीर, इन्द्रियों का समूह, प्राण, अहङ्कार तथा इनके अधिदेवता - ये पाँच सब कर्मों की निष्पत्ति के हेतु कहे गये हैं ॥४२२॥

स्थूल शरीर, इन्द्रियों का समूह, प्राण ('प्राण' शब्द से पाँच प्राण बताए गए हैं), अहङ्कार तथा इनके अधिदेवता - ये पाँच सभी कर्मों के सम्पादन में हेतु कहे गये हैं। भगवान् ने गीता में कहा है '[कर्म की सिद्धि में] अधिष्ठान (शरीर), कर्ता, अनेक प्रकार के करण (इन्द्रियादि), विविध प्रकार की पृथक्-पृथक् चेष्टाएँ तथा पाँचवा हेतु दैव है' (भ० गी० १८।१४)। वहाँ शरीर इच्छा, द्वेष, सुख-दुःख का आश्रय है; श्रोत्र आदि इन्द्रियों का समूह; 'मैं' अन्तःकरण विशिष्ट उपाधि लक्षण वाला जीव कर्ता, भोक्ता तथा चक्षु आदि इन्द्रियों के अनुग्राहक सूर्य आदि देवता हैं। 'मनुष्य अपने शरीर, वाणी तथा मन से जो कोई उचित या विपरीत (अनुचित) कर्म करता है, उसके ये पाँच ही कारण हैं' (भ० गी० १८।१५) - ये पाँच हेतु भगवान् द्वारा कहे गए हैं।

सूक्ष्मशरीराभिमानी जीवोऽहङ्कारो विज्ञानमयशब्दभाक् कथं साक्षिणा भिद्यते तदष्टभिः श्लोकैर्वर्ण्यते कर्मानुरूपेणेत्यादिना।

सूक्ष्म शरीर अभिमानी जीव, अहङ्कार, 'विज्ञानमय' शब्द से जाना जाने वाला किस प्रकार साक्षी से भिन्न है, उसका आठ श्लोकों के द्वारा वर्णन करते हैं 'कर्मानुरूपेण' इत्यादि से -

कर्मानुरूपेण गुणादिकं भवेद्गुणानुरूपेण मनःप्रवृत्तिः । मनोनुवृत्तैरुभयात्मकेन्द्रियैर्निर्वर्त्यते पुण्यमपुण्यमत्र ॥४२३॥

कर्मानुरूपेण कर्मणामनुरूपेणानुसारेण **गुणादिकं** सत्त्वरजस्तमोगुणानामभिव्यक्तिर्देहेन्द्रियादिप्राप्तिः पुत्रमित्रकलत्र-बान्धवादीनां प्राप्तिश्च **भवेत्**। तथा **गुणानुरूपेण** सत्त्वादिगुणानामनुरूपेण सत्त्वादिगुणानुसारं **मनःप्रवृत्तिर्म**नसः प्रवृत्तिर्व्यवहारो भवति। यथा सत्त्वगुणप्रधानेषु व्यक्तिषु देहेन्द्रियादिषु ज्ञानप्रकाशो जायते तथा च मनःप्रसादः सौम्यत्वमात्मविनिग्रहस्तथा भावानां शुद्धिरित्यादिमनसो व्यवहारो भवति। **अत्र मनोऽनुवृत्तैर्म**नोऽनुगामिन्या **वृत्त्योभयात्मकेन्द्रियैर्ज्ञा**नेन्द्रियैः कर्मेन्द्रियैश्च **पुण्यं** शुभकर्मा**पुण्यम**शुभकर्म **निर्वर्त्यते** सम्पाद्यत इति।

कर्म के अनुरूप गुण आदि होते हैं, गुणों के अनुरूप मन की प्रवृत्ति होती है, मन के अनुसार दोनों प्रकार की इन्द्रियों के द्वारा इस संसार में पुण्य और पाप होता है ॥४२३॥

कर्मों के अनुसार सत्त्व, रजस्, तमोगुण की अभिव्यक्ति; देह इन्द्रिय आदि की प्राप्ति; पुत्र, मित्र, पत्नी, बन्धु आदि की प्राप्ति होती है। तथा

सत्त्व आदि गुणों के अनुरूप, सत्त्व आदि गुणों के अनुसार ही मन की प्रवृत्ति होती है, व्यवहार होता है। जिस प्रकार सत्त्व गुण प्रधान व्यक्तियों के देह तथा इन्द्रियों आदि में ज्ञान का प्रकाश उत्पन्न होता है उसी प्रकार मन की प्रसन्नता, सौम्यता, आत्म-विनिग्रह तथा भावनाओं की शुद्धि इत्यादि मन के व्यवहार होते हैं। यहाँ मन के अनुगामिनी वृत्ति से युक्त ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों के द्वारा शुभ कर्म तथा अशुभ कर्म किए जाते हैं।

करोति विज्ञानमयोऽभिमानं कर्ताहमेवेति तदात्मना स्थितः ।
आत्मा तु साक्षी न करोति किञ्चिन्न कारयत्येव तटस्थवत्सदा ॥४२४॥

विज्ञानमयो विज्ञानमयकोशोऽ**हमेव कर्तेत्यभिमानं करोति तदात्मना** विज्ञानमयात्मना **स्थितः साक्ष्यात्मा**ऽविपरिलुप्तचैतन्य**स्तु सदा** सर्वदा **तटस्थवत्**कूटस्थवच्च **किञ्चिन्न करोति नैव कारयति**। *"वेदाविनाशिनं नित्यं य एनमजमव्ययम्। कथं स पुरुषः पार्थ कं घातयति हन्ति कम्॥", "नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्", "अनादित्वान्निर्गुणत्वात् परमात्मायमव्ययः। शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते॥"* इति स्मृतिः। *"साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च"* इति श्रुतिः।

स्वरूप से स्थित विज्ञानमय कोश 'मैं ही कर्ता हूँ' ऐसा अभिमान करता है। किन्तु आत्मा तो साक्षी है, वह सदा ही उदासीन की तरह न कुछ करता है और न कुछ किसी से करवाता ही है ॥४२४॥

विज्ञानमय रूप से स्थित विज्ञानमय कोश 'मैं ही कर्ता हूँ' ऐसा अभिमान करता है। किन्तु आत्मा तो साक्षी, अविपरिलुप्त चैतन्य है, वह सर्वदा उदासीन की तरह न कुछ करता है और न कुछ किसी से करवाता ही है। स्मृति से प्रमाणित होता है 'हे पार्थ! जो पुरुष इस आत्मा को अविनाशी, नित्य तथा अव्यय स्वरूप जानता है, वह कैसे किसको मरवायेगा और कैसे किसको मारेगा?' (भ० गी० २।२१), 'नवद्वार वाली शरीर रूप नगरी में सुख से रहता हुआ न कर्म करता है और न करवाता है' (भ० गी० ५।१३), 'हे कौन्तेय! अनादि और निर्गुण होने से यह परमात्मा अव्यय है। शरीर में स्थित हुआ भी, वह न (कर्म) करता है और न (फलों से) लिप्त होता है' (भ० गी० १३।३२), श्रुति से प्रमाणित होता है 'सबका साक्षी, सबको चेतना प्रदान करने वाला वह केवल एक तथा निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११)।

द्रष्टा श्रोता वक्ता कर्ता भोक्ता भवत्यहङ्कारः । स्वयमेतद्विकृतीनां साक्षी निर्लेप एवात्मा ॥४२५॥

अहङ्कारः स्वयं द्रष्टा श्रोता वक्ता कर्ता भोक्ता मन्ता विज्ञाता च **भवति। आत्मा त्वेतद्विकृतीनां** विकाराणां **साक्षी निर्लेपो**ऽसङ्गत्वान्निरञ्जन **एवा**त्यन्तविशुद्धस्तथाऽविकारी सन्तिष्ठतीति।

अहङ्कार स्वयं द्रष्टा, श्रोता, वक्ता, कर्ता एवं भोक्ता है। आत्मा तो इन विकारों का साक्षी है और निर्लेप ही है ॥४२५॥

अहङ्कार स्वयं द्रष्टा, श्रोता, वक्ता, कर्ता, मन्ता तथा विज्ञाता है। आत्मा तो इन विकारों का साक्षी है तथा असङ्ग होने के कारण निरञ्जन, अत्यन्त शुद्ध तथा अविकारी होकर ही रहता है।

आत्मनः साक्षिमात्रत्वं न कर्तृत्वं न भोक्तृता । रविवत्प्राणिभिर्लोके क्रियमाणेषु कर्मसु ॥४२६॥

लोके प्राणिभिः क्रियमाणेषु कर्मसु रविवदात्मनः साक्षिमात्रत्वं न कर्तृत्वं न भोक्तृता भोक्तृत्वम्। सर्वाणि क्रियमाणानि कर्माणि प्रकृतेर्विकारैस्त्रिभिर्गुणैः क्रियन्ते लौकिकानि वैदिकानि च। तथापि कार्यकरणसङ्घातात्मप्रत्ययैरनेकप्रकारैर्मोहितः सन्नविद्ययाऽहं कर्ता भोक्तेति भारं वहति। अज्ञस्य सर्वकर्माणि कामादिदोषप्रयुक्तानि। स तन्निमित्तं च दुःखं स्वात्मन्यध्यस्य संसारित्वं प्राप्नोति किं त्वात्मा निरवद्यत्वादसंसारी। तथा च श्रुतिः *"सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षुर्न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः। एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः॥"* तथा स्मृतिः *"यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः। क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत॥"* इति वक्ति।

लोक में प्राणियों के द्वारा किये गये कर्मों में आत्मा का सूर्य के समान साक्षी मात्रत्व है। न कर्तापन है, न भोक्तापन है ॥४२६॥

लोक में प्राणियों के द्वारा किये गये कर्मों में सूर्य के समान आत्मा का साक्षी मात्रत्व है; न कर्तृत्व है, न भोक्तृत्व है। सभी किए जाने वाले लौकिक तथा वैदिक कर्म प्रकृति के विकार से तीनों गुणों के द्वारा किए जाते हैं[४८], तथापि कार्य-करण सङ्घात में आत्म प्रत्यय से अनेक प्रकार से मोहित होते हैं तथा अविद्या के कारण मैं कर्ता, भोक्ता - इस प्रकार का भार वहन करते हैं। अज्ञानियों के सभी कर्म कामादि दोष से युक्त होते हैं। वह उस निमित्त से दुःख को अपनी आत्मा में अध्यस्त कर संसारित्व को प्राप्त होता है, किन्तु आत्मा तो निरवद्य होने के कारण असंसारी है। श्रुति भी कहती है 'जिस प्रकार सम्पूर्ण लोक का नेत्र होकर भी सूर्य नेत्र सम्बन्धी बाह्य दोषों से लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार समस्त भूतों का एक ही अन्तरात्मा संसार के दुःख से लिप्त नहीं होता, बल्कि उनसे बाहर रहता है' (क० उ० २।२।११), तथा स्मृति भी कहती है 'हे भारत! जिस प्रकार एक ही सूर्य इस सम्पूर्ण लोक को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार एक ही क्षेत्री (क्षेत्रज्ञ) सम्पूर्ण क्षेत्र को प्रकाशित करता है' (भ० गी० १३।३३)।

न ह्यर्कः कुरुते कर्म न कारयति जन्तवः । स्वस्वभावानुरोधेन वर्तन्ते स्वस्वकर्मसु ॥४२७॥

हिशब्दोऽवधारणार्थे। **अर्कः** सूर्यो **न कर्म कुरुते न कारयति**। **जन्तवः स्वस्वकर्मसु** स्वेषां कर्मसु **स्वस्वभावानुरोधेन** स्वस्य स्वभावः स्वस्वभावस्तस्यानुरोधोऽनुरूपं स्वस्वभावानुरोधस्तेन स्वस्वभावानुरोधेन त्रिगुणानां प्रभावानुसारेण **वर्तन्ते**। नन्वविकृतचेतनसन्निधिमात्रेण कथं बुद्ध्यादिप्रवृत्तिः? उच्यते - प्रवृत्त्यनुकूलविकारान्तरशून्योऽपि यथाऽयस्कान्तोपलः स्वसन्निधिवशाल्लोहव्यापारहेतुस्तथा प्रत्यगात्मापि संनिधिवशादव्यापारीव सन् बुद्ध्यादिचलनहेतुः। तथा च स्मृतिः *"न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः। न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥", "नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः। अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥"* इति।

निश्चित ही सूर्य न कर्म करता है और न करवाता है। प्राणी अपने-अपने स्वभाव के अनुसार अपने-अपने कर्मों में प्रवृत्त होते हैं ॥४२७॥

'हि' शब्द अवधारण अर्थ में है। सूर्य न कर्म करता है और न करवाता है। प्राणी अपने कर्मों में अपने-अपने स्वभाव के अनुरूप, तीनों गुणों के प्रभाव के अनुसार प्रवृत्त होते हैं। किन्तु किस प्रकार अविकारी चेतन की सन्निधि मात्र से बुद्धि आदि प्रवृत होते हैं? इस पर कहते हैं - प्रवृत्ति के अनुकूल विकार से रहित होते हुए भी जैसे चुम्बक की सन्निधि लोह में व्यापार का कारण बन जाता है, उसी प्रकार प्रत्यक् आत्मा, स्वयं कोई व्यापार नहीं करता हुआ-सा होते हुए भी, केवल सन्निधि के प्रभाव से बुद्धि आदि के चलन का हेतु बन जाता है। स्मृति में भी कहा है 'लोकमात्र के लिए प्रभु (ईश्वर) न कर्तृत्व, न कर्म और न कर्मफल के संयोग को रचता है। परन्तु प्रकृति सब कुछ करती है' (भ० गी० ५।१४), 'विभु परमात्मा न किसी के पाप कर्म को और न पुण्य कर्म को ही ग्रहण करता है; (किन्तु) अज्ञान से ज्ञान ढका हुआ है, इससे सब जीव मोहित होते हैं' (भ० गी० ५।१५)।

तथैव प्रत्यगात्माऽपि रविवन्निष्क्रियात्मना । उदासीनतयैवास्ते देहादीनां प्रवृत्तिषु ॥४२८॥

तथैव प्रत्यगात्माऽपि देहादीनां प्रवृत्तिषु वर्णाश्रमादिविहितनिषिद्धकर्मसु लौकिकेषु च **रविवन्निष्क्रियात्मना** व्यापाराराहित्येनो**दासीनतयैवास्ते** पश्यञ्शृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्नपि सर्वकर्मसु निष्क्रियात्मा नैव किञ्चित्करोति तथाऽस्मिन्नेकादशद्वारे पुरे नैव कुर्वन्न कारयन् सुखमास्त इति।

वैसे ही प्रत्यक् आत्मा भी सूर्य के समान निष्क्रिय रूप से देह आदि के व्यापारों में उदासीन भाव से ही रहता है ॥४२८॥

---

[४८] गुणा गुणेषु वर्तन्ते (भ० गी० ३।२८)

वैसे ही प्रत्यक् आत्मा भी देह आदि के वर्ण-आश्रम आदि के अनुसार विहित व निषिद्ध कर्मों में तथा लौकिक कर्मों में सूर्य के समान निष्क्रिय रूप से व्यापार से रहित होकर उदासीन भाव से ही रहता है। देखता हुआ, सुनता हुआ, स्पर्श करता हुआ, भोजन करता हुआ, गमन करता हुआ भी सभी कर्मों में निष्क्रिय आत्मा कुछ भी नहीं करता है तथा इस ग्यारह द्वार वाले पुर में ही न कुछ करते हुए, न करवाते हुआ सुख से रहता है।

अज्ञात्वैवं परं तत्त्वं मायामोहितचेतसः । स्वात्मन्यारोपयन्त्येतत्कर्तृत्वाद्यन्यगोचरम् ॥४२९॥

एवं परं "ह्यक्षरात् परतः परः" श्रेष्ठं सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं त्रिगुणातीतं निर्विकारं निष्क्रियं प्रत्यगात्मानं प्रपञ्चोपशमं त्रिविधपरिच्छेदरहितं **तत्त्वमज्ञात्वा मायामोहितचेतसो** मायया मोहितश्चेतो बुद्धिर्येषां ते **स्वात्मन्येतदन्यगोचरम**नात्मविषयकं **कर्तृत्वाद्यारोपयन्ति**। तत्रात्मानात्मनोः परस्परधर्मधर्म्यध्यासं वक्ष्यति तथा च सत्यानृताध्यासात्स्वरूपाध्यासस्तथा संसर्गाध्यासश्च वक्ष्येते इति।

इस प्रकार परम तत्त्व को न जानकर माया से मोहित चित्त वाले अपने स्वरूप में अन्य विषयक इस कर्तृत्व आदि का आरोप करते हैं ॥४२९॥

इस प्रकार 'वह श्रेष्ठ अक्षर से भी उत्कृष्ट है' (मु० उ० २।१।२) श्रेष्ठ, सभी उपाधि से विनिर्मुक्त, त्रिगुणातीत, निर्विकार, निष्क्रिय, प्रत्यक् आत्मा, प्रपञ्च रहित, तीनों परिच्छेदों से रहित तत्त्व को न जानकर माया से मोहित बुद्धि है जिसकी, वे अपने में अनात्म विषयक कर्तृत्व आदि का आरोप करते हैं। वहाँ आत्मा-अनात्मा के परस्पर धर्म-धर्मी अध्यास का वर्णन कहेंगे तथा सत्य-अनृत अध्यास के कारण स्वरूप अध्यास तथा संसर्ग अध्यास भी कहे जायेंगे।

आत्मनः साक्षिणो बुद्धेरहंवृत्तेर्भिन्नत्वमुपसंहरत्यात्मस्वरूपमिति।

आत्मा साक्षी तथा बुद्धि की अहं वृत्ति के भिन्नत्व का उपसंहार करते हैं 'आत्मस्वरूपम्' इत्यादि से -

आत्मस्वरूपमविचार्य विमूढबुद्धिरारोपयत्यखिलमेतदनात्मकार्यम् ।
स्वात्मन्यसङ्गचितिनिष्क्रिय एव चन्द्रे दूरस्थमेघकृतधावनवद्भ्रमेण ॥४३०॥

विमूढबुद्धिर्विमूढा भ्रान्ता मोहिता बुद्धिर्यस्य स विमूढबुद्धि**रात्मस्वरूपमा**त्मनः स्वरूपं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्य-स्वरूप**मविचार्या**ज्ञात्वा **भ्रमेणासङ्गचितिनिष्क्रिये** चितिर्बोधश्चासौ निष्क्रियश्चेति चितिनिष्क्रियोऽसङ्गश्चासौ चितिनिष्क्रियश्चासङ्ग-चितिनिष्क्रियस्तस्मिन्नसङ्गचितिनिष्क्रिये स्वात्मनि ज्ञानस्वरूपेऽकर्त**र्येवाखिलं** समस्त**मेतदनात्मकार्यमारोपयति स्वात्मन्य**नात्मप्रपञ्चं तद्धर्मांश्चाध्यस्यति **चन्द्रे दूरस्थमेघकृतधावनवद्** दूरस्थश्चासौ मेघो दूरस्थमेघस्तेन दूरस्थेन मेघेन कृतं दूरस्थमेघकृतं धावनं दूरस्थमेघकृतधावनं तद्वदारोपयतीति।

जैसे दूर देश में स्थित मेघों का दौड़ना भ्रम से चन्द्रमा में आरोपित होता है, वैसे ही भ्रान्त बुद्धि वाला अपने आत्म स्वरूप का विचार न कर असङ्ग, चेतन, निष्क्रिय अपने आत्मा में ही समस्त इस अनात्मा के कार्यों को आरोपित करता है ॥४३०॥

भ्रान्त अथवा मोहित है बुद्धि जिसकी वह विमूढ बुद्धि अपने आत्म स्वरूप नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्य स्वरूप को न जानकर भ्रम से असङ्ग, चेतन, निष्क्रिय अपने ज्ञान स्वरूप अकर्ता आत्मा में समस्त इस अनात्म प्रपञ्च तथा उसके धर्मों का अध्यास करता है। जैसे दूर देश में स्थित मेघों का दौड़ना चन्द्रमा में आरोपित होता है, वैसे ही आरोपित करता है।

ब्रह्माण्डसृष्टिः

आत्मानात्मविवेकं स्फुटतरमग्रे निवेदयिष्यामः । इममाकर्णय विद्वन् जगदुत्पत्तिप्रकारमावृत्त्या ॥४३१॥

हे **विद्वन्नग्र आत्मानात्मविवेकमा**त्मानात्मनोर्विवेकं भेदं **स्फुटतरं** स्पष्टरूपेण **निवेदयिष्यामो** वयमाचार्याः। **इमं जगदुत्पत्तिप्रकारं** जगत उत्पत्तेः प्रकारं प्रभेदकरण**मावृत्या**ऽभ्यासे**नाकर्णय** शृण्विति।

ननु कथमजातवादिनां सृष्टेर्वर्णनं प्रामाणिकम्? प्राज्ञेश्वरप्रभृतिसमस्तसृष्टिवर्णनं निष्प्रयोजनम्। उच्यते - परिणामवादे विवर्तवादे च सृष्टेर्वर्णनस्याविशेषादध्यारोपकाले समस्तसृष्टेर्वर्णनं कृत्वाऽपवादकाले महावाक्येन युक्तिभिश्च तस्य मिथ्यात्वं दर्शयित्वाऽजातवादस्यैव प्रतिपादनं क्रियते। एतदस्माकं जीवात्मपरमात्मनोरेकत्वबुद्ध्यवतारायोपायः। एतस्य प्रयोजनमीश्वरार्पणबुध्या कर्मयोगस्तथेश्वरोपासनद्वारेण चित्तैकाग्रताप्राप्तिः। ये तु कनिष्ठास्ते कार्यब्रह्मोपासकाः। ये तु मध्यमास्ते कारणब्रह्मोपासकाः। यदा तेऽद्वितीयब्रह्मदर्शनसमर्था भवन्ति तदा ते परमार्थचिन्तनेन सृष्टेर्मिथ्यात्वं ज्ञातुं शक्नुवन्तो नान्यथा। तस्मादज्ञानदशायां प्रत्यक्षादिप्रमाणानां सृष्टेश्च प्रामाण्यम्।

हे विद्वन्! आत्मा तथा अनात्मा का विवेक स्पष्ट रूप से आगे कहेंगे। इस जगत् की उत्पत्ति के प्रकार को बार-बार आवृत्ति के साथ श्रवण करो ॥४३१॥

हे विद्वन्! आत्मा तथा अनात्मा का भेद स्पष्ट रूप से हम आचार्य आगे कहेंगे। इस जगत् की उत्पत्ति का प्रकार, भेद करने वाला साधन अभ्यास के द्वारा श्रवण करो।

पू० प० - किस प्रकार अजातवादी सृष्टि के वर्णन को प्रामाणिक मानते हैं? प्राज्ञ, ईश्वर से लेकर समस्त सृष्टि का वर्णन निष्प्रयोजन है। इस पर कहते हैं - परिणामवाद तथा विवर्तवाद में जहाँ सृष्टि के वर्णन में कोई अन्तर नहीं है, अध्यारोप के समय समस्त सृष्टि का वर्णन करके अपवाद काल में महावाक्य तथा युक्तियों के द्वारा उसका मिथ्यात्व दिखाकर अजातवाद का ही प्रतिपादन किया जाता है। हमारे लिए जीवात्मा-परमात्मा का एकत्व समझने का यह उपाय है। इसका प्रयोजन ईश्वर अर्पण बुद्धि से कर्मयोग तथा ईश्वर उपासना के द्वारा चित्त की एकाग्रता प्राप्ति है। किन्तु जो कनिष्ठ हैं, वे तो कार्य ब्रह्म के उपासक हैं। जो मध्यम हैं, वे तो कारण ब्रह्म के उपासक हैं। जब वे अद्वितीय ब्रह्मदर्शन में समर्थ होते हैं, तब वे परमार्थ चिन्तन के द्वारा सृष्टि के मिथ्यात्व को समझने में समर्थ हो जाते हैं, अन्यथा नहीं। इसीलिए अज्ञान दशा में प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों का तथा सृष्टि का प्रामाण्य है।

पञ्चीकृतेभ्यः खादिभ्यो भूतेभ्यस्त्वीक्षयेशितुः । समुत्पन्नमिदं स्थूलं ब्रह्माण्डं सचराचरम् ॥४३२॥

ईशितुः परमेश्वर**स्येक्षया** समीक्षणेन सङ्कल्पेन च **पञ्चीकृतेभ्यः खादिभ्य** आकाशादिभ्यो **भूतेभ्यस्तु सचराचरमिदं स्थूलं ब्रह्माण्डं समुत्पन्नं** समुद्भूतम्। महाभूतानामध्यारोपं विस्तरेण दर्शयित्वा भौतिकारोपं प्रकटयति। जीवानां कर्मभोगार्थं मोक्षार्थं वा भोगस्थानविशेषोत्पत्तिश्चतुर्दशभुवनेन प्रपञ्च्यते। एतेभ्यः पञ्चीकृतेभ्यो भूतेभ्यो भूर्भुवःस्वर्महर्जनस्तपः सत्यमित्येतन्नामकानामुपर्युपरि विद्यमानानामतलवितलसुतलरसातलतलातलमहातलपातालनामकानामधोऽधो विद्यमानानां लोकानामुत्पत्तिर्भवतीत्यर्थः। *"स ईक्षत। लोकान्नु सृजा इति।", "सोऽकामयत। बहुस्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा। इदं सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च।"*इत्यादि-श्रुतिभ्य इति।

ईश्वर के ईक्षण से पञ्चीकृत आकाश आदि भूतों से यह स्थावर व जङ्गम सहित स्थूल जगत् उत्पन्न हुआ है ॥४३२॥

परमेश्वर के समीक्षण तथा सङ्कल्प से पञ्चीकृत आकाश आदि भूतों से यह स्थावर व जङ्गम सहित स्थूल जगत् उत्पन्न हुआ है। महाभूतों

के अध्यारोप को विस्तार से दिखाकर भौतिक अध्यारोप दिखाते हैं। जीवों के कर्म भोग अथवा मोक्ष के लिए भोग स्थान विशेष की उत्पत्ति चौदह भुवनों के द्वारा बतायी गयी है। इन पञ्चीकृत भूतों के द्वारा भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम् नामक उच्च-उच्च लोकों की तथा अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल नामक नीचे-नीचे स्थित लोकों की उत्पत्ति होती है - यही इसका अर्थ है। 'उसने सोचा कि 'लोकों की रचना करूँ'' (ऐ० उ० १।१।१), 'उस परमात्मा ने कामना की 'मैं बहुत हो जाऊँ अर्थात् मैं उत्पन्न हो जाऊँ।' अतः उसने तप किया। उसने तप करके ही यह जो कुछ है इस सबकी रचना की' (तै० उ० २।६) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है।

व्रीह्याद्योषधयः सर्वा वायुतेजोऽम्बुभूमयः । सर्वेषामप्यभूदन्नं चतुर्विधशरीरिणाम् ॥४३३॥

सर्वा व्रीह्याद्योषधयो व्रीहिरादिर्यासामोषधीनां ता व्रीह्याद्योषधयः, ओषधयः फलपाकान्तसस्या इत्यमरः। **वायुतेजोऽम्बुभूमयः सर्वेषामपि चतुर्विधशरीरिणां** जरायुजानामण्डजानां स्वेदजानां तथोद्भिज्जाना**मन्नमभूदि**ति।

वायु, अग्नि, जल तथा पृथिवीमय धान आदि सब ओषधियाँ चार प्रकार के सभी प्राणियों का अन्न हुआ ॥४३३॥

धान आदि सब ओषधियाँ (अमरकोष के अनुसार फल पकने पर जो समाप्त हो जाती हैं, वे ओषधियाँ कही जाती हैं) वायु, अग्नि, जल तथा पृथिवीमय सभी चार प्रकार के प्राणियों के शरीर जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज्जों का अन्न हुआ।

चतुर्विधशरीरिणामन्नं सर्वा व्रीह्याद्योषधयस्तथा च चत्वारि महाभूतानि कथमभूवन्निति विशदयति केचिदिति।

चार प्रकार के शरीरों वाले प्राणियों का अन्न सभी धान आदि तथा चार महाभूत हैं; वे किस प्रकार होते हैं, उसे बताते हैं 'केचित्' इत्यादि से -

केचिन्मारुतभोजनाः खलु परे चन्द्रार्कतेजोशनाः केचित्तोयकणाशिनोऽपरिमिताः केचित्तु मृद्भक्षकाः ।
केचित्पर्णशिलातृणादनपराः केचित्तु मांसाशिनः केचिद्व्रीहियवान्नभोजनपरा जीवन्त्यमी जन्तवः ॥४३४॥

खलु निश्चितं हि **केचिन्मारुतभोजना** मरुदेव मारुतः स एव भोजनं येषां ते मारुतभोजनाः पवनभक्षकाः **परे** केचि**च्चन्द्रार्कतेजोऽशना** चन्द्रश्चार्कश्च चन्द्रार्कौ तयोस्तेजो चन्द्रार्कतेजोऽशनं येषां ते चन्द्रार्कतेजोऽशनाः। **केचिदपरिमिताः** परिमाणरहिता**स्तोयकणाशिनस्तो**यकणानश्नन्तीति तोयकणाशिनस्तथा **तु केचिन्मृद्भक्षका** मृदं भक्षयन्तीति मृद्भक्षकाः **केचित्पर्णशिलातृणादनपराः** पर्णञ्च शिला च तृणञ्च पर्णशिलातृणानि तेषामदनमेव परं येषां ते पर्णशिलातृणादनपराः **केचित्तु मांसाशिनो** मांसमश्नातीति मांसाशिनः **केचिद्व्रीहियवान्नभोजनपरा** व्रीहिश्च यवश्चान्नं च व्रीहियवान्नानि तेषां भोजनमेव परं येषां ते व्रीहियवान्नभोजनपरा ए**वामी ये जन्तवो जीवन्ती**ति।

निश्चय कोई वायु का भक्षण करने वाले हैं, दूसरे चन्द्रमा तथा सूर्य के तेज का भक्षण करते हैं, कोई अपरिमित जल कणों का भक्षण करने वाले हैं तो कोई मृत्तिका भक्षण करने वाले हैं। कोई पत्ते, पत्थर, तृण भक्षण करने वाले हैं; कोई मांस भक्षण करने वाले हैं; कोई धान, यव, अन्न, भोजन करने वाले हैं - इस प्रकार ये प्राणी जीते हैं ॥४३४॥

निश्चय ही कोई पवन का भक्षण करने वाले हैं, दूसरे चन्द्रमा तथा सूर्य के तेज का भक्षण करते हैं। कोई परिमाण रहित जल कणों का भक्षण करते हैं तो कोई मृत्तिका भक्षण करते हैं; कोई पत्ते, पत्थर, तृण भक्षण करते हैं तो कोई मांस भक्षण करने वाले हैं; कोई धान, यव, अन्न का ही भोजन करने वाले हैं - इस प्रकार ये प्राणी जीते हैं।

चतुर्विधजन्तवः

जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जाद्याश्चतुर्विधाः । स्वस्वकर्मानुरूपेण जातास्तिष्ठन्ति जन्तवः ॥४३५॥

जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जाद्या जरायुजश्चाण्डजश्च स्वेदजश्चोद्भिज्जश्च जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जा आद्या येषां ते जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जाद्या**श्चतुर्विधा जन्तवः** प्राणिनः **स्वस्वकर्मानुरूपेण** प्रत्येकं स्वस्य कर्मानुरूपेण कर्मानुसारेण **जातास्तिष्ठन्ति** जीवन्तीति।

जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज्ज आदि चार प्रकार के प्राणी अपने-अपने कर्मों के अनुसार उत्पन्न होकर रहते हैं ॥४३५॥

जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज्ज आदि ये चार प्रकार के प्राणी अपने-अपने कर्मों के अनुरूप, प्रत्येक अपने कर्मों के अनुसार उत्पन्न होते हैं, जीवित रहते हैं।

अत्र जाता जरायुभ्यस्ते नराद्या जरायुजाः । अण्डजास्ते स्युरण्डेभ्यो जाता ये विहगादयः ॥४३६॥

स्वेदाज्जाताः स्वेदजास्ते यूका लूक्षादयोऽपि च । भूमिमुद्भिद्य ये जाता उद्भिज्जास्ते द्रुमादयः ॥४३७॥

अत्रास्मिँल्लोके ये **जरायुभ्यः** सूक्ष्मचर्माकृतिभ्यो **जाता** उत्पन्ना**स्ते नराद्या** मनुष्यादयो **जरायुजाः**। *"या तु चर्माकृतिः सूक्ष्मा जरायुः सा निगद्यते। शुक्रशोणितयोर्योगस्तस्मिन् सञ्जायते यतः॥"* **ये विहगादयः** पक्षिणोऽण्डेभ्यो **जातास्तेऽण्डजास्स्युः**। **यूका लूक्षादयोऽपि** ये **स्वेदा**न्निदाघा**ज्जातास्ते स्वेदजाः** कथ्यन्ते। **'लिक्षादयोऽपि'** इति पाठः समीचीनः। **ये भूमिं** पृथिवीमुद्भिद्य भित्त्वा **जातास्ते द्रुमादय** उद्भिज्जाः कथ्यन्त इति।

(कोष्ठकः १२) चतुर्विधजन्तुवर्णनम्		
उत्पत्ति-प्रकारम्	**व्याख्यानम्**	**दृष्टान्तः**
जरायुजः	जरायौ जायते, गर्भाशयजातः	नराः, गवाद्याः पशवः
अण्डजः	अण्डाज्जायते	पक्षिणः, सर्पाः, मत्स्याः, कच्छपाः
स्वेदजः	स्वेदाज्जायते	कृमि, दंशादिः, यूका, लिक्षादयः
उद्भिज्जः	भूमेरुद्भेदनाज्जायते	स्थावराः, तृणौषधिलतावनस्पतयः

यहाँ जो गर्भस्थ जरायु से उत्पन्न हुए हैं, वे मनुष्य आदि जरायुज हैं, जो पक्षी आदि अण्डों से उत्पन्न हुए हैं, वे अण्डज होंगे ॥४३६॥

जो स्वेद से उत्पन्न हुए हैं वे यूक, लीख आदि स्वेदज हैं तथा जो भूमि को फोड़कर उत्पन्न हुए हैं, वे वृक्ष आदि उद्भिज्ज हैं ॥४३७॥

यहाँ इस लोक में जो सूक्ष्म चर्म से उत्पन्न हुए हैं, वे मनुष्य आदि जरायुज हैं। 'अत्यन्त सूक्ष्म आकार की जो चमड़े की झिल्ली होती है, उसे जरायु कहा जाता है। चूँकि उसमें वीर्य तथा रज का योग होता है और उसी से गर्भ उत्पन्न होता है, इसीलिये उसे 'जरायुज' कहा गया है'। जो पक्षी आदि अण्डों से उत्पन्न हुए हैं, वे अण्डज होंगे। जो स्वेद से उत्पन्न हुए हैं वे यूक, लीख आदि स्वेदज कहे जाते हैं। 'लिक्षादयोऽपि' पाठ भी समीचीन है। जो पृथिवी को फोड़कर उसमें से उत्पन्न हुए हैं, वे वृक्ष आदि उद्भिज्ज कहे जाते हैं।

इदं स्थूलवपुर्जातं भौतिकं च चतुर्विधम् । सामान्येन समष्टिः स्यादेकधीविषयत्वतः ॥४३८॥

इदं चतुर्विधं भौतिकं पञ्चमहाभूतेभ्य उत्पन्नं **स्थूलवपुर्जातं** स्थूलानि च तानि वपूंषि स्थूलवपूंषि तेषां जातं समूहः स्थूलवपुर्जातं स्थूलशरीराणां समूह इत्यर्थः **चैकधीविषयत्वत** एका धीर्विषयो यस्य स एकधीविषयस्तथात्वमेकधीविषयत्वं तस्मादेकधीविषयत्वतः। हेत्वर्थे पञ्चमी। **तत्सामान्येन** जातिरूपेण **समष्टिरे**का **स्यादि**ति।

यह चार प्रकार का भौतिक स्थूल शरीरों का समूह एक ज्ञान का विषय होने से जाति रूप से समष्टि होगा ॥४३८॥

यह चार प्रकार का पञ्च महाभूतों से उत्पन्न स्थूल शरीरों का समूह एक बुद्धि का विषय होने से जाति रूप से एक ही होगा। हेतु अर्थ में पञ्चमी है। उस सामान्य के द्वारा, जाति के रूप में समष्टि एक ही होती है।

विश्ववैश्वानरौ

एतत्समष्ट्यवच्छिन्नं चैतन्यं फलसंयुतम् । प्राहुर्वैश्वानर इति विराडिति च वैदिकाः ॥४३९॥

वैश्वानरो विश्वनरेष्वात्मत्वेनाभिमानतः । विराट् स्याद्विविधत्वेन स्वयमेव विराजनात् ॥४४०॥

वैदिका वेदानुसारिणो वैदिकधर्ममार्गपरताः **फलसंयुतं** चैतन्यप्रतिबिम्बसंयुक्त**मेतत्समष्ट्यवच्छिन्नं** स्थूलानां समष्टिः स्थूलसमष्टिस्तदवच्छिन्नं स्थूलसमष्ट्यवच्छिन्नं **चैतन्यं वैश्वानर इति विराडिति च प्राहुः। विश्वनरेषु** विश्वेषु सर्वेषु नरेषु विश्वनरे**ष्वात्मत्वेना**हमिति भावे**नाभिमानतो वैश्वानरः**। विश्वेषां नराणामनेकधा नयनात्स्थूलदेहानामधिष्ठाता वैश्वानरः। यद्वा विश्वश्चासौ नरश्चेति विश्वानरो विश्वानर एव वैश्वानरः, सर्वपिण्डाभिमानित्वात्। **विविधत्वेन** विशेषेण च **स्वयमेव विराजनाद्वि**राजमानत्वा**द्विराट् स्यात्**। *"जागरितस्थानो बहिष्प्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः स्थूलभुग्वैश्वानरः प्रथमः पादः"* इति श्रुतेः।

वैदिक लोग फल सहित इस समष्टि स्थूल शरीर अवच्छिन्न चैतन्य को 'वैश्वानर' इस नाम से तथा 'विराट' इस नाम से कहते हैं ॥४३९॥

जगत् के सब मनुष्यों में आत्म रूप से अभिमान करने के कारण वैश्वानर है, स्वयं ही अनेक प्रकार के रूपों से विराजमान होने के कारण विराट् है ॥४४०॥

वेदों का अनुसरण करने वाले, वैदिक धर्म मार्ग के अनुगामी लोग चैतन्य प्रतिबिम्ब संयुक्त इस समष्टि स्थूल अविच्छिन्न चैतन्य को 'वैश्वानर' इस नाम से तथा 'विराट' इस नाम से कहते हैं। विश्व में सभी मनुष्यों में 'मैं' के भाव से अभिमान करने के कारण वैश्वानर है। विश्व के सभी मनुष्यों का नेतृत्व करने वाला होने के कारण स्थूल देह वाले अधिष्ठाता का नाम वैश्वानर है अथवा जो विश्व है तथा नर है वही विश्वानर है; विश्वानर ही वैश्वानर है सभी शरीरों के साथ अभिमान होने के कारण। विशेष रूप से स्वयं ही विराजमान होने के कारण विराट् है। श्रुति के अनुसार 'जिसकी अभिव्यक्ति का स्थान जाग्रद् अवस्था है, बाह्य विषयों का प्रकाशन होने से जो बहिष्प्रज्ञ है, सात अङ्ग वाला, उन्नीस मुख वाला तथा स्थूल विषयों का उपभोक्ता है, वह वैश्वानर आत्मा का प्रथम पाद है' (मा० उ० ३)।

चतुर्विधं भूतजातं तत्तज्जातिविशेषतः । नैकधीविषयत्वेन पूर्ववद्व्यष्टिरिष्यते ॥४४१॥

तत्तज्जातिविशेषतः प्रत्येकं जरायुजादि-जातीनां विशेषत**श्चतुर्विधं भूतजातं** प्राणिसमूहं **नैकधीविषयत्वेन पूर्ववद्य**था पूर्वं व्याख्यातं सूक्ष्मव्यष्टिप्रकरणे तथाऽत्रापि **व्यष्टिरिष्यते** कथ्यत इति।

चार प्रकार के प्राणी समूह उस-उस जाति की विशेषता से एक बुद्धि का विषय न होने के कारण पूर्व के समान व्यष्टि नाम से कहे जाते हैं ॥४४१॥

प्रत्येक जरायुज आदि जाति विशेष चार प्रकार के प्राणी समूह एक बुद्धि का विषय न होने के कारण पूर्व सूक्ष्म व्यष्टि प्रकरण में जैसा बताया गया था, वैसे ही यहाँ भी व्यष्टि नाम से कहे जाते हैं।

साभासं व्यष्ट्युपहितं तत्तादात्म्यमुपागतम् । चैतन्यं विश्वमित्याहुर्वेदान्तनयकोविदाः ॥४४२॥

विश्वोऽस्मिन्स्थूलदेहेऽत्र स्वाभिमानेन तिष्ठति । यतस्ततो विश्व इति नाम्ना सार्थो भवत्ययम् ॥४४३॥

वेदान्तनयकोविदा वेदान्तानां नयः सिद्धान्तो वेदान्तनयस्तस्य कोविदा वेदान्तनयकोविदा **व्यष्ट्युपहितं** पृथक्स्थूलशरीरोपहितं **तत्तादात्म्यं** व्यष्टिस्थूलशरीरैः सहैकात्म्यमेकात्मभावापन्न**मुपगतं** प्राप्तं **साभासं** चिदाभासेन सह साभासं **चैतन्यं विश्वमित्याहुः**। **यतोऽत्रास्मिन्** संसारे **विश्वो** व्यष्ट्युपहितं चैतन्यमस्मिन् **स्थूलदेहे स्वाभिमानेन तिष्ठति**। **ततस्तस्मादयं विश्व इति नाम्ना सार्थः** सार्थको **भवतीति**।

अत्रापि विराजो भिन्नतया श्रवणान्न स्थूलशरीरसमुदाय एव समष्टिः। नापि व्यापकं स्थूलशरीरं समष्टिस्तदुपहितश्च विराडिति युक्तं तस्य प्रत्यक्षत्वप्रसङ्गादस्मदादिवत्। किं तु परिच्छिन्न-चतुर्मुखस्थूलशरीरोपहितः सत्यलोकाधिपतिः सर्वज्ञो हिरण्यगर्भोच्छतगुणापकृष्टानन्दभुग्जीवविशेष एव विराट्। तस्य च समष्ट्युपहितत्वम् अस्मदादिसकलस्थूल-शरीराऽभिमानाद्व्यपदिश्यते न तु वास्तवम्।

(कोष्ठकः १३) शुद्धचैतन्यस्याऽनेकसञ्ज्ञाः समष्टिव्यष्टि-उपाधिभेदात्			
समष्टिः		**व्यष्टिः**	
सञ्ज्ञा	**व्याख्या**	**सञ्ज्ञा**	**व्याख्या**
ईश्वरः/ अन्तर्यामी	मायोपहितं साभासं चैतन्यम्	प्राज्ञः	कारणशरीर/व्यष्ट्यवच्छिन्नं साभासं चैतन्यम्
हिरण्यगर्भः/ सूत्रात्मा	सूक्ष्मशरीरसमष्ट्यवच्छिन्नं साभासं चैतन्यम्	तैजसः	सूक्ष्मशरीरव्यष्ट्यवच्छिन्नं साभासं चैतन्यम्
विराट् / वैश्वानरः	स्थूलशरीरसमष्ट्यवच्छिन्नं साभासं चैतन्यम्	विश्वः	स्थूलशरीरव्यष्ट्यवच्छिन्नं साभासं चैतन्यम्

वेदान्त शास्त्र में प्रवीण विद्वान् व्यष्टि स्थूल शरीर की उपाधि वाले तथा उसके साथ एकात्म भाव को प्राप्त हुए साभास चैतन्य को 'विश्व' इस नाम से कहते हैं ॥४४२॥

यहाँ स्वाभिमान करने से विश्व इस स्थूल शरीर में रहता है, इससे यह विश्व इस नाम से सार्थक होता है ॥४४३॥

वेदान्त के सिद्धान्त में प्रवीण विद्वान् पृथक् स्थूल शरीर से उपहित व्यष्टि स्थूल शरीर के साथ एकात्मभाव को प्राप्त चिदाभास के साथ साभास चैतन्य को 'विश्व' इस नाम से कहते हैं। इस प्रकार संसार में व्यष्टि उपहित चैतन्य इस स्थूल शरीर में स्वाभिमान करने से रहता

है, इसीलिए यह विश्व इस नाम से सार्थक होता है।

यहाँ भी विराट के बारे में भिन्न प्रकार से सुना जाता है केवल स्थूल शरीरों के समूह का नाम ही समष्टि नहीं है। ये भी युक्त नहीं है कि व्यापक स्थूल शरीर उपहित समष्टि ही विराट है, हम सभी की तरह प्रत्यक्षत्व का प्रसङ्ग होने के कारण। किन्तु परिच्छिन्न चार मुखों वाले स्थूल शरीर से उपहित, सत्यलोक का अधिपति, सर्वज्ञ, हिरण्यगर्भ से सौ गुना अपकृष्ट आनन्द भोगने वाला जीव विशेष ही विराट है। उसका भी समष्टि उपहितत्व हम सभी की तरह सकल स्थूल शरीर अभिमान के कारण कहा जाता है, वास्तव नहीं है।

व्यष्टिरेषास्य विश्वस्य भवति स्थूलविग्रहः । उच्यतेऽन्नविकारित्वात्कोशोऽन्नमय इत्ययम् ॥४४४॥

एषा व्यष्टिः पृथक्देहाकृति**रस्य विश्वस्य स्थूलविग्रहो भवति। अयं** स्थूलशरीर**मन्नविकारित्वादन्नमयः कोश इत्युच्यते**।

इस विश्व का यह स्थूल शरीर व्यष्टि है। अन्न का विकार होने से यह अन्नमय कोश कहा जाता है ॥४४४॥

व्यष्टि पृथक् देह आकृति होने से इस विश्व का यह स्थूल शरीर है। स्थूल शरीर अन्न का विकार होने से यह अन्नमय कोश कहा जाता है।

देहोऽयं पितृभुक्तान्नविकाराच्छुक्रशोणितात् । जातः प्रवर्धतेऽन्नेन तदभावे विनश्यति ॥४४५॥

पितृभुक्तान्नविकारात्पित्रा भुक्तं पितृभुक्तं तदन्नं पितृभुक्तान्नं तस्य विकारात् पितृभुक्तान् अविकारात् **शुक्रशोणितात्**स्त्रीपुरुषयोः रजोवीर्यसंयोगा**ज्जातोऽयं देहोऽन्नेन प्रवर्धते तदभावे** च **विनश्यती**ति।

पिता के खाये हुए अन्न के विकार रूप रज, वीर्य से उत्पन्न हुआ यह शरीर अन्न से बढ़ता है तथा उसके अभाव में नष्ट हो जाता है ॥४४५॥

पिता के खाये हुए अन्न के विकार रूप स्त्री-पुरुष के रज, वीर्य संयोग से उत्पन्न हुआ यह शरीर अन्न से बढ़ता है तथा उसके अभाव में नष्ट हो जाता है।

तस्मादन्नविकारित्वेनायमन्नमयो मतः । आच्छादकत्वादेतस्याप्यसेः कोशवदात्मनः ॥४४६॥

तस्मादयमन्नविकारित्वेनान्नमयः। विकारार्थे मयट्। अन्नमेवास्योत्पत्तिस्थितिलयकारणम्। **असेः कोशवदेतस्याऽऽत्मनोऽपि** कोशव**दाच्छादकत्वादन्नमयः** कोश इव कोशो **मत** इति।

इसीलिए अन्न का विकार होने के कारण यह [स्थूल शरीर] तलवार के म्यान के समान इस आत्मा का भी आच्छादन करने वाला होने से अन्नमय कोश माना गया है ॥४४६॥

इसीलिए अन्न का विकार होने के कारण यह अन्नमय है। विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय है। अन्न ही इसकी उत्पत्ति, स्थिति तथा लय का कारण है। तलवार के म्यान के समान यह आत्मा का भी कोशवत् आच्छादन करने वाला होने से कोश माना गया है।

आत्मनः स्थूलभोगानामेतदायतनं विदुः । शब्दादिविषयान्भुङ्क्ते स्थूलान्स्थूलात्मनि स्थितः ॥४४७॥

एतत्स्थूलशरीर**मात्मनः स्थूलभोगानामायतन**माश्रयं **विदुः। स्थूलात्मनि** स्थूलशरीरे **स्थितो** जीवः **स्थूलान् शब्दादिविषयान् भुङ्क्ते**। *"ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके"*, *"तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति"* इति श्रवणात्।

इसे आत्मा के स्थूल भोगों का आयतन जानो। स्थूल शरीर में रहकर स्थूल शब्द आदि विषयों को भोगता है ॥४४७॥

इस स्थूल शरीर को आत्मा के स्थूल भोगों का आश्रय जानो। स्थूल शरीर में जीव स्थूल शब्द आदि विषयों को भोगता है। सुना भी गया है 'इस शरीर में अपने कर्मफल को भोगने वाले परस्पर विलक्षण दो [तत्त्व] हैं' (क० उ० १।३।१), 'उनमें एक तो स्वादिष्ट पिप्पल अर्थात्

कर्मफल का भोग करता है' (मु० उ० ३।१।१)।

**बहिरात्मा ततः स्थूलभोगायतनमुच्यते । इन्द्रियैरुपनीतानां शब्दादीनामयं स्वयम् ।
देहेन्द्रियमनोयुक्तो भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥४४८॥**

ततस्तस्मात्कारणाद्बहिरात्मा बाह्यस्थूलशरीरेण तादात्म्याद्बहिरात्मा **स्थूलभोगायतनं** स्थूलानां भोगायतनमाश्रय **उच्यते**। **अयं** जीवः **स्वयमिन्द्रियैरुपनीतानां** समीपे प्रापितानामुपस्थितानां **शब्दादीनां** भोगानां कर्मफलानुसारेणोपलब्धानां विषयाणां भोगायतनं **मनीषिणो** विद्वांसो **देहेन्द्रियमनोयुक्तो** देहश्चेन्द्रियाणि च मनश्च देहेन्द्रियमनांसि तैर्युक्तो देहेन्द्रियमनोयुक्तस्तमात्मानं **भोक्तेत्याहुः**। *"आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः"* इति श्रवणात्।

इससे बहिरात्मा स्थूल भोगों का आयतन कहा जाता है। इन्द्रियों के द्वारा समीप लाये गये शब्द आदि विषयों को यह स्वयं भोगने से विद्वान् देह, इन्द्रिय तथा मन से युक्त आत्मा को भोक्ता कहते हैं ॥४४८॥

इस कारण बाह्य स्थूल शरीर से तादात्म्य होने से बहिरात्मा स्थूल भोगों का आयतन, आश्रय कहा जाता है। यह जीव इन्द्रियों के द्वारा समीप लाये गए, उपस्थित किए गए शब्द आदि भोगों का कर्मफल के अनुसार उपलब्ध विषयों को भोगने का आयतन होने से विद्वान् देह, इन्द्रिय तथा मन से युक्त आत्मा को भोक्ता कहते हैं। सुना भी गया है 'मनीषी शरीर, इन्द्रिय एवं मन से युक्त आत्मा को भोक्ता कहते हैं' (क० उ० १।३।४)।

एकादशद्वारवतीह देहे सौधे महाराज इवाक्षवर्गैः । संसेव्यमानो विषयोपभोगानुपाधिसंस्थो बुभुजेऽयमात्मा ॥४४९॥

अयमात्मा जीव **उपाधिसंस्थ** उपाधौ संस्थः संस्थितः सन् **सौधे** राजसदने दुग्धपाषाणे **महाराज इवैकादशद्वारवतीह देहे** शरीरे पुरे**ऽक्षवर्गैर**क्षाणामिन्द्रियाणां वर्गः समूहोऽक्षवर्ग इन्द्रियग्राम इत्यर्थः। तैरक्षवर्गैः **संसेव्यमानः** कृतोपचारः संनिषेवितो पुनः पुनोऽहर्निशं **विषयोपभोगान् बुभुजे**। *"पुरमेकादशद्वारमजस्यावक्रचेतसः"* इति श्रुतेः। एकादशद्वाराणि अस्य-सप्तशीर्षण्यानि, नाभ्या सहावार्वाञ्चि त्रीणि शिरस्येकं तैरेकादशद्वारं देहं पुरमिति। *"मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते।"* इति च।

यह आत्मा उपाधि से युक्त होकर महल में महाराजा के जैसे इस ग्यारह द्वार वाले शरीर रूप महल में बैठकर इन्द्रियों द्वारा सेवन करता विविध भोगों को भोगता है ॥४४९॥

जीव उपाधि में स्थित हुआ राजमहल दुग्ध पाषाण में महाराज जैसे ग्यारह द्वार वाले इस शरीर अथवा पुर में इन्द्रियों के समूह द्वारा उपचार किया जाता हुआ पुनः पुनः दिन-रात सेवित विषय भोगों को भोगता है। श्रुति में कहा है 'उस नित्य विज्ञान स्वरूप अजन्मा [आत्मा] का पुर ग्यारह दरवाज़ों वाला है' (क० उ० २।२।१)। इसके ग्यारह दरवाज़े हैं - सात मस्तक सम्बन्धी, नाभि के सहित [शिश्न तथा गुदा मिलाकर] तीन निम्नदेशीय तथा [ब्रह्मरन्ध्र रूप] एक सिर में रहने वाला - इस प्रकार इन सभी द्वारों से यह देह ग्यारह दरवाज़ों वाला पुर है। 'हृदय के मध्य में रहने वाले उस वामन - भजनीय की सब देव उपासना करते हैं' (क० उ० २।२।३)।

**ज्ञानेन्द्रियाणि निजदैवतचोदितानि कर्मेन्द्रियाण्यपि तथा मनआदिकानि ।
स्वस्वप्रयोजनविधौ नियतानि सन्ति यत्नेन किङ्करजना इव तं भजन्ते ॥४५०॥**

निजदैवतचोदितानि स्वस्य दैवतयाऽधिष्ठात्र्या दिव्यदेवतया चोदितानि प्रेरितानि **ज्ञानेन्द्रियाणि** पञ्च तथा **कर्मेन्द्रियाणि** पञ्च **मनआदिकानि** मन आदि येषां तानि मनआदिकान्यन्तःकरणचतुष्टय**मपि स्वस्वप्रयोजनविधौ** स्वकार्येषु **नियतानि सन्ति**। **किङ्करजना** भृत्या **इव यत्नेन तमात्मानं भजन्ते** सेवन्त इति।

अपने-अपने अधिष्ठात्री देवता से प्रेरित ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय तथा मन आदि भी अपने-अपने प्रयोजन के अनुष्ठान में नियम से नियुक्त होकर सेवक के समान यत्न से उसको भजते हैं ॥४५०॥

अपने-अपने अधिष्ठात्री दिव्य देवता से प्रेरित पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा मन आदि में है जिसके वह अन्तःकरण चतुष्टय भी अपने कार्यों में नियत हैं। भृत्य के समान यत्न से आत्मा की सेवा करते हैं।

यत्रोपभुङ्क्ते विषयान्स्थूलानेष महामतिः । अहं ममेति सैषास्यावस्था जाग्रदितीर्यते ॥४५१॥

यत्र यस्मिन्नवस्थाया**मेष महामतिर्म**हाबुद्धिमाञ्जीवो**ऽहं ममे**त्यभिमानवा**न्स्थूलान्विषयान्नुपभुङ्क्ते सा एषाऽस्य जाग्रदिति** इन्द्रियैर्विषयोपलब्धिर्जागरण**मित्यवस्थेर्यते** कथ्यत इति।

(कोष्ठकः १४) विश्वादेरुपाधिभोगावस्थाद्वैतानुभवः			
	विश्वः	**तैजसः**	**प्राज्ञः**
उपाधिः	स्थूलशरीरम्	सूक्ष्मशरीरम्	कारणशरीरम्
विषयभोगः	बाह्यस्थूलभोगः	सूक्ष्मवासनामयभोगः	आनन्दः, अज्ञानवृत्तिः
अवस्था	जाग्रत्	स्वप्नः	सुषुप्तिः
द्वैतानुभवः	बाह्यद्वैतम्	आन्तर्द्वैतम्	अव्यक्तद्वैतम्

यहाँ यह महाबुद्धिमान् स्थूल शरीर में रहकर जिस अवस्था में 'मैं, मेरा' इस प्रकार स्थूल विषयों को भोगता है वह इसकी जाग्रत् अवस्था कही जाती है ॥४५१॥

जिस अवस्था में यह महा बुद्धिमान् जीव 'मैं, मेरा' ऐसा अभिमानवान् होकर स्थूल विषयों को भोगता है वह इन्द्रियों के द्वारा उपलब्ध विषयों से इसकी जाग्रत् अवस्था कही जाती है।

एतत्समष्टिव्यष्ट्योश्चोभयोरप्यभिमानिनोः । तद्विश्ववैश्वानरयोरभेदः पूर्ववन्मतः ॥४५२॥

एतत्समष्टिव्यष्ट्योः स्थूलशरीरसमष्टिव्यष्ट्योः स्थूलोपाध्योश्च **तथोभयोरप्यभिमानिनोस्तद्विश्ववैश्वानरयोः** स्थूलोपाध्यवच्छिन्न-साभासचैतन्ययो**रभेदः पूर्ववत्तै**जसहिरण्यगर्भयोरिव प्राज्ञेश्वरयोरिव च तथा सूक्ष्मसमष्टिव्यष्ट्योरिव कारणसमष्टिव्यष्ट्योरिव च **मतो**ऽभिप्रेत इति।

इस समष्टि तथा व्यष्टि स्थूल शरीर का दोनों के अभिमानी उन विश्व तथा वैश्वानर का अभेद पूर्व के समान माना गया है ॥४५२॥

इस स्थूल शरीर की समष्टि तथा व्यष्टि दोनों स्थूल उपाधियाँ तथा उन दोनों के अभिमानी स्थूल उपाधि अवच्छिन्न साभास चैतन्य का पूर्व के समान तैजस-हिरण्यगर्भ, प्राज्ञ-ईश्वर, सूक्ष्म समष्टि-व्यष्टि तथा कारण समष्टि-व्यष्टि के समान अभेद अभिप्रेत है।

सर्वं खल्विदं ब्रह्म

स्थूलसूक्ष्मकारणाख्याः प्रपञ्चा ये निरूपिताः । ते सर्वेऽपि मिलित्वैकः प्रपञ्चोऽपि महान्भवेत् ॥४५३॥

ये स्थूलसूक्ष्मकारणाख्याः स्थूलञ्च सूक्ष्मञ्च कारणञ्च स्थूलसूक्ष्मकारणानि तानि आख्या येषां ते स्थूलसूक्ष्मकारणाख्याः **प्रपञ्चा निरूपिता** अस्मिन्प्रकरणे गुरुशिष्यसंवादमुखेन **ते सर्वेऽपि मिलित्वैको महान्प्रपञ्चोऽपि भवे**दिति।

स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण नामक जो प्रपञ्च का निरूपण किया गया है, वह सभी मिलकर एक महान् प्रपञ्च होगा ॥४५३॥

इस प्रकरण में गुरु-शिष्य संवाद रूप से स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण नामक जो प्रपञ्च का निरूपण किया गया है, वह सब मिलकर एक महान् प्रपञ्च होगा।

महाप्रपञ्चावच्छिन्नं विश्वप्राज्ञादिलक्षणम् । विराडादीशपर्यन्तं चैतन्यं चैकमेव तत् ॥४५४॥

महाप्रपञ्चावच्छिन्नं महांश्चासौ प्रपञ्चश्च महाप्रपञ्चस्तदवच्छिन्नं महाप्रपञ्चावच्छिन्नं समस्तानात्मप्रपञ्चावच्छिन्नं **विश्वप्राज्ञादिलक्षणं** विश्वश्च प्राज्ञश्च विश्वप्राज्ञौ तावादी यस्य तद्विश्वप्राज्ञादि तल्लक्षणं विश्वप्राज्ञादिलक्षणमादिपदेन तैजसग्रहणम्। **विराडादीशपर्यन्तं तद्धिरण्यगर्भाभिव्यापकं चैतन्यमेकमेवे**ति।

महा प्रपञ्च अवच्छिन्न विश्व, प्राज्ञ आदि रूप विराट् से लेकर ईश्वर पर्यन्त वह चैतन्य तो एक ही है ॥४५४॥

जो महान भी है तथा प्रपञ्च भी है, वह समस्त अनात्म प्रपञ्च से अवच्छिन्न विश्व, प्राज्ञ आदि रूप (विश्व तथा प्राज्ञ आदि में हों जिसके), 'आदि' पद से तैजस् समझना चाहिए, विराट् से लेकर ईश्वर तक हिरण्यगर्भ को व्याप्त करने वाला वह चैतन्य एक ही है ।

यदनाद्यन्तमव्यक्तं चैतन्यमजमक्षरम् । महाप्रपञ्चेन सहाविविक्तं सदयोऽग्निवत् ॥४५५॥

तत्सर्वं खल्विदं ब्रह्मेत्यस्य वाक्यस्य पण्डितैः । वाच्यार्थ इति निर्णीतं विविक्तं लक्ष्य इत्यपि ॥४५६॥

यदनाद्यन्तमादिश्चान्तश्चाद्यन्तौ तौ न विद्येते यस्य तदनाद्यन्तमुत्पत्तिविनाशरहित**मजं** कार्यकारणविलक्षणं जन्मादिषड्विकाररहितं **चाव्यक्तमक्षरम**विनाशि चैतन्यं **महाप्रपञ्चेन सहा**योऽग्निवत्परस्परतादात्म्या**दविविक्तं सद्व**र्तते। *"अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवम्", "न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्", "अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम्"*इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यः।

तत् *"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"* पण्डितैः खलु सर्वमिदमनात्मप्रपञ्चो **ब्रह्मेत्यस्य वाक्यस्य वाच्यार्थ इति निर्णीतम्**। यथा प्रतप्तायोऽग्न्योस्तादात्म्यादेकत्वं दृश्यतेऽविविक्तत्वात्तद्वदात्मानात्मनोरपि भ्रान्त्यैकत्वम्। **विविक्तं** तत्तुरीयमद्वितीयमेव ब्रह्म **लक्ष्यो** लक्ष्यार्थ **इत्यपि** निर्णीतम्।

जो आदि-अन्त रहित, अव्यक्त, अक्षर चैतन्य महा प्रपञ्च के साथ लोह तथा अग्नि के समान अविविक्त भाव से विद्यमान है ॥४५५॥

वह 'निश्चय यह सब ब्रह्म है' इस वाक्य का वाच्यार्थ तथा भिन्न रूप से लक्ष्यार्थ का भी निर्णय पण्डितों के द्वारा किया गया है ॥४५६॥

जो उत्पत्ति विनाश रहित, कार्य-कारण से विलक्षण अर्थात् जन्म आदि छः विकारों से रहित, अव्यक्त, अविनाशी चैतन्य महा प्रपञ्च के साथ, लोह तथा अग्नि के समान परस्पर तादात्म्य के कारण, अविविक्त रूप से रहता है। 'जो अनादि, अनन्त, महत्तत्त्व से भी पर तथा ध्रुव है' (क० उ० १।३।१५), 'यह विपश्चित् - मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है न मरता है; यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही कुछ [अर्थान्तर रूप से] बना है' (क० उ० १।२।१८), 'जो अव्यक्त अक्षर कहा गया है, वही परम गति (लक्ष्य) है' (भ० गी० ८।२१) इत्यादि श्रुति-स्मृतियों से प्रमाणित होता है।

वह 'निश्चय यह सब ब्रह्म ही है' (छा० उ० ३।१४।१) पण्डितों द्वारा यह सब अनात्म प्रपञ्च ब्रह्म ही है इस वाक्य का वाच्यार्थ निर्धारित किया गया है। जिस प्रकार तपे हुए लोहे के गोले तथा अग्नि में तादात्म्य के कारण एकत्व देखा जाता है, उसी प्रकार अभिन्नता के कारण आत्मा-अनात्मा में भी भ्रान्ति के कारण एकत्व दिखता है। विविक्त रूप से वह तुरीय अद्वितीय ब्रह्म ही लक्ष्यार्थ निर्णीत किया गया है।

सर्वं खल्विदं ब्रह्म - वाक्यविचारः

जीवानां परिच्छिन्नत्वपरिमार्जनाय "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" इत्युपदेशः। परमार्थदृष्ट्या निष्प्रपञ्चमेकमेवाद्वितीयं ब्रह्म कार्यकारणविलक्षणं तथापि स्वाज्ञदृष्ट्या नानेव भाति तस्माच्चतुष्पात्त्वमध्यारोपितम्। तन्नामरूपादिविकृतिमिदं सर्वमविद्याजातं विवेकादिसाधनसम्पन्नानां श्रुतवेदान्तानां दीर्घकालनैरन्तर्येण ध्यानरतानां दृष्ट्या ब्रह्म वृद्धतमत्वाद्द्वितीयत्वाच्च। यथा मृद्व्यतिरेकेण न हि घटादिस्तथा ब्रह्मव्यतिरेकेण किञ्चिदपि नास्तीत्यर्थः। सर्वं तेजोबन्नादिकार्यं स्थूलसूक्ष्मकारणप्रपञ्चात्मना दृश्यत्वजडत्वपरिच्छिन्नत्वेन भासमानं तस्माद्ब्रह्मणः सर्वं जातमतस्तज्जं तस्मिँल्लीयतेऽतस्तल्लं तथा स्थितिकाले ब्रह्मण्यनिति प्राणितीति तदनम्। यस्मात्तज्जलान् तस्मात्सर्वं खल्विदं ब्रह्मेति।

'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' यह उपदेश जीवों का परिच्छिन्नत्व दूर करने के लिये है। परमार्थ दृष्टि से ब्रह्म निष्प्रपञ्च, एकमात्र, अद्वितीय, कार्य-कारण विलक्षण है; फिर भी स्वयं के अज्ञान रूप दृष्टि से वह नाना ही प्रतीत होता है इसीलिये उसमें चतुष्पात्त्व का अध्यारोप किया जाता है। वह, यह नाम-रूप आदि सब जो अविद्या से उत्पन्न का विकार है, विवेक आदि साधन से सम्पन्न, जिन्होंने वेदान्त का श्रवण किया है, दीर्घ काल तक निरन्तर ध्यान में रत रहने वालों की दृष्टि से वृद्धतम तथा अद्वितीय होने के कारण ब्रह्म ही है। जैसे मृत्तिका से अतिरिक्त घटादि नहीं हैं, उसी प्रकार ब्रह्म से अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। सब कुछ तेज, अप् और अन्न आदि का कार्य स्थूल, सूक्ष्म, कारण प्रपञ्च रूप दृश्य, जड़, परिच्छिन्न रूप से भासमान हो रहा है, सब कुछ ब्रह्म से ही उत्पन्न हुआ है, इसीलिए यह 'तज्ज' है। उसमें ही लीन होता है, इसीलिए 'तल्ल' है तथा स्थिति काल में उस ब्रह्म में ही अनन अर्थात् प्राणन करता है इसलिये 'तदन' है। सब कुछ उसी से ही उत्पन्न हुआ है, उसी में स्थित है तथा उसी में ही लीन होता है, इसीलिए निश्चित रूप से यह सब ब्रह्म ही है।

स्थूलाद्यज्ञानपर्यन्तं कार्यकारणलक्षणम् । दृश्यं सर्वमनात्मेति विजानीहि विचक्षण ॥४५७॥

हे **विचक्षण स्थूलाद्यज्ञानपर्यन्तं** स्थूलप्रभृतिमूलाज्ञानपर्यन्तं **कार्यकारणलक्षणं सर्वं** विराड्हिरण्यगर्भात्मकं कार्यप्रपञ्चमीश्वरात्मकं कारणप्रपञ्चं **दृश्यमनात्मेति विजानीहि**। अत्रायं प्रयोगः - समस्तस्थूलाद्यज्ञानपर्यन्तं जगदनात्मा दृश्यत्वाद्घटवत्। तथा च स एव प्रपञ्चो यन्मूलाविद्याकार्यात्मकोऽवस्तुस्वरूपो मिथ्या, दृश्यत्वात्, जडत्वात्, परिच्छिन्नत्वात्, शुक्तिरूप्यवत्। तदेव प्रतिपन्नोपाधौ त्रैकालिकनिषेधप्रतियोगित्वं जगत इति सिद्धम्।

हे विचारशील! स्थूल प्रपञ्च से अज्ञान पर्यन्त कार्य-कारण रूप यह सब दृश्य अनात्मा है, ऐसा जानो ॥४५७॥

हे विचक्षण! स्थूल से प्रारम्भ होकर मूल अज्ञान पर्यन्त सब कार्य-कारण लक्षण अथवा विराट-हिरण्यगर्भात्मक रूप कार्य प्रपञ्च तथा ईश्वर रूप कारण प्रपञ्च दृश्य को अनात्मा जानो। यहाँ ऐसा कह सकते हैं - स्थूल से लेकर अज्ञान पर्यन्त समस्त जगत् अनात्मा है दृश्य होने के कारण, जैसे घट। उसी प्रकार वह प्रपञ्च भी जो मूलाविद्या का कार्य तथा अवस्तु स्वरूप है - वह मिथ्या है; दृश्य, जड़ तथा परिच्छिन्न होने के कारण, जैसे शुक्ति में दिखने वाला रजत। इस प्रकार वह जगत् ही अपने प्रतीति सिद्ध आधार में विद्यमान त्रैकालिक निषेध का प्रतियोगी सिद्ध होता है।

आत्मनिरूपणम्

साधनचतुष्टयसम्पन्नस्य गुरूपसत्ति द्वारा गुरुकुलवासो ब्रह्मचर्यं तपः शुश्रूषेत्यादि प्रदर्शितम्। श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुणा चाध्यारोपापवादन्यायेन मूलाविद्याप्रभृतयः स्थूलसूक्ष्मकारणप्रपञ्चा विस्तरेण व्याख्याताः। तथा च तेषां व्यष्टिसमष्ट्यवच्छिन्नं चैतन्यं विश्वतैजसप्राज्ञसञ्ज्ञकं विराड्हिरण्यगर्भेश्वरसञ्ज्ञकं च ख्यापितम्। पञ्चकोशानां शरीरत्रयाणां च परिभाषणं कृतम्। एतेन सर्वेण तत्त्वम्पदयोर्वाच्यार्थौ निर्णीतौ। अधुना त्वम्पदस्य लक्ष्यार्थो निरूप्यतेऽन्तःकरणेति।

साधन चतुष्टय सम्पन्न का गुरु उपसत्ति द्वारा गुरुकुल में वास, ब्रह्मचर्य, तप, सेवा इत्यादि दिखाये जा चुके हैं। श्रोत्रिय तथा ब्रह्मनिष्ठ गुरु के द्वारा अध्यारोप-अपवाद प्रक्रिया से मूलाविद्या से प्रारम्भ कर स्थूल, सूक्ष्म, कारण प्रपञ्च का विस्तार से व्याख्यान किया जा चुका है। उनमें विश्व, तैजस, प्राज्ञ नामक व्यष्टि अवच्छिन्न चैतन्य तथा विराट, हिरण्यगर्भ, ईश्वर नामक समष्टि अवच्छिन्न चैतन्य को भी कहा जा चुका है। पाँच कोशों तथा तीनों शरीरों का विवेचन कर दिया गया है। इन सब के द्वारा 'तत्' तथा 'त्वं' पदों के वाच्यार्थ का निर्णय कर लिया गया। अब 'त्वं' पद के लक्ष्यार्थ का निरूपण करते हैं 'अन्तःकरण' इत्यादि से -

अन्तःकरणतद्वृत्तिद्रष्टृ नित्यमविक्रियम् । चैतन्यं यत्तदात्मेति बुद्ध्या बुध्यस्व सूक्ष्मया ॥४५८॥

अन्तःकरणतद्वृत्तिद्रष्टृन्तःकरणं च तद्वृत्तिश्चान्तःकरणतद्वृत्ती तयोर्द्रष्टृन्तःकरणतद्-वृत्तिद्रष्टृ **नित्यमु**त्पत्तिनाशरहित**मविक्रियं** षड्विकाररहितं **यच्चैतन्यं तदात्मा** त्वमिति **सूक्ष्मया बुद्ध्या बुध्यस्व** विजानीहि। *"तद्वा एतदक्षरं गार्ग्यदृष्टं द्रष्टृश्रुतगं श्रोत्रं...नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ", "न जायते म्रियते वा विपश्चित्", "मनसो द्रष्टा बुद्धेर्द्रष्टा...सर्वस्य साक्षी ततोऽविक्रियः"*इति श्रुतेः। *"अविकार्योऽयमुच्यते"*इति स्मृतेश्च।

अन्तःकरण तथा उसकी वृत्तियों का द्रष्टा, नित्य, विकार रहित जो चैतन्य है वह आत्मा है, ऐसा सूक्ष्म बुद्धि के द्वारा जानो ॥४५८॥

अन्तःकरण तथा उसकी वृत्तियों का द्रष्टा, उत्पत्ति नाश से रहित, छः विकारों से रहित, जो चैतन्य है वह आत्मा है, ऐसा तुम सूक्ष्म बुद्धि से जानो। 'हे गार्गि! यह अक्षर स्वयं दृष्टि का विषय नहीं, किन्तु द्रष्टा है; श्रवण का विषय नहीं किन्तु श्रोता है; मनन का विषय नहीं किन्तु मन्ता है, स्वयं अविज्ञात रहकर दूसरों का विज्ञाता है' (बृ० उ० ३।८।११), 'यह विपश्चित् - मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है' (क० उ० १।२।१८), 'मन का द्रष्टा, बुद्धि का द्रष्टा, ..., सबका साक्षी, अतः अविक्रिय' (नृ० ता० उ० २) इत्यादि श्रुतियाँ हैं। 'यह देही निर्विकार कहा जाता है' (भ० गी० २।२५) स्मृति में कहा गया है।

एष प्रत्यक्स्वप्रकाशो निरंशोऽसङ्गः शुद्धः सर्वदैकस्वभावः ।
नित्याखण्डानन्दरूपो निरीहः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च ॥४५९॥

एष प्रत्यगन्तरतमः सूक्ष्मत्वाद्व्यापकश्च **स्वप्रकाशो**ऽवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यो **निरंशो** निष्कलो निरवयवो**ऽसङ्गः शुद्धो** विनिर्मलः **सर्वदैकस्वभावः** सर्वदैकरूपः कूटस्थो **नित्याखण्डानन्दरूपो** नित्यश्चाखण्डश्चानन्दो नित्याखण्डानन्द एव रूपं यस्य स नित्याखण्डानन्दरूपो **निरीहो** निष्कामः **साक्षी चेता केवलो**ऽद्वितीयः सजातीयविजातीयस्वगतभेदशून्यो **निर्गुणश्च** सत्त्वरजस्तमोगुणविवर्जित इत्यर्थः। *"स्वप्रकाशोऽसङ्गोऽन्यन्न वीक्षत आत्मा", "निष्काम आप्तकाम आत्मकामो", "सच्चिदानन्दमात्रमेकरसम्"*इत्यादिश्रुतेः। *"साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च"*इति श्रुतेश्च।

यह प्रत्यक् आत्मा स्वयं प्रकाश, निरवयव, असङ्ग, शुद्ध, सर्वदा एकस्वभाव, नित्य अखण्ड आनन्द रूप, निष्काम, साक्षी चेतन, अद्वितीय तथा निर्गुण है ॥४५९॥

सूक्ष्म तथा व्यापक होने के कारण यह अन्तरतम स्वप्रकाश - अवेद्य होते हुए भी अपरोक्ष व्यवहार के योग्य, निष्कल, निरवयव; असङ्ग, अति निर्मल, सदा एक स्वभाव/रूप वाला कूटस्थ, नित्य तथा अखण्ड रूप, निष्काम, साक्षी, चेतन, अद्वितीय अर्थात् सजातीय-विजातीय-स्वगत भेद रहित तथा सत्त्व-रजस्-तमोगुण से रहित है - ऐसा अर्थ है। 'स्वप्रकाश असङ्ग आत्मा अन्य को नहीं देखता' (नृ० ता० उ० ५), 'निष्काम, आप्त काम आत्म काम होता है' (नृ० ता० उ० २, बृ० उ० ४।४।६), 'सत्, चित्, आनन्द मात्र एकरस' (नृ० ता० उ० ३) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है। और श्रुति में भी कहा है 'सबका साक्षी, सबको चेतनत्व प्रदान करने वाला वह केवल एक तथा निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११)।

नैव प्रत्यग्जायते वर्धते नो किञ्चिन्नापक्षीयते नैव नाशम् ।
आत्मा नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो नासौ हन्यो हन्यमाने शरीरे ॥४६०॥

प्रत्यगात्मा **नैव** कदापि **जायते नो वर्धते किञ्चि**दपि **नापक्षीयते नैव नाशं** विनाशमेति प्राप्नोति। **अयमात्मा नित्यः शाश्वतः पुराणः** पुराऽपि नव इति पुराणः। **असौ शरीरे हन्यमाने न हन्यो** भवति। *"न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्। अजो नित्य शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे"* इति श्रुतेः।

प्रत्यक् आत्मा न उत्पन्न होता है, न बढ़ता ही है, न कुछ क्षीण होता है और न नष्ट होता है। यह आत्मा नित्य, शाश्वत एवं पुराण है, यह शरीर के मारे जाने पर भी नहीं मरता ॥४६०॥

प्रत्यक् आत्मा का कभी भी जन्म नहीं होता, न ही कोई वर्धन होता है, न कुछ क्षीण होता है, न ही नाश को प्राप्त होता है। यह आत्मा नित्य, शाश्वत, पुराण - प्राचीन होकर भी नवीन ही है। इस शरीर के नाश होने पर इसका नाश नहीं होता। 'यह विपश्चित् - मेधावी आत्मा न उत्पन्न होता है, न मरता है; यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही [अर्थान्तर रूप से] कुछ बना है। यह अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है तथा शरीर के मारे जाने पर भी स्वयं नहीं मरता' (क० उ० १।२।१८) श्रुति से प्रमाणित होता है।

जन्मास्तित्वविवृद्धयः परिणतिश्चापक्षतिर्नाशनं दृश्यस्यैव भवन्ति षड्विकृतयो नानाविधा व्याधयः ।
स्थूलत्वादि च नीलताद्यपि मितिर्वर्णाश्रमादिप्रथा दृश्यन्ते वपुषो न चात्मन इमे तद्विक्रियासाक्षिणः ॥४६१॥

जन्मास्तित्वविवृद्धयो जन्म चास्तित्वञ्च विवृद्धिश्च जन्मास्तित्वविवृद्धयः **परिणतिः** परिणामो**ऽपक्षतिर्ह्रा**सश्च **नाशनं** विनाश एताः **षड्विकृतयश्च नानाविधा व्याधयो दृश्यस्या**नात्मनो जड**स्यैव भवन्ति**। देहो जायते, अस्ति, वर्धते, विपरिणमते, अपक्षीयते, विनश्यतीति यास्कमुनिः पञ्चमहाभूतानामुत्पन्नानां स्थितिकाले विकारषट्कमुपलभ्य एतच्चकार। ते सर्वे विकाराः पूर्वोक्तकठवल्लीमन्त्रेण निराकृता आत्मनि। तथा च यद्यात्मा विकारी स्यात्तर्हि तस्य विकाराणां वेत्ता को भवेत्? अन्यस्यात्मत्वेन स्वीकारादनवस्थादोषः प्रसज्येत। तस्मादात्मनः षड्विकाररहित्यं सिद्धम्। तथा व्याधयोऽपि स्थूलसूक्ष्मशरीरस्यैव भवितुमर्हन्ति यथा ज्वरः, शिरोवेदना, कासः, विक्षोभः, मनस्ताप इत्याद्याः।

स्थूलत्वादि च नीलतादि रूपा**द्यपि मितिर्मी**यत इति मानं विज्ञानं प्रत्यक्षादिप्रमाणग्राह्यं तथा **वर्णाश्रमादिप्रथा** वर्णा ब्राह्मणादयस्तथाऽऽश्रमा ब्रह्मचर्यादयस्तेषां प्रथा रीतयो वर्णाश्रमादिप्रथा **इतीमे वपुषः** स्थूलशरीरस्य **दृश्यन्ते न त्वात्मनस्तद्विक्रियासाक्षिणस्ता**सां विक्रियाणां साक्षिणस्ता भवन्तीत्यर्थः।

जन्म, अस्तित्व, वृद्धि, परिणाम, अपक्षय तथा नाश - छः विकार और नाना प्रकार के रोग शरीर आदि दृश्य के ही होते हैं। स्थूलता आदि तथा नीलता आदि भी, माप, वर्ण-आश्रम आदि की प्रथा स्थूल शरीर में ही दिखाई देते हैं, आत्मा में नहीं क्योंकि आत्मा तो इन विकारों का साक्षी मात्र है ॥४६१॥

जन्म, अस्तित्व, वृद्धि, परिणाम, ह्रास तथा नाश – ये छः विकार तथा अनेक प्रकार के रोग जड़ अनात्मा के ही होते हैं। स्थिति काल में पाँच महाभूतों से उत्पन्न (देह) के छः विकारों का अनुभव कर यास्क मुनि ने कहा है – 'देह जन्म, अस्तित्व, वृद्धि, परिवर्तन, ह्रास तथा नाश को प्राप्त होता है'। आत्मा में ये सभी विकार पूर्व में कहे गये कठोपनिषद् मन्त्र द्वारा निरस्त किये गये हैं तथा यदि आत्मा विकारी हो तो उसके विकारों का ज्ञाता (जानने वाला) कौन होगा? अन्य आत्मा को उसका ज्ञाता मानने पर अनवस्था दोष का प्रसङ्ग होगा। इस प्रकार आत्मा का छः विकार से रहित होना सिद्ध होता है। उसी प्रकार ज्वर, सिरदर्द, खाँसी, अशान्ति, मानसिक पीड़ा इत्यादि व्याधियाँ भी स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर को ही हो सकती हैं।

स्थूलत्व, नीलता आदि रूप भी, मिति अर्थात् जिसे मापा जाए अर्थात् प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से जिसका ज्ञान हो जाए तथा ब्राह्मण आदि

सभी वर्ण और ब्रह्मचर्य आदि सभी आश्रम की प्रथा स्थूल शरीर के लिये देखी जाती है न कि आत्मा में जो इन सब विकारों का साक्षी है - ऐसा अर्थ है।

अस्मिन्नात्मन्यनात्मत्वमनात्मन्यात्मतां पुनः । विपरीततयाध्यस्य संसरन्ति विमोहतः ॥४६२॥

विमोहतो मोहवशाद**स्मिन्नात्मनि** शुद्धे चिन्मयेऽ**नात्मत्वम**नात्मतद्धर्मांश्च **पुनस्त**था **विपरीततयाऽनात्मनि** प्रपञ्चत्रये **आत्मतामा**त्मतद्धर्मां**श्चाध्यस्य संसरन्ति** जन्ममरणं प्राप्नुवन्ति। अस्मत्प्रत्ययगोचरे विषयिणि चिदात्मके युष्मत्प्रत्ययगोचरस्य विषयस्य तद्धर्माणां चाध्यासः तद्विपर्ययेण विषयिणस्तद्धर्माणां च विषयेऽध्यासो विमोहितानां संसरणस्य कारणमित्यभिप्रायः।

इस आत्मा में अनात्मा के धर्मों को, पुनः अनात्मा में आत्मा के धर्मों को विपरीत भाव से अध्यास कर मोहवश संसरण करते हैं ॥४६२॥

मोह के कारण इस शुद्ध चैतन्य स्वरूप आत्मा में अनात्मा तथा उसके धर्मों को तथा इसके विपरीत यानि प्रपञ्चत्रय रूप अनात्मा में आत्मा तथा उसके धर्मों का अध्यास कर जन्म-मरण को प्राप्त होते हैं। 'अस्मद्' प्रत्यय रूप से गोचर विषयी चिदात्मा में 'युष्मद्' प्रत्यय रूप से जाने जाने वाले विषय तथा उसके धर्मों का अध्यास, उससे विपरीत विषय में विषयी तथा उसके धर्मों का अध्यास विमोहित हुए व्यक्ति के संसरण का कारण है - ऐसा अभिप्राय है।

भ्रान्त्या मनुष्योऽहमहं द्विजोऽहं तज्ज्ञोऽहमज्ञोऽहमतीव पापी ।
भ्रष्टोऽस्मि शिष्टोऽस्मि सुखी च दुःखीत्येवं विमुह्यात्मनि कल्पयन्ति ॥४६३॥

विमोहिता **भ्रान्त्या मनुष्योऽहं द्विजो** ब्राह्मणो**ऽहं तज्ज्ञो**ऽल्पज्ञः प्रमाताऽ**हमज्ञोऽहमतीव पापी** पापिष्ठो **भ्रष्टः** पतितो**ऽस्मि शिष्टः** संस्कृतः पवित्रो**ऽस्मि सुखी दुःखीत्येवं विमुह्याऽऽत्मन्ये**तान्धर्मान् **कल्पयन्ति**। 'स्थूलोऽहं कृशोऽहम्' इति देहधर्मान्, 'सुखी च दुःखी चाज्ञोऽहम्' इत्यन्तःकरणधर्मानध्यस्यन्तीति।

मैं मनुष्य हूँ, मैं द्विज हूँ, मैं उसका जानने वाला हूँ, मैं अज्ञानी हूँ, मैं अतीव पापी हूँ, मैं भ्रष्ट हूँ, मैं शिष्ट हूँ, मैं सुखी हूँ तथा मैं दुःखी हूँ - इस प्रकार मोहित होकर मूढ प्राणी भ्रान्ति से आत्मा में कल्पना करते हैं ॥४६३॥

विमोहित हुए जन भ्रान्ति के कारण 'मैं मनुष्य, ब्राह्मण, अल्पज्ञ प्रमाता, घोर पापी, पतित, संस्कृत पवित्र, सुखी-दुःखी हूँ' आत्मा में इन धर्मों की कल्पना करते हैं। [वे] 'मैं स्थूल हूँ, मैं कृश हूँ' देह के धर्मों का तथा 'सुखी तथा दुःखी मैं अज्ञानी हूँ' अन्तःकरण के धर्मों का अध्यास करते हैं।

अनात्मनो जन्मजरामृतिक्षुधातृष्णासुखक्लेशभयादिधर्मान् ।
विपर्ययेण ह्यतथाविधेऽस्मिन्नारोपयन्त्यात्मनि बुद्धिदोषात् ॥४६४॥

मूढजना **बुद्धिदोषाद्बु**द्धेर्दोषा**दतथाविधे** न तथाविधोऽतथाविधस्तस्मिन्नतथाविधे**ऽस्मिन्नात्मन्यनात्मनो जन्मजरामृतिक्षुधातृष्णासुखक्लेशभयादिधर्मा**ञ्जन्म च जरा च मृतिश्च क्षुधा च तृष्णा च सुखं च क्लेशश्च भयं च जन्मजरामृतिक्षुधातृष्णासुखक्लेशभयानि तान्यादीनि येषां धर्माणां ते जन्मजरामृतिक्षुधातृष्णासुखक्लेशभयादिधर्मास्तान् **विपर्ययेणारोपयन्ति**। **हि**शब्दोऽवधारणार्थे। जन्मजरामृतयोऽन्नमयकोशधर्माः, क्षुधातृष्णे प्राणमयकोशधर्मौ, सुखक्लेशभयानि मनोमयकोशधर्माः, आदिपदेन विज्ञानमयकोशधर्माणां ग्रहणं कर्तव्यमिति।

अनात्मा के जन्म, जरा, मरण, भूख, प्यास, सुख, क्लेश, भय आदि धर्मों को बुद्धि के दोष के कारण उससे भिन्न प्रकार वाले इस आत्मा में विपरीत भाव से आरोपित करते हैं ॥४६४॥

मूढ जन बुद्धि के दोष के कारण, 'अतथा' में – यानि जो वैसे स्वरूप का न हो उस इस आत्मा में अनात्मा के जन्म, जरा, मृत्यु, भूख, प्यास, सुख, क्लेश, भय आदि विपरीत धर्मों को आरोपित करते हैं। 'हि' शब्द अवधारण अर्थ में है। जन्म, जरा, मृत्यु अन्नमय कोश के धर्म हैं; भूख, प्यास प्राणमय कोश के धर्म हैं; सुख, क्लेश, भय मनोमय कोश के धर्म हैं; 'आदि' पद से विज्ञानमय कोश के धर्म ग्रहण करने चाहिए।

'आदि' पद से विज्ञानमय कोश के धर्म जैसे कर्ता, भोक्ता, अग्रहण-अन्यथा ग्रहण के भाव

भ्रान्त्या यत्र यदध्यासस्तत्कृतेन गुणेन वा । दोषेणाप्यणुमात्रेण स न सम्बध्यते क्वचित् ॥४६५॥

भ्रान्त्या यत्राऽधिष्ठाने रज्जौ **यदध्यासो** यस्याध्यासः सर्पस्य **तत्कृतेन** तदध्यासकृतेन सर्पेण **गुणेन दोषेण वा**ऽ**णुमात्रेणापि सो**ऽधिष्ठानात्मा सर्पाधिष्ठानभूता रज्जु**र्न सम्बध्यते क्वचि**दिति। *"यत्र यदध्यासस्तत्कृतेन दोषेण गुणेन वाऽणुमात्रेणापि स न सम्बध्यते"* इत्यध्यासभाष्ये।

भ्रान्ति से जहाँ जिसका अध्यास होता है उस अध्यास कृत गुण अथवा दोष से वह अणु मात्र भी कहीं भी सम्बन्धित नहीं होता है ॥४६५॥

भ्रान्ति के कारण अधिष्ठान रज्जु में जिस सर्प का अध्यास होता है, उस अध्यास कृत सर्प के गुण अथवा दोष से उस अधिष्ठान आत्मा, सर्प के अधिष्ठान रूप रज्जु का अणु मात्र भी सम्बन्ध नहीं होता है। 'जिसमें जिसका अध्यास है उसके गुण अथवा दोष के साथ उस (अधिष्ठान) का अणु मात्र भी सम्बन्ध नहीं होता है' ऐसा अध्यास भाष्य में कहा गया है।

पूर्वोक्तसिद्धान्तमेव दृष्टान्तद्वयेन साधयति किमिति।

पूर्वोक्त सिद्धान्त को दो दृष्टान्तों द्वारा बताते हैं 'किं' इत्यादि से -

किं मरुन्मृगतृष्णाम्बुपूरेणार्द्रत्वमृच्छति । दृष्टिसंस्थितपीतेन शङ्खः पीतायते किमु ॥४६६॥

बालकल्पितनैल्येन व्योम किं मलिनायते ।

शिष्य उवाच -

प्रत्यगात्मन्यविषयेऽनात्माध्यासः कथं प्रभो ॥४६७॥

मरुद्वायुर्मृगतृष्णाम्बुपूरेण मृगाणां तृष्णा विद्यतेऽस्यां जलाभासत्वात्सा मृगतृष्णा तस्या अम्बुपूरेणाम्बुनः पूरेणेति मृगतृष्णाम्बुपूरे**णार्द्रत्वं किमृच्छति** प्राप्नोति? यथा वा **शङ्खः किमु दृष्टिसंस्थितपीतेन** दृष्टौ संस्थितं दृष्टिसंस्थितं तेन पीतेन **पीतायते** पीतो भवति? **बालकल्पितनैल्येन** बालेन कल्पितं तन्नैल्यं च बालकल्पितनैल्यं तेन **किं व्योम मलिनायते**? यथैतन्न सम्भवति तथाऽध्यस्ताऽनात्मधर्मेण विशुद्धचैतन्यस्यात्मनो न कोऽपि सम्बन्धो वर्ततेऽसङ्गस्यात्मनः सम्बन्धासम्भवात्कार्यकारणविलक्षणत्वाच्च।

यस्मादनात्मधर्माणामात्मनि स्वरूपाध्यासः संसर्गाध्यासश्च तथाऽऽत्मनोऽनात्मनि संसर्गाध्यासमात्रं न तु स्वरूपाध्यासः। आत्मनि बुद्ध्याद्यध्यासात्कर्तृत्वादिलाभः। बुद्ध्यादौ चात्माध्यासाच्चैतन्यलाभ इति भावः। यदध्यासादागतं तज्ज्ञानमात्रेण निवर्त्यतेऽज्ञानजन्यत्वादध्यासस्य। तस्माच्छ्रवणादिभिः साधनैरप्रतिबन्धेन ज्ञानेन जन्मजरामृतिक्षुधातृष्णा-सुखक्लेशभयादिधर्माणां निवृत्तिरिति महत्फलं ज्ञानस्य इत्यर्थः।

शिष्य उवाच -

हे **प्रभो गुरोऽविषयेऽ**वाङ्मनसगोचरे द्रष्टरि **प्रत्यगात्मन्यनात्माध्यासो**ऽनात्मनोऽध्यासः **कथं** सम्भवति। *"कथं पुनः प्रत्यगात्मन्यविषयेऽध्यासो विषयतद्धर्माणाम्"* इत्यध्यासभाष्ये। अत्रायं प्रयोगः - आत्मनोऽधिष्ठानत्वं न सम्भवति, विषयत्वे सतीन्द्रियसंयुक्तत्वाभावात्, यत्र यत्रापरोक्षाधिष्ठानत्वं तत्र तत्र विषयत्वमिन्द्रियसंयुक्तत्वं चेति व्याप्तिः, व्यतिरेकेण शुक्त्यादिवत्।

पवन मरुमरीचिका के जल प्रवाह से क्या गीलेपन को प्राप्त होता है? क्या दृष्टि में स्थित पित्त दोष से शङ्ख पीला हो जाता है? ॥४६६॥

बालक की कल्पित नीलता से क्या आकाश मलिन हो जाता है?

शिष्य ने कहा -
हे प्रभो! जो किसी का विषय नहीं, ऐसे प्रत्यक् आत्मा में अनात्मा का अध्यास कैसे होता है? ॥४६७॥

जल के आभास के कारण जिसमें हिरन को तृष्णा (प्यास) होती है उस मृगतृष्णा के जल से क्या वायु गीलेपन को प्राप्त होता है? अथवा दृष्टि में स्थित पीतिमा से क्या शङ्ख पीत होता है? बालक द्वारा कल्पित नीलता से क्या आकाश मलिन होता है? जिस प्रकार यह सब सम्भव नहीं होता, उसी प्रकार आरोपित अनात्म धर्म के द्वारा विशुद्ध चैतन्य आत्मा का कोई सम्बन्ध नहीं हो सकता, इस असङ्ग आत्मा का सम्बन्ध असम्भव होने से तथा कार्य-कारण विलक्षण होने के कारण।

अनात्म धर्मों का आत्मा में स्वरूप अध्यास तथा संसर्ग अध्यास होता है तथा अनात्मा में आत्मा का केवल संसर्ग अध्यास होता है, स्वरूप अध्यास नहीं। आत्मा में बुद्धि आदि के अध्यास के कारण कर्तृत्व आदि प्राप्त होता है तथा बुद्धि आदि में आत्मा का अध्यास होने पर उनमें चेतनता की प्राप्ति होती है। जो अध्यास के निमित्त से आया है, उसकी निवृत्ति ज्ञान मात्र से होती है क्योंकि अध्यास अज्ञान से जन्य होता है। अतः श्रवण आदि साधनों द्वारा प्राप्त अप्रतिबद्ध ज्ञान से जन्म, जरा, मृत्यु, भूख, प्यास, सुख, क्लेश, भय आदि धर्मों की निवृत्ति ही ज्ञान का महत् फल है - ऐसा अर्थ है।

शिष्य ने कहा -
हे गुरु! वाक् तथा मन से अगोचर, द्रष्टा प्रत्यक् आत्मा में अनात्मा का अध्यास कैसे सम्भव है? 'पुनः अविषय प्रत्यक् आत्मा में विषय तथा उसके धर्मों का अध्यास कैसे हो सकता है?' ऐसा अध्यास भाष्य में कहा गया है। यहाँ ऐसा प्रयोग है - आत्मा का अधिष्ठान रूप होना सम्भव नहीं है, विषयत्व होते हुए उसमें इन्द्रिय-संयोग का अभाव होने के कारण। जहाँ-जहाँ अपरोक्ष अधिष्ठानत्व पाया जाता है, वहाँ-वहाँ विषयत्व तथा इन्द्रिय-संयुक्तत्व पाया जाता है - ऐसी व्याप्ति है, जैसे व्यतिरेक रूप से शुक्ति आदि के समान।

पुरो दृष्टे हि विषयेऽध्यस्यन्ति विषयान्तरम् । तद्दृष्टं शुक्तिरज्ज्वादौ सादृश्याद्यनुबन्धतः ॥४६८॥

जनाः **पुरो दृष्टे हि विषये विषयान्तरमध्यस्यन्ति** यथा शुक्तौ रजतं यथा वा रज्जौ सर्पमारोपयन्ति। **तत्सादृश्याद्यनुबन्धतः** सादृश्यत्वा**च्छुक्तिरज्ज्वादौ दृष्टम्।**

आत्मानात्मनोः सादृश्याभावात्तमःप्रकाशवद्विरुद्धस्वभावत्वात्तथा चात्मनोऽविषयत्वात्कथमात्मन्यनात्माध्यासः? प्रत्यगात्मनः त्वविषयत्वं *"न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा"*, *"अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्"*, *"न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनः"* इत्यादि श्रुतिसिद्धम्।

लोग सामने देखे हुए विषय में ही अन्य विषय का अध्यास करते हैं, सादृश्य आदि कारणों से शुक्ति रज्जु आदि में [अध्यास] देखा गया है ॥४६८॥

लोग सामने देखे हुए विषय में ही अन्य विषय का अध्यास करते हैं, जैसे शुक्ति में रजत अथवा रज्जु में सर्प का आरोप करते हैं। सादृश्यत्व आदि कारणों से शुक्ति, रज्जु आदि में [अध्यास] देखा गया है। आत्मा और अनात्मा में सादृश्य का अभाव तथा प्रकाश और अन्धकार

जैसे विरुद्ध स्वभाव होने पर तथा आत्मा का विषय न होने पर भी कैसे आत्मा में अनात्मा का अध्यास [सम्भव] है? प्रत्यक् आत्मा का अविषयत्व तो श्रुति सिद्ध है जैसे कि '(आत्मा) का ग्रहण चक्षु या वाणी से नहीं होता'(मु० उ० ३।१।८), 'जो अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय तथा रसहीन, नित्य और गन्धरहित है' (क० उ० १।३।१५), 'वहाँ (उस ब्रह्म तक) नेत्र इन्द्रिय नहीं जाती, वाणी नहीं जाती, मन नहीं जाता' (के० उ० १।३)।

परत्र पूर्वदृष्टस्यावभासः स्मृतिलक्षणः । अध्यासः स कथं स्वामिन् भवेदात्मन्यगोचरे ॥४६९॥

हे **स्वामिन्** हे गुरो **परत्रा**न्यस्मिन्नधिष्ठाने **पूर्वदृष्टस्य** प्रागनुभूत**स्यावभासो**ऽवभास्यत इत्यवभासः पूर्वदृष्टस्यावभासोऽवभासनं ज्ञानं च **स्मृतिलक्षणः** स्मृतिर्लक्षणं यस्य स स्मृतिलक्षणः स्मृतिरूपः स्मर्यमाणसदृशश्चास्ति। **सोऽध्यासः कथमगोचरे**ऽविषये प्रत्य**गात्मनि भवेदि**ति। अध्यासे स्मर्यमाणाऽऽरोप्ययोः सादृश्यत्वात्संस्कारजन्यत्वाच्च। ज्ञानाध्यासे स्मृतिरूपः स्मरणसदृशः परत्र पूर्वदर्शनादवभासोऽवभासनमिति भावे घञ्। अर्थाध्यासे स्मर्यमाणविषयसदृशः परत्र पूर्वदर्शनादवभास्यते प्रकाशत इति अवभास इत्यत्र कर्मणि घञ्।

हे स्वामिन्! अन्य पदार्थ में पहले देखे हुए पदार्थ का अवभास स्मृतिरूप है, वह अध्यास अविषय आत्मा में कैसे होगा? ॥४६९॥

हे गुरु! अन्य अधिष्ठान में पूर्व में अनुभूत वस्तु का स्मृति रूप स्मरण जैसा अवभास अथवा अध्यास अविषय प्रत्यक् आत्मा में कैसे होगा? अध्यास में स्मर्यमाण तथा आरोपित वस्तु में सादृश्यत्व तथा संस्कार जन्य होने से ज्ञान अध्यास में स्मृति रूप स्मरण सदृश अन्य वस्तु में पूर्वदृष्ट का अवभास होता है; 'घञ्' प्रत्यय भाव अर्थ में है। अर्थ अध्यास में स्मर्यमाण विषय के समान अन्य वस्तु में पूर्वदृष्ट का ज्ञान अथवा अवभास होता है। यहाँ 'घञ्' प्रत्यय कर्म अर्थ में है।

नानुभूतः कदाप्यात्माननुभूतस्य वस्तुनः । सादृश्यं सिध्यति कथमनात्मनि विलक्षणे ॥४७०॥

अनात्मन्यात्मताध्यासः कथमेष समागतः । निवृत्तिः कथमेतस्य केनोपायेन सिध्यति ॥४७१॥

आत्मा कदापि नानुभूतो विषयतया ज्ञातो न भवति तस्याननुभूतस्य **वस्तुनः सादृश्यं विलक्षणेऽनात्मनि कथं सिध्यति**। आत्मा तु नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वरूपस्तथाऽनात्माऽनित्याऽशुद्धजडबद्धस्वरूपस्तयोः **कथं** सादृश्यं तुल्यत्वं शक्यते? **एष अनात्मन्यात्मताध्यासो**ऽनात्मन्यात्मबुद्धिर्देहेन्द्रियादिष्वहमिति प्रत्ययः **कथं समागतः**। **एतस्य निवृत्तिर्ना**शः **केनोपायेन कथं सिध्यत्यु**पायस्य विनियोगः कथं भवेदित्यर्थः। तथा ह्यननुभूतस्याविषयस्य कथमध्याससम्बन्धः शुक्तौ रजतभ्रमकालेऽपि शुक्तेरनुभूयमानत्वान्न तथात्वमात्मनि दृष्टमिति।

आत्मा का कदापि अनुभव नहीं हुआ है तो अननुभूत वस्तु का अपने से विलक्षण अनात्मा में सादृश्य कैसे सिद्ध होता है? ॥४७०॥

अनात्मा में यह आत्मभाव का अध्यास कैसे आ गया? उसकी निवृत्ति किस उपाय से कैसे सिद्ध होगी? ॥४७१॥

आत्मा कभी भी विषय रूप से ज्ञात नहीं होता, उस अननुभूत वस्तु का सादृश्य अपने से विलक्षण अनात्मा में कैसे सिद्ध होता है? आत्मा तो नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वरूप है तथा अनात्मा अनित्य, अशुद्ध, जड, बद्ध स्वरूप है; फिर उन दोनों में सादृश्य कैसे हो सकता है? अनात्मा में यह आत्मबुद्धि यानि देह, इन्द्रियों आदि में 'मैं' का भाव कैसे आ गया? इसका नाश किस उपाय से होता है, उपाय का विनियोग कैसे किया जायेगा? तथा अननुभूत अविषय का कैसे अध्यास सम्बन्ध होता है? शुक्ति में रजत का भ्रमात्मक अनुभव होते समय भी शुक्ति तो अनुभूत होती है परन्तु आत्मा में ऐसा नहीं देखा जाता।

उपाधियोग उभयोः सम एवेशजीवयोः । जीवस्यैव कथं बन्धो नेश्वरस्यास्ति तत्कथम् ॥४७२॥

एतत्सर्वं दयादृष्ट्या करामलकवत्स्फुटम् । प्रतिपादय सर्वज्ञ श्रीगुरो करुणानिधे ॥४७३॥

ईशजीवयोरुभयोः समः समान **एवोपाधियोग** उपाधेर्योगः सम्बन्धः। ईशस्योपाधिः समष्ट्यज्ञानमुत्कृष्टा सत्त्वप्रधानत्वाद्विशुद्धत्वान्माया तथा जीवस्योपाधिर्व्यष्ट्यज्ञानं निकृष्टा मलिनसत्त्वाद्रजस्तमोयुक्तत्वादविद्या कथिता। एवं सति **जीवस्यैव कथं बन्धो** भव**तीश्वरस्य तत्कथं न** भवति। जीवस्यैवाज्ञानावरणं न त्वीश्वरस्य कस्मात्? हे **सर्वज्ञ श्रीगुरो** हे **करुणानिधे दयादृष्ट्या सर्वमेतत्करामलकवत्स्फुटं प्रतिपादये**ति।

अत्रैतेऽनुप्रश्नाः।
१) प्रत्यगात्मन्यविषये कथमनात्माध्यासः।
२) अननुभूतस्यात्मनोऽत्यन्तविरुद्धेऽनात्मनि कथं सादृश्यम्।
३) अनात्मन्यात्माध्यासः कथमागतः।
४) केनोपायेन कथमध्यासस्य निवृत्तिः सिध्यति।
५) कथं जीवस्यैव बन्धो नेश्वरस्योपाधिसम्बन्ध उभयोः समानेऽपि।

ननु भवत्वध्यासो न वा कथं तद्विषयकप्रश्नाः? अध्याससिध्या किं प्रयोजनम्? उच्यते यदाऽऽत्मानात्मनोरध्यासः सिध्यति तदा यदध्यस्तं तदज्ञानजन्यं तस्मात्समस्तानात्मप्रपञ्चसहितबन्धोऽप्यज्ञानादेव भवति तस्याज्ञानस्य ब्रह्मात्मैक्यज्ञानेन निवृत्त्या मिथ्याप्रपञ्चस्य बन्धस्यापि निवृत्तिः सिध्यति तस्मान्मोक्षस्याद्वैतात्मज्ञानादेव सिद्धिर्भवति।

ईश्वर तथा जीव दोनों को उपाधि का सम्बन्ध समान ही है, तो फिर कैसे जीव को ही बन्धन है वह ईश्वर को कैसे नहीं है? ॥४७२॥

हे सर्वज्ञ, करुणानिधि श्रीगुरु! दया दृष्टि से यह सब हाथ में रखे आँवले के समान स्पष्ट रूप से प्रतिपादन कीजिये ॥४७३॥

उपाधि के संयोग से ईश्वर और जीव दोनों समान ही हैं। ईश्वर की उपाधि समष्टि अज्ञान या माया सत्त्व प्रधान और विशुद्ध होने से उत्कृष्ट; तथा जीव की उपाधि व्यष्टि अज्ञान या अविद्या मलिन सत्त्व रूप यानि रजस् और तमस् से युक्त होने से निकृष्ट कही जाती है। ऐसा होने पर केवल जीव को ही कैसे बन्धन होता है, ईश्वर को कैसे नहीं होता? किस कारण से अज्ञान का आवरण केवल जीव को ही होता है ईश्वर को नहीं? हे सर्वज्ञ, करुणानिधि गुरुजी! अपनी दयादृष्टि द्वारा इस सब का प्रतिपादन हाथ में रखे आँवले के समान स्पष्ट रूप से कीजिये।

यहाँ ये अनुप्रश्न हैं।
१) अविषय प्रत्यक् आत्मा में कैसे अनात्मा का अध्यास होता है?
२) अननुभूत आत्म वस्तु का उससे अत्यन्त विरुद्ध अनात्मा से सादृश्य कैसे होता है?
३) अनात्मा में आत्मा का अध्यास कैसे आ गया?
४) किस उपाय से किस प्रकार अध्यास की निवृत्ति होती है?
५) उपाधि का सम्बन्ध दोनो में समान होने पर भी केवल जीव को ही कैसे बन्धन होता है, ईश्वर को नहीं होता?

पू० प० - अध्यास होता है या नहीं, सिद्ध किये बिना उसके विषय में प्रश्न कैसे हो सकते हैं? अध्यास की सिद्धि से क्या प्रयोजन है? इस पर कहते हैं - जब आत्मा और अनात्मा में अध्यास की सिद्धि होती है तब जो अध्यस्त होता है वह सब अज्ञान जन्य है, जिससे समस्त अनात्म प्रपञ्च सहित बन्ध भी अज्ञान से ही होता है तथा ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान से उस अज्ञान की निवृत्ति होने पर मिथ्या प्रपञ्च रूप बन्ध की भी निवृत्ति सिद्ध होती है। इस प्रकार केवल अद्वैत आत्म ज्ञान द्वारा ही मोक्ष की सिद्धि होती है।

श्रीगुरुरुवाच -

न सावयव एकस्य नात्मा विषय इष्यते । अस्यास्मत्प्रत्ययार्थत्वादपरोक्षाच्च सर्वशः ॥४७४॥

आत्मा न सावयवः सजातीयविजातीयस्वगतभेदशून्यो यो हि सावयवः स एव विषयो भवति, **न** तस्मादिन्द्रिय**विषय इष्यते** भवितुमर्हति। एक एवाद्वितीयोऽयम**स्यैकस्या**द्वितीयस्यात्मनो**ऽस्मत्प्रत्ययार्थत्वाद**हं प्रत्ययो ज्ञानमर्थो विषयः। अस्मत्प्रत्ययार्थत्वादहमित्यध्यासस्यात्मा विषयो भवति। अहमिति ज्ञानमेवाध्यासस्तत्र भासमानत्वात्। अथवा यत्र प्रत्यगात्मा चित्प्रतिबिम्बितत्वेन भासते तस्याहङ्कारस्यात्मा विषयो भवति **सर्वशः** सर्वप्रकारे**णापरोक्षाच्च**। *"यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म"* इति श्रुतेः। *"न तावदयमेकान्तेनाविषयः, अस्मत्प्रत्ययविषयत्वात्, अपरोक्षत्वाच्च प्रत्यगात्मप्रसिद्धेः"* इत्युपोद्घातभाष्ये शारीरकमीमांसायामाचार्यप्रवरस्य वचनम्। अपरोक्षत्वहेतुनाऽऽबालपण्डितं प्रत्यगात्मनः संशयादिशून्यत्वेन प्रसिद्धं स्वप्रकाशत्वं तस्मादिन्द्रियाविषयत्वादपि स्वप्रकाशत्वेन भासमानत्वादात्मनोऽधिष्ठानत्वं सम्भवत्येवेत्यर्थः।

श्रीगुरु बोले -
आत्मा अवयवों से युक्त नहीं है और न विषय माना जाता है क्योंकि यह 'अस्मत्' प्रत्यय का अर्थ है तथा सर्वथा अपरोक्ष है ॥४७४॥

आत्मा अवयवों से युक्त नहीं है अर्थात् सजातीय, विजातीय, स्वगत भेद शून्य है। जो सावयव होता है, वह ही विषय होता है, इसीलिए आत्मा इन्द्रियों का विषय नहीं बनता है। यह एक, अद्वितीय ही है। अद्वितीय आत्मा 'अहम्' प्रत्यय के ज्ञान का विषय होने से 'मैं' ही अध्यास का विषय बनता है। वहाँ भासमान होने से 'मैं' का ज्ञान ही अध्यास है अथवा सब प्रकार अपरोक्ष होने से आत्मा उस अहङ्कार का विषय होता है, जहाँ प्रत्यक् आत्मा चित्प्रतिबिम्ब रूप से प्रकाशित होता है। 'जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म तथा सर्वान्तर आत्मा है' (बृ० उ० ३।४।१) श्रुति सिद्ध है। 'अस्मत् प्रत्यय का विषय होने से, अपरोक्ष तथा प्रत्यक् आत्मा रूप से प्रसिद्ध होने के कारण यह आत्मा सम्पूर्ण रूप से अविषय नहीं कहा जा सकता' शारीरक मीमांसा के उपोद्घात भाष्य में आचार्यप्रवर के वचन हैं। अपरोक्षत्व के कारण, बालक से लेकर पण्डित तक सभी के लिए प्रत्यक् आत्मा संशय आदि से रहित रूप से स्व प्रकाश रूप में प्रसिद्ध है, इसीलिए इन्द्रियों का विषय न होते हुए भी स्व प्रकाश रूप से भासमान होने के कारण आत्मा का अधिष्ठान स्वरूप होना सम्भव है - ऐसा अर्थ है।

प्रसिद्धिरात्मनोऽस्त्येव न कस्यापि च दृश्यते । प्रत्ययो नाहमस्मीति न ह्यस्ति प्रत्यगात्मनि ॥४७५॥

आत्मनः प्रत्यगभिन्नस्य सच्चिदानन्दैकरसस्य निर्विशेषस्याद्वितीयस्य परस्य ब्रह्मण आरोपितनामरूपादीनामधिष्ठानस्य **प्रसिद्धिर्ज्ञा**नं भान**मस्त्येव च** सर्वदा सुषुप्तावपि स्वयम्प्रकाशमानत्वादात्मनः। **नाहमस्मीति प्रत्ययो** ज्ञानं **न कस्यापि दृश्यते हि** यस्मात् **प्रत्यगात्मनि** तादृग्ज्ञानं **नास्ति** न सिद्ध्यति इति। *"सर्वो हि लोको ह्यात्मास्तित्वं प्रत्येति न नाहमस्मीति। यदि नात्मास्तित्वप्रसिद्धिः स्यात्सर्वो लोको नाहमस्मीति प्रतीयात्। आत्मा च ब्रह्म"* इति शारीरकमीमांसायामुक्तम्। *"अयमात्मा ब्रह्म"* इति श्रुतिवचनादात्मा त्रिविधपरिच्छेदशून्योऽहम्प्रत्ययेन ज्ञायत इति। अथवाऽऽत्मा न केनापि दृश्यते नेन्द्रियाणां मनसश्च दृश्यो भवति *"न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनो"*, *"यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह"* इत्यादिश्रुतिभ्यः।

आत्मा की प्रसिद्धि तो है ही तथा 'मैं नहीं हूँ' ऐसा ज्ञान किसी को नहीं होता। प्रत्यक् आत्मा में ऐसा ज्ञान हो ही नहीं सकता ॥४७५॥

प्रत्यक् अभिन्न, सच्चिदानन्द, एकरस, निर्विशेष, अद्वितीय, पर, आरोपित नाम-रूप आदि का अधिष्ठान - ब्रह्म के ज्ञान का भान सदा है ही, सुषुप्ति में भी; स्वयं प्रकाश होने के कारण। 'सभी लोग आत्मा के अस्तित्व को जानते हैं। यदि आत्मा का अस्तित्व प्रसिद्ध नहीं होता तो सभी लोग "मैं नहीं हूँ" ऐसा जानते और कहते किन्तु "मैं नहीं हूँ" ऐसा कोई नहीं कहता तथा आत्मा ही ब्रह्म है' ऐसा शारीरक मीमांसा में कहा गया है। 'यह आत्मा ब्रह्म है' (मा० उ० २, बृ० उ० २।५।१९) इस श्रुति वचन से आत्मा त्रिविध परिच्छेद शून्य, अहं प्रत्यय के

द्वारा जाना जाता है अथवा आत्मा किसी के द्वारा कभी देखा नहीं जाता, न इन्द्रियों तथा मन का दृश्य ही होता है। 'वहाँ (उस ब्रह्म तक) नेत्र इन्द्रिय नहीं जाती, वाणी नहीं जाती, मन नहीं जाता' (मु० उ० १।३), 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे प्राप्त न करके लौट आती है' (तै० उ० २।४) इत्यादि श्रुतियों से विदित होता है।

न कस्यापि स्वसद्भावे प्रमाणमभिकाङ्क्षते । प्रमाणानां च प्रामाण्यं यन्मूलं किं तु बोधयेत् ॥४७६॥

स्वसद्भावे स्वस्याऽऽत्मनः सद्भावेऽस्तित्वे **न कस्यापि प्रमाणमभिकाङ्क्षते**ऽभिवाञ्छ्यतेऽहमस्मि न वेति। **प्रमाणानां** सर्वेषां **प्रामाण्यं च यन्मूलं** स्यात्तस्य बोधाय किं प्रमाणं स्यात्का वाऽपेक्षा? *"प्रमाता च प्रमाणं च प्रमेयं प्रमितिस्तथा। यस्य प्रसादात्सिध्यन्ति तत्सिद्धौ किमपेक्ष्यते"* इति वृद्धानां वचनम्। **किन्तु** वेदान्तप्रमाणं तं **बोधयेत्**। ननु कथं वेदान्तानामात्मविषये प्रामाण्यम्। उच्यते - आत्मन्यध्यस्ताशेषविशेषं निरस्य वेदान्तप्रतिपाद्याधिष्ठानभूतं निर्विशेषं सन्मात्रमात्मानमधिगमयन्ति तेन तेषां प्रामाण्यं साक्षान्निर्देष्टुमशक्यत्वादात्मनोऽवाच्यत्वात्। *"विज्ञातारमरे केन विजानीयात्"* इति श्रुतेः। आत्मनः स्वत एव प्रामाण्यं स्वस्मिन्नध्यस्तसर्वप्रमाणप्रमेयसद्भावासद्भावप्रकाशकत्वात्स्वयम्प्रकाशत्वाच्चेति।

अपने सद्भाव में किसी को भी प्रमाण की आकाङ्क्षा नहीं है। किन्तु जिसके आधार पर प्रमाणों की प्रमाणता है, उसका बोध भला कैसे होता है? ॥४७६॥

अपने आत्मा के अस्तित्व अथवा 'मैं नहीं हूँ' में किसी को भी प्रमाण की आकाङ्क्षा नहीं है। जो सभी प्रमाणों की प्रमाणता का आधार है, उसके ज्ञान के लिए क्या प्रमाण होगा अथवा उसे किसकी अपेक्षा है? वृद्धों के वचनानुसार 'जिसकी कृपा से प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय तथा प्रमिति होती है, उसकी सिद्धि के लिए किसकी अपेक्षा है'। किन्तु वेदान्त प्रमाण से उसका बोध होता है। किस प्रकार वेदान्त का आत्मा के विषय में प्रमाण है? इस पर कहते हैं - आत्मा में अध्यस्त सभी विशेषों का सम्पूर्ण रूप से निरास कर वेदान्त प्रतिपाद्य, अधिष्ठान रूप, निर्विशेष, सत् मात्र आत्मा को जाना जाता है। आत्मा अवाच्य होने के कारण उसके द्वारा उनका प्रामाण्य साक्षात् नहीं जाना जा सकता। श्रुति सिद्ध है 'हे मैत्रेयि! विज्ञाता को किसके द्वारा जानें?' (बृ० उ० २।४।१४)। आत्मा का स्वतः ही प्रामाण्य है अपने में अध्यस्त सभी प्रमाण, प्रमेय के होने तथा न होने का प्रकाशक होने से तथा स्वयं प्रकाश होने से।

मायाकार्यैस्तिरोभूतो नैष आत्मानुभूयते । मेघवृन्दैर्यथा भानुस्तथायमहमादिभिः ॥४७७॥

यथा मेघवृन्दैर्मेघानां वृन्दाः समूहा मेघवृन्दास्तै**स्तिरोभूत** आवृतो **भानुर्नानुभूयते** न चक्षुषा ग्राह्यो भवति **तथा मायाकार्यैर्मा**यायाः कार्याणि परिणामाः मायाकार्याणि तैर्मायाकार्यै**रहमादिभिर्यु**ष्मत्प्रत्ययगोचरैरनात्मभिस्तिरोभूत **एष आत्मा** नानुभूयते मोहितैः। *"अहं मम"* इत्यभिमानेनावृतो स्वस्वरूपं नाभिजानातीति। *"त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत्। मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम्"* इति स्मृतिः।

जैसे मेघ समुदाय से सूर्य [अनुभव में नहीं आता], वैसे ही यह आत्मा माया के कार्यों से आवृत हुआ अहं आदि के द्वारा अनुभव में नहीं आता ॥४७७॥

जैसे मेघ समूह से आवृत सूर्य नेत्रों का विषय नहीं होता, वैसे ही यह आत्मा माया के कार्यों, परिणामों के द्वारा युष्मत्प्रत्यय गोचर अनात्मा से आवृत्त हुआ मोहित जनों के द्वारा अनुभव में नहीं आता। 'मैं, मेरा' इस अभिमान से आवृत अपने स्वरूप को नहीं जानता। स्मृति अनुसार 'त्रिगुणों से उत्पन्न इन भावों से सम्पूर्ण जगत् मोहित हुआ इन (गुणों) से परे अव्यय स्वरूप मुझे नहीं जानता है' (भ० गी० ७।१३)।

पुरस्थ एव विषये वस्तुन्यध्यस्यतामिति। नियमो न कृतः सद्भिर्भ्रान्तिरेवात्र कारणम् ॥४७८॥

सद्भिः शास्त्रज्ञैर्वेदान्तवेदिभिः **पुरस्थे** पुरोऽवस्थित **एव विषये**ऽधिष्ठानभूते **वस्तुन्य**न्यवस्तु विषयान्तर**मध्यस्यतामिति नियमो न कृतः**। इन्द्रियसम्प्रयुक्ततया परिच्छिन्नत्वेन स्थिते विषय एव विषयान्तरमध्यस्यतामिति न समीचीनं मतम्। **अत्रा**स्मिन्नध्यासविषये **भ्रान्तिरेव कारणं** हेतुः।

यदा भवानाक्षिपति - आत्मनो विषयत्वं न शक्यते कल्पयितुम्, युष्मत्प्रत्ययापेतत्त्वात्। पुरःस्थितत्वमपि न शक्यते कल्पयितुम्, इन्द्रियाग्राह्यत्वात् प्रत्यक्त्वाच्च तथा परिच्छिन्नत्वमपि न, व्यापित्वादिति तदा न चायमस्ति नियमः। एकस्मिञ्ज्ञाने सम्भिन्नतया स्फुरणयोग्यत्वमेवारोप्याधिष्ठानयोः प्रयोजकमध्यासस्य तद्भ्रान्त्या सम्भवत्येवेति।

सन्मुख वस्तु में ही अध्यास हो, यह नियम सत्पुरुषों द्वारा नहीं किया गया है, इस विषय में भ्रान्ति ही कारण है ॥४७८॥

वेदान्त शास्त्र को जानने वालों के द्वारा सामने स्थित अधिष्ठान भूत वस्तु में ही अन्य वस्तु अध्यस्त हो - ऐसा नियम नहीं किया गया है। 'इन्द्रियों के द्वारा संयुक्त (ग्राह्य), परिच्छिन्न वस्तु में ही अन्य वस्तु अध्यस्त हो' यह मत समीचीन नहीं है। यहाँ अध्यास के विषय में भ्रान्ति ही कारण है।

यदि आप ऐसा आक्षेप करते हैं कि आत्मा का विषय रूप में कल्पना करना सम्भव नहीं है क्योंकि वह 'युष्मत्-प्रत्यय गोचर' नहीं है। इन्द्रियों के द्वारा अग्राह्य, प्रत्यक् तथा सर्वव्यापी होने से अपरिच्छिन्न होने के कारण सामने स्थित होना भी नहीं माना जा सकता। वहाँ ऐसा कोई नियम नहीं है। एक ही ज्ञान में आरोप्य तथा अधिष्ठान के भिन्न स्फुरण (प्रतीति) की योग्यता ही अध्यास का कारण है; वह भ्रान्ति से ही सम्भव है।

दृगाद्यविषये व्योम्नि नीलतादि यथाऽबुधाः । अध्यस्यन्ति तथैवास्मिन्नात्मन्यपि मतिभ्रमात् ॥४७९॥

यथाऽबुधा अज्ञा **दृगाद्यविषये** दृगादीनां चक्षुरादीन्द्रियाणामविषयेऽप्रत्यक्षे **व्योम्न्या**काशे **नीलतादि** यथा तलमलिनता**द्यध्यस्यन्त्या**रोपयन्ति **तथैव मतिभ्रमान्म**तेर्बुद्धेर्भ्रमाद्भ्रान्त्याऽविषये चिदात्मके प्रत्यग्वस्तु**न्यस्मिन्नात्मन्य**प्यध्यस्यन्ति। यस्मादात्मानात्मनोः सम्भिन्नत्वेन स्फुरणं भवति तस्मादपरोक्षाऽऽत्माप्यध्यासस्याधिष्ठानं भवितुमर्हति। तथा च यथोक्तमात्मा नैकान्तेनाविषय इति। उक्तं हि शारीरकमीमांसोपोद्घातभाष्ये - *"न चायमस्ति नियमः पुरोऽवस्थित एव विषये विषयान्तरमध्यसितव्यमिति। अप्रत्यक्षेऽपि ह्याकाशे बालास्तलमलिनताद्यध्यस्यन्ति। एवमविरुद्धः प्रत्यगात्मन्यप्यनात्माध्यासः"*।

जिस प्रकार अविवेकी नेत्र आदि से अग्राह्य नीलता आदि का अध्यास आकाश में करते हैं, वैसे ही वे बुद्धि के भ्रम दोष से आत्मा में भी अध्यास का आरोप करते हैं ॥४७९॥

जिस प्रकार अज्ञानी चक्षु आदि इन्द्रियों के अविषय, अप्रत्यक्ष आकाश में नीलता अर्थात् तल, मलिनता आदि आरोपित करते हैं, वैसे ही वे बुद्धि के भ्रम दोष से अविषय, चित् स्वरूप, प्रत्यक् आत्मा में भी अध्यास का आरोप करते हैं। क्योंकि आत्मा-अनात्मा का भिन्न स्फुरण होता है, इसीलिए अपरोक्ष आत्मा को अध्यास का अधिष्ठान होना सम्भव है। इसके अतिरिक्त आत्मा सर्वथा अविषय नहीं कहा जा सकता। शारीरक मीमांसा के उपोद्घात भाष्य में बताया भी गया है - 'ऐसा नियम नहीं है कि सामने स्थित प्रत्यक्ष वस्तु में अन्य वस्तु का अध्यारोप हो। जैसे आकाश इन्द्रिय ग्राह्यय नहीं है, फिर भी अविवेकी उस आकाश में नील कटाह रूपता तथा मलिनता का अध्यास करते हैं। वैसे ही प्रत्यक् आत्मा में भी अनात्मा का अध्यास मानना कोई विरुद्ध नहीं है'।

यद्भवता पृष्टं "प्रत्यगात्मन्यविषये कथमनात्माध्यासः" इति तस्य समाधानमुक्तमात्मनोऽनुभूतिस्वरूपं चापरोक्षतया

प्रसिद्धमिति। अधुनाऽऽत्मनोऽत्यन्तविरुद्धेऽनात्मनि कथं सादृश्यमिति प्रश्नस्योत्तरमाचार्यैर्वक्तुमारभ्यतेऽनात्मनीति।

तुम्हारे द्वारा पूछा गया 'अविषय प्रत्यक् आत्मा में किस प्रकार अनात्मा का अध्यास होता है' इसका उत्तर कहा जा चुका है। आत्मा अनुभूति स्वरूप तथा अपरोक्ष रूप से प्रसिद्ध है। अब 'आत्मा का अत्यन्त विरुद्ध अनात्मा से किस प्रकार सादृश्य है' - इस प्रश्न का उत्तर आचार्य के द्वारा आरम्भ किया जा रहा है 'अनात्मनि' इत्यादि से -

अनात्मन्यात्मताध्यासे न सादृश्यमपेक्षते । पीतोऽयं शङ्ख इत्यादौ सादृश्यं किमपेक्षितम् ॥४८०॥

अनात्मनि स्थूलसूक्ष्मकारणसङ्घात **आत्मताध्यासे** चैतन्याध्यासेऽहं इदमस्मीति भावनायां **सादृश्यं** तुल्यत्वं **नापेक्षते**। एतद्दृष्टान्तेन विशदयति। **अयं शङ्खः पीत इत्यादौ किं सादृश्यमपेक्षितं** वद। सादृश्यज्ञानस्याध्यासकारणत्वे रजताद्यध्यासेष्वेव तत्कारणत्वं न तु पीतशङ्खाद्यध्यासेष्विति।

अनात्मा में आत्मत्व के अध्यास में सादृश्य अपेक्षित नहीं है। 'यह शङ्ख पीला है' इत्यादि अध्यास में क्या सादृश्य अपेक्षित है? ॥४८०॥

अनात्मा अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म, कारण सङ्घात में चैतन्य के अध्यास में 'मैं यह हूँ' इस प्रकार की भावना का तुल्यत्व अपेक्षित नहीं है। इसे दृष्टान्त के द्वारा बताते हैं। 'यह शङ्ख पीला है' इत्यादि अध्यास में क्या सादृश्य अपेक्षित है? कहो। सादृश्य ज्ञान के अध्यास का रजत आदि अध्यास में कारणत्व है, किन्तु वह कारणत्व पीत शङ्ख आदि अध्यास में नहीं है।

तदेव स्पष्टीकरोति सोपाधिकनिरुपाधिकभ्रमभेदनिरूपणेन निरुपाधीति।

उसी को ही सोपाधिक-निरुपाधिक भ्रम भेद के निरूपण से स्पष्ट करते हैं 'निरुपाधि' इत्यादि से -

निरुपाधिभ्रमेष्वस्मिन्नैवापेक्षा प्रदृश्यते । सोपाधिष्वेव तद् दृष्टं रज्जुसर्पभ्रमादिषु ॥४८१॥

अस्मिँल्लोके **निरुपाधिभ्रमेषु** निर्गता उपाधयो येभ्यः ते निरुपाधयस्ते च भ्रमाः निरुपाधिभ्रमास्तेषु सादृश्य**स्यापेक्षा नैव प्रदृश्यते**। **सोपाधिषू**पाधियुक्तेषु **रज्जुसर्पभ्रमादिषु** भ्रमे**ष्वेव तद् दृष्टम्**।

शिष्यस्यानुमानम् - आत्मन्यनात्माध्यासो न सम्भाव्यते, सादृश्याभावात्, यत्र यत्राध्यासस्तत्र तत्राधिष्ठानाध्यस्तयोः सादृश्यम्, रज्जुसर्पवत्। परन्त्वेतत्सोपाधिकभ्रमेष्वेव दृष्टं न तु निरुपाधिकेषु। रज्जौ सर्पभ्रमस्तथा शुक्तौ रजतभ्रमः सोपाधिकभ्रमस्य दृष्टान्तौ तत्र सादृश्यमपेक्षितम्। यथाऽऽत्मन्यहङ्काराध्यासस्तथा ब्रह्मणि जगदध्यासो निरुपाधिकभ्रमो, शङ्खे पीतत्वभ्रमो न सादृश्यमपेक्षते।

यस्माच्छुक्तावपरोक्षस्य रजतस्य देशान्तरे (यथाऽन्यथाख्यातिवादिनस्तार्किकाः कौमारिलाश्च मन्यन्ते) बुद्धौ (यथाऽऽत्मख्यातिवादिनो विज्ञानवादिनो मन्यन्ते) वा सत्त्वायोगात्, शून्यत्वे (यथाऽसत्ख्यातिवादिनः शून्यवादिनो मन्यन्ते) प्रत्यक्षत्वायोगात्, शुक्तौ सत्त्वे भ्रमाभावे (यथाऽख्यातिवादिनः प्राभाकरा मन्यन्ते) बाधायोगाद्रजतस्य मिथ्यात्वं सिद्धमेवं 'परत्र परावभासः' इति सर्वतन्त्रसिद्धान्तलक्षणमप्यविरुद्धम्। तद्वदात्मन्यहङ्कारस्तथा ब्रह्मणि जगन्मिथ्याऽनिर्वचनीयमवभासत इति।

(कोष्ठकः १५) ख्यातिवादाः		
दार्शनिकाः	**ख्यातिः**	**(शुक्तौ प्रतिभासमानस्य रजतस्य) मिथ्यात्वहेतुः**
तार्किकाः, कौमारिलाः	अन्यथाख्यातिः	देशान्तरे सत्त्वायोगात्
विज्ञानवादिनः	आत्मख्यातिः	बुद्धौ सत्त्वायोगात्
शून्यवादिनः	असत्ख्यातिः	शून्यत्वे प्रत्यक्षत्वायोगात्
प्राभाकराः	अख्यातिः	शुक्तौ सत्त्वे भ्रमाभावे बाधायोगात्
वेदान्तवादिनः	अनिर्वचनीयख्यातिः	प्रतीयमानत्वेऽपि बाधितत्वात् (नासन्न सन्नाप्युभयम्) शुक्तिरजतमनिर्वचनीयम्

इस लोक में उपाधि शून्य भ्रान्ति स्थल में सादृश्य की अपेक्षा नहीं देखी जाती, उपाधि युक्त भ्रान्ति स्थल रज्जु सर्प आदि में ही सादृश्य देखा गया है ॥४८१॥

इस लोक में उपाधि शून्य (जिससे उपाधियाँ चली गयीं हैं) भ्रान्ति स्थल में सादृश्य की अपेक्षा नहीं देखी जाती, उपाधि युक्त भ्रान्ति स्थल रज्जु सर्प आदि भ्रमों में ही वह (सादृश्य) देखा गया है।

शिष्य का अनुमान है - सादृश्य अभाव के कारण आत्मा में अनात्मा का अध्यास सम्भव नहीं है। जहाँ-जहाँ अध्यास है, वहाँ-वहाँ अधिष्ठान-अध्यस्त में सादृश्य होता है, रज्जु सर्प के जैसे। परन्तु ऐसा सोपाधिक भ्रमों में ही देखा जाता है, निरुपाधिक में नहीं। रज्जु में सर्प का भ्रम तथा शुक्ति में रजत का भ्रम सोपाधिक भ्रम के दृष्टान्त हैं, वहाँ सादृश्य अपेक्षित है। जैसे आत्मा में अहङ्कार का अध्यास तथा ब्रह्म में जगत् का अध्यास निरुपाधिक भ्रम है। शङ्ख में पीतत्व भ्रम में सादृश्य अपेक्षित नहीं है।

क्योंकि शुक्ति में अपरोक्ष रजत का मिथ्यात्व सिद्ध किया जा चुका है, देशान्तर में उसके न होने के कारण (जैसे अन्यथा ख्याति सिद्धान्त वाले तार्किक तथा कौमारिल मानते हैं) अथवा बुद्धि में (जैसे आत्म ख्याति सिद्धान्त वाले विज्ञानवादी मानते हैं); प्रत्यक्ष अनुभव न होने के कारण शून्य में (जैसे असत् ख्याति सिद्धान्त वाले शून्यवादी मानते हैं); शुक्ति में भ्रम के अभाव में सत्त्व होना बाध अयोग्य होने के कारण (जैसा अख्याति वादि प्राभाकर मानते हैं) - 'एक वस्तु का दूसरी वस्तु के रूप में प्रतीत होना' (अध्यास भाष्य) यह सर्वतन्त्र सिद्धान्त लक्षण भी अविरुद्ध (विरोध रहित) है। वैसे ही आत्मा में अहङ्कार तथा ब्रह्म में जगत् मिथ्या, अनिर्वचनीय रूप से भासता है।

यद्यपि शुक्तौ रजतभ्रमश्चाकचिक्योपाधिदर्शनाच्च रज्जौ सर्पभ्रमो दैर्घ्यस्तथा निर्ल्वयनीवद्दर्शनाद्भवति तद्वदात्माऽनात्मनोः सादृश्यं नैव वर्तते तथापि गुरुः किञ्चित्सादृश्यं दर्शयति तथापीति।

यद्यपि शुक्ति में रजत का भ्रम चमक रूपी उपाधि के दर्शन से तथा रज्जु में सर्प का भ्रम केंचुली के समान दैर्घ्य के दर्शन से होता है, उसी प्रकार आत्मा-अनात्मा का सादृश्य हो ही नहीं सकता। तथापि गुरु किञ्चित् सादृश्य दिखाते हैं 'तथापि' इत्यादि से -

तथापि किञ्चिद्वक्ष्यामि सादृश्यं शृणु तत्परः । अत्यन्तनिर्मलः सूक्ष्म आत्मायमतिभास्वरः ॥४८२॥

बुद्धिस्तथैव सत्त्वात्मा साभासा भास्वराऽमला । सान्निध्यादात्मवद्भाति सूर्यवत्स्फटिको यथा ॥४८३॥

तथापि किञ्चित्सादृश्यमात्माहङ्कारयो**र्वक्ष्यामि तत्परः** सावधानो भूत्वा **शृणु**। **अयमात्मा** सच्चिदानन्दः स**न्नत्यन्तनिर्मलो**ऽत्यन्तस्वच्छः **सूक्ष्मस्तथाऽतिभास्वरो**ऽत्यन्तज्ञानस्वरूपः स्वयं ज्योतिस्वरूप इत्यर्थः। **तथैव बुद्धिः**

साभासाऽऽभासेन सहिता **सत्त्वात्मा** सत्त्वोपादानत्वात्सत्त्वस्वरूपा तस्माच्चिदाभासेन युक्ता **भास्वरा** ज्ञानसमर्था तथा**ऽमला**स्ति। **यथा स्फटिकः** सूर्यस्य **सान्निध्यात्**सामीप्यात्**सूर्यवद्भा**ति प्रकाशते तद्वदियं बुद्धिरपि सच्चिदानन्दात्मनोऽत्यन्त-सान्निध्या**दात्मवद्भाती**त्यर्थः। साभासा बुद्धिरेव साभासाहङ्कारः।

(कोष्ठकः १६) आत्माऽहङ्कारयोः साम्यवैषम्यम्		
आत्माहङ्कारयोः साम्यम्	**आत्माहङ्कारयोर्वैषम्यम्**	
	आत्मा **अहं-पद-लक्ष्यार्थः**	**अहङ्कारः** **अहं-पद-वाच्यार्थः**
सूक्ष्मत्वम्	सत्यः	मिथ्या
प्रत्यक्त्वम्	चैतन्यस्वरूपो द्रष्टा	दृश्यः
बोद्धृत्वम्	अपरिच्छिन्नः	परिच्छिन्नः
	अद्वितीयः	सद्वितीयः
	निर्विकारः	सविकारः
	सर्वदृक्	क्रमदृक्
	तापत्रयविनिर्मुक्तः	तापत्रयसन्तप्तः
	निर्गुणः	सगुणः
	स्वतःप्रकाशः	परतःप्रकाशः

तो भी किञ्चित् सादृश्य कहूँगा, जिसे सावधान होकर सुनो! यह आत्मा अत्यन्त निर्मल, अति सूक्ष्म व अत्यन्त दीप्तिमान् है ॥४८२॥

वैसे ही बुद्धि भी सत्त्व गुण रूप, चैतन्य के प्रतिबिम्ब से युक्त, दीप्त तथा मल रहित है जैसे स्फटिक सूर्य के सान्निध्य से सूर्य के समान प्रकाशित होता है ॥४८३॥

तो भी आत्मा-अहङ्कार में किञ्चित् सादृश्य कहूँगा, सावधान होकर सुनो! यह सच्चिदानन्द आत्मा अत्यन्त स्वच्छ, सूक्ष्म तथा अत्यन्त ज्ञान स्वरूप, स्वयं ज्योति स्वरूप है - ऐसा अर्थ है। वैसे ही बुद्धि आभास सहित होने से साभासा, सत्त्व इसका उपादान होने से सत्त्व स्वरूपा है, इसीलिए ये चिदाभास से युक्त ज्ञानसमर्था तथा मल रहित है। जैसे सूर्य के सामीप्य से स्फटिक सूर्य के समान प्रकाशित होता है, वैसे ही यह बुद्धि भी सच्चिदानन्द आत्मा के अत्यन्त सान्निध्य से आत्मा के समान भासती है। साभासा बुद्धि ही साभास अहङ्कार है।

आत्माभासा ततो बुद्धिर्बुद्ध्याभासं ततो मनः। अक्षाणि मनआभासान्यक्षाभासमिदं वपुः ।
अत एवात्मताबुद्धिर्देहाक्षादावनात्मनि ॥४८४॥

तत आत्मबुद्ध्योरात्माहङ्कारयोरत्यन्तसामीप्यात्तथा बुद्धेः स्वच्छत्त्वाद्बुद्धौ चित्प्रतिबिम्बमभिव्यनक्ति। तदा **बुद्धिरात्माभासा ततो मनो बुद्ध्याभासं** बुद्धिवत्साभासं दृश्यते बुद्धेः सामीप्यात्तथा**ऽक्षाणि** ज्ञानकर्मेन्द्रियाणि **मनआभासानि** तथे**दं वपुरक्षाभासम**िति। **अत एवानात्मनि** विषये जडात्मके **देहाक्षादौ** देहश्चाक्षाणीन्द्रियाणि च देहाक्षाणि तान्यादीनि येषां तेषु देहाक्षादा**वात्मताबुद्धिरात्-**मताऽहम्भावो भवतीत्यर्थः।

इस प्रकार बुद्धि आत्मा के समान भासने लगती है, मन बुद्धि के समान भासता है, नेत्र आदि इन्द्रियाँ मन के समान भासने लगती हैं, साभास इन्द्रियों से यह स्थूल शरीर भी आभास युक्त होता है। इस कारण से ही देह, नेत्र आदि अनात्मा में आत्मत्व बुद्धि होती है ॥४८४॥

इस प्रकार आत्मा-बुद्धि अथवा अहङ्कार की अत्यन्त समीपता तथा बुद्धि की स्वच्छता के कारण बुद्धि में आत्मा के प्रतिबिम्ब की अभिव्यक्ति होने लगती है। तब बुद्धि के सामीप्य से मन बुद्धि के समान साभास वाला होता है तथा ज्ञान-कर्मेन्द्रियाँ मन के समान भासने लगती हैं तथा यह स्थूल शरीर भी आभास युक्त होता है। इससे ही जडात्मक विषय रूप देह, नेत्र आदि अनात्मा में आत्मत्व बुद्धि अर्थात् अहं भाव होता है - यह अर्थ है।

मूढानां प्रतिबिम्बादौ बालानामिव दृश्यते । सादृश्यं विद्यते बुद्धावात्मनोऽध्यासकारणम् ॥४८५॥

बालानां प्रतिबिम्बादौ दर्पणे जलाशये वा प्रतिबिम्बेऽथवा स्वप्नमाययोस्तथा गन्धर्वनगरचलच्चित्रादौ सत्यत्वं तादात्म्यं तथा शोभनाध्यास **इव मूढानाम**विवेकिनामनात्मसु सत्यत्वं तादात्म्यं तथा शोभनाशोभनाध्यासो **दृश्यते**। **बुद्धावध्यासकारणम**ध्यासस्य कारण**मात्मनः सादृश्यं** यथा पूर्वं प्रदर्शितं तथा **विद्यत** इति।

जैसे बालकों को प्रतिबिम्ब आदि में सादृश्य के कारण अध्यास दिखाई देता है, वैसे ही अज्ञानियों की आत्मत्व बुद्धि होती देखी जाती है एवं बुद्धि में अध्यास का कारण आत्मा का सादृश्य है ॥४८५॥

जैसे बालकों को दर्पण, जलाशय या प्रतिबिम्ब अथवा स्वप्न, माया तथा गन्धर्व नगर, चलचित्र आदि में सत्यत्व, तादात्म्य तथा शोभन अध्यास दिखाई देता है, वैसे ही अविवेकियों को अनात्मा में सत्यत्व, तादात्म्य तथा शोभन-अशोभन अध्यास दिखाई देता है। बुद्धि में अध्यास का कारण आत्मा का सादृश्य है जैसा पूर्व में दिखाया गया है।

अनात्मन्यहमित्येव योऽयमध्यास ईरितः । स्यादुत्तरोत्तराध्यासे पूर्वपूर्वस्तु कारणम् ॥४८६॥

अनात्मनि देहेन्द्रियप्राणमनबुद्ध्यादिषु पञ्चकोशेष्व**हमित्येव योऽयमध्यासो**ऽतस्मिंस्तद्बुद्धि**रीरितः** *"आत्माभासा ततो बुद्धिर्बुद्ध्याभासं ततो मनः"* इत्यस्मिञ्छ्लोके त**त्रोत्तरोत्तराध्यासे पूर्वपूर्वस्तु कारणं स्यात्**। बुद्धावहमध्यासात्प्रमातृत्वप्राप्तिर्भवति तदनन्तरं मनस्यध्यासादन्तःकरणवान्, प्राणेष्वध्यासात्क्षुत्पिपासावान्, तथेन्द्रियेष्वध्यासाद्द्रष्टा, श्रोता, गन्ता, ग्रहीतेत्यादयस्तथा तेषामधिष्ठानस्य देहस्यात्मन्यध्यासान्मनुष्योऽहं, ब्राह्मणोऽहमित्यादिभ्रान्तिर्भवतीत्यर्थः।

अनात्मा में 'मैं हूँ' इस प्रकार का ही जो अध्यास कहा गया है उत्तरोत्तर अध्यास में पूर्व-पूर्व का अध्यास ही कारण होगा ॥४८६॥

देह, इन्द्रिय, प्राण, मन, बुद्धि आदि पञ्चकोशों में 'मैं हूँ' इस प्रकार जो अध्यास अतस्मिंस्तद्बुद्धि से कहा गया है 'इस प्रकार बुद्धि आत्मा के समान भासने लगती है, मन बुद्धि के समान भासता है' (४८४) इस श्लोक में उत्तरोत्तर अध्यास में पूर्व-पूर्व का अध्यास ही कारण होगा। बुद्धि में 'मैं' अध्यास के कारण प्रमातृत्व की प्राप्ति होती है। उसके पश्चात् मन के अध्यास से अन्तःकरण से युक्त होता है, प्राणों के अध्यास से भूख-प्यास से युक्त तथा इन्द्रियों के अध्यास से द्रष्टा, श्रोता, गन्ता, ग्रहीता इत्यादि तथा उनके अधिष्ठान के अध्यास से देह जिससे आत्मा में 'मैं मनुष्य हूँ', 'मैं ब्राह्मण हूँ' इत्यादि भ्रान्ति होती है - ऐसा अर्थ है।

देह अध्यास कार्य है और वह तब तक नहीं कटेगा जब तक कारण अध्यास निवृत्त नहीं होगा

सुप्तिमूर्छोत्थितेष्वेव दृष्टः संसारलक्षणः । अनादिरेषाविद्यातः संस्कारोऽपि च तादृशः ॥४८७॥

संसारलक्षणः संसारो लक्षणं यस्य स संसारलक्षण अध्यासः। स च **सुप्तिमूर्च्छोत्थितेषु** सुप्तिश्च मूर्च्छा च सुप्तिमूर्च्छे तयोरुत्थितेषु सुप्तिमूर्च्छोत्थितेष्**वेव दृष्टो। एषाऽविद्याऽनादिरतः संस्कारस्तादृशः।** अध्यासजन्या वासना द्वैतबुद्धेः सत्यत्व**मपि** तादृशम्। उक्तं

हि *"अभूताभिनिवेशाद्धि सदृशे तत्प्रवर्तते"*, *"अभूताभिनिवेशोऽस्ति द्वयं तत्र न विद्यते"*, *"अनादि मायया सुप्तः"* इति। तथा च *"न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च सम्प्रतिष्ठा"* इति स्मृतिः। *"पुरुषं प्रकृतिं चैव विद्ध्यनादी उभावपि"* इति च। *"अजामेकां"* इति श्रुतिश्च। आदिर्न विद्यते यस्याः साऽविद्याऽनादिः कारणरहिता, सर्वेषां कार्याणां कारणत्वान्न तस्याः कारणं विद्यते। अस्माकमद्वैतिनां षडनादयः - *"जीव ईशो विशुद्धाचित्तथा जीवेशयोर्भिदा। अविद्या तच्चितोर्योगः षडस्माकमनादयः॥"* इति।

सुषुप्ति तथा मूर्च्छा से उठे हुए प्राणियों में ही संसार रूप लक्षण देखा गया है। यह अविद्या अनादि है, इससे संस्कार भी वैसे ही हैं ॥४८७॥

सुषुप्ति तथा मूर्च्छा से उठे हुए प्राणियों में संसार ही लक्षण है जिसका - ऐसा संसार रूप लक्षण अर्थात् अध्यास देखा गया है। यह अविद्या अनादि है, अतः इससे संस्कार भी वैसे ही हैं। अध्यास जनित वासना तथा द्वैतबुद्धि में सत्यत्व भी समान ही हैं। कहा भी गया है 'असत्य द्वैत के सत्यत्वाग्रह से ही चित्त तदनुरूप विषयों में प्रवृत्त होता है' (मा० का० ४।७९), 'असत्य द्वैत में लोगों को केवल आग्रह है', 'वहाँ (परमार्थ वस्तु में) द्वैत की गन्ध भी नहीं (क्योंकि मिथ्या आग्रह ही जीव के जन्म का कारण है)' (मा० का० ४।७५), 'अनादि माया से सोया हुआ' (मा० का० १।१६) तथा स्मृति भी कहती है 'इस (संसार वृक्ष) का स्वरूप जैसा कहा गया है वैसा यहाँ उपलब्ध नहीं होता है, क्योंकि इसका न आदि है और न अन्त और न प्रतिष्ठा ही है' (भ० गी० १५।३), 'प्रकृति और पुरुष इन दोनों को ही तुम अनादि जानो' (भ० गी० १३।२०), 'एक, अजन्मा' (श्वे० उ० ४।५) श्रुति से भी यही सिद्ध होता है। जिसका आदि नहीं है वह अविद्या अनादि तथा कारण रहित है। सभी कार्यों का कारण होने से उसका कारण नहीं देखा जाता। हम अद्वैतियों के लिए छः वस्तुयें अनादि हैं - 'जीव, ईश, विशुद्ध चित् (शुद्ध चैतन्य), जीव और ईश में भेद, अविद्या तथा चित्-अचित् का योग - ये छः हमारे (वेदान्तियों के मत में) अनादि हैं'।

अधुना "अनात्मन्यात्माध्यासः कथमागतः" इत्यस्य प्रश्नस्योत्तरं वक्ष्यति पञ्चदशैः श्लोकैरध्यासेति।

अब 'अनात्मा में आत्मा का अध्यास कैसे आ गया' पन्द्रह श्लोकों के द्वारा इस प्रश्न का उत्तर बताते हैं 'अध्यास' इत्यादि से -

अध्यासबाधागमनस्य कारणं श्रृणु प्रवक्ष्यामि समाहितात्मा ।
यस्मादिदं प्राप्तमनर्थजातं जन्माप्ययव्याधिजरादिदुःखम् ॥४८८॥

हे सोम्याथ ते**ऽध्यासबाधागमनस्या**नादिरनन्तो नैसर्गिकोऽध्यासः स एव बाधा प्रतिबन्धोऽध्यासबाधा तस्याऽऽगमनमध्यासबाधागमनं तस्य **कारणं** हेतुं **प्रवक्ष्यामि** सम्प्रवक्ष्यामि सम्यक् प्रकर्षेण च वक्ष्यामि कथयिष्यामि **समाहितात्मा** समाहित आत्माऽन्तःकरणं मनो यस्य स समाहितात्मैकाग्रचित्तो भूत्वा **श्रृणु यस्मादिदं जन्माप्ययव्याधिजरादिदुःखं** जन्म चाप्ययश्च विनाशश्च व्याधिश्च रोगश्च जरा च जन्माप्ययव्याधिजरास्ता आदयो येषां ते जन्माप्ययव्याधिजरादयस्तेषां दुःखं जन्माप्ययव्याधिजरादिदुःख**मनर्थजातम**नर्थानां जातं समूहः **प्राप्तम**िति। तेषामनर्थानां विस्तृतवर्णनं पूर्वमेव कृतम् (श्लोकाः २८-३४) इति।

अध्यास जनित बाधा के आगमन का कारण कहूँगा, जिसे तुम समाहित चित्त होकर सुनो! जिससे यह अनर्थ समुदाय - जन्म, मरण, व्याधि, जरा आदि दुःख प्राप्त होता है ॥४८८॥

हे सोम्य! अब तुम्हारे प्रति अनादि, अनन्त नैसर्गिक अध्यास, वह ही बाधा, प्रतिबन्ध है उसके आगमन का हेतु भली प्रकार कहूँगा, जिसे तुम समाहित अन्तःकरण है जिसका ऐसे एकाग्र चित्त होकर सुनो! जिससे यह अनर्थों का समूह - जन्म, मरण, व्याधि, जरा आदि दुःख प्राप्त होते हैं। उन अनर्थों का विस्तार से वर्णन पूर्व में ही श्लोक २८ से ३४ तक किया जा चुका है।

आत्मोपाधेरविद्याया अस्ति शक्तिद्वयं महत् । विक्षेप आवृतिश्चेति याभ्यां संसार आत्मनः ॥४८९॥

आत्मोपाधेरात्मन उपाधिरात्मोपाधिस्तस्याऽऽत्मोपाधे**रविद्याया महच्छक्तिद्वयमस्ति विक्षेप आवृतिश्चा**वरणं **चेति**। **याभ्यामात्मनो** जीवात्मनश्चिदाभासस्य **संसारो**ऽनर्थसमूह आयातीति।

आत्मा की उपाधि अविद्या की विक्षेप तथा आवृति नामक दो महान् शक्तियाँ हैं, जिनसे आत्मा को संसार होता है ॥४८९॥

आत्मा की उपाधि अविद्या की विक्षेप तथा आवरण नामक दो महान् शक्तियाँ हैं, जिनसे जीवात्मा चिदाभास को संसार अर्थात् अनर्थ समूह प्राप्त होता है ।

आवृतिस्तमसः शक्तिस्तद्ध्यावरणकारणम् । मूलाविद्येति सा प्रोक्ता यया संमोहितं जगत् ॥४९०॥

आवृतिः शक्तिरावरणशक्ति**स्तमसस्त**मोगुणस्याभिव्यक्तिः। **तद्ध्यावरणकारणमा**वरणस्य कारणम्। **सा** शक्तिरावरणात्मिका **मूलाविद्येति** नाम्ना **प्रोक्ता यया जगत्स**र्वं लोकं **संमोहितं** मायाशक्तिविलासकल्पितमहाव्यामोहितं मोहप्राप्तमित्यर्थः। यस्य मुमुक्षोर्ब्रह्मात्मैक्यज्ञानेन मूलाविद्या विनष्टा तस्यैव मुक्तिर्भवति न त्वन्येषां जीवानाम्, तेषां कृते तु मूलाविद्या वर्तत एव। यथा येन पुरुषेण रज्जुज्ञानेन सर्पभ्रान्तेर्निवारणं कृतं तस्यैव रज्जुदर्शनं न त्वन्येषामिति।

आवृति तमोगुण की शक्ति है, वह ही आवरण का कारण है। वह मूल अविद्या इस नाम से कही गई है, जिससे सारा जगत् सम्मोहित है ॥४९०॥

आवरण शक्ति तमोगुण की अभिव्यक्ति है। वह ही आवरण का कारण है। वह आवरण शक्ति मूल अविद्या इस नाम से कही गई है, जिससे सारा जगत् मायाशक्ति के विलास से कल्पित विशेष मोह को प्राप्त हो रहा है। जिस मुमुक्षु की ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान से मूल अविद्या नष्ट होती है, उसकी ही मुक्ति होती है, अन्य जीवों की नहीं। उनके लिए तो मूल अविद्या वैसे ही बनी रहती है। जैसे जिस पुरुष के द्वारा रज्जु ज्ञान से सर्प भ्रान्ति का निवारण कर लिया गया है उसे ही रज्जु दर्शन होता है, अन्य को नहीं।

विवेकवानप्यतियौक्तिकोऽपि श्रुतात्मतत्त्वोऽपि च पण्डितोऽपि ।
शक्त्या यया संवृतबोधदृष्टिरात्मानमात्मस्थमिमं न वेद ॥४९१॥

विवेकवानात्मानात्मविवेकी साधको**ऽप्यतियौक्तिको** युक्तिकुशलस्तर्कविशारदः प्रौढतर्कादिग्रन्थाध्यापको**ऽपि श्रुतात्मतत्त्वो** श्रुतमात्मतत्त्वं येन स श्रुतात्मतत्त्वो वेदान्तशास्त्रश्रवणसम्पन्नो**ऽपि च पण्डितः** षडङ्गविच्छास्त्रज्ञोऽपि **यया शक्त्या संवृतबोधदृष्टिः** संवृताऽऽवृता बोध एव दृष्टिर्बोधदृष्टिर्ज्ञानचक्षुर्यस्य स संवृतबोधदृष्टि**रात्मस्थं** स्वान्तःकरणे स्थितं नित्योपलब्धिस्वरूप**मिममात्मानम**परिच्छिन्नं त्रैकालिकाबाध्यमद्वितीयं निरतिशयानन्दरूपं **न वेद** जानाति साऽऽवरणशक्तिर्विज्ञेयेति।

विवेकवान भी, बड़ी-बड़ी युक्तियों को जानने वाला भी, आत्म तत्त्व को सुन लेने वाला भी तथा पण्डित भी हो - परन्तु जिसकी ज्ञान दृष्टि आवरण शक्ति से आच्छादित है, वह अपनी बुद्धि में स्थित आत्मा को नहीं जान सकता है ॥४९१॥

आत्मा तथा अनात्मा के भेद को जानने वाला विवेकी साधक भी; युक्ति कुशल, तर्क में प्रवीण, प्रौढ़ तर्क आदि ग्रन्थ का अध्यापक भी; वेदान्त शास्त्र श्रवण सम्पन्न जिसने आत्म तत्त्व का श्रवण भी किया हो, षडङ्गवित् शास्त्रज्ञ भी हो - परन्तु जिसकी दृष्टि, ज्ञान चक्षु आवरण शक्ति से आच्छादित हैं, वह अपने अन्तःकरण में स्थित, नित्य उपलब्धि स्वरूप, अपरिच्छिन्न, तीनों कालों में अबाध्य, अद्वितीय, निरतिशय आनन्द रूप आत्मा को नहीं जान सकता है। उसे ही आवरण शक्ति जानना चाहिए।

अधुना विक्षेपशक्तिं विवृणोति विक्षेपनाम्नीत्यादिना।

अब विक्षेप शक्ति का विवरण करते हैं 'विक्षेपनाम्नी' इत्यादि से -

विक्षेपनाम्नी रजसस्तु शक्तिः प्रवृत्तिहेतुः पुरुषस्य नित्यम् । स्थूलादिलिङ्गान्तमशेषमेतद्यया सदात्मन्यसदेव सूयते ॥४९२॥

रजसो विक्षेपनाम्नी विक्षेप इति नाम यस्याः सा विक्षेपनाम्नी **शक्तिर**विद्या या आत्मोपाधिः। **तु**शब्दोऽवधारणार्थः। विक्षेपशक्तिः **पुरुषस्य नित्यं प्रवृत्तिहेतुः** प्रवृत्तेर्हेतुर्भवत्येव। अथवा विक्षेपशक्तिरेव पुरुषस्य नित्यं प्रवृत्तिहेतुः प्रवृत्तेर्हेतुर्भवति। अथवा विक्षेपशक्तिः पुरुषस्य नित्यमेव प्रवृत्तिहेतुः प्रवृत्तेर्हेतुर्भवति।

यया शक्त्याऽऽ**त्मन्येतत्स्थूलादिलिङ्गान्तं** स्थूलं ब्रह्माण्डमादि यस्य तथा लिङ्गं सूक्ष्मशरीरमहङ्कारोऽन्ते यस्य तत्स्थूलादिलिङ्गान्त**मशेषमसदेव** मिथ्याभूतं विवर्तरूपेण प्रतिभासमानं **सदा** सर्वदा **सूयते** प्रसूयतेऽभिव्यज्यत इति।

रजोगुण की विक्षेप नाम की शक्ति ही पुरुष की नित्य प्रवृत्ति का हेतु है। जिस शक्ति द्वारा स्थूल से लेकर लिङ्ग पर्यन्त यह सब मिथ्या वस्तु आत्मा में ही सदा उत्पादित होती है ॥४९२॥

रजोगुण की विक्षेप नाम की शक्ति ही अविद्या है जो आत्मा की उपाधि है। 'तु' शब्द अवधारण अर्थ में है। विक्षेप शक्ति निश्चित रूप से पुरुष की नित्य प्रवृत्ति का हेतु होती है। अथवा विक्षेप शक्ति ही पुरुष की नित्य प्रवृत्ति का हेतु होती है। अथवा विक्षेप शक्ति पुरुष की नित्य ही प्रवृत्ति का हेतु होती है। जिस शक्ति द्वारा स्थूल से लेकर सूक्ष्म पर्यन्त यह सब मिथ्या वस्तु आत्मा में ही सदा उत्पादित होती है।

जिस शक्ति द्वारा स्थूल ब्रह्माण्ड आदि से लेकर सूक्ष्म शरीर अहङ्कार पर्यन्त यह सब मिथ्या वस्तु ही विवर्त रूप से प्रतिभासमान सर्वदा आत्मा में प्रसूत अर्थात् अभिव्यक्त होती है।

निद्रा यथा पूरुषमप्रमत्तं समावृणोतीयमपि प्रतीचम् । तथावृणोत्यावृतिशक्तिरन्तर्विक्षेपशक्तिं परिजृम्भयन्ती ॥४९३॥

यथा निद्रा सुषुप्ति**रप्रमत्तं** सावधानं **पूरुषं** पुरुषं **समावृणोति तथा विक्षेपशक्तिं परिजृम्भयन्तीयमावृतिशक्तिरप्यन्तरन्**तःस्थितं **प्रतीचं** जीवात्मान**मावृणोति**। विक्षेपशक्तेः कार्यस्य किञ्चित्कालः प्रतिबन्ध एव परिजृम्भणमिति।

जैसे निद्रा अप्रमत्त पुरुष को अच्छी तरह आवृत्त कर देती है, वैसे ही आवरण शक्ति भी विक्षेप शक्ति को बढ़ाती हुई जीवात्मा को आवृत्त कर देती है ॥४९३॥

जैसे सुषुप्ति सावधान पुरुष को अच्छी तरह आवृत्त कर देती है, वैसे ही विक्षेप शक्ति को बढ़ाती हुई यह आवरण शक्ति भी अन्तःस्थित जीवात्मा को आवृत्त कर देती है। बढ़ी हुई विक्षेप शक्ति का कार्य कुछ काल के लिए ही प्रतिबन्ध करना है।

शक्त्या महत्यावरणाभिधानया समावृते सत्यमलस्वरूपे । पुमाननात्मन्यहमेष एवेत्यात्मत्वबुद्धिं विदधाति मोहात् ॥४९४॥

आवरणाभिधानयाऽऽवरणमभिधानमाख्या यस्याः साऽवरणाभिधाना तयाऽऽवरणाभिधानया **महत्या शक्त्याऽमलस्वरूपे**ऽमलं निर्मलं स्वरूपं यस्य सोऽमलस्वरूपस्तस्मिन्नमलस्वरूपे स्वच्छस्वभावे सच्चिदात्मनि स्वयम्प्रकाशे **समावृते सति पुमान्** जीवो **मोहाद**ज्ञानाद**नात्मनि** देहेन्द्रियादिषु पञ्चकोशे**ष्वेषोऽहमेव** "अहमिदं ममेदम्" **इत्ये**वं प्रकारामा**त्मत्वबुद्धिम**ध्यासं **विदधाति** करोत्यर्थः।

आवरण नामक महती शक्ति के द्वारा अमल स्वरूप आत्मा के आवृत होने पर पुरुष मोहवश अनात्मा में 'यह मैं ही हूँ' इस प्रकार आत्मत्व बुद्धि करता है ॥४९४॥

आवरण नामक महती शक्ति के द्वारा अमल स्वरूप, स्वच्छ स्वभाव, सत् चित् आत्मा, स्वयं प्रकाश आत्मा के आवृत होने पर जीव अज्ञान से देह, इन्द्रिय आदि पञ्चकोशों में 'यह मैं हूँ, यह मेरा है' इस प्रकार अध्यास करता है।

दृष्टान्तेन तदेव विवृणोति यथेति।

दृष्टान्त के द्वारा उसका ही विवरण करते हैं 'यथा' इत्यादि से -

यथा प्रसुप्तिप्रतिभासदेहे स्वात्मत्वधीरेष तथा ह्यनात्मनः । जन्माप्ययक्षुद्भयतृट्छ्रमादीनारोपयत्यात्मनि तस्य धर्मान् ॥४९५॥

यथा प्रसुप्तिप्रतिभासदेहे प्रसुप्तौ स्वप्नावस्थायां प्रतिभासत इति प्रसुप्तिप्रतिभासः प्रसुप्तिप्रतिभासश्चासौ देहश्च प्रसुप्तिप्रतिभासदेहस्तस्मिन् प्रसुप्तिप्रतिभासदेहे स्वप्नशरीरे **स्वात्मत्वधीर**हमिदं स्वप्नशरीरमिति बुद्धिर्भवति **तथा ह्येष** पुरुष**स्तस्याऽनात्मनो धर्माञ्जन्माप्ययक्षुद्भयतृट्छ्रमादीञ्ज**न्म चाप्ययश्च मृत्युश्च क्षुच्च भयं च तृड्च श्रमश्च जन्माप्ययक्षुद्भयतृट्छ्रमादयस्ता**नात्मन्यारोपयति**। तत्र जन्माप्ययश्रमादीन् देहधर्मान् क्षुत्तृडादीन् प्राणधर्मान् भयशोककामादीन्मनोधर्मान् कर्तृत्वप्रमातृत्वादीन् बुद्धिधर्मान् तथा भोक्तृत्वादीनानन्दमयकोशधर्मानात्मन्यारोपयन्मोमुह्यत इति।

जैसे स्वप्न काल में भासने वाले देह में स्वात्म बुद्धि होती है, वैसे ही यह [पुरुष] उस अनात्मा के जन्म, मरण, भूख, भय, प्यास, श्रम आदि धर्मों को आत्मा में आरोपित करता है ॥४९५॥

जैसे स्वप्न काल में भासने वाले स्वप्न शरीर में 'मैं, यह मेरा स्वप्न शरीर है' ऐसी बुद्धि होती है, वैसे ही यह पुरुष उस अनात्मा के जन्म, मरण, भूख, भय, प्यास, श्रम आदि धर्मों को आत्मा में आरोपित करता है। वहाँ जन्म, मृत्यु, श्रम आदि देह के धर्मों को; भूख, प्यास आदि प्राण के धर्मों को; भय, शोक, काम आदि मन के धर्मों को; कर्तृत्व, प्रमातृत्व आदि बुद्धि के धर्मों को तथा भोक्तृत्व आदि आनन्दमय कोश के धर्मों को आत्मा में आरोपित करने के कारण बार-बार मोहित होता है।

विक्षेपशक्त्या परिचोद्यमानः करोति कर्माण्युभयात्मकानि । भुञ्जान एतत्फलमप्युपात्तं परिभ्रमत्येव भवाम्बुराशौ ॥४९६॥

परमात्मा सच्चिदानन्द आवरणशक्त्या सम्मोहितः सन् **विक्षेपशक्त्या परिचोद्यमानः** प्रेरित **उभयात्मकानि** पुण्यानि पापानि च **कर्माणि करोति** स्वरूपतोऽकर्ताऽपि कर्ता भवति **तथोपात्तमेतत्फलं** कर्मणः फलं सुखं दुःखं **चापि भुञ्जानो**ऽभोक्ताऽपि भोक्ताभावं प्राप्नुवन् **भवाम्बुराशौ** भव एवाम्बु जलं भवाम्बु तस्य राशिर्भवाम्बुराशिस्तस्मिन् भवाम्बुराशौ विस्तीर्णसंसारसमुद्रे कृतिमहोदधौ पतितः **परिभ्रमत्येवे**ति। *"कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुं च भुञ्जते। नद्यां कीटा इवावर्तादावर्तान्तरमाशु ते। व्रजन्तो जन्मनो जन्म लभन्ते नैव निर्वृतिम्॥", "मृत्योः स मृत्युं गच्छति", "योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः। स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्"।* इति च श्रुतिस्मृती।

विक्षेप शक्ति के द्वारा प्रेरित हुआ [जीवात्मा] दोनों प्रकार के कर्म करता है तथा कर्म से मिले हुए इस फल को भी भोगता हुआ संसार सागर में भ्रमण करता ही रहता है ॥४९६॥

सच्चिदानन्द परमात्मा आवरण शक्ति से मोहित होकर, विक्षेप शक्ति के द्वारा प्रेरित हुआ पुण्य तथा पाप दोनों प्रकार के कर्मों को करता है। स्वरूप से अकर्ता होते हुए भी कर्ता बन जाता है तथा अभोक्ता होते हुए भी कर्मों से मिले हुए फल - सुख तथा दुःख को भोगता हुआ भोक्ता भाव को प्राप्त होता है। संसार ही जिसका जल है, ऐसे कर्मों के विस्तृत संसार समुद्र में गिरकर वह भ्रमण करता ही रहता है। श्रुति तथा स्मृतियों में कहा गया है - '[सुखादि को] भोगने के लिये तो ये कर्म करते हैं तथा कर्म करने के लिये ये भोगों को भोगते हैं' (प० द० १।२९), 'ऐसे ये जीव नदी के उन कीडों की तरह हैं जो एक आवर्त से निकलकर झटपट दूसरे आवर्त में जा फँसते हैं। ऐसे ही ये जीव भी

जन्म से जन्म को पाते रहते हैं। इन्हें कभी भी विश्राम सुख नहीं मिलता' (प० द० १।३०), 'वह मृत्यु से मृत्यु को जाता है' (क० उ० २।१।११), 'अपने कर्म तथा ज्ञान के अनुसार कितने ही देहधारी तो शरीर धारण करने के लिए किसी योनि को प्राप्त होते हैं और कितने ही स्थावर भाव को प्राप्त हो जाते हैं' (क० उ० २।२।७)।

अध्यासदोषात्समुपागतोऽयं संसारबन्धः प्रबलप्रतीचः । यद्योगतः क्लिश्यति गर्भवासजन्माप्ययक्लेशभयैरजस्रम् ॥४९७॥

अध्यासदोषादज्ञानयोगात्**प्रबलप्रतीचः** प्रबलश्चासौ प्रतीचोऽन्तरङ्गतमश्च प्रबलप्रतीचो**ऽयं संसारबन्धः** संसार एव बन्धः संसारबन्धोऽहं परिच्छिन्नोऽस्मि कर्ता भोक्ताऽस्मि पुत्रमित्रकलत्राणामाश्रितोऽस्मीति प्रत्ययः **समुपागतः** प्राप्तः। **यद्योगतो** यस्य योगा**द्गर्भवासजन्माप्ययक्लेशभयैर्गर्भे** वासो गर्भवासः स च जन्म चाप्ययश्च क्लेशश्च भयञ्च गर्भवासजन्माप्ययक्लेशभयानि तैर्गर्भवासजन्माप्ययक्लेशभयै**रजस्रं** निरन्तरं **क्लिश्यति** दुःखोपरि दुःखं प्राप्नोतीत्यर्थः।

अध्यास के दोष से यह प्रबल, अन्तरङ्गतम संसार बन्ध प्राप्त हुआ है जिसके सम्बन्ध से गर्भवास, जन्म, मरण, दुःख, भय द्वारा निरन्तर क्लेश पाता है ॥४९७॥

अज्ञान के योग से यह प्रबल, अन्तरङ्गतम संसार बन्ध 'मैं परिच्छिन्न हूँ, मैं कर्ता, भोक्ता हूँ, मैं पुत्र, मित्र, दारा के आश्रित हूँ' रूप में ऐसा प्रत्यय प्राप्त होता है जिसके सम्बन्ध से गर्भ में वास; जन्म, मरण, दुःख, भय के द्वारा निरन्तर दुःख पर दुःख पाता है।

अध्यासो नाम खल्वेष वस्तुनो योऽन्यथाग्रहः । स्वाभाविकभ्रान्तिमूलं संसृतेरादिकारणम् ॥४९८॥

वस्तुनो योऽन्यथाग्रहोऽन्यरूपेण ग्रहणं यथार्थाग्रहणं तथाऽन्यथाग्रहण**मेष खलु** निश्च**योऽध्यासो नाम स्वाभाविकभ्रान्तिमूलं** स्वाभाविकी भ्रान्तिर्मूलं कारणं यस्य तत्स्वाभाविकभ्रान्तिमूलं **संसृतेः** संसार**स्याऽऽदिकारणं** मूलकारणम्। अयं नैसर्गिकोऽध्यासः कार्याध्यासरूपेणानादिस्तथा मूलाविद्याकार्यप्रपञ्चरूपेण प्रतीयमानः कर्तृत्वभोक्तृत्वप्रवर्तक इति भावः।

वस्तु का जो अन्यथा ग्रहण है वही निश्चय रूप से अध्यास है। यह स्वाभाविक भ्रान्ति का मूल तथा संसार का आदि कारण है ॥४९८॥

वस्तु का जो अन्य रूप से ग्रहण है अर्थात् यथार्थ का अग्रहण अन्यथा ग्रहण - वही निश्चय रूप से अध्यास स्वाभाविक भ्रान्ति का मूल तथा संसार का आदि कारण है। यह (अध्यास) स्वाभाविक है, अनादि है। यह कार्य-अध्यास के रूप में तथा मूल अविद्या के कार्यरूप सम्पूर्ण जगत् के रूप में प्रतीत होता है। यही अध्यास कर्तृत्व और भोक्तृत्व को उत्पन्न करता है - ऐसा भाव है।

सर्वानर्थस्य तद्बीजं योऽन्यथाग्रह आत्मनः । ततः संसारसम्पातः सन्ततक्लेशलक्षणः ॥४९९॥

आत्मनो योऽन्यथाग्रहः पूर्वोक्तोऽध्यासोऽतस्मिंस्तद्बुद्धि**स्तत्सर्वानर्थस्य** सर्वस्यानर्थस्य कर्तृत्वभोक्तृत्वप्रमातृत्व-परिच्छिन्नत्वलक्षणस्येहलोकपरलोकगमनस्य क्रियाकारकफलरूपसंसारस्याऽऽत्मवस्तुयाथात्म्यानवबोधमात्रोपादानस्य **बीजं** कारणं **ततः सन्ततक्लेशलक्षणः** सन्ततं सर्वदा निरन्तरः क्लेश उपतापो लक्षणं यस्य स सन्ततक्लेशलक्षणः **संसारसम्पातः** संसारस्य सम्पातः प्राप्तिर्भवत्युक्तलक्षणसंसार आपततीत्यर्थः।

आत्मा का जो अन्यथाग्रह - विपरीत ज्ञान है, वही समस्त अनर्थों का बीज है, उससे निरन्तर क्लेश रूप संसार प्राप्त होता है ॥४९९॥

आत्मा का अन्य रूप से ग्रहण – यानि जो वह नहीं है उसमें आत्म बुद्धि, जैसा कि पहले कहा जा चुका वह अध्यास ही सब अनर्थ का कारण है। वह कर्तापन, भोक्तापन, प्रमातापन, परिच्छिन्न होना, इस लोक से अन्य लोक में जाना, क्रिया-कारक-फल रूप संसार, आत्म वस्तु का यथार्थ बोध न होना आदि लक्षण वाला है। उसके फलस्वरूप सदा क्लेश से युक्त लक्षण वाले संसार की प्राप्ति होती है।

अन्वयव्यतिरेकाभ्यामेवैतत्सिध्यति।

अब अन्वय-व्यतिरेक से इसे सिद्ध करते हैं।

अध्यासादेव संसारो नष्टेऽध्यासे न दृश्यते । तदेतदुभयं स्पष्टं पश्य त्वं बद्धमुक्तयोः ॥५००॥

अध्यासादेव संसारस्तथा नष्टेऽध्यासे संसारो न दृश्यते। अध्याससत्त्वे संसारसत्त्वमध्यासाभावे संसाराभावः सुषुप्तसमाहितमुक्तानां दृश्यते। हे शिष्य, **त्वं** तु **बद्धमुक्तयोर्ब**द्धश्च मुक्तश्च बद्धमुक्तौ तयोर्बद्धमुक्तयो**स्तदेतदुभयम**ध्यासभावाभावं संसारभावाभावस्य कारणं **स्पष्टं पश्य** बुद्ध्या निश्चिनु श्रुत्या तर्कतश्चावधारयेति भावः।

अध्यास से ही संसार है तथा अध्यास के नष्ट होने पर पुनः संसार नहीं दिखाई देता। इससे बद्ध तथा मुक्त में ये दोनों तुम स्पष्ट रूप से देखो ॥५००॥

अध्यास से ही संसार है तथा अध्यास के नष्ट होने पर पुनः संसार नहीं दिखाई देता। अध्यास के होने पर संसार है, अध्यास के अभाव में संसार का अभाव सुषुप्त, समाहित, मुक्तों में देखा जाता है। हे शिष्य! किन्तु तुम श्रुति तथा तर्क से अध्यास के भाव-अभाव से संसार के भाव-अभाव को बद्ध तथा मुक्त में स्पष्ट रूप से इन दोनों का अवधारण करो - यह भाव है।

बद्धं प्रवृत्तितो विद्धि मुक्तं विद्धि निवृत्तितः । प्रवृत्तिरेव संसारो निवृत्तिर्मुक्तिरिष्यते ॥५०१॥

प्रवृत्तितः प्रवृत्तिमार्गतो **बद्धं विद्धि, निवृत्तितो** निवृत्तिमार्गतो **मुक्तं विद्धि। प्रवृत्तिः** कर्ममार्ग **एव संसारः, निवृत्ति**र्ज्ञानमार्ग एव **मुक्तिरिष्यते** विद्वद्भिः। अविद्याकामकर्माण्येव संसारः *"स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते"। "योऽकामो निष्काम आप्तकाम आत्मकामो न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति।"* इति बृहदारण्यके। स मुक्तो भवतीत्यर्थः। *"अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः"* इति च।

प्रवृत्ति मार्ग से बद्ध तथा निवृत्ति मार्ग से मुक्त जान ले। प्रवृत्ति ही संसार है, निवृत्ति मुक्ति है - ऐसा विद्वानों का मत है ॥५०१॥

प्रवृत्ति मार्ग से बद्ध तथा निवृत्ति मार्ग से मुक्त जान ले। प्रवृत्ति अर्थात् कर्म मार्ग ही संसार है, निवृत्ति अर्थात् ज्ञान मार्ग ही मुक्ति है - ऐसा विद्वानों के द्वारा माना जाता है। अविद्या, काम, कर्म ही संसार है जैसा कि बृहदारण्यक उपनिषद् में कहा गया है 'पुरुष जैसी कामना वाला होता है, वैसा ही सङ्कल्प करता है। जैसा सङ्कल्प वाला होता है, उसी के अनुसार कर्म करता है, और जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है' (बृ० उ० ४।४।५)। 'जो अकाम, निष्काम, आप्तकाम तथा आत्मकाम होता है, उसके प्राणों का उत्क्रमण नहीं होता; वह स्वयं ब्रह्म होकर ब्रह्म को प्राप्त होता है' (बृ० उ० ४।४।६)। वह मुक्त होता है - ऐसा अर्थ है। 'अजा (प्रकृति) को एक अज (जीव) सेवन करता हुआ भोगता है; और दूसरा अज उस मुक्त भोगा को त्याग देता है' (श्वे० उ० ४।५)।

आत्मनः सोऽयमध्यासो मिथ्याज्ञानपुरःसरः । असत्कल्पोऽपि संसारं तनुते रज्जुसर्पवत् ॥५०२॥

मिथ्या च तदज्ञानं च मिथ्याज्ञानं तत्पुरःसरः **सोऽयमात्मनोऽध्यासो मिथ्याज्ञानपुरःसरः** पुरोऽग्रे सरति गच्छतीति पुरःसरो मिथ्याज्ञानपूर्वको **रज्जुसर्पवदसत्कल्पोऽपि** भ्रान्तिनिमित्त आत्मानवबोधो दानात्मकोऽप्यात्मनः **संसारं तनुते** विस्तृणातीति।

वह यह अध्यास मिथ्या ज्ञान पूर्वक है। वह अध्यास रज्जु में सर्प के समान मिथ्या होकर भी आत्मा के संसार का विस्तार कर देता है ॥५०२॥

जो मिथ्या है तथा अज्ञान है, वह मिथ्या ज्ञान पूर्वक यह अध्यास रज्जु में सर्प के समान भ्रान्ति निमित्त - जिसका उपादान आत्म अज्ञान है, आत्मा के संसार का विस्तार कर देता है।

"उभयोर्जीवेश्वरयोरुपाधिसम्बन्धे समानेऽपि जीवस्यैव बन्धो नेश्वरस्य" इत्यस्य प्रश्नस्योत्तरं स्फुटीकरोत्युपाधीति।

'जीव-ईश्वर दोनों के उपाधि सम्बन्ध समान होने पर भी जीव को ही बन्धन होता है, ईश्वर को नहीं' (४७२) - इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट करते हैं 'उपाधि' इत्यादि से -

उपाधियोगसाम्येऽपि जीववत्परमात्मनः । उपाधिभेदान्नो बन्धस्तत्कार्यमपि किञ्चन ॥५०३॥

जीववत्परमात्मन उपाधियोगसाम्य उपाधेर्योग उपाधियोगस्तस्य साम्यमुपाधियोगसाम्यं तस्मि**न्नुपाधियोगसाम्ये** **सत्यप्युपाधिभेदादु**पाध्योर्भेदाज्जीवस्योपाधिर्मलिनसत्त्वप्रधाना रजस्तमोगुणमिश्रिताऽग्रहणान्यथाग्रहणरूपाऽविद्या तथेश्वरस्योपाधिर्विशुद्धसत्त्वप्रधाना यथार्थज्ञानरूपा माया तयोर्भेदा**द्बन्धस्तत्कार्यमपि** मलविक्षेपाऽऽवरणादि परमात्मनो **न उ किञ्चन** विद्यत इति।

जीव के समान परमात्मा को उपाधि का सम्बन्ध समान होने पर भी उपाधि के भेद से परमात्मा को बन्धन या उसका कार्य कुछ भी नहीं है ॥५०३॥

उपाधि का सम्बन्ध समान होने पर भी उपाधि के भेद से - जीव की उपाधि मलिन सत्त्व प्रधान रज-तमोगुण मिश्रित अग्रहण, अन्यथा ग्रहण रूप अविद्या है तथा ईश्वर की उपाधि विशुद्ध सत्त्व प्रधान यथार्थ ज्ञान रूप माया है। उन दोनों के भेद से बन्धन या उसका कार्य - मल, विक्षेप, आवरण आदि परमात्मा में कुछ भी नहीं हैं।

एतदेव सप्तभिः श्लोकैर्विवृणोति। शृणु तस्य कारणम्। अस्योपाधिरिति।

इसे ही सात श्लोकों के द्वारा बताते हैं। उसका कारण सुनो 'अस्योपाधि' इत्यादि से -

अस्योपाधिः शुद्धसत्त्वप्रधाना माया यत्र त्वस्य नास्त्यल्पभावः ।
सत्त्वस्यैवोत्कृष्टता तेन बन्धो नो विक्षेपस्तत्कृतो लेशमात्रः ॥५०४॥

अस्य परमात्मनः **शुद्धसत्वप्रधाना** सत्त्वं प्रधानं यस्यां सा सत्त्वप्रधाना शुद्धा चासौ सत्त्वप्रधाना च शुद्धसत्त्वप्रधाना **मायोपाधिर**स्ति। **यत्र तु** मायोपाधिकृतो**ऽल्पभावः** परिच्छिन्नत्व**मस्य** परमात्मनो **नास्ति** देशकालवस्तुपरिच्छिन्नत्वं त्वविद्याकार्यमेव न तत्परमात्मनि विद्यते किं तु **सत्त्वस्य** सत्त्वगुण**स्यैव ह्युत्कृष्टता** प्रशस्यता **तेन विक्षेपस्तत्कृतो बन्धो लेशमात्रो**ऽपि **ना**स्ति। तत्र किं प्रमाणम्? उच्यते *"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति"* इति श्रुतिः। तथा *"बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन। तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तप", "अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्। प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया"* इति स्मृतिश्च।

शुद्ध सत्त्व गुण प्रधान माया इस ईश्वर की उपाधि है - जिसमें परिच्छिन्न भाव नहीं है तथा जिसमें सत्त्व गुण की उत्कृष्टता है। इससे ईश्वर में विक्षेप या उस विक्षेप के कारण से होने वाला बन्धन लेश मात्र भी नहीं है ॥५०४॥

शुद्ध सत्त्व गुण प्रधान माया परमात्मा की उपाधि है, जिससे परमात्मा में माया उपाधि से होने वाला परिच्छिन्नत्व नहीं है। अविद्या से होने वाला देश, काल, वस्तु परिच्छिन्नत्व उस परमात्मा में नहीं है किन्तु जिसमें सत्त्व गुण की ही अधिकता है। इससे ईश्वर में विक्षेप या उस विक्षेप के कारण से होने वाला बन्धन लेश मात्र भी नहीं है। इसमें क्या प्रमाण है? इस पर कहते हैं - 'साथ साथ रहने वाले तथा समान आख्यान वाले दो पक्षी एक ही वृक्ष का आश्रय लेकर रहते हैं। उनमें एक तो स्वादिष्ट (मधुर) पिप्पल (कर्मफल) का भोग करता है, जबकि दूसरा पक्षी भोग न करके केवल देखता रहता है' (मु० उ० ३।१।१) तथा स्मृति में कहा है 'हे अर्जुन! मेरे और तुम्हारे बहुत से जन्म हो

चुके हैं, (परन्तु) हे परन्तप! उन सभी को मैं जानता हूँ और तुम नहीं जानते' (भ० गी० ४।५), 'यद्यपि मैं अजन्मा और अविनाशी स्वरूप हूँ और भूतमात्र का ईश्वर हूँ (तथापि) अपनी प्रकृति को अपने अधीन रखकर मैं अपनी माया से जन्म लेता हूँ' (भ० गी० ४।६)।

सर्वज्ञोऽप्रतिबद्धबोधविभवस्तेनैव देवः स्वयं मायां स्वामवलम्ब्य निश्चलतया स्वच्छन्दवृत्तिः प्रभुः ।
सृष्टिस्थित्यदनप्रवेशयमनव्यापारमात्रेच्छया कुर्वन्क्रीडति तद्रजस्तम उभे संस्तभ्य शक्त्या स्वया ॥५०५॥

देवो दीव्यत्यानन्देन क्रीडतीति। तथा च *"दीव्यति यत्क्रीडति सर्गादिति विजिगीषत्यसुरान् व्यवहरति सर्वभूतेष्वात्मतया द्योतते स्तूयते स्तुत्यैः सर्वत्र गच्छति तस्माद्देवः"*। **सर्वज्ञः** सर्वं जानातीति सर्वश्चासौ ज्ञश्चेत्यपि। *"यः सर्वज्ञः सर्ववित्"* इति श्रुतेः। **अप्रतिबद्धबोधविभवो** बोध एव विभवो बोधविभवः स अस्याप्रतिबद्धोऽनिरुद्ध इति ज्ञानमैश्वर्यमित्यादि सर्वदा परिपूर्णमप्रतिहतञ्च यस्येति भावः। **तेनैव** स **स्वयं निश्चलतया**ऽविकारितया **स्वां मायां** त्रिगुणात्मिकां विशुद्धसत्त्वप्रधाना**मवलम्ब्य स्वच्छन्दवृत्तिः** स्वच्छन्दा वृत्तिर्व्यापारो यस्य स स्वच्छन्दवृत्तिः सर्वतन्त्रस्वतन्त्रः **प्रभुः** सर्वसमर्थः सन् **क्रीडति**। कथं क्रीडति -

"ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता। जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारो जीवकल्पितः॥" इति।

जीवः पुरत्रये क्रीडति जाग्रदादित्रिष्ववस्थासु न तथा परमेश्वरस्य क्रीडनं किं तु **सृष्टिस्थित्यदनप्रवेशयमनव्यापारमात्रेच्छया** सृष्टिश्च स्थितिश्चादनं लयश्च प्रवेशश्च यमनञ्च सृष्टिस्थित्यदनप्रवेशयमनानि तानि च व्यापारमात्राणि तेषामिच्छा सृष्टिस्थित्यदनप्रवेशयमनव्यापारमात्रेच्छा तया **स्वया शक्त्या तद्रजस्तम उभे संस्तभ्या**ऽऽलम्ब्य जगतः सृष्टिस्थित्यदनानि **कुर्वन्क्री**डति। *"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद्ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा"*, *"जन्माद्यस्य यतः"*, *"मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्"* इति श्रुतिसूत्रस्मृतिभिर्ब्रह्मणो मायोपाधिव्याजेनोपादानत्वं निमित्तकारणत्वं च स्पष्टम्। एवमेव जीवात्मना प्रवेशश्च जीवानां प्रपञ्चविलक्षणत्वेऽपि परमेश्वरस्य ब्रह्मणः कार्यकारणानुप्रवेशः *"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"* इति श्रूयते। तथा च *"अनेन जीवेनाऽऽत्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि"* इति। तथा यमनं नियन्तृत्वं *"भीषास्माद्वातः पवते"* इत्यादि श्रूयते *"लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्"* इति न्यायाच्च। कार्यकारणोपाधिसंहतस्यांशवत्प्रतीयमानस्य जीवस्यैवाविद्यको बन्धो भवति नासंहतस्य परमेश्वरस्य।

किञ्चिदत्र विशेषवक्तव्यम्।

१. यथा घटशरावादिप्रतिबिम्बितस्य भास्करस्य नभस्थस्य च भेदाभावेऽपि प्रतिबिम्बगतचलनादिकं बिम्बे नाऽऽयाति तथा हि बुद्धिस्थचिदाभासरूपजीवगतरागद्वेषसुखदुःखात्मकं बन्धनं बिम्बभूते परमेश्वरे नारोहति।
२. यथा घटशरावादिगतजलस्य धर्मा न बिम्बस्य नभस्थस्य भास्करस्य तथा बुद्धिस्थचिदाभासस्य रागद्वेषसुखदुःखात्मकबन्धनमात्मनः स्वाभाविकं न भवति किन्त्वात्मानात्मनोः पूर्वोक्तप्रकारकाध्यासाद्बुद्धिगतरागद्वेषादिकं चिदाभासेऽध्यस्यते। तत्पुनरात्मन्यध्यस्यते।
३. यथा घटशरावादिषु प्रतिबिम्बितेषु भास्करेषु मध्य एकस्य चलनमन्यस्य न सम्भवति तथा जीवानामप्येकस्य बन्धनमन्यस्य नाऽऽयाति।

जो सर्वज्ञ हैं, अप्रतिबद्ध ज्ञानरूपी वैभव वाले हैं, इसी से देव स्वयं व्यापार रहित होकर भी स्वछन्द वृत्ति वाले सर्वसमर्थ प्रभु हैं। अपनी माया का अवलम्बन कर अपनी इच्छा मात्र से जगत् की सृष्टि, स्थिति, प्रलय, प्रवेश तथा सभी का नियमन रूप व्यापार मात्र की इच्छा से अपनी शक्ति के द्वारा रज और तम इन दोनों गुणों को वश में रख लीला करते हैं ॥५०५॥

देव - जो चमकते हैं, आनन्द से क्रीडा करते हैं। तथा 'जो दीप्त होते हैं, सृष्टि आदि से क्रीडा करते हैं, जो असुरों को जीतने की इच्छा रखते हैं, समस्त भूतों में व्यवहार करते हैं, अन्तरात्मा रूप से प्रकाशित होते हैं, स्तुत्य पुरुषों से स्तवन किए जाते हैं, सर्वत्र गमन करते हैं - इसीलिए देव हैं' (वि० स० भा० ५४)। सर्वज्ञ - जो सब जानते हैं। जो सर्व हैं तथा ज्ञान हैं। 'जो सभी को सामान्य रूप से जानने वाले और सभी के विशेषज्ञ हैं' (मु० उ० १।१।९)। जिनका बोध ही अप्रतिबद्ध वैभव वाला है, जिनका ज्ञान तथा ऐश्वर्य सदा परिपूर्ण, अबाधित है - ऐसा भाव है। वह स्वयं अविकारी रूप से अपनी विशुद्ध सत्व प्रधाना, त्रिगुणात्मिका माया का अवलम्बन लेकर स्वच्छन्द, सर्वतन्त्र स्वतन्त्र रूप से सर्व समर्थ प्रभु क्रीडा करते हैं। कैसे क्रीडा करते हैं 'ईक्षण से लेकर प्रवेश तक की सब सृष्टि ईश्वर की बनायी हुई है। जाग्रत् से लेकर मोक्ष पर्यन्त सब संसार जीव का बनाया हुआ है' (प० द० ७।४)।

जीव जाग्रत् आदि तीन अवस्थाओं में क्रीडा करता है, परमेश्वर का क्रीडन वैसा नहीं है। किन्तु जगत् की सृष्टि, स्थिति, लय, प्रवेश तथा सभी का नियमन रूप व्यापार मात्र की इच्छा से अपनी शक्ति के द्वारा रज और तम इन दोनों गुणों को वश में रख क्रीडा करता है। 'जिससे ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर जिसके आश्रय से ये जीवित रहते हैं तथा अन्त में विनाशोन्मुख होकर जिसमें ये लीन होते हैं, उसे विशेष रूप से जानने की इच्छा कर; वही ब्रह्म है। तब उस भृगु ने तप किया और उसने तप करके' (तै० उ० ३।१), 'जिससे इस जगत् की उत्पत्ति आदि होते हैं' (ब्र० सू० १।१।२), 'मेरी महद् ब्रह्म रूप प्रकृति (भूतों की) योनि है, जिसमें मैं गर्भाधान करता हूँ' (भ० गी० १४।३) श्रुति, ब्रह्मसूत्र, स्मृति के द्वारा ब्रह्म का माया उपाधि के व्याज से उपादान तथा निमित्त कारणत्व स्पष्ट है। उसी प्रकार ही ब्रह्म का जीव रूप से प्रवेश, जीवों के प्रपञ्च से विलक्षण होते हुए भी परमेश्वर ब्रह्म का कार्य-कारण रूप से अनुप्रवेश 'इसे रचकर वह इसी में अनुप्रविष्ट हो गया' (तै० उ० २।६) सुना गया है। तथा 'मैं इस जीवात्म रूप से इन तीनों देवताओं में अनुप्रवेश कर नाम तथा रूप की अभिव्यक्ति करूँ' (छा० उ० ६।३।२)। तथा यमन, नियन्तृत्व भी 'इसके भय से वायु चलता है' (तै० उ० २।८), 'परन्तु ब्रह्माण्ड की रचना ईश्वर के लिए एक साधारण लीला है' (ब्र० सू० २।१।३३) द्वारा सुना गया है। कार्य-कारण उपाधि से संहत कार्य रूप से प्रतीत होने वाले जीव को ही आविद्यक बन्धन होता है, न कि असंहत परमेश्वर को।

यहाँ कुछ विशेष कहने को है -

१. जैसे घट-शराव आदि में प्रतिबिम्बित सूर्य तथा आकाश में स्थित सूर्य में भेद न होने पर भी प्रतिबिम्ब सम्बन्धी गति बिम्ब में नहीं आती, वैसे ही बुद्धिस्थ चिदाभास जीव को राग-द्वेष, सुख-दुःख रूप बन्धन होता है, बिम्बभूत परमेश्वर में नहीं होता।
२. जैसे घट-शराव आदि में जल के गुण-धर्म बिम्ब (आकाश में स्थित सूर्य) के नहीं हैं, वैसे ही बुद्धिस्थ चिदाभास के राग-द्वेष, सुख-दुःख रूप बन्धन आत्मा को स्वाभाविक नहीं होता, किन्तु आत्मा-अनात्मा के पूर्वोक्त प्रकार के अध्यास से बुद्धि में स्थित राग-द्वेष आदि चिदाभास में अध्यस्त किए जाते हैं। फिर पुनः आत्मा में अध्यस्त कर दिए जाते हैं।
३. जैसे घट-शराव आदि में प्रतिबिम्बित सूर्यों में एक की गति दूसरे की नहीं हो सकती, वैसे ही जीवों में एक का बन्धन दूसरे को नहीं आता।

तस्मादावृतिविक्षेपौ किञ्चित्कर्तुं न शक्नुतः । स्वयमेव स्वतन्त्रोऽसौ तत्प्रवृत्तिनिरोधयोः ॥५०६॥

तस्मादावृतिविक्षेपौ परमेश्वरस्य **न किञ्चित्कर्तुं शक्नुतो**ऽसमर्थौ। **असौ** प्रभुः **स्वयमेव स्वतन्त्रः** सर्वतन्त्रस्वतन्त्र**स्तत्प्रवृत्तिनिरोधयोरा**वृतिविक्षेपयोः प्रवृत्तिनिरोधविषययोरिति भावः।

इसीलिए आवरण तथा विक्षेप कुछ भी करने में समर्थ नहीं हैं, स्वयं ईश्वर ही उनकी प्रवृत्ति तथा निरोध करने में स्वतन्त्र है ॥५०६॥

इसीलिए आवरण तथा विक्षेप परमेश्वर को कुछ भी करने में असमर्थ हैं। वह प्रभु स्वयं ही आवरण तथा विक्षेप की प्रवृत्ति तथा निरोध के विषय में सर्वतन्त्र स्वतन्त्र हैं - ऐसा भाव है।

तमेव सा धीकर्मेति श्रुतिर्वक्ति महेशितुः । निग्रहानुग्रहे शक्तिरावृतिक्षेपयोर्यतः ॥५०७॥

तं परमेश्वर**मेव सा श्रुतिर्धीकर्मा** धीर्ज्ञानं तत्पूर्वकं कर्म यस्य स धीकर्मेति **वक्ति यतो** यस्मा**न्महेशितुः** परमेश्वरस्य महेशस्या**ऽऽवृतिक्षेपयोरा**वरणविक्षेपयोः शक्ति**र्निग्रहानुग्रहे** निग्रहः सीमाकरणं बन्धनं निवृत्तिश्चानुग्रहोऽभीष्टसम्पादनं प्रवृत्तिश्चानयोः समाहारो निग्रहानुग्रहं तस्मिन् विषयविशिष्टे **शक्तिः** सामर्थ्यमस्ति। रजोगुणतमोगुणयोः प्रवृत्तिनिवृत्तिसामर्थ्यं तत्कार्यत्वेन सृष्टिस्थितिप्रलयास्तथा भोगमोक्षप्रदातृत्वं स्वस्याऽऽविर्भावतिरोभावौ चैतत्समस्तं तस्य महेशस्य वश इति भावः।

श्रुति उसी को 'धीकर्म' ऐसा कहती है - यह ईश्वर का ज्ञानपूर्वक ही कर्म है, क्योंकि आवरण और विक्षेप का निग्रह करना तथा उन्हें प्रवृत्त करना - यह महेश्वर की ही शक्ति है ॥५०७॥

ज्ञानपूर्वक कर्म है जिसका वह श्रुति उस परमेश्वर को ही 'धीकर्म' ऐसा कहती है। जिस परमेश्वर, महेश की आवरण और विक्षेप शक्ति का निग्रह यानि सीमाकरण, बन्धन तथा निवृत्ति; अनुग्रह यानि अभीष्ट का सम्पादन (इष्ट की पूर्ति) तथा प्रवृत्ति - उसका सामर्थ्य है जिसका। रजोगुण-तमोगुण की प्रवृत्ति-निवृत्ति का सामर्थ्य तथा उसका कार्य होने से सृष्टि, स्थिति तथा प्रलय; भोग, मोक्ष प्रदान करने वाला, स्वयं का आविर्भाव-तिरोभाव - ये सब उस महेश के वश में है - ऐसा भाव है।

जीवस्य बन्धनं न सत्यं किन्त्वाविद्यकमेवेति रजस इत्यादिभिर्त्रिभिः श्लोकैः स्फुटीकुर्वन् प्रकरणमुपसंहरति।

जीव का बन्धन सत्य नहीं है, किन्तु आविद्यक ही है। तीन श्लोकों के द्वारा स्पष्ट करते हुए इस प्रकरण का उपसंहार करते हैं 'रजसः' इत्यादि से -

रजसस्तमसश्चैव प्राबल्यं सत्त्वहानतः । जीवोपाधौ तथा जीवे तत्कार्यं बलवत्तरम् ॥५०८॥

जीवोपाधौ जीवस्योपाधौ मलिनसत्त्वप्रधानाविद्यायां **तथा जीवे सत्त्वहानतः** सत्त्वगुणस्य रजस्तमोभ्याम-भिभूतत्वाद्**रजसस्तमसश्च प्राबल्यमेव** भवति। सत्त्वगुणस्य न्यूनत्वा**त्तत्कार्यं** रजसस्तमसश्च गुणयोः कार्यमावरणविक्षेपरूपं **बलवत्तरं** दृश्यत इति।

जीव की उपाधि में तथा जीव में सत्त्व गुण की कमी होने से रजोगुण तथा तमोगुण की प्रबलता होती है। इससे दोनों गुणों का कार्य भी अधिकता से देखने में आता है ॥५०८॥

जीव की उपाधि मलिन सत्त्व प्रधान अविद्या में तथा जीव में सत्त्व गुण का रजोगुण, तमोगुण से अभिभूत होने के कारण रजस् तथा तमस् का प्राबल्य होता है। सत्त्व गुण कम होने से रजोगुण तथा तमोगुण का कार्य आवरण-विक्षेप रूप से देखने में आता है।

तेन बन्धोऽस्य जीवस्य संसारोऽपि च तत्कृतः । सम्प्राप्तः सर्वदा यत्र दुःखं भूयः स ईक्षते ॥५०९॥

तेन रजस्तमोभ्या**मस्य जीवस्य बन्धश्च तत्कृतः संसारः** शोकमोहभयादिरूपो**ऽपि सर्वदा सम्प्राप्तः** सम्यगनायासेन सर्वत्रान्वेषणप्रयत्नं विना प्राप्तो **यत्र स भूयः** पुनः पुन**र्दुःखं** दुःखोपरि दुःख**मीक्षते**। एतेन बहुना ज्ञातेन किं तथापि तेषां वर्णनं साधनचतुष्टयप्रकरणे तीव्रवैराग्योत्पत्त्यर्थं कृतमिति। मुमुक्षुभिस्तत्पुनः पुनर्विचार्यमिति।

जिससे इस जीव को बन्धन है तथा गुणों से कृत संसार भी प्राप्त होता है - इससे वह जीव संसार में सदा बार-बार अधिक दुःख का अनुभव करता है ॥५०९॥

उस रजो व तमोगुण से जीव को बन्धन है तथा गुणों से कृत शोक, मोह, भय आदि रूप संसार भी बिना किसी आयास, सर्वत्र खोजे अथवा प्रयत्न के बिना प्राप्त होता है। जिसमें वह जीव पुनः पुनः दुःख के बाद दुःख को देखता है। इससे बहुत कुछ ज्ञात होने पर भी इनका वर्णन

तीव्र वैराग्य उत्पन्न करने के लिए 'साधन-चतुष्टय प्रकरण' में किया जा चुका है। मुमुक्षुओं के द्वारा पुनः पुनः इसका विचार किया जाना चाहिए।

एतस्य संसृतेर्हेतुरध्यासोऽर्थविपर्ययः । अध्यासमूलमज्ञानमाहुरावृतिलक्षणम् ॥५१०॥

अर्थविपर्ययोऽर्थस्य विपर्ययोऽन्यथाग्रहण**मध्यास एतस्य** जीवस्य **संसृतेर्हेतुः** कारणमिति पण्डिता **आहुस्तथाऽस्याध्यासमूलम**ध्यासस्य मूलं कारण**मावृतिलक्षणमा**वृतिर्लक्षणं यस्य तदावृतिलक्षण**मज्ञानं** मूलाज्ञानं यत्पूर्वोक्तमनादिभावरूपत्वे सति ज्ञाननिवर्त्यत्वमिति।

पदार्थ का अन्यथा भाव रूप अध्यास इस संसार का हेतु है। [पण्डित] आवरण रूप अज्ञान को अध्यास का मूल कारण कहते हैं ॥५१०॥

एक पदार्थ को विपरीत प्रकार से समझना, अन्यथा ग्रहण रूप अध्यास इस जीव के संसार का कारण है - ऐसा पण्डित कहते हैं। इस अध्यास का मूल कारण आवरण रूप मूलाज्ञान जो पहले अनादि, भाव रूप, ज्ञान निवर्त्य बताया गया था।

अधुना शिष्येण पृष्टः केनोपायेन कथमध्यासस्य निवृत्तिरिति चतुर्थप्रश्नस्योत्तरमेकादशश्लोकैर्विशिनष्टि। अज्ञानस्येति।

अब शिष्य के द्वारा पूछे गए 'किस उपाय से किस प्रकार अध्यास की निवृत्ति होती है' चतुर्थ प्रश्न का उत्तर ग्यारह श्लोकों के द्वारा 'अज्ञानस्य' इत्यादि से बताते हैं -

अज्ञानस्य निवृत्तिस्तु ज्ञानेनैव न कर्मणा । अविरोधितया कर्म नैवाज्ञानस्य बाधकम् ॥५११॥

तुशब्दो विषयवैलक्ष्यण्यद्योतनार्थः। ज्ञानेनैव साध्यासाज्ञानस्य निवृत्तिः। **अज्ञानस्या**ध्याससहितस्य **निवृत्तिर्ज्ञानेनैव** जीवब्रह्मैक्यज्ञानेनैव भवति **न तु कर्मणा**। *"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः", "तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय", "यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति", "ज्ञानेनैव तु कैवल्यम्"* इत्यादि श्रुतिसहस्रेण ज्ञानेनैव मोक्षः सिध्यतीत्युक्तम्। यत्पूर्वोक्तं ज्ञानकर्मसमुच्चयखण्डनप्रकरणे तदेव पुनर्निर्धारयति - **कर्माविरोधितया नैवाज्ञानस्य बाधकमि**ति।

अज्ञान की निवृत्ति तो ज्ञान से ही होती है, कर्म से नहीं क्योंकि अविरोधी होने से कर्म अज्ञान का बाधक नहीं है ॥५११॥

'तु' शब्द भिन्न विषय को बताने के लिए है। ज्ञान से ही अध्यास सहित अज्ञान की निवृत्ति होती है। अध्यास सहित अज्ञान की निवृत्ति जीव-ब्रह्म ऐक्य ज्ञान से ही होती है, कर्म से नहीं। 'अमृतत्व की प्राप्ति कर्म, प्रजा या धन के द्वारा नहीं होती, केवल त्याग के द्वारा ही होती है' (कै० उ० ३), 'उसे ही जानकर पुरुष मृत्यु को पार करता है, इसके सिवा परम पद प्राप्ति का कोई अन्य मार्ग नहीं है' (श्वे० उ० ३।८), 'जिस समय लोग चमड़े के समान आकाश को लपेट लेंगे, उस समय उस देव को न जानकर दुःख का अन्त हो जाएगा' (श्वे० उ० ६।२०), 'ज्ञान से ही मोक्ष होता है' इत्यादि सहस्रों श्रुतियाँ ज्ञान से ही मोक्ष बताती हैं। जो पहले ज्ञान-कर्म समुच्चय खण्डन के प्रकरण में बताया गया है, वही पुनः निर्धारण किया जाता है - अविरोधी होने से कर्म अज्ञान का बाधक नहीं है।

कर्मणा जायते जन्तुः कर्मणैव प्रलीयते । कर्मणः कार्यमेवैषा जन्ममृत्युपरम्परा ॥५१२॥

नैतस्मात्कर्मणः कार्यमन्यदस्ति विलक्षणम् । अज्ञानकार्यं तत्कर्म यतोऽज्ञानेन वर्धते ॥५१३॥

जन्तुः प्राणी **कर्मणा जायते कर्मणैव प्रलीयते** विनश्यति। **एषा जन्ममृत्युपरम्परा** जन्म च मृत्युश्च जन्ममृत्यू तयोः परम्पराऽविरतप्रवाहः **कर्मण एव कार्यम्। एतस्माद्विलक्षणं कर्मणः कार्यं नास्ति यतस्तत्कर्माज्ञानकार्यम**ज्ञानस्य कार्यं तस्माद-

ज्ञानेन वर्धत इति। कर्मफलस्यानित्यत्वदर्शनप्रकरणे (श्लोकः ३६) कर्मणोऽविद्यायां स्थितिः प्रदर्शिता। अविद्यया जीवः स्वं परिच्छिन्नं मनुते तदाऽपूर्णत्वात्तस्य संसरणम्। *"स यथा कामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते"* इति *"कामान्यः कामयते मन्यमानः स कामभिर्जायते तत्र तत्र। पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्तु इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः"* इति च श्रुतिः।

कर्म से जीव उत्पन्न होता है और कर्म से ही नष्ट होता है, यह जन्म-मरण परम्परा कर्म का ही फल है ॥५१२॥

कर्म का इससे भिन्न और कार्य नहीं है। चूँकि वह कर्म अज्ञान का कार्य है, इसीलिए अज्ञान से बढ़ता है ॥५१३॥

प्राणी कर्म से उत्पन्न होता है और कर्म से ही नष्ट हो जाता है। यह जन्म-मृत्यु का सतत प्रवाह कर्म का ही फल है। इससे भिन्न कर्म का और कार्य नहीं है। क्योंकि वह कर्म अज्ञान का कार्य है, इसीलिए अज्ञान से बढ़ता है। कर्मफल का अनित्यत्व बताने वाले प्रकरण (श्लोक ३६) में कर्म की अविद्या में स्थिति बतायी गयी थी। अविद्या के कारण जीव स्वयं को परिच्छिन्न मानता है, तब अपूर्ण होने से उसका संसरण होता है। 'वह जैसी कामना वाला होता है वैसा ही सङ्कल्प करता है, जैसे सङ्कल्प वाला होता है, वैसा ही कर्म करता है और जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है' (बृ० उ० ४।४।५), 'भोगों के गुणों का चिन्तन करने वाला जो पुरुष भोगों की इच्छा करता है वह उन कामनाओं के योग से उनकी प्राप्ति के स्थानों में उत्पन्न होता रहता है। परन्तु जिसकी कामनाएँ पूर्ण हो गयी हैं उस कृतकृत्य पुरुष की तो सभी कामनाएँ इस लोक में ही लीन हो जाती हैं' (मु० उ० ३।२।२) इन श्रुतियों से भी यही बात सिद्ध होती है।

यद्येन वर्धते तेन नाशस्तस्य न सिध्यति । येन यस्य सहावस्था निरोधाय न कल्पते ॥५१४॥

यद्वस्तु येन कारणेन **वर्धते तेन तस्य नाशो न सिध्यति** न सम्पद्यते। **येन यस्य** वस्तुनः **सहावस्था** साहचर्यं भवति तत्तस्य **निरोधाय** विनाशाय **न कल्पते**। कर्मोत्पत्तिरात्माज्ञानादेव भवति। *"अविद्याख्यमात्मानात्मनोरितरेतराध्यासं पुरस्कृत्य सर्वे प्रमाणप्रमेयव्यवहारा लौकिका वैदिकाश्च प्रवृत्ताः सर्वाणि च शास्त्राणि विधिप्रतिषेधमोक्षपराणि"* इति शारीरकमीमांसोपोद्घातभाष्य आचार्यप्रवरैः प्रतिपादितम्। कर्मणोऽज्ञानजन्यत्वात्कथं तदज्ञानं निवर्तयितुं शक्यते। किञ्च यथा दिवाकरो ध्वान्तविरोधित्वान्न तयोः सहावस्था सम्भवति तद्वज्ज्ञानमेवाज्ञाननाशकं विरोधित्वान्न तु कर्म। अज्ञानकर्मणोः सहावस्था सम्भवत्येवेत्यर्थः।

जो वस्तु जिससे बढ़ती है उससे उसका नाश सिद्ध नहीं होता। जिसके साथ जिसकी स्थिति होती है, वह उसके नाश के लिए समर्थ नहीं होता ॥५१४॥

जो वस्तु जिस कारण से बढ़ती है, उससे उसका नाश नहीं होता। जिसके साथ जिस वस्तु का साहचर्य होता है, वह उसके विनाश के लिए समर्थ नहीं होता। कर्म की उत्पत्ति आत्म अज्ञान से ही होती है। 'अविद्या नामक आत्मा-अनात्मा के अन्योन्य अध्यास को लेकर सभी प्रमाण-प्रमेय व्यवहार, लौकिक तथा वैदिक प्रवृत्त होते हैं तथा विधि, निषेध और मोक्ष शास्त्र भी अध्यास को लेकर ही प्रवृत्त होते हैं' - जैसा शारीरक मीमांसा के उपोद्घात भाष्य में आचार्यप्रवर के द्वारा बताया गया है। कर्म अज्ञान जन्य होने से कैसे उस अज्ञान को निवृत्त कर सकता है? जैसे सूर्य अन्धकार का विरोधी होने से उसके साथ साहचर्य सम्भव नहीं है, वैसे ही ज्ञान ही विरोधी होने के कारण अज्ञान का नाशक है, कर्म नहीं। अज्ञान तथा कर्म का साहचर्य ही सम्भव है - ऐसा अर्थ है।

नाशकत्वं तदुभयोः को नु कल्पयितुं क्षमः । सर्वं कर्माविरोध्येव सदाज्ञानस्य सर्वदा ॥५१५॥

को नु तदुभयोरज्ञानकर्मणोर्नाशकत्वं कल्पयितुं क्षमः समर्थः। **सर्वं कर्म सदा सर्वदाऽज्ञानस्याविरोध्येव** दृष्टमिति भावः।

उन दोनों के नाशक होने की कल्पना भी कौन कर सकता है? समग्र कर्म सर्वदा अज्ञान का अविरोधी ही है ॥५१५॥

अज्ञान और कर्म - उन दोनों में नाशकत्व की कल्पना करने में कौन समर्थ है? समग्र कर्म सदा सर्वदा अज्ञान का अविरोधी ही देखा गया है - ऐसा तात्पर्य है।

ततोऽज्ञानस्य विच्छित्तिः कर्मणा नैव सिध्यति । यस्य प्रध्वंसजनको यत्संयोगोऽस्ति तत्क्षणे ॥५१६॥

तयोरेव विरोधित्वं युक्तं भिन्नस्वभावयोः । तमःप्रकाशयोर्यद्वत्परस्परविरोधिता॥५१७॥

ततस्तस्मात्कर्मणा कायिककर्मणा वा वाचिककर्मणा तथोपासनया मानसकर्मणा वा**ऽज्ञानस्य विच्छित्तिर्नैव** कदापि **न सिध्यति**। **तत्क्षणे यत्संयोगो यस्य प्रध्वंसजनकः** प्रध्वंसस्य विनाशस्य जनको**ऽस्ति तयोरेव भिन्नस्वभावयोः** पृथक्पृथक्स्वभावयो**र्विरोधित्वं युक्तमु**चितं **यद्वत्तमःप्रकाशयोः परस्परविरोधिता** विरोधित्वमिति। यस्माज्ज्ञानेनाज्ञानं नश्यति तस्माज्ज्ञानसंयोगेन कर्मणोऽपि नाशो भवति। *"ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः", "ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते"* इति स्मृतिः।

इसीलिए कर्म से अज्ञान का नाश कदापि सिद्ध नहीं होता। उस क्षण में जिसका संयोग जिसके नाश का जनक है, वहाँ भिन्न-भिन्न स्वभाव वाले उन दोनों का ही विरोध युक्त है, जैसे अन्धकार और प्रकाश में परस्पर विरोध है ॥५१६, ५१७॥

इसीलिए कायिक, वाचिक, उपासना अथवा मानस कर्म से अज्ञान का नाश कदापि सिद्ध नहीं होता। उस क्षण में जिसका संयोग जिसके विनाश का जनक है, वहाँ भिन्न-भिन्न स्वभाव वाले उन दोनों का विरोध उचित ही है, जैसे अन्धकार और प्रकाश में परस्पर विरोधित्व है। क्योंकि ज्ञान से अज्ञान का नाश होता है, इसीलिए ज्ञान के संयोग से कर्म का भी नाश होता है। 'परन्तु जिनका वह अज्ञान आत्म ज्ञान से नष्ट हो गया है' (भ० गी० ५।१६), 'ज्ञान रूपी अग्नि सम्पूर्ण कर्मों को भस्मसात् कर देती है' (भ० गी० ४।३७) - ऐसी स्मृति हैं।

अज्ञानज्ञानयोस्तद्वदुभयोरेव दृश्यते । न ज्ञानेन विना नाशस्तस्य केनापि सिध्यति ॥५१८॥

तद्वदुभयोरज्ञानज्ञानयोरहं परिच्छिन्नोऽस्मि संसारी हेतुफलात्मक इहलोकपरलोकगामीत्यज्ञानस्याहमपरिच्छिन्नोऽस्म्यसंसारी हेतुफलविवर्जितः कार्यकारणविलक्षणः सर्वदा सर्वव्यापको भूमास्मीति ज्ञान**स्यैव** विरोधो **दृश्यते** स्फुटो, **ज्ञानेन विना केनापि** वस्तुना कर्मणा विधिना वा लौकिकेन वैदिकेन वाऽन्ययाऽपरविद्यया वा **तस्या**ज्ञानस्य **नाशो न सिध्यती**ति।

उसी प्रकार अज्ञान और ज्ञान दोनों में ही [विरोध] देखा जाता है। ज्ञान के बिना किसी से भी उसका नाश नहीं होता ॥५१८॥

उसी प्रकार अज्ञान - 'मैं परिच्छिन्न, संसारी, हेतु-फलात्मक, इहलोक-परलोकगामी रूप हूँ'; और ज्ञान - 'मैं अपरिच्छिन्न, असंसारी, हेतु-फल रहित, कार्य-कारण विलक्षण, सर्वदा सर्वव्यापक, भूमा हूँ' दोनों में ही विरोध स्पष्ट देखा जाता है। ज्ञान के बिना किसी भी वस्तु अथवा कर्म चाहे विधि, लौकिक या वैदिक या कोई अन्य अपरा विद्या से उस अज्ञान का नाश नहीं होता।

तस्मादज्ञानविच्छित्त्यै ज्ञानं सम्पादयेत्सुधीः । आत्मानात्मविवेकेन ज्ञानं सिध्यति नान्यथा ॥५१९॥

तस्मात्सुधीः साध्यसाधनसम्बन्धज्ञानवान् विवे**क्यज्ञानविच्छित्त्या**यज्ञानस्य विच्छित्तिर्नाशस्तस्यै **ज्ञानं सम्पादयेत्**। **आत्मानात्मविवेकेन ज्ञानं सिध्यति नान्यथा**। श्रुत्याचार्यप्रमाणेन तर्कतश्च *"एषोऽहमेतन्न मम स्वरूपम्"* इति रीत्या विचारः कर्तव्यस्तेन ज्ञानं सिध्यतीति भावः।

इसीलिए बुद्धिमान अज्ञान की निवृत्ति के लिए ज्ञान का सम्पादन करे। वह तत्त्व ज्ञान आत्मा और अनात्म पदार्थ के विवेक से सिद्ध होता है, अन्य प्रकार से नहीं ॥५१९॥

इसीलिए साध्य-साधन सम्बन्ध ज्ञानवान्, विवेकी अज्ञान के नाश के लिए ज्ञान का सम्पादन करे। आत्म-अनात्म पदार्थ के विवेक से ज्ञान

सिद्ध होता है, अन्य प्रकार से नहीं। श्रुति, आचार्य प्रमाण तथा तर्क से भी 'मैं वह ही हूँ, यह मेरा स्वरूप नहीं है' (स० द० ३१) इस प्रकार विचार करने से वह ज्ञान सिद्ध होता है - ऐसा भाव है।

युक्त्यात्मानात्मनोस्तस्मात्करणीयं विवेचनम् । अनात्मन्यात्मताबुद्धिग्रन्थिर्येन विदीर्यते ॥५२०॥

तस्माद्युक्त्याऽवयवत्रयेणानुमानेना**ऽऽत्मानात्मनोर्विवेचनं** विवेकः पृथक्करणं **करणीयं येनानात्मनि** पञ्चकोशेषु शरीरत्रयेषु वा**ऽऽत्मताबुद्धिग्रन्थिरा**त्मताया बुद्धिर्ज्ञानमात्मताबुद्धिः सा एव ग्रन्थिरात्मताबुद्धिग्रन्थि**र्विदीर्यते** भिद्यते। अनुमानस्यामी प्रयोगाः - देहोऽनात्मा महाभूतविकारत्वाद्धटवत्, मनोबुध्याद्यनात्मा दृश्यत्वात्कुम्भवत्, जाग्रत्प्रपञ्चो मिथ्याऽऽदिमत्त्वा-दन्तवत्त्वाच्च स्वप्नवत्, अयं पट एतत्तन्तुनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगी पटत्वात्पटान्तरवदित्याद्यनुमानानि करणीयानि। तत्रानुमाने – "तत्र पञ्चतयं केचिद्द्वयमन्ये वयं त्रयम्। उदाहरणपर्यन्तं यद्वोदाहरणादिकम्" इति स्मृतम्।

इसीलिए युक्ति से आत्मा-अनात्मा का विवेचन करना चाहिए, जिससे अनात्म पदार्थों में आत्मत्व बुद्धि रूप ग्रन्थि विदीर्ण हो जाती है ॥५२०॥

इसीलिए तीनों अवस्थाओं में अनुमान से आत्मा-अनात्मा का विवेक करना चाहिए जिससे पञ्चकोश अथवा शरीरत्रय रूप अनात्म पदार्थों में आत्मत्व बुद्धि रूप ग्रन्थि टूट जाती है। अनुमान के ये प्रयोग हैं - देह अनात्मा है, महाभूतों का विकार होने के कारण, जैसे घट; मन-बुद्धि आदि अनात्मा हैं, दृश्य होने के कारण, जैसे कुम्भ; जाग्रत् प्रपञ्च मिथ्या है आदि-अन्त वाला होने के कारण, जैसे स्वप्न; यह पट इस तन्तु में विद्यमान अत्यन्ताभाव का प्रतियोगी है, पट होने के कारण, जैसे अन्य पट इत्यादि - इस प्रकार के अनुमान किए जाने चाहिएँ। उस अनुमान में 'कुछ पाँच अवयव मानते हैं, कुछ दो मानते हैं। हम तीन मानते हैं - उदाहरण पर्यन्त अथवा उदाहरण से प्रारम्भ करके तीन' - इस प्रकार स्मृत किया गया है।

नैयायिक अनुमान के लिए ५ अवयव मानते हैं, भाट्ट मीमांसक ३ तथा बौद्ध २ अवयव ही पर्याप्त मानते हैं

आत्मानात्मविवेकार्थं विवादोऽयं निरूप्यते । येनात्मानात्मनोस्तत्त्वं विविक्तं प्रस्फुटायते ॥५२१॥

आत्मानात्मविवेकार्थमात्मा चानात्मा चात्मानात्मानौ तयोर्विवेकार्थं विवेकोऽर्थ प्रयोजनं यस्य तद्विवेकार्थमसङ्कीर्णज्ञानार्थ**मयं विवादो** वादिप्रतिवादिनोर्विरुद्धवादो **निरूप्यते येनात्मानात्मनोस्तत्त्वं विविक्तं** पृथक्पृथक्**प्रस्फुटायते** स्पष्टं भवतीत्यर्थः।

आत्मा और अनात्मा के विवेक के लिए यह विवाद निरूपण किया जाता है, जिससे आत्मा और अनात्मा का यथार्थ स्वरूप पृथक् स्पष्ट हो जाता है ॥५२१॥

आत्मा और अनात्मा के विवेक यानि असङ्कीर्ण ज्ञान के लिए यह वादी-प्रतिवादी का विरुद्ध वाद निरूपण किया जाता है, जिससे आत्मा और अनात्मा का यथार्थ स्वरूप पृथक्-पृथक् स्पष्ट हो जाता है।

मूढा अश्रुतवेदान्ताः स्वयं पण्डितमानिनः । ईशप्रसादरहिताः सद्गुरोश्च बहिर्मुखाः ॥५२२॥

विवदन्ति प्रकारं तं शृणु वक्ष्यामि सादरम् ।

अश्रुतवेदान्ताः श्रुतो वेदान्तो यैस्ते श्रुतवेदान्ता न श्रुतवेदान्ता अश्रुतवेदान्ताः **स्वयं पण्डितमानिन** आत्मनः पण्डितं मन्यन्त इति पण्डितमानिन **ईशप्रसादरहिता** ईशस्य प्रसादोऽनुग्रह ईशप्रसादस्तद्रहितास्तच्छून्या ईशप्रसादरहिता अभक्ताश्च **सद्गुरोः** श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरो**र्बहिर्मुखा** बहिर्विपरीतं मुखमन्तःकरणं येषां ते बहिर्मुखा **मूढा विवदन्ति** विरुद्धं वदन्ति **तं प्रकारं** विशिष्टाज्ञानं

वक्ष्यामि सादरमादरेण सह **शृण्वि**ति।

"अतस्मिंस्तद्बुद्धिरध्यासः" इति विस्तरेण प्रतिपादितम्। अधुना कूटस्थासङ्गचिद्रूपस्य सविकाराहङ्कारादिषु तथा पुत्रदेहेन्द्रियप्राणेत्याद्यनात्मनां स्वयम्प्रकाशकूटस्थे चिदात्मनि योऽध्यासस्तस्य बहुवादिमतोपन्यासेन त्वम्पदशोधन-प्रक्रियाप्रदर्शनार्थं वर्णनमारभ्यते। तत्र यथारुन्धतीदर्शने बह्वीष्वपि तारास्वमुख्यास्वरुन्धतीषु दर्शितासु, याऽन्त्या प्रदर्श्यते सैव मुख्यारुन्धती तथेहापि पुत्रादिन् सर्वाननात्मनो ग्राहयित्वा प्रत्याख्याय पश्चात्कूटस्थं निर्विकारं चिदेकरसं ग्राहयति।

जिन्होंने वेदान्त शास्त्र का श्रवण नहीं किया, स्वयं अपने को बड़ा पण्डित मानने वाले, जिनके ऊपर ईश्वर का अनुग्रह नहीं है, सद्गुरु से बहिर्मुख मूढ विवाद करते हैं। वह रीति मैं सुनाता हूँ - आदर के साथ सुनो ॥५२२॥

जिन्होंने वेदान्त शास्त्र का श्रवण नहीं किया, अपने को बड़ा पण्डित मानने वाले, ईश्वर के प्रसाद/अनुग्रह से रहित यानि अभक्त, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ गुरु से विपरीत अन्तःकरण है जिनका - वे मूढ विरुद्ध बोलते हैं। उस विशिष्ट अज्ञान को मैं सुनाता हूँ - आदर के साथ सुनो।

'अध्यास - अन्य में अन्य का अवभास' इसका विस्तार से प्रतिपादन किया जा चुका है। अब कूटस्थ, असङ्ग, चिद्रूप का, विकारी अहङ्कार आदि में तथा पुत्र, देह, इन्द्रिय, प्राण इत्यादि अनात्मा का स्वयं प्रकाश, कूटस्थ चिदात्मा में जो अध्यास है - बहुवादी मत को प्रस्तुत करते हुए त्वं पद के शोधन की प्रक्रिया को दिखलाने के लिए (उस अध्यास का) वर्णन आरम्भ करते हैं। वहाँ जैसे अरुन्धती के दर्शन में अन्य कई गौण तारों को दिखाया जाता है, जो अन्त में दिखाया जाता है, वह ही मुख्य अरुन्धती तारा है; वैसे ही यहाँ भी पुत्र आदि से प्रारम्भ कर सभी अनात्मा को प्रस्तुत कर तथा उनका खण्डन करने के पश्चात् कूटस्थ, निर्विकार, चिदेकरस का ग्रहण होता है।

प्रसाद रहित शब्द ईश्वर तथा गुरु दोनों के साथ प्रयोग किया जा सकता है जिससे ऐसा वाक्य बनेगा - जो ईश्वर प्रसाद तथा गुरु प्रसाद से रहित है

पुत्रात्मवादः

अत्यन्तपामरः कश्चित्पुत्र आत्मेति मन्यते ॥५२३॥

कश्चिदत्यन्तपामरोऽतिमूढः **पुत्र आत्मेति मन्यते**।

कोई अत्यन्त पामर अपने पुत्र को 'आत्मा' समझता है॥५२३॥

कोई अतिमूढ पुरुष 'पुत्र आत्मा है' ऐसा मानता है।

आत्मनीव स्वपुत्रेऽपि प्रबलप्रीतिदर्शनात् । पुत्रे तु पुष्टे पुष्टोऽहं नष्टे नष्टोऽहमित्यतः ॥५२४॥

अनुभूतिबलाच्चापि युक्तितोऽपि श्रुतेरपि । आत्मा वै पुत्रनामासीत्येवं च वदति श्रुतिः ॥५२५॥

पुत्र आत्मेति कस्मात्कारणान्मन्यते?

१. **आत्मनीव** स्वस्मिन्निव **स्वपुत्रेऽपि** स्वस्य पुत्रेऽपि **प्रबलप्रीतिदर्शनात्प्र**बला प्रीतिस्तस्या दर्शनात्।
२. तथा **पुत्रे** तु **पुष्टेऽहं पुष्टः** पुत्रे **नष्टेऽहं नष्ट इत्यनुभूतिबलात्।**
३. एतदुत्तरश्लोकोक्ताया **युक्तितश्चापि** मन्यते।
४. तथा **श्रुतेरपि** बलादात्मा **वै पुत्रनामासीत्येवं च श्रुतिर्वदती**ति।

यद्यपि प्राकृतानां श्रुत्युपन्यासो न युक्तस्तत्प्रामाण्यानङ्गीकारात्, तथापि सिद्धान्तिना "श्रुतिसिद्धमेव प्रमितं नान्यत्" इति तत्तत्प्रामाण्याङ्गीकारेण तं प्रति तदुपन्यासो युक्त इति भावः। "आत्मा वै पुत्रनामासि" इत्यादिश्रुतिस्तु पुत्रस्य प्रियत्वमाहेत्यर्थः।

आत्मा के समान अपने पुत्र में भी प्रबल प्रीति देखे जाने पर - पुत्र के पुष्ट होने पर मैं पुष्ट हो गया, पुत्र के नष्ट होने पर मैं नष्ट हो गया ॥५२४॥

इस प्रकार अनुभव के बल से, युक्ति तथा श्रुति के आधार पर भी पुत्र को आत्मा कहता है। 'पुत्र नाम वाला आत्मा है' ऐसा श्रुति कहती है ॥५२५॥

किस कारण से पुत्र को आत्मा माना जाता है?
१. अपने पुत्र के प्रति प्रबल प्रीति को देखकर जैसी स्वयं के प्रति है।
२. अनुभूति "पुत्र के पुष्ट होने पर मैं पुष्ट हो गया, पुत्र के नष्ट होने पर मैं नष्ट हो गया" के बल पर।
३. अगले श्लोक में युक्ति को देखकर भी ऐसा माना जाता है।
४. तथा श्रुति के आधार पर भी 'पुत्र नाम वाला आत्मा है' ऐसा श्रुति कहती है।

यद्यपि प्राकृत पुरुषों के लिए श्रुति का उल्लेख करना युक्त नहीं है, क्योंकि वे उसकी प्रामाणिकता को स्वीकार नहीं करते हैं, फिर भी सिद्धान्ती के द्वारा 'जो श्रुति द्वारा सिद्ध है, वह ही प्रमाण है - अन्य कुछ नहीं' उसकी प्रामाणिकता को स्वीकार कर किसी स्वीकृत प्रामाणिक सन्दर्भ का उल्लेख करना युक्त है - ऐसा भाव है। 'हे पुत्र! तू मेरा आत्मा ही है' (तै० सं० २।११) इत्यादि श्रुति पुत्र का प्रियत्व बताती है।

पूर्वस्मिञ्छ्लोके ये पुत्रात्मवादिन उक्तवन्तः तेषां युक्तिरुच्यते दीपाद्दीप इति।
जो लोग पुत्र को आत्मा मानते हैं, जैसा कि पिछले श्लोक में वर्णित है उनकी युक्ति कहते हैं 'दीपाद्दीपो' इत्यादि से -

दीपाद्दीपो यथा तद्वत्पितुः पुत्रः प्रजायते । पितुर्गुणानां तनये बीजाङ्कुरवदीक्षणात् ॥५२६॥

अतोऽयं पुत्र आत्मेति मन्यते भ्रान्तिमत्तमः ।

यथा दीपाद्दीपः प्रज्वलति **तद्वत्पितुः पुत्रः प्रजायते। तनये** पुत्रे **पितुर्गुणानां** शरीरसौष्ठवादीनां रोगादीनां च **बीजाङ्कुरवद्यथा** बीजानां गुणा अङ्कुरे दृश्यन्ते त**थेक्षणात्। अतोऽयं पुत्र आत्मा**ऽह**मिति भ्रान्तिमत्तमो**ऽत्यन्तभ्रमज्ञानवान्मन्यत इति।

जैसे एक दीप से दूसरा दीप प्रज्वलित किया जाता है, वैसे ही पिता से पुत्र उत्पन्न होता है। बीज-अङ्कुर के समान पिता के गुण पुत्र में देखे जाते हैं॥५२६॥

अतः अत्यन्त भ्रान्ति वाला पुरुष मानता है कि 'यह पुत्र मैं ही हूँ'।

जैसे एक दीप से दूसरा दीप प्रज्वलित किया जाता है, वैसे ही पिता से पुत्र उत्पन्न होता है। जैसे बीज के गुण अङ्कुर में देखे जाते हैं, वैसे ही पुत्र में पिता के गुण - शरीर की सुन्दरता आदि तथा रोग आदि देखे जाते हैं। अतः अत्यन्त भ्रमज्ञानवान् ऐसा मानता है कि 'यह पुत्र मैं ही हूँ'।

देहात्मवादः

तन्मतं दूषयत्यन्यः पुत्र आत्मा कथं त्विति ॥५२७॥

प्रीतिमात्रात्कथं पुत्र आत्मा भवितुमर्हति । अन्यत्रापीक्ष्यते प्रीतिः क्षेत्रपात्रधनादिषु ॥५२८॥

अन्यस्तु पुत्रः कथमात्मा भवितुमर्ह**तीति तन्मतं** तस्य पुत्रात्मवादिनो मतं **दूषयति**।

प्रीतिमात्रात्कथं पुत्र आत्मा भवितुमर्हति। **अन्यत्र** क्षेत्रपात्रधनादिषु क्षेत्रञ्च पात्रं पाति रक्षत्याधेयमित्यमात्यादि च धनं च क्षेत्रपात्रधनानि तानि चादीनि येषां तेषु **क्षेत्रपात्रधनादिष्वपि प्रीतिस्ता**दात्म्य**मीक्ष्यत** इति।

अन्य कोई उसके मत का खण्डन करते हैं - पुत्र आत्मा कैसे हो सकता है? ॥५२७॥

प्रीति मात्र से पुत्र आत्मा कैसे हो सकता है क्योंकि पुत्र से भिन्न भूमि, पात्र, धन आदि में भी प्रेम देखने में आता है ॥५२८॥

लेकिन अन्य कोई उस पुत्र आत्म वादी के मत का खण्डन करते हैं - पुत्र आत्मा कैसे हो सकता है?

प्रीति मात्र से पुत्र आत्मा कैसे हो सकता है, क्योंकि पुत्र से भिन्न भूमि, पात्र - जिसकी रक्षा की जाती है और जो आधेय है तथा धन आदि में भी जिनका तादात्म्य देखा गया है।

पुत्राद्विशिष्टा देहेऽस्मिन्प्राणिनां प्रीतिरिष्यते । प्रदीप्ते भवने पुत्रं त्यक्त्वा जन्तुः पलायते ॥५२९॥

तं विक्रीणाति देहार्थं प्रतिकूलं निहन्ति च । तस्मादात्मा तु तनयो न भवेच्च कदाचन ॥५३०॥

अस्मिन् देहे प्राणिनां पुत्राद्विशिष्टाऽधिका **प्रीतिरिष्यते**। **भवने प्रदीप्ते जन्तु**र्मनुष्योऽन्य जीवोऽपि **पुत्रं त्यक्त्वा पलायते**। जनो **देहार्थं तं** पुत्रं **विक्रीणाति प्रतिकूलं** स्वानिष्टं चिकीर्षुं **निहन्ति च तस्माच्च** कारणात्तनयः पुत्रस्तु **कदाचनाऽऽत्मा न भवेत्**।

इस देह में प्राणियों की पुत्र से भी अधिक प्रीति मानी जाती है। घर के जलने पर प्राणी पुत्र को छोड़कर भाग जाता है ॥५२९॥

मनुष्य अपनी देह की रक्षा के लिए उस पुत्र को बेच देता है और प्रतिकूल व्यवहार करने पर पुत्र को मार डालता है, इसीलिए पुत्र कदाचित् आत्मा नहीं हो सकता ॥५३०॥

इस देह में प्राणियों की पुत्र से भी अधिक प्रीति मानी जाती है। घर के जलने पर मनुष्य अथवा कोई अन्य जीव भी पुत्र को छोड़कर भाग जाता है। मनुष्य देह की रक्षा के लिए उस पुत्र को बेच देता है और जो अपना अनिष्ट करना चाहता हो, उस पुत्र को मार डालता है। इस कारण से पुत्र कदाचित् आत्मा नहीं हो सकता।

गुणरूपादिसादृश्यं दीपवन्न सुते पितुः । अव्यङ्गाज्जायते व्यङ्गः सुगुणादपि दुर्गुणः ॥५३१॥

सुते पुत्रे **दीपवत्पितुर्गुणरूपादिसादृश्यं** गुणश्च रूपञ्च गुणरूपे ते आदिनी येषां तानि गुणरूपादीनि तेषां सादृश्यं गुणरूपादिसादृश्यं **न** भवति। कस्मात्?
१) अव्यङ्गात्सर्वाङ्गपूर्णा**द्व्यङ्गो** हीनाङ्गो विकलाङ्गो **जायते**।
२) सुगुणात्सर्वगुणसंपन्नाच्छ्रेष्ठा**द्दुर्गुणो** जघन्यगुणोऽपि जायत इति। इतिहासपुराणेषु सर्वस्यैतस्य दर्शनात्।

पुत्र में पिता के गुण, रूप आदि सादृश्य नहीं होते जैसे दीप में होते हैं। पूर्ण अङ्ग पिता से हीन अङ्ग, श्रेष्ठ गुणों वाले पिता से दुर्गुणी पुत्र उत्पन्न होता है ॥५३१॥

दीप जैसे पुत्र में पिता के गुण, रूप आदि सादृश्य नहीं होते हैं (एक दीप से प्रज्वलित दूसरा दीप पहले दीप के समान गुण वाला होता है)। ऐसा क्यों?
१) सर्व अङ्ग, पूर्ण से हीन अङ्ग, विकलाङ्ग पुत्र उत्पन्न होता है।
२) सर्व गुण सम्पन्न, श्रेष्ठ से जघन्य गुणों वाला पुत्र भी उत्पन्न होता है। इतिहास, पुराणों में यह सब देखा जाता है।

आभासमात्रास्ताः सर्वा युक्तयोऽप्युक्तयोऽपि च । पुत्रस्य पितृवद्गेहे सर्वकार्येषु वस्तुषु ॥५३२॥

स्वामित्वद्योतनायास्मिन्नात्मत्वमुपचर्यते । श्रुत्या तु मुख्यया वृत्त्या पुत्र आत्मेति नोच्यते ॥५३३॥

सर्वास्ता युक्तयस्तर्कादयो युक्त्याभासा **अप्युक्तयो** लौकिकोक्तयो श्रुतिवाक्या**न्यप्याभासमात्रा** वाक्याभासाः। **पितृवद्गेहे सर्वकार्येषु वस्तुषु** च **पुत्रस्य स्वामित्वद्योतनाय** प्रभुत्वस्थापना**यास्मिन्** स्वपुत्रादा**वात्मत्वमुपचर्यत** आत्मभाव आरोप्यते भ्रान्तिमत्तमैरिति शेषः। **तु** तथा **श्रुत्या**ऽपि **पुत्र आत्मेति मुख्यया वृत्त्या**ऽभिधाशक्त्या **नोच्यत** इति।

वे सभी युक्तियाँ तथा वाक्य आभास मात्र हैं। पुत्र का पिता के समान घर में सभी कार्य, वस्तुओं में स्वामित्व सूचित करने के लिए इसमें आत्मत्व का गौण प्रयोग किया जाता है। श्रुति के द्वारा 'पुत्र आत्मा है' ऐसा मुख्य वृत्ति से नहीं कहा जाता है ॥५३२, ५३३॥

वे सभी तर्क आदि युक्ति आभास हैं; लौकिक उक्तियाँ, श्रुति वाक्य भी वाक्य आभास हैं। पिता के समान घर में सभी कार्य तथा वस्तुओं में पुत्र के प्रभुत्व की स्थापना करने के लिए अपने पुत्र में आत्म भाव का आरोप अत्यन्त भ्रान्ति वालों के द्वारा किया जाता है - यह वाक्य शेष है तथा श्रुति के द्वारा भी 'पुत्र आत्मा है' ऐसा अभिधा शक्ति से नहीं कहा जाता है।

औपचारिकमात्मत्वं पुत्रे तस्मान्न मुख्यतः । अहम्पदप्रत्ययार्थो देह एव न चेतरः ॥५३४॥

किन्तु गौणवृत्त्यैवोच्यते **तस्मात्पुत्रे** गौण**मौपचारिकमात्मत्वम्**। यथा "भद्रसेनो ममात्मा" यथा वा "सिंहो माणवकः" इति। **न तु मुख्यतः**, **देह एवाहम्पदप्रत्ययार्थो**ऽहम्पदस्य प्रत्ययोऽहम्पदप्रत्ययः तस्यार्थोऽहम्पदस्य ज्ञानस्य विषयो **न चेतर** इति।

इसीलिए पुत्र में आत्मत्व का प्रयोग गौण है, मुख्य नहीं है। 'अहम्' शब्द के ज्ञान का विषय देह ही है, अन्य कोई नहीं ॥५३४॥

किन्तु गौण वृत्ति से ही पुत्र में आत्मत्व का प्रयोग बताया गया है। जैसे 'भद्रसेन मेरा आत्मा है' अथवा 'बालक सिंह है'; यह मुख्य अर्थ नहीं है। 'अहम्' शब्द के ज्ञान का विषय देह ही है, अन्य कोई (पुत्र) नहीं।

युक्त्यादि प्रमाणं वदन्प्रागुपन्यस्तपक्षं तिरस्कृत्याधुना श्रुतिप्रमाणमपि प्रदर्शयति प्रत्यक्ष इति।

युक्ति आदि द्वारा प्रमाण का वर्णन करते समय पहले बताए हुए पक्ष को छोड़कर अब श्रुति प्रमाण भी दिखाते हैं 'प्रत्यक्षः' इत्यादि से -

प्रत्यक्षः सर्वजन्तूनां देहोऽहमिति निश्चयः । एष पुरुषोऽन्नरसमय इत्यपि च श्रुतिः ॥५३५॥

अहं देहोऽस्मीति निश्चयः सर्वजन्तूनां सर्वप्राणिनां **प्रत्यक्षः** *"स वा **एष पुरुषोऽन्नरसमयः**"***इत्यपि च श्रुति**रिति।

'मैं देह हूँ' ऐसा सब प्राणियों का प्रत्यक्ष निश्चय है। 'यह पुरुष अन्न एवं रसमय ही है' - श्रुति भी है ॥५३५॥

'मैं देह हूँ' ऐसा सभी प्राणियों का प्रत्यक्ष निश्चय है। 'वह यह पुरुष अन्न एवं रसमय ही है' (तै० उ० २।१) - श्रुति भी है।

पुरुषत्वं वदत्यस्य स्वात्मा हि पुरुषस्ततः । आत्माऽयं देह एवेति चार्वाकेण विनिश्चितम् ॥५३६॥

सा श्रुति**रस्य** देहस्य स्थूलशरीराकारस्य **पुरुषत्वं वदति**। यद्यप्येतच्छरीरं मज्जास्थिमेदपलरक्तचर्मत्वङ्मूत्रपुरीषशुक्रसङ्घातमेव तथापि **चार्वाकेण** पूर्वापरमविचार्य यतः श्रुत्योक्तं **ततः पुरुषो** देहः **स्वात्मा ह्यस्त्येवमयं देह एवाऽऽत्मेति** विरोचनस्यासुरराजस्य सिद्धान्त इति **विनिश्चितम्**।

श्रुति देह के पुरुषत्व को बताती है, वह पुरुष ही आत्मा है तथा यह देह ही आत्मा है - ऐसा चार्वाकों का निश्चय है ॥५३६॥

वह श्रुति इस स्थूल शरीर आकार देह के पुरुषत्व को बताती है। यद्यपि यह शरीर मज्जा, अस्थि, वसा, मांस, रक्त, चर्म, त्वचा, मूत्र, मल और वीर्य का सङ्घात मात्र है, फिर भी चार्वाकों के द्वारा पूर्व-अपर का विचार किए बिना क्योंकि श्रुति द्वारा कहा गया है, वह पुरुष ही आत्मा है तथा यह देह ही आत्मा है - असुरों के राजा विरोचन के सिद्धान्त के द्वारा निश्चित किया गया है।

इन्द्रियात्मवादः

तन्मतं दूषयत्यन्योऽसहमानः पृथग्जनः । देह आत्मा कथं नु स्यात्परतन्त्रो ह्यचेतनः ॥५३७॥

तल्लोकायत**मतं** लोक आयतं विस्तृतमनायाससिद्धत्वाल्लोकायतं चार्वाकमत**मसहमानोऽन्यः पृथग्जनो**ऽपरचार्वाको देहात्मवादिमतं **दूषयति नु** वितर्के **देह आत्मा कथं स्याद्धि परतन्त्रश्चाचेतनो** जडोऽस्ति। अत्रायं प्रयोगः - देहो नाऽऽत्मा, परतन्त्रत्वात्, अचेतनत्वात्, घटवदिति।

अन्य पुरुष उस मत को न सहन कर उसमें दोष दिखाता है कि देह आत्मा कैसे हो सकता है क्योंकि वह तो अधीन तथा अचेतन है ॥५३७॥

लोक में विस्तृत तथा अनायास रूप से सिद्ध होने से उस लोकायत नामक चार्वाक के मत को सहन न कर अन्य अपर चार्वाक देहात्म वादी मत में विपरीत तर्क करता है कि देह आत्मा कैसे हो सकता है क्योंकि वह तो अधीन तथा जड़ है। इसका यहाँ प्रयोग इस प्रकार है - देह आत्मा नहीं है; परतन्त्र तथा अचेतन होने के कारण, जैसे घट।

देह आत्मा नहीं है, किन्तु उसका साधन के रूप में ध्यान रखना आवश्यक है

इन्द्रियैश्चाल्यमानोऽयं चेष्टते न स्वतः क्वचित् । आश्रयश्चक्षुरादीनां गृहवद्गृहमेधिनाम् ॥५३८॥

अयं देह **इन्द्रियैश्चाल्यमानः** कम्प्यमान**श्चेष्टते स्वतः क्वचिन्न** चेष्टते। अयं **गृहमेधिनां** गृहस्थानां **गृहवत्स**दनव**चक्षुरादीनामाश्रयो**ऽस्ति। प्रसिद्धं हि लोकयेकं गृहमाश्रित्य पुत्रकलत्रादयस्तिष्ठन्तीति।

यह इन्द्रियों द्वारा चलाया जाता हुआ चेष्टा करता है, स्वयं कहीं भी कुछ नहीं करता। जैसे गृह गृहस्वामियों का आश्रय है, वैसे ही यह चक्षु आदि का आश्रय है ॥५३८॥

यह देह इन्द्रियों द्वारा कम्प्यमान होता हुआ चेष्टा करता है, स्वयं कोई चेष्टा नहीं करता। यह सदन गृहस्थों का आश्रय है, वैसे ही यह देह चक्षु आदि का आश्रय है। लोक में प्रसिद्ध है कि एक गृह का आश्रय लेकर पुत्र, पत्नी आदि रहते हैं।

बाल्यादिनानावस्थावाञ्शुक्रशोणितसम्भवः । अतः कदापि देहस्य नात्मत्वमुपपद्यते ॥५३९॥

देहो **बाल्यादिनानावस्थावान्** बाल्यमादि यासां ता बाल्यादयस्ताश्च नानावस्था बाल्यादिनानावस्थास्ता अस्य सन्तीति बाल्यादिनानावस्थावान्। बाल्यपौगण्डकिशोरयुवाद्यवस्थावानिति **शुक्रशोणितसम्भवः** शुक्रो वीर्यं च शोणितं रक्तं च शुक्रशोणिते ताभ्यां सम्भव उत्पत्तिर्यस्य स शुक्रशोणितसम्भवोऽ**स्त्यतः कदापि देहस्याऽऽत्मत्वं नोपपद्यते** तथा च मज्जास्थिमेदपलरक्तचर्मत्वङ्मूत्रपुरीषशुक्रसङ्घातस्य विनाशदर्शनात्, देहः कथमात्मा भवितुमर्हतीति।

यह बाल्य आदि अनेक अवस्थाओं वाला तथा शुक्र-रक्त से उत्पन्न हुआ है, इसीलिए देह का आत्मत्व कदापि नहीं हो सकता है ॥५३९॥

बाल्यावस्था जिसके आदि में है - ऐसा अनेक अवस्थाओं वाला देह (बाल्य, पौगण्ड, किशोर, युवा आदि अवस्था), वीर्य तथा रक्त से जिसकी उत्पत्ति हुई है, अतः देह का आत्मत्व कदापि नहीं हो सकता है। तथा मज्जा, अस्थि, मेद, पल, रक्त, चर्म, त्वचा, मल-मूत्र, शुक्र

- इनके समूह के विनाश को देखते हुए, देह किस प्रकार आत्मा होने योग्य हो सकता है?

बधिरोऽहं च काणोऽहं मूक इत्यनुभूतितः । इन्द्रियाणि भवन्त्यात्मा येषामस्त्यर्थवेदनम् ॥५४०॥

अहं बधिरोऽहं काणो मूकश्चेत्यनुभूतित इन्द्रियाण्यात्मा भवन्ति येषामर्थवेदनं विषयज्ञानसामर्थ्य**मस्ति**। अयं प्रयोगः - इन्द्रियाण्यात्मा, ज्ञानसामर्थ्याद्, व्यतिरेकेण घटवत्।

मैं बहरा हूँ, काणा हूँ तथा गूँगा हूँ - ऐसी अनुभूति होने के कारण इन्द्रियाँ आत्मा हैं। उनको विषय का ज्ञान होता है ॥५४०॥

मैं बहरा हूँ, काणा हूँ तथा गूँगा हूँ - ऐसी अनुभूति होने के कारण इन्द्रियाँ आत्मा हैं। उनको विषय ज्ञान का सामर्थ्य होता है। यह प्रयोग (अनुमान) इस प्रकार है - इन्द्रियाँ आत्मा हैं; ज्ञान का सामर्थ्य होने के कारण, व्यतिरेक द्वारा घट के समान।

इन्द्रियाणां चेतनत्वं देहे प्राणाः प्रजापतिम् । एतमेत्येत्यूचुरिति श्रुत्यैव प्रतिपाद्यते ॥५४१॥

देहे प्राणा इन्द्रियाणि गौणप्राणरूपत्वा**देतं प्रजापतिमेत्येत्यूचुः** *"ते ह प्राणाः प्रजापतिं पितरमेत्योचुः"* **इति श्रुत्यैवेन्द्रियाणां चेतनत्वं प्रतिपाद्यते**। तेषामुपरमे सर्वदेहव्यवहारस्यादर्शनादिति च।

इस श्रुति से भी देह में स्थित इन्द्रियों का चेतनत्व सिद्ध होता है 'प्राणों ने अपने पिता प्रजापति के पास जाकर कहा' ॥५४१॥

इस श्रुति से भी देह में (इन्द्रियाँ जो गौण रूप से प्राण ही हैं) स्थित इन्द्रियों का चेतनत्व सिद्ध होता है 'प्राणों ने अपने पिता प्रजापति के पास जाकर कहा' (छा० उ० ५।१।७)। उनके उपराम होने पर सम्पूर्ण देह का व्यवहार नहीं होता।

यतस्तस्मादिन्द्रियाणां युक्तमात्मत्वमित्यमुम् । निश्चयं दूषयत्यन्योऽसहमानः पृथग्जनः ॥५४२॥

यतः श्रुतिः साक्षाद्**तस्मादिन्द्रियाणामात्मत्वं युक्त**मुचित**मित्यमुं निश्चयमसहमानोऽन्यः पृथग्जन** इन्द्रियात्मनिश्चयं **दूषयती**ति।

श्रुति ऐसा कहती है, इसीलिए इन्द्रियों का आत्मत्व युक्त है। ऐसे इस निश्चय को अन्य जन सहन न कर दोष दिखाता है ॥५४२॥

श्रुति साक्षात् ऐसा कहती है, इसीलिए इन्द्रियों का आत्मत्व उचित है। ऐसे इस इन्द्रिय आत्मा के निश्चय को अन्य जन सहन न कर दोष दिखाता है।

प्राणात्मवादः

इन्द्रियाणि कथं त्वात्मा करणानि कुठारवत् । करणस्य कुठारादेश्चेतनत्वं न हीक्ष्यते ॥५४३॥

श्रुत्याधिदेवतावाद इन्द्रियेषूपचर्यते । न तु साक्षादिन्द्रियाणां चेतनत्वमुदीर्यते ॥५४४॥

तु पर**न्त्विन्द्रियाणि कथमात्मा** भवेयुस्ते **कुठारवत्करणानि** सन्ति। **कुठारादेः करणस्य चेतनत्वं न हीक्ष्यते**। **श्रुत्याऽधिदेवतावादो**ऽधिदेवतानामधिष्ठातृदेवतानां वादः कथनं संवादो **वेन्द्रियेषूपचर्यते** गौणत्वेन प्रयुज्यते **साक्षाच्चेतनत्वं तु नोदीर्यते**। **इन्द्रियाणाम**पि कर्तृत्वे करणाभावप्रसङ्गात्। तथा च प्रत्येकमिन्द्रियाणामात्मत्वेऽनेकात्मत्वप्रसङ्गः। प्रत्यभिज्ञा-विरोधाच्च यश्चक्षुषा रूपमद्राक्षं स एव गन्धं जिघ्रामि शब्दमपि श्रृणोमीत्येकात्मप्रत्ययदर्शनात्। इन्द्रियाणां कलहश्रुतिस्तु प्राणवैशिष्ट्यबोधावताराय शाखाभेदेष्वन्यथाऽन्यथा च श्रवणादिन्द्रियाणां चेतनत्वमात्मत्वं च गौणमेवेति।

इन्द्रियाँ आत्मा कैसे हो सकती हैं, वे वृक्ष काटने वाले कुठार के समान करण हैं। कुठार आदि करण का चेतनत्व कहीं भी देखने में नहीं

आता है ॥५४३॥

श्रुति के द्वारा इन्द्रियों का अधिष्ठात्री देवता वाद इन्द्रियों में गौण रूप से किया गया है, साक्षात् इन्द्रियों का चेतनत्व नहीं कहा गया है ॥५४४॥

परन्तु इन्द्रियाँ आत्मा कैसे हो सकती हैं, वे वृक्ष काटने वाले कुठार के समान करण हैं। कुठार आदि करण का चेतनत्व कहीं भी देखने में नहीं आता है। श्रुति के द्वारा इन्द्रियों के अधिष्ठातृ देवताओं का वाद, कथन अथवा संवाद इन्द्रियों में गौण रूप से किया गया है, साक्षात् इन्द्रियों का चेतनत्व नहीं कहा गया है। इन्द्रियों के कर्तृत्व में करण अभाव का प्रसङ्ग हो जाएगा तथा यदि प्रत्येक इन्द्रियों का आत्मत्व हुआ, तब अनेक आत्मत्व का प्रसङ्ग हो जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्यभिज्ञा के साथ विरोध तथा आत्म ज्ञान के प्रमाण के कारण - जो आँखों से रूप देखता है, वही गन्ध सूँघता है और ध्वनि सुनता है। इन्द्रियों की कलह श्रुति प्राण का वैशिष्ट्य ज्ञान कराने के लिए है। विभिन्न शाखाओं में अन्यथा प्रकार से सुनी होने के कारण इन्द्रियों का चेतनत्व तथा आत्मत्व गौण ही है।

करण चेतन होने से करण के स्वतन्त्र कर्ता होने की आपत्ति होगी, जो इष्ट नहीं है

जैसे इन्द्रिय कलह श्रुति विभिन्न शाखाओं में अन्यथा प्रकार से सुनी जाने कारण उपाय मात्र है, वैसे ही सृष्टि श्रुति भी केवल उपाय मात्र है

यस्मादेवं तस्मादिन्द्रियाणां यदर्थवेदनमात्मत्वे कारणं प्रदर्शितं तद्दूषयत्यचेतनस्येति।

चूँकि ऐसा है, इसीलिए इन्द्रियों को विषयों का ज्ञान होने से उनके आत्मत्व के कारण में दोष दिखाते हैं 'अचेतनस्य' इत्यादि से -

अचेतनस्य दीपादेरर्थाभासकता यथा । तथैव चक्षुरादीनां जडानामपि सिध्यति ॥५४५॥

अचेतनस्य दीपादेर्यथाऽर्थाभासकताऽर्थानामाभासकता **तथैव जडानां चक्षुरादीनामपि सिध्यति** तस्मान्न तेषां कोऽपि विशेष इति।

जैसे अचेतन दीप आदि में पदार्थों के प्रकाशन से उनकी चेतनता सिद्ध होती है, वैसे ही जड़ चक्षु आदि में भी विषयों के प्रकाशन से उनकी चेतनता सिद्ध होती है ॥५४५॥

जैसे अचेतन दीप आदि में पदार्थों के प्रकाशन की भासकता है, वैसे ही जड़ चक्षु आदि में भी सिद्ध होती है। इसीलिए उनमें कुछ भी भेद नहीं है।

इन्द्रियाणां चेष्टयिता प्राणोऽयं पञ्चवृत्तिकः । सर्वावस्थास्ववस्थावान्सोऽयमात्मत्वमर्हति ।
अहं क्षुधावांस्तृष्णावानित्याद्यनुभवादपि ॥५४६॥

अयं पञ्चवृत्तिकः प्राणः प्राणापानव्यानोदानसमानाख्यः सर्व**देन्द्रियाणां** ज्ञानेन्द्रियाणां कर्मेन्द्रियाणां च **चेष्टयिता** प्रेरयिताऽस्ति। **सर्वावस्थासु** बाल्यादिषु जाग्रदादिषु **चावस्थावाना**जीवनं स्थितः **सोऽयमेवात्मत्वमा**त्मा भवितु**मर्हति**। **अहं क्षुधावांस्तृष्णावानित्याद्यनुभवादपि** प्राण आत्मा भवतीति।

पाँच वृत्तियों वाला यह मुख्य प्राण इन्द्रियों को चेष्टा कराता है। सभी अवस्थाओं में अवस्था वाला यह आत्मत्व के योग्य है। 'मैं भूखा हूँ, मैं प्यासा हूँ' इत्यादि अनुभव से भी प्राण ही आत्मा है ॥५४६॥

पाँच वृत्तियों वाला - प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान नाम से कहा जाने वाला यह मुख्य प्राण सभी ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों का

प्रेरयिता है। बाल्य आदि तथा जाग्रत् आदि सभी अवस्थाओं में यह जीवन भर रहता है, इसीलिए यह आत्मा होने के योग्य है। 'मैं भूखा हूँ, मैं प्यासा हूँ' इत्यादि अनुभव से भी प्राण ही आत्मा है।

अशनापिपासयोश्च प्राणधर्मत्वं प्रसिद्धमन्नपानयोरलाभे प्राणविच्छेददर्शनात्। प्राणमयस्यात्मत्वे श्रुतिः प्रमाणमित्याह श्रुत्येति।

अशना-पिपासा प्राण के धर्म प्रसिद्ध हैं, भोजन तथा पेय के अभाव में प्राणों का विच्छेद देखा गया है। प्राणमय के आत्मत्व में श्रुति प्रमाण कहते हैं 'श्रुत्या' इत्यादि से -

श्रुत्यान्योऽन्तर आत्मा प्राणमय इतीर्यते यस्मात् । तस्मात्प्राणस्यात्मत्वं युक्तं नो करणसञ्ज्ञानां क्वापि ॥५४७॥

यस्मात् *"अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः"* **इति श्रुत्याऽन्यो**ऽन्नमयाद्भिन्नो**ऽन्तरस्त**स्यान्नमयस्य समीपवर्त्या**त्मा प्राणमय इतीर्यते तस्मात्प्राणस्याऽऽत्मत्वं युक्तं नो क्वापि करणसञ्ज्ञानां** करणं सञ्ज्ञा येषां ते करणसञ्ज्ञास्तेषां करणसञ्ज्ञानामिति। तथा च सुषुप्तौ सर्वेष्विन्द्रियेषु लयं गतेषु प्राणस्तु जागर्ति *"प्राणाग्नय एवैतस्मिन् पुरे जाग्रति"* इति श्रुतेः। *"प्राणो वा ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च", "यस्मिन् व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्यते स वः श्रेष्ठ इति"* इत्यादयोऽपि योजनीया इति।

क्योंकि श्रुति कहती है कि अन्न रसमय पिण्ड से भीतर रहने वाला दूसरा शरीर प्राणमय है - वही आत्मा है, इसीलिए प्राण का आत्मत्व युक्त है, उनका नहीं जो करण सञ्ज्ञा वाले हैं ॥५४७॥

क्योंकि श्रुति कहती है कि 'उसके भीतर रहने वाला दूसरा शरीर प्राणमय है' (तै० उ० २।२) - अन्नमय आदि से भिन्न, अन्नमय के समीप होने से प्राणमय आत्मा है, इसीलिए प्राण का आत्मत्व युक्त है, उनका नहीं जो करण सञ्ज्ञा वाले हैं। तथा सुषुप्ति में जब सभी इन्द्रियों का लय होता है, किन्तु प्राण जागता है 'इस शरीर रूप पुर में प्राणाग्नि ही जागते हैं' (प्र० उ० ४।३) श्रुति से सिद्ध होता है। 'निश्चय ही प्राण ज्येष्ठ तथा श्रेष्ठ है' (छा० उ० ५।१।१), 'तुममें से जिसके निकल जाने पर शरीर अत्यन्त पापिष्ठ-सा दिखाई देने लगे, वही तुममें श्रेष्ठ है' (छा० उ० ५।१।७) - इत्यादि श्रुतियों को भी यहाँ जोड़ना चाहिए।

मनआत्मवादः

इति निश्चयमेतस्य दूषयत्यपरो जडः । भवत्यात्मा कथं प्राणो वायुरेवैष आन्तरः ॥५४८॥

बहिर्यात्यन्तरायाति भस्त्रिकावायुवन्मुहुः । न हितं वाहितं वा स्वमन्यद्वा वेद किञ्चन ॥५४९॥

अपरो जडो मूढोऽविचारकृत्त्वा**देतस्य** प्राणात्मवादिन एवं **निश्चयं** मतं **दूषयति, प्राणः कथमात्मा भवति**? **एष आन्तरो वायुरेवेति। भस्त्रिकावायुवद्**भस्त्रिकाया वायुर्भस्त्रिकावायुस्तद्व**न्मुहुर्**मुहुर्**बहिर्याति** तथा**ऽन्तरायाति। हितं वाऽहितं वा स्वं वाऽन्यत्किञ्चन न वेद** इति।

अन्य मूढ मनुष्य इस निश्चय में दोष दिखाता है - भीतर का वायु रूप यह प्राण आत्मा कैसे हो सकता है? ॥५४८॥

धौंकनी की वायु के समान प्राण वायु भी बार-बार बाहर जाता तथा भीतर आता है। वह हित, अहित, स्वयं अथवा अन्य को नहीं जानता ॥५४९॥

अन्य मूढ मनुष्य अविचार से इस प्राणात्म वादी के मत में दोष दिखाता है - प्राण आत्मा कैसे हो सकता है? वह तो भीतर का वायु है। धौंकनी की वायु के समान प्राण वायु भी बार-बार बाहर जाता तथा भीतर आता है। वह हित, अहित, स्वयं अथवा अन्य को नहीं जानता।

जडस्वभावश्चपलः कर्मयुक्तश्च सर्वदा । प्राणस्य भानं मनसि स्थिते सुप्ते न दृश्यते ॥५५०॥

मनस्तु सर्वं जानाति सर्ववेदनकारणम् । यत्तस्मान्मन एवात्मा प्राणस्तु न कदाचन ॥५५१॥

एष प्राणो **जडस्वभावो** जडः स्वभावः स्वरूपं यस्य स जडस्वभाव**श्चपलः** चञ्चलश्च **सर्वदा कर्मयुक्तः** कर्मणि युक्तः क्रियाशीलः। **मनसि स्थिते** विद्यमाने **प्राणस्य भानं दृश्यते** तथा मनसि **सुप्ते** प्राणस्य भानं **न** दृश्यते तस्माज्ज्ञानं मनसो धर्मो न तु प्राणस्य तस्य जडत्वान्नाऽऽत्मत्वमिति। **मनस्तु सर्वं जानाति यद्यस्मात्सर्ववेदनकारणं** सर्वेषां विषयाणां वेदनस्य ज्ञानस्य कारणं हेतुः। यद्वदन्वयव्यतिरेकाभ्यां ज्ञानं मनोधर्म न तु प्राणस्येति सिद्धं तद्वदन्वयव्यतिरेकाभ्यां संसारोऽपि मनस एव। यथा स्वप्ने स्ववासनाभिः केवलं चित्प्रतिबिम्बमात्रेण मनः प्रमाणादिजगन्निर्मिमीते तथैव जाग्रत्यपि सर्वं सृजति। उक्तं च*'यथा स्वप्ने द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः। तथा जाग्रद् द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः॥ अद्वयं च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः॥'*इति सुषुप्तौ न किञ्चिदवेदिषमिति सर्वप्राण्यनुभवाद्वैतस्याभावान्न संसारः। सति तस्मिन् द्वैतभानं संसारश्चासति च द्वैताभानं संसाराभावश्च **तस्मान्मन एवाऽऽत्मा** भवितुमर्हति **न तु प्राणः कदाचने**ति।

प्राण जड़ स्वभाव, चपल तथा सर्वदा क्रियाशील है। मन के विद्यमान होने पर प्राण का भान देखने में आता है, परन्तु सो जाने पर भान नहीं होता है ॥५५०॥

परन्तु मन सब जानता है, क्योंकि वह सभी विषयों के ज्ञान का कारण है। इसीलिए मन ही आत्मा है, प्राण तो कदापि नहीं है ॥५५१॥

यह प्राण जड़ स्वभाव वाला, चञ्चल तथा सर्वदा कर्म में युक्त क्रियाशील है। मन के विद्यमान होने पर प्राण का भान देखने में आता है तथा मन के सो जाने पर प्राण का भान नहीं देखा जाता, इसीलिए ज्ञान मन का धर्म है, न कि प्राण का। जड़ होने से उसका आत्मत्व नहीं हो सकता। परन्तु मन सब जानता है, क्योंकि वह सभी विषयों के ज्ञान का कारण है। जैसे अन्वय व्यतिरेक से ज्ञान मन का धर्म सिद्ध हुआ, न कि प्राण का; वैसे ही अन्वय-व्यतिरेक से संसार भी मन से ही है। जैसे स्वप्न में मन अपनी वासनाओं से तथा चैतन्य के प्रतिबिम्ब मात्र से प्रमाण आदि जगत् का निर्माण करता है, वैसे ही जाग्रत में भी सब सृजन करता है। ऐसा कहा जाता है 'जैसे स्वप्नावस्था में माया के द्वारा ही मन ग्राह्य-ग्राहक रूप द्वैताभास रूप से स्फुरित होता है, वैसे ही जाग्रत् काल में भी यह मन माया से नाना रूपों में स्फुरित होता है' (मा० का० ३।२९), 'जाग्रत् काल में भी निःसन्देह अद्वितीय मन ही ग्राहक आदि द्वैत से भासने वाला है' (मा० का० ३।३०); सुषुप्ति में सभी प्राणियों के अनुभव से 'मैं कुछ भी नहीं जानता' द्वैत का अभाव होने के कारण संसार नहीं है। द्वैत का भान होने से संसार होता है तथा द्वैत के अभान से संसार का अभाव होता है, इसीलिए मन ही आत्मा होने के योग्य है, प्राण तो कदापि नहीं है।

सङ्कल्पवानहं चिन्तावानहं च विकल्पवान् । इत्याद्यनुभवादन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः ॥५५२॥

इत्यादिश्रुतिसद्भावाद्युक्ता मनस आत्मता । इति निश्चयमेतस्य दूषयत्यपरो जडः ॥५५३॥

अहं सङ्कल्पवान्, चिन्तावाश्चाहं विकल्पवानित्याद्यनुभवात्तथाऽन्यः प्राणमयाद्भिन्नो**ऽन्तरो मनोमय आत्मा**ऽहं शब्दार्थः *"अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः"* **इत्यादिश्रुतिसद्भावादि**त्यादि श्रुतेः सद्भावात्प्रमाणा**न्मनस आत्मता युक्ता। एतस्य** मनआत्मवादिनो **निश्चयमपरो**ऽन्यो **जडो** मूढबुद्धि**र्दूषयति** तस्मिन्मनस आत्मत्वे दोषान् दर्शयति कथमित्यादिना।

'मैं सङ्कल्प करता हूँ', 'मैं चिन्ता करता हूँ', 'मैं विकल्प करता हूँ' इत्यादि अनुभव से तथा 'उस इस प्राणमय कोश से दूसरा इसके भीतर रहने वाला आत्मा मनोमय है' इत्यादि श्रुति के विद्यमान होने से मन का आत्मा होना युक्त है। अन्य मूढ मनुष्य इस निश्चय में दोष दिखाता है ॥५५२, ५५३॥

'मैं सङ्कल्प करता हूँ', 'मैं चिन्ता करता हूँ', 'मैं विकल्प करता हूँ' इत्यादि अनुभव से तथा प्राणमय से भिन्न मनोमय आत्मा अहं का शब्दार्थ 'उस इस प्राणमय कोश से दूसरा इसके भीतर रहने वाला आत्मा मनोमय है' (तै० उ० २।३) इत्यादि श्रुति के प्रमाण रूप से

विद्यमान होने से मन का आत्मा होना युक्त है। अन्य मूढ बुद्धि मन-आत्म वादी के मन के आत्मत्व के निश्चय में दोष दिखाता है 'कथं' इत्यादि से -

बुद्ध्यात्मवादः

कथं मनस आत्मत्वं करणस्य दृगादिवत् । कर्तृप्रयोज्यं करणं न स्वयं तु प्रवर्तते ॥५५४॥

दृगादिवच्चक्षुरादिवत्**करणस्य मनस आत्मत्वं कथं** भवितुमर्हति? **कर्तृप्रयोज्यं** कर्त्रा प्रयोज्यं **करणं स्वयं तु न प्रवर्तते**। स्वतन्त्रः कर्ता क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितः, करणं तु साधकतमं क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं मनो नाऽऽत्मा भवतीति।

चक्षु आदि के समान मन भी करण होने से उसका आत्मत्व कैसे हो सकता है? करण तो कर्ता द्वारा प्रयोज्य है, वह स्वयं प्रवृत्त नहीं होता ॥५५४॥

चक्षु आदि के जैसे मन करण होने से उसका आत्मत्व कैसे हो सकता है? करण कर्ता के द्वारा प्रयोज्य होता है, स्वयं प्रवृत्त नहीं होता। स्वतन्त्र कर्ता (पा० सू० १।४।५४) के क्रिया करने में स्वातन्त्र्य विवक्षित है, करण तो क्रिया सिद्धि में अत्यन्त सहायक होता है (पा० सू० १।४।४२); मन [क्रिया सिद्धि में] प्रकृष्ट उपकारक करण है, मन आत्मा नहीं हो सकता।

करणप्रयोक्ता यः कर्ता तस्यैवात्मत्वमर्हति । आत्मा स्वतन्त्रः पुरुषो न प्रयोज्यः कदाचन ॥५५५॥

यः करणप्रयोक्ता करणस्य प्रयोक्ता प्रयोगकर्ता स एव **कर्ता तस्यैवाऽऽत्मत्वमर्हति**। यः **स्वतन्त्रः पुरुषः** स एवा**ऽऽत्मा न प्रयोज्यः** परतन्त्रः करणरूपः **कदाचन**। तस्माद्देहेन्द्रियासुमनआदिकार्यकरणानि नाऽऽत्मा पराधीनत्वादिति।

करण का प्रयोक्ता जो कर्ता होता है, उसी का आत्मत्व हो सकता है। स्वतन्त्र पुरुष आत्मा है, वह कभी भी प्रयोज्य नहीं हो सकता ॥५५५॥

जो करण का प्रयोक्ता, प्रयोग कर्ता होता है, वह ही कर्ता होता है - उसी का आत्मत्व हो सकता है। जो स्वतन्त्र पुरुष है, वह ही आत्मा है। वह कभी परतन्त्र करण रूप प्रयोज्य नहीं हो सकता। इसीलिए कार्य-करण देह, इन्द्रिय, प्राण, मन आदि आत्मा नहीं हैं, पराधीन होने के कारण।

अहं कर्तास्म्यहं भोक्ता सुखीत्यनुभवादपि । बुद्धिरात्मा भवत्येव बुद्धिधर्मो ह्यहङ्कृतिः ॥५५६॥

अहं कर्ताऽहं भोक्ता कर्मफलस्य **सुखी** दुःखी **चास्मीत्यनुभवादपि बुद्धिरात्मा भवति हि** यस्मा**दहङ्कृतिर्बुद्धिधर्मो** बुद्धेरेव धर्म इति।

'मैं कर्ता हूँ', 'मैं भोक्ता हूँ', मैं सुखी हूँ' - इस प्रकार अनुभव से भी बुद्धि ही आत्मा है, क्योंकि अहङ्कार बुद्धि का धर्म है ॥५५६॥

'मैं कर्ता हूँ', 'मैं कर्मफल का भोक्ता हूँ', मैं सुखी तथा दुःखी हूँ' - इस प्रकार अनुभव से भी बुद्धि ही आत्मा है, क्योंकि अहङ्कार बुद्धि का ही धर्म है।

अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमय इति वदति निगमः। मनसोऽपि च भिन्नं विज्ञानमयं कर्तृरूपमात्मानम्॥५५७॥

***"अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः"* इति निगमो वदति**। मनोमयादन्तरो भिन्नश्चात्मा विज्ञानमय इति तैत्तिरीयश्रुतिः कथयति **मनसोऽपि भिन्नं कर्तृरूपं विज्ञानमयमात्मानञ्च** वक्ति। अन्तःकरणमेव यदा संशयात्मकवृत्तिमत्तदा मनो, यदाऽध्यवसायात्मकवृत्तिमत्तदा बुद्धिरिति। अथवाऽहंवृत्तिरहमित्याकारकं ज्ञानं बुद्धिरिदंवृत्तिरिदमित्याकारकं ज्ञानं मनो भवेत्। अहंवृत्तिः प्रमातारं विषयीकरोतीदंवृत्तिस्तु बाह्यवस्तु विषयीकरोतीति।

वेद कहते हैं - मनोमय कोश के भीतर तथा उससे भिन्न विज्ञानमय आत्मा है। इस प्रकार मन से भी भिन्न विज्ञानमय कर्तृ रूप आत्मा है ॥५५७॥

'उस इस मनोमय कोश से दूसरा, इसके भीतर रहने वाला आत्मा विज्ञानमय है' (तै० उ० २।४) - वेद कहते हैं। मनोमय से भीतर तथा उससे भिन्न विज्ञानमय आत्मा है - ऐसा तैत्तिरीय श्रुति कहती है। [श्रुति] मन से भी भिन्न विज्ञानमय कर्तृ रूप आत्मा को कहती है। अन्तःकरण जब संशयात्मक वृत्ति वाला होता है, तब वह ही मन होता है; जब अध्यवसायात्मक वृत्ति वाला होता है, तब उसे बुद्धि कहते हैं अथवा अहं वृत्ति, अहं आकारक ज्ञान को बुद्धि कहते हैं; इदं वृत्ति, इदं आकारक ज्ञान मन होता है। अहं वृत्ति प्रमाता को विषय करती है, इदं वृत्ति बाह्य वस्तु को विषय करती है।

विज्ञानं यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च । इत्यस्य कर्तृता श्रुत्या मुखतः प्रतिपाद्यते ।
तस्माद्युक्तात्मता बुद्धेरिति बौद्धेन निश्चितम् ॥५५८॥

"विज्ञानं यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च" **इति श्रुत्याऽस्य बुद्धेः कर्तृता मुखतः** कण्ठरवेण **प्रतिपाद्यते**। यज्ञं सङ्कल्पं तनुते विस्तृतं करोति। **तस्माद्बुद्धेरात्मता युक्तो**पक्लृप्तेति **बौद्धेन निश्चितम्**।
अत्र विज्ञानं प्रमातृत्वं कस्येति चिन्त्यते। *"आत्मनो विक्रिया नास्ति बुद्धेर्बोधो न जात्विति। जीवः सर्वमलं ज्ञात्वा ज्ञाता द्रष्टेति मुह्यति॥"* इत्यत्र बुद्धेर्जडत्वाज्ज्ञानं न सम्भवति तथाऽऽत्मनोऽविकारित्वाज्ज्ञानक्रिया न सम्भवति।

१. जानातीति ज्ञ इति कर्तृव्युत्पत्त्या बुद्धेरर्थानुपपत्तिर्जडत्वात्।
२. जानातीति ज्ञ इति कर्तृव्युत्पत्त्याऽऽत्मनोऽर्थानुपपत्तिः, अविकारित्वान्नित्यत्वाच्च।
३. ज्ञप्तिर्ज्ञानमिति भावव्युत्पत्त्याऽऽत्मनि ज्ञानशब्दप्रयोगायोगात्, आत्मनोऽविकारित्वान्नित्यत्वाद्भाववाचकशब्दस्य क्रियात्मकत्वाच्च।
४. ज्ञायतेऽनेनेति करणव्युत्पत्त्याऽऽत्मनः करणत्वापत्तिस्तदा कर्त्रन्तराभावादकर्तृकं करणं स्यात्, तदसम्भवात्।
५. ज्ञायत इति ज्ञानमिति कर्मव्युत्पत्त्या ज्ञात्रन्तरस्याभावात्स्वस्य स्ववेद्यत्वासम्भवात्कर्मकर्तृविरोधाच्च।

तथा च बुद्ध्यात्मनोः परमार्थतो जडाजडयोरैक्यायोगादध्यासव्यतिरेकेण प्रमातृत्वं नास्तीति सिद्धमित्यलम्।

तस्मादुक्तम् *"ज्ञाता द्रष्टेति मुह्यति"* तथा *"आत्मनः सच्चिदंशश्च बुद्धेर्वृत्तिरितिद्वयम्। संयोज्य चाविवेकेन जानामीति प्रवर्तते।"* इत्यस्मिञ्छ्लोके 'जानामि' इति शब्दप्रयोगोऽविवेकेनैव सम्भवति नान्यथा। आचार्यप्रवरैरपि स्फुटीकृतं *"आत्मानात्मनोरितरेतराध्यासं पुरस्कृत्य सर्वे प्रमाणप्रमेयव्यवहारा लौकिका वैदिकाश्च प्रवृत्ताः, सर्वाणि च शास्त्राणि विधिप्रतिषेधमोक्षपराणि"*। तस्मात्तानि सर्वाण्यविद्यावद्विषयाण्येवेति।

'विज्ञान यज्ञ का विस्तार करता है और वही कर्मों का भी विस्तार करता है' श्रुति मुख्य रूप से इसके कर्तृत्व को प्रतिपादित करती है। इसीलिए बुद्धि का आत्मा होना युक्त है - ऐसा बौद्ध ने निश्चय किया है ॥५५८॥

'विज्ञान यज्ञ का विस्तार करता है और वही कर्मों का भी विस्तार करता है' (तै० उ० २।५) श्रुति मुख्य रूप से पुनः पुनः ज़ोर से बुद्धि के कर्तृत्व को प्रतिपादित करती है। यज्ञ सङ्कल्प करता है, विस्तार करता है। इसीलिए बुद्धि की आत्मता बौद्ध द्वारा स्वीकृत है - ऐसा निश्चय किया गया है।

विज्ञान का प्रमातृत्व किसका है - इस पर यहाँ चिन्तन किया जाता है। 'आत्मा कभी कुछ नहीं करता और बुद्धि में स्वयं यह अनुभव करने

की क्षमता नहीं होती कि 'मैं जानता हूँ'। लेकिन जीव भ्रमवश यह सोचता है कि वह स्वयं ही ज्ञाता तथा द्रष्टा है' (आ० बो० २६) - यहाँ बुद्धि से ज्ञान सम्भव नहीं है जड होने के कारण तथा आत्मा से ज्ञान क्रिया सम्भव नहीं है, अविकारी होने के कारण।

१. जो जानता है, वह 'ज्ञ' है - इस कर्तृ व्युत्पत्ति से बुद्धि के अर्थ की अनुपपत्ति है, जड़ होने के कारण।
२. जो जानता है, वह 'ज्ञ' है - इस कर्तृ व्युत्पत्ति से आत्मा के अर्थ की अनुपपत्ति है, अविकारी तथा नित्य होने के कारण।
३. ज्ञप्ति ही ज्ञान है - इस भाव व्युत्पत्ति से आत्मा में ज्ञान शब्द का प्रयोग अयोग्य है, आत्मा अविकारी तथा नित्य होने के कारण क्योंकि किसी शब्द की भाव व्युत्पत्ति का अर्थ क्रियात्मक होता है।
४. जिसके द्वारा जाना जाए - इस करण व्युत्पत्ति से आत्मा में करणत्व की आपत्ति होती है। किसी अन्य कर्ता का अभाव होने से करण बिना कर्ता का हो जाएगा जो कि असम्भव है।
५. जो जाना जाए, वह ज्ञान है - इस कर्म व्युत्पत्ति से किसी अन्य ज्ञाता का अभाव होने से तथा स्वयं को प्रमेय रूप से जानने की असम्भावना तथा कर्म-कर्तृ विरोध होने के कारण।

इसके अतिरिक्त जड़ बुद्धि तथा चैतन्य आत्मा का परमार्थ रूप से ऐक्य असम्भव होने के कारण अध्यास को छोडकर प्रमातृत्व नहीं है - यह सिद्ध होता है।

इसीलिए कहा गया है 'जीव भ्रमवश यह सोचता है कि वह स्वयं ही ज्ञाता तथा द्रष्टा है' (आ० बो० २६) तथा 'आत्मा का सत्-चित् अंश तथा बुद्धि की वृत्ति - इन दोनों के अविवेकी सम्मिश्रण से 'मैं जानता हूँ' का व्यवहार होता है' (आ० बो० २५) इन श्लोकों में 'मैं जानता हूँ' इन शब्दों का प्रयोग अविवेक से ही सम्भव है, अन्यथा नहीं। आचार्यप्रवर के द्वारा भी स्पष्ट कहा गया है 'आत्मा-अनात्मा के अन्योन्य अध्यास को लेकर सभी प्रमाण-प्रमेय व्यवहार, लौकिक तथा वैदिक प्रवृत्त होते हैं तथा विधि, निषेध और मोक्ष शास्त्र भी अध्यास को लेकर ही प्रवृत्त होते हैं' (ब्र० सू० उपोद्घात भाष्य)। इसीलिए वे सभी विषय अविद्या वाले ही हैं।

अज्ञानात्मवादः

प्राभाकरस्तार्किकश्च तावुभावप्यमर्षया । तन्निश्चयं दूषयतो बुद्धिरात्मा कथं न्विति ॥५५९॥

प्राभाकरः प्रभाकरस्यायं प्राभाकरः पूर्वमीमांसाया गुरुमतवादी **च तार्किको** नैयायिक**स्तावुभावप्यमर्षया**ऽसहिष्णुतया **बुद्धिः कथं न्वात्मा** भवितुमर्ह**तीति तद्बु**द्ध्यात्मवादिनो **निश्चयं** सिद्धान्तं **दूषयत** इति।

प्राभाकर तथा नैयायिक वे दोनों भी असहनशीलता से उसके निश्चय को दूषित करते हैं कि बुद्धि आत्मा कैसे हो सकती है? ॥५५९॥

प्रभाकर के अनुयायी प्राभाकर, पूर्व मीमांसक जो गुरुमत वादी हैं तथा नैयायिक - वे दोनों भी असहिष्णुता से बुद्धि आत्म वादी के सिद्धान्त को दूषित करते हैं कि बुद्धि आत्मा कैसे हो सकती है?

बुद्धेरज्ञानकार्यत्वाद्विनाशित्वात्प्रतिक्षणम् । बुद्ध्यादीनां च सर्वेषामज्ञाने लयदर्शनात् ॥५६०॥

अज्ञोऽहमित्यनुभवादास्त्रीबालादिगोचरात् । भवत्यज्ञानमेवात्मा न तु बुद्धिः कदाचन ॥५६१॥

बुद्धिर्नाऽऽत्मा, **बुद्धेरज्ञानकार्यत्वाद**ज्ञानस्य कार्यत्वाद्, रज्जुसर्पवत्। बुद्धिर्नाऽऽत्मा, **प्रतिक्षणं विनाशित्वाद्**, जलबुद्बुदवत्। क्षणिकविज्ञानस्याऽऽत्मत्वं न, प्रत्यभिज्ञाविरोधाद्, व्यतिरेकेण कूटस्थात्मवत्। ज्ञानेच्छाप्रयत्नसंस्कारस्मृतीनाम् एकाश्रयत्वनियमात्तेषां च क्रमिकत्वात्क्षणिकविज्ञानाश्रयत्वानुपपत्तेः। बन्धमोक्षयोः वैयधिकरण्याच्च। सुषुप्तौ प्रलये च **बुद्ध्यादीनां सर्वेषामज्ञाने लयदर्शनात्**तथा**हमज्ञ इत्यास्त्रीबालादिगोचरात्स्त्री**श्च बालश्च स्त्रीबालौ तावादी येषां ते स्त्रीबालादयस्तानारभ्य गोचराद**नुभवादज्ञानमेवाऽऽत्मा भवति बुद्धिस्तु कदाचन ने**ति।

बुद्धि अज्ञान का कार्य होने से तथा प्रतिक्षण विनाशी होने से, बुद्धि आदि सभी का अज्ञान में लय देखे जाने से, 'मैं अज्ञ हूँ'- इस अनुभव से स्त्री,बालक आदि के विषय में अज्ञान ही आत्मा सिद्ध होता है, परन्तु बुद्धि तो कभी नहीं ॥५६०, ५६१॥

बुद्धि अज्ञान का कार्य होने से आत्मा नहीं है, रज्जु सर्प जैसे। बुद्धि प्रतिक्षण विनाशी होने से आत्मा नहीं है, जल बुद्बुद् जैसे। क्षणिक विज्ञान का आत्मत्व नहीं है, प्रत्यभिज्ञा से विरोध होने के कारण, कूटस्थ आत्मा जैसे नहीं। ज्ञान, इच्छा, प्रयत्न, संस्कार, स्मृति के एक आश्रय का नियम होने से तथा इनका क्रमिक रूप से घटित होने के कारण क्षणिक विज्ञान का आश्रयत्व असम्भव है और बन्धन तथा मुक्ति का भिन्न अधिकरण होने के कारण। सुषुप्ति तथा प्रलय में बुद्धि आदि सभी का अज्ञान में लय देखे जाने से तथा 'मैं अज्ञ हूँ' - स्त्री, बालक इत्यादि से लेकर सभी के अनुभव के विषय से अज्ञान ही आत्मा सिद्ध होता है, परन्तु बुद्धि तो कभी नहीं।

सुषुप्ति में भी अपने प्रियतम को हम नहीं छोड़ते, और जिसे हम सुषुप्ति में भी नहीं छोड़ते, वही आत्मा है अर्थात् मैं स्वयं ही आत्मा हूँ

प्राभाकरास्तार्किकाश्चाऽऽत्मानं द्रव्यं तथा चैतन्यमात्मनो गुणं मन्यन्ते। तैरात्मा ज्ञानाश्रयत्वेन तथा सुखाश्रयत्वेनाङ्गीक्रियते न तत्त्वज्ञानस्वरूपेण किं तु ज्ञानाधिकरणत्वेनानादिश्च स्वीक्रियते। तथा च -

प्राभाकर तथा तार्किक आत्मा को द्रव्य तथा चैतन्य को आत्मा का गुण मानते हैं। उनके द्वारा आत्मा को ज्ञान के आश्रय के रूप में तथा सुख के आश्रय के रूप में अङ्गीकार किया जाता है, तत्त्व ज्ञान स्वरूप से नहीं। किन्तु ज्ञान के अधिकरण होने से अनादि भी स्वीकार किया करते हैं। इसके अतिरिक्त -

विज्ञानमयादन्यं त्वानन्दमयं परं तथात्मानम् । अन्योऽन्तर आत्माऽऽनन्दमय इति वदति वेदोऽपि ॥५६२॥

तु बुद्धिविलक्षणो ***"अन्योऽन्तर आत्माऽऽनन्दमयः"*** **इति वेदोऽपि विज्ञानमयादन्यं** भिन्नं तथा **परं** श्रेष्ठ**मानन्दमयमात्मानं वदती**ति।

विज्ञानमय के अन्तर और उससे भिन्न आनन्दमय आत्मा है, वह उससे पर है। 'उस इस विज्ञानमय से भिन्न इसका अन्तर्वर्ती आत्मा आनन्दमय है' - ऐसा वेद भी बताते हैं ॥५६२॥

बुद्धि से विलक्षण 'उस इस विज्ञानमय से भिन्न इसका अन्तर्वर्ती आत्मा आनन्दमय है' (तै० उ० २।५) - ऐसा वेद भी बताते हैं कि विज्ञानमय से भिन्न तथा श्रेष्ठ आनन्दमय आत्मा है।

ननु यदाऽऽत्मा ज्ञानाश्रयो ज्ञानाभावरूपश्च कथं तदाऽऽनन्दमयो भवति। उच्यते -

किन्तु यदि आत्मा ज्ञान का आश्रय है तथा ज्ञान अभाव रूप भी है तब कैसे आनन्द से युक्त हो सकता है? इस पर कहते हैं -

दुःखप्रत्ययशून्यत्वादानन्दमयता मता । अज्ञाने सकलं सुप्तौ बुद्ध्यादि प्रविलीयते ॥५६३॥

दुःखप्रत्ययशून्यत्वाद्दुःखानां क्लेशानां प्रत्यया वृत्तयो दुःखप्रत्ययास्तेषां शून्यत्वा**दानन्दमयता**ऽऽनन्दस्वरूपता **मता** कल्पिता। **सुप्तौ बुद्ध्यादि सकलमज्ञाने प्रविलीयते**। श्रुतौ यदानन्दमयस्वरूपमुक्तं तद्दुःखस्याभावमात्रं, सुषुप्तौ मोक्षकाले वा न कोऽप्यानन्दो दृश्यते किन्तु दुःखाभाव एव। यथा 'भाराद्यपगमे सुख्यहं संवृत्तः' इत्यत्र सुखशब्दस्य गौणप्रयोगात्।

अयमात्मा नाऽऽकाशवज्जडः किन्त्विच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसुखदुःखसंस्काराणामेक आश्रयः परन्तु न सर्वदा सर्वत्र तेषामिच्छादीनामनुभवः कर्मबलात्तेषां कादाचित्कत्वं दृश्यते। ते सर्वे गुणा इच्छादय आत्मनो मनसा योगे स्वादृष्टवशाज्जायन्ते तथाऽदृष्टसङ्क्षयात्सुषुप्तौ प्रलीयन्त इति।

दुःख की प्रतीति से रहित होने के कारण आनन्दमयता मानी गई है। सुषुप्ति में बुद्धि आदि सभी का अज्ञान में लय हो जाता है ॥५६३॥

दुःख, क्लेश वृत्तियों का शून्यत्व होने के कारण आनन्द स्वरूपता की कल्पना की गयी है। सुषुप्ति में बुद्धि आदि सभी का अज्ञान में लय हो जाता है। श्रुति में जब आनन्दमय स्वरूप के बारे में बताया गया है, वह दुःख का अभाव मात्र है; सुषुप्ति अथवा मोक्ष काल में किसी का आनन्द नहीं देखा जाता है, किन्तु दुःख अभाव ही है। जैसे 'भार आदि के हटने पर मैं सुखी, स्थिर हो गया' यहाँ सुख शब्द का गौण प्रयोग किया जाता है।

यह आत्मा आकाश के जैसे जड नहीं है, किन्तु इच्छा-द्वेष, धर्म-अधर्म, सुख-दुःख, संस्कारों का एक आश्रय है परन्तु सर्वदा, सर्वत्र इन इच्छ आदि का कर्मबल के कारण अनुभव नहीं होता, उनमें कादाचित्कत्व देखा जाता है। वे सभी इच्छ आदि गुण आत्मा का मन के साथ संयोग होने पर अपने अदृष्ट के बल से उत्पन्न होते हैं तथा अदृष्ट के क्षय होने पर सुषुप्ति में लीन हो जाते हैं।

दुःखिनोऽपि सुषुप्तौ तु आनन्दमयता ततः । सुप्तौ किञ्चिन्न जानामीत्यनुभूतिश्च दृश्यते ॥५६४॥

ततस्तस्मात्सुषुप्तौ तेषां गुणानां लयदर्शनाद्**दुःखिनोऽपि त्वानन्दमयता** भवति। तथा **सुप्तौ किञ्चिन्न जानामीत्यनुभूतिश्च दृश्यत** इति।

इससे दुःखी प्राणी को भी सुषुप्ति में आनन्दमयता होती है। सुषुप्ति काल में 'मैं कुछ नहीं जानता' - ऐसी अनुभूति देखी जाती है ॥५६४॥

इसीलिए सुषुप्ति में उन गुणों का लय देखे जाने से दुःखी प्राणी को भी आनन्दमयता होती है। तथा सुषुप्ति काल में 'मैं कुछ नहीं जानता' - ऐसी अनुभूति देखी जाती है।

यत एवमतो युक्ता ह्यज्ञानस्यात्मता ध्रुवम् । इति तन्निश्चयं भाट्टा दूषयन्ति स्वयुक्तिभिः ॥५६५॥

यत एवं सुषुप्तौ सर्वज्ञानाभावस्य सम्प्रतिपन्नत्वात्सुषुप्तिजागरितयोरात्मैक्यप्रत्यभिज्ञानान्न ज्ञानमात्माऽहमज्ञ इत्याद्यनुभवाच्च तथाऽहं ज्ञानवानित्यनुभवोऽपि ज्ञानात्मनोर्धर्मधर्मिभावेन भेदं दर्शयत्यतो**ऽज्ञानस्यात्मता ध्रुवं** निश्चितं **हि युक्तेति तन्निश्चयं भाट्टास्तौ**तातिकाः **स्वयुक्तिभिर्दूषयन्ती**ति।

जब ऐसा है तो इससे अज्ञान का आत्मत्व निश्चय युक्त ही है। इस प्रकार इनके निश्चय को भी भाट्ट अपनी युक्तियों से दोष दिखाते हैं ॥५६५॥

चूँकि इस प्रकार सुषुप्ति में समस्त ज्ञान का अभाव होता है; सुषुप्ति तथा जाग्रत में आत्मा के ऐक्य का भान होने से ज्ञान आत्मा नहीं है। 'मैं अज्ञ हूँ' इस अनुभव से तथा 'मैं ज्ञानवान हूँ' इस अनुभव से भी ज्ञान आत्मा का धर्म-धर्मी भाव से भेद देखा जाता है। अतः अज्ञान का आत्मत्व निश्चित युक्त ही है। इस निश्चय को भाट्ट तथा तार्किक अपनी युक्तियों से दोष दिखाते हैं।

ज्ञानाज्ञानात्मवादः

कथमज्ञानमेवात्मा ज्ञानं चाप्युपलभ्यते । ज्ञानाभावे कथं विद्युरज्ञोऽहमिति चात्मताम् ।
अस्वाप्सं सुखमेवाहं न जानाम्यत्र किञ्चन ॥५६६॥

इत्यज्ञानमपि ज्ञानं प्रबुद्धेषु प्रदृश्यते । प्रज्ञानघन एवानन्दमय इत्यपि श्रुतिः ॥५६७॥

प्रब्रवीत्युभयात्मत्वमात्मनः स्वयमेव सा । आत्मातश्चिज्जडतनुः खद्योत इव सम्मतः ॥५६८॥

कौमारिला भाट्टा आत्मनोऽस्पष्टं चैतन्यरूपं युक्तितो विज्ञाय शङ्कामुत्थापय**न्त्यज्ञानमेवाऽऽत्मा कथं** भवितुमर्हतीति। सुषुप्तौ यथाऽज्ञानं तथा **ज्ञानं चाप्युपलभ्यते** किम्बहुना **ज्ञानाभावेऽहमज्ञ इति चात्मतामात्मत्वं कथं विद्युः**। सुषुप्तौ सर्वाभावस्य ज्ञानं भवति तथाऽहं न किञ्चिदवेदिषमिति प्रतीतावात्मनोऽपि भानं भवति। **अहं सुखमेव** सुखपूर्वक**मस्वाप्समत्र किञ्चन न जानामीत्यज्ञानमपि प्रबुद्धेषु** सुप्तोत्थितेषु **ज्ञानं प्रदृश्यते**। ज्ञातं प्रदृश्यत इति पाठभेदो वर्तते। इतोऽप्यात्मा ज्ञानाज्ञानस्वरूपः प्रज्ञानघनश्चाऽऽनन्दमय **इति सा श्रुतिः** ***"प्रज्ञानघन एवानन्दमयो** ह्यानन्दभुक्चेतोमुखः प्राज्ञः"* **अप्यात्मनः स्वयमेवोभयात्मत्वं** ज्ञानाज्ञानस्वरूपत्वं **प्रब्रवीती**ति। **अत आत्मा खद्योत इव चिज्जडतनुः** प्रकाशाप्रकाशरूपः **सम्मतः** सिद्ध इत्यर्थः।

भाट्टानां मतमुपसंहरति -

१. सुषुप्त्यवस्थायामनुभूतस्य जाड्यस्याज्ञानस्य स्मृतिर्जाग्रत्युपलभ्यते। तस्मादात्मनो जडत्वम्।

२. सुषुप्तौ चैतन्यस्याभावे तदनुभवाभावस्तदभावे स्मृत्यभावप्रसङ्गादात्मनो चेतनत्वम्।

तस्माज्जडाजडत्वं प्रकाशाप्रकाशरूपत्वमात्मनः।

अज्ञान ही आत्मा कैसे हो सकता है, ज्ञान भी उपलब्ध होता है क्योंकि ज्ञान के अभाव में 'मैं अज्ञ हूँ' यह अथवा आत्मत्व को कैसे जाना जाए? 'मैं सुखपूर्वक सोया, मैं यहाँ कुछ भी नहीं जानता' - इस प्रकार नींद से जागे हुए मनुष्यों में अज्ञान तथा ज्ञान भी देखा जाता है। इस प्रकार 'प्रज्ञानघन ही आनन्दमय है' श्रुति भी स्वयं ही आत्मा को उभय रूप कहती है। इससे आत्मा खद्योत के समान चैतन्य तथा जड़ उभय रूप माना गया है ॥५६६, ५६७, ५६८॥

कौमारिल भाट्ट आत्मा के अस्पष्ट प्रकार से चैतन्य रूप को युक्ति से जानकर शङ्का उठाते हैं कि अज्ञान ही आत्मा कैसे हो सकता है? जैसे सुषुप्ति में अज्ञान होता है, वैसे ही ज्ञान भी उपलब्ध होता है। इतना ही नहीं ज्ञान के अभाव में 'मैं अज्ञ हूँ' - यह अथवा आत्मत्व को कैसे जाना जाए? सुषुप्ति में सभी के अभाव का ज्ञान होता है तथा 'मैं कुछ भी नहीं जानता' इस प्रतीति में आत्मा का भी भान होता है। 'मैं सुखपूर्वक सोया, मैं यहाँ कुछ भी नहीं जानता' - इस प्रकार सुषुप्ति से जागे हुओं में अज्ञान तथा ज्ञान भी देखा जाता है। 'ज्ञात को देखा जाता है' ऐसा अन्य पाठ भी है। इस प्रकार आत्मा ज्ञान-अज्ञान स्वरूप, प्रज्ञानघन तथा आनन्दमय है - श्रुति भी 'जो उत्कृष्ट ज्ञान स्वरूप होता हुआ ही आनन्दमय है तथा आनन्द का भोक्ता, चेतना रूप मुख वाला है' (मा० उ० ५) स्वयं ही आत्मा का ज्ञान-अज्ञान स्वरूपत्व कहती है। इससे आत्मा खद्योत के समान प्रकाश-अप्रकाश रूप सिद्ध हुआ - ऐसा अर्थ है।

भाट्ट मत का उपसंहार करते हैं -

१. सुषुप्ति अवस्था में अनुभूत जड़ता तथा अज्ञान की स्मृति जाग्रत में उपलब्ध होती है। इसीलिए आत्मा में जड़ता है।

२. सुषुप्ति में चैतन्य का अभाव होने से उसके अनुभव का अभाव होता है, उसके (अनुभव) अभाव में स्मृति के अभाव का प्रसङ्ग होने से आत्मा में चेतनत्व है।

इसीलिए आत्मा जड़-अजड़त्व, प्रकाश-अप्रकाश रूप है।

शून्यात्मवादः

न केवलाज्ञानमयो घटकुड्यादिवज्जडः । इति निश्चयमेतेषां दूषयत्यपरो जडः ॥५६९॥

घटकुड्यादिवद्घटश्च कुड्यं च घटकुड्ये आदिनी येषां ते घटकुड्यादयस्तद्वदात्मा **जडः केवलाज्ञानमयो नेत्येतेषां** प्राभाकरतार्किकाणां **निश्चयमपरो जडो**ऽवैदिको **दूषयती**ति।

घट, कुड्य आदि के समान जड़, केवल अज्ञानमय आत्मा नहीं हो सकता। उनके इस निश्चय को अन्य दूषित करता है ॥५६९॥

घट, कुड्य आदि के जैसे जड़, केवल अज्ञानमय आत्मा नहीं हो सकता। प्राभाकर, तार्किकों के इस निश्चय को अवैदिक दूषित करता है।

ज्ञानाज्ञानमयस्त्वात्मा कथं भवितुमर्हति । परस्परविरुद्धत्वात्तेजस्तिमिरवत्तयोः ॥५७०॥

तु यस्मा**त्तेजस्तिमिरवत्ते**जश्च तिमिरं च तेजस्तिमिरे तद्वत्तेजस्तिमिरव**त्तयोः परस्परविरुद्धत्वादात्मा कथं ज्ञानाज्ञानमयो भवितुमर्हती**ति भाट्टानां निश्चयमपि दूषयतीति।

आत्मा ज्ञान-अज्ञानमय कैसे हो सकता है? प्रकाश तथा अन्धकार के समान वे परस्पर विरोधी हैं ॥५७०॥

चूँकि प्रकाश तथा अन्धकार के समान परस्पर विरोध होने से आत्मा कैसे ज्ञान-अज्ञानमय हो सकता है? इस प्रकार वे भाट्टों के निश्चय को भी दूषित करते हैं।

सामानाधिकरण्यं वा संयोगो वा समाश्रयः । तमःप्रकाशवज्ज्ञानाज्ञानयोर्न हि सिध्यति ॥५७१॥

हि यस्मा**त्तमःप्रकाशवज्ज्ञानाज्ञानयोः समाश्रयः** सम आश्रयो यस्य स द्विप्रकारकः **सामानाधिकरण्यं वा संयोगो वा**। सामानाधिकरण्यमेकाधिकरणवृत्तित्वं वा संयोगो ज्ञानाज्ञानयोः संयोगसम्बन्धो वा। उभावपि समाश्रयः सम आश्रयस्तयो**र्न सिद्ध्यत्य**त्यन्तविरुद्धत्वादिति।

अन्धकार तथा प्रकाश के समान ज्ञान-अज्ञान का सामानाधिकरण्य अथवा इनका संयोग या समान आश्रय नहीं हो सकता ॥५७१॥

अन्धकार तथा प्रकाश के समान ज्ञान-अज्ञान का समान आश्रय जो द्विप्रकारक है - सामानाधिकरण्य अथवा संयोग। सामानाधिकरण्य - एक अधिकरण में रहना, संयोग - ज्ञान-अज्ञान के संयोग का सम्बन्ध। दोनों का ही अत्यन्त विरुद्ध होने के कारण समान आश्रय नहीं हो सकता।

अज्ञानमपि विज्ञानं बुद्धिर्वापि च तद्गुणाः । सुषुप्तौ नोपलभ्यन्ते यत्किञ्चिदपि वापरम् ॥५७२॥

मात्रादिलक्षणं किन्तु शून्यमेवोपलभ्यते । सुषुप्तौ नान्यदस्त्येव नाहमप्यासमित्यनु ॥५७३॥

सुप्तोत्थितजनैः सर्वैः शून्यमेवानुस्मर्यते । यत्ततः शून्यमेवात्मा न ज्ञानाज्ञानलक्षणः ॥५७४॥

सुषुप्तौ ज्ञानाभावविषयक**मज्ञानमपि विज्ञानं** विषयज्ञानं प्रमाणं विषयाकारवृत्ति**र्बुद्धि**रन्तःकरणं प्रमाता **वाऽपि** प्रमेयं **च तद्गुणास्ते**षामज्ञानादीनामावरणप्रकाशसन्देहाः क्रमशो **नोपलभ्यन्ते** च **यत्किञ्चिदपरं मात्रादिलक्षणं** प्रमाताप्रमाणप्रमेयादि-लक्षण**मपि** न **किन्तु शून्यमेवोपलभ्यते**। *"यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति"* तत्र **सुषुप्तौ नैवान्यदस्ति** तथा**ऽहमपि नासमिति यद्**यस्मा**त्सुप्तोत्थितजनैः** सुप्तादुत्थिताः सुप्तोत्थिताश्चामी जनाश्च सुप्तोत्थितजनास्तैः **सर्वैरनु** पश्चा**च्छून्यमेवानुस्मर्यते ततः शून्यमेवात्मा न** तु **ज्ञानाज्ञानलक्षणो** ज्ञानं चाज्ञानं च ज्ञानाज्ञाने ते लक्षणे यस्यात्मनः स ज्ञानाज्ञानलक्षणो यथा भाट्टैः प्रतिपादित इति।

अज्ञान, ज्ञान, बुद्धि तथा उनके गुण भी सुषुप्ति में उपलब्ध नहीं होते अथवा अन्य कुछ प्रमाता आदि रूप भी नहीं, किन्तु शून्य ही उपलब्ध होता है। सुषुप्ति में 'अन्य कुछ नहीं है और मैं भी नहीं था' ऐसा पश्चात् सोकर उठे हुए सभी मनुष्य शून्य का ही स्मरण करते हैं। इसीलिए शून्य ही आत्मा है, ज्ञान-अज्ञान रूप आत्मा नहीं है ॥५७२, ५७३, ५७४॥

सुषुप्ति में ज्ञान का अभाव विषयक अज्ञान; विषय ज्ञान, विषय के आकार वाली वृत्ति रूप प्रमाण; अन्तःकरण रूप प्रमाता अथवा प्रमेय या उन अज्ञान आदि के गुण क्रमशः आवरण, प्रकाश, सन्देह उपलब्ध नहीं होते तथा अन्य कुछ प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय आदि रूप भी नहीं,

किन्तु शून्य ही उपलब्ध होता है। 'जिस स्थान या काल में सोया हुआ पुरुष न तो किसी विषय भोग की कामना करता है तथा न किसी स्वप्न को ही देखता है' (मा० उ० ५)। वहाँ सुषुप्ति में अन्य कुछ नहीं है तथा मैं भी नहीं था - क्योंकि सुषुप्ति से उठे हुए सभी जन पश्चात् शून्य का ही स्मरण करते हैं। इसीलिए शून्य ही आत्मा है, ज्ञान-अज्ञान लक्षण रूप आत्मा नहीं है - जैसा भाट्टों के द्वारा प्रतिपादित किया गया है।

तेषां शून्यवादिनां मते सृष्टेः प्रागिदं जगच्छून्यमेवासीदित्युच्यते वेदेनेत्यादिना।

उन शून्य वादियों के मत में सृष्टि से पूर्व जगत् शून्य ही था - ऐसा कहते हैं 'वेदेन' इत्यादि से -

वेदेनाप्यसदेवेदमग्र आसीदिति स्फुटम् । निरूप्यते यतस्तस्माच्छून्यस्यैवात्मता मता ॥५७५॥

यतस्तस्माद्वेदेनापीदं जगदग्रे सृष्टेः प्राग**सदेवासीदिति स्फुटं निरूप्यते** *"असद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत।", "असदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तस्मादसतः सज्जायत"* इति श्रुतिभ्याम्। **तस्माच्छून्यस्यात्मता मता** शून्यमेवात्मा भवतीति।

'यह जगत् पहले असत् ही था' - इस प्रकार वेद ने भी स्पष्ट निरूपण किया है, इसीलिए शून्य का ही आत्मत्व माना गया है ॥५७५॥

क्योंकि वेद के द्वारा 'आरम्भ में सृष्टि से पूर्व यह जगत् असत् ही था' - इस प्रकार स्पष्ट निरूपण किया गया है। 'पहले यह जगत् असत् ही था। उसी से सत् की उत्पत्ति हुई' (तै० उ० २।७), 'आरम्भ में यह एकमात्र अद्वितीय असत् ही था, उस असत् से सत् की उत्पत्ति होती है' (छा० उ० ६।२।१) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है। इसीलिए शून्य ही आत्मा माना गया है।

असन्नेव घटः पूर्वं जायमानः प्रदृश्यते । न हि कुम्भः पुरैवान्तः स्थित्वोदेति बहिर्मुखः ॥५७६॥

यत्तस्मादसतः सर्वं सदिदं समजायत । ततः सर्वात्मना शून्यस्यैवात्मत्वं समर्हति ॥५७७॥

पूर्वमसन्नेव प्रागभाववान् यस्य चाऽभिज्ञाऽभिवदनं हानादिर्वा न यश्च कर्मकारकव्यवहाररहितः शून्यो **घटो जायमानः** सत्तावान् **प्रदृश्यते हि पुरो**त्पत्तेः प्रागेव **कुम्भो** घटो**ऽन्तो** मृत्तिकायां **स्थित्वा न बहिर्मुखो** बहिर्मुखं यस्य स व्यक्तिमापन्न **उदेति** जायते। **यद्य**स्मादेवमस्ति घटो न मृत्तिकायां प्रागभावरूपेण वर्तते **तस्मादिदं सर्वं सद्व्य**वहारगोचरं नामरूपात्मक**मसतः** शून्यात्**समजायत ततः सर्वात्मना शून्यस्यैवात्मत्वं** प्रत्यक्त्वं **समर्हति** युज्यत इति।

पहले असत् घट ही उत्पन्न हुआ दिखाई देता है। पहले घट मृतिका में स्थित होकर पुनः बहिर्मुख हो उत्पन्न नहीं होता है ॥५७६॥

क्योंकि ऐसा है इसीलिए यह सब जो सत् है, असत् से उत्पन्न हुआ था। इससे सब प्रकार से शून्य का ही आत्मत्व हो सकता है ॥५७७॥

जो प्रागभाव वाला है, जिसका नाम, अभिवदन (वाणी द्वारा कथन) नहीं है, जिसका लाना अथवा छोड़ना नहीं है, जो कर्म-कारक व्यवहार से रहित शून्य है - घट, सत्तावान् हुआ दिखाई देता है। उत्पत्ति से पूर्व घट मृतिका में स्थित होकर बहिर्मुख हो एक भिन्न अस्तित्व के रूप में उत्पन्न नहीं होता है। क्योंकि ऐसा है कि घट मृतिका में प्रागभाव रूप से नहीं रहता है, इसीलिए यह सब सत् जो व्यवहार गोचर नाम-रूपात्मक है, शून्य से उत्पन्न हुआ है। इससे सब प्रकार से शून्य का ही आत्मत्व अर्थात् प्रत्यक्त्व युक्त है।

*पूर्वपक्षखण्डनयुक्तिः -

(कोष्ठकः १७) अनेकपूर्वपक्षवादयुक्तिखण्डनम्				
	मतम्/आत्मतत्त्वम्	**श्रुति-समर्थनम्**	**युक्तिः/अनुभूतिः**	**श्रुत्या खण्डनम्**
१	पुत्रात्मवादः/पुत्रः	आत्मा वै पुत्रनामासि	• आत्मनीव स्वपुत्रे प्रीतिः • पितुर्गुणानां पुत्र ईक्षणात् • पुत्रे पुष्टेऽहं पुष्टः/नष्टेऽहं नष्टः	कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षत्
२	देहात्मवादः/ स्थूलदेहः	स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः	• *क्षेत्रपात्रधनादिषु प्रीतिः • *स्वार्थे पुत्राणां त्यागः • *सुगुणाद्दुर्गुणोऽपि जायते • अहं-पद-प्रत्ययार्थो देहे दृश्यते	अस्थूलमनण्वह्रस्वम-दीर्घम्
३	इन्द्रियात्मवादः/ इन्द्रियाणि	ते ह प्राणाः प्रजापतिं पितरमेत्योचुः	• *देहस्य परतन्त्रत्वात्, अचेतनत्वात् • *देहस्य बाल्यादिनानावस्थावत्त्वात् • *शुक्रशोणितसम्भवात् • बधिरोऽहं काणोऽहं गच्छामि गृह्णामी-त्याद्यनुभूतत्वात्	अचक्षुः श्रोत्रं तदपाणिपादम्
४	प्राणात्मवादः/प्राणः	अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः	• *करणानामचेतनत्वात् • प्राणस्येन्द्रियाणां चेष्टयितृत्वात् • सर्वावस्थास्ववस्थावत्वात्प्राणस्य • क्षुधावानहं तृष्णावानहमित्याद्यनुभवात्	अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः
५	मनआत्मवादः/मनः	अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः	• *प्राणस्य जडत्वात्, चपलस्वभावत्वात्, सर्वदा कर्मयुक्तत्वात्, मनसि सुप्ते प्राणाभानात् • मनसः सर्ववेदनकारणत्वात् • सङ्कल्पविकल्पवानहं चिन्तावानहमित्याद्यनुभवात्	अनन्तश्चात्मा विश्वरूपो ह्यकर्ता
६	विज्ञानात्मवादः/ बुद्धिः (क्षणिकविज्ञानवादः) (योगाचारः)	• अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः • विज्ञानं यज्ञं तनुते। कर्माणि तनुतेऽपि च	• *चक्षुरादिवन्मनसः करणत्वं नात्मत्वम् • *आत्मा स्वतन्त्रो न प्रयोज्यः • अहं कर्ता, भोक्ता सुखीत्यनुभवात्	न चास्ति वेत्ता मम चित्सदाऽहम्
७	अज्ञानात्मवादः/ ज्ञानाधिकरणमात्मा (प्राभाकरतार्किकौ)	अन्योऽन्तर आत्माऽऽनन्दमयः	• *बुद्धिर्नाऽऽत्मा अज्ञानकार्यत्वात्, प्रति-क्षणविनाशित्वात् • *बुद्ध्यादीनामज्ञाने लयदर्शनात् • आगोपालाविपालपण्डितमज्ञोऽहमित्य-नुभवात्	चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः

			• सुषुप्तौ दुःखप्रत्ययशून्यत्वादानन्द-मयत्वम्	
८	ज्ञानाज्ञानात्मवादः / चिज्जडरूपः (भाट्टमीमांसकः)	प्रज्ञानघन एवानन्दमयः	• *ज्ञानाभावेऽज्ञोऽहमित्यनुभवाभावात् • *सुखमस्वाप्सं नावेदिषं किञ्चिदित्यनुभवस्य ज्ञानाभावेऽसम्भवात् • खद्योतवत्तदात्मा चिज्जडरूपः	सदेव सोम्येदमग्र आसीत्
९	शून्यात्मवादः (शून्यवादः) (माध्यमिकः)	असदेवेदमग्र आसीत्	• *आत्मनो ज्ञानाज्ञानमयत्वं न सम्भवति परस्परविरुद्धत्वात् • सुषुप्तौ शून्यमेवोपलभ्यते नान्यत् • असन्नेव घटो मृत्तिकायां शून्याज्जायते • सर्वमिदं सद् व्यावहारिकमसतः सञ्जायते	सत्यं स आत्मा

इत्येवं पण्डितंमन्यैः परस्परविरोधिभिः । तत्तन्मतानुरूपाल्पश्रुतियुक्त्यनुभूतिभिः ॥५७८॥

निर्णीतमतजातानि खण्डितान्येव पण्डितैः । श्रुतिभिश्चाप्यनुभवैर्बाधकैः प्रतिवादिनाम् ॥५७९॥

यतस्तस्मात्तु पुत्रादेः शून्यान्तस्य विशेषतः । सुसाधितमनात्मत्वं श्रुतियुक्त्यनुभूतिभिः ॥५८०॥

यतो यस्मादि**त्येवं परस्परविरोधिभिः पण्डितम्मन्यैः** पण्डिता विदितवेदितव्याश्चेति मन्या आत्मानं श्रेष्ठं सम्भावयन्तस्तैः पण्डितम्मन्यै**स्तत्तन्मतानुरूपाल्पश्रुतियुक्त्यनुभूतिभिः** श्रुतिश्च युक्तिश्च अनुभूतिश्च श्रुतियुक्त्यनुभूतयोऽल्पाश्च ताः श्रुतियुक्त्यनुभूतयोऽल्पश्रुतियुक्त्यनुभूतयस्तेषां मतानामनुरूपाश्च तास्तत्तन्मतानुरूपाल्पश्रुतियुक्त्यनुभूतयस्ताभिः **प्रतिवादिनां** वावदूकानां **निर्णीतमतजातानि** मतानां जातानि समूहा मतजातानि निर्णीतानि च तानि मतजातानि निर्णीतमतजातानि **पण्डितैः श्रुतिभिश्च बाधकैस्तर्कैश्चानुभवैरपि खण्डितानि** परास्तानि मृषाकृतान्येव **तस्माच्छ्रुतियुक्त्यनुभूतिभिः** श्रुतिश्च युक्तिश्चानुभूतिश्च श्रुतियुक्त्यनुभूतयस्ताभिः **पुत्रादेः शून्यान्तस्य त्वनात्मत्वं विशेषतः** स्पष्टतया **सुसाधितं** सिद्धमिति।

इस प्रकार परस्पर विरोधी पण्डित अभिमानियों ने जो अपने-अपने मत के अनुकूल कुछ श्रुति प्रमाण, युक्ति और अनुभव के द्वारा सिद्धान्त का निर्णय किया था, उन प्रतिवादियों के सब निर्णीत मतों का विद्वानों ने श्रुति, अनुभव और तर्कों के द्वारा खण्डन कर दिया है। इसीलिए श्रुति, युक्ति तथा अनुभव के द्वारा पुत्र आदि से लेकर शून्य पर्यन्त सभी मतों का अनात्मत्व विशेष रूप से भली-भाँति सिद्ध कर दिया गया है ॥५७८, ५७९, ५८०॥

इस प्रकार परस्पर विरोधी पण्डित जो स्वयं को बुद्धिमान समझते हैं, वे सब कुछ जानते हैं जो जानना चाहिए; स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं - उनके द्वारा अपने-अपने मत के अनुकूल कुछ श्रुति प्रमाण, युक्ति और अनुभव के द्वारा सिद्धान्त का निर्णय किया था, उन वावदूकों के सब निर्णीत मतों का समूह विद्वानों ने श्रुति, अनुभव और तर्कों के द्वारा परास्त/मृषा कर दिया है। इसीलिए श्रुति, युक्ति तथा अनुभव के द्वारा पुत्र आदि से लेकर शून्य पर्यन्त सभी मतों का अनात्मत्व स्पष्टतया भली-भाँति सिद्ध कर दिया गया है।

न हि प्रमाणान्तरबाधितस्य याथार्थ्यमङ्गीक्रियते महद्भिः । पुत्रादिशून्यान्तमनात्मतत्त्वमित्येव विस्पष्टमतः सुजातम् ॥५८१॥

महद्भिः प्रमाणकुशलैर्विद्वद्भिः **प्रमाणान्तरबाधितस्या**ऽन्यप्रमाणं प्रमाणान्तरं तेन बाधितस्य **याथार्थ्यम**र्थमनतिक्रम्य यथार्थं तस्य भावो याथार्थ्यं **न हि** जात्व**ङ्गीक्रियते** स्वीक्रियते कदाचि**दतः पुत्रादिशून्यान्तं** पुत्र आदिर्यस्य तत्पुत्रादि शून्य अन्ते यस्य तच्छून्यान्तं पुत्रादि च तच्छून्यान्तञ्च पुत्रादिशून्यान्त**मनात्मतत्त्वमित्येव विस्पष्टं सुजातं** सिद्धम्। *"अयमात्मा ब्रह्म", "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म", "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म", "स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदगं सर्वं तत्सत्यगं स आत्मा तत्त्वमसि"* इत्यादि श्रुतिवाक्यशतैरात्मनोऽपरिच्छिन्नत्वं चिद्रूपत्वं च प्रतिपादितमिति।

जो अन्य प्रमाण से बाधित हुआ है, उस वस्तु की यथार्थता महात्माओं द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है, अतः पुत्र आदि से शून्य पर्यन्त सभी मत अनात्मा हैं, ऐसा स्पष्ट रूप से सिद्ध हो गया है ॥५८१॥

प्रमाण कुशल विद्वानों के द्वारा जो अन्य प्रमाण से बाधित हुआ है, उस वस्तु का याथार्थ्य - जिसके अर्थ का अतिक्रमण नहीं हुआ है, वह यथार्थ; उसका भाव, याथार्थ्य कभी भी स्वीकार नहीं किया जाता है। अतः पुत्र आदि से शून्य पर्यन्त सभी मत अनात्मा हैं, ऐसा स्पष्ट रूप से सिद्ध हो गया है। 'यह आत्मा ही ब्रह्म है' (मा० उ० २), 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान तथा अनन्त है' (तै० उ० २।१), 'विज्ञान आनन्द ब्रह्म है' (बृ० उ० ३।९।२८), 'वह यह जो अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७) इत्यादि सैकड़ों श्रुति वाक्यों से आत्मा का अपरिच्छिन्नत्व तथा चिद्रूपत्व प्रतिपादित किया गया है।

एवमनेकश्रुतियुक्त्यनुभूत्याभासैः प्रदर्शितं बहुधाविविचिन्त्यमानमात्मतत्त्वं श्रुत्वा -

इस प्रकार अनेक श्रुति, युक्ति तथा अनुभूति के आभास के द्वारा दिखाए गए आत्म तत्त्व के विभिन्न विचारों को सुनकर -

शिष्य उवाच -

सुषुप्तिकाले सकले विलीने शून्यं विना नान्यदिहोपलभ्यते ।
शून्यं त्वनात्मा न ततः परः कोऽप्यात्माभिधानस्त्वनुभूयतेऽर्थः ॥५८२॥

सुषुप्तिकाले सकले विलीने शून्यं विना व्यतिरेकेणे**हा**स्यामवस्थायां **नान्यदुपलभ्यते** ज्ञायते किं **तु शून्यमनात्मा न** मम स्वरूपं **ततः** शून्यात्**परो**ऽन्य **आत्माभिधान** आत्माऽभिधानं यस्य स आत्माभिधानः **कोऽप्यर्थस्तु नानुभूयत** इति।

शिष्य ने कहा –
सुषुप्ति काल में सब विलीन होने पर शून्य के अतिरिक्त यहाँ अन्य कुछ उपलब्ध नहीं होता, परन्तु शून्य भी आत्मा नहीं है और उससे भिन्न आत्मा नाम वाला कोई भी पदार्थ अनुभव में नहीं आता ॥५८२॥

सुषुप्ति काल में सब विलीन होने पर शून्य को छोड़कर इस अवस्था में अन्य किसी का ज्ञान नहीं होता, किन्तु मेरा स्वरूप शून्य नहीं है और शून्य से भिन्न आत्मा नामक कोई भी पदार्थ अनुभव में नहीं आता।

यद्यस्ति चात्मा किमु नोपलभ्यते सुप्तौ यथा तिष्ठति किं प्रमाणम् ।
किंलक्षणोऽसौ स कथं न बाध्यते प्रबाध्यमानेष्वहमादिषु स्वयम् ॥५८३॥

तथा च **यद्यात्मा** सुषुप्ता**वस्ति** तर्हि **किमु** किं **च** उ चेति **नोपलभ्यत** इति प्रश्नो जायते। **सुप्तौ यथा तिष्ठति** येन रूपेण विद्यमानो भवति तत्र **किं प्रमाणमसावात्मा किंलक्षणः**? **अहमादिष्व**हमहङ्कार आदिर्येषां देहेन्द्रियप्राणमनोबुद्धिरूपाणां तेषु **प्रबाध्यमानेषु** बाधितेषु स **स्वयं कथं न बाध्यत** इति?

यदि आत्मा नाम का कोई पदार्थ है तो उपलब्ध क्यों नहीं होता? सुषुप्ति में जिस प्रकार रहता है, उसमें क्या प्रमाण है? उसका लक्षण क्या है? अहङ्कार आदि के बाधित होने पर स्वयं बाधित क्यों नहीं होता? ॥५८३॥

और इसी प्रकार यदि सुषुप्ति में आत्मा नाम का कोई पदार्थ है तो उपलब्ध क्यों नहीं होता - ऐसा प्रश्न होता है। सुषुप्ति में जिस रूप से विद्यमान होता है, उसमें क्या प्रमाण है? उस आत्मा का लक्षण क्या है? अहङ्कार आदि में है जिनके - उन देह, इन्द्रिय, प्राण, मन, बुद्धि के बाधित होने पर वह स्वयं बाधित क्यों नहीं होता?

एतत्संशयजातं मे हृदयग्रन्थिलक्षणम् । छिन्धि युक्तिमहाखड्गधारया कृपया गुरो ॥५८४॥

हे **गुरो**, **मे हृदयग्रन्थिलक्षणं** हृदयस्य बुद्धेर्ग्रन्थिर्हृदयग्रन्थिस्तल्लक्षणं यस्य तद्धृदयग्रन्थिलक्षणमेत**त्संशयजातं** संशयानां समूहं **कृपया युक्तिमहाखड्गधारया** युक्तिरेव महाखड्गस्तस्य धारया **छिन्धी**ति।

हे गुरु! मेरे हृदय की ग्रन्थि लक्षण रूप इस संशय समूह को कृपा कर युक्ति रूपी महा खड्ग की धारा से छेदन कीजिए ॥५८४॥

हे गुरु! मेरी बुद्धि की ग्रन्थि लक्षण रूप इन संशयों के समूह को कृपा कर युक्ति रूपी महा खड्ग की धारा से ही छेदन कीजिए।

श्रीगुरुरुवाच -

अतिसूक्ष्मतरः प्रश्नस्तवायं सदृशो मतः । सूक्ष्मार्थदर्शनं सूक्ष्मबुद्धिष्वेव प्रदृश्यते ॥५८५॥

श्रृणु वक्ष्यामि सकलं यद्यत्पृष्टं त्वयाधुना । रहस्यं परमं सूक्ष्मं ज्ञातव्यं च मुमुक्षुभिः ॥५८६॥

अयमतिसूक्ष्मतरः प्रश्नः सुषुप्तावात्मनोऽस्तित्वविषयकस्तव **सदृशस्तु**ल्यो यथा त्वमतिसूक्ष्मबुद्धिस्तत्त्वचिन्तकस्तथा **तव** प्रश्नोऽप्यतीव गूढश्चिन्तनपरिणामो **मतः**। **सूक्ष्मबुद्धिष्वेव सूक्ष्मार्थदर्शनं** सूक्ष्मोऽर्थो ज्ञानं यस्य स सूक्ष्मार्थस्तस्य दर्शनं **प्रदृश्यते**। **अधुना त्वया यद्यत्सूक्ष्मं च मुमुक्षुभिर्ज्ञातव्यं परमं रहस्यं पृष्टं** तत्**सकलं वक्ष्यामि श्रृण्वि**ति।

श्री गुरु बोले -
यह अति सूक्ष्म प्रश्न तुम्हारे योग्य ही माना गया है। सूक्ष्म बुद्धि में ही सूक्ष्म पदार्थ का ज्ञान होता देखा जाता है। अत्यन्त सूक्ष्म रहस्य तथा मुमुक्षुओं द्वारा ज्ञातव्य जो-जो तुमने पूछा है, अब मैं उस सबको कहूँगा - सुनो ॥५८५, ५८६॥

सुषुप्ति में आत्मा का अस्तित्व विषयक यह अति सूक्ष्म प्रश्न तुम अति सूक्ष्म बुद्धि, तत्त्व का चिन्तन करने वाले के तुल्य ही माना गया है। तुम्हारा प्रश्न भी अतीव गूढ तथा चिन्तन का परिणाम है। सूक्ष्म है ज्ञान जिसका, वह सूक्ष्मार्थ सूक्ष्म बुद्धि वाले में ही देखा जाता है। अब जो-जो सूक्ष्म तथा मुमुक्षुओं द्वारा ज्ञातव्य परम रहस्य तुमने पूछा है, वह सब मैं कहूँगा - सुनो।

शून्यवादनिरासः

बुद्ध्यादि सकलं सुप्तावनुलीनं स्वकारणे । अव्यक्ते वटवद्बीजे तिष्ठत्यविकृतात्मना ॥५८७॥

सुप्तौ बीजे वटवद्बुद्ध्यादि सकलं स्वकारणे स्वस्योपादानकारणे**ऽव्यक्ते** भावरूपे त्रिगुणात्मके ज्ञानविरोधिनि सदसद्भ्यामनिर्वचनीये मायाख्ये मूलाज्ञाने**ऽनुलीनमविकृतात्मना**ऽविकारिरूपेण **तिष्ठति**। यथा लयं गतं सर्वं नामरूपात्मकं तथैव तिष्ठति न परिणमत इति।

सुषुप्ति में बुद्धि आदि सभी अपने कारण अव्यक्त में लीन होकर अविकारी रूप से रहते हैं, जैसे वट वृक्ष अपने कारण बीज में ॥५८७॥

जैसे वट वृक्ष अपने कारण बीज में, वैसे ही सुषुप्ति में बुद्धि आदि सभी अपने उपादान कारण भावरूप, त्रिगुणात्मक, ज्ञान विरोधी, सद्-असद् रूप से अनिर्वचनीय, माया नामक मूलाज्ञान में लीन होकर अविकारी रूप से रहते हैं। नाम-रूपात्मक हर वस्तु उसमें बनी रहती है, जैसे कि वह लय में चली गई हो; वह बदलती नहीं है।

तिष्ठत्येव स्वरूपेण न तु शून्यायते जगत् । क्वचिदङ्कुररूपेण क्वचिद्बीजात्मना वटः ।
कार्यकारणरूपेण यथा तिष्ठत्यदस्तथा ॥५८८॥

समस्तं जगत्कार्यकारणप्रपञ्चः **स्वरूपेण** स्वेन रूपेण **तिष्ठत्येव न तु शून्यायते** शून्यङ्गच्छति **यथा वटो** वटवृक्षः **क्वचिदङ्कुररूपेण क्वचिद्बीजात्मना तथाऽद** इदं नामरूपात्मकं **जगत्कार्यकारणरूपेण** कार्यं स्थूलसूक्ष्मरूपव्यक्तप्रपञ्चश्च कारणमव्यक्तप्रपञ्चश्च कार्यकारणे तयो रूपं कार्यकारणरूपं तेन **तिष्ठती**ति। एवशब्दो निश्चयार्थे।

यह जगत् अपने स्वरूप से रहता है, शून्य नहीं होता है। जैसे वट वृक्ष कभी अङ्कुर रूप से तो कभी बीज रूप से, वैसे ही यह जगत् कार्य-कारण रूप से रहता है ॥५८८॥

समस्त जगत्, कार्य-कारण प्रपञ्च अपने रूप से रहता है, शून्य नहीं होता है। जैसे वट वृक्ष कभी अङ्कुर रूप से तो कभी बीज रूप से, वैसे ही यह नाम-रूपात्मक जगत् स्थूल-सूक्ष्म रूप, तथा व्यक्त प्रपञ्च कार्य रूप तथा अव्यक्त प्रपञ्च कारण रूप से रहता है। 'एव' शब्द निश्चय अर्थ में है।

अव्याकृतात्मनावस्थां जगतो वदति श्रुतिः । सुषुप्त्यादिषु तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमित्यसौ ॥५८९॥

तर्हि तदा जगत्समस्तकार्यकारणात्मकप्रपञ्चोऽ**व्याकृतमासीदित्यसौ श्रुतिः**"*तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतासौनामाऽयमिदंरूप इति*"**अव्याकृतात्मना**ऽव्याकृतरूपेण **जगतोऽवस्थां** कालकर्मादिकृतपरिणामं **सुषुप्त्यादिषु तद्धेदं वदति**। आदिपदेन जाग्रत्स्वप्नयोर्ग्रहणमिति।

'यह सब जगत् उस समय अव्याकृत था' श्रुति अव्यक्त रूप से जगत् की अवस्था को सुषुप्ति आदि से भिन्न बताती है ॥५८९॥

उस समय जगत् अर्थात् समस्त कार्य-कारणात्मक प्रपञ्च अव्याकृत था - यह श्रुति 'वह यह जगत् उस समय (उत्पत्ति से पूर्व) अव्याकृत था। वह नाम-रूप के योग से व्यक्त हुआ अर्थात् "यह इस नाम और इस रूप वाला है" इस प्रकार व्यक्त हुआ' (बृ० उ० १।४।७) अव्याकृत रूप से जगत् की काल, कर्म आदि से होने वाले परिणाम रूप अवस्था को सुषुप्ति आदि से भिन्न बताती है। 'आदि' पद से जाग्रत्, स्वप्न का ग्रहण करना चाहिए।

इममर्थमविज्ञाय निर्णीतं श्रुतियुक्तिभिः । जगतो दर्शनं शून्यमिति प्राहुरतद्विदः ॥५९०॥

इममर्थं श्रुतेस्तात्पर्य**मविज्ञाया**विदित्वाऽतद्विदस्तत्तत्त्वं सद्ब्रह्मात्मस्वरूपं प्रपञ्चस्य लयस्थानं तद्विदः पण्डिता न तद्विदो**ऽतद्विदः श्रुतियुक्तिभिः** श्रुतयश्च युक्तयश्च श्रुतियुक्तयस्ताभि**र्निर्णीतं जगतो दर्शनं** ज्ञानं **शून्यमिति प्राहुरि**ति।

इस तत्त्व को न जानने वाले अज्ञानी श्रुति तथा युक्ति से निर्णीत अर्थ को न जानकर जगत् के प्रत्यक्ष दर्शन को 'शून्य है' ऐसा कहते हैं ॥५९०॥

श्रुति के तात्पर्य को न जानकर अतद्विद् - उस सत् ब्रह्म-आत्म स्वरूप तत्त्व, प्रपञ्च के लय स्थान को जानने वाले पण्डित तद्विद् और न जानने वाले अतद्विद्, श्रुति तथा युक्ति से निर्णीत जगत् के ज्ञान को 'शून्य है' ऐसा कहते हैं।

नासतः सत उत्पत्तिः श्रूयते न च दृश्यते । उदेति नरशृङ्गात्किं खपुष्पात्किं भविष्यति ॥५९१॥

असतः शून्योपादानकारणात्**सतः** कार्यकारणप्रपञ्च**स्योत्पत्तिर्जन्म न श्रूयते न च दृश्यते**। अस्मिञ्ज्ञाने न शास्त्रप्रमाणं न च प्रत्यक्षादिलौकिकप्रमाणानि दृश्यन्ते। **नरशृङ्गान्नरस्य** शृङ्गा**त्किमुदेति खपुष्पात्ख**याकाशे प्राप्तात्पुष्पा**त्किं भविष्यती**ति गुरुः शून्यवादिपक्षमुपहसतीति।

असत् से सत् की उत्पत्ति न कहीं सुनने में आती है और न देखने में आती है। मनुष्य के सीङ्ग से क्या उत्पन्न होता है? आकाश के फूल से क्या उत्पन्न होता है? ॥५९१॥

शून्य उपादान कारण से कार्य-कारण प्रपञ्च का जन्म न कहीं सुनने में आता है और न देखने में आता है। न शास्त्र तथा न प्रत्यक्ष आदि लौकिक प्रमाण इस ज्ञान में प्रमाण देखे जाते हैं। नर के शृङ्ग से क्या उत्पन्न होता है? आकाश में प्राप्त पुष्प से क्या उत्पन्न होता है? गुरु शून्यवादी के पक्ष का उपहास करते हैं।

प्रभवति न हि कुम्भोऽविद्यमानो मृदश्चेत्प्रभवतु सिकताया वाथवा वारिणो वा ।
न हि भवति च ताभ्यां सर्वथा क्वापि तस्माद्यत उदयति योऽर्थोऽस्त्यत्र तस्य स्वभावः ॥५९२॥

मृद्य**विद्यमानः कुम्भो मृदो न हि, प्रभवत्**युत्पद्यते **चेत्त**र्हि **सिकताया** वालुकाया **अथवा वारिणो वा** कुम्भः **प्रभवतु**। **ताभ्यां सर्वथा क्वापि** कुम्भोत्पत्ति**र्न हि भवति तस्माद्योऽर्थो** विषयो **यतो** यस्मात्कारणादुपादाना**दुदयत्यत्र तस्य** कार्यस्य **स्वभावो** विद्यमानताऽनागतावस्था**ऽस्ति** वर्तते। न हि वन्ध्यापुत्रो राजा बभूव प्राक् पूर्णवर्मणोऽभिषेकादित्येवं जातीयकेन मर्यादाकरणेन निरूपाख्यो वन्ध्यापुत्रो राजा बभूव भवति भविष्यतीति विशिष्यते। एतेन शून्यवादनिरासपूर्वकसत्कार्यवादो वेदान्तिभिर्व्यावहारिकसत्तायां स्वीक्रियत इति।

यदि घट मृत्तिका में विद्यमान न होता, तो मृत्तिका से उत्पन्न न होता। यदि उत्पन्न होता है, तो बालू अथवा जल से उत्पन्न हो जाना चाहिए। परन्तु बालू और जल से सर्वथा कहीं भी उत्पन्न नहीं होता, इसीलिए जो वस्तु जिससे उत्पन्न होती है उसमें उसका स्वभाव होता है ॥५९२॥

यदि घट मृत्तिका में विद्यमान न होता, तो मृत्तिका से उत्पन्न न होता। यदि उत्पन्न होता है, तो बालू अथवा जल से घट उत्पन्न हो जाना चाहिए। उन दोनों से सर्वथा कहीं भी घट की उत्पत्ति नहीं होती, इसीलिए कार्य की विद्यमानता अथवा अनागत अवस्था की स्थिति उस उपादान कारण में विद्यमान होती है, जिससे वह उत्पन्न होता है। 'वन्ध्या पुत्र पूर्णवर्म राज्याभिषेक से पूर्व राजा बन गया' इस प्रकार जातीय अथवा समय की मर्यादा द्वारा परिभाषित 'वन्ध्या पुत्र राजा बना, है, होगा' - इस प्रकार के विशेषण सम्भव नहीं हैं। इस प्रकार शून्यवाद का निरास कर वेदान्तियों द्वारा व्यावहारिक सत्ता में सत् कार्यवाद को स्वीकार किया गया है।

अन्यथा विपरीतं स्यात्कार्यकारणलक्षणम् । नियतं सर्वशास्त्रेषु सर्वलोकेषु सर्वतः ॥५९३॥

अन्यथा यद्येवं न स्यात्तर्हि **विपरीतमन**र्थः **स्यात्**। यस्मिन् यद्वस्तुनः कार्यस्य स्वभावो विद्यमानः स्यात्तस्मात्कारणादेव तस्योत्पत्तिरङ्गीकर्तव्याऽन्यथा मृदः पटस्तन्तोर्घटो वा जायेत। नैतत्सम्भवति। **सर्वतः सर्वशास्त्रेषु सर्वलोकेषु कार्यकारणलक्षणं** कार्यं च कारणं च कार्यकारणे तयोर्लक्षणं कार्यकारणलक्षणं **नियतमि**ति।

अन्यथा विपरीत हो जायगा। कार्य-कारण का लक्षण हर प्रकार से सभी शास्त्रों एवं सभी लोकों में नियत है ॥५९३॥

यदि ऐसा नहीं होगा तो अनर्थ हो जाएगा। जिस वस्तु में कार्य का स्वभाव विद्यमान है, उस कारण से ही उसकी (कार्य की) उत्पत्ति स्वीकार

की जानी चाहिए, अन्यथा मृद से पट अथवा तन्तु से घट उत्पन्न हो - ऐसा सम्भव नहीं है। हर प्रकार से सभी शास्त्रों एवं सभी लोकों में कार्य-कारण का लक्षण नियत है।

कथमसतः सज्जायेतेति श्रुत्या निषिध्यते तस्मात् । असतः सज्जननं नो घटते मिथ्यैव शून्यशब्दार्थः ॥५९४॥

यस्माद**सतः** शून्यात्**सद्व्य**वहारयोग्यपदार्थः **कथं जायेतो**त्पद्ये**तेति** *"कुतस्तु खलु सोम्यैवं स्यादिति होवाच कथमसतः सज्जायेतेति। सत्त्वेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्"* **श्रुत्या**ऽसतः सदुत्पत्ति**र्निषिध्यते**। असद्वादिनां दृष्टान्ताभावात्प्रमाणाभावस्तस्मादसम्भवश्चेत्तर्हि सतोऽपि सदुत्पत्त्यनुपपत्तिः प्रमाणाभावादेवेत्याशङ्क्य सद्बुद्ध्यनुवृत्तेः सत्त्वानिवृत्तिश्चेति सद्वादिनां सत एव सदुत्पत्तिः सेत्स्यति तथाऽन्वयव्यतिरेकाभ्यां मृत्पिण्डाद्घटोत्पत्तेर्दृष्टान्तोऽपि सिद्ध्यति। **तस्मादसत सज्जननं** सदुत्पत्ति**र्नो घटते**, शून्यशब्दार्थः शून्यः शब्दार्थो यस्य स **शून्यशब्दार्थस्तु मिथ्यैवे**ति।

असत् से सत् की उत्पत्ति कैसे होगी - इस श्रुति से निषेध किया जाता है। इसीलिए असत् से सत् की उत्पत्ति नहीं घटती, शून्य पदार्थ मिथ्या ही है ॥५९४॥

शून्य से व्यवहार योग्य पदार्थ की उत्पत्ति कैसे होगी 'किन्तु हे सोम्य! ऐसा कैसे हो सकता है, असत् से सत् की उत्पत्ति कैसे हो सकती है? अतः हे सोम्य! आरम्भ में यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था' ऐसा [आरुणि ने] कहा (छा० उ० ६।२।२) श्रुति के द्वारा असत् से सत् की उत्पत्ति का निषेध किया जाता है। असत् वादी के पास दृष्टान्त के अभाव के कारण कोई प्रमाण नहीं है, इसीलिए यह असम्भव है। यदि ऐसा है तो सत् से सत् की उत्पत्ति भी प्रमाण के अभाव में अनुपपन्न है। यदि कोई इस प्रकार शङ्का करे तो सत् वृत्ति की निरन्तरता के कारण सत् से सत् की उत्पत्ति की सिद्धि 'सत्' बुद्धि की अनुवृत्ति से हो जाएगी। अन्वय-व्यतिरेक तथा मृत् पिण्ड से घट की उत्पत्ति के दृष्टान्त से भी इसकी सिद्धि हो जाएगी। इसीलिए असत् से सत् की उत्पत्ति नहीं घटती, शून्य पदार्थ मिथ्या ही है।

अव्यक्तशब्दिते प्राज्ञे सत्यात्मन्यत्र जाग्रति । कथं सिद्ध्यति शून्यत्वं तस्य भ्रान्तिशिरोमणे ॥५९५॥

सुषुप्तौ शून्यमेवेति केन पुंसा तवेरितम् । हेतुनानुमितं केन कथं ज्ञातं त्वयोच्यताम् ॥५९६॥

हे **भ्रान्तिशिरोमणे** भ्रान्तिः शिरसो मणिर्यस्य स महामूढमते, **अव्यक्तशब्दिते**ऽव्यक्तश्चासौ शब्दितश्चाव्यक्तशब्दितस्तस्मिन्नव्यक्तशब्दिते **प्राज्ञे** सुषुप्त्यभिमानि**न्यात्मनि जाग्रति** सति **तस्य शून्यत्वं कथं सिद्ध्यति**। **सुषुप्तौ शून्यमेवेति केन पुंसा**ऽऽप्तपुरुषेण **तवेरितं** बोधितम्; **त्वया** केन **हेतुनाऽनुमितम्; कथं ज्ञातमित्युच्यताम्**। येन सुषुप्तौ शून्यं ज्ञातं तस्य सत्यत्वं न निवारयितुं शक्यमित्यभिप्रायः।

हे अज्ञानियों के शिरोमणि! सुषुप्ति काल में अव्यक्त शब्द वाच्य प्राज्ञ जीवात्मा के जागने पर उसका शून्यत्व कैसे सिद्ध होगा? ॥५९५॥

'सुषुप्ति में शून्य ही है' ऐसा किस पुरुष ने तुमसे कहा, किस हेतु से अनुमान किया तथा तुमने यह कैसे जाना? यह सब कहो ॥५९६॥

भ्रान्ति ही जिसके सिर की मणि है, वह हे महामूढमति! अव्यक्त शब्द वाच्य सुषुप्ति अभिमानी जीवात्मा के जागने पर उसका शून्यत्व कैसे सिद्ध होगा? 'सुषुप्ति में शून्य ही है' ऐसा किस आप्त पुरुष के द्वारा तुम्हें बताया गया, किस हेतु से तुम्हारे द्वारा अनुमान किया गया तथा तुमने यह कैसे जाना? यह सब कहो। जिसके द्वारा सुषुप्ति में शून्य ज्ञात होता है, उसकी सत्ता का बाध नहीं किया जा सकता - ऐसा अभिप्राय है।

इति पृष्टो मूढतमो वदिष्यति किमुत्तरम् । नैवानुरूपकं लिङ्गं वक्ता वा नास्ति कश्चन ।
सुषुप्तिस्थितशून्यस्य बोद्धा कोन्वात्मनः परः ॥५९७॥

इति प्रत्यक्षानुमानाप्तवाक्यप्रमाणैः **पृष्टः मूढतमो** पुरुषः शून्यवादी **किमुत्तरं वदिष्यति**। सुषुप्तौ प्रत्यक्षप्रमाणव्यापारस्यासम्भवात्। **तदनुरूपकमनुकूलं लिङ्गमपि नैवास्ति** सर्वेन्द्रियमनोव्यापाराणामुपरमात्। **कश्चन वक्ता वा** नैव। **सुषुप्तिस्थितशून्यस्य** सुषुप्तौ स्थितं विद्यमानं सुषुप्तिस्थितं तच्च शून्यञ्च सुषुप्तिस्थितशून्यं तस्य **बोद्धा** ज्ञाता**ऽऽत्मनः परो**ऽन्यः **कोन्व**स्तीति।

इस प्रकार पूछे जाने पर अतिमूढ क्या उत्तर कहेगा, कोई अनुरूप हेतु नहीं है अथवा ऐसा कोई वक्ता नहीं है। सुषुप्ति में विद्यमान शून्य को जानने वाला आत्मा से भिन्न और कौन हो सकता है? ॥५९७॥

इस प्रकार प्रत्यक्ष, अनुमान, आप्त वाक्य प्रमाण के द्वारा पूछे जाने पर मूढतम शून्यवादी पुरुष क्या उत्तर कहेगा? सुषुप्ति में प्रत्यक्ष प्रमाण का व्यापार असम्भव होने के कारण। उसके अनुकूल कोई लिङ्ग भी नहीं है सभी इन्द्रियों तथा मन के व्यापार के उपराम होने के कारण अथवा ऐसा कोई वक्ता भी नहीं है। सुषुप्ति में विद्यमान शून्य का ज्ञाता आत्मा से भिन्न और कौन हो सकता है?

स्वेनानुभूतं स्वयमेव वक्ति सुषुप्तिकाले स्थितशून्यभावम् । तत्र स्वसत्तामनवेक्ष्य मूढः स्वस्यापि शून्यत्वमयं ब्रवीति ॥५९८॥

मनुष्यः **सुषुप्तिकाले स्वेनानुभूतं स्थितशून्यभावं** स्थितो विद्यमानश्चासौ शून्यभावश्च शून्यस्य भावोऽस्तित्वं स्थितशून्यभावस्तं स्थितशून्यभावं स्वयमेव **वक्ति**। **तत्रायं मूढो** वेदान्तशास्त्रानभिज्ञः श्रुत्याचार्यसम्प्रदायरहितः **स्वसत्तां** स्वस्य सत्तामस्तित्व**मनवेक्ष्या**पर्य्यालोच्य विमर्शमकुर्वन् **स्वस्यापि शून्यत्वं ब्रवीति** नाहमस्मीति।

सुषुप्ति में स्वयं जो कुछ अनुभव करता है, उसे ही विद्यमान शून्य भाव कहता है। उस अवस्था में अपने ही अस्तित्व को न जानकर यह मूढ अपने शून्यत्व को कहता है ॥५९८॥

मनुष्य सुषुप्ति काल में स्वयं जो कुछ अनुभव करता है, विद्यमान शून्य के अस्तित्व को स्वयं ही कहता है। उस अवस्था में यह मूढ वेदान्त शास्त्र से अनभिज्ञ, श्रुति-आचार्य सम्प्रदाय से रहित अपनी सत्ता, अस्तित्व का परीक्षण तथा विचार-विमर्श किए बिना ही अपने शून्यत्व को 'मैं नहीं हूँ' - ऐसा कहता है।

अवेद्यमानः स्वयमन्यलोकैः सौषुप्तिकं धर्ममवैति साक्षात् ।
बुद्ध्याद्यभावस्य च योऽत्र बोद्धा स एष आत्मा खलु निर्विकारः ॥५९९॥

एष आत्मा स्वयमन्यलोकैरन्यैर्लोकै**रवेद्यमानः** स्वयं **साक्षाद**परोक्षतया **सौषुप्तिकं** सुषुप्तस्यायं सुषुप्तिकालीनं **धर्मं** स्वभावं स्थितिमवस्था**मवैति**। **अत्र यश्च बुद्ध्याद्यभावस्य बोद्धा** वेत्ता **स** एव **खलु निर्विकारः** सत्स्वरूपाच्युताऽऽत्मा कस्मात्तत्र शून्यत्वप्रसिद्धिरिति भावः। तार्किकाणां मीमांसकानां च मतानुसारेणाऽऽत्मनः सगुणस्याऽवस्थाभेदेन भिन्नस्य च परिणामित्वापत्तिः। *"उपयन्नपयन्धर्मो विकरोति हि धर्मिणम्"* इति न्यायात्। उपयन्नुत्पद्यमानः। अपयन्विनश्यमानः। विकरोत्युत्पत्तिविनाशभाजं करोति। तदप्यसमीचीनम्। अस्माकं मते त्वात्मा निर्गुणो निर्विकारोऽवस्थात्रयसाक्षीति।

अन्य लोग जिसे नहीं जानते, जो सुषुप्ति अवस्था को साक्षात् स्वयं ही जानता है। जो सुषुप्ति में बुद्धि आदि के अभाव को जानने वाला है, निश्चय वही निर्विकार आत्मा है ॥५९९॥

यह आत्मा अन्य लोकों के द्वारा नहीं जाना जाता, स्वयं अपरोक्ष रूप से सुषुप्ति कालीन स्वभाव, स्थिति अथवा अवस्था को जानता है। जो बुद्धि के अभाव को जानने वाला है, वह ही सत् स्वरूप, अच्युत आत्मा है। उसकी शून्यत्व से प्रसिद्धि कैसे हो सकती है - ऐसा भाव है। तार्किकों तथा मीमांसकों के मत के अनुसार, इस न्याय 'जन्म-विनाश धर्मों के आने जाने से धर्मी उत्पत्ति-विनाश का पात्र हो जाता है' से, अवस्था भेद के कारण होने वाले परिणाम से आत्मा के सगुण तथा भिन्न होने की आपत्ति आएगी - यह भी असमीचीन है। हमारे मत में तो आत्मा निर्गुण, निर्विकार, अवस्थात्रय साक्षी है।

यस्येदं सकलं विभाति महसा तस्य स्वयञ्ज्योतिषः सूर्यस्येव किमस्ति भासकमिह प्रज्ञादि सर्वं जडम् ।
न ह्यर्कस्य विभासकं क्षितितले दृष्टं तथैवात्मनो नान्यः कोऽप्यनुभासकोऽनुभविता नातः परः कश्चन ॥६००॥

यस्य महसा तेजसेदं **सकलं विभाति** प्रकाशते **तस्य स्वयञ्ज्योतिषः** स्वयम्प्रकाशरूपस्याऽवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यस्याऽऽत्मनः **सूर्यस्येव किं भासकमिह** जगत्यस्ति। **प्रज्ञादि** बुद्ध्यादि **सर्वं जडं हि** वर्तते। यस्मा**त्क्षितितले** भूलोके**ऽर्कस्य** सूर्यस्य **विभासकं** प्रकाशकं न **दृष्टं तथैवाऽऽत्मनोऽनुभासकः** प्रकाशकः **कोऽपि नास्त्यतो**ऽस्मादात्मनः **परो**ऽन्यः **कश्चनानुभविता** नास्तीति भावः।

आत्मा स्वयम्प्रकाश इति व्याख्यायते। अवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वं स्वयम्प्रकाशस्य लक्षणम्। अपरोक्षव्यवहारयोग्यघटादावतिव्याप्तिवारणाय पूर्वदलम्। धर्मादावतिव्याप्तिवारणायोत्तरदलम्। विदेहमुक्तिदशायां व्यवहाराभावादव्याप्तिवारणाय व्यवहारयोग्यत्वपदम्।

जिसके प्रकाश से यह सब प्रकाशित होता है, स्वयं ज्योति स्वरूप उसका सूर्य के समान क्या कोई प्रकाशक है? बुद्धि आदि सब जड़ हैं। भूतल पर सूर्य का कोई प्रकाशक नहीं देखा गया है, वैसे ही आत्मा से भिन्न अन्य कोई भी प्रकाशक तथा अनुभव करने वाला नहीं है। इससे पर कुछ नहीं है ॥६००॥

जिसके तेज से यह सब प्रकाशित होता है; स्वयं प्रकाश रूप, अवेद्य होने पर भी अपरोक्ष व्यवहार के योग्य आत्मा का सूर्य के समान इस जगत् में क्या कोई प्रकाशक है? बुद्धि आदि सब जड़ हैं। जैसे भूलोक में सूर्य का प्रकाशक नहीं देखा गया है, वैसे ही आत्मा का प्रकाशक कोई नहीं है। इस आत्मा से अन्य कोई अनुभव करने वाला नहीं है - ऐसा भाव है।

आत्मा को स्वयं प्रकाश रूप से बताया गया है। स्वयं प्रकाश का लक्षण है - (विषय रूप से) अवेद्य होते हुए भी जो अपरोक्ष रूप से व्यवहार के योग्य है। अपरोक्ष रूप से व्यवहार के योग्य घट आदि में अतिव्याप्ति का वारण करने के लिए परिभाषा में पूर्व दल (विशेषण) दिया गया। धर्म आदि में अतिव्याप्ति का वारण करने के लिए परिभाषा में उत्तर दल (विशेष्य) दिया गया। विदेहमुक्ति दशा में व्यवहार का अभाव होने से परिभाषा में अव्याप्ति का वारण करने के लिए 'व्यवहारयोग्यत्व' पद दिया गया।

येनानुभूयते सर्वं जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु । विज्ञातारमिमं को नु कथं वेदितुमर्हति ॥६०१॥

येन जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु जाग्रच्च स्वप्नश्च सुषुप्तिश्च जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तयस्तासु त्रिसृष्ववस्थासु **सर्वमनुभूयते को न्विमं विज्ञातारं** विभासकं **कथं वेदितुमर्हति**। *"जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चं यत्प्रकाशते। तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते॥", "विज्ञातारमरे केन विजानीयात्", "त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत्। तेभ्यो विलक्षणः साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः॥"* इत्यादिश्रुतिष्वात्मनोऽप्रमेयत्वं प्रदर्शितम्।

जिसके द्वारा जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति में सभी का अनुभव होता है, उस विज्ञाता को कौन, कैसे जान सकता है? ॥६०१॥

जिसके द्वारा जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में सभी का अनुभव होता है, उस विभासक को कौन, कैसे जान सकता है? 'जो जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति अवस्था रूप प्रपञ्च को प्रकाशित करता है, वही ब्रह्म मैं हूँ - ऐसा जानकर सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है' (कै० उ० १७), 'हे मैत्रेयि! विज्ञाता को किसके द्वारा जाने' (बृ० उ० २।४।१४), 'तीनों अवस्थाओं में जो कुछ भी भोक्ता, भोग्य और भोग के रूप में है, उनसे विलक्षण, साक्षी, चित्स्वरूप, वह सदाशिव स्वयं मैं हूँ' (कै० उ० १८) इत्यादि श्रुतियों में आत्मा का अप्रमेयत्व दिखाया गया है।

सर्वस्य दाहको वह्निर्वह्नेर्नान्योऽस्ति दाहकः । यथा तथात्मनो ज्ञातुर्ज्ञाता कोऽपि न दृश्यते ॥६०२॥

यथा वह्निः सर्वस्य दाहको वह्नेरन्यो दाहको नास्ति तथा ज्ञातुरात्मनः साधनान्तरनिरपेक्षतयाऽवभासमानस्य चैतन्यस्य व्यवधानाभावान्नित्यमपरोक्षस्य च **ज्ञाता कोऽपि न दृश्यते** येन कूटस्थबोधेन लोक इदं सर्वं विजानाति तं साक्षिणं केन करणेन को वा ज्ञाता विजानीयात्। ज्ञातुर्जिज्ञासा ज्ञेयविषय एव न त्वात्मनि। तथा ज्ञानकरणानां चक्षुरादेर्विषयग्रहणेनैवोपक्षीणत्वान्न तेषामात्मनि प्रवृत्तिः। आत्माऽऽत्मनो विषयोऽपि न भवति तथा सत्यविषय आत्मनि ज्ञातुर्ज्ञानं नोपपद्यते ज्ञात्रन्तरस्याभावात्। *"नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा नान्योऽतोऽस्ति श्रोता"* इत्यादिश्रुत्यन्तराच्चेति।

जैसे अग्नि सभी का दाहक है, अग्नि का दाहक अन्य कोई नहीं है। वैसे ही ज्ञाता आत्मा का कोई भी ज्ञाता दिखाई नहीं देता है ॥६०२॥

जैसे अग्नि सभी का दाहक है, अग्नि का दाहक अन्य कोई नहीं है। वैसे ही ज्ञाता आत्मा जो किसी अन्य साधन की अपेक्षा किए बिना तथा किसी व्यवधान का अभाव होने से नित्य अपरोक्ष रूप से जाना जाने वाला, प्रकाशमान् और चैतन्य रूप है - उसका कोई भी ज्ञाता दिखाई नहीं देता है। जिस कूटस्थ के ज्ञान से यह सारा लोक सब कुछ जानता है, उस साक्षी को किस साधन से अथवा किस ज्ञाता से जाना जाए? ज्ञाता की जिज्ञासा केवल ज्ञेय के विषय में ही है, आत्मा में नहीं। वैसे ही ज्ञान के करण चक्षु आदि अपने विषयों को ग्रहण करने तक ही सीमित हैं, उनकी आत्मा को ग्रहण करने में प्रवृत्ति नहीं होती। आत्मा आत्मा का विषय भी नहीं होता तथा ऐसा होने पर अविषय आत्मा में ज्ञाता का ज्ञान सम्भव नहीं है, अन्य ज्ञाता का अभाव होने से। 'इससे भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है, इससे भिन्न कोई श्रोता नहीं है' (बृ० उ० ३।७।२३) अन्य श्रुति से भी यही सिद्ध होता है।

तदेव विशदयत्युपलभ्येतेति।

उसका ही आगे विस्तार करते हैं 'उपलभ्येत' इत्यादि से -

उपलभ्येत केनायं ह्युपलब्धा स्वयं ततः । उपलब्ध्यन्तराभावान्नायमात्मोपलभ्यते ॥६०३॥

अयं केन करणेन ज्ञात्रा **वोपलभ्येत** हि **स्वयमात्मैवोपलब्धा** ज्ञातास्ति। **ततोऽयमात्मोपलब्ध्यन्तराभावादन्**यस्योपलब्धेरभावाज्ज्ञानस्याभावादात्मा **नोपलभ्यते** ज्ञानस्य विषयो न भवतीत्यर्थः। आत्मनोऽद्वितीयत्वादन्यस्यज्ञेयस्याप्यभाव इति विशेषः।

यह किसके द्वारा उपलब्ध होता है, यह स्वयं ही उपलब्धा है। इससे अन्य किसी उपलब्धि के न होने से यह आत्मा उपलब्ध नहीं होता ॥६०३॥

यह किस करण अथवा ज्ञाता के द्वारा उपलब्ध होता है क्योंकि यह आत्मा स्वयं ही ज्ञाता है। इसीलिए अन्य उपलब्धा का अभाव होने के कारण ज्ञान का अभाव होने से आत्मा ज्ञान का विषय नहीं होता है। आत्मा अद्वितीय होने से, अन्य ज्ञेय का भी अभाव है - यही भेद है।

बुद्ध्यादिवेद्यविलयादयमेक एव सुप्तौ न पश्यति शृणोति न वेत्ति किञ्चित् ।
सौषुप्तिकस्य तमसः स्वयमेव साक्षी भूत्वात्र तिष्ठति सुखेन च निर्विकल्पः ॥६०४॥

सुप्तौ बुद्ध्यादिवेद्यविलयाद्बुद्धिरादिर्येषां देहेन्द्रियमनसां तानि बुद्ध्यादीनि तान्येव वेद्यानि बुद्ध्यादिवेद्यानि तेषां विलयादि**त्ययमेक एवा**त्मा विशेषविज्ञानहेतूनां सर्वकरणानामुपसंहारा**त्किञ्चिन्न पश्यति न शृणोति न वेत्ति। अत्र सौषुप्तिकस्य तमसो** मायाया आवरणस्य **स्वयमेव साक्षी भूत्वा निर्विकल्पः** सन् **सुखेन च तिष्ठति**। स्वयम्प्रकाशस्यात्मनस्सत्त्वान्न शून्यत्वं नापि क्षणिकत्वं वा जडत्वम्। *"सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोभिभूतस्सुखरूपमेति"*, *"सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति स्वमपीतो भवति"* इत्यादि-

श्रुतिश्चात्मनस्सच्चिदानन्दरूपत्वेन सुषुप्ताववस्थानं दर्शयतीति।

सुषुप्ति में बुद्धि आदि सब वेद्य वस्तु का विलय हो जाने से यह केवल एक न कुछ देखता है, न कुछ सुनता है और न कुछ जानता है। सुषुप्ति में विद्यमान अज्ञान का स्वयं साक्षी होकर सुषुप्ति में निर्विकल्प होकर सुख से रहता है ॥६०४॥

बुद्धि आदि है जिन देह, इन्द्रिय, मन के; सुषुप्ति में उन सब वेद्य वस्तु का विलय हो जाने से, विशेष विज्ञान के हेतुओं तथा समस्त करणों के उपसंहार हो जाने पर एक आत्मा न ही कुछ देखता, सुनता अथवा जानता है। यहाँ सुषुप्ति में तमस् अर्थात् माया के आवरण का स्वयं साक्षी होकर निर्विकल्प होकर सुख से रहता है। स्वयं प्रकाश आत्मा के होने से शून्यत्व नहीं है - न क्षणिकत्व, न ही जड़त्व। 'सुषुप्ति अवस्था में जब सभी इन्द्रिय अन्तःकरण सहित अपने कारण अविद्या में लीन हो जाते हैं, वह (जीव) अज्ञान से अभिभूत हुआ सुख स्वरूप को प्राप्त करता है' (कै० उ० १३), 'हे सोम्य! यह सत् से सम्पन्न हो जाता है - यह अपने स्वरूप को प्राप्त हो जाता है' (बृ० उ० ६।८।१) इत्यादि श्रुति सुषुप्ति अवस्था में आत्मा के सच्चिदानन्द रूप को बताती हैं।

सुषुप्तावात्मसद्भावे प्रमाणं पण्डितोत्तमाः । विदुः स्वप्रत्यभिज्ञानमाबालवृद्धसम्मतम् ॥६०५॥

प्रत्यभिज्ञायमानत्वाल्लिङ्गमात्रानुमापकम् । स्मर्यमाणस्य सद्भावः सुखमस्वाप्समित्ययम् ॥६०६॥

पण्डितोत्तमाः पण्डितानां विद्वज्जनानामुत्तमाः पण्डितश्रेष्ठाः प्रमाणकुशलाः **सुषुप्तावात्मसद्भाव** आत्मनः सद्भावेऽस्तित्त्व **आबालवृद्धसम्मतं** बालप्रभृतीन्वृद्धपर्यन्तानां सम्मतमभिमतं **स्वप्रत्यभिज्ञानं** स्वस्य प्रत्यभिज्ञानं **प्रमाणं विदुः**। प्रत्यभिज्ञानं नाम तत्तेदन्ताऽवगाही ज्ञानम्। *"भातस्य कस्यचित्पूर्वं भासमानस्य साम्प्रतम्। सोऽयमित्यनुसन्धानं प्रत्यभिज्ञानमुच्यते॥"* इति वार्तिककारवचनात्। तस्याऽऽत्मनः **प्रत्यभिज्ञायमानत्वात्स**र्वदा चैतन्यरूपेण ज्ञायमानत्वादात्मतत्त्वं **लिङ्गमात्रानुमापकं** लिङ्गमेवानुमापकं यस्मिन् तल्लिङ्गमात्रानुमापकं वाक्यं **सुखमहमस्वाप्समिति स्मर्यमाणस्यायं सद्भावो** ज्ञायत इति। पूर्वोत्तरदेशकालवैशिष्ट्यांशपरित्यागेन तथाऽस्वाभाविकानवयवसंस्थानविशेषानप्यवधूयावशिष्टैकवस्त्वनुस्यूतं ज्ञायते तद्वदात्मनः प्रत्यभिज्ञानं भवति। तद्विना शिशोः स्तन्यपानं न घटते। पूर्वत्रकालेऽनुभूयमानाहङ्कारस्य तथा परत्रकाले स्मर्यमाणाहङ्कारस्य सर्वविशिष्टांशपरित्यागेन प्रत्यभिज्ञायमानोऽहं सर्वोपाधिरहितः साक्ष्यवगम्यत इति।

श्रेष्ठ विद्वान् सुषुप्ति में आत्मा के अस्तित्व में बालक से वृद्ध पर्यन्त सर्व सम्मत अपने प्रत्यभिज्ञान को प्रमाण जानते हैं ॥६०५॥

प्रत्यभिज्ञान का विषय होने से हेतु मात्र के द्वारा अनुमान किया जा सकता है। स्मरण किए हुए पदार्थ का अस्तित्व 'मैं सुखपूर्वक सोया' इस प्रकार से ज्ञात होता है ॥६०६॥

पण्डितों, विद्वत जनों में जो श्रेष्ठ प्रमाण कुशल हैं सुषुप्ति में आत्मा के अस्तित्व में बालक से वृद्ध पर्यन्त सर्व सम्मत अथवा अभिमत अपने प्रत्यभिज्ञान को प्रमाण जानते हैं। प्रत्यभिज्ञान वह ज्ञान है जो 'तत्ता' तथा 'इदन्ता' को जोड़ता है। वार्तिककार के वचनों के अनुसार 'किसी पूर्व में अनुभव की गई वस्तु के सम्बन्ध में तथा वर्तमान में अनुभव की जा रही वस्तु के सम्बन्ध में, 'यह वह है' का ज्ञान, प्रत्यभिज्ञान कहा जाता है' (मा० वा० ७।३)। उस आत्मा का सदा चैतन्य रूप से ज्ञायमानत्व होने से आत्म तत्त्व हेतु मात्र के द्वारा अनुमान किया जा सकता है। 'मैं सुखपूर्वक सोया' इस वाक्य से स्मर्यमाण का अस्तित्व ज्ञात होता है। पूर्व तथा वर्तमान देश, काल के विशिष्ट अंश को त्याग कर और साथ ही उन भागों की विशिष्टताओं को त्याग कर जो वस्तु का हिस्सा नहीं हैं, एक सत्ता को सभी से जुड़ा हुआ माना जाता है; उसी प्रकार आत्मा का प्रत्यभिज्ञान होता है। उसके बिना शिशुओं के लिए स्तन पान सम्भव नहीं होगा। पूर्वकाल में अनुभव किए गए अहङ्कार तथा बाद में स्मर्यमाण अहङ्कार के सभी विशिष्ट अंशों को त्यागकर मैं प्रत्यभिज्ञायमान, सर्व उपाधि रहित, साक्षी हूँ - ऐसा ज्ञान होता है।

पुरानुभूतो नो चेत्तु स्मृतेरनुदयो भवेत् । इत्यादितर्कयुक्तिश्च सद्भावे मानमात्मनः ॥६०७॥

यदि **पुरा** पूर्वत्रकालेऽ**नुभूतो नो चेदा**त्मा तर्हि **स्मृतेस्तु** परत्रकालेऽ**नुदयो**ऽनुत्पत्तिर्भवे**दित्यादितर्कयुक्तिस्त**र्कस्य युक्तिर्योगस्तर्कयुक्तिरीदृशी तर्कयुक्ति**श्चात्मनः सद्भावे**ऽस्तित्वे **मानं** प्रमाणमिति।

यदि पहले अनुभव न होता तो उसकी स्मृति का उदय नहीं होता, इत्यादि तर्क-युक्ति आत्मा के अस्तित्व में प्रमाण है ॥६०७॥

यदि पूर्वकाल में आत्मा का अनुभव नहीं होता तो बाद में उसकी स्मृति का उदय नहीं होता, इत्यादि तर्क-युक्ति आत्मा के अस्तित्व में प्रमाण है।

यत्रात्मनोऽकामयितृत्वबुद्धिः स्वप्नानपेक्षापि च तत्सुषुप्तम् ।
इत्यात्मसद्भाव उदीर्यतेऽत्र श्रुत्यापि तस्माच्छ्रुतिरत्र मानम् ॥६०८॥

यत्र यस्यामवस्थाया**मात्मनोऽकामयितृत्वबुद्धिः** कामनायाः कर्तृत्वबुद्धिः कामयितृत्वबुद्धिर्न कामयितृत्वबुद्धिरकामयितृत्वबुद्धि-र्भवत्यपि **च स्वप्नानपेक्षा** स्वप्नस्यानपेक्षाऽभाव**स्तत्सुषुप्तं** सुषुप्त्यवस्थेति **श्रुत्याऽप्यत्राऽऽत्मसद्भाव उदीर्यते तस्मादत्र** श्रुति**र्मानं** प्रमाणं भवतीति। *"यत्र सुप्तौ न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम्"* इति।

जिस अवस्था में आत्मा में कामना करने की बुद्धि नहीं होती तथा स्वप्नों की भी अपेक्षा नहीं है, वह सुषुप्ति अवस्था है। इस प्रकार श्रुति भी सुषुप्ति में आत्मा का अस्तित्व कहती है, इसीलिए इसमें श्रुति प्रमाण है ॥६०८॥

जिस अवस्था में आत्मा में कामना करने की कर्तृत्व बुद्धि नहीं होती तथा स्वप्न की अपेक्षा का भी अभाव है, वह सुषुप्ति अवस्था है। इस प्रकार श्रुति के द्वारा भी सुषुप्ति में आत्मा का सद्भाव कहा गया है, इसीलिए इसमें श्रुति प्रमाण है। 'जिस स्थान या काल में सोया हुआ पुरुष न तो किसी विषय भोग की कामना करता है तथा न किसी स्वप्न को ही देखता है, उसे ही सुषुप्ति कहते हैं' (मा० उ० ५)।

अकामयितृता स्वप्नादर्शनं घटते कथम् । अविद्यमानस्य तत आत्मास्तित्वं प्रतीयते ॥६०९॥

एतैः प्रमाणैरस्तीति ज्ञातः साक्षितया बुधैः । आत्मायं केवलः शुद्धः सच्चिदानन्दलक्षणः ॥६१०॥

यदि सुषुप्तावात्मा न स्यात्त**र्ह्यविद्यमानस्या**ऽऽत्मनो**ऽकामयितृता स्वप्नादर्शनं** च यथापूर्वोक्तं **कथं घटते**? **तत आत्मास्तित्वमा**त्मनोऽस्तित्वं **प्रतीयते**। अविद्यमानस्य निषेधोऽप्रसक्तप्रतिषेधो दोषः स्यात्। **एतैः प्रमाणैः** श्रुतियुक्त्यनुभूतिभि**र्बुधैः केवलो**ऽद्वितीयः **शुद्धः सच्चिदानन्दलक्षणः** सच्च चिच्चानन्दश्च लक्षणानि यस्य स सच्चिदानन्दलक्षणो**ऽयमात्मा** ऽनुदितानस्तमितकूटस्थबोधमात्रस्वभावः **साक्षितयाऽस्तीति ज्ञातः**। तथा च श्रुतिः *"असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्। अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद। सन्तमेनं ततो विदुरिति।"*, *"अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः। अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति॥"* इति।

अविद्यमान का अकामयितृत्व तथा स्वप्न का अदर्शन कैसे हो सकता है? इससे आत्मा का अस्तित्व प्रतीत होता है ॥६०९॥

पण्डितों ने इन प्रमाणों के द्वारा अद्वितीय, शुद्ध, सच्चिदानन्द स्वरूप यह आत्मा साक्षी रूप है, ऐसा जाना है ॥६१०॥

यदि सुषुप्ति में आत्मा ना होता तो अविद्यमान आत्मा का अकामयितृत्व तथा स्वप्न का अदर्शन जैसा पहले कहा गया है - कैसे हो सकता है? इससे आत्मा का अस्तित्व प्रतीत होता है। अविद्यमान का निषेध करने से अप्रसक्त प्रतिषेध दोष होता है। पण्डितों ने इन श्रुति, युक्ति, अनुभूति प्रमाणों के द्वारा अद्वितीय, शुद्ध, सच्चिदानन्द स्वरूप यह आत्मा अनुदित, अनस्तमित (जो न उदित होता है, न अस्त होता है),

कूटस्थ, बोध मात्र स्वभाव साक्षी रूप है - ऐसा जाना है। तथा श्रुति से भी प्रमाणित होता है 'यदि पुरुष "ब्रह्म असत् है" ऐसा जानता है तो वह स्वयं भी असत् ही हो जाता है और यदि ऐसा जानता है कि "ब्रह्म है" तो उसे सत् समझते हैं' (तै० उ० २।६), 'वह आत्मा "है" इस प्रकार ही उपलब्ध किया जाना चाहिए तथा उसे तत्त्वभाव से भी जानना चाहिए। इन दोनों प्रकार की उपलब्धियों में से जिसे "है" इस प्रकार की उपलब्धि हो गयी है तत्त्वभाव उसके अभिमुख हो जाता है' (क० उ० २।६।१३)।

आत्मलक्षणम्

सत्त्वचित्त्वानन्दतादिलक्षणं प्रत्यगात्मनः । कालत्रयेऽप्यबाध्यत्वं सत्यं नित्यस्वरूपतः ॥६११॥

शुद्धचैतन्यरूपत्वं चित्त्वं ज्ञानस्वरूपतः । अखण्डसुखरूपत्वादानन्दत्वमितीर्यते ॥६१२॥

सत्त्वचित्त्वानन्दतादिलक्षणं सत्त्वञ्च चित्त्वञ्चानन्दता च सत्त्वचित्त्वानन्दतास्ता आदयो येषां ते सत्त्वचित्त्वानन्दतादयस्त एव लक्षणं यस्य तत्सत्त्वचित्त्वानन्दतादिलक्षणं **प्रत्यगात्मनो नित्यस्वरूपतो** नित्यं स्वरूपं यस्य स नित्यस्वरूपस्तद्धेतुत्वान्नित्यस्वरूपतः **कालत्रयेऽप्यबाध्यत्वं** सन्मात्रं **सत्यं ज्ञानस्वरूपतो** ज्ञानं स्वरूपं यस्य स ज्ञानस्वरूपस्तद्धेतुत्वाज्ज्ञानस्वरूपतः **शुद्धचैतन्यरूपत्वं** सर्वोपाधिरहितं चिन्मात्रं **चित्त्वं** तथा**ऽखण्डसुखरूपत्वाद**खण्डश्चासौ सुखरूपश्चाखण्डसुखरूपस्तद्धेतुत्वा**दानन्दत्वम**परिच्छिन्नत्वम**स्तीतीर्यते**।*"यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति"* इति श्रुतत्वात्सुखमेव भूमा यत्रान्यन्न पश्यति न शृणोति न विजानातीति। *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म", "अयमात्मा ब्रह्म"* इति च।

सत्त्व, चित्त्व और आनन्दता आदि प्रत्यक् आत्मा के लक्षण हैं। वह स्वरूप से नित्य होने के कारण सत् रूप है जिसका तीनों कालों में बाध नहीं हो सकता ॥६११॥

ज्ञान स्वरूप होने के कारण शुद्ध चैतन्य रूपता ही चित्स्वरूपता है। अखण्ड सुख रूप होने से आनन्दत्व कहा जाता है ॥६१२॥

सत्त्व, चित्त्व और आनन्दता आदि प्रत्यक् आत्मा के लक्षण हैं। वह स्वरूप से नित्य होने के कारण सत् रूप है जिसका तीनों कालों में बाध नहीं हो सकता। ज्ञान स्वरूप होने के कारण सर्व उपाधि रहित चिन्मात्र है तथा अखण्ड सुख रूप होने से अपरिच्छिन्नत्व कहा जाता है। 'निश्चय जो भूमा है वही सुख है, अल्प में सुख नहीं है' (छा० उ० ७।२३।१) ऐसा सुना गया है कि सुख ही भूमा है, जहाँ कुछ और नहीं देखता, कुछ और नहीं सुनता तथा कुछ और नहीं जानता। 'ब्रह्म सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप है' (तै० उ० २।१), 'यह आत्मा ब्रह्म है' (मा० उ० २, बृ० उ० २।५।१९) इत्यादि श्रुति से भी प्रमाणित होता है।

आत्मनः सत्त्वम्

यद्ब्रह्मणः सत्यं ज्ञानमनन्तं स्वरूपलक्षणं श्रुतिषु प्रसिद्धं तदेव लोकानुभवहेतुपरामर्शेनान्वयव्यतिरेकाभ्यां च प्रतिपादयति। प्रथमं तावदात्मनो सत्यत्वं त्रिष्ववस्थास्वानुस्यूतत्वेन प्रदर्शयति। अनुस्यूतेति।

ब्रह्म के जो सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप लक्षण श्रुतियों में प्रसिद्ध हैं, उसी को लोक अनुभव, हेतु परामर्श तथा अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा प्रतिपादित किया जाता है। प्रथमतः उस आत्मा का तीनों अवस्थाओं में निहित सत्यत्व दिखाते हैं 'अनुस्यूता' इत्यादि से -

अनुस्यूतात्मनः सत्ता जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु । अहमस्मीत्यतो नित्यो भवत्यात्मायमव्ययः ॥६१३॥

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु जाग्रच्च स्वप्नञ्च सुषुप्तिश्च जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तयस्तासु त्रिष्ववस्थास्व**हमस्मीत्यात्मनः सत्ताऽनुस्यूता**ऽनुगता। आत्मनो भावो सर्वास्ववस्थासु दृश्यते किन्त्ववस्थानामन्योन्यव्यभिचारो वर्तते। तत्रान्वयव्यतिरेकलक्षणमेवं प्रकारम् -

द्वितीयाभावविशिष्टप्रथमभावदर्शनमन्वयः।

प्रथमभावविशिष्टद्वितीयाभावदर्शनं व्यतिरेकः।

अतोऽयमात्मा नित्योऽविनाशी **चाव्ययः** सर्वविकाररहितो **भवती**त्यर्थः। *"एक एवात्मा मन्तव्यो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु", "जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि प्रपञ्चं यत्प्रकाशते। तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते॥", "एकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा"* इति श्रुतेः।

'मैं हूँ' इस प्रकार आत्मा की सत्ता जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति में अनुगत है। इसीलिए यह आत्मा नित्य तथा अव्यय है ॥६१३॥

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में 'मैं हूँ' रूप से आत्मा की सत्ता अनुगत है। सभी अवस्थाओं में आत्मा का भाव देखा जाता है, किन्तु अवस्थाओं का आपस में परस्पर व्यभिचार है। वहाँ अन्वय-व्यतिरेक लक्षण ही प्रक्रिया है।

द्वितीय के अभाव से विशिष्ट प्रथम का होना अन्वय है।

प्रथम के भाव से विशिष्ट द्वितीय का अभाव व्यतिरेक है।

इसीलिए यह आत्मा अविनाशी तथा सर्व विकार रहित है - ऐसा अर्थ है। 'जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति में एक ही आत्मा का ध्यान करना चाहिए' (अ० उ० ११), 'जो जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति आदि प्रपञ्च को प्रकाशित करता है, वह ब्रह्म मैं हूँ - इसे जानकर सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है' (कै० उ० १।१७), 'एकात्म प्रत्ययसार है। प्रपञ्च का उपशम रूप, शान्त, शिव तथा अद्वैत स्वरूप है, ऐसा आत्मा के विषय में तत्त्ववेत्ता मानते हैं। अतः वही आत्मा है' (मा० उ० ७) इन श्रुतियों से सिद्ध होता है।

सर्वदाप्यासमित्येवाभिन्नप्रत्यय ईक्ष्यते । कदापि नासमित्यस्मादात्मनो नित्यता मता ॥६१४॥

सर्वदा पूर्वकालेष्वप्य**हमासमिति** प्रकारो**ऽभिन्नप्रत्यय एवेक्ष्यते। कदापि नासमिति** प्रत्ययो नेक्ष्यते। **अस्मादात्मनो नित्यता मता।** *"आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिषत्"* इति।

सर्वदा ही 'मैं था' इस प्रकार अभिन्न प्रत्यय देखने में आता है। कभी भी 'मैं नहीं था' ऐसा देखने में नहीं आता। इसीलिए आत्मा की नित्यता मानी गयी है ॥६१४॥

सर्वदा ही पूर्वकाल में 'मैं था' इस प्रकार अभिन्न प्रत्यय ही देखने में आता है। कभी भी 'मैं नहीं था' ऐसा प्रत्यय देखने में नहीं आता। इसीलिए आत्मा की नित्यता मानी गयी है। 'पहले यह जगत् एकमात्र आत्मा ही था, उसके सिवा और कोई सक्रिय वस्तु नहीं थी' (ऐ० उ० १।१।१)।

आयातासु गतासु शैशवमुखावस्थासु जाग्रन्मुखास्वन्यास्वप्यखिलासु वृत्तिषु धियो दुष्टास्वदुष्टास्वपि ।
गङ्गाभङ्गपरम्परासु जलवत्सत्तानुवृत्तात्मनस्तिष्ठत्येव सदा स्थिराहमहमित्येकात्मता साक्षिणः ॥६१५॥

गङ्गाभङ्गपरम्परासु भङ्गानां तरङ्गानां परम्परा भङ्गपरम्परा गङ्गाया भङ्गपरम्परा गङ्गाभङ्गपरम्परास्तासु **जलवद**नवच्छिन्नाऽनुगता तद्व**च्छैशवमुखावस्थासु** शैशवी (पा. सू. ४.१.१५) मुखा प्रमुखा यासामवस्थानां ताः शैशवमुखावस्थास्तासु बाल्यादि**ष्वन्यासु जाग्रन्मुखासु** जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिष्वपि **धियो दुष्टासु** दुःखप्रदासु **तथाऽदुष्टासु** सुखप्रदा**स्वखिलासु वृत्तिष्वपि आयातास्वा**गतासु **गतासु** शैशवादिषु तथा जाग्रदादिष्वन्यास्व**प्यनुवृत्तात्मनः सत्ता**ऽस्तिता **तिष्ठत्येव**। प्रतिप्रत्ययकालं भिन्नास्ववस्थासु **सदा** सर्वदाऽनुगताऽभिन्ना सदैकरूपाऽपरिणममानाऽवभासिका चिद्रूपा**ऽहमहमिति साक्षिण एकात्मता**ऽव्यभिचारिप्रत्ययरूपा **स्थिरा**

वर्तत इति। तेषामवस्थानां व्यतिरेकस्तथा तेष्वात्मनोऽन्वय इति।

तदन्वयव्यतिरेकप्रकार ईदृशः -

स्वप्ने जाग्रदभावविशिष्टाऽऽत्मभावदर्शनमात्मनोऽन्वयः।
आत्मभावविशिष्ट-जाग्रदभावदर्शनं जाग्रतो व्यतिरेकः।

सुषुप्तौ स्वप्नाभावविशिष्टाऽऽत्मभावदर्शनमात्मनोऽन्वयः।
आत्मभावविशिष्ट-स्वप्नाभावदर्शनं स्वप्नस्य व्यतिरेकः।

जाग्रति सुषुप्त्यभावविशिष्टाऽऽत्मभावदर्शनमात्मनोऽन्वयः।
आत्मभावविशिष्ट-सुषुप्त्यभावदर्शनं सुषुप्त्या व्यतिरेकः।

ते परस्परं व्यावृत्ताः किन्त्वात्माऽनुगतस्तेष्विति भावः। अवस्थात्रयव्यतिरेकदर्शनेन तदुपलक्षितशरीरत्रयस्याऽपि व्यतिरेकः प्रदर्शितः।

जैसे गङ्गा की तरङ्गों के निरन्तर प्रवाह में जल अनुस्यूत है, वैसे बाल्यावस्था से प्रारम्भ कर अन्य सभी अवस्थाओं में, जाग्रत् से प्रारम्भ कर अन्य सभी अवस्थाओं में, अच्छी-बुरी बुद्धि की सभी वृत्तियों में, आने-जाने वाली सभी अवस्थाओं में आत्मा का अस्तित्व 'अहम्' रूप से एकमात्र साक्षी रूप में सदा रहता है ॥६१५॥

जैसे गङ्गा की तरङ्गों के निरन्तर प्रवाह में जल अनवच्छिन्न रूप से अनुस्यूत है, वैसे ही शैशवी अवस्था (पा० सू० ४।१।१५ से शैशव में अकार लोप, ङीप् प्रत्यय से शैशवी) से प्रारम्भ कर अन्य सभी अवस्थाओं में; जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति में; बुद्धि की दुःखप्रद-सुखप्रद सभी वृत्तियों में, आने-जाने वाली (शैशव आदि तथा जाग्रत् आदि अन्य) सभी अवस्थाओं में आत्मा का अस्तित्व रहता ही है। विभिन्न अवस्थाओं में, प्रत्येक विचार के समय, सर्वदा, अभिन्न रूप से, सदा एक अपरिवर्तनशील, प्रकाशमान, चिद्रूप, अपरिवर्तनीय प्रत्यय रूप से अनुगत रहता है। उन अवस्थाओं का व्यतिरेक है तथा उनमें आत्मा का अन्वय है।

अन्वय-व्यतिरेक प्रक्रिया को इस प्रकार समझा जाता है -

स्वप्न में जाग्रत् अभाव से विशिष्ट आत्मभाव का दर्शन आत्मा का अन्वय है।
आत्मभाव से विशिष्ट जाग्रत् अभाव का दर्शन जाग्रत् का व्यतिरेक है।

सुषुप्ति में स्वप्न अभाव से विशिष्ट आत्मभाव का दर्शन आत्मा का अन्वय है।
आत्मभाव से विशिष्ट स्वप्न अभाव का दर्शन स्वप्न का व्यतिरेक है।

जाग्रत् में सुषुप्ति अभाव से विशिष्ट आत्मभाव का दर्शन आत्मा का अन्वय है।
आत्मभाव से विशिष्ट सुषुप्ति अभाव का दर्शन सुषुप्ति का व्यतिरेक है।

वे सभी परस्पर व्यावृत्त हैं, किन्तु उनमें आत्मा का निरन्तर भाव है। अवस्थात्रय व्यतिरेक दर्शन से उनसे उपलक्षित शरीरत्रय का भी व्यतिरेक प्रदर्शित होता है।

प्रतिपदमहमादयो विभिन्नाः क्षणपरिणामितया विकारिणस्ते ।
न परिणतिरमुष्य निष्कलत्वादयमविकार्यत एव नित्य आत्मा ॥६१६॥

अहमादयोऽहमादिर्येषां देहेन्द्रियप्राणमनसां तेऽहमादयः **प्रतिपदं** प्रतिविषयं प्रत्येकं विषयं **विभिन्नाः** पृथक्सन्ति। **ते क्षणपरिणामितया** क्षणे परिणामिता तया **विकारिणः** सन्ति। यश्चेतनाचेतनात्मको द्वैतप्रपञ्चो लिङ्गशरीरादारभ्य ब्रह्माण्डपर्यन्तः साध्यसाधनत्वेन ज्ञातः समस्तानात्मविक्षेपरूपः क्षणिकोऽपि नित्य इव दृश्यते। **अयमात्माऽविकार्यत एव नित्यो निष्कलत्वान्नामुष्य परिणतिः।**

यद्यप्यात्मा स्वतोऽव्यावृत्ताननुगतस्तथाप्यन्वयव्यतिरेकाभ्यामव्यावृत्तानुगतस्य ज्ञानं जायते यथा पूर्वश्लोके प्रदर्शितम्। यस्मात्सर्वेषां तर्काणां मूलभूतः सर्वोपजीव्यस्तर्कोऽनुवृत्तव्यावृत्तरूपस्तस्मात्तेनैवाऽऽत्मनः प्रतिपादनं कृतम्। यथा कटककुण्डलकेयूरेषु सुवर्णमनुगतमित्युक्तिः समीचीना यदा कटकादीनां सत्ता भवेत्। न तु सा वर्तते, तेषां वाचारम्भणत्वान्न सुवर्णं तेष्वनुगतम्। आत्मनोऽपि तद्वदननुगतत्वं कार्यकारणसम्बन्धाभावात्। नाप्यात्मनो जातिर्व्यक्तिर्वा। नापि तस्य विशेषणविशेष्यभावः। अव्यवहार्यत्वाच्च।

प्रत्येक वस्तु में अहङ्कार आदि भिन्न-भिन्न होते हैं। प्रतिक्षण में उनकी अवस्था बदलती रहती है, इस कारण वे विकारी हैं। निरवयव होने से आत्मा का कोई परिणाम नहीं होता और अविकारी होने से यह आत्मा नित्य ही है ॥६१६॥

प्रतिविषय यानि प्रत्येक विषय में अहङ्कार आदि में है जिनके, वे देह, इन्द्रिय, प्राण, मन पृथक् होते हैं। वे प्रतिक्षण में परिणामी होने से विकारी हैं। जो चेतन-अचेतनात्मक द्वैत प्रपञ्च, लिङ्ग शरीर से लेकर ब्रह्माण्ड पर्यन्त, साध्य-साधन से ज्ञात होने वाला, समस्त अनात्म विक्षेप रूप क्षणिक होते हुए भी नित्य जैसा प्रतीत होता है।

यद्यपि आत्मा स्वभाव से ही अव्यावृत्त (भेद रहित) तथा अननुगत (जिसका अनुगमन न हो सके) रूप है, फिर भी जो अव्यावृत्त तथा अनुगत रूप से विद्यमान है, उसका ज्ञान अन्वय-व्यतिरेक की प्रक्रिया से उत्पन्न होता है, जैसा कि पिछले श्लोक में बताया गया है। चूँकि सभी तर्कों का मूलभूत, सर्वोपजीव्य वह तर्क है जिस पर अन्य सभी तर्क अनुवृत्त तथा व्यावृत्त रूप से निर्भर करते हैं; अतः केवल उसी के द्वारा आत्मा का प्रतिपादन किया जाता है। जैसे कंगन, कुण्डल तथा बाजूबंद के आभूषणों में स्वर्ण अनुगत है - ऐसा कहना समीचीन है जब कंगन आदि का अस्तित्व है। परन्तु उनका कोई अस्तित्व नहीं है, उनका वाणी पर अवलम्बन होने से उनमें स्वर्ण अनुगत नहीं है। उसी प्रकार कार्य-कारण सम्बन्ध अभाव के कारण आत्मा का भी सतत अनुगतत्व नहीं है। अव्यवहार्य होने के कारण आत्मा की न ही कोई जाति अथवा व्यक्ति है, न ही उसके लिए कोई विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध है।

यः स्वप्नमद्राक्षमहं सुखं योऽस्वाप्सं स एवास्म्यथ जागरूकः ।
इत्येवमच्छिन्नतयानुभूयते सत्तात्मनो नास्ति हि संशयोऽत्र ॥६१७॥

योऽहं स्वप्नमद्राक्षं दृष्टवांश्च **योऽहं सुखमस्वाप्समथ स एव जागरूकोऽस्मीत्येवमच्छिन्नतया** नैरन्तर्येणाऽऽत्मनः **सत्ताऽस्तित्वमनुभूयते ह्यत्र संशयो नास्ती**ति प्रत्यभिज्ञाप्रमाणेनाऽनुभूतिः कथितेति।

जो ‘मैं’ स्वप्न देख रहा था, जो ‘मैं’ सुख से सो रहा था, ‘वही अब मैं जाग्रत हूँ’ - इस प्रकार निरन्तर रूप से आत्मा का अस्तित्व अनुभव किया जाता है - इसमें कोई सन्देह नहीं है॥६१७॥

जो ‘मैं’ स्वप्न देख रहा था, जो ‘मैं’ सुख से सो रहा था, ‘वही अब मैं जाग्रत हूँ’ - इस प्रकार निरन्तर रूप से आत्मा का अस्तित्व अनुभव किया जाता है - इसमें कोई सन्देह नहीं है। प्रत्यभिज्ञा प्रमाण से इस अनुभूति को कहा जाता है।

श्रुत्युक्ताः षोडशकलाश्चिदाभासस्य नात्मनः । निष्कलत्वान्नास्य लयस्तस्मान्नित्यत्वमात्मनः ॥६१८॥

श्रुत्युक्ताः श्रुतिषूक्ताः **षोडशकलाश्चिदाभासस्य** भवन्ति **न त्वात्मनोऽस्य निष्कलत्वान्न** तस्य **लयस्तस्मादात्मनो नित्यत्वं** सिद्धमिति। *"स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियं मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्म लोका लोकेषु च नाम च"*इति।

आत्मनो नित्यत्वं श्रुतयोऽपि प्रतिपादयन्ति न तत्केवलान्वयव्यतिरेकाभ्यां सिद्धम्। *"न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो", "आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः", "तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि", "नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मम्", "अविनाशी वा अरेऽयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा"* तथा निष्कलत्वं *"निष्कलं निश्चलं शान्तम्"*इति। तथा स्मृतयश्च *"अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्", "नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः"*इति।

श्रुति में जो सोलह कलाएँ[४१] कथित हैं, वे आत्मा की नहीं अपितु चिदाभास की हैं। निष्कल होने से उसका लय नहीं होता, अतः आत्मा का नित्यत्व सिद्ध है ॥६१८॥

श्रुतियों में जो सोलह कलाएँ कथित हैं, वे आत्मा की नहीं अपितु चिदाभास की हैं। निष्कल होने से उसका लय नहीं होता, अतः आत्मा का नित्यत्व सिद्ध है। 'उस पुरुष ने प्राण को रचा; फिर प्राण से श्रद्धा, आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन तथा अन्न को और अन्न से वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म और लोकों को एवं लोकों में नाम को उत्पन्न किया' (प्र० उ० ६।४)।

आत्मा का नित्यत्व श्रुतियों द्वारा भी प्रतिपादित किया गया है, वह केवल अन्वय-व्यतिरेक से ही सिद्ध नहीं होता है। 'यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही कुछ अर्थान्तर रूप से बना है। यह अज है, नित्य है, शाश्वत है, पुराण है' (क० उ० १।२।१८), 'आकाश के समान सर्वव्यापी तथा नित्य है' (श० ब्रा० १०।६।३।२), 'वह सत्य है, वह आत्मा है और वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७), 'नित्य, विभु, सर्वगत, अत्यन्त सूक्ष्म' (मु० उ० १।१।६), 'अरी! यह आत्मा निश्चय ही अविनाशी तथा अनुच्छेद रूप धर्म वाला है' (बृ० उ० ४।५।१४), तथा निष्कलत्व 'जो कलाहीन, क्रियाहीन शान्त है' (श्वे० उ० ६।१९) तथा स्मृतियों से भी प्रमाणित होता है - 'जिससे यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है, उसे तू अविनाशी जान' (भ० गी० २।१७), 'यह नित्य, सर्वव्यापी, अचल, स्थिर स्वभाव वाला तथा सनातन है' (भ० गी० २।२४)।

आत्मनश्चित्त्वम्

आत्मनो नित्यत्वं सत्यत्वं श्रुत्या युक्त्या च प्रतिपादितम्। अधुना चित्स्वरूपत्वप्रतिपादनमारभ्यते जडप्रकाशक इति।

आत्मा का नित्यत्व तथा सत्यत्व श्रुति तथा युक्ति द्वारा प्रतिपादित किया गया। अब उसके चित् स्वरूपत्व का प्रतिपादन आरम्भ करते हैं 'जडप्रकाशकः' इत्यादि से –

जडप्रकाशकः सूर्यः प्रकाशात्मैव नो जडः । बुद्ध्यादिभासकस्तस्माच्चित्स्वरूपस्तथा मतः ॥६१९॥

यथा घटपटादीनां जडपदार्थानां स्वप्रकाशरहितानां **जडप्रकाशको** जडानां प्रकाशकः **सूर्यः प्रकाशात्मा** प्रकाश आत्मा स्वरूपं यस्य स प्रकाशात्मा स्वप्रकाशस्वरूप **एव नो जडस्त**मोरूपो यथा घटादयः। **तस्माद्बुद्ध्यादिभासको** बुद्ध्यादीनां भासकः प्रकाशक**स्तथा न** जडः किन्तु **चित्स्वरूप** एव **मतो**ऽभिप्रेत इति।

---

[४१] *व्यावहारिक दृष्टि से इन्हें आकृतियाँ या कलाएँ कहा जा सकता है, किन्तु वस्तुतः यह सारे अज्ञानकृत चित् प्रतिबिम्ब की अज्ञान जन्य उपाधियाँ हैं।*

जड़ [वस्तुओं] का प्रकाशक सूर्य प्रकाश स्वरूप है, जड नहीं। इसी प्रकार बुद्धि आदि का प्रकाशक चैतन्य स्वरूप माना गया है ॥६१९॥

जैसे घट, पट आदि जड, स्वयं प्रकाश रहित पदार्थों का प्रकाशक सूर्य स्व प्रकाश स्वरूप है, जड तम रूप नहीं जैसे घट आदि। इसी प्रकार बुद्धि आदि का प्रकाशक जड नहीं है, किन्तु चैतन्य स्वरूप ही अभिप्रेत है।

तदेव विशदयति कुड्यादेरिति।

उसी का ही विस्तार से वर्णन करते हैं 'कुड्यादेः' इत्यादि से -

कुड्यादेस्तु जडस्य नैव घटते भानं स्वतः सर्वदा सूर्यादिप्रभया विना क्वचिदपि प्रत्यक्षमेतत्तथा ।
बुद्ध्यादेरपि न स्वतोऽस्त्यणुरपि स्फूर्तिर्विनैवात्मना सोऽयं केवलचिन्मयश्रुतिमतो भानुर्यथा रुङ्मयः ॥६२०॥

तु यस्माद्यथा **कुड्यादेर्जडस्य स्वतो भानं** प्रकाशो **नैव** कदापि **घटते** तस्मादेतत्कुड्यं **सर्वदा सूर्यादिप्रभया विना क्वचिदपि प्रत्यक्षं** न भवति **तथाऽऽत्मना विना बुद्ध्यादेरपि स्वतः स्फूर्तिः** स्वयं स्फुरणं ज्ञान**मणुरपि** नैव भवति। **यथा भानू रुङ्मयः** कान्तिमयस्तथा **सोऽयमा**त्मा **केवलचिन्मयः** केवलश्चासौ चिन्मयश्च केवलचिन्मयः **श्रुतिमतः** श्रुतौ मतः सम्मतः। *"साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च"* इति श्रुतिः।

दीवार आदि जड वस्तुओं का स्वतः प्रकाश नहीं होता है। सर्वदा सूर्य आदि की किरणों के बिना कहीं भी प्रत्यक्ष नहीं होता है, वैसे ही आत्मा के बिना बुद्धि आदि की अणु मात्र भी स्वतः स्फूर्ति नहीं होती। जैसे सूर्य कान्तिमय है, वैसे ही यह आत्मा केवल चैतन्य स्वरूप है - इस प्रकार श्रुति के द्वारा माना गया है ॥६२०॥

चूँकि जैसे दीवार आदि जड वस्तुओं का स्वतः कभी भी प्रकाश नहीं होता है, इसीलिए यह दीवार आदि का सर्वदा सूर्य आदि की किरणों के बिना कहीं भी प्रत्यक्ष नहीं होता है। वैसे ही आत्मा के बिना बुद्धि आदि का अणु मात्र भी स्वतः ज्ञान नहीं होता है। जैसे सूर्य कान्तिमय है, वैसे ही यह आत्मा केवल चैतन्य स्वरूप है - इस प्रकार श्रुति मत सम्मत है। 'सबका साक्षी, सबको चेतना प्रदान करने वाला वह केवल एक तथा निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११) श्रुति से सिद्ध होता है।

स्वभासने वान्यपदार्थभासने नार्कः प्रकाशान्तरमीषदिच्छति । स्वबोधने वाप्यहमादिबोधने तथैव चिद्धातुरयं परात्मा ॥६२१॥

यथाऽ**र्कः स्वभासने** स्वस्य भासने प्रकाशने **वाऽन्यपदार्थभासने**ऽन्यस्य पदार्थस्य भासने प्रकाशने **प्रकाशान्तरम**न्यं प्रकाशं **त्वीषन्नेच्छति** तथा**ऽयं चिद्धातुर्बो**धस्वरूपः **परात्मा** परश्चासावात्मा च **स्वबोधने** स्वस्य बोधने ज्ञानजनने **वाऽहमादिबोधने**ऽनात्मबोधने**ऽपि तथैवा**स्ति। *"योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः", "स्वेन भासा स्वेन ज्योतिषा प्रस्वपित्यत्रायं पुरुषः स्वयं ज्योतिर्भवति"* इति श्रुतिः।

जैसे सूर्य अपने प्रकाशन अथवा अन्य पदार्थ के प्रकाशन में प्रकाशान्तर की थोडी भी अपेक्षा नहीं करता है, वैसे ही यह चैतन्य स्वरूप परात्मा अपने बोधन अथवा अहङ्कार आदि के बोधन में समान है ॥६२१॥

जैसे सूर्य अपने प्रकाशन अथवा अन्य पदार्थ के प्रकाशन में किसी अन्य प्रकाश की थोडी भी अपेक्षा नहीं करता है, वैसे ही यह ज्ञान स्वरूप परात्मा अपने बोधन अथवा अनात्म के बोधन में समान है। 'यह जो प्राणों में बुद्धि वृत्तियों के भीतर रहने वाला विज्ञानमय ज्योतिःस्वरूप है' (बृ० उ० ४।३।७), 'अपने प्रकाश से अर्थात् अपने ज्योतिःस्वरूप से शयन करता है, इस अवस्था में यह पुरुष स्वयं ज्योतिःस्वरूप होता है' (बृ० उ० ४।३।९) इत्यादि श्रुति से सिद्ध होता है।

आत्मनः स्वयञ्ज्योतिष्ट्वं युक्त्या प्रतिपादयत्यन्यप्रकाशमिति।

आत्मा का स्वयं ज्योतिःस्वरूप युक्ति से प्रतिपादन करते हैं 'अन्यप्रकाशं' इत्यादि से -

अन्यप्रकाशं न किमप्यपेक्ष्य यतोऽयमाभाति निजात्मनैव ।
ततः स्वयञ्ज्योतिरयं चिदात्मा न ह्यात्मभाने परदीप्त्यपेक्षा ॥६२२॥

यतो यस्माद**यमात्मा** **किमप्यन्यप्रकाशमनपेक्ष्य निजात्मना** स्वरुपत **एवाऽऽभाति** सुषुप्तौ विस्पष्टादर्शनादन्यस्य सर्वस्याभावे मनसोऽभावेऽपि चिद्रूपस्याऽऽत्मनः सत्त्वात्तत्राज्ञानस्यापि प्रकाशकत्वा**त्ततोऽयं चिदात्मा स्वयञ्ज्योतिः** स्वयम्प्रकाशोऽवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यो यथा पूर्वस्मिन् प्रकरणे प्रदर्शितो **ह्यस्याऽऽत्मभाने** स्वस्य प्रकाशने **परदीप्त्यपेक्षा** नास्तीत्यर्थः। *"स्वबोधे नान्यबोधेच्छा बोधरूपतयात्मनः। न दीपस्यान्यदीपेच्छा यथा स्वात्मप्रकाशने॥"* इत्याचार्यप्रवरस्य वचनाच्चेति।

क्योंकि यह किसी भी अन्य प्रकाश की अपेक्षा न कर अपने स्वरूप से ही प्रकाशित रहता है, इसीलिए यह चिदात्मा स्वयं प्रकाश स्वरूप है। अपने भान के लिए अन्य प्रकाश की अपेक्षा नहीं है ॥६२२॥

चूँकि यह आत्मा किसी भी अन्य प्रकाश की अपेक्षा न कर अपने स्वरूप से ही सुषुप्ति में अन्य का स्पष्ट ज्ञान न होने से, सर्व के अभाव में तथा मन के भी अभाव में चिद्रूप आत्मा के होने से वहाँ अज्ञान का भी प्रकाशक होने से प्रकाशित रहता है, इसीलिए यह चिदात्मा स्वयं प्रकाश स्वरूप है यानि (विषय रूप से) अवेद्य होते हुए भी अपरोक्ष व्यवहार के योग्य है जैसा पूर्व के प्रकरण में दिखाया गया है[५०]। इसका अपने प्रकाशन में अन्य प्रकाश की अपेक्षा नहीं है - ऐसा अर्थ है। आचार्यप्रवर के वचनों के अनुसार 'जैसे दीपक को स्वयं प्रकाशित करने के लिए अन्य दीप की आवश्यकता नहीं है, वैसे ही ज्ञान स्वरूप आत्मा को स्वयं को जानने के लिए अन्य ज्ञान की आवश्यकता नहीं है' (आ० बो० २९)।

आत्मनो चिद्रूपत्वमुपसंहरति यमिति।

आत्मा के चिद्रूपत्व का उपसंहार करते हैं 'यं' इत्यादि से -

यं न प्रकाशयति किञ्चिदिनोऽपि चन्द्रः नो विद्युतः किमुत वह्निरयं मिताभः ।
यं भान्तमेतमनुभाति जगत्समस्तं सोऽयं स्वयं स्फुरति सर्वदशासु चात्मा ॥६२३॥

इनः सूर्योऽपि **चन्द्रो यं किञ्चिन्न प्रकाशयति विद्युतो नो** प्रकाशयन्ति **किमुत** किमु वक्तव्य**मयं मिताभ** ईषत्प्रकाशवान् **वह्निः**। **भान्तमनुभात्येतत्समस्तं जगत्सोऽयमात्मा सर्वदशासु** सर्वावस्थासु **स्वयं स्फुरति** प्रकाशते। तदुक्तं *"न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः। तमेवभान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥"* इति काठके मुण्डके श्वेताश्वतरे च।

अस्मिन्मन्त्रे *"चक्षुषो देवता सूर्यः"* इति वचनाद्यं चक्षुर्न प्रकाशयति तथा *"मनसो देवता चन्द्रमाः"* इति वचनाद्यं मनो न प्रकाशयति तथा च *"वाचो देवता वह्निः"* इति वचनाद्यं वाङ्न प्रकाशयतीत्युक्तं भवति। उपलक्षणयाऽऽत्मा न ज्ञानेन्द्रियविषयो भवति न च कर्मेन्द्रियविषयो नाप्यन्तःकरणस्य। तथाहि न प्रत्यक्षग्राह्यो न लौकिकशब्दप्रमाणग्राह्यो नाप्यनुमानादिना किन्तु केवलापौरुषेयशब्दप्रमाणेनातद्धर्माध्यारोपमात्रनिवर्तकत्वेनाप्रमेयतया ग्राह्य इव भवति। एतदपि सर्वं श्रुतिषु प्रसिद्धम्।

---

[५०] *श्लोक सङ्ख्या ४५९, ६००*

केनोपनिषदि - *"न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनो न विद्मो न विजानीमः"*,

कठोपनिषदि - *"नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुषा"*,

मुण्डकोपनिषदि - *"न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा"*,

तैत्तिरीयोपनिषदि - *"यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह।"*,

अमृतबिन्दूपनिषदि - *"निर्विकल्पमनन्तं च हेतुदृष्टान्तवर्जितम्। अप्रमेयमनादिं च यज्ज्ञात्वा मुच्यते बुधः"*इति च।

जिसको सूर्य किञ्चिद् भी प्रकाशित नहीं करता, न चन्द्रमा, न विद्युत तो अल्प प्रकाश वाली अग्नि का क्या कहना? जिसके प्रकाशित होने से यह समस्त जगत् प्रकाशित होता है, वह यह आत्मा सभी अवस्थाओं में स्वयं ही प्रकाशित होता है ॥६२३॥

जिसको सूर्य किञ्चिद् भी प्रकाशित नहीं करता, न चन्द्रमा, न विद्युत प्रकाशित कर सकता है तो थोड़े प्रकाश वाली अग्नि का क्या कहना? जिसके प्रकाशित होने से यह समस्त जगत् प्रकाशित होता है, वह यह आत्मा सभी अवस्थाओं में स्वयं ही प्रकाशित होता है। वही काठक, मुण्डक तथा श्वेताश्वतर में कहा गया है 'वहाँ सूर्य प्रकाशित नहीं होता, न चन्द्र और तारे प्रकाशित होते हैं और न ये बिजलियाँ ही चमकती हैं। फिर यह अग्नि तो कहाँ प्रकाशित हो सकता है? ये सब उसके प्रकाशित होने से ही प्रकाशित होते हैं, उसी के प्रकाश से ये सब प्रकाशित होते हैं'।

इस मन्त्र में 'चक्षु के देवता सूर्य हैं' इस वचन से वह जो चक्षु प्रकाशित नहीं करता; 'मन के देवता चन्द्रमा हैं' इस वचन से वह जो मन प्रकाशित नहीं करता तथा 'वाणी के देवता वह्नि हैं' इस वचन से वह जो वाणी प्रकाशित नहीं करती - ऐसा कहा गया है। उपलक्षण से आत्मा ज्ञानेन्द्रिय का विषय नहीं है, न कर्मेन्द्रिय का विषय है और न ही अन्तःकरण का। और ना ही प्रत्यक्ष ग्राह्य है, न लौकिक शब्द प्रमाण ग्राह्य और न ही अनुमान आदि से ग्राह्य है किन्तु केवल अपौरुषेय शब्द प्रमाण से ही, अध्यारोपित के निषेध द्वारा जो वह नहीं है, ज्ञान का विषय नहीं होने के कारण जाना जा सकता है। यह सभी श्रुतियों में भी प्रसिद्ध है।

केनोपनिषद् में (१।३) - 'वहाँ (उस ब्रह्म तक) नेत्रेन्द्रिय नहीं जाती, वाणी नहीं जाती, मन नहीं जाता। अतः जिस प्रकार शिष्य को इस ब्रह्म का उपदेश करना चाहिए, वह हम नहीं जानते - वह हमारी समझ में नहीं आता',

कठोपनिषद् में (२।६।१२) - 'वह आत्मा न तो वाणी से, न मन से और न नेत्र से ही प्राप्त किया जा सकता है',

मुण्डकोपनिषद् में (३।१।८) - '[यह आत्मा] न नेत्र से ग्रहण किया जाता है, न वाणी से, न अन्य इन्द्रियों से और न तप अथवा कर्म से ही',

तैतिरयोपनिषद् में (२।४।१) - 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे न पाकर लौट आती है',

अमृतबिन्दु उपनिषद् में (९) -'निर्विकल्प, अनन्त, हेतु और दृष्टान्त से शून्य, अप्रेमय, अनादि ब्रह्म को जानकर विद्वान् पुरुष मुक्त हो जाता है'।

आत्मन आनन्दत्वम्

आत्मनः सच्चिद्रूपत्वमुक्त्वाऽधुनाऽऽनन्दत्वम्, बिम्बप्रतिबिम्बानन्दयोर्भेदः, ब्रह्मानन्दस्य मीमांसा तथा प्रतिबिम्बानन्देषु तारतम्यञ्च निरूप्यते।

आत्मा के सत् और चित् स्वरूप का वर्णन करने के पश्चात् अब आनन्द स्वरूप, बिम्ब तथा प्रतिबिम्ब आनन्द में भेद, ब्रह्मानन्द की मीमांसा

तथा प्रतिबिम्बित आनन्द में तारतम्य का निरूपण करते हैं।

आत्मनः सुखरूपत्वादानन्दत्वं स्वलक्षणम् । परप्रेमास्पदत्वेन सुखरूपत्वमात्मनः ॥६२४॥

आत्मनः सुखरूपत्वादानन्दत्वं तस्य **स्वलक्षणम**स्ति। **परप्रेमास्पदत्वेनाऽऽत्मनः सुखरूपत्वं** सिद्ध्यति।

सुख रूप होने से आत्मा का आनन्दत्व अपना लक्षण है। परप्रेमास्पद रूप होने से आत्मा सुख रूप है ॥६२४॥

आत्मा सुख रूप होने से आनन्दत्व उसका अपना लक्षण है। परप्रेमास्पद रूप होने से आत्मा का सुख रूपत्व सिद्ध होता है।

कथमात्मनः परप्रेमास्पदत्वमित्यष्टभिः श्लोकैः प्रपञ्चयति।

आत्मा किस प्रकार परप्रेमास्पदत्व रूप है, आठ श्लोकों के द्वारा इसका विस्तार करते हैं।

सुखहेतुषु सर्वेषां प्रीतिः सावधिरीक्ष्यते । कदापि नावधिः प्रीतेः स्वात्मनि प्राणिनां क्वचित् ॥६२५॥

सर्वेषां प्राणिनां **सुखहेतुषु** सुखानां हेतुषु निमित्तेषु साधनेषु **प्रीतिः सावधिः** परिमितिर**ीक्ष्यते क्वचित्कदापि प्राणिनां स्वात्मनि प्रीतेरवधिर्न** दृश्यत इति।

सुख के साधन भूत पदार्थों में सभी प्राणियों की प्रीति सीमित देखी जाती है। प्राणियों की स्वयं के प्रति प्रीति किसी भी प्रकार से, किसी भी समय सीमित नहीं होती है ॥६२५॥

सभी प्राणियों की सुख के निमित्त, साधनभूत पदार्थों में प्रीति परिमित देखी जाती है। प्राणियों की स्वयं के प्रति प्रीति किसी भी प्रकार से, किसी भी समय सीमित नहीं देखी जाती।

क्षीणेन्द्रियस्य जीर्णस्य सम्प्राप्तोत्क्रमणस्य वा । अस्ति जीवितुमेवाशा स्वात्मा प्रियतमो यतः ॥६२६॥

यतः क्षीणेन्द्रियस्य क्षीणानि मन्दभूतानीन्द्रियाणि यस्य स क्षीणेन्द्रियस्तस्य **जीर्णस्या**त्यन्तवृद्धस्य **वा सम्प्राप्तोत्क्रमणस्य** सम्यक् प्राप्तमुत्क्रमणं प्राणनिर्गमनकालो येन स सम्प्राप्तोत्क्रमणं तस्योपतापिनो मुमूर्षोः प्राप्तसन्निहितकालस्य च **जीवितुमेवाशा** जिजीविषा**ऽस्ति** तस्मात्**स्वात्मा प्रियतमो**ऽस्तीति।

क्योंकि क्षीण इन्द्रिय वाले की, वृद्ध की अथवा मृत्यु निकट प्राप्त वाले की भी जीने की ही आशा रहती है, इसीलिए अपनी आत्मा सबसे अधिक प्रिय है ॥६२६॥

क्योंकि क्षीण इन्द्रिय वाले की, अत्यन्त वृद्ध की अथवा प्राण निर्गमन काल निकट वाले की, उससे पीड़ित तथा मुमूर्षु (मरने का इच्छुक - जिसका मरण समय आ गया है) की भी जीने की ही आशा रहती है, इसीलिए अपनी आत्मा सबसे अधिक प्रिय है।

आत्मातः परमप्रेमास्पदः सर्वशरीरिणाम् । यस्य शेषतया सर्वमुपादेयत्वमृच्छति ॥६२७॥

यस्याऽऽत्मनः **शेषतये**तरोपयुक्तरूपेणानुकूलसम्बन्धित्वेन **सर्वमुपादेयत्वं** सुखसाधनत्वेन साक्षात्परम्परया वा ग्रहणयोग्यत्व**मृच्छति** स **आत्मा**ऽतः **सर्वशरीरिणां** देहधारिणां **परमप्रेमास्पदः** परस्य निरतिशयस्य प्रेम्णः स्नेहस्य आस्पदो विषयो भवतीति। यस्योपभोगाय सर्वं वर्तते स शेषी, यस्योपभोगस्तच्छेषमिति।

इसीलिए आत्मा सभी शरीरधारियों के परम प्रेम का आश्रय है, जिसके शेष रूप होने से सब पदार्थ उपादेयता को प्राप्त होते हैं ॥६२७॥

आत्मा के शेषतया यानि दूसरे के सहायक के रूप में, अनुकूल रूप से सम्बन्धित होने से हर वस्तु सुख प्राप्त करने के साधन के रूप में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ग्रहण योग्य होने से वह आत्मा सभी देहधारियों के परम निरतिशय प्रेम का आश्रय, विषय होता है। शेषी वह है जिसके उपभोग के लिए सब कुछ है, शेष वह है जिसका उपभोग किया जाता है।

एष एव प्रियतमः पुत्रादपि धनादपि । अन्यस्मादपि सर्वस्मादात्मायं परमान्तरः ॥६२८॥

प्रियत्वेन मतं यत्तु तत्सदा नाप्रियं नृणाम् । विपत्तावपि सम्पत्तौ यथात्मा न तथापरः ॥६२९॥

एष आत्मैव **पुत्रादपि धनादपि चान्यस्मादपि सर्वस्मात्प्रियतमः** परमप्रेमास्पदो**ऽयमात्मा परमान्तरः**। *"तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरतरं यदयमात्मा"* इति श्रुतिः। आत्मनो निरतिशयप्रियत्वं दर्शयति श्रुतिर्यस्माल्लोके पुत्रो हि प्रियः प्रसिद्धस्तथा वित्तहिरण्यरत्नादिर्यद्यल्लोके प्रियत्वेन प्रसिद्धं तस्मात्सर्वस्मादात्मा प्रियतरो नापि प्राणादयो यस्मादात्माऽभ्यन्तरः सन्निकृष्टः। अध्यासव्यवधानतारतम्याच्च प्रेमतारतम्यम्। तदुक्तं वार्तिके - *"वित्तात्पुत्रः प्रियः पुत्रात्पिण्डः पिण्डात्तथेन्द्रियम्। इन्द्रियेभ्यः प्रियः प्राणः प्राणादात्मा परः प्रियः॥"* (बृ.वा. १.४.१०३१)

यद्वस्तु प्रियत्वेन मतं तत्तु निश्चितं **सदा** सर्वदा **नृणामप्रियं न** भवति। **विपत्तौ** दुःखेषु **सम्पत्तौ** वैभवेष्व**पि यथाऽयमात्मा** प्रियो भवति न **तथापरो**ऽन्यत्किञ्चित्। यो हि लोके निरतिशयप्रियः स सर्वप्रयत्नेन लब्धव्यो भवति। अयमात्मा सर्वलौकिकप्रियेषु प्रियतमस्तस्मात्तल्लाभे महान्यत्न आस्थेय इत्याचार्यप्रवरस्य वचनामृतम्।

यह आत्मा ही पुत्र, धन तथा अन्य सभी पदार्थों से अत्यन्त प्रिय है, यह अत्यन्त अन्तर है ॥६२८॥

जो वस्तु प्रिय मानी गयी है, वह सदा मनुष्यों को अप्रिय नहीं होती है। विपत्ति अथवा सम्पत्ति में जैसे आत्मा प्रिय है, वैसे अन्य कुछ नहीं ॥६२९॥

यह आत्मा ही पुत्र, धन तथा अन्य सभी पदार्थों से निरतिशय प्रेम का आश्रय है। यह आत्मा अत्यन्त अन्तर है। 'वह यह आत्म तत्त्व पुत्र से अधिक प्रिय है, धन से अधिक प्रिय है तथा अन्य सबसे भी अधिक प्रिय है; क्योंकि यह आत्मा उनकी अपेक्षा अन्तरतम है' (बृ० उ० १।४।८)। श्रुति आत्मा का निरतिशय प्रियत्व दिखाती है, जैसे लोक में पुत्र प्रिय प्रसिद्ध है तथा वित्त, स्वर्ण, रत्न आदि; इस लोक में जो भी प्रिय रूप से प्रसिद्ध हैं, आत्मा उन सभी से प्रियतर है, यहाँ तक कि प्राण आदि भी नहीं क्योंकि आत्मा अभ्यन्तर, सन्निकृष्ट है। अध्यास व्यवधान के तारतम्य के कारण प्रेम में भी तारतम्य है। वह वार्तिक में कहा गया है - 'पुत्र धन से भी प्रिय है; अपना शरीर पुत्र से भी प्रिय है; यहाँ तक कि कोई विशेष इन्द्रिय सम्पूर्ण शरीर से भी प्रिय हो सकती है, प्राण इन्द्रियों से भी प्रिय हैं, आत्मा प्राणों से भी अत्यन्त प्रिय है' (बृ० वा० १।४।१०३१)।

जो वस्तु प्रिय मानी गयी है, वह निश्चित ही सर्वदा मनुष्यों को अप्रिय नहीं होती है। दुःख में अथवा वैभव में भी जैसे यह आत्मा प्रिय है, वैसे अन्य कुछ नहीं है। इस लोक में जो निरतिशय प्रिय है, वह सर्व प्रयत्न से प्राप्त किया जा सकता है। यह आत्मा सर्व लोक में जो सबसे प्रिय है, उनसे प्रियतम है; इसीलिए उसे प्राप्त करने के लिए महान यत्न करना चाहिए - ऐसे आचार्यप्रवर के वचनामृत हैं।

आत्मा खलु प्रियतमोऽसुभृतां यदर्थो भार्यात्मजाप्तगृहवित्तमुखाः पदार्थाः ।
वाणिज्यकर्षणगवावनराजसेवाभैषज्यकप्रभृतयो विविधाः क्रियाश्च ॥६३०॥

आत्मा खल्वसुभृतां प्राणिनां **प्रियतमो भार्यात्मजाप्तगृहवित्तमुखाः** भार्या पत्नी चात्मजः पुत्रश्चाप्तः सुहृन्मित्रादयश्च गृहञ्च वित्तञ्च भार्यात्मजाप्तगृहवित्तानि मुखानि येषां ते **पदार्थाश्च वाणिज्यकर्षणगवावनराजसेवाभैषज्यकप्रभृतयो** वाणिज्यं व्यापारश्च कर्षणं कृषिश्च गवावनं गवामवनं पालनञ्च राजसेवा राज्ञः सेवा च भैषज्यक भिषज इदं भेषजं चिकित्सादिकर्म तस्मात्स्वार्थे ञ्यः

(पा. सू. ५.४.२३) इमानि वाणिज्यकर्षणगवावनराजसेवाभैषज्यकानि प्रभृतानि, आदीनि यासां ता वाणिज्यकर्षणगवावनराजसेवाभैषज्यकप्रभृतयो **विविधा** नानाप्रकाराः **क्रिया यदर्थाः** सन्ति स प्रियतम इत्यन्वयः। श्रुतिश्च *"न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति, न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"* इति। जायापतिपुत्रवित्तब्रह्मक्षत्रलोकदेवभूतगतप्रीतिः स्वात्मनिमित्ता तेभ्यो वैराग्योत्पादनपूर्वकममृतत्त्वसाधनं ब्रह्मज्ञानं सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकगुरुमुखाद्वेदान्तश्रवणादेषणात्रयविनिर्मुक्तस्य फलीभूतं भवति नान्यस्येति।

निश्चय आत्मा प्राणधारियों को अत्यन्त प्रिय है; स्त्री, पुत्र, मित्र, घर, धन आदि पदार्थ तथा व्यापार, कृषि, गोपालन, राजसेवा, चिकित्सा आदि विविध क्रियायें आत्मा के लिए ही हैं ॥६३०॥

निश्चय आत्मा प्राणियों को अत्यन्त प्रिय है; पत्नी, पुत्र, सुहृद तथा मित्र, घर, धन आदि वे पदार्थ तथा व्यापार, कृषि, गायों की रक्षा एवं पालन, राजसेवा, चिकित्सा आदि से लेकर नाना प्रकार की क्रियाएँ हैं - वह प्रियतम आत्मा के लिए ही हैं। 'भैषज्यक' शब्द पाणिनीय सूत्र ५.४.२३ के अनुसार 'भिषज्' (वैद्य) से स्वार्थ में 'ञ्य' प्रत्यय करके बना है, जिसका अर्थ चिकित्सा-सम्बन्धी कर्म है। श्रुति 'अरी मैत्रेयि! यह निश्चय है कि पति के प्रयोजन के लिए पति प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजन के लिए पति प्रिय होता है; सबके प्रयोजन के लिए सब प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजन के लिए सब प्रिय होते हैं' (बृ० उ० २।४।५)। जाया, पति, पुत्र, वित्त, ब्राह्मण, क्षत्रिय, लोक, देवता, भूतों के लिए प्रीति अपने निमित्त से होती है; उनसे वैराग्य उत्पन्न होने से पहले अमृतत्त्व के साधन ब्रह्मज्ञान का सर्व कर्म संन्यास पूर्वक गुरु मुख से वेदान्त श्रवण उसके लिए फलीभूत होता है जो तीनों एषणाओं से विनिर्मुक्त है, अन्य किसी के लिए नहीं।

प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च यच्च यावच्च चेष्टितम् । आत्मार्थमेव नान्यार्थं नातः प्रियतमः परः ॥६३१॥

प्रवृत्तिः श्रुतिस्मृतिभ्यां विहितो धर्म**श्च निवृत्तिस्ता**भ्यां निषिद्धो धर्म**श्च यत्किञ्चिच्च यावत्स**कलं **च चेष्टितं** तत्सर्व**मात्मार्थमेव नैवान्यार्थम**स्ति। **अतस्त**स्मात्कारणादात्मनः **प्रियतमः परो**ऽन्यो **ना**स्तीति भावः।

प्रवृत्ति और निवृत्ति जो सभी चेष्टाएँ की जाती हैं, सब आत्मा के लिए ही हैं, अन्य के लिए नहीं। अतः आत्मा से अत्यन्त प्रिय कोई नहीं है ॥६३१॥

श्रुति, स्मृति के द्वारा विहित कर्म तथा उनके द्वारा निषिद्ध कर्म जो सभी चेष्टाएँ की जाती हैं, वे सब आत्मा के लिए ही हैं, अन्य के लिए नहीं। इस कारण आत्मा से प्रियतम कोई नहीं है - ऐसा भाव है।

तस्मादात्मा केवलानन्दरूपो यः सर्वस्माद्वस्तुनः प्रेष्ठ उक्तः ।
यो वा अस्मान्मन्यतेऽन्यं प्रियं यं सोऽयं तस्माच्छोकमेवानुभुङ्क्ते ॥६३२॥

तस्मादात्मा केवलानन्दरूपः केवलश्चासावानन्दश्च केवलानन्दस्तद्रूपं स्वरूपं यस्य स केवलानन्दरूपो **यः सर्वस्माद्वस्तुनः प्रेष्ठः** प्रियतम **उक्तः**। यत्पूर्वं प्रतिज्ञातं तच्छ्रुतियुक्तिभ्यां सिद्धम्। **यो वा अस्माद् यमन्यं प्रियं मन्यते सोऽयं तस्मात्प**दार्थात्, क्रियातो व्यक्तितो देशतो वा **शोकमेवानुभुङ्क्ते** पुनः पुनः शोकसागरे मज्जति। *"योऽन्यमात्मानः प्रियं ब्रुवाणं ब्रूयात्प्रियं रोत्स्यतीति"* इति श्रुतिः। स पुरुषस्तत्प्रियाभिमतावरणं प्राणसरोधं प्राप्स्यति कार्याकार्यविषयविवेकायोग्यः प्रणश्यति इति। *"अनात्मा भोगकालेऽस्य सुखं यावत्प्रयच्छति। तत्सहस्रगुणं दुःखं नाशकाले ददाति हि॥"* इति वार्तिकसारेऽप्युक्तमिति।

इसीलिए आत्मा केवल आनन्द स्वरूप है, जो सभी वस्तुओं से अत्यन्त प्रिय कहा गया है। जो इसकी अपेक्षा अन्य को प्रिय मानता है, वह उस पदार्थ से शोक को ही भोगता है ॥६३२॥

इसीलिए आत्मा केवल आनन्द स्वरूप है, जो सभी वस्तुओं से प्रियतम कहा गया है। जो पहले प्रतिज्ञा की गई थी, वह श्रुति-युक्ति के माध्यम से सिद्ध हो गयी। जो इसकी अपेक्षा अन्य को प्रिय मानता है, वह उस पदार्थ से क्रिया, व्यक्ति अथवा देश से पुनः पुनः शोक सागर में डूब जाता है। श्रुति अनुसार 'यदि आत्मा से भिन्न (अनात्मा) को प्रिय कहने वाले पुरुष से कहे कि 'तेरा प्रिय नष्ट हो जाएगा' तो वैसा ही हो जाएगा' (बृ० उ० १।४।८)। वह व्यक्ति जिसे प्रिय समझता है, उसे अपने जीवन में बाधा रूप में प्राप्त करता है और कार्य-अकार्य के विषय में विवेक करने में असमर्थ होने के कारण नष्ट हो जाता है। वार्तिक सार में भी कहा है 'अनात्मा भोग काल में जितना सुख देता है, उसके विनाश के समय वह उससे हज़ार गुना अधिक दुःख देता है' (बृ० वा० १।४।८६५)।

शिष्य उवाच -

अपरः क्रियते प्रश्नो मयाऽयं क्षम्यतां प्रभो । अज्ञवागपराधाय कल्पते न महात्मनाम् ॥६३३॥

हे **प्रभो**, हे गुरो, हे स्वामिन्, **मयाऽयमपरो**ऽन्यः **प्रश्नः क्रियते**। कृपया **क्षम्यताम्**। **अज्ञवाग**ज्ञानां वाङ्**महात्मनामपराधाय न कल्पते**। महात्मान अज्ञपुरुषाणां वचनैर्न कुप्यन्तीति।

शिष्य ने कहा -
हे प्रभो! क्षमा कीजिए, मेरे द्वारा एक अन्य प्रश्न पूछा गया है। अज्ञानियों की वाणी महात्माओं के अपराध के लिए समर्थ नहीं होती ॥६३३॥

हे गुरो, हे स्वामी! मेरे द्वारा एक अन्य प्रश्न पूछा गया है। कृपया क्षमा कीजिए। अज्ञानियों की वाणी महात्माओं के अपराध के लिए समर्थ नहीं होती। महात्मा अज्ञ पुरुषों के वचनों के द्वारा क्रोधित नहीं होते हैं।

आत्मान्यः सुखमन्यच्च नात्मनः सुखरूपता । आत्मनः सुखमाशास्यं यतते सकलो जनः ॥६३४॥

आत्मनः सुखरूपत्वे प्रयत्नः किमु देहिनाम् । एष मे संशयः स्वामिन् कृपयैव निरस्यताम् ॥६३५॥

आत्माऽन्यश्च सुखमन्यत्तस्मादा**त्मनो न सुखरूपता**। यस्मादात्मा न सुखस्वरूपस्तस्मात्**सकलो जनो** लोक **आत्मनः सुखमाशास्यं यतते** साध्यत्वेन कल्पते। हे प्रभो हे **स्वामिन्, आत्मनः सुखरूपत्वे देहिनां** शरीरभृतां **प्रयत्नः किमु** कस्मात्कारणादिति, **मे** मम**ैष संशयः कृपयैव निरस्यतां** विनिवर्त्यतामिति।

आत्मा अन्य है तथा सुख अन्य है। आत्मा सुख रूप नहीं है क्योंकि सभी लोग अपने सुख की प्राप्ति के लिए प्रयास करते हैं ॥६३४॥

यदि आत्मा सुखरूप है तो शरीरधारियों का [इसके लिए] प्रयत्न क्यों है? हे स्वामी! कृपया मेरे इस संशय को दूर करें ॥६३५॥

आत्मा अन्य है तथा सुख अन्य है, इसीलिए आत्मा सुखरूप नहीं है। क्योंकि आत्मा सुखरूप नहीं है, इसीलिए सभी लोग अपने सुख की प्राप्ति के लिए साध्य रूप से प्रयास करते हैं। हे प्रभो! हे स्वामी! यदि आत्मा सुखरूप है तो शरीरधारियों का [इसके लिए] प्रयत्न किस कारण से है, कृपया मेरे इस संशय को दूर करें।

आत्मान्यस्य सुखरूपत्वनिरासः

श्रीगुरुरुवाच -

आनन्दरूपमात्मानमज्ञात्वैव पृथग्जनः । बहिःसुखाय यतते न तु कश्चिद्विदन्बुधः ॥६३६॥

पृथग्जनः पामरो मूढ **आत्मानं** स्व**मानन्दरूपम**परिच्छिन्नसच्चिदानन्दरूप**मज्ञात्वैव बहिःसुखाय** विषयसुखाय प्रतिबिम्बितपरि-

परिच्छिन्नपरिणामिपरितापमिश्रितसुखाय **यतते** *"सुखाय कर्माणि करोति लोको न तैः सुखं वान्यदुपारमं वा।"*, *"कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुं च भुञ्जते"* इति स्मृतेः। **तु** परन्तु **कश्चिद्बुध** आत्मज्ञानी **विदन्** **जानन्न** विषयसुखाय यतत इति। तथा च *"तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति"* इति श्रुतेः।

श्रीगुरु बोले -
अन्य जन आनन्द स्वरूप आत्मा को न जानकर ही बाहरी सुख को पाने के लिए यत्न करते हैं। किन्तु कोई विद्वान्, जानकर [यत्न] नहीं करते हैं ॥६३६॥

पामर, मूढ जन अपने अपरिच्छिन्न सच्चिदानन्द रूप को न जानकर ही बाहरी विषय सुख, प्रतिबिम्बित, परिच्छिन्न, परिणामी, परिताप मिश्रित सुख के लिए यत्न करते हैं। 'संसार में सब लोग सुख के लिए कर्म करते हैं; परन्तु उनसे न तो उन्हें सुख ही मिलता है और न उनका दुःख ही दूर होता है' (श्री० भा० ३।५।२), 'वे भोग के लिए कर्म करते हैं और कर्म करने के लिए भोगों को भोगते हैं' (प० द० १।२९) - ऐसी स्मृति हैं। परन्तु कोई आत्म ज्ञानी, आत्मा को जानने वाले विषय सुख के लिए यत्न नहीं करते हैं। तथा श्रुति भी प्रमाण है 'उनमें एक तो स्वादिष्ट (मधुर) पिप्पल (कर्मफल) का भोग करता है तथा दूसरा भोग न करके केवल देखता रहता है' (मु० उ० ३।१।१)।

अज्ञात्वैव हि निक्षेपं भिक्षामटति दुर्मतिः । स्ववेश्मनि निधिं ज्ञात्वा को नु भिक्षामटेत्सुधीः ॥६३७॥

दुर्मतिः पामरो मन्दो **निक्षेपं** हिरण्यनिधिं **हि** निःसन्देह**मज्ञात्वैव भिक्षामटति** दरिद्रो भूत्वा धनमिच्छति **को नु सुधीः स्ववेश्मनि** स्वगृहे स्थापितं **निधिं ज्ञात्वा भिक्षामटेदि**ति। *"तद्यथापि हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि संचरन्तो न विन्देयुरेवमेवेमाः सर्वाः प्रजा अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढाः"*, *"कामान्यः कामयते मन्यमानः स कामभिर्जायते तत्र तत्र। पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्तु इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः॥"* इति श्रुतेः।

मन्द बुद्धि पुरुष निश्चित रूप से निधि को न जानकर ही भिक्षा के लिए घूमता है। कौन बुद्धिमान पुरुष अपने घर में निधि को जानकर भिक्षा के लिए घूमेगा? ॥६३७॥

पामर, मन्द पुरुष हिरण्य निधि को निःसन्देह न जानकर ही दरिद्र होते हुए धन की इच्छा करता है। कौन बुद्धिमान पुरुष स्व गृह में स्थापित निधि को जानकर भिक्षा के लिए घूमेगा? 'जिस प्रकार पृथिवी में गड़े हुए सुवर्ण के खजाने को उस स्थान से अनभिज्ञ पुरुष ऊपर-ऊपर विचरते हुए भी नहीं जानते। इसी प्रकार यह सारी प्रजा नित्य प्रति ब्रह्म लोक को जाती हुई उसे नहीं पाती, क्योंकि यह अनृत के द्वारा हर ली गयी है' (छा० उ० ८।३।२), '[भोगों के गुणों का] चिन्तन करने वाला जो पुरुष भोगों की इच्छा करता है वह उन कामनाओं के योग से तहाँ-तहाँ (उनकी प्राप्ति के स्थानों में) उत्पन्न होता रहता है। परन्तु जिसकी कामनाएँ पूर्ण हो गयी हैं, उस कृत कृत्य पुरुष की तो सभी कामनाएँ इस लोक में ही लीन हो जाती हैं' (मु० उ० ३।२।२) इत्यादि श्रुतियों में प्रमाणित है।

स्थूलं च सूक्ष्मं च वपुः स्वभावतो दुःखात्मकं स्वात्मतया गृहीत्वा ।
विस्मृत्य च स्वं सुखरूपमात्मनो दुःखप्रदेभ्यः सुखमज्ञ इच्छति ॥६३८॥

अज्ञः पामरो मूढः **स्वभावतो दुःखात्मकं स्थूलं सूक्ष्मं च वपुः स्वात्मतया गृहीत्वा** तथाऽन्यानात्मनः पुत्रवित्तमित्रगृहकलत्रादीन् सुखसाधनत्वेन गृहीत्वा **चात्मनः स्वं सुखरूपं विस्मृत्य दुःखप्रदेभ्यः सुखमिच्छति**। *"ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः"*, *"अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्"* इति भगवद्वचनात्। तथेदमनुमानमपि - अनात्मा दुःखात्मकः, मायाकार्यत्वात्, व्यतिरेकेणात्मवद् इति। *"यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति"* इति श्रुतेः।

मूढ पुरुष स्वभाव से ही दुःख रूप स्थूल और सूक्ष्म शरीर को अपने आत्म रूप से ग्रहण कर तथा अपने सुखरूप आत्मा का विस्मरण कर

दुःख देने वालों से सुख पाने की इच्छा करता है ॥६३८॥

पामर, मूढ स्वभाव से ही दुःख रूप स्थूल और सूक्ष्म शरीर को अपने आत्म रूप से ग्रहण कर तथा अन्य अनात्मा पुत्र, वित्त, मित्र, गृह, कलत्र आदि को सुख के साधन रूप से ग्रहण कर तथा अपने सुख रूप आत्मा का विस्मरण कर दुःख देने वालों से सुख पाने की इच्छा करता है। भगवान् के वचनों के अनुसार 'क्योंकि हे कौन्तेय! जो इन्द्रियों और विषयों के संयोग से पैदा होने वाले भोग (सुख) हैं, वे आदि-अन्त वाले तथा दुःख के ही कारण हैं। अतः विवेकशील मनुष्य उनमें रमण नहीं करते' (भ० गी० ५।२२), 'इस अनित्य तथा सुख रहित शरीर को प्राप्त करके तू मेरा भजन कर' (भ० गी० ९।३३)। तथा इसका अनुमान भी है - अनात्मा दुःखात्मक है, माया कार्य होने से, आत्मा जैसे नहीं। 'निश्चय जो भूमा है वही सुख है, अल्प में सुख नहीं है' (छा० उ० ७।२३।१) इत्यादि श्रुति से प्रमाणित होता है।

न हि दुःखप्रदं वस्तु सुखं दातुं समर्हति । किं विषं पिबतो जन्तोरमृतत्वं प्रयच्छति ॥६३९॥

आत्मान्यः सुखमन्यच्चेत्येवं निश्चित्य पामरः । बहिःसुखाय यतते सत्यमेव न संशयः ॥६४०॥

दुःखप्रदं दुःखं प्रददातीति दुःखप्रदं **वस्तु हि सुखं दातुं न समर्हति**। **विषं पिबतो जन्तोः किममृतत्त्वं प्रयच्छति**? आत्मानात्मनोर्विरोधो दृष्टान्तेन स्फुटीकृत्य पामरस्य निश्चयमुपसंहरति **पामर आत्माऽन्यः सुखं चान्यदित्येवं निश्चित्य बहिःसुखाय यतते** तत्सत्यमेव **न संशय** इति।

दुःखप्रद वस्तु कदापि सुख नहीं दे सकती। क्या विष पीने वाले प्राणी को अमृतत्व की प्राप्ति हो सकती है? ॥६३९॥

पामर पुरुष आत्मा अन्य है और सुख उससे अन्य है, ऐसा निश्चय कर बाहर सुख के लिए यत्न करता है - यह सत्य ही है, इसमें कोई संशय नहीं है॥६४०॥

दुःखप्रद वस्तु कदापि सुख नहीं दे सकती, क्या विष पीने वाले प्राणी को अमृतत्व की प्राप्ति हो सकती है? आत्मा-अनात्मा के विरोध को दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट कर पामर के निश्चय का उपसंहार करते हैं। पामर पुरुष आत्मा अन्य है और सुख उससे अन्य है, ऐसा निश्चय कर बाहर सुख के लिए यत्न करता है - यह सत्य ही है, इसमें कोई संशय नहीं है।

प्रतिबिम्बानन्दविवरणम्

इष्टस्य वस्तुनो ध्यानदर्शनाद्युपभुक्तिषु । प्रतीयते य आनन्दः सर्वेषामिह देहिनाम् ॥६४१॥

स वस्तुधर्मो नो यस्मान्मनस्येवोपलभ्यते । वस्तुधर्मस्य मनसि कथं स्यादुपलम्भनम् ॥६४२॥

इह संसारे **सर्वेषां देहिनामिष्टस्य** शोभनाध्यासयुक्तस्य **वस्तुनो ध्यानदर्शनाद्युपभुक्तिषु** ध्यानञ्च दर्शनञ्च ध्यानदर्शने ते आदिनी यासां ता ध्यानदर्शनादयः ध्यानदर्शनादयश्च ता भुक्तयो ध्यानदर्शनभुक्तयस्तासु ध्यानदर्शनाद्युपभुक्तिष्वादि-पदेनान्येन्द्रियसन्निकर्षाः स्पर्शनं रसनं घ्राणं श्रवणं चेति। तत्र क्रमशो **य आनन्दः प्रतीयते** ध्याने प्रियः, दर्शनादिषु मोदः, उपभुक्तिषु प्रमोदः **स नो वस्तुधर्मो यस्मान्मनस्येवोपलभ्यते। मनसि वस्तुधर्मस्योपलम्भनं कथं स्यात्**? स आनन्द आत्मनः स्वरूपं तस्य प्रतिबिम्बं मनस्युपलभ्यते वस्तुनो धर्मस्तत्र कथमागच्छतीत्यर्थः।

इस संसार में सभी प्राणियों को प्रिय वस्तु के ध्यान, दर्शन आदि उपभोगों में जो आनन्द प्रतीत होता है, वह वस्तु का धर्म नहीं है क्योंकि वह केवल मन में ही उपलब्ध होता है। वस्तु के धर्म का मन में ज्ञान कैसे होगा? ॥६४१, ६४२॥

इस संसार में सभी प्राणियों को शोभन अध्यास से युक्त वस्तु के ध्यान, दर्शन आदि ('आदि' पद से अन्य इन्द्रियों का सन्निकर्ष - स्पर्श,

रस, घ्राण तथा श्रवण) उपभोगों में क्रमशः ध्यान में प्रिय, दर्शन आदि में मोद, उपभोग में प्रमोद प्रतीत होता है, वह वस्तु का धर्म नहीं है क्योंकि वह तो मन में ही उपलब्ध होता है। वस्तु के धर्म का मन में ज्ञान कैसे होगा? वह आनन्द आत्मा का स्वरूप है, उसका प्रतिबिम्ब मन में उपलब्ध होता है। वहाँ वस्तु का धर्म कैसे आ गया - ऐसा अर्थ है।

अन्यत्र त्वन्यधर्माणामुपलम्भो न दृश्यते । तस्मान्न वस्तुधर्मोऽयमानन्दस्तु कदाचन ॥६४३॥

तु किन्त्वन्यत्रास्मिन्नन्यधर्माणामन्यस्य धर्माणा**मुपलम्भो** ज्ञानं **न दृश्यते तस्मादयमानन्दस्तु कदाचन वस्तुधर्मो** नास्तीति।

अन्य के धर्म का अन्यत्र ज्ञान नहीं देखा जाता है, इसीलिए यह आनन्द वस्तु का धर्म कदापि नहीं हो सकता है ॥६४३॥

किन्तु अन्य के धर्म का अन्यत्र ज्ञान नहीं देखा जाता है, इसीलिए यह आनन्द वस्तु का धर्म कदापि नहीं हो सकता है।

यथाऽऽनन्दो वस्तुधर्मो नास्ति तद्वन्मनसोऽपि न तद्विवृणोति नेति।

जैसे आनन्द वस्तु का धर्म नहीं है, वैसे ही मन का भी नहीं है। उसका विवरण करते हैं 'न' इत्यादि से -

नाप्येष धर्मो मनसोऽसत्यर्थे तददर्शनात् । असति व्यञ्जके व्यङ्ग्यं नोदेतीति न मन्यताम् ॥६४४॥

सत्यर्थेऽपि च नोदेति ह्यानन्दस्तूक्तलक्षणः । सत्यपि व्यञ्जके व्यङ्ग्यानुदयो नैव सम्मतः ॥६४५॥

एष आनन्दो **मनसोऽपि धर्मो न**। धर्मोऽत्र यत्स्वभावं न जहाति। **अर्थेऽसति** वस्तुन्यभावे **तददर्शनात्त**स्याऽऽनन्दस्यादर्शनात्। यदि तन्मनसो धर्मो भवेत्सर्वदैव प्राणिनामानन्दो दृश्येत, न तथा दृश्यते। **असति व्यञ्जके** प्रकाशके वस्त्वभावे **व्यङ्ग्यं** प्रकाश्याऽऽनन्दो **नोदेतीति न मन्यताम्**। सुषुप्तौ सर्ववस्त्वभावेऽपि सुखस्यानुभवात्।

सत्यर्थेऽपि च वस्तुनः सत्त्वे**ऽप्युक्तलक्षण** उक्तं लक्षणं यस्य स **आनन्द** उक्तलक्षणः परमप्रेमास्पदत्वात्सुखरूपः सुखरूपत्वान्निरतिशयस्तारतम्यरहित **हि नोदेति** किन्तु सातिशयः परिच्छिन्न आनन्दो दृश्यते। **व्यञ्जके** वस्तुनि विद्यमाने **सत्यपि व्यङ्ग्यानुदयो** व्यङ्ग्यस्याऽऽनन्दस्यानुदयो **नैव सम्मतो**ऽभिमतः।

एतेन एतत्सिद्धं भवति -

१. आनन्दो न वस्तुनो धर्मः
२. आनन्दो न मनसो धर्मः
३. वस्तुनोऽभावेऽप्यपरिच्छिन्नानन्दस्य दर्शनात्, यथा सुषुप्तौ
४. वस्तुनो भावेऽपि परिच्छिन्नानन्दस्य दर्शनात्, यथा जाग्रत्स्वप्नयोः

यह [आनन्द] मन का भी धर्म नहीं है, क्योंकि पदार्थ के न होने पर इसका दर्शन नहीं होता। 'व्यञ्जक के न होने पर व्यङ्ग्य का उदय नहीं होता' - इस प्रकार नहीं सोचना चाहिए ॥६४४॥

विषय के विद्यमान होने पर भी उक्त लक्षण वाले आनन्द का उदय नहीं होता। 'व्यञ्जक के होने पर व्यङ्ग्य का उदय नहीं होता' - यह कदापि युक्ति युक्त नहीं है ॥६४५॥

यह आनन्द मन का भी धर्म नहीं है। यहाँ धर्म माने वह स्वभाव जिसे व्यक्ति कभी नहीं छोडता। वस्तु के अभाव में उस आनन्द का दर्शन नहीं होता। यदि वह मन का धर्म होता, तो प्राणियों का आनन्द सदा ही देखा जाता, किन्तु ऐसा नहीं देखा जाता है। 'प्रकाशक वस्तु के

अभाव में प्रकाश्य के आनन्द का उदय नहीं होता'- इस प्रकार नहीं सोचना चाहिए। सुषुप्ति में सब वस्तुओं का अभाव होने पर भी सुख का अनुभव होता है।

वस्तु के विद्यमान होने पर भी उक्त लक्षण वाले परम प्रेम का आश्रय होने से सुख रूप, सुख रूप होने से निरतिशय, तारतम्य रहित आनन्द का उदय नहीं होता। किन्तु सातिशय, परिच्छिन्न आनन्द देखा जाता है। 'वस्तु के विद्यमान होने पर भी व्यङ्ग्य के आनन्द का अनुदय होता है' - यह अभिमत नहीं है।

इससे यह सिद्ध होता है कि -
१. आनन्द वस्तु का धर्म नहीं है
२. आनन्द मन का धर्म नहीं है
३. वस्तु के अभाव में भी अपरिच्छिन्न आनन्द देखा जाता है, जैसे सुषुप्ति में
४. वस्तु के विद्यमान होने पर भी परिच्छिन्न आनन्द देखा जाता है, जैसे जाग्रत्-स्वप्न में

कदाचिद्वस्तुनो विद्यमानेऽपि खिन्नमनोदशायामानन्दस्यादर्शनादिति पूर्वपक्षमुत्थाप्य समाधानं कृत्वा निगमयति दुरदृष्टादिकमिति।

'कभी-कभी वस्तु के विद्यमान होने पर भी, मन के खिन्न होने की अवस्था में आनन्द नहीं देखा जाता' - ऐसा पूर्वपक्ष उठाकर उसका समाधान करते हुए निगमन करते हैं 'दुरदृष्टादिकम्' इत्यादि से -

दुरदृष्टादिकं नात्र प्रतिबन्धः प्रकल्प्यताम् । प्रियस्य वस्तुनो लाभे दुरदृष्टं न सिध्यति ॥६४६॥

वस्तुनो विद्यमानेऽप्यानन्दस्याननुभूतीत्यस्माकमनुभूतिस्तस्मादत्र **दुरदृष्टादिकम**शुभप्रारब्धं तथा दिक्कालेश्वरेच्छेत्यादयः साधारणकारणानि **प्रतिबन्धः प्रकल्प्यतामि**ति चे**न्न**। **प्रियस्य वस्तुनो लाभे दुरदृष्टं** दुष्टमदृष्टं प्रारब्धं **नैव सिध्यति**। इष्टवस्तुनो योगः शुभप्रारब्धस्यैव फलमिति।

अशुभ कर्म आदि को यहाँ प्रतिबन्ध नहीं मानना चाहिए, क्योंकि प्रिय वस्तु के लाभ होने पर अशुभ अदृष्ट सिद्ध नहीं होता ॥६४६॥

वस्तु के विद्यमान होने पर भी आनन्द की अनुभूति नहीं होती - ऐसी हमारी अनुभूति है, इसीलिए यहाँ अशुभ प्रारब्ध तथा दिक्, काल, ईश्वर इच्छा इत्यादि साधारण कारणों को प्रतिबन्ध नहीं मानना चाहिए। प्रिय वस्तु के लाभ होने पर दुष्ट तथा अदृष्ट प्रारब्ध सिद्ध नहीं होता। इष्ट वस्तु से योग शुभ प्रारब्ध का ही परिणाम है।

तस्मान्न मानसो धर्मो निर्गुणत्वान्न चात्मनः । किन्तु पुण्यस्य सान्निध्यादिष्टस्यापि च वस्तुनः ॥६४७॥

सत्त्वप्रधाने चित्तेऽस्मिंस्त्वात्मैव प्रतिबिम्बति । आनन्दलक्षणः स्वच्छे पयसीव सुधाकरः ॥६४८॥

तस्मादानन्दो न वस्तुनो धर्मो **न मानसो धर्मो नैव चात्मनो निर्गुणत्वात्**। **किन्तु पुण्यस्य** पूर्वसुकृतस्य **सान्निध्यात्**परिपाका**दिष्टस्य वस्तुनोऽपि** सान्निध्याच्च **सत्त्वप्रधाने** सत्त्वगुणाधिक्येऽ**स्मिंश्चित्ते स्वच्छे पयसि सुधाकर इवाऽऽनन्दलक्षण** आनन्दो लक्षणं यस्य स आनन्दलक्षण **आत्मा तु प्रतिबिम्बत्येव**। *"सत्त्वं सुखे सञ्जयति"* इति स्मृतिः।

इसीलिए आनन्द मन का धर्म नहीं है तथा निर्गुण होने से आत्मा का भी नहीं है, किन्तु पुण्य और इष्ट वस्तु के सान्निध्य से स्वच्छ जल में चन्द्रमा के समान इस सत्त्व गुण प्रधान चित्त में आनन्द स्वरूप आत्मा ही प्रतिबिम्बित होता है ॥६४७, ६४८॥

इसीलिए आनन्द वस्तु का धर्म नहीं है, मन का धर्म नहीं है तथा निर्गुण होने से आत्मा का भी नहीं है। किन्तु पिछले अच्छे कर्मों के परिपाक होने से तथा इष्ट वस्तु के सान्निध्य से सत्त्व गुण आधिक्य वाले इस चित्त में स्वच्छ जल में चन्द्रमा के समान आनन्द स्वरूप आत्मा ही प्रतिबिम्बित होता है। 'सत्त्व गुण सुख में लगाता है' (भ० गी० १४।९) इत्यादि स्मृति से सिद्ध होता है।

स्वच्छे जले चन्द्रमा इव स्वच्छान्तःकरणे सत्त्वप्रधाने मलविक्षेपाभ्यां विनिर्मुक्त आनन्दात्मनः प्रतिबिम्बो दृश्यते। यथा चित्प्रतिबिम्बश्चिदाभासस्तथाऽऽनन्दप्रतिबिम्बोऽप्यानन्दाभासलक्षण इति विज्ञापयति सोऽयमिति।

जैसे स्वच्छ जल में चन्द्रमा; वैसे ही स्वच्छ, सत्त्व प्रधान, मल-विक्षेप से विनिर्मुक्त अन्तःकरण में आनन्द स्वरूप आत्मा प्रतिबिम्ब रूप से देखा जाता है। जैसे चित् प्रतिबिम्ब ही चिदाभास है, वैसे ही आनन्द का प्रतिबिम्ब भी आनन्द आभास लक्षण वाला है - ऐसा ज्ञान कराते हैं 'सोऽयम्' इत्यादि से -

सोऽयमाभास आनन्दश्चित्ते यः प्रतिबिम्बितः । पुण्योत्कर्षापकर्षाभ्यां भवत्युच्चावचः स्वयम् ॥६४९॥

सोऽयमाभास आनन्दो यश्चित्तेऽन्तःकरणे **प्रतिबिम्बितः** तत्**पुण्योत्कर्षापकर्षाभ्यां स्वयमुच्चावच** उदक्काऽवाक्क **भवति**। पुण्याधिक्यादुत्कृष्टानन्दस्तथा पुण्यन्यूनताया निकृष्टानन्दः। अधिकारितारतम्याद्धर्माधर्मतारतम्यं धर्माधर्मतः पुण्यापुण्यौ तस्मान्न्यूनाधिक्यमाभासानन्दस्येति।

वह आभास ही प्रतिबिम्बित आनन्द है जो चित्त में प्रतिबिम्बित होकर पुण्यों की अधिकता तथा न्यूनता से स्वयं ही न्यूनाधिक अनेक प्रकार का प्रतीत होता है ॥६४९॥

वह आभास ही प्रतिबिम्बित आनन्द है जो अन्तःकरण में प्रतिबिम्बित होकर पुण्यों की अधिकता तथा न्यूनता से स्वयं ही न्यूनाधिक अनेक प्रकार का प्रतीत होता है। पुण्य में वृद्धि से श्रेष्ठ आनन्द तथा पुण्य में कमी से निकृष्ट आनन्द प्राप्त होता है। अधिकारी में तारतम्य होने से धर्म-अधर्म में तारतम्य; धर्म-अधर्म से पुण्य-पाप होता है, इसीलिए आनन्द आभास में न्यूनाधिक्य है।

सार्वभौमादिब्रह्मान्तं श्रुत्या यः प्रतिपादितः । स क्षयिष्णुः सातिशयः प्रक्षीणे कारणे लयम् ॥६५०॥

यात्येष विषयानन्दो यस्तु पुण्यैकसाधनः । ये तु वैषयिकानन्दं भुञ्जते पुण्यकारिणः ॥६५१॥

दुःखं च भोगकालेऽपि तेषामन्ते महत्तरम् । सुखं विषयसम्पृक्तं विषसम्पृक्तभक्तवत् ॥६५२॥

सार्वभौमादिब्रह्मान्तं सर्वस्या भूमेरीश्वरः सार्वभौमश्चक्रवर्ती तत्प्रभृतिब्रह्माऽन्तं **य** आनन्दः **श्रुत्या प्रतिपादितः**, *"सैषाऽऽनन्दस्य मीमांसा भवति। युवास्यात्साधु युवाऽध्यायकः। आशिष्ठो दृढिष्ठो बलिष्ठः। तस्येयं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात्। स एको मानुष आनन्दः", "ते ये शतं प्रजापतेरानन्दाः। स एको ब्रह्मण आनन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य।"* तथा च *"स एको ब्रह्मलोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतो"* इति **स क्षयिष्णु**रनित्यः **सातिशयः** सतारतम्यो न्यूनाधिक्ययुक्तोऽस्ति तु यस्मात्**पुण्यैकसाधनः** पुण्यमेकमात्रं साधनं निमित्तं यस्य स पुण्यैकसाधनो **य एष विषयानन्दो** विषयजन्याऽऽनन्दः **कारणे प्रक्षीणे लयं याति** निमित्तापाये नैमित्तिकापाय इति न्यायात्। **तु** परन्तु **ये पुण्यकारिणो** वेदविहितवर्णाश्रमधर्मानुसारिणो **वैषयिकानन्दं भुञ्जते तेषां भोगकालेऽपि च दुःखं** भवत्यन्**ते तु महत्तरम्**। वक्ष्यति चोत्तरश्लोके दुःखकारणद्वयमधुना दृष्टान्तेन प्रदर्श्यते **विषयसम्पृक्तं** विषयैः सम्पृक्तं संयुक्तं **सुखं विषसम्पृक्तभक्तवद्** विषेण सम्पृक्तं विषसम्पृक्तं भक्तमन्नं विषसम्पृक्तभक्तसदृशं भवतीति।

श्रुति ने चक्रवर्ती राजा से लेकर ब्रह्मा पर्यन्त जो आनन्द कहा है; वह क्षय होने वाला, न्यूनता-अधिकता से युक्त है क्योंकि वह पुण्य मात्र

से ही प्राप्त होता है। कारण के नष्ट होने पर विषय आनन्द नाश को ही प्राप्त होता है। किन्तु जो पुण्य कर्मी विषय जनित आनन्द को भोगते हैं, उन्हें भोगकाल में भी दुःख है तथा भोग का अन्त हो जाने पर तो बड़ा ही भारी दुःख होता है। विषय सम्पर्क सुख विष मिले हुए भोजन के समान होता है ॥६५०, ६५१, ६५२॥

समस्त भूमण्डल का ईश्वर सार्वभौम - उससे प्रारम्भ कर ब्रह्मा पर्यन्त जो आनन्द श्रुति ने कहा है, 'अब यह आनन्द की मीमांसा है - साधु स्वभाव वाला नवयुवक, वेद पढ़ा हुआ, अत्यन्त आशावान तथा अत्यन्त दृढ और बलिष्ठ हो एवं उसी की यह धन-धान्य सम्पन्न पृथिवी भी हो अर्थात् वह समस्त भूमण्डल का एकमात्र छत्रपति हो उसका जो आनन्द है वह एक मानुष आनन्द है' (तै० उ० २।८।१), 'प्रजापति के जो सौ आनन्द हैं, वही ब्रह्मा का एक आनन्द है और वह अकामहत श्रोत्रिय को भी प्राप्त है' (तै० उ० २।८।४), तथा 'वह ब्रह्म लोक का एक आनन्द है और जो निष्पाप, निष्काम श्रोत्रिय है [उसका भी वह आनन्द है]' (बृ० उ० ४।३।३३) - वह अनित्य, तारतम्य सहित, न्यूनाधिक्य से युक्त है क्योंकि पुण्य मात्र ही उसकी प्राप्ति का साधन, निमित्त है। विषय से जन्य आनन्द 'निमित्त के नष्ट होने से नैमित्तिक भी नष्ट हो जाता है' इस न्याय से कारण के क्षीण होने पर नाश को प्राप्त होता है। परन्तु जो वेद विहित, वर्ण-आश्रम धर्म के अनुसार विषय जनित आनन्द को भोगते हैं, उन्हें भोग काल में भी दुःख होता है तथा भोग का अन्त हो जाने पर तो बड़ा ही भारी दुःख होता है। अगले श्लोक में दुःख के दो कारणों को बताएंगे जिसे अभी एक दृष्टान्त के माध्यम से दिखाते हैं कि विषय से संयुक्त सुख विष मिले हुए भोजन के समान होता है।

भोगकालेऽपि भोगान्ते दुःखमेव प्रयच्छति । सुखमुच्चावचत्वेन क्षयिष्णुत्वभयेन च ॥६५३॥

विषय**सुखमुच्चावचत्वेनो**दक्काऽवाक्कोच्चावचं तस्य भाव उच्चावचत्वं तेनोच्चावचत्वेन तारतम्येन **क्षयिष्णुत्वभयेन** विनाशित्वभयेन **च भोगकाले भोगान्तेऽपि दुःखमेव प्रयच्छति**। ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु धर्माधर्मयोः फले प्रत्यक्षे विषयेन्द्रियसंयोगजन्ये शरीरवाङ्मनोभिरेवोपभुज्यमाने सुखदुःखे प्रसिद्धे। श्रुतिस्मृतिविहितयागाद्यनुष्ठायिनामुपासनासमाधिविशेषाद्धर्मस्य तारतम्यं तेन मनुष्यत्वादारभ्य ब्रह्मान्तेषु सुखतारतम्यम्। तथाऽपि यत्कृतकं तदनित्यमिति न्यायात्, *"तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते"* इति श्रुतिश्च, *"ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति"* इति स्मृतिश्च कर्मफलस्यानित्यत्वं क्षयिष्णुत्वं दर्शयतीति।

सुख तारतम्य तथा नष्ट होने के भय से भोग काल में तथा भोग के अन्त में भी दुःख ही देता है ॥६५३॥

उच्च तथा अवाक् की अवस्था को उच्चावच, उसके भाव को उच्चावचत्व यानि विषय सुख तारतम्य तथा विनाशी होने के भय से भोग काल में तथा भोग के अन्त में भी दुःख ही देता है। ब्रह्म आदि से लेकर स्थावर पर्यन्त धर्म-अधर्म के प्रत्यक्ष फल में, जो विषय तथा इन्द्रिय के संयोग से उत्पन्न होते हैं, यह प्रसिद्ध है कि सुख-दुःख का अनुभव केवल शरीर, वाक्, मन द्वारा ही किया जाता है। श्रुति, स्मृति विहित याग आदि, अनुष्ठान करने वालों के लिए उपासना तथा समाधि की विशिष्टता के कारण धर्म का तारतम्य देखा जाता है, उससे मनुष्य से आरम्भ होकर ब्रह्मा पर्यन्त सुख में तारतम्य होता है। तथापि 'जो कृत है, वह अनित्य है' न्याय, 'जिस प्रकार यहाँ कर्म से प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोक में पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है' (छा० उ० ८।१।६) श्रुति तथा 'वे उस विशाल स्वर्ग लोक के भोगों को भोगकर पुण्य क्षीण होने पर मृत्यु लोक में आ जाते हैं' (भ० गी० ९।२१) स्मृति से कर्मफल के अनित्यत्व, नश्वरता को दर्शाया जाता है।

भोगकाले भवेन्नृणां ब्रह्मादिपदभागिनाम् । राजस्थानप्रविष्टानां तारतम्यं मतं यथा ॥६५४॥

तथैव दुःखं जन्तूनां ब्रह्मादिपदभागिनाम् । न काङ्क्षणीयं विदुषा तस्माद्वैषयिकं सुखम् ॥६५५॥

यथा भोगकाले ब्रह्मादिपदभागिनां ब्रह्मादिपदानां भागिनो ब्रह्मपदभागिनस्तेषां ब्रह्मादिपदभागिनामाधिक्यं **राजस्थानप्रविष्टानां**

राज्ञः स्थाने प्रविष्टानां **नृणां** न्यूनमेवं **तारतम्यं मतं** भवे**त्तथैव ब्रह्मादिपदभागिनां जन्तूनां दुःखं** भवति। भोगकालेऽनित्यभोगानां भयकारकत्वान्न्यूने प्राप्तेऽन्येषां प्रति द्वेषमात्सर्यजनकत्वाद्दुःखं तेषां विनाशे विरहदुःखप्राप्तिर्यथेतिहासपुराणेषु प्रदर्शिता। **तस्माद्विदुषा वैषयिकं सुखं न काङ्क्षणीयमि**ति भावः।

ब्रह्मा आदि पदों के भागी मनुष्यों को भोग के समय [अधिक है], जैसे राजा पर्यन्त स्थान प्राप्त करने वालों को [कम है] - तारतम्य माना गया है ॥६५४॥

वैसे ही प्राणियों तथा ब्रह्म आदि पदों के भागी व्यक्तियों को दुःख होता है। इसीलिए विद्वानों को विषय सुख की आकाङ्क्षा नहीं करनी चाहिए ॥६५५॥

ब्रह्मा आदि पदों के भागी मनुष्यों को भोग के समय आधिक्य है, जैसे राजा पर्यन्त स्थान प्राप्त करने वालों को न्यून है - तारतम्य होता है। वैसे ही ब्रह्म आदि पदों के भागी व्यक्तियों तथा प्राणियों को दुःख होता है। भोग काल में अनित्य भोगों के प्रति भय उत्पन्न होने से दुःख होता है; जब कम की प्राप्ति होती है, अन्यों के प्रति द्वेष, मात्सर्य उत्पन्न होता है और जब वे नष्ट हो जाते हैं, तो विरह दुःख की प्राप्ति होती है - जैसा कि इतिहास, पुराणों में दर्शाया गया है। इसीलिए विद्वानों को विषय सुख की आकाङ्क्षा नहीं करनी चाहिए - ऐसा भाव है।

आत्मा बिम्बानन्दः

यः प्रतिबिम्बानन्द आनन्दमयकोशयुपलभ्यते स तारतम्यत्वग्रस्त क्षयिष्णुश्च तद्विलक्षणो बिम्बानन्द आत्मनः स्वरूपं नित्यः समश्च तस्य सप्तदशभिः श्लोकैः स्वरूपं दर्शयति यो बिम्बभूत इति।

जो प्रतिबिम्ब आनन्द आनन्दमय कोश में उपलब्ध होता है, वह तारतम्यत्व से ग्रस्त तथा विनाशी है; उससे विलक्षण बिम्ब आनन्द, जो आत्मा का नित्य स्वरूप तथा सम है। उसके स्वरूप को सत्रह श्लोकों के द्वारा दर्शाया गया है 'यो बिम्बभूत' इत्यादि से -

यो बिम्बभूत आनन्दः स आत्मानन्दलक्षणः। शाश्वतो निर्द्वयः पूर्णो नित्य एकोऽपि निर्भयः ॥६५६॥

यो बिम्बभूतः स्वस्वरू**पानन्दः स आनन्दलक्षण** आनन्दं लक्षणं स्वरूपं यस्य स **आत्मा**। अत्राऽऽनन्दशब्देनापरिच्छिन्नानन्दस्यैवाऽऽत्मधर्मत्वेन ग्रहणं *"आनन्दो विषयानुभवो नित्यत्वं चेति सन्ति धर्माः। अपृथक्त्वेऽपि चैतन्यात्पृथगिवावभासन्ते॥"* इति पञ्चपादिकाचार्यवचनात्। अध्यासभाष्येऽपि *"विषयिणस्तद्धर्माणां च विषयेऽध्यासो"* इत्युक्तम्। **शाश्वतः** सनातनोऽक्षयो **निर्द्वयः पूर्णो नित्य एकोऽपि निर्भयः**। *"अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः"*, *"एकमेवाद्वितीयम्"* इति श्रुतेः।

जो बिम्ब भूत आनन्द है, वह आनन्द स्वरूप आत्मा है। वह शाश्वत, अद्वितीय, पूर्ण, नित्य, एक तथा निर्भय है ॥६५६॥

जो स्वस्वरूप आनन्द है, वह आनन्द स्वरूप आत्मा है। यहाँ आनन्द शब्द से अपरिच्छिन्न आनन्द को ही आत्म रूप से ग्रहण किया गया है। पञ्चपादिका आचार्य के वचनों के अनुसार 'आनन्द, विषय अनुभव तथा नित्यत्व आत्मा के धर्म हैं, यद्यपि वे उससे भिन्न नहीं हैं, फिर भी वे पृथक् प्रतीत होते हैं'। अध्यास भाष्य में भी कहा गया है 'अविषय प्रत्यक् आत्मा तथा उसके धर्मों का विषय में अध्यास'। सनातन, अक्षय, अद्वितीय, पूर्ण, नित्य, एक तथा निर्भय है। श्रुति से प्रमाणित होता है 'यह अज है, नित्य है, शाश्वत है, पुराण है' (क० उ० १।२।१८), 'केवल एक अद्वितीय' (छा० उ० ६।२।१)।

लक्ष्यते प्रतिबिम्बेनाभासानन्देन बिम्बवत्। प्रतिबिम्बो बिम्बमूलो विना बिम्बं न सिध्यति ॥६५७॥

बिम्बवदात्मा प्रतिबिम्बेनाऽऽभासाऽऽनन्देन लक्ष्यते यथाऽऽदर्शे मुखस्य प्रतिबिम्बं मुखस्य लक्षको **बिम्बमूलो** बिम्बं मूलं कारणं

यस्य प्रतिबिम्बस्य स बिम्बमूलः **प्रतिबिम्बो बिम्बं विना न सिद्ध्यती**ति।

जैसे बिम्ब प्रतिबिम्ब से लक्षित होता है, वैसे आत्मा आभास आनन्द से लक्षित होता है। प्रतिबिम्ब बिम्ब मूलक होता है, बिना बिम्ब के प्रतिबिम्ब सिद्ध नहीं होता ॥६५७॥

आत्मा प्रतिबिम्ब आभास आनन्द से लक्षित होता है, जैसे आदर्श में मुख का प्रतिबिम्ब मुख का लक्षक होता है। बिम्ब मूल कारण है जिसका वह प्रतिबिम्ब बिम्ब मूलक होता है, बिना बिम्ब के प्रतिबिम्ब सिद्ध नहीं होता।

यत्ततो बिम्ब आनन्दः प्रतिबिम्बेन लक्ष्यते । युक्त्यैव पण्डितजनैर्न कदाप्यनुभूयते ॥६५८॥

यन्न स्वतः सिद्धं तन्मिथ्या, यस्मात्प्रतिबिम्बानन्दो न स्वतः सिद्धस्तस्मान्मिथ्या तथा च यद्दृश्यं तन्मिथ्येति व्याप्त्या प्रतिबिम्बानन्दो दृश्यो भवति तस्मात्साक्षिणा स ज्ञेयो **यद्यस्माद् बिम्ब** आत्माऽऽ**नन्दः प्रतिबिम्बेन लक्ष्यते ततस्तस्मात्पण्डितैर्युक्त्यैव** केवलानुमानप्रमाणेन **कदापि नानुभूयते** बुद्धेरविषयत्वात्किन्तु वेदान्तमहावाक्यापौरुषेयप्रमाणेन साक्षात्तथाऽतद्व्यावृत्तिद्वारेण तल्लक्ष्यते। *"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म"* इति श्रुतिः, *"अतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि"* इति स्मृतिः।

चूँकि बिम्ब आनन्द प्रतिबिम्ब से ही लक्षित होता है, इसीलिए पण्डितजनों के द्वारा उसका केवल युक्ति से कदापि अनुभव नहीं किया जाता ॥६५८॥

जो स्वतः सिद्ध नहीं है, वह मिथ्या है - क्योंकि प्रतिबिम्ब आनन्द स्वतः सिद्ध नहीं है, इसीलिए वह मिथ्या है तथा इस व्याप्ति से 'जो दृश्य है, वह मिथ्या है'; प्रतिबिम्ब आनन्द दृश्य है, इसीलिए वह साक्षी के द्वारा ज्ञेय है। क्योंकि आत्मा आनन्द प्रतिबिम्ब से लक्षित होता है, इसीलिए पण्डित जनों के द्वारा केवल अनुमान प्रमाण से बुद्धि का विषय न होने के कारण उसका कदापि अनुभव नहीं किया जाता। किन्तु वह वेदान्त महावाक्य अपौरुषेय प्रमाण से साक्षात् तथा अतद्व्यावृत्ति के द्वारा लक्षित होता है। 'विज्ञान आनन्द ब्रह्म है' (बृ० उ० ३।९।२८) श्रुति, श्रुति भी उससे भिन्न की व्यावृत्ति के द्वारा, जिस (तत्त्व) को चकित होकर कहती है' (शि० म० स्तो० २) स्मृति से प्रमाणित होता है।

अविद्याकार्यकरणसङ्घातेषु पुरोदितः । आत्मा जाग्रत्यपि स्वप्ने न भवत्येष गोचरः ॥६५९॥

स्थूलस्यापि च सूक्ष्मस्य दुःखरूपस्य वर्ष्मणः । लये सुषुप्तौ स्फुरति प्रत्यगानन्दलक्षणः ॥६६०॥

अविद्याकार्यकरणसङ्घातेष्वविद्या च तत्कार्यं स्थूलशरीरं च करणं सूक्ष्मशरीरञ्चाविद्याकार्यकरणानि तेषां सङ्घाता अविद्याकार्यकरणसङ्घातास्तेषु **पुरोदितः** पुरावस्थित **एष आत्मा जाग्रत्यपि स्वप्ने** च **गोचरो न भवति** नानुभूयते। **सुषुप्तौ दुःख-रूपस्य स्थूलस्य सूक्ष्मस्यापि वर्ष्मणः** शरीरस्य **लये** कारणे लीयमान**त्वादानन्दलक्षणः प्रत्यगा**त्मा **स्फुरती**ति।

यत्र सुप्तौ न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति, यदाऽस्य सर्वात्मभावोऽतिच्छन्दः कामवर्जित एष अस्य परमो लोकस्तदाऽपहतपाप्मा धर्माधर्मवर्जितोऽभयो भवति। तथा च श्रुतिः *"तद्यथा प्रियया स्त्रिया सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नाऽऽन्तरमेवमेवायं पुरुषः प्राज्ञेनाऽऽत्मना सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तरं तद्वा अस्यैतदाप्तकाममात्मकाममकामं रूपं शोकान्तरम्"।* सुषुप्तौ परमानन्दं निरूपयति। अत्र पुरुषशब्देन विज्ञानात्मा क्षेत्रज्ञस्तथा प्राज्ञशब्देन परमार्थात्माऽनुदिता-नस्तमितकूटस्थबोधस्वभावोऽभिधीयते। शोकान्तरशब्देन शोकवर्जितस्य शोकशून्यस्य ग्रहणम्। तदाऽनन्वागतमसम्बद्धं पुण्येन शास्त्रविहितेन कर्मणा तथाऽनन्वागतं पापेन निषिद्धेन कर्मणा तीर्णो हि तदा सर्वांश्छोकान्विषयकामान्हृदयस्य भवतीति

वाजसनेयके श्रुत्युक्तोऽर्थः। इष्टविषयप्रार्थना हि कामः, कामश्च कर्महेतुः, विषयवियोगे शोकः। कामानां विषयाणां चाभावे शोकनिवृत्तिः स्वस्वरूपानन्दावाप्तिश्च। यत्र हि द्वैतमिव भवति तत्राविद्याप्रत्युपस्थापितप्रमातृप्रमाणप्रमेयलक्षणद्वैतं तथा क्रियाकारकफलरूपद्वैतं स्यात्सुषुप्तौ तेषामभावेऽविपरिलुप्तानन्दाऽऽत्माऽव्यवहितेन प्रकाशत इति।

अविद्या तथा कार्य-करण सङ्घात में पहले उदित हुआ यह आत्मा जाग्रत् और स्वप्न में ज्ञान का विषय नहीं होता ॥६५९॥

सुषुप्ति में दुःख रूप स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर के लय होने पर आनन्द स्वरूप आत्मा प्रकाशित होता है ॥६६०॥

अविद्या तथा उसका कार्य - स्थूल शरीर तथा करण सूक्ष्म शरीर सङ्घात में पहले से विद्यमान यह आत्मा जाग्रत् और स्वप्न में अनुभव नहीं किया जाता है। सुषुप्ति में दुःख रूप स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर के कारण में लय होने से आनन्द स्वरूप आत्मा प्रकाशित होता है।

जब सुषुप्ति में किसी भी कामना की अभिलाषा नहीं करता, न कोई स्वप्न देखता है, जब उसका सभी के साथ आत्म भाव हो जाता है, यह काम रहित से पर की अवस्था है। यह इसका परम लोक है, वह पुण्य-पाप, धर्म-अधर्म से रहित अभय हो जाता है। तथा श्रुति 'व्यवहार में जिस प्रकार अपनी प्रिया भार्या को आलिङ्गन करने वाले पुरुष को न कुछ बाहर का ज्ञान रहता है और न भीतर का, इसी प्रकार यह पुरुष प्राज्ञात्मा से आलिङ्गित होने पर न कुछ बाहर का विषय जानता है और न भीतर का; यह इसका आप्तकाम, आत्मकाम तथा शोक शून्य रूप है' (बृ० उ० ४।३।२१) से प्रमाणित होता है। सुषुप्ति में परम आनन्द का निरूपण करते हैं। यहाँ 'पुरुष' शब्द से विज्ञान आत्मा, क्षेत्रज्ञ तथा 'प्राज्ञ' शब्द से परमार्थ आत्मा - अनुदित, अनस्तमित, कूटस्थ, बोध स्वरूप का अभिधान किया गया है। 'शोकान्तर' शब्द से शोक रहित/शोक शून्य का ग्रहण किया गया है। तब पुण्य - शास्त्र विहित कर्म से असम्बन्धित तथा पाप - निषिद्ध कर्म से असम्बन्धित; वह हृदय के सभी शोकों, विषय की कामनाओं से पार हो जाता है, यही वाजसनेय श्रुति में बताए गए का अर्थ है। इष्ट विषय के लिए प्रार्थना ही काम है, काम ही कर्म का हेतु है तथा विषय वियोग में शोक होता है। कामनाओं तथा विषयों के अभाव में शोक निवृत्ति तथा स्वस्वरूप आनन्द की प्राप्ति होती है। जब द्वैत होता है, तब अविद्या द्वारा प्रस्थापित प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय लक्षण से युक्त द्वैत होता है। इसी प्रकार क्रिया-कारक-फल रूप द्वैत होता है। सुषुप्ति में, इनके अभाव में अविपरिलुप्त, आनन्द स्वरूप आत्मा बिना किसी व्यवधान के प्रकाशित होता है।

न ह्यत्र विषयः कश्चिन्नापि बुद्ध्यादि किञ्चन । आत्मैव केवलानन्दमात्रस्तिष्ठति निर्द्वयः ॥६६१॥

हि नात्र सुषुप्तिकाले **कश्चिद्विषयो नापि बुद्ध्यादि किञ्चन** भवति **केवलानन्दमात्रो निर्द्वयोऽ**द्वितीय **आत्मैव तिष्ठति** विद्यमानो भवतीति।

यहाँ निश्चित ही कोई विषय तथा बुद्धि आदि कुछ भी नहीं होता है। मात्र आनन्द स्वरूप, अद्वितीय आत्मा ही विद्यमान होता है ॥६६१॥

यहाँ सुषुप्ति काल में निश्चित ही कोई विषय तथा बुद्धि आदि कुछ भी नहीं होता है। केवल आनन्द स्वरूप मात्र, अद्वितीय आत्मा ही विद्यमान होता है।

प्रत्यभिज्ञायते सर्वैरेष सुप्तोत्थितैर्जनैः । सुखमात्रतया नात्र संशयं कर्तुमर्हसि ॥६६२॥

त्वयापि प्रत्यभिज्ञातं सुखमात्रत्वमात्मनः । सुषुप्तादुत्थितवता सुखमस्वाप्समित्यनु ॥६६३॥

एष आत्मा सर्वैः सुप्तोत्थितैः पूर्वं सुप्त्वा पश्चादुत्थितै**र्जनैः सुखमात्रतया प्रत्यभिज्ञायतेऽत्र संशयं कर्तुं नार्हसि।** *"सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषम्"* इति। **सुषुप्तादुत्थितवता त्वयाऽपि सुखमस्वाप्समित्यात्मनः** सुखमात्रत्व**मनु प्रत्यभिज्ञातमि**ति। प्रत्यभिज्ञाविषय आदावेव (श्लोकौ ६०५, ६०६) विस्तरेण प्रतिपादितमिति।

सुषुप्ति से उठे हुए सभी जनों के द्वारा यह आत्मा सुख रूप से ही जाना जाता है - इस विषय में कुछ भी सन्देह नहीं है ॥६६२॥

सुषुप्ति अवस्था से उठने के पश्चात् तुम्हारे द्वारा भी 'मैं सुख से सोया' इस प्रकार आत्मा का केवल सुख रूप होना जान लिया गया है ॥६६३॥

पहले सोकर, पश्चात् उठे हुए सभी जनों के द्वारा यह आत्मा सुख रूप से ही जाना जाता है - इस विषय में कुछ भी सन्देह नहीं है। 'मैं सुख से सोया; मुझे कुछ पता नहीं था'। सुषुप्ति अवस्था से उठने के पश्चात् तुम्हारे द्वारा भी 'मैं सुख से सोया' इस प्रकार आत्मा का सुख मात्रत्व जान लिया गया है। प्रत्यभिज्ञा के विषय को प्रारम्भ में विस्तार से बताया गया है (श्लोक ६०५, ६०६ में)।

दुःखाभावः सुखमिति यदुक्तं पूर्ववादिना । अनाघ्रातोपनिषदा तदसारं मृषा वचः ॥६६४॥

दुःखाभावस्तु लोष्टादौ विद्यते नानुभूयते । सुखलेशोऽपि सर्वेषां प्रत्यक्षं तदिदं खलु ॥६६५॥

अनाघ्रातोपनिषदाऽऽघ्राता गन्धोपादानकृतेषदधीतोपनिषद् येन स आघ्रातोपनिषन्नाऽऽघ्रातोपनिषद् अनाघ्रातोपनिषत्तेनाऽनाघ्रातोपनिषदा **पूर्ववादिना** तार्किकेण **दुःखाभावो** दुःखानामभाव एव **सुखमिति यदुक्तं तद्वचोऽसारं मृषा** युक्तिहीनत्वात्। **दुःखाभावो लोष्टादौ** जडपदार्थेषु **विद्यते तु** परन्तु तेषां **सुखलेशोऽपि नानुभूयते तदिदं सर्वेषां खलु प्रत्यक्षम्**। दुःखप्रत्ययशून्यत्वादानन्दमयताऽऽत्मनि कल्पिता मता (श्लोकः - ५६३) तन्निराकृतमिति।

उपनिषद् की गन्ध भी न पाने वाले पूर्वपक्षी के द्वारा जो कहा गया है कि 'दुःख का अभाव ही सुख है', वे अर्थरहित, मिथ्या वचन हैं ॥६६४॥

पत्थर आदि में दुःख का अभाव होता है, परन्तु वहाँ सुख लेश का भी अनुभव नहीं होता - निश्चित ही यह सभी जानते हैं ॥६६५॥

उपनिषद् की गन्ध भी न पाने वाले अर्थात् जिनके द्वारा उपनिषद् का अध्ययन नहीं किया गया है, तार्किक के द्वारा 'दुःखों का अभाव ही सुख है' - ऐसा कहा गया है वे वचन युक्तिहीन होने के कारण मिथ्या हैं। जड़ पदार्थों में दुःख का अभाव होता है, परन्तु उनका सुख लेश भी अनुभव नहीं होता - निश्चित ही यह सभी को प्रत्यक्ष है। दुःख प्रत्यय न होने से आत्मा में आनन्द स्वरूपता की कल्पना मानी जाती है (श्लोक ५६३) - इसका निरास करते हैं।

सदयं ह्येष एवेति प्रस्तुत्य वदति श्रुतिः । सद्घनोऽयं चिद्घनोऽयमानन्दघन इत्यपि ॥६६६॥

आनन्दघनतामस्य स्वरूपं प्रत्यगात्मनः । धन्यैर्महात्मभिर्धीरैर्ब्रह्मविद्भिः सदुत्तमैः ॥६६७॥

अपरोक्षतयैवात्मा समाधावनुभूयते । केवलानन्दमात्रत्वेनैवमत्र न संशयः ॥६६८॥

अयमात्मा सद्धि यस्मा**देष एवेति प्रस्तुत्य श्रुतिः** सामवेदीयछान्दोग्यश्रुति**र्वदति**। *"स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्वमसि श्वेतकेतो इति"*। यो जीवः स सदाख्य एषोऽणिमाऽणुभावो जगतो मूलमेष आत्मा तत्सर्वमेतदात्म तस्य भाव ऐतदात्म्यम्। एतेन सदा स्वेनात्मनाऽऽत्मवत्सर्वमिदं जगत्। अयं **सद्घनोऽयं चिद्घनोऽयमानन्दघनोऽस्तीत्यपि** श्रुति**रस्य प्रत्यगात्मन आनन्दघनतां स्वरूपं** वदति। *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म.....तस्माद्वा एतस्मादात्मान आकाशस्सम्भूतः"*। *"इदं सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"*। इत्यादि श्रुतयः सर्वस्य जगतस्तथाऽऽत्मनश्चैतन्यरूपं वदति। तथाऽऽत्मन आनन्दघनतां *"यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखम्"*, *"यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा"*, *"आत्मैवाधस्तादात्मोपरिष्टादात्मा पश्चादात्मा पुरस्तादात्मा दक्षिणत आत्मोत्तरत आत्मैवेदं सर्वमिति"*। तस्मादात्माऽऽनन्दघनो **धन्यैर्धीरैः** पण्डितैः **सदुत्तमैः** साधुश्रेष्ठैरनन्तपुण्यकीर्तिभि**र्ब्रह्मविद्भिर्महात्मभिः**

समाधावाऽऽत्माऽपरोक्षतया केवलानन्दमात्रत्वेनैवानुभूयतेऽत्र नास्ति **संशय** इति। समाधिशब्देन समाहितावस्थायां यदाऽऽत्मसत्यानुबोधेनामनीभावः सिध्यति तदा बिम्बानन्द आत्मत्वेन ज्ञातो भवतीत्यर्थः।

यह सत् ही है, क्योंकि सब कुछ इसी से प्रारम्भ होता है - ऐसा श्रुति कहती है। यह सत् स्वरूप, ज्ञान स्वरूप, आनन्द स्वरूप है। इस प्रकार आनन्दरूपता को इस प्रत्यक् आत्मा का स्वरूप कहा है। धन्य, धीर, ब्रह्म के ज्ञाता, साधुओं में श्रेष्ठ महात्माओं के द्वारा समाधि में अपरोक्ष रूप से केवल आनन्द स्वरूप से ही आत्मा का अनुभव किया जाता है - इस विषय में सन्देह नहीं है ॥६६६, ६६७, ६६८॥

यह आत्मा सत् ही है, क्योंकि सब कुछ इसी से प्रारम्भ होता है - सामवेद की छान्दोग्य श्रुति ऐसा कहती है। 'एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७)। वह जीव जो सत् कहा जाता है, वह अणिमा अणु भाव जगत् का मूल है, यही आत्मा है, वही सब कुछ है। 'यही आत्मा है' - उसका भाव अर्थात् होना ऐतदात्म्यम् है। इस प्रकार यह सम्पूर्ण जगत् सदा स्वयं के स्वरूप के समान है। यह सत् स्वरूप, ज्ञान स्वरूप, आनन्द स्वरूप है। इस प्रकार श्रुति आनन्द रूपता को इस प्रत्यक् आत्मा का स्वरूप कहती है। 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान तथा अनन्त है' जो पुरुष उसे बुद्धि रूप परम आकाश में निहित जानता है, वह सर्वज्ञ ब्रह्म रूप से एक साथ ही सम्पूर्ण भोगों को प्राप्त कर लेता है। उस इस आत्मा से ही आकाश उत्पन्न हुआ' (तै० उ० २।१), 'यह जो कुछ है, उसने इस सबकी रचना की। इसे रचकर वह इसी में अनुप्रविष्ट हो गया' (तै० उ० २।६) इत्यादि श्रुतियाँ सर्व जगत् तथा आत्मा को चैतन्य रूप कहती हैं। उसी प्रकार आत्मा का आनन्द स्वरूप 'निश्चय जो भूमा है वही सुख है, अल्प में सुख नहीं है। सुख भूमा ही है' (छा० उ० ७।२३।१), 'जहाँ कुछ और नहीं देखता, कुछ और नहीं सुनता तथा कुछ और नहीं जानता - वह भूमा है' (छा० उ० ७।२४।१), 'आत्मा ही नीचे है, आत्मा ही ऊपर है, आत्मा ही पीछे है, आत्मा ही आगे है, आत्मा ही दायीं ओर है, आत्मा ही बायीं ओर है और आत्मा ही यह सब है' (छा० उ० ७।२५।२)। इसीलिए आनन्द स्वरूप आत्मा पण्डितों, साधुओं में श्रेष्ठ अनन्त पुण्य कीर्ति, ब्रह्म के ज्ञाता महात्माओं के द्वारा समाधि में अपरोक्ष रूप से केवल आनन्द स्वरूप से ही अनुभव किया जाता है - इस विषय में सन्देह नहीं है। 'समाधि' शब्द से समाहित अवस्था में, जब व्यक्ति आत्म ज्ञान को सत्य मानकर अमनी भाव अवस्था प्राप्त कर लेता है, तब बिम्ब आनन्द आत्म रूप से जाना जाता है - ऐसा अर्थ है।

स्वस्वोपाध्यनुरूपेण ब्रह्माद्याः सर्वजन्तवः । उपजीवन्त्यमुष्यैव मात्रामानन्दलक्षणाम् ॥६६९॥

ब्रह्माद्याः सर्वजन्तवः सर्वे प्राणिनः **स्वस्वोपाध्यनुरूपेणाऽमुष्याऽऽत्मन एवाऽऽनन्दलक्षणामानन्दो** लक्षणं यस्याः साऽऽनन्दलक्षणा तां **मात्रामुपजीवन्ति**। *"एषोऽस्य परम आनन्द एतस्यैवाऽऽनन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति"* इति याज्ञवल्क्यजनकसंवादे निरूपितम्।

ब्रह्मा आदि सभी प्राणी अपनी-अपनी उपाधि के अनुसार इस आत्म आनन्द के कणमात्र पर जीवित रहते हैं ॥६६९॥

ब्रह्मा आदि सभी प्राणी अपनी-अपनी उपाधि के अनुसार आनन्द लक्षण वाले इस आत्म आनन्द के कण मात्र पर जीवित रहते हैं। 'इस आनन्द की मात्रा के आश्रित ही अन्य प्राणी जीवन धारण करते हैं' (बृ० उ० ४।३।३२) याज्ञवल्क्य-जनक संवाद में यह निरूपित किया गया है।

आस्वाद्यते यो भक्ष्येषु सुखकृन्मधुरो रसः । स गुडस्यैव नो तेषां माधुर्यं विद्यते क्वचित् ॥६७०॥

तद्वद्विषयसान्निध्यादानन्दो यः प्रतीयते । बिम्बानन्दांशविस्फूर्तिरेवासौ न जडात्मनाम् ॥६७१॥

भक्ष्येषु यः सुखकृन्मधुरो रस आस्वाद्यते स गुडस्यैव भवति। **तेषां** पदार्थानां स्वतो **नो क्वचिन्माधुर्यं विद्यते**। **तद्वद्विषयसान्निध्याद्विषयस्य** सान्निध्यात्सामीप्याद्य **आनन्दः प्रतीयते**ऽसौ **बिम्बानन्दांशविस्फूर्तिर्बि**म्बानन्दस्यांशस्तस्य

विस्फूर्तिरभिव्यक्तिरेवाऽऽत्मानन्द **एवासौ न जडात्मनां** तेषामानन्दराहित्यात्। यत्र कुत्रचिदपि य आनन्दोऽवभासते स आत्मन एव आनन्द इति।

खाने के पदार्थों में जो सुख दायक, मधुरता का रस आस्वादित किया जाता है, वह केवल गुड का ही होता है, उन पदार्थों में कोई माधुर्य होता ही नहीं ॥६७०॥

उसी प्रकार वस्तुओं के सान्निध्य से जो आनन्द की अनुभूति होती है, यह आनन्द केवल बिम्ब आनन्द के एक अंश की अभिव्यक्ति है, जड पदार्थों का नहीं है ॥६७१॥

खाने के पदार्थों में जो सुख दायक, मधुरता का रस आस्वादित किया जाता है, वह केवल गुड का ही होता है। उन पदार्थों का अपने आप में कोई माधुर्य नहीं होता। उसी प्रकार विषय के सान्निध्य, सामीप्य से जो आनन्द की प्रतीति होती है, यह आनन्द केवल बिम्ब आनन्द के एक अंश की अभिव्यक्ति है, आत्म आनन्द ही है। जड पदार्थों का नहीं है क्योंकि वे आनन्द से रहित हैं। जहाँ कहीं थोडा-सा भी आनन्द प्रकट होता है, वह आत्मा का ही आनन्द है।

यस्य कस्यापि योगेन यत्र कुत्रापि दृश्यते । आनन्दः स परस्यैव ब्रह्मणः स्फूर्तिलक्षणः ॥६७२॥

यत्र कुत्राप्यनात्मनि यस्य कस्यापि योगेन देहेन्द्रियमनोबुद्धीनां शब्दादीनां चतुर्दशभुवनसंयोगेन ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तानां सम्बन्धेनाऽऽ**नन्दो दृश्यते स परस्य ब्रह्मणः** प्रत्यक्चैतन्याभिन्नभूम्न **एव स्फूर्तिलक्षणः** स्फूर्तिरभिव्यक्तिर्लक्षणं यस्य सोऽस्तीति। स्वतस्त्वनात्मनि सुखस्य गन्धमात्रमपि नास्तीति भावः।

जहाँ कहीं भी, जिस किसी के संयोग से आनन्द देखा जाता है, वह परम ब्रह्म का ही स्फुरण रूप है ॥६७२॥

जहाँ कहीं भी अनात्मा में, जिस किसी देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, शब्द आदि, चौदह लोकों के संयोग से, ब्रह्मा आदि से लेकर स्तम्ब पर्यन्त के सम्बन्ध से जो आनन्द देखा जाता है, वह प्रत्यक् चैतन्य अभिन्न अभिव्यक्ति लक्षण वाले भूमा की ही स्फूर्ति है। अपने आप से अनात्मा में सुख की गन्ध मात्र भी नहीं है - ऐसा भाव है।

यथा कुवलयोल्लासश्चन्द्रस्यैव प्रसादतः । तथानन्दोदयोऽप्येषां स्फुरणादेव वस्तुनः ॥६७३॥

यथा कुवलयोल्लासः कुवलयमुत्पलं तस्योल्लास आह्लाद**श्चन्द्रस्यैव प्रसादतो**ऽनुग्रहाद्भवति **तथाप्यैषाम**नात्मनां युष्मत्प्रत्ययगोचराणा**मानन्दोदय** आनन्दस्योदयो **वस्तुन** आत्मनः परस्य **स्फुरणादेव** भवतीत्यर्थः।

अत्राऽऽनन्दमीमांसा सङ्ग्रहरूपेण प्रदर्श्यते।

जैसे कमल का उल्लास केवल चन्द्रमा की कृपा से होता है, वैसे ही इन सबके आनन्द का उदय वस्तु के स्फुरण से ही होता है ॥६७३॥

जैसे कमल का उल्लास, आह्लाद चन्द्रमा के अनुग्रह से होता है; वैसे ही अनात्मा (जो 'युष्मत्' रूप से जाना जाता है) के आनन्द का उदय पर आत्मा के स्फुरण से ही होता है - ऐसा अर्थ है।

यहाँ आनन्द की मीमांसा संक्षिप्त रूप से बताते हैं। (कोष्ठक १८ में)

(कोष्ठकः १८) बिम्बप्रतिबिम्बानन्दभेदः	
बिम्बानन्दः	**प्रतिबिम्बानन्दः**
आत्मानन्दः	आनन्दमयकोशानन्दः
निरुपाधिकः	सोपाधिकः
नित्यः/अक्षयिष्णुः	अनित्यः/क्षयिष्णुः
निरतिशयः	सातिशयः
ब्रह्मज्ञानगम्यः	कर्मोपासना-साध्यः
अद्वितीयः	सद्वितीयः
आनन्दलक्ष्यार्थः	आनन्दवाच्यार्थः

एतदपि श्रुत्या कण्ठरवेणोद्घोषितमानन्दमयकोशस्य वर्णनं कृत्वाऽऽत्मन आनन्दत्वं तथा ब्रह्मणः सर्वाधिष्ठानत्वमिति। *"तस्य प्रियमेव शिरः। मोदो दक्षिणः पक्षः। प्रमोद उत्तरः पक्षः। आनन्द आत्मा ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा"* इति श्रुतिः। तत्र तारतम्यमानन्दमयकोशेषु न त्वात्मनि। यत्पूर्वं सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म प्रतिपादितं तदेव प्रतिष्ठाशब्देनोपसंहृतम्। आनन्दमयाधिकरणे वृत्तिकारमतखण्डनद्वाराऽऽनन्द आत्मनः स्वरूपं न तु कोशस्येति भाष्यकारेण सूत्रकारनिर्धारितं मतं स्पष्टतया प्रस्थापितमिति।

इस प्रकार श्रुति के द्वारा बार-बार उच्च कण्ठ से आनन्दमय कोश का वर्णन करने के बाद आत्मा का आनन्द स्वरूप तथा ब्रह्म का सर्व अधिष्ठानत्व घोषित किया गया है। 'उसका प्रिय ही सिर है, मोद दक्षिण पक्ष है, प्रमोद उत्तर पक्ष है, आनन्द आत्मा है तथा ब्रह्म पुच्छ प्रतिष्ठा है' (तै० उ० २।५) श्रुति से सिद्ध होता है। वहाँ तारतम्य आनन्दमय कोश में है, आत्मा में नहीं। जो पूर्व में सत्य, ज्ञान, अनन्त ब्रह्म प्रतिपादित किया गया है, उसका ही 'प्रतिष्ठा' शब्द से उपसंहार करते हैं। आनन्दमय अधिकरण[५१] में वृत्तिकार[५२] के मत का खण्डन करते हुए भाष्यकार द्वारा सूत्रकार निर्धारित मत को स्पष्टकर प्रस्थापित किया है कि आनन्द आत्मा का स्वरूप है, कोश का नहीं।

आत्मनोऽद्वितीयत्वम्

ननु प्रत्यगात्मनो सच्चिदानन्दरूपे विज्ञातेऽपि जीवजगदीश्वररूपाः भेदाः प्रवर्तन्त एव। सर्वैरेते पञ्चभेदाः स्वीकर्तव्या येऽत्र निरूपिताः।

१. जीवानां परस्परभेदः
२. जीव-जगद्भेदः
३. जीव-ईश्वरभेदः
४. जगत्-जगद्भेदः (जडानां परस्परभेदः)

---

[५१] *ब्रह्मसूत्र के प्रथमपाद का छठा अधिकरण*

[५२] *श्री बोधायन आचार्य जिन्होंने ब्रह्मसूत्र पर 'वृत्ति' नामक भाष्य लिखा था*

५. जगत्-ईश्वरभेदः

बाढम्। यदि मूलाज्ञानं पारमार्थिकमस्ति चेद्भेदानामपि सत्यत्वं सिध्यति। न तु तदस्ति। यन्मूलाज्ञानकार्यं भेदप्रवर्तकं च तत्सर्वमपि मृषैवेति प्रतिपादनार्थमुत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते।

किन्तु प्रत्यक् आत्मा के सच्चिदानन्द रूप को जानने पर भी जीव-जगत्-ईश्वर में भेद बने ही रहते हैं। यहाँ वर्णित इन पाँच भेदों को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

१. जीवों में परस्पर भेद

२. जीव-जगत् भेद

३. जीव-ईश्वर भेद

४. जगत्-जगत् भेद (जड पदार्थों में परस्पर भेद)

५. जगत्-ईश्वर भेद

सत्य। यदि मूलाज्ञान पारमार्थिक होता तो इन भेदो में भी सत्यता सिद्ध होती, किन्तु ऐसा नहीं है। जो मूलाज्ञान तथा भेद कराने वाले सभी कार्य हैं, वे सब मिथ्या ही हैं - उसके प्रतिपादन के लिए उत्तर ग्रन्थ आरम्भ किया जाता है।

सत्त्वं चित्त्वं तथानन्दः स्वरूपं परमात्मनः । निर्गुणस्य गुणायोगाद्गुणास्तु न भवन्ति ते ॥६७४॥

परमात्मनः सत्त्वं चित्त्वं तथाऽऽनन्दः स्वरूपं तु किन्तु **निर्गुणस्या**ऽऽत्मनो **गुणायोगात्त** आत्मनो **गुणा न भवन्ती**ति।

सत्त्व, चित्त्व तथा आनन्द परमात्मा का स्वरूप है। निर्गुण में गुण नहीं हो सकते, इसीलिए वे उसके गुण नहीं हैं ॥६७४॥

सत्त्व, चित्त्व तथा आनन्द परमात्मा का स्वरूप है, किन्तु निर्गुण आत्मा में गुण नहीं हो सकते, इसीलिए वे आत्मा के गुण नहीं हैं।

विशेषणं तु व्यावृत्त्यै भवेद्द्रव्यान्तरे सति । परमात्माद्वितीयोऽयं प्रपञ्चस्य मृषात्वतः ॥६७५॥

वस्त्वन्तरस्याभावेन न व्यावृत्त्यः कदाचन । केवलो निर्गुणश्चेति निर्गुणत्वं निरुच्यते ॥६७६॥

सत्त्वं चित्त्वमानन्दत्वमेतानि लक्षणान्येवाऽऽत्मनो न तु विशेषणानि। समानजातीयेभ्य एव निवर्तकानि विशेषणानि विशेष्यस्य, लक्षणन्तु सर्वत एव निवर्तकमिति विशेषः।

द्रव्यान्तरे सति विशेषणं व्यावृत्त्यै निवृत्त्यर्थं **भवेत्तु** किन्तु **प्रपञ्चस्य मृषात्वतोऽयं परमात्माऽद्वितीयः**। अयमर्थः - यदि द्रव्यान्तरं स्यात्तर्हि विशेषणमन्यस्य सजातीयाऽऽत्मनो व्यावृत्त्यर्थं युक्तं भवेत्किन्तु **वस्त्वन्तरस्या**ऽऽत्मभिन्नवस्तुनो**ऽभावेन कदाचन न व्यावृत्त्यो** निषेधयोग्यः। तस्मादात्मनो लक्षणान्येव न तु विशेषणानि न वा गुणाः। **केवलो निर्गुणश्चेति** श्रुत्याऽपि तस्याऽऽत्मनो **निर्गुणत्वं निरुच्यते** कथ्यते *"एको देवः....केवलो निर्गुणश्च"* इति श्रुतिः।

विशेषण द्रव्यों में व्यावृत्ति के लिए अपेक्षित होता है, किन्तु प्रपञ्च के मृषा होने से यह परमात्मा अद्वितीय है ॥६७५॥

किसी अन्य वस्तु के अभाव के कारण व्यावृत्ति के लिए कुछ भी नहीं है। 'वह केवल एक तथा निर्गुण है' इससे उसका निर्गुणत्व निर्धारित होता है ॥६७६॥

सत्त्व, चित्त्व तथा आनन्द - ये आत्मा के लक्षण हैं, विशेषण नहीं हैं। विशेषण समान प्रजाति वाले विशेष्य के लिए निवर्तक होते हैं, जबकि लक्षण सब जगह निवर्तक होता है - यही अन्तर है।

विशेषण द्रव्यों में व्यावृत्ति यानि निवृत्ति के लिए अपेक्षित होता है, किन्तु प्रपञ्च के मृषा होने से यह परमात्मा अद्वितीय है। यह अर्थ है - यदि कोई अन्य द्रव्य होता तो विशेषण अन्य सजातीय आत्मा की व्यावृत्ति के लिए युक्त होता किन्तु आत्मा से भिन्न किसी अन्य वस्तु के अभाव के कारण निषेध के योग्य कुछ भी नहीं है। इसीलिए वे आत्मा के लक्षण हैं, विशेषण अथवा गुण नहीं हैं। 'केवलो निर्गुणश्च' श्रुति से भी उस आत्मा का निर्गुणत्व निर्धारित होता है। श्रुति कहती है 'समस्त प्राणियों में स्थित एक देव है; वह सर्वव्यापक, समस्त भूतों का अन्तरात्मा, कर्मों का अधिष्ठाता, समस्त प्राणियों में बसा हुआ, सबका साक्षी, सबको चेतनत्व प्रदान करने वाला, केवल एक तथा निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११)।

श्रुत्यैव न ततस्तेषां गुणत्वमुपपद्यते । उष्णत्वं च प्रकाशश्च यथा वह्नेस्तथात्मनः ॥६७७॥

सत्त्वचित्त्वानन्दतादि स्वरूपमिति निश्चितम् । अत एव सजातीयविजातीयादिलक्षणः ॥६७८॥

भेदो न विद्यते वस्तुन्यद्वितीये परात्मनि । प्रपञ्चस्यापवादेन विजातीयकृता भिदा ॥६७९॥

नेष्यते तत्प्रकारं ते वक्ष्यामि श्रृणु सादरम् ।

यस्मादात्मा **श्रुत्यैव** निर्गुणः प्रतिपादित**स्ततस्तेषां** सत्त्वचित्त्वाऽऽनन्दतानां **गुणत्वं नोपपद्यते** न सिद्ध्यति **यथा वह्नेरुष्णत्वञ्च प्रकाशश्च तथा सत्त्वचित्त्वाऽऽनन्दतादि** सत्त्वञ्च चित्त्वञ्चानन्दता च सत्त्वचित्त्वाऽऽनन्दता आदयो यस्य तत्सत्त्वचित्त्वाऽऽनन्दतादय **आत्मनः स्वरूपमिति निश्चितम्**। आदिपदेन कूटस्थताऽसङ्गता निष्क्रियता च विज्ञेया। **अत एवाऽद्वितीये परात्मनि** प्रत्यगात्मनि परब्रह्मणि **वस्तुनि सजातीयविजातीयादिलक्षणः** सजातीयश्च विजातीयश्च सजातीयविजातीयौ आदिपदेन स्वगतः। सजातीयविजातीयावादी येषां ते सजातीयविजातीयादयस्ते लक्षणानि यस्य स सजातीयविजातीयादिलक्षणो **भेदो न विद्यते**। *"नेह नानास्ति किञ्चन", "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्", "तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि"* इत्यादिना सर्वे भेदा निराकृतास्तथाहि भेददर्शनस्य निन्दापि श्रूयते *"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति"* इति।

प्रपञ्चस्यापवादेन निराकरणेन मिथ्यात्वदर्शनेन **विजातीयकृता** विजातीयेन पदार्थेन कृता **भिदा नेष्यते** न स्वीक्रियते **तत्प्रकारं ते** तुभ्यं **वक्ष्यामि। सादरं श्रृणु।**

इसीलिए, केवल श्रुति के आधार पर ही उनके गुण होना सम्भव नहीं है। जैसे अग्नि का उष्णत्व और प्रकाश; वैसे ही सत्त्व, चित्त्व और आनन्दत्व आदि आत्मा का स्वरूप हैं यह निश्चित है। अतः अद्वितीय, परमात्म वस्तु में सजातीय, विजातीय आदि रूप भेद नहीं हैं प्रपञ्च के निषेध से, जो विजातीय है उसके द्वारा उत्पन्न भेद इष्ट नहीं है। तुम्हें उसका प्रकार कहूँगा, सादर श्रवण करो ॥६७७, ६७८, ६७९॥

श्रुति के द्वारा आत्मा निर्गुण प्रतिपादित किया गया है; इसीलिए सत्, चित् और आनन्द [आत्मा के] गुण सिद्ध नहीं होते हैं। जैसे अग्नि का उष्णत्व और प्रकाश; वैसे ही सत्त्व, चित्त्व और आनन्दत्व आदि आत्मा का स्वरूप हैं यह निश्चित है। 'आदि' पद से कूटस्थता, असङ्गता तथा निष्क्रियता का भाव समझना चाहिए। अतः प्रत्यक् आत्मा, परब्रह्म वस्तु में सजातीय, विजातीय आदि रूप - 'आदि' पद से स्वगत भेद नहीं हैं। 'इस ब्रह्म तत्त्व में नाना कुछ भी नहीं है' (क० उ० २।१।११), 'हे सोम्य! आरम्भ में यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था' (छा० उ० ६।२।१), 'वह सत्य है, वह आत्मा है और वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७) इत्यादि से सभी भेदों का निरास कर दिया जाता है तथा 'जो मनुष्य इस तत्त्व में नानात्व देखता है, वह मृत्यु से मृत्यु को अर्थात् जन्म-मरण को प्राप्त होता है' (क० उ० २।१।१०)

भेद दर्शन की निन्दा भी सुनी जाती है।

प्रपञ्च के निराकरण, मिथ्यात्व दर्शन से विजातीय पदार्थ के द्वारा उत्पन्न भेद स्वीकार नहीं किया गया है। तुम्हें उसका प्रकार कहूँगा, सादर श्रवण करो।

अपवादः

अहेर्गुणविवर्तस्य गुणमात्रस्य वस्तुतः ॥६८०॥

विवर्तस्यास्य जगतः सन्मात्रत्वेन दर्शनम् । अपवाद इति प्राहुरद्वैतब्रह्मदर्शिनः ॥६८१॥

यथा **गुणविवर्तस्य** गुणस्य रज्जोर्विवर्त**स्याहेर्वस्तुतो गुणमात्रस्य** रज्जुमात्रस्य दर्शनं भवति। **अस्य विवर्तस्य जगतः सन्मात्रत्वेन** ब्रह्ममात्रत्वेन **दर्शनमद्वैतब्रह्मदर्शिनोऽ**द्वैतञ्च तद्ब्रह्म चाद्वैतब्रह्म तद्द्रष्टुं शीलं स्वात्मतया येषां तेऽद्वैतब्रह्मदर्शिनो**ऽपवादो** बाधो निषेध **इति प्राहुः**। *"द्विधेतं द्वीतमित्याहुस्तद्भावो द्वैतमुच्यते। तन्निषेधेन चाद्वैतं प्रत्यग्वस्त्वभिधीयते॥"* (बृ. वा. ४.३.१८०७) इति। न विद्यते द्वैतं द्विधाभावो यत्र तदद्वैतमात्मेति श्लोकार्थः।

"अतात्विकोऽन्यथाभावो विवर्तः समुदीरितः" इति ब्रह्मणोऽन्यथाभावो विकारं विना तद्विवर्तः।

अवस्तुभूतस्य वस्त्वात्मनोपदेशोऽपवाद इत्यर्थः। अस्मिन्प्रकरणेऽवस्तुनोऽज्ञानादेः प्रपञ्चस्य निषेधेन वस्तुमात्रत्वमपवाद इति।

जैसे रज्जु के विवर्त सर्प का वस्तुतः रज्जु मात्र का दर्शन है, वैसे ही इस विवर्त जगत् को सत् मात्र स्वरूप देखने को अद्वैत ब्रह्मदर्शी 'अपवाद' कहते हैं ॥६८०, ६८१॥

जैसे रज्जु के विवर्त सर्प का वस्तुतः रज्जु मात्र का दर्शन होता है, वैसे ही इस विवर्त जगत् को ब्रह्म मात्र स्वरूप देखने को अद्वैत ब्रह्मदर्शी (जिनका स्वभाव अद्वैत ब्रह्म को स्वात्म रूप से देखना है) 'अपवाद, बाध, निषेध' कहते हैं। 'जब एक वस्तु का दो रूपों में भान होता है, उसे 'द्वीत' कहा जाता है, अतः उसके स्वरूप को 'द्वैत' कहा जाता है। उसका निषेध कर प्रत्यक् वस्तु को 'अद्वैत' कहा जाता है' (बृ० वा० ४।३।१८०७)। जहाँ द्वैत, द्वित्व का अभाव है वह अद्वैत आत्मा है - ऐसा श्लोक का अर्थ है।

'वास्तविक स्वरूप को त्यागे बिना ही, तत्त्व का अन्यथा रूप में भासमान होना विवर्त कहलाता है'। ब्रह्म में किसी विकार के बिना, उसे अन्यथा मानना - विवर्त है।

जो कुछ भी वास्तविक नहीं है, उसमें वास्तविकता अस्तित्व है: यह उपदेश ही 'अपवाद' है - ऐसा अर्थ है। इस प्रकरण में अवस्तु अर्थात् अज्ञान आदि प्रपञ्च के निषेध से वस्तु मात्र रह जाता है - यही अपवाद है।

कार्यस्य कारणात्पृथगस्तित्त्वाभावदर्शनमेवापवादस्तल्लयक्रियया प्रदर्श्यते सप्तदशभिः श्लोकैः। व्युत्क्रमेणेति।

कारण से भिन्न कार्य के अस्तित्व के अभाव को देखना अपवाद है; इसे सत्रह श्लोकों में लय प्रक्रिया के द्वारा दर्शाया गया है 'व्युत्क्रमेण' इत्यादि से -

व्युत्क्रमेण तदुत्पत्तेर्द्रष्टव्यं सूक्ष्मबुद्धिभिः । प्रतीतस्यास्य जगतः सन्मात्रत्वं सुयुक्तिभिः ॥६८२॥

सूक्ष्मबुद्धिभिस्तत्त्वचिन्तकैः प्रमाणकुशलै**स्तदुत्पत्तेस्त**स्य जगत उत्पत्ते**र्व्युत्क्रमेण** व्यतिक्रमेण क्रमविपर्ययेण **प्रतीतस्यास्य जगतः सन्मात्रत्वं सुयुक्तिभिर्द्रष्टव्यम्**। यथा घटो मृत्स्वरूपस्तत्कार्यत्वात्तथा पृथिवी जलमात्रं जलं तेजोमात्रमिति। *"विपर्ययेण तु क्रमोऽत उपपद्यते च"* इति न्यायात्। उत्पत्तिक्रमाद्विपर्ययेण तु प्रलयक्रमो भवितुमर्हति यथा येन क्रमेण सोपानमारुढस्ततो

विपरीतेन क्रमेणाऽवरोहतीति। तस्माद्यत्पृथिव्यद्भ्यो जाता सन्ती स्थितिकालव्यतिक्रान्तावपोऽपीयादापश्च तेजसो जाताः सन्त्यस्तेजोऽपीयुः। एवं क्रमेण सूक्ष्मं सूक्ष्मतरं च सर्वं कार्यजातं परमकारणं परमसूक्ष्मं च ब्रह्माप्येतीति भावः। तथा च स्मृतिः *"जगत्प्रतिष्ठा देवर्षे ! पृथिव्यप्सु प्रलीयते। ज्योतिष्यापः प्रलीयन्ते ज्योतिर्वायौ प्रलीयते। वायुः प्रलीयते व्योम्नि तच्चाव्यक्ते प्रलीयते। अव्यक्तं पुरुषे ब्रह्मन् ! निष्कले संप्रलीयते"* इति। (वि. पु. ६.४.११.३५)

सूक्ष्म बुद्धि वालों को, उस जगत् की उत्पत्ति के विपरीत क्रम से, उचित युक्तियों द्वारा इस प्रतीयमान जगत् को केवल अस्तित्व के रूप में देखना चाहिए ॥६८२॥

तत्त्व चिन्तक, प्रमाण कुशलों को, उस जगत् की उत्पत्ति के विपरीत क्रम से, उचित युक्तियों द्वारा इस प्रतीयमान जगत् को केवल अस्तित्व के रूप में देखना चाहिए। जैसे घट मृत्स्वरूप है उसका कार्य होने से, वैसे ही पृथिवी जल मात्र, जल तेज मात्र है। 'किन्तु इस उत्पत्ति क्रम से प्रलय का क्रम विपरीत होता है - ऐसा होना ही युक्ति संगत है तथा [स्मृति में भी ऐसा ही वर्णन है]' (ब्र० सू० २।३।१४) न्याय से प्रमाणित होता है। किन्तु प्रलय क्रम तो उत्पत्ति क्रम से विपरीत होना चाहिए जैसे जिस क्रम से सीढ़ियाँ चढ़ते हैं, उसके विपरीत क्रम से उतरते हैं। इसीलिए जो पृथ्वी तथा जल से उत्पन्न होता है, वह अपना स्थिति काल पूरा होने के पश्चात् जल में विलीन हो जाता है; और जल, जो अग्नि से उत्पन्न होता है, अग्नि में विलीन हो जाता है। इस प्रकार क्रम से - सूक्ष्म तथा सूक्ष्मतर, जो भी सभी कार्य हैं वे अपने परम सूक्ष्म, परम कारण ब्रह्म में लीन हो जाते हैं - ऐसा भाव है। तथा स्मृति में भी यह बताया गया है 'हे देवर्षि! जगत् का आधार पृथ्वी जल में लीन हो जाती है, जल अग्नि में विलीन हो जाता है, अग्नि वायु में विलीन हो जाता है, वायु आकाश में विलीन हो जाता है और वह [आकाश] अव्यक्त में विलीन हो जाता है। हे ब्रह्मन्! अव्यक्त निष्कल पुरुष [परमात्मा] में विलीन हो जाता है' (वि० पु० ६।४।११।३५)।

चतुर्विधं स्थूलशरीरजातं तद्भोज्यमन्नादि तदाश्रयादि । ब्रह्माण्डमेतत्सकलं स्थविष्ठमीक्षेत पञ्चीकृतभूतमात्रम् ॥६८३॥

चतुर्विधं स्थूलशरीरजातं स्थूलाच्छरीराज्जातं जरायुजमाण्डजं स्वेदजमुद्भिजञ्च **तद्भोज्यमन्नादि** तेषां चतुर्विधशरीराणां भोज्यमन्नं **तदाश्रयादि** तेषां शरीराणां भोज्यानां चाश्रयाद्**येतत्सकलं** सर्वं **स्थविष्ठं** परमस्थूलं **ब्रह्माण्डं** चतुर्दशभुवनस्वरूपं **पञ्चीकृतभूतमात्रमीक्षेते**ति।

स्थूल शरीर से उत्पन्न होने वाले चार प्रकार के प्राणी, उनका भोज्य अन्न आदि तथा उनके आश्रय आदि - यह सब अत्यन्त स्थूल है। ब्रह्माण्ड को पञ्चीकृत भूतमात्र ही देखो ॥६८३॥

स्थूल शरीर से उत्पन्न होने वाले चार प्रकार के प्राणी - जरायुज, अण्डज, स्वेदज, उद्भिज; उन शरीरों का चार प्रकार का भोज्य अन्न; उन शरीर तथा भोज्य का आश्रय आदि - यह सब अत्यन्त स्थूल है। चौदह भुवन[५३] स्वरूप ब्रह्माण्ड को पञ्चीकृत भूतमात्र ही देखो।

यत्कार्यरूपेण यदीक्ष्यते तत्तन्मात्रमेवात्र विचार्यमाणे । मृत्कार्यभूतं कलशादि सम्यग्विचारितं सन्न मृदो विभिद्यते ॥६८४॥

यत्किञ्चिद्वस्तु यत्कार्यरूपेण यस्य कारणस्य कार्यं यत्कार्यं तेन रूपे**णेक्ष्यते** दृश्यतेऽत्रास्मिन् विषये **विचार्यमाणे** तद्वस्तु **तन्मात्रमेव** कारणमात्रं हि प्रतीयते यथा **मृत्कार्यभूतं** मृदो मृत्तिकायाः कार्यभूतं **कलशादि सम्यग्विचारितं सन्मृदो न विभिद्यत** इति। *"वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्"* इति श्रुतेः।

जो कुछ भी कार्य के रूप में देखा जाता है, विचार करने पर वह वास्तव में वही [कारण] होता है। मिट्टी का कार्य जैसे कि कलश आदि

---

[५३] *भू, भुव, सुव, मह, जन, तप, सत्य, अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल*

सम्यक् विचार करने पर मिट्टी से भिन्न नहीं जाना जाता है ॥६८४॥

जो भी वस्तु कार्य के रूप में देखी जाती है, इस विषय में उस वस्तु का विचार करने पर वह कारण मात्र ही प्रतीत होती है। जैसे मिट्टी का कार्य कलश आदि सम्यक् विचार करने पर मिट्टी से भिन्न नहीं जाना जाता है। 'विकार नाम मात्र वाणी करके कहा गया है, वास्तव में सब मृत्तिका ही है' (छा० उ० ६।१।४) इत्यादि श्रुति से प्रमाणित होता है।

अन्तर्बहिश्चापि मृदेव दृश्यते मृदो न भिन्नं कलशादि किञ्चन ।
ग्रीवादिमद्यत्कलशं तदित्थं न वाच्यमेतच्च मृदेव नान्यत् ॥६८५॥

कलशस्यान्तश्च **बहिश्चापि मृदेव दृश्यते कलशादि किञ्चन मृदो भिन्नं** नास्ति। **ग्रीवादिमत्**कम्बुग्रीवादिम**द्यत्कलशं च तदेतन्मृदेव न** किन्त्वन्य**दित्थं न वाच्यम**िति। उक्तं हि*"कार्ये हि कारणं पश्येत्पश्चात्कार्यं विसर्जयेत्। कारणत्वं ततो नश्येदवशिष्टं भवेन्मुनिः॥"*इति।

मृत्तिका से भिन्न कलश आदि कुछ नहीं हैं, अन्दर तथा बाहर भी मृत्तिका ही देखी जाती है। ग्रीवादिमान जो कलश है, वास्तव में वह मृत्तिका ही है, इसके अतिरिक्त कुछ और नहीं कहा जाना चाहिए ॥६८५॥

कलश के अन्दर तथा बाहर भी मृत्तिका ही देखी जाती है, कलश आदि मृत्तिका से भिन्न कुछ नहीं हैं। कम्बु ग्रीवादिमान जो कलश है, वास्तव में वह मृत्तिका ही है, इसके अतिरिक्त कुछ और नहीं कहा जाना चाहिए। कहा भी गया है 'पहले कार्य से कारण का निश्चय करें, पीछे कार्य का त्याग कर दें। कार्य का त्याग करने पर कारण ही शेष रह जाये, इसी प्रकार कार्य के वर्जित होने से मुनि स्वयं चिन्मय स्वरूप हो जाये' (अ० अनु० १३९)।

स्वरूपतस्तत्कलशादिनाम्ना मृदेव मूढैरभिधीयते ततः । नाम्नो हि भेदो न तु वस्तुभेदः प्रदृश्यते तत्र विचार्यमाणे ॥६८६॥

यत एवं **ततो मूढैः स्वरूपतो मृदेव तत्कलशादिनाम्ना** तस्याः कलशादि तत्कलशादि च तन्नाम च तत्कलशादिनाम तेनाऽ**भिधीयते तत्र** तस्मिन् विषये **विचार्यमाणे नाम्नो हि भेदो** भवति। **वस्तुभेदस्तु न प्रदृश्यत** इति।

इससे जो स्वरूप से मृत्तिका ही है, अज्ञानियों के द्वारा उसे कलश आदि नाम से बुलाया जाता है। परन्तु इस विषय में विचार किये जाने पर नाम का ही भेद है, वस्तु में भेद तो नहीं देखा जाता है ॥६८६॥

चूँकि ऐसा है, इसीलिए जो स्वरूप से मृत्तिका ही है अज्ञानियों के द्वारा उसे कलश आदि नाम से बुलाया जाता है। परन्तु उस विषय में विचार किये जाने पर नाम का ही भेद होता है, वस्तु में भेद तो नहीं देखा जाता है।

तस्माद्धि कार्यं न कदापि भिन्नं स्वकारणादस्ति यतस्ततोऽङ्ग। यद्भौतिकं सर्वमिदं तथैव तद्भूतमात्रं न ततोऽपि भिन्नम् ॥६८७॥

हे **अङ्ग** सोम्य **तस्मात्कार्यं यतः स्वकारणात्कदापि भिन्नं** पृथङ् **नास्ति हि ततो यद्भौतिकं** पञ्चमहाभूतानां कार्य**मिदं सर्वम**पि **तथैव भूतमात्रं न ततो भिन्नम**स्ति। कार्यस्य कारणादपृथक्त्वं तत्त्वचिन्तनदृष्ट्या न त्वर्थक्रियाकारित्वदृष्ट्येति।

अतः हे प्रिय! कार्य अपने कारण से कदापि भिन्न नहीं होता। इसीलिए जो ये भौतिक पदार्थ हैं वे सब भूतमात्र ही हैं, उनसे भिन्न नहीं हैं॥६८७॥

अतः हे सोम्य! कार्य अपने कारण से कदापि पृथक् नहीं होता। इसीलिए जो ये पञ्च महाभूतों के कार्य हैं वे सब भूतमात्र ही हैं, उनसे भिन्न नहीं हैं। कार्य का कारण से पृथक् न होना तत्त्व चिन्तन की दृष्टि से है; अर्थ-क्रिया कारित्व की दृष्टि से नहीं है।

तच्चापि पञ्चीकृतभूतजातं शब्दादिभिः स्वस्वगुणैश्च सार्धम् । वपूंषि सूक्ष्माणि च सर्वमेतद्भवत्यपञ्चीकृतभूतमात्रम् ॥६८८॥

शब्दादिभिः सार्धं स्वस्वगुणैस्तत्पञ्चीकृतभूतजातं पञ्चीकृतेभ्यो भूतेभ्यो जातमुत्पन्नं पञ्चीकृतभूतानां कार्यमित्यर्थः। **तदपि च सूक्ष्माणि वपूंषि** शरीराणि **चैतत्सर्वमपञ्चीकृतभूतमात्रं भवती**ति।

वह (स्थूल शरीर) भी अपने-अपने शब्द आदि गुणों सहित पञ्चीकृत भूतों से ही उत्पन्न होता है, सूक्ष्म शरीर और यह सब कुछ अपञ्चीकृत भूतमात्र ही है ॥६८८॥

वह शब्द आदि अपने-अपने गुणों सहित पञ्चीकृत भूतों से उत्पन्न पञ्चीकृत भूतों का कार्य है - ऐसा अर्थ है। वह, सूक्ष्म शरीर तथा यह सब कुछ अपञ्चीकृत भूतमात्र ही है।

तदप्यपञ्चीकृतभूतजातं रजस्तमःसत्त्वगुणैश्च सार्धम् । अव्यक्तमात्रं भवति स्वरूपतः साभासमव्यक्तमिदं स्वयं च ॥६८९॥

तथा हि **तदप्यपञ्चीकृतभूतजातं रजस्तमःसत्त्वगुणैस्त्रि**गुणैश्च **सार्धं स्वरूपतोऽव्यक्तमात्रं** मूलाज्ञानमात्रं **भवतीदमव्यक्तं** त्रिगुणात्मकं **स्वयं साभासं** चिदाभासयुक्तमस्ति।

वैसे ही रजस्, तमस् और सत्त्व गुणों के साथ वह अपञ्चीकृत भूत समुदाय भी स्वरूप से अव्यक्त मात्र हैं और यह अव्यक्त स्वयं आभास युक्त है ॥६८९॥

वैसे ही रजस्, तमस् और सत्त्व गुणों के साथ वह अपञ्चीकृत भूत समुदाय भी स्वरूप से मूलाज्ञान मात्र हैं और यह त्रिगुणात्मक अव्यक्त स्वयं चिदाभास से युक्त है।

आधारभूतं यदखण्डमाद्यं शुद्धं परं ब्रह्म सदैकरूपम् । सन्मात्रमेवास्त्यथ नो विकल्पः सतः परं केवलमेव वस्तु ॥६९०॥

चतुर्विधं स्थूलशरीरजातं जीवानां भोगायतनं तद्भोज्यमन्नपानादिकं तदाश्रयचतुर्दशभुवनानि, एतदायतनभूतं ब्रह्माण्डं सर्वमेतेषां कारणरूपपञ्चीकृतभूतमात्रं भवति। शब्दादिविषयसहितानि पञ्चीकृतानि महाभूतानि तथा सूक्ष्मशरीरजातं सर्वं कारणरूपापञ्चीकृतभूतमात्रं भवति। तथैतानि सत्त्वादिगुणसहितान्यपञ्चीकृतानि कारणभूतमूलाज्ञानोपहितचैतन्यमात्रं भवन्तीत्युक्तम्।

यस्मात्सर्वस्य जगतः स्वप्रधानतया ब्रह्मैव निमित्तकारणं स्वोपाधिप्रधानतया ब्रह्मैव विवर्तोपादानकारणं मूलाज्ञानं तु परिणाम्युपादनं तस्मात्सर्वं मूलाज्ञानोपहितचैतन्यमात्रं सदा सर्वदाऽस्ति। वस्तुतस्तु शुद्धं परं ब्रह्ममात्रमस्ति। *"मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थतः"* इति प्रतिपाद्यते।

यदाधारभूतमाधाररूप**मखण्डम**परिच्छिन्न**माद्यं** कालस्यापि कारणं **शुद्धं** निर्दुष्टं **सदा** सर्वदै**करूपम**च्युतमव्यभिचारि कूटस्थं **सन्मात्रं केवलं परं ब्रह्मैवास्ति। अथ सतः परमन्य**द्भिन्नं **वस्तु** पदार्थो भवत्येवेति **विकल्पो नो** कर्तव्यः। स्वप्नेऽपि ब्रह्मणि नानात्वं न स्वीकर्तव्यमिति।

वह सभी का आधार भूत, अखण्ड, आद्य, शुद्ध, सर्वदा एकरूप, सन्मात्र परब्रह्म ही है। उस परब्रह्म सत् से भिन्न वस्तु की कल्पना नहीं की जा सकती ॥६९०॥

चार प्रकार से उत्पन्न स्थूल शरीर जीवों के भोग के लिए आयतन है, उनके भोग के लिए अन्न-पानादि, उनका आश्रय चौदह लोक, यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड जो इन सभी के आयतन (निवास स्थान) के रूप में विद्यमान है, वह कारण रूप में पञ्चीकृत भूतमात्र है। शब्द आदि

विषयों सहित पञ्चीकृत महाभूत तथा सूक्ष्म शरीरों का समूह सब कारण रूप में अपञ्चीकृत भूतमात्र है। इसी प्रकार सत्त्व आदि गुणों के साथ-साथ, ये अपञ्चीकृत भूत कारण रूप में मूल अज्ञान से उपहित चैतन्य ही है - ऐसा कहा गया है।

चूँकि सम्पूर्ण जगत् का अपनी प्रधानता से ब्रह्म ही निमित्त कारण, उपाधि की प्रधानता से ब्रह्म ही विवर्त उपादान कारण, किन्तु मूलाज्ञान परिणामी उपादान कारण है। इसीलिए सब कुछ सदा, सर्वदा मूलाज्ञान उपहित चैतन्य मात्र ही है। वास्तव में तो शुद्ध, परं ब्रह्म ही है।

'यह समस्त द्वैत तो केवल माया है, वास्तव में अद्वैत ही है' (मा० का० १।१७) ऐसा प्रतिपादित किया गया है।

वह सभी का आधार रूप, अपरिच्छिन्न, जो काल का भी कारण है, निर्दुष्ट, सर्वदा अच्युत अव्यभिचारि कूटस्थ, सत् मात्र परब्रह्म ही है। उस परब्रह्म सत् से अन्य भिन्न पदार्थ के होने की कल्पना नहीं की जानी चाहिए। स्वप्न में भी ब्रह्म में नानात्व नहीं मानना चाहिए।

एकश्चन्द्रः सद्वितीयो यथा स्याद्दृष्टेर्दोषादेव पुंसस्तथैकम् । ब्रह्मास्त्येतद्बुद्धिदोषेण नाना दोषे नष्टे भाति वस्त्वेकमेव ॥६९१॥

यथा पुंसो दृष्टेर्दोषादेवैकश्चन्द्रः सद्वितीयः स्यात्तथैतद्ब्रह्मैकमस्ति तथापि **बुद्धिदोषेणा**ज्ञानरागद्वेषादिदोषेण **नाना भाति। दोषे नष्टे त्वेकमेव वस्तु** भातीति।

जैसे दृष्टि दोष के कारण एक चन्द्रमा दो चन्द्रमा-सा दिखाई देता है; वैसे ही ब्रह्म एक है, बुद्धि दोष होने पर अनेक प्रकट होते हैं। जब दोष दूर हो जाता है, तब एक ही वस्तु प्रकाशित होती है ॥६९१॥

जैसे मनुष्य की दृष्टि दोष के कारण एक चन्द्रमा दो चन्द्रमा-सा दिखाई देता है; वैसे ही ब्रह्म एक है तथापि बुद्धि के अज्ञान, राग-द्वेष आदि दोषों से अनेक दिखाई देता है। दोष के नष्ट होने पर एक ही वस्तु प्रकाशित होती है।

रज्जोः स्वरूपाधिगमे न सर्पधी रज्ज्वां विलीना तु यथा तथैव। ब्रह्मावगत्या तु जगत्प्रतीतिस्तत्रैव लीना तु सह भ्रमेण ॥६९२॥

यथा रज्जोः स्वरूपाधिगमे स्वरूपस्याधिगमो स्वरूपाधिगमो बोधस्तस्मिन् **सर्पधीर्न तु** किन्तु **रज्ज्वां** सा सर्पबुद्धि**र्विलीना** भवति **तथैव ब्रह्मावगत्या तु जगत्प्रतीति**र्जगतः प्रतीतिः सत्यत्वबुद्धि**र्भ्रमेण सह तत्रैव लीना** भवतीति।

जैसे रज्जु के स्वरूप का ज्ञान होने से सर्प बुद्धि नहीं रहती, किन्तु रज्जु में ही विलीन हो जाती है। वैसे ही ब्रह्म के ज्ञान से जगत् की प्रतीति, भ्रम के सहित वहाँ ही लीन हो जाती है ॥६९२॥

जैसे रज्जु के स्वरूप का ज्ञान होने से सर्प बुद्धि नहीं रहती, किन्तु वह सर्प बुद्धि रज्जु में विलीन हो जाती है। वैसे ही ब्रह्म के ज्ञान से जगत् की प्रतीति, सत्यत्व बुद्धि भ्रम के सहित वहाँ ही लीन हो जाती है।

निर्विकल्पेऽद्वये ब्रह्मणि जीवजगदीश्वरभेदाः सर्वे निराकृतास्तेषां भ्रान्त्योदितत्वान्मिथ्यात्वं सिध्यति। एतच्छ्लोकद्वयेन स्वप्नदृष्टान्तेन सह प्रतिपादयति भ्रान्त्योदितद्वैतमिति।

निर्विकल्प, अद्वय ब्रह्म में जीव-जगत्-ईश्वर सभी भेदों का निरास हो जाता है क्योंकि भ्रान्ति से उदित होने के कारण उनका मिथ्यात्व सिद्ध होता है। यह स्वप्न दृष्टान्त सहित दो श्लोकों द्वारा समझाते हैं कि द्वैत भ्रम से उत्पन्न होता है 'भ्रान्त्योदितद्वैतम्' इत्यादि से -

भ्रान्त्योदितद्वैतमतिप्रशान्त्या सदैकमेवास्ति सदाद्वितीयम् ।
ततो विजातीयकृतोऽत्र भेदो न विद्यते ब्रह्मणि निर्विकल्पे ॥६९३॥

सदा सर्वदा**ऽद्वितीयं ब्रह्म भ्रान्त्या**ऽध्यासेनो**दितद्वैतमतिप्रशान्त्यो**दितोत्पन्ना द्वैतस्य मतिरुदितद्वैतमतिस्तस्या उदितद्वैतमतेः प्रशान्त्या स**दैकमेवास्ति**। सर्वं द्वैतं भ्रान्तिजन्यं दृश्यत्वात्स्वप्नप्रपञ्चवत्। **ततोऽत्र निर्विकल्पे** परे **ब्रह्मणि विजातीयकृतो**

जडप्रपञ्चकृतो **भेदो न विद्यत** इति।

ननु कथं जडप्रपञ्चो न विद्यते? श्रुता तूपनिषत्सु ब्रह्मणः जगदुत्पत्तिः। अत्राप्यपञ्चीकृतपञ्चमहाभूतानां सृष्टिस्ततो भौतिकसृष्टिः पञ्चीकरणं ततः पञ्चीकृतमहाभूतानां भौतिकसृष्टिरित्येतत्सर्वं विस्तरेण प्रतिपादितम्। सत्यं किन्तु नैतत्परमार्थमुत्तमं सत्यं तु यत्र किञ्चिन्न जायते। यस्मात्सर्वजनैः प्रपञ्चः सत्यवदविचारितः स्वीक्रियते तस्मादुपनिषत्सु सृष्टिप्रक्रिया प्रतिपादिता।

भ्रान्ति से उत्पन्न द्वैत बुद्धि के शान्त होने पर सदा एक अद्वितीय ब्रह्म ही रहता है। इसीलिए इस निर्विकल्प ब्रह्म में विजातीय कृत भेद नहीं है ॥६९३॥

अध्यास से उत्पन्न द्वैत बुद्धि के शान्त होने पर सर्वदा एक अद्वितीय ब्रह्म ही रहता है। सभी द्वैत दृश्य होने से भ्रान्ति जन्य हैं, स्वप्न प्रपञ्च के जैसे। इसीलिए इस पर ब्रह्म में जड़ प्रपञ्च कृत भेद नहीं है।

परन्तु कैसे कह सकते है कि यह जड़ प्रपञ्च नहीं है? उपनिषदों में तो ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति सुनी गई है। यहाँ भी अपञ्चीकृत महाभूतों की सृष्टि, फिर भौतिक सृष्टि का पञ्चीकरण, उन पञ्चीकृत महाभूतों से भौतिक सृष्टि - यह सब विस्तार से प्रतिपादित किया गया है। यह सही है, किन्तु यह पारमार्थिक उत्तम सत्य नहीं है। यहाँ तो कुछ भी उत्पन्न नहीं होता है। चूँकि सभी लोगों के द्वारा बिना सोचे-समझे प्रपञ्च को सत्य-सा मान लिया जात है, इसीलिए उपनिषदों में सृष्टि प्रक्रिया बताई गई है।

यदास्त्युपाधिस्तदभिन्न आत्मा तदा सजातीय इवावभाति। स्वप्नार्थवत्तस्य मृषात्मकत्वात्तदप्रतीतौ स्वयमेष आत्मा ।
ब्रह्मैक्यतामेति पृथङ् न भाति ततः सजातीयकृतो न भेदः ॥६९४॥

यदाऽन्तःकरणोपाधिरस्ति तदा तदभिन्न आत्मा सजातीय इवावभाति। तयोरात्मान्तःकरणयोः सूक्ष्मत्वं बोद्धृत्वं तथा प्रत्यक्त्वं सजातीयद्वैतमिव भासते। **स्वप्नार्थवत्**स्वप्नस्यार्थो विषयस्तद्वत्**तस्यो**पाधेः **मृषात्मकत्वात्तदप्रतीतौ** तस्य लये सुषुप्तौ **स्वयमेष आत्मा ब्रह्मैक्यतामेति** स्वस्याद्वितीयस्वरूपमुपैति स्वमपीतो भवति **पृथङ् न भाति ततः सजातीयकृतो भेदो**ऽपि **ना**स्ति। एतेन श्लोकद्वयेन सजातीयविजातीयौ भेदौ निराकृतौ ब्रह्मणि। अधुना स्वगतभेदस्यापि निराकरणं करोति।

जब उपाधि है, तब उससे अभिन्न आत्मा सजातीय भेद वाला-सा प्रतीत होता है। स्वप्न में देखे गए पदार्थ के समान उसके मिथ्या होने से, जब वह प्रतीत नहीं होते, यह आत्मा स्वयं अद्वितीय ब्रह्मरूप से प्राप्त होता है। पुनः पृथक् प्रतीत नहीं होता, इसीलिए सजातीय कृत भेद नहीं है ॥६९४॥

जब अन्तःकरण उपाधि है, तब उससे अभिन्न आत्मा सजातीय भेद वाला-सा प्रतीत होता है। उन अन्तःकरण-आत्मा दोनों का स्वरूप सूक्ष्मत्व, बोद्धृत्व तथा प्रत्यक्त्व; सजातीय द्वैत-सा प्रतीत होता है। स्वप्न में देखे गए विषय के समान उसकी उपाधि के मिथ्या होने से, जब सुषुप्ति में वह लय हो जाते हैं, यह आत्मा अपने अद्वितीय स्वरूप को प्राप्त होता है, स्वयं को प्राप्त कर लेता है। पुनः पृथक् प्रतीत नहीं होता, इसीलिए सजातीय कृत भेद भी नहीं है। इन दो श्लोकों द्वारा ब्रह्म में सजातीय, विजातीय भेदों का निरास किया गया है। अब स्वगत भेद का भी निराकरण करते हैं।

तत्राऽऽकाशस्य दृष्टान्तेन स्वगतभेदं निराकरोति घटाभाव इति।

वहाँ आकाश के दृष्टान्त से स्वगत भेद का निराकरण करते हैं 'घटाभावे' इत्यादि से -

घटाभावे घटाकाशो महाकाशो यथा तथा। उपाध्यभावे त्वात्मैष स्वयं ब्रह्मैव केवलम् ॥६९५॥

पूर्ण एव सदाकाशो घटे सत्यप्यसत्यपि। नित्यपूर्णस्य नभसो विच्छेदः केन सिध्यति ॥६९६॥

यथा घटाभावे घटाकाशो महाकाशोऽस्ति तथोपाध्यभावे सुषुप्तावन्तःकरणस्योपाधेर्लयात्समाहितदशायां वा जीवन्मुक्तिकालेऽन्तःकरणस्य मिथ्यात्वनिश्चये **तु स्वयमेष आत्मैव केवलं ब्रह्म**। सर्वस्यानात्मनो मिथ्यात्वनिश्चयो बाधः स एवोपाध्यभावशब्देनोपलक्षित इति।

परिच्छिन्नवद्यदाभाति तत्साक्षी कूटस्थऽऽत्माऽपरिच्छिन्नब्रह्मैव। **घटे सति**ऽभिज्ञाभिवदनहानोपादानार्थक्रियाकारित्व-व्यवहारेऽपि तथा**ऽसत्यपि** नामरूपाद्यभावेऽपि **सदाऽऽकाशः पूर्ण एव**। **नित्यपूर्णस्य** महतोऽपरिछिन्नस्य भूम्नो **विच्छेदो** वियोगः **केन सिध्यति**। न केनापि **नभसो** महाकाशस्य भेदः कर्तुं शक्यत इति।

जैसे घट का अभाव होने पर घटाकाश महाकाश है, वैसे ही उपाधि के अभाव में तो यह आत्मा स्वयं केवल ब्रह्म ही है ॥६९५॥

घट के होने अथवा न होने पर भी आकाश सदा पूर्ण ही है। नित्य पूर्ण आकाश का भेद किससे सिद्ध हो सकता है? ॥६९६॥

जैसे घट का अभाव होने पर घटाकाश महाकाश है; वैसे ही सुषुप्ति में अन्तःकरण उपाधि का लय होने से या समाहित दशा में अथवा जीवन्मुक्ति काल में अन्तःकरण का मिथ्यात्व निश्चय होने पर तो यह आत्मा स्वयं केवल ब्रह्म ही है। सभी अनात्मा के मिथ्यात्व निश्चय का बाध - वह ही 'उपाधि अभाव' शब्द से बताया गया है।

जो परिच्छिन्न-सा प्रतीत होता है; वह साक्षी, कूटस्थ, अपरिच्छिन्न आत्मा ही ब्रह्म है। अभिज्ञा, अभिवदन, हानोपादान, अर्थ-क्रियाकारित्व व्यवहार के होने पर भी तथा नाम-रूप आदि का अभाव होने पर भी आकाश सदा पूर्ण ही है। महान्, अपरिच्छिन्न, भूमा का वियोग किससे सिद्ध हो सकता है? किसी भी वस्तु से महाकाश में भेद पैदा करना सम्भव नहीं है।

भेदानां भ्रान्तिजन्यत्वं व्यावहारिकत्वञ्च न तु पारमार्थिकत्वमिति पुनर्दृष्टान्तद्वयेन प्रतिपादयन् स्फुटयति। अच्छिन्नश्छिन्नवदिति।

ये भेद भ्रान्तिजन्य, व्यावहारिक हैं, पारमार्थिक नहीं; पुनः दो दृष्टान्तों से इस बात को स्पष्ट किया जाएगा 'अच्छिन्नश्छिन्नवद्' इत्यादि से -

अच्छिन्नश्छिन्नवद्भाति पामराणां घटादिना । ग्रामक्षेत्राद्यवधिभिर्भिन्नेव वसुधा यथा ॥६९७॥

तथैव परमं ब्रह्म महतां च महत्तमम् । परिच्छिन्नमिवाभाति भ्रान्त्या कल्पितवस्तुना ॥६९८॥

यथा**ऽच्छिन्नो**ऽनवच्छिन्नो निःसीम आकाशः **पामराणां घटादिना छिन्नवत्**परिच्छिन्न इव **भाति यथा** वा **वसुधा** पृथिवी **ग्रामक्षेत्राद्यवधिभि**र्ग्रामश्च क्षेत्रं च ग्रामक्षेत्रे। आदिपदेन गृहं नगरमित्यादि। ग्रामक्षेत्रे आदिनी येषां ते ग्रामक्षेत्रादयस्तेषामवधयो ग्रामक्षेत्राद्यवधयस्तै**र्भिन्ना** पृथगिव भाति **तथैव महतां च महत्तमं परमं ब्रह्म भ्रान्त्या कल्पितवस्तुना** कल्पितेन वस्तुना **परिच्छिन्नमिवाभाति** प्रतीयत इति।

जैसे पामरों को असीम आकाश घट आदि के द्वारा परिच्छिन्न-सा प्रतीत होता है, ग्राम-क्षेत्र आदि की सीमाओं से पृथिवी भिन्न-सी प्रतीत होती है, वैसे ही महान् से भी महान् परब्रह्म भ्रान्ति से कल्पित वस्तु के द्वारा परिच्छिन्न-सा प्रतीत होता है ॥६९७, ६९८॥

जैसे पामरों को अनवच्छिन्न, निःसीम आकाश घट आदि के द्वारा परिच्छिन्न-सा प्रतीत होता है अथवा ग्राम-क्षेत्र आदि ('आदि' पद से गृह, नगर इत्यादि) की सीमाओं से पृथिवी भिन्न-सी प्रतीत होती है, वैसे ही महान् से भी महान् परब्रह्म भ्रान्ति से कल्पित वस्तु के द्वारा परिच्छिन्न-सा प्रतीत होता है।

तस्माद्ब्रह्मात्मनोर्भेदः कल्पितो न तु वास्तवः । अत एव मुहुः श्रुत्याप्येकत्वं प्रतिपाद्यते ॥६९९॥

तस्माद्ब्रह्मात्मनोर्जीवात्मपरमात्मनो**र्भेदः कल्पितो न तु वास्तवः**। यथाऽपारजलराशौ तरङ्गफेनबुद्बुदादयस्तथा सागरोऽपि शब्दव्यवहारः क्रियते तद्वद्ब्रह्मणि जीवानां भेदास्तथेश्वरोऽपि शब्दव्यवहारमात्रमेव न तेषां वास्तवभेदोऽस्ति सर्वमब्धौ नामरूपप्रसारणेति। *"सर्वं खल्विदं ब्रह्म", "इदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिमे लोका इमे देवा इमे वेदा इमानि भूतानीदगं सर्वं यदयमात्मा।"* इति श्रुतिः। **अत एव मुहुः श्रुत्याऽपि** जीवब्रह्मणो**रेकत्वं प्रतिपाद्यते**। कथमित्युच्यते - यदविद्याप्रत्युपस्थापितं कर्तृत्वभोक्तृत्वप्रवर्तकं रागद्वेषादिदोषकलुषितमपारमार्थिकमनेकानर्थयोगि जैवं रूपं तद्विलयनेन तद्विपरीतमपेतब्रह्मक्षत्रादि-भेदमपहतपाप्मत्वादिगुणकमसंसार्यात्मस्वरूपं पारमेश्वरं प्रतिपाद्यते, सर्पादिविलयनेनेव रज्ज्वादीन्, *"तत्त्वमसि", "अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद"* इत्यादिभिः।

ननु जीवात्मपरमात्मनोः पृथक्त्वं वेदेषु प्रकीर्तितं *"कुर्वन्नेवेहकर्माणि"* इत्यादिना कर्मकाण्डे *"स्वर्गकामो ज्योतिष्टोमेन यजेत, चित्रया यजेत्पशुकामः", "कारीर्या यजेद् वृष्टिकामः"* इत्यादिना च जीवस्य कामयमानत्वं प्रदर्शितं तथोपासनाप्रकरणेष्वपि प्रार्थना याचना च प्रदर्शिता। कथं जीवस्य ब्रह्मत्वमपरिच्छिन्नत्वमकामित्वं सम्भवति। उच्यते - सम्यग्ज्ञानात्प्राग् यच्छ्रुतिषु प्रतिपादितं न तत्परमार्थः किन्तु महाकाशघटाकाशादिभेदवद्गौणं यथौदनं पचतीति भविष्यद्वृत्या। तस्मादेव नानात्वमपि निन्दितमिति।

इसीलिए ब्रह्म और आत्मा का भेद कल्पित है, वास्तविक नहीं है। अतः श्रुति के द्वारा बार-बार एकत्व का प्रतिपादन किया गया है ॥६९९॥

इसीलिए जीवात्मा और परमात्मा का भेद कल्पित है, वास्तविक नहीं है। जैसे अपार जलराशि में तरङ्ग, फेन, बुद्बुद आदि तथा सागर भी - इन शब्दों का व्यवहार किया जाता है, वैसे ही ब्रह्म में जीवों का भेद तथा ईश्वर भी शब्द व्यवहार मात्र ही होता है। उनमें कोई वास्तविक भेद नहीं है, सब समुद्र में नाम-रूप का विस्तार है। 'निश्चय यह सब ब्रह्म ही है' (छा० उ० ३।१४।१), 'यह ब्राह्मण जाति, यह क्षत्रिय जाति, ये लोक, ये देवगण, ये भूतगण और ये सब जो कुछ भी हैं, यह सब आत्मा ही है' (बृ० उ० २।४।६) श्रुतियों से सिद्ध होता है। अतः श्रुति के द्वारा बार-बार, जीव-ब्रह्म एकत्व का प्रतिपादन किया गया है। कैसे होता है, इस पर कहते हैं - जीव का वह रूप जो अविद्या से उपस्थापित, कर्तृत्व-भोक्तृत्व का प्रवर्तक, राग-द्वेष आदि दोषों से दूषित, अपारमार्थिक तथा अनेक समस्याओं से ग्रस्त - उसके लय से उसके विपरीत का प्रतिपादन होता है, जो ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि भेदों से मुक्त है; जो अपहतपाप्मत्व (पाप रहित) आदि गुणों से युक्त है; संसार से मुक्त आत्मा का वह स्वरूप जो परम ईश्वर है, जैसे सर्प आदि के लय से रज्जु आदि का भान होता है। 'वह तुम हो' (छा० उ० ६।८।७) , 'यह अन्य है और मैं अन्य हूँ - ऐसा जो जानता है, वह नहीं जानता' (बृ० उ० १।४।१०) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

परन्तु वेदों में जीवात्मा-परमात्मा का पृथक्त्व कहा गया है 'इस लोक में कर्म करते हुए' (ई० उ० २)। तथा कर्म काण्ड में 'स्वर्ग की कामना वाला ज्योतिष्टोम यज्ञ करे, पशु की कामना वाला चित्रा यज्ञ करे', 'वृष्टि की कामना वाला कारी यज्ञ करे' इत्यादि वाक्यों से जीव का कामनावान् होना दिखाया गया है तथा उपासना प्रकरण में भी प्रार्थना और याचना दिखाई गई है। जीव का ब्रह्मत्व, अपरिच्छिन्नत्व, अकामित्व कैसे सम्भव है? कहते हैं - श्रुति में सम्यक् ज्ञान से पूर्व जो बताया गया है, वह परम नहीं है, किन्तु महाकाश-घटाकाश आदि भेद की तरह गौण है - जैसे 'ओदनं पचति' में भविष्यद् वृत्ति से। इसीलिए ही नानात्व की भी निन्दा की गई है।

ब्रह्मात्मनोस्तत्त्वमसीत्यद्वयत्वोपपत्तये । प्रत्यक्षादिविरोधेन वाच्ययोर्नोपयुज्यते ।
तत्त्वम्पदार्थयोरैक्यं लक्ष्ययोरेव सिध्यति ॥७००॥

त्वं तद्ब्रह्मासीति ब्रह्मात्मनोर्जीवब्रह्मणो**रद्वयत्वोपपत्तये**ऽद्वयत्वस्याभेदस्योपपत्तये ज्ञानार्थं **प्रत्यक्षादिविरोधेन** प्रत्यक्षादिप्रमाण-

विरोधेन **वाच्ययोरैक्यं नोपयुज्यते लक्ष्ययोरेव तत्त्वम्पदार्थयोरैक्यं सिध्यती**ति।

ब्रह्म तथा आत्मा के अद्वयत्व का प्रतिपादन कराने के लिए 'तत्त्वमसि' का प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों के साथ विरोध होने से वाच्यार्थ उपयुक्त नहीं है। 'तत्', 'त्वम्' पदार्थों के लक्ष्यार्थ में ही एकत्व सिद्ध होता है ॥७००॥

जीव-ब्रह्म के अद्वयत्व, अभेद का ज्ञान कराने के लिए 'तुम ब्रह्म हो' का प्रत्यक्ष आदि प्रमाण के साथ विरोध होने से वाच्यार्थ का ऐक्य उपयुक्त नहीं है। 'तत्', 'त्वम्' पदार्थों के लक्ष्यार्थ में ही एकत्व सिद्ध होता है।

साम्प्रतं "तत्त्वमसि" इति महावाक्यविचारः, अखण्डाकारवृत्तिः, समाध्यभ्यासः, निदिध्यासनं, ज्ञानभूमिका, अवस्थात्रयाणां भेदाः, जीवन्मुक्तिः, विदेहमुक्तिस्तथा कृतज्ञता प्रदर्शनमेतानि प्रकरणान्यारभ्यन्ते।

अब आगे 'तत्त्वमसि' महावाक्य पर विचार, अखण्डाकार वृत्ति, समाधि का अभ्यास, निदिध्यासन, ज्ञान की भूमिकाएँ, तीन अवस्थाओं का भेद, जीवन्मुक्ति, विदेहमुक्ति तथा कृतज्ञता का प्रदर्शन - इन प्रकरणों को आरम्भ करते हैं।

शिष्य उवाच -

स्यात्तत्त्वम्पदयोः स्वामिन्नर्थः कतिविधो मतः । पदयोः को नु वाच्यार्थो लक्ष्यार्थ उभयोश्च कः ॥७०१॥

वाच्यैकत्वविवक्षायां विरोधः कः प्रतीयते । लक्ष्यार्थयोरभिन्नत्वे स कथं विनिवर्तते ॥७०२॥

हे **स्वामिन् तत्त्वम्पदयोस्त**त्पदञ्च त्वम्पदञ्च तत्त्वम्पदे तयोः **कतिविधोऽर्थो स्यात्**। **उभयोः पदयोर्वाच्यार्थः को लक्ष्यार्थश्च को नु** स्यात्। **वाच्यैकत्वविवक्षायां** वाच्यस्य वाच्यार्थस्यैकत्वं वाच्यैकत्वं तस्य विवक्षा वाच्यैकत्वविवक्षा तस्यां **को विरोधः प्रतीयते** तथा च **लक्ष्यार्थयोरभिन्नत्वे स** विरोधः **कथं विनिवर्तत** इति।

शिष्य ने कहा -
हे स्वामिन्! 'तत्' और 'त्वम्' पदों के कितने अर्थ माने गए हैं? इन दोनों पदों का वाच्यार्थ क्या है और लक्ष्यार्थ क्या है?॥७०१॥

वाच्यार्थ के एकत्व की विवक्षा होने पर कौन-सा विरोध प्रतीत होता है? दोनों पदों का लक्ष्यार्थ अभिन्न होने पर वह कैसे समाप्त किया जाता है? ॥७०२॥

हे स्वामिन्! 'तत्' और 'त्वम्' पदों के कितने अर्थ माने गए हैं? इन दोनों पदों का वाच्यार्थ क्या है और लक्ष्यार्थ क्या है? वाच्यार्थ के एकत्व की विवक्षा होने पर कौन-सा विरोध प्रतीत होता है? दोनों पदों का लक्ष्यार्थ अभिन्न होने पर वह कैसे समाप्त किया जाता है?

एकत्वकथने का वा लक्षणात्रोररीकृता । एतत्सर्वं करुणया सम्यक्त्वं प्रतिपादय ॥७०३॥

अत्र तत्त्वमसीति महावाक्य **एकत्वकथन** एकत्वस्य जीवात्मपरमात्मनोरैक्यस्य कथने **का वा लक्षणोररीकृता** स्वीकृता। **एतत्सर्वं त्वं करुणया सम्यक् प्रतिपादये**ति।

यहाँ एकत्व कहने में कौन-सी लक्षणा स्वीकार की गई है? आप कृपा कर यह सब भली-भाँति प्रतिपादन कीजिए ॥७०३॥

यहाँ 'तत्त्वमसि' महावाक्य में जीवात्मा-परमात्मा का ऐक्य कहने में कौन-सी लक्षणा स्वीकार की गई है? आप कृपा कर यह सब भली-भाँति प्रतिपादन कीजिए।

प्रसङ्ख्यानवादनिरासः

ननु कर्मणा मोक्षो न सिध्यतीति विस्तरेण पूर्वं प्रतिपादितम्। अध्यारोपापवादेन गुरूणात्र सर्वं ब्रह्म तथा जीवब्रह्मणोरैक्यमप्युक्तम्। महावाक्यविचारारम्भात्पूर्वमेतच्चिन्तनीयम्। किं तत्त्वमस्यादिमहावाक्यादेवाऽऽत्मन्यपरोक्षज्ञानं भवति किं वा प्रसङ्ख्यानेन युक्त्या सह शब्दावृत्त्यभ्यासेनेति।

कुतः प्रसङ्ख्यानमिति चेत् - उच्यते।

१. वाक्यार्थज्ञोऽपि सकृदुक्तं न सम्यक् प्रतिपद्यतेऽत एवान्यत्सहकारिसाधनं वाक्यानुचिन्तनं युक्त्यालोचनं चापेक्ष्यते।

२. वाक्यश्रवणमात्रादैकात्म्यस्यानवगतत्वात्साक्षात्कृतत्वाभावान्नियोगो ब्रह्मात्मैकतादार्ढ्याय कर्तव्यः।

३. कर्ताभोक्तेत्येवमाद्याकारः प्रत्यक्षप्रत्ययः सदस्मीति विज्ञानं बाधतेऽतः प्रसङ्ख्यानं दोषनिवृत्तये च कार्यमिति।

४. वाक्यार्थश्रवणमात्रान्न कस्मिंश्चिन्निर्दुःखमुपलभ्यते। श्रुतवेदान्तानामपि यथापूर्वं संसारदर्शनात्। यदि कश्चिन्निर्दुःखी दृश्यते चेदतीतदेहेषु तेन प्रसङ्ख्यानानुष्ठानं कृतमित्यनुमीयते।

५. सकृद्विज्ञातवाक्यार्थस्य विध्यनभ्युपगमेऽस्माकं परमहंसाश्रमाचाराः शास्त्रविहिता न स्युश्चेदनिष्टं स्यात्।

तस्मात्प्रसङ्ख्यानमनुष्ठेयमिति।

अत्र वेदान्तसिद्धान्तमवतार्यते।

१. सदेवाहमहमेव सन्नित्यशुद्धबुद्धमुक्तोऽस्मीत्येवमपरोक्षा मतिर्वेदान्तमहावाक्यान्न भवेत्तर्हि कस्मादादरवती पुत्रहितैषिणी श्रुतिः पुनः पुनर्मातेव श्रावयेत्। अपरोक्षज्ञानफलमारोपितानर्थनिवृत्त्योपलभ्यते यथा दशमस्यानर्थनिवृत्तिर्यथा वा रज्वामहिधीः। ये तत्त्वमस्यादिप्रमाणमनादृत्यान्यतो बुभुत्सन्ते तेऽक्ष्णापि रसवेदनं कुर्युः।

२. मोक्षो न क्रियासाध्यस्तस्य नित्यसिद्धत्वाद् यत्क्रियासाध्यं तत्पुरा कर्मकाण्डे विस्तरेणोक्तं नोपनिषत्सु। ब्रह्मात्मैकतादार्ढ्याय शमादिसहितं श्रवणादिकमभ्यसेत्।

३. ब्रह्मास्मीति प्रत्ययवत्कर्तास्मि भोक्तास्मीति प्रत्ययौ भवत एव चेत्तयोरज्ञानजन्यत्वात्प्रयत्नेन त्यागः कर्तव्यः।

४. साधनचतुष्टयसम्पन्नानां वाक्यश्रवणमात्रादशेषाविद्यानिवृत्तिस्तथाऽशरीरोऽहमिति बोधो जायते तदा न प्रियाप्रिये स्पृशतः कुतस्तेषां संसारकल्पना।

५. यत्तूक्तं विध्यनभ्युपगमे परमहंसाश्रमाचाराः शास्त्रविहिता न स्युरिति तदप्ययुक्तम्। श्रुतिस्त्वम्पदार्थविवेकाय सर्वकर्मणां संन्यासं तथाऽन्यसाधनसम्पत्तिमुपदिशति *"शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवात्मानं पश्यति"* इति। तत्र श्रुतिनिर्दिष्टोपरतिशब्दस्य संन्यासस्यात्मज्ञानं प्रति साधनत्वं तस्य न क्वापि विधितः प्रवृत्तिरपेक्षिता किन्तु साधकावस्थायां निवृत्तिरूपस्याऽऽश्रमधर्मस्य शमदमादिसाधनस्य च दैवीसम्पदश्च दीर्घकालनैरन्तर्येणाभ्यासात् संस्कारमात्रेणानुवृत्तिर्भवति ततश्च न यथेष्टाचरणस्यावकाश इति सर्वं यत्पृष्टं तत्प्रतिवचनेनावदातम्।

'कर्म से मोक्ष नहीं मिलता' इस बात का पहले विस्तार से प्रतिपादन किया गया था। अध्यारोप-अपवाद से गुरु के द्वारा यहाँ सब ब्रह्म है तथा जीव-ब्रह्म ऐक्य को कहा गया है। महावाक्य का विचार आरम्भ करने से पूर्व इसका चिन्तन करना चाहिए। क्या 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों से ही आत्मा का अपरोक्ष ज्ञान होता है या 'प्रसङ्ख्यान' से, युक्ति के साथ अभ्यास के द्वारा शब्दों की आवृति?

यदि पूछा जाए 'प्रसङ्ख्यान' क्यों करना चाहिए, इस पर कहते हैं -

१. वाक्य का अर्थ जानने वाले को भी, केवल एक बार कहने पर स्पष्ट रूप से समझ नहीं आता है। इसीलिए वाक्य का चिन्तन तथा युक्ति के द्वारा परीक्षण जैसे अन्य सहकारी साधन की अपेक्षा होती है।
२. चूँकि वाक्य के श्रवण मात्र से ब्रह्म-आत्मा की एकता का ज्ञान नहीं होता है, अपरोक्ष साक्षात्कार के अभाव में ब्रह्म-आत्म ऐक्य में दृढता लाने के लिए नियोग किया जाना चाहिए।
३. कर्ता, भोक्ता इस प्रकार का प्रत्यक्ष ज्ञान 'मैं सत् हूँ' इस विज्ञान का बाध करता है। अतः दोष निवृत्ति के लिए प्रसङ्ख्यान किया जाना चाहिए।
४. केवल वाक्यार्थ श्रवण मात्र से किसी को भी दुःख से मुक्ति की प्राप्ति नहीं होती। वेदान्त का श्रवण करने वालों को भी पहले के जैसे ही संसार का अनुभव होता है। यदि कोई दुःख से मुक्त दिखाई देता है तो यह अनुमान लगाया जाता है कि उसके द्वारा पूर्व जन्मों में प्रसङ्ख्यान का अनुष्ठान किया गया था।
५. यदि एक बार वाक्यार्थ जान लेने के बाद [प्रसङ्ख्यान] विधि का पालन नहीं किया जाता है तो हमारे परम हंस आश्रमाचार्यों के आचार शास्त्र द्वारा विहित नहीं होंगे - ऐसा होने पर अनिष्ट होगा।

इसीलिए, प्रसङ्ख्यान किया जाना चाहिए।

यहाँ वेदान्त के सिद्धान्तों का परिचय दिया गया है।

१. 'केवल सत् मैं हूँ, मैं ही सत् हूँ, नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त हूँ' - यदि वेदान्त के महावाक्यों से ऐसा अपरोक्ष ज्ञान न होता तो आदरवती, अपने पुत्र के कल्याण के लिए इच्छुक श्रुति माँ के समान, इसे बार-बार क्यों सुनाती? अपरोक्ष ज्ञान का फल आरोपित अनर्थ की निवृत्ति की प्राप्ति है, जैसे दसवें व्यक्ति के दुःख की निवृत्ति या रज्जु में सर्प की बुद्धि। जो लोग 'तत्त्वमसि' आदि प्रमाण का आदर किए बिना अन्य प्रमाणों से जानने का प्रयास करते हैं, वे अपनी आँखों से स्वाद जानने का प्रयास कर सकते हैं।
२. मोक्ष कर्मों द्वारा प्राप्त नहीं होता क्योंकि यह नित्य सिद्ध है। कर्मों द्वारा जो प्राप्त होता है, उसका वर्णन कर्म काण्ड में विस्तार से किया गया है, उपनिषदों में नहीं। ब्रह्म-आत्म एकता को दृढ करने के लिए शम आदि सहित श्रवण आदि का अभ्यास करना चाहिए।
३. यदि 'मैं ब्रह्म हूँ' प्रत्यय के साथ 'मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ' प्रत्यय भी हैं तो अज्ञान से उत्पत्ति होने के कारण उनका प्रयत्न से त्याग करना चाहिए।
४. जो साधन चतुष्टय सम्पन्न हैं, महावाक्य के श्रवण मात्र से उनकी सम्पूर्ण अविद्या की निवृत्ति हो जाती है तथा 'मैं अशरीर हूँ'ज्ञान होता है। तब प्रिय-अप्रिय का स्पर्श नहीं होता तो संसार की कल्पना कैसे हो सकती है?
५. जो कहा गया था कि यदि [प्रसङ्ख्यान] विधि का पालन नहीं किया जाता है तो परम हंस आश्रम के विधान शास्त्र द्वारा विहित नहीं होंगे, वह भी अयुक्त है। श्रुति 'त्वं' पदार्थ के विवेक के लिए सभी कर्मों का संन्यास तथा अन्य साधन सम्पत्ति का उपदेश करती है 'शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु समाहित होकर आत्मा में ही आत्मा को देखता है' (बृ० उ० ४।४।२३)। वहाँ श्रुति निर्दिष्ट 'उपरति' शब्द का अर्थ संन्यास को आत्म ज्ञान के लिए साधन रूप में बताया गया है, कहीं भी विधि केद्वारा कर्म नहीं बताया गया है। किन्तु साधक अवस्था में निवृत्ति रूप आश्रम धर्म, शम-दम आदि साधन तथा दैवी सम्पत्ति का दीर्घ काल तक निरन्तर अभ्यास करने से संस्कार मात्र से अनुवृत्ति होती है। तथा (इस प्रकार) ज्ञान हो जाने के बाद जैसी इच्छा हो वैसा आचरण करने का कोई अवसर नहीं बचता है। इस प्रकार जो कुछ भी पूछा गया था, वह सब उत्तरों द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है।

तत्त्वम्पदार्थनिरूपणम्

श्रीगुरुरुवाच -

श्रृणुष्वावहितो विद्वन् अद्य ते फलितं तपः । वाक्यार्थश्रुतिमात्रेण सम्यग्ज्ञानं भविष्यति ॥७०४॥

यावन्न तत्त्वम्पदयोरर्थः सम्यग्विचार्यते । तावदेव नृणां बन्धो मृत्युसंसारलक्षणः ॥७०५॥

हे **विद्वन्** पदवाक्यप्रमाणशास्त्रज्ञ साधनसम्पन्न संन्यस्तसर्वकर्मन् **अवहितः** सावधानः सन् **श्रृणुष्व**। **अद्य ते तपः फलितं** सफलमभूत्। **वाक्यार्थश्रुतिमात्रेण** वाक्यार्थस्य श्रुतिश्श्रवणं वाक्यार्थश्रुतिस्तन्मात्रेण न केनचिदन्यकर्मणा निरपेक्षमननिदिध्यासनाभ्यां **सम्यग्ज्ञानं भविष्यत्य**थवा मननिदिध्यासनयोरङ्गत्वेनाभ्यस्य श्रवणस्याङ्गित्वाद्वाक्यार्थश्रुतिमात्रेण सम्यग्ज्ञानं भविष्यति। **यावत्तत्त्वम्पदयोः** तत्पदस्य त्वम्पदस्य **चार्थः सम्यङ्‍ न विचार्यते तावदेव** हि **नृणां मृत्युसंसारलक्षणो बन्धो**ऽस्ति। *"मृत्योः स मृत्युं गच्छति य इह नानेव पश्यति"*, *"भूतग्रामः स एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते"*, *"गतागतं कामकामा लभन्ते"*, *"पुनरपि जननं पुनरपि मरणम्"* इति श्रुतिस्मृतिभ्यां बन्धस्य स्वरूपमिहलोकपरलोकगमनं संसारचक्रं स्फुटीकृतमिति।

श्री गुरु बोले -
हे विद्वन्! सावधान होकर सुनो। आज तुम्हारा तप फलित हो गया। सम्यक् ज्ञान वाक्यार्थ के श्रवण मात्र से होगा ॥७०४॥

जब तक 'तत्' और 'त्वम्' पद के अर्थ का भली प्रकार विचार नहीं किया जाता, तब तक ही मनुष्यों को संसार रूप मृत्यु का बन्धन है ॥७०५॥

हे पद-वाक्य-प्रमाण-शास्त्र को जानने वाले, साधन सम्पन्न, सभी कर्मों का त्याग करने वाले विद्वन्! सावधान होकर सुनो। आज तुम्हारा तप सफल हो गया। सम्यक् ज्ञान वाक्यार्थ के श्रवण मात्र से होगा, अन्य किसी कर्म से नहीं जो मनन, निदिध्यासन से निरपेक्ष (स्वतन्त्र) हो अथवा मनन, निदिध्यासन का अङ्ग रूप से अभ्यास करके क्योंकि श्रवण अङ्गी है - सम्यक् ज्ञान वाक्यार्थ के श्रवण मात्र से होगा। जब तक 'तत्' पद और 'त्वम्' पद के अर्थ का भली प्रकार विचार नहीं किया जाता, तब तक ही मनुष्यों को संसार रूप मृत्यु का बन्धन है। 'जो पुरुष इसमें नानात्व-सा देखता है, वह मृत्यु से मृत्यु को जाता है' (क० उ० २।१।११), 'हे पार्थ ! वही यह प्राणि समुदाय जो पुनः पुनः उत्पन्न होकर लीन होता है (भ० गी० ८।१९), 'भोगों की कामना वाले पुरुष आवागमन (गतागत) को प्राप्त होते हैं' (भ० गी० ९।२१), 'पुनः जन्म, पुनः मरण' (भ० गो० २१) इत्यादि श्रुति, स्मृतियों से बन्धन का स्वरूप स्पष्ट बताया गया है जो संसार चक्र के रूप में इहलोक से परलोक घूमता रहता है।

अवस्था सच्चिदानन्दाखण्डैकरसरूपिणी । मोक्षः सिध्यति वाक्यार्थापरोक्षज्ञानतः सताम् ॥७०६॥

वाक्यार्थापरोक्षज्ञानतो वाक्यस्य तत्त्वमसिमहावाक्यस्यार्थस्यापरोक्षज्ञानं वाक्यार्थापरोक्षज्ञानं तस्मा**त्सतां** सत्पुरुषाणां **सच्चिदानन्दाखण्डैकरसरूपिणी** सच्च चिच्चानन्दश्चाखण्डश्च सच्चिदानन्दाखण्डा एव एकरसरूपं यस्या सा सच्चिदानन्दाखण्डैकरसरूपि**ण्यवस्था मोक्षो** मुक्तिः **सिध्यती**ति।

वाक्यार्थ के अपरोक्ष ज्ञान से सत्पुरुषों को सच्चिदानन्दा, अखण्डा, एक रस रूपिणी मोक्ष अवस्था प्राप्त होती है ॥७०६॥

तत्त्वमसि महा वाक्यार्थ के अपरोक्ष ज्ञान से सत्पुरुषों को सच्चिदानन्दा, अखण्डा, एक रस रूपिणी मुक्ति अवस्था प्राप्त होती है।

वाक्यार्थ एव ज्ञातव्यो मुमुक्षोर्भवमुक्तये । तस्मादवहितो भूत्वा श्रृणु वक्ष्ये समासतः ॥७०७॥

मुमुक्षोर्भवमुक्तये वाक्यार्थ एव ज्ञातव्यस्तस्मादवहितः सावधानः सतर्को **भूत्वा** यदहं **समासतः** सङ्क्षेपतो **वक्ष्ये तच्छृणु**।

मोक्षपुरुषार्थस्य सिद्धयेऽज्ञानप्रहाणमवश्यं कर्तव्यं तद्वाक्यार्थज्ञानात्सिद्ध्यति। वाक्यार्थस्य बोधनमन्वयव्यतिरेकाभ्यां विना न

भवति। तत्रान्वयव्यतिरेकौ तत्त्वम्पदार्थयोः सम्यक्प्रकारेण कृत्वा वाक्यावबोधनमुपपद्यते। अविरक्तस्य संसारनिविवृत्सा न, अनिवृत्ततृष्णस्य मुमुक्षुता न, अमुमुक्षोर्नास्ति गुरूपसदनं तद्विना वाक्यश्रवणं न भवेत्। हे शिष्य, त्वं तु वाक्यार्थज्ञानसिध्यर्थमधुना तत्त्वम्पदार्थपरिशोधनं कृत्वा तयोरैक्यं विजानीहि ज्ञात्वा चावधारयेति।

मुमुक्षु को संसार से मुक्ति पाने के लिए वाक्यार्थ को ही जानना चाहिए। इसीलिए तुम सावधान होकर सुनो, मैं उसे संक्षेप में कहूँगा ॥७०७॥

मुमुक्षु को संसार से मुक्ति पाने के लिए वाक्यार्थ को ही जानना चाहिए। अतः सावधान, सतर्क होकर जो मैं संक्षेप में कहूँगा, उसे सुनो।

मोक्ष पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए अज्ञान का नाश करना आवश्यक है जो वाक्यार्थ के ज्ञान से सिद्ध होता है। वाक्यार्थ का बोध अन्वय-व्यतिरेक के बिना नहीं हो सकता। वहाँ सम्यक् प्रकार से 'तत्' और 'त्वम्' पदार्थों में अन्वय-व्यतिरेक करके वाक्य का बोध होता है। अविरक्त में संसार से निवृत्त होने की इच्छा नहीं होती, अनिवृत्त तृष्णा वाले में मोक्ष की इच्छा नहीं होती तथा जिसे मोक्ष की इच्छा नहीं है, वह गुरु के पास नहीं जाएगा। उसके बिना वाक्य श्रवण नहीं होगा। हे शिष्य! तुम तो वाक्यार्थ ज्ञान की सिद्धि के लिए अब 'तत्' और 'त्वम्' पदार्थों का परिशोधन करके उनके ऐक्य को जानो और जानकर धारण करो।

अर्था बहुविधाः प्रोक्ता वाक्यानां पण्डितोत्तमैः । वाच्यलक्ष्यादिभेदेन प्रस्तुतं श्रूयतां त्वया ॥७०८॥

पण्डितोत्तमैः पण्डिताश्श्रोत्रियाश्च त उत्तमाश्श्रेष्ठास्सर्वगुणसम्पन्नाश्च पण्डितोत्तमास्तै**र्वाक्यानां बहुविधा** अनेकप्रकारा **अर्था वाच्यलक्ष्यादिभेदेन** वाच्यभेदेन लक्ष्यभेदेन च **प्रोक्ताः**। आदिपदेन व्यङ्ग्यभेदस्य सङ्ग्रहणम्। **प्रस्तुतं त्वया** यत्प्रश्नरूपेण **तच्छ्रूयता**मिति।

उत्तम पण्डितों द्वारा वाक्यों के अर्थों को अनेक प्रकार से वाच्य, लक्ष्यादि भेद से कहा गया है। आपने जो प्रस्तुत किया है, उसे ध्यान से सुनें ॥७०८॥

पण्डित तथा श्रोत्रिय जो सब श्रेष्ठ गुणों से सम्पन्न हैं, उत्तम पण्डितों द्वारा वाक्यों के अर्थों को अनेक प्रकार से वाच्य तथा लक्ष्यादि भेद से कहा गया है। 'आदि' पद से व्यङ्ग्य भेद का ग्रहण करना चाहिए। जो प्रश्न रूप से पूछा गया है, उसे सुनो।

वाक्ये तत्त्वमसीत्यत्र विद्यते यत्पदत्रयम् । तत्रादौ विद्यमानस्य तत्पदस्य निगद्यते ॥७०९॥

तत्त्वमसीति वाक्येऽत्र यत्पदत्रयं विद्यते वर्तते **तत्रादौ विद्यमानस्य तत्पदस्यार्थो निगद्यत** उच्यत इति।

'तत्त्वमसि' इस वाक्य में तीन पद हैं। वहाँ सबसे पहले 'तत्' पद कहा गया है ॥७०९॥

'तत्त्वमसि' इस वाक्य में तीन पद हैं। वहाँ सबसे पहले 'तत्' पद का अर्थ कहा गया है।

वाच्यार्थविरोधः

शास्त्रार्थकोविदैरर्थो वाच्यो लक्ष्य इति द्विधा । वाच्यार्थं ते प्रवक्ष्यामि पण्डितैर्य उदीरितः ॥७१०॥

शास्त्रार्थकोविदैः शास्त्रस्यार्थस्तात्पर्यं शास्त्रार्थस्तस्मिन् कोविदा विशारदास्तैः **पण्डितैर्वाच्यो**ऽभिधावृत्त्या प्राप्तस्तथा **लक्ष्यो** लक्षणावृत्त्या प्राप्त **इति द्विधा यो**ऽ**र्थ उदीरितः** कथित**स्ते** तुभ्यं तत्र प्रथमं **वाच्यार्थं प्रवक्ष्यामी**ति।

शास्त्र के अर्थ के ज्ञाता विद्वानों ने वाच्य और लक्ष्य ऐसे दो प्रकार के अर्थ कहे हैं। जो पण्डितों द्वारा वाच्यार्थ कहा गया है, उसको तुम्हें

बताऊँगा ॥७१०॥

शास्त्र के तात्पर्य के ज्ञाता, विशारदों ने अभिधा वृत्ति से प्राप्त तथा लक्षणा वृत्ति से प्राप्त दो प्रकार के जो अर्थ कहे हैं, उनमें से वाच्यार्थ को तुम्हें पहले बताऊँगा।

समष्टिरूपमज्ञानं साभासं सत्त्वबृंहितम् । वियदादिविराडन्तं स्वकार्येण समन्वितम् ॥७११॥

चैतन्यं तदवच्छिन्नं सत्यज्ञानादिलक्षणम् । सर्वज्ञत्वेश्वरत्वान्तर्यामित्वादिगुणैर्युतम् ॥७१२॥

जगत्स्रष्टृत्वपातृत्वसंहर्तृत्वादिधर्मकम् । सर्वात्मना भासमानं यदमेयं गुणैश्च तत् ॥७१३॥

अव्यक्तमपरं ब्रह्म वाच्यार्थ इति कथ्यते।

समष्टिरूपं स्थूलसूक्ष्मसमष्टिरेव रूपं समष्टिरूप**मज्ञानं** कारणं स्थूलसूक्ष्मयोः कार्यत्वात्तस्य कारणेऽज्ञानेऽन्तर्भावः। **साभासं** चिदाभाससहितं **सत्त्वबृंहितं** सत्त्वेन बृंहितं वर्धितं **स्वकार्येण समन्वितं** स्थूलसूक्ष्मप्रपञ्चेन समन्वितं युतं **वियदादिविराडन्तं तदवच्छिन्नं** तदज्ञानेनावच्छिन्नं विशिष्टं **सत्यज्ञानादिलक्षणं चैतन्यं सर्वज्ञत्वेश्वरत्वान्तर्यामित्वादिगुणैर्युतं** युक्तं **जगत्स्रष्टृत्वपातृत्वसंहर्तृत्वादिधर्मकं सर्वात्मना भासमानं यद्गुणैरमेयं** परिमाणायोग्यं **च तदव्यक्तमपरं** सोपाधिकं **ब्रह्म वाच्यार्थो**ऽभिधावृत्त्या प्राप्तोऽर्थो **इति कथ्यते**। तत्र -

सत्यज्ञानादिलक्षणमादिपदेनानन्तं स्वरूपलक्षणं ब्रह्मणो विशुद्धचैतन्यस्य। सर्वज्ञत्वेश्वरत्वान्तर्यामित्वादिगुणैर्युतमादिपदेन कर्मफलदातृत्वं ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणम्। तज्जगत्स्रष्टृत्वपातृत्वसंहर्तृत्वादिधर्मकं जगतः सृष्टिस्थितिलयकारणमित्यर्थः। *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म", "एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्", "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति।"*इत्यादिश्रुतिभ्यः।

सत्त्व गुण की अधिकता वाला, आभास युक्त समष्टि रूप अज्ञान, आकाश आदि से विराट पर्यन्त अपने कार्य सहित तदवच्छिन्न सत्य, ज्ञान आदि रूप चैतन्य; सर्वज्ञत्व, ईश्वरत्व, अन्तर्यामित्व आदि गुणों से युक्त, जगत् स्रष्टृत्व, पातृत्व, संहर्तृत्व आदि धर्मों वाला, सर्वात्म रूप से प्रकाशमान, जो गुणों के द्वारा जाना नहीं जा सकता। अव्यक्त, अपर ब्रह्म 'तत्' पद का वाच्यार्थ है - ऐसा कहा जाता है ॥७११, ७१२, ७१३॥

स्थूल-सूक्ष्म समष्टि ही जिसका रूप है वह स्थूल-सूक्ष्म कार्य होने से उसके कारण अज्ञान में अन्तर्भाव, चिदाभास सहित, सत्त्व से बृंहित, वर्धित (बढ़ा हुआ), स्थूल-सूक्ष्म प्रपञ्च से युक्त, आकाश आदि से विराट पर्यन्त, उस अज्ञान से अवच्छिन्न, विशिष्ट सत्य, ज्ञान आदि रूप चैतन्य; सर्वज्ञत्व, ईश्वरत्व, अन्तर्यामित्व आदि गुणों से युक्त, जगत् स्रष्टृत्व, पातृत्व, संहर्तृत्व आदि धर्मों वाला, सर्वात्म रूप से प्रकाशमान, जो परिमाण के अयोग्य है, अव्यक्त, सोपाधिक ब्रह्म 'तत्' पद का अभिधा वृत्ति से प्राप्त अर्थ कहा जाता है। वहाँ -

सत्य, ज्ञान आदि लक्षण में 'आदि' पद से अनन्त, विशुद्ध चैतन्य ब्रह्म के स्वरूप लक्षण को ग्रहण करना है। सर्वज्ञत्वेश्वरत्वान्तर्यामित्वादिगुणैर्युतम् में 'आदि' पद से कर्मफल देने वाले ब्रह्म के तटस्थ लक्षण को ग्रहण करना है। 'जगत्स्रष्टृत्वपातृत्वसंहर्तृत्वादिधर्मकम्' से वह जगत् की सृष्टि, स्थिति, लय कारण - ऐसा अर्थ है। 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान तथा अनन्त है' (तै० उ० २।१), 'यह प्राज्ञ आत्मा सबका शासक ईश्वर है। यह सर्वज्ञ, यही अन्तर्यामी तथा सम्पूर्ण प्राणियों के उत्पत्ति तथा लय का एकमात्र स्थान होने के कारण वह सबका कारण भी है' (मा० उ० ६), 'जिससे निश्चय ही ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर जिसके आश्रय से ये जीवित रहते हैं और अन्त में विनाशोन्मुख होकर जिसमें ये लीन होते हैं' (तै० उ० ३।१) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है।

नीलमुत्पलमित्यत्र यथा वाक्यार्थसङ्गतिः ॥७१४॥

तथा तत्त्वमसीत्यत्र नास्ति वाक्यार्थसङ्गतिः । पटाद्व्यावर्तते नील उत्पलेन विशेषितः ॥७१५॥

शौक्ल्याद्व्यावर्तते नीलेनोत्पलं तु विशेषितम् । इत्थमन्योन्यभेदस्य व्यावर्तकतया तयोः ॥७१६॥

विशेषणविशेष्यत्वसंसर्गस्येतरस्य वा । वाक्यार्थत्वे प्रमाणान्तरविरोधो न विद्यते ॥७१७॥

यथा नीलमुत्पलमित्यत्र वाक्ये **वाक्यार्थसङ्गतिर्वा**क्यस्यार्थो वाक्यार्थस्तस्य सङ्गतिर्भवति **तथा तत्त्वमसीत्यत्र** वाक्ये **वाक्यार्थसङ्गतिर्नास्ति। नीलो** वर्णो गुण **उत्पलेन** द्रव्येण **विशेषितः** सन् **पटाद्व्यावर्त्तते** तु **चोत्पलं नीलेन विशेषितं** विशेषणेन युक्तं सच्**छौक्ल्यवद्गुणाद्व्यावर्त्तते** पृथक्करोति। **इत्थं तयोरन्योन्यभेदस्य व्यावर्तकतया विशेषणविशेष्यत्वसंसर्गस्य** विशेषणविशेष्यभावस्य सम्बन्धस्य **वेतरस्य** गुणगुणीभावस्य **वाक्यार्थत्वे प्रमाणान्तरविरोधो**ऽन्यप्रमाणेन विरोधो **न विद्यते**। कस्मात्? उभयोरेकवस्तुनिष्ठत्वान्मुख्यार्थयोरेव वाक्यार्थत्वं सङ्गच्छते।

अत्रोच्यते -

पदलक्षणं वर्णानां समूहः पदमिति। आकाङ्क्षासन्निधियोग्यतावतां पदानां समूहो वाक्यमिति वाक्यलक्षणम्। न च जरद्गवादिवाक्यं पदार्थसंसर्गप्रतीतिजनकं, तस्य वाक्याऽऽभासत्वात्। तथाहि - 'जरद्गवः कम्बलपादुकाभ्यां द्वारि स्थितो गायति भद्रकाणि। तं ब्राह्मणी पृच्छति पुत्रकामा राजन् रुमायां लशुनस्य कोऽर्घः॥' इति।

वेदान्तिनामभिहितान्वयवादिनां मते 'देवदत्त! शुक्लदण्डेन कृष्णां गामानय' इति वाक्ये स्वस्ववाचकपदैरभिहितार्थानां पदार्थानामन्योन्याऽऽकाङ्क्षापूरणयोग्यत्वेन संसर्गो वाक्यार्थः।

जैसे 'नीलम् उत्पलम्' में वाक्यार्थ की सङ्गति है, वैसे 'तत्त्वमसि' में वाक्यार्थ की सङ्गति नहीं है। 'नील' उत्पल से विशिष्ट पट से व्यावर्तन के लिए है तथा 'उत्पल' नील से विशिष्ट शुक्ल से व्यावर्तन के लिए है। इस प्रकार वाक्यार्थ में किसी अन्य प्रमाण के साथ कोई विरोध विद्यमान नहीं है। चाहे वह उन दोनों के परस्पर भेद का व्यावर्तक होने से विशेषण-विशेष्य भाव संसर्ग अथवा अन्य [सम्बन्ध] हो ॥७१४, ७१५, ७१६, ७१७॥

जैसे 'नीलम् उत्पलम्' वाक्य में वाक्यार्थ की सङ्गति होती है, वैसे 'तत्त्वमसि' इस वाक्य में वाक्यार्थ की सङ्गति नहीं है। 'नील' वर्ण गुण, उत्पल द्रव्य से विशिष्ट होकर पट से पृथक् के लिए है तथा 'उत्पल' नील विशेषण से युक्त होकर शुक्ल गुण से पृथक् करने के लिए है। इस प्रकार वाक्यार्थ में किसी अन्य प्रमाण के साथ कोई विरोध विद्यमान नहीं है चाहे वह उन दोनों के परस्पर भेद का व्यावर्तक होने से विशेषण-विशेष्य भाव सम्बन्ध अथवा अन्य गुण-गुणी भाव [सम्बन्ध] हो। कैसे? दोनों मुख्य अर्थ में एक वस्तु निष्ठ होने से ही वाक्यार्थ अर्थ पूर्ण है।

इस विषय में कहा गया है -

पद का लक्षण है - 'वर्णों के समूह' को पद कहते हैं। वाक्य का लक्षण है - 'आकाङ्क्षा, सन्निधि, योग्यता वाले पदों के समूह' को वाक्य कहते हैं। 'एक बूढ़ा बैल' जैसे वाक्य पदार्थों के सम्बन्ध को नहीं दर्शाते, केवल वाक्य का आभास होने के कारण, जैसे बूढ़ा बैल दरवाज़े पर खड़े होकर कम्बल तथा चप्पल पहन कर शुभ गीत गा रहा है। पुत्र की कामना वाली ब्राह्मण पत्नी उससे पूछती है, "हे राजन्! नमक की खान में लहसुन का क्या भाव है?"

वेदान्तियों के अनुसार, जो अभिहितान्वय वादी हैं, 'देवदत्त! सफेद दण्ड से काली गाय को लाओ' - इस वाक्य में, अपने-अपने पदों के

द्वारा बताए गए अर्थ का, परस्पर अपेक्षाओं को पूरा करने के योग्य होने से, जो सम्बन्ध होता है, उनका सम्बन्ध ही वाक्यार्थ है।

अतः सङ्गच्छते सम्यग्वाक्यार्थो बाधवर्जितः । एवं तत्त्वमसीत्यत्र वाक्यार्थो न समञ्जसः ॥७१८॥

अतो बाधवर्जितो बाधरहितो **वाक्यार्थो** नीलोत्पलमिति वाक्यस्य **सम्यक्सङ्गच्छत एवं तत्त्वमसीत्यत्र वाक्यार्थो समञ्जसो न** भवति। कस्मात् -

नीलोत्पलमिति वाक्येऽन्योन्यविशेष्यभावसंसर्गार्थस्य वाऽन्यतरस्वरूपविशिष्टार्थस्य वाक्यार्थत्वाङ्गीकारे प्रमाणान्तराऽविरोधान्मुख्यार्थयोरेव वाक्यार्थत्वं सङ्गच्छते नीलत्वस्योत्पलत्वस्य चैकाधिकरणनिष्ठत्वात्। अत्र महावाक्ये प्रत्यक्षादिप्रमाणविरोधाद्वाच्यार्थयोरैक्यं न सङ्गच्छत इति।

अतः वाक्य का सम्यक् अर्थ तभी प्राप्त होता है जब वह विरोधाभास से मुक्त हो। उसी प्रकार 'तत्त्वमसि' यह वाक्यार्थ सुसङ्गत नहीं है ॥७१८॥

अतः बाध रहित 'नीला कमल' वाक्य का सम्यक् अर्थ प्राप्त होता है, वैसे ही 'तत्त्वमसि' यह वाक्यार्थ सुसङ्गत नहीं है। कैसे -

'नीला कमल' वाक्य में दोनों शब्द जो परस्पर एक-दूसरे को परिभाषित करते हैं उनके विशेष्य भाव संसर्ग का अथवा विशिष्ट अर्थ से वाक्यार्थ स्वीकार करने से, उनका अन्य प्रमाण से कोई विरोध नहीं होने से वाक्यार्थ का मुख्य अर्थ ही सही है क्योंकि नीलत्व तथा उत्पलत्व दोनों एक ही अधिकरण में निष्ठ हैं। यहाँ महावाक्य में प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध होने से दोनों के वाच्यार्थ में ऐक्य सही नहीं है।

तदेव विवृणोति त्रिभिः श्लोकैः। तत्पदं त्वम्पदस्य, त्वम्पदं तत्पदस्य वा विशेषणं न भवति यस्मात्।

उसे ही तीन श्लोकों के द्वारा विस्तार से बताया गया है। 'तत्' पद 'त्वम्' पद का अथवा 'त्वम्' पद 'तत्' पद का विशेषण नहीं है, क्योंकि -

तदर्थस्य परोक्षत्वादिविशिष्टचितेरपि । त्वमर्थस्यापरोक्षत्वादिविशिष्टचितेरपि ॥७१९॥

तथैवान्योन्यभेदस्य व्यावर्तकतया तयोः । विशेषणविशेष्यस्य संसर्गस्येतरस्य वा ॥७२०॥

वाक्यार्थत्वे विरोधोऽस्ति प्रत्यक्षादिकृतस्ततः । सङ्गच्छते न वाक्यार्थस्तद्विरोधं च वच्मि ते ॥७२१॥

तदर्थस्य परोक्षत्वादिविशिष्टचितेः परोक्षत्वाद्वितीयत्वविशिष्टस्य ताभ्यां युक्तस्य चैतन्य**स्यापि त्वमर्थस्यापरोक्षत्वादिविशिष्टचितेर**परोक्षत्वसद्वितीयत्वविशिष्टस्य ताभ्यां युक्तस्य चैतन्य**स्यापि तथैव तयो**स्तत्त्वम्पदयो**रन्योन्यभेदस्य व्यावर्तकतया विशेषणविशेष्यस्य संसर्गस्य** सम्बन्धस्य **वा** विशिष्ट**स्येतरस्य वाक्यार्थत्वे प्रत्यक्षादिकृतः** प्रत्यक्षादिप्रमाणैः कृतो **विरोधोऽस्ति। ततो वाक्यार्थो न सङ्गच्छते ते** तुभ्यं **तद्विरोधं च** विरोधप्रकारमपि **वच्मि**।

ननु श्रुतं तु मया -

"सामानाधिकरण्यं च विशेषणविशेष्यता। लक्ष्यलक्षणसम्बन्धः पदार्थप्रत्यगात्मनाम्॥" इति। (नै.सि. ३.३)

तत्र पदयोः सामानाधिकरण्यम्, पदार्थयोर्विशेषणविशेष्यभावः, प्रत्यगात्मलक्षणयोर्लक्ष्यलक्षणभाव इति सम्बन्धत्रयेणाखण्डार्थे बोधनीये सति विशेषणविशेष्यभावः कस्मान्निषिध्यत इति नाशङ्कनीयं परम्परयाऽखण्डार्थोपकारत्वेनाङ्गीकारात्। कथमेतदित्युच्यते - सामानाधिकरण्यविशेषणविशेष्याभ्यामेकत्वे प्रतिपादिते सति तस्मिन्नर्थेऽनुपपत्तिं दृष्ट्वा पश्चाद्विरुद्धांश-परित्यागेनोभयानुगताऽविरुद्धचैतन्यमात्रांशस्वीकारेणाखण्डैकरसवाक्यार्थस्वीकाराद्विशेषणविशेष्यभावस्य संसर्गस्यो-

पकारकत्वमिति। तदुक्तं हि सङ्क्षेपशारीरके -

"सामानाधिकरण्यमत्र भवति प्राथम्यभागन्वयः पश्चादेव विशेषणेतरतया पश्चाद्विरोधोद्भवः।
उत्पन्ने च विरोध एकरसके वस्तुन्यखण्डार्थधीः सर्वैरेव ततः पदैरयमिह ज्ञेयः क्रमः सूरिभिः॥"

तत्र सामानाधिकरण्यं पदयोस्समभिव्याहारज्ञानम्। अन्वयो वाक्यस्य तात्पर्यविषयार्थधीप्रयोजकः। विशेषणेतरतया विशेषणविशेष्यभावेन वाच्यार्थाभेदज्ञानम्, तत्र प्रमात्वासम्भवेन लक्षणया तात्पर्यविषयज्ञानान्निर्विकल्पकशाब्दबोधे तात्पर्यज्ञानमिति।

चतुर्धा हि पदसामानाधिकरण्यं यथा श्रीगङ्गाधरेन्द्रसरस्वतिभिरुक्तम् -

"बाधाऽध्यासविशेषणैक्यविषयं नाम्नोश्चतुर्धा मतं सामानाधिकरण्यमाद्यमिह न व्यर्थोद्यमा स्याच्छ्रुतिः।
ध्यानाद्यश्रवणादनित्यफलतादोषाच्च नाऽध्यासधीः तादात्म्यं न विरुद्धयोरिति बलाद्वस्त्वैक्यपक्षस्थितिः॥" (स्वा. सि. २.३८)

तत्र तावत्तत्त्वमसीति वाक्ये नाऽऽद्यम् - श्रुतिर्व्यर्थोद्यमा पुरुषार्थशून्यप्रवृत्तिलक्षणा स्यात्। ब्रह्मणो बाधेऽनिर्मोक्षप्रसङ्गात्। जीवस्य बाधे मुमुक्ष्वभावप्रसङ्गात्।

न द्वितीयम् - *"मनो ब्रह्मेत्युपासीत", "पुरुषो वाव गौतमाग्निः"* इत्यादिवन्नात्र ध्यानादि श्रूयते तस्मान्नाऽऽहार्योऽध्यासः। ध्यानं नाम मानसी क्रिया तस्या विशेषफलत्वादनित्यत्वाच्च नाऽध्यासधीः। जीवब्रह्मैक्यबोधे तु *"आत्मेत्येवोपासीत", "मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः"* इत्यत्र दर्शनोद्देशेन साधनानां विहितत्वादात्मदर्शनैकपरत्वविधानार्थं ध्यानं न तु स्वातन्त्र्येण विधिपरत्वम्।

न तृतीयम् - यथा 'नीलमुत्पलम्, दण्डी पुरुषः' इतिवत्। असंसारित्वसंसारित्वरूपविरुद्धधर्माऽऽक्रान्तत्वात्तयोस्तादात्म्यं न सम्भवति।

तस्माद्बलाद्वस्त्वैक्यपक्षस्य मुख्यसामानाधिकरण्यस्य स्थितिः स्वीकर्तव्या।

'तत्' अर्थ के परोक्षत्व आदि विशिष्ट चैतन्य, 'त्वम्' अर्थ के अपरोक्षत्व आदि विशिष्ट चैतन्य का भी तथा दोनों के परस्पर भेद के व्यावर्तक रूप से विशेषण-विशेष्य संसर्ग अथवा अन्य वाक्यार्थत्व में प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध है, इसीलिए वाक्यार्थ सही नहीं है। उस विरोध को तुम्हें कहूँगा ॥७१९, ७२०, ७२१॥

'तत्' अर्थ के परोक्षत्व, अद्वितीयत्व दोनों से युक्त/विशिष्ट चैतन्य का 'त्वम्' अर्थ के अपरोक्षत्व, सद्वितीयत्व दोनों से युक्त/विशिष्ट चैतन्य का तथा 'तत्', 'त्वम्' पदों के परस्पर भेद के व्यावर्तक रूप से विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध अथवा विशिष्ट का अन्य वाक्यार्थत्व में प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से विरोध है, इसीलिए वाक्यार्थ सही नहीं है। उस विरोध तथा उसके प्रकार को भी तुम्हें कहूँगा।

किन्तु मैंने यह सुना है -

'सामानाधिकरण्य, विशेषण-विशेष्य, लक्ष्य-लक्षण सम्बन्ध - ये दोनों शब्दों, उनके अर्थों तथा पदार्थों और प्रत्यक् आत्मा के बीच में सम्बन्ध हैं' (नै० सि० ३।३)।

इसके द्वारा पदों का सामानाधिकरण्य, पदार्थों का विशेषण-विशेष्य भाव, प्रत्यक् आत्मा लक्षण का लक्ष्य-लक्षण भाव - इस प्रकार तीन सम्बन्धों द्वारा जब अखण्ड अर्थ को समझना हो तो विशेषण-विशेष्य भाव का निषेध क्यों किया जाता है? इस प्रकार सन्देह नहीं करना चाहिए क्योंकि इसे केवल परम्परया अखण्ड अर्थ को स्थापित करने में उपकार रूप से स्वीकार किया जाता है। कैसे? उस पर कहते हैं -

सामानाधिकरण्य, विशेषण-विशेष्य से एकत्व को प्रतिपादित करने पर उनके अर्थ में अनुपपत्ति को देखकर पश्चात् विरुद्ध अंश के परित्याग से दोनों में अनुगत अविरुद्ध चैतन्य मात्र अंश को स्वीकार कर अखण्ड, एकरस वाक्यार्थ स्वीकार कर विशेषण-विशेष्य भाव के संसर्ग को उपकार रूप से स्वीकार किया जाता है। उसे ही सङ्क्षेप शारीरक में कहा गया है -

'पहले दो पदों में सामानाधिकरण्य रूप सम्बन्ध भासता है, पश्चात् विशेषण-विशेष्य भावरूप सम्बन्ध और तदनन्तर जब विरोध का उद्भव होता है, तब उस विरोध परिहार के लिए अखण्डैक रस वस्तु में लक्षणा वृत्ति का आश्रय लेना पड़ता है। अतः विद्वानों को अखण्डार्थ बोध के लिए यहाँ पर उक्त क्रम को स्मरण रखना चाहिए'।

इस श्लोक में पहला चरण दोनों शब्दों को एक साथ सुनने से उत्पन्न होने वाले ज्ञान को दर्शाता है। वाक्य का अन्वय तात्पर्य विषयार्थ ज्ञान के लिए प्रयोजक है। फिर अभेद ज्ञान के लिए विशेषण से भिन्न विशेषण-विशेष्य भाव से वाच्यार्थ को समझने का प्रयास किया जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप विरोध उत्पन्न होता है। ऐक्य ज्ञान की असम्भवता के कारण लक्षणा के द्वारा तात्पर्य विषय ज्ञान से निर्विकल्पक शाब्द बोध में 'तात्पर्य ज्ञान' होता है।

पद सामानाधिकरण्य चार प्रकार का होता है, जैसा श्रीगङ्गाधरेन्द्र सरस्वती जी द्वारा कहा गया है -

'बाध, अध्यास, विशेषण तथा ऐक्य - इन विषयों को लेकर 'नामों' के द्वारा चार प्रकार के सामानाधिकरण्य माने गए हैं। यहाँ 'आद्यम्' अर्थात् 'बाध सामानाधिकरण्य' को स्वीकार करने पर श्रुति व्यर्थ प्रयास वाली होगी। ध्यान आदि के अश्रवण तथा अनित्य फल के दोष से अध्यास बुद्धि ठीक नहीं है। विरुद्ध गुणों के कारण उनमें तादात्म्य नहीं हो सकता। इसीलिए ऐक्य पक्ष की ही बल से पुष्टि होती है' (स्वा० सि० २।३८)।

'तत्त्वमसि' इस कथन के सन्दर्भ में पहला कथन सही नहीं है क्योंकि श्रुति व्यर्थ प्रयास वाली तथा पुरुषार्थ रहित प्रवृत्ति लक्षण वाली हो जाएगी। ब्रह्म का बाध होने पर अनिर्मोक्ष (मुक्ति न होने) का प्रसङ्ग आता है। जीव का बाध होने पर मुमुक्षु के अभाव का प्रसङ्ग हो जाएगा।

दूसरा कथन भी सही नहीं है - जैसे ''मन ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करे' (छा० उ० ३।१८।१), 'हे गौतम! पुरुष ही अग्नि है' (छा० उ० ५।७।१) इत्यादि से यहाँ ध्यान आदि नहीं सुना गया है, इसीलिए अध्यास को नहीं लिया जाना चाहिए। ध्यान मानसी क्रिया है, उसका एक विशेष फल होने से तथा अनित्य होने से यहाँ अध्यास प्रकारक सामानाधिकरण्य नहीं है। परन्तु जीव-ब्रह्म ऐक्य बोध में 'आत्मा है - इस प्रकार उपासना करे' (बृ० उ० १।४।७), 'मनन तथा ध्यान किए जाने योग्य है' (बृ० उ० २।४।५), यहाँ 'देखने' के उद्देश्य से, क्योंकि साधन विहित हैं - यह निर्देश केवल आत्मा को जानने के लिए है; ध्यान स्वतन्त्र रूप से अनिवार्य नहीं कहा गया है।

तीसरा नहीं - जैसे कि 'नीला कमल', 'दण्डी पुरुष' आदि। असंसारित्व, संसारित्व रूप विरुद्ध धर्मों से युक्त होने के कारण उनका तादात्म्य सम्भव नहीं है।

इसीलिए बलपूर्वक वस्तु के एकत्व वाले मुख्य सामानाधिकरण्य के पक्ष को स्वीकार करना चाहिए।

विरोधप्रकारं दर्शयति सर्वेशत्वेत्यादिना।

विरोध के प्रकार को बताते हैं 'सर्वेशत्व' इत्यादि से -

सर्वेशत्वस्वतन्त्रत्वसर्वज्ञत्वादिभिर्गुणैः । सर्वोत्तमः सत्यकामः सत्यसङ्कल्प ईश्वरः ॥७२२॥

तत्पदार्थस्त्वमर्थस्तु किञ्चिज्ज्ञो दुःखजीवनः । संसार्ययं तद्गतिको जीवः प्राकृतलक्षणः ॥७२३॥

सर्वेशत्वस्वतन्त्रत्वसर्वज्ञत्वादिभिर्गुणैः सर्वोत्तमः सत्यकामः सत्यसङ्कल्प ईश्वरस्तत्पदार्थः। त्वमर्थस्तु किञ्चिज्ज्ञोऽल्पज्ञो

दुःखजीवनो दुःखमेव जीवनं यस्य स दुःखजीवन**स्तद्गतिक**स्तेनेश्वरेण प्रदत्ता गतिर्यस्य स तद्गतिकः **प्राकृतलक्षणः** प्रकृतेरिदं प्राकृतं तल्लक्षणं यस्य स प्राकृतलक्षण आहारविहारशयनाच्छादनाद्यर्थे प्रकृतेर्वशो वा स्थूलसूक्ष्मपञ्चमहाभूतकृतशरीराभिमानी **संसार्ययं जीवस्त्वम्**पदार्थ इति।

सर्वेश्वरत्व, स्वतन्त्रत्व, सर्वज्ञत्व आदि गुणों से सर्वोत्तम, सत्य काम, सत्य सङ्कल्प ईश्वर 'तत्' पद का अर्थ है। थोड़ा जानने वाला, जिसका जीवन दुःखमय है, संसारी, ईश्वर द्वारा गति पाने वाला, प्राकृत लक्षण वाला जीव यह 'त्वम्' पद का अर्थ है ॥७२२, ७२३॥

सर्वेश्वरत्व, स्वतन्त्रत्व, सर्वज्ञत्व आदि गुणों से सर्वोत्तम, सत्य काम, सत्य सङ्कल्प ईश्वर 'तत्' पद का अर्थ है। अल्पज्ञ, दुःख ही जिसका जीवन है, जो ईश्वर के द्वारा गति पाता है, प्रकृति ही जिसका लक्षण है, वह जो आहार, विहार, शयन, वस्त्र आदि में प्रकृति के वश में है अथवा जो पञ्च महाभूतों से बने स्थूल-सूक्ष्म शरीर का अभिमानी है, संसारी जीव यह 'त्वम्' पद का अर्थ है।

कथमेकत्वमनयोर्घटते विपरीतयोः । प्रत्यक्षेण विरोधोऽयमुभयोरुपलभ्यते ॥७२४॥

तयोर्जीवेश्वरयोस्तत्त्वम्पदवाच्यार्थयो**र्विपरीतयोरनयोरेकत्वं कथं घटत** उपपद्यते। **उभयोरयं विरोधः प्रत्यक्षेणोपलभ्यत** इति। दृष्टान्तेन तयोर्विरोधः प्रदर्श्यते। किञ्चिज्ज्ञत्वसर्वज्ञत्वविषये खद्योतभान्वोरिवातिपरिच्छिन्नापरिच्छिन्नप्रकाशवत्वात्। नियम्यनियामकभावविषये राजभृत्ययोरिव विरोधः। आनन्दलेशपरमानन्दविषये कूपाम्बुराश्योरिव तथा व्यापकत्वविषये एकदेशगतत्वसर्वगतत्वविषये वा परमाणुमेर्वोरिव विरोधो दृश्यत इति।

विपरीत स्वभाव वाले इन दोनों का एकत्व कैसे हो सकता है? इन दोनों में प्रत्यक्ष रूप से विरोध उपलब्ध है ॥७२४॥

उन जीव-ईश्वर, तत्-त्वं पद वाच्यार्थ विपरीत स्वभाव वाले इन दोनों का एकत्व कैसे हो सकता है? इन दोनों में प्रत्यक्ष रूप से विरोध उपलब्ध है। दृष्टान्त से उन दोनों के विरोध को दिखाते हैं। 'अज्ञत्व' तथा 'सर्वज्ञत्व' के विषय में यह खद्योत-सूर्य के समान है, अति परिच्छिन्न-अपरिच्छिन्न प्रकाशवान होने से। नियम्य-नियामक भाव के विषय में सेवक तथा राजा के बीच जैसा विरोध है। आनन्द लेश-परम आनन्द के विषय में कूप-समुद्र के समान है तथा व्यापकत्व के विषय में अथवा एक स्थान पर विद्यमान होने या हर जगह विद्यमान होने के विषय में परमाणु और मेरु पर्वत के जैसे विरोध देखा जाता है।

विरुद्धधर्माक्रान्तत्वात्परस्परविलक्षणौ । जीवेशौ वह्नितुहिनाविव शब्दार्थतोऽपि च ॥७२५॥

प्रत्यक्षादिविरोधः स्यादित्यैक्ये तयोः परित्यक्ते । श्रुतिवचनविरोधो भवति महान्स्मृतिवचनविरोधश्च ॥७२६॥

वह्नितुहिनोरग्निहिमयो**रिव विरुद्धधर्माक्रान्तत्वाद्वि**रुद्धैर्विपरीतैर्धर्मैराक्रान्तत्वात्**परस्परविलक्षणौ जीवेशौ** यथा पूर्वं प्रदर्शितं विद्येते **शब्दार्थतश्च** वाच्यार्थतो**ऽपि प्रत्यक्षादिविरोधः** प्रत्यक्षादिप्रमाणैर्विरोधः **स्यादिति** तस्मा**त्तयोरैक्ये परित्यक्ते**, यदि प्रत्यक्षादिप्रमाणविरोधान्महावाक्यपरित्यागः क्रियते तर्हि **महान् श्रुतिवचनविरोधः** श्रुतिवचनैर्विरोधः **स्मृतिवचनविरोधश्च** स्मृतिवचनैर्विरोधो **भवति**।

यदा वाच्यार्थयोर्विरोधो दृश्यते तदा वाक्यमपरित्यज्य लक्षणावृत्तिः स्वीकार्येति योजना।

कुत्र श्रुतिस्मृतिषु विरोधः? उच्यते। *"प्रज्ञानं ब्रह्म। स एतेन प्रज्ञेनाऽऽत्मनाऽस्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन् स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वाऽमृतः समभवत्", "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह। ब्रह्मणा विपश्चितेति।", "तरति शोकमात्मवित्", "ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति"* इति जीवब्रह्मैक्यज्ञानेनैवाऽऽत्यन्तिकदुःखनिवृत्तिः परमानन्दावाप्तिश्च प्रतिपादिता सर्ववेदेषु। स्मृतिषु च *"अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशय स्थितः", "क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत",*

"सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टः", "सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि" इत्याद्या ऐक्यं प्रदर्शयन्त्यः तस्य फलं स्थितप्रज्ञत्वं, परमभक्तत्वं, त्रिगुणातीतत्वं, ध्यानयोगित्वमपि च दर्शयन्ति। जीवब्रह्मणोरैक्ये परित्यक्ते तेषामपि विरोधः स्यात्।

अग्नि और हिम के समान, जीव और ईश्वर परस्पर विलक्षण हैं विरुद्ध धर्मों से युक्त होने के कारण तथा शब्दों के अर्थ से भी दोनों का प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध है। इससे दोनों के ऐक्य का परित्याग करने पर श्रुति वचन और स्मृति वचन का महान् विरोध होता है ॥७२५, ७२६॥

अग्नि और हिम के समान विरुद्ध, विपरीत धर्मों से युक्त होने के कारण जीव और ईश्वर परस्पर विलक्षण रूप से विद्यमान हैं जैसा पहले दिखाया गया है तथा वाच्यार्थ रूप से भी दोनों का प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध है। इसीलिए यदि प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से विरोध होने पर महावाक्य का परित्याग किया जाता है तो श्रुति वचन से और स्मृति वचन का महान् विरोध होता है।

जब वाच्यार्थ में विरोध देखा जाता है, तब वाक्य का परित्याग किए बिना लक्षणा वृत्ति के द्वारा अर्थ को स्वीकार किया जाना चाहिए - यह नियम है।

श्रुति, स्मृति में कहाँ विरोध है? इस पर कहते हैं। 'प्रज्ञान ही ब्रह्म है। वह इस चैतन्य स्वरूप से ही इस लोक से उत्क्रमण कर इन्द्रियातीत स्वर्ग लोक में सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त कर अमर हो गया' (ऐ० उ० ३।१।३,४), 'जो पुरुष उसे बुद्धि रूप परम आकाश में निहित जानता है, वह सर्वज्ञ ब्रह्म रूप से एक साथ ही सम्पूर्ण भोगों को प्राप्त कर लेता है' (तै० उ० २।१), 'आत्मवित् शोक के पार हो जाता है' (छा० उ० ७।१।३), 'ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही होता है' (मु० उ० ३।२।९) इत्यादि से सिद्ध होता है कि जीव-ब्रह्म ऐक्य ज्ञान से ही आत्यन्तिक दुःख निवृत्ति तथा परम आनन्द की प्राप्ति होती है - ऐसा सभी वेदों में प्रतिपादित किया गया है। स्मृति में भी 'हे गुडाकेश! मैं समस्त भूतों के हृदय में स्थित सभी की आत्मा हूँ' (भ० गी० १०।२०), 'हे भारत! समस्त क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जानो' (भ० गी० १३।२), 'मैं ही समस्त प्राणियों के हृदय में स्थित हूँ' (भ० गी० १५।१५), 'आत्मा को सभी भूतों में तथा भूतमात्र को आत्मा में देखता है' (भ० गी० ६।२९) इस प्रकार ऐक्य को दिखाकर उसके फल स्थितप्रज्ञत्व, परम भक्ति, त्रिगुणातीतत्व और ध्यान योग में निपुणता को दिखाते हैं। जीव-ब्रह्म ऐक्य का परित्याग करने पर उनके साथ भी विरोध होगा।

अस्मात्कारणादपि श्रुतेर्वचोऽङ्गीकार्यम्।

इस कारण से भी श्रुति के वचनों को स्वीकार किया जाना चाहिए -

श्रुत्याप्येकत्वमनयोस्तात्पर्येण निगद्यते । मुहुस्तत्त्वमसीत्यस्मादङ्गीकार्यं श्रुतेर्वचः ॥७२७॥

श्रुत्यापि *"न तु तद्द्वितीयमस्ति", "द्वितीयाद्वै भयं भवति", "नेह नानास्ति किञ्चन", "उदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति", "इदं सर्वं यदयमात्मा", "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति"* तथा स्मृत्यापि *"वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः", "अहं हरिः सर्वमिदं जनार्दनो नान्यत्ततः कारणकार्यजातम्। ईदृङ्मनो यस्य न तस्य भूयो भवोद्भवा द्वन्द्वगदा भवन्ति" (वि. पु.)* **इत्यनयोर्जीव**ब्रह्मणो**रेकत्वं तात्पर्येण निगद्यते। अस्मान्मुहुस्तत्त्वमसीति श्रुतेर्वचोऽङ्गीकार्यम**ित्यर्थः।

श्रुति भी इन दोनों के एकत्व को तात्पर्य से कहती है। इसी से बार-बार उक्त श्रुति वचन 'तत्त्वमसि' को अङ्गीकार करना चाहिए ॥७२७॥

श्रुति द्वारा भी 'उससे भिन्न कोई दूसरी वस्तु है ही नहीं' (बृ० उ० ४।३।२३), 'भय तो दूसरे से ही होता है' (बृ० उ० १।४।२), 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (क० उ० २।१।११), 'जब यह इसमें थोड़ा-सा भी भेद करता है तो इसे भय प्राप्त होता है' (तै० उ० २।७), 'यह सब आत्मा ही है' (बृ० उ० २।४।६), 'जो मनुष्य इस तत्त्व में नानात्व देखता है, वह मृत्यु से मृत्यु को अर्थात् जन्म-मरण को प्राप्त होता है' (क० उ० २।१।१०) तथा स्मृति द्वारा भी 'यह सब वासुदेव है' ऐसा जानने वाला महात्मा अति दुर्लभ है' (भ० गी० ७।१९), 'मैं तथा यह

सम्पूर्ण जगत् जनार्दन श्रीहरि ही हैं; उनसे भिन्न और कुछ भी कार्य-कारण आदि नहीं है। जिसके चित्त में यह ज्ञान स्थापित हो जाता है, उसे संसार के द्वन्द्व की प्राप्ति नहीं होती' (वि० पु० १।२२।८७) जीव-ब्रह्म के एकत्व को तात्पर्य से कहा गया है। इसी से बार-बार उक्त श्रुति वचन 'तत्त्वमसि' को अङ्गीकार करना चाहिए - ऐसा अर्थ है।

वाक्यार्थत्वे विशिष्टस्य संसर्गस्य च वा पुनः । अयथार्थतया सोऽयं वाक्यार्थो न मतः श्रुतेः ॥७२८॥

विशिष्टस्य विशेषणविशेष्यभावस्य नीलमुत्पलं दण्डी देवदत्तो वेति वाक्यस्य **वा संसर्गस्य** 'देवदत्त! शुक्लदण्डेन कृष्णां गामानय' इति संसृष्टवाक्यस्य **वाक्यार्थत्वे** वाक्यस्यार्थविचारणे **पुनरयथार्थतया** परस्परविरुद्धधर्माक्रान्तत्वाद्यथा पूर्वैः श्लोकैर्दर्शितः, **सोऽयं वाक्यार्थः श्रुतेर्न मतो**ऽभिमत इति।

ननु विशेषणविशेष्यभावानामनेकत्वात्तत्र को भावो निराक्रियते? किं कार्यकारणभाव उत गुणगुणिभाव उतांशांशिभाव उत जातिव्यक्तिभाव उत क्रिया-तद्वद्-भावः। उच्यते - सर्वेषां भावानामसम्भवात्समस्तविशेषणविशेष्यभावनिरासः। कुतः? तत्त्वम्पदार्थयोर्न तावत्प्रथमः कुण्डलसुवर्णवन्नित्यत्वादविकारित्वाच्च चैतन्यस्य। न द्वितीयो नीलोत्पलवदुभयोर्द्रव्यत्वात्तार्किकमते, वेदान्तमते तु चैतन्यस्य निर्गुणत्वात्। नापि तृतीयो ग्रामनगरवन्निरंशत्वात्। नापि चतुर्थस्तार्किकमते गोत्वसुरभीवद्द्रव्यत्वात्तत्पदस्य जातिव्यक्त्यभावाच्च, वेदान्तमते तु चैतन्यस्याद्वितीयत्वात्। नापि पञ्चमो रथादिवन्निष्क्रियत्वात्। तस्मान्न विशेषणविशेष्यभावः।

अस्य महावाक्योपदेशस्य किं फलम्? आत्मनि कर्तृत्वभोक्तृत्वयोरधिकृतत्वविज्ञाननिवृत्तिः कर्मसम्बन्धोच्छेदश्च तस्य फलम्। सदेकमेवाद्वितीयाऽऽत्मविज्ञाने विकारानृतजीवात्मविज्ञानं निवर्तते।

ननु तत्त्वमसिवाक्यमुपासनपरं *"मनो ब्रह्म इति"* वाक्यवद्यथा च लोके प्रतिमादिषु विष्ण्वादिबुद्धिस्तद्वत्। न, तत्र "इति" शब्दव्यवधानान्न साक्षाद्ब्रह्मत्वमिह तु सत एवास्मिञ्छरीरे प्रवेशं दर्शयित्वा निरङ्कुशं सदात्मभावमुपदिशति श्रुतिः।

ननु 'सिंहो माणवकः' इतिवदुपचारमात्रम्। न, उपचारविज्ञानान्न "तस्य तावदेव चिरम्" इति जीवन्मुक्तिफलं सम्भवति। नापि स्तुतिस्त्वमिन्द्रोऽसीतिवत्स्तुतिपरं नवकृत्वोऽभ्यासवैयर्थ्यप्रसङ्गात्। नाप्यर्थवादः, अनुपास्यत्वात्परिच्छिन्नस्य जीवस्य। किञ्च यदि छान्दोग्योपनिषदि षष्ठाध्यायेऽन्यकिञ्चित्प्रधानवाक्यमुपलभ्यते तच्छेषत्वेनेदमर्थवादरूपं भवेत्। नैतदस्ति, सर्वासामुपनिषदां ब्रह्मात्मन्येव तात्पर्यत्वात्।

तस्मात्तत्त्वमस्यादिवाक्यमखण्डार्थबोधकं कार्यकारणविलक्षणब्रह्मनिष्ठं प्रपञ्चोपशमप्रतिपादकपरं लक्षणया जीवब्रह्मैक्यं बोधयति सोऽयं देवदत्त इति वाक्यवदिति।

यदि वाक्यार्थ विशेषण-विशेष्य भाव वाला अथवा संसर्ग होता तो अयथार्थ होने के कारण यह वाक्यार्थ श्रुति को मान्य नहीं है ॥७२८॥

विशेषण-विशेष्य भाव में 'नीला कमल' या 'दण्डी देवदत्त' वाक्य का अथवा संसर्ग में 'देवदत्त! शुक्ल दण्ड से काली गाय को लाओ' संसृष्ट वाक्य के अर्थ का विचार करने पर परस्पर विरुद्ध धर्मों से अभिभूत होने के कारण जैसा कि पूर्व श्लोकों के द्वारा दिखाया गया है, यह वाक्यार्थ श्रुति को अभिमत नहीं है।

परन्तु विशेषण-विशेष्य भाव अनेक प्रकार का होता है, वहाँ किस भाव का निषेध किया जा रहा है? क्या कार्य-कारण भाव या गुण-गुणी भाव अथवा अंश-अंशी भाव या जाति-व्यक्ति भाव अथवा क्रिया का उसके कर्ता से भाव है? इस पर कहते हैं - सभी भावों के असम्भव होने के कारण समस्त विशेषण-विशेष्य भाव का निरास किया जाता है। कैसे? तत्-त्वम् पदार्थों में पहला लागू नहीं होता क्योंकि चैतन्य

नित्य तथा अविकारी है कुण्डल के सुवर्ण के जैसे। नीले कमल के जैसे दूसरा नहीं क्योंकि तार्किकों के मत में दोनों द्रव्य हैं किन्तु वेदान्त मत में चैतन्य निर्गुण है। तथा निरंश होने के कारण, गाँव-नगर के जैसे तीसरा भी नहीं। गोत्व-सुरभि गाय के जैसे चौथा भी नहीं, तार्किकों के मत में द्रव्य होने के कारण तथा 'तत्' पद में जाति-व्यक्ति का अभाव होने के कारण किन्तु वेदान्त मत में चैतन्य अद्वितीय है। तथा पाँचवाँ भी नहीं - रथ के जैसे निष्क्रिय होने के कारण। इसीलिए विशेषण-विशेष्य भाव नहीं है।

इस महावाक्य उपदेश का फल क्या है? आत्मा में कर्तृत्व, भोक्तृत्व के अधिकृतत्व विज्ञान की निवृत्ति तथा कर्म के साथ सम्बन्ध का पूर्ण विनाश उसका फल है। सत् स्वरूप, एकमात्र, अद्वितीय आत्मा का ज्ञान होने पर विकारी, मिथ्या जीवात्मा के ज्ञान का नाश हो जाता है।

परन्तु 'मन ही ब्रह्म है' वाक्य के जैसे 'तत्त्वमसि' वाक्य उपासना परक है तथा जैसे लोक में प्रतिमाओं आदि में विष्णु आदि बुद्धि होती है। नहीं, वहाँ 'इति' शब्द का व्यवधान होने से साक्षात् ब्रह्मत्व नहीं बताया गया है किन्तु यहाँ इस शरीर में ही सत् रूप से प्रवेश को दर्शाते हुए श्रुति आत्मा के निरपेक्ष सत् स्वरूप का उपदेश करती है।

किन्तु 'बालक सिंह है' के जैसे यह मात्र एक रूपक है? नहीं, रूपक के ज्ञान से जैसा कि बताया गया है 'उसके लिए [मोक्ष होने में] उतना ही विलम्ब है' (छा० उ० ६।१४।२) जीवन्मुक्ति फल सम्भव नहीं है। और न ही यह कोई प्रशंसा है, जैसे कि 'तुम इन्द्र हो' क्योंकि नौ बार दोहराने से व्यर्थ होने का प्रसङ्ग हो जायेगा। न ही यह अर्थवाद है क्योंकि परिच्छिन्न जीव उपासना का विषय नहीं होता। इसके अतिरिक्त यदि छान्दोग्य उपनिषद् के छठे अध्याय में कोई अन्य मुख्य वाक्य पाया जाता है, तो यह अर्थवाद रूप में केवल उसका शेष होगा। ऐसा नहीं है क्योंकि सभी उपनिषदों का तात्पर्य केवल ब्रह्म को ही आत्म रूप से जानना है।

इसीलिए 'तत्त्वमस्यादि' वाक्य जो अखण्डार्थ के द्योतक हैं, कार्य-कारण विलक्षण ब्रह्म को बताते हैं, प्रपञ्च का उपशम रूप प्रतिपादन करने में निष्ठ हैं, लक्षणा से जीव-ब्रह्म ऐक्य का बोध कराते हैं; जैसे 'यह वह देवदत्त है' वाक्य में।

कथं षष्ठाध्याये ब्रह्मणोऽद्वैतसिद्धिरिति। उच्यतेऽखण्डैकरसत्वेनेति।

छठे अध्याय में ब्रह्म के अद्वैत की सिद्धि किस प्रकार बताई गई है? इसे बताते हैं 'अखण्डैकरस' इत्यादि से -

अखण्डैकरसत्वेन वाक्यार्थः श्रुतिसम्मतः । स्थूलसूक्ष्मप्रपञ्चस्य सन्मात्रत्वं पुनः पुनः ॥७२९॥

दर्शयित्वा सुषुप्तौ तद्ब्रह्माभिन्नत्वमात्मनः । उपपाद्य सदेकत्वं प्रदर्शयितुमिच्छया ॥७३०॥

ऐतदात्म्यमिदं सर्वमित्युक्त्यैव सदात्मनोः । ब्रवीति श्रुतिरेकत्वं ब्रह्मणोऽद्वैतसिद्धये ॥७३१॥

अखण्डैकरसत्वेन एकोऽद्वितीयश्चासौ रसश्च एकरसोऽखण्डश्चासावेकरसश्चाखण्डैकरसस्तस्य भावोऽखण्डैकरसत्वं तेन **वाक्यार्थः श्रुतिसम्मतः**। यथा 'सोऽयं देवदत्तः' इति वाक्ये तदिदन्तयोस्तदेतद्देशकालवैशिष्ट्यलक्षणयोः धर्मयोर्विरोधादैक्यानुपपत्तिः। तत्र विरुद्धांशयोस्त्यागेनैकं देवदत्तस्वरूपमेव लक्ष्यते। तथाऽखण्डं सजातीयविजातीय-स्वगतभेदरहितं ब्रह्म "अहं ब्रह्मास्मि ब्रह्मैवाहमस्मि" इति व्यतिहारेण लक्ष्यते यथा कैवल्योपनिषदि *"सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं नित्यं तत्त्वमेव त्वमेव तत्"* इति।

श्रुतिः स्थूलसूक्ष्मप्रपञ्चस्य सन्मात्रत्वं पुनः पुनर्दर्शयित्वा *"अपागादग्नेरग्नित्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम्", "अन्नमयगं हि सोम्य मनः आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वागिति"* **सुषुप्तौ** स्वपिति नाम निर्वचनेन *"यत्रैतत्पुरुषः स्वपिति नाम सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति स्वमपीतो भवति"* इति श्रुत्या**ऽऽत्मनस्तद्ब्रह्माभिन्नत्वमुपपाद्य सदेकत्वं** सता ब्रह्मणैकत्वं **प्रदर्शयितुमिच्छया सर्वमिदमैतदात्म्यमे**तेन सदाख्येनाऽऽत्मनाऽऽत्मवत्सर्वमिदं जगत्। *"स य एषोऽणिमा। ऐतदात्म्यमिदगं*

सर्वम्। तत्सत्यम् स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति" **इत्युक्त्यैव ब्रह्मणोऽद्वैतसिद्धये**ऽद्वैतस्याद्वितीयस्य सर्वभेदरहितस्य प्रपञ्चशून्यस्याजातस्य कार्यकारणरहितस्य सिद्धये **सदात्मनोर्जी**वात्मपरमात्मनो**रेकत्वं ब्रवीती**त्यर्थः।

अखण्ड एक रस रूप से वाक्य का अर्थ श्रुति के अनुकूल है। श्रुति पुनः पुनः स्थूल तथा सूक्ष्म प्रपञ्च का सत् मात्रत्व दिखाकर सुषुप्ति में आत्मा और ब्रह्म के अभेद का उपपादन करती हुई, सद्रूप ब्रह्म के साथ एकत्व को दिखाने की इच्छा से 'एतद्रूप यह सब आत्मा है' - ब्रह्म के अद्वैत की सिद्धि के लिये एकत्व को कहती है ॥७२९, ७३०, ७३१॥

जो अखण्ड तथा एक रस है, उस अखण्ड एक रस रूप से वाक्यार्थ श्रुति सम्मत है। जैसे 'यह वही देवदत्त है' वाक्य में, इस देश और काल तथा अन्य देश-काल की विशेषताओं का विरोध होने से ऐक्य सम्भव नहीं है। वहाँ विरुद्ध अंश का त्याग करने से एक देवदत्त रूप ही लक्षित होता है। उसी प्रकार अखण्ड, सजातीय-विजातीय-स्वगत भेद रहित ब्रह्म को 'मैं ब्रह्म हूँ, ब्रह्म ही मै हूँ' अपवाद द्वारा लक्षित किया जाता है, जैसे कैवल्य उपनिषद् में कहा है 'सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, नित्य - तुम वह ही हो, वही तुम हो' (१६)।

श्रुति पुनः पुनः स्थूल तथा सूक्ष्म प्रपञ्च का सत् मात्रत्व दिखाकर 'अग्नि से अग्नित्व निवृत्त हो गया क्योंकि [अग्नि रूप] विकार वाणी से कहने के लिए नाम मात्र है। केवल तीन रूप हैं - इतना ही सत्य है' (छा० उ० ६।४।१), 'हे सोम्य! मन अन्नमय है, प्राण जलमय और वाणी तेजोमयी है' (छा० उ० ६।५।४) सुषुप्ति में 'स्वपिति' व्युत्पत्ति से 'जिस अवस्था में यह पुरुष 'सोता है' ऐसा कहा जाता है, उस समय हे सोम्य! यह सत् से सम्पन्न हो जाता है, यह अपने स्वरूप को प्राप्त हो जाता है' (छा० उ० ६।८।१) इत्यादि श्रुति के द्वारा उस ब्रह्म से आत्मा का अभेद उपपादन करती हुई, सद्रूप ब्रह्म के साथ एकत्व को दिखाने की इच्छा से सत् सञ्ज्ञक इस आत्मा के द्वारा यह सम्पूर्ण जगत् आत्मवान् है। 'वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तुम हो' (छा० उ० ६।८।७)। इन उक्तियों द्वारा अद्वैत, अद्वितीय, सभी भेदों से रहित, प्रपञ्च शून्य, अजात, कार्य-कारण रहित ब्रह्म की सिद्धि के लिये जीवात्मा-परमात्मा के एकत्व को कहती है - ऐसा अर्थ है।

सति प्रपञ्चे जीवे वाद्वैतत्वं ब्रह्मणः कुतः । अतस्तयोरखण्डत्वमेकत्वं श्रुतिसम्मतम् ॥७३२॥

प्रपञ्चे जगति **जीवे वा सति ब्रह्मणोऽद्वैतत्वं कुतो** भवति। न भवतीत्यर्थः। **अतस्तयोर्जी**वात्मपरमात्मनो**रखण्डत्वमेकत्वं श्रुतिसम्मतं** श्रुत्या सम्मतं स्वीकृतम्। जगद्ब्रह्मणोरेकत्वं बाधसामानाधिकरण्येन मुण्डकश्रुतिः *"ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्"* प्रतिपादयति तथा जीवब्रह्मणोरेकत्वं मुख्यसामानाधिकरण्येन माण्डूक्यश्रुतिः *"अयमात्मा ब्रह्म"* इति प्रतिपादयति। तेन *"ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः"* इत्यपि सिध्यति। तस्मात् *"नेह नानास्ति किञ्चन"* इति बृहदारण्यकश्रुतिरप्येतदेव प्रतिपादयतीत्यर्थः।

प्रपञ्च या जीव के होने से ब्रह्म का अद्वितीयत्व कैसे होगा? इस कारण से उनका अखण्डत्व, अद्वितीयत्व श्रुति सम्मत है ॥७३२॥

जगत् या जीव के होते हुए ब्रह्म का अद्वितीयत्व कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता - यह अर्थ है। इसीलिए श्रुति के द्वारा जीवात्मा-परमात्मा की अखण्डता, एकता सम्मत, स्वीकृत है। जगत् और ब्रह्म का एकत्व बाध सामानाधिकरण्य से मुण्डक श्रुति प्रतिपादित करती है 'यह सारा जगत् सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म ही है' (२।२।११) तथा जीव ब्रह्म की एकता को मुख्य सामानाधिकरण्य द्वारा माण्डूक्य श्रुति 'यह आत्मा ब्रह्म है' (२) से प्रतिपादित करती है। इससे सिद्ध होता है कि 'ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है, जीव ब्रह्म ही है, अन्य नहीं है' (ब्र० ज्ञा० मा० २०)। इसीलिए बृहदारण्यक श्रुति 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (४।४।१९) भी इसी का प्रतिपादन करती है - ऐसा अर्थ है।

विरुद्धांशपरित्यागात्प्रत्यक्षादिर्न बाध्यते । अविरुद्धांशग्रहणान्न श्रुत्यापि विरुध्यते ॥७३३॥

"तत्त्वमसि" इति वाक्ये तत्पदस्य वाच्यार्थः समष्टिरूपमज्ञानं साभासं तदज्ञानावच्छिन्नसत्यज्ञानादिलक्षणं चैतन्यम्। त्वम्पदस्य

वाच्यार्थो व्यष्टिरूपमज्ञानं साभासं चैतन्यमल्पज्ञत्वदुःखित्वसंसारित्वादिविशिष्टम्। तयो**र्विरुद्धांशपरित्यागाद्वि**रुद्धांशस्योपाधेः परित्यागा**त्प्रत्यक्षादिर्न बाध्यते। अविरुद्धांशग्रहणाद**विरुद्धांशस्य चैतन्यमात्रस्य ग्रहणा**च्छ्रुत्यापि न विरुध्यते।** ननु कथं विरुद्धांशस्य त्यागः सम्भवति। तयोर्मिथ्यात्वाद् *"वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्"* इति श्रुतेः।

विरुद्ध अंश के परित्याग से प्रत्यक्ष आदि का बाध नहीं होता। अविरुद्ध अंश के ग्रहण से श्रुति के साथ भी विरोध नहीं होता ॥७३३॥

'तत्त्वमसि' वाक्य में 'तत्' पद का वाच्यार्थ समष्टि रूप साभास अज्ञान, उस अज्ञान से अवच्छिन्न सत्य, ज्ञान आदि लक्षित चैतन्य है। 'त्वं' पद का वाच्यार्थ व्यष्टि रूप साभास अज्ञान, अल्पज्ञत्व, दुःखित्व, संसारित्व आदि से विशिष्ट चैतन्य है। उनके विरुद्ध अंश, उपाधि के परित्याग से प्रत्यक्ष आदि का बाध नहीं होता। अविरुद्ध अंश, चैतन्य मात्र के ग्रहण से श्रुति के साथ भी विरोध नहीं होता। परन्तु विरुद्ध अंश का त्याग कैसे सम्भव है? उनका मिथ्यात्व होने से 'विकार केवल वाणी के आश्रय भूत नाममात्र हैं' (छा० उ० ६।१।४) श्रुति से सिद्ध है।

लक्ष्यार्थनिरूपणम्

अभिधावृत्त्या "तत्त्वमसि" इति वाक्ये बाधवर्जितः सम्यग्वाक्यार्थो न सङ्गच्छते तस्माल्लक्षणा ह्युपगन्तव्येति।

अभिधा वृत्ति से "तत्त्वमसि" वाक्य में बाध रहित सम्यक् वाक्यार्थ नहीं होता, इसीलिए लक्षणा ही स्वीकार की जानी चाहिए।

लक्षणा ह्युपगन्तव्या ततो वाक्यार्थसिद्धये । वाच्यार्थानुपपत्त्यैव लक्षणाभ्युपगम्यते ॥७३४॥

ततो वाक्यार्थसिद्धये वाक्यस्यार्थो वाक्यार्थस्तत्सिद्धये निर्णयाय **लक्षणा** लक्षणावृत्ति**रुपगन्तव्या** स्वीकर्तव्या **हि** यस्माद्**वाच्यार्थानुपपत्त्या** वाच्यार्थस्यासङ्गत्या **लक्षणाऽभ्युपगम्यते।**

यदाऽहं मुमुक्षुस्तदा यावन्मे त्वम्पदलक्ष्यवस्तुविषयो बोधो न वर्तते तावत्तच्छ्रौतं वचनं मे न फलजनकं यथा बधिरेषु गीतं वाऽन्धेषु सूर्यप्रभा। इदमहं करोम्यदोऽकरवमग्रे च करिष्यामीत्याद्यनुभवैः प्रत्यक्षादिप्रमाणाधीनैस्तथा विधिनिषेधात्मककर्मोपासनाशास्त्रेण चात्मनि त्रैकालिककर्तृत्वभोक्तृत्वादिसंसारसम्बन्धनिश्चयान्ममापरिच्छिन्नत्वाकर्तृत्वा-सङ्गत्वजगत्कारणत्वविषयको बोधः श्रुतिशतेनाऽपि निर्विचिकित्सो न जायते तस्माद्युक्तितः श्रुतावयोग्यतानिश्चयरूपदोषापनयेन बोधः सम्पाद्यतामिति शिष्यस्य प्रार्थनां श्रुत्वा परमकारुणिको गुरुर्लक्ष्यार्थं निरूपयतीति।

"तत्र लक्षणा का?" इति पृष्टे -
मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्य परिग्रहे। मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रतीतिर्लक्षणोच्यते॥

सा च त्रिविधा।

१. वाच्यार्थमशेषतः परित्यज्य तत्सम्बन्धिन्यर्थान्तरे वृत्तिर्जहल्लक्षणा।
२. वाच्यार्थापरित्यागेन तत्सम्बन्धिनी वृत्तिरजहल्लक्षणा।
३. वाच्यार्थस्य विरुद्धांशपरित्यागेनोभयपदार्थानुस्यूतमविरुद्धांशग्रहणसम्बन्धिनी वृत्तिर्भागलक्षणा सैव जहदजहल्लक्षणा।

इसीलिए वाक्यार्थ की सिद्धि के लिए लक्षणा स्वीकार की जानी चाहिए क्योंकि लक्षणा केवल वाच्यार्थ की असम्भवता के साथ ही स्वीकार की जाती है ॥७३४॥

इसीलिए वाक्यार्थ के निर्णय के लिए लक्षणा वृत्ति स्वीकार की जानी चाहिए क्योंकि लक्षणा केवल वाच्यार्थ की असङ्गति के साथ ही स्वीकार की जाती है।

जब मैं मुमुक्षु होता हूँ, तब जब तक मुझे 'त्वं' पद के लक्ष्यार्थ के वस्तु विषय का ज्ञान नहीं होता, तब तक श्रुति वाक्य मेरे लिए फलदायी नहीं होता; जैसे बहरे के लिए गीत अथवा अन्धे के लिए सूर्य का प्रकाश। 'मैं यह करता हूँ, मैंने वह किया, भविष्य में मैं ऐसा करूँगा' इत्यादि अनुभवों के द्वारा जो प्रत्यक्ष आदि प्रमाण के आश्रित हैं तथा विधि-निषेधात्मक और कर्म-उपासना शास्त्र के द्वारा आत्मा में तीनों कालों में कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि संसार से सम्बन्ध के निश्चय से मेरा अपरिच्छिन्नत्व, अकर्तृत्व, असङ्गत्व, जगत् कारणत्व विषयक ज्ञान सैकड़ों श्रुतियों से भी उत्पन्न नहीं होता। इसीलिए युक्ति से श्रुति में अयोग्यता, अनिश्चय रूप दोष को दूर करने के लिए ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। इस प्रकार शिष्य की प्रार्थना सुनकर परम दयालु गुरु लक्ष्यार्थ का निरूपण करते हैं।

'वह लक्षण क्या है' ऐसा पूछने पर -
'शब्द के मुख्य अर्थ को स्वीकार करने में यदि अन्य किसी प्रमाण के साथ विरोध हो तो मुख्यार्थ के साथ सम्बन्ध रखने वाले से जो अन्य अर्थ की प्रतीति होती है, उसे लक्षणा कहते हैं' (वा० वृ० ४७)।

वह तीन प्रकार की होती है।

१. वाच्यार्थ का सम्पूर्ण त्याग कर उससे सम्बन्धित अन्य अर्थ ग्रहण करने को जहद् लक्षणा कहते हैं।
२. वाच्यार्थ के परित्याग के बिना उससे सम्बन्धित वृत्ति को अजहद् लक्षणा कहते हैं।
३. वाच्यार्थ के विरुद्ध अंश के परित्याग तथा दोनों पदार्थों में अनुस्यूत अविरुद्ध अंश का ग्रहण - उससे सम्बन्धित वृत्ति को भाग लक्षणा कहते हैं, वह ही जहद्-अजहद् लक्षणा है।

जहल्लक्षणाविचारः

सम्बन्धानुपपत्त्या च लक्षणेति जगुर्बुधाः । गङ्गायां घोष इत्यादौ या जहल्लक्षणा मता ॥७३५॥

न सा तत्त्वमसीत्यत्र वाक्य एषा प्रवर्तते । गङ्गाया अपि घोषस्याधाराधेयत्वलक्षणम् ॥७३६॥

सर्वो विरुद्धवाक्यार्थस्तत्र प्रत्यक्षतस्ततः । गङ्गासम्बन्धवत्तीरे लक्षणा सम्प्रवर्तते ॥७३७॥

बुधाः पण्डिता वाक्यार्थस्य **सम्बन्धानुपपत्त्या** तत्त्वम्पदयोर्विरोधा**ल्लक्षणा** स्वीकर्त**व्येति जगुः** कथयन्ति। **गङ्गायां** भागीरथ्यां प्रवाहे **घोष** आभीरनिवासो वर्तत **इत्यादौ या** भवति **सा जहल्लक्षणा मता**। कस्मात्, **गङ्गाया अपि** च **घोषस्याऽऽधाराऽऽधेयत्वलक्षणमा**धारश्चाऽऽधेयश्चाऽऽधाराऽऽधेयौ तयोर्भाव आधाराऽऽधेयत्वं तल्लक्षणं **प्रत्यक्षतः सर्वो विरुद्धवाक्यार्थः** प्रतीयते। यस्माद्गङ्गाप्रवाहे नगरमपि न स्थातुं शक्नोति किमु वक्तव्यं घोषः? **ततस्तस्मात्तत्र गङ्गासम्बन्धवत्तीरे** गङ्गायाः सम्बन्धो गङ्गासम्बन्धस्तद्वान् गङ्गासम्बन्धवान् तीरस्तत्र तीरे **लक्षणा सम्प्रवर्तते**। **तत्त्वमसीत्यत्र वाक्य एषा न प्रवर्तत** इति।

सम्बन्ध की अनुपपत्ति के कारण लक्षणा होती है - ऐसा पण्डित कहते हैं। 'गङ्गा में स्थित गाँव' इत्यादि में जो जहद् लक्षणा मानी गई है, वह 'तत्त्वमसि' इस वाक्य में प्रवृत्त नहीं होती। गङ्गा तथा गाँव का भी आधार-आधेय भाव सम्बन्ध है। यहाँ प्रत्यक्ष से यह सब वाक्यार्थ विरुद्ध है, इसीलिए गङ्गा के सम्बन्धी तीर में लक्षणा प्रवृत्त होती है ॥७३५, ७३६, ७३७॥

पण्डित वाक्यार्थ के 'तत्' तथा 'त्वं' पदों में विरोध होने से लक्षणा स्वीकार की जानी चाहिए - ऐसा कहते हैं। 'भागीरथी के प्रवाह में ग्वालों

की बस्ती है' इत्यादि में जो होती है, वह जहद् लक्षणा मानी गई है। कैसे, गङ्गा तथा गाँव का भी आधार-आधेय भाव सम्बन्ध है। प्रत्यक्ष से यह सब वाक्यार्थ विरुद्ध प्रतीत होता है क्योंकि गङ्गा के प्रवाह में एक नगर भी नहीं रह सकता; घोष (बस्ती) की तो बात ही क्या है? इसीलिए वहाँ गङ्गा के सम्बन्धी तीर में लक्षणा प्रवृत्त होती है। वह 'तत्त्वमसि' इस वाक्य में प्रवृत्त नहीं होती है।

कस्मात्?

कैसे?

तथा तत्त्वमसीत्यत्र चैतन्यैकत्वलक्षणे । विवक्षिते तु वाक्यार्थेऽपरोक्षत्वादिलक्षणः ॥७३८॥

विरुध्यते भागमात्रो न तु सर्वो विरुध्यते । तस्माज्जहल्लक्षणायाः प्रवृत्तिर्नात्र युज्यते ॥७३९॥

यथा गङ्गायां घोष इत्यत्र गङ्गासम्बन्धवत्तीरे लक्षणा प्रवर्तते **तथा तत्त्वमसीत्यत्रैकत्वलक्षणे**ऽविरुद्धाद्वितीयापरोक्षे भूमानन्दस्वरूपे **चैतन्ये** महावाक्यार्थे **विवक्षिते** वक्तुरभिप्रेते **त्वपरोक्षत्वादिलक्षणो भागमात्रो विरुध्यते सर्वस्तु न विरुध्यते तस्मादत्र जहल्लक्षणायाः प्रवृत्तिर्न युज्यते**। जडाजडात्मसम्भेदात्मकस्याशेषवाच्यस्य परित्यागे तत्सम्बन्धिनः पदार्थस्यान्यस्य लक्ष्यस्याभावाद्वाक्यं शून्यपर्यवसायि स्यात्। तथा सत्यसिपदेन सन्मात्रवाचिना समभिव्याहारविरोधादनिष्टं प्रसज्येत। तस्मादत्र जहल्लक्षणा न सङ्गच्छत इति।

इसी प्रकार यहाँ 'तत्त्वमसि' वाक्य में एकत्व रूप चैतन्य अभिप्रेत है। किन्तु वाक्यार्थ में अपरोक्षत्व आदि रूप अंश मात्र विरुद्ध होता है, सब कुछ विरुद्ध नहीं है। इसीलिए यहाँ जहद् लक्षणा की प्रवृत्ति युक्त नहीं है ॥७३८, ७३९॥

जैसे यहाँ 'गङ्गा में स्थित गाँव' में गङ्गा के सम्बन्धी तीर में लक्षणा प्रवृत्त होती है, वैसे ही यहाँ 'तत्त्वमसि' महावाक्य में अविरुद्ध, अद्वितीय, अपरोक्ष, भूमा, आनन्द स्वरुप चैतन्य वक्ता को अभिप्रेत है। किन्तु अपरोक्षत्व आदि रूप अंश मात्र विरुद्ध होता है, सब कुछ विरुद्ध नहीं है। इसीलिए यहाँ जहद् लक्षणा की प्रवृत्ति युक्त नहीं है। यदि जड़ और सजीव तथा उनके सम्भेद के सम्पूर्ण वाच्यार्थ को त्याग दिया जाए तो उसके सम्बन्धी अन्य पदार्थ के लक्ष्यार्थ के अभाव के कारण वाक्य का पर्यवसान शून्य में होगा। ऐसा होने पर सत् मात्र कहे जाने वाले 'असि' पद के साथ सम्बन्ध का विरोध होने से अनिष्ट होगा। इसीलिए यहाँ जहद् लक्षणा युक्त नहीं है।

वाच्यार्थस्य तु सर्वस्य त्यागे न फलमीक्ष्यते । नारिकेलफलस्येव कठिनत्वधिया नृणाम् ॥७४०॥

नृणां कठिनत्वधिया नारिकेलफलस्येव यस्मात्कठिनं तस्मात्त्याज्यमिति बुद्ध्या **सर्वस्य वाच्यार्थस्य त्यागे तु फलम**द्वैतब्रह्मात्मैक्यज्ञानं तेनाऽऽत्यन्तिकदुःखनिवृत्तिः परमानन्दप्राप्ति**र्नेक्ष्यते** यथा नारिकेलजलं न प्राप्यत इति।

यदि सब वाच्यार्थ का त्याग कर दिया जाये तो कुछ भी फल नहीं देखा जाता, जैसे मनुष्य कठिनत्व बुद्धि से नारियल के फल को त्याग देते हैं ॥७४०॥

मनुष्य कठिनत्व बुद्धि से नारियल के फल के समान 'क्योंकि कठिन है, इसीलिए इसे छोड़ देना चाहिए' इस बुद्धि से सब वाच्यार्थ का त्याग करने पर अद्वैत ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान, उससे आत्यन्तिक दुःख निवृत्ति, परम आनन्द प्राप्ति रूप फल नहीं देखा जाता जैसे नारियल का जल प्राप्त नहीं होता।

गङ्गापदं यथा स्वार्थं त्यक्त्वा लक्षयते तटम् । तत्पदं त्वम्पदं वापि त्यक्त्वा स्वार्थं तथाखिलम् ॥७४१॥

तदर्थं वा त्वमर्थं वा यदि लक्षयति स्वयम् । तदा जहल्लक्षणायाः प्रवृत्तिरुपपद्यते ॥७४२॥

न शङ्कनीयमित्यार्यैर्ज्ञातार्थे न हि लक्षणा । तत्पदं त्वम्पदं वापि श्रूयते च प्रतीयते ॥७४३॥

यथा गङ्गापदं स्वार्थं स्वस्य गङ्गापदस्यार्थं **त्यक्त्वा तटं** तीरं **लक्षयते** तथा **तत्पदं वा त्वम्पदमपि** समस्त**मखिलं स्वार्थं त्यक्त्वा यदि तदर्थं वा त्वमर्थं** तत्पदस्यार्थं त्वम्पदस्यार्थं **वा लक्षयति तदा जहल्लक्षणायाः प्रवृत्तिरुपपद्यते** भवितुमर्ह**तीत्यार्यै**र्विद्वद्भिर्मुनिभिर्सुसंस्कृतकुलीनै**र्न शङ्कनीयम्**। तत्पदं स्वस्यार्थं परोक्षत्वादिविशिष्टचैतन्यं परित्यज्य जीवचैतन्यं लक्षयतु त्वम्पदं **वा** स्वस्यार्थमपरोक्षत्वादिविशिष्टचैतन्यं परित्यज्य परमेश्वरचैतन्यं लक्षयत्विति न वाच्यम्। **हि** यस्मा**ज्ज्ञातार्थे** ज्ञातेऽर्थे **लक्षणा** जहल्लक्षणा **न** भवति। तत्त्वमसीत्यत्र **तत्पदं त्वम्पदमपि श्रूयते प्रतीयते** ज्ञायते **च**। तस्माल्लक्षणया पुनरन्यतरपदेनान्यतरपदार्थप्रतीत्यपेक्षाऽभावान्न जहल्लक्षणा स्वीकार्येति।

जैसे गङ्गा पद अपने अर्थ को त्याग कर तट को बताता है, वैसे ही 'तत्' पद या 'त्वं' पद भी अपने सम्पूर्ण अर्थ को त्याग कर यदि 'तत्' के अर्थ या 'त्वं' के अर्थ को स्वयं लक्षित करता है तभी जहद् लक्षणा में प्रवृत्ति सम्भव है - श्रेष्ठ पुरुषों को ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए। चूँकि ज्ञात अर्थ में लक्षणा नहीं होती, इसीलिए तत् पद या त्वं पद सुना जाता है और प्रतीत भी होता है ॥७४१, ७४२, ७४३॥

जैसे गङ्गा पद अपने अर्थ को त्याग कर तीर को बताता है, वैसे ही 'तत्' पद या 'त्वं' पद भी अपने समस्त अर्थ को त्याग कर यदि 'तत्' पद के अर्थ या 'त्वं' पद के अर्थ को स्वयं लक्षित करता है तब जहद् लक्षणा में प्रवृत्ति सम्भव है - विद्वान्, मुनि, संस्कृत, कुलीन पुरुषों को ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए। 'तत्' पद अपने अर्थ परोक्षत्व आदि विशिष्ट चैतन्य को त्याग कर जीव चैतन्य को लक्षित करे या 'त्वं' पद अपने अर्थ अपरोक्षत्व आदि विशिष्ट चैतन्य को त्याग कर परमेश्वर चैतन्य को लक्षित करे - ऐसा नहीं कहा जा सकता। चूँकि ज्ञात अर्थ में जहद् लक्षणा नहीं होती, इसीलिए यहाँ 'तत्त्वमसि' में 'तत्' पद या 'त्वं' पद सुना जाता है और जाना भी जाता है। अतः लक्षणा से किसी पद से अन्य पदार्थ को जानने की अपेक्षा न होने के कारण जहद् लक्षणा को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

अजहल्लक्षणाविचारः

तदर्थे च कथं तत्र सम्प्रवर्तेत लक्षणा । अत्र शोणो धावतीति वाक्यवन्न प्रवर्तते ॥७४४॥

अजहल्लक्षणा वापि सा जहल्लक्षणा यथा । गुणस्य गमनं लोके विरुद्धं द्रव्यमन्तरा ॥७४५॥

तत्र तत्त्वमसीति वाक्ये **तदर्थे** तत्पदस्यार्थे **कथं लक्षणा सम्प्रवर्तेत** सम्यक् प्रवृत्ता भवेत्। **अत्र शोणो धावतीति वाक्यवद्यथा सा जहल्लक्षणा** गङ्गायां घोष इति वाक्ये **न** प्रवृत्ता तथा**ऽजहल्लक्षणा वाऽपि न प्रवर्तते**। अस्मिँल्**लोके द्रव्यमन्तरा** द्रव्यं विहाय **गुणस्य** शोणगुणस्य **गमनं विरुद्धं** विपरीतं स्यान्न दृश्यत इत्यर्थः।

वहाँ तत् पद के अर्थ में किस प्रकार से लक्षणा की प्रवृत्ति हो सकती है? यहाँ 'लाल दौड़ रहा है' वाक्य के समान जैसे जहल्लक्षणा ('गङ्गा में स्थित गाँव' वाक्य में) प्रवृत्त नहीं होती, वैसे अजहल्लक्षणा भी नहीं होती। लोक में द्रव्य के बिना गुण का संचलन विरुद्ध है ॥७४४, ७४५॥

वहाँ 'तत्त्वमसि' वाक्य में तत् पद के अर्थ में किस प्रकार से लक्षणा की प्रवृत्ति हो सकती है? यहाँ 'लाल दौड़ रहा है' वाक्य के समान जैसे 'गङ्गा में स्थित गाँव' इस वाक्य में जहद् लक्षणा प्रवृत्त नहीं होती, वैसे अजहद् लक्षणा भी प्रवृत्त नहीं होती। इस लोक में द्रव्य को छोड़कर लाल गुण का संचलन विपरीत है, देखा नहीं जाता।

अतस्तमपरित्यज्य तद्गुणाश्रयलक्षणः । लक्ष्यादिर्लक्ष्यते तत्र लक्षणासौ प्रवर्तते ॥७४६॥

अतस्तं शोणगुण**मपरित्यज्य तद्गुणाश्रयलक्षणस्त**स्य गुणस्याऽऽश्रयस्तद्गुणाश्रयस्तल्लक्षणं यस्येति तद्गुणाश्रयलक्षणो **लक्ष्यादि-**

द्रव्यादिरश्वादिश्च **लक्ष्यते**। गुणस्य कर्मणश्चाऽऽश्रयो द्रव्यमेव भवति। **तत्रासौ लक्षणा**ऽजहल्लक्षणा **प्रवर्तते**। अत्र गुणवाचिना शोणशब्देन तदाश्रयो वाच्यार्थगुणापरित्यागेन शोणवर्णविशिष्टोऽश्वो लक्ष्यत इति।

इसीलिए उसका त्याग किए बिना उस गुण के आश्रय रूप लक्षण लक्ष्य आदि से लक्षित होता है, यह लक्षणा वहाँ प्रवृत्त होती है ॥७४६॥

इसीलिए उस लाल गुण का त्याग किए बिना उस गुण के आश्रय रूप लक्षण द्रव्य आदि, अश्व आदि से लक्षित होता है। गुण तथा कर्म का आश्रय द्रव्य ही होता है। यह अजहद् लक्षणा वहाँ प्रवृत्त होती है। यहाँ गुण वाची लाल शब्द से उसके आश्रय वाच्यार्थ गुण का त्याग किए बिना लाल रंग से विशिष्ट घोड़े को बताया गया है।

वाक्ये तत्त्वमसीत्यत्र ब्रह्मात्मैकत्वबोधके । परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितोर्द्वयोः ॥७४७॥

एकत्वरूपवाक्यार्थो विरुद्धांशविवर्जनात् । न सिध्यति यतस्तस्मान्नाजहल्लक्षणा मता ॥७४८॥

यतस्तस्माद्ब्रह्मात्मैकत्वबोधकेऽभेदप्रतिपादकाखण्डार्थबोधके **तत्त्वमसीत्यत्र वाक्ये द्वयोः परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितोः** परोक्षत्वादिविशिष्टचित्परमेश्वरः स्थूलसूक्ष्मकारणप्रपञ्चविशिष्टचैतन्यं चापरोक्षत्वादिविशिष्टचिज्जीवः स्थूलसूक्ष्मकारणशरीर-विशिष्टचैतन्यं परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितौ तयो**र्विरुद्धांशविवर्जनाद्वि**रुद्धांशस्य त्यागा**देकत्वरूपवाक्यार्थ** एकत्वमेव रूपं यस्य वाक्यार्थस्य स एकत्वरूपवाक्यार्थो **न सिध्यति तस्मादजहल्लक्षणा न मता**ऽभिप्रेता। वाच्यार्थस्यापरित्यागे तत्सम्बन्ध्यजहल्लक्षणावृत्त्या यस्य कस्य चिदर्थस्य लक्षितत्वेऽपि विरोधस्य पूर्ववत्प्रतिष्ठत्वात्तद्विरोधपरिहारासम्भवात्, ऐक्यवाक्यार्थासिद्धौ सामानाधिकरण्यबाधप्रसङ्गाच्चाजहल्लक्षणा न सङ्गच्छत इति।

चूँकि यहाँ 'तत्त्वमसि' वाक्य में ब्रह्म के साथ आत्मा के एकत्व बोधक में परोक्षत्व, अपरोक्षत्व आदि से विशिष्ट चैतन्य के विरुद्ध अंश के त्याग से दोनों का एकत्व रूप वाक्यार्थ सिद्ध नहीं होता। इसीलिए अजहद् लक्षणा अभिमत नहीं है ॥७४७, ७४८॥

चूँकि यहाँ अभेद प्रतिपादक अखण्डार्थ बोधक 'तत्त्वमसि' वाक्य में परोक्षत्व आदि से विशिष्ट चित्परमेश्वर, स्थूल-सूक्ष्म-कारण प्रपञ्च विशिष्ट चैतन्य तथा अपरोक्षत्व आदि से विशिष्ट जीव, स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीर विशिष्ट चैतन्य दोनों के विरुद्ध अंश के त्याग से एकत्व ही जिसका रूप है - एकत्व रूप वाक्यार्थ सिद्ध नहीं होता। इसीलिए अजहद् लक्षणा अभिप्रेत नहीं है। वाच्यार्थ का त्याग किए बिना उसके सम्बन्धी में अजहद् लक्षणा वृत्ति से यदि कोई चैतन्य लक्षित होता है तब भी पूर्ववत विरोध होने से और क्योंकि विरोध का परिहार सम्भव नहीं है; इसीलिए ऐक्य वाक्यार्थ की सिद्धि न होने पर सामानाधिकरण्य तथा बाध के प्रसङ्ग के कारण अजहद् लक्षणा की सङ्गति नहीं होती।

भागत्यागलक्षणाया अनिवार्यता

तत्पदं त्वम्पदं चापि स्वकीयार्थविरोधिनम् । अंशं सम्यक्परित्यज्य स्वाविरुद्धांशसंयुतम् ॥७४९॥

तदर्थं वा त्वमर्थं वा सम्यग्लक्षयतः स्वयम् । भागलक्षणया साध्यं किमस्तीति न शङ्क्यताम् ॥७५०॥

न च तत्पदं त्वम्पदं वापि स्वकीयार्थविरोधिनं स्वस्येदं स्वकीयं तस्यार्थः स्वकीयार्थस्तस्य विरोधिन**मंशं सम्यक्परित्यज्य स्वाविरुद्धांशसंयुतं त्वमर्थं** त्वम्पदार्थं **वा तदर्थं** तत्पदार्थं **वा स्वयं सम्यग् लक्षयतो भागलक्षणया किं साध्यं** फल**मस्तीति शङ्क्यताम्**।

अस्यायमर्थः - पूर्वपक्षी शङ्कते - ननु तत्पदं स्वार्थं विरुद्धपरोक्षत्वादिधर्मं परित्यज्याविरुद्धचैतन्यांशस्य चापरित्यागेन त्वम्पदार्थं किञ्चिज्ज्ञत्वादिविशिष्टं जीवचैतन्यं लक्षयतु, अथवा त्वम्पदं स्वार्थं विरुद्धापरोक्षत्वादिधर्मं परित्यज्याविरुद्धचैतन्यांशस्या-

परित्यागेन तत्पदार्थं सर्वज्ञत्वादिविशिष्टमीश्वरचैतन्यं लक्षयतु। पदद्वयेनापि शुद्धचैतन्यलक्षणायां को हेतुः। कथं प्रकारान्तरेण भागलक्षणाऽङ्गीकार्येति।

'तत्' पद तथा 'त्वं' पद अपने अर्थ के विरोधी अंश को सम्यक् त्याग कर अपने अविरुद्ध अंश से युक्त हो 'तत्' अर्थ या 'त्वं' अर्थ को भली प्रकार से स्वयं लक्षित करें तो भाग लक्षणा के द्वारा किस साध्य की सिद्धि हो सकती है? ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए ॥७४९, ७५०॥

'तत्' पद तथा 'त्वं' पद अपने अर्थ के विरोधी अंश को सम्यक् त्याग कर अपने अविरुद्ध अंश से युक्त हो 'त्वं' पदार्थ या 'तत्' पदार्थ को भली प्रकार से स्वयं लक्षित करें तो भाग लक्षणा के द्वारा किस फल की सिद्धि हो सकती है? ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए।

तात्पर्य यह है - पूर्वपक्षी शङ्का करता है - 'तत्' पद अपने अर्थ परोक्षत्व आदि धर्म के विरुद्ध अंश को त्याग कर तथा अविरुद्ध चैतन्य अंश का त्याग किए बिना 'त्वं' पदार्थ - अल्प ज्ञान शक्ति से युक्त जीव चैतन्य को लक्षित करे अथवा 'त्वं' पद अपने अर्थ अपरोक्षत्व आदि धर्म के विरुद्ध अंश को त्याग कर तथा अविरुद्ध चैतन्य अंश का त्याग किए बिना 'तत्' पदार्थ - सर्वज्ञत्व आदि विशिष्ट ईश्वर चैतन्य को लक्षित करे। दोनों पदों का लक्षणा से शुद्ध चैतन्य को लक्षित करने का क्या कारण है? भाग लक्षणा को अन्य प्रकार से कैसे स्वीकार किया जा सकता है?

नैतत्सुविचारितमिति।

इस पर अच्छी तरह से विचार नहीं किया गया है।

अविरुद्धं पदार्थान्तरांशं स्वांशं च तत्कथम् । एकं पदं लक्षणया संलक्षयितुमर्हति ॥७५१॥

तत्र तत्त्वम्पदयोः **पदमेकमविरुद्धं पदार्थान्तरांशम**ऽन्यः पदार्थः पदार्थान्तरस्तस्यांशः पदार्थान्तरांशस्तं **स्वांशञ्च लक्षणया संलक्षयितुं कथमर्हति**। एकेन पदेनोभयलक्षणासम्भवात्। युगपदभिधावृत्त्या स्वबोधनं तथा लक्षणावृत्त्याऽन्यपदस्याऽविरुद्धांशबोधनासम्भवाद्युगपद्वृत्तिद्वयविरोधादित्यर्थः।

एक पद अन्य पदार्थ के अविरुद्ध अंश को तथा अपने अंश को कैसे लक्षणा के द्वारा सम्यक् प्रकार से लक्षित कर सकता है? ॥७५१॥

वहाँ 'तत्', 'त्वं' पदों में एक पद अन्य पदार्थ के अविरुद्ध अंश तथा अपने अंश को कैसे लक्षणा के द्वारा सम्यक् प्रकार से लक्षित कर सकता है? एक ही पद से दोनों की लक्षणा सम्भव नहीं है। एक साथ अभिधा वृत्ति से स्वयं का बोध तथा लक्षणा वृत्ति से अन्य पद के अविरुद्ध अंश का ज्ञान असम्भव है, दोनों वृत्तियाँ एक साथ नहीं हो सकतीं - ऐसा अर्थ है।

पदान्तरेण सिद्धायां पदार्थप्रमितौ स्वतः । तदर्थप्रत्ययापेक्षा पुनर्लक्षणया कुतः ॥७५२॥

तथा चान्योऽपि दोषो वर्तते। **पदान्तरेण** तत्पदेन त्वम्पदेन वा **स्वतस्तस्य** तस्य **पदार्थप्रमितौ** पदस्यार्थः पदार्थस्तस्य प्रमितिर्ज्ञानं पदार्थप्रमितिस्तस्यां **सिद्धायां** सत्यां **पुनर्लक्षणया तदर्थप्रत्ययापेक्षा** तदर्थस्तस्य पदस्यार्थस्तदर्थस्तस्य प्रत्ययो वृत्तिर्ज्ञानमवबोधस्तदर्थप्रत्ययस्तस्यापेक्षा **कुतः**? नास्तीत्यर्थः।

किसी अन्य पद के द्वारा पदार्थ का ज्ञान स्वतः होने पर पुनः लक्षणा के द्वारा उसके अर्थ ज्ञान की क्या आवश्यकता है? ॥७५२॥

तथा एक और दोष भी है। 'तत्' पद या 'त्वं' पद के द्वारा पदार्थ का ज्ञान स्वतः होने पर पुनः लक्षणा के द्वारा उस अर्थ की वृत्ति/ज्ञान की अपेक्षा कहाँ है? नहीं है - ऐसा अर्थ है।

तस्मात्तत्त्वमसीत्यत्र लक्षणा भागलक्षणा । वाक्यार्थसत्त्वाखण्डैकरसतासिद्धये मता ॥७५३॥

तस्मात्तत्त्वमसीत्यत्र वाक्यार्थसत्त्वाखण्डैकरसतासिद्धये वाक्यस्यार्थे सत्त्वसहिताया अखण्डाया एकस्या रसतायाः सिद्धये। सन्मात्रस्य भावः सत्त्वम्। एकरसस्य भाव एकरसता। सत्त्वाखण्डता चैकरसता चासौ सत्त्वाखण्डैकरसता। **लक्षणा भागलक्षणा** भागत्यागलक्षणा वा जहदजहल्लक्षणा **मता**ऽभिप्रेतेति। अखण्डैकरसरूपसद्वस्तुनः सिद्धये भागलक्षणैव स्वीकर्तव्येत्यर्थः।

इसीलिए यहाँ 'तत्त्वमसि' वाक्यार्थ में सत्त्व, अखण्ड, एक रसत्व की सिद्धि के लिये लक्षणा रूप में भाग लक्षणा मानी गई है ॥७५३॥

इसीलिए यहाँ 'तत्त्वमसि' वाक्यार्थ में सत्त्व सहित, अखण्ड, एक रसता की सिद्धि के लिये - सत् मात्र के होने को सत्त्व कहते हैं। एक रस की अवस्था को एक रसता कहते हैं। जो अखण्ड सत्त्व तथा एक रस है, वही सत्त्वाखण्डैकरसता है। भाग-त्याग लक्षणा या जहद्-अजहद् लक्षणा अभिप्रेत है। अखण्ड, एकरस रूप, सत् वस्तु की सिद्धि के लिए भाग लक्षणा ही स्वीकार्य है - ऐसा अर्थ है।

भागत्यागलक्षणायाः स्वरूपम्

परिशेषन्यायाद्भागत्यागलक्षणामन्तरेण नाखण्डवाक्यार्थसिद्धिरतस्तस्या एव ग्रहणमिति तस्याः स्वरूपं लक्षणामाचष्टे भागमिति।

परिशेष नियम अनुसार अखण्ड वाक्यार्थ की सिद्धि भाग-त्याग लक्षणा के अतिरिक्त अन्य किसी लक्षणा से नहीं होती, इसीलिए उसका ही ग्रहण किया जाना चाहिए। उसके स्वरुप, लक्षण को बताते हैं 'भागं' इत्यादि से -

भागं विरुद्धं सन्त्यज्याविरोधो लक्ष्यते यदा । सा भागलक्षणेत्याहुर्लक्षणज्ञा विचक्षणाः ॥७५४॥

यदा विरुद्धं भागं सर्वज्ञत्वकिञ्चिज्ज्ञत्वाद्युपाध्यंशं किञ्च तयोः प्रतिबिम्बितचैतन्यांशं **सन्त्यज्याविरोधो लक्ष्यते सा लक्षणज्ञा** लक्षणं जानन्तीति लक्षणज्ञा **विचक्षणा** विशेषेण धर्मादीनुपदिशन्तीति विचक्षणाः पण्डिता **भागलक्षणेत्याहुः** कथयन्तीति।

जब विरुद्ध भाग को त्याग देने पर अविरोध लक्षित होता है, वह भाग लक्षणा है - ऐसा लक्षणों के ज्ञाता पण्डित कहते हैं ॥७५४॥

जब सर्वज्ञत्व-किञ्चित्ज्ञत्व आदि उपाधि अंश तथा दोनों का प्रतिबिम्बित चैतन्य अंश को त्याग देने पर अविरोध लक्षित होता है; लक्षणों को जानने वाले, धर्म आदि का उपदेश करने वाले पण्डित 'वह भाग लक्षणा है' - ऐसा कहते हैं।

सोऽयं देवदत्त इति वाक्यं वाक्यार्थ एव वा । देवदत्तैक्यरूपस्ववाक्यार्थानवबोधकम् ॥७५५॥

देशकालादिवैशिष्ट्यं विरुद्धांशं निरस्य च । अविरुद्धं देवदत्तदेहमात्रं स्वलक्षणम् ॥७५६॥

भागलक्षणया सम्यग्लक्षयत्यनया यथा । तथा तत्त्वमसीत्यत्र वाक्यं वाक्यार्थ एव वा ॥७५७॥

परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितोर्द्वयोः । एकत्वरूपवाक्यार्थविरुद्धांशमुपस्थितम् ॥७५८॥

परोक्षत्वापरोक्षत्वसर्वज्ञत्वादिलक्षणम् । बुद्ध्यादिस्थूलपर्यन्तमाविद्यकमनात्मकम् ॥७५९॥

परित्यज्य विरुद्धांशं शुद्धचैतन्यलक्षणम् । वस्तु केवलसन्मात्रं निर्विकल्पं निरञ्जनम् ।
लक्षयत्यनया सम्यग्भागलक्षणया ततः ॥७६०॥

यथा सोऽयं देवदत्त इति वाक्यं वाक्यार्थ एव वा देवदत्तैक्यरूपस्ववाक्यार्थानवबोधकं देवदत्तस्यैक्यरूपं देवदत्तैक्यरूपं तस्मिन्

स्ववाक्यार्थस्यानवबोधकं प्रतिबन्धकं यद्देवदत्तैक्यरूपस्ववाक्यार्थानवबोधकं **देशकालादिवैशिष्ट्यं** देशकालावस्थानां वैशिष्ट्यं **विरुद्धांशं निरस्य चाविरुद्धं स्वलक्षणं** व्यक्तिमात्रं **देवदत्तदेहमात्रमनया भागलक्षणया सम्यग् लक्षयति। तथा तत्त्वमसीत्यत्र वाक्यं** पदसमूहो **वाक्यार्थो वा द्वयोः परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितोरुपस्थितं** प्राप्त**मेकत्वरूपवाक्यार्थविरुद्धांशमे**कत्वरूपश्चासौ वाक्यार्थश्च एकत्वरूपवाक्यार्थस्तस्य विरुद्धांशं **परोक्षत्वापरोक्षत्वसर्वज्ञत्वादिलक्षणं बुद्ध्यादि स्थूलपर्यन्तमाविद्यकमनात्मकं** मूलाज्ञानकल्पितमात्मन्यध्यस्तं **परित्यज्याविरुद्धांशं शुद्धचैतन्यलक्षणं** शुद्धञ्च तच्चैतन्यं च शुद्धचैतन्यं तल्लक्षणं यस्य **तत्केवलसन्मात्रं** सत्तामात्रं **निर्विकल्पं निरञ्जनं वस्त्वनया भागलक्षणया सम्यग् लक्षयती**ति।

ननु तथापि पूर्णानन्दाद्वितीयब्रह्मप्रत्यक्स्वयम्प्रकाशयोः कथं तादात्म्यमिति चेत्? असीतिपदेन बोधरूपप्रत्यक्स्वयम्प्रकाशस्यैव ब्रह्मरूपत्वेन पूर्णानन्दाद्वितीयेनैकत्वे कथिते सति शमादिसहितश्रवणादीनाम सकृदावृत्तिरुपायेनपूर्णानन्दाद्वितीयत्वे प्राप्ते परिच्छिन्नत्वसद्वितीयत्वव्यावृत्तिः स्यात्। पूर्वमेवाऽऽत्मनः सत्त्वचित्त्वानन्दतादिलक्षणं कालत्रयेऽप्यबाध्यं शुद्धचैतन्यरूपं स्वयम्प्रकाशमखण्डसुखरूपञ्चोक्तम्। एवं तत्त्वम्पदयोर्भागलक्षणयैव तादात्म्यं स्वीकर्तव्यम्, न लक्षणान्तरेण, तयोरत्राऽसम्भवात्। एतेन महावाक्येन नित्यप्राप्तब्रह्मत्वस्य प्राप्तिस्तथा नित्यपरिहृतपरिच्छिन्नत्वस्य सद्वितीयत्वस्य च परिहारो भवतीत्यर्थः।

जैसे 'यही वह देवदत्त है' यह वाक्य या वाक्यार्थ देवदत्त के एक रूप वाक्यार्थ के अप्रकाशक देश, काल आदि से विशिष्ट विरोधी भाग को त्याग कर भाग लक्षणा के द्वारा अविरोधी देवदत्त के शरीर मात्र को सम्यक् प्रकार से लक्षित करता है, वैसे ही 'तत्त्वमसि' वाक्य या वाक्यार्थ में परोक्षत्व-अपरोक्षत्व आदि से विशिष्ट चैतन्य, इन दोनों के एकत्व रूप वाक्यार्थ में उपस्थित विरुद्ध अंश - परोक्षत्व-अपरोक्षत्व, सर्वज्ञत्व आदि रूप, बुद्धि आदि से स्थूल पर्यन्त, आविद्यक, अनात्मक विरोधी अंश को त्याग कर अविरुद्ध अंश - शुद्ध चैतन्य स्वरूप, केवल सत् मात्र, निर्विकल्प, निरञ्जन वस्तु को इस भाग लक्षणा के द्वारा सम्यक् प्रकार से लक्षित करता है ॥७५५, ७५६, ७५७, ७५८, ७५९, ७६०॥

जैसे 'यही वह देवदत्त है' यह वाक्य या वाक्यार्थ देवदत्त के एक रूप वाक्यार्थ के प्रतिबन्धक देश, काल अवस्था से विशिष्ट विरुद्ध अंश का निरास कर भाग लक्षणा के द्वारा अविरोधी देवदत्त व्यक्ति मात्र को सम्यक् प्रकार से लक्षित करता है, वैसे ही 'तत्त्वमसि' पदों का समूह या वाक्यार्थ में परोक्षत्व-अपरोक्षत्व आदि से विशिष्ट चैतन्य, इन दोनों के एकत्व रूप वाक्यार्थ में प्राप्त विरुद्ध अंश - परोक्षत्व-अपरोक्षत्व, सर्वज्ञत्व आदि रूप, बुद्धि आदि से स्थूल पर्यन्त, मूल अज्ञान से कल्पित, आत्मा में अध्यस्त विरोधी अंश को त्याग कर अविरुद्ध अंश - शुद्ध चैतन्य स्वरूप, केवल सत्ता मात्र, निर्विकल्प, निरञ्जन वस्तु को इस भाग लक्षणा के द्वारा सम्यक् प्रकार से लक्षित करता है।

किन्तु फिर पूर्ण आनन्द स्वरुप, अद्वितीय ब्रह्म का प्रत्यक्, स्वयं प्रकाश के साथ तादात्म्य कैसे हो सकता है? 'असि' पद से प्रत्यक् ज्ञान रूप, स्वयं प्रकाश का ही पूर्ण आनन्द स्वरुप, अद्वितीय ब्रह्म के साथ ऐक्य कहा गया है, तब शम आदि सहित श्रवण आदि की पुनः पुनः आवृति रूप उपाय से पूर्ण आनन्द, अद्वितीय ब्रह्म की प्राप्ति होने पर परिच्छिन्नत्व, द्वितीयत्व की व्यावृति हो जाएगी। पहले भी कहा गया था कि आत्मा सत्-चित्-आनन्द आदि लक्षण वाला, त्रिकाल अबाधित, शुद्ध, चैतन्य रूप, स्वयं प्रकाश, अखण्ड तथा सुख रूप है। इस प्रकार 'तत्', 'त्वं' पदों में तादात्म्य भाग लक्षणा से ही स्वीकार्य है; अन्य किसी लक्षणा से नहीं क्योंकि उनके लिए यहाँ [कार्य] असम्भव है। इस महावाक्य से नित्य उपलब्ध ब्रह्मत्व की प्राप्ति तथा नित्य परिहृत, परिछिन्नत्व तथा द्वितीयत्व का परिहार होता है - ऐसा अर्थ है।

अखण्डार्थः

सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं सच्चिदानन्दमद्वयम् । निर्विशेषं निराभासमतादृशमनीदृशम् ॥७६१॥

अनिर्देश्यमनाद्यन्तमनन्तं शान्तमच्युतम् । अप्रतर्क्यमविज्ञेयं निर्गुणं ब्रह्म शिष्यते ॥७६२॥

तत्त्वमसीति वाक्यमनया भागलक्षणया शुद्धचैतन्यं सन्मात्रं परिपूर्णं ब्रह्म सम्यग्लक्षयति ततः **सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं** सर्वेभ्य उपाधिभ्यो विनिर्मुक्तं **सच्चिदानन्दमद्वयं निर्विशेषम**शेषविशेषप्रत्यस्तं **निराभासं** जीवजगदीश्वराभासरहित**मतादृशं** तत्सदृशं तादृशं न तादृशं तथा**ऽनीदृशमे**तत्सदृशमीदृशं नेदृश**मनिर्देश्यं** प्रत्यक्षेण निर्देष्टुमशक्य**मनाद्यन्तमनन्तमा**द्यन्तरहितं व्यापकं **शान्तमच्युतमप्रतर्क्यं** हेतुदृष्टान्तवर्जित**मविज्ञेयं** फलव्याप्तिरहितं निर्विषयमज्ञानास्पृष्टं सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहितमबाध्यं ध्रुवं कूटस्थमरूपमव्ययं त्रिविधपरिच्छेदशून्यं सर्वोपाधिसम्बन्धविधुरं श्रवणमननिदिध्यासनसंस्कृतमनोवृत्तिव्याप्यं **निर्गुणं ब्रह्म शिष्यत** इति।

इत्थं प्रमातृप्रमाणप्रमेयेभ्यो हीयमानोपादीयमानेभ्योऽन्वयव्यतिरेकाभ्यां तत्त्वमस्यादिवाक्येभ्यः शोधितपदार्थमवाक्यार्थं मानान्तराविरोधमशेषबुद्धिविक्रियासाक्षितयाऽऽत्मानं विविच्यानात्मानं प्रविलाप्यापूर्वमनपरमादिलक्षणमात्मानं विजानीयात्। प्रमाणान्तरानधिगतं निरस्ताशेषकार्यकारणात्मकद्वैतप्रपञ्चं सत्यज्ञानानन्तानन्दलक्षणमात्मानं तत्त्वमस्यहं ब्रह्मास्मीत्यादि-वाक्यमज्ञानसंशयविपर्ययप्रध्वंसमुखेन साक्षादपरोक्षात्करतलन्यस्तामलकवत्प्रतिपादयतीति सर्ववेदान्तसिद्धान्तः।

तत्र केचित्प्रत्यवतिष्ठन्ते। तत्त्वमस्यादिवाक्यैर्यथावस्थितवस्तुयाथात्म्यान्वाख्याननिष्ठैर्न यथोक्तोऽर्थः प्रतिपत्तुं शक्यते विधिपदरहितवाक्यत्वात्तेषाम्। न चानधिगतार्थगमकत्वात्प्रामाण्यमिति वाच्यम्। न हि लोके विधिपदरहितवाक्यानां प्रमाणान्तरनिरपेक्षाणां प्रामाण्यमभ्युपगतं नद्यास्तीरे पञ्चफलानि सन्तीति वाक्यवत्। अतो तत्त्वमस्यादिवाक्यानां नियोगमुखेनैव प्रामाण्यं युक्तं, नियोगस्य प्रमाणान्तरनिरपेक्षत्वाद्वेदस्य निरपेक्षप्रामाण्यसम्भवात्।

नैतत्सुविचारितम्। यत्पौरुषेयं वाक्यं वस्तुनिष्ठं सिद्धबोधकवाक्यं वा कार्यनिष्ठं कार्यबोधकवाक्यं तन्मानान्तरसापेक्षं दृष्टम्। इह पुनर्वेदान्तेषु पौरुषेयत्वप्रयोजकाभावान्मानान्तरायोग्यविषयत्वाच्च सुतरां मानान्तरानपेक्षत्वं विधिपदरहितानां तत्त्वमस्यादिवाक्यानामभिधाश्रुतीनां स्वतः प्रामाण्यं सुप्तपुरुषप्रबोधकवाक्यवत्। आत्मनो ब्रह्मत्वं वाक्यादेव सिध्यति नान्यथाऽऽत्मनो नित्यावगतिरूपत्वात्, प्रमाणान्तरानपेक्षणात्, शब्दादिगुणहीनत्वात्, संशयाविषयत्वात्, प्रमाणानामप्यवभासकत्वात्, साक्षादपरोक्षत्वात्, स्वयम्प्रकाशरूपत्वादप्रमेयत्वात्। तस्मान्न नियोगमुखेन कर्तव्यविधिशेषतया महावाक्यानां प्रामाण्यं किन्तु तेषां सिद्धबोधकवाक्यानां स्वतः प्रामाण्यमिति सिद्धम्।

सभी उपाधियों से रहित, सच्चिदानन्द, अद्वय, निर्विशेष, आभास रहित, 'वैसा' नहीं, 'ऐसा' नहीं, अनिर्देश्य, आदि-अन्त से रहित, अनन्त, शान्त, अच्युत, तर्क से परे, अविज्ञेय, निर्गुण ब्रह्म अवशिष्ट रहता है ॥७६१, ७६२॥

'तत्त्वमसि' वाक्य में भाग लक्षणा के द्वारा शुद्ध चैतन्य, सत् मात्र, परिपूर्ण ब्रह्म सम्यक् प्रकार से लक्षित होता है। इसीलिए सभी उपाधियों से रहित, सच्चिदानन्द, अद्वय, सभी विशेषों से रहित, जीव-जगत्-ईश्वर के आभास से रहित, 'वैसा' नहीं तथा 'ऐसा' नहीं, जिसका प्रत्यक्ष रूप से निर्देश नहीं किया जा सकता, आदि-अन्त से रहित, व्यापक, शान्त, अच्युत, हेतु-दृष्टान्त से रहित, फल व्याप्ति से रहित, निर्विषय, अज्ञान से अस्पृष्ट, सजातीय-विजातीय-स्वागत भेद से रहित, अबाध्य, शाश्वत, कूटस्थ, अरूप, अव्यय, तीनों परिच्छेदों से रहित, सभी उपाधियों के सम्बन्ध से मुक्त, श्रवण, मनन, निदिध्यासन से परिशोधित मनोवृत्ति से ज्ञात निर्गुण ब्रह्म अवशिष्ट रहता है।

इस प्रकार अन्वय-व्यतिरेक, तत्त्वमसि आदि वाक्यों के द्वारा प्रमातृ-प्रमाण-प्रमेय, अस्वीकृति-स्वीकृति के ज्ञान से परिशोधित पदार्थ आत्मा को पृथक् कर जो किसी का वाक्यार्थ नहीं है तथा बुद्धि के सभी विकारों का साक्षी होने से किसी अन्य प्रमाण से विरोध नहीं होता तथा अनात्मा का प्रविलापन कर कार्य-कारण आदि लक्षणों से रहित आत्मा को जानना चाहिए। सभी अज्ञान, संशय, विपर्ययों के नाश से; 'तत्त्वमसि', 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्यादि वाक्य अपरोक्ष; सत्य, ज्ञान, अनन्त, आनन्द स्वरुप ब्रह्म; जो किसी अन्य प्रमाणों द्वारा नहीं जाना जाता; जिसमें सम्पूर्ण कार्य-कारणात्मक द्वैत प्रपञ्च का निरास हो गया है; हाथ में रखे हुए आँवले के फल की भाँति साक्षात् प्रतिपादन करते हैं -

यही सम्पूर्ण वेदान्त का सिद्धान्त है।

इसमें कोई विरोध करते हैं। 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों से, उनके द्वारा जो वस्तु के अर्थ की व्याख्या के याथात्म्य में निष्ठ हैं, यथोक्त अर्थ की प्रतिपत्ति सम्भव नहीं है क्योंकि उन वाक्यों के लिए कोई विधि नहीं है। तथा ऐसा भी नहीं कहना चाहिए कि ये अज्ञात वस्तु का ज्ञापक होने से प्रमाण हैं। लोक में उन वाक्यों की प्रामाणिकता स्वीकार नहीं की जाती जो किसी विधि पद से रहित हैं तथा जो अन्य प्रमाण की अपेक्षा नहीं रखते 'नदी के तीर पर पाँच फल हैं' वाक्य के जैसे। अतः 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों का विधिमुख से ही प्रामाण्य युक्त है क्योंकि विधि को अन्य प्रमाण की अपेक्षा नहीं है तथा वेद का निरपेक्ष प्रामाण्य सम्भव है।

यह सम्यक् विचारित नहीं है। जो पौरुषेय वाक्य वस्तु का बोध कराने वाला वस्तु निष्ठ वाक्य है अथवा कार्य का बोध कराने वाला कार्य निष्ठ वाक्य है, उसे किसी अन्य प्रमाण की अपेक्षा होती है। यहाँ वेदान्त में पौरुषेयत्व प्रयोजक का अभाव होने से तथा विषय किसी अन्य प्रमाण से जाना जाने योग्य नहीं होने से अन्य प्रमाण की अपेक्षा नहीं है। 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों का जो विधि पद से रहित हैं, श्रुतियों का साक्षात् स्वतः प्रामाण्य है 'सुप्त पुरुष को जगाने वाले' वाक्य के जैसे। आत्मा का ब्रह्मत्व वाक्य से ही सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं क्योंकि आत्मा नित्य ज्ञान स्वरूप है, इसे किसी अन्य प्रमाण की अपेक्षा नहीं है, शब्द आदि गुणों से रहित है, संशय का विषय नहीं है, प्रमाणों को भी प्रकाशित करता है, साक्षात् अपरोक्ष है, स्वयं प्रकाश रूप है, अप्रमेय है। इसीलिए महावाक्यों का प्रामाण्य नियोग मुख से कर्तव्य विधि के शेष के रूप में नहीं है किन्तु इन सिद्ध बोधक वाक्यों का स्वतः प्रामाण्य है - यह सिद्ध हुआ।

उपाधिकृतसर्वभेदानां मिथ्यात्त्वात्तत्कृतविरोधस्य नानात्वस्य च मृषात्वं प्रतिपादयति - उपाधिवैशिष्ट्यकृत इति।

उपाधि कृत सभी भेद मिथ्या होने से उनसे कृत विरोध तथा नानात्व के मृषात्व का प्रतिपादन करते हैं 'उपाधिवैशिष्ट्यकृतो' इत्यादि से -

उपाधिवैशिष्ट्यकृतो विरोधो ब्रह्मात्मनोरेकतयाधिगत्या। उपाधिवैशिष्ट्य उदस्यमाने न कश्चिदप्यस्ति विरोध एतयोः ॥७६३॥

ब्रह्मात्मनोस्तत्त्वम्पदवाच्यार्थयो**रुपाधिवैशिष्ट्यकृत** उपाधेर्वैशिष्ट्यं वैलक्षण्यमुपाधिवैशिष्ट्यं तत्कृत उपाधिवैशिष्ट्यकृतो **विरोधो** भेदोऽस्ति त**द्ब्रह्मात्मनोरेकतयाधिगत्यै**कत्वज्ञाने**नोपाधिवैशिष्ट्य** उपाधिभेद **उदस्यमाने** निरस्ते सत्ये**तयोः कश्चिदपि विरोधो नास्ति**। निमित्तापाये नैमित्तिकापाय इति न्यायाद्विरोधपरिहारः सिद्ध्यतीत्यर्थः।

उपाधियों की विशिष्टता के कारण भेद देखने में आता है। परन्तु ब्रह्म-आत्मा के एकत्व ज्ञान से उपाधि की विशिष्टता के निवृत्त हो जाने पर दोनों में कोई भी विरोध नहीं है॥७६३॥

ब्रह्म और आत्मा के तत्-त्वं पद वाच्यार्थ के उपाधियों की विलक्षणता के कारण भेद होता है। उनके एकत्व ज्ञान से उपाधि भेद निरस्त होने पर इनमें कोई भी विरोध नहीं है। 'निमित्त के नष्ट होने से नैमित्तिक भी नष्ट हो जाता है' इस न्याय से विरोध का परिहार सिद्ध होता है - ऐसा अर्थ है।

तयोरुपाधिश्च विशिष्टता च तद्धर्मभाक्त्वं च विलक्षणत्वम्। भ्रान्त्या कृतं सर्वमिदं मृषैव स्वप्नार्थवज्जाग्रति नैव सत्यम्॥७६४॥

तयोर्ब्रह्मात्मनो**रुपाधिश्च विशिष्टता च तद्धर्मभाक्त्वं** तस्योपाधेर्धर्मस्तस्या विशिष्टताया धर्मश्चेति तद्धर्मस्तस्य भाक्त्वं पात्रत्वं तद्धर्मभाक्त्वं **च विलक्षणत्वं** भिन्नत्वं विपरीतत्वं वा **भ्रान्त्या कृतमिदं सर्वं स्वप्नार्थवन्मृषैव**, **नैवैतज्जाग्रति सत्यमि**ति भावः। जाग्रत्पदार्थानां भावानां मृषात्वं, दृश्यत्वात्, स्वप्नदृश्यवत्, यत्र यत्र दृश्यत्वं तत्र तत्र मिथ्यात्वम्, तथा चेमे, इमे जाग्रत्पदार्थास्तथा मिथ्यात्वव्याप्यदृश्याः। तस्मात्तथेति मिथ्यात्वव्याप्यदृश्यत्वान्मिथ्येत्यर्थः।

उनकी उपाधि, विशिष्टता, उसके धर्म से युक्त होना, विलक्षणता - यह सब भ्रान्ति द्वारा किया गया है। स्वप्न पदार्थ के समान सब मिथ्या ही है, यह जाग्रत् सत्य नहीं है ॥७६४॥

ब्रह्म-आत्मा की उपाधि, विशिष्टता, उन उपाधि के धर्म का पात्र होना, भिन्नत्व अथवा विपरीतत्व - यह सब भ्रान्ति द्वारा किया गया है। स्वप्न पदार्थ के समान सब मिथ्या ही है, यह जाग्रत् सत्य नहीं है - ऐसा भाव है। जाग्रत् के पदार्थ दृश्य होने से मिथ्या है स्वप्न दृश्य के जैसे। जहाँ-जहाँ दृश्यत्व है, वहाँ-वहाँ मिथ्यात्व है। वैसे ही जाग्रत् के ये पदार्थ दृश्य होने से मिथ्या हैं। इसीलिए ऐसा है - मिथ्यात्व से व्याप्य दृश्यत्व होने के कारण, (वह) मिथ्या है – ऐसा अर्थ है।

निद्रासूतशरीरधर्मसुखदुःखादिप्रपञ्चोऽपि वा जीवेशादिभिदापि वा न च ऋतं कर्तुं क्वचिच्छक्यते ।
मायाकल्पितदेशकालजगदीशादिभ्रमस्तादृशः को भेदोऽस्त्यनयोर्द्वयोस्तु कतमः सत्योऽन्यतः को भवेत् ॥७६५॥

निद्रासूतशरीरधर्मसुखदुःखादिप्रपञ्चः शरीरस्य धर्मः शरीरधर्मो निद्रायां सूतः प्रसूतः निद्रासूतः शरीरधर्मसुखदुःखादिप्रपञ्चो**ऽपि वा जीवेशादिभिदाऽपि** जीवेशयोर्लक्ष्यार्थयोर्भिदा भेदोऽपि **क्वचिच्च ऋतं** सत्यं **कर्तुं न शक्यते**। **मायाकल्पितदेशकालजगदीशादिभ्रमो** मायया कल्पितो मायाकल्पितो देशकालजगदीशादिरूपो भ्रमो मायाकल्पितदेशकालजगदीशादिभ्रम**स्तादृशो** मिथ्या भवति। **अनयोर्जी**वेशयोर्लक्ष्यार्थयो**र्द्वयोस्तु को भेदोऽस्ति**? **अन्यतः कतमः कः** पदार्थः **सत्यः** यथार्थो **भवेत्**। न किञ्चिदत्र सत्यमस्ति यथा पूर्वस्मिञ्छ्लोके युक्त्या प्रतिपादितं तथा श्रुतयोऽपि *"प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतम्", "न तु तद्द्वितीयमस्ति", "नेह नानास्ति किञ्चन", "नेति नेति"* इत्यादौ ब्रह्मणो विशुद्धसच्चिन्मात्रस्याद्वितीयत्वं जगन्मिथ्यात्वञ्च प्रतिपादयन्तीति।

निद्रा जन्य शरीर के धर्म, सुख-दुःख आदि प्रपञ्च अथवा जीव-ईश्वर का भेद कभी भी सत्य नहीं हो सकते। माया से कल्पित देश, काल, जगत्, ईश्वर आदि का भ्रम समान है; इन दोनों में क्या भेद है? इससे अन्य और क्या सत्य हो सकता है? ॥७६५॥

निद्रा जन्य शरीर के धर्म, सुख-दुःख आदि प्रपञ्च अथवा जीव-ईश्वर के लक्ष्यार्थ में भेद कभी भी सत्य नहीं हो सकते। माया से कल्पित देश, काल, जगत्, ईश्वर आदि रूप भ्रम भी वैसे ही मिथ्या है। इन दोनों जीव-ईश्वर के लक्ष्यार्थ में क्या भेद है? इससे अन्य और कौन-सा पदार्थ यथार्थ हो सकता है? यहाँ कुछ भी वास्तविक नहीं है। जैसे पिछले श्लोक में युक्ति से प्रतिपादित किया गया था, वैसे ही श्रुतियाँ भी 'प्रपञ्च का उपशम रूप, शान्त, शिव तथा अद्वैत स्वरुप' (मा० उ० ७), 'उससे भिन्न कोई दूसरी वस्तु है ही नहीं' (बृ० उ० ४।३।२३), 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (क० उ० २।१।११), 'यह नहीं, यह नहीं' (बृ० उ० २।३।६) - विशुद्ध, सत् मात्र, चित् मात्र ब्रह्म का अद्वितीयत्व, जगत् मिथ्यात्व प्रतिपादित करती हैं।

न स्वप्नजागरणयोरुभयोर्विशेषः सन्दृश्यते क्वचिदपि भ्रमजैर्विकल्पैः ।
यद्दृष्टदर्शनमुखैरत एव मिथ्या स्वप्नो यथा ननु तथैव हि जागरोऽपि ॥७६६॥

यत्यस्मात्**क्वचिदपि दृष्टदर्शनमुखैर्दृ**ष्टस्य दर्शनं दृष्टदर्शनं तन्मुखमादि येषां ते दृष्टदर्शनमुखास्तै**र्भ्रमजैः** संस्कारजन्यै**र्विकल्पैः स्वप्नजागरणयोरुभयोर्विशेषो न सन्दृश्यते**। यथा स्वप्नं संस्कारजन्यं जाग्रत्संस्काराणां केषाञ्चिदुद्बोधनं कर्मवशाद्दृश्यते तथा जाग्रज्जगदपि संस्काराणां कर्मवशादुद्बोधनमेव न तत्र भेदोऽस्ति। यथा स्वप्ने परमार्थविज्ञप्तिरूपं मनोऽधिष्ठानभूतं ग्राह्यग्राहकरूपेण द्वयाभासं मायया स्पन्दते तथा जागरितेऽपि सद्रूपं मनः स्पन्दते। यथा स्वप्ने पुत्रमित्रकलत्रप्रासादादि ग्राह्यं प्रमेयं तथा प्रमातृप्रमाणादि तद्ग्राहकं द्वयं विज्ञानव्यतिरेकेण नास्ति तद्वज्जाग्रत्यपि, परमार्थसद्विज्ञानमात्रस्यावस्थाद्वयेऽपि विशेषाभावान्मायाकल्पितं वासनासंस्काररूपं मनो द्वैताकारेण स्पन्दते। अन्वयव्यतिरेकाभ्यामपि प्रपञ्चस्य मनःकारणत्वं सिद्ध्यति। मनःसत्त्वे द्वैतसत्त्वं मनोऽभावे द्वैताभावस्तस्मात्पारमार्थिकं सन्मनो द्वैतस्य कारणम्। यदा विवेकदर्शनाभ्यासवैराग्याभ्यां मनसि बाधितेऽमनीभावः सिद्ध्यति तदा द्वैतं नैवोपलभ्यतेऽ**त एव यथा स्वप्नो मिथ्या तथैव हि ननु जागरोऽपि** मिथ्यैवेत्यर्थः।

देखे हुए को देखने से प्रारम्भ कर भ्रम जनित विकल्पों द्वारा कहीं भी स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों का भेद देखने में नहीं आता। अत एव जैसे स्वप्न मिथ्या है, वैसे ही जाग्रत् भी है ॥७६६॥

चूँकि देखे हुए को देखने से प्रारम्भ कर संस्कार से जन्य विकल्पों द्वारा कहीं भी स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों का भेद देखने में नहीं आता। जैसे स्वप्न जो संस्कार से जन्य है, जाग्रत् के कुछ संस्कारों का कर्म के बल से अनुस्मरण रूप देखा जाता है, वैसे ही जाग्रत् जगत् भी कर्म के बल से संस्कारों का अनुस्मरण ही है। उसमें कोई भेद नहीं है। जैसे स्वप्न में परमार्थ ज्ञान रुप, अधिष्ठान भूत मन, माया द्वारा ग्राह्य और ग्राहक के रूप में द्वैत का आभास होकर स्फुरित होता है, वैसे ही जाग्रत् में भी मन सत् रूप से स्फुरित होता है। जैसे स्वप्न में पुत्र, मित्र, स्त्री, महल आदि ग्राह्य प्रमेय तथा प्रमाता-प्रमाण आदि उनके ग्राहक - दोनों विज्ञान से अतिरिक्त नहीं हैं, वैसे ही जाग्रत् में भी। परमार्थ, सत्, विज्ञान मात्र का दोनों अवस्थाओं में भी कोई भेद नहीं होने से माया कल्पित वासना संस्कार रूप मन द्वैत आकार से स्फुरित होता है। अन्वय-व्यतिरेक द्वारा भी मन प्रपञ्च का कारण यह सिद्ध होता है। मन के होने पर द्वैत होता है, मन के अभाव में द्वैत का अभाव होता है। इसीलिए पारमार्थिक सत्, मन द्वैत का कारण है। जब विवेक, दर्शन, अभ्यास, वैराग्य से मन का बाध हो जाता है, अमनी भाव सिद्ध हो जाता है, तब द्वैत की उपलब्धि नहीं होती। अत एव जैसे स्वप्न मिथ्या है, वैसे ही जाग्रत् भी मिथ्या ही है - ऐसा अर्थ है।

अविद्याकार्यतस्तुल्यौ द्वावपि स्वप्नजागरौ । द्रष्टृदर्शनदृश्यादिकल्पनोभयतः समा ॥७६७॥

स्वप्नजागरौ स्वप्नश्च जागरश्च स्वप्नजागरौ **द्वावप्य**वस्थे तु **तुल्यावविद्याकार्यतो**ऽविद्यायाः कार्यतः कार्यत्वात्। **उभयतो द्रष्टृदर्शनदृश्यादिकल्पना** द्रष्टा च दर्शनञ्च दृश्यञ्च द्रष्टृदर्शनदृश्यानि तेषां कल्पना द्रष्टृदर्शनदृश्यादिकल्पना **समा**। आदिपदेन कर्तृकर्मक्रियाकल्पना, भोक्तृभोगभोग्यकल्पना प्रमाताप्रमेयप्रमितिकल्पना च ग्राह्येति। जाग्रदवस्थाभिमानी विश्वः स्वप्नावस्थाभिमानी च तैजसस्तौ विश्वतैजसौ तत्त्वाग्रहणान्यथाग्रहणाभ्यां कार्यकारणप्रपञ्चाभ्यां बद्धौ सङ्गृहीतौ। स्वप्नजागरयोस्तत्त्वाप्रतिबोधस्तथा विपरीतबोधो वर्तते। तस्मादद्वैताग्रहणद्वैतग्रहणे तुल्ये उभयावस्थायामिति भावः।

स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों ही अविद्या का कार्य होने से समान हैं। दोनों में द्रष्टा, दर्शन, दृश्य आदि कल्पना समान है ॥७६७॥

स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों ही अवस्थायें अविद्या का कार्य होने से समान हैं। दोनों में द्रष्टा, दर्शन, दृश्य आदि कल्पना समान है। 'आदि' पद से कर्ता, कर्म, क्रिया की कल्पना; भोक्ता, भोग, भोग्य की कल्पना तथा प्रमाता, प्रमेय, प्रमिति की कल्पना का ग्रहण करना चाहिए। जाग्रत् अवस्था अभिमानी 'विश्व' तथा स्वप्न अवस्था अभिमानी 'तैजस्' तत्त्व के अग्रहण तथा अन्यथा ग्रहण के कारण कार्य-कारण प्रपञ्च से बद्ध अर्थात् अच्छी तरह से पकडे माने जाते हैं। स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों अवस्थाओं में तत्त्व का अज्ञान तथा विपरीत ज्ञान होता है। इसीलिए अद्वैत का अग्रहण तथा द्वैत का ग्रहण दोनों अवस्थाओं में समान ही है - ऐसा भाव है।

अभाव उभयोः सुप्तौ सर्वैरप्यनुभूयते । न कश्चिदनयोर्भेदस्तस्मान्मिथ्यात्वमर्हतः ॥७६८॥

सुप्तौ तूभयोरभावो जाग्रत्स्वप्नयोः **सर्वैरप्यनुभूयते**। **अनयोर्जा**ग्रत्स्वप्नयो**र्न कश्चिद्भेदस्तस्मात्स्व**प्नजागरौ **मिथ्यात्वमर्हतस्त**योर्मिथ्यात्वं द्रष्टव्यमिति भावः।

पूर्वस्मिञ्छ्लोकेऽन्वयेन मनःसत्त्वे द्वैतसत्त्वमुक्तमधुना व्यतिरेकेण सुषुप्तौ मनसोऽभावे द्वैताभावः संसारस्याभाव इति कथितम्। सर्वप्राण्यनुभवश्च न किञ्चिदवेदिषमिति। तस्मात्सर्वोऽपि संसारो मनसो विजृम्भणम्। अन्यथाग्रहणस्य सुषुप्तावभावादपि त्रिष्ववस्थास्वग्रहणं समानमिति। संशयविपर्ययरहितब्रह्मात्मैकज्ञानादेवाग्रहणस्य निवृत्तिः। उक्तञ्च *"अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते। अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा॥"* इति।

सुषुप्ति में दोनों के अभाव का अनुभव सभी के द्वारा किया जाता है। इनमें कोई भेद नहीं है, इसीलिए इनका मिथ्यात्व होना योग्य है॥७६८॥

किन्तु सुषुप्ति में जाग्रत् तथा स्वप्न दोनों के अभाव का अनुभव सभी के द्वारा किया जाता है। जाग्रत्-स्वप्न में कोई भेद नहीं है, इसीलिए स्वप्न तथा जाग्रत् दोनों का मिथ्यात्व देखा जाता है - ऐसा भाव है।

पूर्व श्लोक में अन्वय से मन के होने से द्वैत का होना कहा गया था, अब व्यतिरेक के द्वारा सुषुप्ति में मन का अभाव होने पर द्वैत का अभाव तथा संसार का अभाव कहा गया है। 'मैं कुछ नहीं जानता' यह सभी प्राणियों का अनुभव है। इसीलिए समस्त संसार मन का ही विस्तार है। सुषुप्ति में अन्यथा ग्रहण का अभाव होने पर भी तीनों अवस्थाओं में अग्रहण एक जैसा होता है। संशय, विपर्यय रहित ब्रह्म-आत्मा के ऐक्य के ज्ञान से ही अग्रहण की निवृत्ति होती है। कहा भी गया है 'जब जीव अनादि माया से सोया हुआ तत्त्व बोध के द्वारा भली प्रकार से जग जाता है, तभी उसे जन्म, निद्रा तथा स्वप्न से रहित अद्वैत आत्म तत्त्व का बोध प्राप्त होता है' (मा० का० १।१६)।

भ्रान्त्या ब्रह्मणि भेदोऽयं सजातीयादिलक्षणः । कालत्रयेऽपि हे विद्वन् वस्तुतो नैव कश्चन ॥७६९॥

हे विद्वन्, ब्रह्मणि भ्रान्त्या कालत्रयेऽप्ययं सजातीयादिलक्षणः कश्चन भेदो वस्तुतो नैवास्ति। ब्रह्मणि सजातीयादिभेदस्यात्यन्ताभावाधिकरणत्वं वर्तते। सजातीयादिसंसारो नासीत्, नास्ति, न भविष्यति तत्र ब्रह्मणि प्रतिपन्नोपाधौ *"तत्त्वमस्यादिवाक्योत्थसम्यग्धीजन्ममात्रतः। अविद्या सहकार्येण नासीदस्ति भविष्यति॥"* इति वार्तिककृद्भिरुक्तम्। *"सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्", "नेह नानास्ति किञ्चन", "स एष नेति नेति"* इति श्रुतिभ्यः।

हे विद्वन्! तीनों काल में भ्रान्ति से यह सजातीय आदि रूप कोई भी भेद वास्तव में ब्रह्म में नहीं हैं ॥७६९॥

हे विद्वन्! ब्रह्म में भ्रान्ति से तीनों काल में भी यह सजातीय आदि रूप भेद वास्तव में नहीं हैं। ब्रह्म वह अधिकरण है, जिसमें सजातीय आदि भेद का अत्यन्त अभाव है। उस सिद्ध अधिकरण ब्रह्म में वह सजातीय आदि संसार न था, न है और न होगा। वार्तिककार के द्वारा कहा गया है ''तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों से उत्पन्न सम्यक् ज्ञान के उदय मात्र से अविद्या अपने कार्य सहित न थी, न है और न रहेगी' (बृ० वा० १।१८४)। 'हे सोम्य! आरम्भ में यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था' (छा० उ० ६।२।१), 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (क० उ० २।१।११), 'वह यह 'नेति नेति' इस प्रकार निर्देश किया गया है' (बृ० उ० ४।५।१५) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

यत्र नान्यत्पश्यतीति श्रुतिर्द्वैतं निषेधति। कल्पितस्य भ्रमाद्भूम्नि मिथ्यात्वावगमाय तत् ॥७७०॥

***"यत्र नान्यत्पश्यति** नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा"* **इति श्रुतिर्भूम्नि भ्रमात्कल्पितस्य मिथ्यात्वावगमाय** प्रबोधाय तत्प्रतीयमानं **द्वैतं निषेधति**। भूम्नो ब्रह्मणो लक्षणं यत्र यस्मिन्नन्यद्द्रष्टव्यं प्रमेयमन्येन करणेन तथाऽन्यो द्रष्टा दृश्याद्विलक्षणो न पश्यतीति श्रुत्या स्वमुखेन गीतम्। सर्वविशेषप्रतिषेधेन क्रियाकारकफलप्रतिषेधस्तेन संसारस्य समूलनिवृत्तिः सर्वविशेषाणां वाचारम्भणमात्रत्वादिति श्रुतेस्तात्पर्यमित्यर्थः।

"भूमा" इति शब्दस्य निर्वचनम् - भूमेति बहुत्वमभिधीयते। तस्मिन् *"पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा"* इतीमनिच्प्रत्यये कृते *"बहोर्लोपो भू च बहोः"* इति सूत्रेण बहोः परस्येमनिच्प्रत्ययस्यादेरिकारस्य लोपः स्याद्बहोः स्थाने भूरित्यादेशश्च स्यादिति भूमन्निति शब्दो निष्पन्नः। तस्य प्रथमैकवचनं भूमा।

'जहाँ कुछ और नहीं देखता है' यह श्रुति ब्रह्म में भ्रम से कल्पित मिथ्यात्व को बताने के लिए उस द्वैत का निषेध करती है ॥७७०॥

'जहाँ कुछ और नहीं देखता, कुछ और नहीं सुनता तथा कुछ और नहीं जानता - वह भूमा है' (छा० उ० ७।२४।१) यह श्रुति ब्रह्म में भ्रम से कल्पित मिथ्यात्व का ज्ञान कराने के लिए उस प्रतीत होने वाले द्वैत का निषेध करती है। भूमा ब्रह्म का लक्षण जिसमें किसी अन्य करण द्वारा देखे जाने वाली अन्य प्रमेय वस्तु को तथा दृश्य आदि से विलक्षण अन्य द्रष्टा को नहीं देखता - स्वयं श्रुति द्वारा अपने मुख से किया गया है। सभी विशेषों के निषेध द्वारा क्रिया, कारक, फल का निषेध हो जाता है जिससे संसार की समूल निवृत्ति हो जाती है क्योंकि सभी

विशेष केवल वाणी के आश्रयभूत हैं - यह श्रुति का तात्पर्य है।

'भूमा' शब्द की व्याख्या की गई है - भूमा का अर्थ है बहुत्व। उसमें 'पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा' (५।१।१२२) सूत्र से 'इमनिच्' प्रत्यय कर 'बहोर्लोपो भू च बहोः' (६।४।१५८) सूत्र से बहु शब्द के परे 'इमनिच्'[५४] प्रत्यय के आदि में इकार का लोप हो जाता है, बहु के स्थान पर भू आदेश होता है जिससे 'भूमन्' शब्द निष्पन्न होता है। उसके प्रथमा एकवचन का रूप भूमा है।

श्लोकद्वयेनाखण्डार्थबोधं संहरन्नव्यवहार्यशब्दप्रवृत्तिनिमित्तशून्यावाच्यब्रह्म, न त्वनिर्वचनीयमिति व्याचष्टे यत इति।

अखण्डार्थ ज्ञान के निष्कर्ष से दो श्लोकों के द्वारा जो अव्यवहार्य, शब्द-प्रवृत्ति-निमित्त से रहित है किन्तु अनिर्वचनीय नहीं है, अवाच्य ब्रह्म को बताते हैं 'यत' इत्यादि से -

यतस्ततो ब्रह्म सदाद्वितीयं विकल्पशून्यं निरुपाधि निर्मलम् । निरन्तरानन्दघनं निरीहं निरास्पदं केवलमेकमेव ॥७७१॥

नैवास्ति काचन भिदा न गुणप्रतीतिर्नो वाक्प्रवृत्तिरपि वा न मनःप्रवृत्तिः ।
यत्केवलं परमशान्तमनन्तमाद्यमानन्दमात्रमवभाति सदाद्वितीयम् ॥७७२॥

यतः श्रुतिर्द्वैतं निषेधति **ततः सदाऽद्वितीयं विकल्पशून्यं निरुपाधि** उपाधिविनिर्मुक्तं **निर्मलं** शुद्धं **निरन्तरानन्दघनं निरीहं** सर्वकामनारहितं **निरास्पदं** स्वे महिम्नि प्रतिष्ठितत्वादन्याश्रयरहितं **केवलमेकमेव** ब्रह्मावशिष्यते। तस्मिन् ब्रह्मणि **नैव काचन भिदास्ति**, **न गुणप्रतीतिर्गु**णानां प्रतीतिर्बोधो निर्गुणत्वात्। **वाक्प्रवृत्तिरपि नो वा मनःप्रवृत्तिर**पि **न** *"यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह"* इति वचनाद्ब्रह्मणोऽवाच्यत्वं सिद्धम्। माया त्वनिर्वचनीया सदसद्विलक्षणत्वात्। तथा च **यत्केवलं** त्रिविधभेदशून्यं **परमशान्तं** परमञ्च तच्छान्त**ञ्चानन्तं** व्यापक**माद्यं** *"ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति"* इति श्रुतत्वात्, **अद्वितीयं सदानन्दमात्रं ब्रह्मावभाति** प्रकाशत इत्यर्थः।

चूँकि ऐसा है, इसीलिए ब्रह्म सदा अद्वितीय, विकल्प रहित, उपाधि रहित, निर्मल, निरन्तर आनन्द घन, इच्छा रहित, आश्रय रहित, केवल एक ही है ॥७७१॥

किसी प्रकार का भेद नहीं, गुणों की प्रतीति नहीं है, वाणी की प्रवृत्ति नहीं है अथवा मन की प्रवृत्ति भी नहीं है। जो केवल, परम शान्त, अनन्त, आद्य (सबसे पहले विद्यमान), आनन्द मात्र, सदा अद्वितीय रूप से प्रकाशित होता है ॥७७२॥

चूँकि श्रुति द्वैत का निषेध करती है, इसीलिए सदा अद्वितीय, विकल्प रहित, उपाधि से विनिर्मुक्त, शुद्ध, निरन्तर आनन्द घन, सभी कामनाओं से रहित, अपनी महिमा में प्रतिष्ठित होने से अन्य आश्रय से रहित, केवल एक ब्रह्म ही शेष रहता है। उस ब्रह्म में किसी प्रकार का भेद नहीं, निर्गुण होने से गुणों का ज्ञान नहीं है। वाणी की प्रवृत्ति नहीं है अथवा मन की भी प्रवृत्ति नहीं है। 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे प्राप्त न करके लौट आती है' (तै० उ० २।४) इस वचन से ब्रह्म का अवाच्यत्व सिद्ध होता है। किन्तु माया सत्-असत् से विलक्षण होने के कारण अनिर्वचनीया है। तथा जो तीनों भेदों से रहित, परम शान्त, व्यापक, आद्य 'पहले यह ब्रह्म ही था; उसने अपने को ही जाना कि "मैं ब्रह्म हूँ"' (बृ० उ० १।४।१०) श्रुति से अद्वितीय, सदा आनन्द मात्र ब्रह्म प्रकाशित होता है - ऐसा अर्थ है।

तद्ब्रह्म त्वमसि

यन्महावाक्येन लक्ष्यते तन्निर्विकल्पं प्रपञ्चोपशमं निर्गुणं निरतिशयसुखस्वरूपमद्वितीयं ब्रह्म त्वमसीति मुख्योपदेश आरभ्यते।

---

[५४] 'इमनिच्' प्रत्यय में नकार उत्तरवर्ती 'इकार' उच्चारण के लिए है तथा 'चकार' इत् संज्ञक है। अतः प्रक्रिया में 'इमन्' का ही प्रयोग किया जाता है।

जो महावाक्य के द्वारा लक्षित किया जाता है, वह निर्विकल्प, प्रपञ्च का उपशम रूप, निर्गुण, निरतिशय सुख स्वरूप, अद्वितीय ब्रह्म तुम हो - अब मुख्य उपदेश का आरम्भ करते हैं।

यदिदं परमं सत्यं तत्त्वं सच्चित्सुखात्मकम् । अजरामरणं नित्यं सत्यमेतद्वचो मम ॥७७३॥

यदिदं तत्त्वमस्यादिवाक्यसारभूतं **परमं** श्रेष्ठं **सत्यं सच्चित्सुखात्मकं** सच्च तच्चिच्च सुखमात्मा स्वरूपं यस्य तत्सुखात्मकञ्च सच्चित्सुखात्मकं त**दजरामरणं** जरा च मरणञ्च जरामरणे न जरामरणे यस्मिंस्तदजरामरणं **नित्यं** त्वमसीत्**येतन्मम सत्यं वच** इति।

जो यह परम सत्य तत्त्व, सच्चिदानन्द स्वरूप, जरा-मरण से रहित, नित्य है - मेरे यह वचन सत्य हैं ॥७७३॥

जो यह तत्त्वमसि आदि वाक्य का सारभूत, श्रेष्ठ, सत्य, सच्चिदानन्द स्वरूप है जिसका, जिसमें जरा-मरण नहीं हैं, नित्य है - वह तुम हो। मेरे यह वचन सत्य हैं।

न हि त्वं देहोऽसावसुरपि च वाप्यक्षनिकरो मनो वा बुद्धिर्वा क्वचिदपि तथाहङ्कृतिरपि ।
न चैषां सङ्घातस्त्वमु भवसि विद्वन् श्रृणु परं यदेतेषां साक्षी स्फुरणममलं तत्त्वमसि हि ॥७७४॥

असौ देहः स्थूलशरीरं **त्वं न ही**ति निश्चिनु **चासुः** प्राणोऽपि **वाऽक्षनिकरो**ऽक्षाणामिन्द्रियाणां निकरः समूहोऽपि **वा मनो वा बुद्धिर्वा क्वचिदपि तथाऽहङ्कृतिरपि** न। **एषां सङ्घातश्च त्वम् उ न भवसि**। कस्मादिति सर्वमेतत्पूर्वं व्याख्यातम्। हे **विद्वन् परं** सत्यं **श्रृण्वेतेषां यत्साक्षी यदमलं** निर्मलं **स्फुरणं हि तत्त्वमसि**। हिशब्दोऽवधारणार्थः। साक्षिणमात्मत्वेन ज्ञात्वाऽवधारयेत्यभिप्रायः।

यह देह तुम नहीं हो, प्राण भी नहीं हो, इन्द्रिय समुदाय भी नहीं हो, मन, बुद्धि अथवा अहङ्कार भी नहीं हो। इनका सङ्घात भी तुम नहीं हो। हे विद्वन्! परम को सुन जो इन सभी का साक्षी, पवित्र, चैतन्य है - वह तुम हो ॥७७४॥

यह स्थूल शरीर निश्चित रूप से तुम नहीं हो, प्राण भी नहीं हो, इन्द्रिय समुदाय भी नहीं हो; मन, बुद्धि अथवा अहङ्कार भी नहीं हो। इनका सङ्घात भी तुम नहीं हो। कैसे? यह सब पहले विस्तार से बताया जा चुका है। हे विद्वन्! सत्य को सुन जो इन सभी का साक्षी, निर्मल, चैतन्य है - वह तुम हो। 'हि' शब्द अवधारण अर्थ में है। साक्षी को आत्म रूप से जानकर उसे समझो - ऐसा अभिप्राय है।

यज्जायते वस्तु तदेव वर्धते तदेव मृत्युं समुपैति काले । जन्मैव ते नास्ति तथैव मृत्युर्नास्त्येव नित्यस्य विभोरजस्य ॥७७५॥

यद्वस्तु जायते तदेव वर्धते तदेव हि **काले मृत्युं समुपैति**। **विभोर्व्या**पक**स्याजस्य** जरामरणवर्जितस्य नित्यस्य **ते** तव **जन्म एव नास्ति तथैव मृत्युरे**वापि **नास्ति**। जरामरणनिषेधेन षड्विकारवर्जितोऽस्मीत्येवं प्रकारा प्रमा सम्पादनीया। जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखादयो न ममाऽऽत्मनः। अहं तु नित्यनिर्विकारोऽस्मीति।

जो वस्तु उत्पन्न होती है वह ही बढ़ती है तथा समय आने पर वही मृत्यु को प्राप्त होती है। तुम नित्य, विभु तथा अज हो, इसीलिए तुम्हारा जन्म नहीं है तथा मृत्यु भी नहीं है ॥७७५॥

जो वस्तु उत्पन्न होती है, वह ही बढ़ती है तथा समय आने पर वही मृत्यु को प्राप्त होती है। व्यापक, जरा-मरण वर्जित, नित्य तुम्हारा जन्म नहीं है तथा मृत्यु भी नहीं है। जरा-मरण के निषेध से मैं षड्विकार वर्जित हूँ - इस प्रकार की प्रमा सम्पादन करनी चाहिए। जन्म, मृत्यु, जरा, व्याधि, दुःख आदि मुझ आत्मा में नहीं हैं। किन्तु मैं शाश्वत रूप से निर्विकारी हूँ।

य एष देहो जनितः स एव समेधते नश्यति कर्मयोगात् ।
त्वमेतदीयास्वखिलास्ववस्थास्ववस्थितः साक्ष्यसि बोधमात्रः ॥७७६॥

य एष देहः कर्मयोगात्प्रारब्धकर्मणो योगात्संयोगा**ज्जनितः स एव समेधते** वर्धते **नश्यत्य**पक्षीयते विनश्यति। **एतदीयास्वखिलासु** समस्तास्**ववस्थास्ववस्थितो** वर्तमानस्**त्वं बोधमात्रः साक्षी** बोधात्माऽसीति।

जो यह देह कर्मयोग से उत्पन्न हुआ है - वह ही बढ़ता तथा नष्ट हो जाता है। तुम इसकी सभी अवस्थाओं में रहता हो, तुम साक्षी तथा बोध मात्र हो ॥७७६॥

जो यह देह प्रारब्ध कर्म के योग, संयोग से उत्पन्न हुआ है - वह ही क्षीण तथा विनष्ट हो जाता है। तुम इसकी सभी अवस्थाओं में वर्तमान हो, तुम बोध मात्र तथा बोध आत्मा हो।

यत्स्वप्रकाशमखिलात्मकमासुषुप्तेरेकात्मनाहमहमित्यवभाति नित्यम् ।
बुद्धेः समस्तविकृतेरविकारि बोद्धृ यद्ब्रह्म तत्त्वमसि केवलबोधमात्रम् ॥७७७॥

यदखिलात्मकं चराचररूपमाब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं सर्वप्राणिजातं स्थूलसूक्ष्मकारणप्रपञ्चात्मकं चा**ऽऽसुषुप्तेः** सर्वावस्थासु **स्वप्रकाशमेकात्मनाऽहमहमिति नित्यमवभाति**। यन्मायया जगदुपादानभूतं सर्वज्ञत्वादिविशेषणेन कल्पितं निमित्तञ्च तदेव केवलं हृदयकुहरमध्येऽहमहमिति साक्षीरूपेणापरोक्षतया भाति। **यद्बुद्धेः समस्तविकृतेः** समस्तस्य प्रपञ्चस्य स्थूलसूक्ष्मकारणात्मकस्य विकृतेर्विकारा**दविकारि** निर्विकारं **बोद्धृ** विज्ञप्तिमात्रं चिन्मात्रं **केवलबोधमात्रं तद्ब्रह्म त्वमसी**त्यवधारय।

जो सुषुप्ति पर्यन्त चर-अचर रूप स्वयं प्रकाश है, 'अहम्', 'अहम्' - इस प्रकार एक भाव से नित्य भासता है, बुद्धि के समस्त विकारों से विकार शून्य - ऐसा ज्ञाता, केवल ज्ञान रूप वही ब्रह्म तुम हो ॥७७७॥

जो स्थूल, सूक्ष्म, कारण प्रपञ्चात्मक, ब्रह्मा से स्तम्ब पर्यन्त सर्व प्राणि समूह का चर-अचर रूप, सुषुप्ति पर्यन्त सभी अवस्थाओं में स्वयं प्रकाश है, 'अहम्', 'अहम्' - इस प्रकार एक भाव से नित्य भासता है। जो माया से जगत् का उपादान कारण है, सर्वज्ञत्व आदि विशेषणों सहित तथा निमित्त कारण माना गया है; वह ही केवल[५५] हृदय कुहर में 'अहम्', 'अहम्' साक्षी रूप से अपरोक्ष होकर भासता है। जो बुद्धि के समस्त प्रपञ्च स्थूल, सूक्ष्म, कारणात्मक विकारों से निर्विकार; ज्ञान मात्र, चैतन्य मात्र है, वही ब्रह्म तुम हो - ऐसा दृढ विचार करना चाहिए।

स्वात्मन्यनस्तमयसंविदि कल्पितस्य व्योमादिसर्वजगतः प्रददाति सत्ताम् ।
स्फूर्तिं स्वकीयमहसा वितनोति साक्षाद्यद्ब्रह्म तत्त्वमसि केवलबोधमात्रम् ॥७७८॥

यत्स्वात्मनि चिन्मात्रसाक्षि**ण्यनस्तमयसंविद्य**स्तमया नश्यमाना संविदित्यस्तमयं संविन्नास्तमयं संविदनस्तमयं संविदविपरिलुप्तचैतन्यं तस्मिन् **कल्पितस्य** विवर्तरूपेण भासमानस्य **व्योमादिसर्वजगतः** व्योमादेः सर्वस्य जगतो व्योमादिसर्वजगतः **सत्ताम**स्तित्त्वं **प्रददाति** प्रयच्छति यथा नगास्तिष्ठन्ति यथा वा दिवाकरो दिवा करोति तथा **स्वकीयमहसा** स्वकीयस्य महसा तेजसा **स्फूर्तिं वितनोति तत्केवलबोधमात्रं** केवलञ्च तद्बोधमात्रञ्च सर्वभेदरहितं स्वभावतो ज्ञानमात्रं स्फुरणरूपं **साक्षाद**परोक्षं **ब्रह्म त्वमसि**। *"न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्", "यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरः"* इति

---

[५५] केवल - सजातीय, विजातीय, स्वगत भेद रहित

श्रुतिभ्यः। तत्राविपरिलुप्तचैतन्यं द्रष्टुर्दृष्टिर्दृष्टेर्द्रष्टृ वा इति उभयमपि सम्यक्। द्रष्टुः साक्षिणो दृष्टिः प्रकाशो बोधो यद्वा दृष्टेर्बुद्धिवृत्तेर्द्रष्टृ साक्षिचैतन्यं सृष्टेः प्राक्स्थितिकाले च प्रलयस्य पश्चादपि समानमविनाशि सद्रूपमित्यर्थः।

जो नित्य ज्ञान रूप अपने स्वरूप में कल्पित आकाश आदि सकल जगत् को अस्तित्व प्रदान करता है, अपने तेज से स्फुरण का विस्तार करता है - ऐसा साक्षात् केवल ज्ञान रूप वही ब्रह्म तुम हो ॥७७८॥

चिन्मात्र, साक्षी, चैतन्य जो अस्तमय संविद में नष्ट नहीं हो रहा है, वह अनस्तमय संविद, अविपरिलुप्त चैतन्य में विवर्त रूप से भासमान व्योम आदि सकल जगत् को अस्तित्व प्रदान करता है जैसे पहाड़ खड़े हों अथवा सूर्य दिन करता है; उसी प्रकार अपने तेज से स्फुरण का विस्तार करता है, ऐसा सर्व भेद रहित स्वभाव से ज्ञान मात्र, स्फुरण रूप अपरोक्ष ब्रह्म तुम हो। 'द्रष्टा की दृष्टि का कभी लोप नहीं होता, क्योंकि वह अविनाशी है' (बृ० उ० ४।३।२३), 'जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म तथा सर्वान्तर आत्मा है' (बृ० उ० ३।४।१) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है। वहाँ अविपरिलुप्त चैतन्य 'द्रष्टा की दृष्टि है' अथवा 'दृष्टि का द्रष्टा है' - दोनों सही हैं। द्रष्टा (साक्षी) की दृष्टि - प्रकाश, ज्ञान अथवा दृष्टि (जो बुद्धि वृत्ति है) का द्रष्टा साक्षी चैतन्य, सृष्टि के पहले, स्थिति काल में तथा प्रलय के बाद भी समान, अविनाशी, सत् स्वरूप है - ऐसा अर्थ है।

सम्यक्समाधिनिरतैर्विमलान्तरङ्गे साक्षादवेक्ष्य निजतत्त्वमपारसौख्यम् ।
सन्तुष्यते परमहंसकुलैरजस्रं यद्ब्रह्म तत्त्वमसि केवलबोधमात्रम् ॥७७९॥

सम्यक्समाधिनिरतैः समाधौ मनसः समाहितावस्थायां निरतानि मग्नान्यात्मसंस्थमनांसि तैः **परमहंसकुलैः** परमश्चासौ हंसो विवेकी सत्यमिथ्याभेददर्शी च परमहंसस्तेषां कुलानि समूहाः परमहंसकुलानि तै**र्यदपारसौख्यं** भूमानन्दस्वरूपमनन्तानन्दं **निजतत्त्वं** निजं स्वकीयमात्मतत्त्वं **विमलान्तरङ्गे** निर्मलमत्यन्तविशुद्धं रागद्वेषादिकालुष्यरहितमन्तरङ्गमन्तःकरणं तस्मिन् बुद्धौ गुहायां **साक्षाद**परोक्षतया**ऽवेक्ष्य** ज्ञात्वा**ऽजस्रं** निरन्तरं **सन्तुष्यते तत्केवलबोधमात्रं** भूमानन्दस्वरूपं **ब्रह्म त्वमसि**।

"स मोदते मोदनीयं हि लब्ध्वा", *"एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा एकं रूपं बहुधा यः करोति। तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥"*, *"तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति"* इत्यादयः श्रुतयो यत्परमहंसाः प्राप्नुवन्ति तत्प्रदर्शयन्तीत्यर्थः। तथा च *"एषोऽस्य परमो लोक एषोऽस्य परम आनन्द एतस्यैवाऽऽनन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति।"* इति श्रुतिरात्मनो परमानन्दस्वरूपं निरूपयतीति।

समाधि में मग्न परम हंसों का समुदाय अत्यन्त निर्मल अन्तःकरण में असीम सुख रूप अपने स्वरूप का भली प्रकार साक्षात् दर्शन कर निरन्तर सन्तुष्ट रहता है, ऐसा जो केवल ज्ञान मात्र ब्रह्म है - वह तुम हो ॥७७९॥

समाधि में जिनका मन समाहित अवस्था में अथवा आत्मा में जिनका मन मग्न होकर स्थित है, उन परम हंसों (परम तथा विवेकी, सत्य-मिथ्या भेद दर्शी) के समूह के द्वारा भूमा, आनन्द स्वरूप, अनन्त आनन्द अपने आत्म तत्त्व को निर्मल, अत्यन्त विशुद्ध, राग-द्वेष आदि कालुष्य से रहित, अन्तरङ्ग अन्तःकरण बुद्धि रूप गुहा में अपरोक्ष रूप से जानकर निरन्तर सन्तुष्ट रहते हैं, वह केवल भूमा, आनन्द स्वरूप ब्रह्म तुम हो।

'इस मोदनीय की उपलब्धि कर अति आनन्दित हो जाता है' (क० उ० १।२।१३), 'जो एक, सबको अपने अधीन रखने वाला तथा सम्पूर्ण भूतों का अन्तरात्मा अपने एक रूप को ही अनेक प्रकार का कर लेता है, अपनी बुद्धि में स्थित उस आत्म देव को जो धीर (विवेकी) पुरुष देखते हैं उन्हीं को नित्य सुख प्राप्त होता है, औरों को नहीं' (क० उ० २।२।१२), 'उसका विज्ञान (अनुभव) होने पर ही विवेकी पुरुष, जो आनन्द स्वरूप स्मृत ब्रह्म प्रकाशित हो रहा है, उसका सम्यक् साक्षात्कार करते हैं' (मु० उ० २।२।७) इत्यादि श्रुतियाँ उसे प्रदर्शित करती हैं जिन्हें परम हंस प्राप्त करते हैं - ऐसा अर्थ है। तथा श्रुति 'यह इसका परम लोक है, यह इसका परम आनन्द है। इस आनन्द के कण

मात्र पर अन्य प्राणी जीवित रहते हैं' (बृ० उ० ४।३।३२) आत्मा के परम आनन्द स्वरूप का निरूपण करती है।

अन्तर्बहिः स्वयमखण्डितमेकरूपमारोपितार्थवदुदञ्चति मूढबुद्धेः ।
मृत्स्नादिवद्विगतविक्रियमात्मवेद्यं यद्ब्रह्म तत्त्वमसि केवलबोधमात्रम् ॥७८०॥

यद्यप्य**न्तर्बहिः स्वयमा**त्मा**ऽखण्डितं** निष्कलमपरिच्छिन्नं व्योमवत्सर्वव्यापक**मेकरूपं** निर्विकारं निराकारमखण्डितत्त्वादन्तर्बहिः सर्वव्यापकं व्यापकत्वान्निराकारं तस्मान्निर्विकारं तथापि **मूढबुद्धेरारोपितार्थवदा**रोपितः कल्पितोऽध्यस्तोऽर्थः पदार्थ आरोपितार्थस्तद्वद**ुदञ्चत्यु**देतीति भाति प्रतीयते। **मृत्स्नादिवत्स्फ**टिकवच्छुद्धं **विगतविक्रियं** विगता विनिर्गता विक्रिया यस्मात्तदविक्रिय**मात्मवेद्यं** स्वयंवेद्यं स्वयम्प्रकाशरूपत्वादनुभवरूपं तदेव दर्शनार्हं **यत्केवलबोधमात्रं तद्ब्रह्म त्वमसी**ति पुनः पुनश्चिन्तयेत्यभिप्रायः।

वह जो अन्दर और बाहर, अखण्ड, एक रूप है; किन्तु अज्ञानी की दृष्टि में आरोपित पदार्थ के समान भासित होता है। स्फटिक के समान शुद्ध, विकार रहित, आत्म वेद्य, केवल बोध मात्र जो ब्रह्म है - वह तुम हो ॥७८०॥

यद्यपि आत्मा अन्दर और बाहर, अखण्ड यानि निष्कल, अपरिच्छिन्न, आकाश के जैसे सर्व व्यापक, एक रूप यानि निर्विकार, निराकार है; अखण्ड होने से अन्दर तथा बाहर सर्व व्यापक, व्यापक होने से निराकार, इसीलिए निर्विकार है, तथापि अज्ञानी की दृष्टि में आरोपित, कल्पित, अध्यस्त पदार्थ के समान उदय, भासित प्रतीत होता है। स्फटिक के समान शुद्ध, अविक्रिय, स्वयं वेद्य, स्वयं प्रकाश रूप होने से अनुभव रूप, वह ही दर्शन के योग्य है। जो केवल बोध मात्र ब्रह्म है, वह तुम हो - इस प्रकार पुनः पुनः चिन्तन करना चाहिए - ऐसा अभिप्राय है।

श्रुत्युक्तमव्ययमनन्तमनादिमध्यमव्यक्तमक्षरमनाश्रयमप्रमेयम् ।
आनन्दसद्घनमनामयमद्वितीयं यद्ब्रह्म तत्त्वमसि केवलबोधमात्रम् ॥७८१॥

यदव्ययं विनाशरहित**मनन्तमनादिमध्यमव्यक्तमक्षरं** सदैकरूप**मनाश्रयं** मूलाज्ञानसहितं सर्वाधिष्ठानत्वात्तथा**ऽप्रमेयं** सर्वप्रमाणागोचर**मानन्दसद्घनमा**नन्दश्च तत्सद्घनश्च सदानन्द**मनामयमद्वितीयं श्रुत्युक्तं** तत्**केवलबोधमात्रं** विज्ञानघनं **ब्रह्म त्वमसि**। तथा च श्रुतयः *"अचिन्त्यमव्यक्तमनन्तरूपं शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिम्। तथाऽऽदिमध्यान्तविहीनमेकं विभुं चिदानन्दमरूपमद्भुतम्॥"*, *"अक्षरं ब्रह्म परमम्"*, *"इदं महद्भूतमनन्तमपारं विज्ञानघन एव"*। स्मृतिषु च *"अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते"*, *"नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः"*, *"अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः"*, *"क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत"*इत्यादय आत्मनो लक्षणानि ब्रह्मण्यात्मत्वदार्ढ्याय कथितानीति भावः।

श्रुति ने जिसे अव्यय, अनन्त, आदि-मध्य से रहित, अव्यक्त, अक्षर, किसी का आश्रय न होने वाला, अप्रमेय, आनन्द रूप, सद्घन, अनामय, अद्वितीय कहा है - केवल बोध मात्र जो ब्रह्म है, वह तुम हो ॥७८१॥

श्रुति ने जिसे विनाश रहित, अनन्त, आदि-मध्य से रहित, अव्यक्त, सदा एक रूप, मूलाज्ञान सहित सभी का अधिष्ठान होने से सभी प्रमाणों के द्वारा अगोचर, आनन्द रूप, सद्घन, अनामय, अद्वितीय, विज्ञान घन कहा है - वह ब्रह्म तुम हो। तथा श्रुतियों 'जो अचिन्त्य, अव्यक्त, अनन्त रूप, कल्याणकारी, प्रशान्त, अमृत, ब्रह्मा का मूल कारण है, जिसका आदि, मध्य और अन्त नहीं है, जो एक, विभु, चिदानन्द स्वरूप, अरूप तथा अद्भुत है' (कै० उ० ६), 'अक्षर, परम ब्रह्म', 'यह महद्भूत अनन्त, अपार तथा विज्ञान घन ही है' (बृ० उ० २।४।१२) से प्रमाणित होता है। स्मृतियों में भी 'यह आत्मा अव्यक्त, अचिन्त्य तथा विकार रहित कहा जाता है' (भ० गी० २।२५), 'यह नित्य, सर्वव्यापी, स्थिर रहने वाला, अचल तथा सनातन है' (भ० गी० २।२४), 'अजन्मा, नित्य, सनातन तथा पुरातन है' (भ० गी० २।२०), 'हे अर्जुन! सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ भी मुझे ही जान' (भ० गी० १३।२) आत्मा के लक्षणों को ब्रह्म में आत्मत्व दृढ करने के लिए कहा है - ऐसा

भाव है।

शरीरतद्योगतदीयधर्माद्यारोपणं भ्रान्तिवशात्त्वदीयम्।
न वस्तुतः किञ्चिदतस्त्वजस्त्वं मृत्योर्भयं क्वास्ति तवासि पूर्णः ॥७८२॥

त्वदीयं तवेदं त्वदीयं **शरीरतद्योगतदीयधर्माद्यारोपणं** शरीरञ्च तद्योगश्च तस्य शरीरस्यात्मना योगः सम्बन्धस्तदीयधर्मादयश्च शरीरस्य धर्मादयो वर्णाऽऽश्रमवयोवस्थादयस्तेषामात्मन्यारोपणमध्यासो यथा वर्णितमध्यासप्रकरणेऽतस्मिंस्तद्बुद्धि-र्विपरीतज्ञानं **भ्रान्तिवशाद**स्ति **वस्तुतस्तु न किञ्चिद**स्ति, आत्मव्यतिरिक्तस्य वस्तुनोऽभावा**दतस्त्वं त्वजो**ऽसि **पूर्णोऽसि तव मृत्योः क्व भयमस्ति**। स्वभावतस्त्वं ब्रह्मासि न जीवः साभासाहङ्कार इति।

तुम्हारा यह शरीर, शरीर का सम्बन्ध, उसके धर्म यह सब भ्रान्ति के कारण तुममें आरोपित हैं। वस्तुतः कुछ नहीं है, इसीलिए तुम अज तथा पूर्ण हो। तुम्हें मृत्यु का भय कहाँ है? ॥७८२॥

तुम्हारा यह शरीर, शरीर का आत्मा के साथ सम्बन्ध, शरीर के धर्म आदि जैसे वर्ण, आश्रम, वय, अवस्था आदि - उनका आत्मा में अध्यारोप अध्यास है जैसा अध्यास प्रकरण में बताया गया है; जो वह नहीं है, उसमें है - ऐसी बुद्धि करना, विपरीत ज्ञान भ्रान्ति के कारण है। वस्तुतः कुछ नहीं है, आत्मा के अतिरिक्त अन्य वस्तु का अभाव है। इसीलिए तुम अज तथा पूर्ण हो। तुम्हें मुत्यु का भय कहाँ है? स्वभाव से तुम ब्रह्म हो, साभास अहङ्कार युक्त जीव नहीं।

यद्यद्दृष्टं भ्रान्तिमत्या स्वदृष्ट्या तत्तत्सम्यग्वस्तुदृष्ट्या त्वमेव।
त्वत्तो नान्यद्वस्तु किञ्चित्तु लोके कस्माद्भीतिस्ते भवेदद्वयस्य ॥७८३॥

यद्यद्भ्रान्तिमत्या स्वदृष्ट्या विपरीतबुद्ध्या **दृष्टम**नात्मन्यात्मत्वं तथा जगति सत्यत्वं **तत्तत्सम्यग्वस्तुदृष्ट्या** महावाक्योपदेशजनितब्रह्मात्मैक्यबोधानन्तरं **त्वमेवा**सि कालत्रये समस्तप्रपञ्चस्योपादानत्वात्त्वमेव विविधनामरूपैः प्रतिभासि सत्तास्फूर्तिप्रदाता सर्वेषामनात्मनां त्वमेवासि। **त्वत्तोऽन्यद्वस्तु तु लोके** चतुर्दशभुवनमध्येऽनात्मा नाम **न किञ्चिद**स्ति। **तेऽद्वयस्यै**कमेवाद्वितीयस्य **कस्माद्भीतिर्भवेत्**। अभयं ब्रह्मैव त्वमसीति। *"अभयं प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति"*, *"अभयं वै जनक प्राप्तोऽसि"* इत्यादिश्रुतेः।

भ्रान्ति युक्त अपनी दृष्टि से जो-जो दृष्ट वस्तु है, भली प्रकार वस्तु स्वरूप दृष्टि से वह सब तुम ही हो। लोक में तुमसे भिन्न कुछ भी नहीं है, तो पुनः तुम अद्वितीय को भय किससे होगा? ॥७८३॥

भ्रान्ति युक्त अपनी विपरीत बुद्धि से जो-जो अनात्मा में आत्मा देखा जाता है तथा जगत् में सत्यत्व, महावाक्य उपदेश से उत्पन्न ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान के पश्चात् तुम ही तीनों कालों में हो, समस्त प्रपञ्च का उपादान होने से तुम ही विविध नाम-रूपों में प्रकट हो रहे हो, तुम ही सभी अनात्मा को सत्ता तथा स्फूर्ति देने वाले हो। तुमसे अतिरिक्त चौदह लोकों में अनात्मा नाम की कोई वस्तु नहीं है। तुम एकमेव, अद्वितीय को किससे भय होगा? तुम अभय ब्रह्म हो। 'जिस समय यह साधक अभय-स्थिति प्राप्त करता है, उस समय वह अभय को प्राप्त हो जाता है' (तै० उ० २।७), 'हे जनक! तुम निश्चय अभय को प्राप्त हो गए हो' (बृ० उ० ४।२।४) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है।

पश्यतस्त्वहमेवेदं सर्वमित्यात्मनाखिलम्। भयं स्याद्विदुषः कस्मात्स्वस्मान्न भयमिष्यते ॥७८४॥

इदं सर्वं ब्रह्मादिस्थावरान्तं जगदज्ञानोपादानं दृश्यप्रपञ्चं क्षेत्रं क्षराक्षरपुरुषरूपं कार्यकारणात्मकमश्वत्थवृक्षस्थानीय-महम**स्मीत्यखिलमात्मना** स्वेनरूपेण **पश्यतो विदुषः** *"इदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिमे लोका इमे देवा इमानि भूतानीदं सर्वं यदयमात्मा"*,

"स एव सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यं सनातनम्", "स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्। स एव विष्णुः स प्राणः स कालोऽग्निः स चन्द्रमाः" इत्यादिश्रुतय आत्मनः सर्वात्मकत्वं दर्शयन्ति। इदं सर्वमात्मतया जानतः पण्डितस्य तु **कस्माद्भयं स्यात्? स्वस्माद्भयं** खलु **नेष्यत** इति।

'यह सब मैं ही हूँ', इस प्रकार जो विद्वान् सभी को आत्म रूप से देखता है - उसे किससे भय होगा? अपने से तो किसी को भय नहीं होता ॥७८४॥

यह सब ब्रह्म आदि से लेकर स्थावर पर्यन्त, जगत् - जिसका उपादान अज्ञान है, दृश्य प्रपञ्च, क्षर-अक्षर पुरुष रूप क्षेत्र, कार्य-कारणात्मक, अश्वत्थ वृक्ष स्थानीय मैं ही हूँ, इस प्रकार जो विद्वान् सभी को अपने ही रूप से देखता है 'यह ब्राह्मण जाति, यह क्षत्रिय जाति, ये लोक, ये देवगण, ये भूतगण और ये सब जो कुछ भी हैं, यह सब आत्मा ही है' (बृ० उ० २।४।६), 'जो कुछ भी भूतकाल में था, भविष्य में होने वाला है - वह सनातन है, वह ही सब कुछ है' (कै० उ० ९), 'वह ब्रह्मा है, वह शिव है, वह इन्द्र है, वह अविनाशी, परम स्वराट् है। वह ही विष्णु है, वह प्राण है, वह काल तथा अग्नि है, वह चन्द्रमा है' (कै० उ० ८) इत्यादि श्रुतियाँ आत्मा का सर्वात्मकत्व दिखाती हैं। यह सब आत्म रूप से जानता है - उस पण्डित को किससे भय होगा? निश्चित ही अपने से भय नहीं होता है।

तस्मात्त्वमभयं नित्यं केवलानन्दलक्षणम् । निष्कलं निष्क्रियं शान्तं ब्रह्मैवासि सदाद्वयम् ॥७८५॥

तस्मात्त्वमभयं नित्यं केवलानन्दलक्षणं निष्कलं निष्क्रियं शान्तमद्वयं ब्रह्म सदैवासि। स्पष्टोऽर्थः।

इसीलिए तुम अभय, नित्य, केवल, आनन्द स्वरूप, निष्कल, निष्क्रिय, शान्त, सदा अद्वितीय ब्रह्म ही हो ॥७८५॥

इसीलिए तुम अभय, नित्य, केवल, आनन्द स्वरूप, निष्कल, निष्क्रिय, शान्त, सदा अद्वितीय ब्रह्म ही हो। अर्थ स्पष्ट है।

इत्युक्त्वा पुनराचार्यः शिष्यं प्रति तत्त्वमसीति महावाक्योपदेशं बोधयति ज्ञातृज्ञानज्ञेयविहीनमित्यादिना।

इस प्रकार कहने के बाद पुनः आचार्य शिष्य को 'तत्त्वमसि' महावाक्य का उपदेश देते हैं 'ज्ञातृज्ञानज्ञेयविहीनम्' इत्यादि से -

ज्ञातृज्ञानज्ञेयविहीनं ज्ञातुरभिन्नं ज्ञानमखण्डम् । ज्ञेयाज्ञेयत्वादिविमुक्तं शुद्धं बुद्धं तत्त्वमसि त्वम् ॥७८६॥

य**ज्ज्ञातृज्ञानज्ञेयविहीनं** त्रिपुटीरहितं **ज्ञातुरभिन्नं** साक्षिणोऽभिन्नं ज्ञातुः स्वतः सत्तारहितत्वादभिन्नं **ज्ञानमखण्डं** सत्यं ज्ञानमनन्तमपूर्वमनपरं **ज्ञेयाज्ञेयत्वादिविमुक्तं** *"न सत्तन्नासदुच्यते", "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि"* त**च्छुद्धं बुद्धं तत्त्वं त्वमसी**त्यवधारय।

ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय से रहित, ज्ञाता से अभिन्न, अखण्ड ज्ञान रूप, ज्ञेय-अज्ञेयत्व आदि से विमुक्त - वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो ॥७८६॥

जो त्रिपुटी से रहित, ज्ञाता की स्वयं कोई सत्ता न होने से साक्षी से अभिन्न, सत्य-ज्ञान-अनन्त, कार्य-कारण रहित, ज्ञेय-अज्ञेयत्व आदि से विमुक्त 'न सत्, न असत् ही कहा जाता है' (भ० गी० १३।१२), 'वह विदित से अन्य ही है तथा अविदित से भी परे है' (के० उ० १।३); वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो - ऐसा निश्चय करो।

अन्तःप्रज्ञत्वादिविकल्पैरस्पृष्टं यत्तद्दृशिमात्रम् । सत्तामात्रं समरसमेकं शुद्धं बुद्धं तत्त्वमसि त्वम् ॥७८७॥

यदन्तःप्रज्ञत्वादिविकल्पैरन्तःप्रज्ञत्वं तैजसत्वं तथा बहिष्प्रज्ञत्वं विश्वत्वं प्रज्ञानघनत्वं प्राज्ञत्वं जाग्रदाद्यवस्थाविशिष्टचैतन्य-मवस्थाऽभिमानित्वं वा सर्वे विकल्पाः साभासाहङ्कारस्य तै**रस्पृष्टम**लिप्तं **दृशिमात्रं** चिन्मात्रं **तत्सत्तामात्रं समरसं** सदैकरूपं

निर्विकारमच्युत**मेकम**द्वितीयं ब्रह्म **शुद्धं बुद्धं तत्त्वं त्वमसी**त्यवधारय।

जो अन्तःप्रज्ञत्व आदि विकल्पों से अस्पृष्ट, ज्ञान मात्र, सत्ता मात्र, सम रस, एक है - वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो ॥७८७॥

जो अन्तःप्रज्ञत्व, तैजसत्व तथा बहिष्प्रज्ञत्व, विश्वत्व, प्रज्ञान घनत्व, प्राज्ञत्व, जाग्रत् आदि अवस्था विशिष्ट चैतन्य, अवस्था अभिमानी अथवा आभास सहित अहङ्कार के सभी विकल्पों से अलिप्त है, चैतन्य मात्र, सत्ता मात्र, सदा एक रूप, निर्विकार, अच्युत, अद्वितीय ब्रह्म है; वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो - ऐसा निश्चय करो।

सर्वाकारं सर्वमसर्वं सर्वनिषेधावधिभूतं यत् । सत्यं शाश्वतमेकमनन्तं शुद्धं बुद्धं तत्त्वमसि त्वम् ॥७८८॥

यत्सर्वाकारं सर्व आकारा यस्य **तत्सर्वं** सर्वरूपं सर्वस्योपादानत्वा**दसर्वं** सर्वस्माद्भिन्नं प्रपञ्चविलक्षणं निर्विशेषेण ब्रह्मणा सर्वमिदं व्याप्तं ब्रह्मभिन्नमिवावभासते यथा रूपवद्द्रव्यं यथा वा सूर्याऽऽलोकव्याप्तं चक्षुर्ग्राह्यत्वमापन्नं तथा चैतन्येन बहिरन्तः सर्वतः सर्वं व्याप्तं तद्रूपं *"सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठाः"*, *"यतः सर्वाणि भूतानि प्रतिभान्ति स्थितानि च। यत्रैवोपशमं यान्ति तस्मै सत्यात्मने नमः॥"* इति श्रुतिस्मृतिभ्यां सर्वरूपात्मनः। तथापि नात्र व्याप्यव्यापकभावो वाऽऽधाराधेयभावो वर्तते तस्यायथार्थत्वाद्भेददर्शिनां मुमुक्षूणां मोक्षाभावादद्वैतश्रुतिविरोधाच्च **सर्वनिषेधावधिभूतम्***"अथात आदेशो नेति नेति"*, *"न सन्नासन्नसदसत्"*।

यस्मिन्निष्कले निष्क्रिये निःसङ्गे निरन्तरे निराश्रये निर्विशेषे निर्गुणे निर्विकारे निराकारे प्रपञ्चशून्ये *"नेह नानास्ति किञ्चन"* श्रुत्या समूलाज्ञानप्रपञ्चस्याभावस्त**त्सत्यं शाश्वतमेकम**द्वितीय**मनन्तं शुद्धं बुद्धं ब्रह्म तत्त्वं त्वमसी**त्यवधारय।

जो सभी आकारों वाला, सर्व रूप, सभी से पृथक, सब निषेधों का सीमा रूप सत्य, शाश्वत, एक, अनन्त है - वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो ॥७८८॥

जो सभी आकारों वाला, सभी का उपादान होने से सर्व रूप, सभी से भिन्न, प्रपञ्च से विलक्षण, यह सब निर्विशेष ब्रह्म से व्याप्त है तथा ब्रह्म भिन्न-सा प्रतीत होता है। जैसे रूप वाला द्रव्य अथवा आलोक से व्याप्त सूर्य, इसे चक्षु द्वारा ग्राह्यता प्राप्त हो गई है। वैसे ही चैतन्य के द्वारा अन्दर-बाहर, सब ओर से सब व्याप्त है, वह उसी रूप वाला है। 'हे सोम्य! इस प्रकार यह सारी प्रजा सत् मूलक है तथा सत् ही इसका आश्रय है और सत् ही प्रतिष्ठा है' (छा० उ० ६।८।४), 'सभी भूत जिससे आविर्भूत होते हैं, स्थिति काल में जिसकी सत्ता से ही स्थित रहते हैं तथा प्रलय काल में जिसमें लीन होते हैं - उस सत्य स्वरूप परमात्मा को नमस्कार है' (यो० वा० १।१।१) इत्यादि श्रुति, स्मृति से आत्मा सर्व रूप है। तथापि यहाँ व्याप्य-व्यापक भाव अथवा आधार-आधेय भाव नहीं है, क्योंकि उसका यथार्थत्व नहीं है तथा भेद दर्शी मुमुक्षुओं के मोक्ष का अभाव है तथा अद्वैत श्रुति के साथ भी विरोध है। सभी निषेधो का सीमा रूप 'अब इसके पश्चात् "नेति नेति" आदेश है' (बृ० उ० २।३।६), 'जो न सत् है, न असत् और न ही सत्-असत् रूप है' (सु० उ० १।१)।

जिस निष्कल, निष्क्रिय, निःसङ्ग, निरन्तर, निराश्रय, निर्विशेष, निर्गुण, निर्विकार, निराकार, प्रपञ्च शून्य में 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (क० उ० २।१।११) श्रुति के द्वारा समूल अज्ञान प्रपञ्च का अभाव है, शाश्वत, एक, अनन्त सत्य, शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो - ऐसा निश्चय करो।

नित्यानन्दाखण्डैकरसं निष्कलमक्रियमस्तविकारम् । प्रत्यगभिन्नं परमव्यक्तं शुद्धं बुद्धं तत्त्वमसि त्वम् ॥७८९॥

य**न्नित्यानन्दाखण्डैकरसं** नित्यं सत्यञ्च तदानन्दश्च भूमा च तदखण्डमपरिच्छिन्नं देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यञ्च तदेकरसं सममनपास्तलक्षणं त**न्निष्कलं** निर्विभाग**मक्रियमस्तविकारं** निष्क्रियत्वान्निर्विकारं **प्रत्यगभिन्नं** साक्षादपरोक्षं **परं** पराद्धिरण्यगर्भात्परं *"पुरुषान्न परं किञ्चित्"*, **अव्यक्तं** शब्दप्रवृत्तिनिमित्तरहितमवाच्यं **शुद्धं बुद्धं** ब्रह्म **तत्त्वं त्वमसी**त्यवधारय।

नित्य आनन्द रूप, अखण्ड, एक रस, निष्कल, अक्रिय, विकार शून्य, प्रत्यक् अभिन्न, परम, अव्यक्त - वह शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो ॥७८९॥

नित्य सत्, आनन्द तथा अनन्त, अपरिच्छिन्न, देश-काल-वस्तु परिच्छेद शून्य, एक रस, जिसका त्याग नहीं किया जा सकता, निर्विभाग, निष्क्रिय होने से निर्विकार, साक्षात् अपरोक्ष, पर - हिरण्यगर्भ से परे 'पुरुष से पर और कुछ नहीं है' (क० उ० १।३।११), शब्द-प्रवृत्ति-निमित्त रहित होने से अवाच्य, वह शुद्ध, बुद्ध ब्रह्म तत्त्व तुम हो - ऐसा निश्चय करो ।

त्वं प्रत्यस्ताशेषविशेषं व्योमेवान्तर्बहिरपि पूर्णम् । ब्रह्मानन्दं परमद्वैतं शुद्धं बुद्धं तत्त्वमसि त्वम् ॥७९०॥

त्वं प्रत्यस्ताशेषविशेषं प्रत्यस्ता अशेषाः सर्वा विशेषा यस्मात्तत्प्रत्यस्ताशेषविशेषं तन्निर्विशेषं **व्योमेवान्तर्बहिरपि पूर्णं** *"स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः"*, **ब्रह्मानन्दं परमद्वैतं** तुरीयमद्वितीयं **शुद्धं बुद्धं** ब्रह्म **तत्त्वं त्वमसी**त्यवधारय।

तुम सकल विशेषों से रहित, आकाश के समान अन्दर-बाहर भी पूर्ण, ब्रह्मानन्द रूप, परम अद्वैत, शुद्ध, बुद्ध स्वरूप तत्त्व तुम हो ॥७९०॥

तुम निर्विशेष - जिससे सभी विशेषण हटा दिए गए हैं, आकाश के समान अन्दर-बाहर भी पूर्ण 'वह बाहर-भीतर विद्यमान, अजन्मा है' (मु० उ० २।१।२), ब्रह्मानन्द रूप, तुरीय, अद्वितीय हो। वह शुद्ध, बुद्ध ब्रह्म तत्त्व तुम हो - ऐसा निश्चय करो।

ब्रह्मैवाहमहं ब्रह्म निर्गुणं निर्विकल्पकम् । इत्येवाखण्डया वृत्त्या तिष्ठ ब्रह्मणि निष्क्रिये ॥७९१॥

अहं ब्रह्मैवाहं निर्गुणं निर्विकल्पं ब्रह्मेत्यखण्डया वृत्त्या वक्ष्यमाणयाऽखण्डाकारवृत्त्या **निष्क्रिये ब्रह्मणि तिष्ठे**ति।

'ब्रह्म ही मैं हूँ; मैं ब्रह्म हूँ', निर्गुण, निर्विकल्प - इस अखण्ड वृत्ति के साथ निष्क्रिय ब्रह्म में स्थित रहें ॥७९१॥

'ब्रह्म ही मैं हूँ; मैं ब्रह्म हूँ', निर्गुण, निर्विकल्प - इस अखण्डाकार वृत्ति से जिसके बारे में आगे बताया जाएगा, निष्क्रिय ब्रह्म में स्थित रहें।

अखण्डामेवैतां घटितपरमानन्दलहरीं परिध्वस्तद्वैतप्रमितिममलां वृत्तिमनिशम् ।
अमुञ्चानः स्वात्मन्यनुपमसुखे ब्रह्मणि परे रमस्व प्रारब्धं क्षपय सुखवृत्त्या त्वमनया ॥७९२॥

एतामखण्डामेव घटितपरमानन्दलहरीं घटिताः परमानन्दस्य लहर्यः कल्लोला यस्यां सा घटितपरमानन्दलहरी तां घटितपरमानन्दलहरीं **परिध्वस्तद्वैतप्रमितिं** परितः सर्वतो ध्वस्ता विनष्टा द्वैतरूपा प्रमितिर्यस्यास्तां सर्वद्वैतव्यवहारशून्या**ममलां वृत्तिम**खण्डाकारवृत्ति**ममुञ्चानो** वृत्तिं न मुञ्चतीत्यमुञ्चानस्त्व**मनुपमसुखे स्वात्मनि परे ब्रह्मणि** निरन्तर**मनिशं रमस्व** तथा**ऽनया वृत्त्या प्रारब्धं क्षपये**ति।

इस अखण्ड परम आनन्द की लहरों से युक्त, जिससे द्वैत का ज्ञान पूरी तरह नष्ट हो जाता है, शुद्ध वृत्ति को न छोड कर परम ब्रह्म, अपने आप में, अनुपम सुख में निरन्तर मग्न रहो। इस सुखाकार वृत्ति से प्रारब्ध को त्याग दो ॥७९२॥

इस अखण्ड परम आनन्द की लहरें घटक हैं जिसमें - उससे युक्त, जिससे द्वैत रूप ज्ञान सभी ओर से नष्ट हो जाता है - द्वैत के सब व्यवहार से रहित, शुद्ध अखण्डाकार वृत्ति को न छोड कर परम ब्रह्म, अपने आप में, अनुपम सुख में निरन्तर रमण करो तथा इस सुखाकार वृत्ति से प्रारब्ध को त्याग दो।

ब्रह्मानन्दरसास्वादतत्परेणैव चेतसा । समाधिनिष्ठितो भूत्वा तिष्ठ विद्वन्सदा मुने ॥७९३॥

हे **मुने,** हे **विद्वन्,** यस्मात्त्वया साधनचतुष्टयसम्पत्त्यनन्तरं सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकविधिवद्गुरूपसदनं कृत्वाऽध्यारोपापवादन्यायेन

तत्त्वम्पदवाच्यार्थज्ञानं सम्प्राप्य जहदजहल्लक्षणया तयोरैक्यज्ञानं श्रुतं तस्मात्त्वं विद्वानसि, हे ब्रह्मन् **ब्रह्मानन्दरसास्वादतत्परेण** रसस्याऽऽस्वादो रसास्वादो ब्रह्मानन्दस्य रसास्वादस्तत्परत्वं तन्मयत्वं तेन ब्रह्मानन्दरसास्वादतत्परेण **चेतसा** सदैव **समाधिनिष्ठितः** समाहितो **भूत्वा तिष्ठ** ब्रह्मनिष्ठो भवेत्यर्थः।

यथा मनः पुनर्विषयेष्वनात्मसु नैव सज्जते तथा तीव्रवैराग्यं यस्यास्ति तस्यैव चित्तसमाधानं सम्भवति तथा तस्य समाहितस्यैव ब्रह्मणि संस्थापितमनस्कस्यैव ब्रह्मनिष्ठा ब्रह्मज्ञाननिष्ठा प्रत्ययान्तरामिश्रितब्रह्मप्रत्ययो भवेत्तस्यैव वेदान्ताध्ययनप्रयोजन-सिद्धिर्भवति नान्यस्य तस्मादेतस्य सिद्धये सावधानतयाऽधिकप्रयत्नः कर्तव्य इति शेषः।

उक्तं हि वाजसनेयके *"तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः। नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत्"* इति। तत्र धीरो विवेकी ब्राह्मणो ब्रह्मनिष्ठां सम्पाद्य ब्रह्म भवितुमिच्छुस्तमेव वेदान्तप्रसिद्धं *"तं त्वौपनिषदं पुरुषं"*, आत्मानं विज्ञायाऽऽदावाचार्योपदेशतः शास्त्रतश्च ज्ञात्वाऽनन्तरं प्रज्ञां शास्त्राचार्योपदिष्टविषयामपरोक्षानुभवपर्यन्तां ब्रह्मजिज्ञासापरिसमाप्तिकरीं कुर्वीत। बहूञ्छब्दान् कर्मोपासनाप्रतिपादकान् काव्यतर्कसाहित्यप्रतिपादकांस्तथा वेदाङ्गवाक्यान्नानुध्यायेन्न चिन्तयेत्। तद्वैतशास्त्रपठनं वाचो विग्लापनं विशेषेण श्रमकरमेवेति सर्वानुभवसिद्धम्। तस्मादत्रापि गुरुणा तदेवोपदिष्टम्। एतेन तद्ब्रह्म त्वमसीति प्रकरणं परिसमाप्तम्।

हे विद्वन्! हे मुने! ब्रह्म आनन्द रूप रस के स्वाद में लगे मन से समाधि निष्ठ होकर सदा स्थित रहो ॥७९३॥

हे मुने! हे विद्वन्! चूँकि तुम्हारे द्वारा साधन चतुष्टय सम्पत्ति प्राप्त करने के बाद, सभी कर्मों का संन्यास कर विधिवत् गुरु के पास जाकर, अध्यारोप-अपवाद न्याय से 'तत्' और 'त्वं' के पद का वाच्यार्थ का ज्ञान प्राप्त कर, जहद्-अजहद् लक्षणा से उनके ऐक्य का ज्ञान सुना गया; इसीलिए तुम विद्वान् हो। हे ब्रह्मन्! ब्रह्म आनन्द रसास्वाद में तत्पर मन के द्वारा सदा ही समाहित होकर ब्रह्म निष्ठ हो - ऐसा अर्थ है।

जैसे मन पुनः विषयों में, अनात्मा में आसक्त नहीं होता, वैसे जिसका वैराग्य तीव्र हो, उसी के लिए चित्त का समाधान सम्भव है। वैसे ही उस केवल ब्रह्म में समाहित, संस्थापित मन वाले के लिए ही ब्रह्म में निष्ठा हो अर्थात् ब्रह्मज्ञान में निष्ठा यानि ब्रह्म का विचार जो किसी अन्य विचार से मिश्रित नहीं है। उसी के लिए ही वेदान्त अध्ययन के प्रयोजन की सिद्धि होती है; अन्य के लिए नहीं। इसीलिए इसकी सिद्धि के लिए सावधानी से अधिक प्रयत्न किया जाना चाहिए।

वाजसनेयक में कहा गया है 'बुद्धिमान ब्राह्मण को उसे ही जानकर उसी में प्रज्ञा करनी चाहिए। बहुत शब्दों का अनुध्यान न करे; वह तो वाणी का श्रम ही है' (बृ० उ० ४।४।२१)। वहाँ धीर, विवेकी ब्राह्मण है जो ब्रह्म निष्ठा प्राप्त कर ब्रह्म होना चाहता है। वह वेदान्त में प्रसिद्ध 'उस औपनिषद् पुरुष को मैं पूछता हूँ' (बृ० उ० ३।९।२६) आत्मा को जानकर - पहले आचार्य उपदेश तथा शास्त्र से जानकर, पश्चात् ज्ञान प्राप्त करे, शास्त्र तथा आचार्य के उपदिष्ट विषय के अपरोक्ष अनुभव पर्यन्त उससे ब्रह्म जिज्ञासा को पूर्ण रूप से समाप्त करे। 'बहून् शब्दान्' से कर्म-उपासना के प्रतिपादक; काव्य, तर्क, साहित्य के प्रतिपादक तथा वेदाङ्ग के वाक्यों का ध्यान अथवा चिन्तन नहीं करना चाहिए। द्वैत के उन शास्त्रों का अध्ययन वाणी का श्रम, विशेष रूप से दुःखकर ही है - ऐसा सभी के अनुभव से सिद्ध है। इसीलिए यहाँ भी गुरु द्वारा उसी का ही उपदेश दिया जाता है। इसी के साथ 'वह ब्रह्म तुम हो' का प्रकरण समाप्त होता है।

शिष्य उवाच -

अखण्डाख्या वृत्तिरेषा वाक्यार्थश्रुतिमात्रतः । श्रोतुः सञ्जायते किं वा क्रियान्तरमपेक्षते ॥७९४॥

समाधिः कः कतिविधस्तत्सिद्धेः किमु साधनम् । समाधेरन्तरायाः के सर्वमेतन्निरूप्यताम् ॥७९५॥

एषाऽखण्डाख्याऽखण्ड इत्याख्या यस्या सा ब्रह्माकारा **वृत्तिर्ब्र**ह्माकाराकारिता चित्तवृत्तिः **श्रोतुः** कृततत्त्वमसिमहावाक्यश्रवणस्य **वाक्यार्थश्रुतिमात्रतो** वाक्यस्य तत्त्वम्पदार्थशोधनपूर्वकान्वितस्यार्थस्य श्रुतिमात्रतः श्रवणमात्राद्वाक्यार्थश्रवणमात्रा**त्सञ्जायत** उत्पद्यते **किं वा** क्रियान्तरमपेक्षते? किञ्च **समाधिः कः**? **कतिविधः**? **तत्सिद्धेः किमु साधनम्**? **समाधेः केऽन्तराया** विघ्नाः? **एतत्सर्वं निरूप्यतामि**ति।

एते प्रश्नाः।

१. वाक्यश्रवणमात्राद्ब्रह्माकारवृत्तिरुदेति किं वा क्रियान्तरमपेक्षते?
२. समाधिः कः?
३. समाधिः कतिविधः?
४. समाधिसिद्धेः किं साधनम्?
५. समाधेः के विघ्नाः?

शिष्य ने कहा-
श्रोता को वाक्यार्थ सुनने मात्र से ही यह अखण्ड रूप वृत्ति उत्पन्न हो जाती है या इसके लिए किसी अन्य क्रिया की अपेक्षा होती है? ॥७९४॥

समाधि क्या है? वह कितने प्रकार की है? उसकी सिद्धि के साधन क्या हैं? समाधि के विघ्न क्या हैं? यह सब निरूपण कीजिए ॥७९५॥

यह अखण्ड रूप से कही जाने वाली ब्रह्माकाराकारिता चित्तवृत्ति श्रोता के (जिसने 'तत्त्वमसि' महावाक्य का श्रवण कर लिया है); वाक्यार्थ - 'तत्' और 'त्वम्' पदार्थ के शोधन के आधार पर वाक्य का अर्थ सुनने मात्र से उत्पन्न हो जाती है या इसके लिए किसी अन्य क्रिया की अपेक्षा होती है? तथा समाधि क्या है? वह कितने प्रकार की है? उसकी सिद्धि के साधन क्या हैं? समाधि के विघ्न क्या हैं? यह सब निरूपण कीजिए।

ये प्रश्न हैं -

१. वाक्य के श्रवण मात्र से ब्रह्माकार वृत्ति उत्पन्न होती है या अन्य क्रिया की अपेक्षा होती है?
२. समाधि क्या है?
३. समाधि कितने प्रकार की होती है?
४. समाधि की सिद्धि के साधन क्या हैं?
५. समाधि के विघ्न क्या हैं?

मुख्यगौणाद्यधिकारिभेदाः

श्रीगुरुरुवाच -

मुख्यगौणादिभेदेन विद्यन्तेऽत्राधिकारिणः । तेषां प्रज्ञानुसारेणाखण्डा वृत्तिरुदेष्यते ॥७९६॥

अत्र ब्रह्मविद्यायां **मुख्यगौणादिभेदेन** प्रधानाप्रधानभेदे**नाधिकारिणो विद्यन्ते** वर्तन्ते। *"आश्रमास्त्रिविधा हीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः"* इति गौडपादाचार्याणां वचनात्। आश्रमा इति आश्रमिणोऽधिकृताः सन्मार्गगाः। **तेषां प्रज्ञानुसारेणाखण्डा वृत्तिरुदेष्यते** ब्रह्माकारवृत्तिर्भविष्यतीति।

श्री गुरु बोले -
यहाँ मुख्य तथा गौण भेद से अधिकारी हैं। उनकी प्रज्ञा के अनुसार अखण्ड वृत्ति उदित होगी ॥७९६॥

यहाँ ब्रह्म विद्या में प्रधान-अप्रधान भेद से अधिकारी हैं। गौडपाद आचार्य के वचनों के अनुसार 'निकृष्ट, मध्यम तथा उत्कृष्ट दृष्टि वाले तीन प्रकार के अधिकारी हैं' (मा० का० ३।१६)। 'आश्रमाः' अधिकारी आश्रमियों को बताता है जो सत्मार्ग पर चल रहे हैं। उनकी प्रज्ञा के अनुसार ब्रह्माकार वृत्ति होगी।

श्रद्धाभक्तिपुरःसरेण विहितेनैवेश्वरं कर्मणा सन्तोष्यार्जिततत्प्रसादमहिमा जन्मान्तरेष्वेव यः ।
नित्यानित्यविवेकतीव्रविरतिन्यासादिभिः साधनैर्युक्तः सः श्रवणे सतामभिमतो मुख्याधिकारी द्विजः ॥७९७॥

यः श्रद्धाभक्तिपुरःसरेण श्रद्धा च भक्तिश्च श्रद्धाभक्ती तत्पूर्वकं श्रद्धाभक्तिपुरःसरं तेन **विहितेन** शास्त्रोक्तेन **कर्मणैवेश्वरं** प्रभुं **संतोष्य जन्मान्तरेष्वेव** पूर्वजन्मे**ष्वर्जिततत्प्रसादमहिमा** तत्प्रसाद ईश्वरप्रसादोऽर्जितस्तत्प्रसादमहिमा येन स अर्जिततत्प्रसादमहिमा तस्यानुग्रहो **नित्यानित्यविवेकतीव्रविरतिन्यासादिभिः साधनैर्युक्तः** साधनचतुष्टयसम्पन्नो यथा प्रथमप्रकरणे प्रदर्शितः **स द्विजः** द्विजातिः सुसंस्कृतमना जन्मना शुद्धः **श्रवणे मुख्याधिकारी** भवतीति **सतामभिमत** इति।

जो श्रद्धा, भक्तिपूर्वक शास्त्र विहित कर्म से ही ईश्वर को सन्तुष्ट कर; पूर्व जन्मों में ही उनकी कृपा की महिमा प्राप्त कर चुका है; नित्य-अनित्य विवेक, तीव्र वैराग्य तथा संन्यास आदि साधनाओं से युक्त है, वह द्विज श्रवण में मुख्य अधिकारी है - ऐसा सत्पुरुषों का मत है ॥७९७॥

जो श्रद्धा, भक्तिपूर्वक शास्त्र द्वारा कहे गए कर्म से ही प्रभु को सन्तुष्ट कर; पूर्व जन्मों में ही उनके अनुग्रह की महिमा प्राप्त कर चुका है; साधन-चतुष्टय सम्पन्न है जैसा प्रथम प्रकरण में दिखाया जा चुका है; वह जन्म से शुद्ध, अत्यन्त संस्कृत मन वाला द्विज श्रवण में मुख्य अधिकारी होता है - ऐसा सत्पुरुषों का मत है।

अध्यारोपापवादक्रममनुसरता दैशिकेनात्र वेत्त्रा वाक्यार्थे बोध्यमाने सति सपदि सतः शुद्धबुद्धेरमुष्य ।
नित्यानन्दाद्वितीयं निरुपममलं यत्परं तत्त्वमेकं तद्ब्रह्मैवाहमस्मीत्युदयति परमाखण्डताकारवृत्तिः ॥७९८॥

तस्य मुख्याधिकारिणोऽत्र वेदान्तमहावाक्यजन्यप्रमोत्पत्तौ ज्ञात्रा **वेत्त्रा दैशिकेन** गुरुणा**ऽध्यारोपापवादक्रमं** पूर्वमध्यारोपः पश्चादपवादो तत्क्रमं यथा**ऽत्र** प्रदर्शितं त**दनुसरता** तत्त्वमसीति **वाक्यार्थे बोध्यमाने सति सपदि** तत्क्षणे **शुद्धबुद्धे**र्निर्मलान्तःकरणस्य **सतः** सत्पुरुष**स्यामुष्य** प्रशान्तचित्तस्य जितेन्द्रियस्य प्रहीणदोषस्य यथोक्तकारिणो गुणान्वितस्यानुगतस्य **नित्यानन्दाद्वितीयं** नित्यश्चासावानन्दश्चाद्वितीयश्च तं **निरुपमं** सर्वोपमारहित**ममलं** शुद्धं **यत्परमेकं** सर्वकल्पनावर्जितं **तत्त्वं तद्ब्रह्मैवाहमस्मि**, तद्ब्रह्माहमेवास्मि, तद्ब्रह्माहमस्म्येव नात्र संशय **इति परमोत्तमाऽखण्डाकारवृत्तिरुदयति**। सा तु साक्षात्काररूपाऽपरोक्षरूपेति।

ज्ञाता शिक्षक के द्वारा प्रदर्शित अध्यारोप-अपवाद के क्रम का अनुसरण करने वाले शुद्ध बुद्धि वाले पुरुष की, वाक्यार्थ का बोध होने पर तत्काल परम अखण्डाकार वृत्ति उदित होती है कि 'वह ब्रह्म मैं ही हूँ जो नित्य, आनन्द, अद्वितीय, उपमा रहित, शुद्ध है, जो उत्कृष्ट एक तत्त्व है' ॥७९८॥

उस मुख्य अधिकारी के लिए यहाँ वेदान्त महावाक्य जन्य प्रमा उत्पत्ति में, ज्ञाता गुरु के द्वारा प्रदर्शित - पहले अध्यारोप, पश्चात् अपवाद क्रम का अनुसरण करने के बाद, 'तत्त्वमसि' इस वाक्यार्थ का बोध होने पर उसी क्षण निर्मल अन्तःकरण, प्रशान्त चित्त, जितेन्द्रिय, जो सभी दोषों से पूरी तरह मुक्त है, जो कहे अनुसार कार्य करता है, गुणों से सम्पन्न, अनुयायी सत्पुरुष की 'नित्य, आनन्द, अद्वितीय, सभी

उपमा से रहित, शुद्ध, सभी कल्पनाओं से मुक्त तत्त्व - वह ब्रह्म मैं ही हूँ - मैं ही वह ब्रह्म हूँ - इसमें कोई सन्देह नहीं है' ऐसी परमा उत्तमा अखण्डाकार वृत्ति उदित होती है और वह साक्षात्कार रूपा, अपरोक्ष रूपा होती है।

अखण्डाकारवृत्तिः सा चिदाभाससमन्विता । आत्माभिन्नं परं ब्रह्म विषयीकृत्य केवलम् ॥७९९॥

बाधते तद्गताज्ञानं यदावरणलक्षणम् । अखण्डाकारया वृत्त्या त्वज्ञाने बाधिते सति ॥८००॥

स प्रधानाधिकारी समस्तोक्तलक्षणसम्पन्नः *"आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च"* इति न्यायात्, आत्मेत्येवाऽऽत्मानं संसारित्वापोहेन परमेश्वरं प्रतिपद्यते। **सा चिदाभाससमन्विता** चिदाभासयुक्ता**ऽखण्डाकारवृत्तिः केवलमात्माऽभिन्नं परं** कार्यकारणविलक्षणं **ब्रह्म विषयीकृत्य** तदभिमुखीभूय वर्तते। तु किन्त्व**खण्डाकारया** चित्त**वृत्त्याऽज्ञाने बाधिते सति यदावरणलक्षणं तद्गताज्ञानम**न्तःकरणस्थं **बाधते**। यस्माद्वृत्तिः स्वयं **तु** जडरूपा तथाऽपि चिदाभासयुक्तत्वादज्ञाननाशे समर्था भवतीति।

पूज्याः पद्मपादाद्याचार्यास्तत्त्वमस्यादि-वाक्यादपरोक्षज्ञानं जायत इति कथयन्ति। अपरे वाचस्पत्याद्याचार्यास्तु मनननिदिध्यासनसंस्कृतान्तःकरणादेवेति। पूर्वाणामाचार्याणां मते संविदापरोक्ष्यं न करणविशेषोत्पत्तिनिबन्धनं किन्तु प्रमेयविशेषनिबन्धनम्। तथा च ब्रह्मणः प्रमातृ-जीवाभिन्नतया ब्रह्माकारवृत्तौ जायमानायामज्ञाननिवृत्तौ सकलोपाधिर्निवर्तते। तत्र ब्रह्मगोचरं ज्ञानमपरोक्षम्। तदखण्डार्थप्रकरणे प्रतिपादितमस्माभिः। *"यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्"*, *"यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह"* इति श्रुतिभ्याम्। अन्येषां मते शब्दजन्यज्ञानन्तु सर्वदा परोक्षमेव। श्रवणकाले संस्कृतमनसोऽभावान्न ब्रह्मसाक्षात्कारापत्तिः। *"मनसैवानुद्रष्टव्यम्"*, *"दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया"* इति श्रुतिभ्याम्।

वह अखण्डाकार वृत्ति, चिदाभास से युक्त होकर, आत्मा से अभिन्न केवल परम ब्रह्म को अवलम्बन करके रहती है ॥७९९॥

अखण्डाकार वृत्ति से अज्ञान के बाधित होने पर जो आवरण रूप उससे सम्बन्धित अज्ञान है, बाधित हो जाता है ॥८००॥

वह मुख्य अधिकारी जो समस्त वर्णित लक्षणों से सम्पन्न है ''वह मेरा आत्मा है' इस भाव से ही ज्ञानी जन उसे प्राप्त करते हैं तथा ऐसा ही ग्रहण करते हैं या समझाते हैं' (ब्र० सू० ४।१।३) न्याय से आत्मा ही अपने से संसारित्व का त्याग कर परमेश्वर रूप से जान जाता है। वह चिदाभास से युक्त अखण्डाकार वृत्ति केवल आत्मा से अभिन्न, कार्य-कारण से विलक्षण ब्रह्म को अभिमुखी होकर रहती है। किन्तु अखण्डाकार चित्तवृत्ति से अज्ञान के बाधित होने पर जो आवरण रूप अन्तःकरण में स्थित अज्ञान है, बाधित हो जाता है। चूँकि वृत्ति स्वयं जड है, फिर भी चिदाभास से युक्त होने के कारण अज्ञान का नाश करने में समर्थ होती है।

पूज्य पद्मपादादि आचार्य कहते हैं कि 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों से अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है। किन्तु अन्य वाचस्पति आदि आचार्य [कहते हैं] केवल मनन, निदिध्यासन द्वारा संस्कृत अन्तःकरण से ही [उत्पन्न होता है]। पहले (पद्मपाद आदि) आचार्यों के मत में संविद का अपरोक्षत्व किसी विशेष करण की उत्पत्ति पर आश्रित नहीं है किन्तु प्रमेय विशेष पर आश्रित है तथा प्रमाता-जीव अभिन्न रूप ब्रह्म से जब ब्रह्माकार वृत्ति की उत्पत्ति होती है तथा अज्ञान की निवृत्ति होने पर सभी उपाधियों की निवृत्ति हो जाती है। उस स्थिति में, ब्रह्म विषयक ज्ञान अपरोक्ष (प्रत्यक्ष) होता है। उसका प्रतिपादन हमारे द्वारा 'अखण्ड अर्थ' के प्रकरण में किया गया है। 'जो मन से मनन नहीं किया जाता, बल्कि जिससे मन मनन किया हुआ कहा जाता है' (के० उ० १।५), 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे प्राप्त न करके लौट आती है' (तै० उ० २।४) इत्यादि श्रुतियों से विदित होता है। अन्यों (वाचस्पति आदि) के मत में शब्द से उत्पन्न ज्ञान सदा परोक्ष ही होता है। श्रवण काल में संस्कृत मन के अभाव के कारण ब्रह्म साक्षात्कार नहीं होता है। 'ब्रह्म को आचार्य-उपदेश पूर्वक मन से ही देखना चाहिए' (बृ० उ० ४।४।१९), 'यह तो अपनी तीव्र तथा सूक्ष्म बुद्धि से ही देखा जाता है' (क० उ० १।३।१२) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

तत्कार्यं सकलं तेन समं भवति बाधितम् । तन्तुदाहे तु तत्कार्यपटदाहो यथा तथा ॥८०१॥

तस्य कार्यतया जीववृत्तिर्भवति बाधिता । उपप्रभा यथा सूर्यं प्रकाशयितुमक्षमा ॥८०२॥

तद्वदेव चिदाभासचैतन्यं वृत्तिसंस्थितम् । स्वप्रकाशं परं ब्रह्म प्रकाशयितुमक्षमम् ॥८०३॥

यथा तन्तुदाहे तु तत्कार्यपटदाहो भवति तथा तेन सममज्ञाने बाधिते सति **तत्कार्यम**ज्ञानकार्यं **सकलं** सान्तःकरणं **बाधितं** भवति। **तस्य कार्यतया जीववृत्तिर्जी**वस्य व्यापारोऽहं जीवोऽस्मि परिच्छिन्नोऽस्मीत्याकारा वृत्तिर्वा **बाधिता भवति**। **यथा उपप्रभा** दीपप्रभा **सूर्यं प्रकाशयितुमक्षमा**ऽसमर्था **तद्वदेव वृत्तिसंस्थितं** ब्रह्माकारवृत्तिस्थं **चिदाभासचैतन्यं स्वप्रकाशं परं ब्रह्म प्रकाशयितुमक्षमम**समर्थं भवतीति।

जैसे तन्तु के जलने पर उसका कार्य पट भी जल जाता है, वैसे ही उसका सब कार्य बाधित हो जाता है। उसका कार्य होने के कारण जीव वृत्ति बाधित हो जाती है। जैसे दीपक का प्रकाश सूर्य को प्रकाशित करने में असमर्थ है, वैसे ही वृत्ति में स्थित चिदाभास चैतन्य स्वयं प्रकाश, परम ब्रह्म को प्रकाशित करने में असमर्थ होता है ॥८०१, ८०२, ८०३॥

जैसे तन्तु के जलने पर उसका कार्य पट भी जल जाता है, वैसे ही अज्ञान के बाधित होने पर अन्तःकरण सहित अज्ञान का कार्य बाधित हो जाता है। उसका कार्य होने के कारण जीव का व्यापार अथवा 'मैं जीव हूँ, मैं परिच्छिन्न हूँ' आकारा वृत्ति बाधित हो जाती है। जैसे दीप प्रभा सूर्य को प्रकाशित करने में असमर्था है, वैसे ही ब्रह्माकार वृत्ति में स्थित चिदाभास चैतन्य स्वयं प्रकाश, परम ब्रह्म को प्रकाशित करने में असमर्थ होता है।

प्रचण्डातपमध्यस्थदीपवन्नष्टदीधितिः । तत्तेजसाभिभूतं सल्लीनोपाधितया ततः ॥८०४॥

बिम्बभूतपरब्रह्ममात्रं भवति केवलम् । यथापनीते त्वादर्शे प्रतिबिम्बमुखं स्वयम् ॥८०५॥

मुखमात्रं भवेत्तद्वदेतच्चोपाधिसङ्क्षयात् । घटाज्ञाने यथा वृत्त्या व्याप्तया बाधिते सति ॥८०६॥

घटं विस्फुरयत्येष चिदाभासः स्वतेजसा । न तथा स्वप्रभे ब्रह्मण्याभास उपयुज्यते ॥८०७॥

प्रचण्डातपमध्यस्थदीपवत्प्रचण्डाऽऽतपस्य मध्यस्थे मध्यवर्तिनि दीपव**न्नष्टदीधितिर्न**ष्टा दीधितिर्मरीचिर्यस्य स चिदाभास**स्तत्तेजसा** ब्रह्मतेजसा चैतन्यप्रकाशेना**ऽभिभूतं** चिदाभासचैतन्यं **सद्** न्यग्भावापन्नं **लीनोपाधितयो**पाधेर्लीनत्वा**त्ततो** युगपदेव **केवलं** शुद्धं **बिम्बभूतपरब्रह्ममात्रं** भवति। **यथाऽऽदर्शेऽपनीते तु स्वयं प्रतिबिम्बमुखं** बिम्बभूतं **मुखमात्रं भवेत्तद्वदुपाधिसङ्क्षयात्स**र्वोपाधिक्षीणे तेषां मिथ्यात्वज्ञान **एतच्च भवति**। **यथा व्याप्त्या वृत्त्या घटाज्ञाने** घटविषयकाज्ञाने **बाधिते** नष्टे **सत्येष चिदाभासो**ऽन्तःकरणस्थश्चित्प्रतिबिम्बः **स्वतेजसा घटं विस्फुरयति** प्रकाशयति **तथा** हि **स्वप्रभे** स्वयम्प्रकाशे **ब्रह्मणि** चिदात्मक **आभासो नोपयुज्यते** नार्थकरो भवतीत्यर्थः। उक्तं हि *"निवृत्तिरात्मा मोहस्य ज्ञातत्वेनोपलक्षितः। उपलक्षणनाशेऽपि स्यान्मुक्तिः पाचकादिवत्॥"* इति। चरमवृत्तिव्याप्तौ मोहस्य निवृत्तिः, तद्वृत्त्युपलक्षितत्वेनाऽऽत्मनोऽज्ञानहानिरूपत्वादात्मा ज्ञातत्वेनोपलक्षितः, उपलक्षणसाध्यतयैव मुक्तेरपि साध्यता। यथा पाकनिवृत्तेऽपि पाचकानिवृत्तिस्तथोपलक्षणनिवृत्त्याऽपि मुक्तेरनिवृत्तिरिति ज्ञाताऽऽत्मैवाऽविद्यानिवृत्तिरिति भावः।

ननु *"यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते"* इत्यस्मिंस्तलवकारवाक्ये ब्रह्मणोऽविषयत्वमुक्तं तथा *"अनाशिनोऽप्रमेयस्य"* इति गीतास्वात्मनोऽप्रमेयत्वञ्चेति। बाढम्। वेदान्तजन्यब्रह्माकारवृत्तिकृतमूलाविद्यानिवृत्तिफलशालितया वेदान्तशास्त्रप्रमाणकत्वं

वृत्तिविषयत्वेऽपि स्वप्रकाशब्रह्मणो वृत्त्यभिव्यक्तस्फुरणाविषयत्वादप्रमेयत्वम्। शास्त्रस्य प्रयोजनं तु मूलाविद्याकल्पितभेदनिवृत्तिरेव। वेदान्तशास्त्रमिदन्तया विषयभूतं ब्रह्म न प्रतिपादयति किन्तु प्रत्यगात्मत्वेनाविषयतया प्रतिपादयदविद्याकल्पितं प्रमातृ-प्रमाण-प्रमेय-प्रमितिभेदमपनयति। तस्मादेवोक्तं - *"यस्याऽमतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः", "स आत्मा स विज्ञेय", "ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते"* इति।

प्रचण्ड धूप के मध्य में रखे प्रभाहीन दीपक के समान चिदाभास उसके तेज से अभिभूत होकर उपाधियों के लीन होने के कारण केवल बिम्ब भूत परम ब्रह्म मात्र ही रहता है। जैसे दर्पण के हट जाने पर प्रतिबिम्ब मुख स्वयं मुख मात्र होता है, वैसे उपाधियों के नष्ट होने से यह भी [होता है]। जैसे वृत्ति-व्याप्ति से घट अज्ञान के बाधित होने पर यह चिदाभास अपने प्रकाश से घट को प्रकाशित करता है, वैसे स्वयं प्रकाश रूप ब्रह्म में चिदाभास उपयोगी नहीं होता है ॥८०४, ८०५, ८०६, ८०७॥

प्रचण्ड धूप के मध्य में रखे दीपक के समान, जिसकी किरणें नष्ट हो गई हैं - वह चिदाभास ब्रह्म के तेज, चैतन्य के प्रकाश से चैतन्य भाव से आपन्न होकर उपाधियों के लीन होने के कारण एक साथ ही शुद्ध बिम्ब भूत परम ब्रह्म मात्र ही होता है। जैसे दर्पण के हट जाने पर प्रतिबिम्ब मुख स्वयं बिम्बभूत होता है, वैसे सभी उपाधियों के क्षीण होने पर; उनके मिथ्यात्व का ज्ञान होने पर यह भी [होता है]। जैसे वृत्ति-व्याप्ति से घट विषयक अज्ञान के नष्ट होने पर यह अन्तःकरण में स्थित चित् प्रतिबिम्ब अपने प्रकाश से घट को प्रकाशित करता है, वैसे ही स्वयं प्रकाश रूप चित् स्वरूप ब्रह्म में चिदाभास सार्थक नहीं होता है - ऐसा अर्थ है। कहा भी गया है 'मोह के निवृत्त होने पर आत्मा ज्ञात रूप से उपलक्षित होता है। लक्षण के नष्ट होने पर भी मुक्ति रहती है जैसे 'पाचक' (अ० सि०)। चरम वृत्ति व्याप्ति होने पर मोह की निवृत्ति होती है। उस वृत्ति से उपलक्षित होने के कारण आत्मा जो अज्ञान के नाश के रूप में है, आत्मा 'ज्ञात' रूप से उपलक्षित होता है; क्योंकि उपलक्षण साध्य रूप होने से प्राप्त किया जाना है, मुक्ति भी साध्य रूप है। जैसे खाना बनाना बन्द करने पर भी पाचक 'पाचक' ही रहता है, उपलक्षण के नष्ट होने पर भी मुक्ति बनी रहती है। ज्ञात रूप आत्मा ही अविद्या निवृत्ति है - ऐसा भाव है।

परन्तु इस तलवकार वाक्य में 'जो वाणी से प्रकाशित नहीं है, किन्तु जिससे वाणी प्रकाशित होती है' (के० उ० १।४), ब्रह्म का अविषयत्व कहा गया है तथा गीता में 'नाश रहित, अप्रमेय' (२।१८), आत्मा का अप्रमेयत्व कहा गया है। सही है। वेदान्त जन्य ब्रह्माकार वृत्ति मूलाविद्या का नाश करती है: यह परिणाम उत्पन्न होने के कारण वेदान्त शास्त्र का प्रमाणकत्व है। वृत्ति का विषय होने पर भी स्वयं प्रकाश ब्रह्म अप्रमेय है क्योंकि यह वृत्ति में होने वाले स्फुरण का विषय नहीं है। शास्त्र का प्रयोजन मूलाविद्या से कल्पित भेद की निवृत्ति ही है। वेदान्त शास्त्र ब्रह्म को 'इदं' रूप से विषय बनाकर प्रतिपादन नहीं करता किन्तु प्रत्यक् आत्मा रूप से, अविषय बनाकर प्रतिपादन कर अविद्या कल्पित प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय-प्रमिति के भेद को नष्ट करता है। इसीलिए ऐसा कहा जाता है - 'ब्रह्म जिसे ज्ञात नहीं है, उसी को ज्ञात है और जिसको ज्ञात है, वह उसे नहीं जानता' (के० उ० २।३), 'वही आत्मा है और वही जानने योग्य है' (मा० उ० ७), 'जो जानने योग्य है, जिसको जानकर परम आनन्द को प्राप्त होता है, उसको भली-भाँति कहूँगा' (भ० गी० १३।१२)।

तदेव वृत्तिव्याप्तिफलव्याप्ती भावाभावाभ्यां स्फुटीकरोत्यत इति।

उसे ही वृत्ति-व्याप्ति, फल-व्याप्ति के भाव तथा अभाव के द्वारा स्पष्ट करते हैं 'अत' इत्यादि से -

अत एव मतं वृत्तिव्याप्यत्वं वस्तुनः सताम् । न फलव्याप्यता तेन न विरोधः परस्परम् ॥८०८॥

श्रुत्योदितं ततो ब्रह्म ज्ञेयं बुद्ध्यैव सूक्ष्मया । प्रज्ञामान्द्यं भवेद्येषां तेषां न श्रुतिमात्रतः ।
स्यादखण्डाकारवृत्तिर्विना तु मननादिना ॥८०९॥

अत एव वस्तुनो ब्रह्मणो **वृत्तिव्याप्यत्वमन्तः**करणवृत्तिविषयत्वं विशिष्टप्रमाणबलात्तद्विषयाकारवृत्तिसमुन्मेषादभिव्यक्तत्वं **सतां**

मतमभिमतं **न फलव्याप्यता**। फलं नाम वृत्तिप्रतिफलितचैतन्यजन्यातिशयत्वम्। **तेन** विषयप्रकटनं फलव्याप्यत्वम्। तत्र वृत्तिव्याप्त्या विषयगताज्ञाननिवृत्तिः। फलव्याप्त्या विषयस्फुरणम्। तेन **श्रुत्या** स्मृत्या **चोदितः परस्परं विरोधो ना**स्ति यथा पूर्वपक्षनिराकरणद्वारा प्रदर्शितः। **ततः सूक्ष्मया बुद्ध्यैव ब्रह्म** शुद्धचैतन्यं **ज्ञेयम्**। **तु** परन्तु **येषां प्रज्ञामान्द्यं** विषयासक्तिः कर्मबाहुल्यं चित्तचाञ्चल्यञ्च वर्तते **तेषां मननादिना विना** शमादिसाधनानुष्ठानपूर्वकदीर्घकालश्रवणसहितश्रुत्युपबृंहिततर्केण विना **श्रुतिमात्रतोऽखण्डाकारवृत्तिर्न स्यादि**त्यर्थः।

इसीलिए वस्तु के लिए वृत्ति-व्याप्यत्व ही साधुओं का मत है; फल व्याप्यता नहीं। उससे श्रुति द्वारा परस्पर विरोध उत्पन्न नहीं होता ॥८०८॥

इसीलिए ब्रह्म को केवल सूक्ष्म बुद्धि से ही जानना चाहिए। जिनकी प्रज्ञा मन्द है, उनकी मनन आदि के बिना केवल श्रवण मात्र से अखण्डाकार वृत्ति नहीं होती ॥८०९॥

इसीलिए ही ब्रह्म का विशिष्ट प्रमाण के बल से अन्तःकरण वृत्ति का विषय होना, विषयाकार वृत्ति के परिणाम स्वरूप अभिव्यक्ति साधुओं को अभिमत है, फल व्याप्यता नहीं। वृत्ति में व्यक्त चैतन्य जन्य अतिरेक को फल कहते हैं। उससे विषय को प्रकट करना फल व्याप्यत्व है। वहाँ वृत्ति व्याप्ति से विषय सम्बन्धी अज्ञान की निवृत्ति होती है। फल-व्याप्ति से विषय का स्फुरण (प्रकाशन) होता है। उससे श्रुति, स्मृति द्वारा परस्पर विरोध उत्पन्न नहीं होता जैसा कि पूर्वपक्ष निराकरण द्वारा दिखाया गया है। इसीलिए शुद्ध चैतन्य को केवल सूक्ष्म बुद्धि से ही जानना चाहिए। परन्तु जिन्हें विषय आसक्ति, कर्म बाहुल्य तथा चित्त का चाञ्चल्य है, उनका शम आदि साधनों के अनुष्ठान के बाद दीर्घ काल तक श्रवण सहित श्रुति द्वारा समर्थित तर्क के बिना केवल श्रवण मात्र से अखण्डाकार वृत्ति नहीं होती - ऐसा अर्थ है।

श्रवणादिनिरूपणम्

श्रवणान्मननाद्ध्यानात्तात्पर्येण निरन्तरम् । बुद्धेः सूक्ष्मत्वमायाति ततो वस्तूपलभ्यते ॥८१०॥

मन्दप्रज्ञावतां तस्मात्करणीयं पुनः पुनः । श्रवणं मननं ध्यानं सम्यग्वस्तूपलब्धये ॥८११॥

निरन्तरं *"दद्यान्नावसरं किञ्चित्कामादीनां मनागपि। आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया"* इत्युक्त्या *"अनेनाधीतेनाहोरात्रान् सन्दधामि"* इति वेदवचनाच्चाऽहर्निशं **तात्पर्येण** षड्विधलिङ्गैर्वक्ष्यमाणैर्वा तदेव परं साधनमिति मत्वा **श्रवणाच्छा**स्त्राचार्यतो **मननादु**पपत्तिभिस्तथा **ध्यानान्नि**दिध्यासनाच्छ्रवणमननाभ्यां संशयरहिताहमर्थस्य शुद्धचैतन्यस्याऽपरोक्षस्याद्वितीये ब्रह्मणि भूम्न्यपरिच्छिन्नेऽर्थे दीर्घकालं चित्तस्य स्थापनाद्**बुद्धेः सूक्ष्मत्वम**न्तर्मुखत्वं चित्तस्थैर्यं सूक्ष्मवस्तुनिरूपणपरत्वं चा**ऽऽयाति**। **ततो** नित्यश्रवणमनननिदिध्यासनानन्तरं **वस्तु ब्रह्मोपलभ्यते** प्राप्यते। **तस्मात्सम्यग्वस्तूपलब्धये मन्दप्रज्ञावतां पुनः पुनः श्रवणं मननं ध्यानञ्च करणीयमे**व। न तत्र किञ्चिदपि प्रमादः कर्तव्यो यस्मात् *"प्रमादं वै मृत्युमहं ब्रवीमि"* इति सर्वज्ञो भगवान् सनत्सुजातो धृतराष्ट्रं प्रत्याह। तस्माल्लोकवार्तायाश्शब्दादेस्तथा निद्राया विस्मृतेरपि नावसरं दत्त्वा ब्रह्मचिन्तनं कुर्यान्मुमुक्षुरित्यभिप्रायः। *"आवृत्तिरसकृदुपदेशात्"* इति न्यायाच्च। पुनः पुनः श्रवणानि कर्तव्यानि तथा जागरितस्वप्नसुषुप्तानि रज्ज्वां सर्पवदात्मनि हातव्यानि। त्यक्तबाह्यैषणात्रयेण भिक्षुणा पाण्डित्यं बाल्यं मौनञ्च साधनं कर्तव्यम्। उक्तं हि *"तस्माद्ब्राह्मणः पाण्डित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेद्बाल्यं च पाण्डित्यं च निर्विद्याथ मुनिः"* इति तत्र पाण्डित्यं वेदान्ततात्पर्याभिज्ञत्वमद्वितीयवस्तु-विचार-चातुर्य-परिनिष्पन्नं श्रवणम्। बाल्यं युक्तितः श्रुतार्थानुसन्धानकुशलत्वं मननन्तथा दम्भदर्पाहङ्कारादिराहित्यम्। मौनं मुनेः कर्म ज्ञानाभ्यासलक्षणं निदिध्यासनशब्दितम्। तथा रागद्वेषमोहादयो बीजवद्वर्जनीया इति।

तात्पर्य अर्थ को निश्चित कर श्रवण, मनन तथा ध्यान के निरन्तर अभ्यास से बुद्धि सूक्ष्मता को प्राप्त होती है; उससे वस्तु की प्राप्ति होती है। इसीलिए मन्द प्रज्ञा वालों को सम्यक् वस्तु की प्राप्ति के लिए पुनः पुनः श्रवण, मनन तथा ध्यान करना चाहिए ॥८१०, ८११॥

निरन्तर 'कामनाओं आदि को एक क्षण के लिए भी अवसर नहीं देना चाहिए। जाग्रत् से लेकर सुषुप्ति (या मरण) तक के समय तक मन को वेदान्त चिन्तन में लगाए रखना चाहिए' इस उक्ति से तथा 'अपने इस अध्ययन से मैं रात और दिन को एक कर दूँ अर्थात् मेरा अध्ययन अहर्निश चलता रहे' (ऋ० शा० म०) इस वेद वचन से दिन और रात, आगे बताए जाने वाले छः लिङ्गों के द्वारा अथवा उसे ही सर्वोच्च साधन मानते हुए शास्त्र और आचार्य से तर्क द्वारा तथा निदिध्यासन, श्रवण और मनन से दीर्घ काल तक चित्त को संशय रहित 'अहं' अर्थ यानि शुद्ध चैतन्य, अपरोक्ष, अद्वितीय, अनन्त, अपरिच्छिन्न ब्रह्म में स्थापित करके अन्तर्मुखता, चित्त की स्थिरता तथा सूक्ष्म वस्तु के निरूपण के लिए तत्परता आती है। नित्य श्रवण, मनन, निदिध्यासन के अनन्तर ब्रह्म की प्राप्ति होती है। इसीलिए मन्द प्रज्ञा वालों को सम्यक् वस्तु की प्राप्ति के लिए पुनः पुनः श्रवण, मनन तथा ध्यान करना ही चाहिए। वहाँ थोड़ा भी प्रमाद नहीं करना चाहिए क्योंकि सर्वज्ञ भगवान् सनत्सुजात ने धृतराष्ट्र से कहा 'मैं प्रमाद को ही मृत्यु मानता हूँ' (म० भा० उ० प० ४२।४)। इसीलिए सांसारिक वार्ता, शब्द आदि विषय तथा निद्रा या विस्मृति को थोड़ा-सा भी अवसर न देते हुए मुमुक्षु को ब्रह्म चिन्तन करना चाहिए - ऐसा अभिप्राय है। 'अध्ययन की हुई उपासना का आवर्तन (बार-बार अभ्यास) करना चाहिए क्योंकि श्रुति में अनेक बार इसके लिए उपदेश किया गया है' (ब्र० सू० ४।१।१) इत्यादि सूत्र से प्रमाणित होता है। पुनः पुनः श्रवण करना चाहिए तथा जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति का आत्मा में त्याग कर देना चाहिए, जैसे रज्जु में सर्प। तीनों बाहरी एषणाओं का त्याग किए हुए संन्यासी के द्वारा पाण्डित्य, बाल्य तथा मौन साधन रूप से किए जाने चाहिएँ। कहा भी गया है 'अतः ब्राह्मण पाण्डित्य (आत्मज्ञान) का पूर्णतया सम्पादन कर आत्म ज्ञान रूप बल से स्थित रहने की इच्छा करे। फिर बाल्य तथा पाण्डित्य को पूर्णतया प्राप्त कर वह मुनि होता है' (बृ० उ० ३।५।१)। उसमें पाण्डित्य है - वेदान्त के तात्पर्य को विशेष रूप से जानना तथा अद्वितीय वस्तु के विचार में निपुणता से उत्पन्न श्रवण कहलाता है। बाल्य - युक्ति से श्रुत अर्थ का अनुसन्धान करने की कुशलता रूपी मनन तथा दम्भ, दर्प, अहङ्कार आदि से रहित होना है। मौन - मुनि का ज्ञान अभ्यास रूपी लक्षण वाला कर्म है, जिसे 'निदिध्यासन' कहा जाता है तथा राग-द्वेष, मोह आदि को बीज के जैसे भून दिया जाना चाहिए।

सर्ववेदान्तवाक्यानां षड्भिर्लिङ्गैः सदद्वये । परे ब्रह्मणि तात्पर्यनिश्चयं श्रवणं विदुः ॥८१२॥

श्रुतस्यैवाद्वितीयस्य वस्तुनः प्रत्यगात्मनः वेदान्तवाक्यानुगुणयुक्तिभिस्त्वनुचिन्तनम् ।
मननं तच्छ्रुतार्थस्य साक्षात्करणकारणम् ॥८१३॥

वेदान्तवेदिनः **षड्भिर्लिङ्गैर्हे**तुभिः **सदद्वये** सदात्मकेऽद्वितीये **परे ब्रह्मणि सर्ववेदान्तवाक्यानां तात्पर्यनिश्चयं** तात्पर्यनिर्णयं **श्रवणं विदुः**। तत् *"उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम्। अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये॥"* इति। तेन सर्वे वेदान्ता जीवब्रह्मणोरैक्यमेव प्रतिपादयन्तीति सुनिश्चितं भवति। तज्ज्ञानाच्च प्रमाणासम्भावनानिवृत्तिर्भवति। तु परन्तु **श्रुतस्याद्वितीयस्यैव प्रत्यगात्मनः** प्रत्यगभिन्नब्रह्मणो **वस्तुनो वेदान्तवाक्यानुगुणयुक्तिभिर्वे**दान्तानां वाक्यानि तेषामनुगुणैरनुकूलाभिर्युक्तिभि**रनुचिन्तनं** श्रुतिमततर्कचिन्तनं **तच्छ्रुतार्थस्य** पदार्थस्याहं ब्रह्मास्मीत्यर्थस्य **साक्षात्करणकारणं मननं विदुः**। तथा च द्वैतमिथ्यात्वसाधको यस्तर्कस्तदनुसन्धानं मननम्।

ननु *"नैषा तर्केण मतिरापनेया"* इति श्रुत्या तर्कस्य निन्दितत्त्वाद्वैदिकशब्दस्यैव तत्त्वनिश्चायकत्वात्तर्कस्य कुत्रोपयोग इति चेन्न। यद्यपि वैदिकशब्दस्तत्त्वनिश्चायकस्तथापि प्रमेयासम्भावनानिवृत्त्यर्थं मननाख्यतर्कः कर्तव्यो यथा त्वम्पदवाच्यं न देहादि किन्तु तत्साक्षी चिदात्मा तत्पदवाच्यमपि न प्रधानं नापि हिरण्यगर्भः किन्तु सत्यं ज्ञानमनन्तमद्वयं ब्रह्मेत्येवंविधस्तर्कस्य विनियोगः। यत्र यत्र श्रुतिषु ब्रह्म वाऽऽत्मा वा पर इत्यादि शब्दप्रयोगः श्रूयते तत्र तत्राहम्पदलक्ष्यार्थस्य प्रतिष्ठापनं निःशङ्कतया यदा कर्तुं शक्यते तदा मननस्य साफल्यं भवेदित्यर्थः।

छः प्रकार के लिङ्गों के द्वारा सत् स्वरूप, अद्वितीय, परम ब्रह्म में सकल वेदान्त वाक्यों के तात्पर्य निश्चय को श्रवण कहते हैं तथा श्रवण किए हुए वेदान्त वाक्यों का अनुकूल युक्तियों के द्वारा अद्वितीय वस्तु, प्रत्यक् आत्मा के निरन्तर चिन्तन को मनन कहते हैं, जो उस श्रवण किए हुए के साक्षात्कार का हेतु है ॥८१२, ८१३॥

वेदान्त को जानने वाले छः प्रकार के हेतुओं के द्वारा सत् स्वरूप, अद्वितीय, परम ब्रह्म में सकल वेदान्त वाक्यों के तात्पर्य निर्णय को श्रवण कहते हैं। वह 'उपक्रम और उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद तथा उपपत्ति - ये छः तात्पर्य निर्णय के लिङ्ग हैं'। उसके द्वारा सभी उपनिषद् जीव-ब्रह्म ऐक्य का ही प्रतिपादन करते हैं - यह अच्छी प्रकार से निश्चित है तथा उस ज्ञान से प्रमाण असम्भावना की निवृत्ति होती है। परन्तु श्रवण किए हुए वेदान्त वाक्यों का अनुकूल युक्तियों के द्वारा अद्वितीय, प्रत्यक् अभिन्न ब्रह्म का श्रुति पर आधारित तर्क से चिन्तन, जिससे पदार्थ का 'मैं ब्रह्म हूँ' यह अर्थ साक्षात्कार का हेतु मनन कहा जाता है तथा द्वैत के मिथ्यात्व को सिद्ध करने वाले तर्कों का अनुसन्धान करना भी मनन है।

लेकिन श्रुति द्वारा 'यह बुद्धि तर्क से प्राप्त होने योग्य नहीं है' (क० उ० १।२।९) तर्क की निन्दा की गई है, वैदिक शब्दों द्वारा ही तत्त्व का निर्धारण होने से तर्क कैसे उपयोगी हो सकता है? नहीं, यद्यपि वैदिक शब्दों द्वारा ही तत्त्व का निर्धारण होता है, फिर भी प्रमेय असम्भावना की निवृत्ति के लिए मनन रूप से कहे जाने वाले तर्क का प्रयोग किया जाना चाहिए जैसे 'त्वं' पद का वाच्यार्थ देह आदि नहीं है, किन्तु उसका साक्षी, चैतन्य स्वरूप आत्मा है। 'तत्' पद का वाच्यार्थ प्रधान या हिरण्यगर्भ नहीं है, किन्तु ब्रह्म है जो सत्य, ज्ञान, अनन्त, अद्वय है। इस प्रकार का तर्क किया जाना चाहिए। श्रुतियों में जहाँ-जहाँ 'ब्रह्म', 'आत्मा' या 'परम' इत्यादि शब्दों का प्रयोग सुना गया है, जब कोई वहाँ-वहाँ 'अहं' पद लक्ष्यार्थ का बिना किसी सन्देह के प्रतिष्ठापन करने में समर्थ होता है, तब मनन का साफल्य होता है - ऐसा अर्थ है।

विजातीयशरीरादिप्रत्ययत्यागपूर्वकम् । सजातीयात्मवृत्तीनां प्रवाहकरणं यथा ॥८१४॥

तैलधारावदच्छिन्नवृत्त्या तद्ध्यानमिष्यते । तावत्कालं प्रयत्नेन कर्तव्यं श्रवणं सदा ॥८१५॥

प्रमाणसंशयो यावत्स्वबुद्धेर्न निवर्तते । प्रमेयसंशयो यावत्तावत्तु श्रुतियुक्तिभिः ॥८१६॥

आत्मयाथार्थ्यनिश्चित्त्यै कर्तव्यं मननं मुहुः । विपरीतात्मधीर्यावन्न विनश्यति चेतसि ।
तावन्निरन्तरं ध्यानं कर्तव्यं मोक्षमिच्छता ॥८१७॥

यथा विजातीयशरीरादिप्रत्ययत्यागपूर्वकं विजातीयानां शरीरादिप्रत्ययानां त्यागस्तिरस्कारस्तत्पूर्वकं 'देहोऽस्मि पुरुषोऽस्मि मनुष्योऽहं कर्ताऽहं भोक्ताहं परिच्छिन्नोऽहं संसार्यहम्' इत्यादीनां त्यागपूर्वकं **तैलधारावदच्छिन्नवृत्या सजातीयात्मवृत्तीनां** समान-जातीयानामात्मवृत्तीनां *'अहं ब्रह्माऽस्मि शुद्धोऽस्मि बुद्धोऽस्मि मुक्तोऽस्म्यपरिच्छिन्नोऽस्म्यजाजरामरामृतोऽस्मि'* इत्यात्माकारप्रत्ययानां **प्रवाहकरणं तद्ध्यानं** निदिध्यासन**मिष्यते**।

यावत्स्वबुद्धेः प्रमाणसंशयः प्रमाणविषयकः संशयो **न निवर्तते तावत्कालं सदा प्रयत्नेन श्रवणं कर्तव्यम्**। तेन जीवस्य ब्रह्मत्वे प्रपञ्चमिथ्यात्वे च प्रमाणं नास्तीति भावना निवर्तते। **यावत्प्रमेयसंशयः** स्वस्य ब्रह्मत्वविषयको जगन्मिथ्यात्वविषयकः संशयो वर्तते **तावत्तु श्रुतियुक्तिभिरात्मयाथार्थ्यनिश्चित्यायात्**मनो याथार्थ्यं तस्य निश्चित्यै **मुहुर्मननं कर्तव्यम्**। तेन प्रमेयासम्भावना विनिवर्तते। **यावच्चेतसि विपरितात्मधीः** परिच्छिन्नोऽस्मि देहेन्द्रियादिमांश्चेति **न विनश्यति तावन्मोक्षमिच्छता निरन्तरं ध्यानं** निदिध्यासनं **कर्तव्यम्**। तेन विपरीतभावना विनिवर्तते। वार्तिककारैर्निदिध्यासनं परिभाषितम् *"अपरायत्तोऽनन्याधीनो बोधः"* इति। श्रवणमनने शमादियुक्ते कृत्वा स्थितस्यान्तरायहीनस्यानायासेन महावाक्यार्थबोधो निदिध्यासनमुच्यते। शमादिसहितस्य

श्रवणादेरुपायतोऽनन्यायत्तविज्ञाने जाते प्रत्यगऽऽपरोक्ष्यस्य लब्धेरनन्तरं विदुषा न किञ्चिदपेक्ष्यत इति।

जैसे शरीर आदि विजातीय प्रत्यय को त्याग कर तेल की धारा के समान अवच्छिन्न भाव से आत्म रूप सजातीय वृत्तियों के प्रवाह को ध्यान कहा जाता है। जब तक प्रमाण के विषय में अपनी बुद्धि से संशय समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रयत्न के साथ सदा श्रवण करना चाहिए। जब तक प्रमेय के विषय में संशय रहता है, तब तक श्रुति और युक्ति के द्वारा आत्मा के वास्तविक स्वरूप को जानने के लिए बार-बार मनन करना चाहिए। जब तक चित्त में आत्मा सम्बन्धी विपरीत बुद्धि नष्ट नहीं हो जाती, तब तक मोक्ष की इच्छा रखने वाले को निरन्तर ध्यान करना चाहिए ॥८१४, ८१५, ८१६, ८१७॥

जैसे शरीर आदि विजातीय प्रत्यय का तिरस्कार कर 'मैं देह हूँ, मैं पुरुष हूँ, मैं मनुष्य हूँ, मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ, मैं परिच्छिन्न हूँ, मैं संसारी हूँ' इत्यादि का त्याग करने के पश्चात् तेल की धारा के समान अवच्छिन्न भाव से समान जाति की आत्म वृत्तियाँ 'मैं ब्रह्म हूँ, मैं शुद्ध हूँ, मैं प्रबुद्ध हूँ, मैं मुक्त हूँ, मैं अपरिच्छिन्न हूँ, मैं अज, बुढ़ापे से मुक्त, अमर, अमृत हूँ' ऐसे आत्माकार प्रत्ययों के प्रवाह को निदिध्यासन कहा जाता है।

जब तक अपनी बुद्धि से प्रमाण विषयक संशय समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रयत्न के साथ सदा श्रवण करना चाहिए। उससे जीव के ब्रह्म तथा प्रपञ्च के मिथ्यात्व होने में कोई प्रमाण नहीं है - ऐसी भावना समाप्त हो जाती है। जब तक अपने ब्रह्मत्व के विषय में, जगत् के मिथ्यात्व के विषय में संशय रहता है, तब तक श्रुति और युक्ति के द्वारा आत्मा के याथार्थ्य के निश्चय के लिए बार-बार मनन करना चाहिए। उससे प्रमेय असम्भावना समाप्त हो जाती है। जब तक चित्त में आत्मा सम्बन्धी विपरीत बुद्धि 'मैं परिच्छिन्न हूँ और मेरा देह, इन्द्रियाँ आदि हैं' नष्ट नहीं हो जाती, तब तक मोक्ष की इच्छा रखने वाले को निरन्तर निदिध्यासन करना चाहिए। उससे विपरीत भावना समाप्त हो जाती है। वार्तिककार द्वारा निदिध्यासन को 'प्रयास रहित ज्ञान जो किसी अन्य पर निर्भर नहीं है' के रूप में परिभाषित किया गया है। श्रवण, मनन करने के बाद, शम आदि से युक्त होकर, बाधाओं से रहित होकर स्थित रहने वाले के लिए महावाक्य के अर्थ का ज्ञान अनायास हो जाता है, उसे निदिध्यासन कहा जाता है। शम आदि से युक्त के लिए श्रवण आदि के साधनों द्वारा स्वयं सिद्ध ज्ञान उत्पन्न होने पर, प्रत्यक् अपरोक्ष के प्राप्त होने के पश्चात् ज्ञानी के लिए कुछ भी अपेक्षित नहीं है।

यावन्न तर्केण निरासितोऽपि दृश्यप्रपञ्चस्त्वपरोक्षबोधात् । विलीयते तावदमुष्य भिक्षोर्ध्यानादि सम्यक्करणीयमेव ॥८१८॥

यावत्तर्केण मननेन युक्तितो **दृश्यप्रपञ्चो निरासितोऽपि नापरोक्षबोधाद्विलीयते तावदमुष्य भिक्षोः** संन्यासिन एषणात्रयविनिर्मुक्तस्य **सम्यग्निश्चयेन** धैर्येणाऽनिर्विण्णचेतसा **ध्यानादि करणीयमेवे**ति।

जब तक दृश्य प्रपञ्च तर्क के द्वारा निरास होने पर भी अपरोक्ष ज्ञान से विलीन नहीं होता, तब तक इस भिक्षु को ध्यान आदि सम्यक् प्रकार से करना ही चाहिए ॥८१८॥

जब तक दृश्य प्रपञ्च युक्तिपूर्वक मनन के द्वारा निरास होने पर भी अपरोक्ष ज्ञान से विलीन नहीं होता, तब तक इन तीनों एषणाओं से विनिर्मुक्त संन्यासी को निश्चय से, धैर्य के साथ उत्साह युक्त चित्त से ध्यान आदि करना ही चाहिए।

सविकल्पसमाधिः

एवं दीर्घकालनैरन्तर्येण सत्कारासेवितः श्रवणादीनामभ्यासेन वैराग्येण च मुमुक्षुः परिनिष्ठितो भवति। सर्वेषामुपाधीनां स्वरूपतो निषेधे कृते सर्वोपादानस्य सर्वकल्पनाधिष्ठानस्य च ब्रह्माव्यतिरिक्तत्वज्ञानेन, स्वस्य च ब्रह्माभिन्नत्वज्ञानेन परिच्छेदापादकस्याभावादपरिच्छिन्नाकारतया स्थितस्य मुमुक्षोः समाधिः सिध्यति।

इस प्रकार दीर्घ काल तक निरन्तर, आदरपू र्वक सेवन किए जाने पर, श्रवण आदि के अभ्यास तथा वैराग्य से मुमुक्षु परिनिष्ठित हो जाता

है। सभी उपाधियों का स्वरूपतः निषेध करने पर, सभी के उपादान तथा सभी कल्पनाओं के अधिष्ठान से अव्यतिरिक्त ब्रह्म के ज्ञान से तथा ब्रह्म के अपने साथ अभिन्नता के ज्ञान से, सीमित करने वाले आपादक का अभाव होने के कारण अपरिच्छिन्न रूप से स्थित मुमुक्षु की समाधि सिद्ध होती है।

सविकल्पो निर्विकल्प इति द्वेधा निगद्यते । समाधिः सविकल्पस्य लक्षणं वच्मि तच्छृणु ॥८१९॥

समाधिः सविकल्पो निर्विकल्प इति द्वेधा निगद्यते तत्र **सविकल्पस्य लक्षणं वच्मि तच्छृणु**।

समाधिशब्दस्येमेऽर्थाः

१. ध्येयवस्तुनि सम्यगेकाग्रतया मनसः पुनः पुनः स्थापनम्।
२. समाधिनिमित्तया प्रज्ञयाऽऽत्मनोऽवगम्यत्वादात्मा समाधिः।
३. समाधीयतेऽस्मिन्नात्मनि चित्तमिति समाधिः। चित्तस्य परमा स्थितिः।

समाधि दो प्रकार की कही जाती है - सविकल्प, निर्विकल्प। सविकल्प का लक्षण कहता हूँ, उसे सुनो ॥८१९॥

समाधि दो प्रकार की कही जाती है - सविकल्प, निर्विकल्प। उनमें से सविकल्प का लक्षण कहता हूँ, उसे सुनो।

'समाधि' शब्द के ये अर्थ हैं -

१. ध्येय वस्तु में सम्यक् एकाग्रता के साथ मन को पुनः पुनः स्थापित करना।
२. चूँकि आत्मा को उस ज्ञान से जाना जाता है जिसके लिए समाधि निमित्त है, आत्मा समाधि है।
३. वह मन जो इस आत्मा में अच्छी प्रकार से आधान किया गया है, वह समाधि है। यह चित्त की परमा स्थिति है।

ज्ञात्राद्यविलयेनैव ज्ञेये ब्रह्मणि केवले । तदाकाराकारितया चित्तवृत्तेरवस्थितिः ॥८२०॥

सद्भिः स एव विज्ञेयः समाधिः सविकल्पकः । मृद एवावभानेऽपि मृण्मयद्विपभानवत् ॥८२१॥

सन्मात्रवस्तुभानेऽपि त्रिपुटी भाति सन्मयी । समाधिरत एवायं सविकल्प इतीर्यते ॥८२२॥

ज्ञात्रादि ज्ञातृज्ञानज्ञेयादीनां ध्यातृध्यानध्येयादीना**मविलयेन** तेषां पृथग्भानेनैव **केवले** शुद्धे निर्गुणे **ज्ञेये ब्रह्मणि तदाकाराकारितया चित्तवृत्तेरवस्थितिः**, ब्रह्माकारतया चित्तवृत्तेरवस्थानं न त्वन्यविषयाकारा वृत्तिर्नापि ब्रह्मणो विषयतया ध्यानं किन्तु *"अहं ब्रह्मास्मि"* इत्याकारेण चित्तवृत्तेः स्थितिः **स एव सद्भिश्चि**त्तप्रचारदर्शिभिर्योगज्ञैः **सविकल्पकः समाधिर्विज्ञेयः**। ज्ञात्रादिविकल्पेन सह वर्तमानत्वात्सविकल्पः। तदेव दृष्टान्तेन स्फुटीकरोति। **मृद एवावभाने** मृत्तिका निर्मितगजे मृत्तिकाया एव भानेऽपि **मृण्मयद्विपभानवन्मृ**ण्मयस्य द्विपस्य गजस्य भानं मृण्मयद्विपभानं तद्वत्**सन्मात्रवस्तुभानेऽपि सन्मयी त्रिपुटी भाति**। **अत एवायं सविकल्पः समाधि इतीर्यते**। तत्र नामरूपाणां मिथ्यात्वेऽपि विविक्ततया भानं भवति यथा मृण्मयद्विपस्य मिथ्यात्वं स्पष्टतया ज्ञात्वाऽपि तस्य भानं भवत्येवेति।

ज्ञाता आदि का विलय हुए बिना ही जब चित्तवृत्ति केवल ज्ञेय ब्रह्म में उसके आकार से आकार वाली होकर स्थित होती है - वह ही सत्पुरुषों द्वारा सविकल्पक समाधि रूप से विज्ञेय है। जैसे मृत्तिका के हाथी में मृत्तिका का भान होने पर भी मृन्मय हाथी का भान होता है, वैसे ही सत् मात्र वस्तु का भान होने पर भी सत् रूप से त्रिपुटी का भान होता है। अतः यह सविकल्प समाधि है - ऐसा कहा जाता है ॥८२०, ८२१, ८२२॥

ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय आदि; ध्याता, ध्यान, ध्येय आदि का विलय हुए बिना उनके पृथक् भान के द्वारा ही शुद्ध, निर्गुण ब्रह्म में चित्त वृत्ति का ब्रह्माकार रूप में अवस्थित होना, किसी अन्य विषय के आकार वाली वृत्ति नहीं, न ही ब्रह्म का विषय के रूप में ध्यान किन्तु "मैं ब्रह्म हूँ" इस आकार से चित्त वृत्ति की स्थिति होती है - वह ही चित्त प्रचार को जानने वाले योग के ज्ञाताओं द्वारा सविकल्पक समाधि रूप से विज्ञेय है। ज्ञाता आदि विकल्प के सहित विद्यमान होने के कारण यह सविकल्प है। उसे ही दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं। जैसे मृत्तिका से बने हाथी में मृत्तिका का ही भान होने पर भी मृन्मय हाथी/गज का भान होता है, वैसे ही सत् मात्र वस्तु का भान होने पर भी सत् रूप से त्रिपुटी का भान होता है। अतः यह सविकल्प समाधि है - ऐसा कहा जाता है। वहाँ नाम-रूपों का मिथ्यात्व होने पर भी पृथक् रूप से भान होता है, जैसे मृन्मय हाथी का मिथ्यात्व स्पष्ट रूप से ज्ञात होने पर भी उसका भान होता ही है।

निर्विकल्पसमाधिः

ज्ञात्रादिभावमुत्सृज्य ज्ञेयमात्रस्थितिर्दृढा । मनसो निर्विकल्पः स्यात्समाधिर्योगसञ्ज्ञितः ॥८२३॥

ज्ञात्रादिभावं ध्यात्रादिभावं त्रिपुटीभाव**मुत्सृज्य** परित्यज्य **मनसो दृढा ज्ञेयमात्रस्थितिर्ध्येय**मात्रस्य ब्रह्मणो भानं **योगसञ्ज्ञितः** श्रीभगवतोक्तो ध्यानयोगो निवातदीपवच्चित्तं **निर्विकल्पः समाधिः स्यान्न** तु ध्यातृध्यानयोर्भानं 'अहं ध्याताऽधुना ध्यानं करोमि' इति। *"यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते। निस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा॥", "यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह। बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम्॥ तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।"* इति श्रुतिस्मृतिप्रसिद्ध इति।

ज्ञाता आदि भाव को छोड़कर, मन की ज्ञेय मात्र में दृढा स्थिति 'योग' नाम वाली निर्विकल्प समाधि होगी ॥८२३॥

ध्याता आदि त्रिपुटी के भाव को त्याग कर ध्येय मात्र ब्रह्म का भान योग नाम से कहा गया है। श्रीभगवान् द्वारा ध्यान योग में कहे गए वायु रहित (स्थान में रखे) दीपक जैसे चित्त, निर्विकल्प समाधि रूप होता है, न कि ध्याता, ध्यान का भान होना 'मैं ध्याता हूँ, अब ध्यान कर रहा हूँ'। 'अत्यन्त वश में किया हुआ चित्त जिस काल में परमात्मा में ही भली-भाँति स्थित हो जाता है, उस काल में सम्पूर्ण भोगों से स्पृहा रहित पुरुष योग युक्त है - ऐसा कहा जाता है' (भ० गी० ६।१८), 'जिस समय पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ मन के सहित [आत्मा में] स्थित हो जाती हैं और बुद्धि भी चेष्टा नहीं करती, उस अवस्था को परम गति कहते हैं। उस स्थिर इन्द्रिय धारणा को ही योग कहते हैं' (क० उ० २।३।१०,११) यह श्रुति, स्मृति में प्रसिद्ध है।

जले निक्षिप्तलवणं जलमात्रतया स्थितम् । पृथङ्ङ् न भाति किन्त्वम्भ एकमेवावभासते ॥८२४॥

यथा तथैव सा वृत्तिर्ब्रह्ममात्रतया स्थिता । पृथङ्ङ् न भाति ब्रह्मैवाद्वितीयमवभासते ॥८२५॥

यथा जले निक्षिप्तलवणं जलमात्रतया स्थितं पृथङ्ङ् न भाति किन्त्वेकमम्भ एवावभासते तथा ब्रह्ममात्रतया स्थिता सा वृत्तिः पृथङ्ङ् न भाति। एकमे**वाद्वितीयं ब्रह्मैवावभासते** प्रकाशतेऽवशिष्यत इति।

जैसे जल में डाला गया लवण जल मात्र रूप से ही स्थित है, पृथक् प्रतीत नहीं होता। किन्तु एक जल ही भासता है, वैसे ही केवल ब्रह्म रूप से स्थित वह वृत्ति पृथक् प्रतीत नहीं होती। केवल अद्वितीय ब्रह्म ही भासता है ॥८२४, ८२५॥

जैसे जल में डाला गया लवण जल मात्र रूप से ही स्थित है, पृथक् प्रतीत नहीं होता। किन्तु एक जल ही भासता है, वैसे ही केवल ब्रह्म रूप से स्थित वह वृत्ति पृथक् प्रतीत नहीं होती। एक अद्वितीय ब्रह्म ही प्रकाशित होता है, शेष रहता है।

उक्तलक्षणो निर्विकल्पः समाधिर्लयविक्षेपकषायादिप्रतिबन्धाभावादधिकारिणः स्वयमेव भवति तत्र चित्तवृत्तेर्मिथ्यात्वदर्शनादिति

विशदयति ज्ञात्रादिकल्पनाभावादित्यादिना।

बताए गए लक्षणों से युक्त निर्विकल्प समाधि लय, विक्षेप, कषाय आदि प्रतिबन्धों के अभाव के कारण अधिकारी के लिए स्वयं ही हो जाती है। वह चित्त वृत्ति के मिथ्यात्व का ज्ञान होने से होती है, जिसे स्पष्ट करते हैं 'ज्ञात्रादिकल्पनाभावात्' इत्यादि से -

ज्ञात्रादिकल्पनाभावान्मतोऽयं निर्विकल्पकः । वृत्तेः सद्भावबाधाभ्यामुभयोर्भेद इष्यते ॥८२६॥

ज्ञात्रादिकल्पनाऽभावाज्ज्ञातृज्ञानादीनां त्रिपुटीनां कल्पना ज्ञात्रादिकल्पना तस्याऽभावा**दयं निर्विकल्पकः** समाधि**र्मतः** कथितः। **वृत्ते**रन्तःकरणस्थाऽखण्डाकारवृत्तेः **सद्भावबाधाभ्यां** सत्यानृताभ्या**मुभयोर्भेद इष्यते**। सविकल्पसमाधौ वृत्तेः सत्यत्वं तथा निर्विकल्पसमाधौ वृत्तेस्तस्याधिकरणस्याऽन्तःकरणस्य च मिथ्यात्वमिति भेदः। निर्विकल्पेऽपि वृत्तिरस्त्येव तथाऽपि पृथग्भानं नास्ति। उक्तं हि *"वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः। स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थितात्॥"* इति।

ज्ञाता आदि की कल्पना के अभाव के कारण इसे निर्विकल्पक माना जाता है। वृत्ति के होने तथा बाध के कारण दोनों के बीच भेद माना जाता है ॥८२६॥

ज्ञाता, ज्ञान आदि त्रिपुटी की कल्पना के अभाव के कारण इसे निर्विकल्प समाधि कहा जाता है। अन्तःकरण में रहने वाली अखण्डाकार वृत्ति के सत्य तथा मिथ्या होने से दोनों के बीच भेद माना जाता है। सविकल्प समाधि में वृत्ति का सत्यत्व है तथा निर्विकल्प समाधि में वृत्ति, उसके अधिकरण तथा अन्तःकरण का मिथ्यात्व होता है - यही भेद है। निर्विकल्प में भी वृत्ति विद्यमान ही है लेकिन उसका पृथक् भान नहीं होता। कहा गया है कि 'समाधि से उठे हुए पुरुष को जो स्मरण आता है, उससे इस बात का अनुमान किया जाता है कि उस समय आत्मा को विषय बनाने वाली वृत्तियाँ ज्ञात नहीं होतीं, परन्तु वे विद्यमान होती हैं' (प० द० १।५६)।

समाधिसुप्त्योर्ज्ञानं चाज्ञानं सुप्त्यात्र नेष्यते । सविकल्पो निर्विकल्पः समाधी द्वाविमौ हृदि ॥८२७॥

मुमुक्षोर्यत्नतः कार्यौ विपरीतनिवृत्तये । कृतेऽस्मिन्विपरीताया भावनाया निवर्तनम् ॥८२८॥

ज्ञानस्याप्रतिबद्धत्वं सदानन्दश्च सिध्यति ।

समाधिसुप्त्योरयं भेदः - समाधौ **ज्ञानं** सुप्तौ **चाज्ञानं** वर्तते तस्मादत्र निर्विकल्पे **सुप्त्या** समाधि**र्नेष्यते**। **सविकल्पो निर्विकल्प इमौ द्वौ समाधी विपरीतनिवृत्तये** विपरीतभावनानां निवृत्तये **मुमुक्षोर्हृदि यत्नतः कार्यौ**। तत्र विपरीतभावना द्विप्रकारा - अनात्मनि देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यादिष्वात्मबुद्धिस्तथा जगति प्रपञ्चे सत्यत्वबुद्धिः। **अस्मिन्** समाधौ यत्ने **कृते विपरीतभावनाया निवर्तनं** निवृत्तिर्भवति। **ज्ञानस्याप्रतिबद्धत्वं च सदानन्दः** परमानन्दः **सिध्यति**। तदा सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चाऽऽत्मनि पश्यन् स परमात्मानं सर्वत्राऽऽत्मस्वरूपेण साक्षात्करोति। *"मय्येव सकलं जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम्। मयि सर्वं लयं याति तद्ब्रह्माद्वयमस्म्यहम्॥"* इति विजानाति। आत्मानमन्नान्नादरूपेण संसारवृक्षस्य प्रेरयित्रमृतस्वरूपेण प्रतिपद्यत इति। प्राज्ञतुर्ययोर्भेदः परमगुरुभिः स्पष्टतया निर्धारितः। *"निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः। प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः॥", "नाऽऽत्मानं न परांश्चैव न सत्यं नाऽपि चानृतम्। प्राज्ञः किञ्चन संवेत्ति तुर्यं तत्सर्वदृक्सदा"* इति।

समाधि तथा सुषुप्ति में ज्ञान तथा अज्ञान होने के कारण यहाँ सुषुप्ति स्वीकार नहीं है। मुमुक्षु को विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए हृदय में इन दोनों सविकल्प-निर्विकल्प समाधियों का यत्न के साथ अभ्यास करना चाहिए, इनके करने पर विपरीत भावना की निवृत्ति हो जाती है। ज्ञान का अप्रतिबद्धत्व तथा सत् रूप आनन्द सिद्ध होता है ॥८२७, ८२८॥

समाधि तथा सुषुप्ति का यह भेद है - समाधि में ज्ञान होता है तथा सुषुप्ति में अज्ञान रहता है। इसीलिए यहाँ निर्विकल्प में सुषुप्ति से समाधि

लक्षित नहीं होती है। इन दोनों सविकल्प-निर्विकल्प समाधियों का विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए मुमुक्षु को हृदय में यत्न के साथ अभ्यास करना चाहिए। विपरीत भावना दो प्रकार की होती है - अनात्मा में देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि आदि में आत्म बुद्धि तथा जगत् में, प्रपञ्च में सत्यत्व बुद्धि। इस समाधि में यत्न करने पर विपरीत भावना की निवृत्ति होती है। अप्रतिबद्ध ज्ञान तथा परम आनन्द सिद्ध होता है। फिर सभी प्राणियों में स्थित आत्मा को तथा सभी प्राणियों को आत्मा में देखते हुए वह परमात्मा का सर्वत्र आत्म स्वरूप से साक्षात्कार करता है। वह इस प्रकार जानता है 'मुझमें ही यह सब कुछ प्रादुर्भूत हुआ है, मुझमें ही यह सभी कुछ स्थित है और मुझमें ही सभी कुछ विलीन हो जाता है; वह अद्वय ब्रह्म मैं हूँ' (कै० उ० १९)। आत्मा को भोक्ता तथा भोग्य रूप, संसार वृक्ष का प्रेरक, अमृत स्वरूप समझता है।

प्राज्ञ तथा तुरीय का भेद परम गुरु द्वारा स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। 'निरुद्ध, सर्व कल्पना शून्य, विवेक युक्त मन का जो व्यापार है, वह विशेष रूप से योगियों द्वारा जानने योग्य है। सुषुप्ति काल में चित्त की वृत्ति अन्य प्रकार की रहती है, निरुद्धावस्था के समान नहीं' (मा० का० ३।३४), 'प्राज्ञ न स्वयं को और न दूसरे को, न सत्य को और न असत्य को ही जानता है, किन्तु तुरीय तो सदा सभी का प्रकाशक है' (मा० का० १।१२)।

दृश्यानुविद्धसविकल्पः समाधिः (८२९-८६५)

विपरीतभावनानिवृत्त्यर्थं साधनचतुष्टयस्य न्यूनता-परिपूरणार्थं च *"शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुस्समाहितो भूत्वा"* इति श्रुतिर्बाह्यविषयानालम्बनेन मनोमिथ्यात्वदार्ढ्यार्थं निरन्तरं समाधिं कर्तव्यत्वेन बोधयति। यथाऽत्र समाध्यभ्यासो विहितस्तथाऽन्यत्र योगवासिष्ठे ज्ञानाभ्यासोऽपि विहितः *"तच्चिन्तनं तत्कथनमन्योन्यं तत्प्रबोधनम्। एतदेकपरत्वञ्च ज्ञानाभ्यासं विदुर्बुधाः॥"* इति। अत्र तु समाध्यभ्यासो विस्तरेण प्रतिपादितः। तदेव पुनर्मुमुक्षुसौकर्यार्थं प्रकारान्तरेण विवृणोति दृश्यानुविद्ध इति।

विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए तथा साधन चतुष्टय की कमी को पूरा करने के लिए 'शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु समाहित होकर' (बृ० उ० ४।४।२३) श्रुति बताती है कि बाह्य विषयों का आलम्बन न लेकर, मन के मिथ्यात्व की दृढता के लिए निरन्तर समाधि का अभ्यास करना चाहिए। जैसे यहाँ समाधि अभ्यास का विधान किया गया है, वैसे ही अन्यत्र योगवासिष्ठ में ज्ञान के अभ्यास का विधान किया गया है 'उसका चिन्तन करना, उसकी चर्चा करना, एक दूसरे को उसका ज्ञान कराना तथा केवल उसी के परायण रहने को विद्वान् ज्ञान अभ्यास कहते हैं' (३।२२।२४)। यहाँ समाधि अभ्यास का विस्तार से प्रतिपादन किया गया था। उसी को ही मुमुक्षु की सुगमता के लिए पुनः अन्य प्रकार से बताते हैं 'दृश्यानुविद्धः' इत्यादि से -

दृश्यानुविद्धः शब्दानुविद्धश्चेति द्विधा मतः ॥८२९॥

सविकल्पस्तयोर्यत्तल्लक्षणं वच्मि तच्छृणु । कामादिप्रत्ययैर्दृश्यैः संसर्गो यत्र दृश्यते ॥८३०॥

सोऽयं दृश्यानुविद्धः स्यात्समाधिः सविकल्पकः ।

सविकल्पः समाधिस्तु **दृश्यानुविद्धो** दृश्येनाऽनुविद्धः सम्बद्धो युक्तो दृश्यानुविद्धः **शब्दानुविद्धश्च** शब्दैरनुविद्धः सम्बद्ध **इति द्विधा मतः**। **तयोर्यल्लक्षणं तद्वच्मि शृणु**। **यत्र** समाधौ ध्यानावस्थायां **कामादिप्रत्ययैर्दृश्यैः** कामसङ्कल्पविचिकित्सेत्यादि-प्रत्ययैर्धृतिभिर्दृश्यैर्ज्ञेयैः **संसर्गः** सम्बन्धो **दृश्यते सोऽयं दृश्यानुविद्धः सविकल्पकः समाधिः स्यात्**। या अन्तःकरणनिष्ठा वृत्तयस्ता दृश्यास्तत्सम्बन्धिर्यः समाध्यभ्यासः स दृश्यानुविद्धः सविकल्पः समाधिरिति।

सविकल्प को दो प्रकार का माना जाता है - दृश्यानुविद्ध तथा शब्दानुविद्ध। उन दोनों के लक्षण को कहता हूँ - सुनो। जहाँ काम आदि

ज्ञात दृश्यों के साथ सम्बन्ध देखा जाता है, वह यह दृश्यानुविद्ध सविकल्प समाधि है ॥८२९, ८३०॥

सविकल्प समाधि दृश्य के साथ सम्बद्ध, युक्त दृश्यानुविद्ध तथा शब्द के साथ सम्बद्ध शब्दानुविद्ध दो प्रकार की मानी जाती है। उन दोनों के लक्षण को कहता हूँ - सुनो। समाधि में, ध्यान की अवस्था में काम, सङ्कल्प, सन्देह, धैर्य आदि ज्ञात प्रत्ययों के साथ सम्बन्ध देखा जाता है, वह यह दृश्यानुविद्ध सविकल्प समाधि है। जो अन्तःकरण में रहने वाली वृत्तियाँ देखी जाती हैं, उनसे सम्बन्धित समाधि अभ्यास - वह दृश्यानुविद्ध सविकल्प समाधि है।

अहं ममेदमित्यादिकामक्रोधादिवृत्तयः ॥८३१॥

दृश्यन्ते येन सन्दृष्ट्रा दृश्याः स्युरहमादयः । कामादिसर्ववृत्तीनां द्रष्टारमविकारिणम् ॥८३२॥

साक्षिणं स्वं विजानीयाद्यस्ताः पश्यति निष्क्रियः ।

"**अहं, मम, इदम्**" **इत्यादिकामक्रोधादिवृत्तयः** कामश्च क्रोधश्च कामक्रोधौ तावादी यासां वृत्तीनां ता **येन सन्दृष्ट्रा** चैतन्येन **दृश्यन्ते** येन चाऽ**हमादयो दृश्याः स्युस्तं कामादिसर्ववृत्तीनां द्रष्टारमविकारिणं साक्षिणं स्वमात्मानं विजानीयात्**। **यस्ता निष्क्रियः** सन् **पश्यति** 'स साक्ष्यहमस्मि' इति विजानीयात्। तत्सिद्ध्यर्थं रागद्वेषरहितो भूत्वा सावधानो युक्तात्मा दृश्यानुपेक्ष्य दृङ्मात्रो भवितुं समर्थोऽस्ति नान्यः। वृत्तीनां दृश्यानामागमापायित्वम्, परस्परं व्यावर्तमानत्वम्, जडत्वं च दृष्ट्वा स्वमात्मानं द्रष्टारं कूटस्थम्, अनुवर्तमानम्, चिन्मयं साक्षिभूतं भावयेदित्यर्थः।

वह द्रष्टा जिसके द्वारा 'मैं', 'मेरा', 'वह' इत्यादि काम, क्रोध आदि वृत्तियाँ देखी जाती हैं; जिसके द्वारा 'अहं' आदि दृश्य होते हैं; वह काम आदि सभी वृत्तियों का अविकारी द्रष्टा है - उसे साक्षी, आत्मा रूप से जानना चाहिए जो निष्क्रिय रहते हुए उन्हें देखता है ॥८३१, ८३२॥

'अहं, मम, इदम्' इत्यादि काम, क्रोध आदि वृत्तियों को जिस चैतन्य के द्वारा देखा जाता है तथा जिसके द्वारा 'अहं' आदि दृश्य होते हैं; उसे काम आदि सभी वृत्तियों का अविकारी द्रष्टा, साक्षी, आत्मा रूप से जानना चाहिए। जो निष्क्रिय होते हुए उन्हें देखता है; 'वह साक्षी मैं हूँ' - इस प्रकार जानना चाहिए। उसकी सिद्धि के लिए राग-द्वेष से रहित होकर, सावधान, युक्त आत्मा, दृश्य की उपेक्षा करते हुए, द्रष्टा मात्र होने में समर्थ होता है, अन्य कोई नहीं। वृत्तियों, दृश्यों के आने-जाने, परस्पर विरोधी/भिन्न स्वभाव तथा जड़त्व को देखकर स्वयं को द्रष्टा, कूटस्थ, सभी में निरन्तर व्याप्त, चैतन्य स्वरूप, साक्षी मात्र रूप में जानना चाहिए - ऐसा अर्थ है।

कामादीनामहं साक्षी दृश्यन्ते ते मया ततः ॥८३३॥

इति साक्षितयात्मानं जानात्यात्मनि साक्षिणम् । दृश्यं कामादि सकलं स्वात्मन्येव विलापयेत् ॥८३४॥

अहं कामादीनां साक्षी द्रष्टाऽस्मि **ततस्ते** कामादयो **मया दृश्यन्त इति साक्षितया**ऽऽत्मन्यन्तःकरणे बुद्धौ साक्षिण**मात्मानं जानाति**। एतेन दृग्दृश्यविवेकः परिपूर्णो भवति। अहं साक्षी वृत्तीनां द्रष्टा वृत्तिभ्यो भिन्नः परन्तु तासां विवर्तोपादानत्वान्मिथ्यात्वं ज्ञात्वा द्वैतस्यापि विसर्जनं कृत्वा **कामादि सकलं दृश्यं स्वात्मन्येव विलापयेत्**। प्रथमं तु दृग्दृश्यान् विविच्य तदनन्तरं दृश्यान् द्रष्टरि साक्षिणि प्रविलाप्य साक्षिणं स्वतःसिद्धानुदितानस्तमितकूटस्थविज्ञानघनं विजानीयादिति।

'मैं काम आदि का साक्षी हूँ, इसीलिए वे मेरे द्वारा देखे जाते हैं'- इस प्रकार साक्षी रूप से आत्मा में आत्मा को जानता है। काम आदि सब दृश्य को अपने आत्मा में ही विलीन करे ॥८३३, ८३४॥

'मैं काम आदि का द्रष्टा हूँ, इसीलिए काम आदि मेरे द्वारा देखे जाते हैं'- इस प्रकार साक्षी रूप से अन्तःकरण, बुद्धि में साक्षी को जानता है। इससे दृक्-दृश्य विवेक पूरा होता है। मैं वृत्तियों का साक्षी हूँ, द्रष्टा वृत्तियों से भिन्न होता है परन्तु (साक्षी) उनका विवर्त उपादान होने

से (वृत्तियों के) मिथ्यात्व को जानकर तथा द्वैत का भी त्याग कर काम आदि सब दृश्य को अपने आत्मा में ही विलीन करे। किन्तु पहले दृक्-दृश्य को विविक्त करके; उसके पश्चात् दृश्य को द्रष्टा, साक्षी में प्रविलापन करके; साक्षी को स्वतःसिद्ध, अनुदित, अनस्तमित, कूटस्थ, विज्ञान घन रूप जानना चाहिए।

निदिध्यासनाभ्यासः

अधुनाऽष्टभिः श्लोकैर्ध्यानाभ्यासेन स्वस्य साक्षित्वप्रत्यगात्मत्वदार्ढ्याय चिन्मात्रत्वमाविष्करोति नाहं देह इति।

अब आठ श्लोकों के द्वारा स्वयं के साक्षित्व तथा प्रत्यक् आत्मत्व की दृढ़ता के लिए ध्यान के अभ्यास से चैतन्य मात्र स्वरूप को बताते हैं 'नाहं देहो' इत्यादि से -

नाहं देहो नाप्यसुर्नाक्षवर्गो नाहङ्कारो नो मनो नापि बुद्धिः।
अन्तस्तेषां चापि तद्विक्रियाणां साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८३५॥

अहं देहो न, **असुरपि न**, **नाक्षवर्गो**ऽक्षाणामिन्द्रियाणां समूहः, **नाहङ्कारो, नो मनो नाऽपि बुद्धिः**। **तेषां** देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यादीनां **च तद्विक्रियाणामप्यन्तः** समाप्तिर्यत्र स **साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मी**ति चिन्तयेत्।

मैं देह नहीं हूँ, न प्राण, न इन्द्रियों का समूह, न अहङ्कार, न मन और न ही बुद्धि हूँ। मैं उनके अन्त तथा विकारों का भी साक्षी हूँ। मैं नित्य, प्रत्यक् ही हूँ ॥८३५॥

मैं देह नहीं हूँ, न प्राण, न इन्द्रियों का समूह, न अहङ्कार, न मन और न ही बुद्धि हूँ। देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि आदि तथा उनके विकारों की भी जहाँ समाप्ति होती है; वह साक्षी, नित्य, प्रत्यक् मैं ही हूँ - इस प्रकार चिन्तन करना चाहिए।

वाचः साक्षी प्राणवृत्तेश्च साक्षी बुद्धेः साक्षी बुद्धिवृत्तेश्च साक्षी ।
चक्षुःश्रोत्रादीन्द्रियाणां च साक्षी साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८३६॥

अहं **वाचः प्राणवृत्तेश्च बुद्धेर्बुद्धिवृत्तेश्च साक्षी** तथा **चक्षुःश्रोत्रादीन्द्रियाणाञ्च साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मी**ति। *"श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनो यद्वाचो ह वाचं स उ प्राणस्य प्राणः। चक्षुषश्चक्षुः"* इति श्रुतेः।

वाणी का साक्षी, प्राण वृत्ति का साक्षी, बुद्धि का साक्षी तथा बुद्धि की वृत्ति का साक्षी हूँ। मैं चक्षु, श्रोत्र आदि इन्द्रियों का साक्षी हूँ। साक्षी नित्य प्रत्यक् मैं ही हूँ ॥८३६॥

मैं वाणी, प्राण वृत्ति का साक्षी, बुद्धि तथा बुद्धि की वृत्ति का साक्षी हूँ। मैं चक्षु, श्रोत्र आदि इन्द्रियों का साक्षी हूँ तथा साक्षी नित्य, प्रत्यक् मैं ही हूँ। 'जो श्रोत्र का श्रोत्र, मन का मन तथा वाणी का भी वाणी है। वही प्राण का प्राण और चक्षु का चक्षु है' (के० उ० १।२) इत्यादि श्रुति से प्रमाणित होता है।

नाहं स्थूलो नापि सूक्ष्मो न दीर्घो नाहं बालो नो युवा नापि वृद्धः ।
नाहं काणो नापि मूको न षण्डः साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८३७॥

अहं न स्थूलो नापि सूक्ष्मः कृशो **न दीर्घ** आयातो देशपरिच्छेदशून्यो **नाहं बालो नो युवा नापि वृद्धः** कालपरिच्छेदशून्यो **नाहं काणो नापि मूको न षण्डो** नपुंसकः, **साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि**। ते सर्वे देहेन्द्रियधर्मा अहं तेषां साक्षीति। *"अकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धम्", "अद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादम्", "सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रिय-*

विवर्जितम्" इति श्रुतिस्मृतिभ्याम्।

मैं स्थूल नहीं हूँ, सूक्ष्म भी नहीं हूँ, दीर्घ नहीं हूँ। मैं बालक नहीं हूँ, युवा नहीं तथा वृद्ध भी नहीं हूँ। मैं काणा नहीं हूँ, मूक भी नहीं हूँ, नपुंसक नहीं हूँ। मैं साक्षी, नित्य, प्रत्यक् आत्मा ही हूँ ॥८३७॥

मैं स्थूल नहीं हूँ, पतला भी नहीं हूँ, बहुत बढ़ा हुआ नहीं, देश की सीमा से रहित हूँ। मैं बालक नहीं हूँ, युवा नहीं तथा काल की सीमा से भी रहित हूँ। मैं काणा नहीं हूँ, मूक भी नहीं हूँ, नपुंसक नहीं हूँ। मैं साक्षी, नित्य, प्रत्यक् आत्मा ही हूँ। वे सभी देह, इन्द्रिय के धर्म हैं; मैं उनका साक्षी हूँ। श्रुति और स्मृति के अनुसार 'अशरीरी, अक्षत, स्नायु रहित, शुद्ध' (ई० उ० ८), 'अदृश्य, अग्राह्य, अगोत्र, अवर्ण, चक्षुःश्रोत्र आदि से हीन, अपाणिपाद है' (मु० उ० १।१।६), 'सभी इन्द्रियों के विषयों का प्रकाशक है, परन्तु सभी इन्द्रियों से रहित है' (भ० गी० १३।१४)।

नास्म्यागन्ता नापि गन्ता न हन्ता नाहं कर्ता न प्रयोक्ता न वक्ता ।
नाहं भोक्ता नो सुखी नैव दुःखी साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८३८॥

अहं नाऽऽगन्ता न गन्ताऽस्मि नाहं हन्ता न कर्ता न प्रयोक्ता प्रयोगकर्ता नियोगकर्ता प्रेरयिता वा **न वक्ता नाहं भोक्ता नो सुखी नैव दुःखी साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मी**ति। ते सर्वे मनोधर्मा अहं तेषां साक्षीति।

मैं कहीं से आने वाला नहीं हूँ, कहीं जाने वाला भी नहीं हूँ, मैं न किसी का हन्ता हूँ, न कर्ता, न प्रयोक्ता, न वक्ता। मैं भोक्ता नहीं हूँ, न सुखी, न ही दुःखी हूँ। मैं साक्षी, नित्य, प्रत्यक् आत्मा ही हूँ ॥८३८॥

मैं कहीं से आने वाला नहीं हूँ, कहीं जाने वाला भी नहीं हूँ, मैं न किसी का हन्ता हूँ, न कर्ता, न प्रयोक्ता यानि प्रवृत्ति कराने वाला अथवा प्रेरित करने वाला नहीं हूँ। मैं न वक्ता हूँ, न भोक्ता, न सुखी और न ही दुःखी हूँ। मैं साक्षी, नित्य, प्रत्यक् आत्मा ही हूँ। वे सभी मन के धर्म हैं, मैं उनका साक्षी हूँ।

नाहं योगी नो वियोगी न रागी नाहं क्रोधी नैव कामी न लोभी ।
नाहं बद्धो नापि युक्तो न मुक्तः साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८३९॥

अहं न योगी नो वियोगी न रागी नाहं क्रोधी नैव कामी न लोभी नाहं बद्धो नाऽपि युक्तः कर्मी साधको वा **न मुक्तः**। बद्धः साधको युक्तो मुमुक्षुर्मुक्त इत्यादिना बद्धत्त्वादयो बुद्धिधर्मा निर्दिष्टाः। अहं तेषां **साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मी**ति। *"न बद्धो न च साधकः। न मुमुक्षुर्न वै मुक्तः", "कामः सङ्कल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव"* इति श्रुतेः।

मैं न योगी हूँ, न वियोगी, न रागी; मैं न क्रोधी हूँ, न ही कामी, न लोभी; मैं न बद्ध हूँ, न ही युक्त, न मुक्त। साक्षी, नित्य, प्रत्यक् मैं ही हूँ ॥८३९॥

मैं न योगी हूँ, न वियोगी, न रागी; मैं न क्रोधी हूँ, न ही कामी, न लोभी; मैं न बद्ध हूँ, न ही कर्म में लगा हुआ अथवा साधक, न मुक्त। 'बद्ध', 'साधक', 'युक्त', 'मुमुक्षु', 'मुक्त' इत्यादि के द्वारा बद्धत्व आदि से बुद्धि के धर्मों का निर्देश किया गया है। मैं उनका साक्षी, नित्य, प्रत्यक् ही हूँ। 'न बद्ध है और न साधक, न मुमुक्षु है, न बन्धन मुक्त ही है' (मा० का० २।३२), 'काम, सङ्कल्प, संशय, श्रद्धा, अश्रद्धा, धृति (धारण शक्ति), अधृति, लज्जा, बुद्धि, भय - ये सब मन ही हैं' (बृ० उ० १।५।३) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

नान्तःप्रज्ञो न बहिःप्रज्ञको वा नैव प्रज्ञो नापि चाप्रज्ञ एषः ।
नाहं श्रोता नापि मन्ता न बोद्धा साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मि ॥८४०॥

अहं नान्तःप्रज्ञः स्वप्नावस्थाभिमानी **न बहिःप्रज्ञको** जाग्रदवस्थाभिमानी **वा नैव प्रज्ञः** श्रेष्ठज्ञानवान् युगपत्सर्वविषयज्ञाता **न चैषोऽप्रज्ञः** सुषुप्त्यवस्थाभिमानी जीवः। **नाहं श्रोता नापि मन्ता न बोद्धा** नाऽहमिन्द्रियवान्नाप्यन्तःकरणवान् किन्तु **साक्षी नित्यः प्रत्यगेवाहमस्मी**ति। *"नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम्"* इति श्रुतेः।

मैं न अन्तःप्रज्ञ, न बहिःप्रज्ञ, न ही प्रज्ञ और न ही यह अप्रज्ञ हूँ। मैं न श्रोता, न ही मनन करने वाला, न बोद्धा हूँ। साक्षी, नित्य, प्रत्यक् मैं ही हूँ ॥८४०॥

मैं न स्वप्न अवस्था का अभिमानी, न जाग्रत् अवस्था का अभिमानी और न ही श्रेष्ठ ज्ञानी; सब विषयों को एक साथ जानने वाला, न यह सुषुप्ति अवस्था का अभिमानी जीव हूँ। मैं इन्द्रियवान्, अन्तःकरणवान् नहीं किन्तु साक्षी, नित्य, प्रत्यक् मैं ही हूँ। श्रुति के अनुसार 'स्वरूप से वह आत्मा न अन्तःप्रज्ञ है, न बहिष्प्रज्ञ है, न उभयतःप्रज्ञ, न प्रज्ञान घन है, न प्रज्ञ है और न उसके विपरीत रूप से अप्रज्ञ ही है' (मा० उ० ७)।

न मेऽस्ति देहेन्द्रियबुद्धियोगो न पुण्यलेशोऽपि न पापलेशः ।
क्षुधापिपासादिषडूर्मिदूरः सदा विमुक्तोऽस्मि चिदेव केवलः ॥८४१॥

मे देहेन्द्रियबुद्धियोगो देहश्चेन्द्रियाणि च बुद्धिश्च देहेन्द्रियबुद्धयस्तासां योगः संयोगो देहेन्द्रियबुद्धियोगो **नास्ति न पुण्यलेशः** पुण्यसंयोगो **नापि पापलेशः** पापसंयोगोऽस्ति। *"न पुण्यपापे मम नास्ति नाशो न जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिरस्ति"* इति श्रुतेः। अहं **क्षुधापिपासादिषडूर्मिदूरः सदा विमुक्तश्चिदेव केवलोऽस्मि**। *"योऽशनायापिपासे शोकं मोहं जरां मृत्युमत्येत्येतं वै तमात्मानं विदित्वा"* इति श्रुतेः।

मेरा शरीर, इन्द्रियों या बुद्धि से सम्बन्ध नहीं है, न पुण्य का लेश और न पाप का लेश भी है। भूख-प्यास आदि छः ऊर्मियों से दूर सदा विशेष रूप से मुक्त, केवल चिद्रूप ही हूँ ॥८४१॥

मेरा शरीर, इन्द्रियों या बुद्धि से संयोग नहीं है, न पुण्य से संयोग है और पाप से भी संयोग नहीं है। श्रुति के अनुसार 'मेरे लिए न पुण्य है, न पाप; मेरा कभी नाश नहीं होता। मेरा न जन्म है, न शरीर, न इन्द्रिय, न बुद्धि' (कै० उ० २२)। मैं भूख-प्यास आदि छः ऊर्मियों से दूर, सदा विशेष रूप से मुक्त, केवल चिद्रूप ही हूँ। 'जो क्षुधा, पिपासा, शोक, मोह जरा और मृत्यु से परे है। उस इस आत्मा को ही जानकर' (बृ० उ० ३।५।१) इत्यादि श्रुति से प्रमाणित होता है।

अपाणिपादोऽहमवागचक्षुः अप्राण एवास्म्यमना ह्यबुद्धिः ।
व्योमेव पूर्णोऽस्मि विनिर्मलोऽस्मि सदैकरूपोऽस्मि चिदेव केवलः ॥८४२॥

अह**मपाणिपादः** पाणी च पादौ च पाणिपादं तद्यस्य स पाणिपादो न पाणिपादोऽपाणिपादो**ऽवाग्**वागिन्द्रियरहितो**ऽचक्षुरप्राणो ह्येवामना अबुद्धिः** सूक्ष्मशरीरवर्जितोऽस्मि। *"अपाणिपादोऽहमचिन्त्यशक्तिः पश्याम्यचक्षुः स शृणोम्यकर्णः"*, *"अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः"* इति श्रुतत्वात्। **व्योमेव पूर्णोऽस्मि विनिर्मलः** शुद्धः **सदैकरूपोऽस्मि चिदेव केवलो**ऽस्मि। *"यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते। सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते॥"* इति भगवद्वचनात्।

मैं हाथ-पैर रहित, वाणी और चक्षु से रहित हूँ; प्राण, मन तथा बुद्धि से रहित हूँ। आकाश के समान पूर्ण हूँ, विशेष शुद्ध हूँ। केवल चैतन्य,

सदा एक रूप ही हूँ ॥८४२॥

मैं हाथ-पैर रहित, वाक् इन्द्रिय से रहित, सूक्ष्म शरीर से रहित हूँ। श्रुतियों के अनुसार 'मेरे हाथ-पैर नहीं हैं, फिर भी मेरी शक्ति अनन्त है। मैं बिना चक्षु के देखता हूँ, बिना कानों के सुनता हूँ' (कै० उ० २१), 'अप्राण, मनोहीन, विशुद्ध' (मु० उ० २।१।२)। आकाश के समान पूर्ण हूँ, शुद्ध हूँ, सदा एक रूप, केवल चैतन्य ही हूँ। भगवान् के वचनों के अनुसार 'जिस प्रकार सर्वत्र व्याप्त आकाश सूक्ष्म होने के कारण लिप्त नहीं होता, वैसे ही शरीर में सर्वत्र स्थित आत्मा (निर्गुण होने के कारण शरीर के गुणों से) लिप्त नहीं होता' (भ० गी० १३।३२)।

एवं ध्यानाभ्यासस्याऽऽवृत्तिसाधकश्लोकैर्दृश्यानुविद्धसविकल्पसमाधिप्रकरणे प्रत्ययावृत्तिं सूचयन्नुपसंहरतीति।

इस प्रकार दृश्य से युक्त सविकल्प समाधि के प्रकरण में विचारों की पुनरावृत्ति को ध्यान, अभ्यास की आवृत्ति में सहायक श्लोकों के साथ सूचित करते हुए उपसंहार करते हैं 'इति' इत्यादि से -

इति स्वमात्मानमवेक्षमाणः प्रतीतदृश्यं प्रविलापयन्सदा।
जहाति विद्वान्विपरीतभावं स्वाभाविकं भ्रान्तिवशात्प्रतीतम् ॥८४३॥

इत्येवं प्रकारेण यथाऽत्रोक्तं **स्वमात्मानमवेक्षमाणः** स्वस्वरूपमविस्मरन् **विद्वान् सदा प्रतीतदृश्यं प्रविलापयन्मि**थ्याकुर्वन् **भ्रान्तिवशाद**ज्ञानजन्याध्यासादग्रहणजन्याऽन्यथाग्रहणा**त्प्रतीतं** स्वप्नमायामरीच्युदकगन्धर्वनगरवदाभासमात्रं **स्वाभाविकमा-**विद्यकं **विपरीतभावं** देहेन्द्रियमनोबुद्धिष्वात्मभावं जगति च पारमार्थिकत्वं **जहाती**त्यर्थः।

इस प्रकार अपने स्वरूप को देखता हुआ विद्वान् प्रतीत होने वाले दृश्य को सदा विलय करता हुआ भ्रान्ति से प्रतीत अविद्या कल्पित विपरीत भाव को त्याग देता है ॥८४३॥

इस प्रकार से जैसे यहाँ कहा गया है - अपने स्वरूप को न भूलता हुआ विद्वान् प्रतीत होने वाले दृश्य को मिथ्या करके अज्ञान जन्य अध्यास से अग्रहण जन्य अन्यथा ग्रहण से स्वप्न, माया, मरीचि जल, गन्धर्व नगर के जैसे आभास मात्र आविद्यक देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि में आत्म भाव तथा जगत् में परमार्थ के भाव को त्याग देता है - ऐसा अर्थ है।

विशुद्धान्तःकरणस्य प्राप्तगुरुप्रसादस्येश्वरानुरक्तस्य कृतदीर्घकालवेदान्तश्रवणादेः सविकल्पसमाध्यभ्यसनशीलस्य या मुक्तिर्भवति साऽष्टभिः श्लोकैर्वर्ण्यते विपरीतात्मतास्फूर्तिरिति।

विशुद्ध अन्तःकरण वाले को, जिसे गुरु प्रसाद प्राप्त है, ईश्वर के अनुरक्त है, वेदान्त का दीर्घ काल तक श्रवण आदि किया है, सविकल्प समाधि के अभ्यास का स्वभाव है जिसका - उसे जो मुक्ति होती है, उसका आठ श्लोकों के द्वारा वर्णन करते हैं 'विपरीतात्मतास्फूर्ति' इत्यादि से -

विपरीतात्मतास्फूर्तिरेव मुक्तिरितीर्यते । सदा समाहितस्यैव सैषा सिध्यति नान्यथा ॥८४४॥

विपरीतात्मतास्फूर्तिरेव मुक्तिर्यथा प्राकृतानां देहोऽहमिति नैसर्गिको अहम्प्रत्ययो दृश्यते यथा वाऽन्येषामवैदिकानामनात्मन्यहम्प्रत्ययो जायते तथा यदाऽहम्प्रत्ययः स्वस्मिन्नात्मनि भवेत्सैव विपरीताऽऽत्मतायाः स्फूर्तिर्मुक्ति**रितीर्यते**। **सा एषा सदा समाहितस्यैव सिद्ध्यति नान्यथा** यस्य मनो विक्षिप्तं बाह्यविषयान् प्रति सुखबुद्ध्या निर्गमायाऽऽतुरं यदा कदा समाहितं वा न तस्य मुक्तिरिति स्पष्टतयाऽचार्येण कथितमिति।

उक्तं हि प्रकरणप्रस्थानत्रयस्य श्रुतिप्रस्थाने-उपदेशसाहस्र्याम् *"देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम्। आत्मन्येव भवेद्यस्य*

स नेच्छन्नपि मुच्यते॥" (उ.सा. ४.५) इति। यथा मनुष्योऽहमिति निःसन्दिग्धं विपर्ययशून्यं ज्ञानं देहे वर्तते तथा देहात्मज्ञानबाधकमहमस्मि परं ब्रह्मेत्येवं ज्ञानं यस्य भवेत्तस्य शरीरिणोऽहिनिर्ल्वयनीवत्त्यक्तदेहाद्यनात्मभावस्य प्रबलप्रमाणजनितज्ञानबलात्प्रतिबन्धाभावाच्च मोक्षो भवत्येव। स मुक्तिमनिच्छन्नपि बलान्मुच्यत एवेत्यर्थः।

(प्रकरणप्रस्थानत्रयस्य श्रुतिप्रस्थानम् - उपदेशसाहस्री, स्मृतिप्रस्थानम् - नैष्कर्म्यसिद्धिः, न्यायप्रस्थानम् - सङ्क्षेपशारीरकमिति)।

[अनात्म बुद्धि के] विपरीत आत्म रूप से स्फुरण ही मुक्ति कही जाती है। वह यह सर्वदा समाहित को ही सिद्ध होती है, अन्य किसी को नहीं ॥८४४॥

'मैं देह हूँ' जैसे यह 'अहं' प्रत्यय सामान्य जनों के लिए स्वाभाविक प्रतीत होता है या अन्य वेदों का पालन न करने वालों के लिए अनात्मा में 'अहं' प्रत्यय उत्पन्न होता है, उसी प्रकार जब 'अहं' प्रत्यय स्वयं में होता है, उस विपरीत आत्म रूप से स्फुरण को ही मुक्ति कहते हैं। वह यह सर्वदा समाहित को ही सिद्ध होती है, अन्य किसी को नहीं। जिसका मन विक्षिप्त है और सुख बुद्धि से बाह्य विषयों की ओर जाने को आतुर रहता है या जो कभी-कभी समाहित होता है, उसके लिए मुक्ति नहीं है - यह आचार्य के द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है।

प्रकरण प्रस्थानत्रय के श्रुति प्रस्थान उपदेश साहस्री में कहा गया है "मैं 'मनुष्य हूँ' ऐसा जो देहात्म विषय में लोगों का दृढ़ निश्चय पाया जाता है, उसके समान ही यदि किसी को प्रत्यक् आत्मा के विषय में, देहात्म ज्ञान का बाध करने वाला ज्ञान हो जाय, तब वह विद्वान् मुक्त होना न चाहने पर भी मुक्त हो जाता है' (उ० सा० ४।५)। जिस प्रकार 'मैं मनुष्य हूँ' का ज्ञान शरीर में निःसन्देह, विपर्यय से रहित होता है, उसी प्रकार शरीर को आत्मा मानने के ज्ञान का बाधक 'मैं परम ब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान जिसका होता है - केवल उसी का मोक्ष होता है जिसने प्रबल प्रमाण से उत्पन्न ज्ञान के बल से तथा प्रतिबन्ध के अभाव के कारण, सर्प की केंचुली के समान शरीर आदि अनात्म भाव का त्याग कर दिया है। वह मुक्ति की इच्छा न करे, तब भी न चाहते हुए मुक्त हो ही जाएगा - ऐसा अर्थ है।

(प्रकरण प्रस्थानत्रय का श्रुति प्रस्थान उपदेश साहस्री, स्मृति प्रस्थान नैष्कर्म्य सिद्धि, न्याय प्रस्थान सङ्क्षेप शारीरक है)।

न वेषभाषाभिरमुष्य मुक्तिर्या केवलाखण्डचिदात्मना स्थितिः ।
तत्सिद्धये स्वात्मनि सर्वदा स्थितो जह्यादहन्तां ममतामुपाधौ ॥८४५॥

अमुष्य पुरुषस्य **मुक्तिर्ना**न्येषां मुक्तानां **वेषभाषाभिर्न** केवलं मुक्तपुरुषवन्मुमुक्षुवद्वा वेषैर्भाषाभिर्वा बाह्यव्यवहाराणामनुकरणद्वारा भवति। **या केवलाखण्डचिदात्मना** केवलश्चासावखण्डश्चासौ चिदात्मा तेन **स्थितिः** *"मुक्तिर्हित्वाऽन्यथारूपं स्वरूपेण व्यवस्थितिः"* **तत्सिद्धये स्वात्मनि सर्वदा स्थित उपाधौ** देहेन्द्रियमनोबुद्धिषु शरीरत्रये पञ्चकोशेषु तदतिरिक्तपुत्रमित्रकलत्रप्रासादादि**ष्वहन्तां ममतां जह्यात्।** एतच्च *"त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः", "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः", "विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निस्पृहः। निर्ममो निरहङ्कारः स शान्तिमधिगच्छति॥"* इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यां प्रसिद्धम्। आत्मनः सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहितसर्वाधिष्ठानसत्यस्वयम्प्रकाशानन्दरूपं ज्ञात्वा ब्रह्मातिरिक्तस्य समस्तजडप्रपञ्चस्य दृश्यस्य ब्रह्मणि रज्जुसर्पवत्प्रविलापनं कृत्वैव मुक्तिः सिद्ध्यति न केवलं काषायवस्त्रपरिधानेन वा जटाजूटेन वा मुण्डनेन वाऽनिकेतः काष्ठपादुको वा भूत्वा सिद्ध्यति। नापि बहुशिष्यभक्तजनसमूहैर्बह्वाश्रमस्थापनेन वा किन्तु ब्रह्ममात्रावस्थानेन सिद्ध्यतीत्यर्थः। यथा 'नाहं देहः, न मे देहः, अयं देहो मिथ्या', 'नाहं मनः, न मे मनः, इदं मनो मिथ्या' इति सततं भावयेत्।

केवल, अखण्ड, चिद्रूप से स्थिति रूप जो यह मुक्ति है, वह पुरुष को वेष, भाषा के द्वारा प्राप्त नहीं होती है। उसकी सिद्धि के लिए सर्वदा अपने स्वरूप में स्थित, उपाधि में अहंता तथा ममता को त्याग देना चाहिए ॥८४५॥

पुरुष की मुक्ति दूसरे मुक्त पुरुषों के जैसे, केवल मुक्त पुरुष अथवा मुमुक्षु के जैसे वेष या भाषा के बाह्य व्यवहार के अनुकरण द्वारा नहीं होती है। जो केवल, अखण्ड, चिद्रूप से स्थिति है, उससे 'अनात्म भाव का परित्याग करके अपने वास्तविक स्वरूप परमात्मा में स्थित होना ही "मुक्ति" है' (श्रीम० भा० २।१०।६) उसकी सिद्धि के लिए सर्वदा अपने स्वरूप में स्थित देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि में; तीनों शरीरों में; पाँचों कोशों में; उनके अतिरिक्त पुत्र, मित्र, भार्या, घर आदि में अहंता तथा ममता को त्याग देना चाहिए। यह बात श्रुतियों, स्मृतियों द्वारा प्रसिद्ध है 'केवल त्याग के द्वारा ही अमृतत्व की प्राप्ति होती है' (कै० उ० ३), 'उसके त्याग भाव से तू अपना पालन कर' (ई० उ० १), 'जो पुरुष सम्पूर्ण कामनाओं को त्याग कर ममता रहित, अहङ्कार रहित तथा स्पृहा रहित हुआ विचरता है, वही शान्ति को प्राप्त होता है' (भ० गी० २।७१)। आत्मा के सजातीय-विजातीय-स्वगत भेद रहित, सर्व का अधिष्ठान, सत्य, स्वयं प्रकाश स्वरूप, आनन्द रूप को जानकर; ब्रह्म से अतिरिक्त समस्त दृश्य, जड प्रपञ्च का ब्रह्म में रज्जु-सर्प के समान प्रविलापन करके ही मुक्ति सिद्ध होती है। न केवल काषाय वस्त्र पहनने से, न जटाजूट से अथवा न मुण्डन से या बिना घर के होने से या काष्ठ पादुका होने से सिद्ध नहीं होती है तथा न ही यह बहुत शिष्य, भक्त जनों के समूह या बहुत आश्रमों की स्थापना से [होती है]; किन्तु ब्रह्म मात्र में अवस्थित रहने से सिद्ध होती है - ऐसा अर्थ है। जैसे 'मैं देह नहीं हूँ, यह देह मेरा नहीं है, यह देह मिथ्या है'; 'मैं मन नहीं हूँ, यह मन मेरा नहीं है, यह मन मिथ्या है' निरन्तर यह मनन करना चाहिए।

स्वात्मतत्त्वं समालम्ब्य कुर्यात्प्रकृतिनाशनम् । तेनैव मुक्तो भवति नान्यथा कर्मकोटिभिः ॥८४६॥

स्वात्मतत्त्वं स्वस्याऽऽत्मा स्वात्मा तस्य तत्त्वं यथार्थस्वरूपं **समालम्ब्या**ऽऽश्रित्य **प्रकृतिनाशनं कुर्यात्**। **तेनैव** स **मुक्तो भवति** यथा पूर्वश्लोके वर्णितं **नान्यथा कर्मकोटिभि**रिति।

अपने आत्म तत्त्व का आश्रय करके प्रकृति का नाश करना चाहिए। उससे ही मुक्त होता है, अन्य प्रकार के कोटि कर्मों से नहीं होता ॥८४६॥

अपने आत्मा के यथार्थ स्वरूप के आश्रित होकर प्रकृति का नाश करना चाहिए। उससे ही वह मुक्त होता है जैसा पूर्व श्लोक में वर्णन किया गया है, अन्य प्रकार के कोटि कर्मों से नहीं होता।

ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणिः ।
इत्येवैषा वैदिकी वाग्ब्रवीति क्लेशक्षत्यां जन्ममृत्युप्रहाणिम् ॥८४७॥

देवमात्मतत्त्वं ब्रह्मरूपेण **ज्ञात्वा सर्वपाशापहानिः** सर्वपाशानामपहानिर्नाशो भवति, अविद्याकामकर्मणां नाश इत्यर्थः। **क्लेशैः क्षीणैः** *"अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः"* तैः क्षीणै**र्जन्ममृत्युप्रहाणिर्ज**न्म च मृत्युश्च जन्ममृत्यू तयोः प्रहाणिर्नाशो भवति। **एषा वैदिकी वाक्** श्रुति**रित्येव क्लेशक्षत्यां** क्लेशानामविद्यादिदोषाणां क्षतिर्नाशः क्लेशक्षतिस्तस्यां **जन्ममृत्युप्रहाणिं ब्रवीति**। *"ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणिः। तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः॥"* इति श्रुतिः। ये पञ्चक्लेशास्ते त्रिविधतापकराः परितापमुपजनयन्ति त्रिविधगुणकार्याणि द्रढयन्ति, तेषां गुणानां परिणामधारां निर्वर्तयन्ति कार्यकारणपरम्परां प्रवर्तयन्ति, कर्मविपाकान् जात्यायुभोगांश्च निष्पादयन्ति। अन्योन्यग्रहाधीना भूत्वा, अन्योन्यसहायेन कर्मविपाकपरम्परां निर्वहन्तीति भावः।

आत्म देव को जानकर सब बन्धनों का नाश होता है, क्लेशों के क्षीण होने से जन्म-मृत्यु का नाश होता है। इस प्रकार यह वैदिक श्रुति क्लेशों के क्षीण होने पर जन्म-मृत्यु के नाश को कहती है ॥८४७॥

आत्म तत्त्व को ब्रह्म रूप से जानकर सर्व पाशों की हानि, नाश होता है; अविद्या, काम, कर्म का नाश होता है - ऐसा अर्थ है। 'अविद्या, अस्मिता (अहङ्कार), राग, द्वेष तथा अभिनिवेश (जीवन के प्रति ममता) - ये पाँच क्लेश हैं' (यो० सू० २।३) उनके क्षीण होने से जन्म-मृत्यु

दोनों का नाश होता है। इस प्रकार यह वैदिक श्रुति अविद्या आदि दोषों के नाश से जन्म-मृत्यु के नाश को कहती है। 'परमात्मा का ज्ञान होने पर अविद्या आदि सम्पूर्ण क्लेशों का नाश हो जाता है तथा क्लेशों का क्षय हो जाने पर जन्म-मृत्यु की निवृत्ति हो जाती है। तथा उसका ध्यान करने से शरीर पात के अनन्तर सम्पूर्ण ऐश्वर्य रूप तृतीय अवस्था की प्राप्ति होती है और फिर आप्त काम होकर कैवल्य पद को प्राप्त हो जाता है' (श्वे० उ० १।११) इत्यादि श्रुति से सिद्ध होता है। ये जो पाँच क्लेश हैं, वे तीन प्रकार के तापों की उत्पत्ति करते हैं, तीन गुणों के कार्य को दृढ करते हैं। उन गुणों के परिणामों की श्रृङ्खला को निष्पन्न करते हुए वे कार्य-कारण परम्परा को उत्पन्न करते हैं तथा कर्मों के फल के साथ जाति, आयु, भोगों को भी उत्पन्न करते हैं। एक-दूसरे के अधीन होकर, एक-दूसरे की सहायता से, वे कर्मों के परिणामों की परम्परा को पूरा करते हैं - ऐसा भाव है।

भूयो जन्माद्यप्रसक्तिर्विमुक्तिः क्लेशक्षत्यां भाति जन्माद्यभावः ।
क्लेशक्षत्या हेतुरात्मैकनिष्ठा तस्मात्कार्या ह्यात्मनिष्ठा मुमुक्षोः ॥८४८॥

भूयः पुन**र्जन्माद्यप्रसक्तिर्ज**न्माभावो **विमुक्तिः** कथ्यते। **क्लेशक्षत्यां जन्माद्यभावो भाति**। यस्मात्केवल**मात्मैकनिष्ठा क्लेशक्षत्याः** क्लेशनाशस्य **हेतुस्तस्मान्मुमुक्षोरात्मनिष्ठा हि कार्या** नान्यत्साधनं प्रमाणान्तरं वा मृग्यमिति भावः।

पुनः जन्म आदि का प्रसङ्ग न होना मुक्ति है। क्लेश के क्षय होने पर जन्म आदि का अभाव प्रतीत होता है। केवल आत्ममात्र में निष्ठा ही क्लेश के नाश का हेतु है। इसीलिए मुमुक्षु को आत्मनिष्ठा ही करनी चाहिए ॥८४८॥

पुनः जन्म आदि के अभाव को मुक्ति कहा गया है। क्लेश के क्षय होने पर जन्म आदि का अभाव प्रतीत होता है। चूँकि केवल आत्म मात्र में निष्ठा ही क्लेश के नाश का हेतु है, इसीलिए मुमुक्षु को आत्म निष्ठा ही करनी चाहिए; किसी अन्य साधन अथवा अन्य प्रमाण की खोज नहीं करनी चाहिए - ऐसा भाव है।

क्लेशाः स्युर्वासना एव जन्तोर्जन्मादिकारणम् । ज्ञाननिष्ठाग्निना दाहे तासां नो जन्महेतुता ॥८४९॥

वासनाः संस्कारा **एव क्लेशा जन्तोः** सर्वप्राणिनां **जन्मादिकारणं** संसरणस्य कारणं **स्युः**। **ज्ञाननिष्ठाग्निना** ज्ञानस्य निष्ठा नितरां ब्रह्मभावेन स्थितिरवस्थानं ज्ञाननिष्ठा सैवाऽग्निस्तेन **तासां** वासनानां **दाहे जन्महेतुता** जन्मनो हेतुता कारणता **नो** भवतीति। *"वासनातानवं राम मोक्ष इत्युच्यते बुधैः।"* इति वासिष्ठवचनात्।

वासना ही क्लेश हैं, जीव के जन्म आदि का कारण हैं। ज्ञाननिष्ठा रूप अग्नि से इनके दग्ध हो जाने पर ये जन्म का हेतु नहीं होतीं ॥८४९॥

संस्कार ही क्लेश हैं, सभी प्राणियों के संसरण का कारण हैं। निरन्तर ब्रह्म भाव से स्थित रहना ज्ञाननिष्ठा है, वह ही अग्नि है। उससे वासनाओं के दग्ध हो जाने पर जन्म की कारणता नहीं होती। वसिष्ठ जी के वचनों के अनुसार 'हे राम! विद्वान् वासना क्षय को मोक्ष कहते हैं' (यो० वा० २।२।५)।

तदेव दृष्टान्तेन विशदयति - बीजानीति।

उसे ही दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं 'बीजान्' इत्यादि से -

बीजान्यग्निप्रदग्धानि न रोहन्ति यथा पुनः । ज्ञानदग्धैस्तथा क्लेशैर्नात्मा सम्पद्यते पुनः ॥८५०॥

यथाऽग्निप्रदग्धानि बीजानि पुनर्न रोहन्ति तथा ज्ञानदग्धैः क्लेशैरात्मा जीवो **न पुनः सम्पद्यते** पुनर्जन्म न गृह्णातीति।

जैसे अग्नि से भली प्रकार दग्ध बीज पुनः अङ्कुरित नहीं होते हैं, वैसे ही ज्ञान से दग्ध क्लेशों द्वारा आत्मा पुनः प्राप्त नहीं करता है ॥८५०॥

जैसे अग्नि से भली प्रकार दग्ध बीज पुनः अङ्कुरित नहीं होते हैं, वैसे ही ज्ञान से दग्ध क्लेशों द्वारा जीव पुनः पुनर्जन्म को ग्रहण नहीं करता है।

मुक्तिप्रकरणमुपसंहरति - तस्मादिति।

मुक्ति के प्रकरण का उपसंहार करते हैं 'तस्माद्' इत्यादि से -

तस्मान्मुमुक्षोः कर्तव्या ज्ञाननिष्ठा प्रयत्नतः । निःशेषवासनाक्षत्यै विपरीतनिवृत्तये ॥८५१॥

तस्मान्मुमुक्षोर्निःशेषवासनाक्षत्यै विपरीतनिवृत्तये विपरीतभावनानिवृत्तये **प्रयत्नतो ज्ञाननिष्ठा कर्तव्या**। विपरीतभावनायाः कारणं वासना तस्मान्निःशेषवासनाक्षत्या विपरीतभावनानिवृत्तिर्भविष्यति। तस्मात्सततं ब्रह्मचिन्तनं विपरीतादर्शनञ्च कर्तव्यमिति शेषः।

इसीलिए मुमुक्षु को निःशेष वासनाओं के क्षय के लिए, विपरीत निवृत्ति के लिए प्रयत्न पूर्वक ज्ञाननिष्ठा करनी चाहिए ॥८५१॥

इसीलिए मुमुक्षु को निःशेष वासनाओं के क्षय के लिए, विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए प्रयत्न पूर्वक ज्ञाननिष्ठा करनी चाहिए। विपरीत भावना का कारण वासना हैं, इसीलिए निःशेष वासना के क्षय के द्वारा विपरीत भावना की निवृत्ति हो जायेगी। इसीलिए निरन्तर ब्रह्म चिन्तन करना चाहिए तथा विपरीत दर्शन नहीं करना चाहिए - यह शेष है।

ज्ञाननिष्ठायां कर्मानुपयोगः

ज्ञाननिष्ठातत्परस्य नैव कर्मोपयुज्यते । कर्मणो ज्ञाननिष्ठाया न सिध्यति सहस्थितिः ॥८५२॥

ज्ञाननिष्ठातत्परस्य ज्ञाननिष्ठायां तत्परस्य तदेव परं साधनं यस्याहं ब्रह्म जगन्मिथ्येति सततं ध्यानशीलस्य *"योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः"*। इति भगवदुक्तस्य **कर्म नोपयुज्यते** निष्प्रयोजनत्वात्तस्य सर्वकर्मसंन्यास एवाऽधिकारः। **कर्मणश्च ज्ञाननिष्ठायाः सहस्थितिः** कदापि **न सिध्यति** भवितुमर्हति। उक्तं हि वार्तिककारैः -

"अविद्याया न चोच्छित्तौ ज्ञानादन्यदपेक्ष्यते। ज्ञानोत्पत्तौ न चैवान्यच्छमादिभ्यो ह्यपेक्ष्यते॥

शमाद्युत्पत्तये नान्यद्बुद्धिशुद्धेरपेक्ष्यते। बुद्धिशुद्धौ च नित्यादि कर्मभ्यो नान्यदिष्यते॥

आत्माज्ञानैकहेतुत्वाद्वाङ्मनःकायकर्मणाम्। आत्मज्ञानेन तद्बाधात्कर्मापेक्षा कुतो भवेत्॥" इति।

एवं परम्परया कर्मणां मोक्षोपयोगित्वं यद्यपि *"सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्"* इति सूत्रे प्रदर्शितं तथापि त्रिविधस्य कर्मणोऽज्ञानजन्यत्वाज्ज्ञानादज्ञाननिवृत्तौ तदुत्थस्य कर्मणोऽपि निवृत्तत्वादिति भावः। (बृ.वा. १.३.९८-१००)

ज्ञाननिष्ठा में तत्पर पुरुष के लिए कर्म उपयोगी नहीं हैं। कर्म तथा ज्ञाननिष्ठा की एक साथ स्थिति नहीं हो सकती है ॥८५२॥

ज्ञाननिष्ठा में तत्पर पुरुष के लिए, वह ही परम साधन है, 'मैं ब्रह्म हूँ, जगत् मिथ्या है' - जो निरन्तर इस प्रकार ध्यान करने के स्वभाव वाला है, जिसका वर्णन भगवान् करते हैं 'मन तथा इन्द्रियों सहित शरीर को वश में रखने वाला आशा रहित और सङ्ग्रह रहित योगी अकेला ही एकान्त स्थान में स्थित होकर आत्मा को निरन्तर परमात्मा में लगावे' (भ० गी० ६।१०) निष्प्रयोजन होने से उसके लिए सभी कर्मों के त्याग में ही अधिकार है। कर्म तथा ज्ञाननिष्ठा की कभी भी एक साथ स्थिति नहीं हो सकती है। वार्तिककार द्वारा कहा गया है -

'अविद्या को दूर करने के लिए ज्ञान से अन्य कुछ और अपेक्षित नहीं है। उस ज्ञान की उत्पत्ति के लिए शम आदि के सिवा अन्य कुछ

अपेक्षित नहीं है' (बृ० वा० १।३।९८)।
'शम आदि की उत्पत्ति के लिए बुद्धि की शुद्धि के सिवा अन्य कुछ अपेक्षित नहीं है तथा बुद्धि की शुद्धि के लिए नित्य आदि कर्मों के पालन के अतिरिक्त और कुछ इच्छा नहीं करता' (बृ० वा० १।३।९९)।
'वाणी, मन तथा शरीर के वे कर्म जो (केवल) आत्मा के अज्ञान से उत्पन्न होते हैं तथा जो आत्मा के ज्ञान से बाधित हो जाते हैं, तो फिर किसी भी कर्म की अपेक्षा (अर्थात् आवश्यकता) कहाँ हो सकती है' (बृ० वा० १।३।१००)?

इस प्रकार यद्यपि परम्परा से कर्मों की मोक्ष के लिए उपयोगिता है, जैसा कि सूत्र में बताया गया है 'इसके सिवा विद्या की उत्पत्ति के लिए समस्त वर्णाश्रमोचित कर्मों की आवश्यकता है क्योंकि यज्ञ आदि कर्मों को ब्रह्म विद्या में हेतु बताने वाली श्रुति है जैसे घोड़ा योग्यतानुसार सवारी के काम में ही लिया जाता है, प्रासाद पर चढ़ने के काम में नहीं; उसी प्रकार कर्म विद्या की उत्पत्ति के लिए अपेक्षित है, मोक्ष के लिए नहीं' (ब्र० सू० ३।४।२६)। फिर भी, क्योंकि तीनों प्रकार के कर्म अज्ञान से उत्पन्न होते हैं, जब ज्ञान के द्वारा अज्ञान की निवृत्ति होती है, तब उससे उत्पन्न कर्मों की भी निवृत्ति हो जाती है - यह भाव है।

परस्परविरुद्धत्वात्तयोर्भिन्नस्वभावयोः । कर्तृत्वभावनापूर्वं कर्म ज्ञानं विलक्षणम् ॥८५३॥

भिन्नस्वभावयोस्तयोर्ज्ञानकर्मणोः **परस्परविरुद्धत्वात्स**हस्थितिर्न सिध्यति। **कर्म कर्तृत्वभावनापूर्वं** कर्तृत्वभावनासहितं भवति, **ज्ञानं** तु **तद्विलक्षणमि**ति।

परस्पर विरुद्ध होने से दोनों का स्वभाव भिन्न है। कर्म कर्तृत्व भावना पूर्वक है, ज्ञान विलक्षण है ॥८५३॥

ज्ञान-कर्म दोनों का भिन्न स्वभाव है, परस्पर विरुद्ध होने से दोनों की एक साथ स्थिति सिद्ध नहीं है। कर्म कर्तृत्व भावना सहित होता है, किन्तु ज्ञान उससे विलक्षण है।

देहात्मबुद्धेर्विच्छित्त्यै ज्ञानं कर्म विवृद्धये । अज्ञानमूलकं कर्म ज्ञानं तूभयनाशकम् ॥८५४॥

ज्ञानं तु **देहात्मबुद्धेर्दे**ह आत्मबुद्धिरहम्भावस्तस्य **विच्छित्त्यै** विनाशाय किन्तु **कर्म** तस्यैव **विवृद्धये** भवति। **कर्माज्ञानमूलकं तु** परन्तु **ज्ञानमुभयनाशकम**ज्ञानस्य तज्जन्यकर्तृत्वस्य च नाशकमिति। यज्ज्ञानेन नाशितं भवति तत्सर्वमज्ञानं तत्कार्यञ्च। यस्मादज्ञानं सर्वानर्थोपादानम्, तस्य सर्वप्रमाणप्रमेयव्यवहाराणां कर्तृत्वभोक्तृत्वादिनाञ्चैकमात्रहेतुत्वादहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्याज्ञानापनोदकत्वात्सकृत्प्रवृत्त्या क्रियाकारकफलानामुपमर्दनं करोति कथं नु कर्मणः सहस्थितिर्ज्ञाननिष्ठायामिष्यत इति।

देह में आत्म बुद्धि का विनाश करने के लिए ज्ञान है, उसी (देहात्म बुद्धि) की वृद्धि के लिए कर्म है। कर्म अज्ञान मूलक है, किन्तु ज्ञान दोनों का नाश करने वाला है ॥८५४॥

ज्ञान तो देह में आत्म बुद्धि अर्थात् अहं भाव के विनाश के लिए है, किन्तु कर्म उसी की वृद्धि के लिए होता है। कर्म अज्ञान मूलक है, परन्तु ज्ञान दोनों अज्ञान तथा उससे उत्पन्न कर्तृत्व का नाश करने वाला है। जिसका ज्ञान से नाश होता है, वह सब अज्ञान तथा उसके कार्य हैं। चूँकि अज्ञान समस्त अनर्थों का कारण है, वह सभी प्रमाण-प्रमेय के व्यवहारों तथा कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि का एकमात्र कारण है, 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान के द्वारा अज्ञान के दूर हो जाने पर, [वह ज्ञान] एक बार प्रवृत्त होकर क्रिया, कारक, फल का उपमर्दन (विनाश) कर देता है। इस प्रकार ज्ञाननिष्ठा में कर्म की सहस्थिति कैसे मानी जा सकती है?

ज्ञानेन कर्मणो योगः कथं सिध्यति वैरिणा । सहयोगो न घटते यथा तिमिरतेजसोः ॥८५५॥

यथा तिमिरतेजसोस्तिमिरञ्च तेजश्च तिमिरतेजसी तयोरन्धकारदिवाकरयोः **सहयोगः** सहावस्थानं **न घटते** सम्भवति तथा **वैरिणा ज्ञानेन कर्मणो योगः** सम्बन्धः **कथं सिध्यति**। तयोः सहानुष्ठानाशक्यत्वात्।

१. देहान्तरोपभोग्यं स्वर्गं यियासुरग्निहोत्रं जुहुयान्न ब्रह्मनिष्ठां चिकीर्षुर्येन वेदान्तवेद्यमशनायाद्यतीतमपेतब्रह्मक्षत्रादि-भेदमसंसार्यात्मतत्त्वं ज्ञातम्।
२. आत्मनः परमार्थतः कर्तृत्वभोक्तृत्वाद्यभावात्तद्विदः कर्माधिकारासम्भवादविद्वद्विषयाण्येव सर्वाणि कर्माणि।
३. न हि सर्व आम्नायः क्रियार्थ एव। यदि ह्येवं स्यात्तर्हि भगवान् बादरायणः *"अथातो ब्रह्मजिज्ञासा"* इत्येवमादि ब्रह्मवस्तुस्वरूपमात्रयाथात्म्यप्रकाशनपरमगाधन्यायसन्दृब्धं सर्ववेदान्तार्थमीमांसनं श्रीमच्छारीरकं नासूत्रयिष्यत्।
४. देहेन्द्रियादिष्वहम्ममाभिमानिन एव कर्मण्यधिकारो न त्वसङ्गस्याऽऽत्मनस्तेषां साक्षिणः। यस्य मनुष्यत्वाभिमानस्तं शास्त्रं *"कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत्"* इत्युपदिशति न निर्द्वयं विद्यावन्तं नरत्वाभिमानहीनमिति।

जैसे अन्धकार तथा प्रकाश का सहयोग नहीं घटता है, उसी प्रकार कर्म तथा उसके वैरी ज्ञान का योग कैसे सिद्ध हो सकता है? ॥८५५॥

जैसे अन्धकार तथा सूर्य का एक साथ रहना सम्भव नहीं है, वैसे ही कर्म तथा उसके वैरी ज्ञान का सम्बन्ध कैसे सिद्ध हो सकता है क्योंकि दोनों का एक साथ अनुष्ठान करना असम्भव है।

१. दूसरे शरीर से भोगने योग्य स्वर्ग की इच्छा रखने वाला पुरुष अग्निहोत्र (कर्म) करे, किन्तु ब्रह्म निष्ठा की इच्छा रखने वाला पुरुष नहीं, जिसके द्वारा वेदान्त से जानने योग्य, भूख-प्यास आदि से अतीत, ब्राह्मण-क्षत्रिय आदि के भेद से रहित, संसार से अतीत आत्म तत्त्व ज्ञात हो चुका है।
२. परमार्थ रूप से आत्मा में कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि का अभाव होने से तथा उसे जानने वाले (ज्ञानी) के लिए कर्मों का अधिकार सम्भव नहीं है। इसीलिए सभी कर्म अज्ञानी पुरुषों के ही विषय हैं।
३. सम्पूर्ण वेद केवल क्रिया के लिए ही नहीं हैं। यदि ऐसा होता तो भगवान् बादरायण ने 'अब यहाँ से ब्रह्म विषयक विचार आरम्भ किया जाता है' (ब्र० सू० १।१।१) से प्रारम्भ होने वाला, ब्रह्म वस्तु के यथार्थ स्वरूप मात्र का प्रकाशन करने वाला, गहन तर्कों से युक्त, सम्पूर्ण वेदान्त के अर्थ की मीमांसा करने वाले श्रीमत् शारीरक सूत्रों की रचना नहीं की होती।
४. देह-इन्द्रियों आदि में 'मैं', 'मेरा' का अभिमान रखने वाला ही कर्मों में अधिकारी है, न कि असङ्ग उनके साक्षी आत्मा का। जिसे मनुष्य होने का अभिमान है, उसी को शास्त्र 'कर्म करते हुए ही यहाँ सौ वर्ष जीने की इच्छा करे' (ई० उ० २) ऐसा उपदेश करता है, न कि अद्वय को जानने वाले विद्वान् को तथा जिसमें मनुष्य होने का अभिमान नहीं रह गया है।

निमेषोन्मेषयोर्वापि तथैव ज्ञानकर्मणोः। प्रतीचीं पश्यतः पुंसः कुतः प्राचीविलोकनम्।
प्रत्यक्प्रवणचित्तस्य कुतः कर्मणि योग्यता ॥८५६॥

अपि वा यथा नेत्रं **निमिषोन्मेषयोस्तथैव ज्ञानकर्मणोः** सहयोगो न घटते। **प्रतीचीं पश्यतः पुंसः प्राचीविलोकनं कुतः**? **प्रत्यक्प्रवणचित्तस्य** प्रत्यगात्मनि प्रवणं तत्प्रत्यक्प्रवणं तच्चित्तं यस्य तस्य सर्वदाऽऽत्मचिन्तनरतस्य स्वस्य जगदधिष्ठानरूपेण ध्याननिमग्नस्य *"न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः। न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता", "न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते"* इति परमार्थचिन्तकस्याजातब्रह्मणि रममाणस्य **कर्मणि योग्यता कुत** इति भावः।

आँख बन्द करने और खोलने की भाँति ही ज्ञान तथा कर्म (एक साथ) नहीं हो सकते। पश्चिम दिशा को देखने वाले पुरुष को पूर्व दिशा का दर्शन कैसे हो सकता है? जिसका चित्त पूर्णतः प्रत्यक् में लगा हुआ है, उसकी कर्मों में योग्यता कैसे हो सकती है?॥८५६॥

जैसे नेत्र की निमेष-उन्मेष क्रिया एक साथ नहीं हो सकती, उसी प्रकार ज्ञान तथा कर्म का सहयोग सम्भव नहीं है। पश्चिम दिशा को देखने वाले पुरुष को पूर्व दिशा का दर्शन कैसे हो सकता है? जिसका चित्त पूर्णतः प्रत्यक् में लगा हुआ है, जो सदा आत्म चिन्तन में रत है, जो जगत् के अधिष्ठान रूप से आत्मा का ध्यान करने में निमग्न है 'न प्रलय है, न उत्पत्ति है, न संसारी बद्ध जीव है, न मोक्ष का साधन ही है

तथा न मुमुक्षु है, न बन्धन मुक्त ही है - यही परमार्थता है' (मा० का० २।३२), 'जिस सत्य स्वरूप ब्रह्म में कोई वस्तु अणु मात्र भी उत्पन्न नहीं होती, यह सर्वोत्तम सत्य है' (मा० का० ३।४८) इस प्रकार अजात ब्रह्म में रमण कर रहे उस परमार्थ चिन्तक की कर्मों में योग्यता कैसे हो सकती है - ऐसा भाव है।

ज्ञानैकनिष्ठानिरतस्य भिक्षोर्नैवावकाशोऽस्ति हि कर्मतन्त्रे । तदेव कर्मास्य तदेव सन्ध्या तदेव सर्वं न ततोऽन्यदस्ति ॥८५७॥

ज्ञानैकनिष्ठानिरतस्य ज्ञान एव निष्ठा ज्ञानैकनिष्ठा तस्यान्निरतो ज्ञानैकनिष्ठानिरतस्तस्य **भिक्षोः** सर्वकर्मसंन्यासिनः **कर्मतन्त्रे** सङ्कल्पजन्यकर्मणि लौकिके वैदिके वा **नैवावकाशोऽस्ति**। अज्ञो हि बाह्यविषयेषु दुःखमिश्रितादिवर्णितेषु सुखमध्यारोप्य समीचीनत्वबुध्या शोभनाध्यासं करोति ततः कामनां करोति तस्यैव कर्मण्यधिकारस्तस्मान्निश्चयं ह्यस्य ज्ञानामृतेन तृप्तस्य कृतकृत्यस्य **तदेव कर्म तदेव सन्ध्या तदेव** ज्ञानमेव **सर्वं ततोऽन्यन्नास्ति** किञ्चित्। उक्तं हि *"ज्ञानामृतेन तृप्तस्य कृतकृत्यस्य योगिनः। नैवास्ति किञ्चित्कर्तव्यमस्ति चेन्न स तत्त्ववित्", "आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः। किमिच्छन् कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरेत्", "एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्च भारत।"* इति। तस्य सन्ध्यावन्दनतीर्थयात्राजपानुष्ठानादिना वा नैवास्ति प्रयोजनम्। तेन पुनः पुनः सभाष्यप्रस्थानत्रय्यध्ययनमध्यापनं वाऽन्यद्बृहद्वेदान्तग्रन्थानामध्ययनं करणीयं यथा तत्त्वप्रदीपिका, अद्वैतसिद्धिः, नैष्कर्म्यसिद्धिः, बृहदारण्यकोपनिषद्भाष्यवार्तिकम्, सिद्धान्तलेशसङ्ग्रहः, सङ्क्षेप-शारीरकः, उपदेशसाहस्री, सिद्धान्तबिन्दुरिति, अथवा दृश्यानुविद्धशब्दानुविद्धसविकल्पसमाध्यभ्यासेन निष्ठामापादयेन्निरन्तरं कालञ्च नयेदिति।

ज्ञान में एक निष्ठ निरत भिक्षु के लिए कर्म तन्त्र में कहीं भी अवकाश नहीं है। उसके लिए वही कर्म है, वही सन्ध्या है, वही सब कुछ है। उससे अन्य कुछ भी नहीं है ॥८५७॥

ज्ञान ही निष्ठा है - ज्ञान में एक निष्ठ होकर तत्पर रहने वाले, सब कर्मों का संन्यास कर चुके भिक्षु के लिए, सङ्कल्प पूर्वक किए जाने वाले लौकिक या वैदिक कर्मों में कहीं भी अवकाश नहीं है। अज्ञानी पुरुष दुःख-मिश्रित आदि बताए गए बाह्य विषयों में सुख का आरोप करके, समीचीनत्व बुद्धि से शोभन अध्यास करता है, फिर उनमें कामना करता है; उसी का कर्मों में अधिकार है। इसीलिए निश्चय ही जो इस ज्ञान रूपी अमृत से तृप्त है, कृतकृत्य है; उसके लिए वही कर्म है, वही सन्ध्या है, वह ज्ञान ही सब कुछ है; उससे अन्य कुछ नहीं है। कहा गया है 'ज्ञान रूपी अमृत से तृप्त, कृतकृत्य योगी के लिए कुछ भी कर्तव्य नहीं है; यदि (कर्तव्य) है तो वह तत्त्ववित् नहीं है' (जा० उ० १।२३), 'यदि पुरुष आत्मा को 'मैं यह हूँ' इस प्रकार विशेष रूप से जान जाए तो फिर क्या इच्छा करता हुआ और किस कामना से शरीर के साथ जुड़ा रहे' (बृ० उ० ४।४।१२), 'हे भारत! इसको तत्त्व से जानकर [मनुष्य] बुद्धिमान और कृतकृत्य हो जाता है' (भ० गी० १५।२०)। उसके लिए सन्ध्या वन्दन, तीर्थ यात्रा, जप, अनुष्ठान आदि का कोई प्रयोजन नहीं है। उसे पुनः पुनः तीन प्रस्थानों का भाष्य सहित अध्ययन-अध्यापन अथवा अन्य बृहद् वेदान्त ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए, जैसे - तत्त्व प्रदीपिका, अद्वैत सिद्धि, नैष्कर्म्य सिद्धि, बृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य वार्तिक, सिद्धान्त लेश सङ्ग्रह, सङ्क्षेप शारीरक, उपदेश साहस्री, सिद्धान्त बिन्दु अथवा दृश्यानुविद्ध तथा शब्दानुविद्ध सविकल्प समाधि के अभ्यास द्वारा निष्ठा प्राप्त करे और निरन्तर उसी में समय व्यतीत करे।

बुद्धिकल्पितमालिन्यक्षालनं स्नानमात्मनः । तेनैव शुद्धिरेतस्य न मृदा न जलेन च ॥८५८॥

बुद्धिकल्पितमालिन्यक्षालनं बुद्धेः कल्पितं बुद्धिकल्पितमज्ञानजन्यं तस्य बुद्धिकल्पितस्य मालिन्यमशुद्धिः कामक्रोधविक्षेपादि-दोषास्तेषां क्षालनं परिशोध**नमात्मनो**ऽन्तःकरणस्य **स्नानम्**। **तेनैव** ज्ञाननिष्ठाऽभ्यासेन कल्पितद्वैतविनिवृत्त्याऽजब्रह्मचिन्तनेन **चैतस्या**ऽऽत्मनः **शुद्धिर्भ**वति **न मृदा न जलेन** न फेनकेन चेति।

बुद्धि से कल्पित मालिन्य को हटाना आत्मा का स्नान है। उसी से इसकी शुद्धि होती है, न मिट्टी से और न जल से ॥८५८॥

अज्ञान से उत्पन्न अशुद्धि अर्थात् काम, क्रोध, विक्षेप आदि दोषों का परिशोधन करना ही अन्तःकरण का स्नान है। ज्ञाननिष्ठा के अभ्यास,

कल्पित द्वैत की निवृत्ति तथा अज ब्रह्म के चिन्तन से इस आत्मा की शुद्धि होती है, न मिट्टी से और न साबुन से।

एवं सति यत्तीर्थाटनं पुरश्चरणं चान्द्रायणादितपोऽनुष्ठानं वाऽन्यैः सर्वैः साधकैर्यत्नपूर्वकमुपादीयते तस्य का स्थितिरिति स्पष्टीकरोति स्वस्वरूप इति।

ऐसा होने पर जो तीर्थाटन, पुरश्चरण, चान्द्रायण आदि तप का अनुष्ठान अथवा अन्य सभी जो साधकों द्वारा यत्नपूर्वक किए जाते हैं, उनकी क्या स्थिति है? इसे स्पष्ट करते हैं 'स्वस्वरूपे' इत्यादि से -

स्वस्वरूपे मनःस्थानमनुष्ठानं तदिष्यते । करणत्रयसाध्यं यत्तन्मृषा तदसत्यतः ॥८५९॥

स्वस्वरूपे यन्मनःस्थानं मनसः समाधानं यत्त्रिभिः श्लोकैः (९८-१००) शमः प्रकरणे वर्णितं **तदनुष्ठानमिष्यते**। *"सर्वदा स्थापनं बुद्धेः शुद्धे ब्रह्मणि सर्वथा। तत्समाधानमिति"* तदेव करणीयमिति। **यत्करणत्रयसाध्यं** कर्मेन्द्रियं, ज्ञानेन्द्रियं मनश्च त्रीणि करणानि तैः साध्यं **तत्तदसत्यतस्ते**षामसत्यतोऽसत्यत्वा**न्मृषा** तस्माज्ज्ञानिनां तेष्वनुष्ठानेषु न महत्त्वबुद्धिरस्तीत्यर्थः।

अपने स्वरूप में मन की स्थिति को अनुष्ठान माना जाता है। जो तीन करणों द्वारा साध्य होता है, वह मृषा है क्योंकि वे मिथ्या हैं ॥८५९॥

अपने स्वरूप में जो मन का समाधान है, जो तीन श्लोकों के द्वारा (९८-१००) शम प्रकरण में वर्णन किया गया है - उसे अनुष्ठान माना जाता है। 'अपनी बुद्धि को सब प्रकार शुद्ध ब्रह्म में ही सदा स्थिर रखना - इसी को समाधान कहा है' (वि० चू० २६) - वह ही किया जाना चाहिए। कर्मेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय तथा मन तीन करण हैं, उनके द्वारा जो साध्य होता है, उनके मिथ्या होने के कारण वे मृषा हैं। इसीलिए ज्ञानियों को उनके अनुष्ठान में महत्त्व बुद्धि नहीं होती है - ऐसा अर्थ है।

विनिषिध्याखिलं दृश्यं स्वस्वरूपेण या स्थितिः । सा सन्ध्या तदनुष्ठानं तद्दानं तद्धि भोजनम् ॥८६०॥

अखिलं दृश्यं समस्तानात्मप्रपञ्चं सर्वक्रियाकारकफलविभागात्मकसंसारं **विनिषिध्य स्वस्वरूपेण** क्रियाकारकफलविभाग-साक्षित्वेन स्वतःसिद्धात्मचैतन्यरूपेणाऽस्थूलमनणवह्रस्वमदीर्घात्मकसर्वविशेषशून्यत्वेन **या स्थितिः सा सन्ध्या तदेवानुष्ठानं तद्दानं तद्धि भोजनमि**ति।

सम्पूर्ण दृश्य का निषेध करके अपने स्वरूप में जो स्थिति है, वही सन्ध्या है, वही अनुष्ठान है, वही दान है, वही भोजन है ॥८६०॥

समस्त अनात्मा प्रपञ्च, सब क्रिया-कारक-फल के विभाग से युक्त संसार का निषेध करके क्रिया-कारक-फल के विभागों का साक्षी, स्वतःसिद्ध आत्म चैतन्य रूप, अस्थूल, अणु, ह्रस्व या दीर्घ नहीं, सभी विशेषों से शून्य से जो स्थिति है, वही सन्ध्या है, वही अनुष्ठान है, वही दान है, वही भोजन है।

विज्ञातपरमार्थानां शुद्धसत्त्वात्मनां सताम् । यतीनां किमनुष्ठानं स्वानुसन्धिं विनापरम् ॥८६१॥

विज्ञातपरमार्थानां विज्ञातं परमार्थं ब्रह्मतत्त्वं यैस्ते विज्ञातपरमार्थास्तेषां **शुद्धसत्त्वात्मनां** शुद्धं सत्त्वमन्तःकरणं येषां ते शुद्धसत्त्वास्तदेवाऽऽत्मा स्वरूपं येषां ते शुद्धसत्त्वात्मानो *"वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः"*, तेषां **सतां** महात्मनां त्यक्तसर्वबाह्यैषणानां ब्रह्मण्यात्माकारप्रत्ययशीलानां यदृच्छाप्राप्तकौपीनाच्छादनभिक्षामात्रदेहस्थितिवतां **यतीनां स्वानुसन्धिमा**त्मानुसन्धानं **विनाऽपरमन्यत्किमनुष्ठानं** कर्तव्यमस्ति? *"निःस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एव च"*, *"अद्वैतं समनुप्राप्य जडवल्लोकमाचरेत्"* इति परमगुरूणां वचनान्नैवास्ति किञ्चिदन्यत्कर्तव्यमिति शेषः।

जिन्होंने परम अर्थ को जान लिया है, जो शुद्ध सत्त्व वाले हैं, ऐसे सत्पुरुष यतियों के लिए स्वरूप में स्थिति के अतिरिक्त दूसरा कौन-सा

अनुष्ठान है? ॥८६१॥

जिनके द्वारा ब्रह्म तत्त्व को जान लिया गया है उनका, जिनका स्वरूप शुद्ध अन्तःकरण है 'जिन्होंने वेदान्त जनित विज्ञान से ज्ञेय अर्थ का अच्छी तरह निश्चय कर लिया है, वे संन्यास योग से यत्न करने वाले शुद्ध चित्त' (मु० उ० ३।२।६), उन महात्माओं का जिन्होंने सब बाह्य एषणाओं का त्याग कर दिया है; ब्रह्म में आत्माकार प्रत्यय होना जिनका स्वभाव है; अपने आप से प्राप्त कौपीन, वस्त्र तथा भिक्षा मात्र से शरीर स्थिति बनाए रखते हैं, उन यतियों के लिए आत्म-अनुसन्धान के अतिरिक्त अन्य क्या कर्तव्य है? परम गुरु के वचनों के अनुसार उसके लिए कुछ भी अन्य कर्तव्य नहीं है 'स्तुति, नमस्कार, स्वधाकार आदि सम्पूर्ण कर्मों से रहित हो' (मा० का० २।३७), 'अद्वैत तत्त्व को भली प्रकार से प्राप्त कर लोक में जड़वत् आचरण करे' (मा० का० २।३६) - यही शेष अर्थ है।

तस्मात्क्रियान्तरं त्यक्त्वा ज्ञाननिष्ठापरो यतिः । सदात्मनिष्ठया तिष्ठेन्निश्चलस्तत्परायणः ॥८६२॥

तस्मात्क्रियान्तरं लौकिकं वैदिकं वा **त्यक्त्वा ज्ञाननिष्ठापरो** ज्ञाने निष्ठा ज्ञाननिष्ठा तदेव परमेकमात्रं ध्येयं यस्य स ज्ञाननिष्ठापरो **यतिः** सर्वकर्मसंन्यासी **सदाऽऽत्मनिष्ठया निश्चलः** स्थिरस्तत्परायणः सन् **तिष्ठेत्**। *"तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः। गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः"* इति भगवद्वचनान्मुमुक्षुभिर्ब्रह्मनिष्ठैव कार्याऽजाद्वितीयब्रह्मण्येवाऽऽत्मानुसन्धानं कुर्यादित्यर्थः।

इसीलिए ज्ञाननिष्ठा में लगा हुआ संन्यासी अन्य क्रियाओं को त्याग कर सदा आत्म निष्ठा से निश्चल, उसके परायण होकर स्थित रहे ॥८६२॥

इसीलिए लौकिक अथवा वैदिक क्रियाओं को त्याग कर, ज्ञाननिष्ठा ही जिसके लिए परम तथा एक मात्र ध्येय है, वह सभी कर्मों का त्याग किया संन्यासी सदा आत्म निष्ठा से स्थिर, उसके परायण होकर स्थित रहे। 'जिनकी बुद्धि उस (परमात्मा) में स्थित है, जिनका मन तद्रूप हो रहा है, उसमें ही जिनकी निष्ठा है, तत्परायण पुरुष ज्ञान के द्वारा पाप रहित होकर अपुनरावृत्ति अर्थात् परम गति को प्राप्त होते हैं' (भ० गी० ५।१७) भगवान् के वचनों के अनुसार मुमुक्षुओं के द्वारा ब्रह्म निष्ठा ही की जानी चाहिए; अज, अद्वितीय ब्रह्म में ही आत्मा का ध्यान करना चाहिए - ऐसा अर्थ है।

कर्तव्यं स्वोचितं कर्म योगमारोढुमिच्छता । आरोहणं कुर्वतस्तु कर्म नारोहणं मतम् ॥८६३॥

योगमारोढुमनुसन्दधातुं निर्विकल्पसमाधिं प्राप्तु**मिच्छता स्वोचितं कर्म कर्तव्यं** ब्रह्मणि चित्तं स्थापयितुं युक्तो योगी निदिध्यासुः सततं नियमेनाऽऽत्मानं मनः प्रत्यगभिन्ने परे ब्रह्मणि सर्वनिषेधाऽवधिभूते नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यपरमानन्दाद्वये स्वात्मनि सन्दधीत। किञ्च यथासम्भववेदान्ताध्ययनाध्यापनादिव्यवहारं कृत्वाऽत्याश्रमी युक्ताहारविहारं कुर्वन्नपि विविक्तदेशसेवी न कुत्रापि रतिं कुर्यात्। **आरोहणं कुर्वतः कर्म न** करणीयं किन्तु योगा**ऽऽरोहणमे**व कर्म **मतमि**ति।

योग पर आरूढ होने की इच्छा वाले को अपने उचित कर्म करने चाहिए। किन्तु (योग पर) आरोहण करते हुए उसके लिए कर्म आरोहण नहीं माना गया है ॥८६३॥

अनुसन्धान करने, निर्विकल्प समाधि प्राप्त करने की इच्छा वाले को अपने उचित कर्म करने चाहिए। ब्रह्म में चित्त को स्थापित करने के लिए जो योगी निदिध्यासन में तत्पर है, वह सतत् और नियमपूर्वक आत्मा को, उस परम ब्रह्म में, जो मन से अभिन्न (प्रत्यक्) है, सम्पूर्ण निषेधों की सीमा रूप, नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त-सत्य-परम आनन्द-अद्वय, अपने स्वरूप में स्थित करे। और यथासम्भव वेदान्त के अध्ययन-अध्यापन आदि व्यवहार करता हुआ, अत्याश्रमी (संन्यासी) युक्त आहार-विहार करता हुआ एकान्त स्थान का सेवन करे; कहीं भी आसक्ति न करे। योग का आरोहण करने वाले को कर्म नहीं करना चाहिए, किन्तु योग का आरोहण ही कर्म माना गया है।

योगं समारोहति यो मुमुक्षुः क्रियान्तरं तस्य न युक्तमीषत् ।
क्रियान्तरासक्तमनाः पतत्यसौ तालद्रुमारोहणकर्तृवद्ध्रुवम् ॥८६४॥

यो मुमुक्षुर्योगं समाध्यभ्यासं **समारोहत्य**नुसन्दधते **तस्य** ब्रह्मात्मचिन्तनरतस्याऽत्यन्त-समाहित**स्येषत्क्रियान्तरं न युक्तम्**। **असौ क्रियान्तरासक्तमनाः** क्रियान्तरेष्वन्यक्रियास्वासक्तमनो यस्य स क्रियान्तरासक्तमनाः सन् **ध्रुवं** निश्चितं हि **तालद्रुमारोहणकर्तृवत्ताल** इति द्रुमो वृक्षस्तालद्रुमस्तस्याऽऽरोहणकर्ता तद्वत्तालद्रुमारोहणकर्तृ**वत्पतति**। यदि मनो देहेन्द्रियविषयादिषु बहिर्गच्छेत्तर्हि कालान्तरे तेषु शोभनाध्यास उद्भवेत्तदा तेषां सङ्कल्पनात्कामस्तदनन्तरं कर्मादिसकलव्यवहार आपतेत्तच्च सर्वमनिष्टमिति।

"ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते। सङ्गात्सञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते॥ क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः। स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति॥" इति प्रज्ञाया ब्रह्मणि स्थितिश्चिकीर्षुणा न विषयचिन्तनं न कर्मचिन्तनमपि करणीयं किमु वक्तव्यं क्रियान्तरमिति भावः।

जो मुमुक्षु योग पर आरोहण कर रहा है, उसके लिए थोड़ा भी अन्य कर्म उचित नहीं है। अन्य कर्मों में आसक्त मन वाला ताड़ के वृक्ष पर चढ़ने वाले के समान निश्चित रूप से गिर जाता है ॥८६४॥

जो समाधि अभ्यास का अनुसन्धान कर रहा है, उस ब्रह्म-आत्म चिन्तन में रत, अत्यन्त समाहित के लिए थोड़ा भी अन्य कर्म उचित नहीं है। अन्य कर्मों में आसक्त मन वाला होने से वह निश्चित ही ताड़ के वृक्ष पर चढ़ने वाले के समान गिर जाता है। यदि मन देह, इन्द्रियों और विषयों आदि में बाहर की ओर जाता है, तब कुछ समय पश्चात् उनमें शोभन अध्यास उत्पन्न होता है, फिर उनका सङ्कल्प होने पर कामना, उसके बाद कर्म आदि का समस्त व्यवहार होता है और यह सब अनिष्ट है।

'विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है, आसक्ति से कामना उत्पन्न होती है, कामना से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से अत्यन्त मूढ भाव उत्पन्न हो जाता है, मूढ भाव से स्मृति में भ्रम हो जाता है, स्मृति में भ्रम हो जाने से बुद्धि अर्थात् ज्ञान शक्ति का नाश हो जाता है और बुद्धि का नाश हो जाने से नष्ट हो जाता है' (भ० गी० २।६२,६३) - इस प्रकार जो ब्रह्म में स्थित प्रज्ञा को प्राप्त करना चाहता है, उसके द्वारा न तो विषयों का चिन्तन और न ही कर्मों का चिन्तन किया जाना चाहिए; फिर अन्य कर्मों की तो बात ही क्या - यह भाव है।

योगारूढस्य सिद्धस्य कृतकृत्यस्य धीमतः। नास्त्येव हि बहिर्दृष्टिः का कथा तत्र कर्मणाम् ।
दृश्यानुविद्धः कथितः समाधिः सविकल्पकः ॥८६५॥

योगारूढस्य समाधिस्थस्य स्थितप्रज्ञस्य **सिद्धस्य कृतकृत्यस्य धीमतो** ब्रह्मनिष्ठस्य **बहिर्दृष्टिरेव नास्ति हि** यस्मात्तस्मात्तत्र **कर्मणां का कथा**? यत्किञ्चिद्व्यवहारो दृश्यते तद्बाधितानुवृत्त्या शरीरयात्रार्थं लोकसङ्ग्रहार्थं वा वर्तते तत्राऽऽत्मज्ञानिनो लेशमात्रोऽपि सम्बन्धो न शङ्कनीयोऽसङ्गत्वात्तस्य। एवं **दृश्यानुविद्धः सविकल्पकः समाधिः कथित** इति।

योगारूढ, सिद्ध, कृतकृत्य, बुद्धिमान् की बाहर दृष्टि ही नहीं है, फिर कर्मों की तो चर्चा ही क्या है? इस प्रकार दृश्य से युक्त सविकल्पक समाधि कही गयी है ॥८६५॥

समाधिस्थ, स्थितप्रज्ञ, सिद्ध, कृतकृत्य, ब्रह्मनिष्ठ की बाहर दृष्टि ही नहीं है। क्योंकि ऐसा है, इसीलिए उसके लिए कर्मों की तो चर्चा ही क्या है? उससे जो कुछ भी व्यवहार होता दिखता है, वह बाधित अनुवृत्ति से शरीर-यात्रा के लिए या लोकसङ्ग्रह के लिए होता है। उसमें आत्म-ज्ञानी का लेश मात्र भी सम्बन्ध है - ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह असङ्ग है। इस प्रकार दृश्य से युक्त सविकल्पक समाधि कही

गई है।

शब्दानुविद्धः सविकल्पकः समाधिः

शुद्धोऽहं बुद्धोऽहं प्रत्यग्रूपेण नित्यसिद्धोऽहम् । शान्तोऽहमनन्तोऽहं सततपरानन्दसिन्धुरेवाहम् ॥८६६॥

आद्योऽहमनाद्योऽहं वाङ्मनसाऽसाध्यवस्तुमात्रोऽहम् । निगमवचोवेद्योऽहमनवद्याखण्डबोधरूपोऽहम् ॥८६७॥

अहं शुद्धो बुद्धः प्रत्यग्रूपेण नित्यसिद्धः। अहं शान्तोऽनन्तः सततपरानन्दसिन्धुः सततो निरन्तरोऽचलोऽनागमापायी परश्चासावानन्दश्च परानन्दस्तस्य सिन्धुरपारराशिः परानन्दसिन्धुः सततश्चासौ परानन्दसिन्धुश्च सततपरानन्दसिन्धु**रेवाहम**स्मि। **अहमाद्य** आदौ भवः प्रथमोऽकार्यरूपश्चा**नाद्य** आद्यो न विद्यते यस्य सोऽनाद्यः कारणरहितोऽथवाऽहमाद्यः कारणरूपोऽहमनाद्यः कार्यरूपश्चेत्यर्थः। **वाङ्मनसाऽसाध्यवस्तुमात्रो** वाक्च मनश्च वाङ्मनसे ताभ्यां वाङ्मनसाभ्याम्, साध्यञ्च तद्वस्तु साध्यवस्तु न साध्यवस्त्वसाध्यवस्तु तन्मात्रः वाङ्मनसाऽसाध्यवस्तुमात्रोऽहं **निगमवचोवेद्यो** वेदान्तैकगम्यः *"तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि"*, *"वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः"*, *"वेदैरनेकैरहमेव वेद्यः"* इत्यादिश्रुतिभ्यः। **अनवद्यो**ऽच्युतो दोषरहितश्चा**ऽखण्डबोधरूपोऽहं** पूर्णबोधोऽहं सदानन्दपूर्णबोधोऽहम्, चिदानन्दपूर्णबोधोऽहमिति।

मैं शुद्ध हूँ, मैं ज्ञान स्वरूप, प्रत्यक् रूप से नित्य सिद्ध हूँ। मैं शान्त हूँ, मैं अनन्त हूँ, मैं निरन्तर परम आनन्द का ही सागर हूँ ॥८६६॥

मैं आदि हूँ, मैं अनादि हूँ, मैं वाक् तथा मन से असाध्य वस्तु मात्र हूँ। मैं वेद के वचनों से वेद्य, अनवद्य, अखण्ड बोध रूप हूँ ॥८६७॥

मैं शुद्ध, बुद्ध, प्रत्यक् रूप से नित्य सिद्ध हूँ। मैं शान्त, अनन्त, निरन्तर अचल, आगमन-अपाय से रहित, परम आनन्द की ही अपार राशि हूँ। मैं आदि में होने वाला, प्रथम, अकार्य रूप हूँ। जिसका आदि नहीं है, वह अनादि, कारण रहित अथवा मैं आदि - कारण रूप तथा मैं अनादि - कार्य रूप हूँ, यह अर्थ है। मैं वाणी तथा मन से प्राप्त न किया जा सकने वाला वस्तु मात्र हूँ। एक मात्र वेदान्त द्वारा जाना जाने वाला 'उस औपनिषद् पुरुष को मैं पूछता हूँ' (बृ० उ० ३।९।२६), 'जिन्होंने वेदान्त जनित विज्ञान से ज्ञेय अर्थ का अच्छी तरह निश्चय कर लिया है, वे संन्यास योग से यत्न करने वाले शुद्ध चित्त' (मु० उ० ३।२।६), 'सभी वेदों द्वारा मैं ही जानने योग्य हूँ' (कै० उ० २२) इन श्रुतियों से प्रमाणित होता है। अच्युत तथा दोष रहित, सदा आनन्द से परिपूर्ण बोध मैं हूँ, चित् आनन्द से परिपूर्ण बोध मैं हूँ।

विदिताविदितान्योऽहं मायातत्कार्यलेशशून्योऽहम् । केवलदृगात्मकोऽहं संविन्मात्रः सकृद्विभातोऽहम् ॥८६८॥

अहं विदिताविदितान्यो विदितश्चाविदितश्च विदिताविदितौ ताभ्यामन्यो विदितो जाग्रत्स्वप्नयोर्विषयोऽविदितः सुषुप्तिविषयस्ताभ्यामन्योऽथवा विदितः स्थूलसूक्ष्मविषयोऽविदितः कारणविषयस्ताभ्यामन्यः *"अन्यदेव तद्विदितादथोऽविदितादधि"* इति श्रुतेः। **मायातत्कार्यलेशशून्योऽहं** माया च तत्कार्यं च मायातत्कार्यं तयोर्लेशः सम्बन्धस्तच्छून्यस्तद्रहितः कार्यकारणसम्बन्धरहितस्तद्विलक्षणो**ऽहं केवलदृगात्मकः** केवलश्चासौ दृगात्मकश्च द्रष्टृमात्रः **संविन्मात्र**श्चिन्मात्रः **सकृद्विभातोऽहं** कूटस्थरूपत्वात्समत्वात्। *"अन्यत्रास्मात्कृताकृतात्"*, *"नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्"*, *"तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यमयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः"*, *"साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च"*, *"चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः"*, *"सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथञ्चन"*, *"निर्दोषं हि समं ब्रह्म"* इति श्रुतिस्मृतिभ्यामिति।

मैं विदित-अविदित से अन्य हूँ; मैं माया और उसके कार्य के लेश से रहित हूँ; मैं केवल द्रष्टा रूप, संवित मात्र हूँ; मैं एक रूप से भासने वाला हूँ ॥८६८॥

मैं विदित - जाग्रत्-स्वप्न के विषय, अविदित - सुषुप्ति के विषय दोनों से अन्य अथवा विदित - स्थूल, सूक्ष्म विषय, अविदित - कारण विषय दोनों से अन्य हूँ। 'वह विदित से अन्य ही है तथा अविदित से भी परे है' (के० उ० १।३) इस श्रुति से सिद्ध होता है। मैं माया और उसके कार्य के लेश मात्र सम्बन्ध से रहित अर्थात् कार्य-कारण सम्बन्ध से रहित, उससे विलक्षण हूँ। मैं द्रष्टा मात्र, चैतन्य मात्र हूँ। मैं कूटस्थ रूप, सम रूप हूँ। 'इस कार्य-कारण रूप प्रपञ्च से भी पृथक् है' (क० उ० १।२।१४), 'यह न तो किसी अन्य कारण से ही उत्पन्न हुआ है और न स्वतः ही कुछ [अर्थान्तर रूप से] बना है' (क० उ० १।२।१८), 'यह ब्रह्म अपूर्व (कारण रहित), अनपर (कार्य रहित), अनन्तर (विजातीय द्रव्य से रहित) तथा अबाह्य है। यह आत्मा ही सबका अनुभव करने वाला ब्रह्म है' (बृ० उ० २।५।१९), 'सबका साक्षी, सबको चेतना प्रदान करने वाला वह केवल एक तथा निर्गुण है' (श्वे० उ० ६।११), 'चित्स्वरूप, सदा शिव हूँ' (कै० उ० १८), 'सदा भासने वाला, सर्वज्ञ - ऐसे ब्रह्म में कोई उपचार नहीं है' (मा० का० ३।३६), 'ब्रह्म निर्दोष और सम है' (भ० गी० ५।१९) इत्यादि श्रुति, स्मृति से प्रमाणित होता है।

अपरोऽहमनपरोऽहं बहिरन्तश्चापि पूर्ण एवाहम् । अजरोऽहमक्षरोऽहं नित्यानन्दोऽहमद्वितीयोऽहम् ॥८६९॥

प्रत्यगभिन्नमखण्डं सत्यज्ञानादिलक्षणं शुद्धम् । श्रुत्यवगम्यं तथ्यं ब्रह्मैवाहं परं ज्योतिः ॥८७०॥

अहमपरः परः कारणं न पर इत्यपरो न कारणमिति। **अनपरो** न कार्यम्, चतुर्थस्तुरीयो देशकालातीतः *"सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः"*, **बहिश्चान्तश्च** सर्वव्यापी विभुः **पूर्णोऽहमेव**। **अजरः** षड्विकारवर्जितः षडूर्मिरहितश्चा**ऽक्षरो**ऽक्षयो **नित्यानन्दोऽद्वितीयोऽहम**स्मि। **प्रत्यगभिन्नमखण्डं सत्यज्ञानादिलक्षणं शुद्धं श्रुत्यवगम्यं** वेदान्तवेद्यं **तथ्यं** सत्यं **परं ज्योतिः** *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*, *"अत्रायं पुरुषः स्वयञ्ज्योतिर्भवति"*, *"स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म"* इति श्रुतिभ्यो **ब्रह्मैवाहम**स्मीति।

मैं पर नहीं हूँ, अनपर नहीं हूँ। मैं बाहर भी हूँ और भीतर भी; वास्तव में मैं पूर्ण हूँ। मैं जरा रहित, क्षय रहित हूँ। मैं नित्य आनन्द स्वरूप, अद्वितीय हूँ ॥८६९॥

मैं प्रत्यक् आत्मा से अभिन्न, अखण्ड हूँ; 'सत्य, ज्ञान आदि' लक्षण वाला शुद्ध हूँ; श्रुति के द्वारा जाना जाता हूँ; मैं ही सत्य, परम ज्योति, केवल ब्रह्म हूँ ॥८७०॥

मैं अपर अर्थात् कारण नहीं हूँ, अनपर - जो कार्य नहीं है; चतुर्थ, तुरीय, देश-काल से परे हूँ, 'बाहर-भीतर विद्यमान, अजन्मा' (मु० उ० २।१।२), सर्व व्यापी विभु, मैं ही पूर्ण हूँ। मैं षड्विकार वर्जित तथा छः तरङ्गों से रहित, अक्षय, नित्य आनन्द स्वरूप, अद्वितीय हूँ। प्रत्यक् आत्मा से अभिन्न, अखण्ड हूँ; 'सत्य, ज्ञान आदि' लक्षण वाला शुद्ध हूँ; वेदान्त के द्वारा जाना जाता हूँ; मैं ही सत्य, परम ज्योति, श्रुतियों में कहा गया 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान तथा अनन्त है' (तै० उ० २।१), 'इस अवस्था में यह पुरुष स्वयं ज्योतिःस्वरूप होता है' (बृ० उ० ४।३।९), और 'वही यह महान्, अजन्मा आत्मा अजर, अमर, अमृत एवं निर्भय ब्रह्म है' (बृ० उ० ४।४।२५) केवल ब्रह्म हूँ।

अत्र ब्रह्मविदाशीर्वादा अप्यहमेवमस्मीत्येवं प्रकारेणानुचिन्तनीयाः।

ज्ञानसिध्यर्थम्

नित्यनिर्विकारासङ्गाद्वितीयपरिपूर्णसच्चिदानन्दस्वप्रकाशचिदेकरसब्रह्मानुभवसिद्धिर्भूयात्। अहमादिदृश्यविलक्षणास्मत्प्रत्यया-लम्बनभूतप्रत्यक्चिन्मात्रस्वरूपाऽऽत्मानुभवसिद्धिर्भूयात्। सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहिताखण्डसच्चिदानन्दाद्वितीय-ब्रह्मात्मानुभवसिद्धिर्भूयात्। नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यपरमानन्दाद्वितीयब्रह्मात्मानुभवसिद्धिर्भूयात्।

स्वगतादि-भेदरहिताखण्ड-सच्चिदानन्दलक्षण-ब्रह्माभिन्नकूटस्थ-प्रत्यक्स्वरूपः सर्वसाक्षीति चिद्रूपानुभवसिद्धिर्भूयात्। स्वात्मनोऽन्यत्वेन प्रतिभातं सकलं साक्ष्यं जगत्स्वाविद्याविलसितत्वेन स्वानन्यत्वात्स्वात्ममात्रमिति, अद्वितीयब्रह्मात्मानुभव-

सिद्धिर्भूयात्। विकारमन्तरेण स्वाध्यस्तं सर्वं साक्षादव्यवधानेन स्वरूपबोधेनेक्षते पश्यतीति साक्ष्यनुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। देहेन्द्रियादिसकलजडावभासकत्वेनाऽऽत्मा चिद्रूप इति चिदात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। आत्मनि कदाचिदप्यप्रियाभावेन परमप्रेमास्पदत्वेन चात्मा परमानन्दरूप इत्यानन्दात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। अभारूपस्य विश्वस्य भानं भासकसन्निधिं विना कदाचिदपि न सम्भवतीति, भारूपात्मा सर्वगत इति सर्वगतात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। असज्जडदुःखात्मकाहङ्कारादिभ्यो विलक्षणतया, प्रातिकूल्येन सत्यज्ञानानन्दरूपेणाञ्चति प्रकाशत इति, प्रत्यगात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। आत्मसन्निधौ विद्यमानत्वेन जडरूपस्यापि देहेन्द्रियादेश्चेतनत्वेन भासमानत्वादात्मा चिद्रूप इति चिदात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। आत्मसहितत्वेन दुःखात्मकस्य देहादेरपि प्रियतमत्वादात्मा परमानन्दरूप इत्यानन्दात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। देशतः कालतो वस्तुतः परिच्छेदरहिताद्वितीयात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्।

ज्ञानदार्ढ्याय

हिरण्यगर्भादिस्थावरान्तेषु शरीरेषु यदेकं चैतन्यमस्ति, तदेवाहमस्मीति दृढज्ञानं निरन्तरं भूयात्। निर्विकल्पसमाधिप्रतिबन्धक-लयविक्षेपकषायरसास्वादेभ्यो रक्षितं मे चित्तमविघ्नेन ब्रह्मण्यवस्थितं भूयात्। यो ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तानां सर्वेषां प्राणिनां देहमध्ये, तत्तद्देहसाक्षित्वेन भासमानः परिपूर्णात्माऽस्ति, सोऽयं परमात्मा केवलं मुमुक्षोः पुरुषस्य मे स्वरूपमित्येवंरूपात्मसाक्षात्कारो दृढीभूयात्। असम्भावना-विपरीतभावना-रहितत्वेन करतलामलकवदहं ब्रह्मास्मीत्यप्रतिबद्धापरोक्षब्रह्मसाक्षात्कारो दृढीभूयात्। यः पूर्णानन्दैकबोधस्तद्ब्रह्माहमस्मीति ब्रह्मात्मानुभवमात्रपर्यवसाने बुद्धिर्निरन्तरं भूयात्। अचिद्रूपस्य जगतश्चित्सन्निधे-र्विद्यमानत्वाच्चिद्रूपात्मा सर्वगत इति सर्वगतात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। सर्वार्थसाधकत्वहेतुना सर्वसंबन्धेन चात्मा परिपूर्ण इति परिपूर्णात्मानुभवः सम्यग्भूयात्। देशकालाव्यवहितत्वेन परोक्षहेतोरभावात् साधनान्तरनिरपेक्षतया स्वयम्प्रकाशमान-श्चिदात्मा सर्वदा स्वतस्सिद्धापरोक्ष इत्यपरोक्षानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। यत्र यद्वस्त्वस्तीतीक्षते तेन वस्तुना (पुण्यपापेन) अन्यत्रानन्वागतत्वेनाऽऽत्माऽसङ्ग इत्यसंसर्गात्मानुभवः सम्यग्भूयात्। निरवयवत्वेनाऽसङ्गत्वेन चात्मनः केनापि सम्बन्धाभावादात्मा नित्यमुक्त इति नित्यमुक्तस्वरूपात्मानुभवः सम्यग्भूयात्। अवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादात्मा स्वयम्प्रकाश इति स्वयम्प्रकाशात्मानुभवः सम्यग्भूयात्। साधनान्तरनिरपेक्षतया स्वयमेव भासमानत्वादात्मा स्वयम्प्रकाश इति स्वयम्प्रकाशात्मानुभवः सम्यग्भूयात्।

विशेषप्रयोजनसिद्ध्यर्थम्

वासनाक्षय-मनोनाश-तत्त्वज्ञानाभ्यासवशाज्ज्ञानरक्षा तपःसिद्धिः सर्वसमत्वं दुःखनिवृत्तिः सुखाविर्भाव इत्येतत्पञ्चप्रयोजन-सिद्धिर्भूयात्। मैत्री-करुणा-मुदितोपेक्षारूपसद्वासनापाटवेन रागादिदुर्वासनाक्षयः सम्यग्भूयात्। निरन्तरस्वात्मानुसन्धान-वशान्मनसो वृत्तिरूपपरिणामत्यागेन निरुद्धताकारेणऽऽत्मपरिणामो दृढीभूयात्। शमादिपूर्वकश्रवणमनन-निदिध्यासनाभ्यासबलात्, विषयासक्तिः प्रज्ञामान्द्यं विपर्ययो दुराग्रहश्चेति वर्तमानप्रतिबन्धचतुष्टयनिवृत्ति-द्वाराऽप्रतिबद्धापरोक्षब्रह्मसाक्षात्कारो दृढीभूयात्। उपक्रमादिषड्विधलिङ्गैरशेषवेदान्तानामद्वैते ब्रह्मणि तात्पर्यावधारणं दृढीभूयात्। पूर्वापरपरामर्शमन्तरेण सहसोत्पद्यमानस्य क्रोधादिवृत्तिविशेषस्य हेतोर्चित्तसंस्कारस्य विवेकजन्यायां क्षान्त्यादिवासनायां दृढायां सत्यां विनाशाद्वाह्यनिमित्ताभावेन क्रोधाद्यनुत्पत्तिः सम्यग्भूयात्।

आत्मानुचिन्तनम्

श्रीगुरुमुखाच्छ्रुताद्वितीयवस्तुनो वेदान्तानुगुणयुक्तिभिरनवरतमनुचिन्तनं भूयात्। विजातीयदेहादिप्रत्ययानन्तरित-सजातीयसच्चिदानन्दात्मप्रत्ययप्रवाहो निरन्तरं भूयात्। असङ्गोऽहं चिदात्माहमिति प्रत्यगात्मनि निवेशिते वृत्तिरहिते संस्कारशेषमात्रतया सूक्ष्मरूपेणावस्थिते चित्त आत्मनः स्वरूपभूतपरमानन्दो निरन्तरं सम्यगाविर्भूयात्। अहमात्मा साक्षी केवलश्चिन्मात्रस्वरूपो नाज्ञानं नापि तत्कार्यं किन्तु नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यपरमानन्दाद्वयं ब्रह्मैवाहमस्मीत्यभेदेनावस्थानं समाधिस्तत्र चान्तस्समाधिना दृग्दृश्यविवेके, बहिस्समाधिना ब्रह्मसर्गविवेके च दृढे जाते तेन विवेकद्वयेनायं गलितदेहाभिमानो विज्ञातपरमात्मतत्वश्च भूयात्। पश्चाद्भासमानस्य जडस्य, प्रथमतो भासमानं चैतन्यमेव वास्तवं स्वरूपमिति निश्चित्य जडमुपेक्ष्य चिन्मात्रमेव चित्तं निरन्तरं सम्यग्भूयात्।

मन्त्रैरात्मचिन्तनम्

देहाद्बहिः सकलनामरूपात्मकेषु वस्तुष्वपि सर्पधारादिषु रज्जुरिव व्याप्तः सच्चिदानन्दलक्षणो यः परमात्मा स एव परशब्देनोच्यते। अन्तरहमादिदृश्यविलक्षणोऽस्मत्प्रत्ययालम्बनभूतः प्रत्यक् चिन्मात्रस्वरूपो यः साक्ष्याख्यो जीवात्मा स एवावरशब्देनोच्यते। परश्चासाववरश्चेति परावरः प्रत्यगभिन्नः परमात्मा। तस्मिन्नेवमन्तर्बहिश्च पररूपेणावररूपेण चावस्थिते, परमार्थतः परावरविभागरहिते प्रत्यगभिन्ने परावरे ब्रह्मणि *"त्वं वा अहमस्मि भगवो देवते अहं वै त्वमसि"* इति श्रुत्यनुसारेण "अहं ब्रह्मास्मि, ब्रह्मैवाहमस्मि" इति व्यतिहारेणाखण्डैकरसत्वेन साक्षात्कृते सति तेन परावरब्रह्मसाक्षात्कारेणास्य परावरब्रह्मसाक्षात्कृतवतो मम हृदयग्रन्थिभेदसर्वसंशयनिवृत्तिसर्वकर्मक्षयरूपपरमपुरुषार्थः सम्यगाविर्भूयात्। अहङ्कारात्मनोरेकत्वभ्रमनिवृत्तिरूपोऽयं ग्रन्थिभेदो दृढीभूयात्। *"सर्वाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति"* इति वाक्येन देहेन्द्रियादिसाक्षिरूपं यत्प्रज्ञानं त्वम्पदार्थरूपं निर्णीतं तदेव *"एष ब्रह्म"* इत्यादिवाक्येन जगत्कारणतया निर्णीतं परं ब्रह्म न चानयोरीषदपि भेदोऽस्तीत्यैतरेयमहावाक्यज्ञानसिद्धिर्निरन्तरं भूयात्। यतः सर्वत्रावस्थितं प्रज्ञानं ब्रह्म, अतो मय्यवस्थितं प्रज्ञानं ब्रह्म प्रज्ञानत्वाविशेषादित्यैतरेयमहावाक्योत्थित-जीवब्रह्मैक्यज्ञानसिद्धिर्निरन्तरं भूयात्।

सर्वसंशयनिवृत्त्यर्थम्

आत्मा देहादिव्यतिरिक्तो वा न वा, व्यतिरिक्तत्वेऽपि कर्तृत्वधर्मयोगी वा न वा, अकर्तृत्वेऽपि तस्य ब्रह्मणा भेदोऽस्ति वा न वा, अभेदेऽपि तज्ज्ञानं कर्मादिसहितं वा मुक्तिसाधनं केवलं वा, तथाप्यात्मा साक्षी वा कर्ता वा, साक्षित्वेऽप्यस्य ब्रह्मत्वमस्ति वा न वा, ब्रह्मत्वे सत्यपि, तद्-बुद्ध्या वेदितुं शक्यते वा न वा, शक्यत्वेऽपि तद्वेदनमात्रेण मुक्तिरस्ति वा न वा, मम परमार्थतो ब्रह्मत्वे सत्यपि तादृग्रूपं साक्षात्कृतं वा न वा, साक्षात्कृतेऽपीतः परं कर्तव्यमस्ति वा न वा, कर्तव्याभावेऽपीदानीं मम जीवन्मुक्तिरस्ति वा न वा, जीवन्मुक्तत्वेऽपि वर्तमान-देहपातानन्तरं विदेहमुक्तिर्भविष्यति वा न वा, तत्प्राप्तावपि कालान्तरे पुनर्जन्म भविष्यति वा न वा, इत्यादिसर्वसंशयनिवृत्तिर्भूयात्। अयमात्मा स्थूलदेहरूपो वा सूक्ष्मदेहरूपो वा ताभ्यामतिरिक्तो वा, अतिरिक्तत्वेऽपि अणुपरिमाणो वा मध्यमपरिमाणो वा सर्वगतो वा, जडो वा द्रव्यबोधात्मको वा चिद्रूपो वा, ईश्वरादन्यो वा ईश्वर एव वा, प्रपञ्चः सत्यो वा मिथ्या वा, मोक्षसाधनं कर्माणि वा ज्ञानं वा, इत्यादिकानां संशयानां निवृत्तिर्भूयात्।

उपाधि-निरासार्थम्

अनारब्धानामागामिजन्महेतूनामनेककोटिजन्मार्जितानां प्रारब्धव्यतिरिक्तानां सञ्चितकर्मणां निवृत्तिरूपः परमपुरुषार्थः

सम्यगाविर्भूयात्। यस्मिन् काले द्वैतभानं नास्ति निद्राऽपि नाऽऽगच्छति तस्मिन्काल उपलभ्यमानं यत्सुखमस्ति स ब्रह्मानन्द इति ब्रह्मात्मानुभवसिद्धिर्निरन्तरं भूयात्। मनोव्यापाराभावसमये यत्सुखं भासते तत्सुखमात्मस्वरूपमित्यात्मनिश्चयः सम्यग्भूयात्। स्वप्नः स्वातिरेकेण यथा नास्ति तथैव जाग्रदपि स्वातिरेकेण नास्ति तेनाद्वितीयात्मानुभवसिद्धिः सम्यग्भूयात्। वासनाक्षयमनोनाशाभ्यां निर्वासने वृत्तिशून्ये चित्ते संशयविपर्ययदोषद्वयाभावेनोत्पन्नं ब्रह्मज्ञानमबाधितत्वेन सुरक्षितं भूयात्। पञ्चम्यादिभूमिकात्रयरूपायां जीवन्मुक्तौ सम्पाद्यमानायां द्वैतभानाभावेन संशयविपर्ययप्रसङ्गाभावादुत्पन्नं तत्त्वज्ञानमबाधितत्वेन सुरक्षितं भूयात्। स्वप्ने स्थूलशरीराभावेऽपि सुषुप्तौ सूक्ष्मशरीराभावेऽपि, समाधौ कारणशरीराभावेऽपि जाग्रदाद्यवस्थाचतुष्टयेऽपि यश्चिद्रूपात्मा मणिषु सूत्रमिवानुस्यूततया निरन्तरं भासते स चिद्रूपात्मैवाहमस्मीत्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां शरीरत्रयव्यावृत्तिं तत्साक्षिचैतन्यस्यानुवृत्तिं च पश्यतो मम शरीरत्रयव्यतिरिक्तात्मानुभवः सम्यग्भूयात्। इदं सर्वमात्मनि प्रतीयमानं यद्रूपरसादिकं जगन्मायामयम्, न त्वेतद्वस्तुतोऽस्तीति तत्त्वनिश्चयो दृढीभूयात्।

भगवत्प्रसादसिद्ध्यर्थम्

भगवन्तं परमेश्वरं प्रीतिपूर्वकं भजतो ममोपर्यनुग्रहार्थं भगवान् वासुदेव आत्मभावस्थः सन् विवेकप्रत्ययरूपेण, भक्तिप्रसादस्नेहयुक्तेन, तद्भावनाभिनिवेशवातेरितेन, ब्रह्मचर्यादिसाधनसंस्कारवत्प्रज्ञावर्तिना, विरक्तान्तःकरणाधारेण विषयव्यावृत्तरागद्वेषाकलुषितचित्तनिवातापवरकस्थेन, नित्यप्रवृत्तैकाग्र्यध्यानजनित-सम्यग्दर्शनभास्वता ज्ञानदीपेनाज्ञानजम-विवेकतो जातं मिथ्याप्रत्ययरूपं मोहान्धकारं तमोनाशयत्वित्याशीर्निरन्तरं भूयात्। परमेश्वरं प्रीतिपूर्वकं भजन्तो भक्ता येनानन्यबुद्धियोगेन सम्यग्दर्शनलक्षणेन भगवन्तं परमेश्वरमात्मत्वेनोपयान्ति प्रतिपद्यन्ते तं बुद्धियोगं भगवान् वासुदेवो मे ददात्वित्याशीर्निरन्तरं भूयात्।

गुरुभक्तिसिद्ध्यर्थम्

यस्य प्रसादादहमेव विष्णुः, मय्येव सर्वं परिकल्पितं चेत्यात्मस्वरूपं विजानामि तस्य पादारविन्दयोरचञ्चला भक्तिर्निरन्तरं सम्यग्भूयात्। एवं श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीविद्यारण्यमुनीनामाशीर्वादाः प्राप्तस्य प्राप्तिरूपेण शब्दानुविद्धसविकल्पक-समाधिसाधका भवन्ति।

यहाँ ब्रह्मज्ञानी के आशीर्वाद हैं जिनके बारे में इस प्रकार से चिन्तन करना चाहिए कि 'मैं इस प्रकार का हूँ'।

ज्ञान की सिद्धि के लिए

नित्य, निर्विकार, असङ्ग, अद्वितीय, परिपूर्ण, सच्चिदानन्द, स्वयं प्रकाश, चिदेकरस, ब्रह्म अनुभव की सिद्धि हो। आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो अहमादि दृश्य से विलक्षण, अहं प्रत्यय का आलम्बन, प्रत्यक् चैतन्य मात्र स्वरूप है। ब्रह्म-आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो सजातीय-विजातीय-स्वगत भेद से रहित, अखण्ड, सच्चिदानन्द, अद्वितीय है। ब्रह्म-आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त; सत्य, परम आनन्द, अद्वितीय है।

स्वगत आदि भेद रहित, अखण्ड, सच्चिदानन्द लक्षण, ब्रह्म से अभिन्न, कूटस्थ, प्रत्यक् स्वरूप, सभी का साक्षी, चिद्रूप अनुभव की सिद्धि हो। अद्वितीय ब्रह्म-आत्म अनुभव की सिद्धि हो, जो समस्त दृश्य जगत, अपनी ही अविद्या के क्रीडा का रूप होने से, अपने से भिन्न प्रतीत होते हुए भी, वास्तव में अपने ही आत्म स्वरूप से अभिन्न है। ऐसे साक्षी-अनुभव की सिद्धि हो जिसमें बिना किसी विकार के, स्व अध्यस्त सब कुछ साक्षात् बिना किसी व्यवधान के प्रत्यक्ष देखा जाए। चैतन्य स्वरूप आत्मा के ऐसे अनुभव की सिद्धि हो जो इन्द्रियों आदि समस्त

जड़-पदार्थों को प्रकाश देने वाला, चिद्रूप आत्मा है। ऐसे आनन्द स्वरूप आत्म अनुभव की सिद्धि हो, जिसमें कभी भी, किसी के लिए भी 'अप्रिय' होने की भावना नहीं आती; जो परम प्रेम का आश्रय होने से परम आनन्द स्वरूप ही है। 'मैं सर्व व्यापी आत्मा हूँ' - ऐसे आत्म अनुभव की सिद्धि हो; क्योंकि जड़ जगत का ज्ञान चैतन्य के बिना कभी सम्भव नहीं, आत्मा सर्व व्यापी ज्ञान स्वरूप है। ऐसे प्रत्यक् आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो सर्वथा असत्, जड़, दुःख रूप अहङ्कार आदि से विलक्षण विपरीत प्रकार से सत्य, ज्ञान, आनन्द रूप से स्वयं प्रकाशित होता है। ऐसे चैतन्य-स्वरूप आत्म अनुभव की सिद्धि हो, जिसके सन्निधि मात्र से जड़ देह, इन्द्रियाँ आदि चेतनता को प्राप्त होती हैं, आत्मा ज्ञान स्वरूप होने से चिद्रूप है। ऐसे आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो परम आनन्द स्वरूप है तथा जिस आत्मा के सङ्ग होने पर दुःख रूप शरीर आदि भी प्रिय प्रतीत होते हैं। ऐसे आत्म अनुभव की सिद्धि हो जो देश, काल, वस्तु परिच्छेद रहित, अद्वितीय है।

ज्ञान की दृढता के लिए

ऐसा दृढ ज्ञान निरन्तर बना रहे कि मैं ही वह एक चैतन्य हूँ जो हिरण्यगर्भ से स्थावर पर्यन्त सभी देहों में विद्यमान है। निर्विकल्प समाधि के प्रतिबन्धक - लय, विक्षेप, कषाय, रसास्वाद जैसे विघ्नों से सुरक्षित, विघ्नों से रहित मेरा मन ब्रह्म में स्थित रहे। ऐसा दृढ आत्म साक्षात्कार हो कि ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त समस्त प्राणियों के देहों में जो एक ही साक्षी रूप से भासमान, परिपूर्ण आत्मा है; वह यह परमात्मा ही मेरे इस मुमुक्षु साधक का वास्तविक स्वरूप है। ऐसा दृढ ब्रह्म साक्षात्कार हो जो असम्भावना, विपरीत भावना से रहित 'मैं ब्रह्म हूँ' इस अखण्ड, अपरोक्ष ज्ञान में, हाथ में रखे आँवले के फल के समान हो। ऐसी बुद्धि निरन्तर बनी रहे कि मैं पूर्ण, आनन्द-स्वरूप, ज्ञान-स्वरूप ब्रह्म हूँ, जिसका ब्रह्म-आत्म अनुभव में ही पर्यवसान होता है। आत्मा सर्व व्यापी है क्योंकि जड़ जगत् का सम्पूर्ण ज्ञान चैतन्य की सन्निधि में ही होता है - ऐसे सर्व व्यापी आत्म अनुभव की सिद्धि हो। अनन्त आत्मा का मुझे पूर्ण अनुभव हो क्योंकि आत्मा हर प्रकार से सभी का हेतु है। 'जो देश-काल से परे, परोक्ष हेतु के अभाव में, किसी अन्य साधन पर आश्रित हुए बिना, स्वयं-प्रकाश चैतन्य आत्मा, सदा स्वतः सिद्ध अपरोक्ष है' - ऐसी अपरोक्ष अनुभूति सदैव बनी रहे। ऐसे असङ्ग आत्मा का अनुभव सदा हो जिससे कोई भी वस्तु (पुण्य-पाप द्वारा) जानी जाती है, आत्मा उससे असङ्ग ही रहता है क्योंकि वह एक भिन्न सत्ता में स्थित है। निरवयव तथा असङ्ग होने से आत्मा का किसी से कोई सम्बन्ध नहीं, वह नित्य मुक्त है; उस नित्य मुक्त स्वरूप आत्मा की अखण्ड अनुभूति हो। अवेद्य होते हुए भी जो अपरोक्ष व्यवहार के योग्य स्वयं प्रकाश आत्मा है - ऐसे स्वयं प्रकाश आत्मा की अनुभूति सदा बनी रहे। जो किसी अन्य साधन पर आश्रित हुए बिना, स्वयं ही अपने प्रकाश से प्रकाशित होने से स्वयं प्रकाश आत्मा है - ऐसे स्वयं प्रकाश आत्मा का अनुभव होता रहे।

विशेष प्रयोजन की सिद्धि के लिए

वासना क्षय-मनो नाश-तत्त्व ज्ञान के अभ्यास से ज्ञान की रक्षा, तप में सिद्धि, सभी में समत्व, दुःख की निवृत्ति तथा आनन्द की अभिव्यक्ति - इन पाँच प्रयोजनों की सिद्धि हो। मैत्री, करुणा, मुदिता, उदासीनता जैसे सकारात्मक संस्कारों की प्रबलता से राग आदि दुर्वासनाओं का क्षय हो। निरन्तर आत्मा के अनुसन्धान द्वारा मन अन्य सभी वृत्ति रूप विकार से रहित होकर आत्मा में ही लीन हो जाए। शम आदि पूर्वक श्रवण, मनन, निदिध्यासन अभ्यास के बल से; विषय आसक्ति, प्रज्ञा की मन्दता, विपरीत कल्पना तथा दुराग्रह - वर्तमान चार प्रतिबन्धों के नाश से, ब्रह्म का निरवरोध अपरोक्ष दृढ साक्षात्कार हो। उपक्रम आदि षड्विध लिङ्गों के द्वारा समस्त वेदान्त-शास्त्रों का तात्पर्य - अद्वैत ब्रह्म में निश्चल बुद्धि बनी रहे। विवेक से उत्पन्न क्षान्त्यादि संस्कारों के दृढ होने पर, उन वासनाओं का विनाश हो जो पूर्व-अपर परामर्श का विचार किए बिना क्रोध आदि वृत्ति विशेष को आकस्मिक उत्पन्न कर देती हैं; चित्त शुद्धि होने पर, बाह्य निमित्त के अभाव से क्रोध आदि की उत्पत्ति ही न हो।

आत्मा का अनुचिन्तन

वेदान्त के अनुरूप युक्ति पूर्वक, पूज्य आचार्य के मुख से श्रुत अद्वितीय वस्तु का निरवरोध चिन्तन होता रहे। विजातीय देह आदि प्रत्यय से रहित, सजातीय सच्चिदानन्द आत्म प्रत्यय प्रवाह निरन्तर होता रहे। सूक्ष्म रूप से अवस्थित, वृत्ति रहित, केवल संस्कार रूप मन को

'मैं असङ्ग, चैतन्य आत्मा हूँ' - ऐसे प्रत्यक् आत्मा में निवेशित कर आत्म स्वरूप परम आनन्द निरन्तर प्रकट होता रहे। 'मैं आत्मा, साक्षी, केवल, चैतन्य स्वरूप हूँ; न अज्ञान, न उसका कार्य; किन्तु नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्त-सत्य-परम आनन्द अद्वैत ब्रह्म ही हूँ'- इस अभेद अवस्था में रहना ही समाधि है। वहाँ अन्तः समाधि के द्वारा 'दृग्-दृश्य विवेक' और बाह्य समाधि के द्वारा 'ब्रह्म-सृष्टि विवेक' के दृढ हो जाने पर विवेक द्वय से यह देह-अभिमान से मुक्त होकर परमात्म तत्त्व को जानने वाला हो। यह निश्चय कर लेने पर कि जो जड़ पदार्थ बाद में ज्ञात होते हैं, उनकी वास्तविक सत्ता उसी चैतन्य की है जो पहले सभी को प्रकाशित कर रहा है, मन जड़ को त्याग कर निरन्तर चैतन्य में ही स्थिर रहे।

मन्त्रों के द्वारा चिन्तन

जैसे रज्जु सर्प, धारा आदि में व्याप्त है, वैसे ही सच्चिदानन्द स्वरूप परमात्मा, जो समस्त नाम-रूप वाली वस्तुओं में, देह के बाहर भी व्याप्त है, वह ही 'पर' शब्द से कहा जाता है। जो भीतर अहं आदि दृश्य से विलक्षण, 'अहं' प्रत्यय का आलम्बन, अन्तःस्थित चैतन्य स्वरूप, साक्षी कहा जाने वाला जीवात्मा, वह ही 'अवर' शब्द से कहा जाता है। जो 'पर' (उच्च) तथा 'अवर' (निकृष्ट) दोनों ही है, वह 'परावर' अर्थात् अन्तरात्मा से अभिन्न परमात्मा है। उसमें ही भीतर और बाहर, पर तथा अवर रूप से अवस्थित, वास्तव में पर तथा अवर के विभाग से रहित है; उस अन्तरात्मा से अभिन्न परावर ब्रह्म में, 'हे भगवन्! मैं ही तुम हूँ, और तुम ही वास्तव में मैं हो' श्रुति के अनुसार 'मैं ब्रह्म हूँ, ब्रह्म ही मैं हूँ' ऐसा परस्पर अखण्ड ऐक्य साक्षात् हो जाता है। तब उस पर-अवर ब्रह्म के साक्षात्कार से, पर-अवर ब्रह्म का साक्षात्कार किया मैं, मेरे अन्तःकरण ग्रन्थि का विच्छेद, सभी संशयों की निवृत्ति तथा सभी कर्मों का क्षय रूप यह परम पुरुषार्थ सिद्ध हो जाए। आत्मा तथा अहं-वृत्ति के ऐक्य के रूप में भ्रम निवृत्ति रूप इस ग्रन्थि का कटना दृढ हो। देह, इन्द्रियों आदि का साक्षी रूप चैतन्य 'ये सभी चैतन्य के ही नाम हैं' जो इस वाक्य से जाना जाता है, उसी को 'यह ब्रह्म' इत्यादि वाक्यों के द्वारा जगत् कारण परम ब्रह्म निर्णीत किया गया है और इसमें थोड़ा भी भेद नहीं है। ऐतरेयोपनिषद् के इस महावाक्य के ज्ञान की सिद्धि निरन्तर बनी रहे। चूँकि प्रज्ञान ब्रह्म सर्वत्र विद्यमान है, इसीलिए मुझमें स्थित प्रज्ञान ब्रह्म भी प्रज्ञानत्व के कारण उससे अभिन्न है - इस ऐतरेय महावाक्य से बताये गए जीव-ब्रह्म ऐक्य के ज्ञान की सिद्धि निरन्तर हो।

सभी संशयों की निवृत्ति के लिए

आत्मा शरीर से भिन्न है या नहीं? यदि भिन्न है तो क्या वह कर्तृत्व धर्म से युक्त है या नहीं? यदि अकर्ता है तो क्या वह ब्रह्म से भिन्न है या नहीं? यदि वह ब्रह्म के साथ अभिन्न है तो क्या ज्ञान सहित कर्म मुक्ति का साधन है या केवल ज्ञान ही? आत्मा साक्षी है या कर्ता है? साक्षी होने पर क्या इसका ब्रह्मत्व है या नहीं? यदि ब्रह्मत्व है तो क्या उसे बुद्धि से जाना जा सकता है या नहीं? यदि जाना जा सकता है तो क्या केवल ज्ञान से ही मुक्ति सम्भव है या नहीं? यदि परमार्थतः मेरा ब्रह्मत्व है तो क्या दृक् रूप से उसका साक्षात्कार होना सम्भव है या नहीं? साक्षात्कार होने पर क्या आगे कोई कर्तव्य शेष रहता है या नहीं? यदि कोई कर्तव्य शेष नहीं रहता, तो क्या मुझे जीवन्मुक्ति प्राप्त है या नहीं? यदि मैं जीवन्मुक्त हूँ तो क्या इस देहपात के बाद विदेहमुक्ति प्राप्त होगी या नहीं? यदि वह भी प्राप्त हो जाए तो क्या कालान्तर में पुनर्जन्म होगा या नहीं - इत्यादि सभी संशयों की निवृत्ति हो। यह आत्मा स्थूल देह रूप है या सूक्ष्म देह रूप या दोनों से भिन्न है? यदि दोनों से भिन्न है तो क्या वह अणु परिमाण है या मध्यम परिमाण या सर्व व्यापक है? क्या वह जड़ है या जड़-चैतन्य का संयोग या केवल चैतन्य ही है? क्या वह ईश्वर से भिन्न है या स्वयं ईश्वर ही है? क्या प्रपञ्च सत्य है या मिथ्या है? क्या कर्म मोक्ष का साधन है या ज्ञान - इत्यादि सभी संशयों की निवृत्ति हो।

उपाधि के निरास के लिए

प्रारब्ध कर्मों से भिन्न, अनेक कोटि जन्मों में अर्जित सञ्चित कर्म जो अभी फल देने के लिये प्रवृत्त नहीं हुए हैं और अगले जन्म का कारण हैं, उनके निवृत्ति स्वरूप परम पुरुषार्थ (मोक्ष) सम्यक् प्रकार से प्रकट हो। जिस काल में द्वैत का भान नहीं है और निद्रा भी नहीं आ रही

है, उस काल में उपलब्ध होने वाला जो सुख है, वह ब्रह्म आनन्द है - ऐसी ब्रह्म और आत्मा के अनुभव की सिद्धि निरन्तर होती रहे। मन के व्यापार के अभाव काल में जो सुख होता है, वही सुख आत्मा का स्वरूप है - ऐसा आत्म निश्चय सम्यक् प्रकार से हो। जैसे स्वप्न स्वयं से अतिरिक्त कुछ नहीं है, वैसे जाग्रत् भी स्वयं से अतिरिक्त कुछ नहीं है - इससे अद्वितीय आत्म अनुभव की सिद्धि सम्यक् हो। वासना क्षय और मनो नाश के द्वारा वासना रहित और वृत्ति रहित चित्त में संशय, विपर्यय इन दोनों दोषों के अभाव होने से उत्पन्न ब्रह्मज्ञान अबाधित रूप से सुरक्षित हो। पञ्चम्यादि भूमिकाओं के तीन (असंसक्ति, पदार्था भावना, तुर्यगा) रूपी जीवन्मुक्ति के प्राप्त होने पर द्वैत भान के अभाव से संशय, विपर्यय दोषों के अभाव का प्रसङ्ग उत्पन्न होने पर तत्त्व ज्ञान अबाधित रूप से सुरक्षित हो। स्वप्न में स्थूल शरीर का अभाव होने पर भी, सुषुप्ति में सूक्ष्म शरीर का अभाव होने पर भी, समाधि में कारण शरीर का अभाव होने पर भी इन जाग्रत् आदि चारों अवस्थाओं में जो ज्ञान स्वरूप आत्मा मणियों में सूत्र के जैसे अनुस्यूत होकर निरन्तर ज्ञात होता है; वह चिद्रूप आत्मा मैं ही हूँ - ऐसे अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा तीन शरीरों की व्यावृत्ति और उनके साक्षी चैतन्य की अनुवृत्ति को देखकर, तीनों शरीरों से व्यतिरिक्त मुझे आत्मा का अनुभव सम्यक् प्रकार से हो। यह सब आत्मा में प्रतीत होने वाला रूप-रस से युक्त मायामय जगत् वस्तुतः यह है नहीं - ऐसा तत्त्व निश्चय दृढ हो।

ईश्वर प्रसाद की सिद्धि के लिए

भगवान् वासुदेव, जो मेरे आत्म भाव में स्थित हैं; भगवान् परमेश्वर को प्रीति पूर्वक भजने वाले मुझ पर अनुग्रह करने के लिए वे विवेक रूप प्रत्यय के द्वारा; भक्ति, प्रसाद के घी के द्वारा; उनकी भावना के अभिनिवेश रूपी वायु से प्रेरित; ब्रह्मचर्य आदि साधनों के संस्कार से सम्पन्न प्रज्ञा रूपी बत्ती द्वारा; विरक्त अन्तःकरण को आधार बनाकर; विषयों से विमुख, राग-द्वेष से अकलुषित चित्त रूपी वायु-रहित स्थान में रखे हुए; नित्य प्रवृत्त एकाग्रता रूपी ध्यान से उत्पन्न सम्यक् दर्शन रूपी प्रकाश से युक्त उस ज्ञान रूपी दीपक के द्वारा; अज्ञान जनित अविवेक से उत्पन्न मिथ्या प्रत्यय रूपी मोह, अन्धकार (तम) का नाश करें - ऐसा आशीर्वाद निरन्तर प्राप्त हो। परमेश्वर को प्रीति पूर्वक भजने वाले भक्तगण सम्यक् दर्शन लक्षण वाले जिस अनन्य बुद्धियोग से भगवान् परमेश्वर को आत्म रूप में प्राप्त होते हैं, उस बुद्धि योग को भगवान् वासुदेव मुझे प्रदान करें – ऐसा आशीर्वाद निरन्तर प्राप्त हो।

गुरु भक्ति की सिद्धि के लिए

जिनकी कृपा से मैं यह जानता हूँ कि मैं ही विष्णु हूँ और मुझमें ही सब कुछ कल्पित है, उनके चरण कमलों में मेरी अविचल भक्ति निरन्तर सम्यक् रूप से बनी रहे। इस प्रकार श्रीमत्परमहंस परिव्राजक आचार्य श्री विद्यारण्य मुनि के ये आशीर्वाद पहले से प्राप्त की प्राप्ति के रूप में शब्दों से युक्त सविकल्पक समाधि प्राप्त कराने में सहायक होते हैं।

एवं सन्मात्रग्राहिण्या वृत्त्या तन्मात्रग्राहकैः । शब्दैः समर्पितं वस्तु भावयेन्निश्चलो यतिः ॥८७१॥

एवं यथा पूर्वैः पञ्चभिः श्लोकैः सम्पादितं तथा **यतिः** संन्यासी **सन्मात्रग्राहिण्या वृत्त्या** नामरूपेऽगृहीत्वा केवलब्रह्ममात्रग्राहिण्या वृत्त्या नामरूपाणां मिथ्यादर्शनेन **निश्चलः** सन् **तन्मात्रग्राहकैर्ब्र**ह्ममात्रग्राहकैः **शब्दैः समर्पितं** नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यलक्षणं ब्रह्म **वस्तु** सच्चिन्मात्रं **भावयेदि**त्यर्थः।

इस प्रकार स्थिर रहकर संन्यासी को सत् मात्र को ग्रहण करने वाली वृत्ति से, केवल उसी को ग्रहण कराने वाले शब्दों के द्वारा बताई गयी वस्तु का चिन्तन करना चाहिए ॥८७१॥

जैसे पूर्व के पाँच श्लोकों द्वारा बताया गया है, उसी प्रकार संन्यासी को नाम-रूप को ग्रहण न करके, केवल ब्रह्म मात्र को ग्रहण करने वाली वृत्ति से नाम-रूप को मिथ्या जानकर, निश्चल होकर उस ब्रह्म मात्र को ग्रहण कराने वाले शब्दों के द्वारा नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्य लक्षण वाले सच्चिन्मात्र ब्रह्म का चिन्तन करना चाहिए - यह अर्थ है।

कामादिदृश्यप्रविलापपूर्वं शुद्धोऽहमित्यादिकशब्दमिश्रः ।
दृश्येव निष्ठस्य य एष भावः शब्दानुविद्धः कथितः समाधिः ॥८७२॥

कामादिदृश्यप्रविलापपूर्वं कामादिदृश्यानां प्रविलापपूर्वं मिथ्यात्वदर्शनपूर्वकमहं **शुद्धोऽहं** बुद्ध **इत्यादिकशब्दमिश्र** इत्यादिकैः शब्दैः मिश्रो युक्तो **दृशि** द्रष्टरि साक्षिण्येव **निष्ठस्य** समाहितस्य **य एष भावः** स **शब्दानुविद्धः समाधिः कथितः**।

कामना आदि समस्त दृश्य के पूर्ण विलय के पश्चात् 'मैं शुद्ध हूँ' इत्यादि शब्दों से युक्त जो अवस्था केवल द्रष्टा में निष्ठ साधक की होती है, वह 'शब्दों से युक्त समाधि' कही गई है ॥८७२॥

कामना आदि दृश्यों का मिथ्यात्व बुद्धि द्वारा पूर्ण नाश होने के पश्चात् 'मैं ज्ञान स्वरूप हूँ' इत्यादि शब्दों से युक्त द्रष्टा/साक्षी में ही समाहित हुए का जो यह भाव है, वह 'शब्दों से युक्त समाधि' कही गई है।

एवं सविकल्पसमाधिप्रकरणमुपसंहृतम्। अस्य फलं स्वस्य दृढापरोक्षब्रह्मज्ञानं भवतीति।

इस प्रकार सविकल्प समाधि का प्रकरण समाप्त हुआ। इसका फल है अपने स्वरूप का दृढ अपरोक्ष ब्रह्म रूप से ज्ञान होना।

निर्विकल्पसमाधिः

कामादिदृश्यानां साक्षित्वेन शुद्धोऽहं बुद्धोऽहमितिशब्दानां लक्ष्यत्वेन चाऽऽत्मनि द्विप्रकारकं सविकल्पकसमाधिं दर्शयित्वाऽधुना तेषां साक्ष्याणां मिथ्यात्वं ज्ञात्वा *"वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्"* इति श्रुत्या विलापनेन नैश्चल्यात्मकं निर्विकल्पसमाधिं दर्शयति दृश्यस्येति।

काम आदि दृश्यों के साक्षी रूप तथा 'मैं शुद्ध हूँ, मैं बुद्ध हूँ' इन शब्दों के लक्ष्य के रूप से आत्मा में दो प्रकार की सविकल्प समाधि का निरूपण करने के पश्चात् अब उन साक्ष्यों के मिथ्यात्व को जानकर 'विकार केवल वाणी के आश्रय भूत नाममात्र हैं' (छा० उ० ६।१।४) इस श्रुति के द्वारा विलय करने से निश्चलता स्वरूप निर्विकल्प समाधि का निरूपण करते हैं 'दृश्यस्य' इत्यादि से -

दृश्यस्यापि च साक्षित्वात्समुल्लेखनमात्मनि । निवर्तकमनोवस्था निर्विकल्प इतीर्यते ॥८७३॥

दृश्यस्याऽपि च साक्षित्वादात्मनि समुल्लेखनं कथनं **निवर्तकमनोऽवस्था** निवृत्तिजनकमनोवस्था, निर्वितर्कमनोऽवस्थेति पाठे निर्वितर्कस्य विषयेभ्यो दृश्येभ्यः परावृत्तस्य मनसो चित्तस्य याऽवस्था सा **निर्विकल्प इतीर्यते** कथ्यते। अत्र निर्विकल्पः समाधिः चित्तस्य विशेषप्रकाररूपेण प्रदर्शितः।

ननु निर्विकल्पशब्देनाऽऽत्माऽपि निर्दिश्यते। सत्यम्। हिरण्यगर्भाद्यारोपितसर्वविकल्पशून्यः अयमपरोक्षाऽऽत्माऽविद्यादिमल-रहितः शुद्धो निर्विकल्पः, तस्याऽद्वितीयस्याऽऽत्मनः स्वस्वरूपेणाऽवगतवेदार्थतत्त्वज्ञैर्यज्ज्ञानं सम्पादितं तदपि निर्विकल्पमेवेति।

दृश्य के भी साक्षी होने के कारण आत्मा में कथन करना तथा निवृत्त कराने वाली मन की अवस्था निर्विकल्प कही जाती है ॥८७३॥

दृश्य के भी साक्षी होने के कारण आत्मा में कथन करना निवृत्ति उत्पन्न कराने वाली मन की अवस्था, 'निर्वितर्कमनोऽवस्था' पाठ में संशय रहित, विषयों अर्थात् दृश्यों से विमुख हुए मन (चित्त) की जो अवस्था है, वह निर्विकल्प कही जाती है। यहाँ निर्विकल्प समाधि को चित्त की एक विशेष प्रकार की अवस्था के रूप में दर्शाया गया है।

किन्तु 'निर्विकल्प' शब्द से आत्मा का भी निर्देश किया जाता है? सत्य है। हिरण्यगर्भ आदि से आरोपित समस्त विकल्पों से रहित यह अपरोक्ष आत्मा, अविद्या आदि मल से रहित, शुद्ध, निर्विकल्प है। वेदार्थ तत्त्व को जानने वाले ज्ञानियों द्वारा उस अद्वितीय आत्मा का अपने ही स्वरूप के रूप में जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है, वह भी निर्विकल्प ही है।

सविकल्पसमाधिं यो दीर्घकालं निरन्तरम् । संस्कारपूर्वकं कुर्यान्निर्विकल्पोऽस्य सिध्यति ॥८७४॥

यो दीर्घकालं निरन्तरमनवच्छिन्नभावेन विजातीयप्रत्ययशून्येन **संस्कारपूर्वकं** समाध्यभ्याससंस्कारपूर्वकं **सविकल्पसमाधिं** दृश्यशब्दानुविद्धौ **कुर्यादस्य निर्विकल्पः** समाधिः **सिध्यती**ति। यथा विद्यारण्यमुनिभिरुक्तं - *"अदृष्टासकृदभ्यास-संस्कारसचिवाद्भवेत्"*। निर्विकल्पसमाधिसिद्धौ पुण्यविशेषं यदधर्मासंस्पृष्टं तदप्यावश्यकमिति।

लम्बे समय तक निरन्तर संस्कारों से युक्त होकर जो सविकल्प समाधि करता है, उसकी निर्विकल्प [समाधि] सिद्ध हो जाती है ॥८७४॥

जो दीर्घ काल तक बिना किसी व्यवधान के विजातीय प्रत्यय से रहित, समाधि अभ्यास के संस्कारों से युक्त होकर दृश्य तथा शब्दों से युक्त समाधि सविकल्प समाधि करता है, उसकी निर्विकल्प समाधि सिद्ध हो जाती है। जैसा विद्यारण्य मुनि के द्वारा कहा गया है 'पूर्व जन्मों के पुण्यों तथा निरन्तर अभ्यास के संस्कारों के सहयोग से' (प० द० १।५७) निर्विकल्प समाधि की सिद्धि के लिए अधर्म से सम्बद्ध न होने वाला विशेष पुण्य भी आवश्यक है।

निर्विकल्पकसमाधिनिष्ठया तिष्ठतो भवति नित्यता ध्रुवम् । उद्भवाद्यपगतिर्निरर्गला नित्यनिश्चलनिरस्तनिर्वृतिः ॥८७५॥

निर्विकल्पकसमाधिनिष्ठया निर्विकल्पकसमाधौ निष्ठा नितरां स्थितिस्तया **तिष्ठतः** स्थितस्य साधकस्य **ध्रुवं नित्यता** ब्रह्मभावापत्ति**रुद्भवाद्यपगतिरु**द्भवो जन्म आदिपदेन वृद्धिपरिणतिजराविनाशा ग्रहणीयास्तेषामपगतिरभावः पुनर्जन्म न विद्यते, तया **निरर्गला**ऽप्रतिहता **नित्यनिश्चलनिरस्तनिर्वृतिर्भवति** सिध्यति। नित्या च निश्चला च निरस्ताऽस्तरहिता निर्वृतिः शान्तिः शाश्वती परब्रह्मस्वरूपा ब्रह्मात्मैक्यबोधलक्षणा सिध्यतीत्यर्थः।

निर्विकल्पक समाधि में निष्ठा से स्थित रहने वाले को निश्चय ही नित्यता, जन्म आदि का सर्वथा अभाव, निर्बाध, नित्य, निश्चल, परम शान्ति प्राप्त होती है ॥८७५॥

निर्विकल्पक समाधि में निरन्तर स्थिति से, उस स्थित हुए साधक को निश्चय ही ब्रह्म भाव की प्राप्ति होती है। जन्म आदि, 'आदि' पद से वृद्धि, परिणति, जरा, विनाश का ग्रहण करना चाहिए - इन सभी का अभाव अर्थात् पुनर्जन्म नहीं होता। उससे अबाधित, नित्य, निश्चल, परम शान्ति सिद्ध होती है। नित्य, निश्चल, अस्त रहित, परब्रह्म स्वरूपा, शाश्वती, ब्रह्म-आत्म-ऐक्य के बोध से लक्षित शान्ति सिद्ध होती है – यह अर्थ है।

विद्वानहमिदमिति वा किञ्चिद्बाह्याभ्यन्तरवेदनशून्यः । स्वानन्दामृतसिन्धुनिमग्नस्तूष्णीमास्ते कश्चिदनन्यः ॥८७६॥

अनन्यः स्वं ब्रह्माभिन्नत्वेन ज्ञाता कृतब्रह्मसाक्षात्कारः **कश्चिद्विद्वान् 'अहमिदमिति'** इदं शब्देन स्थूलः कृशो गौरः काणोऽन्धो बधिरो मूकः सङ्कल्पविकल्पवानध्यवसायवान् सुखी दुःखी पिता पुत्रः पतिः कुलगोत्रवान्नित्याद्यनेकविकल्पाः सम्भवन्ति तेषामास्पद इति वा **किञ्चिद्बाह्याभ्यन्तरवेदनशून्यो** बाह्यश्चाऽऽभ्यन्तरश्च बाह्याभ्यन्तरे तयोर्वेदनशून्यो बाह्याभ्यन्तरवेदनशून्यः **स्वानन्दामृतसिन्धुनिमग्नः** स्वस्याऽऽनन्दः स्वानन्दः स एवामृतं स्वानन्दामृतं तस्य सिन्धुरपारराशिस्तस्मिन्निमग्नः सन् **तूष्णीमास्ते**। अहमिदमिति बाह्याभ्यन्तरप्रत्ययरहितो भवतीत्यर्थः।

कोई अनन्य विद्वान् 'मैं यह हूँ' इस प्रकार के किसी भी बाह्य या आन्तरिक दुःख से रहित, अपने आनन्द रूप अमृत के सागर में निमग्न होकर मौन रहता है ॥८७६॥

जिसने स्वयं को ब्रह्म से अभिन्न रूप से जान लिया है, जिसे ब्रह्म का साक्षात्कार हो चुका है, ऐसा कोई विद्वान् 'मैं यह हूँ' - 'यह' शब्द से मोटा, पतला, गोरा, काणा, अन्धा, बहरा, गूंगा, सङ्कल्प-विकल्प से युक्त, दृढ निश्चय वाला, सुखी, दुःखी, पिता, पुत्र, पति, कुल, गोत्र से युक्त इत्यादि अनेक विकल्प सम्भव हैं या उनका आधार - इस प्रकार के किसी भी बाह्य तथा आन्तरिक दुःख से रहित होता है। अपना आनन्द ही अमृत है - उस अपार राशि में निमग्न होकर वह मौन रहता है। 'मैं', 'यह' इस प्रकार के बाह्य तथा आन्तरिक विचारों से मुक्त हो जाता है – यह अर्थ है।

निर्विकल्पं परं ब्रह्म यत्तस्मिन्नेव निष्ठिताः । एते धन्या एव मुक्ता जीवन्तोऽपि बहिर्दृशाम् ॥८७७॥

यन्निर्विकल्पं परं ब्रह्म तस्मिन्नेव निष्ठिता एते धन्या बहिर्दृशां लौकिकपुरुषाणां सकाशा**ज्जीवन्तोऽपि मुक्ता एवे**ति।

ननु सविकल्पस्य ब्रह्मणो ज्ञानं सविकल्पावस्थायां भवति यदा प्रमात्रादयः सन्ति तत्र वेदान्तश्रवणकाले शास्त्राऽऽचार्योपदेशतः सविकल्पस्य ब्रह्मणो ज्ञानं जायते तथा सति निर्विकल्पस्य ब्रह्मणो ज्ञानं निर्विकल्पावस्थायां भवेत्तस्मान्निर्विकल्पसमाध्यभ्यास एव कर्तव्यो न तु श्रवणमनने, तयोः सर्वदा सविकल्पकत्वात्।

अत्राभिदध्महे - निर्विकल्पावस्थायां प्रमात्राद्यभावान्न ज्ञानं सम्भवति, यथा सुषुप्तौ। यत्र प्रमाणव्यापारो वर्तते तत्रैव प्रमोत्पत्तिसम्भावना वर्तते नान्यथा। तस्माच्छ्रवणकाले विशुद्धचित्तस्यैषणात्रयरहितस्य साधनचतुष्टयसम्पन्नस्य पूर्वकृतपापप्रतिबन्धरहितस्य निर्विकल्पब्रह्मविषयकमपरोक्षज्ञानं जायत एव। यद्येवं तर्हि कस्माच्छ्रुतिर्निर्विकल्पसमाधिं विदधाति? उच्यते - साधनचतुष्टयन्यूनतापरिपूरणार्थं प्रतिबन्धनिवारणार्थञ्च *"शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवाऽऽत्मानं पश्यति"* इति श्रुतिस्तथा *"यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह। बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम्॥, तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्। अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ॥"* इति च समाधिं विदधाति न तु ब्रह्मसाक्षात्कारार्थम्, तत्तु श्रवणादेव जायते। श्रुतवेदान्तानां प्रमाणप्रमेयाऽसम्भावना-निरासेऽपि चित्तस्यानेकाग्रतादोषः प्रतिबन्धकः सम्भवति तदपनयनाय योगोऽनुष्ठातव्यः। परमगुरवो गौडपादाचार्या अप्यूचिरे *"उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना। मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः॥"* इति।

जो निर्विकल्प परम ब्रह्म में ही स्थित रहते हैं, वे धन्य हैं। वे बाहर की ओर देखने वालों के सम्मुख जीवित रहते हुए भी मुक्त ही हैं ॥८७७॥

जो निर्विकल्प परम ब्रह्म में ही स्थित रहते हैं, वे धन्य हैं। वे सांसारिक मनुष्यों के समक्ष जीवित रहते हुए भी मुक्त ही हैं।

किन्तु सविकल्प ब्रह्म का ज्ञान सविकल्प अवस्था में होता है, जब प्रमाता आदि विद्यमान होते हैं। वेदान्त श्रवण के समय शास्त्र तथा आचार्य के उपदेश से सविकल्प ब्रह्म का ज्ञान उत्पन्न होता है। ऐसा होने पर निर्विकल्प ब्रह्म का ज्ञान निर्विकल्प अवस्था में ही हो सकता है। इसीलिए केवल निर्विकल्प समाधि का ही अभ्यास करना चाहिए, श्रवण तथा मनन का नहीं; वे दोनों सदा सविकल्प (भेद युक्त) ही होते हैं।

यहाँ हम कहते हैं - निर्विकल्प अवस्था में प्रमाता आदि के अभाव से ज्ञान सम्भव नहीं है, जैसे सुषुप्ति में। जहाँ प्रमाण व्यापार होता है, ज्ञान तो केवल वहीं उत्पन्न हो सकता है अन्यत्र नहीं। इसीलिए श्रवण के समय अत्यन्त शुद्ध अन्तःकरण, तीन प्रकार की एषणाओं से रहित, साधन चतुष्टय से सम्पन्न, पूर्व किए पापों के कारण उत्पन्न प्रतिबन्धों से मुक्त को निर्विकल्प ब्रह्म विषयक अपरोक्ष ज्ञान निश्चय ही उत्पन्न हो जाएगा। यदि ऐसा है तो श्रुति निर्विकल्प समाधि का विधान क्यों करती है? कहा जाता है - साधन चतुष्टय में किसी भी न्यूनता को पूरा करने तथा विघ्नों के निवारण के लिए। 'शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु समाहित होकर आत्मा में ही आत्मा को देखता है' (बृ० उ० ४।४।२३) श्रुति से तथा 'जिस समय पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ मन के सहित [आत्मा में] स्थित हो जाती हैं और बुद्धि भी चेष्टा नहीं करती, उस अवस्था को परम गति कहते हैं। उस स्थिर इन्द्रिय धारणा को ही योग कहते हैं। उस समय पुरुष प्रमाद रहित हो जाता है क्योंकि योग ही

उत्पत्ति और नाश रूप है' (क० उ० २।३।१०,११) समाधि का विधान ब्रह्म साक्षात्कार के लिए नहीं है, वह तो केवल श्रवण से ही हो जाता है। जिन्होंने वेदान्त का श्रवण कर लिया है, उनके लिए प्रमाण, प्रमेय असम्भावना का निवारण होने पर भी चित्त की अनेकाग्रता रूप दोष प्रतिबन्धक होता है; उसी को दूर करने के लिए योग का अनुष्ठान करना चाहिए। परम गुरु गौडपादाचार्य भी कहते हैं 'जैसे कुशा के अग्र भाग से एक-एक बूँद के द्वारा समुद्र को सुखाना हो सकता है, वैसे ही खेद रहित योगियों का मनोनिग्रह धैर्य से हो सकता है' (मा० का० ३।४१)।

बाह्यसमाधिप्रकारः

यथा समाधित्रितयं यत्नेन क्रियते हृदि । तथैव बाह्यदेशेऽपि कार्यं द्वैतनिवृत्तये ॥८७८॥

तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि निशामय समासतः । अधिष्ठानं परं ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम् ॥८७९॥

यथा हृदि यत्नेन समाधित्रितयं दृश्यानुविद्धः शब्दानुविद्धश्च सविकल्पसमाधिस्तथा निर्विकल्पसमाधिः **क्रियते तथैव द्वैतनिवृत्तये बाह्यदेशेऽपि कार्यं** समाधित्रितयमित्यर्थः। **तत्प्रकारं समासतः प्रवक्ष्यामि, निशामय** शृणु, श्रुत्वाऽवधारय। **सच्चिदानन्दलक्षणं परं ब्रह्म** सर्वेषामधिष्ठानमिति।

जैसे हृदय में तीन प्रकार की समाधियाँ प्रयत्न पूर्वक की जाती हैं, वैसे ही बाह्य देश में भी द्वैत की निवृत्ति के लिए करना चाहिए ॥८७८॥

उसके प्रकार को संक्षेप से कहूँगा, सुनो। परम ब्रह्म ही अधिष्ठान है जो सत्, चित्, आनन्द स्वरूप है ॥८७९॥

जैसे हृदय में प्रयत्नपूर्वक तीन समाधियाँ – दृश्य से युक्त, शब्द से युक्त सविकल्प समाधि तथा निर्विकल्प समाधि की जाती हैं, वैसे ही द्वैत की निवृत्ति के लिए बाह्य देश में भी उन तीन समाधियों का अभ्यास करना चाहिए – यह अर्थ है। उसके प्रकार को संक्षेप से कहूँगा; सुनो, सुनकर धारण करो। सत्, चित् और आनन्द लक्षणों वाला परम ब्रह्म ही सभी का अधिष्ठान है।

तत्राध्यस्तमिदं भाति नामरूपात्मकं जगत् । सत्त्वं चित्त्वं तथानन्दरूपं यद्ब्रह्मणस्त्रयम् ॥८८०॥

अध्यस्तजगतो रूपं नामरूपमिदं द्वयम् । एतानि सच्चिदानन्दनामरूपाणि पञ्च च ॥८८१॥

एकीकृत्योच्यते मूर्खैरिदं विश्वमिति भ्रमात् । शैत्यं श्वेतं रसं द्राव्यं तरङ्ग इति नाम च ॥८८२॥

एकीकृत्य तरङ्गोऽयमिति निर्दिश्यते यथा ।

तत्र तस्मिन् सच्चिदानन्दात्मके ब्रह्मणि सर्वाधिष्ठाने**ऽध्यस्त**मारोपित**मिदं नामरूपात्मकं** नाम च रूपञ्च नामरूपे ते आत्मा स्वरूपं यस्य तन्नामरूपात्मकं **जगद्भाति सत्त्वं चित्त्वं तथाऽऽनन्दरूपं यद्ब्रह्मणस्त्रयं** रूपं लक्षणम्, **अध्यस्तजगतो**ऽध्यस्तस्य जगतोऽविद्यात्मकत्वादि**दं नामरूपं द्वयं रूपं** लक्षणम्। **एतानि सच्चिदानन्दनामरूपाणि पञ्च चैकीकृत्य मूर्खैर्भ्रमादिदं विश्वमित्युच्यते यथा शैत्यं श्वेतं रसं द्राव्यं तरङ्ग इति नाम चैकीकृत्यायन्तरङ्ग इति निर्दिश्यत** इति।

वहाँ यह नाम-रूपात्मक जगत् अध्यस्त होकर प्रतीत होता है। सत्, चित् तथा आनन्द ये ब्रह्म के तीन रूप हैं; नाम तथा रूप इस अध्यस्त जगत् के दो रूप हैं। सत, चित्, आनन्द, नाम, रूप - इन पाँचों को एक मानकर अज्ञानी मोहवश इसे विश्व कहते हैं, जैसे शीतलता, श्वेतता, रस, द्रवता तथा 'तरङ्ग' नाम को एक करके 'यह तरङ्ग है' - इस प्रकार निर्देश किया जाता है ॥८८०, ८८१, ८८२॥

उस सच्चिदानन्द स्वरूप, सर्व के अधिष्ठान ब्रह्म में आरोपित किया हुआ; जिसका स्वरूप नाम तथा रूप है, वह नाम-रूपात्मक जगत् प्रतीत होता है। सत्, चित् तथा आनन्द ये ब्रह्म के तीन रूप/लक्षण हैं; इस अध्यस्त जगत् के अविद्या स्वरूप होने से नाम तथा रूप दो

लक्षण हैं। सत्, चित्, आनन्द, नाम, रूप - इन पाँचों को एक मानकर अज्ञानी मोहवश इसे विश्व कहते हैं, जैसे शीतलता, श्वेतता, रस, द्रवता तथा 'तरङ्ग' नाम को एक करके 'यह तरङ्ग है' - इस प्रकार निर्देश किया जाता है।

आरोपिते नामरूपे उपेक्ष्य ब्रह्मणः सतः ॥८८३॥

स्वरूपमात्रग्रहणं समाधिर्बाह्य आदिमः । सच्चिदानन्दरूपस्य सकाशाद् ब्रह्मणो यतिः ॥८८४॥

नामरूपे पृथक्कृत्वा ब्रह्मण्येव विलापयन् । अधिष्ठानं परं ब्रह्म सच्चिदानन्दमद्वयम् ।
यत्तदेवाहमित्येव निश्चितात्मा भवेद्ध्रुवम् ॥८८५॥

सतो ब्रह्मण आरोपिते कल्पिते **नामरूपे उपेक्ष्यो**दासीनीकृत्य **स्वरूपमात्रग्रहणं** स्वरूपमात्रं ब्रह्मणो याथात्म्यं तस्यैव ग्रहणं **बाह्य आदिमो** दृश्यानुविद्धः सविकल्पः **समाधिः। यतिः** सर्वकर्मसंन्यासी सर्वकामेभ्यो निस्पृहः **सच्चिदानन्दरूपस्य ब्रह्मणः सकाशान्नामरूपे पृथक्कृत्वा ब्रह्मण्येव विलापयंस्त**योस्त्रैकालिकात्यन्ताभावं ज्ञात्वा यथा रज्जुसर्पस्य रज्ज्वां विलापनं यथा वा स्वप्नजगतः स्वप्नद्रष्टरि विलापनं, *"आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा। वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः ॥"*, *"नेह नानास्ति किञ्चन"* इति श्रुतिस्मृतिबला**दधिष्ठानं सच्चिदानन्दमद्वयं यत्परं ब्रह्म तदेवाहमस्मीत्येव ध्रुवं निश्चितात्मा**ऽध्यवसायवान् **भवेत्**। पञ्चलक्षणात्मकब्रह्मसर्गयोरन्योन्याध्यासान्नामरूपे उपेक्ष्य केवलाधिष्ठानांशमात्रं सत्यत्वेन बुद्ध्वा तदेवाहमस्मि न तु देहादिसङ्घातोऽसौ नामाऽहं, इदं मम मनुष्यरूपमिति पुनः पुनश्चिन्तयेत्। *"आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया"* इति स्मरणात्।

आरोपित नाम तथा रूप की उपेक्षा कर, सत् ब्रह्म के स्वरूप मात्र का ग्रहण करना - यह पहली बाह्य समाधि है। यति सत्-चित्-आनन्द स्वरूप ब्रह्म से नाम तथा रूप को पृथक करके, उन्हें ब्रह्म में ही विलीन करता हुआ अधिष्ठान रूप, सच्चिदानन्द, अद्वैत, परम ब्रह्म को 'मैं वही हूँ' - इस प्रकार निश्चित रूप से दृढ निश्चय वाला हो जाता है ॥८८३, ८८४, ८८५॥

सत् ब्रह्म के कल्पित नाम-रूप से उदासीन होकर ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप को ही ग्रहण करना दृश्यानुविद्ध सविकल्प समाधि है। समस्त कर्मों का त्यागी, सभी कामनाओं से निस्पृह सच्चिदानन्द रूप ब्रह्म से नाम-रूप को पृथक् करके उन्हें ब्रह्म में ही विलीन करता है अर्थात् उन दोनों के पूर्ण अभाव को तीनों कालों में जानता है। जैसे रज्जु-सर्प का रज्जु में विलापन अथवा जैसे स्वप्न जगत् का स्वप्न द्रष्टा में विलापन होता है। श्रुति और स्मृति के बल से 'जो वस्तु उत्पत्ति से पूर्व (आदि में) नहीं है और नष्ट हो जाने के बाद (अन्त) में नहीं है। वह वर्तमान (मध्य) में भी वैसी ही है अर्थात् नहीं है' (मा० का० २।६), 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (बृ० उ० ४।४।१९) अधिष्ठान रूप, सच्चिदानन्द, अद्वैत, परम ब्रह्म को 'मैं वही हूँ' इस प्रकार निश्चित रूप से दृढ निश्चय वाला हो जाता है। पाँच लक्षणों वाले ब्रह्म और जगत् के परस्पर अध्यास के कारण, नाम-रूप की उपेक्षा कर केवल अधिष्ठान अंश को ही सत्य समझकर 'मैं वही हूँ', न कि 'मैं यह देह आदि सङ्घात हूँ', 'यह मेरा नाम है', 'यह मेरा मनुष्य रूप है' इस प्रकार पुनः पुनः चिन्तन करना चाहिए। स्मरण से 'जाग्रत् से लेकर सुषुप्ति (या मरण) तक के समय तक मन को वेदान्त चिन्तन में लगाए रखना चाहिए'।

इयं भूर्न सन्नापि तोयं न तेजो न वायुर्न खं नापि तत्कार्यजातम् ।
यदेषामधिष्ठानभूतं विशुद्धं सदेकं परं सत्तदेवाहमस्मि ॥८८६॥

इयं भूः पृथिवी **सद्ब्रह्म न, तोयमपि न, न तेजः, न वायुर्न खं, तत्कार्यजातं** तेषां पञ्चभूतानां पञ्चीकृतानां वा कार्यजातं कार्यसमूहोऽपि न। **यदेषामधिष्ठानभूतमेकं विशुद्धं सत्परं** ब्रह्म **तत्सदेवाहमस्मी**ति।

यह पृथ्वी सत् नहीं है, न ही जल, न अग्नि, न वायु, न आकाश, न इनका कार्य समुदाय। जो इन सभी का अधिष्ठान, विशुद्ध, एक, परम

सत् है - वही मैं हूँ ॥८८६॥

यह पृथिवी ब्रह्म नहीं है, जल भी नहीं है, अग्नि नहीं है, वायु नहीं है, आकाश नहीं है, उन पाँच भूतों अथवा पञ्चीकृत भूतों के समस्त कार्यों का समूह भी नहीं है। जो इन सभी का अधिष्ठान, विशुद्ध, एक, परम सत् है - वह ब्रह्म मैं ही हूँ।

न शब्दो न रूपं न च स्पर्शको वा तथा नो रसो नापि गन्धो न चान्यः ।
यदेषामधिष्ठानभूतं विशुद्धं सदेकं परं सत्तदेवाहमस्मि ॥८८७॥

न सद्द्रव्यजातं गुणा न क्रिया वा न जातिर्विशेषो न चान्यः कदापि ।
यदेषामधिष्ठानभूतं विशुद्धं सदेकं परं सत्तदेवाहमस्मि ॥८८८॥

शब्दो न रूपञ्च न वा स्पर्शकोऽपि न ब्रह्म **तथा रसो न गन्धो**ऽपि न। **द्रव्यजातं** द्रव्यसमूहो **न सद्ब्रह्म** *"द्रव्याणि पृथिवी-अप्-तेजो-वायु-आकाश-काल-दिग्-आत्म-मनांसि नवैव", "रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-सङ्ख्या-परिमाण-पृथक्त्व-संयोग-विभाग-परत्व-अपरत्व-गुरुत्व-द्रवत्व-स्नेह-शब्द-बुद्धि-सुख-दुःख-इच्छा-द्वेष-प्रयत्न-धर्म-अधर्म-संस्काराश्चतुर्विंशतिर्गुणाः", "उत्क्षेपण-अपक्षेपण-आकुञ्चन-प्रसारण-गमनानि पञ्चकर्माणि", "परमपरश्चेति द्विविधं सामान्यम् (जातिः)", "नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषास्त्वनन्ता एव"* इति तर्कसङ्ग्रहे कथितं सर्वं तार्किकमताभिप्रेतं नाहम्। **न गुणा न क्रिया वा न जातिः** सामान्यं न **विशेषो न चान्यः** समवायः **कदापि** नाप्यभावो **यदेषामधिष्ठानभूतमेकं विशुद्धं सत्परं** ब्रह्म **तत्सदेवाहमस्मी**ति।

न शब्द, न रूप, न स्पर्श तथा न रस, न गन्ध भी और न ही कुछ अन्य ब्रह्म है। जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, विशुद्ध, सत, एक, परम ब्रह्म है – वही मैं हूँ ॥८८७॥

न द्रव्यों का समूह ब्रह्म है, न गुण, न क्रिया, न जाति, न विशेष और न कभी कोई अन्य ही ब्रह्म है। जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, विशुद्ध, सत, एक, परम ब्रह्म है – वही मैं हूँ ॥८८८॥

न शब्द, न रूप या स्पर्श भी ब्रह्म नहीं है तथा न रस, न गन्ध भी। द्रव्यों का समूह ब्रह्म नहीं है। जैसा कि तर्क सङ्ग्रह में कहा गया है 'द्रव्य नौ ही हैं - पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा, मन'; 'रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, सङ्ख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, संस्कार चौबीस गुण हैं'; 'उत्क्षेपण, अपक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण तथा गमन ये पाँच कर्म हैं'; 'पर तथा अपर ये दो प्रकार के सामान्य (जाति) हैं', 'नित्य द्रव्यों में रहने वाले विशेष पदार्थ हैं और वे अनन्त हैं' - ये सब तार्किकों के मत के अनुसार कहा गया है, परन्तु मैं ये सब नहीं हूँ। न गुण, न क्रिया, न सामान्य, न विशेष, न समवाय और न कभी अभाव भी ब्रह्म है। जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, एक, विशुद्ध, सत, ब्रह्म है - वह सत् मैं ही हूँ।

न देहो न चाक्षाणि न प्राणवायुर्मनो नापि बुद्धिर्न चित्तं ह्यहन्धीः ।
यदेषामधिष्ठानभूतं विशुद्धं सदेकं परं सत्तदेवाहमस्मि ॥८८९॥

न देशो न कालो न दिग्वापि सत्स्यान्न वस्त्वन्तरं स्थूलसूक्ष्मादिरूपम् ।
यदेषामधिष्ठानभूतं विशुद्धं सदेकं परं सत्तदेवाहमस्मि ॥८९०॥

देहो न ब्रह्म **नाक्षाणी**न्द्रियाणि **न च प्राणवायुर्न मनो नापि बुद्धिर्न चित्तं** नाहं **ह्यहन्धीर**हङ्कारः। नाहं स्थूलसूक्ष्मशरीरं नापि सङ्घातः। **न देशो न कालो न दिङ्नापि सद्ब्रह्म स्यान्नापि स्थूलसूक्ष्मादिरूपं वस्त्वन्तरं** किन्तु **यदेषामधिष्ठानभूतमेकं विशुद्धं सत्परं** ब्रह्म **तत्सदेवाहमस्मी**ति।

न देह, न इन्द्रियाँ, न प्राण वायु, न मन, न बुद्धि, न चित्त और न ही अहङ्कार ब्रह्म है। जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, विशुद्ध, सत्, एक, परम ब्रह्म है – वही मैं हूँ ॥८८९॥

न देश, न काल, न दिशा, न स्थूल-सूक्ष्म आदि रूप अन्य वस्तु ब्रह्म है। जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, विशुद्ध, सत्, एक, परम ब्रह्म है – वही मैं हूँ ॥८९०॥

देह ब्रह्म नहीं है, न इन्द्रियाँ, न प्राण वायु, न मन, न ही बुद्धि, न चित्त और न ही अहङ्कार। मैं स्थूल-सूक्ष्म शरीर नहीं हूँ और न इनका सङ्घात हूँ। न देश, न काल और दिशा भी ब्रह्म नहीं हैं और न ही स्थूल-सूक्ष्म आदि रूप कोई अन्य वस्तु अपितु जो इन सभी का अधिष्ठान रूप, एक, विशुद्ध, सत् ब्रह्म है – वह सत् मैं ही हूँ।

एतद्दृश्यं नामरूपात्मकं योऽधिष्ठानं तद्ब्रह्म सत्यं सदेति ।
गच्छंस्तिष्ठन्वा शयानोऽपि नित्यं कुर्याद्विद्वान्बाह्यदृश्यानुविद्धम् ॥८९१॥

यो विद्वान् प्रमित्सुः **सदा** सर्वदा **नित्यं गच्छंस्तिष्ठञ्शयानोऽपि वा बाह्यदृश्यानुविद्धं** बाह्यदृश्येनाऽनुविद्धं युक्तं सम्बद्ध**मेतन्नामरूपात्मकं दृश्यं कुर्यात्**, सर्वं नामरूपात्मकं दृश्यमेवेति निश्चयं कुर्यादित्यर्थः। स **तदधिष्ठानं** सर्वाधारं **सत्सत्यं ब्रह्मैति** प्राप्नोत्यधिगच्छतीत्यर्थः।

जो विद्वान् चलता हुआ, खड़ा हुआ या लेटा हुआ भी सदा बाह्य दृश्यों से युक्त इस नाम-रूपात्मक [जगत्] को 'दृश्य' करता है; उस अधिष्ठान, सत् ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है ॥८९१॥

जो ज्ञान की इच्छा रखने वाला सदा, सर्वदा चलता हुआ, खड़ा हुआ या लेटा हुआ भी बाहरी दृश्यों से युक्त, सम्बद्ध इस नाम-रूप को दृश्य करता है अर्थात् सभी नाम-रूपात्मक दृश्य ही हैं – ऐसा निश्चय करे; यह अर्थ है। वह सभी के आधार, सत् ब्रह्म को प्राप्त करता है, जान लेता है - ऐसा अर्थ है।

बाह्यदृश्यानुविद्ध-समाध्यभ्यास उक्तः। अधुना षड्भिः श्लोकैः शब्दानुविद्धसमाध्यभ्यासो वर्ण्यते। अध्यस्तनाम-रूपादिप्रविलापेनेति।

इस प्रकार बाह्य दृश्यों से युक्त समाधि का अभ्यास बताया गया। अब छः श्लोकों द्वारा शब्दों से युक्त समाधि अभ्यास का वर्णन करते हैं 'अध्यस्तनामरूपादिप्रविलापेन' इत्यादि से -

अध्यस्तनामरूपादिप्रविलापेन निर्मलम् । अद्वैतं परमानन्दं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९२॥

निर्विकारं निराकारं निरञ्जनमनामयम् । आद्यन्तरहितं पूर्णं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९३॥

यतिः सर्वकामकर्मत्यागी जीवन्मुक्तानन्दप्रेप्सु**रध्यस्तनामरूपादिप्रविलापेन** नामरूपादीनां प्रविलापो नामरूपादि-प्रविलापोऽध्यस्तानां नामरूपादीनां प्रविलापस्तेन मिथ्यात्वदर्शनेनेति **निर्मलं** निर्गुण**मद्वैतं परमानन्दं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत्**। अहं **निर्विकारं निराकारं निरञ्जनमनामयम**विद्याकामकर्मादिरोगरहित**माद्यन्तरहितं पूर्णं ब्रह्मास्मीति भावयेत्**। *"ब्रह्मैवाहं न संशयः"* इति पाठे ब्रह्मैवाहं न मनुष्यो देहेन्द्रियमनोबुद्धयः संसारी कर्ता भोक्ता जीवो वेति मे संशय इति।

अध्यस्त नाम-रूप आदि का पूर्ण विलय करके 'मैं निर्मल, अद्वैत, परम आनन्द स्वरूप ब्रह्म ही हूँ' - इस प्रकार भावना करे ॥८९२॥

'मैं निर्विकार, निराकार, निष्कलङ्क, रोग रहित, आदि-अन्त से रहित, पूर्ण ब्रह्म ही हूँ' - इस प्रकार भावना करे ॥८९३॥

समस्त कामनाओं और कर्मों का त्यागी यति जो जीवन्मुक्ति के आनन्द का इच्छुक है, अध्यस्त नाम-रूप आदि के मिथ्यात्व दर्शन द्वारा निर्गुण, अद्वैत, परम आनन्द ब्रह्म मैं ही हूँ – इस प्रकार भावना करे। मैं निर्विकार, निराकार, निरञ्जन, अविद्या-काम-कर्म आदि रोगों से रहित, आदि-अन्त से रहित, पूर्ण ब्रह्म हूँ – इस प्रकार भावना करे। पाठ में यदि 'मैं ब्रह्म ही हूँ, इसमें संशय नहीं' हो तो अर्थ है कि मैं ब्रह्म ही हूँ; मनुष्य, देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, संसारी, कर्ता-भोक्ता जीव नहीं - मुझे कोई संशय नहीं है।

निष्कलङ्कं निरातङ्कं त्रिविधच्छेदवर्जितम् । आनन्दमक्षरं मुक्तं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९४॥

निर्विशेषं निराभासं नित्यमुक्तमविक्रियम् । प्रज्ञानैकरसं सत्यं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९५॥

अहं **निष्कलङ्कं** शुद्धं **निरातङ्कं** निर्भयं **त्रिविधपरिच्छेदवर्जितं** देशकालवस्तुपरिच्छेदरहित**मानन्दमक्षरं मुक्तं** नित्यमुक्तं बन्धकल्पनावर्जितं ब्रह्मैवास्मीति **भावयेत्**। **निर्विशेषम**शेषविशेषकल्पनाशून्यं **निराभासं** चिदाभासरहितं यथा रज्जुः सर्पाद्याभासरहिता **नित्यमुक्तं** कालत्रयेऽपि बन्धगन्धरहितमविद्यासंश्लेषरहित**मविक्रियं** निर्विकारं **प्रज्ञानैकरसं** प्रज्ञानं चैतन्यमेकमात्ररसं प्रज्ञानैकरसं प्रज्ञानघनं **सत्यं ब्रह्मैवास्मीति भावयेदि**ति।

निष्कलङ्क, निरातङ्क, तीनों प्रकार के परिच्छेदों से रहित, आनन्द स्वरूप, अक्षर, मुक्त ब्रह्म मैं ही हूँ – इस प्रकार भावना करे ॥८९४॥

निर्विशेष, निराभास, बन्धन से सदा मुक्त, विकार रहित, प्रज्ञान, एकमेव चैतन्य स्वरूप, सत्य ब्रह्म मैं ही हूँ – इस प्रकार भावना करे ॥८९५॥

मैं शुद्ध, निर्भय, देश-काल-वस्तु के परिच्छेदों (सीमाओं) से रहित, आनन्द स्वरूप, अक्षर, नित्य मुक्त, बन्धन की कल्पना से रहित ब्रह्म ही हूँ – इस प्रकार भावना करे। समस्त भेदों की कल्पना से शून्य, चैतन्य के आभास से रहित, जैसे रज्जु सर्प आदि के आभास से रहित होती है, तीनों कालों में बन्धन की गन्ध से भी रहित, अविद्या के सम्बन्ध से रहित, निर्विकार, चैतन्य ही जिसका एक मात्र रस है अर्थात् प्रज्ञान घन, सत्य ब्रह्म मैं ही हूँ – इस प्रकार भावना करे।

शुद्धं बुद्धं तत्त्वसिद्धं परं प्रत्यगखण्डितम् । स्वप्रकाशं पराकाशं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९६॥

सुसूक्ष्ममस्तितामात्रं निर्विकल्पं महत्तमम् । केवलं परमाद्वैतं ब्रह्मैवास्मीति भावयेत् ॥८९७॥

शुद्धं बुद्धं बोधरूपं **तत्त्वसिद्धं** तत्त्वज्ञानेन ब्रह्मज्ञानेन सिद्धं **परं** श्रेष्ठं **प्रत्यगा**त्मरूपं नित्यापरोक्ष**मखण्डितम**परिच्छिन्नं पूर्णं व्यापकं **स्वप्रकाशं** स्वयम्प्रकाशं **पराकाशं** चिदाकाशं **सुसूक्ष्ममा**काशात्सूक्ष्मतरं मनसोऽपि सूक्ष्मतरं शुद्धचिन्मात्रं मनोवाचामगोचर**मस्तितामात्रं** सन्मात्रं **निर्विकल्पं महत्तमं** निरतिशयबृहत्**केवलं** सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहितं **परमाद्वैतं ब्रह्मैवास्मीति** निरन्तरं **भावये**च्चिन्तयेदित्यर्थः।

शुद्ध, बुद्ध, तत्त्व ज्ञान से सिद्ध, परम, प्रत्यक्, अखण्डित, स्वयं प्रकाश, पराकाश ब्रह्म 'मैं ही हूँ' - इस प्रकार भावना करे ॥८९६॥

अत्यन्त सूक्ष्म, सत्ता मात्र, निर्विकल्प, सबसे महान, केवल, परम अद्वैत ब्रह्म 'मैं ही हूँ' - इस प्रकार भावना करे ॥८९७॥

शुद्ध, बोध स्वरूप, ब्रह्मज्ञान से सिद्ध, श्रेष्ठ, आत्म रूप/नित्य अपरोक्ष, अपरिच्छिन्न/पूर्ण/व्यापक, स्वयं प्रकाश, चिदाकाश, आकाश से सूक्ष्मतर, मन से भी सूक्ष्मतर, शुद्ध चैतन्य मात्र, मन तथा वाणी से अगोचर, सत् मात्र, निर्विकल्प, निरतिशय बृहत्, सजातीय-विजातीय-स्वगत भेदों से रहित, परम अद्वैत - ब्रह्म 'मैं ही हूँ' इस प्रकार निरन्तर चिन्तन करे - यह अर्थ है।

इत्येवं निर्विकारादिशब्दमात्रसमर्पितम् । ध्यायतः केवलं वस्तु लक्ष्ये चित्तं प्रतिष्ठति ॥८९८॥

इत्येवं प्रकारेण **निर्विकारादिशब्दमात्रसमर्पितं** निर्विकारादिशब्दमात्रैः समर्पितं ज्ञापितं चित्ते बुद्धौ **केवलं वस्तु ध्यायतो लक्ष्ये** ब्रह्मात्मैक्ये **चित्तं प्रतिष्ठति** स्थितं भवति स स्थितप्रज्ञो भवतीत्यर्थः।

इस प्रकार 'निर्विकार' आदि शब्द मात्र से सूचित केवल वस्तु का ध्यान करने वाले का चित्त लक्ष्य में प्रतिष्ठित होता है ॥८९८॥

इस प्रकार 'निर्विकार' आदि शब्द मात्र से ज्ञापित चित्त/बुद्धि में केवल वस्तु का ध्यान करने वाले का चित्त ब्रह्म-आत्म ऐक्य में स्थित होता है; वह स्थितप्रज्ञ होता है - ऐसा अर्थ है।

ब्रह्मानन्दरसावेशादेकीभूय तदात्मना । वृत्तेर्या निश्चलावस्था स समाधिरकल्पकः ॥८९९॥

ब्रह्मानन्दरसावेशाद्ब्रह्मण आनन्दो ब्रह्मानन्दो ब्रह्मैवानन्दो वा स एव रसो ब्रह्मानन्दरसः *"रसो वै सः"* तस्याऽऽवेशा**देकीभूय** तादात्म्यं प्राप्य **वृत्ते**र्बुद्धिवृत्ते**र्या निश्चलावस्था स समाधिरकल्पको** निर्विकल्पक इति।

ब्रह्मानन्द के रस में लीन, उसके साथ आत्म रूप से एकीभूत होकर वृत्ति की वह निश्चल अवस्था अकल्पक समाधि है ॥८९९॥

ब्रह्म का आनन्द या ब्रह्म ही आनन्द है; वह ही रस है - 'वह रस रूप ही है' (तै० उ० २।७) उसके रस में प्रवेश कर, उसके साथ तादात्म्य प्राप्त करके बुद्धि वृत्ति की वह निश्चल अवस्था निर्विकल्पक समाधि है।

उत्थाने वाप्यनुत्थानेऽप्यप्रमत्तो जितेन्द्रियः । समाधिषट्कं कुर्वीत सर्वदा प्रयतो यतिः ॥९००॥

अप्रमत्तः सर्वदा सावधानो **जितेन्द्रियो यतिः** संन्यासी **प्रयत उत्थाने** व्यवहारकाले **वाऽनुत्थानेऽपि** समाधिदशायां सदा **समाधिषट्कं कुर्वी**तेति।

विपरीतभावनानिवृत्यर्थं सर्वत्र सर्वतो देशतः कालतो वस्तुतश्च सर्वावस्थासु ब्रह्मभिन्नं न किञ्चिदस्ति *"ब्रह्मैवेदं विश्वमिदम्"*, *"आत्मैवेदं सर्वम्"*, *"सर्वं ह्येतद्ब्रह्म। अयमात्मा ब्रह्म"* इत्यादिश्रुतिभिः, *"प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्"*, *"तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः"* इत्यादिसूत्रैः, मृल्लोहविस्फुलिङ्गादिदृष्टान्तैः, दुन्दुभिशङ्खवीणादृष्टान्तैश्च बाधसामानाधिकरण्येन यः सर्पः सा रज्जुः, यदुदकं ता मरीचय इतिवत्सर्वत्र मिथ्याप्रपञ्चं बाधित्वा तदधिष्ठानभूतब्रह्माभिन्नं प्रत्यगात्मनो दर्शनं सदा कुरुष्वेति गुरोरादेशः। एतेन समाध्यभ्यासः सिद्ध्यतीति।

जितेन्द्रिय और अप्रमत्त यति उत्थान अथवा अनुत्थान में भी सर्वदा प्रयत्न करता हुआ छः प्रकार की समाधि का अभ्यास करे ॥९००॥

सदा सावधान रहने वाला, जितेन्द्रिय संन्यासी प्रयत्न करता हुआ व्यवहार के समय में अथवा समाधि अवस्था में भी सदा छः प्रकार की समाधि का अभ्यास करे।

विपरीत भावना की निवृत्ति के लिए सर्वत्र, सभी देशों में, सभी कालों में, सभी वस्तुओं में तथा सभी अवस्थाओं में ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। 'यह सब जगत् ब्रह्म ही है' (मु० उ० २।२।११), 'आत्मा ही यह सब है' (छा० उ० ७।२५।२), 'यह सब ब्रह्म ही है। यह आत्मा ही ब्रह्म है' (मा० उ० २) इत्यादि श्रुतियों द्वारा, 'उपादान कारण भी ब्रह्म ही है क्योंकि ऐसा मानने से ही श्रुति में आये हुए प्रतिज्ञा वाक्य तथा दृष्टान्त वाक्य बाधित नहीं होंगे' (ब्र० सू० १।४।२३), 'आरम्भण शब्द आदि हेतुओं से उसकी अर्थात् कार्य की कारण से अनन्यता सिद्ध होती है' (ब्र० सू० २।१।१४) इत्यादि सूत्रों से तथा मिट्टी, लोहा, अग्नि विस्फुलिङ्ग आदि के दृष्टान्तों से और दुन्दुभि, शङ्ख, वीणा आदि के दृष्टान्तों से भी यही सिद्ध होता है तथा बाध सामानाधिकरण्य से जो सर्प है, वह वास्तव में रज्जु है; जो जल दिखता है वह

वास्तव में किरणें हैं। इस प्रकार सर्वत्र मिथ्या प्रपञ्च का बाध कर उसके अधिष्ठान भूत ब्रह्म से अभिन्न प्रत्यक् आत्मा का सदा दर्शन करना चाहिए – यही गुरु का आदेश है। इसी के द्वारा समाधि का अभ्यास सिद्ध होता है।

विपरीतार्थधीर्यावन्न निःशेषं निवर्तते। स्वरूपस्फुरणं यावन्न प्रसिध्यत्यनर्गलम् ।
तावत्समाधिषट्केन नयेत्कालं निरन्तरम् ॥९०१॥

यावद्विपरीतधीरनात्मन्यात्मबुद्धिर्जगति सत्यत्वबुद्धिश्च **निःशेषं न निवर्तते**, **यावत्स्वरूपस्फुरणमा**त्मज्ञानं परमानन्दश्च**ानर्गलम**व्यवहितं न **प्रसिध्यति** विषयेषु भोगेच्छा पुनर्न जायते भयशोकादीनाञ्चाभावो वर्तते *"वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते"* **तावत्समाधिषट्केन निरन्तरं कालं नयेत्**। नैरन्तर्येण दीर्घकालं सावधानेन समाध्यभ्यासः कर्तव्य इत्यर्थः।

जब तक विपरीत भावना पूर्ण रूप से निवृत्त न हो, जब तक अपने स्वरूप का स्फुरण बाधा रहित सिद्ध न हो, तब तक निरन्तर छः प्रकार की समाधि से अपना समय बिताना चाहिए ॥९०१॥

जब तक अनात्मा में आत्म-बुद्धि तथा जगत् में सत्यत्व बुद्धि पूर्ण रूप से निवृत्त नहीं हो जाती, जब तक आत्मज्ञान तथा परम आनन्द अव्यवहित रूप से सिद्ध नहीं हो जाता अर्थात् विषय भोग की इच्छा पुनः उत्पन्न नहीं होती तथा भय, शोक आदि का अभाव बना रहता है; जैसा कि कहा गया है 'जिसके राग, भय और क्रोध नष्ट हो गए हैं, ऐसा मुनि स्थिर बुद्धि कहा जाता है' (भ० गी० २।५६); तब तक निरन्तर छः प्रकार की समाधि से अपना समय बिताना चाहिए। लगातार, दीर्घ काल तक, सावधान होकर समाधि का अभ्यास करना चाहिए - यह अर्थ है।

प्रमादत्यागः

न प्रमादोऽत्र कर्तव्यो विदुषा मोक्षमिच्छता । प्रमादे जृम्भते माया सूर्यापाये तमो यथा ॥९०२॥

स्वानुभूतिं परित्यज्य न तिष्ठन्ति क्षणं बुधाः । स्वानुभूतौ प्रमादो यः स मृत्युर्न यमः सताम् ॥९०३॥

मोक्षं स्वरूपावस्थानमपुनरागमनं परमसुखं**च्छेच्छता विदुषाऽत्र** समाधिविषये **प्रमादो न** कर्तव्यः। **यथा सूर्यापाये** सूर्यस्यापायेऽस्ते **तमो जृम्भते**ऽभिव्यज्यते तथा **प्रमादे माया**ऽविद्या जृम्भते। **बुधा** विद्वज्जनाः **स्वानुभूतिमा**त्मसुखं **परित्यज्य** क्षणमपि **न तिष्ठन्ति** ते सर्वदा सर्वभूतहिते रताः सर्वेषां ब्रह्मादिस्तम्बान्तानां भूतानां हिते परमप्रेमास्पदे प्रत्यगात्मनि रताः सर्वत्र प्रत्यग्रूपेण स्थितमात्मानं सर्वात्मकोऽहमिति स्वात्मना पश्यन्तो यद्वा सर्वे भूता हिताः स्थापिता यस्मिंस्तस्मिन् सर्वभूतहितेऽधिष्ठानभूते ब्रह्मणि रता इति सर्वभूतहिते रताः। **स्वानुभूतौ यः प्रमादः स सतां मृत्युर्न यमः**। *"प्रमादं वै मृत्युमहं ब्रवीमि"* इति सनत्सुजातस्य धृतराष्ट्रं प्रति वचनात्। स्वरूपच्युतौ सत्यामात्मविस्मरणं ततोऽनात्माध्यासः पुनरुद्भवेदित्यर्थः।
मोक्ष चाहने वाले विद्वान् द्वारा यहाँ प्रमाद नहीं किया जाना चाहिए। प्रमाद से माया उसी प्रकार प्रकट होती है, जैसे सूर्यास्त होने पर अन्धकार ॥९०२॥

ज्ञानी स्व अनुभूति को त्याग कर एक क्षण भी नहीं रहते। आत्म अनुभूति में जो प्रमाद है, वही सत्पुरुषों के लिए मृत्यु है, यम नहीं ॥९०३॥

स्वरूप में स्थित होना, पुनः जन्म का अभाव – ऐसे परम सुख चाहने वाले विद्वान् द्वारा समाधि के विषय में प्रमाद नहीं किया जाना चाहिए। जैसे सूर्य के अस्त होने पर अन्धकार व्यक्त होता है, वैसे ही प्रमाद होने पर अविद्या प्रकट हो जाती है। विद्वान् जन आत्मसुख को छोडकर क्षण भर भी नहीं रहते हैं। वे सर्वदा समस्त प्राणियों के हित में लगे रहते हैं, ब्रह्मा से लेकर तृण पर्यन्त प्राणियों के हित का आधार - परम प्रेम के आश्रय अन्तरात्मा में रत रहते हैं। सर्वत्र प्रत्यक् रूप से स्थित आत्मा को 'मैं सभी का आत्मा हूँ' - इस प्रकार अपने स्वरूप से देखते हैं अथवा समस्त प्राणी जिसमें स्थापित हैं, उस अधिष्ठान भूत ब्रह्म में रत रहते हैं। आत्म अनुभूति में जो प्रमाद है, वही

सत्पुरुषों के लिए मृत्यु है, यम नहीं। 'प्रमाद को ही मैं मृत्यु कहता हूँ' (म० भा० उ० प० ५।४२।४) - यह सनत्सुजात का धृतराष्ट्र के प्रति कहा गया वचन है। अपने स्वरूप से च्युत होने पर आत्म विस्मृति होती है, उससे अनात्मा का अध्यास पुनः उत्पन्न हो जाता है – यह अर्थ है।

अस्मिन्समाधौ कुरुते प्रयासं यस्तस्य नैवास्ति पुनर्विकल्पः ।
सर्वात्मभावोऽप्यमुनैव सिध्येत्सर्वात्मभावः खलु केवलत्वम् ॥९०४॥

योऽस्मिन् समाधौ प्रयासं भगीरथप्रयत्नं **कुरुते तस्य** ब्रह्माभ्यासिनः **पुनर्विकल्पः** संशयविपर्ययजन्यविकल्पो **नैवास्ति**। **सर्वात्मभावः** *"इदं सर्वं यदयमात्मा"* इत्यपि सर्वस्मिन्नात्मभावो**ऽमुना** समाधि**नैव सिध्येत्**। **खलु** निश्चितं हि **सर्वात्मभाव** एव **केवलत्वमि**ति।

जो इस समाधि में प्रयास करता है, उसके लिए पुनः विकल्प नहीं होते। सर्वात्म भाव भी इसी से सिद्ध हो जाता है, निश्चय सर्वात्म भाव ही कैवल्य है ॥९०४॥

जो इस समाधि में भगीरथ प्रयत्न करता है, उस ब्रह्म अभ्यासी के लिए संशय, विपर्यय से उत्पन्न विकल्प नहीं होते। 'ये सब जो कुछ भी हैं, यह सब आत्मा ही है' (बृ० उ० ४।५।७) इस प्रकार सर्वत्र आत्म भावना भी इस समाधि से ही सिद्ध हो जाती है। निश्चय ही सर्वात्म भाव ही केवलत्व है।

सर्वात्मभावो विदुषो ब्रह्मविद्याफलं विदुः । जीवन्मुक्तस्य तस्यैव स्वानन्दानुभवः फलम् ॥९०५॥

विदुषो ब्रह्मविदः सर्वात्मभावो **ब्रह्मविद्याफलं** ब्रह्मविद्यायाश्श्रवणमनननिदिध्यासनानां फलमिति **विदुः**। **तस्यैव** विदुषो **जीवन्मुक्तस्य फलं स्वानन्दानुभवो** ब्रह्मानन्दानुभवो भवतीति।

विद्वान् के लिए सर्व आत्मभाव ही ब्रह्म विद्या का फल जानते हैं। उसी जीवन्मुक्त के लिए आत्म आनन्द का अनुभव ही फल है ॥९०५॥

ब्रह्मविद् के लिए सर्व आत्मभाव ही ब्रह्म विद्या अर्थात् श्रवण, मनन, निदिध्यासन का फल है – ऐसा जानते हैं। उस ज्ञानी के लिए ही ब्रह्म आनन्द का अनुभव होता है।

योऽहं ममेत्याद्यसदात्मगाहको ग्रन्थिर्लयं याति स वासनामयः ।
समाधिना नश्यति कर्मबन्धो ब्रह्मात्मबोधोऽप्रतिबन्ध इष्यते ॥९०६॥

योऽहं ममेत्याद्यसदात्मगाहकोऽहंममेत्याद्यसत्सु आत्मगाहक आत्मानं गाहते मथ्नाति विलोडयतीत्यध्यासोऽतस्मिंस्तद्बुद्धि**र्वासनामयः स** एव **ग्रन्थिः समाधिना** स **लयं याति कर्मबन्धो नश्यति ब्रह्मात्मबोधोऽप्रतिबन्धः** संशयविपर्ययरहित **इष्यते** प्राप्यते। उक्तं हि *"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥"*, *"यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावद्ध्यनुशासनम्॥"* इति।

'मैं' और 'मेरा' इत्यादि असत् में आत्म बुद्धि कराने वाली जो ग्रन्थि है, वह वासनामयी है – वह समाधि के द्वारा लय को प्राप्त हो जाती है जिससे कर्म बन्धन नष्ट हो जाता है। प्रतिबन्ध रहित ब्रह्म-आत्म ज्ञान प्राप्त होता है ॥९०६॥

अध्यास - जो वह नहीं है उसमें आत्म बुद्धि, जो 'मैं' और 'मेरा' इत्यादि असत् में आत्मा को मथती/विलोडित करती है – वही ग्रन्थि है। समाधि से वह लय को प्राप्त होती है, कर्म बन्धन नष्ट हो जाता है, संशय-विपर्यय से रहित ब्रह्म-आत्म ज्ञान प्राप्त होता है। कहा गया है 'उस परावर (कारण-कार्य रूप) ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेने पर जीव की हृदय ग्रन्थि टूट जाती है, सारे संशय नष्ट हो जाते हैं और

उसके समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं' (मु० उ० २।२।८), 'जिस समय इस जीवन में ही इसके हृदय की सम्पूर्ण ग्रन्थियों का छेदन हो जाता है, उस समय यह मरणधर्मा अमर हो जाता है। सम्पूर्ण वेदान्तों का इतना ही आदेश है' (क० उ० २।३।१५)।

एष निष्कण्टकः पन्था मुक्तेर्ब्रह्मात्मना स्थितेः । शुद्धात्मनां मुमुक्षूणां यत्सदेकत्वदर्शनम् ॥९०७॥

शुद्धात्मनां निर्मलचित्तानां **मुमुक्षूणां यत्सदेकत्वदर्शनं** सर्वत्र ब्रह्मदर्शनं जीवजगदीश्वरभेदानामविद्यात्मकत्वं तस्य निवृत्तत्वा**देष ब्रह्मात्मना स्थितेः** कृतकृत्यस्य ज्ञानिनो **मुक्तेर्निष्कण्टको**ऽप्रतिबद्धः **पन्था** मार्गः। स मुक्त एव तस्मिन् विषये न कोऽपि वाद इति भावः। बद्धत्वभावे मोक्षचिन्ता भवति, परमार्थतस्त्वजं निर्विकल्पं ब्रह्म ज्ञात्वा मुक्तेरपि बन्धसापेक्षत्वात्साऽपि सिद्धैव भवतीत्यर्थः।

शुद्ध अन्तःकरण वाले मुमुक्षुओं का जो सत् स्वरूप का अभेद दर्शन है, यह ब्रह्म-आत्म स्थिति मुक्ति का निष्कण्टक मार्ग है ॥९०७॥

निर्मल चित्त वाले मुमुक्षुओं का अविद्या के कारण प्रतीत हो रहे जीव, जगत्, ईश्वर के भेदों के निवृत्त हो जाने के कारण सर्वत्र ब्रह्म का दर्शन, कृतार्थ हुए ज्ञानी के लिए मुक्ति का बाधा रहित मार्ग है। वह मुक्त ही है; इस विषय में कोई सन्देह नहीं है - यह भाव है। जब तक बन्धन की स्थिति है, तब तक मोक्ष की चिन्ता होती है। परमार्थ की दृष्टि से तो अज, निर्विकल्प ब्रह्म को जानकर मुक्ति भी बन्धन के सापेक्ष होने के कारण वह भी सिद्ध ही है - यह अर्थ है।

तस्मात्त्वं चाप्यप्रमत्तः समाधीन्कृत्वा ग्रन्थिं साधु निर्दाह्य युक्तः ।
नित्यं ब्रह्मानन्दपीयूषसिन्धौ मज्जन्क्रीडन्मोदमानो रमस्व ॥९०८॥

हे शिष्य, **तस्मात्त्वञ्चाप्यप्रमत्तः समाधीन्कृत्वा साधु** सम्यग्रीत्या **ग्रन्थिं निर्दाह्य** भस्मीकृत्य **युक्तः** सन्नि**त्यं ब्रह्मानन्दपीयूषसिन्धौ** ब्रह्म चासावानन्दश्च ब्रह्मानन्दः स चासौ पीयूषोऽमृतं ब्रह्मानन्दपीयूषस्तस्य सिन्धौ समुद्रेऽगाधराशौ **मज्जन् क्रीडन्मोदमानो रमस्व**। तथा च श्रुतिः *"स तत्र पर्यैति जक्षत्क्रीडन् रममाणः स्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा नोपजनगं स्मरन्निदगं शरीरगं", "स वा एष एवं पश्यन्नेव मन्वान एवं विजानन्नात्मरतिरात्मक्रीड आत्ममिथुन आत्मानन्दः स स्वराड्भवति तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति"* इति। एवमात्मानन्दरसं पिबस्व *"रसो वै सः। रसगं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति"* इति च।

अतः तुम भी अप्रमत्त होकर समाधियों का अभ्यास कर, ग्रन्थि को भली प्रकार से दग्ध कर, युक्त होकर ब्रह्म के आनन्द रूपी अमृत के सागर में नित्य मग्न होकर क्रीडा करते हुए, हर्षित होकर रमण करो ॥९०८॥

हे शिष्य! अतः तुम भी अप्रमत्त होकर समाधियों का अभ्यास कर उचित रीति से ग्रन्थि को भस्म कर युक्त होकर, सदा ब्रह्म के आनन्द रूपी अमृत की अगाध राशि में मग्न होकर क्रीडा करते हुए, हर्षित होकर रमण करो। तथा श्रुति कहती है 'उस अवस्था में वह हँसता, क्रीडा करता और स्त्री, यान अथवा ज्ञातिजन के साथ रमण करता अपने साथ उत्पन्न हुए इस शरीर को स्मरण न करता हुआ' (छा० उ० ८।१२।३), 'वह यह इस प्रकार देखने वाला, इस प्रकार मनन करने वाला, इस प्रकार जानने वाला आत्मरति, आत्मक्रीड, आत्ममिथुन तथा आत्मानन्द होता है; वह स्वराट् है। सम्पूर्ण लोकों में उसकी यथेच्छ गति होती है' (छा० उ० ७।२५।२)। इस प्रकार आत्मा के आनन्द रूपी अमृत का पान करो 'वह रस ही है। इस रस को पाकर पुरुष आनन्दी हो जाता है' (तै० उ० २।७)।

योगस्तस्याष्टावङ्गानि

मुख्याधिकारिणो वैराग्यादिसाधनचतुष्टयपूर्वकं वेदान्तवाक्यविचार एव मुख्यं साक्षात्कारणम्। मध्यमाधिकारिणः सविकल्प-

समाध्यभ्याससहितवेदान्तवाक्यविचारः साधनम्। इदानीमसकृद्विचार्यापि बुद्धिमान्द्यप्रतिबन्धात्, बुद्धिचाञ्चल्यात्सविकल्प-समाध्यभ्यासासामर्थ्यादपरोक्षज्ञानं न जायते तस्य मन्दाधिकारिणो वेदान्तश्रवणादिना सह निर्गुणब्रह्मोपासनमेव मुख्यं साधनं कर्तव्यमिति तत्प्रकरणमारभ्यते निर्विकल्पसमाधिरिति।

मुख्य अधिकारी के लिए वैराग्य आदि साधन चतुष्टय से युक्त होकर वेदान्त के वाक्यों का विचार ही साक्षात्कार का मुख्य साधन है। मध्यम अधिकारी के लिए सविकल्प समाधि के अभ्यास सहित वेदान्त के वाक्यों का विचार साधन है। अब यदि बार-बार विचार करने पर भी बुद्धि की मन्दता रूपी प्रतिबन्ध के कारण, बुद्धि के चाञ्चल्य के कारण तथा सविकल्प समाधि के अभ्यास में असमर्थ होने के कारण अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न नहीं होता, उस मन्द अधिकारी के लिए वेदान्त के श्रवण आदि के साथ निर्गुण ब्रह्म की उपासना ही मुख्य साधन है - वह किया जाना चाहिए। इस प्रकार प्रकरण आरम्भ करते हैं 'निर्विकल्पसमाधिः' इत्यादि से -

निर्विकल्पसमाधिर्यो वृत्तिर्नैश्चल्यलक्षणा । तमेव योग इत्याहुर्योगशास्त्रार्थकोविदाः ॥९०९॥

यो निर्विकल्पसमाधिः सा **नैश्चल्यलक्षणा वृत्तिः,** निश्चलस्य भावो नैश्चल्यं स्थैर्यमित्यर्थस्तल्लक्षणं यस्या वृत्तेः सा नैश्चल्यलक्षणा वृत्ति**स्तमेव योगशास्त्रार्थकोविदा** योगप्रतिपादकं शास्त्रं योगशास्त्रं तस्यार्थस्तात्पर्यो योगशास्त्रार्थस्तस्य कोविदा वेदितारो **योग इत्याहुः**। तदेव चित्तैकाग्र्यमिति। उक्तं हि - *"विपरीता भावनेयमैकाग्र्यात् सा निवर्तते॥"* इति।

वृत्ति की स्थिरता लक्षण वाली जो निर्विकल्प समाधि है, योगशास्त्र के अर्थ को जानने वाले विद्वान् उसे ही 'योग' कहते हैं ॥९०९॥

निर्विकल्प समाधि स्थिरता के लक्षण वाली वृत्ति है, उसे ही योग का प्रतिपादन करने वाले 'योगशास्त्र' के अर्थ (तात्पर्य) को जानने वाले 'योग' कहते हैं। वह ही चित्त की एकाग्रता है। कहा भी गया है 'यह विपरीत भावना एकाग्रता रूपी ध्यान से नष्ट हो जाती है' (यो० सू० ७।१०४)।

अष्टावङ्गानि योगस्य यमो नियम आसनम् । प्राणायामस्तथा प्रत्याहारश्चापि च धारणा ।
ध्यानं समाधिरित्येव निगदन्ति मनीषिणः ॥९१०॥

यमः, नियमः, आसनम्, प्राणायामः, तथा प्रत्याहारः, अपि च धारणा, ध्यानं, समाधिरित्येव योगस्याष्टावङ्गानि मनीषिणो विद्वांसो **निगदन्ती**ति।

विद्वान् पुरुष योग के आठ अङ्ग कहते हैं - यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि ॥९१०॥

यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार और धारणा, ध्यान, समाधि - इस प्रकार योग के आठ अङ्ग हैं - ऐसा विद्वान् कहते हैं।

यद्यप्येतानि योगदर्शने व्याख्यातानि तथापि स्वाभिमतानि लक्षणान्याह सर्वमिति।

यद्यपि योग दर्शन में इनकी व्याख्या की गई है, तथापि स्वयं को अभिमत लक्षणों का वर्णन करते हैं 'सर्वं' इत्यादि से -

सर्वं ब्रह्मेति विज्ञानादिन्द्रियग्रामसंयमः । यमोऽयमिति सम्प्रोक्तोऽभ्यसनीयो मुहुर्मुहुः ॥९११॥

सर्वं लिङ्गादिब्रह्माण्डान्तं जगत्प्रपञ्चशून्यं निर्विकल्पं **ब्रह्म**, बाधसामानाधिकरण्यद्वारा रज्जुसर्पादिवत्। सर्वं खल्विदं ब्रह्मेति प्रकरणे विस्तरेण व्याख्यातम् (श्लोक - ४५५, ४५६)। इति **विज्ञानाद्** दृढनिश्चयाद्धेतोरिन्द्रियाणां श्रोत्रादीनां वागादीनाञ्च ग्रामः समूहस्तस्य संयमः सम्य**ग्यमो** विषयेभ्यः परावर्तन**मिन्द्रियग्रामसंयमः**। विषयेषु दोषदर्शनादनित्यत्वदुःखमिश्रितत्व-सातिशयत्वातृप्तिकरत्वादिदर्शनाच्चिन्तनाच्चायं यमः सिध्यतीति **सम्प्रोक्तः**। असाव**भ्यसनीयो मुहुर्मुहु**रिति।

‘यह सब ब्रह्म ही है’ इस विज्ञान के कारण इन्द्रियों के समूह का जो संयम है, वह 'यम' कहा गया है। इसका पुनः पुनः अभ्यास करना चाहिए ॥९११॥

लिङ्ग आदि से लेकर ब्रह्माण्ड पर्यन्त समस्त जगत् प्रपञ्च शून्य, निर्विकल्प ब्रह्म है – बाध सामानाधिकरण्य द्वारा, रज्जु-सर्प आदि की भाँति। इसकी विस्तार से ‘सब ब्रह्म ही है’ प्रकरण में (श्लोक ४५५, ४५६) व्याख्या की गई थी। इस दृढ निश्चय के कारण श्रोत्र आदि तथा वाक् आदि इन्द्रियों के समूह का सम्यक् संयम अर्थात् विषयों से उनका परावर्तन 'यम' कहा गया है। विषयों में दोष देखने, अनित्यत्व, दुःख मिश्रितत्व, सातिशयत्व, अतृप्तिकरत्व आदि का दर्शन तथा चिन्तन करने से यह यम सिद्ध होता है। यह (यम) पुनः पुनः अभ्यसनीय है।

यमं लक्षयित्वा नियमं लक्षयति सजातीयप्रवाह इति।

यम का लक्षण बताकर अब नियम का लक्षण बताते हैं ‘सजातीयप्रवाहः’ इत्यादि से -

सजातीयप्रवाहश्च विजातीयतिरस्कृतिः । नियमो हि परानन्दो नियमात्क्रियते बुधैः ॥९१२॥

सजातीयप्रवाहः सजातीयं प्रत्यगभिन्नं परं ब्रह्म तदेकाकारो वृत्तिप्रवाहः। अथवा सजातीयानां ब्रह्मप्रत्ययानां प्रवाहो यथाऽसङ्गोऽहं परिपूर्णोऽहं निर्गुणोऽहमधिष्ठानरूपोऽहमखण्डोऽहमिति। **विजातीयतिरस्कृतिश्च** विजातीयस्य पूर्वसंस्कारात्-जायमाना जगदाकारा वृत्तिस्तस्यास्तिरस्कृतिर्दोषदर्शनेन वैराग्यदार्ढ्यं *“दुःखं सर्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्तयेत्। अजं सर्वमनुस्मृत्य जातं नैव तु पश्यति”* इति। अयं **हि नियमः परानन्दो** वेदान्तेषु प्रसिद्धस्तस्य प्राप्ति**र्बुधैः क्रियते नियमाद**भ्यासादित्यर्थः।

सजातीय वृत्ति का प्रवाह, विजातीय वृत्ति का त्याग ही 'नियम' है जो परम आनन्द स्वरूप है। विद्वानों द्वारा अभ्यास से इसे प्राप्त किया जाता है ॥९१२॥

सजातीय प्रवाह अर्थात् प्रत्यक् आत्मा से अभिन्न परम ब्रह्म का एक आकार वृत्ति प्रवाह अथवा सजातीय ब्रह्म प्रत्ययों का प्रवाह जैसे 'मैं असङ्ग हूँ', ‘मैं परिपूर्ण हूँ’, ‘मैं निर्गुण हूँ’, ‘मैं अधिष्ठान स्वरूप हूँ’, ‘मैं अखण्ड हूँ’ इत्यादि। विजातीय अर्थात् पूर्व संस्कारों से उत्पन्न जगत् आकार की वृत्तियों का वैराग्य को दृढ करने के लिए, दोष-दर्शन द्वारा त्याग ‘सम्पूर्ण द्वैत दुःख रूप है, ऐसा निरन्तर स्मरण करते हुए इच्छा जनित भोगों से निवृत्त हो जाना चाहिए। पुनः सदा सभी वस्तुओं को अजन्मा ब्रह्म रूप में स्मरण करने से फिर किसी द्वैतजात को नहीं देखता है’ (मा० का० ३।४३)। यह परम आनन्द स्वरूप नियम वेदान्तों में प्रसिद्ध है। विद्वानों द्वारा अभ्यास से इसकी प्राप्ति की जाती है – यह अर्थ है।

सुखेनैव भवेद्यस्मिन्नजस्रं ब्रह्मचिन्तनम् । आसनं तद्विजानीयादितरत्सुखनाशनम् ॥९१३॥

यस्मिन् ब्रह्मणि स्थितौ **सुखेन** सुखरूपेणानायासे**नाजस्रं** निरन्तरं सर्वकालेषु **ब्रह्मचिन्तनं भवेदा**त्मनोऽद्वितीयत्वात्सहजाऽऽत्मनिष्ठा भवेत्कर्तव्याकर्तव्यचिन्ताविरहितं **यत्तदेवाऽऽसनं विजानीयात्। यदितरसुखनाशनं** बाह्यवैषयिकसुखनाशनमान्तरमनात्मचिन्तनजन्यसुखनाशनं च। नेतरत्सुखनाशनमिति पाठे ब्रह्मभिन्नसुखस्य नाशमात्रत्वान्नाऽऽसनमित्यर्थः। अथवा यच्छरीरस्थितिविशेषमङ्गानां पीडनं तत्सुखनाशनं नाऽऽसनमिति।

जिसमें सुखपूर्वक निरन्तर ब्रह्म चिन्तन हो, उसे 'आसन' जानना चाहिए। उससे भिन्न अन्य सब आसन सुख का नाश करने वाले हैं ॥९१३॥

जिस ब्रह्म में स्थित होकर सुख रूप से, अनायास, निरन्तर, सभी कालों में आत्मा के अद्वितीयत्व होने से कर्तव्य-अकर्तव्य की चिन्ता से

रहित सहज आत्म निष्ठा हो जाती है, उसे ही 'आसन' जानना चाहिए। उससे भिन्न बाह्य विषयों से प्राप्त होने वाले सुख का नाश करता है तथा आन्तरिक रूप से अनात्म चिन्तन से उत्पन्न सुख का नाश करता है। यदि पाठ 'नेतरत्सुखनाशनम्' हो तो अर्थ है – ब्रह्म से भिन्न जो आसन सुख का नाश करने वाला है, वह आसन नहीं है अथवा शरीर की विशेष स्थिति जो अङ्गों को पीड़ा देकर सुख का नाश करने वाली है, वह आसन नहीं है।

चित्तादिसर्वभावेषु ब्रह्मत्वेनैव भावनात्। निरोधः सर्ववृत्तीनां प्राणायामः स उच्यते ॥९१४॥

चित्तादिसर्वभावेषु चित्तमादि येषां सर्वभावानां ते चित्तादिसर्वभावास्तेषु सकलानात्मपदार्थेषु **ब्रह्मत्वेनैव भावनात्सर्ववृत्तीनाम**नात्मवृतीनमनात्मदृश्यानां **निरोधः प्राणायामः स उच्यते**। वेदान्तमते प्राणस्य मनोऽधीनत्वान्मनोनिरोधेनैव प्राणनिरोधः, नान्यथा यथा योगदर्शनेऽभिमतं प्राणनिरोधेन मनोनिरोधो मनोमयकोशस्य प्राणमयस्याऽऽत्मत्वादिति भावः।

चित्त आदि समस्त भावों में केवल ब्रह्मत्व की भावना द्वारा समस्त वृत्तियों का निरोध, वह 'प्राणायाम' कहा जाता है ॥९१४॥

चित्त आदि समस्त अनात्म पदार्थों में केवल ब्रह्मत्व की भावना से सभी अनात्म वृत्तियों (अनात्म दृश्यों) का निरोध, वह प्राणायाम कहा जाता है। वेदान्त मत में प्राण मन के अधीन होने से मन के निरोध से ही प्राण का निरोध होता है। दूसरे प्रकार से नहीं, जैसे योग दर्शन के अनुसार प्राण के निरोध से मन का निरोध होता है, मनोमय कोश का प्राणमय की आत्मा होने से - ऐसा भाव है।

स्वाभिमतेन प्राणायामं दर्शयित्वा रेचकादिविभागत्रयं लक्षयति निषेधनमिति।

स्वयं के मत के अनुसार प्राणायाम का निरूपण करके, रेचक आदि तीन विभागों का लक्षण बताते हैं 'निषेधनम्' इत्यादि से -

निषेधनं प्रपञ्चस्य रेचकाख्यः समीरणः । ब्रह्मैवास्मीति या वृत्तिः पूरको वायुरीरितः ॥९१५॥

ततस्तद्वृत्तिनैश्चल्यं कुम्भकः प्राणसंयमः । अयं चापि प्रबुद्धानामज्ञानां प्राणपीडनम् ॥९१६॥

प्रपञ्चस्य समस्तानात्मनः कार्यकारणरूपस्य पादत्रयेनोपलक्षितस्य **निषेधनं** बाधो मिथ्यात्वं **रेचकाख्यः समीरणो** वायुः। **ब्रह्मैवास्मीति या वृत्तिः** शान्तं शिवमद्वैतमिति या वृत्तिः **पूरकः वायुरीरितः** कथितः। **ततस्तद्वृत्तिनैश्चल्यं** *"अहं ब्रह्म जगन्मिथ्या"* वृत्तिनैश्चल्यं **प्राणसंयमः कुम्भक** इत्युच्यते। **अयञ्चापि प्रबुद्धानां** कृतवेदान्तश्रवणमननानां न त्वज्ञानां तेषां प्राणायामस्तथा रेचकादिविभागस्तु **प्राणपीडनमा**त्रमित्यर्थः। अधिकारीभेदात्साधनभेदस्तेन यमादीनां सकलाङ्गानां लक्षणभेदः प्रदर्शितस्-तस्मान्न संशयः कर्तव्य इति तात्पर्यम्।

प्रपञ्च का निषेध 'रेचक' नामक वायु है। 'मैं ब्रह्म ही हूँ' – यह जो वृत्ति है, वह 'पूरक' वायु कही गई है। उसके पश्चात् उस वृत्ति की निश्चलता प्राण संयम रूप 'कुम्भक' है। यह प्रबुद्धों के लिए है; अज्ञानियों के लिए तो प्राणों का पीडन ही है ॥९१५, ९१६॥

कार्य-कारण रूप समस्त अनात्मा जो तीन पादों से लक्षित है, उसका बाध/मिथ्यात्व 'रेचक' नामक वायु है। 'मैं ही शान्त, शिव और अद्वैत स्वरूप हूँ' - यह जो वृत्ति है, वह 'पूरक' वायु कही गई है। उसके पश्चात्'मैं ब्रह्म हूँ, जगत् मिथ्या है' - इस वृत्ति की स्थिरता प्राण संयम रूप 'कुम्भक' कही जाती है। जिन्होंने वेदान्त का श्रवण तथा मनन कर लिया है, यह उनके लिए है; अज्ञानियों के लिए नहीं। उनके लिए प्राणायाम तथा रेचक आदि का विभाग तो प्राणों का पीड़न मात्र है - यह अर्थ है। अधिकारी के भेद से साधन में भेद होता है, उससे यम आदि सभी अङ्गों के लक्षणों में भेद दिखाया गया है। अतः संशय नहीं करना चाहिए – यह तात्पर्य है।

विषयेष्वात्मतां त्यक्त्वा मनसश्चिति मज्जनम् । प्रत्याहारः स विज्ञेयोऽभ्यसनीयो मुमुक्षुभिः ॥९१७॥

यो **विषयेषु** घटादिषु समस्तभोग्यजातेषु यद्वा शब्दादिष्**वात्मतामा**त्मभावनां **त्यक्त्वा मनसश्चिति** ब्रह्मणि प्रत्यगात्मनि **मज्जनं स प्रत्याहारो विज्ञेयः**। *"विष्वात्मतां दृष्ट्वा"* इति पाठे तेषु बाह्यदृश्यशब्दानुविद्धसमाधिनाऽऽत्मतां दृष्ट्वाऽस्तिभातिप्रियमनुसन्धाय मनसोऽऽत्मनि मज्जनं नामरूपाणामुपेक्षा च प्रत्याहारः स **मुमुक्षुभिरभ्यसनीय** इति।

विषयों में आत्म बुद्धि का त्याग करके मन का चैतन्य में निमग्न होना – वह 'प्रत्याहार' जानना चाहिए। मुमुक्षुओं द्वारा इसका अभ्यास किया जाना चाहिए ॥९१७॥

जो घट आदि समस्त भोग्य वस्तुओं के संग्रह में अथवा शब्द आदि विषयों में आत्म भावना का त्याग करके ब्रह्म/प्रत्यक् आत्मा में मज्जन है, वह 'प्रत्याहार' जानना चाहिए। 'विष्वात्मतां दृष्ट्वा' पाठ में बाह्य रूप से अनुभव किए जाने वाले दृश्यों तथा शब्दों से युक्त समाधि के द्वारा उनमें आत्म-भाव का दर्शन करके; अस्ति, भाति, प्रिय का अनुसन्धान कर मन का आत्मा में निमग्न होना तथा नाम-रूपों की उपेक्षा - वह प्रत्याहार है। मुमुक्षुओं द्वारा इसका अभ्यास किया जाना चाहिए।

यत्र यत्र मनो याति ब्रह्मणस्तत्र दर्शनात् । मनसो धारणं चैव धारणा सा परा मता ॥९१८॥

यत्र यत्र मनो याति तत्र ब्रह्मणः सत्तास्फूर्तिप्रियतामात्र**दर्शनान्मनसो** ब्रह्मण्येव **धारणं** स्थिरीकरणं स्थापनं **च सा परा धारणा मता**। *"यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्। ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥"* इति भगवद्वचनाद्धारणाऽभ्यसनीयेति। अन्यत्रानात्मसु मनसो धारणं नोत्कृष्टमिति च।

जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ केवल ब्रह्म को देखने के कारण मन का स्थिरीकरण करना – वही परा 'धारणा' मानी गयी है ॥९१८॥

जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ सत्ता, स्फूर्ति, प्रियता मात्र का दर्शन करने के कारण, मन का ब्रह्म में ही स्थिरीकरण/स्थापन करना - वही परा 'धारणा' मानी गई है। 'यह अस्थिर और चञ्चल मन जिस-जिस शब्द आदि विषय के निमित्त से विचरता है, उस-उस विषय से हटाकर परमात्मा में ही निरुद्ध करे' (गीता ६।२६) - इस प्रकार भगवद् वचनों के अनुसार धारणा का अभ्यास करना चाहिए। अन्यत्र अनात्मा में मन को लगाना श्रेष्ठ नहीं है।

ब्रह्मैवास्मीति सद्वृत्त्या निरालम्बतया स्थितिः । ध्यानशब्देन विख्याता परमानन्ददायिनी ॥९१९॥

ब्रह्मैवाहमस्मीति सद्वृत्त्या प्रमाणान्तराबाध्यवृत्त्या परमश्रेष्ठवृत्त्या च तया **निरालम्बतया**ऽन्याऽऽलम्बनमकृत्वा विजातीयप्रत्ययं तिरस्कृत्य सजातीयवृत्तिप्रवाहस्य **परमानन्ददायिनी स्थितिर्ध्यानशब्देन विख्याते**ति।

'मैं ब्रह्म ही हूँ' इस सद् वृत्ति के द्वारा परम आनन्द देने वाली निरालम्ब रूप से स्थिति 'ध्यान' शब्द से विख्यात है ॥९१९॥

अन्य प्रमाण से अबाध्य वृत्ति के द्वारा तथा परम श्रेष्ठ वृत्ति के द्वारा अन्य आलम्बन न करते हुए, विजातीय प्रत्ययों का त्याग कर, सजातीय वृत्ति प्रवाह की परम आनन्द देने वाली स्थिति 'ध्यान' शब्द से विख्यात है।

अथ चरमाङ्गं समाध्याख्यं लक्षयति निर्विकारतयेति।

अब 'समाधि' नामक अन्तिम अङ्ग का निर्देश करते हैं, 'निर्विकारतया' इत्यादि से -

निर्विकारतया वृत्त्या ब्रह्माकारतया पुनः । वृत्तिविस्मरणं सम्यक्समाधिर्ध्यानसञ्ज्ञिकः ॥९२०॥

ध्यानस्यैव परा स्थितिः समाधिस्तस्माद्ध्यानं सञ्ज्ञिका यस्य स **ध्यानसञ्ज्ञिकः**। **निर्विकारतया** विषयानुचिन्तनरहिततया **ब्रह्माकारतया वृत्त्या पुनर्वृत्तिविस्मरणं** *"ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद्ध्येयैकगोचरम्। निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते॥"*

सम्यक्समाधिः स एव ज्ञानसञ्ज्ञको ज्ञानशब्देनाप्युच्यते। ज्ञानं सञ्ज्ञा यस्य स ज्ञानसञ्ज्ञको, ब्रह्मात्मैक्यबोधाभावे वृत्तिविस्मरणादपि वेदान्तेषु प्रसिद्धः समाधिर्न सिध्यति। निर्विकल्पसमाधौ वृत्तीनां विस्मरणेऽपि तेषां सद्भावः समाधेरुत्थितस्य समुत्थितात्स्मरणादनुमीयन्ते। *"ज्ञानसञ्ज्ञकः"* इति पाठभेदात्सोऽपि व्याख्यात इति।

विकार रहित ब्रह्माकार वृत्ति के द्वारा पुनः वृत्ति का विस्मरण ध्यान नामक सम्यक् समाधि है ॥९२०॥

ध्यान की ही परा स्थिति समाधि है, इसीलिए जिसे ध्यान की सञ्ज्ञा दी गई है, वह ध्यान सञ्ज्ञिक है। विषयों के चिन्तन से रहित ब्रह्माकार वृत्ति के द्वारा पुनः वृत्ति का विस्मरण 'ध्याता और ध्यान को क्रमशः त्याग कर, केवल ध्येय में एकाग्र होने पर, वायु रहित स्थान में रखे दीपक के समान स्थिर चित्त को समाधि कहते हैं' (प० द० १।५५) सम्यक् समाधि है। वह ही ज्ञान सञ्ज्ञक है, उसे 'ज्ञान' शब्द से भी कहा जाता है। ज्ञान जिसकी सञ्ज्ञा है, वह ज्ञान सञ्ज्ञक है। ब्रह्म-आत्म ऐक्य ज्ञान के अभाव में केवल वृत्ति के विस्मरण मात्र से वेदान्त में प्रसिद्ध समाधि सिद्ध नहीं होती। निर्विकल्प समाधि में वृत्तियों के विस्मरण में भी समाधि से उठने पर स्मरण द्वारा उनके होने का अनुमान किया जाता है। 'ज्ञानसञ्ज्ञकः' पाठ भेद होने से उसकी भी व्याख्या की गई है।

एवं साष्टाङ्गं योगं स्वाभिमतेन परिभाष्य सम्प्रति विघ्नान् वर्णयति समाधाविति।

इस प्रकार आठ अङ्गों सहित योग को अपने अभिमत (वेदान्त सम्मत) रूप से परिभाषित कर, अब विघ्नों का वर्णन करते हैं 'समाधौ' इत्यादि से -

समाधौ क्रियमाणे तु विघ्ना ह्यायान्ति वै बलात् । अनुसन्धानराहित्यमालस्यं भोगलालसम् ॥९२१॥

भयं तमश्च विक्षेपस्तेजस्पन्दश्च शून्यता । एवं यद्विघ्नबाहुल्यं त्याज्यं तद्ब्रह्मविज्जनैः ॥९२२॥

समाधौ क्रियमाणे तु विघ्ना बलाद्वै ह्यायान्ति। अनुसन्धानराहित्यं ब्रह्मचिन्तनाभावः, **आलस्यं, भोगलालसं** भोगेच्छा, **भयं, तमो** निद्रा लयः, **विक्षेपो** चित्तचाञ्चल्यं विषयचिन्तनं वा, **तेजःस्पन्दः** शरीरे तापस्तेन स्वेदस्फुरणं **शून्यता** चित्तस्य कषायः स्तब्धीभाव इत्यादयो विघ्ना योगमार्गे बलादायान्ति। **एवं यद्विघ्नबाहुल्यं तद्ब्रह्मविज्जनैस्त्याज्यम्**। अभ्यासवैराग्याभ्यां गुर्वीश्वरानुग्रहात्तेषामपनयनं कर्तव्यमिति।

शास्त्रेषु ये विघ्ननिवारणोपाया निर्दिष्टास्ते *"प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः"*, *"योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥"*, *"लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः। सकषायं विजानीयात् समप्राप्तं न चालयेत्॥"*, *"नास्वादयेत् सुखं तत्र निःसङ्गः प्रज्ञया भवेत्"*, *"बुद्ध्या विशुद्ध्या युक्तो धृत्यात्मानं नियम्य च। शब्दादीन्विषयांस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च॥ विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः। ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः॥"* सर्वे पुनः पुनर्विचिन्तनीयाः।

समाधि के किए जाने पर निश्चय ही विघ्न बलात् आते हैं – अनुसन्धान का अभाव, आलस्य, भोगों की लालसा, भय, तम, विक्षेप, ऊष्मा का स्पन्दन तथा शून्यता। इस प्रकार जो विघ्नों की बहुलता है, वह ब्रह्मवित् जनों द्वारा त्याज्य है ॥९२१, ९२२॥

समाधि के किए जाने पर निश्चय ही विघ्न बलात् आते हैं। ब्रह्म चिन्तन का अभाव, आलस्य, भोगों की इच्छा, भय, निद्रा/लय, चित्त की चञ्चलता अथवा विषयों का चिन्तन, शरीर में ताप; उससे पसीना आना, चित्त की मलिनता, जडता इत्यादि विघ्न योग के मार्ग में बलपूर्वक आते हैं। इस प्रकार जो विघ्नों की बहुलता है, वह ब्रह्मवित् जनों द्वारा त्याज्य है। अभ्यास-वैराग्य से, गुरु तथा ईश्वर के अनुग्रह से इनका निवारण करना चाहिए।

शास्त्रों में इन विघ्नों को दूर करने के जो उपाय बताए गए हैं, वे इस प्रकार हैं 'ब्रह्मचारी के व्रत में स्थित, भय रहित तथा पूरी तरह से शान्त अन्तःकरण वाला' (भ० गी० ६।१४), 'मन तथा इन्द्रियों सहित शरीर को वश में रखने वाला, आशा रहित, सङ्ग्रह रहित योगी अकेला ही एकान्त स्थान में स्थित होकर आत्मा को निरन्तर परमात्मा में लगावे' (भ० गी० ६।१०), 'लय अवस्था में गए हुए चित्त को सावधान करे। पुनः विषयों में विक्षिप्त चित्त को शान्त करे, (इन दोनों की अन्तराल अवस्था में रहने से) चित्त राग युक्त हो रहा हो, तो उसे भी समझे और यत्नपूर्वक समता को प्राप्त हुए चित्त को विषयाभिमुख न होने दे' (मा० का० ३।४४), '(निर्विकल्प समाधि की इच्छा वाला योगी उस साम्यावस्था में प्राप्त हुए) सुख का आस्वादन न करे बल्कि विवेकवती बुद्धि के द्वारा उसमें मिथ्यात्व भावना करते हुए निःसङ्ग रहे' (मा० का० ३।४५), 'विशुद्ध बुद्धि से युक्त तथा हल्का, सात्त्विक और नियमित भोजन करने वाला, शब्द आदि विषयों का त्याग करके, एकान्त और शुद्ध देश का सेवन करने वाला, सात्त्विक धारण शक्ति के द्वारा अन्तःकरण और इन्द्रियों का संयम करके मन, वाणी और शरीर को वश में कर लेने वाला, राग-द्वेष को सर्वथा नष्ट करके भली-भाँति दृढ़ वैराग्य का आश्रय लेने वाला' (भ० गी० १८।५१,५२) - इन सभी का पुनः पुनः चिन्तन करना चाहिए।

विघ्नानेतान्परित्यज्य प्रमादरहितो वशी । समाधिनिष्ठया ब्रह्म साक्षाद्भवितुमर्हसि ॥९२३॥

त्वं **त्वेतान् विघ्नान् परित्यज्य प्रमादरहितो वशी** जितेन्द्रियः सन् **समाधिनिष्ठया साक्षाद्ब्रह्म भवितुमर्हसि**। तस्मात्त्वं ब्रह्मनिष्ठो भव। एतेन सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारस्य सङ्ग्रहस्थानीयोपदेशः परिसमाप्तः।

इन विघ्नों का परित्याग करके, प्रमाद से रहित होकर, इन्द्रियों को वश में कर समाधि-निष्ठा के द्वारा तुम साक्षात् ब्रह्म होने के योग्य हो जाते हो ॥९२३॥

तुम इन विघ्नों का परित्याग करके, प्रमाद से रहित, जितेन्द्रिय होकर, समाधि-निष्ठा के द्वारा साक्षात् ब्रह्म होने के योग्य हो। अतः तुम ब्रह्म निष्ठ हो जाओ। इसके साथ ही सर्व वेदान्त सिद्धान्त सार के सङ्ग्रह रूप यह उपदेश समाप्त होता है।

अध्यारोपापवादन्यायेन समस्तप्रपञ्चोत्पत्तिः, ब्रह्मभिन्नस्य मिथ्यात्वव्याजेन तस्य लयश्च प्रदर्शितः, महावाक्योपदेशद्वारेण जीवस्यापरिच्छिन्नत्वमसंसारित्वमद्वितीयत्वमपि प्रतिपादितम्। एतत्सर्वमुपनिषत्सु सारगर्भितं तात्पर्यनिश्चयमात्रेण सम्प्रदायविदां विधिवदुपसन्नानां ज्ञायते। तदेवात्राजातवादरूपेण दृष्टिसृष्टिवादरूपेण च निरूप्यते।

अध्यारोप-अपवाद न्याय द्वारा सम्पूर्ण प्रपञ्च की उत्पत्ति तथा ब्रह्म से भिन्न के मिथ्यात्व द्वारा उसका लय दिखाया गया। महावाक्य उपदेश द्वारा जीव के अपरिच्छिन्नत्व, असंसारित्व, अद्वितीयत्व का भी प्रतिपादन किया गया। यह सब उपनिषदों में सार गर्भित है, जो केवल तात्पर्य निश्चय से, परम्परा को जानने वालों तथा विधिवत् गुरु की शरण प्राप्त हुए [साधकों] को ज्ञात होता है। इसे ही यहाँ अजात वाद तथा दृष्टि-सृष्टि वाद के रूप में निरूपित किया गया है।

अजातवादस्तथा दृष्टिसृष्टिवादः/एकजीववादः

मुख्यो वेदान्तसिद्धान्तस्त्वजातवादः *"न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः। न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता॥"* इत्यमृतबिन्दूपनिषदि प्रतिपादितस्तदेव माण्डूक्योपनिषद्यपि *"प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतम्"* एतेनोद्घोषितः। तत्र श्रुत्या युक्त्या च जीवजगदुत्पत्तिनिषेधौ प्रदर्शितौ तथा सत्कार्यवादः, असत्कार्यवादः, कर्मवादः, बाह्यार्थवादः, क्षणिकविज्ञानवादः, शून्यवादः - एते सर्वे निरस्ताः। यद्येवं स्यात्तर्हि कथमहं सृष्टिं पश्यामि बहूञ्जीवांश्च। तद् दृष्टिसृष्टिवादेन व्याख्यातम्। तदेव श्रुत्यभिप्रेतम्।

"कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मा देवः स्वमायया। स एव बुध्यते भेदानिति वेदान्तनिश्चयः॥" इति सर्वं तद्ब्रह्मणा स्वाज्ञानेन कल्पितम्।

तत्र -

१. अविद्यावृत्तिरूपं ज्ञानमेव दृष्टिः, तदुत्पत्तिसमयैव दृश्यप्रपञ्चोत्पत्तिः सृष्टिः, तदेव दृष्टिसृष्टिवादः।
२. जीव एवोपादानं निमित्तञ्च, कर्ता भोक्ता च।
३. सर्वरूपः समष्टिजीवो हिरण्यगर्भाख्यो मुख्यो जीवः, अज्ञानोपहिता अन्येऽन्तःकरणावच्छिन्ना व्यष्टिभूता जीवाभासाः।
४. सर्वे पदार्थाः साक्षादविद्याकार्यभूताः शुक्तिरजतादिवत्स्वप्नवच्च।
५. सर्वेषामेव दृश्यानामनात्मपदार्थानां स्वाप्नपदार्थानामिव प्रातिभासिकसत्त्वैव।
६. प्रतिभासकालादन्यकालेऽनात्मपदार्थानां सत्ताऽभावः।
७. न कश्चिद्विषयः प्रमातृप्रमाणव्यापारेण ज्ञायते किन्तु सर्वोऽपि विषयः साक्षिभास्यः।
८. स्वतस्सत्ताहीनस्य स्वतस्स्फुरणस्याप्यभावाज्जाग्रद्दृश्या अन्याधीनप्रकाशाः *"आत्मनैवायं ज्योतिषाऽऽस्ते"*, *"अत्रायं पुरुषस्स्वयंज्योतिः"* इति श्रुतेः।
९. ज्ञानपूर्वकालेऽन्तःकरणं, इन्द्रियाणि, विषयाश्चेति त्रितयं नास्ति, ज्ञानकाल एव समुत्पद्यन्ते।
१०. एकस्यैव स्वकल्पितगुरुशास्त्राद्युपबृंहितश्रवणमनननिदिध्यासनदार्ढ्यात्, आत्मसाक्षात्कारे सति मोक्षः स्यात्।
११. तत्त्वमसि-महावाक्ये तत्पदं सत्यमनन्तादिवदज्ञानोपहितचैतन्यस्य लक्षणयोपस्थापकं, त्वम्पदस्य तत्रैव लक्षणा स्वीकाराच्छ्रुतितात्पर्योपपत्तिः।
१२. जीवन्मुक्तिविदेहमुक्ती न मुख्ये किन्तु नित्यमुक्तचैतन्यमेव मुख्यम्।

उक्तं हि *"कृपणधीः परिणाममुदीक्षते क्षपितकल्मषधीस्तु विवर्तताम्"* इति। *"स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा। तथा विश्वमिदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः॥"* इति परमगुरुवचनात् *"नेह नानास्ति किञ्चन"*, *"स एष आत्मा नेति नेति"*, *"न भूमिरापो न च वह्निरस्ति न चानिलो मेऽस्ति न चाम्बरञ्च"*, *"नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः"*, *"तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः"*, इत्यादिश्रुतिस्मृतिसूत्रसमर्थनाच्चाऽघटितघटनाऽवभासनचतुरमायामहिम्ना सर्वमुपपन्नं तस्मात्समस्तशङ्कामलप्रक्षालनं स्वप्नदृष्टान्तसलिलधारया कर्तव्यमित्यलम्।

वेदान्त का मुख्य सिद्धान्त अजात वाद ही है, जैसा कि अमृतबिन्दु उपनिषद् में प्रतिपादित किया गया है 'न प्रलय है, न उत्पत्ति है, न संसारी बद्ध जीव है, न मोक्ष का साधन ही है तथा न मुमुक्षु है, न बन्धन मुक्त ही है - यही परमार्थता है' (१०)। इसे ही माण्डूक्य उपनिषद् में भी 'प्रपञ्च का उपशम रूप, शान्त, शिव और अद्वैत स्वरूप' (७) बताया गया है। वहाँ श्रुति और युक्ति द्वारा जीव तथा जगत् की उत्पत्ति का निषेध प्रदर्शित किया गया है तथा सत्कार्य वाद, असत्कार्य वाद, कर्म वाद, बाह्यार्थ वाद, क्षणिक विज्ञान वाद, शून्य वाद – इन सभी का निरास किया गया है। यदि ऐसा है तो फिर मैं इस सृष्टि और अनेक जीवों को कैसे देखता हूँ? इसका दृष्टि-सृष्टि वाद के द्वारा व्याख्यान किया गया है। वही श्रुति का अभिप्रेत (इष्ट) है।

'स्वयं प्रकाश आत्मदेव माया से अपने को ही स्वयं अनेक भेदों में कल्पना करता है और उन भेदों को वही जानता भी है। यही वेदान्त का निश्चय है' (मा० का० २।१२) इस प्रकार वह सब कुछ ब्रह्म द्वारा अपने ही अज्ञान से रचित है।

उस (दृष्टि-सृष्टि वाद) में -
१. अविद्या की वृत्ति रूप में ज्ञान ही 'दृष्टि' है। उस दृष्टि के उत्पन्न होने के समय ही दृश्य प्रपञ्च उत्पन्न हो जाता है, यही सृष्टि है। यही 'दृष्टि-सृष्टि वाद' है।
२. जीव ही उपादान कारण तथा निमित्त कारण है तथा वही कर्ता और भोक्ता भी है।

३. समष्टि सर्व रूप में स्थित 'हिरण्यगर्भ' नामक जीव ही मुख्य जीव है। अन्य जीव अज्ञान से उपहित तथा अन्तःकरण से सीमित होकर व्यष्टि रूप में जीव के आभास मात्र हैं।

४. सभी पदार्थ प्रत्यक्ष रूप से अविद्या के कार्य हैं, जैसे शुक्ति में रजत आदि या स्वप्न के पदार्थ।

५. समस्त दृश्यमान अनात्म पदार्थों की केवल प्रातिभासिक सत्ता ही है, जैसे स्वप्न के पदार्थों की होती है।

६. जिस समय वे दिखाई देते हैं, उस समय के अतिरिक्त अन्य समय में अनात्म पदार्थों की सत्ता नहीं होती।

७. कोई भी विषय प्रमाता और प्रमाण के व्यापार से नहीं जाना जाता, किन्तु समस्त विषय साक्षी द्वारा प्रकाशित होते हैं।

८. जाग्रत् के पदार्थ जो स्वतः सत्ता से रहित हैं, उनका अपने आप प्रकाशित होना भी नहीं होता। इसीलिए अन्य पर आश्रित प्रकाश वाले हैं। 'आत्मा अपने ही प्रकाश से प्रकाशित होता है' (बृ० उ० ४।३।६), 'इस अवस्था में यह पुरुष स्वयं ज्योतिःस्वरूप होता है' (बृ० उ० ४।३।९) इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है।

९. ज्ञान के उत्पन्न होने के पूर्व काल में अन्तःकरण, इन्द्रियाँ और विषय – ये तीनों नहीं होते; वे ज्ञान के समय ही उत्पन्न होते हैं।

१०. एक ही (जीव) का स्वयं द्वारा कल्पित गुरु, शास्त्र आदि के समर्थन से श्रवण, मनन और निदिध्यासन की दृढता से आत्म-साक्षात्कार होने पर मोक्ष होता है।

११. 'तत्त्वमसि' महावाक्य में 'तत्' पद सत्य, अनन्त आदि के समान अज्ञान से उपहित चैतन्य का लक्षणा द्वारा बोध कराता है। 'त्वम्' पद की भी उसी में लक्षणा स्वीकार करने से श्रुति के तात्पर्य की सङ्गति हो जाती है।

१२. जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति मुख्य नहीं हैं किन्तु नित्य मुक्त चैतन्य ही मुख्य है।

ऐसा कहा गया है 'मन्द बुद्धि वाले लोग (ब्रह्म में) परिणाम को देखते हैं; किन्तु जिनके पाप कम हो गए हैं, वे तो विवर्त ही देखते हैं' (सं० शा० २।८९)। परमगुरु के वचनों के अनुसार 'जैसे (न होते हुए भी अविवेकियों द्वारा) स्वप्न और माया देखे गए हैं तथा जैसे गन्धर्व नगर देखते-देखते अकस्मात् विलीन होता देखा गया है, वैसे ही विचक्षण पुरुषों ने वेदान्त में इस जगत् को देखा है' (मा० का० २।३१)। 'इसमें नाना कुछ भी नहीं है' (बृ० उ० ४।४।१९), 'वह यह आत्मा ऐसा नहीं, ऐसा नहीं' (बृ० उ० ४।४।२२), 'मेरे लिए न पृथ्वी है, न जल है, न अग्नि है, न वायु है, और न ही आकाश है' (कै० उ० २२), 'असत् की सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है' (भ० गी० २।१६), 'आरम्भण' शब्द आदि हेतुओं से उसकी अर्थात् कार्य की कारण से अनन्यता सिद्ध होती है' (ब्र० सू० २।१।१४) इत्यादि श्रुति, स्मृति और सूत्रों के समर्थन से तथा जो घटित न हो सके, उसे घटित कर दिखाने के रूप में प्रतीत होने वाली समर्थ माया की महिमा से सब कुछ सिद्ध हो जाता है। इसीलिए समस्त शङ्काओं के मल का प्रक्षालन स्वप्न के दृष्टान्त रूपी जलधारा द्वारा करना चाहिए - इतना ही पर्याप्त है।

इति गुरुवचनाच्छ्रुतिप्रमाणात्परमवगम्य स्वतत्त्वमात्मयुक्त्या ।
प्रशमितकरणः समाहितात्मा क्वचिदचलाकृतिरात्मनिष्ठितोऽभूत् ॥९२४॥

इति गुरुवचनाद्गुरोर्वचनादुपदेशाद् *"आचार्यवान् पुरुषो वेद"* इति देशिकोक्तिप्रमाणानि यस्य गुरुवचनस्य **तच्छ्रुतिप्रमाणं** तस्मा**दात्मयुक्त्या** श्रुत्याचार्योपबृंहितमहावाक्यमननेन च परं सत्यममृतमजं तुरीयाख्यं **स्वतत्त्वं परमार्थमवगम्य प्रशमितकरणः** प्रकर्षेण शमितानि करणानि चक्षुरादीनि बाह्यानि येन स जितेन्द्रियः शिष्यः **समाहितात्मा** ब्रह्मणि सम्यगाहितः स्थापित आत्माऽन्तःकरणं यस्य **क्वचिदे**कान्तप्रदेशे पवित्रभूमौ निदिध्यासनं कृत्वा**ऽचलाकृतिः** पर्वतवदप्रकम्प्य **आत्मनिष्ठितो** ब्रह्मनिष्ठो**ऽभूदि**ति।

इस प्रकार गुरु के वचन, श्रुति प्रमाण तथा आत्म युक्ति से परम आत्म तत्त्व को जानकर, शान्त इन्द्रिय, समाहित चित्त, कहीं अचल आकृति के जैसे स्थिर होकर आत्म निष्ठ हो गया ॥९२४॥

इस प्रकार गुरु के उपदेश से 'आचार्यवान् पुरुष ही [सत् को] जानता है' (छा० उ० ६।१४।२) - इस प्रकार गुरु द्वारा कहे गए वचनों के प्रमाण रूप श्रुति-प्रमाण से तथा श्रुति, आचार्य से समर्थित महावाक्यों के मनन से परम, सत्य, अमृत, अज, तुरीय कहे जाने वाले आत्म तत्त्व के अर्थ को जान कर, जिसने भली प्रकार से चक्षु आदि बाह्य इन्द्रियाँ शान्त की हुई हैं - वह जितेन्द्रिय शिष्य, ब्रह्म में स्थापित अन्तःकरण वाला, एकान्त स्थान में पवित्र भूमि पर निदिध्यासन करके, पर्वत के समान स्थिर होकर ब्रह्मनिष्ठ हो गया।

बहुकालं समाधाय स्वस्वरूपे तु मानसम् । उत्थाय परमानन्दाद्गुरुमेत्य पुनर्मुदा ।
प्रमाणपूर्वकं धीमान्सगद्गदमुवाच ह ॥९२५॥

धीमान् स कृतश्रवणमननः कृतान्वयव्यतिरेको यथोक्तं सुपरिनिश्चितः शिष्यः **बहुकालं** किञ्चित्कालं **स्वस्वरूपे तु मानसं समाधाय परमानन्दात्** स्वस्वरूपानन्दप्राप्त्या **मुदा** सहर्ष**मुत्थाय पुनर्गुरुमेत्य प्रमाणपूर्वकं सगद्गदमुवाच ह**। सुनिश्चिता हि विद्या सफला भवति तस्मात्संशयविपर्ययौ वर्जयित्वाऽऽचार्योक्ताऽऽगमसम्प्रदायबलादुपपत्त्यनुभवबलाच्चाऽऽचार्यं पुनरुपगम्याऽऽत्मनो ब्रह्मविद्यायां दृढनिश्चयतां दर्शयन्नुवाच।

बुद्धिमान शिष्य कुछ काल तक मन को अपने स्वरूप में समाहित कर, परम आनन्द से उठकर, हर्ष के साथ पुनः गुरु के पास आकर प्रमाण-पूर्वक गद्गद कण्ठ से बोला ॥९२५॥

वह शिष्य जिसने श्रवण-मनन किया, अन्वय-व्यतिरेक सहित बताए हुए का भली-भाँति निश्चय कर लिया था, कुछ काल तक मन को अपने स्वरूप में समाहित कर, अपने स्वरूप के आनन्द की प्राप्ति से हर्ष सहित उठकर पुनः गुरु के पास आकर प्रमाण-पूर्वक गद्गद कण्ठ से बोला। सुदृढ निश्चय से युक्त विद्या ही सफल होती है। अतः संशय और विपर्यय का त्याग करके, आचार्य के वचन, आगम तथा सम्प्रदाय के बल से तथा युक्ति और अनुभव के बल से पुनः आचार्य के पास आकर अपनी ब्रह्मविद्या में दृढ निश्चयता को दिखाते हुए बोला।

शिष्य उवाच -

नमो नमस्ते गुरवे नित्यानन्दस्वरूपिणे । मुक्तसङ्गाय शान्ताय त्यक्ताहन्ताय ते नमः ॥९२६॥

दयाधाम्ने नमो भूम्ने महिम्नः पारमस्य ते । नैवास्ति यत्कटाक्षेण ब्रह्मैवाभवमद्वयम् ॥९२७॥

नित्यानन्दस्वरूपिणे गुरवे ते नमो नमः। मुक्तसङ्गाय शान्ताय त्यक्ताहन्ताय त्यक्ताऽहन्ताऽहङ्कारो येन स त्यक्ताहन्तस्तस्मै **ते नमः। दयाधाम्ने भूम्ने नमः। ते** तवाऽ**स्य महिम्नः पारं नैवास्ति यत्कटाक्षेणाद्वयम**भयं **ब्रह्माभवम**िति।

शिष्य ने कहा -
नित्य आनन्द स्वरूप गुरु को नमस्कार है। जो सङ्ग से मुक्त, शान्त, अहङ्कार शून्य हैं - उन्हें नमस्कार है ॥९२६॥

दया के धाम, ब्रह्म स्वरूप को नमस्कार है। आपकी इस महिमा का पार नहीं है, जिनके कटाक्ष से मैं अद्वैत ब्रह्म हो गया ॥९२७॥

नित्य आनन्द स्वरूप गुरु को नमस्कार है। जो सङ्ग से मुक्त, शान्त, जिनके द्वारा अहङ्कार का त्याग कर दिया गया है - उन्हें नमस्कार है। दया के धाम, ब्रह्म स्वरूप को नमस्कार है। आपकी इस महिमा का पार नहीं है, जिनके कटाक्ष से मैं अभय ब्रह्म हो गया।

किं करोमि क्व गच्छामि किं गृह्णामि त्यजामि किम् । यन्मया पूरितं विश्वं महाकल्पाम्बुना यथा ॥९२८॥

किं करोमि *"नैवास्ति किञ्चित्कर्तव्यम्", "कृतं कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव निश्चयः"*, कृतकृत्यत्वान्न किञ्चित्करणीयम्, **क्व गच्छामि**, सर्वगतत्वाद्गमनागमनस्यासम्भवात्किं **गृह्णामि किं त्यजामि** मम सर्वात्मकत्वाद्धानोपादानस्यासम्भवात्। **यद्यस्माद्यथा**

महाकल्पाम्बुना महाप्रलयजलनिधिना **विश्वं पूरितं** तथा **मया** सदात्मकब्रह्मणा **विश्वं पूरितमि**ति।

मैं क्या करूँ? कहाँ जाऊँ? क्या ग्रहण करूँ? क्या त्याग करूँ? जैसे महाकल्प के जल से विश्व पूर्ण हो जाता है, वैसे ही यह मुझसे पूर्ण है ॥९२८॥

'कुछ भी कर्तव्य शेष नहीं है' (उ० गी० १।२२), 'जो करणीय था, वह कर लिया गया; जो प्राप्त करने योग्य था, वह प्राप्त कर लिया गया – ऐसा निश्चय है' (प० द० ७।२६६) - कृतकृत्य हो जाने के कारण अब कुछ भी करना शेष नहीं है। सर्वव्यापी होने के कारण गमन-आगमन असम्भव है। मेरा सभी से आत्मत्व होने से ग्रहण-त्याग सम्भव नहीं है क्योंकि जैसे महाप्रलय की जलनिधि से विश्व पूर्ण हो जाता है, वैसे ही सत् स्वरूप ब्रह्म से विश्व पूर्ण है।

मयि सुखबोधपयोधौ महति ब्रह्माण्डबुद्बुदसहस्रम् । मायामयेन मरुता भूत्वा भूत्वा पुनस्तिरोधत्ते ॥९२९॥

महति विस्तृते **सुखबोधपयोदधौ** सुखञ्च बोधश्च सुखबोधौ तयोः पयोधिः समुद्रस्तस्मिन् **मयि ब्रह्माण्डबुद्बुदसहस्रं मायामयेन मरुता भूत्वा भूत्वा पुनस्तिरोधत्ते** लयमायाति। अष्टावक्रगीतायामपि जनकस्य योऽनुभवस्सोऽपीदृगेव - *"क्व धर्मः क्व च वा कामः क्व चार्थ क्व विवेकिता। इदं कृतमिदं नेति द्वन्द्वैर्मुक्तस्य योगिनः॥", "कृत्यं किमपि नैवास्ति न कापि हृदि रञ्जना। यथा जीवनमेवेह जीवन्मुक्तस्य योगिनः॥", "मय्यनन्तमहाम्भोधौ जगद्वीचिः स्वभावतः। उदेतु वास्तमायातु न मे वृद्धिर्न च क्षतिः॥", "मय्यनन्तमहाम्भोधौ विश्वं नाम विकल्पना। अतिशान्तो निराकार एतदेवाहमास्थितः॥", "अहो भुवनकल्लोलेर्विचित्रैर्द्राक् समुत्थितम्। मय्यनन्तमहाम्भोधौ चित्तवाते समुद्यते॥", "मय्यनन्तमहाम्भोधौ चित्तवाते प्रशाम्यति।", "मय्यनन्तमहाम्भोधावाश्चर्यं जीववीचयः। उद्यन्ति घ्नन्ति खेलन्ति प्रविशन्ति स्वभावतः॥:", "मय्यखण्डसुखाम्भोधौ बहुधा विश्ववीचयः। उत्पद्यन्ते विलीयन्ते मायामारुतविभ्रमात्॥"* इति।

महान् सुख-बोध सागर रूप मुझमें ब्रह्माण्ड रूपी सहस्रों बुलबुले माया रूपी वायु से उत्पन्न होकर पुनः तिरोहित हो जाते हैं ॥९२९॥

विस्तृत सुख-बोध समुद्र रूप मुझमें ब्रह्माण्ड रूपी सहस्रों बुलबुले माया रूपी वायु से उत्पन्न होकर पुनः लय को प्राप्त हो जाते हैं। अष्टावक्र गीता में भी जनक का जो अनुभव है, वह इसी प्रकार का है - '"यह किया गया है" या "यह नहीं किया गया है" - इस प्रकार के द्वन्द्वों से रहित योगी को धर्म कहाँ है, काम कहाँ है, अर्थ कहाँ है और विचार कहाँ है' (अ० गी० १८।१२), 'जीवन्मुक्त योगी को कर्तव्य कर्म कुछ भी नहीं है और न मन में कोई भी अनुराग ही है। इस संसार में जैसे जीवन है, वैसा ही उसका भोग है' (अ० गी० १८।१३), 'मुझ अनन्त महा समुद्र में जगत् रूपी कल्लोल स्वभाव से उदय हों अथवा लय को प्राप्त हों, मेरी न वृद्धि है और न हानि है' (अ० गी० ७।२), 'मुझ अनन्त महा समुद्र में निश्चय करके संसार कल्पना मात्र है। मैं अत्यन्त शान्त, निराकार हूँ और इसी आत्मा के आश्रय हूँ' (अ० गी० ७।३), 'आश्चर्य है कि अपार समुद्र रूप मुझमें चित्त रूपी पवन के उठने पर अनेक प्रकार के जगत् रूपी तरङ्ग उत्पन्न होते हैं' (अ० गी० २।२३), 'अपार समुद्र रूप मुझमें चित्त रूपी पवन शान्त होते हैं' (अ० गी० २।२४), 'आश्चर्य है कि अपार समुद्र रूप मुझमें जीव रूपी तरङ्गें उठती हैं, परस्पर लड़ती हैं, खेलती हैं और स्वभाव से लय होती हैं' (अ० गी० २।२५), 'मुझ अखण्ड आनन्द समुद्र में विश्व रूपी नाना तरङ्गें माया रूपी वायु के वेग से उठती और लीन होती रहती हैं' (वि० चू० ४९७)।

नित्यानन्दस्वरूपोऽहमात्माहं त्वदनुग्रहात् । पूर्णोऽहमनवद्योऽहं केवलोऽहं च सद्गुरो ॥९३०॥

अकर्ताहमभोक्ताहमविकारोऽहमक्रियः । आनन्दघन एवाहमसङ्गोऽहं सदाशिवः ॥९३१॥

हे **सद्गुरो! त्वदनुग्रहादहं नित्यानन्दस्वरूपोऽहमात्माऽहं पूर्णोऽहमनवद्योऽहं केवलश्च**। अहं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तापरिच्छिन्नासङ्गाऽऽनन्दरूपोऽस्मि। **अहमकर्ताऽहमभोक्ताऽहमविकारोऽहमक्रियः**। **अहमानन्दघन एव**।

अहमसङ्गोऽहं सदाशिव इति।

हे सद्गुरो! आपके अनुग्रह से मैं नित्य आनन्द स्वरूप हूँ, मैं आत्मा हूँ, मैं पूर्ण हूँ, मैं अनवद्य हूँ तथा मैं केवल हूँ ॥९३०॥

मैं अकर्ता हूँ, मैं अभोक्ता हूँ, मैं निर्विकार हूँ, मैं अक्रिय हूँ। मैं आनन्द घन ही हूँ, मैं असङ्ग, सदा शिव हूँ ॥९३१॥

हे सद्गुरो! आपके अनुग्रह से मैं नित्य आनन्द स्वरूप हूँ, मैं आत्मा हूँ, मैं पूर्ण हूँ, मैं अनवद्य हूँ तथा मैं केवल हूँ। मैं नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अपरिच्छिन्न, असङ्ग तथा आनन्द रूप हूँ। मैं अकर्ता हूँ, मैं अभोक्ता हूँ, मैं निर्विकार हूँ, मैं अक्रिय हूँ। मैं आनन्द घन ही हूँ। मैं असङ्ग हूँ, मैं सदा शिव हूँ।

त्वत्कटाक्षवरचान्द्रचन्द्रिकापातधूतभवतापजः श्रमः । प्राप्तवानहमखण्डवैभवानन्दमात्मपदमक्षयं क्षणात् ॥९३२॥

हे गुरो! **त्वत्कटाक्षवरचान्द्रचन्द्रिकापातधूतभवतापजः श्रमस्त्व**त्कटाक्षा अमृतनिर्झरा विश्वाऽऽनन्ददायकास्त एव वरचन्द्रः श्रेष्ठचन्द्रस्तदीया चन्द्रिका। तस्याः पातेनाऽनवरतौघेण धूतस्तिरस्कृतसंसारतापस्तज्जः श्रमः। **अहं क्षणादखण्डवैभवानन्दम**खण्डश्चासौ वैभवश्चासावानन्दश्चाखण्डवैभवाऽऽनन्दस्तमपारसुखमैश्वर्यं **चाक्षयमात्मपदं प्राप्तवान**स्मि। अहो धन्योऽस्मीति।

आपके कटाक्ष रूपी श्रेष्ठ चन्द्रमा की चाँदनी के पड़ने से संसार-ताप से उत्पन्न थकान दूर हो गई। मैं क्षण मात्र में अखण्ड वैभव तथा आनन्द रूप अक्षय आत्म पद को प्राप्त हो गया हूँ ॥९३२॥

हे गुरो! आपके कटाक्ष, जो अमृत के झरने के समान हैं, विश्व को आनन्द देने वाले हैं – वे ही श्रेष्ठ चन्द्रमा हैं। उसकी चाँदनी के निरन्तर प्रवाह से संसार-ताप दूर हो गया और उससे उत्पन्न श्रम भी दूर हो गया। मैं क्षण भर में उस अपार सुख और ऐश्वर्य रूप अक्षय आत्म पद को प्राप्त हो गया हूँ। अरे! मैं धन्य हूँ।

छायया स्पृष्टमुष्णं वा शीतं वा दुष्ठु सुष्ठु वा । न स्पृशत्येव यत्किञ्चित्पुरुषं तद्विलक्षणम् ॥९३३॥

न साक्षिणं साक्ष्यधर्मा न स्पृशन्ति विलक्षणम् । अविकारमुदासीनं गृहधर्माः प्रदीपवत् ॥९३४॥

छायया स्वशरीरछायया **स्पृष्टं** कृतस्पर्शमग्निसम्बन्धा**दुष्णं** जलसम्बन्धा**च्छीतं वा सुष्ठु** प्रशंसनीयं **दुष्ठु** निन्दनीयं वा यथा शरीरस्य शीतोष्णादिसम्बन्धो **यत्किञ्चिद**पि नास्ति तथा छायापर्याये चिदाभासस्य पुण्यपापेन सुखदुःखेन वा तद्धर्मा**स्तद्विलक्षणं पुरुषं** पुरि शयनात्पूर्णत्वाद्वा तं चिदाभासविलक्षणं बिम्बभूतं **न स्पृशन्ति**। साक्षिण**मविकारमुदासीनमा**त्मानं **विलक्षणं साक्ष्यधर्मा** दृश्यधर्मा न स्पृशन्ति यथा **गृहधर्माः प्रदीपवत्प्र**दीपं न स्पृशन्ति तद्वत्। आत्मनोऽसंसारित्वं पुण्यपापसम्बन्धरहितत्वं श्रुतिष्वपि प्रदर्शितम्।

"सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षुर्न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः। एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः॥" इति। लोको ह्यविद्यया स्वात्मन्यध्यस्तया कामकर्मोद्भवं दुःखमनुभवति। अविद्यायां प्रतिबिम्बितो जीवो भ्रान्तः संसारी भवति। निरुपाधिकबिम्बकल्पब्रह्म तु नित्यासङ्गत्वाच्छुद्धो बुद्धो मुक्तोऽसंसारी यथा सूर्यश्चाक्षुषैरशुच्यादिनिमित्तैराध्यात्मिकैः पापदोषैश्च न लिप्यते। *"अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्"*, *"न पुण्यपापे मम नास्ति नाशो न जन्म देहेन्द्रियबुद्धिरस्ति"* इति पुण्यपापसम्बन्धरहितत्वमात्मनो दर्शयति श्रुतिः। वाजसनेय-उपनिषदि च *"अनन्वागतं पुण्येनानन्वागतं पापेन तीर्णो हि तदा सर्वाञ्छोकान्हृदयस्य भवति"*। स्मृतिष्वपि *"यदा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते। सर्वत्रावस्थितो देहे तथाऽऽत्मा नोपलिप्यते॥"* इति।

छाया से स्पृष्ट हुआ गर्म या ठण्डा, अच्छा या बुरा; उस पुरुष को कुछ भी स्पर्श नहीं करता, वह उससे विलक्षण है। विलक्षण, विकार रहित

और उदासीन साक्षी को साक्ष्य के धर्म स्पर्श नहीं करते, जैसे गृह के धर्म दीपक को ॥९३३, ९३४॥

अपने शरीर की छाया से, अग्नि के सम्बन्ध से किया हुआ स्पर्श गर्म या जल के सम्बन्ध से ठण्डा, प्रशंसनीय या निन्दनीय; जैसे शरीर का शीत-उष्ण आदि से कोई सम्बन्ध नहीं है, वैसे ही छाया के समान चिदाभास का पुण्य-पाप, सुख-दुःख से [कोई सम्बन्ध नहीं है]। पुरी में शयन करने के कारण तथा पूर्ण होने के कारण पुरुष उस चिदाभास से विलक्षण है, उसके धर्म बिम्ब भूत को स्पर्श नहीं करते। आत्मा को दृश्य के धर्म स्पर्श नहीं करते, जैसे गृह के धर्म दीपक को स्पर्श नहीं करते। आत्मा का संसारी न होना तथा पुण्य-पाप के सम्बन्ध से रहित होना श्रुतियों में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है।

'जिस प्रकार सम्पूर्ण लोक का नेत्र होकर भी सूर्य नेत्र सम्बन्धी बाह्य दोषों से लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार समस्त भूतों का एक ही अन्तरात्मा संसार के दुःख से लिप्त नहीं होता, बल्कि उनसे बाहर रहता है' (क० उ० २।२।११)। जीव स्वयं में अध्यस्त अविद्या के द्वारा ही काम और कर्म से उत्पन्न दुःख का अनुभव करता है। अविद्या में प्रतिबिम्बित हुआ जीव भ्रान्त, संसारी हो जाता है। किन्तु निरुपाधिक, बिम्ब स्वरूप ब्रह्म तो नित्य असङ्ग होने के कारण शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, असंसारी है; जैसे सूर्य चक्षु के अशुचि आदि निमित्तों से तथा आध्यात्मिक पाप रूप दोषों से लिप्त नहीं होता। 'जो धर्म से पृथक्, अधर्म से पृथक् है' (क० उ० १।२।१४), 'मेरे लिए न पुण्य है, न पाप; मेरा कभी नाश नहीं होता। मेरा न जन्म है, न शरीर, न इन्द्रिय, न बुद्धि' (कै० उ० २२) इस प्रकार श्रुति आत्मा के पुण्य-पाप के सम्बन्ध से रहित होने को दर्शाती है तथा वाजसनेय उपनिषद् में भी 'पुण्य से असम्बद्ध तथा पाप से भी असम्बद्ध होता है और हृदय के सम्पूर्ण शोकों को पार कर लेता है' (बृ० उ० ४।४।२२)। स्मृतियों में भी 'जैसे सर्वत्र व्याप्त आकाश सूक्ष्म होने के कारण लिप्त नहीं होता, वैसे ही सर्वत्र देह में स्थित आत्मा (निर्गुण होने के कारण देह के गुणों से) लिप्त नहीं होता' (भ० गी० १३।३२) यह कहा गया है।

त्रिभिर्दृष्टान्तैरात्मनोऽसङ्गत्वं स्फुटीकरोति।

तीन दृष्टान्तों के द्वारा आत्मा के असङ्गत्व स्वरूप को स्पष्ट करते हैं।

रवेर्यथा कर्मणि साक्षिभावो वह्नेर्यथा वाऽयसि दाहकत्वम् । रज्जोर्यथारोपितवस्तुसङ्गस्तथैव कूटस्थचिदात्मनो मे ॥९३५॥

यथा रविः सर्वलोकचक्षुस्तस्मात्तस्य **रवेः** सर्वकर्मसाक्षित्वं तद्वत्**कर्मणि** मे कूटस्थस्य चिदात्मनो निर्विकारत्वादसङ्गत्वात्**साक्षिभावो वा यथाऽयसि वह्नेः** कल्पितं **दाहकत्वं** तयोरन्योन्याध्यासादेवं मय्यप्यनात्माध्यासादहङ्कार-गतकर्तृत्वं भासते। **यथा रज्जोरारोपितवस्तुसङ्गः** कल्पितसर्पोदकधारादण्डाध्यारोपितवस्तुनोऽध्यासात्संसर्ग**स्तथैव** ममापि **कूटस्थचिदात्मनः** कल्पितदेहेन्द्रियादिशुभाशुभकर्मसम्बन्धश्च। वस्तुतः सर्वमेतन्मयि कल्पितम्। अहन्तु सर्वदा कूटस्थासङ्गचिद्रूपनित्यमुक्ताऽऽनन्दस्वरूपाजरामरामृताभयः सर्वज्ञापूर्वानपरानन्तराबाह्यः प्रज्ञानामृतैकरसोऽस्मीत्यर्थः।

जैसे सूर्य का सभी कर्मों में साक्षी भाव है, जैसे अग्नि का लोहे में दाहकत्व है, जैसे रज्जु का अपने में आरोपित वस्तु से संसर्ग है; वैसे ही मुझ कूटस्थ चिदात्मा के लिए है ॥९३५॥

जैसे सूर्य सर्व लोक का चक्षु है, इसीलिए उसका सभी कर्मों में साक्षी भाव है; वैसे ही निर्विकारत्व, असङ्गत्व के कारण मुझ कूटस्थ, चिदात्मा का [कर्मों में साक्षी भाव है]। जैसे अग्नि का लोहे में कल्पित दाहकत्व दोनों के परस्पर अध्यास से प्रतीत होता है, वैसे ही मुझमें भी अनात्मा के अध्यास से अहङ्कार सम्बन्धी कर्तृत्व प्रतीत होता है। जैसे रज्जु का कल्पित सर्प, जल धारा, दण्ड अध्यारोपित वस्तुओं के अध्यास से संसर्ग होता है, वैसे ही मेरा भी कल्पित देह, इन्द्रिय आदि तथा शुभ-अशुभ कर्मों से सम्बन्ध [होता है]। वास्तव में यह सब मुझमें आरोपित है। मैं तो सदा कूटस्थ, असङ्ग, चैतन्य स्वरूप, नित्य मुक्त, आनन्द स्वरूप, अजर, अमर, अमृत, अभय, सर्वज्ञ, अपूर्व, अनपर (कार्य-कारण रहित), अनन्तर, अबाह्य, प्रज्ञान रूप अमृत, एकरस हूँ – इस प्रकार अर्थ है।

इत्युक्त्वा स गुरुं स्तुत्वा प्रश्रयेण कृतानतिः । मुमुक्षोरुपकाराय प्रष्टव्यांशमपृच्छत ॥९३६॥

जीवन्मुक्तस्य भगवन्ननुभूतेश्च लक्षणम् । विदेहमुक्तस्य च मे कृपया ब्रूहि तत्त्वतः ॥९३७॥

इत्युक्त्वा स शिष्यः कृतानतिः **कृताऽऽनतिर्नमनं** येन स **गुरुं स्तुत्वा प्रश्रयेण** विनयेनाऽन्यस्य **मुमुक्षोरुपकाराय प्रष्टव्यांशं** प्रष्टव्यस्योचितप्रश्नस्यांश**मपृच्छत**। हे **भगवन्, जीवन्मुक्तस्य** जीवन्नेव मुक्तो जीवन्मुक्तः तस्य जीवन्मुक्तस्य देहयात्रामात्रार्थमिच्छानिच्छापरेच्छाप्रापितानि सुखदुःखलक्षणान्यारब्धफलान्यनुभवतो विदितब्रह्मात्मैक्यस्या**ऽनुभूतेश्च विदेहमुक्तस्य च लक्षणं कृपया मे तत्त्वतः ब्रूही**ति।

सर्वत्र हि वेदान्तशास्त्रे यानि सिद्धस्य कृतकृत्यस्य लक्षणानि तान्येव साधकस्य साधनानि प्रयत्नेन सुसम्पाद्यानि। येषु सत्स्वेव ब्रह्मनिष्ठा भवति तानि साधनीयानि यत्नेन। तस्मान्मुमुक्षोरुपकारायैतत्प्रश्नः सम्भवति।

इस प्रकार कहकर गुरु की स्तुति कर, विनय पूर्वक नमस्कार करके मुमुक्षुओं के उपकार के लिए पूछने योग्य अंश को पूछा - भगवन्! जीवन्मुक्त की अनुभूति तथा विदेहमुक्त का लक्षण कृपया मुझे यथार्थ रूप से बताइए ॥९३६, ९३७॥

इस प्रकार कहकर वह शिष्य, जिसके द्वारा नमस्कार किया गया है, गुरु की स्तुति कर विनय से अन्य मुमुक्षुओं के उपकार के लिए पूछने योग्य उचित प्रश्न के अंश को पूछा। हे भगवन्! जो जीवित रहते हुए ही मुक्त है, उस ब्रह्म-आत्मा के ऐक्य को जानने वाले जीवन्मुक्त की जो केवल देहयात्रा मात्र के लिए इच्छा, अनिच्छा, दूसरे की इच्छा से प्राप्त सुख-दुःख रूप आरब्ध फलों का अनुभव करता है; उसकी अनुभूति तथा विदेहमुक्त का लक्षण कृपया मुझे यथार्थ रूप से बताइए।

सभी वेदान्त शास्त्र में सिद्ध, कृतकृत्य के जो लक्षण हैं, वे ही साधक के लिए साधन हैं, जिन्हें प्रयत्न पूर्वक प्राप्त करना चाहिए। जिनके होने पर ही ब्रह्म निष्ठा होती है, उन्हें यत्नपूर्वक प्राप्त किया जाना चाहिए। अतः मुमुक्षु के उपकार के लिए यह प्रश्न उचित है।

ज्ञानभूमिकालक्षणम्

श्रीगुरुरुवाच -

वक्ष्ये तुभ्यं ज्ञानभूमिकाया लक्षणमादितः । ज्ञाते यस्मिंस्त्वया सर्वं ज्ञातं स्यात्पृष्टमद्य यत् ॥९३८॥

हे वत्स, **तुभ्यं ज्ञानभूमिकाया** ज्ञानस्य सप्तभूमिकाया **लक्षणमादितः** प्रथमतो **वक्ष्ये। यद्यो**गवासिष्ठमहारामायणग्रन्थे महर्षिवाल्मीकिभिर्ग्रथितं तथा यच्छ्रीमद्वसिष्ठमहामुनिभिः श्रीरामायोपदिष्टं तदहं वक्ष्ये। **यस्मिञ्ज्ञाते यत्त्वयाऽद्याधुना पृष्टं तत्सर्वं ज्ञातं** विदितं **स्यादि**ति।

श्रीगुरु बोले -
मैं तुमसे ज्ञान की भूमिकाओं का लक्षण प्रारम्भ से कहूँगा। जिसके जान लेने पर तुम्हारे द्वारा जो अब पूछा गया है, वह सब ज्ञात हो जाएगा ॥९३८॥

हे वत्स! मैं तुमसे ज्ञान की सात भूमिकाओं का लक्षण प्रथमतः कहूँगा। जो योगवासिष्ठ महारामायण ग्रन्थ में महर्षि वाल्मीकि द्वारा ग्रथित किया गया है तथा जो श्रीमद्वसिष्ठ महामुनि द्वारा श्रीराम को उपदेश किया गया है, वह मैं कहूँगा। जिसके जान लेने पर तुम्हारे द्वारा जो अब पूछा गया है, वह सब विदित हो जाएगा।

ज्ञानभूमिः शुभेच्छा स्यात्प्रथमा समुदीरिता । विचारणा द्वितीया तु तृतीया तनुमानसी ॥९३९॥

सत्त्वापत्तिश्चतुर्थी स्यात्ततोऽसंसक्तिनामिका । पदार्थाभावना षष्ठी सप्तमी तुर्यगा स्मृता ॥९४०॥

शुभेच्छा ज्ञानभूमिर्ज्ञानस्य भूमिर्भूमिका **प्रथमा स्यात्, द्वितीया विचारणा**, **तृतीया तु तनुमानसी** तनुमानसा वा **समुदीरिता**। **चतुर्थी** भूमिका **सत्त्वापत्तिः स्यात्, ततः** पञ्चमी भूमिकाऽसंसक्तिनामिकाऽसंसक्तिरिति नामिका नाम्नी, **षष्ठी पदार्थाभावना,** तथा **सप्तमी तुर्यगा स्मृता**। यस्मादेताः परमपुरुषार्थप्राप्तिलक्षणाः शुभप्रदास्तस्माद्विज्ञेयाः। यत्पूर्वोक्तं महावाक्यबोधेनाखण्डाकारवृत्त्या ज्ञायते तस्य ब्रह्मणो ज्ञानसिद्ध्यर्थं ज्ञानभूमिका लक्षणैर्वर्ण्यन्ते यास्वारूढोऽनायासेन मोक्षं प्रपद्यत इति।

शुभेच्छा प्रथम ज्ञान की भूमिका कही गई है, दूसरी विचारणा और तीसरी तनुमानसी है। चौथी सत्त्वापत्ति है, उसके अनन्तर पाँचवी असंसक्ति नाम वाली है, छठी पदार्थाभावना, सातवीं तुर्यगा कही गई है ॥९३९, ९४०॥

शुभेच्छा प्रथम ज्ञान की भूमिका है, दूसरी विचारणा और तीसरी तनुमानसी अथवा तनुमानसा कही गई है। चौथी भूमिका सत्त्वापत्ति है, उसके अनन्तर पाँचवी भूमिका असंसक्ति नाम वाली है, छठी पदार्थाभावना तथा सातवीं तुर्यगा कही गई है। चूँकि ये परम पुरुषार्थ की प्राप्ति के लक्षण हैं और शुभ प्रदान करने वाली हैं, इसीलिए इन्हें जानना चाहिए।
जो पहले कहा गया था कि महावाक्य बोध से अखण्डाकार वृत्ति के द्वारा जाना जाता है, उस ब्रह्म के ज्ञान की सिद्धि के लिए लक्षणों सहित ज्ञान भूमिकाओं का वर्णन किया जाता है, जिन पर आरूढ होकर अनायास मोक्ष को प्राप्त हो जाता है।

शुभेच्छा

स्थितः किं मूढ एवास्मि प्रेक्ष्योऽहं शास्त्रसज्जनैः । वैराग्यपूर्वमिच्छेति शुभेच्छा चोच्यते बुधैः ॥९४१॥

शास्त्रसज्जनैः शास्त्रैर्विचारितवेदान्तवाक्यैः सज्जनैर्गुरुभिश्च **प्रेक्ष्यः** समवेक्षित आकलितो**ऽहं किं मूढो**ऽत्यन्तपामरो विषयेषु रत आसक्तचित्तः प्रेयमार्गानुसारी योगक्षेमाय चिन्तित **एव स्थितो** विद्यमानो**ऽस्मी**ति **वैराग्यपूर्वं** वैराग्यसहितं मोक्षस्य ती**व्रेच्छा च बुधैः शुभेच्छोच्यते**। अत्र वैराग्यग्रहणं साधनचतुष्टयोपलक्षणम्। एवं निषिद्धवर्जननिष्कामयज्ञदानतपःकर्माद्यनुष्ठानप्रयुक्ता साधनचतुष्टयसम्पत्तिसहिता विकल्पेन संन्याससहिता च मुक्तिपर्यवसिता श्रवणादिप्रवृत्तिफलोत्पादन-समर्थाऽऽत्मसाक्षात्कारतीव्रेच्छा शुभेच्छा प्रथमा भूमिकेत्यर्थः।

शास्त्र और सज्जनों द्वारा विचारणीय क्या मैं मूढ ही हूँ? वैराग्य पूर्वक ऐसी इच्छा को विद्वानों द्वारा 'शुभेच्छा' कहा जाता है ॥९४१॥

वेदान्त वाक्यों द्वारा विचारित तथा गुरुओं द्वारा भली-भाँति निरीक्षण किया गया, समझा गया क्या मैं अत्यन्त पामर, विषयों में रत, आसक्त चित्त, प्रेय मार्ग का अनुसरण करने वाला, योगक्षेम के लिए ही चिन्तित होकर विद्यमान हूँ? वैराग्य सहित मोक्ष की तीव्र इच्छा को विद्वानों द्वारा 'शुभेच्छा' कहा जाता है। यहाँ वैराग्य का ग्रहण साधन-चतुष्टय के उपलक्षण रूप से है। इस प्रकार निषिद्ध कर्मों का त्याग; साधन-चतुष्टय सम्पत्ति सहित यज्ञ, दान, तप आदि निष्काम कर्मों के अनुष्ठान में तत्पर, विकल्प से संन्यास से युक्त तथा मुक्ति में पर्यवसित होने वाली आत्म-साक्षात्कार की तीव्र इच्छा जो श्रवण आदि में प्रवृत्ति रूप फल उत्पन्न करने में समर्थ है - यह प्रथम भूमिका 'शुभेच्छा' है।

विचारणा

शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकम् । सदाचारप्रवृत्तिर्या प्रोच्यते सा विचारणा ॥९४२॥

शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकं शास्त्रं च सज्जनश्च शास्त्रसज्जनौ तयोः सम्पर्कः शास्त्रसज्जनसम्पर्कः। वैराग्यस्याभ्यासो

वैराग्याभ्यासस्तत्पूर्वकं सहितं शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकं **या सदाचारप्रवृत्तिः** सदाचारस्य गुरुशुश्रूषाभिक्षाशनशौचादियतिधर्मपालनसहितस्य श्रवणमननयोः प्रवृत्तिः प्रकृष्टव्यवहारेच्छा **सा विचारणा प्रोच्यते** कथ्यते। अन्यसाधनानां पूर्वसिद्धत्वान्न तेषां पृथग्व्याख्यानमिति।

शास्त्र तथा सज्जनों का सम्पर्क, वैराग्य, अभ्यास पूर्वक जो सदाचार करने में प्रवृत्ति है, वह 'विचारणा' कही जाती है ॥९४२॥

शास्त्र तथा सज्जनों का सम्पर्क, वैराग्य-अभ्यास सहित गुरु सेवा, भिक्षा माँगकर भोजन करना, शौच आदि यति धर्मों के पालन सहित श्रवण और मनन में प्रवृत्ति, उत्कृष्ट व्यवहार करने की जो इच्छा है - वह 'विचारणा' कही जाती है। अन्य साधनों के पहले से ही सिद्ध होने के कारण उनकी अलग से व्याख्या नहीं की गई है।

तनुमानसी

विचारणाशुभेच्छाभ्यामिन्द्रियार्थेषु रक्तता । यत्र सा तनुतामेति प्रोच्यते तनुमानसी ॥९४३॥

तनु सूक्ष्मतमं मानसं यस्यां भूमिकायां सा **तनुमानसी** भूमिका। **यत्र** यस्यामवस्थायां **विचारणाशुभेच्छाभ्यां** पूर्वसाधनेन साधनचतुष्टयसम्पत्तिपूर्वकश्रवणमननाभ्यां समाध्याभ्यासेन च मनस **इन्द्रियार्थेषु** शब्दादिविषयेषु **रक्तता**ऽऽसक्ति**स्तनुतां** क्षीणता**मेति** पुनर्विषयेषु रुचिर्नोत्पद्यते तेषां विषयाणां भावाभावयोर्मनस औदासीन्यं **सा** भूमिका तनुमानसी तनुमानसा वा **प्रोच्यत** इति।

विचारणा और शुभेच्छा के द्वारा जिस अवस्था में इन्द्रियों के विषयों में आसक्ति क्षीण हो जाती है - वह 'तनुमानसी' कही जाती है ॥९४३॥

जिस भूमिका में मन अत्यन्त सूक्ष्म हो, वह तनुमानसी भूमिका है। जिस अवस्था में साधन-चतुष्टय सम्पत्ति सहित श्रवण, मनन तथा समाधि के अभ्यास रूप पूर्व साधनों से मन की शब्द आदि विषयों में आसक्ति क्षीणता को प्राप्त हो जाती है, विषयों में पुनः रुचि उत्पन्न नहीं होती, उन विषयों की उपस्थिति-अनुपस्थिति में मन का उदासीन भाव हो जाता है – वह भूमिका 'तनुमानसी' अथवा 'तनुमानसा' कही जाती है।

सत्त्वापत्तिः

भूमिकात्रितयाभ्यासाच्चित्तेऽर्थविरतेर्वशात् । सत्त्वात्मनि स्थिते शुद्धे सत्त्वापत्तिरुदाहृता ॥९४४॥

भूमिकात्रितयाभ्यासाच्छुभेच्छाविचारणातनुमानसीभूमिकाऽभ्यासात्सविकल्पसमाध्यभ्यासा**च्चित्तेऽर्थविरतेर**र्थेषु शब्दादिषु विरतिर्बाह्यार्थसंस्कारोच्छेदस्तस्मात्त**द्वशात्त**त्कारणा**त्सत्त्वात्मन्यन्त**ःकरण उपलभ्ये **शुद्धे** परब्रह्मणि **स्थिते**ऽवस्थात्रयविलक्षणेन प्रपञ्चशून्ये कार्यकारणरहिते साक्षात्कारपर्यन्ता निर्विकल्पकसमाधिरूपा या स्थितिः सा **सत्त्वापत्तिरुदाहृता**। परमसत्त्वस्य प्राप्तिरूपा सत्त्वापत्तिर्यां प्राप्यासौ ब्रह्मविदित्युच्यत इति।

तीन भूमिकाओं के अभ्यास से चित्त के विषयों से विरति के कारण शुद्ध सत्त्व स्वरूप आत्मा में स्थित होने पर 'सत्त्वापत्ति' कही जाती है ॥९४४॥

शुभेच्छा, विचारणा और तनुमानसी भूमिकाओं के अभ्यास से तथा सविकल्प समाधि के अभ्यास से चित्त की शब्द आदि विषयों में विरति, बाह्य विषयों के संस्कारों का नाश हो जाता है। इस कारण से अन्तःकरण में उपलब्ध, अवस्थात्रय से विलक्षण, प्रपञ्च शून्य, कार्य-कारण रहित परम ब्रह्म में साक्षात्कार पर्यन्त निर्विकल्पक समाधि रूपा जो स्थिति है, वह 'सत्त्वापत्ति' कही गई है। परम सत्त्व की प्राप्ति रूपा

सत्त्वापत्ति है, जिसे प्राप्त करने पर वह 'ब्रह्मवित्' कहा जाता है।

असंसक्तिः

दशाचतुष्टयाभ्यासादसंसर्गफला तु या । रूढसत्त्वचमत्कारा प्रोक्तासंसक्तिनामिका ॥९४५॥

दशाचतुष्टयाभ्यासात्पूर्वोक्तानां दशानां दशाचतुष्टयस्याभ्यासा**द्या तु** बाह्यान्तरसंस्कारैरस्पर्शलक्षणा**ऽसंसर्गफला** नित्यशुद्धबुद्ध-मुक्ताद्वितीयापरोक्षाऽऽनन्दरूपा **रूढसत्त्वचमत्कारा** रूढ आरूढः सत्त्वगुणस्य चमत्कारः साक्षात्कारो यस्यां सा**ऽसंसक्तिनामिका** भूमिका **प्रोक्ता**। यद्यप्युत्तमाधिकारिणां द्वितीयभूमिकायामपि साक्षात्कारः शाब्दापरोक्षात्प्रसिद्धस्तथापि पञ्चमभूमिकायामात्यन्तिकद्वैतसंस्कारोच्छेदप्रयुक्तोत्कर्षातिशयस्य मन्दमध्यमाधिकारिणामपि चतुर्थभूमिकान्तोत्पन्नसाक्षात्-कारस्य पञ्चम्यां निरूढतरत्वोपपत्तेश्च सूचनाय रूढेति चमत्कारविशेषणमिति श्री-आनन्द-बोधेन्द्र-सरस्वतिभिरुक्तम्। यस्यां भूमिकायामविद्यातज्जन्यक्रियाकारकफलानां सर्वथा सर्वदाऽसंसक्तिरिति भावः। पञ्चमीं भूमिकां प्राप्तो ब्रह्मविद्वर इत्युच्यत इति।

ऊपर कही गयी चार भूमिकाओं के अभ्यास से जो असंसर्ग फल वाली, जिसमें सत्त्व गुण का चमत्कार रूढ हो जाता है – वह 'असंसक्ति' नाम वाली कही गई है ॥९४५॥

पहले कही गई चार दशाओं के अभ्यास से जो बाह्य तथा आन्तरिक संस्कारों से स्पर्श रहित लक्षण वाली, नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अद्वितीय, अपरोक्ष, आनन्द स्वरूपा, जिसमें सत्त्व गुण का साक्षात्कार प्राप्त हो जाता है – वह 'असंसक्ति' भूमिका कही गई है। यद्यपि उत्तम अधिकारियों के लिए द्वितीय भूमिका में भी श्रुति से उत्पन्न अपरोक्ष साक्षात्कार प्रसिद्ध है तथापि पाँचवी भूमिका में आत्यन्तिक द्वैत संस्कार के समूल उच्छेद से प्रयुक्त उत्कर्ष के अतिशय को दिखाने के लिए तथा मन्द, मध्यम अधिकारियों के लिए भी चौथी भूमिका के अन्त में साक्षात्कार उत्पन्न होने पर भी पाँचवीं अवस्था में अधिक स्थिरता प्राप्ति की सूचना देने के लिए 'रूढ'; यह चमत्कार का विशेषण दिया गया है - ऐसा श्री आनन्द बोधेन्द्र सरस्वती द्वारा कहा गया है। जिस भूमिका में अविद्या तथा उससे उत्पन्न क्रिया-कारक-फलों की सब प्रकार से, सदा असंसक्ति होती है - यह भाव है। पाँचवी भूमिका को प्राप्त हुआ श्रेष्ठ ब्रह्मवेत्ता कहा जाता है।

पदार्थाभावना

भूमिकापञ्चकाभ्यासात्स्वात्मारामतया भृशम्। आभ्यन्तराणां बाह्यानां पदार्थानामभावनात् ॥९४६॥

परप्रयुक्तेन चिरप्रयत्नेनावबोधनम्। पदार्थाभावना नाम षष्ठी भवति भूमिका ॥९४७॥

पूर्वोक्त**भूमिकापञ्चकाभ्यासाद्भू**मिकानां पञ्चानामभ्यासात्परिपाकोत्कर्षा**त्स्वात्मारामतया** स्वात्मनि ब्रह्मण्यारामो यस्य स स्वात्मारामस्तस्य भावस्स्वात्मारामता तया निरन्तराऽऽत्मसुखानुभवा**दाभ्यन्तराणां** मनोवासनाजन्यानां **बाह्यानां** भौतिकानां **पदार्थानां भृशमत्यन्तमभावनात्ते**षां मिथ्यात्वात्स्वप्नमायामरीच्युदकवत्सिद्धत्वात्स्वतः सत्तास्फुरणरहितत्वाच्चिन्तनाभावः। देहयात्रासिद्ध्यर्थं **परप्रयुक्तेना**न्यप्रेरितेन **चिरप्रयत्नेनावबोधनं** ज्ञानमुत्पद्यते सा **पदार्थाभावना नाम षष्ठी भूमिका भवति**। सोऽस्यां भूमिकायां ब्रह्मविद्वरीयानित्याख्यायत इति।

पाँच भूमिकाओं के अभ्यास से आत्मा में रमण होने के कारण आभ्यन्तर तथा बाह्य पदार्थों की अत्यन्त अभावना होती है। दूसरों के द्वारा प्रेरित तथा चिरकाल तक किए गए प्रयत्न से जो ज्ञान होता है - वह 'पदार्थाभावना' नाम की छठी भूमिका है ॥९४६, ९४७॥

पूर्वोक्त पाँच भूमिकाओं के अभ्यास से/परिपाक के उत्कर्ष के कारण आत्मा में रमण के द्वारा/ब्रह्म में जिसका आराम है, उस स्वात्मारामता

में निरन्तर आत्म-सुख के अनुभव से मन की वासनाओं से उत्पन्न तथा भौतिक पदार्थों का अत्यन्त मिथ्यात्व होने के कारण वे स्वप्न, माया, मरीचि-जल के समान सिद्ध (मिथ्या) हैं, स्वतः सत्ता स्फुरण से रहित होने के कारण उनके चिन्तन का अभाव होता है। देह यात्रा की सिद्धि के लिए दूसरों द्वारा प्रेरित तथा चिरकाल तक किए गए प्रयत्न से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह 'पदार्थाभावना' नाम की छठी भूमिका है। इस भूमिका में वह ब्रह्म ज्ञानियों में सर्वोत्तम कहा जाता है।

तुर्यगा

षड्भूमिकाचिराभ्यासाद्भेदस्यानुपलम्भनात् । यत्स्वभावैकनिष्ठत्वं सा ज्ञेया तुर्यगा गतिः ॥९४८॥

षड्भूमिकाचिराभ्यासात्पूर्वोक्तानां षड्भूमिकानां चिराभ्यासाद्दीर्घकालनैरन्तर्याभ्यासात्पूर्वजन्मपुण्यपुञ्जपरिपाकाच्च **भेदस्या**न्योन्या-भावस्य वैधर्म्यस्य वा पृथक्त्वस्यासिद्धत्वा**दनुपलम्भनाद**प्रतीतत्वाच्च **यत्स्वभावैकनिष्ठत्वं** स्वभावस्यात्मभूतस्यैकनिष्ठत्वं सच्चिदात्मनावस्थानं वर्तते **सा तुर्यगा गतिः** सप्तमीभूमिका **ज्ञेया**। तां प्राप्तो ब्रह्मविद्वरिष्ठः। स ब्रह्मवित्प्रभृतिषु तुरीयः। यस्यामवस्थायां तुरीयं गच्छति सावस्था तुर्यगा। *"एकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शिवं शान्तमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स एवाऽऽत्मा स विज्ञेय ईश्वरग्रासस्तुरीयतुरीयः"* इति नृसिंहोत्तरतापनीयोपनिषदि चेति।

छः भूमिकाओं के चिर अभ्यास से भेद का भान न होने से जो स्वभाव में एकनिष्ठ स्थिति है, वह 'तुर्यगा' गति जाननी चाहिए ॥९४८॥

पूर्वोक्त छः भूमिकाओं के दीर्घ काल तक निरन्तर अभ्यास से तथा पूर्व जन्मों के अनेक पुण्य कर्मों के परिपक्व होने से अन्योन्य अभाव अथवा पृथक्त्व सिद्ध न होने पर वैधर्म्य की अप्रतीति होने से जो आत्म स्वरूप का सच्चिदात्म रूप से अवस्थान है – वह 'तुर्यगा' सातवीं भूमिका जाननी चाहिए। उसको प्राप्त हुआ सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मवेत्ता है। वह ब्रह्मवित् से आरम्भ करके अर्थात् 'ब्रह्मवित्', 'ब्रह्मविद्वर', 'ब्रह्मविद्वरीयान्' - इनके क्रम में तुरीय (चतुर्थ) है। जिस अवस्था में तुरीय को जाना जाता है, वह अवस्था 'तुर्यगा' है। नृसिंह उत्तर तापनीय उपनिषद् में भी कहा गया है 'एकात्म प्रत्यय सार, प्रपञ्च का उपशम रूप, शिव, शान्त, अद्वैत स्वरूप, चतुर्थ मानते हैं - वही आत्मा है, वही विशेष रूप से जानने योग्य है, वह ईश्वर का ग्रास है, तुरीय का भी तुरीय है'।

(कोष्ठकः १९) सप्तज्ञानभूमिकाः				
क्रमः	**भूमिका**	**लक्षणम्**	**भौमिकः**	**अवस्था**
१	शुभेच्छा	वैराग्यसहितमोक्षस्य तीव्रेच्छा	विरागी	जाग्रत्
२	विचारणा	गुरुशुश्रूषादियतिधर्मपालनसहितस्य श्रवणमननयोः प्रवृत्तिः	सदाचारी	जाग्रत्
३	तनुमानसी	विषयेष्वरुचिः, विषयाणां भावाभावयोर्मनस औदासीन्यम्	परोक्षज्ञानवान्	जाग्रत्
४	सत्त्वापत्तिः	निर्विकल्पे ब्रह्मण्यवस्थानम्	ब्रह्मवित्	स्वप्नः
५	असंसक्तिः	सत्त्वाऽऽरूढस्यापरोक्षाऽऽनन्दरूपाऽसंसर्गफला	ब्रह्मविद्वरः	सुप्तिः
६	पदार्थाभावना	मनोवासनाजन्यानां भौतिकानां पदार्थानाञ्च मिथ्यात्वम्	ब्रह्मविद्वरीयान्	गाढसुप्तिः
७	तुर्यगा	भेदाभावः सच्चिदात्मनावस्थानञ्च	ब्रह्मविद्वरिष्ठः	तुर्यगा

एवं सप्तज्ञानभूमिका वर्णिताः।

इस प्रकार ज्ञान की सात भूमिकाओं का वर्णन किया गया।

अधुना कृतवेदान्तश्रवणमननानां परोक्षज्ञानवतामपरोक्षसाक्षात्कारेप्सितानामथवाऽपरोक्षज्ञानिनामप्रतिबद्धदृढाऽपरोक्षज्ञाननिष्ठाऽभिलषितानां चिन्तनवैविध्याज्जाग्रज्जाग्रदादिदशावस्था वर्ण्यन्ते।

अब जिन्होंने वेदान्त का श्रवण, मनन कर लिया है; परोक्ष ज्ञान प्राप्त कर लिया है; अपरोक्ष साक्षात्कार की इच्छा रखते हैं अथवा जो अपरोक्ष ज्ञानी हैं तथा अप्रतिबद्ध, दृढ अपरोक्ष ज्ञाननिष्ठा की अभिलाषा रखते हैं - उनकी चिन्तन की विविधता के कारण जाग्रत् जाग्रत् आदि दस अवस्थाओं का वर्णन किया जाता है।

जाग्रज्जाग्रत्

इदं ममेति सर्वेषु दृश्यभावेष्वभावना। जाग्रज्जाग्रदिति प्राहुर्महान्तो ब्रह्मवित्तमाः ॥९४९॥

महान्तो ब्रह्मवित्तमाः सर्वेषु दृश्यभावेषु 'अह**मिदम्, ममे**दम्' **इति** नैसर्गिकस्याध्यास**स्याभावना**ऽचिन्तनं **जाग्रज्जाग्रदिति प्राहुः**। अस्मिन्नवस्थायां दृश्यपदार्थानां विस्पष्टदर्शनं यद्यपि वर्तते तथापि तेष्वहंममभावनामकुर्वन् योगी तादात्म्याभावाद्विरक्ततया पश्यति।

सब दृश्यमान पदार्थों में 'यह मेरा है' ऐसी भावना न करने को महान् ब्रह्मवेत्ता जाग्रत् जाग्रत् कहते हैं ॥९४९॥

महान् ब्रह्मवेत्ता पुरुष सब दृश्यमान पदार्थों में 'मैं यह हूँ, यह मेरा है' - इस स्वाभाविक अध्यास का चिन्तन न करने को जाग्रत् जाग्रत् कहते हैं। इस अवस्था में यद्यपि दृश्यमान पदार्थों का स्पष्ट दर्शन (बोध) रहता है, तथापि उनमें 'मैं' और 'मेरा' - यह भावना न करता हुआ योगी उनसे तादात्म्य न होने के कारण विरक्त भाव से देखता है।

जाग्रत्स्वप्नः

विदित्वा सच्चिदानन्दे मयि दृश्यपरम्पराम्। नामरूपपरित्यागो जाग्रत्स्वप्नः समीर्यते ॥९५०॥

सच्चिदानन्दे मयि दृश्यपरम्परां विदित्वा नामरूपपरित्यागस्तेषामध्यस्तत्वात्प्रातिभासिकत्वान्मिथ्यात्वरूपेण पदपदार्थानां परित्यागो **जाग्रत्स्वप्नः समीर्यते** कथ्यत इति।

मुझ सच्चिदानन्द स्वरूप में दृश्य जगत् की सम्पूर्ण परम्परा को जानकर, उनके नाम-रूप का परित्याग कर देना जाग्रत् स्वप्न कहा जाता है ॥९५०॥

सच्चिदानन्द स्वरूप मुझमें दृश्य जगत् की सम्पूर्ण परम्परा (समस्त पदार्थों के समूह) को जानकर, उनके नाम-रूप अर्थात् उन पद और पदार्थों का, उनके अध्यस्त तथा प्रातिभासिक होने के कारण मिथ्यात्व रूप से परित्याग कर देना जाग्रत् स्वप्न कहा जाता है।

जाग्रत्सुप्तिः

परिपूर्णचिदाकाशे मयि बोधात्मतां विना। न किञ्चिदन्यदस्तीति जाग्रत्सुप्तिः समीर्यते ॥९५१॥

परिपूर्णचिदाकाशे परितः सर्वतः पूर्णोऽपरिच्छिन्नः परिपूर्णश्चिदाकाशश्चिदेवाकाशश्चिदाकाशः परिपूर्णश्चासौ चिदाकाशश्च

तस्मिन् **मयि बोधात्मतां** चिन्मात्रतां **विनाऽन्यत्किञ्चिन्नास्तीत्येषा** भावना **जाग्रत्सुप्तिः समीर्यते।**

एतासु तिसृषु भावनासु जाग्रदिति सामान्यशब्देन व्यावहारिकप्रपञ्चस्य भानमुच्यते तथा जाग्रत्स्वप्नसुप्तिपदैः क्रमशो दृश्यप्रपञ्चस्य ज्ञानं बाधोऽभावश्चोच्यते।

परिपूर्ण चिदाकाश स्वरूप मुझमें बोधात्मता के अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है - यह जाग्रत् सुप्ति कही जाती है ॥९५१॥

उस सब ओर से पूर्ण, अपरिच्छिन्न - परिपूर्ण; चिदाकाश - चैतन्य ही आकाश है, मुझमें चिन्मात्रता के अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है - यह भावना जाग्रत् सुप्ति कही जाती है।

इन तीन भावनाओं में सामान्य रूप से प्रयुक्त 'जाग्रत्' शब्द से व्यावहारिक प्रपञ्च का भान कहा गया है तथा 'जाग्रत्', 'स्वप्न', 'सुप्ति' पदों से क्रमशः दृश्य प्रपञ्च का ज्ञान, बाध तथा अभाव कहा गया है।

स्वप्नजाग्रत्

मूलाज्ञानविनाशेन कारणाभासचेष्टितैः । बन्धो न मेऽतिस्वल्पोऽपि स्वप्नजाग्रदितीर्यते ॥९५२॥

मूलाज्ञानविनाशेन मूलाज्ञानस्य स्वस्य ब्रह्मत्वाज्ञानस्य विनाशेन **कारणाऽऽभासचेष्टितैः** कारणस्य प्रारब्धस्याऽऽभासः प्रतीतिः कारणाभासस्तन्निमित्तचेष्टितैः प्रवृत्तिभि**र्मेऽतिस्वल्पोऽपि बन्धो ना**स्तीति भावना **स्वप्नजाग्रदितीर्यते।**

मूल अज्ञान के नाश से, कारण आभास की चेष्टाओं से मुझे थोडा भी बन्धन नहीं है - यह स्वप्न जाग्रत् कहा जाता है ॥९५२॥

अपने ब्रह्मत्व के अज्ञान के नाश से, प्रारब्ध की प्रतीति से होने वाली प्रवृत्तियों से मुझे थोडा भी बन्धन नहीं है - यह भावना स्वप्न जाग्रत् कही जाती है।

स्वप्नस्वप्नः

कारणाज्ञाननाशाद्यद्द्रष्टृदर्शनदृश्यता । न कार्यमस्ति तज्ज्ञानं स्वप्नस्वप्नः समीर्यते ॥९५३॥

यत्कारणाज्ञाननाशान्मूलाज्ञाननाशा**द्द्रष्टृदर्शनदृश्यता** प्रमात्रादित्रिपुटीरूपं **कार्यं नास्ति** तस्य प्रतिभासमात्रमविद्यालेशकार्यरूपेण प्रतीयते स्वप्नव**त्तज्ज्ञानं स्वप्नस्वप्नः समीर्यते।**

कारण अज्ञान के नाश से द्रष्टा, दर्शन, दृश्य रूप कार्य नहीं है। उस ज्ञान को स्वप्न स्वप्न कहा जाता है ॥९५३॥

जो मूल अज्ञान के नाश से प्रमाता आदि त्रिपुटी रूप कार्य नहीं है, उसका प्रतिभास मात्र अविद्या के लेश के कार्य रूप से स्वप्न की भाँति प्रतीत होता है, उस ज्ञान को स्वप्न स्वप्न कहा जाता है।

स्वप्नसुप्तिः

अतिसूक्ष्मविमर्शेन स्वधीवृत्तिरचञ्चला । विलीयते यदा बोधे स्वप्नसुप्तिरितीर्यते ॥९५४॥

यदाऽतिसूक्ष्मविमर्शेनात्यन्तसूक्ष्मविचारेणा**ऽचञ्चला** स्थिरा **स्वधीवृत्तिर**न्तःकरणं सपरिणामं **बोधे** निर्विकल्पे ब्रह्मणि साक्षिणि **विलीयते** तदा **स्वप्नसुप्तिरितीर्यते।**

एतासु तिसृषु स्वप्नेति सामान्यशब्देन समस्तप्रपञ्चस्य प्रातिभासिकत्वमुच्यते तथा जाग्रत्स्वप्नसुप्तिपदैः क्रमशस्तस्याऽऽभासः, अस्पष्टभानं, साहङ्काराभावश्चोच्यत इति।

अति सूक्ष्म विमर्श के द्वारा जब अपनी अचञ्चल बुद्धि की वृत्ति बोध में विलीन हो जाती है, तब स्वप्न सुप्ति कही जाती है ॥९५४॥

जब अत्यन्त सूक्ष्म विचार द्वारा स्थिर अपनी बुद्धि की वृत्ति अन्तःकरण के परिणाम सहित निर्विकल्प ब्रह्मरूप साक्षी में विलीन हो जाती है, तब स्वप्न सुप्ति कही जाती है।

इन तीनों में सामान्य रूप से प्रयुक्त 'स्वप्न' शब्द से समस्त प्रपञ्च का प्रातिभासिकत्व कहा गया है तथा 'जाग्रत्', 'स्वप्न', 'सुप्ति' पदों से क्रमशः उसका आभास, अस्पष्ट भान तथा अहङ्कार सहित अभाव कहा गया है।

सुप्तिजाग्रत्

चिन्मयाकारमतयो धीवृत्तिप्रसरैर्गतः । आनन्दानुभवो विद्वन् सुप्तिजाग्रदितीर्यते ॥९५५॥

हे **विद्वन्,** यस्य ब्रह्मविदः **चिन्मयाकारमतयश्चि**न्मयाकारा ब्रह्माकारा मतयो बुद्धिवृत्तयो **धीवृत्तिप्रसरैर्धि**यो वृत्तयो धीवृत्तयस्तासां प्रसरैर्विस्तरैः पुनः पुनस्तदाकारवृत्तित्वा**दानन्दानुभवो गतो** ब्रह्मानन्दानुभूतिस्तस्याऽवस्था **सुप्तिजाग्रदितीर्यत** इति।

हे विद्वन्! चिन्मय आकार हुई बुद्धि की वृत्तियाँ, बुद्धि वृत्तियों के प्रसार से आनन्द का अनुभव प्राप्त हुआ है, वह [अवस्था] सुप्ति जाग्रत् कही जाती है ॥९५५॥

हे विद्वन्! जिस ब्रह्मवेत्ता की ब्रह्माकार बुद्धि की वृत्तियाँ, बुद्धि वृत्तियों के विस्तार से पुनः पुनः उसी (ब्रह्म) के आकार की वृत्ति होने के कारण ब्रह्म आनन्द की अनुभूति प्राप्त हो गयी है, उसकी वह अवस्था सुप्ति जाग्रत् कही जाती है।

सुप्तिस्वप्नः

वृत्तौ चिरानुभूतान्तरानन्दानुभवस्थितौ । समात्मतां यो यात्येष सुप्तिस्वप्न इतीर्यते ॥९५६॥

यश्चिरानुभूतान्तरानन्दानुभवस्थितौ चिरकालानुभूतस्तस्याऽन्तराऽऽनन्दस्य चिरानुभूतान्तराऽऽनन्दस्य अनुभवश्चिरानुभूतान्तरानन्दानुभवस्तस्मिन् स्थितौ **वृत्तौ समात्मतां याति** तेषां वृत्तीनामाविर्भावतिरोभावावपश्यञ्चिद्घनानन्दरूपेण तिष्ठति स **एष** ब्रह्मवित्**सुप्तिस्वप्न इतीर्यत** इति।

जो चिरकाल से अनुभूत आन्तरिक आनन्द की स्थिति में वृत्ति में एकरूपता को प्राप्त हो जाता है, यह [अवस्था] सुप्ति स्वप्न कही जाती है ॥९५६॥

जो चिरकाल से अनुभूत आन्तरिक आनन्द के अनुभव में स्थित वृत्ति में एकरूपता को प्राप्त हो जाता है अर्थात् उन वृत्तियों के आविर्भाव-तिरोभाव को न देखता हुआ चिद्घन आनन्द रूप से स्थित रहता है, वह यह ब्रह्मवित् इस [अवस्था] को सुप्ति स्वप्न कहते हैं।

सुप्तिसुप्तिः

दृश्यधीवृत्तिरेतस्य केवलीभावभावना । परं बोधैकतावाप्तिः सुप्तिसुप्तिरितीर्यते ॥९५७॥

एतस्य ब्रह्मविदो या **दृश्यधीवृत्ति**र्बाह्यजाग्रत्पदार्थविशेषा दृश्यास्तद्विषया धीवृत्तिः **केवलीभावभावना** समस्तभेदाभावभावना

निरुपाधिकब्रह्मणोऽभेदभावना **परं** प्रमात्रादिपरिच्छिन्नभावैरसंस्पृष्टं ब्रह्मातिरिक्तस्य सर्वाभावरूपं **बोधैकताऽवाप्तिर्बो**धेन सहैकता बोधैकता तस्या अवाप्तिः प्राप्तिरभेदः साऽवस्था **सुप्तिसुप्तिरितीर्यते** इति।

एतासु तिसृषु सुप्तिरिति सामान्यशब्देनाऽऽत्मानन्द उच्यते तथा जाग्रत्स्वप्नसुप्तिपदैः क्रमशस्तस्याऽनुभवः, तेन तादात्म्यापन्नत्वं, तन्मात्रत्वञ्चोच्यत इति।

यद्यपि वासिष्ठमहारामायणे (योगवासिष्ठे) सप्ताज्ञानभूमिकाः प्रदर्शितास्तथा बृहद्वार्तिकेऽपि नवावस्था जाग्रज्जाग्रदादिसुप्तिसुप्त्यन्ताः प्रकीर्तिताः, ताश्च सिद्धान्तबिन्दावपि श्रीमधुसूदनसरस्वतिभिर्व्याख्यातास्तथापि याऽत्र वर्णितास्ता अत्यन्तविलक्षणाः। नैतासां किञ्चित्साम्यम्। अस्मिन् ग्रन्थे श्रीभगवत्पादानां चिन्तनगाम्भीर्यं सर्वतन्त्रस्वातन्त्र्यमैश्वर्यञ्चाभिव्य-क्तमस्माकं भूयो भूयो नमस्काराः।

इस [ब्रह्मवेत्ता] की दृश्य विषयक बुद्धि वृत्ति का केवल भाव रूप भावना तथा परम बोध के साथ एकता की प्राप्ति - सुप्ति सुप्ति कही जाती है ॥९५७॥

इस ब्रह्मविद् की जो बाह्य जाग्रत् पदार्थ विषयक धी वृत्ति है, उसका समस्त भेदों के अभाव की भावना, निरुपाधिक ब्रह्म से अभेद की भावना तथा प्रमाता आदि से परिच्छिन्न भावों से अस्पृष्ट, ब्रह्म से अतिरिक्त सर्व के अभाव रूप, बोध के साथ एकता की प्राप्ति अर्थात् अभेद - वह अवस्था सुप्ति सुप्ति कही जाती है।

इन तीनों में सामान्य रूप से प्रयुक्त 'सुप्ति' शब्द से आत्मा का आनन्द कहा गया है तथा 'जाग्रत्', 'स्वप्न', 'सुप्ति' पदों से क्रमशः उसका अनुभव, उससे तादात्म्य को प्राप्त होना, उस मात्र रह जाना कहा गया है।

यद्यपि वासिष्ठ महारामायण (योगवासिष्ठ) में ज्ञान की सात भूमिकाएँ बतायी गई हैं तथा बृहद् वार्तिक में भी जाग्रत् जाग्रत् आदि से लेकर सुप्ति सुप्ति तक नौ अवस्थाएँ कही गई हैं, उनका सिद्धान्त बिन्दु में श्री मधुसूदन सरस्वती जी के द्वारा भी व्याख्यान किया गया है; तथापि यहाँ जो वर्णित हैं, वे अत्यन्त विलक्षण हैं। इनकी कोई समानता नहीं है। इस ग्रन्थ में श्रीभगवत्पाद के चिन्तन गाम्भीर्य, सर्वतन्त्र स्वातन्त्र्य (सभी शास्त्रों में स्वतन्त्र दृष्टि) तथा अभिव्यक्त ऐश्वर्य को हमारा बार-बार नमस्कार है।

तुर्याख्या

परब्रह्मवदाभाति निर्विकारैकरूपिणी । सर्वावस्थासु धारैका तुर्याख्या परिकीर्तिता ॥९५८॥

सर्वावस्थासु जाग्रदादिसुप्तिसुप्त्यन्तासु **परब्रह्मवन्निर्विकारैकरूपिणी यैका धाराऽऽभाति** सा निर्विकारोऽहमस्मि परब्रह्मेति रूपा ज्ञानधारा **तुर्याख्या परिकीर्तिते**ति।

सभी अवस्थाओं में परब्रह्म की भाँति निर्विकार एकरूप से जो एक धारा प्रकाशित होती है, उसे तुरीय नाम से कहा गया है ॥९५८॥

जाग्रत् से आरम्भ होकर सुप्ति सुप्ति तक सभी अवस्थाओं में परब्रह्म के समान जो निर्विकार, 'मैं निर्विकार परम ब्रह्म हूँ' एकरूप वाली ज्ञान की जो धारा प्रकाशित होती है, उसे तुरीय नाम से कहा गया है।

इत्यवस्थासमुल्लासं विमृशन्मुच्यते सुखी ॥९५९॥

ज्ञानी ब्रह्मवि**दित्ये**वम्प्रकारेणा**ऽवस्थासमुल्लासम**भिव्यञ्जनं वैविध्यञ्च **विमृशन्** विचारयन् **सुखी** भवति **मुच्यते** चेति।

इस प्रकार अवस्थाओं के समुल्लास का विचार करता हुआ (ज्ञानी) सुखी होता है तथा मुक्त हो जाता है ॥९५९॥

ज्ञानी ब्रह्मवित् इस प्रकार से अवस्थाओं की अभिव्यक्ति तथा विविधता का विचार करता हुआ सुखी होता है तथा मुक्त हो जाता है।

शुभेच्छादित्रयं भूमिभेदाभेदयुतं स्मृतम् । यथावद्भेदबुद्ध्येदं जगज्जाग्रदितीर्यते ॥९६०॥

शुभेच्छादित्रयं शुभेच्छाविचारणातनुमानसीत्येतत्त्रयं **भूमिभेदाभेदयुतं** भेदश्चाभेदश्च भेदाभेदौ, भूमेर्भेदाभेदौ भूमिभेदाभेदौ ताभ्यां युतं युक्तं **स्मृतम्। इदं यथावद्भेदबुद्ध्या जगज्जाग्रदितीर्यते**। एतासु तिसृषु जगति जाग्रद्भावः सत्यत्वबुद्धिर्दृश्यत इति तेष्वभेदः। भेदस्तु पूर्वमेव प्रदर्शित इति।

शुभेच्छा आदि तीन भूमिकाएँ भेद तथा अभेद से युक्त मानी गई हैं। इस जगत् को यथार्थ भेद बुद्धि से देखना 'जाग्रत्' कहा गया है ॥९६०॥

शुभेच्छा, विचारणा और तनुमानसा - ये तीनों भूमिकाएँ भेद तथा अभेद से युक्त मानी गई हैं। इस जगत् को यथार्थ भेदबुद्धि से देखना 'जाग्रत्' कहा गया है। इन तीनों में जगत् के प्रति जाग्रत् का भाव यानि सत्यत्व बुद्धि देखी जाती है, इस प्रकार उनमें अभेद है। भेद तो पहले ही दिखाया जा चुका है।

अद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते च प्रशमं गते । पश्यन्ति स्वप्नवल्लोकं तुर्यभूमिसुयोगतः ॥९६१॥

ब्रह्मविदां चित्ते दीर्घकालाभ्यासवशात्प्रौढवैराग्योपरतिभ्या**मद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते** वासनानामपि **च प्रशमं गते** तेषामनुदया**त्तुर्यभूमिसुयोगतस्तुर्या**चतुर्थी भूमिस्तुर्यभूमिः सत्त्वापत्तिस्तस्याः सुयोगतः सुलभोपलब्धित्वा**ल्लोकं** जाग्रज्जगत्**स्वप्नवत्पश्यन्ति**। सर्वदृश्यानामन्तर्बाह्योपलब्धानां रज्जुसर्पवन्मिथ्यात्वं सर्वं मायाविकृतं दृष्टनष्टस्वभाववत्पश्यन्तीत्यर्थः।

जब अद्वैत में स्थिरता आ जाती है तथा द्वैत शान्त हो जाता है, तब तुरीय भूमि के सुयोग से जगत् को स्वप्न के समान देखते हैं ॥९६१॥

ब्रह्मवेत्ताओं के चित्त में दीर्घ कालीन अभ्यास से प्रौढ वैराग्य तथा उपरति के द्वारा जब अद्वैत में स्थिरता आ जाती है तथा वासनाओं का भी अनुदय होने के कारण तुर्या चतुर्थी भूमि - सत्त्वापत्ति के सुलभ उपलब्ध होने से जाग्रत् जगत् को स्वप्न के समान देखते हैं। अन्तर तथा बाहर से उपलब्ध समस्त दृश्य पदार्थों को रज्जु-सर्प के समान मिथ्या, सम्पूर्ण रूप से माया का विकार, दृष्ट-नष्ट (देखते ही नष्ट होने वाले) स्वभाव वाला देखते हैं - ऐसा अर्थ है।

पञ्चमीं भूमिमारुह्य सुषुप्तिपदनामिकाम् । शान्ताशेषविशेषांशस्तिष्ठेदद्वैतमात्रके ॥९६२॥

सुषुप्तिपदनामिकां सुषुप्तिरेव पदमवस्था सुषुप्तिपदं तच्च नाम यस्या सा सुषुप्तिपदनामिका तां **पञ्चमीं भूमि**मसंसक्ति**मारुह्य शान्ताशेषविशेषांशो**ऽशेषः सम्पूर्णो विशेषांशो विशेषस्य नामरूपात्मकस्यांऽशो विशेषांशो, अशेषस्य विशेषांशः शान्तोऽशेषविशेषांशो यस्य स ब्रह्मभिन्नस्य सर्वस्य लीनत्वा**दद्वैतमात्रके** निद्रालुव**त्तिष्ठेदि**ति।

सुषुप्ति पद नाम वाली पाँचवी भूमि पर आरूढ होकर, सम्पूर्ण विशेष अंश से शान्त हुआ अद्वैत मात्र में स्थित हो जाता है ॥९६२॥

सुषुप्ति ही अवस्था है - वह नाम है जिसका, वह सुषुप्ति पद नाम वाली असंसक्ति पर आरूढ होकर, सम्पूर्ण विशेष के नाम-रूपात्मक अंश से शान्त हुआ, ब्रह्म से भिन्न समस्त पदार्थों के लीन हो जाने के कारण अद्वैत मात्र में निद्रालु के समान स्थित रहता है।

अन्तर्मुखतया नित्यं षष्ठीं भूमिमुपाश्रितः । परिश्रान्ततया गाढनिद्रालुरिव लक्ष्यते ॥९६३॥

तथा **चान्तर्मुखतया नित्यं षष्ठीं भूमिं** पदार्थाभावनानामिका**मुपाश्रितः परिश्रान्ततया** सकलप्रपञ्चनिवृत्तत्वा**द्गाढनिद्रालुरिव लक्ष्यत** इति।

नित्य अन्तर्मुख होकर, छठी भूमि का आश्रय लेने वाला सब विषयों से निवृत्त होकर, गाढ़ निद्रा में सोये हुए के समान लक्षित होता है ॥९६३॥

तथा नित्य अन्तर्मुख होकर पदार्थाभावना नामक छठी भूमि का आश्रय लेने वाला सम्पूर्ण प्रपञ्च से निवृत्त होने के कारण गाढ़ निद्रा में सोये हुए के समान लक्षित होता है।

कुर्वन्नभ्यासमेतस्यां भूम्यां सम्यग्विवासनः । तुर्यावस्थां सप्तभूमिं क्रमात्प्राप्नोति योगिराट् ॥९६४॥

योगिराड्ब्रह्मविद्यतिर**एतस्यां भूम्यां** पदार्थाभावनायां सहजतया निरायासेन परिश्रमान्तरे**णाभ्यासं कुर्वन् सम्यक्**सुष्ठुप्रकारेण

विवासनो निर्वासनो भूत्वा **क्रमात्तुर्यावस्थां सप्तभूमिं प्राप्नोति**। सा भूमिर्ज्ञानस्य ध्यानस्य च परानिष्ठोक्तेति।

योगीराज इस भूमि में अभ्यास करता हुआ, सम्यक् प्रकार से वासना रहित होकर, क्रम से तुरीय अवस्था रूपी सातवीं भूमि को प्राप्त हो जाता है ॥९६४॥

ब्रह्मविद्या में स्थित योगी इस पदार्थाभावना भूमि में सहजता से, बिना किसी आयास के, परिश्रम के अन्तराल में भी अभ्यास करता हुआ, भली-भाँति वासना से रहित होकर, क्रम से तुरीय अवस्था रूपी सातवीं भूमि को प्राप्त होता है। वह भूमि ज्ञान तथा ध्यान की परम निष्ठा कही गई है।

विदेहमुक्तिरेवात्र तुर्यातीतदशोच्यते । यत्र नासन्न सच्चापि नाहं नाप्यनहङ्कृतिः ।
केवलं क्षीणमनन आस्तेऽद्वैतेऽतिनिर्भयः ॥९६५॥

अत्र भूमिकासु **विदेहमुक्तिरेव तुर्यातीतदशोच्यते यत्र** योगी **नासच्छ**शविषाणादिवद्रज्जुसर्पवद्वा, **नापि सद्घट**पटादिवद्व्यावहारिकरूपः, **नाऽहं नाप्यनहङ्कृतिः**, न तस्याहङ्कारोऽस्तीति वक्तुं शक्यते नापि तस्याऽभावस्तस्य प्रतिभासमात्रत्वात्। **केवलं** निर्विकल्पेऽद्वैते शुद्धे ब्रह्मणि **क्षीणमननोऽतिनिर्भय आस्ते**। *"अभयं प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति।", "स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यतेऽशीर्यो नहि शीर्यतेऽसङ्गो न हि सज्यतेऽसितो न व्यथते न रिष्यत्यभयं वै जनक प्राप्तोऽसीति"* इत्यादि श्रुतिभ्यः। क्षीणमननः क्षीणं मननं मनसो व्यापारो यस्य स इति।

यहाँ विदेहमुक्ति ही तुरीय अतीत अवस्था कही गई है, जहाँ न असत् है, न सत्, न 'मैं' है तथा न अनहङ्कार (अहङ्कार का अभाव) ही है। केवल क्षीण मनन अद्वैत में अत्यन्त निर्भय होकर रहता है ॥९६५॥

यहाँ भूमिकाओं में विदेहमुक्ति ही तुरीय अतीत अवस्था कही गई है। जहाँ योगी खरगोश के सींग आदि के समान या रज्जु-सर्प के समान असत् नहीं है, तथा घट-पट आदि के समान व्यावहारिक रूप से सत् भी नहीं है। न वह अहङ्कार तथा न ही अनहङ्कार है। उसका अहङ्कार है ऐसा कहना शक्य नहीं है तथा न ही उसका अभाव है क्योंकि वह आभास मात्र है। निर्विकल्प, अद्वैत, शुद्ध ब्रह्म में, क्षीण हुए मनन वाला अत्यन्त निर्भय होकर रहता है। जैसा कि श्रुतियाँ कहती हैं 'अभय स्थिति प्राप्त करता है, उस समय यह अभय को प्राप्त हो जाता है' (तै० उ० २।७), 'वह यह 'नेति नेति' रूप से वर्णन किया हुआ आत्मा अगृह्य है, वह ग्रहण नहीं किया जाता; वह अशीर्य है, शीर्ण (नष्ट) नहीं होता, असङ्ग है, उसका सङ्ग नहीं होता; वह अबद्ध है, व्यथित नहीं होता और क्षीण नहीं होता। हे जनक! तुम निश्चय अभय को प्राप्त हो गए हो' (बृ० उ० ४।२।४)। क्षीण मनन वह है जिसके मन का व्यापार क्षीण हो गया है।

तस्य स्थितिर्दृष्टान्तद्वयेन विशदयति। अन्तः शून्य इति।

उसकी स्थिति दो दृष्टान्तों के द्वारा स्पष्ट करते हैं 'अन्तःशून्यो' इत्यादि से -

अन्तःशून्यो बहिःशून्यः शून्यकुम्भ इवाम्बरे । अन्तःपूर्णो बहिःपूर्णः पूर्णकुम्भ इवार्णवे ॥९६६॥

अम्बरे शून्यकुम्भ इवान्तः शून्यो बहिः शून्यस्तथाऽर्णवे समुद्रे **पूर्णकुम्भ इवान्तः पूर्णो बहिः पूर्ण** आस्त इति। अन्तर्बहिः शून्यत्वात् *"स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः"* इति श्रुतिः।

आकाश में खाली घड़े के समान अन्दर से शून्य तथा बाहर से शून्य है, समुद्र में पूर्ण कुम्भ के समान अन्दर से पूर्ण तथा बाहर से भी पूर्ण है ॥९६६॥

आकाश में खाली घड़े के समान अन्दर से शून्य तथा बाहर से शून्य है, समुद्र में पूर्ण घड़े के समान अन्दर से पूर्ण तथा बाहर से भी पूर्ण रूप से स्थित है। अन्दर-बाहर शून्य होने के कारण 'वह बाहर तथा भीतर विद्यमान है, अजन्मा है' (मु० उ० २।१।२) इत्यादि श्रुति से प्रमाणित होता है।

जीवन्मुक्तः

जीवतः पुरुषस्य देहत्रयाख्ये पुरेऽभिमानं यस्य, तस्य जीवस्य कायिकादिचेष्टानुष्ठातृत्वं तत्फलीभूतसुखादिभाक्त्वं कामक्रोधादिकञ्चैतत्सर्वं मनोधर्मस्तस्य निवारणं बन्धनिवृत्तिः सैव जीवन्मुक्तिः। उक्तं हि *"दर्शनादर्शने हित्वा स्वयं केवलरूपतः। यस्तिष्ठति स तु ब्रह्मन्ब्रह्म न ब्रह्मवित्स्वयम्॥"* इति योगवासिष्ठमहारामायणे। यद्यपि ब्रह्मैव जीवन्मुक्तिः, तद्भिन्नं लक्षणं परमार्थतो निरूपयितुं नैव शक्यते तथापि बुभुत्सुव्युत्पादनाय यथा रोगार्तस्य रोगनिवृत्तौ स्वस्थता तथाऽत्रापि क्लेशरूपमनोधर्मनिवारणसाध्या जीवन्मुक्तिरित्युक्तम्।

तस्य सद्भावे श्रुतिस्मृतिवाक्यानि प्रमाणानि। तानि च *"पुरमेकादशद्वारमजस्यावक्रचेतसः। अनुष्ठाय न शोचति विमुक्तश्च विमुच्यते॥"* इति काठके। *"यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते॥"* इति बृहदारण्यके। यदा यस्मिन्नविद्याविध्वंसकाले सर्वे कामा अभिलषितविषयवृत्तिरूपा ये हृदि बुद्धौ श्रितास्ते प्रकर्षेण पुनरनुदयलक्षणोत्कर्षान्मुच्यन्ते चिज्जडैक्यग्रन्थिभेदात्तत्त्वसाक्षात्कारदार्ढ्येन शिथिला भवन्ति। अथ मर्त्योऽमृतो भवति कैवल्यमोक्षस्वरूपो भवति, अत्र वर्तमानशरीर एव ब्रह्माद्वैतात्मतत्त्वं समश्नुते जीवन्मुक्तो भवतीत्यर्थः।

तथा हि - *"यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कुतश्चनेति।"* इति तैत्तिरीयोपनिषदि। *"यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः॥"* इतीशोपनिषदि। *"एवं विजानन्नात्मरतिरात्मक्रीड आत्ममिथुन आत्मानन्दः स स्वराड् भवति"* इति छान्दोग्योपनिषदि भूमविद्याप्रकरणे तथा *"स उत्तमपुरुषः स तत्र पर्येति जक्षत्क्रीडन् रममाणः स्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा नोपजनगं स्मरन्निदगं शरीरगं स यथा प्रयोग्य आचरणे युक्त एवमेवायमस्मिञ्छरीरे प्राणो युक्तः"* इति प्रजापतिविद्याप्रकरणे। *"सचक्षुरचक्षुरिव सकर्णोऽकर्ण इव समना अमना इव सप्राणोऽप्राण इव"* इति श्वेताश्वतरोपनिषदि।

जिस जीवित पुरुष का तीन शरीरों से युक्त इस पुर में अभिमान होता है, उसके शारीरिक आदि चेष्टाओं को करने का कर्तृत्व, उन चेष्टाओं के फल स्वरूप प्राप्त होने वाले सुख आदि का भोक्तापन तथा काम, क्रोध आदि यह सब मन के धर्म हैं - उनका निवारण बन्धन से निवृत्ति है और वही 'जीवन्मुक्ति' है। ऐसा ही योगवासिष्ठ महारामायण में कहा गया है 'हे ब्रह्मन्! दर्शन (ज्ञान) तथा अदर्शन (अज्ञान) को त्याग कर जो केवल अपने शुद्ध स्वरूप में ही स्थित रहता है, वह स्वयं ब्रह्म ही है, मात्र ब्रह्म को जानने वाला नहीं'। यद्यपि ब्रह्म ही जीवन्मुक्ति है, उससे भिन्न कोई लक्षण परमार्थ रूप से निरूपण करना सम्भव नहीं है, तथापि जिज्ञासुओं को समझाने के लिए ऐसा कहा गया है - जैसे रोग से पीड़ित व्यक्ति के रोग के निवृत्त हो जाने पर 'स्वस्थता' कही जाती है, उसी प्रकार यहाँ भी क्लेश रूपी मनोधर्म के निवारण से

साध्य (प्राप्त होने वाली) 'जीवन्मुक्ति' कही गई है।

उसके होने में श्रुति-स्मृति के वचन प्रमाण हैं। कठोपनिषद् में 'उस नित्य विज्ञान स्वरूप अजन्मा (आत्मा) का पुर ग्यारह दरवाजों वाला है। उस [आत्मा] का ध्यान करने पर मनुष्य शोक नहीं करता और वह [इस शरीर के रहते हुए ही कर्म बन्धन से] मुक्त हुआ ही मुक्त हो जाता है। निश्चय यही वह [ब्रह्म] है' (२।२।१), बृहदारण्यक में कहा गया है 'जिस समय इसके हृदय में स्थित समस्त कामनाओं का नाश हो जाता है, फिर यह मरणधर्मा अमृत हो जाता है और यहीं (इस शरीर में ही) उसे ब्रह्म की प्राप्ति हो जाती है' (४।४।७)। जब अविद्या के विनाश काल में हृदय (बुद्धि) में स्थित समस्त कामनाएँ, जो अभिलषित विषयों की वृत्तियों के रूप में हैं, चैतन्य और जड़ के एकीकरण रूपी ग्रन्थि के टूट जाने से तथा तत्त्व के साक्षात्कार की दृढ़ता के कारण पुनः उनका पूर्ण रूप से उदय नहीं होने से वे छूट जाती हैं या नष्ट हो जाती हैं। तब यह मर्त्य अमृत हो जाता है, कैवल्य-मोक्ष स्वरूप हो जाता है। यहाँ वर्तमान शरीर में ही ब्रह्म अद्वैत आत्म तत्त्व को भली-भाँति प्राप्त कर लेता है, जीवन्मुक्त हो जाता है - ऐसा अर्थ है।

इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है 'जहाँ से मन के सहित वाणी उसे बिना प्राप्त किए ही लौट आती है, उस ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला विद्वान् किसी से भी भयभीत नहीं होता' (२।९।१)। ईश उपनिषद् में कहा गया है 'जिस समय ज्ञानी पुरुष के लिए सब भूत आत्मा ही हो गए, उस समय एकत्व देखने वाले उस विद्वान् को क्या शोक और क्या मोह हो सकता है' (७)। छान्दोग्य उपनिषद् के भूम विद्या प्रकरण में कहा गया है 'इस प्रकार जानने वाला आत्मरति, आत्मक्रीड, आत्ममिथुन तथा आत्मानन्द होता है; वह स्वराट् है' (७।२५।२) तथा प्रजापति विद्या प्रकरण में कहा गया है 'वह उत्तम पुरुष है। उस अवस्था में वह हँसता, क्रीडा करता और स्त्री, यान अथवा ज्ञातिजन के साथ रमण करता अपने साथ उत्पन्न हुए इस शरीर को स्मरण न करता हुआ सब ओर विचारता है। जिस प्रकार घोड़ा या बैल गाड़ी में जुता रहता है, उसी प्रकार यह प्राण इस शरीर में जुता हुआ है' (८।१२।३)। श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है 'वह आँखों वाला होते हुए भी अचक्षु के समान, कानों वाला होते हुए भी अकर्ण के समान, मन वाला होते हुए भी अमना के समान, प्राणों वाला होते हुए भी अप्राण के समान है'।

स्मृतिषु च स्थितप्रज्ञभगवद्भक्तगुणातीतयोगिब्राह्मणादिनामभिर्जीवन्मुक्त एव पठ्यते। तस्य लक्षणान्यधुनाऽत्र साधकसाधन-रूपैर्वर्ण्यन्ते।

तथा स्मृतियों में भी 'स्थितप्रज्ञ', 'भगवद्भक्त', 'गुणातीत', 'योगी', 'ब्राह्मण' आदि नामों से जीवन्मुक्त का ही वर्णन किया गया है। उसके लक्षण अब यहाँ साधक के साधन रूप में वर्णित किए जाते हैं।

यथास्थितमिदं सर्वं व्यवहारवतोऽपि च । अस्तं गतं स्थितं व्योम स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९६७॥

यस्य **यथास्थितं** यथाप्राप्त**मिदं सर्वं** न तु सुषुप्तौ लीनं किन्तु जागरिते **व्यवहारवतो** लौकिकदृष्ट्या स्ववर्णाश्रमाद्युचितव्यापारवतो**ऽपि यत्स्थितं** तदपि सर्व**मस्तं गतं** ध्वस्तमिव भासते तथा **च व्योम** चिदाकाशं पूर्णबोधात्मानं बाधावधित्वेनाव्यावृत्ताननुगतत्वेन स्थितमद्वैतात्मरूपं विज्ञानवान् **स जीवन्मुक्त उच्यते**। यत्किञ्चित्साक्षात्परम्परया वा प्रतीयमानं केनापि प्रमात्रा तत्सर्वं बाधितमात्यन्तिकप्रलयप्राप्तस्योदितब्रह्मविज्ञानस्य स जीवन्मुक्तस्तस्य प्रबुद्धस्य स्वयम्प्रकाशमानचिद्व्योम केवलमवशिष्यत इत्यर्थः।

जिसके लिए यह समस्त (दृश्य जगत) यथा स्थित है तथा जो व्यवहार करता हुआ भी – (उसके लिए) यह सब प्रलय को प्राप्त हो गया है और आकाश के समान स्थित है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९६७॥

जिसके लिए यह समस्त जगत् जैसा प्राप्त है, न कि सुषुप्ति में लीन हुआ है, किन्तु जाग्रत् में लौकिक दृष्टि से अपने वर्ण, आश्रम आदि के उचित व्यापारों में रत रहते हुए भी – जो कुछ भी स्थित है, वह सब नष्ट-सा प्रतीत होता है तथा चिदाकाश रूप, पूर्ण बोध स्वरूप, बाधा

की अवधि होने के कारण, अव्यावृत्त और अननुगत होने के कारण अद्वैत आत्म स्वरूप में स्थित वह ज्ञानी जीवन्मुक्त कहा जाता है। जो कुछ भी साक्षात् या परम्परा से किसी प्रमाता द्वारा अनुभव किया जाता है, वह सब उसके लिए बाधित हो जाता है जिसने आत्यन्तिक प्रलय अर्थात् पूर्ण विनाश को प्राप्त कर लिया है तथा जिसके लिए ब्रह्मज्ञान उदित हो गया है - वह जीवन्मुक्त है। उस ज्ञानी के लिए केवल स्वयं प्रकाश चिदाकाश ही शेष रह जाता है - यह अर्थ है।

नोदेति नास्तमायाति सुखदुःखे मनःप्रभा । यथाप्राप्तस्थितिर्यस्य स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९६८॥

यस्य **मनःप्रभा** मनसः कान्तिः प्रसन्नता **सुखदुःखे** सुखञ्च दुःखञ्चानयोः समाहारः सुखदुःखं तस्मिन् सुखदुःखे **नोदेति**। सुखे प्राप्ते चन्दनसत्कारपादपूजादिभिः संसारिण इव हर्षो नोदेति। धनहानिधिक्कारादिदुःखेऽपि प्राप्ते **नास्तमायाति** न दीनो भवति सर्वदा सुप्रसन्न एव वर्तमानः समाहितो ब्रह्मसंस्थितः। **यथाप्राप्तस्थितिः** प्रारब्धापादितस्थिति**र्यस्य** पूर्वकर्मानुसारेणाऽऽगतभिक्षान्नादिकं तस्मिन् यथाप्राप्तस्थितिर्यदृच्छालाभसंतुष्टः कृतदेहरक्षणाऽऽभासः **स जीवन्मुक्त उच्यत** इति। समाध्यभ्यासदार्ढ्येन स्त्रक्चन्दनादिप्रतीत्यभावात्कदाचिद्व्युत्थानदशायामापाततः प्रतीतावपि विवेकदार्ढ्येन हेयोपादेयबुद्ध्यभावाद्धर्षशोकादिराहित्यमुपपद्यत यस्य स जीवन्मुक्त इति।

जिसकी मन की कान्ति सुख और दुःख में न तो उदित होती है और न अस्त होती है तथा जो यथा प्राप्त परिस्थितियों में स्थित रहता है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९६८॥

जिसकी मन की कान्ति अर्थात् प्रसन्नता सुख और दुःख में उदित नहीं होती। चन्दन, सत्कार, पाद पूजा आदि से सुख प्राप्त होने पर हर्ष नहीं होता जैसे सांसारिक लोगों को होता है। धन-हानि, तिरस्कार आदि दुःख प्राप्त होने पर भी वह दीन नहीं होता; सदा अत्यन्त प्रसन्न, समाहित और ब्रह्म में स्थित रहता है। जो प्रारब्ध से उपस्थित हुई स्थिति में पूर्व कर्मों के अनुसार प्राप्त हुई भिक्षा, अन्न आदि में सन्तुष्ट रहता है; शरीर की रक्षा करना आभास मात्र है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। जिसके लिए समाधि-अभ्यास की दृढता के कारण माला, चन्दन आदि की प्रतीति न होने से या कभी व्युत्थान दशा में अकस्मात् उनकी प्रतीति होने पर भी विवेक की दृढता के कारण हेय और उपादेय की बुद्धि के अभाव से हर्ष-शोक आदि का अभाव सम्भव है, वह जीवन्मुक्त है।

यो जागर्ति सुषुप्तिस्थो यस्य जाग्रन्न विद्यते । यस्य निर्वासनो बोधः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९६९॥

इन्द्रियैरर्थोपलब्धिर्जागरणम्। यद्यपि सवासनस्य मनसः कारणरूपेणावस्थानं सुषुप्तिस्तथापि यस्य निर्वासनत्वान्मनोवृत्त्यभावाच्च **यः सुषुप्तिस्थो**ऽपि जगत्प्रति सुप्तोऽपि **जागर्ति** स्वरूपं प्रति, **यस्य जाग्रन्न विद्यते** द्वैतबोधो न विद्यते। अद्वैतब्रह्मात्मैक्यविषयकस्य बोधस्याऽऽर्थिकद्वैतमिथ्यात्वाऽऽवेदकत्वाद्ब्रह्मवित्त्वाभिमानादिदोषासम्भवेऽपि प्राचीन-संस्कारवशादापादितकामादिबुद्धिदोषो वासना, तद्दोषाऽभावा**न्निर्वासनो बोधो यस्य स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

जो सुषुप्ति में रहते हुए भी जागता है, जिसके लिए जाग्रत् विद्यमान नहीं है, जिसका ज्ञान वासनाओं से रहित है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९६९॥

इन्द्रियों द्वारा विषयों की उपलब्धि का नाम 'जागरण' है। यद्यपि वासनाओं सहित मन का कारण रूप में अवस्थित होना 'सुषुप्ति' है, तथापि वासनाओं तथा मनोवृत्ति के अभाव के कारण, जगत् की दृष्टि से सोते होते हुए भी अपने स्वरूप में जाग्रत रहता है। जिसके लिए द्वैत का ज्ञान नहीं है। अद्वैत ब्रह्म-आत्म-ऐक्य विषयक ज्ञान के द्वारा व्यावहारिक द्वैत के मिथ्यात्व का बोध हो जाने के कारण 'मैं ब्रह्मवित् हूँ' इस प्रकार का अभिमान आदि दोष असम्भव होने पर भी पूर्व संस्कारों के बल से उत्पन्न हुए काम आदि बुद्धि के दोष को 'वासना' कहते हैं। उस दोष के अभाव के कारण जिसका ज्ञान वासनाओं से रहित है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

ननु व्युत्थानदशायां भोजनादिव्यवहार आचार्यश्चेदध्ययनाध्यापनादिव्यवहारोऽपि स्यात्तद्वद्भक्तानां कृतेऽनुग्रहादीनां कथं सम्भवो यदा स सर्वदा वृत्तिराहित्येन सुषुप्तवद्वर्तत इति चेदाऽऽह रागद्वेषभयादीनामिति।

यदि ऐसा कहा जाए कि व्युत्थान की अवस्था में भोजन आदि व्यवहार होता है तथा यदि आचार्य हैं तो अध्ययन-अध्यापन आदि व्यवहार भी होता है। उसी प्रकार भक्तों के लिए अनुग्रह आदि करना कैसे सम्भव हो सकता है, जब वह सर्वदा वृत्ति के अभाव में सुषुप्त के समान रहता है? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं 'रागद्वेषभयादीनाम्' इत्यादि से -

रागद्वेषभयादीनामनुरूपं चरन्नपि । योऽन्तर्व्योमवदत्यच्छः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७०॥

यो रागद्वेषभयादीनामनुरूपं रागानुरूपा भोजनस्नानशयनाध्यापनादिप्रवृत्तिः। द्वेषानुरूपा निवृत्तिरवैदिकेषु विमुखताऽद्वैतदर्शनव्यतिरिक्तेषूदासीनता वा। भयानुरूपा सर्पव्याघ्रादिभ्योऽपसरणप्रवृत्तिः। आदिपदेन क्रोधादिप्राप्ते समाध्यभ्यासः। ननु प्रकृतब्रह्मनिष्ठस्य योगिन आदौ रागाद्यनुरूपाऽऽचरणस्याऽसम्भवः, यथाकथञ्चिद्व्युत्थानदशायां तत्सम्भवेऽपि कथं ब्रह्मनिष्ठत्वमिति चेन्नैष दोषः। व्युत्थानदशायामीदृशाऽऽचरणे सत्यपि पूर्वाभ्यासादनुरूपमनुकूलं **चरन्नाचरणेऽपि तस्यान्तरन्**तःकरणे रागद्वेषभयादीनां परमार्थतोऽभावा**द्व्योमवदत्यच्छो**ऽत्यन्तविशुद्धान्तःकरणत्वात्कालुष्य-रहितो यथाऽऽकाशे रजोधूमाभ्रादियुक्तेऽपि निर्लिप्तस्वभावात्स्वच्छत्वं तद्वदस्य योगिनो निरतिशयत्यागयोगाभ्यासाभ्यां चिरन्तनाऽऽस्वादिताद्वैतब्रह्मात्मैक्यामृतत्वात्परमनिर्मलत्वं **सः** परमनिर्मलचित्तः **जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

जो राग, द्वेष, भय आदि के अनुरूप आचरण करता हुआ भी भीतर आकाश के समान अत्यन्त निर्मल है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७०॥

राग के अनुरूप भोजन, स्नान, शयन, अध्यापन आदि में प्रवृत्ति; द्वेष के अनुरूप निवृत्ति, अवैदिक (कर्मों) से विमुखता या अद्वैत दर्शन से भिन्न के प्रति उदासीनता; भय के अनुरूप सर्प, व्याघ्र आदि से हटने की प्रवृत्ति; 'आदि' पद से क्रोध आदि के प्राप्त होने पर समाधि का अभ्यास। यदि ऐसा कहा जाए कि प्रकृत ब्रह्मनिष्ठ योगी के लिए आरम्भ में ही राग आदि के अनुरूप आचरण का होना असम्भव है। यदि किसी प्रकार व्युत्थान दशा में वह सम्भव भी हो, तो फिर ब्रह्म निष्ठता कैसे हो सकती है? यदि ऐसा है तो यह कोई दोष नहीं है। व्युत्थान दशा में ऐसे आचरण के होने पर भी, पूर्व अभ्यास के अनुरूप/अनुकूल आचरण करते हुए भी उसके अन्तःकरण में राग, द्वेष, भय आदि का परमार्थतः अभाव होने के कारण अत्यन्त विशुद्ध अन्तःकरण होने से वह मल से रहित है। जैसे आकाश में धूल, धुआँ, बादल आदि होने पर भी उसका स्वभाव निर्लिप्त होने के कारण स्वच्छता बनी रहती है, उसी प्रकार इस योगी की अतिशय त्याग और योगाभ्यास द्वारा चिरकाल से आस्वादित अद्वैत ब्रह्म-आत्म-ऐक्य अमृत के कारण परम निर्मलता है। वह अत्यन्त निर्मल चित्त वाला जीवन्मुक्त कहा जाता है।

यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते । कुर्वतोऽकुर्वतो वापि स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७१॥

यस्य ब्रह्मविदो **भावः** सच्चिदानन्दस्वभावो **नाहङ्कृतो** यथा बद्धस्याज्ञानिनः शास्त्रीयं कर्म कुर्वतोऽहं कर्तेति, अकुर्वतस्तु त्यक्तवानस्मीति परमविरक्तोऽस्मीत्यहङ्कृतत्वम्। तस्य कर्मकुर्वतो भाविस्वर्गं प्राप्स्यामीति हर्षेण बुद्धिर्लिप्यते, स्वर्गालाभे विषादेन लिप्यते न तु ब्रह्मविदः। एवमाऽऽत्माहङ्कृत्यध्यासात्कर्म **कुर्वतो** लेप उपपाद्य वर्तमाने श्रवणाद्यकुर्वतो **वाऽपि बुद्धिर्न लिप्यते**। अथवा *"नैव किञ्चित्करोमि"* इत्यादिभावनया**ऽकुर्वतो** ब्रह्ममात्ररूपेण संस्थस्य न बुद्धिलेपो **यस्य स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

करते हुए अथवा न करते हुए भी जिसे अहङ्कृति भाव नहीं है, जिसकी बुद्धि लिप्त नहीं होती - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७१॥

ब्रह्मविद् का स्वभाव सच्चिदानन्द स्वरूप होता है, अहङ्कार युक्त नहीं। जैसे बद्ध अज्ञानी का शास्त्रीय कर्म करते समय 'मैं कर्ता हूँ' ऐसा अहङ्कार होता है और कर्म न करते समय 'मैंने त्याग कर दिया', 'मैं परम विरक्त हूँ' – इस प्रकार का अहङ्कार होता है। उसकी कर्म करते समय 'मैं भविष्य में स्वर्ग प्राप्त करूँगा' इस प्रकार के हर्ष से बुद्धि लिप्त होती है, स्वर्ग की प्राप्ति न होने पर विषाद से लिप्त होती है; किन्तु ब्रह्मवित् के लिए ऐसा नहीं होता है। इस प्रकार आत्मा में अहङ्कार का अध्यास होने के कारण कर्म करते हुए लेप उत्पन्न होता है किन्तु श्रवण आदि का आचरण करने वाले को अथवा कर्म न करने वाले की भी बुद्धि लिप्त नहीं होती अथवा 'मैं कुछ भी नहीं करता' (भ० गी० ५।८) इस प्रकार की भावना से [कर्म] न करते हुए ब्रह्म मात्र रूप से स्थित जिसकी बुद्धि लिप्त नहीं होती, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

यः समस्तार्थजालेषु व्यवहार्यपि शीतलः । परार्थेष्विव पूर्णात्मा स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७२॥

यः समस्तार्थजालेषु समस्तविषयेषु समस्तानर्थजातेषु च **व्यवहारी** व्यवहरन्**नपि शीतलो** रागद्वेषादिरहितो लाभालाभयोर्हर्षविषादमप्राप्य प्रशान्तः **परार्थेषु** परकीयेषु प्रयोजने**ष्विव** स्वकार्येष्वपि स्तिमितगम्भीरो निश्चलः **पूर्णात्मा** स्वस्य सर्वपरिच्छेदशून्याद्वितीयप्रत्यक्चिन्मात्रस्वरूपं सम्यग्ध्यात्वाऽपरोक्षीकृत्य तिष्ठति **स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

जो समस्त पदार्थों के समूह में व्यवहार करता हुआ भी शीतल रहता है, दूसरों के पदार्थों में पूर्ण आत्मा रहता है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है॥९७२॥

जो समस्त विषयों तथा समस्त अनर्थों के समूह में व्यवहार करता हुआ भी राग-द्वेष आदि से रहित, लाभ-हानि में हर्ष और विषाद को प्राप्त नहीं होते हुए प्रशान्त; दूसरों के प्रयोजनों के लिए, अपने कार्यों में स्थिर, गम्भीर, निश्चल है; समस्त परिच्छेदों से रहित, अद्वितीय, प्रत्यक्, चैतन्य स्वरूप मात्र अपने स्वरूप का भली-भाँति अपरोक्ष रूप से ध्यान कर स्थित रहता है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

द्वैतवर्जितचिन्मात्रे पदे परमपावने । अक्षुब्धचित्तविश्रान्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७३॥

यो **द्वैतवर्जितचिन्मात्रे** द्वैतवर्जितेऽद्वितीये चिन्मात्रे ब्रह्मणि **परमपावने** परमपवित्रे **पदे** *"न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते"* इति स्मृत्या ज्ञाननिष्ठो**ऽक्षुब्धचित्तविश्रान्तो**ऽक्षुब्धमविचलितं चित्तं यस्य स अक्षुब्धचित्तोऽक्षुब्धचित्तत्वाद्विश्रान्तः **स जीवन्मुक्त उच्यते**। हेतुगर्भविशेषणमक्षुब्धचित्तविश्रान्त इति।

जो द्वैत से रहित, चैतन्य मात्र, परम पवित्र पद में विक्षेप रहित चित्त से स्थित है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७३॥

जो अद्वितीय, ब्रह्म, परम पवित्र पद में 'इस लोक में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला अन्य कुछ नहीं है' (भ० गी० ४।३८) इत्यादि स्मृति के द्वारा ज्ञाननिष्ठ है, जिसका चित्त विचलित नहीं है। अक्षुब्ध चित्त होने के कारण विश्रान्त है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। 'अक्षुब्धचित्तविश्रान्तः' हेतुगर्भ विशेषण है।

इदं जगदयं सोऽयं दृश्यजातमवास्तवम् । यस्य चित्ते न स्फुरति स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७४॥

इदं जगद्भुवनं, **अयं** पदार्थो भोगः, **सोऽयं** भोक्ता च सर्वं **दृश्यजातं** दृश्यप्रपञ्चस्त्रिपुटीरूप**मवास्तवं** मिथ्या **यस्य चित्ते न स्फुरति स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

यह जगत्, यह, वह - यह अवास्तविक दृश्य समूह, जिसके चित्त में प्रतीत नहीं होता, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७४॥

यह संसार, भोग्य पदार्थ तथा भोक्ता - यह सब मिथ्या त्रिपुटी रूप दृश्य प्रपञ्च, जिसके चित्त में स्फुरित नहीं होता, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

चिदात्माहं परात्माहं निर्गुणोऽहं परात्परः । आत्ममात्रेण यस्तिष्ठेत्स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७५॥

अहं चिदात्मा, **अहं परात्मा** परमात्मा **निर्गुणोऽहं** मायातीतः **परात्परः** पराद्धिरण्यगर्भादपि पर इति **य आत्ममात्रेण** शुद्धचिन्मात्ररूपेण **तिष्ठेत्स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

मैं चैतन्य स्वरूप आत्मा हूँ, मैं परमात्मा हूँ, मैं निर्गुण हूँ, पर से परे हूँ। इस प्रकार जो आत्म मात्र रूप से स्थित रहता है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७५॥

मैं चैतन्य स्वरूप आत्मा हूँ, मैं परमात्मा हूँ, मैं माया से परे हूँ, हिरण्यगर्भ से भी परे हूँ – इस प्रकार जो शुद्ध चिन्मात्र रूप से स्थित होता है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

देहत्रयातिरिक्तोऽहं शुद्धचैतन्यमस्म्यहम् । ब्रह्माहमिति यस्यान्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७६॥

अहं देहत्रयातिरिक्तः स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराद्व्यतिरिक्तो**ऽहं शुद्धचैतन्यमस्मि**। **यस्यान्तो** बुद्धाव**हं ब्रह्मास्मीति** संशयविपर्ययशून्यो बोधः **स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

'मैं तीनों शरीरों से पृथक् हूँ, मैं शुद्ध चैतन्य हूँ, मैं ब्रह्म हूँ' - जिसके अन्तःकरण में इस प्रकार का ज्ञान है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७६॥

मैं स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर से पृथक् हूँ; मैं शुद्ध चैतन्य स्वरूप हूँ। जिसकी बुद्धि में संशय और विपर्यय से रहित ज्ञान है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

यस्य देहादिकं नास्ति यस्य ब्रह्मेति निश्चयः । परमानन्दपूर्णो यः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७७॥

यस्य देहादिकं देहेन्द्रियादिषु ममाभिमानः परिच्छिन्नात्मनि साभासान्तःकरणेऽहमभिमानश्च **नास्ति यस्या**हं **ब्रह्मै**व नित्यशुद्धबुद्धमुक्तापरिच्छिन्नावस्थात्रयसाक्षी सर्वाधिष्ठानभूताद्वितीयचैतन्य**मिति निश्चयो यः परमानन्दपूर्णः** परमश्चासावानन्दश्च परमानन्दः स एवासौ पूर्णश्चानाद्यनन्तो भूमा **स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

जिसके देह आदि नहीं है, जिसका निश्चय ब्रह्म का है, जो परम आनन्द से परिपूर्ण है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७७॥

जिसे देह, इन्द्रियों आदि में 'मेरा' का अभिमान तथा परिच्छिन्न आत्मा, आभास सहित अन्तःकरण में अहं अभिमान नहीं है; जिसे मैं ही नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अपरिच्छिन्न, तीनों अवस्थाओं का साक्षी, समस्त का अधिष्ठान, अद्वितीय चैतन्य हूँ – ऐसा निश्चय है। जो परम तथा आनन्द, वह ही यह पूर्ण है, अनादि अनन्त, भूमा है - वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

अहं ब्रह्मास्म्यहं ब्रह्मास्म्यहं ब्रह्मेति निश्चयः । चिदहं चिदहं चेति स जीवन्मुक्त उच्यते ॥९७८॥

अहं ब्रह्मास्मि चिदहञ्चेति यस्य **निश्चयः स जीवन्मुक्त उच्यत** इति।

'मैं ब्रह्म हूँ, मैं ब्रह्म हूँ, मैं ब्रह्म हूँ' तथा 'मैं चित् हूँ, मैं चित् हूँ' - जिसका इस प्रकार का निश्चय है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥९७८॥

मैं ब्रह्म हूँ तथा मैं चैतन्य हूँ - इस प्रकार जिसका निश्चय है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है।

विदेहमुक्तः

जीवन्मुक्तिपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते । विशत्यदेहमुक्तित्वं पवनोऽस्पन्दतामिव ॥९७९॥

जीवन्मुक्तिपदं त्यक्त्वा स्वदेहे प्रारब्धकर्मफलजनितस्थूलदेहे **कालसात्कृते** कालान्तरे प्रारब्धक्षये ज्ञानी **पवनोऽस्पन्दतामिव** वायुर्यथा चलनं त्यक्त्वा निश्चलरूपेणावतिष्ठते तथा मुक्तात्मापि कालान्तर उपाधिकृतसंसारं परित्यज्य निर्विशेषस्वरूपेण**ादेहमुक्तित्वं विशति** ब्रह्मनिर्वाणं प्राप्नोतीत्यर्थः। *"गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु। कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्यये सर्व एकी भवन्ति", "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति। अत्रैव समवलीयन्ते", "ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति", "विमुक्तश्च विमुच्यते"*इत्यादिश्रुतिभ्यः।

जीवन्मुक्ति अवस्था का त्याग कर अपनी देह के काल के अधीन होने पर क्रिया रहित वायु के समान अदेह-मुक्तित्व को प्राप्त होता है ॥९७९॥

प्रारब्ध कर्मों के फल से उत्पन्न स्थूल देह में कुछ समय पश्चात् प्रारब्ध के क्षय होने पर ज्ञानी - जैसे वायु चलन का त्याग करके निश्चल रूप से अवस्थित हो जाती है, वैसे ही मुक्त आत्मा भी कुछ समय के बाद उपाधि कृत संसार का परित्याग करके निर्विशेष स्वरूप से ब्रह्म निर्वाण को प्राप्त होता है - ऐसा अर्थ है। 'पन्द्रह कलायें अपने आश्रयों में स्थित हो जाती हैं, समस्त देवगण अपने प्रतिदेवता में लीन हो जाते हैं तथा उसके कर्म और विज्ञानमय आत्मा आदि सभी पर अव्यय देव में एकीभाव को प्राप्त हो जाते हैं' (मु० उ० ३।२।७), 'उसके प्राणों का उत्क्रमण नहीं होता। वे यहीं इसी शरीर में लीन हो जाते हैं। वह ब्रह्म ही होकर ब्रह्म को प्राप्त होता है' (बृ० उ० ४।४।६), 'वह मुक्त हुआ ही मुक्त हो जाता है' (क० उ० २।२।१) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

ततस्तत्सम्बभूवासौ यद्गिरामप्यगोचरम् । यच्छून्यवादिनां शून्यं ब्रह्म ब्रह्मविदां च यत् ॥९८०॥

ततस्तदनन्तरं यद्गिरां वाचामिति सर्वकरणानामुपलक्षणम्। तेषां सर्वेषा**मप्यगोचरं यच्छून्यवादिनां शून्यं ब्रह्मविदाञ्च** ज्ञानिनां **यद्ब्रह्म** तद**सौ सम्बभूव**।

तदनन्तर वह उससे एकरूप हो गया जो वाणियों का अविषय है, जो शून्य वादियों का शून्य है तथा जो ब्रह्म ज्ञानियों का ब्रह्म है ॥९८०॥

उसके पश्चात् वाणियों का, जो समस्त करणों का उपलक्षण है - उन सभी के लिए भी अगोचर है जो शून्य वादियों का शून्य है तथा जो ज्ञानियों का ब्रह्म है, वह उससे एक रूप हो गया।

विज्ञानं विज्ञानविदां मलानां च मलात्मकम् । पुरुषः साङ्ख्यदृष्टीनामीश्वरो योगवादिनाम् ॥९८१॥

शिवः शैवागमस्थानां कालः कालैकवादिनाम् । यत्सर्वशास्त्रसिद्धान्तं यत्सर्वहृदयानुगम् ।
यत्सर्वं सर्वगं वस्तु तत्तत्त्वं तदसौ स्थितः ॥९८२॥

य**द्विज्ञानविदां विज्ञानञ्च मलानाम**शुद्धान्तःकरणानां **मलात्मकं** मलमशुद्धिः **साङ्ख्यदृष्टीनां पुरुषो योगवादिनां** पतञ्जलाना**मीश्वरः शैवागमस्थानां** शैवसिद्धान्तीनां **शिवः कालैकवादिनां कालः**। **यत्सर्वशास्त्रसिद्धान्तं यत्सर्वहृदयानुगं यत्सर्वं सर्वगं वस्तु तत्तत्त्वमसौ** विदेहमुक्तस्तद्रूपेण **स्थित** इति।

विज्ञानवादियों का विज्ञान है तथा मलिन चित्त वालों के लिए मल रूप है। साङ्ख्यदृष्टियों का पुरुष है, योगवादियों का ईश्वर है ॥९८१॥

शैव आगम पर आस्था रखने वालों का शिव है, काल मात्र वादियों के लिए काल है। जो सभी शास्त्रों का सिद्धान्त है, जो सभी हृदयों में अनुगत है, जो सर्व है, सर्वगत है, यथार्थ वस्तु है, यह उस रूप में स्थित है ॥९८२॥

जो विज्ञानवादियों का विज्ञान है तथा अशुद्ध अन्तःकरण वालों के लिए मल, अशुद्धि रूप है। साङ्ख्यदृष्टियों का पुरुष है, पतञ्जलि के अनुयायियों के लिए ईश्वर है, शैव सिद्धान्तियों का शिव है, काल मात्र वादियों के लिए काल है। जो सभी शास्त्रों का सिद्धान्त है, जो सभी हृदयों में अनुगत है, जो सर्व है, सर्वगत है, यथार्थ वस्तु है, यह विदेहमुक्त उस रूप में स्थित है।

ब्रह्मैवाहं चिदेवाहमेवं वापि न चिन्त्यते । चिन्मात्रेणैव यस्तिष्ठेद्विदेहो मुक्त एव सः ॥९८३॥

स **विदेहो** विगतो देहो यस्य स विदेहमुक्तोऽहं **ब्रह्मैवाहं चिदेव** ज्ञानस्वरूपोऽ**हमेवं वाऽपि न चिन्त्यते** चिन्तते। केवलं **चिन्मात्रेणैव** बोधात्मरूपेण **यस्तिष्ठेत्स मुक्त एवे**त्यर्थः। स्थूलसूक्ष्मशरीराभावान्न काचिदपि क्रिया सम्भवति सर्वप्रयोजनसिद्धत्वात्कृतकृत्यत्वान्नैवास्ति किञ्चित्कर्तव्यम्। सर्वकामनारहितत्वान्न पुनर्जन्मसम्भावना। *"यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय। तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥"* इति।

'मैं ब्रह्म ही हूँ', 'मैं चैतन्य स्वरूप ही हूँ' – ऐसा भी चिन्तन नहीं करता। जो केवल चैतन्य रूप से स्थित रहता है, वह ही विदेहमुक्त है ॥९८३॥

वह जिसका देह नष्ट हो गया है, वह विदेहमुक्त है। 'मैं ब्रह्म ही हूँ', ' मैं ज्ञान स्वरूप ही हूँ' – इस प्रकार भी चिन्तन नहीं करता। केवल बोधात्म रूप से स्थित रहता है; वह मुक्त ही है – यह अर्थ है। स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर के अभाव होने से कोई भी क्रिया सम्भव नहीं है। समस्त प्रयोजन सिद्ध हो जाने से तथा कृतकृत्यता होने से कुछ भी कर्तव्य नहीं है। समस्त कामनाओं से रहित होने के कारण पुनर्जन्म की सम्भावना नहीं है। 'जैसे निरन्तर बहती हुई नदियाँ अपने नाम-रूप को त्याग कर समुद्र में अस्त हो जाती हैं, वैसे ही विद्वान् नाम-रूप से मुक्त होकर परात्पर दिव्य पुरुष को प्राप्त हो जाता है' (मु० उ० ३।२।८)।

यस्य प्रपञ्चभानं न ब्रह्माकारमपीह न । अतीतातीतभावो यो विदेहो मुक्त एव सः ॥९८४॥

यस्येह जगति **न प्रपञ्चभानं** जगद्विषयकत्रिपुटीजन्यज्ञानं **नापि ब्रह्माकारम**न्तःकरणं ब्रह्माकारा वृत्तिरपि न। **योऽतीतातीतभावो**ऽतीतस्य सूक्ष्मशरीरस्य देहेन्द्रियाद्यतीतस्याऽतीतभावः संस्काररहित्यं सर्वकल्पनाशून्यं सन्मात्रावस्थानं यस्य **स विदेहो मुक्त** एवेत्यर्थः।

जिसे प्रपञ्च का भान नहीं है, यहाँ ब्रह्माकार ज्ञान भी नहीं है, जो अतीत का अतीत भाव है; वह ही विदेहमुक्त है ॥९८४॥

जिसके लिए इस जगत् में जगत् विषयक त्रिपुटी से उत्पन्न होने वाला ज्ञान नहीं है, ब्रह्म आकार वाली अन्तःकरण वृत्ति भी नहीं है। जो अतीत का - सूक्ष्म शरीर, देह इन्द्रिय आदि का अतीत भाव है, संस्कारों से रहित, समस्त कल्पनाओं से रहित, जिसकी केवल सत् मात्र में स्थिति है, वह विदेहमुक्त ही है – यह अर्थ है।

चित्तवृत्तेरतीतो यश्चित्तवृत्त्यावभासकः । चित्तवृत्तिविहीनो यो विदेहो मुक्त एव सः ॥९८५॥

यश्चित्तवृत्तेश्चित्तस्य सर्ववृत्ते**रतीतो यश्चित्तवृत्त्याऽवभासको** चित्तवृत्तिद्वारा प्रकाशकश्चित्तवृत्त्यवभासक इति पाठे चित्तवृत्तेरवभासकः स्वयं **चित्तवृत्तिविहीन**श्चित्तस्याभावात्**स विदेहो मुक्त एवे**त्यर्थः।

जो चित्त की वृत्ति से अतीत है, जो चित्त की वृत्ति का प्रकाशक है, जो चित्त की वृत्ति से विहीन है; वह ही विदेहमुक्त है ॥९८५॥

जो चित्त की समस्त वृत्तियों से परे है, जो चित्त की वृत्ति द्वारा प्रकाशक है। यदि पाठ 'चित्तवृत्त्यवभासकः' हो तो जो चित्त की वृत्ति का

अवभासक (प्रकाशक) है, चित्त का अभाव होने से स्वयं चित्त वृत्ति से रहित है; वह विदेहमुक्त ही है – यह अर्थ है।

जीवात्मेति परात्मेति सर्वचिन्ताविवर्जितः । सर्वसङ्कल्पहीनात्मा विदेहो मुक्त एव सः ॥९८६॥

योऽहं **जीवात्मेति परात्मेति** परमात्मेति वा **सर्वचिन्ताविवर्जितः** स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराभावात्**सर्वसङ्कल्पहीनात्मा** बद्धः साधको मुमुक्षुर्मुक्त इति सर्वभावरहित **स विदेहो मुक्त एवे**त्यर्थः।

यह जीवात्मा है, यह परात्मा है – इस प्रकार की समस्त चिन्ताओं से रहित है, समस्त सङ्कल्प शून्य रूप है; वह ही विदेहमुक्त है ॥९८६॥

जो 'मैं जीवात्मा हूँ' अथवा 'परमात्मा हूँ' - स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर का अभाव होने से इस प्रकार की समस्त चिन्ताओं से रहित है; बद्ध, साधक, मुमुक्षु, मुक्त – इन सब भावों से रहित है; वह विदेहमुक्त ही है – यह अर्थ है।

ओङ्कारवाच्यहीनात्मा सर्ववाच्यविवर्जितः । वस्थात्रयहीनात्मा विदेहो मुक्त एव सः ॥९८७॥

य **ओङ्कारवाच्यहीनात्मा** ओङ्कारस्य वाच्यार्थः सगुणब्रह्म तत्परकत्वादयं तु सर्वोपाधिहीनत्वान्निरुपाधिकः **सर्ववाच्यविवर्जितो**ऽवाङ्मनसागोचरस्तथा**ऽवस्थात्रयहीनात्मा** प्रमातृत्वाभावात् सर्वावस्थाऽतीतः **स विदेहो मुक्त एवे**त्यर्थः।

जो ओङ्कार के वाच्य से रहित है, सभी वाच्यों से रहित है, तीन अवस्थाओं से हीन है – वह ही विदेहमुक्त है ॥९८७॥

जो ओङ्कार के वाच्यार्थ - सगुण ब्रह्म, तत्परक होने से सभी उपाधियों से हीन होने के कारण निरुपाधिक है; वाणी तथा मन के विषय से परे है तथा प्रमातृत्व के अभाव के कारण समस्त अवस्थाओं से अतीत है; वह विदेहमुक्त ही है - यह अर्थ है।

अहिनिर्ल्वयनीसर्पनिर्मोको जीववर्जितः । वल्मीके पतितस्तिष्ठेत्तं सर्पो नाभिमन्यते ॥९८८॥

एवं स्थूलं च सूक्ष्मं च शरीरं नाभिमन्यते । प्रत्यग्ज्ञानशिखिध्वस्ते मिथ्याज्ञाने सहेतुके ॥९८९॥

अहनिर्ल्वयनीसर्पनिर्मोकः सर्पस्य निर्मोकः परित्यक्तसर्पत्वगहिनिर्ल्वयन्येव सर्पनिर्मोकः स च **जीववर्जितः** प्राणरहितं केवलञ्चर्म **वल्मीके पतितस्तिष्ठेत्तं सर्पो**ऽहमिति **नाभिमन्यत एवं सहेतुके मिथ्याज्ञाने प्रत्यग्ज्ञानशिखिध्वस्ते** प्रत्यग्ज्ञानश्चासौ शिखी वह्निश्च प्रत्यग्ज्ञानशिखी तेन प्रत्यग्ज्ञानशिखिना ध्वस्ते नाशिते प्रत्यग्ज्ञानशिखिध्वस्ते **स्थूलं च सूक्ष्मं च शरीरम**हमिति **नाभिमन्यते**। न कोऽपि मन्ता विज्ञाता तत्र विद्यते। *"तद्यथाऽहिनिर्ल्वयनी वल्मीके मृता प्रत्यस्ता शयीतैवमेवेदं शरीरं शेतेऽथायमशरीरोऽमृतः प्राणो ब्रह्मैव तेज एव", "यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति", "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्"* इति श्रुतेः।

जैसे सर्प द्वारा त्यागी गई केंचुली प्राण से रहित होकर वल्मीक में पडी रहती है, उसे सर्प अपनी मानकर अभिमान नहीं करता, वैसे ही कारण सहित मिथ्या अज्ञान आत्म ज्ञानरूपी अग्नि से भस्म होने पर स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर को अपना नहीं मानता है ॥९८८, ९८९॥

सर्प द्वारा त्यागी गई त्वचा ही सर्प की केंचुली है, वह प्राण से रहित चर्म मात्र है जो वल्मीक में पडी रहती है। उसे सर्प 'मैं' मानकर अभिमान नहीं करता। उसी प्रकार कारण सहित मिथ्या अज्ञान आत्म ज्ञानरूपी वह्नि से नष्ट होने पर स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर को 'मैं' मानकर अभिमान नहीं करता। वहाँ (उस अवस्था में) कोई मन्ता (मनन करने वाला) या विज्ञाता (जानने वाला) भी नहीं रहता। 'जैसे सर्प की केंचुली बाँबी के ऊपर मृत तथा सर्प द्वारा परित्यक्त हुई पडी रहती है, वैसे ही यह शरीर पड़ा रहता है और यह अशरीर, अमृत, प्राण तो ब्रह्म ही है, तेज ही है' (बृ० उ० ४।४।७), 'जहाँ द्वैत-सा प्रतीत होता है, वहीं अन्य अन्य को देखता है' (बृ० उ० ४।५।१५), 'किन्तु जहाँ इसके लिए सब आत्मा ही हो गया है, वहाँ किसके द्वारा किसे देखे' (बृ० उ० ४।५।१५) इत्यादि श्रुति से सिद्ध होता है।

नेति नेतीत्यरूपत्वादशरीरो भवत्ययम् । विश्वश्च तैजसश्चैव प्राज्ञश्चेति च ते त्रयम् ॥९९०॥

विराड् हिरण्यगर्भश्च ईश्वरश्चेति ते त्रयम् । ब्रह्माण्डं चैव पिण्डाण्डं लोका भूरादयः क्रमात् ॥९९१॥

स्वस्वोपाधिलयादेव लीयन्ते प्रत्यगात्मनि । तूष्णीमेव ततस्तूष्णीं तूष्णीं सत्यं न किञ्चन ॥९९२॥

अयं विदेहमुक्तो **नेति नेतीत्य**नात्मनिषेधपूर्वको**ऽशरीरो भवत्यरूपत्वात्स**र्वोपाधिबाधात्। **विश्वश्च तैजसश्च प्राज्ञश्चैव** जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थाऽभिमानी जीव**श्चेति ते त्रयम**थवा व्यष्टिस्थूलसूक्ष्मकारणशरीराभिमानी जीवः, **विराड्ढिरण्यगर्भश्च ईश्वरश्चेति** समष्टिस्थूलसूक्ष्मकारणशरीराभिमानी परमेश्वराख्यश्च **ते त्रयं**, **ब्रह्माण्डं चैव पिण्डाण्डं**, **भूरादयो लोकाः क्रमात्स्वस्वोपाधिलयादेव** स्वस्वोपाधीनां विलयात्**प्रत्यगात्मनि लीयन्ते**। **ततस्तूष्णीं तूष्णीं तूष्णीं** प्रशान्त**मेव** भवति। **न किञ्चन सत्यं** सर्वमनात्मा यथाऽत्र वर्णितं सर्वं मिथ्या सिध्यति। *"ततस्तिमितगम्भीरं न तेजो न तमस्ततम्। अनाख्यमनभिव्यक्तं सत्किञ्चिदवशिष्यते॥"* इति वासिष्ठमहारामायणे श्रुतत्वात्। सन्मात्रमवशिष्यते यथा सुषुप्तौ सर्वव्यवहारातीतो देशकालविषयातिवर्ती परमानन्दस्वरूपो बाधावधिभूतोऽधिष्ठानात्मकः साक्षीति।

'नेति नेति' इस प्रकार रूप रहित होने के कारण यह अशरीर हो जाता है। विश्व, तैजस तथा प्राज्ञ - ये तीन; विराट्, हिरण्यगर्भ तथा ईश्वर - ये तीन; ब्रह्माण्ड तथा पिण्डाण्ड तथा भू आदि लोक - ये सभी क्रम से अपनी-अपनी उपाधि के लय से ही प्रत्यक् आत्मा में विलीन हो जाते हैं। तब मौन ही रहता है, सत्य के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं होता ॥९९०, ९९१, ९९२॥

विदेहमुक्त अनात्मा का निषेध करके समस्त उपाधियों के बाध से अशरीर हो जाता है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति अवस्था अभिमानी जीव अथवा व्यष्टि स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीर अभिमानी जीव; समष्टि स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीर अभिमानी जो परमेश्वर नाम से कहा जाता है, ब्रह्माण्ड तथा पिण्डाण्ड, भू आदि लोक - ये सभी क्रम से अपनी-अपनी उपाधियों के लय से ही प्रत्यक् आत्मा में विलीन हो जाते हैं। उसके पश्चात् अत्यन्त शान्त हो जाता है। सब कुछ अनात्मा है, जैसा यहाँ वर्णित है; वह सब मिथ्या सिद्ध हो जाता है। जैसा वासिष्ठ महारामायण में सुना गया है 'तब वह स्थिर, गम्भीर, न तेज, न तम, नाम से रहित, अनभिव्यक्त, केवल सत् किञ्चित् मात्र शेष रह जाता है' (३।९।४७)। केवल सत् मात्र शेष रहता है जैसे सुषुप्ति में - जो सर्व व्यवहार से परे, देश-काल-विषयों से परे, परम आनन्द स्वरूप, बाध की सीमा तथा अधिष्ठान स्वरूप साक्षी है।

कालभेदो वस्तुभेदो देशभेदः स्वभेदकः । किञ्चिद्भेदो न तस्यास्ति किञ्चिद्वापि न विद्यते ॥९९३॥

तस्य विदेहमुक्तस्य ब्रह्मभावापन्नस्य **कालभेदो वस्तुभेदो देशभेदः स्वभेदकः किञ्चिद्भेदो नास्ति किञ्चिद्वापि** सच्चिदानन्दव्यतिरिक्तं **न विद्यत** इति।

उसका काल के साथ भेद, वस्तु के साथ भेद, देश के साथ भेद या अपने साथ भेद - किञ्चित् भी भेद नहीं है या अन्य कुछ भी नहीं है ॥९९३॥

ब्रह्म भाव को प्राप्त हुए विदेहमुक्त के लिए समय का भेद, पदार्थों का भेद, स्थान का भेद या अपने में कोई भेद - किञ्चित् भी भेद नहीं है। सच्चिदानन्द से अतिरिक्त कुछ भी नहीं है।

जीवेश्वरेति वाक्ये च वेदशास्त्रेष्वहं त्विति । इदं चैतन्यमेवेत्यहं चैतन्यमित्यपि ॥९९४॥

इति निश्चयशून्यो यो विदेहो मुक्त एव सः । ब्रह्मैव विद्यते साक्षाद्वस्तुतोऽवस्तुतोऽपि च ॥९९५॥

अहं तु वेदशास्त्रेषु वेदेष्वन्यशास्त्रेषु च स्मृतीतिहासपुराणेषु **जीवेश्वरेति वाक्ये च** ब्रह्मात्मैक्यबोधकवाक्ये चे**तीदं चैतन्यमेवाऽहमिति चैतन्यमित्यपि** मम स्वरूप**मिति यो निश्चयशून्यो** निश्चयादहं ब्रह्मास्मीति बोधनिश्चयाच्छून्यः सर्वविकल्पशून्यो विचिकित्साशून्य **विदेहो स मुक्त एव वस्तुतोऽवस्तुतोऽपि च** परमार्थतोऽपरमार्थतोऽपि स **साक्षाद्ब्रह्मैव विद्यते** ब्रह्ममात्रतया स्थित इति। एतेन विदेहमुक्तप्रकरणं परिसमाप्तम्।

वेद तथा शास्त्रों में जीव-ईश्वर प्रतिपादक इस प्रकार के वाक्यों में यह चैतन्य ही है तथा मैं चैतन्य हूँ - जो इस प्रकार के निश्चय से रहित है; वह ही विदेहमुक्त है। वह वस्तुतः अथवा अवस्तुतः भी साक्षात् ब्रह्म रूप ही है ॥९९४, ९९५॥

वेदों, अन्य शास्त्रों - स्मृति, इतिहास, पुराणों में ब्रह्म-आत्मा की एकता बताने वाले वाक्यों में मेरा स्वरूप 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार के निश्चय से शून्य, समस्त विकल्पों से शून्य, संशय रहित वह विदेहमुक्त ही है। परमार्थतः और अपरमार्थतः भी वह साक्षात् ब्रह्म मात्र रूप में स्थित है। इस प्रकार विदेहमुक्त का प्रकरण समाप्त हुआ।

तद्विद्याविषयं ब्रह्म सत्यज्ञानसुखात्मकम् । शान्तं च तदतीतं च परं ब्रह्म तदुच्यते ॥९९६॥

तत्सत्यज्ञानसुखात्मकं ब्रह्म *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"* इति श्रुतत्वा**द्विद्याविषयं** ब्रह्मविद्याया विषयं **शान्तं च तदतीतञ्च तत्परं ब्रह्मैवोच्यते** कथ्यते। प्रयोजनञ्च जीवन्मुक्तिविदेहमुक्तिरूपं विस्तरेणोक्तमिति।

सत्य, ज्ञान, आनन्द स्वरूप वह ब्रह्म विद्या का विषय है; शान्त तथा उससे अतीत है। वह परम ब्रह्म कहा जाता है ॥९९६॥

श्रुति कहती है 'ब्रह्म सत्य-ज्ञान-अनन्त स्वरूप है' (तै० उ० २।१), ब्रह्म विद्या का विषय है, शान्त तथा उससे अतीत है, वह परम ब्रह्म ही कहा जाता है तथा जीवन्मुक्ति, विदेहमुक्ति रूप प्रयोजन का विस्तार से वर्णन किया गया है।

सिद्धान्तोऽध्यात्मशास्त्राणां सर्वापह्नव एव हि । नाविद्यास्तीह नो माया शान्तं ब्रह्मैव तद्विना ॥९९७॥

अध्यात्मशास्त्राणां सिद्धान्तः सर्वापह्नवः सर्वेषां पदार्थानामपह्नवोऽपलापो विलयः स्वस्वकारणेषु तेन तेषां मिथ्यात्वदर्शन**मेव हि** सुनिश्चितम्। **इह** देशकालयो**र्ब्रह्मैव** शान्तं शिवमद्वैतं **तद्विना नाविद्या नो मायाऽस्ती**ति।

अध्यात्म शास्त्रों का सिद्धान्त तो सबका निषेध ही है। यहाँ केवल शान्त ब्रह्म ही है, न अविद्या है, न माया है ॥९९७॥

अध्यात्म शास्त्रों का सिद्धान्त समस्त पदार्थों का खण्डन, अपने-अपने कारणों में विलय ही है, जिससे उनका मिथ्यात्व दर्शन निश्चित होता है। इस देश तथा काल में शान्त, शिव, अद्वैत ही है। उसके अतिरिक्त न अविद्या है, न माया है।

प्रियेषु स्वेषु सुकृतमप्रियेषु च दुष्कृतम् । विसृज्य ध्यानयोगेन ब्रह्माप्येति सनातनम् ॥९९८॥

कृतश्रवणमननः **स्वेषु प्रियेषु सुकृतं** पुण्यं **चाप्रियेषु दुष्कृतं** पापं **विसृज्य ध्यानयोगेन सनातनं ब्रह्माप्येति** प्राप्नोति ब्रह्मरूपेण तिष्ठतीत्यर्थः।

अपने प्रियों में पुण्य को तथा अप्रियों में पाप को छोड़कर ध्यान योग के द्वारा सनातन ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥९९८॥

जिसने श्रवण-मनन कर लिया है, अपने प्रियों में पुण्य को तथा अप्रियों में पाप को छोड़कर ध्यान योग के द्वारा सनातन ब्रह्म को प्राप्त होता है अर्थात् ब्रह्म रूप से रहता है - ऐसा अर्थ है।

यावद्यावच्च सद्बुद्धे स्वयं सन्त्यज्यतेऽखिलम्। तावत्तावत्परानन्दः परमात्मैव शिष्यते ॥९९९॥

हे **सद्बुद्धे, यावद्यावच्च स्वयं** साधकैर्मुमुक्षुभि**रखिलं सन्त्यज्यते तावत्तावत् परानन्दः** परमानन्दः **परमात्मैव शिष्यते**। *"यथा यथा प्रत्यगवस्थितं मनस्तथा तथा मुञ्चति बाह्यवासनाः। निःशेषमोक्षे सति वासनानामात्मानुभूतिः प्रतिबन्धशून्या॥"* इत्याचार्यप्रवरवचनात्।

हे सद्बुद्धि वाले! जितना-जितना अपने द्वारा समस्त का त्याग किया जाता है, उतना-उतना पर आनन्द स्वरूप परमात्मा ही शेष रहता है ॥९९९॥

हे सद्बुद्धे! जितना-जितना साधक मुमुक्षुओं द्वारा समस्त का त्याग किया जाता है, उतना-उतना परम आनन्द परमात्मा ही शेष रह जाता है। इस प्रकार आचार्यप्रवर का कथन है 'जैसे-जैसे मन अन्तरात्मा में स्थित होता जाता है, वैसे-वैसे वह बाह्य वासनाओं को त्यागता जाता है। जब वासनाओं का पूर्ण त्याग हो जाता है, तब बिना किसी बाधा के आत्म अनुभूति होती है' (वि० चू० २७६)।

यत्र यत्र मृतो ज्ञानी परमाक्षरवित्सदा । परे ब्रह्मणि लीयेत न तस्योत्क्रान्तिरिष्यते ॥१०००॥

सदा परमाक्षरवित्परमञ्च तदक्षरञ्च परमाक्षरं तद्वेत्तीति परमाक्षरवि**ज्ज्ञानी यत्र यत्र मृतो** भवेत् स **परे ब्रह्मणि लीयते** ब्रह्मरूपत्वा**त्तस्योत्क्रान्तिर्नेष्यत** इति। *"गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु। कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्यये सर्व एकी भवन्ति", "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति। अत्रैव समवलीयन्ते", "ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति", "विमुक्तश्च विमुच्यते"*इत्यादिश्रुतिभ्यः।

सदा परम अक्षर को जानने वाला ज्ञानी जहाँ भी मृत्यु को प्राप्त होगा, परम ब्रह्म में लीन हो जायगा। उसका उत्क्रमण इष्ट नहीं है ॥१०००॥

सदा परम तथा अक्षर को जानने वाला ज्ञानी जहाँ भी मृत्यु को प्राप्त होगा, वह ब्रह्म रूप होने से परम ब्रह्म में लीन हो जायगा। उसका उत्क्रमण इष्ट नहीं है। 'पन्द्रह कलायें अपने आश्रयों में स्थित हो जाती हैं, समस्त देवगण अपने प्रतिदेवता में लीन हो जाते हैं तथा उसके कर्म और विज्ञानमय आत्मा आदि सभी पर अव्यय देव में एकीभाव को प्राप्त हो जाते हैं' (मु० उ० ३।२।७), 'उसके प्राणों का उत्क्रमण नहीं होता। वे यहीं इसी शरीर में लीन हो जाते हैं, वह ब्रह्म ही होकर ब्रह्म को प्राप्त होता है' (बृ० उ० ४।४।६), 'वह मुक्त हुआ ही मुक्त हो जाता है' (क० उ० २।२।१) इत्यादि श्रुतियों से प्रमाणित होता है।

यद्यत्स्वाभिमतं वस्तु तत्त्यजन्मोक्षमश्नुते । असङ्कल्पेन शस्त्रेण छिन्नं चित्तमिदं यदा ॥१००१॥

सर्वं सर्वगतं शान्तं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥१००२॥

यद्यत्स्वाभिमतं प्रियं **वस्तु** भवे**त्तत्त्यजन्मोक्षमश्नुते**। **यदाऽसङ्कल्पेन शस्त्रेण** निर्विकल्पब्रह्मात्मैक्यबोधेन जगन्मिथ्यात्वबोधेन च पूर्णत्वात्सङ्कल्पशून्यतारूपेण **शस्त्रेणेदं चित्तं छिन्नं** विनष्टं भवति **तदा सर्वं सर्वगतं शान्तं** चिन्मयं **ब्रह्म सम्पद्यते**ऽपरोक्षतयाऽनुभूयत इति।

जो जो अपने को अभिमत (प्रिय) वस्तु है, उस-उस को त्यागता हुआ मोक्ष को प्राप्त होता है। जब यह चित्त असङ्कल्प रूपी शस्त्र से काट दिया जाता है, तब सर्वव्यापी, शान्त, सर्व स्वरूप ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है ॥१००१, १००२॥

जो-जो अपनी प्रिय वस्तु हो, उस-उस को त्यागता हुआ मोक्ष को प्राप्त होता है। जब निर्विकल्प ब्रह्म-आत्म एकत्व के ज्ञान तथा जगत् के मिथ्यात्व के ज्ञान से पूर्ण होने के कारण सङ्कल्प शून्यता रूपी शस्त्र से यह चित्त नष्ट हो जाता है, तब सर्व स्वरूप, सर्वव्यापी, चिन्मय ब्रह्म का अपरोक्ष रूप से अनुभव किया जाता है।

इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्यं शिष्यस्तु छिन्नसंशयः । ज्ञातज्ञेयः सम्प्रणम्य सद्गुरोश्चरणाम्बुजम् ।
स तेन समनुज्ञातो ययौ निर्मुक्तबन्धनः ॥१००३॥

इति गुरोः परमकारुणिकब्रह्मविदः श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठस्य परमोपरतस्य **वाक्यं श्रुत्वा तु शिष्यो छिन्नसंशयश्छिन्ना** विदीर्णाः संशया यस्य स छिन्नसंशयो **ज्ञातज्ञेयो** ज्ञातं ज्ञेयं येन स ज्ञातज्ञेयो यज्ज्ञात्वा मनुष्यः कृतकृत्यो भवति तज्ज्ञानं येन *"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः । क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे", "एतद् बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात् कृतकृत्यश्च भारत"* इति श्रुतिस्मृतिभ्यां निर्ग्रन्थः **सद्गुरोश्चरणाम्बुजं सम्प्रणम्य निर्मुक्तबन्धनो**ऽभूत्।

एवं समन्वयाविरोधसाधनफलाध्यायेषु यदुक्तं तत्सर्वं स्वयं पश्यन् मुख्याधिकारिशिष्यानुभवसिद्धं सद्योमुक्तिफलं सर्वद्वैतबाधसुखदुःखप्राप्तिपरिहाररूपं प्राप्य सर्वमिदं द्वैतं वैचित्र्यचित्रीकृतं दग्धरशनामिव प्रपञ्चं पश्यन् करस्थबिल्वमिवाद्वैते ब्रह्मणि स्थित्वा स्वशरीरमहिनिर्ल्वयनीवाभिमानराहित्येन तृणीकृत्य तिष्ठन् स्वस्य कृतज्ञतां प्रदर्शयति।

"त्वत्पादपङ्कजसमाश्रयणं विना मे सन्नप्यसन्निव परः पुरुषः पुरासीत्।
त्वत्पादपद्मयुगलाश्रयणादिदानीं नासीन्न चास्ति न भविष्यति भेदबुद्धिः॥"

"यस्य प्रसादादहमेव विष्णुर्मय्येव सर्वं परिकल्पितं च।
इत्थं विजानामि सदात्मरूपं तस्याङ्घ्रिपद्मं प्रणतोऽस्मि नित्यम्॥" इति च।

एवं कृतकृत्यतां कृतज्ञतां च प्रदर्श्य **स तेन** गुरुणा **समनुज्ञातो** ययौ।

इस प्रकार गुरु के वचनों को सुनकर शिष्य, जिसके सभी संशय छिन्न हो गए हैं, जिसने जानने योग्य को जान लिया, सद्गुरु के चरण कमलों को भली-भाँति प्रणाम कर, उनसे आज्ञा पाकर, वह समस्त बन्धनों से मुक्त होकर चला गया ॥१००३॥

इस प्रकार परम दयालु, ब्रह्मवित् (ब्रह्म को जानने वाले), श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, परम विरक्त गुरु के वचनों को सुनकर शिष्य के सभी संशय विदीर्ण (नष्ट) हो गए, जिस जानने योग्य को जानकर मनुष्य कृतार्थ हो जाता है। वह ज्ञान जिससे 'उस परावर (कारण-कार्य रूप) ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेने पर जीव की हृदय ग्रन्थि टूट जाती है, सारे संशय नष्ट हो जाते हैं और उसके समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं' (मु० उ० २।२।८), 'हे भारत! इसको तत्त्व से जानकर [मनुष्य] बुद्धिमान् और कृतकृत्य हो जाता है' (भ० गी० १५।२०) इत्यादि श्रुति और स्मृति से सिद्ध है कि सभी ग्रन्थियों से रहित हो गया। सद्गुरु के चरण कमलों को भली-भाँति प्रणाम कर समस्त बन्धनों से मुक्त हो गया।

इस प्रकार समन्वय, अविरोध, साधन तथा फल नामक अध्यायों में जो कुछ कहा गया है, उस सबको स्वयं देखता हुआ मुख्य अधिकारी शिष्य, अनुभव से सिद्ध, समस्त द्वैत के बाध तथा सुख-प्राप्ति, दुःख-अभाव स्वरूप सद्यो मुक्ति रूप फल को प्राप्त कर इस समस्त विविधता से चित्रित द्वैत रूप संसार को, जली हुई रस्सी के जैसे देखता हुआ, अद्वैत ब्रह्म में हाथ में रखे बिल्व के समान स्थित होकर अपने शरीर को साँप की केंचुली के समान अभिमान-रहित करके तृण के समान मानकर स्थित हुआ अपनी कृतज्ञता प्रदर्शित करता है।

'आपके चरण कमलों के आश्रय के बिना, परमात्मा मेरे लिए पहले सत् होते हुए भी असत् के समान था। अब आपके चरण कमलों के आश्रय से निश्चित हो गया है कि भेद बुद्धि न कभी थी, न आज है और न भविष्य में होगी' (सं० शा० ४।५८)।

'जिसकी कृपा से मैं स्वयं विष्णु हूँ तथा मुझमें ही यह सब कुछ कल्पित है - इस प्रकार मैं आत्म स्वरूप का नित्य अनुभव करता हूँ, उन गुरु के चरणारविन्द को सर्वदा प्रणाम करता हूँ' (वा० वृ० २)।

इस प्रकार कृतार्थता तथा कृतज्ञता को प्रदर्शित कर वह उन गुरु से आज्ञा प्राप्त करके चला गया।

गुरुरेष सदानन्दसिन्धौ निर्मग्नमानसः। पावयन्वसुधां सर्वां विचचार निरुत्तरः ॥१००४॥

एष गुरुर्निरुत्तरो मौनभावापन्न उपदेष्टा शिष्यं कृतकृत्यं कृत्वा परिसमाप्तवाग्व्यापारः **सदानन्दसिन्धौ** परमानन्दसागरे **निर्मग्नमानसो** निर्मग्नं मानसं यस्य स सर्व व्यापारशून्यः स्वस्य बिम्बानन्दरूपं विज्ञाय प्रतिबिम्बानन्दमपि रसयन् सर्वां **वसुधां पावयन् विचचारे**ति।

यह गुरु निरुत्तर होकर, सदा आनन्द रूप समुद्र में निमग्न मन वाले, समस्त पृथ्वी को पवित्र करते हुए विचरण करते हैं ॥१००४॥

यह गुरु, उपदेष्टा मौन भाव को प्राप्त हो, शिष्य को कृतकृत्य करके, वाणी का व्यापार समाप्त कर सदा परम आनन्द के सागर में निमग्न मन वाले अर्थात् वह समस्त व्यापारों से शून्य हैं, अपने बिम्ब आनन्द स्वरूप को जानकर तथा प्रतिबिम्बित आनन्द का भी रसास्वादन करते हुए समस्त पृथ्वी को पवित्र करते हुए विचरण करते हैं।

इत्याचार्यस्य शिष्यस्य संवादेनात्मलक्षणम् । निरूपितं मुमुक्षूणां सुखबोधोपपत्तये ॥१००५॥

इत्याचार्यस्य शिष्यस्य च **संवादेन मुमुक्षूणां सुखबोधोपपत्तय आत्मलक्षणमात्मनो** लक्षणं स्वरूपं **निरूपितम्**।

इस प्रकार आचार्य-शिष्य के संवाद के द्वारा मुमुक्षुओं को सुख पूर्वक ज्ञान प्राप्ति के लिए आत्म लक्षण का निरुपण कर दिया ॥१००५॥

इस प्रकार आचार्य तथा शिष्य के संवाद के द्वारा मुमुक्षुओं को सुख पूर्वक ज्ञान प्राप्ति के लिए आत्मा के स्वरूप का निरुपण कर दिया।

सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहनामकः । ग्रन्थोऽयं हृदयग्रन्थिविच्छित्त्यै रचितः सताम् ॥१००६॥

अयं सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहनामकः सर्वेषां वेदान्तानां सर्ववेदान्तानां सिद्धान्तः सर्ववेदान्तसिद्धान्तस्तस्य सारः सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारस्तस्य सङ्ग्रहः सङ्कलनं सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहस्तन्नामको **ग्रन्थः सतां** सत्पुरुषाणां **हृदयग्रन्थिविच्छित्त्यै** हृदयस्य ग्रन्थिरात्मानात्माध्यासो योऽविद्याजन्यस्तस्य विच्छित्त्यै नाशाय **रचित** इति।

समस्त वेदान्त सिद्धान्त के सार का सङ्ग्रह नामक यह ग्रन्थ सत्पुरुषों के हृदय की ग्रन्थि का नाश करने के लिए रचा गया है ॥१००६॥

समस्त वेदान्त सिद्धान्त के सार का सङ्कलन नामक यह ग्रन्थ सत्पुरुषों के हृदय की अविद्या जन्य आत्मा-अनात्मा अध्यास की ग्रन्थि का नाश करने के लिए रचा गया है।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहः सम्पूर्णः॥

परिसमाप्तोऽयं ग्रन्थः शङ्करप्रसादिनी टीका च। अधुना श्लोकचतुष्टयेन परमेश्वरनमस्कारपूर्वकं श्रीसद्गुरुदेवस्मरणं कृत्वा कृतज्ञताप्रदर्शनं क्रियते।

यह ग्रन्थ तथा शङ्करप्रसादिनी टीका यहाँ समाप्त होती है। अब चार श्लोकों के द्वारा परमेश्वर को नमस्कार कर, श्रीसद्गुरुदेव का स्मरण करके कृतज्ञता दिखाते हैं।

॥ ॐ ॥

स्मारं स्मारं जनिमृतिभयं जातनिर्वेदवृत्तिर्ध्यायं ध्यायं पशुपतिमुमाकान्तमन्तर्निषण्णम्।
पायं पायं सपदि परमानन्दपीयूषधारां भूयो भूयो निजगुरुपदाम्भोजयुग्मं नमामि॥

(अन्वयः- जनिमृतिभयं स्मारं स्मारं जातनिर्वेदवृत्तिः (अहम्), अन्तर्निषण्णं पशुपतिमुमाकान्तं ध्यायं ध्यायं सपदि (झटिति) परमानन्दपीयूषधारां पायं पायं निजगुरुपदाम्भोजयुग्मं भूयो भूयो नमामि।)

बार-बार जन्म और मृत्यु के भय का स्मरण करता हुआ, जिसकी वैराग्य युक्त वृत्ति उत्पन्न हो गई है, अन्तःकरण में विराजमान पशुपति उमाकान्त का बार-बार ध्यान करता हुआ, शीघ्रता से परम आनन्द रूपी अमृत की धारा का पान करता हुआ मैं अपने गुरु के चरण कमल युगल को बार-बार नमस्कार करता हूँ।

विद्वांसो यदि मम दोषमुद्गिरेयुः यद्वा ते गुणगणमेव कीर्तयेयुः।
तुल्यं तद्बहु मनुते मनो मदीयं कष्टं तद्बत मनुते यदाह मन्दः॥

(अन्वयः- यदि विद्वांसो मम दोषमुद्गिरेयुः यद्वा ते (मम) गुणगणमेव कीर्तयेयुः, तन्मदीयं मनो बहु मनुते। यन्मन्दः आह, बत तत्कष्टं मनुते।)

यदि विद्वान् लोग मेरे दोषों का उच्चारण करें अथवा वे मेरे गुणसमूह का ही कीर्तन करें, वह मेरा मन उन दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण मानता है। परन्तु जो मन्द कहता है, अहो! वह कष्ट के समान होती है।

मस्करीन्द्रप्रणीतस्य भवनामभृतो यतेः।
सर्ववेदान्तसारस्य प्रसादिनी प्रकीर्तिता॥

(अन्वयः- मस्करीन्द्रप्रणीतस्य (संन्यासिना कृतस्य) भवनामभृतो यतेः (शङ्करस्य) सर्ववेदान्तसारस्य प्रसादिनी प्रकीर्तिता।)

संन्यासियों में श्रेष्ठ, शिव का नाम धारण करने वाले यति (शङ्कर) की सर्व वेदान्त सार नामक रचना 'प्रसादिनी' रूप से कही गयी है।

अनया भगवाञ्छ्रीमद्दक्षिणामूर्तिरीश्वरः।
प्रीयतां शृण्वतां नित्यं ज्ञानप्रदोऽधिकारिणाम्॥

(अन्वयः - भगवान् श्रीमद्दक्षिणामूर्तिः ईश्वरः अनया (शङ्करप्रसादिनीटीकया) नित्यं प्रीयताम्, शृण्वताम् अधिकारिणां ज्ञानप्रदः (भवतु इति शेषः)।)

इस (शङ्करप्रसादिनी टीका) के द्वारा भगवान् श्रीमद् दक्षिणामूर्ति ईश्वर सदा प्रसन्न हों तथा वे श्रवण करने वाले अधिकारियों को ज्ञान प्रदान करें।

॥ ॐ तत्सत् ॥

लक्षण-श्लोका वाक्यानि च

प्रकरण-ग्रन्थः

शास्त्रैकदेशसंबद्धं शास्त्रकार्यान्तरे स्थितम्।
आहुः प्रकरणं नाम ग्रन्थभेदं विपश्चितः ॥

शास्त्रम्

एकप्रयोजनोपनिबद्धमशेषार्थप्रतिपादकं शास्त्रम्।

उपोद्धातम्

चिन्तां प्रकृतसिद्ध्यर्थामुपोद्धातं प्रचक्षते।

अनुबन्धम्

सम्बन्धश्चाधिकारी च विषयश्च प्रयोजनम्।
विनानुबन्धं ग्रन्थादौ मङ्गलं नैव शस्यते॥

प्रवृत्तिप्रयोजकज्ञानविषयत्वमनुबन्धत्वम्।

व्याख्यानम्

पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना।
आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम्॥

सूत्रम्

अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद्विश्वतोमुखम्।
अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥

लघूनि सूचितार्थानि स्वल्पाक्षरपदानि च।
सर्वतः सारभूतानि सूत्राण्याहुर्मनीषिणः॥

वार्तिक

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र च विद्यते।
तं ग्रन्थं वार्तिकं प्राहुः वार्तिकज्ञा मनीषिणः॥

कारिका

कारिका तु स्वल्पवृतौ बहोरर्थस्य सूचनी ।

टीका

टीक्यते गम्यते ग्रन्थार्थोऽनया सा टीका ।

आचार्यः

आचिनोति च शास्त्रार्थानाचारे स्थापयत्यपि।
स्वयमाचरते यस्मात्तस्मादाचार्य उच्यते॥

षडनादयः

जीव ईशो विशुद्धाचित्तथा जीवेशयोर्भिदा।
अविद्या तच्चितोर्योगः षडस्माकमनादयः॥

आत्मा

यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह।
यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कीर्त्यते॥

तात्पर्य निर्णयः

उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम्।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये॥

वेदः

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता॥

नित्यकर्म

अनुष्ठाने फलाजनकत्वे सति, अननुष्ठाने प्रत्यवायजनकत्वम्

काम्यकर्म

अनुष्ठाने फलविशेषजनकत्वे सति, अननुष्ठाने प्रत्यवायाजनकत्वम्

भाष्यम् #१

मन्त्रार्थो वर्ण्यते यत्र पदैर्मन्त्रानुसारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

भाष्यम् #२

सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुकारिभिः।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥

भगवान् #१

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
वैराग्यस्याथ मोक्षस्य षण्णां भग इतीरणा॥

भगवान् #२

उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम्।
वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति॥

भगवान् #३

वदन्ति तत् तत्त्वविदः तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥

जीवः #१

चैतन्यं यदधिष्ठानं लिङ्गदेहश्च यः पुनः।
चिच्छायालिङ्गदेहस्था तत्संघो जीव उच्यते ॥

जीवः #२

साक्षिणः पुरतो भाति लिङ्गं देहेन संयुतम्।
चितिच्छाया समावेशाज्जीवः स्याद्व्यावहारिकः॥

उपनिषद् #१

उपनीयेयमात्मानं ब्रह्मापास्तद्वयं यतः।
निहन्त्यविद्यां तज्जं च तस्मादुपनिषद्भवेत्॥

उपनिषद् #२

सदेरुपनिपूर्वस्य क्विपि चोपनिषद्भवेत्।
मन्दीकरणभावाच्च गर्भादेः शातनात्तथा॥

अध्यारोप-अपवादः

अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते।
शिष्याणां बोधसिध्यर्थं शास्त्रज्ञैः कल्पितः क्रमः ॥

विवर्तः/परिणामः

यस्तात्विकोऽन्यथा भावः परिणाम उदीरितः।
अतात्विकोऽन्यथा भावो विवर्तः स उदीरितः॥

अध्यारोप-अपवाद प्रक्रिया

कार्ये हि कारणं पश्येत्पश्चात्कार्यं विसर्जयेत्।
कारणत्वं ततो नश्येदवशिष्टं भवेन्मुनिः॥

उपलक्षणम्

कार्यानन्वयित्वे सत्यविद्यमानत्वेऽपि व्यावर्तकत्वम् ।

विशेषणम्

कार्यान्वयित्वे सति वर्तमानत्वे सति व्यावर्तकत्वम्।

उपाधिः

कार्यानन्वयित्वे सति वर्तमानत्वे सति व्यावर्तकत्वम् ।
उप समीपे स्थित्वा स्वीयं रूपमन्यत्रादधाति विकारं विना ।

सजातीय-विजातीय-स्वगत भेदः

वृक्षस्य स्वगतो भेदः पत्रपुष्पफलादिभिः।
वृक्षान्तरात्सजातीयो विजातीयः शिलादितः ॥

लक्षणा

मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्य परिग्रहे।
मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रतीतिर्लक्षणोच्यते॥

त्रिविधा लक्षणा

वाच्यार्थमशेषतः परित्यज्य तत्सम्बन्धिन्यर्थान्तरे वृत्तिर्जहल्लक्षणा।
वाच्यार्थापरित्यागेन तत्सम्बन्धिनी वृत्तिरजहल्लक्षणा।
वाच्यार्थस्य विरुद्धांशपरित्यागेनोभयपदार्थानुस्यूतमविरुद्धांशग्रहण-
सम्बन्धिनी वृत्तिर्भागलक्षणा सैव जहदजहल्लक्षणा।

स्वरूप/तटस्थ-लक्षणम्

तदभिन्नत्वे सति तद् बोधकत्वं स्वरूपलक्षणम् ।
तद्भिन्नत्वे सति तद् बोधकत्वं तटस्थलक्षणम् ।

सजातीयविजातीयेभ्यो हि व्यावर्तकं स्वरूपलक्षणम् ।
यावल्लक्ष्यकालमनवस्थितत्त्वे सति व्यावर्तकं तटस्थलक्षणम् । (वेदान्तपरिभाषा)

महावाक्य विचारः

सामानाधिकरण्यं च विशेषणविशेष्यता।
लक्ष्यलक्षणसंबंधः पदार्थप्रत्यगात्मनाम्॥

समानाधिकरणम्

भिन्नवृत्तिनिमित्तानां शब्दानामेकवस्तुनि।
प्रवृत्तिस्तु समानाधिकरणत्वमिहोच्यते॥

चतुर्विध पदसामानाधिकरण्यम्

बाधाऽध्यासविशेषणैक्यविषयं नाम्नोश्चतुर्धा मतं
सामानाधिकरण्यमाद्यमिह न व्यर्थोद्यमा स्याच्छ्रुतिः।
ध्यानाद्यश्रवणादनित्यफलतादोषाच्च नाऽध्यासधीः
तादात्म्यं न विरुद्धयोरिति बलाद्वस्त्वैक्यपक्षस्थितिः॥

साधनम्

श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यो मन्तव्यश्चोपपत्तिभिः।
मत्वा च सततं ध्येय एते दर्शनहेतवः॥

श्रवणम्

वेदान्तानामशेषाणामादिमध्यावसानतः।
ब्रह्मात्मन्येव तात्पर्यमितिधीः श्रवणं भवेत्॥

श्रवणम्/मननम्

इत्थं वाक्यैस्तदर्थानुसन्धानं श्रवणं भवेत्।
युक्त्या सम्भावितत्वानुसन्धानं मननन्तु तत्॥

निदिध्यासनम्

ताभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसःस्थापितस्य यत्।
एकतानत्वमेतद्धि निदिध्यासनमुच्यते॥

समाधिः

ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद्ध्येयैकगोचरम्।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते॥

ब्रह्माभ्यासः

तच्चिन्तनं तत्कथनमन्योन्यं तत्प्रबोधनम्।
एतदेकपरत्वं च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः॥

बन्धमोक्षौ #१

अद्वयानन्दरूपस्य सद्वयत्वं च दुःखिता ।
बन्धः प्रोक्तः स्वरूपेण स्थितिर्मुक्तिरितीर्यते॥

बन्धमोक्षौ #२

वासनातानवं राम मोक्ष इत्युच्यते बुधैः।
पदार्थवासनादार्ढ्यम् बन्ध इत्यभिधीयते॥

बन्धमोक्षौ #३

द्रष्टुर्दृश्यस्य सत्ता हि बन्ध इत्यभिधीयते।
द्रष्टा दृश्यवशात्बद्धो दृश्याभावे विमुच्यते॥

बन्धमोक्षौ #४

बहुनाऽत्र किमुक्तेन संक्षेपादिदमुच्यते।
सङ्कल्पनं परो बन्धः तदभावो विमुक्तता॥

मुक्तिः

मुक्तिर्हित्वान्यथा रूपं स्वरूपेण व्यवस्थितिः।

सत्तात्रयम्

ब्रह्मज्ञानेतरबाध्यत्वं प्रातिभासिकम् ।
ब्रह्मज्ञानेतराबाध्यत्वं व्यावहारिकम् ।
त्रिकालाबाध्यत्वं पारमार्थिकम् ।

माया #१

अव्यक्तनाम्नी परमेशशक्तिः
अनाद्यविद्या त्रिगुणात्मिका परा।
कार्यानुमेया सुधियैव माया
यया जगत्सर्वमिदं प्रसूयते॥

माया #२

सन्नाप्यसन्नाप्युभयात्मिका नो
भिन्नाप्यभिन्नाप्युभयात्मिका नो।
साङ्गाप्यनङ्गा ह्युभयात्मिका नो
महाद्भुतानिर्वचनीयरूपा॥

वासना

दृढभावनयात्यक्तपूर्वापरविचारणम्।
यदादानं पदार्थस्य वासना सा प्रकीर्तिता॥

प्रत्यभिज्ञा

भातस्य कस्यचित्पूर्वम्भासमानस्य साम्प्रतम्।
सोऽयमित्यनुसन्धानं प्रत्यभिज्ञानमुच्यते॥

आभासवादः - स्वरूपतो मिथ्याभूतं प्रतिबिम्बमिति वादः
प्रतिबिम्बवादः - स्वरूपतो सत्यं प्रतिबिम्बत्वरूपेण मिथ्याभूतं बिम्बमेव प्रतिबिम्बमिति वादः
अवच्छेदवादः - अवच्छिद्यते परिच्छेदः प्राप्यते परमात्मा जीवरूपेण इति वादः

इष्टापूर्तम्, दत्तम्

अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानां चानुपालनम् ।
आतिथ्यं वैश्वदेवश्च इष्टमित्यभिधीयते ॥
वापीकूपतडागादि देवतायतनानि च ।
अन्नप्रदानमारामः पूर्तमित्यभिधीयते ॥
शरणागतसन्त्राणं भूतानां चाप्यहिंसनम् ।
बहिर्वेदि च यद्दानं दत्तमित्यभिधीयते ॥

नञर्थाः

तत्सादृश्यमभावश्च तदन्यत्वं तदल्पता।
अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्थाः षट् प्रकीर्तिताः॥

ख्यातिः

आत्मख्यातिरसत्ख्यातिरख्यातिः ख्यातिरन्यथा।
तथाऽनिर्वचनख्यातिरित्येतत्ख्यातिपञ्चकम् ॥

अधिकरणम्

विषयो विशयश्चैव पूर्वपक्षः तथोत्तरम्।
सङ्गतिश्चेति पञ्चाङ्गं शास्त्रेऽधिकरणं स्मृतम्॥

विधिः

विधिरत्यन्तमप्राप्तौ नियमः पाक्षिके सति।
तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते॥

अर्थवादः

विरोधे गुणवादः स्यादनुवादोवधारिते ।
भूतार्थवादस्तद्धानादर्थवादस्त्रिधा मतः ॥

चतुर्विध-बौद्धमतम्

मुख्यो माध्यमिको विवर्तमखिलं शून्यस्य मेने जगत्
योगाचारमते तु सन्ति मतयो तासां विवर्तोऽखिलः।
अर्थोऽस्ति क्षणिकस्त्वसावनुमितो बुद्ध्येति सौत्रान्तिकः
प्रत्यक्षं क्षणभङ्गुरं च सकलं वैभाषिको भाषते॥

सृष्टिवादा दर्शनानि च

आरम्भवादः कणभक्षपक्षः
संघातवादस्तु भदन्तपक्षः ।
साङ्ख्यादिपक्षः परिणामवादो
वेदान्तपक्षस्तु विवर्तवादः ॥

साधारणकारणानि

ईशस्तज्ज्ञान-यत्नेच्छाः कालोऽदृष्टं दिगेव च।
प्राक्-प्रतिबन्धकाभावौ कार्ये साधारणा मताः॥

श्लोकानां वर्णानुक्रमणिका

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
अकर्ताहमभोक्ताहमविकारोऽहमक्रियः	९३१		अत्यन्ततीव्रवैराग्यं फललिप्सा महत्तरा	२२४
अकामयितृता स्वप्नादर्शनं घटते कथम्	६०९		अत्र जाता जरायुभ्यस्ते नराद्या जरायुजाः	४३६
अखण्डं सच्चिदानन्दमवाङ्मनसगोचरम्	२		अत्रापि चान्यत्र च विद्यमानपदार्थसम्मर्शनमेव	२७
अखण्डाकारवृत्तिः सा चिदाभाससमन्विता	७९९		अद्वितीयस्वमात्रोऽसौ निरुपादान ईश्वरः	३३२
अखण्डाख्या वृत्तिरेषा वाक्यार्थश्रुतिमात्रतः	७९४		अद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते च प्रशमं गते	९६१
अखण्डानन्दसम्बोधो वन्दनाद्यस्य जायते	१		अधिकारी च विषयः सम्बन्धश्च प्रयोजनम्	७
अखण्डामेवैतां घटितपरमानन्दलहरीं	७९२		अध्यस्तजगतो रूपं नामरूपमिदं द्वयम्	८८१
अखण्डैकरसत्वेन वाक्यार्थः श्रुतिसम्मतः	७२९		अध्यस्तनामरूपादिप्रविलापेन निर्मलम्	८९२
अङ्गारनद्यां तपने च कुम्भीपाकेऽपि	३५		अध्यारोपापवादक्रममनुसरता दैशिकेनात्र वेत्त्रा	७९८
अचेतनस्य दीपादेरर्थाभासकता यथा	५४५		अध्यासदोषात्समुपागतोऽयं संसारबन्धः	४९७
अच्छिन्नश्छिन्नवद्भाति पामराणां घटादिना	६९७		अध्यासबाधागमनस्य कारणं शृणु प्रवक्ष्यामि	४८८
अजहल्लक्षणा वापि सा जहल्लक्षणा यथा	७४५		अध्यासादेव संसारो नष्टेऽध्यासे न दृश्यते	५००
अज्ञात्वैवं परं तत्त्वं मायामोहितचेतसः	४२९		अध्यासो नाम खल्वेष वस्तुनो योऽन्यथाग्रहः	४९८
अज्ञात्वैव हि निक्षेपं भिक्षामटति दुर्मतिः	६३७		अनन्तशक्तिसम्पन्नो मायोपाधिक ईश्वरः	३३१
अज्ञानं प्रकृतिः शक्तिरविद्येति निगद्यते	३०७		अनपेक्षः शुचिर्दक्षः करुणामृतसागरः	२५५
अज्ञानं व्यष्ट्यभिप्रायादनेकत्वेन भिद्यते	३१७		अनात्मनो जन्मजरामृतिक्षुधा	४६४
अज्ञानज्ञानयोस्तद्वदुभयोरेव दृश्यते	५१८		अनात्मन्यहमित्येव योऽयमध्यास ईरितः	४८६
अज्ञानतदवच्छिन्नाभासयोरुभयोरपि	३२९		अनात्मन्यात्मताध्यासः कथमेष समागतः	४७१
अज्ञानदूरीकरणं मानसं शौचमान्तरम्	११६		अनात्मन्यात्मताध्यासे न सादृश्यमपेक्षते	४८०
अज्ञानमपि विज्ञानं बुद्धिर्वापि च तद्गुणाः	५७२		अनित्यत्वं च नित्यत्वमेवं यच्छ्रुतियुक्तिभिः	२२
अज्ञानस्य निवृत्तिस्तु ज्ञानेनैव न कर्मणा	५११		अनिर्देश्यमनाद्यन्तमनन्तं शान्तमच्युतम्	७६२
अज्ञोऽहमित्यनुभवादास्त्रीबालादिगोचरात्	५६१		अनुकम्पा दया सैव प्रोक्ता वेदान्तवेदिभिः	११३
अत एतदनिर्वाच्यमित्येव कवयो विदुः	३०९		अनुभूतिबलाच्चापि युक्तितोऽपि श्रुतेरपि	५२५
अत एव मतं वृत्तिव्याप्यत्वं वस्तुनः सताम्	८०८		अनुस्यूतात्मनः सत्ता जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु	६१३
अतः सङ्गच्छते सम्यग्वाक्यार्थो बाधवर्जितः	७१८		अनेनोद्भूतगुणकं भूतं वक्ष्येऽवधारय	४१०
अतः सापेक्षितं ज्ञानमथवापि समुच्चयम्	१७६		अन्तःकरणतद्वृत्तिद्रष्टृ नित्यमविक्रियम्	४५८
अतस्तमपरित्यज्य तद्गुणाश्रयलक्षणः	७४६		अन्तःप्रज्ञत्वादिविकल्पैरस्पृष्टं यत्तद्दशिमात्रम्	७८७
अतिसूक्ष्मतरः प्रश्नस्त्वयायं सदृशो मतः	५८५		अन्तरङ्गं हि बलवद्बहिरङ्गाद्यतस्ततः	२२६
अतिसूक्ष्मविमर्शेन स्वधीवृत्तिरचञ्चला	९५४		अन्तरङ्गविहीनस्य कृतश्रवणकोटयः	२२७
अतोऽन्तरङ्गस्थितकामवेगाद्भोग्ये प्रवृत्तिः	६०		अन्तर्बन्धेन बद्धस्य किं बहिर्बन्धमोचनैः	२४७
अतोऽयं पुत्र आत्मेति मन्यते भ्रान्तिमत्तमः	५२७		अन्तर्बहिः स्वयमखण्डितमेकरूप	७८०
अत्यन्तं श्रद्धया भक्त्या गुरुमीश्वरमात्मनि	३६८		अन्तर्बहिश्चापि मृदेव दृश्यते मृदो न भिन्नं	६८५

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
अन्तर्मुखतया नित्यं षष्ठीं भूमिमुपाश्रितः	९६३		अस्तीत्येवोपलब्धव्यं वस्तुसद्भावनिश्चयात्	२१६
अन्तःशून्यो बहिःशून्यः शून्यकुम्भ इवाम्बरे	९६६		अस्मिन्नात्मन्यनात्मत्वमनात्मन्यात्मतां पुनः	४६२
अन्यत्र त्वन्यधर्माणामुपलम्भो न दृश्यते	६४३		अस्मिन्समाधौ कुरुते प्रयासं यस्तस्य नैवास्ति	९०४
अन्यथा विपरीतं स्यात्कार्यकारणलक्षणम्	५९३		अस्य व्यष्टिरहङ्कारकारणत्वेन कारणम्	३२२
अन्यप्रकाशं न किमप्यपेक्ष्य यतोऽयमाभाति	६२२		अस्य शास्त्रानुसारित्वादनुबन्धचतुष्टयम्	६
अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमय इति वदति	५५७		अस्यावस्था सुषुप्तिः स्याद्यत्रानन्दः प्रकृष्यते	३२५
अपञ्चीकृतभूतेभ्यो जातं सप्तदशाङ्गकम्	३४०		अस्योपाधिः शुद्धसत्त्वप्रधाना माया यत्र त्वस्य	५०४
अपरः क्रियते प्रश्नो मयाऽयं क्षम्यतां प्रभो	६३३		अहं कर्तास्म्यहं भोक्ता सुखीत्यनुभवादपि	५५६
अपरोक्षतयैवात्मा समाधावनुभूयते	६६८		अहं ब्रह्मास्म्यहं ब्रह्मास्म्यहं ब्रह्मेति निश्चयः	९७८
अपरोऽहमनपरोऽहं बहिरन्तश्चापि पूर्ण एवाहम्	८६९		अहं ममेत्येव सदाभिमानं देहेन्द्रियादौ कुरुते	३५३
अपाणिपादोऽहमवागचक्षुः अप्राण एवास्म्यमना	८४२		अहङ्कारस्य विच्छित्तिः श्रवणेन प्रतिक्षणम्	१८३
अबंशकतया जिह्वा रसं गृह्णाति तद्गुणम्	४१४		अहिनिर्ल्वयनीसर्पनिर्मोको जीववर्जितः	९८८
अभाव उभयोः सुप्तौ सर्वैरप्यनुभूयते	७६८		अहिंसा वाङ्मनःकायैः प्राणिमात्राप्रपीडनम्	११२
अभिभूतः स एवात्मा जीव इत्यभिधीयते	३२१		आकाशवाय्वोर्धर्मस्तु वह्न्यादावुपलभ्यते	४०५
अभेद एव नो भेदो जात्येकत्वेन वस्तुतः	३२७		आकाशादिगताः पञ्च सात्त्विकांशाः परस्परम्	३४३
अर्जने रक्षणे दाने व्यये वापि च वस्तुतः	७३		आत्मनः साक्षिमात्रत्वं न कर्तृत्वं न भोक्तृता	४२६
अर्थतोऽप्यद्वयानन्दमतीतद्वैतलक्षणम्	४		आत्मनः सुखरूपत्वादानन्दत्वं स्वलक्षणम्	६२४
अर्था बहुविधाः प्रोक्ता वाक्यानां पण्डितोत्तमैः	७०८		आत्मनः सुखरूपत्वे प्रयत्नः किमु देहिनाम्	६३५
अर्थी समर्थ इत्यादि लक्षणं कर्मिणो मतम्	१८०		आत्मनः सोऽयमध्यासो मिथ्याज्ञानपुरःसरः	५०२
अलाभाद्विगुणं दुःखं वित्तस्य व्ययसम्भवे	८१		आत्मनः स्थूलभोगानामेतदायतनं विदुः	४४७
अवस्तु तत्प्रमाणैर्यद्बाध्यते शुक्तिरौप्यवत्	३०२		आत्मनीव स्वपुत्रेऽपि प्रबलप्रीतिदर्शनात्	५२४
अवस्था सच्चिदानन्दाखण्डैकरसरूपिणी	७०६		आत्मयाथार्थ्यनिश्चित्त्यै कर्तव्यं मननं मुहुः	८१७
अविचारितरमणीयं सर्वमुदुम्बरफलोपमं भोग्यम्	४३		आत्मवत्सर्वभूतेषु यः समत्वेन पश्यति	३६७
अविद्याकार्यकरणसङ्घातेषु पुरोदितः	६५९		आत्मस्वरूपमविचार्य विमूढबुद्धि -	४३०
अविद्याकार्यतस्तुल्यौ द्वावपि स्वप्नजागरौ	७६७		आत्मा खलु प्रियतमोऽसुभृतां यदर्था	६३०
अविद्याहृदयग्रन्थिविमोक्षोऽपि भवेद्यतः	२५७		आत्मातः परमप्रेमास्पदः सर्वशरीरिणाम्	६२७
अविरुद्धं पदार्थान्तरांशं स्वांशं च तत्कथम्	७५१		आत्मानात्मविवेकं ते वक्ष्यामि शृणु सादरम्	२९६
अवेक्ष्य विषये दोषं बुद्धियुक्तो विचक्षणः	६२		आत्मानात्मविवेकं स्फुटतरमग्रे निवेदयिष्यामः	४३१
अवेद्यमानः स्वयमन्यलोकैः सौषुप्तिकं	५९९		आत्मानात्मविवेकार्थं विवादोऽयं निरूप्यते	५२१
अव्यक्तमपरं ब्रह्म वाच्यार्थ इति कथ्यते	७१४		आत्मान्यः सुखमन्यच्च नात्मनः सुखरूपता	६३४
अव्यक्तशब्दिते प्राज्ञे सत्यात्मन्यत्र जाग्रति	५९५		आत्मान्यः सुखमन्यच्चेत्येवं निश्चित्य पामरः	६४०
अव्याकृतात्मनावस्थां जगतो वदति श्रुतिः	५८९		आत्माभासा ततो बुद्धिर्बुद्ध्याभासं ततो मनः	४८४
अशितान्नरसादीनां समीकरणधर्मतः	३७९		आत्मोपाधेरविद्याया अस्ति शक्तिद्वयं महत्	४८९
अष्टावङ्गानि योगस्य यमो नियम आसनम्	९१०		आद्यं नित्यानित्यवस्तुविवेकः साधनं मतम्	१५
असन्नेव घटः पूर्वं जायमानः प्रदृश्यते	५७६		आद्योऽहमनाद्योऽहं	८६७

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
आधारभूतं यदखण्डमाद्यं शुद्धं परं ब्रह्म	६९०		इन्द्रियाणां चेतनत्वं देहे प्राणाः प्रजापतिम्	५४१
आध्यात्मिकादि यद्दुःखं प्राप्तं प्रारब्धवेगतः	१३८		इन्द्रियाणां चेष्टयिता प्राणोऽयं पञ्चवृत्तिकः	५४६
आनन्दघनतामस्य स्वरूपं प्रत्यगात्मनः	६६७		इन्द्रियाणि कथं त्वात्मा करणानि कुठारवत्	५४३
आनन्दप्रचुरत्वेन साधकत्वेन कोशवत्	३१५		इन्द्रियेषु निरुद्धेषु त्यक्त्वा वेगं मनः स्वयम्	१३२
आनन्दरूपमात्मानमज्ञात्वैव पृथग्जनः	६३६		इन्द्रियेष्विन्द्रियार्थेषु प्रवृत्तेषु यदृच्छया	१३१
आघ्राप्ययोस्तु भेदश्चेदाघ्रा चाप्यमवाप्यते	१५८		इन्द्रियैश्चाल्यमानोऽयं चेष्टते न स्वतः क्वचित्	५३८
आभासमात्रास्ताः सर्वा युक्तयोऽप्युक्तयोऽपि	५३२		इममर्थमविज्ञाय निर्णीतं श्रुतियुक्तिभिः	५९०
आयातासु गतासु शैशवमुखावस्थासु	६१५		इयं भूर्न सन्नापि तोयं न तेजो न वायुर्न खं	८८६
आरभन्ते कार्यगुणान्ये कारणगुणा हि ते	३३८		इयं समष्टिरुत्कृष्टा सत्त्वांशोत्कर्षतः पुरा	३११
आरूढस्य विवेकाश्वं तीव्रवैराग्यखड्गिनः	९१		इष्टसाधनताबुद्ध्या गृहीतस्यापि वस्तुनः	२०६
आवृतिस्तमसः शक्तिस्तद्ध्यावरणकारणम्	४९०		इष्टस्य वस्तुनो ध्यानदर्शनाद्युपभुक्तिषु	६४१
आशापाशशतेन पाशितपदो नोत्थातुमेव क्षमः	४९		ईदृशाङ्गसमायुक्तो जिज्ञासुर्युक्तिकोविदः	२५२
आसुरीं सम्पदं त्यक्त्वा भजेद्यो दैवसम्पदम्	३६५		उक्तसाधनसम्पन्नो जिज्ञासुर्यतिरात्मनः	२५३
आस्वाद्यते यो भक्ष्येषु सुखकृन्मधुरो रसः	६७०		उत्तमो मध्यमश्चैव जघन्य इति च त्रिधा	९७
इति गुरुवचनाच्छ्रुतिप्रमाणा - त्परमवगम्य	९२४		उत्थाने वाप्यनुत्थानेऽप्यप्रमत्तो जितेन्द्रियः	९००
इति निश्चयमेतस्य दूषयत्यपरो जडः	५४८		उत्पाद्यमाप्यं संस्कार्यं विकार्यं परिगण्यते	१५५
इति निश्चयशून्यो यो विदेहो मुक्त एव सः	९९५		उपरतिशब्दार्थो ह्युपरमणं पूर्वदृष्टप्रवृत्तिभ्यः	२०७
इति पृष्टो मूढतमो वदिष्यति किमुत्तरम्	५९७		उपरमयति कर्माणीत्युपरतिशब्देन कथ्यते	१५३
इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्यं शिष्यस्तु छिन्नसंशयः	१००३		उपलक्षणमस्यापि तत्त्रिवृत्करणश्रुतिः	४०३
इति साक्षितयात्मानं जानात्यात्मनि साक्षिणम्	८३४		उपलभ्येत केनायं ह्युपलब्धा स्वयं ततः	६०३
इति स्वमात्मानमवेक्षमाणः प्रतीतदृश्यं	८४३		उपाधियोग उभयोः सम एवेशजीवयोः	४७२
इत्यज्ञानमपि ज्ञानं प्रबुद्धेषु प्रदृश्यते	५६७		उपाधियोगसाम्येऽपि जीववत्परमात्मनः	५०३
इत्यवस्थासमुल्लासं विमृशन्मुच्यते सुखी	९५९		उपाधिवैशिष्ट्यकृतो विरोधो	७६३
इत्याचार्यस्य शिष्यस्य संवादेनात्मलक्षणम्	१००५		एककर्त्राश्रयौहस्तौ कर्मण्यधिकृतावुभौ	१९०
इत्यादिवैपरीत्यं तत्साधने चाधिकारिणोः	१८४		एकत्वकथने का वा लक्षणात्रोररीकृता	७०३
इत्यादिश्रुतिसद्भावाद्युक्ता मनस आत्मता	५५३		एकत्वरूपवाक्यार्थो विरुद्धांशविवर्जनात्	७४८
इत्यानन्दसमुत्कर्षः प्रबुद्धेषु प्रदृश्यते	३२६		एकवृत्त्यैव मनसः स्वलक्ष्ये नियतस्थितिः	९६
इत्युक्त्वा स गुरुं स्तुत्वा प्रश्रयेण कृतानतिः	९३६		एकश्चन्द्रः सद्वितीयो यथा स्या - द्दृष्टेर्दोषादेव	६९१
इत्युक्त्वाभिमुखीकृत्य शिष्यं करुणया गुरुः	२९७		एकादशद्वारवतीह देहे सौधे महाराज इवाक्षवर्गैः	४४९
इत्येवं निर्विकारादिशब्दमात्रसमर्पितम्	८९८		एकीकृत्य तरङ्गोऽयमिति निर्दिश्यते यथा	८८३
इत्येवं पण्डितंमन्यैः परस्परविरोधिभिः	५७८		एकीकृत्योच्यते मूर्खैरिदं विश्वमिति भ्रमात्	८८२
इदं जगदयं सोऽयं दृश्यजातमवास्तवम्	९७४		एतत्समष्टिव्यष्ट्योश्चोभयोरप्यभिमानिनोः	४५२
इदं ममेति सर्वेषु दृश्यभावेष्वभावना	९४९		एतत्समष्ट्यवच्छिन्नं चैतन्यं फलसंयुतम्	४३९
इदं स्थूलवपुर्जातं भौतिकं च चतुर्विधम्	४३८		एतत्सर्वं दयादृष्ट्या करामलकवत्स्फुटम्	४७३

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
एतत्संशयजातं मे हृदयग्रन्थिलक्षणम्	५८४		कर्मणा जायते जन्तुः कर्मणैव प्रलीयते	५१२
एतदेवाविविक्तं सदुपाधिभ्यां च तद्गुणैः	३३०		कर्मणा साध्यमानस्यानित्यत्वं श्रूयते यतः	१५४
एतदैक्यप्रमेयस्य प्रमाणस्यापि च श्रुतेः	१०		कर्मानुरूपेण गुणादिकं भवे - द्गुणानुरूपेण	४२३
एतद्दृश्यं नामरूपात्मकं यो - ऽधिष्ठानं तद्ब्रह्म	८९१		काकस्य विष्ठावदसह्यबुद्धिर्भोग्येषु सा	२५
एतस्य संसृतेर्हेतुरध्यासोऽर्थविपर्ययः	५१०		कान्तारे विजने वने जनपदे सेतौ निरीतौ	८३
एते प्राणादयः पञ्च पञ्चकर्मेन्द्रियैः सह	३८२		काम एव यमः साक्षात्कान्ता वैतरणी नदी	५४
एतेभ्यः सूक्ष्मभूतेभ्यः सूक्ष्मदेहा भवन्त्यपि	३३९		कामः क्रोधश्च लोभश्च मदो मोहश्च मत्सरः	१०२
एतैः प्रमाणैरस्तीति ज्ञातः साक्षितया बुधैः	६१०		कामस्य बीजं सङ्कल्पः सङ्कल्पादेव जायते	६५
एतैश्चतुर्भिर्गन्धेन सह पञ्चगुणा मही	४१२		कामस्य विजयोपायं सूक्ष्मं वक्ष्याम्यहं सताम्	६३
एवं सन्मात्रग्राहिण्या वृत्त्या तन्मात्रगाहकैः	८७१		कामादिदृश्यप्रविलापपूर्वं	८७२
एवं सूक्ष्मप्रपञ्चस्य प्रकारः शास्त्रसम्मतः	३९७		कामान्धकारेण निरुद्धदृष्टिर्मुह्यत्यसत्यप्यबला	५०
एवं स्थूलं च सूक्ष्मं च शरीरं नाभिमन्यते	९८९		कामेन कान्तां परिगृह्य तद्वज्जनोऽप्ययं नश्यति	५३
एष एव प्रियतमः पुत्रादपि धनादपि	६२८		कामो नाम महाञ्जगद्भ्रमयिता स्थित्वान्तरङ्गे	५९
एष निष्कण्टकः पन्था मुक्तेर्ब्रह्मात्मना स्थितेः	९०७		कारणस्यानुरूपेण कार्यं सर्वत्र दृश्यते	४०९
एष प्रत्यक्स्वप्रकाशो निरंशो - ऽसङ्गः शुद्धः	४५९		कारणाज्ञाननाशाद्यद्द्रष्टृदर्शनदृश्यता	९५३
ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यमिति च श्रुतिः	१६८		कारागृहस्यास्य च को विशेषः प्रदृश्यते साधु	४७
ऐतदात्म्यमिदं सर्वमित्युक्त्यैव सदात्मनोः	७३१		कालभेदो वस्तुभेदो देशभेदः स्वभेदकः	९९३
ऐहिकामुष्मिकार्थेषु ह्यनित्यत्वेन निश्चयात्	२३		किं करोमि क्व गच्छामि किं गृह्णामि त्यजामि	९२८
ओङ्कारवाच्यहीनात्मा सर्ववाच्यविवर्जितः	९८७		किं मरुन्मृगतृष्णाम्बुपूरेणार्द्रत्वमृच्छति	४६६
औपचारिकमात्मत्वं पुत्रे तस्मान्न मुख्यतः	५३४		किमज्ञानं तदुत्पन्नभयत्यागोऽपि वा कथम्	२७८
क आत्मा कस्त्वनात्मा च किमु लक्षणमेतयोः	२७७		कुक्षौ स्वमातुर्मलमूत्रमध्ये स्थितिं तदा	२८
कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः	३७०		कुड्यादेस्तु जडस्य नैव घटते भानं स्वतः	६२०
कथं मनस आत्मत्वं करणस्य दृगादिवत्	५५४		कुर्वन्नभ्यासमेतस्यां भूम्यां सम्यग्विवासनः	९६४
कथमज्ञानमेवात्मा ज्ञानं चाप्युपलभ्यते	५६६		कृतकत्वमनित्यत्वे हेतुर्जागर्ति सर्वदा	१६६
कथमन्योन्यसापेक्षा कथं वापि समुच्चयः	१८६		कृतिपर्यवसानैव मता तीव्रमुमुक्षुता	२४८
कथमसतः सज्जायेतेति श्रुत्या निषिध्यते	५९४		केचिन्मारुतभोजनाः खलु परे	४३४
कथमेकत्वमनयोर्घटते विपरीतयोः	७२४		केन दुष्टेन युज्येत वस्तु निर्मलमक्रियम्	१६०
करणप्रयोक्ता यः कर्ता तस्यैवात्मत्वमर्हति	५५५		केन वा पुण्यशेषेण तव पादाम्बुजद्वयम्	२६६
करोति खांशकतया वाक्शब्दोच्चारणक्रियाम्	४१५		को नाम लोके पुरुषो विवेकी विनश्वरे	४१
करोति विज्ञानमयोऽभिमानं कर्ताहमेवेति	४२४		कोटीन्धनाद्रिज्वलितोऽपि वह्निरर्कस्य	१८९
कर्तव्यं स्वोचितं कर्म योगमारोढुमिच्छता	८६३		कोशकृमिस्तन्तुभिरात्मदेहमावेष्ट्य चावेष्ट्य च	४५
कर्तृतन्त्रं भवेत्कर्म कर्मतन्त्रं शुभाशुभम्	१९८		कोशत्रयं मिलित्वैतद्वपुः स्यात्सूक्ष्ममात्मनः	३८६
कर्त्रा कर्तुमकर्तुं वाप्यन्यथा कर्म शक्यते	१९१		क्रियैव दिश्यते प्रायः प्राणकर्मेन्द्रियेष्वलम्	३८०
कर्मणः फलमन्यत्तु श्रवणस्य फलं पृथक्	१७८		क्लेशाः स्युर्वासना एव जन्तोर्जन्मादिकारणम्	८४९

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
क्षमावतामेव हि योगसिद्धिः	१४०		जगत्स्रष्टृत्वपातृत्वसंहर्तृत्वादिधर्मकम्	७१३
क्षीणेन्द्रियस्य जीर्णस्य सम्प्राप्तोत्क्रमणस्य वा	६२६		जगद्धेतोस्तु नित्यत्वं सर्वेषामपि सम्मतम्	१६७
खादते मोदते नित्यं शुनकः शूकरः खरः	२४३		जडप्रकाशकः सूर्यः प्रकाशात्मैव नो जडः	६१९
खादीनां भूतमेकैकं सममेव द्विधा द्विधा	३९९		जडस्वभावश्चपलः कर्मयुक्तश्च सर्वदा	५५०
गङ्गापदं यथा स्वार्थं त्यक्त्वा लक्षयते तटम्	७४१		जन्मानेकशतैः सदादरयुजा भक्त्या समाराधितो	२५६
गतेऽपि तोये सुषिरं कुलीरो हातुं ह्यशक्तो	४४		जन्मानेकसहस्रेषु तपसाराधितेश्वरः	२३५
गर्भावासजनिप्रणाशनजराव्याध्यादिषु	३६३		जन्मान्तरकृतानन्तपुण्यकर्मफलोदयः	२६२
गुणरूपादिसादृश्यं दीपवन्न सुते पितुः	५३१		जन्मान्तरे मध्यमस्तु तदन्यस्तु युगान्तरे	२३९
गुरुरेष सदानन्दसिन्धौ निर्मग्नमानसः	१००४		जन्मास्तित्वविवृद्धयः परिणतिश्चापक्षतिर्नाशनं	४६१
गुरुवेदान्तवचनैर्निश्चितार्थे दृढस्थितिः	१२०		जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जाद्याश्चतुर्विधाः	४३५
गुरुवेदान्तवाक्येषु बुद्धिर्या निश्चयात्मिका	२१२		जले निक्षिप्तलवणं जलमात्रतया स्थितम्	८२४
गृहस्पृहा पादनिबद्धशृङ्खला कान्तासुताशा	४८		जिह्वाया वरुणो देवं घ्राणस्य त्वश्विनावुभौ	४१८
गेहादिसर्वमपहाय लघुत्वबुद्ध्या	२४९		जीवन्मुक्तस्य भगवन्ननुभूतेश्च लक्षणम्	९३७
घटं विस्फुरयत्येष चिदाभासः स्वतेजसा	८०७		जीवन्मुक्तिपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते	९७९
घटाभावे घटाकाशो महाकाशो यथा तथा	६९५		जीवात्मेति परात्मेति सर्वचिन्ताविवर्जितः	९८६
घटोऽयमित्यत्र घटाभिधानः प्रत्यक्षतः	२८९		जीवेश्वरेति वाक्ये च वेदशास्त्रेष्वहं त्विति	९९४
चतुर्धा सुविभज्याथ तमेकैकं विनिक्षिपेत्	४००		ज्ञातृज्ञानज्ञेयविहीनं ज्ञातुरभिन्नं ज्ञानमखण्डम्	७८६
चतुर्भिः साधनैः सम्यक्सम्पन्नो युक्तिदक्षिणः	८		ज्ञात्रादिकल्पनाभावान्मतोऽयं निर्विकल्पकः	८२६
चतुर्विधं भूतजातं तत्तज्जातिविशेषतः	४४१		ज्ञात्रादिभावमुत्सृज्य ज्ञेयमात्रस्थितिर्दृढा	८२३
चतुर्विधं स्थूलशरीरजातं तद्भोज्यमन्नादि	६८३		ज्ञात्राद्यविलयेनैव ज्ञेये ब्रह्मणि केवले	८२०
चत्वारि साधनान्यत्र वदन्ति परमर्षयः	१४		ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः	८४७
चित्तं च दृष्टिं करणं तथान्य - देकत्र बध्नाति हि	२२२		ज्ञाननिष्ठातत्परस्य नैव कर्मोपयुज्यते	८५२
चित्तप्रसादेन विनावगन्तुं बन्धं न शक्नोति	३७४		ज्ञानभूमिः शुभेच्छा स्यात्प्रथमा समुदीरिता	९३९
चित्तवृत्तेरतीतो यश्चित्तवृत्त्यावभासकः	९८५		ज्ञानशास्त्रैकपरता समता सुखदुःखयोः	१०८
चित्तस्य साध्यैकपरत्वमेव पुमर्थसिद्धेर्नियमेन	२२१		ज्ञानस्य वस्तुतन्त्रत्वे संशयाद्युदयः कथम्	१९३
चित्तादिसर्वभावेषु ब्रह्मत्वेनैव भावनात्	९१४		ज्ञानस्याप्रतिबद्धत्वं सदानन्दश्च सिध्यति	८२९
चिदात्माहं परात्माहं निर्गुणोऽहं परात्परः	९७५		ज्ञानाज्ञानमयस्त्वात्मा कथं भवितुमर्हति	५७०
चिन्तनं च मनोधर्मः सङ्कल्पादिर्यथा तथा	३४८		ज्ञानादेव तु कैवल्यमिति श्रुत्या निगद्यते	१७१
चिन्ताविषादहर्षाद्याः कामाद्या अस्य वृत्तयः	३५७		ज्ञानेन कर्मणो योगः कथं सिध्यति वैरिणा	८५५
चिन्मयाकारमतयो धीवृत्तिप्रसरैर्गतः	९५५		ज्ञानेन्द्रियाणि निजदैवतचोदितानि	४५०
चैतन्यं तदवच्छिन्नं सत्यज्ञानादिलक्षणम्	७१२		ज्ञानैकनिष्ठानिरतस्य भिक्षो - र्नैवावकाशोऽस्ति	८५७
चैतन्यं तैजस इति निगदन्ति मनीषिणः	३९२		तं विक्रीणाति देहार्थं प्रतिकूलं निहन्ति च	५३०
चैतन्यं व्यष्ट्यवच्छिन्नं प्रत्यगात्मेति गीयते	३२०		तच्चापि पञ्चीकृतभूतजातं शब्दादिभिः	६८८
छायया स्पृष्टमुष्णं वा शीतं वा दुष्टु सुष्टु वा	९३३		ततः प्रामाणिकं पञ्चीकरणं मन्यतां बुधैः	४०४
छायेव सर्वदा वासो ब्रह्मविद्भिः सह स्थितिः	१२३		ततस्तत्सम्बभूवासौ यद्गिरामप्यगोचरम्	९८०

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
ततस्तद्वृत्तिनैश्चल्यं कुम्भकः प्राणसंयमः	९१६		तन्मतं दूषयत्यन्योऽसहमानः पृथग्जनः	५३७
ततो मुमुक्षुर्भवबन्धमुक्त्यै रजस्तमोभ्यां च	३६२		तमःप्रधानप्रकृतिविशिष्टात्परमात्मनः	३३६
ततो व्योमादिभूतानां भागाः पञ्च भवन्ति ते	४०१		तमेव सा धीकर्मेति श्रुतिर्वक्ति महेशितुः	५०७
ततोऽज्ञानस्य विच्छित्तिः कर्मणा नैव सिध्यति	५१६		तयोरुपाधिश्च विशिष्टता च तद्धर्मभाक्त्वं च	७६४
ततोऽप्रामाणिकमिति न किञ्चिदपि चिन्त्यताम्	४०६		तयोरेव विरोधित्वं युक्तं भिन्नस्वभावयोः	५१७
तत्कारणं यदज्ञानं सकार्यं सद्विलक्षणम्	३०१		तस्माच्छ्रद्धा सुसम्पाद्या गुरुवेदान्तवाक्ययोः	२१७
तत्कार्यं सकलं तेन समं भवति बाधितम्	८०१		तस्मात्क्रियान्तरं त्यक्त्वा ज्ञाननिष्ठापरो यतिः	८६२
तत्तत्कालसमागतामयततेः शान्त्यै प्रवृत्तो यदि	१४६		तस्मात्तत्त्वमसीत्यत्र लक्षणा भागलक्षणा	७५३
तत्तद्वृत्तिनिरोधेन बाह्येन्द्रियविनिग्रहः	१३०		तस्मात्तितिक्षया सोढ्वा तत्तद्दुःखमुपागतम्	१५०
तत्त्वमात्मस्थमज्ञात्वा मूढः शास्त्रेषु पश्यति	२९३		तस्मात्त्वं चाप्यप्रमत्तः समाधी - न्कृत्वा ग्रन्थिं	९०८
तत्पदं त्वम्पदं चापि स्वकीयार्थविरोधिनम्	७४९		तस्मात्त्वमभयं नित्यं केवलानन्दलक्षणम्	७८५
तत्पदार्थस्त्वमर्थस्तु किञ्चिज्ज्ञो दुःखजीवनः	७२३		तस्मात्त्वयीदं भ्रमतः प्रतीतं मृषैव नो	२९१
तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि निशामय समासतः	८७९		तस्मादज्ञानविच्छित्त्यै ज्ञानं सम्पादयेत्सुधीः	५१९
तत्राध्यस्तमिदं भाति नामरूपात्मकं जगत्	८८०		तस्मादनर्थस्य निदानमर्थः पुमर्थसिद्धिर्न	८४
तत्सर्वं खल्विदं ब्रह्मेत्यस्य वाक्यस्य पण्डितैः	४५६		तस्मादनित्ये स्वर्गादौ साधनत्वेन चोदितम्	१७३
तथा तत्त्वमसीत्यत्र चैतन्यैकत्वलक्षणे	७३८		तस्मादन्नविकारित्वेनायमन्नमयो मतः	४४६
तथा तत्त्वमसीत्यत्र नास्ति वाक्यार्थसङ्गतिः	७१५		तस्मादात्मा केवलानन्दरूपो यः	६३२
तथापि किञ्चिद्वक्ष्यामि सादरं शृणु तत्परः	४८२		तस्मादावृतिविक्षेपौ किञ्चित्कर्तुं न शक्नुतः	५०६
तथैव दुःखं जन्तूनां ब्रह्मादिपदभागिनाम्	६५५		तस्मादेव तु बुद्धेः कर्तृत्वं तदितरस्य करणत्वम्	३५०
तथैव परमं ब्रह्म महतां च महत्तमम्	६९८		तस्माद्धि कार्यं न कदापि भिन्नं स्वकारणादस्ति	६८७
तथैव प्रत्यगात्माऽपि रविवन्निष्क्रियात्मना	४२८		तस्माद्ब्रह्मात्मनोर्भेदः कल्पितो न तु वास्तवः	६९९
तथैवान्योन्यभेदस्य व्यावर्तकतया तयोः	७२०		तस्मान्न कर्मसाध्यत्वं ब्रह्मणोऽस्ति कुतश्चन	१६४
तथैवैतज्जगत्सर्वमनित्यं ब्रह्मकार्यतः	१९		तस्मान्न मानसो धर्मो निर्गुणत्वान्न चात्मनः	६४७
तदन्तःकरणं वृत्तिभेदेन स्याच्चतुर्विधम्	३४५		तस्मान्मुमुक्षोः कर्तव्या ज्ञाननिष्ठा प्रयत्नतः	८५१
तदप्यपञ्चीकृतभूतजातं रजस्तमःसत्त्वगुणैश्च	६८९		तस्मान्मुमुक्षोरधिका तितिक्षा	१४५
तदर्थं वा त्वमर्थं वा यदि लक्षयति स्वयम्	७४२		तस्य कार्यतया जीववृत्तिर्भवति बाधिता	८०२
तदर्थं वा त्वमर्थं वा सम्यग्लक्षयतः स्वयम्	७५०		तस्यैतस्य महाविष्णोर्महाशक्तेर्महीयसः	३१४
तदर्थस्य परोक्षत्वादिविशिष्टचितेरपि	७१९		तान्येव सूक्ष्मभूतानि व्योमादीनि परस्परम्	३९८
तदर्थे च कथं तत्र सम्प्रवर्तेत लक्षणा	७४४		तापत्रयं तीव्रमवेक्ष्य वस्तु दृष्ट्वा कलत्रं	२३२
तद्वत्त्वयाप्यात्मन उत्तमेत -	२७१		तापैस्त्रिभिर्नित्यमनेकरूपैः सन्तप्यमानः	२३१
तद्वदेव चिदाभासचैतन्यं वृत्तिसंस्थितम्	८०३		तावदेव नरः स्वस्थः सारग्रहणतत्परः	२४५
तद्वद्विषयसान्निध्यादानन्दो यः प्रतीयते	६७१		तितिक्षया तपो दानं यज्ञस्तीर्थं व्रतं श्रुतम्	१४१
तद्विद्याविषयं ब्रह्म सत्यज्ञानसुखात्मकम्	९९६		तितिक्षोरेव विघ्नेभ्यस्त्वनिवर्तितचेतसः	१४४

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
तिष्ठत्येव स्वरूपेण न तु शून्यायते जगत्	५८८		देशकालादिवैशिष्ट्यं विरुद्धांशं निरस्य च	७५६
तीव्रमध्यममन्दातिमन्दभेदाच्चतुर्विधा	२३०		देहत्रयातिरिक्तोऽहं शुद्धचैतन्यमस्म्यहम्	९७६
तेजः शब्दस्पर्शरूपैर्गुणवत्कारणं क्रमात्	४११		देहात्मबुद्धेर्विच्छित्त्यै ज्ञानं कर्म विवृद्धये	८५४
तेजोंशकतया पाणी वह्न्याद्यर्चनतत्परौ	४१६		देहादावहमित्येव भावो दृढतरो धियः	३४९
तेन बन्धोऽस्य जीवस्य संसारोऽपि च तत्कृतः	५०९		देहादिः क्षीयते लोको यथैव कर्मणा चितः	१६५
तेन स्वदौष्ट्यं परिमुच्य चित्तं शनैः शनैः	१३४		देहादिषु स्वकीयत्वदृढबुद्धिविसर्जनम्	११९
तेनैव सर्वजन्तूनां कामना बलवत्तरा	६१		देहोऽयं पितृभुक्तान्नविकाराच्छुक्रशोणितात्	४४५
तेनोपलभ्यते शब्दः कारणस्यातिरेकतः	४०७		द्रष्टा श्रोता वक्ता कर्ता भोक्ता भवत्यहङ्कारः	४२५
तैलधारावदच्छिन्नवृत्त्या तद्ध्यानमिष्यते	८१५		द्वयोरुपाध्योरेकत्वे तयोरप्यभिमानिनोः	३९६
त्रिभिश्च करणैः सम्यग्गृहित्वा वैषयिकीं क्रियाम्	१२२		द्वैतवर्जितचिन्मात्रे पदे परमपावने	९७३
त्वं प्रत्यस्ताशेषविशेषं व्योमेवान्तर्बहिरपि	७९०		धनं भयनिबन्धनं सततदुःखसंवर्धनं	७१
त्वङ्मारुतांशकतया स्पर्शं गृह्णाति तद्गुणम्	४१३		धनकान्ताज्वरादीनां प्राप्तकाले सुखादिभिः	१२५
त्वत्कटाक्षवरचान्द्रचन्द्रिकापातधूतभवतापजः	९३२		धनेन मदवृद्धिः स्यान्मदेन स्मृतिनाशनम्	७७
त्वयापि प्रत्यभिज्ञातं सुखमात्रत्वमात्मनः	६६३		धन्यः कृतार्थस्त्वमहो विवेकः शिवप्रसादस्तव	२८०
दमं विना साधु मनःप्रसादहेतुं न विद्मः सुकरं	१३५		ध्यानपूजादिकं लोके द्रष्टर्येव करोति यः	११७
दयाधाम्ने नमो भूम्ने महिम्नः पारमस्य ते	९२७		न कर्म यत्किञ्चिदपेक्षते हि रूपोपलब्धौ	१९७
दर्शयित्वा सुषुप्तौ तद्ब्रह्माभिन्नत्वमात्मनः	७३०		न कर्मणा न प्रजया धनेनेति स्वयं श्रुतिः	१६९
दशाचतुष्टयाभ्यासादसंसर्गफला तु या	९४५		न कस्यापि स्वसद्भावे प्रमाणमभिकाङ्क्षते	४७६
दहत्यलाभे निःस्वत्वं लाभे लोभो दहत्यमुम्	७५		न केवलाज्ञानमयो घटकुड्यादिवज्जडः	५६९
दिवान्धदृष्टेस्तु दिवान्धकारं प्रत्यक्षसिद्धोऽपि	२८८		न कोऽपि सम्यक्त्वधिया विनैव भोग्यं नरः	६६
दीपाद्दीपो यथा तद्वत्पितुः पुत्रः प्रजायते	५२६		न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति	१४९
दुःखं च भोगकालेऽपि तेषामन्ते महत्तरम्	६५२		न चास्य कश्चिज्जनितेत्यागमेन निषिध्यते	१५७
दुःखप्रत्ययशून्यत्वादानन्दमयता मता	५६३		न ज्ञानकर्मणोर्यस्मात्सहयोगस्तु युज्यते	२०५
दुःखाभावः सुखमिति यदुक्तं पूर्ववादिना	६६४		न तथा विद्यते व्याप्तिर्वह्न्यादेः खनभस्वतोः	४०८
दुःखाभावस्तु लोष्टादौ विद्यते नानुभूयते	६६५		न तु कृत्वैव संन्यासं तूष्णीमेव मृतस्य हि	१४८
दुःखिनोऽपि सुषुप्तौ तु आनन्दमयता ततः	५६४		न देशो न कालो न दिग्वापि सत्स्या -	८९०
दुरदृष्टादिकं नात्र प्रतिबन्धः प्रकल्प्यताम्	६४६		न देहो न चाक्षाणि न प्राणवायु -	८८९
दुष्पारे भवसागरे जनिमृतिव्याध्यादिदुःखोत्कटे	२६५		न प्रमादोऽत्र कर्तव्यो विदुषा मोक्षमिच्छता	९०२
दूरादवेक्ष्याग्निशिखां पतङ्गो रम्यत्वबुद्ध्या	५२		न मेऽस्ति देहेन्द्रियबुद्धियोगो न पुण्यलेशोऽपि	८४१
दृगाद्यविषये व्योम्नि नीलतादि यथाबुधाः	४७९		न वेषभाषाभिरमुष्य मुक्तिर्या	८४५
दृश्यधीवृत्तिरेतस्य केवलीभावभावना	९५७		न शङ्कनीयमित्यार्यैर्ज्ञातार्थे न हि लक्षणा	७४३
दृश्यन्ते येन सन्द्रष्ट्रा दृश्याः स्युरहमादयः	८३२		न शब्दो न रूपं न च स्पर्शको वा	८८७
दृश्यस्यापि च साक्षित्वात्समुल्लेखनमात्मनि	८७३		न सद्द्रव्यजातं गुणा न क्रिया वा	८८८
देवर्षिपितृमर्त्यर्णबन्धमुक्तास्तु कोटिशः	२४६		न सा तत्त्वमसीत्यत्र वाक्य एषा प्रवर्तते	७३६
देवे च वेदे च गुरौ च मन्त्रे तीर्थे महात्मन्यपि	२१५		न साक्षिणं साक्ष्यधर्मा न स्पृशन्ति विलक्षणम्	९३४

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
न सावयव एकस्य नात्मा विषय इष्यते	४७४		निर्णीतमतजातानि खण्डितान्येव पण्डितैः	५७९
न स्वप्नजागरणयोरुभयोर्विशेषः	७६६		निर्विकल्पं परं ब्रह्म यत्तस्मिन्नेव निष्ठिताः	८७७
न हि त्वं देहोऽसावसुरपि च वाप्यक्षनिकरो	७७४		निर्विकल्पकसमाधिनिष्ठया तिष्ठतो भवति	८७५
न हि दुःखप्रदं वस्तु सुखं दातुं समर्हति	६३९		निर्विकल्पसमाधिर्यो वृत्तिनैश्चल्यलक्षणा	९०९
न हि प्रमाणान्तरबाधितस्य याथार्थ्यमङ्गीक्रियते	५८१		निर्विकारं निराकारं निरञ्जनमनामयम्	८९३
न ह्यत्र विषयः कश्चिन्नापि बुद्ध्यादि किञ्चन	६६१		निर्विकारतया वृत्त्या ब्रह्माकारतया पुनः	९२०
न ह्यर्कः कुरुते कर्म न कारयति जन्तवः	४२७		निर्विशेषं निराभासं नित्यमुक्तमविक्रियम्	८९५
नमो नमस्ते गुरवे नित्यानन्दस्वरूपिणे	९२६		निषेधनं प्रपञ्चस्य रेचकाख्यः समीरणः	९१५
नानात्वेन प्रतीतानामज्ञानानामभेदतः	३१०		निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्	१६३
नानायोनिसहस्रेषु जायमानो मुहुर्मुहुः	३५५		निष्कलङ्कं निरातङ्कं त्रिविधच्छेदवर्जितम्	८९४
नानुभूतः कदाप्यात्माननुभूतस्य वस्तुनः	४७०		निष्टप्तमग्निना पात्रमुद्वास्य त्वरया यथा	२३७
नान्तःप्रज्ञो न बहिःप्रज्ञको वा नैव प्रज्ञो नापि	८४०		नृजन्म जन्तोरतिदुर्लभं विदु - स्ततोऽपि	२४०
नाप्येष धर्मो मनसोऽसत्यर्थे तददर्शनात्	६४४		नेति नेतीत्यरूपत्वादशरीरो भवत्ययम्	९९०
नामरूपे पृथक्कृत्वा ब्रह्मण्येव विलापयन्	८८५		नेष्यते तत्प्रकारं ते वक्ष्यामि श्रृणु सादरम्	६८०
नाशकत्वं तदुभयोः को नु कल्पयितुं क्षमः	५१५		नैकधीविषयत्वेन लिङ्गं व्यष्टिर्भवत्यथ	३९१
नाशेषलोकैरनुभूयमानः प्रत्यक्षतोऽयं	२८७		नैतदन्यतमं ब्रह्म कदा भवितुमर्हति	१५६
नासतः सत उत्पत्तिः श्रूयते न च दृश्यते	५९१		नैतस्मात्कर्मणः कार्यमन्यदस्ति विलक्षणम्	५१३
नास्म्यागन्ता नापि गन्ता न हन्ता	८३८		नैव प्रत्यग्जायते वर्धते नो किञ्चिन्नापक्षीयते	४६०
नाहं देहो नाप्यसुर्नाक्षवर्गो	८३५		नैवान्यसाधनापेक्षा शुश्रूषोस्तु गुरुं विना	१८२
नाहं योगी नो वियोगी न रागी	८३९		नैवास्ति काचन भिदा न गुणप्रतीति -	७७२
नाहं स्थूलो नापि सूक्ष्मो न दीर्घो	८३७		नोदेति नास्तमायाति सुखदुःखे मनःप्रभा	९६८
नित्यानन्दस्वरूपोऽहमात्माहं त्वदनुग्रहात्	९३०		पञ्चमीं भूमिमारुह्य सुषुप्तिपदनामिकाम्	९६२
नित्यानन्दाखण्डैकरसं निष्कलम्	७८९		पञ्चानामेव भूतानां रजोंशेभ्योऽभवन् क्रमात्	३७६
नित्यानित्यपदार्थबोधरहितो यश्चोभयत्र स्रगा	२००		पञ्चीकृतेभ्यः खादिभ्यो भूतेभ्यस्त्वीक्षयेशितुः	४३२
नित्यानित्यपदार्थविवेकात्पुरुषस्य जायते सद्यः	२४		पदान्तरेण सिद्धायां पदार्थप्रमितौ स्वतः	७५२
नित्यानित्यविवेकश्च देहक्षणिकतामतिः	२५०		परत्र पूर्वदृष्टस्यावभासः स्मृतिलक्षणः	४६९
नित्याहितेन वित्तेन भयचिन्तानपायिना	८२		परद्रव्यपरद्रोहपरनिन्दापरस्त्रियः	३६६
निद्रा यथा पूरुषमप्रमत्तं समावृणोतीयमपि	४९३		परप्रयुक्तेन चिरप्रयत्नेनावबोधनम्	९४७
निद्रागाढतमोवृतः किल जनः स्वप्ने	२६९		परब्रह्मवदाभाति निर्विकारैकरूपिणी	९५८
निद्रासूतशरीरधर्मसुखदुःखादिप्रपञ्चोऽपि	७६५		परस्परविरुद्धत्वात्तयोर्भिन्नस्वभावयोः	८५३
निमित्तमप्युपादानं स्वयमेव भवन्प्रभुः	३३३		परित्यज्य विरुद्धांशं शुद्धचैतन्यलक्षणम्	७६०
निमेषोन्मेषयोर्वापि तथैव ज्ञानकर्मणोः	८५६		परिपूर्णचिदाकाशे मयि बोधात्मतां विना	९५१
निरुपाधिभ्रमेष्वस्मिन्नैवापेक्षा प्रदृश्यते	४८१		परोक्षत्वापरोक्षत्वसर्वज्ञत्वादिलक्षणम्	७५९
निर्गुणस्य गुणाधानमपि नैवोपपद्यते	१६१		परोक्षत्वापरोक्षत्वादिविशिष्टचितोर्द्वयोः	७५८

श्लोकः	श्लोकाङ्कः	श्लोकः	श्लोकाङ्कः
पश्यतस्त्वहमेवेदं सर्वमित्यात्मनाखिलम्	७८४	प्रसिद्धिरात्मनोऽस्त्येव न कस्यापि च दृश्यते	४७५
पायोर्मृत्युरुपस्थस्य त्वधिदैवं प्रजापतिः	४१९	प्राच्योदीच्याङ्गसद्भावे शमः सिध्यति नान्यथा	१०१
पित्तज्वरार्शःक्षयगुल्मशूलश्लेष्मादिरोगोदित	३३	प्राज्ञत्वमस्यैकाज्ञानभासकत्वेन सम्मतम्	३२३
पुण्यक्षये पुण्यकृतो	३६	प्राणः प्राग्गमनेन स्यादपानोऽवाग्गमनेन च	३७८
पुत्रमित्रकलत्रादिसुखं जन्मनि जन्मनि	२४१	प्राणकर्मेन्द्रियैर्देहः प्रेर्यमाणः प्रवर्तते	३८५
पुत्राद्विशिष्टा देहेऽस्मिन्प्राणिनां प्रीतिरिष्यते	५२९	प्राणायामाद्भवति मनसो निश्चलत्वं प्रसादो	१३६
पुमानजातनिर्वेदो देहबन्धं जिहासितुम्	९३	प्रादेशमात्रः परिदृश्यतेऽर्कः शास्त्रेण	२९०
पुरस्थ एव विषये वस्तुन्यध्यस्यतामिति	४७८	प्राभाकरस्तार्किकश्च तावुभावप्यमर्षया	५५९
पुरानुभूतो नो चेत्तु स्मृतेरनुदयो भवेत्	६०७	प्रियत्वेन मतं यत्तु तत्सदा नाप्रियं नृणाम्	६२९
पुरुषत्वं वदत्यस्य स्वात्मा हि पुरुषस्ततः	५३६	प्रियेषु स्वेषु सुकृतमप्रियेषु च दुष्कृतम्	९९८
पुरो दृष्टे हि विषयेऽध्यस्यन्ति विषयान्तरम्	४६८	प्रीतिमात्रात्कथं पुत्र आत्मा भवितुमर्हति	५२८
पुंसः प्रधानसिद्ध्यर्थमङ्गस्याश्रयणं ध्रुवम्	२०९	बद्धं प्रवृत्तितो विद्धि मुक्तं विद्धि निवृत्तितः	५०१
पूर्ण एव सदाकाशो घटे सत्यप्यसत्यपि	६९६	बधिरोऽहं च काणोऽहं मूक इत्यनुभूतितः	५४०
प्रकाशकत्वादेतेषां सात्त्विकांशत्वमिष्यते	३४४	बन्धमुक्तं ब्रह्मनिष्ठं कृतकृत्यं भजेद्गुरुम्	२५९
प्रचण्डातपमध्यस्थदीपवन्नष्टदीधितिः	८०४	बन्धश्च मोक्षो मनसैव पुंसा	३५९
प्रतिपदमहमादयो विभिन्नाः क्षणपरिणामितया	६१६	बहिरङ्गं श्रुतिः प्राह ब्रह्मचर्यादि मुक्तये	२२५
प्रत्यक्प्रत्ययसन्तानप्रवाहकरणं धियः	९९	बहिरात्मा ततः स्थूलभोगायतनमुच्यते	४४८
प्रत्यक्षः सर्वजन्तूनां देहोऽहमिति निश्चयः	५३५	बहिर्यात्यन्तरायाति भस्त्रिकावायुवन्मुहुः	५४९
प्रत्यक्षादिविरोधः स्यादित्यैक्ये तयोः परित्यक्ते	७२६	बहुकालं समाधाय स्वस्वरूपे तु मानसम्	९२५
प्रत्यक्षेणानुभूतार्थः कथं मिथ्यात्वमर्हति	२७४	बाधते तद्गताज्ञानं यदावरणलक्षणम्	८००
प्रत्यगभिन्नमखण्डं सत्यज्ञानादिलक्षणं शुद्धम्	८७०	बालकल्पितनैल्येन व्योम किं मलिनायते	४६७
प्रत्यग्ब्रह्मविचारपूर्वमुभयोरेकत्वबोधं विना	१७०	बाल्यादिनानावस्थावाञ्शुक्रशोणितसम्भवः	५३९
प्रत्यभिज्ञायते सर्वैरेष सुप्तोत्थितैर्जनैः	६६२	बाह्यमाभ्यन्तरं चेति द्विविधं शौचमुच्यते	११५
प्रत्यभिज्ञायमानत्वाल्लिङ्गमात्रानुमापकम्	६०६	बिम्बभूतपरब्रह्ममात्रं भवति केवलम्	८०५
प्रदृश्यते वस्तुनि यत्र दोषो न तत्र पुंसोऽस्ति	२६	बीजान्यग्निप्रदग्धानि न रोहन्ति यथा पुनः	८५०
प्रब्रवीत्युभयात्मत्वमात्मनः स्वयमेव सा	५६८	बुद्धिकल्पितमालिन्यक्षालनं स्नानमात्मनः	८५८
प्रभवति न हि कुम्भोऽविद्यमानो मृदश्चे -	५९२	बुद्धिस्तथैव सत्त्वात्मा साभासा भास्वराऽमला	४८३
प्रमाणसंशयो यावत्स्वबुद्धेर्न निवर्तते	८१६	बुद्धेरज्ञानकार्यत्वाद्विनाशित्वात्प्रतिक्षणम्	५६०
प्रमाणासौष्ठववृतं संशयादि न वास्तवम्	१९४	बुध्यादि सकलं सुप्तावनुलीनं स्वकारणे	५८७
प्रयोजनं तितिक्षायाः साधितायाः प्रयत्नतः	१५१	बुध्यादिवेद्यविलयादयमेक एव	६०४
प्रयोजनं सम्प्रवृत्तेः कारणं फललक्षणम्	१२	ब्रह्मचर्यमहिंसा च दया भूतेष्ववक्रता	१०६
प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च द्वे एते श्रुतिगोचरे	२०३	ब्रह्मचर्यमहिंसा च साधूनामपि चार्हणम्	१४२
प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च यच्च यावच्च चेष्टितम्	६३१	ब्रह्मचर्यादिभिर्धर्मैर्बुद्धेर्दोषनिवृत्तये	१२९
प्रश्नः समीचीनतरस्तवायं यदात्मतत्त्वावगमे	२८५	ब्रह्मात्मनोस्तत्त्वमसीत्यद्वयत्वोपपत्तये	७००

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानं सन्तः प्राहुः प्रयोजनम्	११		मनोऽप्रसादः पुरुषस्य बन्धो मनःप्रसादो	३७५
ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानाद्यद्विद्वान्मोक्तुमिच्छति	२२८		मन्दप्रज्ञावतां तस्मात्करणीयं पुनः पुनः	८११
ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु वैराग्यं विषयेष्वनु	११४		मयि सुखबोधपयोधौ महति ब्रह्माण्ड	९२९
ब्रह्मानन्दरसावेशादेकीभूय तदात्मना	८९९		मर्त्यत्वं त्वयि कल्पितं भ्रमवशात्तेनैव	२८६
ब्रह्मानन्दरसास्वादतत्परेणैव चेतसा	७९३		मर्त्यत्वसिद्धेरपि पुंस्त्वसिद्धे - र्विप्रत्वसिद्धेश्च	२८४
ब्रह्मैव नित्यमन्यत्तु ह्यनित्यमिति वेदनम्	१७		मर्त्यस्य मम जन्मादिदुःखभाजोऽल्पजीविनः	२७६
ब्रह्मैवास्मीति सद्वृत्त्या निरालम्बतया स्थितिः	९१९		मलिनस्यैव संस्कारो दर्पणादेरिहेष्यते	१५९
ब्रह्मैवाहं चिदेवाहमेवं वापि न चिन्त्यते	९८३		महाप्रपञ्चावच्छिन्नं विश्वप्राज्ञादिलक्षणम्	४५४
ब्रह्मैवाहमहं ब्रह्म निर्गुणं निर्विकल्पकम्	७९१		मात्रादिलक्षणं किन्तु शून्यमेवोपलभ्यते	५७३
भगवन्करुणासिन्धो भवसिन्धोर्भवांस्तरिः	२६१		मायाकार्यैस्तिरोभूतो नैष आत्मानुभूयते	४७७
भयं तमश्च विक्षेपस्तेजस्पन्दश्च शून्यता	९२२		मायोपहितचैतन्यं साभासं सत्त्वबृंहितम्	३१२
भवाननात्मनो धर्मानात्मन्यारोप्य शोचति	२७२		मार्गे प्रयातुर्मणिलाभवन्मे लभेत मोक्षो यदि	२३४
भागं विरुद्धं सन्त्यज्याविरोधो लक्ष्यते यदा	७५४		मिथ्यासम्बन्धतस्तत्र ब्रह्मण्याश्रित्य तिष्ठति	३०५
भागलक्षणया सम्यग्लक्षयत्यनया यथा	७५७		मुक्तस्येश्वररूपत्वाद्गुरोर्वागपि तादृशी	२१९
भूमिकात्रितयाभ्यासाच्चित्तेऽर्थविरतेर्वशात्	९४४		मुक्तिश्रीनगरस्य दुर्जयतरं द्वारं यदस्त्यादिमं	९०
भूमिकापञ्चकाभ्यासात्स्वात्मारामतया भृशम्	९४६		मुखमात्रं भवेत्तद्वदेतच्चोपाधिसङ्क्षयात्	८०६
भूम्यंशकतया पायुः कठिनं मलमुत्सृजेत्	४१७		मुख्यगौणादिभेदेन विद्यन्तेऽत्राधिकारिणः	७९६
भूयो जन्माद्यप्रसक्तिर्विमुक्तिः क्लेशक्षत्यां भाति	८४८		मुमुक्षोरपि कर्मास्तु श्रवणं चापि साधनम्	१७४
भेदो न विद्यते वस्तुन्यद्वितीये परात्मनि	६७९		मुमुक्षोर्यत्नतः कार्यौ विपरीतनिवृत्तये	८२८
भोगकाले भवेन्नॄणां ब्रह्मादिपदभागिनाम्	६५४		मुमुक्षोर्युज्यते त्यागः कथं विहितकर्मणः	१७७
भोगकालेऽपि भोगान्ते दुःखमेव प्रयच्छति	६५३		मूढा अश्रुतवेदान्ताः स्वयं पण्डितमानिनः	५२२
भोगेन मत्तता जन्तोर्दानेन पुनरुद्भवः	७६		मूढानां प्रतिबिम्बादौ बालानामिव दृश्यते	४८५
भोग्ये नरः कामजयेच्छुरेतां सुखत्वबुद्धिं विषये	६७		मूलाज्ञानविनाशेन कारणाभासचेष्टितैः	९५२
भ्रान्त्या ब्रह्मणि भेदोऽयं सजातीयादिलक्षणः	७६९		मृदादिकारणं नित्यं त्रिषु लोकेषु दर्शनात्	१८
भ्रान्त्या मनुष्योऽहमहं द्विजोऽहं	४६३		मोक्षस्य कालोऽस्ति किमद्य मे त्वरा	२३३
भ्रान्त्या यत्र यदध्यासस्तत्कृतेन गुणेन वा	४६५		मोक्षाधिकारी संन्यासी गृहस्थः किल कर्मणि	१८१
भ्रान्त्योदितद्वैतमतिप्रशान्त्या सदैकमेवास्ति	६९३		मोक्षेच्छया यदहरेव विरज्यतेऽसौ	२०१
मदोद्धतिं मान्यतिरस्कृतिं च कामातुरत्वं	३१		य एष देहो जनितः स एव समेधते नश्यति	७७६
मनःप्रसादसिद्ध्यर्थं साधनं श्रूयतां बुधैः	१०५		यं न प्रकाशयति किञ्चिदिनोऽपि चन्द्रः	६२३
मनःप्रसादस्य निदानमेव निरोधनं	१३३		यः समस्तार्थजालेषु व्यवहार्यपि शीतलः	९७२
मनस्तु सर्वं जानाति सर्ववेदनकारणम्	५५१		यः स्वप्नमद्राक्षमहं सुखं यो -	६१७
मनस्यपि च बुद्धौ च चित्ताहङ्कारयोः क्रमात्	३४७		यज्जायते वस्तु तदेव वर्धते तदेव मृत्युं समुपैति	७७५
मनो मनोमयः कोशो भवेज्ज्ञानेन्द्रियैः सह	३५६		यत एवमतो युक्ता ह्यज्ञानस्यात्मता ध्रुवम्	५६५
मनो ह्यमुष्य प्रवणस्य हेतु - रन्तर्बहिश्चार्थमनेन	३५८		यतस्ततो ब्रह्म सदाद्वितीयं विकल्पशून्यं	७७१

श्लोकः	श्लोकाङ्कः	श्लोकः	श्लोकाङ्कः
यतस्तस्मात्तु पुत्रादेः शून्यान्तस्य विशेषतः	५८०	यन्न स्वबन्धोऽभिमतो मूढस्यापि क्वचित्ततः	२०४
यतस्तस्मादिन्द्रियाणां युक्तमात्मत्वमित्यमुम्	५४२	यमस्य कामस्य च तारतम्यं विचार्यमाणे	५६
यत्कार्यरूपेण यदीक्ष्यते त - त्तन्मात्रमेवात्र	६८४	यमालये वापि गृहेऽपि नो नृणां	५५
यत्ततो बिम्ब आनन्दः प्रतिबिम्बेन लक्ष्यते	६५८	यमावलोकोदितभीतिकम्पमर्मव्यथोच्छ्वासगतीश्च	३४
यत्तस्मादसतः सर्वं सदिदं समजायत	५७७	यमेषु निरतो यस्तु नियमेषु च यत्नतः	३६४
यत्र नान्यत्पश्यतीति श्रुतिर्द्वैतं निषेधति	७७०	यमोऽसतामेव करोत्यनर्थं सतां तु सौख्यं	५७
यत्र यत्र मनो याति ब्रह्मणस्तत्र दर्शनात्	९१८	यस्य कस्यापि योगेन यत्र कुत्रापि दृश्यते	६७२
यत्र यत्र मृतो ज्ञानी परमाक्षरवित्सदा	१०००	यस्य चित्तं निर्विषयं हृदयं यस्य शीतलम्	३७२
यत्रात्मनोऽकामयितृत्वबुद्धिः स्वप्नानपेक्षापि	६०८	यस्य देहादिकं नास्ति यस्य ब्रह्मेति निश्चयः	९७७
यत्रास्ति लोके गतितारतम्यम्	४०	यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते	९७१
यत्रोपभुङ्क्ते विषयान्स्थूलानेष महामतिः	४५१	यस्य प्रपञ्चभानं न ब्रह्माकारमपीह न	९८४
यत्स्वप्रकाशमखिलात्मकमासुषुप्ते -	७७७	यस्य प्रसादेन विमुक्तसङ्गाः शुकादयः	२८२
यत्स्वेन दृष्टं सम्यक्च श्रुतं तस्यैव भाषणम्	११८	यस्य संनिधिमात्रेण स्वयं न स्फूर्तिमृच्छति	१८८
यथा कुवलयोल्लासश्चन्द्रस्यैव प्रसादतः	६७३	यस्येदं सकलं विभाति महसा तस्य	६००
यथा तथा पुत्रकलत्रमित्रस्नेहानुबन्धैर्ग्रथितो	४६	यस्यैतद्विद्यते सर्वं तस्य चित्तं प्रसीदति	१०९
यथा तथैव सा वृत्तिर्ब्रह्ममात्रतया स्थिता	८२५	यात्येष विषयानन्दो यस्तु पुण्यैकसाधनः	६५१
यथा प्रसुप्तिप्रतिभासदेहे स्वात्मत्वधीरेष तथा	४९५	यावद्यावच्च सद्बुद्धे स्वयं सन्त्यज्यतेऽखिलम्	९९९
यथा लूता निमित्तं च स्वप्रधानतया भवेत्	३३५	यावन्न तत्त्वम्पदयोरर्थः सम्यग्विचार्यते	७०५
यथा वस्तु तथा ज्ञानं प्रमाणेन विजायते	१९२	यावन्न तर्केण निरासितोऽपि दृश्यप्रपञ्चस्त्व	८१८
यथा विजृम्भते दीप ऋजूकरणकर्मणा	१७५	यावन्नाश्रयते रोगो यावन्नाक्रमते जरा	२४४
यथा समाधित्रितयं यत्नेन क्रियते हृदि	८७८	युक्त्यात्मानात्मनोस्तस्मात्करणीयं विवेचनम्	५२०
यथार्थदर्शनं वस्तुन्यनर्थस्यापि चिन्तनम्	७०	येन नाराधितो देवो यस्य नो गुर्वनुग्रहः	१०४
यथार्थवादिता पुंसां श्रद्धाजननकारणम्	२१८	येनानुभूयते सर्वं जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु	६०१
यथास्थितमिदं सर्वं व्यवहारवतोऽपि च	९६७	येषामाशा निराशा स्याद्दारापत्यधनादिषु	८७
यदनाद्यन्तमव्यक्तं चैतन्यमजमक्षरम्	४५५	यो जागर्ति सुषुप्तिस्थो यस्य जाग्रन्न विद्यते	९६९
यदालम्बो दरं हन्ति सतां प्रत्यूहसम्भवम्	३	यो बिम्बभूत आनन्दः स आत्मानन्दलक्षणः	६५६
यदास्त्युपाधिस्तदभिन्न आत्मा तदा सजातीय	६९४	योगं समारोहति यो मुमुक्षुः क्रियान्तरं तस्य	८६४
यदिदं परमं सत्यं तत्त्वं सच्चित्सुखात्मकम्	७७३	योगमभ्यस्यतो भिक्षोर्योगाच्चलितमानसः	१४७
यद्यत्स्वाभिमतं वस्तु तत्त्यजन्मोक्षमश्नुते	१००१	योगारूढस्य सिद्धस्य कृतकृत्यस्य धीमतः	८६५
यद्यदुक्तं ज्ञानशास्त्रे श्रवणादिक्रमेषु यः	१२४	योऽहं ममेत्याद्यसदात्मगाहको ग्रन्थिर्लयं	९०६
यद्यद्दृष्टं भ्रान्तिमत्या स्वदृष्ट्या	७८३	रक्षा तितिक्षासदृशी मुमुक्षो -र्न विद्यतेऽसौ	१३९
यद्यन्निष्पाद्यते कर्म पुण्यं वा पापमेव वा	३८३	रजसस्तमसश्चैव प्राबल्यं सत्त्वहानतः	५०८
यद्यस्ति चात्मा किमु नोपलभ्यते	५८३	रजस्तमोभ्यां मलिनं त्वशुद्धमज्ञानजं	३६०
यद्येन वर्धते तेन नाशस्तस्य न सिध्यति	५१४	रजोदोषैर्युक्तं यदि भवति विक्षेपकगुणैः	३६१

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
रज्जोः स्वरूपाधिगमे न सर्पधी रज्ज्वां विलीना	६९२		विक्षेपशक्त्या परिचोद्यमानः करोति	४९६
रज्जोस्तु तत्त्वमनवेक्ष्य गृहीतसर्प-	२७०		विघ्नानेतान्परित्यज्य प्रमादरहितो वशी	९२३
रत्ने यदि शिलाबुद्धिर्जायते वा भयं ततः	६९		विचारणाशुभेच्छाभ्यामिन्द्रियार्थेषु रक्तता	९४३
रवेर्यथा कर्मणि साक्षिभावो वह्नेर्यथा वाऽयसि	९३५		विजातीयशरीरादिप्रत्ययत्यागपूर्वकम्	८१४
रागद्वेषभयादीनामनुरूपं चरन्नपि	९७०		विज्ञातपरमार्थानां शुद्धसत्त्वात्मनां सताम्	८६१
राजसीं तु क्रियाशक्तिं तमःशक्तिं जडात्मिकाम्	३८१		विज्ञानं यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च	५५८
राज्ञो भयं चौरभयं प्रमादाद्भयं तथा ज्ञातिभयं च	७२		विज्ञानं विज्ञानविदां मलानां च मलात्मकम्	९८१
रुद्रस्त्वहङ्कृतेर्दैवं क्षेत्रज्ञश्चित्तदैवतम्	४२०		विज्ञानमयकोशः स्याद् बुद्धिर्ज्ञानेन्द्रियैः सह	३५१
रूपज्ञानं यथा सम्यग्दृष्टौ सत्यां भवेत्तथा	१९६		विज्ञानमयकोशोऽयमिति विद्वद्भिरुच्यते	३५२
लक्षणा ह्युपगन्तव्या ततो वाक्यार्थसिद्धये	७३४		विज्ञानमयादन्यं त्वानन्दमयं परं तथात्मानम्	५६२
लक्ष्यते प्रतिबिम्बेनाभासानन्देन बिम्बवत्	६५७		विदिताविदितान्योऽहं मायातत्कार्य	८६८
लब्ध्वा सुदुर्लभतरं नरजन्म जन्तु -	२४२		विदित्वा सच्चिदानन्दे मयि दृश्यपरम्पराम्	९५०
लिङ्गमित्युच्यते स्थूलापेक्षया सूक्ष्ममिष्यते	३८७		विदेहमुक्तिरेवात्र तुर्यातीतदशोच्यते	९६५
लोकान्तरे वात्र गुहान्तरे वा तीर्थान्तरे	२९२		विद्यमानस्य मिथ्यात्वं कथं नु घटते प्रभो	२७५
लोभः क्रोधश्च दम्भश्च मदो मत्सर एव च	८०		विद्यां चाविद्यां चेति सहोक्तिरियमुपकृता	१९९
वक्ष्ये तुभ्यं ज्ञानभूमिकाया लक्षणमादितः	९३८		विद्यैश्वर्यतपोरूपकुलवर्णाश्रमादिभिः	१२१
वदन्तमेवं तं शिष्यं दृष्ट्वैव दयया गुरुः	२६७		विद्वन्मृत्युभयं जहीहि भवतो नास्त्येव मृत्युः	२६८
वनस्य व्यष्ट्यभिप्रायाद्भूरुहा इत्यनेकता	३१८		विद्वानहमिदमिति वा किञ्चि	८७६
वस्तु तावत्परं ब्रह्म नित्यं सत्यं ध्रुवं विभु	१९५		विनिषिध्याखिलं दृश्यं स्वस्वरूपेण या	८६०
वस्तु तावत्परं ब्रह्म सत्यज्ञानादिलक्षणम्	३००		विपरीतात्मतास्फूर्तिरेव मुक्तिरितीर्यते	८४४
वस्तुन्यवस्त्वारोपो यः सोऽध्यारोप इतीर्यते	२९९		विपरीतार्थधीर्यावन्न निःशेषं निवर्तते	९०१
वस्त्वन्तरस्याभावेन न व्यावृत्त्यः कदाचन	६७६		विराड् हिरण्यगर्भश्च ईश्वरश्चेति ते त्रयम्	९९१
वाक्यार्थ एव ज्ञातव्यो मुमुक्षोर्भवमुक्तये	७०७		विरुद्धधर्माक्रान्तत्वात्परस्परविलक्षणौ	७२५
वाक्यार्थत्वे विरोधोऽस्ति प्रत्यक्षादिकृतस्ततः	७२१		विरुद्धांशपरित्यागात्प्रत्यक्षादिर्न बाध्यते	७३३
वाक्यार्थत्वे विशिष्टस्य संसर्गस्य च वा पुनः	७२८		विरुध्यते भागमात्रो न तु सर्वो विरुध्यते	७३९
वाक्ये तत्त्वमसीत्यत्र ब्रह्मात्मैकत्वबोधके	७४७		विरूपतां सर्वजनादवज्ञां सर्वत्र दैन्यं	३२
वाक्ये तत्त्वमसीत्यत्र विद्यते यत्पदत्रयम्	७०९		विवदन्ति प्रकारं तं शृणु वक्ष्यामि सादरम्	५२३
वाचः साक्षी प्राणवृत्तेश्च साक्षी बुद्धेः साक्षी	८३६		विवर्तस्यास्य जगतः सन्मात्रत्वेन दर्शनम्	६८१
वाच्यार्थस्य तु सर्वस्य त्यागे न फलमीक्ष्यते	७४०		विवेकजां तीव्रविरक्तिमेव मुक्तेर्निदानं प्रवदन्ति	९२
वाच्यैकत्वविवक्षायां विरोधः कः प्रतीयते	७०२		विवेकवानप्यतियौक्तिकोऽपि श्रुतात्मतत्त्वोऽपि	४९१
वायुनोचालितो वृक्षो नानारूपेण चेष्टते	३८४		विवेकिनो विरक्तस्य ब्रह्मनित्यत्ववेदिनः	१७२
वायोरग्निस्तथैवाग्नेरापोऽद्भ्यः पृथिवी क्रमात्	३३७		विवेको जन्तूनां प्रभवति जनिष्वेव बहुषु	२८३
वाय्वर्कवह्नीन्द्रमुखान्सुरेन्द्रानीशोग्रभीत्या	३७		विशेषणं तु व्यावृत्त्यै भवेद्द्रव्यान्तरे सति	६७५
विक्षेपनाम्नी रजसस्तु शक्तिः प्रवृत्तिहेतुः	४९२		विशेषणविशेष्यत्वसंसर्गस्येतरस्य वा	७१७

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
विश्वस्य वृद्धिं स्वयमेव काङ्क्षन्प्रवर्तकं	५८		शुद्धोऽहं बुद्धोऽहं प्रत्यग्रूपेण नित्यसिद्धोऽहम्	८६६
विश्वोऽस्मिन्स्थूलदेहेऽत्र स्वाभिमानेन तिष्ठति	४४३		शुभेच्छादित्रयं भूमिभेदाभेदयुतं स्मृतम्	९६०
विषयः शुद्धचैतन्यं जीवब्रह्मैक्यलक्षणम्	९		शुश्रूषया सदा भक्त्या प्रणामैर्विनयोक्तिभिः	२६०
विषयव्यापृतिं त्यक्त्वा श्रवणैकमनःस्थितिः	१००		शृणु वक्ष्यामि सकलं यद्यत्पृष्टं त्वयाधुना	५८६
विषयेष्वात्मतां त्यक्त्वा मनसश्चिति मज्जनम्	९१७		शृणुष्वावहितो विद्वन् अद्य ते फलितं तपः	७०४
विस्मृत्य वस्तुनस्तत्त्वमध्यारोप्य च वस्तुनि	२९५		शौक्ल्याद्यावर्तते नीलेनोत्पलं तु विशेषितम्	७१६
वृत्तेर्दृश्यपरित्यागो मुख्यार्थ इति कथ्यते	२०८		श्रद्धाभक्तिपुरःसरेण विहितेनैवेश्वरं कर्मणा	७९७
वृत्तौ चिरानुभूतान्तरानन्दानुभवस्थितौ	९५६		श्रद्धाभक्तिमतीं सतीं गुणवतीं	८५
वेदान्तशास्त्रसिद्धान्तसारसङ्ग्रह उच्यते	५		श्रद्धावतामेव सतां पुमर्थः समीरितः सिध्यति	२१३
वेदेनाप्यसदेवेदमग्र आसीदिति स्फुटम्	५७५		श्रद्धाविहीनस्य तु न प्रवृत्तिः प्रवृत्तिशून्यस्य	२१४
वैराग्यरहिता एव यमालय इवालये	९४		श्रवणान्मननाद्ध्यानात्तात्पर्येण निरन्तरम्	८१०
वैलक्षण्यं च सामग्र्योश्चोभयत्राधिकारिणोः	१७९		श्रीमद्भिरुक्तं सकलं मृषेति दृष्टान्त एव	२७३
वैश्वानरो विश्वनरेष्वात्मत्वेनाभिमानतः	४४०		श्रुतस्यैवाद्वितीयस्य वस्तुनः प्रत्यगात्मनः	८१३
व्यष्टिरेषास्य विश्वस्य भवति स्थूलविग्रहः	४४४		श्रुते दृष्टेऽपि वा भोग्ये यस्मिन्कस्मिंश्च वस्तुनि	६४
व्यष्टिर्मलिनसत्त्वैषा रजसा तमसा युता	३१९		श्रुत्या निरुक्तं सुखतारतम्यं कीटान्तमारभ्य	३८
व्युत्क्रमेण तदुत्पत्तेर्द्रष्टव्यं सूक्ष्मबुद्धिभिः	६८२		श्रुत्या सत्त्वपुराणानां सेवया सत्त्ववस्तुनः	३७१
व्रीह्याद्योषधयः सर्वा वायुतेजोऽम्बुभूमयः	४३३		श्रुत्याधिदेवतावाद इन्द्रियेषूपचर्यते	५४४
शक्त्या महत्यावरणाभिधानया समावृते	४९४		श्रुत्यान्योऽन्तर आत्मा प्राणमय इतीर्यते	५४७
शब्दादिविषयेभ्यो यो विषवन्न निवर्तते	१०३		श्रुत्याप्येकत्वमनयोस्तात्पर्येण निगद्यते	७२७
शमादिषट्कसम्पत्तिस्तृतीयं साधनं मतम्	१६		श्रुत्युक्तमव्ययमनन्तमनादिमध्य -	७८१
शमो दमस्तितिक्षोपरतिः श्रद्धा ततः परम्	९५		श्रुत्युक्ताः षोडशकलाश्चिदाभासस्य नात्मनः	६१८
शरीरकरणग्रामप्राणाहमधिदेवताः	४२२		श्रुत्युक्तार्थावगाहाय विदुषा ज्ञेयवस्तुनि	२२०
शरीरतद्योगतदीयधर्मा - द्यारोपणं	७८२		श्रुत्यैव न ततस्तेषां गुणत्वमुपपद्यते	६७७
शास्त्रविद्गुणदोषज्ञो भोग्यमात्रे विनिस्पृहः	२३६		श्रुत्योदितं ततो ब्रह्म ज्ञेयं बुद्ध्यैव सूक्ष्मया	८०९
शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकम्	९४२		श्रेष्ठं पूज्यं विदित्वा मां मानयन्तु जना भुवि	१२६
शास्त्रार्थकोविदैरर्थो वाच्यो लक्ष्य इति द्विधा	७१०		श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानि पञ्च जातानि	३४२
शिरो विवेकस्त्वत्यन्तं वैराग्यं वपुरुच्यते	२५१		श्रोत्रादिपञ्चकं चैव वागादीनां च पञ्चकम्	३४१
शिव एव गुरुः साक्षाद्गुरुरेव शिवः स्वयम्	२५८		श्रोत्रियो ब्रह्मनिष्ठो यः प्रशान्तः समदर्शनः	२५४
शिवः शैवागमस्थानां कालः कालैकवादिनाम्	९८२		श्लेष्मोद्गारि मुखं स्रवन्मलवती नासाश्रुमल्लोचनं	५१
शिवप्रसादेन विना न सिद्धिः शिवप्रसादेन विना	२८१		षड्भूमिकाचिराभ्यासाद्भेदस्यानुपलम्भनात्	९४८
शिष्टान्नमीशार्चनमार्यसेवां तीर्थाटनं	३६९		स एव सद्यस्तरति संसृतिं गुर्वनुग्रहात्	२३८
शुक्तेर्बाधा न खल्वस्ति रजतस्य यथा तथा	३०३		स वस्तुधर्मो नो यस्मान्मनस्येवोपलभ्यते	६४२
शुद्धं बुद्धं तत्त्वसिद्धं परं प्रत्यगखण्डितम्	८९६		सङ्कल्पवानहं चिन्तावानहं च विकल्पवान्	५५२
शुद्धचैतन्यरूपत्वं चित्त्वं ज्ञानस्वरूपतः	६१२		सङ्कल्पानुदये हेतुर्यथाभूतार्थदर्शनम्	६८

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
सङ्कल्पान्मन इत्याहुर्बुद्धिरर्थस्य निश्चयात्	३४६		सम्यक्समाधिनिरतैर्विमलान्तरङ्गे	७७९
सच्चिन्तनस्य सम्बन्धो विघ्नोऽयं निर्जने ततः	१२७		संयोज्य स्थूलतां यान्ति व्योमादीनि	४०२
सजातीयप्रवाहश्च विजातीयतिरस्कृतिः	९१२		सर्गं वक्त्यस्य तस्माद्वा एतस्मादित्यपि श्रुतिः	२०
सतामपि पदार्थस्य लाभाल्लोभः प्रवर्तते	७४		सर्वं ब्रह्मेति विज्ञानादिन्द्रियग्रामसंयमः	९११
सति प्रपञ्चे जीवे वाद्वैतत्वं ब्रह्मणः कुतः	७३२		सर्वं सर्वगतं शान्तं ब्रह्म सम्पद्यते तदा	१००२
सतो भिन्नमभिन्नं वा न दीपस्य प्रभा यथा	३०८		सर्वज्ञोऽप्रतिबद्धबोधविभवस्तेनैव देवः स्वयं	५०५
सत्कर्मक्षयपाप्मनां श्रुतिमतां सिद्धात्मनां	८८		सर्वदाप्यासमित्येवाभिन्नप्रत्यय ईक्ष्यते	६१४
सत्त्वं चित्त्वं तथानन्दः स्वरूपं परमात्मनः	६७४		सर्वमेतद्यथापूर्वं करामलकवत्स्फुटम्	२७९
सत्त्वचित्त्वानन्दतादि स्वरूपमिति निश्चितम्	६७८		सर्ववेदान्तवाक्यानां षड्भिर्लिङ्गैः सदद्वये	८१२
सत्त्वचित्त्वानन्दतादिलक्षणं प्रत्यगात्मनः	६११		सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसङ्ग्रहनामकः	१००६
सत्त्वप्रधाने चित्तेऽस्मिंस्त्वात्मैव प्रतिबिम्बति	६४८		सर्वशक्तिगुणोपेतः सर्वज्ञानावभासकः	३१३
सत्त्वापत्तिश्चतुर्थी स्यात्ततोऽसंसक्तिनामिका	९४०		सर्वस्य दाहको वह्निर्वह्नेर्नान्योऽस्ति दाहकः	६०२
सत्यं निर्ममता स्थैर्यमभिमानविवर्जनम्	१०७		सर्वस्यानित्यत्वे सावयवत्वेन सर्वतः सिद्धे	२१
सत्यर्थेऽपि च नोदेति ह्यानन्दस्तूक्तलक्षणः	६४५		सर्वाकारं सर्वमसर्वं सर्वनिषेधावधिभूतं यत्	७८८
सत्युपाध्योरभिन्नत्वे क्व भेदस्तद्विशिष्टयोः	३२८		सर्वात्मभावो विदुषो ब्रह्मविद्याफलं विदुः	९०५
सदयं ह्येष एवेति प्रस्तुत्य वदति श्रुतिः	६६६		सर्वानर्थस्य तद्बीजं योऽन्यथाग्रह आत्मनः	४९९
सदसद्भ्यामनिर्वाच्यमज्ञानं त्रिगुणात्मकम्	३०४		सर्वेन्द्रियाणां गतिनिग्रहेण भोग्येषु	१३७
सद्भावे लिङ्गमेतस्य कार्यमेतच्चराचरम्	३०६		सर्वेशत्वस्वतन्त्रत्वसर्वज्ञत्वादिभिर्गुणैः	७२२
सद्भिः स एव विज्ञेयः समाधिः सविकल्पकः	८२१		सर्वो विरुद्धवाक्यार्थस्तत्र प्रत्यक्षतस्ततः	७३७
सन्मात्रवस्तुभानेऽपि त्रिपुटी भाति सन्मयी	८२२		सर्वोपरमहेतुत्वात्सुषुप्तिस्थानमिष्यते	३१६
संन्यसेत्सुविरक्तः सन्निहामुत्रार्थतः सुखात्	२१०		सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं सच्चिदानन्दमद्वयम्	७६१
संन्यस्य तु यतिः कुर्यान्न पूर्वविषयस्मृतिम्	२११		सविकल्पसमाधिं यो दीर्घकालं निरन्तरम्	८७४
समष्टिः स्यात्तरुगणः सामान्येन वनं यथा	३८८		सविकल्पस्तयोर्यत्तल्लक्षणं वच्मि तच्छृणु	८३०
समष्टिरूपमज्ञानं साभासं सत्त्वबृंहितम्	७११		सविकल्पो निर्विकल्प इति द्वेधा निगद्यते	८१९
समष्टेरपि च व्यष्टेः सामान्येनैव पूर्ववत्	३९५		संसारबन्धनिर्मुक्तिः कदा झटिति मे भवेत्	१२८
समस्तेभ्यो रजोंशेभ्यो व्योमादीनां	३७७		संसारमृत्योर्बलिनः प्रवेष्टुं द्वाराणि च त्रीणि	८९
समाधिः कः कतिविधस्तत्सिद्धेः किमु	७९५		सहयोगो न घटते तथैव ज्ञानकर्मणोः	१८७
समाधिसुप्त्योर्ज्ञानं चाज्ञानं सुप्त्यात्र नेष्यते	८२७		सहवासश्च संसर्गोऽष्टधा मैथुनं विदुः	१११
समाधौ क्रियमाणे तु विघ्ना ह्यायान्ति वै	९२१		साक्षिणं स्वं विजानीयाद्यस्ताः पश्यति	८३३
संमिता इन्द्रियस्थानेष्विन्द्रियाणां समन्ततः	४२१		साधनचतुष्टयसम्पत्तिर्यस्यास्ति धीमतः पुंसः	१३
सम्पन्नोऽन्धवदेव किञ्चिदपरं नो वीक्षते चक्षुषा	७९		साधनत्वेन दृष्टानां सर्वेषामपि कर्मणाम्	१५२
सम्प्रीतिमक्ष्णोर्वदनप्रसाद - मानन्दम्	२६३		साधनानां तु सर्वेषां मुमुक्षा मूलकारणम्	२२९
सम्बन्धानुपपत्त्या च लक्षणेति जगुर्बुधाः	७३५		साधनेष्वपि सर्वेषु तितिक्षोत्तमसाधनम्	१४३
सम्यक्प्राबोधयत्तत्त्वं शास्त्रदृष्टेन वर्त्मना	२९८		साभासं व्यष्ट्युपहितं तत्तादात्म्यमुपागतम्	४४२

श्लोकः	श्लोकाङ्कः		श्लोकः	श्लोकाङ्कः
सामग्र्योश्चोभयोस्तद्वदुभयत्राधिकारिणोः	१८५		स्मरणं दर्शनं स्त्रीणां गुणकर्मानुकीर्तनम्	११०
सामानाधिकरण्यं वा संयोगो वा समाश्रयः	५७१		स्यात्तत्त्वम्पदयोः स्वामिन्नर्थः कतिविधो मतः	७०१
सार्वभौमादिब्रह्मान्तं श्रुत्या यः प्रतिपादितः	६५०		स्वकीयविण्मूत्रनिमज्जनं यच्चोत्तानगत्या	२९
सालोक्यसामीप्यसरूपतादिभेदस्तु	३९		स्वप्ने जागरकालीनवासनापरिकल्पितान्	३९४
सावयवस्य क्षीरादेर्वस्तुनः परिणामिनः	१६२		स्वप्राधान्येन जगतो निमित्तमपि कारणम्	३३४
सिद्धान्तोऽध्यात्मशास्त्राणां सर्वापह्नव एव हि	९९७		स्वभासने वान्यपदार्थभासने नार्कः	६२१
सिद्धेश्चित्तसमाधानमसाधारणकारणम्	२२३		स्वमात्मानं परं मत्वा परमात्मानमन्यथा	२९४
सुखं किमस्त्यत्र विचार्यमाणे गृहेऽपि वा	४२		स्वरूपतस्तत्कलशादिनाम्ना मृदेव	६८६
सुखमिति मलराशौ ये रमन्तेऽत्र गेहे	८६		स्वरूपमात्रग्रहणं समाधिर्बाह्य आदिमः	८८४
सुखयति धनमेवेत्यन्तराशापिशाच्या	७८		स्वरूपाच्छादकत्वेनाप्यानन्दप्रचुरत्वतः	३२४
सुखहेतुषु सर्वेषां प्रीतिः सावधिरीक्ष्यते	६२५		स्ववासनाप्रेरित एव नित्यं करोति	३५४
सुखेनैव भवेद्यस्मिन्नजस्रं ब्रह्मचिन्तनम्	९१३		स्वविकारं परित्यज्य वस्तुमात्रतया स्थितिः	९८
सुप्तिमूर्छोत्थितेष्वेव दृष्टः संसारलक्षणः	४८७		स्वस्वरूपे मनःस्थानमनुष्ठानं तदिष्यते	८५९
सुप्तोत्थितजनैः सर्वैः शून्यमेवानुस्मर्यते	५७४		स्वस्वोपाधिलयादेव लीयन्ते प्रत्यगात्मनि	९९२
सुषुप्तावात्मसद्भावे प्रमाणं पण्डितोत्तमाः	६०५		स्वस्वोपाध्यनुरूपेण ब्रह्माद्याः सर्वजन्तवः	६६९
सुषुप्तिकाले सकले विलीने शून्यं विना	५८२		स्वात्मतत्त्वं समालम्ब्य कुर्यात्प्रकृतिनाशनम्	८४६
सुषुप्तौ शून्यमेवेति केन पुंसा तवेरितम्	५९६		स्वात्मन्यनस्तमयसंविदि कल्पितस्य	७७८
सुसूक्ष्ममस्तितामात्रं निर्विकल्पं महत्तमम्	८९७		स्वानुभूतिं परित्यज्य न तिष्ठन्ति क्षणं बुधाः	९०३
सोऽयं दृश्यानुविद्धः स्यात्समाधिः	८३१		स्वापरोक्षस्य वेदादेः साधनत्वं निषेधति	२०२
सोऽयं देवदत्त इति वाक्यं वाक्यार्थ एव वा	७५५		स्वामित्वद्योतनायास्मिन्नात्मत्वमुपचर्यते	५३३
सोऽयमाभास आनन्दश्चित्ते यः प्रतिबिम्बितः	६४९		स्वीयैः परैस्ताडनमङ्गभावमत्यन्तचापल्यम्	३०
स्थितः किं मूढ एवास्मि प्रेक्ष्योऽहं शास्त्रसज्जनैः	९४१		स्वेदाज्जाताः स्वेदजास्ते यूका लूक्षादयोऽपि च	४३७
स्थूलं च सूक्ष्मं च वपुः स्वभावतो दुःखात्मकं	६३८		स्वेनानुभूतं स्वयमेव वक्ति सुषुप्तिकाले	५९८
स्थूलसूक्ष्मकारणाख्याः प्रपञ्चा ये निरूपिताः	४५३		हितपरिमितभोजी नित्यमेकान्तसेवी	३७३
स्थूलस्यापि च सूक्ष्मस्य दुःखरूपस्य वर्ष्मणः	६६०		हिरण्यगर्भ इत्यस्य व्यपदेशस्ततो मतः	३९०
स्थूलात्सूक्ष्मतया व्यष्टिरस्य सूक्ष्मवपुर्मतम्	३९३		हिरण्यगर्भः सूत्रात्मा प्राण इत्यपि पण्डिताः	३८९
स्थूलाद्यज्ञानपर्यन्तं कार्यकारणलक्षणम्	४५७		हुताशनानां शशिनामिनाना - मप्यर्बुदं वापि	२६४

(C) 2024 Swami Bodhatmananda Saraswati, Brahmavidyapeeth, Kailash Ashram Rishikesh, all rights reserved. The use of this content shall only be for personal, academic and spiritual purposes, and any usage shall be strictly subject to due attribution of source. The same shall not be shared/utilized on any platform for any monetary purpose and shall not be utilized or merged with any other content. Modification or alteration of the same for any purpose whatsoever is strictly prohibited.